उत्कृष्ट अनुभागसंक्रम अल्पबहुत्वको उत्कृष्ट अनुभागविभक्तिके समान जाननेकी सूचना	८३	स्वामित्व	१४७
		अल्पबहुत्व	१५०
		स्थान	
		चार अनुयोगद्वारोंके कहनेकी सूचना	१५६

विषय	पृष्ठ
समुत्कीर्तना	१५६
प्ररूपणा और प्रमाणका एकसाथ कथन	१५७
अल्पबहुत्व	१६२
स्वस्थान अल्पबहुत्व	१६२
परस्थान अल्पबहुत्व	१६३

प्रदेशसंक्रम

विषय	पृष्ठ
मंगलाचरण	१६७
प्रदेशसंक्रम कहनेकी प्रतिज्ञा	१६८
मूलप्रकृतिप्रदेशसंक्रमका होना नहीं बनता	१६८

उत्तरप्रकृतिप्रदेशसंक्रम

विषय	पृष्ठ
प्रकृतमें उपयोगी अर्थपदका निर्देश	१६८
अर्थपदके समर्थनमें उदाहरण व अन्यत्र इसी प्रकार जाननेकी सूचना	१६६
प्रदेशसंक्रमके पाँच भेद	१७०
उनके नाम	१७०
उद्वेलनासंक्रमका विशेष विचार	१७०
विध्यातसंक्रमका विशेष विचार	१७१
अधःप्रवृत्तसंक्रमका विशेष विचार	१७१
गुणसंक्रमका विशेष विचार	१७२
सर्वसंक्रमका विशेष विचार	१७२
पाँचों संक्रमोंमें अल्पबहुत्व	१७२
२४ अनुयोगद्वार व भुजगार आदिकी सूचना	१७३
समुत्कीर्तनाके दो भेद व उनका निरूपण	१७३
भागाभागके दो भेद	१७४
प्रदेशभागाभागके भी दो भेद	१७४
उत्कृष्ट प्रदेशभागाभाग	१७४
स्वस्थान भागाभाग	१७४
जघन्य प्रदेशभागाभागके जाननेकी सूचना	१७५
सर्वसंक्रम नोसर्वसंक्रम	१७५
उत्कृष्टसंक्रम आदि चारको प्रदेशविभक्तिके समान जाननेकी सूचना	१७६
सादि आदि चार अनुयोगद्वार	१७६
स्वामित्वके कहनेकी प्रतिज्ञा	१७६
उत्कृष्ट स्वामित्व	१७७
जघन्य स्वामित्व	१६४
एक जीवकी अपेक्षा कालके कहनेकी प्रतिज्ञा	२११
जघन्य और उत्कृष्ट संक्रम कालका एकसाथ निरूपण	२१२
जयधवलाद्वारा उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट संक्रम कालका निरूपण	२१२
जयधवला द्वारा जघन्य और अजघन्य संक्रम कालका निरूपण	२१७
अन्तरके कहनेकी प्रतिज्ञा	२२३
उत्कृष्ट संक्रमके अन्तरका विचार	२२३
जघन्य संक्रमके अन्तरका विचार	२३०
सन्निकर्षके कहनेकी प्रतिज्ञा	२३७
उत्कृष्ट संक्रम सन्निकर्ष	२३७
जघन्य संक्रम सन्निकर्ष	२४३
उत्कृष्ट संक्रम परिणाम	२५२
जघन्य संक्रम परिणाम	२५३
उत्कृष्ट-जघन्य संक्रम क्षेत्र	२५३
उत्कृष्ट संक्रम स्पर्शन	२५४
जघन्य संक्रम स्पर्शन	२५८
नानाजीवोंकी अपेक्षा उत्कृष्ट संक्रमकाल	२६२
नानाजीवोंकी अपेक्षा जघन्य संक्रमकाल	२६३
नानाजीवोंकी अपेक्षा उत्कृष्ट संक्रम अन्तर	२६४
नानाजीवोंकी अपेक्षा जघन्य संक्रम अन्तर	२६४
भाव	२६५
अल्पबहुत्वके कहनेकी प्रतिज्ञा	२६५
उत्कृष्ट संक्रम अल्पबहुत्व	२६५
नरकगतिमें उत्कृष्ट संक्रम अल्पबहुत्व	२६६
शेष गतियोंमें जाननेकी सूचना	२७२
एकेन्द्रियोंमें उत्कृष्ट संक्रम अल्पबहुत्व	२७३
जघन्य संक्रम अल्पबहुत्व	२७५
नरकगतिमें जघन्य संक्रम अल्पबहुत्व	२८१
तिर्यञ्चगतिमें नरकगतिके समान जाननेकी सूचना	२८४
देवगतिमें विशेष विचार	२८५
एकेन्द्रियमें जघन्य संक्रम अल्पबहुत्व	२८५

भुजगार

विषय	पृष्ठ
भुजगार विषयक अर्थपदके कहनेकी सूचना	२८६
भुजगारपदका अर्थ	२८६
अल्पतरपदका अर्थ	२६०

विषय	पृष्ठ
अवस्थितपदका अर्थ	२९०
अवक्तव्यपदका अर्थ	२९०
समुत्कीर्तना	२९१
स्वामित्व	२९४
एक जीवकी अपेक्षा काल	३०६
चार गतियोंमें कालका व्याख्यान	३२२
एकेन्द्रियोंमें कालका व्याख्यान	३२६
एक जीवकी अपेक्षा अन्तर	३२८
चार गतियोंमें अन्तरका व्याख्यान	३४४
एकेन्द्रियोंमें अन्तरका व्याख्यान	३४९
नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय	३५१
नाना जीवोंकी अपेक्षा कालके अन्तरकी सूचना	३५६
भागाभाग	३५६
परिमाण	३५८
क्षेत्र	३५९
स्पर्शन	३५९
काल	३६२
अन्तर	३६४
भाव	३७२

विषय	पृष्ठ
अल्पबहुत्व	३७२
पदनिक्षेप	
तीन अनुयोगद्वार और उनके नाम	३७९
प्ररूपणाके दोनों भेदोंका कथन	३८०
स्वामित्वके कहनेकी सूचना	३८१
उत्कृष्ट वृद्धि आदिका स्वामित्व	३८१
जघन्य वृद्धि आदिका स्वामित्व	३९७
अल्पबहुत्वकथन	४१८
उत्कृष्ट अल्पबहुत्व	४१८
जघन्य अल्पबहुत्व	४२८
वृद्धि	
तीन अनुयोगद्वार कहनेकी प्रतिज्ञा	४३०
समुत्कीर्तना	४३०
स्वामित्व और अल्पबहुत्व	४३७
प्रदेशसंक्रमस्थान	
दो अनुयोगद्वारोंके कहनेकी प्रतिज्ञा	४३८
प्ररूपणा	४३९
अल्पबहुत्व	

सिरि-जइवसहाइरियविरइय-चुण्णिसुत्तसमण्णिदं

सिरि-भगवंतगुणहरभडारओवइट्ठं

कसायपाहुडं

तस्स

सिरि-वीरसेणाइरियविरइया टीका

जयधवला

तत्थ

बंधगो णाम छट्ठो अत्थाहियारो

अणुभागभागमेत्तो वि जत्थ दोसस्स संभवो णत्थि।
तं पणमिय जिणणाहं संकममणुभागगोयरं वोच्छं॥ १॥

जिनमें अणुके जघन्य अविभागप्रतिच्छेदके बराबर भी दोष सम्भव नहीं है उन जिननाथको नमस्कार कर अनुभागसंक्रम नामक अधिकारका कथन करता हूँ॥ १॥

*** अणुभागसंकमो दुविहो—मूलपयडिअणुभागसंकमो च उत्तरपयडिअणुभागसंकमो च ।**

§ १. एदस्स सुत्तस्स 'संकामेदि कदिं वा' त्ति गुणहरभडारयस्स मुहकमलविणिग्गयगाहासुत्तावयवपडिबद्धाणुभागसंकमविवरणे पयट्टेण जइवसहपुज्जपादेण पउत्तस्स पसण्णगंभीरभावेणावट्ठिदस्स विवरणं कस्सामो । तं जहा—अणुभागो णाम कम्माणं सगकज्जुप्पायणसत्ती । तस्स संकमो सहावंतरसंकंती । सो अणुभागसंकमो त्ति वुच्चइ । सो वुण दुविहो—मूलुत्तरपयडिपडिबद्धाणुभागसंकमभेदेण, तइयस्स संकमपयारस्साणुवलंभादो । तत्थ मूलपयडीए मोहणीयसण्णिदाए जो अणुभागो जीवम्मि मोहुप्पायणसत्तिलक्खणो तस्स ओकड्डुकड्डणावसेण भावंतरावत्ती मूलपयडिअणुभागसंकमो णाम । उत्तरपयडीणं च मिच्छत्तादीणमणुभागस्स ओकड्डुकड्डण-परपयडिसंकमेहि जो सत्तिविपरिणामो सो उत्तरपयडिअणुभागसंकमो त्ति भण्णदे । एवं दुधाविहत्तो अणुभागसंकमो इदाणिमवसरपत्तो त्ति विहासिज्जदि त्ति एसो एदस्स सुत्तस्स भावत्थो ।

अनुभागसंक्रम दो प्रकारका है—मूलप्रकृतिअनुभागसंक्रम और उत्तरप्रकृतिअनुभागसंक्रम ।

§ १. अब गुणधर भट्टारकके मुखकमलसे निकले हुए गाथासूत्रके 'संकामेदि कदिं वा' इस अवयवसे सम्बन्ध रखनेवाले अनुभागसंक्रमके विवरणमें प्रवृत्त हुए पूज्यचरण आचार्य यतिवृषभके द्वारा कहे गये और प्रसन्न गम्भीरभावसे अवस्थित हुए इस सूत्रका विवरण करते हैं। यथा—कर्मोंकी अपने कार्यको उत्पन्न करनेकी शक्तिका नाम अनुभाग है। उसका संक्रम अर्थात् अन्य स्वभावरूप संक्रान्त होना अनुभागसंक्रम है। वह मूलप्रकृतिअनुभागसंक्रम और उत्तरप्रकृतिअनुभागसंक्रमके भेदसे दो प्रकारका है, क्योंकि संक्रमका तीसरा भेद नहीं उपलब्ध होता। उनमेंसे मोहनीय संज्ञावाली मूल प्रकृतिका जीवमें मोहोत्पादक शक्तिरूप जो अनुभाग है उसका अपकर्षण और उत्कर्षणके कारण अन्य अनुभागरूप परिणाम जाना मूलप्रकृतिअनुभागसंक्रम कहलाता है। तथा मिथ्यात्व आदि उत्तर प्रकृतियोंके अनुभागका अपकर्षण, उत्कर्षण और परप्रकृतिसंक्रमके द्वारा अन्य अनुभागरूप परिणमन होना उत्तरप्रकृतिअनुभागसंक्रम कहलाता है। इस प्रकार दो भागोंमें विभक्त हुआ अनुभागसंक्रम इस समय विशेष व्याख्याके लिए अवसरप्राप्त है यह इस सूत्रका भावार्थ है।

विशेषार्थ—अनुभागसंक्रमका अर्थ स्पष्ट है। यहाँ पर जिस बातका स्पष्टीकरण करना है वह यह है कि मूल प्रकृतियोंमें परस्पर संक्रम नहीं होता, इसलिए यहाँ पर मूलप्रकृतिअनुभागसंक्रमके लक्षण कथनके प्रसंगसे वह अपकर्षण और उत्कर्षण इनके आश्रयसे होता है यह कहा है। किन्तु उत्तर प्रकृतियोंमें अपनी जातिके भीतर परस्पर संक्रम होनेमें कोई बाधा नहीं है, इसलिए उसके लक्षण कथनके प्रसङ्गसे वह अपकर्षण, उत्कर्षण और परप्रकृतिसंक्रम इन तीनोंके आश्रयसे होता है यह कहा है।

§ २. संपहि अणुभागसंकमसरूवजाणावणट्ठमट्ठपदं वुच्चदे, तेण विणा परूवणाए कीरमाणाए सिस्साणं पडिवत्तिगउरवप्पसंगादो।

ॐ तत्थ अट्ठपदं।

§ ३. तत्थाणंतरणिद्दिट्ठे मूलुत्तरपयडिसंबंधभेयभिण्णे अणुभागसंकमे विहासणिज्जे पुव्वं गमणीयमट्ठपदं, अण्णहा भावविसयणिण्णयाणुप्पत्तीदो त्ति भणिदं होइ।

ॐ अणुभागो ओकड्डिदो वि संकमो, उक्कड्डिदो वि संकमो, अण्णपयडिं णीदो वि संकमो।

§ ४. एदाणि तिण्णि अट्ठपदाणि[1], एदेहि तस्स सरूवपडिवत्ती। तं जहा—ओकड्डिदो ताव अणुभागो संकमववएसं लहदे, अहियरसस्स कम्मक्खंधस्स तत्थ हीणरसत्तेण विपरिणामदंसणादो। अवत्थादो अवत्थंतरसंकंती संकमो त्ति। एवमुक्कड्डिदो अण्णपयडिं णीदो वि संकमो, तत्थ वि पुव्वावत्थापरिच्चाएणुत्तरावत्थावत्तिदंसणादो। एत्थोकड्डुक्कड्डणा-लक्खणमट्ठपदं मूलुत्तरपयडीणमणुभागसंकमस्स साहारणभावेण णिद्दिट्ठं,उहयत्थ वि तदुभय-पवुत्तीए पडिसेहाभावादो। अण्णपयडिं णीदो वि अणुभागो संकमो त्ति एदं तइज्जमट्ठपद-

---

§ २. अब अनुभागसंक्रमके स्वरूपका ज्ञान करानेके लिए अर्थपद कहते हैं, क्योंकि उसके विना प्ररूपणा करने पर शिष्योंको समझनेमें कठिनाई जा सकती है।

* उसके विषयमें अर्थपद।

§ ३. 'तत्र' अर्थात् पहले जो मूलप्रकृति और उत्तरप्रतिके भेदसे दो प्रकारका अनुभागसंक्रम कह आये हैं उसका विशेष व्याख्यान करते समय पहले अर्थपद जानने योग्य है, अन्यथा अनु-भागसंक्रमविषयक निर्णय नहीं हो सकता यह उक्त सूत्रका तात्पर्य है।

*** अपकर्षित हुआ अनुभाग भी संक्रम है, उत्कर्षित हुआ अनुभाग भी संक्रम है और अन्य प्रकृतिको प्राप्त हुआ अनुभाग भी संक्रम है।**

§ ४. ये तीनों अर्थपद हैं, क्योंकि इनके द्वारा उस (अनुभागसंक्रम) के स्वरूपका ज्ञान होता है। यथा—अपकर्षणको प्राप्त हुआ अनुभाग संक्रम संज्ञाको प्राप्त होता है, क्योंकि अधिक रसवाले कर्मस्कन्धका अपकर्षण होने पर हीन रसरूपसे विशेष परिणमन देखा जाता है। एक अवस्थासे दूसरी अवथारूप संक्रान्त होना संक्रम है। यह अर्थ यहाँपर घटित हो जाता है, इसलिए इसे संक्रम कहा है। इसी प्रकार उत्कर्षणको प्राप्त हुआ और अन्य प्रकृतिको प्राप्त हुआ अनुभाग भी संक्रम है, क्योंकि इन दोनों अवस्थाओंमें भी पूर्व अवस्थाके त्याग द्वारा उत्तर अवस्थाकी प्राप्ति देखी जाती है। यहाँ पर अपकर्षण-उत्कर्षणलक्षण अर्थपद मूलप्रकृतिअनुभाग-संक्रम और उत्तरप्रकृतिअनुभागसंक्रम इन दोनोंको विषय करता है, इसलिए इसका इन दोनोंके साधारण रूपसे निर्देश किया है, क्योंकि इसकी इन दोनोंमे प्रवृत्ति होनेमे कोई बाधा नहीं आती। किन्तु 'अन्य प्रकृतिको प्राप्त हुआ अनुभाग भी संक्रम है' यह तीसरा अर्थपद उत्तरप्रकृति अनुभाग-संक्रमको ही विषय करता है, क्योंकि मूलप्रकृतिमे उसकी प्राप्ति असम्भव है। इस प्रकार अपकर्षण

---

१. आ०प्रतौ तिण्णि वि अट्ठपदाणि इति पाठः।

मुत्तरपयडिविसयं चेव, मूलपयडीए तदसंभवादो। एवमोकड्डणादिवसेणाणुभागसंकमसंभवं[1] परूविय तत्थोकड्डणाविहाणपरूवणट्ठमुवरिमो सुत्तपबंधो—

❀ ओकड्डणाए परूवणा।

§ ५. ओकड्डुकड्डणा-परपयडिसंकमलक्खणेसु तिसु संकमपयारेसु ओकड्डणाए तात्र पवुत्तिविसेसजाणावणट्ठमेसा परूवणा कीरइ त्ति पइण्णावयणमेदं। -

❀ पढमफद्दयं ण ओकड्डिज्जदि।

§ ६. कुदो ? तत्थाइच्छावणा-णिक्खेवाणमदंसणादो।

❀ विदियफद्दयं ण ओकड्डिज्जदि।

§ ७. तत्थ वि अइच्छावणा-णिक्खेवाभावस्स समाणत्तादो। ण केवलं पढम-विदिय-फद्दयाणमेस कमो, किंतु अण्णेसिं अणंताणं फद्दयाणं जहण्णाइच्छावणामेत्ताणमेसो चेव कमो त्ति जाणावणट्ठमुत्तरसुत्तं—

❀ एवमणंताणि फद्दयाणि जहण्णिया अइच्छावणा, तत्तियाणि फद्दयाणि ण ओकड्डिज्जंति।

§ ८. एवं तदिय-चउत्थ-पंचमादिकमेण गंतूणाणंताणि फद्दयाणि णोकड्डिज्जंति। केत्तियाणि च ताणि ? जेत्तिया जहण्णाइच्छावणा तेत्तियाणि। एत्तो उवरिमाणं वि

आदिके वशसे अनुभागसंक्रमकी प्राप्ति सम्भव है इसका कथन करके उनमेंसे अपकर्षणका व्याख्यान करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* अपकर्षणकी प्ररूपणा।

§ ५. अपकर्षण, उत्कर्षण और परप्रकृतिसंक्रमरूप संक्रमके तीन भेदोंमेंसे अपकर्षणकी प्रवृत्ति विशेषका ज्ञान करानेके लिए यह प्ररूपणा की जा रही है इस प्रकार यह प्रतिज्ञावचन है।

* प्रथम स्पर्धक अपकर्षित नहीं होता।

§ ६. क्योंकि वहाँ पर अतिस्थापना और निक्षेप नहीं देखे जाते।

* द्वितीय स्पर्धक अपकर्षित नहीं होता।

§ ७. क्योंकि वहाँ पर भी अतिस्थापना और निक्षेपका अभाव पहलेके समान पाया जाता है। केवल प्रथम और द्वितीय स्पर्धकोंका ही यह क्रम नहीं है, किन्तु जघन्य अतिस्थापनारूप अन्य अनन्त स्पर्धकोंका भी यही क्रम है इस प्रकार इस बातके जताने के लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* इस प्रकार अनन्त स्पर्धक जो कि जघन्य अतिस्थापनारूप हैं उतने स्पर्धक अपकर्षित नहीं होते।

§ ८. इस प्रकार तीसरा, चौथा और पाँचवाँ आदिके क्रमसे जाकर स्थित हुए अनन्त स्पर्धक अपकर्षित नहीं किये जा सकते।

शंका—वे कितने हैं ?

---

१. ता० प्रतौ संकम [संकम] संभवं इति पाठः।

अणंताणं फद्दयाणमोकड्डणा ण संभवदि त्ति पदुप्पायणट्ठमिदमाह—

⊛ अण्णाणि अणंताणि फद्दयाणि जहण्णणिक्खेवमेत्ताणि च ण ओकड्डिज्जंति ।

§ ९. आदीदो प्पहुडि जहण्णाइच्छावणामेत्तफद्दयाणमुवरिमफद्दयं ताव ण ओकड्डिज्जदि, तस्साइच्छावणासंभवे वि णिक्खेवविसयादंसणादो । तत्तो अणंतरउवरिमफद्दयं पि ण ओकड्डिज्जदि । एवमणंताणि फद्दयाणि जहण्णणिक्खेवमेत्ताणि ण ओकड्डिज्जंति । किं कारणं ? णिक्खेवविसयासंभवादो । एत्तो उवरि ओकड्डणाए पडिसेहो णत्थि त्ति पदुप्पायणट्ठमिदमाह—

⊛ जहण्णओ णिक्खेवो जहण्णिया अइच्छावणा च तेत्तियमेत्ताणि फद्दयाणि आदीदो अधिच्छिदूण तदित्थफद्दयमोकड्डिज्जइ ।

§ १०. अइच्छावणा-णिक्खेवाणमेत्थ संपुण्णत्तदंसणादो । विवक्खियफद्दयादो हेट्ठा जहण्णाइच्छावणामेत्तमुल्लंघिय हेट्ठिमेसु फद्दएसु जहण्णणिक्खेवमेत्तेसु जहण्णफद्दयपज्जवसाणेसु तदित्थफद्दयोकड्डणासंभवो त्ति भणिदं होइ । एत्तो उवरिमफद्दएसु ण कत्थ वि ओकड्डणा पडिहम्मइ, जहण्णाइच्छावणं धुवं काऊण जहण्णणिक्खेवस्स फद्दयुत्तरकमेण

समाधान—जितनी जघन्य अतिस्थापना है उतने हैं ।

इनसे उपरिम अनन्त स्पर्धकोंका भी अपकर्षण सम्भव नहीं है इस बातका कथन करनेके लिए उक्त सूत्रको कहते हैं—

*** जघन्य निक्षेपप्रमाण अन्य अनन्त स्पर्धक भी अपकर्षित नहीं होते ।**

§ ९. प्रारम्भसे लेकर जघन्य अतिस्थापनाप्रमाण स्पर्धकोंसे आगेका स्पर्धक अपकर्षित नहीं होता, क्योंकि उसकी अतिस्थापना सम्भव होने पर भी निक्षेपविषयक स्पर्धक नहीं देखे जाते । उससे अनन्तर उपरिम स्पर्धक भी अपकर्षित नहीं होता । इस प्रकार जघन्य निक्षेपप्रमाण अनन्त स्पर्धक अपकर्षित नहीं होते ।

शंका—इसका कारण क्या है ?

समाधान—क्योंकि निक्षेपविषयक स्पर्धकोंका अभाव है ।

अब इससे ऊपर अपकर्षणका निषेध नहीं है इस बातका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** प्रारम्भसे लेकर जघन्य निक्षेप और जघन्य अतिस्थापनाप्रमाण जितने स्पर्धक हैं उतने स्पर्धकोंको उल्लंघनकर वहाँ जो स्पर्धक स्थित है वह अपकर्षित होता है ।**

§ १०. क्योंकि यहाँ पर अतिस्थापना और निक्षेप पूरे देखे जाते हैं । विवक्षित स्पर्धकसे पूर्वके जघन्य अतिस्थापनामात्र स्पर्धकोंको उल्लंघनकर उनसे पूर्वके जघन्य स्पर्धक तकके जघन्य निक्षेपप्रमाण स्पर्धकोंमें वहाँपर स्थित स्पर्धकका अपकर्षण होना सम्भव है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । अब इससे उपरिम स्पर्धकोंका कहीं भी अपकर्षण होना बाधित नहीं है, क्योंकि जघन्य अतिस्थापनाको ध्रुव करके जघन्य निक्षेपकी उत्तरोत्तर एक एक स्पर्धकके क्रमसे वृद्धि देखी जाती है

वड्ढिदंसणादो त्ति परूवेदुमुत्तरसुत्तं भणइ—

❀ तेण परं सव्वाणि फद्दयाणि ओकड्डिज्जंति ।

§ ११. तेण परं ततो उवरि सव्वाणि चेव फद्दयाणि उक्कस्सफद्दयपज्जंताणि ओकड्डिज्जंति, तत्थ तप्पवुत्तीए पडिसेहाभावादो ।

§ १२. संपहि जहण्णणिक्खेवादिपदाणं पमाणविसयणिण्णयजणणट्ठमप्पाबहुअं परूवेमाणो इदमाह—

❀ एत्थ अप्पाबहुअं ।

§ १३. जहण्णुक्कस्साइच्छावणा-णिक्खेवादीणमोकड्डणासंबंधीणमण्णेसिं च तदुवजोगीणं पदविसेसाणमेत्थुद्देसे थोवबहुत्तं वत्तइस्सामो त्ति पातणिकासुत्तमेदं ।

इस प्रकार इस बातका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* उससे आगे सब स्पर्धक अपकर्षित हो सकते हैं ।

§ ११. 'तेण परं' अर्थात् उस विवक्षित स्पर्धकसे आगेके उत्कृष्ट स्पर्धक तकके सभी स्पर्धक अपकर्षित हो सकते हैं, क्योंकि उनकी अपकर्षणरूपसे प्रवृत्ति होनेमें कोई निषेध नहीं है ।

विशेषार्थ—अनुभागकी दृष्टिसे अपकर्षणका क्या क्रम है इसका विचार यहाँ पर किया गया है । इस सम्बन्धमें यहाँ पर जो निर्देश किया है उसका भाव यह है कि प्रथम जघन्य स्पर्धकसे लेकर अनन्त स्पर्धक तो जघन्य निक्षेपरूप होते हैं अतएव उनका अपकर्षण नहीं होता । उसके आगे अनन्त स्पर्धक अतिस्थापनारूप होते हैं, अतएव उनका भी अपकर्षण नहीं होता । उसके आगे उत्कृष्ट स्पर्धकपर्यन्त जितने स्पर्धक होते हैं उन सबका अपकर्षण हो सकता है । किन्तु इतनी विशेषता है कि अतिस्थापनाके ऊपर प्रथम स्पर्धकका अपकर्षण होकर उसका निक्षेप अतिस्थापनाके नीचे जिन स्पर्धकोंमें होता है उनका परिमाण अल्प होता है, अतएव उनकी जघन्य निक्षेप संज्ञा है । उसके आगे निक्षेप एक-एक स्पर्धक बढ़ने लगता है । परन्तु अतिस्थापना पूर्ववत् बनी रहती है । किन्तु जिस स्पर्धकका अपकर्षण विवक्षित हो उसके पूर्व अनन्त स्पर्धक अतिस्थापनारूप होते हैं और अतिस्थापनासे नीचे सब स्पर्धक निक्षेपरूप होते हैं । उदाहरणार्थ एक कर्ममें कुल स्पर्धक १६ हैं । उनमेंसे यदि प्रारम्भके ४ स्पर्धक जघन्य निक्षेप हैं और ५ से लेकर १० तक छह स्पर्धक अतिस्थापनारूप हैं तो ११ वें स्पर्धकका अपकर्षण होकर उसका निक्षेप १ से ४ तक के चार स्पर्धकोंमें होगा । १२ वें स्पर्धकका अपकर्षण होकर उसका निक्षेप १ से ५ तकके ५ स्पर्धकोंमें होगा । १३ वें स्पर्धकका अपकर्षण होकर उसका निक्षेप १ से ६ तकके ६ स्पर्धकोंमें होगा । इस प्रकार उत्तरोत्तर एक-एक स्पर्धकके प्रति निक्षेप भी एक-एक बढ़ता हुआ १६ वें स्पर्धकका अपकर्षण होकर उसका निक्षेप १ से लेकर ९ तकके ९ स्पर्धकोंमें होगा । स्पष्ट है कि अतिस्थापना सर्वत्र परिमाणमें तदवस्थ रहती है, किन्तु निक्षेप उत्तरोत्तर वृद्धिंगत होता जाता है । यह अंकसंदृष्टि है । इसी प्रकार अर्थसंदृष्टि समझ लेनी चाहिए ।

§ १२. अब जघन्य निक्षेप आदि पदोंके प्रमाणविषयक निर्णयको उत्पन्न करनेके लिए अल्पबहुत्वका कथन करते हुए इस सूत्रको कहते हैं—

* यहाँ पर अल्पबहुत्व ।

§ १३. प्रकृतमें अपकर्षणसम्बन्धी जघन्य और उत्कृष्ट अतिस्थापना तथा निक्षेप आदिके तथा उसमें उपयोगी पड़नेवाले पदविशेषोंके अल्पबहुत्वको बतलाते हैं इस प्रकार यह पातनिकासूत्र है ।

ॐ सव्वत्थोवाणि पदेसगुणहाणिट्ठाणंतरफद्दयाणि ।

§ १४. पदेसगुणहाणिट्ठाणंतरं णाम किं? जम्मि उद्देसे पढमफद्दयादिवग्गणा अवट्ठिदविसेसहाणीए गच्छमाणा दुगुणहीणा जायदे तदवहिपरिच्छिण्णमद्धाणं गुणहाणिट्ठाणंतरमिदि भण्णदे। एदम्मि पदेसगुणहाणिट्ठाणंतरे अणंताणि फद्दयाणि अभवसिद्धिएहिंतो अणंतगुणमेत्ताणि अत्थि ताणि सव्वत्थोवाणि त्ति भणिदं होइ।

ॐ जहण्णओ णिक्खेवो अणंतगुणो ।

§ १५. कुदो? तत्थाणंताणमणुभागपदेसगुणहाणीणं संभवादो। कथमेदं परिच्छिण्णं? एदम्हादो चेव सुत्तादो।

ॐ जहण्णिया अइच्छावणा अणंतगुणा ।

§ १६. तत्तो वि अणंतगुणाणि गुणहाणिट्ठाणंतराणि विसईकरिय पयट्टत्तादो।

ॐ उक्कस्सयमणुभागकंडयमणंतगुणं ।

§ १७. कुदो? उक्कस्साणुभागसंतकम्मस्स अणंतताणं भागाणं उक्कस्साणुभागखंडय सरूवेण गहणोवलंभादो।

ॐ उक्कस्सिया अइच्छावणा एगाए वग्गणाए ऊणिया ।

---

* प्रदेशगुणहानिस्थानान्तर सबसे स्तोक हैं।

§ १४. शंका-प्रदेशगुणहानिस्थानान्तर किसे कहते हैं?

समाधान-जिस स्थान पर प्रथम स्पर्धककी प्रथम वर्गणा अवस्थित विशेषहानिरूपसे जाती हुई दुगुनी हीन हो जाती है उस अवधि तकके अन्तरको गुणहानिस्थानान्तर कहते हैं। इस प्रदेशगुणहानिस्थानान्तरमें अभव्योंसे अनन्तगुणे अनन्त स्पर्धक होते हैं। वे सबसे स्तोक हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

* उनसे जघन्य निक्षेप अनन्तगुणा है।

§ १५. क्योंकि जघन्य निक्षेपमें अनन्त अनुभागप्रदेशगुणहानियां सम्भव हैं।

शंका—यह कैसे जाना?

समाधान—इसी सूत्रसे जाना।

* उससे जघन्य अतिस्थापना अनन्तगुणी है।

§ १६. क्योंकि जघन्य निक्षेपमें जितने गुणहानिस्थानान्तर उपलब्ध होते हैं उनसे भी अनन्तगुणे गुणहानिस्थानान्तरोंको विषय कर इसकी प्रवृत्ति हुई है।

* उससे उत्कृष्ट अनुभागकाण्डक अनन्तगुणा है।

§ १७. क्योंकि उत्कृष्ट अनुभागसत्कर्मके अनन्त बहुभागोंका उत्कृष्ट अनुभागकाण्डकरूपसे ग्रहण किया गया है।

* उससे उत्कृष्ट अतिस्थापना एक वर्गणाप्रमाण न्यून है।

§ १८. चरिमवग्गणपरिहीणुक्कस्साणुभागकंडयपमाणत्तादो। तं कथं? उक्कस्साणुभागखंडए आगाइदे दुचरिमादिहेट्ठिमफालीसु अंतोमुहुत्तमेत्तीसु सव्वत्थ जहण्णाइच्छावणा चेव पुव्वुत्तपरिमाणा होइ, तक्काले वाघादाभावादो। पुणो चरिमफालिपदणसमकालं चरिमफद्दयचरिमवग्गणाए उक्कस्साइच्छावणा होइ, णिरुद्धचरिमवग्गणं मोत्तूणाणुभागकंडयस्सेव सव्वस्स तत्थाइच्छावणासरूवेण परिणामदंसणादो। एदेण कारणेण उक्कस्साइच्छावणा उक्कस्साणुभागखंडयादो एगवग्गणामेत्तेण ऊणिया होइ। तं पि तत्तो एयवग्गणामेत्तेणब्भहियमिदि सिद्धं।

❀ उक्कस्सणिक्खेवो विसेसाहिओ।

§ १९. उक्कस्साणुभागं बंधियूणावलियादीदस्स चरिमफद्दयचरिमवग्गणाए ओकड्डिज्जमाणाए रूवाहियजहण्णाइच्छावणापरिहीणो सव्वो चेवाणुभागपत्थारो उक्कस्सणिक्खेवसरूवेण लब्भइ। तदो घादिदावसेसम्मि रूवाहियजहण्णाइच्छावणामेत्तं सोहिय सुद्धसेसमेत्तेण उक्कस्साणुभागकंडयादो उक्कस्सणिक्खेवो विसेसाहिओ त्ति घेत्तव्वो।

---

§ १८. क्योंकि उत्कृष्ट अतिस्थापना अन्तिम वर्गणासे न्यून उत्कृष्ट अनुभागकाण्डकप्रमाण होती है।

शंका—सो कैसे?

समाधान—उत्कृष्ट अनुभागकाण्डकके पतनके समय अन्तर्मुहूर्तप्रमाण द्विचरम आदि अधस्तन फालियोंमें सर्वत्र पूर्वोक्तप्रमाण जघन्य अतिस्थापना ही होती है, क्योंकि उस समय व्याघातका अभाव है। परन्तु अन्तिम फालिके पतनके समय अन्तिम स्पर्धककी अन्तिम वर्गणाकी उत्कृष्ट अतिस्थापना होती है, क्योंकि उस समय विवक्षित अन्तिम वर्गणाको छोड़कर शेष समस्त अनुभागकाण्डकका ही वहाँ पर अतिस्थापनारूपसे परिणमन देखा जाता है। इस कारणसे उत्कृष्ट अतिस्थापना उत्कृष्ट अनुभागकाण्डकसे एक वर्गणामात्र हीन होती है और वह अनुभागकाण्डक भी उस उत्कृष्ट अतिस्थापनासे एक वर्गणामात्र अधिक होता है यह सिद्ध हुआ।

विशेषार्थ—उत्कृष्ट अतिस्थापना उत्कृष्ट अनुभागकाण्डककी अन्तिम फालिके पतनके समय अन्तिम वर्गणाकी ही होती है। चूंकि उत्कृष्ट अनुभागकाण्डकमें यह अन्तिम फालिकी अन्तिम वर्गणा भी सम्मिलित है, अतः यहाँ पर उत्कृष्ट अतिस्थापनाको उत्कृष्ट अनुभागकाण्डकमें से अन्तिम वर्गणाको कम कर देने पर जो शेष रहे तत्प्रमाण बतलाया है। कारण यह है कि जब अन्तिम फालिका पतन होता है तब उसका निक्षेप उत्कृष्ट अनुभागकाण्डकको छोड़ कर ही होता है, अन्यथा उसका सर्वथा अभाव नहीं हो सकता, इसलिए सूत्रमें उत्कृष्ट अनुभागकाण्डक जितना बड़ा होता है उसमेंसे विवक्षित अन्तिम वर्गणाको कम कर देने पर जो शेष रहे उतना उत्कृष्ट अतिस्थापनाका प्रमाण होता है यह कहा है।

❀ उससे उत्कृष्ट निक्षेप विशेष अधिक है।

§ १९. उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करके एक आवलिके बाद अन्तिम स्पर्धककी अन्तिम वर्गणाका अपकर्षण होने पर एक अधिक जघन्य अतिस्थापनासे हीन सबका सब अनुभाग प्रस्तार उत्कृष्ट निक्षेपरूपसे उपलब्ध होता है, इसलिए जितने बड़े अनुभागकाण्डकका घात किया है उसके सिवा जो शेष है उसमेंसे रूपाधिक जघन्य अतिस्थापनामात्र अनुभागको घटा कर जो शेष रहे उतना उत्कृष्ट अनुभागकाण्डकसे उत्कृष्ट निक्षेप अधिक होता है ऐसा यहाँ पर ग्रहण करना चाहिए।

* उक्कस्सो बंधो विसेसाहिओ ।

§ २०. केत्तियमेत्तेण ? रूवाहियजहण्णाइच्छावणामेत्तेण । एवमोकड्डणासंकमस्स अत्थपरूवणा गया ।

* उक्कड्डणाए परूवणा ।

§ २१. एसो उक्कड्डणाए अचरिमफद्दयं अहिकीरदि त्ति भणिदं होइ ।

* चरिमफद्दयं ण उक्कड्डिज्जदि ।

§ २२. कुदो ? उवरि अइच्छावणा-णिक्खेवाणमसंभवादो ।

* दुचरिमफद्दयं पि ण उक्कड्डिज्जदि ।

§ २३. एत्थ कारणमइच्छावणा-णिक्खेवाणमसंभवो चेव वत्तव्वो ।

* एवमणंताणि फद्दयाणि ओसक्किऊण तं फद्दयमुक्कड्डिज्जदि ।

विशेषार्थ—एक ऐसा जीव है जिसने उत्कृष्ट अनुभागबन्ध किया है उसके बाद एक आवलि कालके जाने पर यदि वह अन्तिम स्पर्धककी अन्तिम वर्गणाका अपकर्षण करता है तो उस समय इस अपकर्षित अनुभागका जघन्य अतिस्थापनाको छोड़कर शेष सब अनुभागमें निक्षेप होगा। यहाँ पर एक तो अतिस्थापनामात्र अनुभागमें इसका निक्षेप नहीं हुआ। दूसरे स्पर्धकका अपकर्षण किया है इसलिए एक इसमें भी इसका निक्षेप नहीं हुआ। इस प्रकार रूपाधिक अतिस्थापनामात्र अनुभागको छोड़ कर शेष सब अनुभाग उत्कृष्ट निक्षेपका विषय है। अब इसकी यदि उत्कृष्ट अनुभागकाण्टकसे तुलना करते हैं तो यह उत्कृष्ट अनुभागकाण्डकसे विशेष अधिक ही प्राप्त होता है। कितना विशेष अधिक होता है इसका निर्देश टीकाकारने स्वयं किया है। उसका आशय यह है कि पूरे अनुभागमेंसे उत्कृष्ट अनुभागकाण्टकको और रूपाधिक जघन्य अतिस्थापनामात्र अनुभागको कम कर दो। इस प्रकार कम करनेमें जो शेष रहे वह अधिकका प्रमाण है। उत्कृष्ट अनुभागकाण्डकसे उत्कृष्ट निक्षेप इतना बड़ा होता है।

* उससे उत्कृष्ट बन्ध विशेष अधिक है।

§ २०. कितना अधिक है ? रूपाधिक जघन्य अतिस्थापनामात्र अधिक है।

इस प्रकार अपकर्षणसंक्रमकी अर्थप्ररूपणा समाप्त हुई।

* उत्कर्षणकी प्ररूपणा ।

§ २१. आगे उत्कर्षणकी अपेक्षा अचरम स्पर्धकका अधिकार है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

* अन्तिम स्पर्धकका उत्कर्षण नहीं होता ।

§ २२. क्योंकि अन्तिम स्पर्धकके ऊपर अतिस्थापना और निक्षेपकी प्राप्ति सम्भव नहीं है।

* द्विचरम स्पर्धकका भी उत्कर्षण नहीं होता ।

§ २३. यहाँ पर भी अतिस्थापना और निक्षेपकी प्राप्ति सम्भव नहीं है यही कारण कहना चाहिए।

* इस प्रकार अनन्त स्पर्धक नीचे आकर जो स्पर्धक स्थित है उसका उत्कर्षण हो सकता है।

§ २४. एवं तिचरिम-चदुचरिमादिकमेणाणंताणि फद्दयाणि जहण्णाइच्छावणा-णिक्खेव-मेत्ताणि हेट्ठदो ओसरिदूण तदित्थफद्दयमुक्कड्डिज्जदि, तत्थाइच्छावणा-णिक्खेवाणं पडिवुण्णत्त-दंसणादो। एत्तो हेट्ठिमफद्दयाणं जहण्णफद्दयपज्जंताणमुक्कड्डणाए णत्थि पडिसेहो। एत्थ जहण्णाइच्छावणा-णिक्खेवादिपदाणं पमाणविसयणिण्णयजणणट्ठमप्पाबहुअसुत्तमाह—

* सव्वत्थोवो जहण्णओ णिक्खेवो।

§ २५. किंपमाणो एस जहण्णणिक्खेवो? एयपदेसगुणहाणिट्ठाणंतरफद्दएहिंतो अणंतगुणमेत्तो।

* जहण्णिया अइच्छावणा अणंतगुणा।

§ २६. ओकड्डणा-जहण्णाइच्छावणाए समाणपरिमाणत्तादो।

* उक्कस्सओ णिक्खेवो अणंतगुणो।

§ २७. मिच्छाइट्ठिणा उक्कस्साणुभागे बज्झमाणे जहण्णफद्दयादिवग्गणुक्कड्डणाए रूवाहियजहण्णाइच्छावणापरिहीणुक्कस्साणुभागबंधमेत्तुक्कस्सणिक्खेवदंसणादो। एसो च ओकड्डुक्कड्डणासु समाणपरिमाणो।

* उक्कस्सओ बंधो विसेसाहिओ।

§ २८. केत्तियमेत्तेण? रूवाहियजहण्णाइच्छावणामेत्तेण।

---

§ २४. इस प्रकार त्रिचरम और चतुश्चरम आदिके क्रमसे जघन्य अतिस्थापना और जघन्य निक्षेपप्रमाण अनन्त स्पर्धक नीचे सरककर वहाँ पर स्थित स्पर्धकका उत्कर्षण हो सकता है, क्योंकि वहाँ पर अतिस्थापना और निक्षेप ये दोनों पूरे देखे जाते हैं। इससे लेकर जघन्य स्पर्धक पर्यन्त नीचेके सब स्पर्धकोंका उत्कर्षण होनेमें प्रतिषेध नहीं है। अब यहाँ पर जघन्य अतिस्थापना और जघन्य निक्षेप आदि पदोंके प्रमाणविषयक निर्णयको उत्पन्न करनेके लिए अल्पबहुत्व सूत्र कहते हैं—

* जघन्य निक्षेप सबसे स्तोक है।

§ २५. शंका—इस जघन्य निक्षेपका क्या प्रमाण है?

समाधान—एकप्रदेशगुणहानिस्थानान्तरसे उसका प्रमाण अनन्तगुणा है।

* उससे जघन्य अतिस्थापना अनन्तगुणी है।

§ २६. क्योंकि यह अपकर्षण विषयक जघन्य अतिस्थापनाके बराबर है।

* उससे उत्कृष्ट निक्षेप अनन्तगुणा है।

§ २७. क्योंकि यह मिथ्यादृष्टिके द्वारा उत्कृष्ट अनुभागबन्ध करनेके बाद जघन्य स्पर्धककी प्रथम वर्गणाका उत्कर्षण करने पर रूपाधिक जघन्य अतिस्थापनासे हीन उत्कृष्ट अनुभागबन्धप्रमाण उत्कृष्ट निक्षेप देखा जाता है। अपकर्षण और उत्कर्षण दोनों स्थलों पर इस निक्षेपका परिमाण बराबर है।

* उससे उत्कृष्ट बन्ध विशेष अधिक है।

§ २८. कितना अधिक है? रूपाधिक जघन्य अतिस्थापनाका जितना प्रमाण है उतना अधिक है।

❀ ओकड्डणादो उक्कड्डणादो च जहण्णिया अइच्छावणा तुल्ला। जहण्णओ णिक्खेवो तुल्लो।

§ २९. एदाणि दो वि सुत्ताणि सुगमाणि। एवमुक्कड्डणाए अत्थपदपरूवणा समत्ता। परपयडिसंकमे अइच्छावणा-णिक्खेवविसेसाभावादो तण्णिसयपरूवणा कया। एवमणुभाग-संकमस्स मूलुत्तरपयडिसंबंधित्तेण दुविहाविहत्तस्स परूवणाबीजमट्ठपदं काऊण जहा उद्देसो तहा णिद्देसो त्ति णायादो मूलपयडिअणुभागसंकमो चेव पढमं विहासियव्वो त्ति तप्परूवणाणिबंधणमुत्तरं सुत्तपबंधमाह—

❀ एदेण अट्ठपदेण मूलपयडिअणुभागसंकमो।

§ ३० एदेणाणंतरपरूविदट्ठपदेण मूलपयडिअणुभागसंकमो ताव विहासणिज्जो। तत्थ च तेवीसमणिओगद्दाराणि णादव्वाणि त्ति उवरिमसुत्तमाह—

❀ तत्थ च तेवीसमणिओगद्दाराणि सण्णा जाव अप्पाबहुए त्ति २३।

§ ३१. एत्थ मूलपयडिविवक्खाए सण्णियासंसंभवाभावादो। सण्णादीणि तेवीस-मणिओगद्दाराणि वुत्ताणि। किमेदाणि चेव तेवीसमणिओगद्दाराणि मूलपयडिअणुभागसंकमे पडिबद्धाणि, उदाहो अण्णो वि परूवणाभेदो तव्विसयो अत्थि त्ति आसंकाए इदमाह—

❀ भुजगारो पदणिक्खेवो वड्ढि त्ति भाणिदव्वो।

---

* अपकर्षण और उत्कर्षण दोनोंकी अपेक्षा जघन्य अतिस्थापना तुल्य है और जघन्य निक्षेप भी तुल्य है।

§ २९. ये दोनों सूत्र सुगम हैं। इस प्रकार उत्कर्षणकी अपेक्षा अर्थपदप्ररूपणा समाप्त हुई। परप्रकृतिसंक्रममें अतिस्थापना और निक्षेपविशेषका अभाव होनेसे उसके विषयकी प्ररूपणा की है। इस प्रकार मूलप्रकृति और उत्तरप्रकृतिके सम्बन्धसे दो भेदरूप अनुभागसंक्रमकी प्ररूपणाके बीजरूप अर्थपदको करके उद्देशके अनुसार निर्देश होता है उस न्यायका अनुसरण कर सर्व प्रथम मूलप्रकृति-अनुभागसंक्रमका ही विशेष व्याख्यान करना चाहिए, इसलिए उसकी प्ररूपणाके कारणरूप उत्तर सूत्रको कहते हैं—

* इस अर्थपदके अनुसार मूलप्रकृतिअनुभागसंक्रम कहना चाहिये।

§ ३०. इस अर्थात् पहले कहे गये अर्थपदके अनुसार मूलप्रकृतिअनुभागसंक्रमका सर्व प्रथम व्याख्यान करना चाहिए। उसके विषयमें तेईस अनुयोगद्वार ज्ञातव्य हैं यह बतलानेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* उसके विषयमें संज्ञासे लेकर अल्पबहुत्व तक तेईस अनुयोगद्वार होते हैं।

§ ३१. क्योंकि यहाँ पर मूलप्रकृतिकी विवक्षा होनेसे सन्निकर्ष सम्भव नहीं है, इसलिए यहाँ पर चौबीस अनुयोगद्वार न होकर तेईस अनुयोगद्वार ही होते हैं। संज्ञा आदिक तेईस अनुयोगद्वार पहले कह आये हैं। क्या मात्र ये तेईस अनुयोगद्वार ही मूलप्रकृतिअनुभागसंक्रमसे सम्बन्ध रखते हैं या अन्य भी तद्विषयक प्ररूपणाभेद है ऐसी आशंका होने पर यह सूत्र कहा है।

* तथा भुजगार, पदनिक्षेप और वृद्धि ये तीन अनुयोगद्वार भी कहने चाहिए।

§ ३२. पुव्वसुत्तुद्दिट्ठतेवीसमणिओगद्दाराणं चूलियाभूदेहि एदेहि तीहि अणियोगभेदेहि मूलपयडिअणुभागसंकमो अवगंतव्वो, अण्णहा तव्विसयविसेसणिण्णयाणुप्पत्तीदो त्ति भणिदं होदि।

§ ३३. संपहि एदेसिं तेवीसमणिओगद्दाराणं सचूलियाणं सुगमत्तादो चुण्णिसुत्तयारेण णामुद्देसमेत्तेणेव परूविदाणमुच्चारणाइरियपरूविदविवरणमणुवत्तइस्सामो। तं जहा—मूलपयडिअणुभागसंकमे तत्थ इमाणि २३ तेवीस अणियोगद्दाराणि—सण्णा जाव अप्पाबहुए त्ति भुज० पदणिक्खेवो वड्ढी चेदि। तत्थ सण्णा दुविहा—घादिसण्णा ठाणसण्णा च। तदुभयपरूवणाए अणुभागविहत्तिभंगो। सव्वसंकमो णोसव्वसंकमो उक्कस्ससंकमो अणुक्कस्ससंकमो जहण्णसंकमो अजहण्णसंकमो इच्चेदेसिं च परूवणाए विहत्तिभंगो चेव, विसेसाभावादो।

§ ३४. सादि-अणादि-धुव-अद्धुवाणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० उक्क० अणुक्क० जह० अणुभागसंकमो किं सादि० ४? सादी अद्धुवो। अज० किं सादी० ४? सादी अणादी धुवो अद्धुवो वा। सेसासु मग्गणासु उक्क० अणुक्क० जह० अजह० सादी अद्धुवो च।

§ ३२. पूर्वमें निर्दिष्ट किये गये तेईस अनुयोगद्वारोंके चूलिकारूप इन तीन अनुयोगद्वारोंके आश्रयसे मूलप्रकृतिअनुभागसंक्रमको जानना चाहिए, अन्यथा तद्विषयक विशेष निर्णय नहीं बन सकता यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

§ ३३. अब सुगम होनेसे चूर्णिसूत्रकारके द्वारा केवल नामोल्लेखरूपसे कहे गये चूलिकासहित इन तेईस अनुयोगद्वारोंके उच्चारणाचार्यद्वारा कहे गये विवरणको बतलाते हैं। यथा—मूलप्रकृतिअनुभागसंक्रममें संज्ञासे लेकर अल्पबहुत्वतक ये तेईस अनुयोगद्वार होते हैं। तथा भुजगार, पदनिक्षेप और वृद्धि ये तीन अनुयोगद्वार और होते हैं। उनमें संज्ञा दो प्रकारकी है—घातिसंज्ञा और स्थानसंज्ञा। इन दोनोंका कथन अनुभागविभक्तिके समान है। तथा सर्वसंक्रम, नोसर्वसंक्रम, उत्कृष्टसंक्रम, अनुत्कृष्टसंक्रम, जघन्यसंक्रम और अजघन्यसंक्रम इनका कथन भी अनुभागविभक्तिके समान ही है, क्योंकि वहाँसे यहाँ कोई विशेषता नहीं है।

§ ३४. सादि, अनादि, ध्रुव और अध्रुवानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयका उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट और जघन्य अनुभाग संक्रम क्या सादि है, क्या अनादि है, क्या ध्रुव है या क्या अध्रुव है? सादि और अध्रुव है। अजघन्य अनुभागसंक्रम क्या सादि है, क्या अनादि है, क्या ध्रुव है या क्या अध्रुव है? सादि, ध्रुव और अध्रुव है। शेष गतिसम्बन्धी मार्गणाओंमें उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य, अनुभागसंक्रम सादि और अध्रुव है।

विशेषार्थ—उत्कृष्ट अनुभागसंक्रम और अनुत्कृष्ट अनुभागसंक्रम कादाचित्क हैं। तथा जघन्य अनुभागसंक्रम क्षपकश्रेणिमें यथास्थान होता है अन्यत्र नहीं, इसलिए ये तीनों अनुभागसंक्रम सादि और अध्रुव कहे हैं। अब रहा अजघन्य अनुभागसंक्रम सो यह क्षायिकसम्यग्दृष्टिके उपशान्तमोह गुणस्थानमें नहीं होता। किन्तु वहाँसे गिरने पर पुनः होने लगता है, इसलिए तो सादि है और उस स्थानको प्राप्त होनेके पूर्वतक अनादि है। तथा भव्योंकी अपेक्षा अध्रुव और अभव्योंकी अपेक्षा ध्रुव है। इस प्रकार अजघन्य अनुभागसंक्रम चारों प्रकारका है। यह ओघप्ररूपणा

§ ३५ सामित्तं दुविहं—जह० उक्क० । उकस्से पयदं । दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मोह० उक्क० अणुभागसंकमो कस्स ? अण्णदरस्स उकस्साणुभागं बंधिदूणावलियादीदस्स अण्णदरगदीए वट्टमाणयस्स । आदेसेण णेरइय० मोह० उक्क० अणुभागसंकमो कस्स ? अण्णदरस्स उकस्साणुभागं बंधिदूणावलियादीदस्स । एवं सव्वणेरइय०—सव्वतिरिक्ख०—सव्वमणुस०—सव्वदेवा त्ति । णवरि पंचि०तिरि०अपज्ज०—मणुसअपज्ज०—आणदादि सव्वट्ठा त्ति विहत्तिभंगो । एवं जाव० ।

§ ३६. जहण्णए पयदं । दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मोह० जह० अणुभागसंकमो कस्स ? अण्णदरस्स खवयस्स समयाहियावलियचरिमसमयसकसायस्स । एवं मणुसतिए । सेसमग्गणासु विहत्तिभंगो ।

है । आदेशसे गतिसम्बन्धी सब मार्गणाओंमें उत्कृष्ट आदि चारों भंग सादि और अध्रुव होते हैं, क्योंकि सब मार्गणाएँ कदाचित्क हैं, अन्य मार्गणाओंकी अपेक्षा यदि विचार करें तो मात्र अचक्षुदर्शनमार्गणामें ओघके समान भङ्ग जानना चाहिए तथा भव्यमार्गणामें ध्रुव भङ्ग नहीं होता । कारण स्पष्ट है ।

§ ३५. स्वामित्व दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमका स्वामी कौन है ? उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करके जिसका एक आवलि काल गया है ऐसा अन्यतर गतिमें विद्यमान जीव उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमका स्वामी है । आदेशसे नारकियोंमें मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमका स्वामी कौन है ? उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करके जिसका एक आवलि काल गया है ऐसा अन्यतर नारकी जीव मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमका स्वामी है । इसी प्रकार सब नारकी, सब तिर्यञ्च, सब मनुष्य और सब देवोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त, मनुष्य अपर्याप्त और आनत कल्पसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें अनुभाग विभक्तिके समान भङ्ग है ।

विशेषार्थ—उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेके बाद एक आवलि काल व्यतीत होने पर ही उसका संक्रम सम्भव है, इसलिए यहाँ पर बन्धावलिके बाद ही मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभागके संक्रमका स्वामित्व दिया है । ओघसे तो यह बन ही जाता है । किन्तु चारों गतियोंके अवान्तर भेदोंमें जहाँ जहाँ उत्कृष्ट अनुभागबन्ध सम्भव है उन मार्गणाओंमें भी यह बन जाता है । मात्र पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त, मनुष्य अपर्याप्त और आनतादि कल्पोंके देवोंमें यह उत्कृष्ट अनुभागबन्ध सम्भव नहीं है, इसलिए इनमें उसे अनुभागविभक्तिके उत्कृष्ट स्वामित्वके समान जाननेकी सूचना की है ।

§ ३६. जघन्यका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मोहनीयके जघन्य अनुभागसंक्रमका स्वामी कौन है ? जिसके सकषाय अवस्थामें एक समय अधिक आवलि काल शेष है ऐसा अन्तिम समयमें विद्यमान अन्यतर क्षपक जीव मोहनीयके जघन्य अनुभागसंक्रमका स्वामी है । इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए । शेष मार्गणाओंमें अनुभाग विभक्तिके समान भङ्ग है ।

विशेषार्थ—मोहनीयका जघन्य अनुभागसंक्रम क्षपक सूक्ष्मसाम्परायके कालमें एक समय अधिक एक आवलि काल शेष रहने पर होता है, क्योंकि संक्रमके योग्य सबसे जघन्य अनुभाग यहीं

§ ३७. कालो दुविहो—जह०उक्क०। उक्कस्से पयदं। दुविहो णिद्देसो, ओघेण आदेसेण य। मोह० उक्क० अणु० अणुभागसंकमो विहत्तिभंगो।

§ ३८. जहण्णए पयदं। दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह०जह० अणुभागसंकम० केव०? जह० उक्क० एयसमओ। अज० तिण्णि भंगा। तत्थ जो सो सादिओ सपज्जवसिदो, जह० अंतोमु०, उक्क० तेत्तीसं सागरो० सादिरेयाणि। मणुसतिए जह० अणुभागसंक० जह० उक्क० एयसमओ। अज० अणुभागसंक० जह० एयसमओ, उक्क० सगट्ठिदी। सेसमग्गणासु विहत्तिभंगो।

पर पाया जाता है। यह अवस्था ओघसे तो सम्भव है ही, मनुष्यत्रिकमें भी सम्भव है, क्योंकि मनुष्यत्रिक ही क्षपकश्रेणि पर आरोहण करते हैं, इसलिए मनुष्यत्रिकमें तो ओघप्ररूपणाके समान ही स्वामित्वके जाननेकी सूचना की है। मात्र अन्य गतियोंमें यह व्यवस्था नहीं बन सकती, इसलिए उनमें अनुभागविभक्तिके जघन्य स्वामित्वके समान जाननेकी सूचना की है।

§ ३७. काल दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टसंक्रमका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागसंक्रमके जघन्य और उत्कृष्ट कालका भङ्ग अनुभागविभक्तिके समान है।

विशेषार्थ—उत्कृष्ट अनुभागबन्ध होकर एक आवलिके बाद अनुभागकाण्डकघात द्वारा उसका अन्तर्मुहूर्तमें संक्रम हो सकता है, इसलिए ओघसे इसका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त प्राप्त होता है। तथा उत्कृष्टके बाद अनुत्कृष्ट होने पर वह कमसे कम अन्तर्मुहूर्त तक और अधिकसे अधिक ऐसे जीवके एकेन्द्रिय पर्यायमें चले जाने पर अनन्तकाल तक रहता है, इसलिए ओघसे मोहनीयके अनुत्कृष्ट अनुभागसंक्रमका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अनन्तकालप्रमाण कहा है। सामान्य तिर्यञ्चोंमें यह काल इसी प्रकार बन जाता है। मात्र इनमें उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागसंक्रमका जघन्य काल एक समय प्राप्त होता है, क्योंकि जो अन्य गतिका जीव जीवनके अन्तमें उत्कृष्ट अनुभागका संक्रम कर रहा है उसके उस संक्रममें एक समय काल शेष रहनेपर यदि वह मर कर तिर्यञ्चोंमें उत्पन्न हो जाता है तो सामान्य तिर्यञ्चोंमें उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमका जघन्य काल एक समय बन जाता है। तथा जो तिर्यञ्च जीवनके अन्तमें एक समय शेष रहने पर अनुत्कृष्ट अनुभागका संक्रम करता है उसके अनुत्कृष्ट अनुभागसंक्रमका जघन्य काल एक समय बन जाता है। इसी प्रकार अन्य गतियोंमें भी अनुभागविभक्तिके अनुसार काल घटित हो जाता है, इसलिए यहाँ पर उक्त सब मार्गणाओंमें उत्कृष्ट कालको अनुभागविभक्तिके समान जाननेकी सूचना की है।

§ ३८. जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयके जघन्य अनुभागसंक्रमका कितना काल है? जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अजघन्य अनुभागसंक्रमके तीन भङ्ग हैं। उनमें जो सादि-सान्त भङ्ग है उसका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल साधिक तेतीस सागर है। मनुष्यत्रिकमें जघन्य अनुभागसंक्रमका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अजघन्य अनुभागसंक्रमका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अपनी अपनी कायस्थितिप्रमाण है। शेष मार्गणाओंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है।

विशेषार्थ—ओघसे मोहनीयका जघन्य अनुभागसंक्रम दसवें गुणस्थानमें क्षपकके एक समयके लिए होता है, इसलिए इसका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय कहा है। तथा जो क्षायिक सम्यग्दृष्टि प्रथम बार उपशमश्रेणिसे उतर कर अन्तर्मुहूर्तमें पुनः उपशमश्रेणि पर आरोहण कर उपशान्तमोह गुणस्थानको प्राप्त होता है उसके अजघन्य अनुभागसंक्रमका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और जो क्षायिक सम्यग्दृष्टि यह विधि साधिक तेत्तीस सागरके अन्तरसे करता है उसके अजघन्य

§ ३९. अंतरं दुविहं—जह० उक्क०। उक्कस्से पयदं। दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० उक्क० अणुभागसंकमंतरं जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० अणंतकालमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा। अणु० जह० एयसमओ, उक्क० अंतोमु०। सेसमग्गणासु विहत्तिभंगो।

§ ४०. जहण्णए पयदं। दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० जह० णत्थि अंतरं। अज० जह० एयसमओ, उक्क० अंतोमुहुत्तं। मणुसतिए मोह० जह० णत्थि अंतरं। अज० जह० उक्क० अंतोमुहुत्तं। सेसमग्गणासु विहत्तिभंगो।

अनुभागसंक्रमका उत्कृष्ट काल साधिक तेतीस सागर प्रमाण प्राप्त होनेसे यह दोनों प्रकारका काल उक्तप्रमाण कहा है। मनुष्यत्रिकमें अजघन्य अनुभागसंक्रमके उत्कृष्ट कालको छोड़कर शेष सब काल ओघके समान ही घटित कर लेना चाहिए। मात्र अजघन्य अनुभागसंक्रमका उत्कृष्ट काल अपनी-अपनी कायस्थितिके प्रारम्भमें और अन्तमें उपशमश्रेणिपर आरोहण करानेसे कुछ कम अपनी-अपनी कायस्थितिप्रमाण प्राप्त होता है, इसलिए यह उक्त प्रमाण कहा है। शेष गतिमार्गणाओंमें काल अनुभागविभक्तिके समान यहाँ बन जानेसे उसे उसके समान जाननेकी सूचना की है।

§ ३९. अन्तर दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल है जो असंख्यात पुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है। अनुत्कृष्ट अनुभागसंक्रमका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। शेष मार्गणाओंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है।

विशेषार्थ—एक बार मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभागबन्धके रुकनेके बाद पुनः उत्कृष्ट अनुभागबन्ध अन्तर्मुहूर्तके पहले नहीं होता ऐसा नियम है, अतः यहाँ पर ओघसे उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहा है। तथा जो संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीव उत्कृष्ट अनुभागसंक्रम करके एकेन्द्रियोंमें उत्पन्न होकर अनन्त कालके बाद पुनः संज्ञी पञ्चेन्द्रिय होकर उत्कृष्ट अनुभागबन्धपूर्वक उसका संक्रम करता है उसके उसका उत्कृष्ट अन्तरकाल अनन्तकाल देखा जाता है, अतः ओघसे उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमका उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल कहा है। कोई क्षायिक सम्यग्दृष्टि जीव सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमें एक समयके लिए मोहनीयके अनुत्कृष्ट अनुभागका असंक्रामक होकर दूसरे समयमें मरकर देव होकर पुनः उसका संक्रामक हो जाय यह भी सम्भव है और कोई अन्य जीव मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभागका अन्तर्मुहूर्त काल तक संक्रम करता रहे यह भी सम्भव है, इसलिए यहाँ पर मोहनीयके अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रामकका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहा है। शेष मार्गणाओंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है यह स्पष्ट ही है।

§ ४०. जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघ से मोहनीयके जघन्य अनुभागसंक्रमका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य अनुभागसंक्रमका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। मनुष्यत्रिकमें मोहनीयके जघन्य अनुभागसंक्रमका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य अनुभागसंक्रमका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। शेष मार्गणाओंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है।

§ ४१. सेसाणमणिओगद्दाराणमणुभागविहत्तिभंगो। णवरि संकमालावो कायव्वो।
एवं तेवीसमणिओगद्दाराणि समत्ताणि।

§ ४२ भुजगारे त्ति तत्थ इमाणि तेरस अणिओगद्दाराणि—समुक्कित्तणा जाव अप्पाबहुए त्ति। समुक्कित्तणाणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण अत्थि भुज०-अप्प०-अवट्ठि०-अवत्त०संकामया। एवं मणुसतिए। सेसमग्गणासु विहत्तिभंगो।

§ ४३. सामित्ताणु० दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघो विहत्तिभंगो। णवरि अवत्त०संक० कस्स? अण्णद० जो इगिवीससंतकम्मिओवसामगो सव्वोवसामणादो परिवदमाणगो देवो वा पढमसमयसंकामगो। एवं मणुसतिए। णवरि देवो त्ति ण भाणियव्वो। सेसमग्गणासु विहत्तिभंगो।

§ ४४. कालो विहत्तिभंगो। णवरि अवत्त० जह० उक्क० एयसमओ।

§ ४५. अंतराणुग० दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघो विहत्तिभंगो। णवरि अवत्त० जह० अंतोमु०, उक्क० तेत्तीसं सागरो० सादिरेयाणि। मणुसतिए

विशेषार्थ—मोहनीयका जघन्य अनुभागसंक्रम क्षपक सूक्ष्मसाम्परायिकके होता है, इसलिए ओघसे तथा मनुष्यत्रिकमें इसके अन्तरकालका निषेध किया है। तथा अजघन्य अनुभागसंक्रमके जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकालका खुलासा अनुत्कृष्टके समान है। मनुष्योंमें भी यह इसी प्रकार बन जाता है। मात्र जघन्य अन्तर एक समय नहीं बनता, क्योंकि स्वस्थानकी अपेक्षा उपशान्तमोहका काल अन्तर्मुहूर्त है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

§ ४१. शेष अनुयोगद्वारोंका भङ्ग अनुभागविभक्तिके समान है। इतनी विशेषता है कि सत्कर्मके स्थानमें संक्रमका आलाप करना चाहिए।

इस प्रकार तेईस अनुयोगद्वार समाप्त हुए।

§ ४२. भुजगारसंक्रमका प्रकरण है। उसमें समुत्कीर्तनासे लेकर अल्पबहुत्वतक तेरह अनुयोगद्वार होते हैं। समुत्कीर्तनानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे भुजगारसंक्रामक, अल्पतरसंक्रामक, अवस्थितसंक्रामक और अवक्तव्यसंक्रामक जीव हैं। इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमे जानना चाहिए। शेष मार्गणाओंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है।

§ ४३. स्वामित्वानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्यसंक्रमका स्वामी कौन है? इक्कीस प्रकृतियोंका सत्कर्मवाला जो अन्यतर उपशामक जीव सर्वोपशमनासे गिर कर देव हो गया या प्रथम समयमें संक्रामक हो गया वह अवक्तव्यसंक्रमका स्वामी है। इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमे अवक्तव्यसंक्रमका स्वामित्व कहते समय सर्वोपशमनासे गिरते हुए मर कर देव हो गया यह भङ्ग नहीं कहना चाहिए। शेष मार्गणाओंमें अनुभागविभक्तके समान भङ्ग है।

§ ४४. कालका भङ्ग अनुभागविभक्तके समान है। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्यसंक्रमका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है।

§ ४५. अन्तरानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्यसंक्रमका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। मनुष्यत्रिकमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है।

विहत्तिभंगो । णवरि अवत्त० जह० अंतोमु०, उक्क० पुव्वकोडी देसूणा । सेसमग्गणाओ विहत्तिभंगो ।

§ ४५. णाणाजीवभंगविचयाणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मोह० भुज०-अप्प०-अवट्ठि०संकामया णियमा अत्थि । सिया एदे च अवत्तव्वओ च । सिया एदे च अवत्तव्वया च । मणुसतिए भुज०-अवट्ठि० णियमा अत्थि । सेसपदाणि भयणिज्जाणि । सेसमग्गणाणं विहत्तिभंगो ।

§ ४६. भागाभागाणु० दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघो विहत्तिभंगो । णवरि अवत्त०संका० अणंतिमभागो । मणुसेसु विहत्तिभंगो । णवरि अवत्त० असंखे०भागो । मणुसपज्ज०—मणुसिणी० मोह० अवट्ठि० संखेज्जा भागा । सेससंका० संखे०भागो । सेसमग्गणासु विहत्तिभंगो ।

§ ४७. परिमाणं विहत्तिभंगो । णवरि अवत्त० संखेज्जा ।

इतनी विशेषता है कि अवक्तव्यसंक्रमका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम पूर्वकोटिप्रमाण है । शेष मार्गणाओंमें भङ्ग अनुभागविभक्तिके समान है ।

विशेषार्थ—ओघसे कमसे कम अन्तर्मुहूर्तके अन्तरसे और अधिकसे अधिक साधिक तेतीस सागरके अन्तरसे उपशमश्रेणि पर आरोहण पाया जाता है, इसलिए तो ओघसे अवक्तव्यसंक्रमका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर कहा है । तथा मनुष्यत्रिकमें जघन्य अन्तर तो ओघके समान ही प्राप्त होता है । मात्र उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम पूर्वकोटिसे अधिक नहीं हो सकता । कारण स्पष्ट ही है । शेष कथन सुगम है ।

§ ४५. नाना जीवोंकी अपेक्षा भङ्गविचयानुगमसे निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मोहनीयके भुजगारसंक्रामक, अल्पतरसंक्रामक और अवस्थितसंक्रामक नाना जीव नियमसे हैं । कदाचित् ये नाना जीव हैं और एक अवक्तव्यसंक्रामक जीव है । कदाचित् ये नाना जीव हैं और नाना अवक्तव्यसंक्रामक जीव हैं । मनुष्यत्रिकमें भुजगारसंक्रामक और अवस्थितसंक्रामक नाना जीव नियमसे हैं । शेष पद भजनीय हैं । शेष मार्गणाओंमें भङ्ग अनुभागविभक्तिके समान है ।

§ ४६. भागाभागानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि अवक्तव्यसंक्रामक जीव सब जीवोंके अनन्तवें भागप्रमाण हैं । मनुष्योंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि अवक्तव्यसंक्रामक जीव सब मनुष्योंके असंख्यातवें भागप्रमाण हैं । मनुष्यपर्याप्त और मनुष्यिनियोंमें अवस्थितसंक्रामक जीव इन दोनों प्रकारके मनुष्योंके संख्यात बहुभागप्रमाण हैं । तथा शेष पदोंके संक्रामक जीव संख्यातवें भागप्रमाण हैं । शेष मार्गणाओंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है ।

§ ४७. परिमाणका भङ्ग अनुभागविभक्तिके समान है । इतनी विशेषता है कि अवक्तव्यसंक्रामक जीव संख्यात हैं ।

§ ४८. खेत्तं पोसणं च विहत्तिभंगो। णवरि अवत्त०संका० लोगस्स असंखे०भागो कायव्वो।

§ ४९. कालो विहत्तिभंगो। णवरि अवत्त०संका० जह० एयस०, उक्क० संखेज्जा समया।

§ ५०. अंतरं विहत्तिभंगो। णवरि अवत्त०संका० जह० एयस०, उक्क० वासपुधत्तं।

§ ५१. भावो सव्वत्थ ओदइओ भावो।

§ ५२. अप्पाबहुआणु० दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण अवत्त०संका० थोवा। अप्पद०संका० अणंतगुणा। भुज०संका० असंखे०गुणा। अवट्ठि०संका० संखे०गुणा। मणुसेसु सव्वत्थोवा अवत्त०संका०। अप्पद०संका० असंखे०गुणा। भुज०संका० असंखे०गुणा। अवट्ठि०संका० संखे०गुणा। एवं मणुसपज्ज०मणुसिणीसु। णवरि संखेज्जगुणं कायव्वं। सेसमग्गणासु विहत्तिभंगो।

§ ४८. क्षेत्र और स्पर्शनका भङ्ग अनुभागविभक्तिके समान है। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्य संक्रामक जीवोंका क्षेत्र और स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण करना चाहिए।

§ ४९. नाना जीवोंकी अपेक्षा कालका भङ्ग अनुभागविभक्तिके समान है। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्यसंक्रामकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है।

विशेषार्थ—उपशमश्रेणिसे उतरते हुए यदि एक समयके लिए अवक्तव्यसंक्रामक होते हैं तो इनका जघन्य काल एक समय प्राप्त होता है और यदि नाना जीव लगातार पहले समयमें अन्य जीव और दूसरे समयमें अन्य जीव इस क्रमसे संख्यात समय तक नाना जीव अवक्तव्यपदके संक्रामक होते हैं तो इनका उत्कृष्ट काल संख्यात समय तक प्राप्त होता है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

§ ५०. अन्तरका भङ्ग अनुभागविभक्तिके समान है। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्यसंक्रामकोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्वप्रमाण है।

विशेषार्थ—उपशमश्रेणिके जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरको ध्यानमें रख कर यहाँ पर अवक्तव्यसंक्रामकोंका यह अन्तर कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

§ ५१. भाव सर्वत्र औदयिक है।

§ ५२. अल्पबहुत्वानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे अवक्तव्यसंक्रामक जीव सबसे स्तोक हैं। उनसे अल्पतरसंक्रामक जीव अनन्तगुणे हैं। उनसे भुजगारसंक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं। उनसे अवस्थितसंक्रामक जीव संख्यातगुणे हैं। मनुष्योंमें अवक्तव्यसंक्रामक जीव सबसे स्तोक हैं। उनसे अल्पतरसंक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं। उनसे भुजगारसंक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं। उनसे अवस्थितसंक्रामक जीव संख्यातगुणे हैं। इसी प्रकार मनुष्य पर्याप्त और मनुष्यिनियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि यहाँ पर असंख्यातगुणेके स्थानमें संख्यातगुणा करना चाहिए। शेष मार्गणाओंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है।

§ ५३. पदणिक्खेवे त्ति तत्थ इमाणि तिण्णि अणिओगद्दाराणि—समुक्कित्त० सामित्त-मप्पाबहु० । समुक्कित्तणाए विहत्तिभंगो ।

§ ५४. सामित्तं दुविहं—जह० उक्क० । उक्क० पयदं । दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण उक्कस्सिया वड्ढी कस्स ? अण्णदरस्स जो तप्पाओग्गजहण्णयमणुभागं संकामेंतो तदो उक्कस्ससंकिलेसं गदो । तदो उक्कस्साणुभागं पबद्धो तस्स आवलियादीदस्स उक्क० वड्ढी । तस्सेव से काले उक्कस्सयमवट्ठाणं । उक्क० हाणी कस्स ? अण्णदरेण उक्कस्साणुभागं संकामेंतेण उक्क० अणुभागखंडए हदे तस्स उक्कस्सिया हाणी । एवं चदुसु गदीसु । णवरि पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०—मणुसअपज्ज०—आणदादि जाव सव्वट्ठा त्ति विहत्तिभंगो ।

§ ५५. जहण्णए पयदं । विहत्तिभंगो ।

§ ५६. अप्पाबहुअं विहत्तिभंगो ।

§ ५७. वड्ढिसंकमे तत्थ इमाणि तेरस अणिओगद्दाराणि—समुक्कित्तणा जाव अप्पाबहुए त्ति । समुक्कित्तणाणु० दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मोह० अत्थि छव्विहा वड्ढि हाणी अवट्ठाणमवत्तव्वं च । एवं मणुसतिए । सेसमग्गणासु विहत्तिभंगो ।

§ ५८. सामित्तं विहत्तिभंगो । णवरि अवत्त० भुजगारभंगो ।

---

§ ५३. पदनिक्षेपका प्रकरण है । उसमें ये तीन अनुयोगद्वार होते हैं—समुत्कीर्तना, स्वामित्व और अल्पबहुत्व । समुत्कीर्तनाका भङ्ग अनुभागविभक्तिके समान है ।

§ ५४. स्वामित्व दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघमें उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? अन्यतर जिस जीवने तत्प्रायोग्य जघन्य अनुभागका संक्रमण करते हुए उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध किया, एक आवलिके बाद वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है । तथा वही जीव अनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है । उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? अन्यतर जिस जीवने उत्कृष्ट अनुभागका संक्रम करते हुए उत्कृष्ट अनुभागकाण्डकका घात किया है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है । इसी प्रकार चारों गतियोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त, मनुष्य अपर्याप्त और आनतकल्पसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है ।

§ ५५. जघन्यका प्रकरण है । उसका भङ्ग अनुभागविभक्तिके समान है ।

§ ६६. अल्पबहुत्वका भङ्ग अनुभागविभक्तिके समान है ।

§ ५७. वृद्धिसंक्रमका प्रकरण है । उसमें समुत्कीर्तनासे लेकर अल्पबहुत्व तक ये तेरह अनुयोगद्वार होते हैं । समुत्कीर्तनानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मोहनीयके छह वृद्धि, छह हानि, अवस्थित और अवक्तव्यपदके संक्रामक जीव हैं । इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए । शेष मार्गणाओंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है ।

§ ५८. स्वामित्वका भङ्ग अनुभागविभक्तिके समान है । इतनी विशेपता है कि अवक्तव्य-संक्रमका भङ्ग भुजगारके समान है ।

§ ५९. कालो विहत्तिभंगो। णवरि अवत्त० भुजगारभंगो।

§ ६०. अंतरं णाणाजीवेहि भंगविचओ भागाभागं परिमाणं खेत्तं पोसणं कालो अंतरं भावो च विहत्तिभंगो। णवरि अवत्त० भुजगारभंगो।

§ ६१. अप्पाबहुआणु० दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० सव्वत्थोवा अवत्त०संका०। अणंतभागहाणिसंका० अणंतगुणा। सेसपदाणं विहत्तिभंगो। मणुस्सेसु सव्वत्थोवा अवत्त०। अणंतभागहा० असंखे०गुणा। उवरि ओघं। एवं मणुसपज्ज०-मणुसिणी०। णवरि संखे०गुणं कायव्वं। सेसमग्गणासु विहत्तिभंगो।

§ ६२. ठाणाणमणुभागविहत्तिभंगाणुसारेण परूवणा कायव्वा।

एवं मूलपयडिअणुभागसंकमो समत्तो।

*** तदो उत्तरपयडिअणुभागसंकमं चउवीसअणियोगद्दारेहि वत्तइस्सामो।**

§ ६३. तदो मूलपयडिअणुभागसंकमविहासणादो अणंतरं पुव्वपरूविदेण अट्ठपदेण उत्तरपयडिविसयमणुभागसंकमं वत्तइस्सामो त्ति एसा पइज्जा सुत्तयारस्स। तत्थाणियोगद्दाराणमियत्तावहारणट्ठमिदं वुत्तं 'चउवीसमणियोगद्दारेहिं' त्ति। काणि ताणि चउवीसअणिओगद्दाराणि ? सण्णा सव्वसंकमो णोसव्वसंकमो उक्कस्ससंकमो अणुक्कस्ससंकमो जहण्णसंकमो

---

§ ५९. कालका भङ्ग अनुभागविभक्तिके समान है। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्यका भङ्ग भुजगारके समान है।

§ ६०. अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भङ्गविचय, भागाभाग, परिमाण, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर और भावका भङ्ग अनुभागविभक्तिके समान है। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्यका भङ्ग भुजगारके समान है।

§ ६१. अल्पबहुत्वानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयके अवक्तव्यसंक्रामक जीव सबसे स्तोक हैं। उनसे अनन्तभागहानिके संक्रामक जीव अनन्तगुणे हैं। शेष पदोंका भङ्ग अनुभागविभक्तिके समान है। मनुष्योंमें अवक्तव्यसंक्रामक जीव सबसे स्तोक हैं। उनसे अनन्तभागहानिके संक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं। आगे ओघके समान भङ्ग है। इसी प्रकार मनुष्यपर्याप्त और मनुष्यिनियों में जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि असंख्यातगुणेके स्थानमें संख्यातगुणा करना चाहिए। शेष मार्गणाओंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है।

§ ६२ स्थानोंका अनुभागविभक्तिके भङ्गके अनुसार प्ररूपणा करना चाहिए।

इस प्रकार मूलप्रकृतिअनुभागसंक्रम समाप्त हुआ।

*** अब चौबीस अनुयोगद्वारोंका आश्रय लेकर उत्तरप्रकृतिअनुभागसंक्रमका कथन करेंगे।**

§ ६३. 'तदो' अर्थात् मूलप्रकृतिअनुभागसंक्रमका कथन करनेके बाद पूर्वमें कहे गये अर्थपदके आश्रयसे उत्तरप्रकृतिविषयक अनुभागसंक्रमको कहेंगे इस प्रकार सूत्रकारकी यह प्रतिज्ञा है। वहाँ अनुयोगद्वारोंकी इयत्ताका निश्चय करनेके लिए 'चउवीसमणियोगद्दारेहि' यह वचन कहा है। वे चौबीस अनुयोगद्वार कौन हैं ऐसा प्रश्न होने पर उनका नामनिर्देश करते हैं। यथा—संज्ञा, सर्वसंक्रम, नोसर्वसंक्रम, उत्कृष्ट संक्रम, अनुत्कृष्ट संक्रम, जघन्य संक्रम, अजघन्य संक्रम, सादि

अजहण्णसंकमो सादियसंकमो अणादियसंकमो धुवसंकमो अद्धुवसंकमो एगजीवेण सामित्तं कालो अंतरं सण्णियासो णाणाजीवेहि भंगविचओ भागाभागो परिमाणं खेत्तं पोसणं कालो अंतरं भावो अप्पाबहुअं चेदि। एदेसिं च जुगवं वोत्तुमसत्तीदो कमावलंबणेण सण्णाणि-ओगद्दारमेव ताव विहासिदुकामो सुत्तमुत्तरं भणइ—

* तत्थ पुव्वं गमणिज्जा घादिसण्णा च ट्ठाणसण्णा च।

§ ६४. 'तत्थ' तेसु चउवीसमणिओगद्दारेसु 'पुव्वं' पढमदरमेव ताव 'गमणिज्जा' अणुगंतव्वा घादिसण्णा च ठाणसण्णा च। एदेण सण्णाए दुविहत्तं पदुप्पाइदं। तत्थ घादिसण्णा णाम मिच्छत्तादिकम्माणमुक्कस्सादिअणुभागसंकमफद्दएसु देस-सव्वघादित्तपरिक्खा। ट्ठाणसण्णा च तेसिमेवाणुभागसंकमफद्दयाणं जहासंभवमेगट्ठाणिय-बिट्ठाणिय-तिट्ठाणिय-चउट्ठाणियभाव-गवेसणा। संपहि दोण्हमेदासिं सण्णाणं णिद्देसं कुणमाणो सुत्तकलावमुत्तरं भणइ—

* सम्मत्त-चदुसंजलण-पुरिसवेदाणं मोत्तूण सेसाणं कम्माणमणुभाग-संकमो णियमा सव्वघादी वेट्ठाणिओ वा तिट्ठाणिओ वा चउट्ठाणिओ वा।

§ ६५. सम्मत्त-चदुसंजलण-पुरिसवेदाणमणुभागसंकमं मोत्तूण सेसकम्माणं मिच्छत्त-सम्मामिच्छत्त-बारसक०-अट्ठणोकसायाणमणुभागसंकमो उक्कस्सो अणु० जहण्णो अजहण्णो च सव्वघादी चेव, देसघादिसरूवेण सव्वकालमेदेसिमणुभागसंकमपवुत्तीए असंभवादो। सो पुण बिट्ठाणिओ तिट्ठाणिओ चउट्ठाणिओ वा। एयट्ठाणियो णत्थि, सव्वघादित्तणेण तस्स

संक्रम, अनादि संक्रम, ध्रुवसंक्रम, अध्रुवसंक्रम, एक जीवकी अपेक्षा स्वामित्व, काल, अन्तर सन्निकर्ष, नाना जीवोंकी अपेक्षा भङ्गविचय, भागाभाग, परिमाण, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, भाव और अल्पबहुत्व। किन्तु इनका एक साथ कथन करना असम्भव है, इसलिए क्रमका अवलम्बन लेकर संज्ञा अनुयोगद्वारको ही सर्व प्रथम कहनेकी इच्छासे आगेका सूत्र कहते हैं—

* उनमें सर्व प्रथम घातिसंज्ञा और स्थानसंज्ञा जानने योग्य है।

§ ६४. 'तत्थ' उन चौबीस अनुयोगद्वारोंमें 'पुव्वं' अर्थात् सर्व प्रथम घातिसंज्ञा और स्थान-संज्ञा 'गमणिज्जा' अर्थात् जानने योग्य है। इस प्रकार इस सूत्र द्वारा संज्ञा दो प्रकारकी कही गई है। उनमेंसे मिथ्यात्व आदि कर्मोंके उत्कृष्ट आदि अनुभागसंक्रमरूप स्पर्धकोंमेंसे कौन स्पर्धक देशघाति हैं और कौन स्पर्धक सर्वघाति हैं इस प्रकारकी परीक्षा करना घातिसंज्ञा कहलाती है। तथा उन्हीं अनुभागसंक्रमरूप स्पर्धकोंके एकस्थानिक, द्विस्थानिक, त्रिस्थानिक और चतुःस्थानिकभावकी गवेषणा करना स्थानसंज्ञा कहलाती है। अब इन दोनों संज्ञाओंका निर्देश करते हुए आगेका सूत्र कलाप कहते हैं—

* सम्यक्त्व, चार संज्वलन और पुरुषवेदको छोड़ कर शेष कर्मोंका अनुभाग-संक्रम नियमसे सर्वघाति तथा द्विस्थानिक, त्रिस्थानिक और चतुःस्थानिक होता है।

§ ६५. सम्यक्त्व, संज्वलन चार और पुरुषवेदके अनुभागसंक्रमको छोड़ कर मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, बारह कषाय और आठ नोकषाय इन शेष कर्मोंका उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट जघन्य और अजघन्य अनुभागसंक्रम सर्वघाति ही होता है, क्योंकि इनके अनुभागसंक्रमकी सर्वदा देशघातिरूपसे प्रवृत्ति होना असम्भव है। परन्तु वह अनुभागसंक्रम द्विस्थानिक, त्रिस्थानिक या चतुःस्थानिक होता

पडिसिद्धत्तादो । तत्थुक्कस्साणुभागसंकमो चउट्ठाणिओ चेव, तत्थ पयारंतराणुवलंभादो। अणुक्कस्साणुभागसंकमो पुण चउट्ठाणिओ तिट्ठाणिओ बिट्ठाणिओ वा, तिण्हमेदेसिं भावाणं तत्थ संभवादो। जहण्णाणुभागसंकमो बिट्ठाणिओ चेव, तत्थ पयारंतरासंभवादो। अजहण्णाणुभागसंकमो बिट्ठाणिओ तिट्ठाणिओ चउट्ठाणिओ वा, तिविहस्स वि भावस्स तत्थ संभवादो। एदेण सामण्णवयणेण सम्मामिच्छत्तस्स वि सव्वघादित्तेणावहारियस्स तिट्ठाणिय-चउट्ठाणियाणुभागसंकमाइप्पसंगे तण्णिवारणट्ठसुत्तमाह—

* णवरि सम्मामिच्छत्तस्स वेट्ठाणिओ चेव ।

§ ६६. सम्मामिच्छत्तस्स उक्कस्साणुक्कस्स-जहण्णाजहण्णाणुभागसंकमो वेट्ठाणियत्तेणावहारेयव्वो, दारुअसमाणाणंतिमभागे चेव सव्वघादित्तेण तदणुभागस्स पज्जवसिदत्तादो। एवमेदेसिं सण्णाविसेसपरिक्खं काऊण संपहि पुरिसवेद-चदुसंजलणाणुभागसंकमस्स सण्णाविसेसपदुप्पायणट्ठमुवरिमसुत्तमाह—

* अक्खवग-अणुवसामगस्स चदुसंजलण-पुरिसवेदाणमणुभागसंकमो मिच्छत्तभंगो ।

§ ६७. कुदो ? सव्वघादित्तणेण वि-ति-चदुट्ठाणियत्तणेण च भेदाभावादो। संपहि खवगोवसामएसु तब्भेदसंभवपदुप्पायणट्ठमिदमाह—

है। एकस्थानिक नहीं होता, क्योंकि एकस्थानिक अनुभागसंक्रमका सर्वघाति होनेका निषेध है। उसमें भी उत्कृष्ट अनुभागसंक्रम चतु स्थानिक ही होता है, क्योंकि उसमें अन्य प्रकार नहीं उपलब्ध होता। परन्तु अनुत्कृष्ट अनुभागसंक्रम चतुःस्थानिक, त्रिस्थानिक या द्विस्थानिक होता है क्योंकि इसमें ये तीनों प्रकार सम्भव हैं। जघन्य अनुभागसंक्रम द्विस्थानिक ही होता है, क्योंकि इसमें अन्य प्रकार सम्भव नहीं है। तथा अजघन्य अनुभागसंक्रम द्विस्थानिक, त्रिस्थानिक या चतुःस्थानिक होता है, क्योंकि इसमें उक्त तीनों प्रकारका अनुभागसंक्रम सम्भव है। इस प्रकार इस सामान्य वचनके अनुसार सर्वघातिरूपसे निश्चत किये गये सम्यग्मिथ्यात्वमें भी त्रिस्थानिक और चतुःस्थानिक अनुभागसंक्रमका अतिप्रसङ्ग होने पर उसका निवारण करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* इतनी विशेषता है कि सम्यग्मिथ्यात्वका अनुभागसंक्रम द्विस्थानिक ही होता है।

§ ६६. सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य अनुभागसंक्रमको द्विस्थानिक ही निश्चय करना चाहिए, क्योंकि दारुसमान अनुभागसंक्रमके अनन्तवें भागमें ही सर्वघातिरूपसे उसके अनुभागका पर्यवसान देखा जाता है। इस प्रकार इन कर्मोंकी संज्ञाविशेषकी परीक्षा करके अब पुरुषवेद और चार संज्वलनोंके अनुभागसंक्रमकी संज्ञाविशेषका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* अक्षपक और अनुपशामक जीवके चार संज्वलन और पुरुषवेदके अनुभागसंक्रमका भङ्ग मिथ्यात्वके समान है।

§ ६७. क्योंकि सर्वघातिरूपसे तथा द्विस्थानिक, त्रिस्थानिक और चतुःस्थानिकरूपसे मिथ्यात्वकी अपेक्षा उक्त कर्मोंके अनुभागसंक्रममें भेद नहीं है। अब क्षपक और उपशामकोंमें उसका भेद सम्भव है इस बातका कथन करनेके लिए यह सूत्र कहते हैं—

* खवगुवसामगाणमणुभागसंकमो सव्वघादी वा देसघादी वा वेट्ठाणिओ वा एयट्ठाणिओ वा ।

§ ६८. एदस्स सुत्तस्स अत्थो वुच्चदे । तं जहा—खवगोवसामगेसु एदेसिमुक्कस्साणुभागसंकमो वेट्ठाणिओ सव्वघादी चेव, अपुव्वकरणपवेसपढमसमए तदुवलंभादो । अणुक्कस्साणुभागसंकमो वेट्ठाणिओ एयट्ठाणिओ वा सव्वघादी वा देसघादी वा । एगट्ठाणिओ कत्थोवलब्भदे ? खवगोवसमसेढीसु अंतरकरणं कादूणेगट्ठाणियमणुभागं बंधमाणस्स सुद्धणवगबंधसंकमणावत्थाए किट्टीवेदगकालब्भंतरे च । देसघादित्तं च तत्थेव लब्भदे । जहण्णाणुभागसंकमो एदेसिं देसघादी एयट्ठाणिओ च, जहासंभवणवगबंधस्स किट्टीणं चरिमसमयसंकामणाए तदुवलंभादो । अजहण्णाणुभागसंकमो एयट्ठाणिओ वेट्ठाणिओ वा देसघादी वा सव्वघादी वा, अणुक्कस्सस्सेव तदुवलंभादो । एवमेदेसिं सण्णाविसेसं परूविय संपहि सम्मत्ताणुभागसंकमस्स सण्णाविसेसविहासणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ—

* सम्मत्तस्स अणुभागसंकमो णियमा देसघादी ।

---

* मात्र क्षपक और उपशामक जीवके उनका अनुभागसंक्रम सर्वघाति भी होता है और देशघाति भी होता है । तथा द्विस्थानिक भी होता है और एकस्थानिक भी होता है ।

§ ६८. अब इस सूत्रका अर्थ कहते हैं । यथा—क्षपक और उपशामक जीवोंमें चार संज्वलन और पुरुषवेद इन पाँच कर्मोंका उत्कृष्ट अनुभागसंक्रम द्विस्थानिक और सर्वघाति ही होता है, क्योंकि अपूर्वकरणमें प्रवेश करनेके प्रथम समयमें उसकी उपलब्धि होती है । अनुत्कृष्ट अनुभागसंक्रम द्विस्थानिक भी होता है और एकस्थानिक भी होता है । तथा सर्वघाति भी होता है और देशघाति भी होता है ।

शंका—एकस्थानिक अनुभागसंक्रम कहाँ पर उपलब्ध होता है ।

समाधान—क्षपकश्रेणि और उपशमश्रेणिमें अन्तरकरण करके एकस्थानिक अनुभागका बन्ध करनेवाले जीवके शुद्ध नवकबन्धकी संक्रमणरूप अवस्थामें और कृष्टिवेदककालके भीतर एकस्थानिक अनुभागसंक्रम उपलब्ध होता है तथा वहीं पर उसका देशघातिपना पाया जाता है । इन कर्मोंका जघन्य अनुभागसंक्रम देशघाति और एकस्थानिक होता है, क्योंकि यथासम्भव नवकबन्धकी कृष्टियोंके संक्रमके अन्तिम समयमें वह उपलब्ध होता है । अजघन्य अनुभागसंक्रम एकस्थानिक भी होता है और द्विस्थानिक भी होता है । तथा देशघाति भी होता है और सर्वघाति भी होता है, क्योंकि जिस प्रकार इन कर्मोंके अनुत्कृष्टमें इन भेदोंकी उपलब्धि होती है उसी प्रकार वे अजघन्यमें भी बन जाते हैं । इस प्रकार इनकी संज्ञाविशेषका कथन करके अब सम्यक्त्वके अनुभागसंक्रमकी संज्ञाविशेषका व्याख्यान करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* सम्यक्त्वका अनुभागसंक्रम नियमसे देशघाति होता है ।

§ ६९. उक्कस्साणुक्कस्स-जहण्णाजहण्णभेदाणं सव्वेसिमेव देसघादित्तदंसणादो। संपहि एदस्सेव [1]ट्ठाणसण्णाणुगमं कस्सामो। तं जहा—

* एयट्ठाणिओ वेट्ठाणिओ वा।

§ ७० तदुक्कस्साणुभागसंकमो वेट्ठाणिओ चेव, तत्थ लदा-दारुअसमाणाणुभागाणं दोण्हं पि णियमेणोवलंभादो। अणुक्कस्सो वेट्ठाणिओ एयट्ठाणिओ वा, दंसणमोहक्खवणाए अट्ठवस्सट्ठिदिसंतकम्मप्पहुडि एयट्ठाणाणुभागदंसणादो हेट्ठा वेट्ठाणियणियमादो। जहण्णाणुभागसंकमो णियमेणेयट्ठाणिओ, समयाहियावलियदंसणमोहक्खवयम्मि तदुवलंभादो। अजह० एयट्ठाणिओ वेट्ठाणिओ वा, दुसमयाहियावलियदंसणमोहक्खवयप्पहुडि जावुक्कस्साणुभागो त्ति ताव अजहण्णवियप्पावट्ठाणादो।

§ ७१. एवं सुत्ताणुगमं काऊण संपहि उच्चारणामुहेण सण्णाविहाणं वत्तइस्सामो। तं जहा—तत्थ दुविहा सण्णा—घाइसण्णा ट्ठाणसण्णा च। घाइसण्णाणु० दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मिच्छ०—सम्मामि०—बारसक०—अट्ठणोकसायाणं उक्क०—अणुक्क०—जह०—अजह०संक० सव्वघादी। पुरिसवेद—चदुसंजल० उक्क० सव्वघादी।

§ ६९. क्योंकि इसके उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य इन सब भेदोंमें देशघातिपना देखा जाता है। अब इसीकी स्थानसंज्ञाका अनुगम करेंगे। यथा—

* तथा यह एकस्थानिक भी होता है और द्विस्थानिक भी होता है।

§ ७०. उसका उत्कृष्ट अनुभागसंक्रम द्विस्थानिक ही होता है, क्योंकि उसमें लता और दारुसमान यह दोनों प्रकारका अनुभाग नियमसे पाया जाता है। अनुत्कृष्ट अनुभागसंक्रम द्विस्थानिक भी होता है और एकस्थानिक भी होता है, क्योंकि दर्शनमोहनीयकी क्षपणा होते समय जब सम्यक्त्वका आठ वर्षप्रमाण स्थितिसत्कर्म शेष रहता है तब वहाँसे लेकर उसका एकस्थानिक अनुभाग देखा जाता है। तथा इससे पूर्व द्विस्थानिक अनुभागका नियम है। जघन्य अनुभागसंक्रम नियमसे एकस्थानिक होता है, क्योंकि दर्शनमोहनीयकी क्षपणा करनेवालेके उसकी क्षपणामें एक समय अधिक एक आवलि काल शेष रहने पर उसकी उपलब्धि होती है। अजघन्य अनुभागसंक्रम एकस्थानिक भी होता है और द्विस्थानिक भी होता है, क्योंकि दर्शनमोहनीयकी क्षपणामें जब दो समय अधिक एक आवलि काल शेष बचता है तब वहाँसे लेकर प्रतिलोमक्रमसे उत्कृष्ट अनुभागके प्राप्त होने तक सब अनुभाग अजघन्य विकल्परूपसे अवस्थित है।

§ ७१. इस प्रकार सूत्रोंका अनुगम करके अब उच्चारणाकी प्रमुखतासे संज्ञाका विधान करते हैं। यथा—प्रकृतमें संज्ञा दो प्रकारकी है—घातिसंज्ञा और स्थानसंज्ञा। घातिसंज्ञानुगमसे निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, बारह कषाय और आठ नोकषायोंका उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य अनुभागसंक्रम सर्वघाति है। पुरुषवेद और चार संज्वलनकषायोंका उत्कृष्ट अनुभागसंक्रम सर्वघाति है। अनुत्कृष्ट अनुभागसंक्रम सर्वघाति

1 ता० प्रतौ 'एदस्स वेट्ठाण' इति पाठः।

अणु० सव्वघादी देसघादी वा । जह० देसघादी । अज० सव्वघादी वा देसघादी वा । सम्म० उक्क०-अणुक्क०-जह०-अजह० देसघादी चेव । एवं मणुसतिए । णवरि मणुसिणी० पुरिसवेद० उक्क०-अणुक्क०-जह०-अजह० सव्वघादी । सेसमग्गणासु विहत्तिभंगो ।

§ ७२. हाणसण्णाणु० दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मिच्छ०—बारसक०—अट्ठणोक० उक्क० चउट्ठा० । अणु० चउट्ठा० तिट्ठाणि० बेट्ठाणिओ वा । जह० बिट्ठाणि० । अज० बिट्ठाणि० तिट्ठाणि० चउट्ठाणिओ वा । सम्म०-सम्मामि०-चदुसंजल०-पुरिसवेद० विहत्तिभंगो । एवं मणुसतिए । णवरि मणुसिणीसु पुरिसवेद० छण्णोकसायभंगो । सेसमग्गणासु विहत्तिभंगो ।

भी है और देशघाति भी है । जघन्य अनुभागसंक्रम देशघाति है । तथा अजघन्य अनुभागसंक्रम सर्वघाति भी है और देशघाति भी है । सम्यक्त्वका उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य अनुभागसंक्रम देशघाति ही है । इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि मनुष्यिनियोंमें पुरुषवेदका उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य अनुभागसंक्रम सर्वघाति ही है । शेष मार्गणाओंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है ।

विशेषार्थ—मनुष्यिनीके पुरुषवेदकी सत्त्वव्युच्छित्ति छह नोकषायोंके साथ ही हो लेती है, इसलिए यहाँ पर मनुष्यिनियोंमें पुरुषवेदका चारों प्रकारका अनुभागसंक्रम सर्वघाति ही बतलाया है । शेष कथन स्पष्ट ही है ।

§ ७२. स्थानसंज्ञानुगमसे निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्व, बारह कषाय और आठ नोकषायोंका उत्कृष्ट अनुभागसंक्रम चतुःस्थानिक होता है । अनुत्कृष्ट अनुभागसंक्रम चतुःस्थानिक, त्रिस्थानिक, या द्विस्थानिक होता है । जघन्य अनुभागसंक्रम द्विस्थानिक होता है । तथा अजघन्य अनुभागसंक्रम द्विस्थानिक, त्रिस्थानिक या चतुःस्थानिक होता है । सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, चार संज्वलन और पुरुषवेदका भङ्ग अनुभागविभक्तिके समान है । इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि मनुष्यिनियोंमें पुरुषवेदका भङ्ग छह नोकषायोंके समान है । शेष मार्गणाओंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है ।

विशेषार्थ—स्थानसंज्ञाके प्रसङ्गसे अनुभागको चार प्रकारका बतलाया है—एकस्थानिक, द्विस्थानिक, त्रिस्थानिक और चतुःस्थानिक । केवल लताके समान अनुभागको एकस्थानिक अनुभाग कहते हैं, लता और दारुके समान मिले हुए अनुभागको द्विस्थानिक अनुभाग कहते हैं, दारु और अस्थिके समान मिले हुए अनुभागको त्रिस्थानिक अनुभाग कहते हैं तथा दारु, अस्थि और शैलके समान मिले हुए अनुभागको चतुःस्थानिक अनुभाग कहते हैं । लताके समान एकस्थानिक अनुभाग तथा लता और दारुके अनन्तवें भाग तकका द्विस्थानिकअनुभाग देशघाती होता है और शेष सब अनुभाग सर्वघाति होता है । पहले मिथ्यात्व आदि कर्मोंमें किस कर्मका अनुभाग किस प्रकारका है इसका विचार कर आये हैं सो उसे इस विवेचनको ध्यानमें रख कर घटित कर लेना चाहिए । यद्यपि सम्यग्मिथ्यात्वमें केवल दारुके अनन्तवें भागप्रमाण मध्यका सर्वघाति अनुभाग ही उपलब्ध होता है । फिर भी उसे उपचारसे द्विस्थानिक संज्ञा दी गई है । इसी प्रकार अन्यत्र सर्वघाति अनुभागोंमें द्विस्थानिक, त्रिस्थानिक और चतुःस्थानिक संज्ञाओंकी सार्थकता घटित कर लेनी चाहिए । माना कि इन सर्वघाति अनुभागोंमें देशघातिकी सीमा तकका अनुभाग उपलब्ध नहीं होता फिर भी

§ ७३. सव्वसंकमो णोसव्वसंकमो उक्कस्ससंकमो अणुक्कस्ससंकमो जहण्णसंकमो अजहण्णसंकमो त्ति विहत्तिभंगो। सादि०-अणादि०-धुव०-अद्धुवाणु० दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मिच्छ०-अट्ठकसाय-सम्म०-सम्मामि० उक्क०-अणुक्क०-जह०-अजह० किं सादि० ४ ? सादी अद्धुवो। अट्ठक०-णवणोक० उक्क०-अणुक्क०-जह० सादी अद्धुवो। अज० चत्तारि भंगा। आदेसेण सव्वं सव्वत्थ सादी अद्धुवं।

जहाँ दारुका बहुभागप्रमाण अन्तका सर्वघाति अनुभाग होता है उसकी उपचारसे द्विस्थानिक संज्ञा है। जहाँ पर यह और अस्थिके समान अनुभाग उपलब्ध होता है उसकी उपचारसे त्रिस्थानिक संज्ञा है। तथा जहाँ यह पूर्वका दोनों भेदरूप और शैलके समान अनुभाग उपलब्ध होता है उसकी उपचारसे चतुःस्थानिक संज्ञा है। यहाँ पर लता, दारु अस्थि और शैल ये उपमावाची शब्द हैं। जो अपने उपमेयरूप अनुभागोंकी विशेषताको प्रकट करते हैं। स्थानसंज्ञाका निर्देश करते समय मनुष्यनियोंमें पुरुषवेदका भङ्ग छह नोकषायोंके समान कहा है। सो इसका आशय इतना ही है कि मनुष्यिनियोंमें पुरुषवेदका लताके समान एकस्थानिक अनुभाग नहीं उपलब्ध होता। कारणका निर्देश हम घाति संज्ञाके प्रसङ्गसे विशेषार्थमें कर ही आये हैं। शेष कथन सुगम है।

§ ७३. सर्वसंक्रम, नोसर्वसंक्रम, उत्कृष्टसंक्रम, अनुत्कृष्टसंक्रम, जघन्यसंक्रम और अजघन्यसंक्रमका भङ्ग अनुभागविभक्तिके समान है। सादि, अनादि, ध्रुव और अध्रुवानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्व, आठ कषाय, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य अनुभागसंक्रम क्या सादि है, क्या अनादि है, क्या ध्रुव है या क्या अध्रुव है ? सादि और अध्रुव है। आठ कषाय और नौ नोकषायोंका उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट और जघन्य अनुभागसंक्रम सादि और अध्रुव है। तथा अजघन्य अनुभागसंक्रम सादि आदि चारों भेदरूप है। आदेशसे सब अनुभागसंक्रम सर्वत्र सादि और अध्रुव है।

विशेषार्थ—मिथ्यात्व, अप्रत्याख्यानावरणचतुष्क, प्रत्याख्यानावरणचतुष्क, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागसंक्रम कादाचित्क हैं, इसलिए तो ये दोनों यहाँ पर सादि और अध्रुव कहे गये हैं। तथा मिथ्यात्व और आठ कषायोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागसंक्रम भी कादाचित्क हैं। साथ ही सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व ये दोनों प्रकृतियाँ भी कादाचित्क हैं, इसलिए यहाँ पर इनके जघन्य और अजघन्य अनुभागसंक्रम भी सादि और अध्रुव कहे गये हैं। अब रहीं शेष प्रकृतियाँ सो इनके भी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागसंक्रम कादाचित्क होनेसे सादि और अध्रुव जान लेने चाहिए। चार संज्वलन और नौ नोषायोंका जघन्य अनुभागसंक्रम अपनी अपनी क्षपणा होते समय जघन्य अनुभागसंक्रमके कालमें होता है और इसके पूर्व अजघन्य अनुभागसंक्रम होता है इसलिए तो अजघन्य अनुभागसंक्रम अनादि है। तथा उपशमश्रेणिमें उपशान्त दशामें यह संक्रम नहीं होता और उसके बाद गिरने पर होने लगता है, इसलिए इसका अजघन्य अनुभागसंक्रम सादि है। तथा भव्योंकी अपेक्षा वह ध्रुव और अभव्योंकी अपेक्षा अध्रुव है। इस प्रकार इन तेरह प्रकृतियोंका अजघन्य अनुभागसंक्रम सादि आदि चाररूप बन जानेसे वह चार प्रकारका कहा है और इनका जघन्य अनुभागसंक्रम क्षपणाकालमें ही होता है इसलिए वह सादि और अध्रुव कहा है। इसी प्रकार अनन्तानुबन्धीचतुष्कका जघन्य अनुभागसंक्रम पुनः संयोजना होने पर एक आवलिके बाद द्वितीय आवलीके प्रथम समयमें होता है, इसलिए यह भी सादि और ध्रुव कहा है तथा विसंयोजना होनेके पूर्व तक इन चारोंका अजघन्य अनुभागसंक्रम अनादि होता है और पुनः संयोजना होने पर जघन्यके बाद वह सादि होता है। तथा भव्योंकी

❀ सामित्तं ।

§ ७४. सामित्तमिदाणिं कस्सामो त्ति पइण्णावक्कमेदं । सव्व-णोसव्वसंकमादीणं सुत्ते किमट्ठं णिद्देसो ण कदो ? ण, तेसिं सुगमाणं वक्खाणादो चेव पडिवत्ती होइ त्ति तदकरणादो । तं च सामित्तं दुविहं जहण्णुक्कस्साणुभागसंकमविसयत्तेण । तत्थुक्कस्साणुभाग-संकमविसयं ताव सामित्तं परूवेमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

❀ मिच्छत्तस्स उक्कस्साणुभागसंकमो कस्स ?

§ ७५ सुगमं ।

❀ उक्कस्साणुभागं बंधिदूणावलियपडिभग्गस्स अण्णदरस्स ।

§ ७६. मिच्छत्तस्स उक्कस्साणुभागमुक्कस्ससंकिलेसेण बंधियूण जो आवलियपडिभग्गो तस्स पयदुक्कस्ससामित्तं होइ । आवलियपडिभग्गं मोत्तूण बंधपढमसमए चेव सामित्तं किण्ण दिज्जदे ? ण, अणइच्छाविय बंधावलियस्स कम्मस्स ओकड्डणादिसंकमणाणं पाओग्गता-भावादो । सो पुण मिच्छत्तुक्कस्साणुभागबंधगो सण्णिपंचिंदियपज्जत्तमिच्छाइट्ठी सव्वसंकिलिट्ठो।

अपेक्षा अध्रुव और अभव्योंकी अपेक्षा यह ध्रुव होता है, इसलिए इन चारों प्रकृतियोंके अजघन्य अनुभागसंकमको भी सादि आदिके भेदसे चार प्रकारका कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

* स्वामित्वका प्रकरण है ।

§ ७४. इस समय स्वामित्वका कथन करते हैं इस प्रकार यह प्रतिज्ञावचन है ।

शंका—सर्वसंक्रम और नोसर्वसंक्रम आदिका सूत्रमें निर्देश किसलिए नहीं किया ?

समाधान—नहीं, क्योंकि वे सुगम हैं । व्याख्यानसे ही उनका ज्ञान हो जाता है, इसलिए उनका सूत्रमें निर्देश नहीं किया ।

जघन्य अनुभागसंक्रम और उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमको विषय करनेवाला होनेसे वह स्वामित्व दो प्रकारका है। उनमेंसे उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमविषयक स्वामित्वका सर्व प्रथम कथन करते हुए आगेका सूत्र कहते हैं—

* मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमका स्वामी कौन है ?

§ ७५. यह सूत्र सुगम है ।

* मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागका बन्धकर प्रतिभग्न हुए जिसे एक आवलि काल हुआ है ऐसा अन्यतर जीव मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमका स्वामी है ।

§ ७६. मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागको उत्कृष्ट संक्लेशसे बाँधकर जिसे प्रतिभग्न हुए एक आवलि हो गया है उसके प्रकृत उत्कृष्ट स्वामित्व होता है ।

शंका—प्रतिभग्न हुए एक आवलि कालको छोड़कर बन्ध होनेके प्रथम समयमें ही उत्कृष्ट स्वामित्व क्यों नहीं दिया जाता है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि बन्धावलिको विताये विना कर्ममें अपकर्षण आदि रूप संक्रमणों की योग्यता नहीं पाई जाती ।

परन्तु मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला वह जीव संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त मिथ्या-

जइ एवं, अण्णत्थुक्कस्साणुभागसंकमो ण कयाइं लब्भदि त्ति आसंकाए णिरायरणट्ठमण्णदरविसेसणं कदं, तदुक्कस्सबंधेणाघादिदेण सह एइंदियादिसुप्पण्णस्स तदुवलंभे विरोहाभावादो। णवरि असंखेज्जवस्साउअतिरिक्ख-[मणुस्सेसु] मणुसोववादियदेवेसु च ओघुक्कस्साणुभागसंकमो ण लब्भदे, तमघादेदूण तत्थुप्पत्तीए असंभवादो। एदेण सम्माइट्ठीसु वि मिच्छत्तुक्कस्साणुभागसंकमो पडिसिद्धो दट्ठव्वो, उक्कस्साणुभागं बंधिय आवलियपडिभग्गस्स कंडयघादेण विणा सम्मत्तगुणग्गहणाणुववत्तीदो। कधमेसो विसेसो सुत्तेणाणुवइट्ठो णव्वदे ? ण, वक्खाणादो सुत्तंतरादो तंतजुत्तीए च तदुवलद्धीदो। जहा मिच्छत्तस्स तहा सेसकम्माणं पि उक्कस्ससामित्तं णेदव्वं, विसेसाभावादो त्ति पदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं—

❀ एवं सव्वकम्माणं।

§ ७७. सव्वेसिमुक्कस्साणुभागं बंधिदूणावलियपडिभग्गण्णदरजीवम्मि सामित्तपडिलंभस्स पडिसेहाभावादो। संपहि सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमबंधपयडीणमेस कमो ण संभवइ त्ति पयारंतरेण तेसिं सामित्तणिद्देसो कीरदे—

❀ णवरि सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमुक्कस्साणुभागसंकमो कस्स ?

दृष्टि और सर्वसंक्लिष्ट होता है। यदि ऐसा है तो अन्यत्र उत्कृष्ट अनुभागका संक्रम कभी भी नहीं प्राप्त होता है। इस प्रकार ऐसी आशंका होनेपर उसका निराकरण करनेके लिए सूत्रमें 'अन्यतर' विशेषण दिया है, क्योंकि घात किये बिना उसके उत्कृष्ट बन्धके साथ एकेन्द्रियादि जीवोंमें उत्पन्न हुए जीवके उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमके प्राप्त होनेमें कोई विरोध नहीं आता है। इतनी विशेषता है कि असंख्यात वर्षकी आयुवाले तिर्यञ्चों और मनुष्योंमें तथा जहाँके जो देव मर कर नियमसे मनुष्योंमें उत्पन्न होते हैं ऐसे आनतादिक देवोंमें ओघ उत्कृष्ट अनुभागसंक्रम नहीं प्राप्त होता, क्योंकि उसका घात किये बिना इन जीवोंमें उत्पन्न होना असम्भव है। इस वचनसे सम्यग्दृष्टि जीवोंमें भी मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमका निषेध जान लेना चाहिए, क्योंकि उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करके जिसे प्रतिभग्न हुए एक आवलि काल हुआ है ऐसा जीव काण्डकघात किये बिना सम्यक्त्व गुणको ग्रहण नहीं कर सकता।

शंका—यह विशेषता सूत्रमें नहीं कही गई है, इसलिए उसे कैसे जाना जा सकता है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि व्याख्यानसे, सूत्रसे तथा सूत्रानुकूल युक्तिसे इस विशेषताका ज्ञान हो जाता है।

जिस प्रकार मिथ्यात्वका उत्कृष्ट स्वामित्व है उसी प्रकार शेष कर्मोंका भी उत्कृष्ट स्वामित्व जानना चाहिए, क्योंकि उससे इसमें कोई अन्तर नहीं है। इस प्रकार इस बातका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र आया है—

*** इसी प्रकार सब कर्मोंका उत्कृष्ट स्वामित्व जानना चाहिए।**

§ ७७. क्योंकि सब कर्मोंकी अपेक्षा उत्कृष्ट अनुभागको बाँध कर प्रतिभग्न हुए जिसे एक आवलि काल हुआ है ऐसे अन्यतर जीवमें सब कर्मोंका उत्कृष्ट स्वामित्व प्राप्त होनेमें कोई प्रतिषेध नहीं है। किन्तु जो बन्ध प्रकृतियाँ नहीं हैं ऐसी सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व इन दोनों प्रकृतियोंमें यह क्रम सम्भव नहीं है, इसलिए प्रकारान्तरसे उनके उत्कृष्ट स्वामित्वका निर्देश करते हैं—

*** किन्तु इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभाग-**

§ ७८. सुगमं ।

❀ दंसणमोहणीयक्खवयं मोत्तूण जस्स संतकम्ममत्थि तस्स[1] उक्कस्साणुभागसंकमो ।

§ ७६. कुदो ? दंसणमोहक्खवयादो अण्णत्थ तेसिमणुभागखंडयघादाभावादो । जइ वि एत्थ सामण्णेण जस्स संतकम्ममत्थि त्ति वुत्तं तो वि पयरणवसेण संकमपाओग्गं जस्स संतकम्ममत्थि त्ति घेत्तव्वं, अण्णहा उव्वेल्लणाए आवलियपविट्ठसंतकम्मियस्स वि गहणप्पसंगादो । दंसणमोहक्खवयस्स वि अपुव्वकरणपविट्ठस्स पढमाणुभागखंडए अणिल्लेविदे उक्कस्साणुभागसंकमो संभवइ । तदो दंसणमोहक्खवयं मोत्तूणे त्ति कधमेदं घडदे ? ण, पढमाणुभागखंडए पादिदे संते जो दंसणमोहक्खवओ तस्सेव सुत्ते दंसणमोहक्खवयत्तेण विवक्खियत्तादो । अथवा दंसणमोहक्खवयं मोत्तूणण्णस्स जस्स संतकम्ममत्थि तस्स णियमा उक्कस्साणुभागसंकमो, दंसणमोहक्खवयस्स पुण णत्थि णियमो, पढमाणुभागखंडए उक्कस्साणुभागसंकमाणुविद्धे घादिदे तत्थाणुक्कस्साणुभागसंकमुप्पत्तिदंसणादो त्ति एसो सुत्ताहिप्पाओ । एवमोघो समत्तो । आदेसेण सव्वमग्गणासु विहत्तिभंगो । एवमुक्कस्ससामित्तं ।

संक्रमका स्वामी कौन है ।

§ ७८. यह सूत्र सुगम है ।

* दर्शनमोहनीयके क्षपकको छोड़ कर जिसके उक्त कर्मोंका सत्त्व पाया जाता है वह उनके उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमका स्वामी है ।

§ ७६. क्योंकि दर्शनमोहनीयके क्षपकके सिवा अन्यत्र उक्त कर्मोंका अनुभागकाण्डकघात नहीं होता । यद्यपि यहाँ पर सूत्रमें सामान्यसे 'जिसके सत्कर्म है' ऐसा कहा है तो भी प्रकरणवश संक्रमके योग्य जिसके सत्कर्म है ऐसा ग्रहण करना चाहिए, अन्यथा उद्वेलनाके समय आवलिके भीतर प्रविष्ट हुए सत्कर्मवालेके भी ग्रहणका प्रसङ्ग प्राप्त होता है ।

शंका—अपूर्वकरणमें प्रविष्ट हुए दर्शनमोहनीयके क्षपकके भी प्रथम अनुभागकाण्डककी अनिर्लेपित अवस्थामें उत्कृष्ट अनुभागसंक्रम सम्भव है, इसलिए सूत्रमें 'दर्शनमोहनीयके क्षपकको छोड़ कर' यह वचन कैसे बन सकता है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि वहाँ पर प्रथम अनुभागकाण्डकका पतन करा देने पर जो दर्शनमोहनीयका क्षपक है वही सूत्रमें दर्शनमोहनीयके क्षपकरूपसे विवक्षित है । अथवा दर्शनमोहनीयकी क्षपणा करनेवालेको छोड़कर अन्य जिसके उक्त कर्मकी सत्ता है उसके नियमसे उक्त कर्मोंका उत्कृष्ट अनुभागसंक्रम होता है । परन्तु दर्शनमोहनीयकी क्षपणा करनेवाले जीवके ऐसा कोई नियम नहीं है, क्योंकि उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमसे अनुविद्ध प्रथम अनुभागकाण्डकका घात कर देने पर वहाँ अनुत्कृष्ट अनुभागसंक्रमकी उत्पत्ति देखी जाती है । इस प्रकार यह उक्त सूत्रका अभिप्राय है । इस प्रकार ओघप्ररूपणा समाप्त हुई । आदेशसे सब मार्गणाओंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है ।

विशेषार्थ—सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमका स्वामी कौन है इस प्रश्नका समाधान करते हुए सूत्रमें केवल इतना ही कहा गया है कि दर्शनमोहनीयकी क्षपणा करनेवाले जीवके सिवा उनकी सत्तावाले अन्य सब जीव इनके उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमके स्वामी हैं ।

१—क०प्रतौ मत्थि त्ति तस्स इति पाठ. ।

❀ एत्तो जहण्णयं ।

§ ८०. एत्तो उवरि जहण्णयमणुभागसंकमसामित्तं वत्तइस्सामो त्ति पइण्णावक्कमेदं ।

❀ मिच्छत्तस्स जहण्णाणुभागसंकामओ को होइ ?

§ ८१. किमेइंदिओ वेइंदिओ तेइंदिओ चउरिंदिओ पंचिंदिओ सण्णी असण्णी बादरो सुहुमो पज्जत्तो अपज्जत्तो वा इच्चादिविसेसावेक्खमेदं पुच्छासुत्तं ।

❀ सुहुमस्स हदसमुप्पत्तियकम्मेण अण्णदरो ।

§ ८२. एत्थ सुहुमग्गहणेण सुहुमणिगोदअपज्जत्तयस्स गहणं कायव्वं, अण्णत्थ मिच्छत्तजहण्णाणुभागसंकमुप्पत्तीए अदंसणादो । सुहुमणिगोदपज्जत्तो किण्ण घेप्पदे ? ण,

---

इस परसे दो प्रश्न खड़े हुए—प्रथम तो यह कि जो दर्शनमोहनीयकी क्षपणा नहीं कर रहे हैं, उनकी सत्तावाले ऐसे सब जीव यदि उनके उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमके स्वामी माने जाते हैं तो उद्वेलनाके समय जिनका सत्कर्म आवलिके भीतर प्रविष्ट होता है। उनके आवलिप्रविष्ट कर्मका भी उत्कृष्ट अनुभागसंक्रम मानना पड़ेगा । टीकामें इस प्रश्नको लक्ष्य रख कर जो कुछ कहा गया है उसका भाव यह है कि यद्यपि सूत्रमें 'दर्शनमोहनीयकी क्षपणा करनेवालेको छोड़ कर जिसके सत्कर्म है' ऐसा सामान्य वचन कहा गया है पर उससे उद्वेलनाके समय आवलिप्रविष्ट सत्कर्मवाले जीवोंको छोड़ कर अन्य सत्कर्मवाले जीवोंको ही ग्रहण करना चाहिए। यद्यपि यहाँ पर यह कहा जा सकता है कि यह अर्थ कैसे फलित किया गया है सो उसका समाधान यह है कि आवलिप्रविष्ट कर्मका संक्रम आदि नहीं होता ऐसा ध्रुव नियम है, इसलिए इस नियमके अनुसार यह अर्थ सुतरां फलित हो जाता है। दूसरा प्रश्न यह है कि अपूर्वकरणमें प्रथम स्थितिकाण्डकघातके पूर्व उक्त कर्मोंका उत्कृष्ट अनुभागसंक्रम सम्भव है। ऐसी अवस्थामें 'दर्शनमोहनीयकी क्षपणा करनेवालेको छोड़ कर' यह वचन देना उचित नहीं है। उसका जो समाधान किया है उसका भाव यह है कि यदि इतने अपवादको छोड़ दिया जाय तो दर्शनमोहनीयका क्षपक जीव उत्कृष्ट अनुभागका संक्रामक नहीं होता, इसलिए सूत्रमें अन्य सब अवस्थाओंको ध्यानमें रखकर 'दर्शनमोहनीयके क्षपकको छोड़ कर' यह वचन दिया है। शेष कथन सुगम है।

इस प्रकार उत्कृष्ट स्वामित्व समाप्त हुआ ।

* आगे जघन्य स्वामित्वका कथन करते हैं ।

§ ८० इससे आगे अर्थात् उत्कृष्ट स्वामित्वके कथनके बाद जघन्य अनुभागसंक्रमके स्वामित्वको बतलाते हैं। इस प्रकार यह प्रतिज्ञावाक्य है।

* मिथ्यात्वके जघन्य अनुभागसंक्रमका स्वामी कौन है ।

§ ८१. एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पञ्चेन्द्रिय, संज्ञी, असंज्ञी, बादर, सूक्ष्म, पर्याप्त और अपर्याप्त इनमेंसे इसका स्वामी कौन है ? इत्यादि विशेषकी अपेक्षा रखनेवाला यह पृच्छासूत्र है।

* सूक्ष्म एकेन्द्रियके हतसमुत्पत्तिक कर्मके साथ अवस्थित अन्यतर जीव मिथ्यात्वके जघन्य अनुभागसंक्रमका स्वामी है ।

§ ८२. यहाँ सूत्रमें 'सूक्ष्म' पदके ग्रहण करनेसे सूक्ष्म निगोद अपर्याप्त जीवका ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि अन्यत्र मिथ्यात्वके जघन्य अनुभागसंक्रमकी उत्पत्ति नहीं देखी जाती ।

तत्थतणजहण्णाणुभागस्स हदसमुप्पत्तियस्स एत्तो अणंतगुणत्तोवलंभादो। ण तत्थ विसोहि-बहुत्तमासंकणिज्जं, मंदविसोहीए वि अपज्जत्तयस्स बहुआणुभागघादसंभवादो। कुदो एवं? जादिविसेसस्स तारिसत्तादो। तदो तस्स हदसमुप्पत्तियकम्मेण जहण्णसामित्तविहाणमविरुद्धं। किं हदसमुप्पत्तियं णाम? हते समुत्पत्तिर्यस्य तद्धतसमुत्पत्तिकं कर्म। यावच्छक्यं तावत्प्राप्तघातमित्यर्थः। तं पुण सुहुमणिगोदापज्जत्तयस्स सव्वुक्कस्सविसोहीए पत्तघादं जहण्णाणुभागसंतकम्मं तदुक्कस्साणुभागबंधादो अणंतगुणहीणं। तस्सेव जहण्णाणुभागबंधादो अणंतगुणब्भहियं। तप्पाओग्गाजहण्णाणुक्कस्सबंधट्ठाणेण समाणमिदि घेत्तव्वं। एवंविहेण सुहुमेइंदियहदसमुप्पत्तियकम्मेणोवलक्खिओ जो जीवो अण्णदरो सो पयदजहण्णसामिओ होइ। एत्थ अण्णदरग्गहणेण सव्वजीवसमासाणं गहणमविरुद्धमिदि पदुप्पायणट्ठमुत्तरो सुत्तावयवो—

** एइंदिओ वा वेइंदिओ वा तेइंदिओ वा चउरिंदिओ वा पंचिंदिओ वा।

शंका—सूक्ष्म निगोद पर्याप्तका ग्रहण क्यों नहीं करते?

समाधान—नहीं, क्योंकि उनमें हतसमुत्पत्तिक जघन्य अनुभाग इनसे अनन्तगुणा पाया जाता है।

सूक्ष्म निगोद अपर्याप्त जीवोंमें बहुत विशुद्धिकी आशंका करना भी ठीक नहीं है, क्योंकि अपर्याप्त जीवमें मन्द विशुद्धिसे भी बहुत अनुभागका घात सम्भव है।

शंका—ऐसा कैसे होता है?

समाधान—क्योंकि यह जातिविशेष ही उस प्रकारकी है।

इसलिए हतसमुत्पत्तिक कर्मके साथ उसके जघन्य स्वामित्वका विधान करना विरुद्ध नहीं है।

शंका—हतसमुत्पत्तिक कर्म किसे कहते हैं?

समाधान—घात होने पर जिसकी उत्पत्ति होती है उसे हतसमुत्पत्तिक कर्म कहते हैं। जहाँ तक शक्य हो वहाँ तक घातको प्राप्त हुआ कर्म यह इसका तात्पर्य है।

सूक्ष्म निगोद अपर्याप्त जीवके सर्वोत्कृष्ट विशुद्धिसे घातको प्राप्त हुआ वह कर्म जघन्य अनुभाग-सत्कर्मरूप होता है जो उसके उत्कृष्ट अनुभागबन्धसे अनन्तगुणा हीन होता है। तथा उसीके जघन्य अनुभागबन्धसे अनन्तगुणा अधिक होता है। तत्प्रायोग्य अजघन्य-अनुत्कृष्ट बन्धस्थानके समान होता है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए। इस प्रकारके सूक्ष्म एकेन्द्रियसम्बन्धी हतसमुत्पत्तिक कर्मसे युक्त जो अन्यतर जीव है वह प्रकृतमें जघन्य स्वामी होता है। यहाँ पर 'अन्यतर' पदके ग्रहण करनेसे सब जीवसमासोंका ग्रहण अविरुद्ध है ऐसा कथन करनेके लिए आगेका सूत्र वचन है—

* एकेन्द्रिय, अथवा द्वीन्द्रिय, अथवा त्रीन्द्रिय, अथवा चतुरिन्द्रिय अथवा पञ्चेन्द्रिय जीव मिथ्यात्वके जघन्य अनुभागसंक्रमका स्वामी है।

§ ८३. कुदो ? तेणेवाणुभागेण सव्वत्थुप्पत्तीए पडिसेहाभावादो। दंसणमोहक्खवयस्स चरिमाणुभागखंडए मिच्छत्तजहण्णसामित्तं किण्ण दिण्णं ? तत्थतणाणुभागस्स एत्तो अणंतगुणत्तादो। कधमेदं परिच्छिण्णं ? एदम्हादो चेव सामित्तसुत्तादो।

❀ एवमट्ठण्हं कसायाणं।

§ ८४. जहा मिच्छत्तस्स सुहुमेइंदियहदसमुप्पत्तियकम्मेणण्णदरजीवम्मि जहण्णाणुभागसंकमसामित्तमेवमट्ठकसायाणं पि कायव्वं, विसेसाभावादो। खवयचरिमफालीए विसुद्धयरकरणपरिणामेहि घादिदावसिट्ठाणुभागस्स जहण्णभावो जुज्जइ त्ति णोहासंका कायव्वा, अंतरकरणादो हेट्ठा खवगाणुभागस्स सुहुमाणुभागं पेक्खिऊणाणंतगुणत्तणियमादो।

❀ सम्मत्तस्स जहण्णाणुभागसंकामओ को होइ ?

§ ८५. सुगमं।

❀ समयाहियावलियअक्खीणदंसणमोहणीओ।

§ ८६. कुदो एदस्स जहण्णभावो, ? पत्तसव्वुक्कस्सघादत्तादो अणुसमयोवट्टणाए अइजहण्णीकयत्तादो च।

§ ८३. क्योंकि उसी अनुभागके साथ सर्वत्र उत्पत्ति होनेमें कोई निषेध नहीं है।

शंका—दर्शनमोहनीयके क्षपकके अन्तिम अनुभागकाण्डकके शेष रहने पर मिथ्यात्वका जघन्य स्वामित्व क्यों नहीं दिया गया ?

समाधान—क्योंकि वहाँका अनुभाग सूक्ष्म एकेन्द्रियसम्बन्धी हतसमुत्पत्तिक अनुभागसे अनन्तगुणा होता है।

शंका—यह कैसे जाना ?

समाधान—इसी स्वामित्व सूत्रसे जाना।

* इसीप्रकार आठ कषायोंका जघन्य स्वामित्व जानना चाहिए।

§ ८४. जिस प्रकार सूक्ष्म एकेन्द्रियके हतसमुत्पत्तिक कर्मके साथ स्थित अन्यतर जीवमें मिथ्यात्वके जघन्य अनुभागसंक्रमका स्वामित्व दिया है उसी प्रकार आठ कषायोंका भी करना चाहिए, क्योंकि उससे इनके कथनमें कोई विशेषता नहीं है। यदि कोई ऐसी आशंका करे कि विशुद्धतर करणरूप परिणामोंके द्वारा क्षपककी अन्तिम फालिमें घात होकर शेष बचे हुए अनुभागका जघन्यपना बन जाता है सो उसकी ऐसी आशंका करना भी ठीक नहीं है, क्योंकि अन्तरकरणके पूर्व क्षपकसम्बन्धी अनुभाग सूक्ष्म एकेन्द्रियसम्बन्धी अनुभागकी अपेक्षा अनन्तगुणा होता है ऐसा नियम है।

* सम्यक्त्वके जघन्य अनुभागसंक्रमका स्वामी कौन है ?

§ ८५. यह सूत्र सुगम है।

* जिसके दर्शनमोहनीयकी क्षपणामें एक समय अधिक एक आवलि काल शेष है वह सम्यक्त्वके जघन्य अनुभागसंक्रमका स्वामी है।

§ ८६. क्योंकि यहाँ पर अनुभागका सबसे उत्कृष्ट घात प्राप्त हो गया है। तथा प्रत्येक समयमें होनेवाली अपवर्तनासे यह अत्यन्त जघन्य कर लिया गया है, इसलिए इसका जघन्यपना बन जाता है।

* सम्मामिच्छत्तस्स जहण्णाणुभागसंकामओ को होइ ?

§ ८७. सुगमं।

* चरिमाणुभागखंडयं संछुहमाणओ।

§ ८८. दंसणमोहक्खवणाए दुचरिमादिहेट्ठिमाणुभागखंडयाणि संकामिय पुणो सम्मामिच्छत्तचरिमाणुभागखंडए वट्टमाणो जो सो पयदजहण्णसामिओ होइ, तत्तो हेट्ठा सम्मामिच्छत्तसंबंधिजहण्णाणुभागसंकमाणुवलंभादो।

* अणंताणुबंधीणं जहण्णाणुभागसंकामओ को होइ ?

§ ८९. सुगमं।

* विसंजोएदूण पुणो तप्पाओग्गविसुद्धपरिणामेण संजोएदूणावलियादीदो।

§ ९०. किमट्ठमेसो विसंजोयणाए[1] पुणो संजोयणाए पयट्टाविदो ? विट्ठाणाणुभागसंतकम्मं सव्वं गालिय णवकबंधाणुभागे जहण्णसामित्तविहाणट्ठं। तत्थ वि असंखेज्जलोगमेत्तपडिवादट्ठाणेसु तप्पाओग्गजहण्णसंकिलेसट्ठाणपरिणामेण संजुत्तो त्ति जाणावणट्ठं तप्पाओग्ग-

* सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य अनुभागसंक्रमका स्वामी कौन है ?

§ ८७. यह सूत्र सुगम है।

* अन्तिम अनुभागकाण्डकका संक्रम करनेवाला जीव सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य अनुभागसंक्रमका स्वामी है।

§ ८८. दर्शनमोहनीयकी क्षपणा करते समय द्विचरम आदि नीचेके अनुभागकाण्डकोंका संक्रम करके जो सम्यग्मिथ्यात्वके अन्तिम अनुभागकाण्डकमें स्थित है वह प्रकृत जघन्य स्वामी होता है, क्योंकि इससे नीचे सम्यग्मिथ्यात्वसम्बन्धी जघन्य अनुभागसंक्रम नहीं उपलब्ध होता।

* अनन्तानुबन्धियोंके जघन्य अनुभागसंक्रमका स्वामी कौन है ?

§ ८९. यह सूत्र सुगम है।

* विसंयोजनाके बाद पुनः तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामसे उनकी संयोजना करके जिसे एक आवलि काल हुआ है वह अनन्तानुबन्धियोंके जघन्य अनुभागसंक्रमका स्वामी है।

§ ९०. शंका—विसंयोजनाके बाद इसे पुनः संयोजनामें क्यों प्रवृत्त कराया है ?

समाधान—सब द्विस्थानिक अनुभागसत्कर्मको गलाकर नवकबन्धसम्बन्धी अनुभागमें जघन्य स्वामित्वका विधान करनेके लिए विसंयोजनाके बाद इसे पुनः संयोजनामें प्रवृत्त कराया है।

उसमें भी असंख्यात लोकप्रमाण प्रतिपातस्थानोंमें से यह तत्प्रायोग्य जघन्य संक्लेशसम्बन्धी परिणामसे संयुक्त है इस बातका ज्ञान करानेके लिए 'तप्पाओग्गविसुद्धपरिणामेण' यह वचन कहा

१. आ०प्रतौ विसंजोयणा ता० प्रतौ विसंजोयणा [ए] इति पाठः।

विसुद्धपरिणामेणे त्ति भणिदं, मंदसंकिलेसदाए चेव विसोहित्तेण विवक्खियत्तादो। तहा संजोएदूणावलियादीदो पयदजहण्णसामिओ होइ, संजुत्तपढमसमए णवकबंधस्स बंधावलिया-दीदस्स तत्थ जहण्णभावेण संकंतिदंसणादो। तत्तो उवरि सामित्तसंबंधो ण कादुं सक्किजदे, बिदियादिसमयसंजुत्तस्स संकिलेसवुड्ढीए वड्ढिदाणुभागबंधस्स तत्थ संकमपाओग्गत्तेण जहण्णभावाणुवलद्धीदो। मिच्छत्तादीणं व सुहुमस्स हदसमुप्पत्तियकम्मेण वि जहण्णसामित्त-मेत्थ किण्ण कीरदे ? ण, तत्थतणचिराणाणुभागसंतकम्मस्स घादिदावसेसस्स एत्तो अणंत-गुणत्तेण तहा कादुमसक्कियत्तादो। तदणंतगुणत्तावगमो कुदो ? एदम्हादो चेव सुत्तादो। अण्णहा तत्थेव सामित्तविहाणप्पसंगादो। एदेणाणंताणुबंधिविसंजोयणाचरिमाणुभाग-खंडयम्मि जहण्णसामित्तविहाणासंका पडिसिद्धा, तत्थतणाणुभागस्स सुहुमाणुभागादो वि अणंतगुणत्तदंसणादो। णेदमसिद्धं, सुहुमाणुभागमुवरिं अंतरमकदे दु घादिकम्माणमिदि वयणेण सिद्धसरूवत्तादो। अदो चेव सामित्तविसयाणुभागस्स वि तत्तो बहुत्तमिदि णासंकणिज्जं, चिराणसंताभावेण णवकबंधमेत्तस्स पयत्तजणिदस्स तत्तो थोवभावसंकमेण णाइयत्तादो अंतोमुहुत्तसंजुत्ते वि सुहुमस्स हेट्ठदो संतकम्ममिदि सुत्तवयणादो च। संजुत्तपढमसमए वि

है, क्योंकि मन्द संक्लेशरूप परिणाम ही यहाँ पर विशुद्धिरूपसे विवक्षित किया गया है। उक्त प्रकारसे संयुक्त होकर जिसे एक आवलि काल हुआ है वह प्रकृतमें जघन्य स्वामी है क्योंकि संयुक्त होनेके प्रथम समयमें जो नवकबन्ध होता है उसका एक आवलिके बाद वहाँ पर जघन्यरूपसे संक्रम देखा जाता है। इससे आगे जघन्य स्वामित्वका सम्बन्ध करना शक्य नहीं है, क्योंकि संयुक्त होनेके द्वितीय आदि समयोंमें संक्लेशकी वृद्धि हो जानेसे अनुभागबन्ध बढ़ जाता है, इसलिए उसमें संक्रमके योग्य जघन्यपना नहीं पाया जाता।

शंका—मिथ्यात्व आदि प्रकृतियोंके समान सूक्ष्म एकेन्द्रियके हतसमुत्पत्तिक कर्मके साथ भी यहाँ पर जघन्य स्वामित्व क्यों नहीं किया ?

समाधान—नहीं, क्योंकि घात करनेसे शेष बचा हुआ वहाँका प्राचीन अनुभागसत्कर्म इससे अनन्तगुणा होता है, इसलिए उसकी अपेक्षा जघन्य स्वामित्व करना शक्य नहीं है।

शंका—वह अनन्तगुणा है यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान—इसी सूत्रसे जाना जाता है। यदि ऐसा न होता तो वहीं पर स्वामित्वके विधान करनेका प्रसङ्ग आता है।

इतने कथनसे अनन्तानुबन्धियोंके विसंयोजनासम्बन्धी अन्तिम अनुभागकाण्डकमें जघन्य स्वामित्वके विधानविषयक आशंकाका निराकरण हो जाता है, क्योंकि वहाँका अनुभाग सूक्ष्म एकेन्द्रियके अनुभागसे भी अनन्तगुणा देखा जाता है। और यह बात असिद्ध भी नहीं है, क्योंकि 'सुहुमाणुभागमुवरिं अंतरमकदे दु घादिकम्माणं' इसवचनसे वह सिद्धस्वरूप ही है। यदि कोई ऐसी आशंका करे कि इस वचनसे तो स्वामित्वविषयक अनुभागका भी उस (सूक्ष्म एकेन्द्रिय) के अनुभागसे अधिकपना बन जाता है सो ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि प्राचीन सत्कर्मका अभाव होनेसे प्रयत्नजनित जो नवकबन्ध होता है उसका उससे स्तोकरूपसे संक्रम होना उचित है तथा 'संयुक्त होनेके अन्तर्मुहूर्त बाद भी सत्कर्म सूक्ष्म एकेन्द्रियके

सेसकसायाणमणुभागो चिराणसंतसरूवो अणंताणुबंधिणवकबंधस्सुवरि संकमंतओ अत्थित्तेण पच्चवट्ठेयं, 'बंधे संकमो' त्ति णायादो, बंधाणुसारेणेव परिणदस्स तस्स जहण्णभावाविरोहित्तादो। तदो दिट्ठंतपरिहारेणेवेस सामित्तमिदि णिरवज्जं।

✽ कोहसंजलणस्स जहण्णाणुभागसंकामओ को होइ ?

§ ६१. सुगमं।

✽ चरिमाणुभागबंधस्स चरिमसमयअणिल्लेवगो।

§ ६२. कोहवेदयस्स जो अपच्छिमो अणुभागबंधो सो चरिमाणुभागबंधो णाम। सो पुण किट्टिसरूवो, कोहतदियकिट्टिवेदएण णिव्वत्तिदत्तादो। तस्स चरिमाणुभागबंधस्स चरिमसमयअणिल्लेवओ त्ति भणिदे माणवेदगद्धाए दुसमयूणदोआवलियाणं चरिमसमए वट्टमाणओ घेत्तव्वो। सो पयदजहण्णसामिओ होइ। एत्थ जइ वि सुत्ते सोदएण सामित्तमिदि विसेसिऊण ण भणिदं तो वि[1] सोदएणेव सामित्तमिह गहेयव्वं, सेसकसायोदएण चडिदखवयम्मि णवकबंधेणेव णिल्लेविज्जमाणकोहसंजलणाणुभागस्स जहण्णभावाणुवलद्धीदो।

✽ एवं माण-मायासंजलण-पुरिसवेदाणं।

सत्कर्म कम होता है' इस न्यायानुसार भी ऐसा होना उचित है। यद्यपि संयुक्त होनेके प्रथम समयमें ही शेष कषायोंका प्राचीन सत्तारूप अनुभाग अनन्तानुबन्धियोंके नवकबन्धके ऊपर संक्रम करता हुआ रहता है ऐसा निश्चित होता है, क्योंकि 'बन्धमें संक्रम होता है' ऐसा न्याय है। परन्तु वह बन्धके अनुसार ही परिणत हो जाता है, इसलिए उसके जघन्य होनेमें कोई विरोध नहीं आता, इसलिए दृष्टान्त परिहारके द्वारा प्रकृतमें ही जघन्य स्वामित्व बनता है यह कथन निर्दोष है।

✽ क्रोधसंज्वलनके जघन्य अनुभागसंक्रमका स्वामी कौन है ?

§ ६१. यह सूत्र सुगम है।

✽ अन्तिम अनुभागबन्धका अन्तिम समयवर्ती अनिर्लेपक जीव क्रोधसंज्वलनके जघन्य अनुभागसंक्रमका स्वामी है।

§ ६२. क्रोधवेदक क्षपकका जो अन्तिम अनुभागबन्ध है उसकी यहाँ 'चरमानुभागबन्ध' संज्ञा है। परन्तु वह कृष्टिरूप है, क्योंकि क्रोधकी तीसरी कृष्टिके वेदक जीवके द्वारा वह निर्वृत्त हुआ है। उसका अन्तिम अनुभागबन्धका अन्तिम समयवर्ती अनिर्लेपक ऐसा कहने पर मानवेदक कालके दो समय कम दो आवलि कालके अन्तिम समयमें विद्यमान जीव लेना चाहिए। वह प्रकृतमें जघन्य स्वामी है। यहाँ पर सूत्रमें यद्यपि स्वोदयसे स्वामित्व होता है ऐसा विशेषण लगाकर नहीं कहा है तो भी यहाँ पर स्वोदयसे स्वामित्वका ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि शेष कषायोंके उदयसे चढ़े हुए क्षपकके क्रोधसंज्वलनका अनुभाग नवकरूपसे ही निर्लेपनको प्राप्त होता है, इसलिए उसमें जघन्यपना नहीं बन सकता।

✽ इसी प्रकार मानसंज्वलन, मायासंज्वलन और पुरुषवेदका जघन्य स्वामित्व जानना चाहिए।

---

१. ता०प्रतौ 'भणिदं [ण] तो वि' इति पाठः।

§ ६३. खवगचरिमाणुभागबंधचरिमसमयणिल्लेवगम्मि जहण्णभावं पडि विसेसाभावादो। णवरि माणसंजलणस्स कोह-माणोदएहि मायासंजलणस्स वि कोह-माण-माया-संजलणाणं तिण्हमण्णदरोदएण चढिदम्मि जहण्णसामित्तं होइ।

*** लोहसंजलणस्स जहण्णाणुभागसंकामओ को होइ?**

§ ६४. सुगमं।

*** समयाहियावलियचरिमसमयसकसाओ खवगो।**

§ ६५. कुदो एत्थ जहण्णभावो? ण, सुहुमकिट्टीए अणुसमयमणंतगुणहाणिसरूवेण अंतोमुहुत्तमेत्तकालमोवट्टिदाए तत्थ सुट्ठु जहण्णभावेण संकमुवलंभादो।

*** इत्थिवेदस्स जहण्णाणुभागसंकामओ को होइ?**

§ ६६. सुगमं।

*** इत्थिवेदक्खवगो तस्सेव चरिमाणुभागखंडए वट्टमाणओ।**

§ ६७. एत्थित्थिवेदविसेसणमणत्थयं, परोदएण वि सामित्तविहाणे विरोहाभावादो त्ति णासंकणिज्जं, उदाहरणपदंसणट्ठमेदस्स परूवणादो।

---

§ ६३. क्योंकि क्षपकसम्बन्धी अन्तिम अनुभागबन्धका अन्तिम समयमें निर्लेपन करनेवाले जीवके जघन्य अनुभागसंक्रम होता है इस अपेक्षासे क्रोधसंज्वलनसे यहाँ कोई विशेषता नहीं है। इतनी विशेषता है कि क्रोध या मानके उदयसे चढ़े हुए जीवके मानसंज्वलनका तथा क्रोध, मान और माया इन तीनमें से किसी एकके उदयसे चढ़े हुए जीवके मायासंज्वलनका जघन्य स्वामित्व होता है।

*** लोभसंज्वलनके जघन्य अनुभागसंक्रमका स्वामी कौन है?**

§ ६४. यह सूत्र सुगम है।

*** एक समय अधिक आवलि कालके रहने पर अन्तिम समयवर्ती संक्रामक क्षपक जीव लोभसंज्वलनके जघन्य अनुभागसंक्रमका स्वामी है।**

§ ६५. शंका—यहां पर जघन्यपना कैसे है।

समाधान—नहं, क्योंकि सूक्ष्म कृष्टिकी उत्तरोत्तर प्रति समय अनन्तगुणहानिस्वरूपसे अन्तर्मुहूर्त कालतक अपवर्तना होनेके कारण वहाँ पर अत्यन्त जघन्यरूपसे संक्रम प्राप्त हो जाता है।

*** स्त्रीवेदके जघन्य अनुभागसंक्रमका स्वामी कौन है?**

§ ६६. यह सूत्र सुगम है।

*** उसीके अन्तिम अनुभागकाण्डकमें विद्यमान स्त्रीवेदी क्षपक जीव स्त्रीवेदके जघन्य अनुभागसंक्रमका स्वामी है।**

§ ६७ यदि कोई ऐसी आशंका करे कि यहां पर स्त्रीवेद विशेषण निरर्थक है, क्योंकि परोदयसे भी स्वामित्वका विधान करने पर कोई विरोध नहीं आता सो उसकी ऐसी आशंका करना ठीक नहीं है, क्योंकि उदाहरण दिखलानेके लिए यह कथन किया है।

ॐ णवुंसयवेदस्स जहण्णाणुभागसंकामओ को होइ ?

§ ९८. सुगमं ।

ॐ णवुंसयवेदक्खवओ तस्सेव चरिमे अणुभागखंडए वट्टमाणओ ।

§ ९९. णेह खवयस्स णवुंसयवेदविसेसणमणत्थयं, सोदएण सामित्तविहाणफलत्तादो। परोदएण सामित्तणिद्देसो किण्ण कीरदे ? ण, तत्थ पुव्वमेव विणस्संतस्स णवुंसयवेदस्स जहण्णभावाणुवलद्धीदो ।

ॐ छण्णोकसायाणं जहण्णाणुभागसंकामओ को होइ ?

§ १००. सुगमं ।

ॐ खवगो तेसिं चेव छण्णोकसायवेदणीयाणं चरिमे अणुभागखंडए वट्टमाणओ ।

§ १०१. एत्थ चरिमाणुभागखंडए सव्वत्थ जहण्णाणुभागसंकमो अवट्ठिदसरूवेण लब्भइ त्ति तत्थ जहण्णसामित्तं दिण्णं । एसो अत्थो णवुंसय-इत्थिवेदसामित्तसुत्तेसु वि जोजेयव्वो। एवमोघेण जहण्णसामित्तं गयं ।

---

* नपुंसकवेदके जघन्य अनुभागसंक्रमका स्वामी कौन है ?

§ ९८ यह सूत्र सुगम है ।

* उसी के अन्तिम अनुभागकाण्डकमें स्थित नपुंसकवेदी क्षपक जीव नपुंसकवेदके जघन्य अनुभागसंक्रमका स्वामी है ।

§ ९९. यहां पर क्षपकका नपुंसकवेद विशेषण निरर्थक नहीं है, क्योंकि स्वोदयसे स्वामित्वके विधान करनेका फल देखा जाता है ।

शंका—परोदयसे स्वामित्वका निर्देश क्यों नहीं करते हैं।

समाधान—नहीं, क्योंकि परोदयसे क्षपकश्रेणि पर चढ़ा हुआ जीव पहले ही नपुंसकवेदका नाश कर देता है, इसलिए उसके जघन्यपना नहीं बन सकता ।

* छह नोकषायोंके जघन्य अनुभागसंक्रमका स्वामी कौन है ?

§ १००. यह सूत्र सुगम है ।

* उन्हीं छह नोकषायवेदनीयके अन्तिम अनुभागकाण्डकमें विद्यमान क्षपक जीव उनके जघन्य अनुभागसंक्रमका स्वामी है ।

§ १०१. यहां अन्तिम अनुभागकाण्डकमें सर्वत्र जघन्य अनुभागसंक्रम अवस्थितरूपसे प्राप्त होता है, इसलिए उसमें जघन्य स्वामित्व दिया है। यह अर्थ नपुंसकवेद और स्त्रीवेदविषयक स्वामित्वसम्बन्धी सूत्रोंमें भी लगा लेना चाहिए ।

इसप्रकार ओघसे जघन्य स्वामित्व समाप्त हुआ ।

§ १०२. आदेसेण णेरइय० विहत्तिभंगो। णवरि सम्म०-अणंताणु०४ ओघं। एवं पढमाए। विदियादि जाव सत्तमि त्ति विहत्तिभंगो। णवरि अणंताणु०४ ओघं। तिरिक्ख-पंचिंदियतिरिक्ख२ विहत्तिभंगो। णवरि सम्म०-अणंताणु०४ ओघं। एवं जोणिणीसु। णवरि सम्म० णत्थि। पंचि०तिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज० विहत्तिभंगो। मणुस०३ ओघं। णवरि मिच्छ०-अट्ठकसाय० विहत्तिभंगो। मणुसिणीसु पुरिस० छण्णोकसायभंगो। देवाणं णारयभंगो। एवं भवण०-वाण०। णवरि सम्म० णत्थि। जोदिसि० विदियपुढविभंगो। सोहम्मादि जाव णवगेवज्जा त्ति विहत्तिभंगो। णवरि सम्म०-अणंताणु०४ ओघं। उवरि विहत्तिभंगो। णवरि सम्म० ओघं। अणंताणु०४ जह० अणुभागसंकमो कस्स? अणंताणुबंधि विसंजोएंतस्स चरिमाणुभागखंडए वट्टमाणयस्स। एवं जाव०।

§ १०२. आदेशसे नारकियोंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि उनमें सम्यक्त्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कका भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार पहली पृथिवीमें जानना चाहिए। दूसरी पृथिवीसे लेकर सातवीं पृथिवी तकके नारकियोंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि उनमें अनन्तानुबन्धीचतुष्कका भङ्ग ओघके समान है। तिर्यञ्च और पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चद्विकमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कका भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार योनिनी तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि उनमें सम्यक्त्वका जघन्य अनुभागसंक्रम नहीं है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्त जीवोंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है। मनुष्यत्रिकमें ओघके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि उनमें मिथ्यात्व और आठ कषायोंका भङ्ग अनुभागविभक्तिके समान है। तथा मनुष्यिनियोंमें पुरुषवेदका भङ्ग छह नोकषायोंके समान है। देवोंमें नारकियोंके समान भङ्ग है। इसीप्रकार भवनवासी और व्यन्तरदेवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि उनमें सम्यक्त्वका जघन्य अनुभागसंक्रम नहीं है। ज्योतिषियोंमें दूसरी पृथिवीके समान भङ्ग है। सौधर्म कल्पसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि उनमें सम्यक्त्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कका भङ्ग ओघके समान है। आगेके देवोंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि उनमें सम्यक्त्वका भङ्ग ओघके समान है। उनमें अनन्तानुबन्धी चतुष्कके जघन्य अनुभागसंक्रमका स्वामी कौन है? जो अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी विसंयोजना करनेवाला जीव अन्तिम अनुभागकाण्डकमें विद्यमान है वह उनके जघन्य अनुभागसंक्रमका स्वामी है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—नरकगति आदि गतिसम्बन्धी सब अवान्तर मार्गणाओंमें जिन प्रकृतियोंका जघन्य स्वामित्व अनुभागविभक्तिके समान जाननेकी सूचना की है उसका इतना ही तात्पर्य है कि जिस प्रकार अनुभागविभक्ति अनुयोगद्वारमें जघन्य अनुभागसत्कर्मके स्वामित्वका निर्देश किया है उसी प्रकार यहाँ जघन्य अनुभागसंक्रमकी अपेक्षा स्वामित्वका निर्देश कर लेना चाहिए। मात्र जिन प्रकृतियोंकी अपेक्षा जघन्य स्वामित्वमें अनुभागविभक्तिसे अन्तर है उनके जघन्य स्वामित्वका अलगसे निर्देश किया है। उदाहरणार्थ सामान्यसे नारकियोंमें सम्यक्त्वके अनुभागसत्कर्मका जघन्य स्वामित्व दर्शनमोहनीयकी क्षपणाके अन्तिम समयमें स्थित जीवके और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके अनुभागसत्कर्मका जघन्य स्वामित्व प्रथम समयमें संयुक्त हुए तत्प्रायोग्य विशुद्ध जीवके बतलाया है। किन्तु इन अवस्थाओंमें यहाँ पर सम्यक्त्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके जघन्य अनुभागसंक्रमका

❀ एयजीवेण कालो ।

§ १०३. सुगममेदमहियारसंभालणसुत्तं ।

❀ **मिच्छत्तस्स उक्कस्साणुभागसंकामओ केवचिरं कालादो होदि ?**

§ १०४. सुगमेदं पुच्छासुत्तं ।

❀ जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं ।

§ १०५. जहण्णेण ताव उक्कस्साणुभागं बंधिदूणावलियादीदसंकामेमाणएण सव्वलहुमणुभागखंडए घादिदे अंतोमुहुत्तमेत्तो उक्कस्साणुभागसंकामयजहण्णकालो लद्धो होइ । एत्तो संखेज्जगुणो उक्कस्सकालो होइ, उक्कस्साणुभागं बंधिऊण खंडयघादेण विणा सुट्ठु बहुअं कालमच्छंतस्स[1] वि अंतोमुहुत्तादो उवरिमवट्ठाणासंभवादो ।

❀ अणुक्कस्साणुभागसंकामओ केवचिरं कालादो होदि ?

§ १०६. सुगमं ।

स्वामित्व नहीं बन सकता, क्योंकि न तो दर्शनमोहनीयकी क्षपणाके अन्तिम समयमें सम्यक्त्वके अनुभागका संक्रम सम्भव है और न ही संयुक्त होनेके प्रथम समयमें अनन्तानुबन्धीचतुष्कके अनुभागका संक्रम सम्भव है, इसलिए यहाँ पर नारकियोंमें इन प्रकृतियोंके जघन्य अनुभागसंक्रमके स्वामित्वको ओघके समान जाननेकी अलगसे सूचना की है। खुलासा जघन्य संक्रम प्रकरणके ओघको देख कर लेना चाहिए। इसी प्रकार अन्यत्र जहाँ जो विशेषता कही गई है उसका विचार कर लेना चाहिए। यहाँ पर योनिनी तिर्यञ्चों तथा भवनवासी और व्यन्तर देवोंमें सम्यक्त्वके जघन्य अनुभागसंक्रमका निषेध किया है सो इसका यह तात्पर्य है कि इन मार्गणाओंमें कृतकृत्यवेदकसम्यग्दृष्टि जीव नहीं उत्पन्न होता, इसलिए यहाँ सम्यक्त्वका और सम्यग्मिथ्यात्वका जघन्य अनुभागसंक्रम नहीं बनता। यह विशेषता द्वितीयादि पृथिवियोंमें और ज्योतिषी देवोंमें भी जाननी चाहिए। शेष कथन स्पष्ट ही है।

* एक जीवकी अपेक्षा काल ।

§ १०३. अधिकारकी संम्हाल करनेवाला यह सूत्र सुगम है।

* मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागकसंक्रामकका कितना काल है ?

§ १०४. यह पृच्छासूत्र सुगम है।

* जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है।

§ १०५. उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करके एक आवलिके बाद संक्रम करता हुआ यदि अतिशीघ्र अनुभागकाण्डकका घात करता है तो भी उत्कृष्ट अनुभागके संक्रमका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त प्राप्त होता है। तथा इससे संख्यातगुणा उत्कृष्ट काल होता है, क्योंकि उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करके काण्डकघातके बिना यदि बहुत काल तक रहता है तो भी अन्तर्मुहूर्तसे अधिक काल तक रहना सम्भव नहीं है।

* इसके अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रामकका कितना काल है ?

§ १०६. यह सूत्र सुगम है

---

१ आ०प्रतौ -मच्चंतस्स ता०प्रतौ मच्चं (च्छ) तस्स इति पाठः ।

❀ जहण्णेण अंतोमुहुत्तं।

§ १०७. उक्कस्साणुभागसंकमादो खंडयघादवसेणाणुक्कस्ससंकामयत्तमुवणमिय पुणो वि सव्वरहस्सेण कालेग उक्कस्साणुभागसंकामयत्तमुवगयम्मि तदुवलंभादो।

❀ उक्कस्सेण अणंतकालमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा।

§ १०८. उक्कस्साणुभागसंकमादो खंडयघादवसेणाणुक्कस्सभावमुवगयस्स एइंदिय-वियलिंदिएसु उक्कस्साणुभागबंधविरहिएसु असंखेज्जपोग्गलपरियट्टमेत्तकालमणुक्कस्सभावाव-ट्ठाणदंसणादो।

❀ एवं सोलसकसाय-णवणोकसायाणं।

§ १०९. सुगममेदमप्पणासुत्तं।

❀ सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमुक्कस्साणुभागसंकामओ केवचिरं कालादो होदि।

§ ११०. सुगमं।

❀ जहण्णेण अंतोमुहुत्तं।

§ १११. तं जहा—एक्को णिस्संतकम्मियमिच्छाइट्ठी पढमसम्मत्तं पडिवज्जिय सम्माइट्ठि-पढमसमए मिच्छत्ताणुभागं सम्मत्त-सम्मामिच्छत्तसरूवेण परिणमाविय विदियसमयप्पहुडि

---

* जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है।

§ १०७. क्योंकि उत्कृष्ट अनुभागके संक्रमसे काण्डकघातके द्वारा अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रमको प्राप्त हो कर जो फिर भी अतिशीघ्र कालके द्वारा उत्कृष्ट अनुभागके संक्रमको प्राप्त होता है उसके अनुत्कृष्ट अनुभागसंक्रमका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त पाया जाता है।

* तथा उत्कृष्ट अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तनके बराबर है।

§ १०८. क्योंकि उत्कृष्ट अनुभागके संक्रमसे काण्डकघातवश अनुत्कृष्ट अनुभागको प्राप्त होकर उत्कृष्ट अनुभागबन्धसे रहित एकेन्द्रिय और विकलेन्द्रियोंमें असंख्यात पुद्गल परिवर्तनप्रमाण काल तक परिभ्रमण करनेवाले जीवके उतने काल तक मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट अनुभाग संक्रममें अवस्थान देखा जाता है।

* इसी प्रकार सोलह कषाय और नौ नोकषायोंका काल जानना चाहिए।

§ १०९. यह अर्पणासूत्र सुगम है।

* सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागके संक्रामकका कितना काल है?

§ ११०. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है।

§ १११. यथा—जिसके सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी सत्ता नहीं है ऐसा एक मिथ्यादृष्टि जीव प्रथमोपशम सम्यक्त्वको प्राप्त कर तथा सम्यग्दृष्टि होनेके प्रथम समयमें मिथ्यात्वके अनुभागको सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वरूपसे परिणमा कर और दूसरे समयसे उनके उत्कृष्ट

तदुक्कस्साणुभागसंकामओ होदूण सव्वलहुं दंसणमोहक्खवणं पट्ठविय पढमाणुभागखंडयं घादिय अणुक्कस्साणुभागसंकामओ जादो, लद्धो सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमुक्कस्साणुभागसंकामयजहण्ण-कालो अंतोमुहुत्तमेत्तो।

❀ उक्कस्सेण वेछावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि।

§ ११२. तं कथं? एक्को णिस्संतकम्मियमिच्छाइट्ठी सम्मत्तं घेत्तूणुक्कस्साणुभागसंकामओ जादो। तदो कमेण मिच्छत्तं गंतूण पलिदोवमस्स असंखे०भागमेत्तकालं सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणि उव्वेल्लेमाणो संमयाविरोहेण सम्मत्तं पडिवण्णो पढमछावट्ठिं परिभमिय मिच्छत्तं गंतूण पलिदोवम० असंखे०भागमेत्तकालमुव्वेल्लणाए परिणमिय पुव्वं व सम्मत्तं घेत्तूण विदियछावट्ठिं परिभमिय तदवसाणे मिच्छत्तं पडिवण्णो सव्वुक्कस्सेणुव्वेल्लणकालेण सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणि उव्वेल्लिदूण असंकामगो जादो, लद्धो तीहि पलिदो० असंखे०भागेहि अब्भहियवेछावट्ठिसागरोवममेत्तो पयदुक्कस्सकालो।

❀ अणुक्कस्साणुभागसंकामओ केवचिरं कालादो होदि?

§ ११३. सुगमं।

❀ जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं।

अनुभागका संक्रामक होकर तथा अतिशीघ्र दर्शनमोहनीयकी क्षपणाका प्रस्थापक होकर और प्रथम अनुभागकाण्डकका घात करके अनुत्कृष्ट अनुभागका संक्रामक हो गया। इस प्रकार सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागके संक्रमका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त प्राप्त हो गया।

* तथा उत्कृष्ट काल साधिक दो छयासठ सागरप्रमाण है।

§ ११२. शंका—यह काल कैसे प्राप्त होता है?

समाधान—सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी सत्तासे रहित एक मिथ्यादृष्टि जीव सम्यक्त्वको प्राप्त करके सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागका संक्रामक हो गया। अनन्तर क्रमसे मिथ्यात्वको प्राप्त कर पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण काल तक सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी उद्वेलना करता हुआ यथाविधि सम्यक्त्वको प्राप्त हो गया और प्रथम छयासठ सागर काल तक सम्यक्त्वके साथ परिभ्रमण करके पुनः मिथ्यात्वमें जाकर पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण काल तक उक्त दोनों कर्मोंकी उद्वेलना करने लगा। पुनः पहलेके समान सम्यक्त्वको प्राप्त करके और दूसरी बार छयासठ सागर काल तक उसके साथ भ्रमण करके उसके अन्तमें मिथ्यात्वको प्राप्त हो गया। तथा वहाँ सबसे उत्कृष्ट उद्वेलना कालके द्वारा सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी उद्वेलना करके उनका असंक्रामक हो गया। इस प्रकार सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका तीन बार पल्यके असंख्यातवें भागसे अधिक दो छयासठ सागर कालप्रमाण उत्कृष्ट काल प्राप्त होता है।

* उनके अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रामकका कितना काल है?

§ ११३. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है।

§ ११४. दंसणमोहक्खवणाए पढमाणुभागखंडयं घादिय तदणंतरसमए अणुक्कस्साणुभागसंकामयत्तमुवगयस्स विदियाणुभागखंडयप्पहुडि जाव चरिमाणुभागखंडयचरिमफालि त्ति ताव सम्मामिच्छत्तस्स अणुक्कस्साणुभागसंकामयकालो घेत्तव्वो। एवं सम्मत्तस्स वि। णवरि जाव समयाहियावलियअक्खीणदंसणमोहणीओ ताव भवदि।

एवमोघो समत्तो।

§ ११५. आदेसेण सव्वत्थ विहत्तिभंगो।

*** एत्तो एयजीवेण कालो जहण्णओ।**

§ ११६. एत्तो उक्कस्सकालणिद्देसादो उवरि एयजीवेण जहण्णाणुभागसंकामयकालो विहासियव्वो त्ति वुत्तं होइ।

*** मिच्छत्तस्स जहण्णाणुभागसंकामओ केवचिरं कालादो होदि ?**

§ ११७. सुगमं।

*** जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं।**

§ ११८. जहण्णेण ताव सुहुमेइंदियस्स हदसमुप्पत्तियकम्मेण जहण्णओ[1] अवट्ठाणकालो अंतोमुहुत्तमेत्तो होइ। उक्कस्सेण हदसमुप्पत्तियं कादूण सव्वुक्कस्सेण संतस्स हेट्ठदो

---

§ ११४. दर्शनमोहनीयकी क्षपणामें प्रथम अनुभागकाण्डकका घात करके तदनन्तर समयमें जो अनुत्कृष्ट अनुभागका संक्रामक हो गया है उसके दूसरे अनुभागकाण्डकसे लेकर अन्तिम अनुभागकाण्डककी अन्तिम फालि तक तो सम्यग्मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रम करानेका काल ग्रहण करना चाहिए। तथा इसी प्रकार सम्यक्त्वके अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रमका काल भी ग्रहण करना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसकी अपेक्षा दर्शनमोहनीयकी क्षपणामें एक समय अधिक एक आवलि काल शेष रहने तक यह काल होता है।

इस प्रकार ओघ प्ररूपणा समाप्त हुई।

§ ११५. आदेशकी अपेक्षा सर्वत्र अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है।

विशेषार्थ—अनुभागविभक्तिमें नरकगति आदि मार्गणाओंमें उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागसत्कर्मका जो जघन्य और उत्कृष्ट काल कहा है वह अविकल यहाँ बन जाता है, इसलिए यहाँ पर उसे अनुभागविभक्तिके समान जाननेकी सूचना की है।

*** आगे एक जीवकी अपेक्षा जघन्य काल कहते हैं।**

§ ११६. 'एत्तो' अर्थात् उत्कृष्ट कालका निर्देश करनेके बाद एक जीवकी अपेक्षा जघन्य अनुभागके संक्रामकके कालका व्याख्यान करना चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

*** मिथ्यात्वके जघन्य अनुभागके संक्रामकका कितना काल है ?**

§ ११७. यह सूत्र सुगम है।

*** जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है।**

§ ११८. सर्व प्रथम जघन्य कालका खुलासा करते हैं—सूक्ष्म एकेन्द्रियसम्बन्धी हतसमुत्पत्तिक कर्मके साथ जघन्य अवस्थान काल अन्तर्मुहूर्त है। अब उत्कृष्ट कालका खुलासा करते हैं—

---

१ आ०प्रतौ जहण्णदो ता० प्रतौ जहण्णदो (ओ) इति पाठः।

अंतोमुहुत्तकालेण जहण्णकालादो संखेज्जगुणो घेत्तव्वो। तदो[1] उवरि णियमेण बंधवुड्ढीए अजहण्णाणुभागसमुप्पत्तीदो।

* अजहण्णाणुभागसंकामओ केवचिरं कालादो होदि ?

§ ११९. सुगमं।

* जहण्णेण अंतोमुहुत्तं।

§ १२०. जहण्णाणुभागसंकमादो अजहण्णसंकामयभावमुवगमिय पुणो सव्वजहण्णेण कालेण हदसमुप्पत्तीए कदे तदुवलंभादो।

* उक्कस्सेण असंखेज्जा लोगा।

§ १२१. एयवारं हदसमुप्पत्तियपाओग्गपरिणामेण परिणदस्स पुणो तप्परिणामेसु उक्कस्सावट्ठाणकालो असंखेज्जलोगमेत्तो होइ।

* एवमट्ठकसायाणं।

§ १२२. जहा मिच्छत्तस्स जहण्णाजहण्णाणुभागसंकामयकालो परूविदो तहा अट्ठकसायाणं पि परूवेयव्वो, सुहुमेइंदियहदसमुप्पत्तियकम्मेण जहण्णसामित्तं पडि भेदाभावादो।

* सम्मत्तस्स जहण्णाणुभागसंकामओ केवचिरं कालादो होदि ?

करके हतसमुत्पत्तिक करके सत्कर्मके रहते हुए अन्तर्मुहूर्त प्रमाण काल जघन्य कालकी अपेक्षा संख्यातगुणा ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि उसके ऊपर बन्धवृद्धि हो जानेके कारण नियमसे अजघन्य अनुभागकी उत्पत्ति हो जाती है।

* उसके अजघन्य अनुभागके संक्रामकका कितना काल है ?

§ ११९. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है।

§ १२०. क्योंकि जघन्य अनुभागके संक्रमसे अजघन्य संक्रामकभावको प्राप्त होकर पुनः सबसे जघन्य कालके द्वारा हतसमुत्पत्तिक करने पर उक्त काल प्राप्त होता है।

* उत्कृष्ट काल असंख्यात लोकप्रमाण है।

§ १२१. क्योंकि एक बार हतसमुत्पत्तिकके योग्य परिणामसे परिणत हुए जीवके उन परिणामोंमें रहनेका उत्कृष्ट काल असंख्यात लोकप्रमाण है।

* इसी प्रकार मध्यकी आठ कषायोंका काल जानना चाहिए।

§ १२२. जिस प्रकार मिथ्यात्वके जघन्य और अजघन्य अनुभागके संक्रामकका काल कहा है उसी प्रकार आठ कषायोंके कालका भी कथन करना चाहिए, क्योंकि सूक्ष्म एकेन्द्रियसम्बन्धी हतसमुत्पत्तिक कर्मके साथ जघन्य स्वामित्व उभयत्र समान है, इस अपेक्षासे दोनों स्थलोंमें कोई विशेषता नहीं है।

* सम्यक्त्वके जघन्य अनुभागके संक्रामकका कितना काल है ?

---

१ आ०प्रतौ तदो ता० प्रतौ तदो (ए) इति पाठः।

§ १२३. सुगमं।

❀ जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ।

§ १२४. कुदो ? समयाहियावलियअक्खीणदंसणमोहणीयं मोत्तूण पुव्वावरकोडीसु तदसंभवणियमादो।

❀ अजहण्णाणुभागसंकामओ केवचिरं कालादो होदि ?

§ १२५. सुगमं

❀ जहण्णेण अंतोमुहुत्तं।

§ १२६. णिस्संतकम्मियमिच्छाइट्ठिणा सम्मत्ते समुप्पाइदे लद्धप्पसहावस्स सम्मत्ता-जहण्णाणुभागसंकमस्स सव्वलहुं खवणाए जहण्णाणुभागसंकमेण विणासिदतब्भावस्स तेत्तिय-मेत्तकालावट्ठाणदंसणादो।

❀ उक्कस्सेण वेछावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि।

§ १२७. उक्कस्साणुभागसंकमकालस्सेव एदस्स परूवणा कायव्वा।

❀ एवं सम्मामिच्छत्तस्स।

§ १२८. जहा सम्मत्तस्स जहण्णाजहण्णाणुभागसंकामयकालपरूवणा कया तहा सम्मामिच्छत्तस्स वि कायव्वा त्ति भणिदं होइ। संपहि एत्थतणविसेसपरूवणट्ठमुत्तरसुत्तं—

---

§ १२३. (यह) सूत्र सुगम है।

* जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है।

§ १२४. क्योंकि कालकी अपेक्षा एक समय अधिक आवलिसे युक्त दर्शनमोहनीयकी क्षपणा करनेवाले जीवको छोड़कर उससे पूर्वके और आगके समयोंमें सम्यक्त्वके जघन्य अनुभागका संक्रम असम्भव है ऐसा नियम है।

* उसके अजघन्य अनुभागके संक्रामकका कितना काल है ?

§ १२५. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है।

§ १२६. जो सम्यक्त्वकी सत्तासे रहित मिथ्यादृष्टि जीव सम्यक्त्वके उत्पन्न होने पर उसकी सत्ता प्राप्त करके सम्यक्त्वका अजघन्य अनुभागसंक्रम करने लगता है। तथा जो अतिशीघ्र क्षपणामें जघन्य अनुभागसंक्रमके द्वारा अजघन्य अनुभागसंक्रमको नष्ट कर देता है उसके उतने काल तक अजघन्य अनुभागसंक्रमका अवस्थान देखा जाता है।

§ २१६. क्योंकि उत्कृष्ट अनुभागके असंक्रामक सब जीवोंके बीच कदाचित् मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागके संक्रमरूपसे परिणत एक जीव उपलब्ध होता है । यह दूसरा भङ्ग है २ ।

✽ कदाचित् नाना जीव असंक्रामक होते हैं और नाना जीव संक्रामक होते हैं ।

§ २१७. क्योंकि कदाचित् उत्कृष्ट अनुभागके असंक्रामक सब जीवोंके मध्यमें उत्कृष्ट अनुभागके संक्रामकरूपसे परिणत हुए कितने ही जीव उपलब्ध होते हैं । इस प्रकार यह तीसरा भङ्ग है ३ ।

§ २१८. इसी प्रकार अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रामकोंके भी तीन भङ्ग पलट कर करने चाहिए । यथा—कदाचित् मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट अनुभागके सब जीव संक्रामक हैं १ । कदाचित नाना जीव संक्रामक हैं और एक जीव असंक्रामक है २ । तथा कदाचित् नाना जीव संक्रामक हैं और नाना जीव असंक्रामक हैं ३ ।

शंका—सूत्रमें नहीं कहा गया यह अर्थ कैसे जाना जाता है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि उत्कृष्ट भङ्गविचयसे ही इसका ज्ञान करा दिया गया है ।

✽ इसी प्रकार शेष कर्मोंका जानना चाहिए ।

§ २१९. सुगममेदमप्पणासुत्तं। एदेण सामण्णणिद्देसेण सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं पि मिच्छत्तभंगाइप्पसंगे तत्थतणविसेसपरूवणट्ठमुत्तरसुत्तं—

✽ णवरि सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं संकामगा पुव्वं त्ति भाणिदव्वं।

§ २२०. तं जहा—सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमुक्कस्साणुभागस्स सिया सव्वे जीवा संकामया १, सिया एदे च असंकामओ च २, सिया एदे च असंकामया च ३। एवमणुक्कस्साणुभागसंकामयाणं पि विवज्जासेण तिण्हं भंगाणमालावो कायव्वो त्ति एस विसेसो सुत्तेणेदेण जाणाविदो।

एवमोघेणुक्कस्सभंगविचओ समत्तो।

§ २२१. आदेसेण सव्वमग्गणासु विहत्तिभंगो।

✽ जहण्णाणुभागसंकमभंगविचओ।

§ २२२. सुगमं।

✽ मिच्छत्त-अट्ठकसायाणं जहण्णाणुभागस्स संकामया च असंकामया च।

---

§ २१९. यह अर्पणासूत्र सुगम है। इस सामान्य निर्देशसे सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वमे भी मिथ्यात्वके भङ्गोंका अतिप्रसङ्ग प्राप्त होने पर उनमे विशेषताका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते है—

✽ इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामक जीव पहले कहने चाहिए।

§ २२०. यथा—सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागके कदाचित् सब जीव संक्रामक हैं १। कदाचित् नाना जीव संक्रामक हैं और एक जीव असंक्रामक है २। तथा कदाचित् नाना जीव संक्रामक हैं और नाना जीव असंक्रामक है ३। इसी प्रकार अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रामकोंके भी विपर्यय क्रमसे तीन भङ्गोंका आलाप करना चाहिए। इस प्रकार यह विशेष इस सूत्रके द्वारा जतलाया गया है।

इस प्रकार ओघसे उत्कृष्ट भङ्गविचय समाप्त हुआ।

§ २२१. आदेशसे सब मार्गणाओंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है।

विशेषार्थ—आशय यह है कि जिस प्रकार अनुभागसत्कर्मकी अपेक्षा अनुभागविभक्तिके आश्रयसे मार्गणाओंमे भङ्गविचयका विचार कर आये हैं उसी प्रकार यहाँ भी कर लेना चाहिए। उससे यहाँ अन्य कोई विशेषता नहीं है।

✽ अब जघन्य अनुभागसंक्रमभङ्गविचयका कथन करते हैं।

§ २२२. यह सूत्र सुगम है।

✽ मिथ्यात्व और आठ कषायोंके जघन्य अनुभागके नाना जीव संक्रामक होते हैं और नाना जीव असंक्रामक होते हैं।

§ २२३. एदेसिं कम्माणं जहण्णाणुभागस्स संकामया असंकामया च णियमा अत्थि त्ति वुत्तं होइ । कुदो एवं ? सुहुमेइंदियहदसमुप्पत्तियकम्मेण लद्धजहण्णभावाणमेदेसिं तदविरोहादो ।

⊛ सेसाणं कम्माणं जहण्णाणुभागस्स सव्वे जीवा सिया असंकामया ।

§ २२४. कुदो ? दंसण-चरित्तमोहक्खवयाणमणंताणुबंधिविसंजोजयाणं च सव्वद्ध-मणुवलंभादो ।

⊛ सिया असंकामया च संकामओ च ।

§ २२५. कुदो ? असंकामयाणं धुवभावेण कदाइमेयजीवस्स जहण्णभावपरिणदस्स परिप्फुडमुवलंभादो ?

⊛ सिया असंकामया च संकामया च ।

§ २२६. कुदो ? असंकामयाणं धुवभावेण केत्तियाणं पि जीवाणं जहण्णाणुभाग-संकामयभावपरिणदाणमुवलंभादो । एवमोघो समत्तो । आदेसेण सव्वं विहत्तिभंगो ।

एवं भंगविचओ समत्तो ।

§ २२७. एत्थेदेण सूचिदभागाभाग-परिमाण-खेत्त-फोसणाणं पि विहत्तिभंगो ।

---

§ २२३. इन कर्मोंके जघन्य अनुभागके संक्रामक और असंक्रामक नाना जीव नियमसे हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

शंका—ऐसा क्यों है ?

समाधान—क्योंकि एकेन्द्रियसम्बन्धी हतसमुत्पत्तिक कर्मके साथ जघन्यपनेको प्राप्त हुए इन जीवोंमें जघन्य अनुभागके संक्रामक और असंक्रामक नाना जीवोंके सद्भाव माननेमें कोई विरोध नहीं आता ।

* शेष कर्मोंके जघन्य अनुभागके कदाचित् सब जीव असंक्रामक होते हैं ।

§ २२४. क्योंकि दर्शनमोहनीय और चारित्रमोहनीयकी क्षपणा करनेवाले और अनन्तानु-बन्धीकी विसंयोजना करनेवाले जीव सर्वदा नहीं पाये जाते ।

* कदाचित् नाना जीव असंक्रामक होते हैं और एक जीव संक्रामक होता है ।

§ २२५. क्योंकि जघन्य अनुभागके असंक्रामक ये नाना जीव ध्रुवरूपसे और कदाचित् जघन्य अनुभागके संक्रामकरूपसे परिणत हुआ एक जीव स्पष्टरूपसे पाया जाता है ।

* कदाचित् नाना जीव असंक्रामक होते हैं और नाना जीव संक्रामक होते हैं ।

§ २२६. क्योंकि जघन्य अनुभागके असंक्रामक ये नाना जीव ध्रुवरूपसे और जघन्य अनुभागके संक्रामकभावसे परिणत हुए कितने ही जीव पाये जाते हैं । इस प्रकार ओघ कथन समाप्त हुआ । आदेशकी अपेक्षा सब कथन अनुभागविभक्तिके समान है ।

इस प्रकार भङ्गविचय समाप्त हुआ ।

§ २२७. यहाँ पर इस पूर्वोक्त कथनके द्वारा सूचित हुए भागाभाग, परिमाण, क्षेत्र और स्पर्शनको अनुभागविभक्तिके समान जानना चाहिए ।

विशेषार्थ—यहाँ पर भागाभाग आदि चार प्ररूपणाओंको अनुभागविभक्तिके समान जानने की सूचना की है, अतः यहाँ पर क्रमसे उनका विचार करते हैं। यथा—भागाभाग दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। उसका निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे छब्बीस प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके संक्रामक जीव सब जीवोंके अनन्तवें भागप्रमाण हैं तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रामक जीव सब जीवोंके अनन्त बहुभागप्रमाण हैं। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागके संक्रामक जीव सब जीवोंके असंख्यात बहुभागप्रमाण हैं तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रामक जीव सब जीवोंके असंख्यातवें भागप्रमाण हैं। यह ओघ प्ररूपणा है। आदेशसे इसी विधिको ध्यानमें रखकर घटित कर लेना चाहिए। जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व और आठ कषायोंके जघन्य अनुभागके संक्रामक जीव सब जीवोंके असंख्यातवें भागप्रमाण हैं तथा अजघन्य अनुभागके संक्रामक जीव सब जीवोंके असंख्यात बहुभागप्रमाण हैं। शेष प्रकृतियोंके जघन्य अनुभागके संक्रामक जीव सब जीवोंके अनन्तवें भागप्रमाण हैं तथा अजघन्य अनुभागके संक्रामक जीव सब जीवोंके अनन्त बहुभागप्रमाण हैं। यह ओघप्ररूपणा है। इसी प्रकार विचारकर आदेशसे जान लेना चाहिए।

परिमाण दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे छब्बीस प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके संक्रामक जीव असंख्यात हैं तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रामक जीव अनन्त हैं। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागके संक्रामक जीव असंख्यात हैं तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रामक जीव संख्यात हैं। यह ओघप्ररूपणा है। इसी प्रकार आदेशसे विचारकर जान लेना चाहिए। जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्व और मध्यकी आठ कषायोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागके संक्रामक जीव अनन्त हैं। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य अनुभागके संक्रामक जीव संख्यात हैं तथा अजघन्य अनुभागके संक्रामक जीव असंख्यात हैं। अनन्तानुबन्धीचतुष्कके जघन्य अनुभागके संक्रामक जीव असंख्यात हैं तथा अजघन्य अनुभागके संक्रामक जीव अनन्त हैं। चार संज्वलन और नौ नोकषायोंके जघन्य अनुभागके संक्रामक जीव संख्यात हैं तथा अजघन्य अनुभागके संक्रामक जीव अनन्त हैं। यह ओघप्ररूपणा है। इसी प्रकार आदेशसे विचार कर जान लेना चाहिए।

क्षेत्र दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे छब्बीस प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके संक्रामक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है तथा उत्कृष्ट अनुभागके संक्रामक जीवोंका क्षेत्र सर्वलोक है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रामक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण है यह ओघप्ररूपणा है इसी प्रकार विचार कर आदेशसे जान लेना चाहिए। जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्व और आठ कषायोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागके संक्रामक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य और अजघन्य अनुभागके संक्रामक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भाग है। शेष प्रकृतियोंके अजघन्य अनुभागके संक्रामक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है तथा अजघन्य अनुभागके संक्रामक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। यह ओघप्ररूपणा है। इसी प्रकार विचार कर आदेशसे जान लेना चाहिए।

स्पर्शन दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे छब्बीस प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके संक्रामक जीवोंने लोकके

❀ णाणाजीवेहि कालो ।

§ २२८. सुगमं ।

❀ मिच्छत्तस्स उक्कस्साणुभागसंकामया केवचिरं कालादो होंति ?

§ २२९. सुगमं ।

❀ जहण्णेण अंतोमुहुत्तं ।

§ २३०. तं कथं ? सत्तट्ठ जणा बहुगा वा बद्धुकस्साणुभागा सव्वजहण्णमंतोमुहुत्तमेत्त-कालं संकामया होदूण पुणो कंडयघादवसेणाणुकस्सभावमुवगया, लद्धो सुत्तुद्दिट्ठजहण्णकालो ।

❀ उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो ।

असंख्यातवें भाग, त्रस नालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम आठ भाग और सब लोकका स्पर्शन किया है तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रामक जीवोंने सब लोकका स्पर्शन किया है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग, त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम आठ भाग और सब लोकका स्पर्शन किया है तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग क्षेत्रका स्पर्शन किया है। यह ओघप्ररूपणा है। इसी प्रकार विचार कर आदेशसे जान लेना चाहिए। जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्व और मध्यकी आठ कषायोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागके संक्रामक जीवोंने सब लोकका स्पर्शन किया है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य अनुभागके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग क्षेत्रका स्पर्शन किया है तथा अजघन्य अनुभागके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग, त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम आठ भाग और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष प्रकृतियोंके जघन्य अनुभागके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग तथा अजघन्य अनुभागके संक्रामक जीवोंने सब लोकका स्पर्शन किया है। यह ओघप्ररूपणा है। इसी प्रकार विचार कर आदेशसे जान लेना चाहिए।

* अब नाना जीवोंकी अपेक्षा कालका कथन करते हैं।

§ २२८. यह सूत्र सुगम है।

* मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागके संक्रामक जीवोंका कितना काल है ?

§ २२९. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है।

§ २३० शंका—वह कैसे ?

समाधान—सात आठ या बहुत जीव उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेके बाद सबसे जघन्य अन्तर्मुहूर्त काल तक उसके संक्रामक हुए। बादमें काण्डकघातवश अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रामक हो गये। इस प्रकार सूत्रमें निर्दिष्ट जघन्य काल प्राप्त होता है।

* उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है।

§ २३१. तं जहा—एयजीवस्सुक्कस्साणुभागसंकमकालमंतोमुहुत्तपमाणं ठविय तप्पाओग्गपलिदोवमासंखेज्जभागमेत्तदणुसंधाणवारसलागाहि गुणेयव्वं। तदो पयदुक्कस्सकालपमाणमुप्पज्जदि।

❀ अणुक्कस्साणुभागसंकामया सव्वद्धा।

§ २३२. कुदो? सव्वकालमविच्छिण्णपवाहसरूवेणेदेसिमवट्ठाणदंसणादो।

❀ एवं सेसाणं कम्माणं।

§ २३३. जहा मिच्छत्तस्स पयदकालणिद्देसो कदो तहा सेसकम्माणं पि कायव्वो, विसेसाभावादो। सामण्णणिद्देसेणेदेण सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं पि पयदकालणिद्देसाइप्पसंगे तत्थ विसेससंभवपदुप्पायणट्ठमिदमाह—

❀ णवरि सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमुक्कस्साणुभागसंकामया सव्वद्धा।

§ २३४. कुदो? सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमुक्कस्साणुभागसंकामयवेदगसम्माइट्ठीणमुव्वेल्लमाणमिच्छाइट्ठीणं च पवाहवोच्छेदाणुवलंभादो।

❀ अणुक्कस्साणुभागसंकामया केवचिरं कालादो होंति?

§ २३५. सुगमं।

❀ जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं।

---

§ २३१. यथा—एक जीवके उत्कृष्ट अनुभागके संक्रामकसम्बन्धी अन्तर्मुहूर्त कालको स्थापित कर उसे नाना जीवोंसम्बन्धी उत्कृष्ट कालको प्राप्त करनेके लिए पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण शलाकाओंसे गुणित करना चाहिए। इस प्रकार करनेसे प्रकृत उत्कृष्ट काल उत्पन्न होता है।

* उसके अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रामक जीवोंका काल सर्वदा है।

§ २३२ क्योंकि सर्वदा अविच्छिन्न प्रवाहरूपसे मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रामक जीवोंका अवस्थान देखा जाता है।

* इसी प्रकार शेष कर्मोंका काल जानना चाहिए।

§ २३३. जिस प्रकार मिथ्यात्वके प्रकृत कालका निर्देश किया है उसी प्रकार शेष कर्मोंका भी करना चाहिए, क्योंकि कोई विशेषता नहीं है। यह सामान्य निर्देश है। इससे सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके प्रकृत कालके निर्देशमें अतिप्रसङ्ग प्राप्त होने पर वहाँ कालकी विशेषताका कथन करनेके लिए यह सूत्र कहते हैं—

* इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागके संक्रामक जीवोंका काल सर्वदा है।

§ २३४. क्योंकि सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागका संक्रमण करनेवाले वेदकसम्यग्दृष्टियोंके और उद्वलना करनेवाले मिथ्यादृष्टियोंके प्रवाहकी व्युच्छित्ति नहीं पाई जाती।

* उनके अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रामक जीवोंका कितना काल है?

§ २३५. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है।

§ २३६. दंसणमोहक्खवणादो अण्णत्थ तदणुवलंभादो। एवमोघो समत्तो। आदेसेण सव्वत्थ विहत्तिभंगो।

❀ एत्तो जहण्णकालो।

§ २३७. सुगमं।

❀ मिच्छत्त-अट्ठकसायाणं जहण्णाणुभागसंकामया केवचिरं कालादो होंति?

§ २३८. सुगमं।

❀ सव्वद्धा।

§ २३९. कुदो? सुहुमेइंदियजीवाणं हदसमुप्पत्तियजहण्णसंतकम्मपरिणदाणं तिसु वि कालेसु वोच्छेदाणुवलंभादो।

❀ सम्मत्त-चदुसंजलण-पुरिसवेदाणं जहण्णाणुभागसंकामया केवचिरं कालादो होंति?

§ २४०. सुगमं।

❀ जहण्णेणेयसमओ।

§ २४१. कुदो? सम्मत्तस्स समयाहियावलियअक्खीणदंसणमोहणीयम्मि लोभ-

---

§ २३६. क्योंकि दर्शनमोहनीयकी क्षपणाके सिवा अन्यत्र यह काल नहीं पाया जाता। इस प्रकार ओघप्ररूपणा समाप्त हुई। आदेशसे सर्वत्र अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है।

* अब जघन्य कालको कहते हैं।

§ २३७. यह सूत्र सुगम है।

* मिथ्यात्व और आठ कषायोंके जघन्य अनुभागके संक्रामक जीवोंका कितना काल है?

§ २३८. यह सूत्र सुगम है।

* सब काल है।

§ २३९. क्योंकि हतसमुत्पत्तिकरूप जघन्य सत्कर्मसे परिणत हुए सूक्ष्म एकेन्द्रिय जीवोंका तीनों ही कालोंमें विच्छेद नहीं पाया जाता।

* सम्यक्त्व, चार संज्वलन और पुरुषवेदके जघन्य अनुभागके संक्रामक जीवोंका कितना काल है?

§ २४०. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य काल एक समय है।

§ २४१. क्योंकि दर्शनमोहनीयकी क्षपणामें एक समय अधिक एक आवलि काल रहने पर एक समयके लिए सम्यक्त्वका, सकषाय अवस्थामें एक समय अधिक एक आवलिकाल शेष रहने पर

संजलणस्स समयाहियावलियसकसायम्मि सेसाणं अप्पप्पणो णवकबंधचरिमफालिसंकमणावत्थाए लद्धजहण्णभावाणमेयसमयोवलद्धीए बाहाणुवलंभादो ।

❀ उक्कस्सेण संखेज्जा समया ।

§ २४२. कुदो ? संखेज्जवारमणुसंधाणवसेण तदुवलंभादो ।

❀ सम्मामिच्छत्त-अट्ठणोकसायाणं जहण्णाणुभागसंकामया केवचिरं कालादो होंति ?

§ २४३. सुगमं एदं ।

❀ जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं ।

§ २४४. जहण्णेण ताव तेसिमप्पप्पणो चरिमाणुभागखंडयकालो घेत्तव्वो । उक्कस्सेण सो चेव छायादिट्ठंतेण लद्धाणुसंधाणो घेत्तव्वो ।

❀ अणंताणुबंधीणं जहण्णाणुभागसंकामया केवचिरं कालादो होंति ?

§ २४५. सुगमं ।

❀ जहण्णेण एयसमओ ।

§ २४६. कुदो ? विसंजोयणापुव्वसंजोगपढमसमए जहण्णपरिणामेण बद्धजहण्णाणुभागमावलियादीदमेयसमयं संकामिय विदियसमए अजहण्णभावपरिणदणाणाजीवेसु तदुवलंभादो ।

एक समयके लिए संज्वलनलोभका तथा अपने-अपने नवकबन्धकी अन्तिम फालिकी संक्रमण अवस्थामें शेष प्रकृतियोंका जघन्य अनुभागसंक्रम पाया जाता है, इसलिए जघन्य काल एक समय प्राप्त होनेमे बाधा नहीं आती ।

* उत्कृष्ट काल संख्यात समय है ।

§ २४२. क्योंकि संख्यातवार किये गये अनुसन्धानवश उक्त काल प्राप्त हो जाता है ।

* सम्यग्मिथ्यात्व और आठ नोकषायोंके जघन्य अनुभागके संक्रामकोंका कितना काल है ?

§ २४३. यह सूत्र सुगम है ।

* जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है ।

§ २४४. जघन्यसे तो उनका अपने अपने अन्तिम अनुभागकाण्डकका काल लेना चाहिए । तथा उत्कृष्टसे वही काल छायाके दृष्टान्त द्वारा अनुसन्धान करते हुए ग्रहण करना चाहिए ।

* अनन्तानुबन्धियोंके जघन्य अनुभागके संक्रामकोंका कितना काल है ?

§ २४५. यह सूत्र सुगम है ।

* जघन्य काल एक समय है ।

§ २४६. क्योंकि विसंयोजनापूर्वक संयोजना होनेके प्रथम समयमें जघन्य परिणामसे बन्धको प्राप्त हुए जघन्य अनुभागको एक आवलिके बाद एक समय तक संक्रमा कर दूसरे समयमें जो जीव अजघन्य अनुभागके संक्रमरूपसे परिणत हो जाते हैं उनके जघन्य काल एक समय उपलब्ध होता है ।

❀ उक्कस्सेण आवलियाए असंखेज्जदिभागो।

§ २४७. कुदो? आवलि० असंखे०भागमेत्ताणं चेव णिरंतरोवक्कमणवाराणमेत्थ संभवदंसणादो।

❀ एदेसिं कम्माणमजहण्णाणुभागसंकामया केवचिरं कालादो होंति?

§ २४८. सुगमं।

❀ सव्वद्धा।

§ २४९. एदं पि सुगमं। एवमोघो समत्तो। आदेसेण सव्वणेरइय०-सव्वतिरिक्ख-मणुसअपज्ज०-देवा जाव णवगेवज्जा त्ति विहत्तिभंगो। मणुसेसु विहत्तिभंगो। णवरि इत्थि०-णवुंस० जह० जहण्णु० अंतोमु०। अज० सव्वद्धा। मणुसपज्ज०-मणुसिणी० मिच्छ०-अट्ठक० जह० जह० एयस०, उक्क० अंतोमुहुत्तं। अज० सव्वद्धा। सेसं मणुसभंगो। णवरि मणुसिणी० पुरिस० छण्णोक०भंगो। अणुदिसादि सव्वट्ठा त्ति विहत्तिभंगो। एवं जाव०।

---

* उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है।

§ २४७. क्योंकि आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण ही निरन्तर उपक्रमणवार यहाँ पर सम्भव देखे जाते हैं।

* इन कर्मोंके अजघन्य अनुभागके संक्रामकोंका कितना काल है?

§ २४८. यह सूत्र सुगम है।

* सर्वदा है।

§ २४९. यह सूत्र भी सुगम है। इस प्रकार ओघप्ररूपणा समाप्त हुई। आदेशसे सब नारकी, सब तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त, सामान्य देव और नौग्रैवेयक तकके देवोंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है। मनुष्योंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके जघन्य अनुभागके संक्रामकोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य अनुभागके संक्रामकोंका काल सर्वदा है। मनुष्यपर्याप्त और मनुष्यिनियोंमें मिथ्यात्व और आठ कषायोंके जघन्य अनुभागके संक्रामकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य अनुभागके संक्रामकोंका काल सर्वदा है। शेष भङ्ग मनुष्योंके समान है। इतनी विशेषता है कि मनुष्यिनियोंमें पुरुषवेदका भङ्ग छह नोकषायोंके समान है। अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—मनुष्योंमें जिसप्रकार स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके जघन्य अनुभागसत्कर्मका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल संख्यात समय बन जाता है उस प्रकार यह काल यहां नहीं बनता, क्योंकि यहाँ पर अन्तिम अनुभागकाण्डकके पतनका काल विवक्षित है, इसलिए वह जघन्य भी अन्तर्मुहूर्त कहा है और उत्कृष्ट भी अन्तर्मुहूर्त कहा है। यहां इतना और विशेष जानना चाहिए कि मनुष्यिनियोंमें नपुंसकवेदका जघन्य अनुभागसंक्रम नहीं होता, इसलिए 'मनुष्यिनियोंमें पुरुषवेदका भङ्ग छह नोकषायोंके समान है' ऐसा कहते समय पुरुषवेदके साथ नपुंसकवेदका उल्लेख नहीं किया है। शेष कथन सुगम है।

* णाणाजीवेहि अंतरं ।

§ २५०. सुगममेदमहियारपरामरससुत्तं ।

* मिच्छत्तस्स उक्कस्साणुभागसंकामयाणमंतरं केवचिरं कालादो होदि

§ २५१. पुच्छासुत्तमेदं सुगमं ।

* जहण्णेणेयसमओ ।

§ २५२. तं जहा—मिच्छत्तुक्कस्साणुभागसंकामयणाणाजीवाणं पवाहविच्छेदवसेणेय-समयमंतरिदाणं विदियसमए पुणरुब्भवो दिट्ठो, लद्धमंतरं जहण्णेणेयसमयमेत्तं ।

* उक्कस्सेण असंखेज्जा लोगा ।

§ २५३. कुदो ? उक्कस्साणुभागबंधेण विणा सव्वजीवाणमेत्तियमेत्तकालमवट्ठाण-संभवादो ।

* अणुक्कस्साणुभागसंकामयाणमंतरं केवचिरं कालादो होदि ?

§ २५४. सुगमं ।

* णत्थि अंतरं ।

§ २५५. कुदो ? णाणाजीवविवक्खाए अणुक्कस्साणुभागसंकमस्स विच्छे-दाणुवलद्धीदो ।

* एवं सेसाणं कम्माणं ।

---

* अब नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तरका कथन करते हैं ।

§ २५०. अधिकारका परामर्श करनेवाला यह सूत्र सुगम है ।

* मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागके संक्रामकोंका अन्तरकाल कितना है ?

§ २५१. यह पृच्छासूत्र सुगम है ।

* जघन्य अन्तर एक समय है

§ २५२. यथा—मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागके संक्रामक नाना जीवोंका प्रवाहके विच्छेदवश एक समयके लिए अन्तर हो कर दूसरे समयमें उनकी पुनः उत्पत्ति देखी जाती है । इस प्रकार जघन्य अन्तर एक समय प्राप्त होता है ।

*उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है ।

§ २५३. क्योंकि उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध हुए बिना सब जीवोंका इतने काल तक अवस्थान देखा जाता है

* उसके अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रामकोंका अन्तरकाल कितना है ?

§ २५४. यह सूत्र सुगम है ।

* अन्तरकाल नहीं है ।

§ २५५. क्योंकि नाना जीवोंकी मुख्यतासे अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रमका कभी भी विच्छेद नहीं उपलब्ध होता ।

* इसी प्रकार शेष कर्मोंका अन्तरकाल जानना चाहिए ।

§ २५६. सुगममंदमप्पणासुत्तं । संपहि एत्थतणविसेसपरूवणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं ।

❀ णवरि सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमुक्कस्साणुभागसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होदि ?

§ २५७. सुगमं ।

❀ णत्थि अंतरं ।

§ २५८. एदं पि सुगमं ।

❀ अणुक्कस्साणुभागसंकामयाणमंतरं केवचिरं कालादो होदि ?

§ २५९. सुगमं ।

* जहण्णेण एयसमओ ।

§ २६०. दंसणमोहक्खवयाणं जहण्णंतरस्स तप्पमाणत्तोवलंभादो ।

❀ उक्कस्सेण छम्मासा ।

§ २६१. तदुक्कस्सविरहकालस्स णाणाजीवविसयस्स तप्पमाणत्तादो । एवमोघो समत्तो ।

§ २६२. आदेसेण सव्वमग्गणासु विहत्तिभंगो ।

❀ एत्तो जहण्णयंतरं ।

---

§ २५६. यह अर्पणासूत्र सुगम है। अब यहाँ सम्बन्धी विशेषताका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र आया है—

* इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागके संक्रामकोंका अन्तरकाल कितना है ?

§ २५७. यह सूत्र सुगम है।

* अन्तरकाल नहीं है।

§ २५८. यह सूत्र भी सुगम है।

* अनुत्कृष्ट अनुभागके संक्रामकोंका अन्तरकाल कितना है ?

§ २५९. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य अन्तरकाल एक समय है।

§ २६०. क्योंकि दर्शनमोहनीयके क्षपकोंका जघन्य अन्तर तत्प्रमाण उपलब्ध होता है।

* उत्कृष्ट अन्तर छह महीना है।

§ २६१. क्योंकि दर्शनमोहनीयकी क्षपणाका नाना जीवविषयक उत्कृष्ट विरहकाल तत्प्रमाण है। इस प्रकार ओघप्ररूपणा समाप्त हुई।

§ २६२. आदेशसे सब मार्गणाओंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है।

* आगे जघन्य अन्तरका कथन करते हैं।

§ २६३. सुगमं ।

❀ मिच्छत्तस्स अट्ठकसायस्स जहण्णाणुभागसंकामयाणं केवचिरं अंतरं ?

§ २६४. सुगमं ।

❀ णत्थि अंतरं ।

§ २६५. कुदो ? पयदजहण्णाणुभागसंकामयाणं सुहुमाणं णिरंतरसरूवेण सव्व-कालमवट्ठिदत्तादो ।

❀ सम्मत्त-सम्मामिच्छत्त-चदुसंजलण-णवणोकसायाणं जहण्णाणु-भागसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होदि ?

§ २६६. सुगमं ।

❀ जहण्णेणेयसमओ ।

❀ उक्कस्सेण छम्मासा ।

§ २६७. एदाणि दो वि सुत्ताणि सुगमाणि । संपहि एत्थतणविसेसपदुप्पायणट्ठमुत्तर-सुत्तमाह—

❀ णवरि तिण्णिसंजलण-पुरिसवेदाणमुक्कस्सेण वासं सादिरेयं ।

§ २६८. तं जहा—कोहसंजलणस्स उक्कस्संतरे विवक्खिए सोदएणादिं कादूण

---

§ २६३. यह सूत्र सुगम है।

* मिथ्यात्व और आठ कषायोंके जघन्य अनुभागके संक्रामकोंका अन्तरकाल कितना है ?

§ २६४. यह सूत्र सुगम है।

* अन्तरकाल नहीं है।

§ २६५. क्योंकि प्रकृत जघन्य अनुभागके संक्रामक सूक्ष्म जीव अन्तरके विना सदा काल अवस्थित रहते हैं।

* सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, चार संज्वलन और नौ नोकषायोंके जघन्य अनुभागके संक्रामकोंका अन्तरकाल कितना है ?

§ २६६. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर छह महीना है।

§ २६७. ये दोनों ही सूत्र सुगम हैं। अब यहां सम्बन्धी विशेषताका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* इतनी विशेषता है कि तीन संज्वलन और पुरुषवेदका उत्कृष्ट अन्तर साधिक एक वर्ष है।

§ २६८. यथा—क्रोधसंज्वलनका उत्कृष्ट अन्तर विवक्षित होने पर स्वोदयसे अन्तरका प्रारम्भ

छम्मासमंतराविय पुणो माण-माया-लोभोदएहिं चढाविय पच्छा सोदयपडिलंभेण सादिरेय-वासमेत्तमंतरमुप्पाएयव्वं । एवं माण-मायासंजलणाणं पि पयदुक्कस्संतरं वत्तव्वं । णवरि माणसंजलणस्स माया-लोभोदएहि मायासंजलणस्स च लोभोदएण चढाविय अंतरावेयव्वं । कोहसंजलणस्स संपुण्णदोवासमेत्तमंतरं किण्ण जायदे ? ण, सव्वत्थ छम्मासाणं पडिवुण्णाणमणुसंधाणसरूवेणासंभवादो । एवं चेव पुरिसवेदस्स वि सोदएणादिं कादूण परोदएणंतरिदस्स सादिरेयवासमेत्तुक्कस्संतरसंभवो दट्ठव्वो ।

* णवुंसयवेदस्स जहण्णाणुभागसंकामयंतरमुक्कस्सेण संखेज्जाणि वासाणि ।

§ २६९. णवुंसयवेदोदएणादिं कादूण अणप्पिदवेदोदएण वासपुधत्तमेत्तमंतरिदस्स तदुवलंभादो ।

* अणंताणुबंधीणं जहण्णाणुभागसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होदि ?

§ २७०. सुगमं ।

* जहण्णेण एयसमओ ।

§ २७१. पयदजहण्णाणुभागसंकामयाणमेयसमयमंतरिदाणं पुणो वि तदणंतरसमए पादुब्भावविरोहाभावादो ।

* उक्कस्सेण असंखेज्जा लोगा ।

करके तथा छह माहका अन्तर करा कर पुनः मान, माया और लोभके उदयसे चढ़ा कर पश्चात् स्वोदयका आश्रय करनेसे साधिक एक वर्षप्रमाण अन्तर उत्पन्न करना चाहिए। उसी प्रकार मान और मायासंज्वलनोंका भी प्रकृत उत्कृष्ट अन्तर कहना चाहिए। इतनी विशेषता है कि मान-सञ्ज्वलनका माया और लोभके उदयसे तथा मायासंज्वलनका लोभके उदयसे चढ़ा कर अन्तर ले आना चाहिए।

शंका—क्रोधसंज्वलनका पूरा दो वर्षप्रमाण उत्कृष्ट अन्तर क्यों नहीं उत्पन्न होता ?

समाधान—नहीं क्योंकि सर्वत्र अनुसन्धानरूपसे पूरे छह माह असम्भव हैं।

इसी प्रकार स्वोदयसे अन्तरका प्रारम्भ करके परोदयसे अन्तरको प्राप्त हुए पुरुषवेदका भी साधिक एक वर्षप्रमाण उत्कृष्ट अन्तर सम्भव जानना चाहिए।

* नपुंसकवेदके जघन्य अनुभागके संक्रामकोंका उत्कृष्ट अन्तर संख्यात वर्षप्रमाण है।

§ २६९. क्योंकि नपुंसकवेदके उदयसे अन्तरका प्रारम्भ करके अविवक्षित वेदके उदयसे वर्षपृथक्त्वप्रमाण अन्तरको प्राप्त हुए उसका उक्त प्रमाण उत्कृष्ट अन्तर उपलब्ध होता है।

* अनन्तानुबन्धियोंके जघन्य अनुभागके संक्रामकोंका अन्तरकाल कितना है ?

§ २७०. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य अन्तर एक समय है।

§ २७१. एक समयके लिए अन्तरको प्राप्त हुए प्रकृत जघन्य अनुभागके संक्रामकोंका फिर भी उसके अनन्तर समयमें प्रादुर्भाव होनेमें कोई विरोध नहीं आता।

* उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है।

§ २७२. जहण्णपरिणामेणादिं कादूणासंखेज्जलोगमेत्तेहिं अजहण्णपाओग्गपरिणामेहिं चेव संजोजयंताणं णाणाजीवाणमेदमुक्कस्संतरं लब्भदि त्ति वुत्तं होइ। संपहि सव्वेसिमजहण्णाणुभागसंकामयाणमंतरविहाणट्ठमुत्तरसुत्तारंभो—

❀ एदेसिं सव्वेसिमजहण्णाणुभागस्स केवचिरमंतरं ?

§ २७३. सुगमं।

❀ णत्थि अंतरं।

§ २७४. सव्वेसिमजहण्णाणुभागसंकामयाणमंतरेण विणा सव्वद्धमवट्ठाणदंसणादो।

एवमोघो समत्तो।

§ २७५. आदेसेण सव्वणेरइय-सव्वतिरिक्ख-मणुसअपज्ज०-सव्वदेवा त्ति विहत्तिभंगो। मणुसतिए ओघं। णवरि मिच्छ०-अट्ठक० जह० जह० एयसमओ, उक्क० असंखेज्जा लोगा। मणुसिणीसु खवगपयडीणं वासपुधत्तं। एवं जाव०।

---

§ २७२. जघन्य परिणामसे प्रारम्भ करके असंख्यात लोकमात्र अजघन्य अनुभागसंक्रमके योग्य परिणामोंसे ही संयोजना करनेवाले नाना जीवोंके यह उत्कृष्ट अन्तर प्राप्त होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अब उक्त सब प्रकृतियोंके अजघन्य अनुभागके संक्रामकोंके अन्तरका विधान करनेके लिए आगेके सूत्रका आरम्भ करते हैं—

*** इन सब प्रकृतियोंके अजघन्य अनुभागके संक्रामकोंका अन्तरकाल कितना है ?**

§ २७३. यह सूत्र सुगम है।

*** अन्तरकाल नहीं है।**

§ २७४. क्योंकि उक्त सब प्रकृतियोंके अजघन्य अनुभागके संक्रामकोंका अन्तर कालके बिना सदाकाल अवस्थान देखा जाता है।

इस प्रकार ओघप्ररूपणा समाप्त हुई।

§ २७५. आदेशसे सब नारकी, सब तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त और सब देवोंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है। मनुष्यत्रिकमें ओघके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि इनमें मिथ्यात्व और आठ कषायोंके जघन्य अनुभागके संक्रामकोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है। मनुष्यिनियोंमें क्षपक प्रकृतियोंके जघन्य अनुभागके संक्रामकोंका उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्वप्रमाण है। इस प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—मनुष्यत्रिकमें अन्य सब अन्तरकाल ओघके समान बन जाता है। मात्र मिथ्यात्व और आठ कषायोंके जघन्य अनुभागके संक्रामकोंके अन्तरकालमें कुछ विशेषता है। बात यह है कि ओघसे इन प्रकृतियोंके जघन्य अनुभागके संक्रामकोंका अन्तरकाल नहीं प्राप्त होता, क्योंकि सूक्ष्म एकेन्द्रियोंमें इन प्रकृतियोंका जघन्य अनुभागसंक्रम करनेवाले जीव सर्वदा बने रहते हैं। परन्तु मनुष्यत्रिककी स्थिति नारकी आदिके समान है, इसलिए इस विशेषताका निर्देश करनेके लिए यहाँ पर उसका अलगसे उल्लेख किया है। तथा मनुष्यिनी अधिकसे अधिक वर्षपृथक्त्वप्रमाण काल तक क्षपकश्रेणि पर आरोहण न करें यह सम्भव है, इसलिए इनमें क्षपक प्रकृतियोंके जघन्य अनुभागके संक्रामकोंका उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्वप्रमाण कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

§ २७६. भावो सव्वत्थ ओदइओ भावो ।

※ अप्पाबहुअं ।

§ २७७. सुगममेदमहियारसंभालणसुत्तं । तं च दुविहमप्पाबहुअं जहण्णुक्कस्साणुभागसंकमविसयभेदेण । तत्थुक्कस्साणुभागसंकमप्पाबहुअमुक्कस्साणुभागविहत्तिभंगादो ण भिज्जदि त्ति तेण तदप्पणं कुणमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

※ जहा उक्कस्साणुभागविहत्ती तहा उक्कस्साणुभागसंकमो ।

§ २७८. जहा उक्कस्साणुभागविहत्ती अप्पाबहुअविसिट्ठा परूविदा तहा उक्कस्साणुभागसंकमो वि परूवेयव्वो, विसेसाभावादो त्ति भणिदं होदि ।

※ एत्तो जहण्णयं ।

§ २७९. एत्तो उक्कस्साणुभागसंकमप्पाबहुअविहासणादो उवरि जहण्णयमप्पाबहुअं वत्तइस्सामो त्ति पइज्जावक्कमेदं । तस्स दुविहो णिद्देसो ओघादेसभेएण । तत्थोघणिद्देसो ताव कीरदे । तं जहा—

※ सव्वत्थोवो लोहसंजलणस्स जहण्णाणुभागसंकमो ।

§ २८०. कुदो ? सुहुमकिट्टिसरूवत्तादो ।

※ मायासंजलणस्स जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो ।

---

§ २७६. भाव सर्वत्र औदयिक भाव है ।

* अब अल्पबहुत्वको कहते हैं ।

§ २७७. अधिकारकी सम्हाल करनेवाला यह सूत्र सुगम है । जघन्य और उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमरूप विषयके भेदसे वह अल्पबहुत्व दो प्रकारका है । उसमें उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमविषयक अल्पबहुत्व उत्कृष्ट अनुभागविभक्तिविषयक अल्पबहुत्वसे भिन्न प्रकारका नहीं है, इसलिए उसके साथ इसकी मुख्यता करते हुए आगेका सूत्र कहते हैं—

* जिस प्रकार उत्कृष्ट अनुभागविभक्तिविषयक अल्पबहुत्व है उसी प्रकार उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमविषयक अल्पबहुत्व जानना चाहिए ।

§ २७८. जिस प्रकार अल्पबहुत्वविशिष्ट उत्कृष्ट अनुभागविभक्तिका कथन किया है उसी प्रकार उत्कृष्ट अनुभागसंक्रम अल्पबहुत्वका भी कथन करना चाहिए, क्योंकि दोनोंमें कोई अलग अलग विशेषता नहीं है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

* आगे जघन्य अल्पबहुत्वको कहते हैं ।

§ २७९. 'एत्तो' अर्थात् उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमविषयक अल्पबहुत्वका व्याख्यान करनेके बाद जघन्य अल्पबहुत्वको बतलाते हैं इस प्रकार यह प्रतिज्ञावाक्य है । उसका निर्देश दो प्रकारका है— ओघ और आदेश । उनमेंसे सर्वप्रथम ओघका निर्देश करते हैं—

* लोभसंज्वलनका जघन्य अनुभागसंक्रम सबसे स्तोक है ।

§ २८०. क्योंकि वह सूक्ष्म कृष्टिरूप है ।

* उससे मायासंज्वलनका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है ।

§ २८१. कुदो ? बादरकिट्टिसरूवेण पुव्वमेवाणियट्टिपरिणामेहि लद्धजहण्णभावत्तादो।

*** माणसंजलणस्स जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो।**

§ २८२. कुदो ? जहण्णसामित्तविसयीकयमायासंजलणचरिमणवकबंधादो जहाकम-मणंतगुणसरूवेणावट्ठिदमायातदिय-विदिय-पढमसंगहकिट्टीहिंतो वि माणसंजलणणवकबंधसरूवस्सेदस्साणंतगुणत्तदंसणादो।

*** कोहसंजलणस्स जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो।**

§ २८३. कुदो ? पुव्विल्लसामित्तविसयादो हेट्ठा अंतोमुहुत्तमोयरिय कोहवेदयचरिम-समयणवकबंधचरिमसमयसंकामयम्मि जहण्णभावमुवगयत्तादो।

*** सम्मत्तस्स जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो।**

§ २८४. कुदो ? किट्टिसरूवकोहसंजलणजहण्णाणुभागसंकमादो फद्दयगयसम्मत्त-जहण्णाणुभागसंकमस्साणंतगुणब्भहियत्ते विसंवादाणुवलंभादो।

*** पुरिसवेदस्स जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो।**

§ २८५. किं कारणं ? सम्मत्तस्स अणुसमयोवट्टणकालादो पुरिसवेदणवकबंधाणु-समयोवट्टणाकालस्स थोवत्तदंसणादो।

*** सम्मामिच्छत्तस्स जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो।**

---

§ २८१. क्योंकि बादर कृष्टिरूप होनेसे इसने पहले ही अनिवृत्तिरूप परिणामोंके द्वारा जघन्यपना प्राप्त कर लिया है।

* उससे मानसंज्वलनका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है।

§ २८२. क्योंकि जघन्य स्वामित्वको विषय करनेवाले मायासंज्वलन सम्बन्धी अन्तिम नवकबन्धसे तथा यथाक्रम अनन्तगुणरूपसे स्थित हुई मायाकी तीसरी, दूसरी और पहिली संग्रह-कृष्टियोंसे भी मानसंज्वलनके नवकबन्धरूप यह जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा देखा जाता है।

* उससे क्रोधसंज्वलनका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है।

§ २८३. क्योंकि मानसंज्वलनका जघन्य अनुभागसंक्रम जहाँ प्राप्त होता है उस स्थानसे पीछे अन्तर्मुहूर्त जा कर क्रोधवेदकके अन्तिम समयमें हुए नवकबन्धका अन्तिम समयमें संक्रमण करनेवाले जीवके क्रोधसंज्वलनके अनुभागसंक्रमका जघन्यपना प्राप्त होता है।

* उससे सम्यक्त्वका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है।

§ २८४. क्योंकि कृष्टिरूप क्रोधसंज्वलनके जघन्य अनुभागसंक्रमसे स्पर्धकरूप सम्यक्त्वका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा अधिक होता है इसमें कोई विसंवाद नहीं उपलब्ध होता।

* उससे पुरुषवेदका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है।

§ २८५. क्योंकि सम्यक्त्वके प्रतिसमय होनेवाले अपवर्तनासम्बन्धी कालसे पुरुषवेदके नवकबन्धका प्रतिसमय होनेवाला अपवर्तनासम्बन्धी काल स्तोक देखा जाता है।

* उससे सम्यग्मिथ्यात्वका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है।

§ २८६. कुदो ? देसघादिएयट्ठाणियसरूवादो पुरिसवेदादो सव्वघादिविट्ठाणियसरूवस्सेदस्स तहाभावसिद्धीए णाइयत्तादो ।

❀ अणंताणुबंधिमाणस्स जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो ।

§ २८७. किं कारणं ? सम्मामिच्छत्ताणुभागविण्णासो मिच्छत्तजहण्णफद्दयादो अणंतगुणहीणो होऊण लद्धावट्ठाणो पुणो दंसणमोहक्खवणाए संखेज्जसहस्समेत्ताणुभागखंडयघादसमुवलद्धजहण्णभावो एसो पुण णवकबंधसरूवो वि सम्मामिच्छत्तेण समाणपारंभो होदूण पुणो मिच्छत्तजहण्णफद्दयप्पहुडि उवरि वि अणंतफद्दएसु लद्धविण्णासो अपत्तघादो च तदो अणंतगुणत्तमेदस्स सिद्धं ।

❀ कोधस्स जहण्णाणुभागसंकमो विसेसाहिओ ।

§ २८८. कुदो ? पयडिविसेसादो । केत्तियमेत्तेण ? तप्पाओग्गाणंतफद्दयमेत्तेण ।

❀ मायाए जहण्णाणुभागसंकमो विसेसाहिओ ।

§ २८९. केत्तियमेत्तेण ? अणंतफद्दयमेत्तेण । कुदो ? साभावियादो ।

❀ लोभस्स जहण्णाणुभागसंकमो विसेसाहिओ ।

§ २९०. एत्थ वि विसेसपमाणमणंतरणिद्दिट्ठमेव ।

❀ हस्सस्स जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो ।

---

§ २८६. क्योंकि देशघाति एकस्थानिकरूप पुरुषवेदके जघन्य अनुभागसंक्रमसे सर्वघाति द्विस्थानिकरूप इसका अनन्तगुणत्व न्यायप्राप्त है ।

* उससे अनन्तानुबन्धी मानका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है ।

§ २८७. क्योंकि सम्यग्मिथ्यात्वका अनुभागविन्यास मिथ्यात्वके जघन्य स्पर्धकसे अनन्तगुणा हीन होकर अवस्थित है तथा दर्शनमोहनीयकी क्षपणामें संख्यात हजारप्रमाण अनुभागकाण्डकोंके घातसे जघन्यपनेको प्राप्त हुआ है । परन्तु अनन्तानुबन्धी मानका जघन्य अनुभागविन्यास यद्यपि नवकबन्धरूप है और जहाँसे सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य अनुभागका प्रारम्भ होता है वहींसे इसका प्रारम्भ हुआ है तो भी मिथ्यात्वके जघन्य स्पर्धकसे लेकर उसके ऊपर भी अनन्त स्पर्धकों तक यह पाया जाता है तथा इसका घात भी नहीं हुआ है, इसलिए यह अनन्तगुणा है यह सिद्ध होता है ।

* उससे अनन्तानुबन्धी क्रोधका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है ।

§ २८८. क्योंकि यह प्रकृतिविशेष है । कितना अधिक है ? तत्प्रायोग्य अनन्त स्पर्धकप्रमाण अधिक है ।

* उससे अनन्तानुबन्धी मायाका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है ।

§ २८९. कितना अधिक है ? अनन्त स्पर्धकमात्र अधिक है, क्योंकि ऐसा स्वभाव है ।

* उससे अनन्तानुबन्धी लोभका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है ।

§ २९०. यहाँ पर भी जो विशेषका प्रमाण है उसका निर्देश अनन्तर पूर्व किया ही है ।

* उससे हास्यका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है ।

§ २६१. कुदो ? णवकबंधसरूवादो पुव्विल्लादो चिराणसंतसरूवस्सेदस्स तहाभाव-सिद्धीए विरोहाभावादो।

❀ रदीए जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो।

§ २६२. कुदो ? सव्वत्थ रदिपुरस्सरत्तेणेव हस्सपवुत्तीए दंसणादो।

❀ दुगुंछाए जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो।

§ २६३. अप्पसत्थयरत्तादो।

❀ भयस्स जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो।

§ २६४. दुगुंछिदो देसच्चागमेत्तं कुणदि। भयोदएण पुण पाणच्चागमवि कुणदि त्ति तिव्वाणुभागत्तमेदस्स दट्ठव्वं।

❀ सोगस्स जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो।

§ २६५. कुदो ? छम्मासपज्जंततिव्वदुक्खकारणत्तादो।

❀ अरदीए जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो।

§ २६६. कुदो ? पुरंगमकारणत्तादो।

❀ इत्थिवेदस्स जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो।

§ २६७. कुदो ? अंतोमुहुत्तं हेट्ठा ओयरिदूण पुव्वमेव खविदत्तादो।

❀ णवुंसयवेदस्स जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो।

---

§ २६१. क्योंकि अनन्तानुबन्धी लोभका जघन्य अनुभागसंक्रम नवकबन्धरूप है और इसका प्राचीन सत्तारूप है, इसलिए इसके अनन्तगुणे सिद्ध होनेमें कोई विरोध नहीं आता।

* उससे रतिका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है।

§ २६२. क्योंकि सर्वत्र रतिपूर्वक ही हास्यकी प्रवृत्ति देखी जाती है।

* उससे जुगुप्साका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है।

§ २६३. क्योंकि यह अत्यन्त अप्रशस्त है।

* उससे भयका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है।

§ २६४. क्योंकि जिसे जुगुप्सा हुई है वह मात्र जुगुप्साके स्थानका त्याग करता है। किन्तु भयवश यह प्राणी प्राणोंतकका त्याग कर देता है, अतएव जुगुप्सासे इसका तीव्र अनुभाग जानना चाहिए।

* उससे शोकका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है।

§ २६५. क्योंकि यह छह माह तक तीव्र दुःखका कारण है।

* उससे अरतिका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है।

§ २६६. क्योंकि यह शोकसे भी आगेका कारण है।

* उससे स्त्रीवेदका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है।

§ २६७. क्योंकि अन्तर्मुहूर्त पूर्व ही इसका क्षय हो जाता है।

* उससे नपुंसकवेदका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है।

§ २९८. किं कारणं ? कारिसग्गिसमाणो इत्थिवेदाणुभागो । णवुंसयवेदाणुभागो पुण इट्टावागग्गिसमाणो तेणाणंतगुणो जादो ।

❀ अपच्चक्खाणमाणस्स जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो ।

§ २९९. कुदो ? सुहुमेइंदियहदसमुप्पत्तियकम्मेण लद्धजहण्णाणुभागस्सेदस्स अंतरकरणे कदे खवगपरिणामेहिं घादिदावसेसणवुंसयवेदजहण्णाणुभागसंकमादो अणंतगुणत्तसिद्धीए णाइयत्तादो ।

❀ कोहस्स जहण्णाणुभागसंकमो विसेसाहिओ ।

❀ मायाए जहण्णाणुभागसंकमो विसेसाहिओ ।

❀ लोभस्स जहण्णाणुभागसंकमो विसेसाहिओ ।

§ ३००. एदाणि सुत्ताणि सुगमाणि ।

❀ पच्चक्खाणमाणस्स जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो ।

§ ३०१. कुदो ? सयलसंजमघादित्तण्णहाणुववत्तीदो । देससंजमघादिअपच्चक्खाणलोभजहण्णाणुभागादो अणंतगुणत्ताभावे तत्तो अणंतगुणसयलसंजमघादित्तमेदस्स जुज्जदे, विप्पडिसेहादो ।

❀ कोहस्स जहण्णाणुभागसंकमो विसेसाहिओ ।

---

§ २९८. क्योंकि स्त्रीवेदका अनुभाग कारीषकी अग्निके समान है। परन्तु नपुंसकवेदका अनुभाग अवाकी अग्निके समान है, इसलिए यह अनन्तगुणा है।

* उससे अप्रत्याख्यान मानका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है ।

§ २९९. क्योंकि इसका जघन्य अनुभाग सूक्ष्म एकेन्द्रियसम्बन्धी हतसमुत्पत्तिक कर्मरूपसे प्राप्त होता है और नपुंसकवेदका जघन्य अनुभागसंक्रम अन्तरकरण करनेके बाद घात करनेसे जो शेष बचता है तत्प्रमाण होता है, इसलिए नपुंसकवेदके जघन्य अनुभागसंक्रमसे अप्रत्याख्यानमानका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा सिद्ध होता है यह न्यायप्राप्त है।

* उससे अप्रत्याख्यान क्रोधका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे अप्रत्याख्यान मायाका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे अप्रत्याख्यान लोभका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है ।

§ ३००. ये तीनों सूत्र सुगम हैं ।

* उससे प्रत्याख्यानमानका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है ।

३०१. क्योंकि अन्यथा यह सकलसंयमका घातक नहीं हो सकता। और देशसंयम का घात करनेवाले अप्रत्याख्यान लोभके जघन्य अनुभागसे इसे अनन्तगुणा नहीं माना जाता है तो देश संयमसे अनन्तगुणे सकलसंयमका घात इसके द्वारा नहीं बन सकता, क्योंकि ऐसा मानना निषिद्ध है ।

* उससे प्रत्याख्यान क्रोधका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है ।

ॐ मायाए जहण्णाणुभागसंकमो विसेसाहिओ।

ॐ लोभस्स जहण्णाणुभागसंकमो विसेसाहिओ।

§ ३०२. एदाणि तिण्णि वि सुत्ताणि सुगमाणि।

ॐ मिच्छत्तस्स जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो।

§ ३०३. सयलपदत्थविसयसद्दहणपरिणामपडिबंधित्तेण लद्धमाहप्पस्सेदस्स तहाभावविरोहाभावादो।

§ ३०४. एवमोघेण जहण्णप्पाबहुअं परूविय एत्तो आदेसपरूवणट्ठमुत्तरं सुत्तपबंधमाह—

ॐ णिरयगईए सव्वत्थोवो सम्मत्तस्स जहण्णाणुभागसंकमो।

§ ३०५. कुदो? देसघादिएयट्ठाणियसरूवत्तादो।

ॐ सम्मामिच्छत्तस्स जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो।

§ ३०६. कुदो? सव्वघादिविट्ठाणियसरूवत्तादो।

ॐ अणंताणुबंधिमाणस्स जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो।

§ ३०७. कुदो? सम्मामिच्छत्तुक्कस्साणुभागादो अणंतगुणभावेणावट्ठिदमिच्छत्तजहण्णफद्दयप्पहुडि उवरि वि लद्धाणुभागविण्णासस्सेदस्स तत्तो अणंतगुणत्तसिद्धीए पडिबंधाभावादो।

ॐ कोहस्स जहण्णाणुभागसंकमो विसेसाहिओ।

---

* उससे प्रत्याख्यान मायाका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है।

* उससे प्रत्याख्यान लोभका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है।

§ ३०२ ये तीनों ही सूत्र सुगम हैं।

* उससे मिथ्यात्वका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है।

§ ३०३. क्योंकि सकल पदार्थविषयक श्रद्धानरूप परिणामोंका रोकनेवाला होनेसे महत्त्वको प्राप्त हुए इसके अनन्तगुणे होनेमें कोई विरोध नहीं आता।

§ ३०४. इस प्रकार ओघसे जघन्य अल्पबहुत्वका कथन करके आगे आदेशका कथन करनेके लिए आगेकी सूत्रपरिपाटीका कथन करते हैं—

* नरकगतिमें सम्यक्त्वका जघन्य अनुभागसंक्रम सबसे स्तोक है।

§ ३०५. क्योंकि यह देशघाति एकस्थानिकस्वरूप है।

* उससे सम्यग्मिथ्यात्वका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है।

§ ३०६. क्योंकि यह सर्वघाति द्विस्थानिकस्वरूप है।

* उससे अनन्तानुबन्धी मानका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है।

§ ३०७. क्योंकि सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागसे अनन्तगुणरूपसे अवस्थित मिथ्यात्वके जघन्य स्पर्धकसे लेकर उससे भी ऊपर अवस्थित हुए इस अनुभागके सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य अनुभाग संक्रमसे अनन्तगुणे सिद्ध होनेमे कोई रुकावट नहीं है।

* उससे अनन्तानुबन्धी क्रोधका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है।

⊛ मायाए जहण्णाणुभागसंकमो विसेसाहिओ ।

⊛ लोभस्स जहण्णाणुभागसंकमो विसेसाहिओ ।

§ ३०८. एदाणि सुत्ताणि सुगमाणि ।

⊛ हस्सस्स जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो ।

§ ३०९. सुहुमेइंदियहदसमुप्पत्तियकम्मादो अणंतगुणहीणो पुव्विल्लो णवकबंधाणुभागसंकमो । एसो पुण सुहुमाणुभागादो अणंतगुणो, असण्णिपंचिंदियहदसमुप्पत्तियकम्मेण णेरइएसु लद्धजहण्णभावत्तादो । तदो सिद्धमेदस्स तत्तो अणंतगुणत्तं ।

⊛ रदीए जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो ।

§ ३१०. एत्थ सामित्तभेदाभावे वि पुरंगमकारणत्तेणाणंतगुणत्तमविरुद्धं ।

⊛ पुरिसवेदस्स जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो ।

§ ३११. एत्थ कारणं रदी रमणमेत्तसाहणा पलालग्गिसरिससत्तिविसेसो पुण पुंवेदो तदो सामित्तविसयभेदाभावे वि सिद्धमेदस्साणंतगुणब्भहियत्तं ।

⊛ इत्थिवेदस्स जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो ।

§ ३१२. किं कारणं ? करिसग्गिसरिसतिव्वपरिणामणिबंधणत्तादो ।

---

* उससे अनन्तानुबन्धी मायाका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे अनन्तानुबन्धी लोभका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है ।

§ ३०८. ये सूत्र सुगम हैं ।

* उससे हास्यका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है ।

§ ३०९. अनन्तानुबन्धी लोभका जघन्य अनुभागसंक्रम सूक्ष्म एकेन्द्रियसम्बन्धी हतसमुत्पत्तिककर्मसे अनन्तगुणा हीन नवकबन्ध अनुभागसंक्रमरूप है और यह सूक्ष्म एकेन्द्रियसम्बन्धी अनुभागसे अनन्तगुणा है, क्योंकि यह असंज्ञी पञ्चेन्द्रियसम्बन्धी हतसमुत्पत्तिककर्मके साथ नारकियोंमें जघन्यपनेको प्राप्त हुआ है, इसलिए यह अनन्तानुबन्धी लोभके जघन्य अनुभागसंक्रमसे अनन्तगुणा है यह सिद्ध होता है ।

* उससे रतिका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है ।

§ ३१०. यद्यपि हास्यके जघन्य अनुभागसंक्रम और रतिके जघन्य अनुभागसंक्रमके स्वामीमें भेद है फिर भी उससे आगेका कारण होनेसे इसके अनन्तगुणे होनेमें कोई विरोध नहीं आता ।

* उससे पुरुषवेदका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है ।

§ ३११. यहाँ पर कारण यह है कि रति रमणमात्रको उत्पन्न करनेवाली है । परन्तु पुरुषवेद पलालकी अग्निके समान शक्ति विशेषरूप है, इसलिए इनके स्वामीमें भेद न होने पर भी उससे इसका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है यह सिद्ध होता है ।

* उससे स्त्रीवेदका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है ।

§ ३१२. क्योंकि यह कारीषकी अग्निके समान तीव्र परिणामोंसे उत्पन्न होता है ।

❀ दुगुंछाए जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो ।

§ ३१३. कुदो ? पयडिविसेसेणेव तस्स तहाभावेणावट्ठाणादो ।

❀ भयस्स जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो ।

§ ३१४. सुगममेदं, ओघादो अविसिट्ठकारणत्तादो ।

❀ सोगस्स जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो ।

§ ३१५. एदं पि सुगमं ओघसिद्धकारणत्तादो ।

❀ अरदीए जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो ।

§ ३१६. एदं च सुबोहं, ओघम्मि परूविदकारणत्तादो ।

❀ णवुंसयवेदस्स जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो ।

§ ३१७. किं कारणं ? इट्टगावागग्गिसरिसपरिणामकारणत्तादो ।

❀ अपच्चक्खाणमाणस्स जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो ।

§ ३१८. कुदो ! णोकसायाणुभागादो कसायाणुभागस्स महल्लत्तसिद्धीए णाइयत्तादो ।

❀ कोधस्स जहण्णाणुभागसंकमो विसेसाहिओ ।

❀ मायाए जहण्णाणुभागसंकमो विसेसाहिओ ।

❀ लोभस्स जहण्णाणुभागसंकमो विसेसाहिओ ।

---

* उससे जुगुप्साका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है ।

§ ३१३. क्योंकि प्रकृतिविशेष होनेसे ही वह इस प्रकारसे अवस्थित है ।

* उससे भयका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है ।

§ ३१४. यह सुगम है; क्योंकि ओघप्ररूपणामें जो इसका कारण बतलाया है उसी प्रकारका कारण यहाँ भी प्राप्त होता है ।

* उससे शोकका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है ।

§ ३१५. यह भी सुगम है, क्योंकि ओघप्ररूपणामें इसके कारणकी सिद्धि कर आये हैं ।

* उससे अरतिका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है ।

§ ३१६. यह भी सुबोध है, क्योंकि ओघप्ररूपणामें इसका कारण कह आये हैं ।

* उससे नपुंसकवेदका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है ।

§ ३१७. क्योंकि अवाकी अग्निके समान परिणाम इसका कारण है ।

* उससे अप्रत्याख्यानमानका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है ।

§ ३१८. क्योंकि नोकषायोंके अनुभागसे कषायोंका अनुभाग अधिक है यह न्याय-सिद्ध बात है ।

* उससे अप्रत्याख्यानक्रोधका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे अप्रत्याख्यान मायाका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे अप्रत्याख्यानलोभका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है ।

§ ३१९. एदाणि तिण्णि वि सुत्ताणि सुगमाणि ।

* पच्चक्खाणमाणस्स जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो ।

§ ३२०. कुदो ? सयलसंजमघादित्तण्णहाणुववत्तीए तस्स तब्भावसिद्धीदो ।

* कोहस्स जहण्णाणुभागसंकमो विसेसाहिओ ।

* मायाए जहण्णाणुभागसंकमो विसेसाहिओ ।

* लोभस्स जहण्णाणुभागसंकमो विसेसाहिओ ।

§ ३२१. एदाणि तिण्णि वि सुत्ताणि पयडिविसेसमेत्तकारणावेक्खाणि सुगमाणि ।

* माणसंजलणस्स जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो ।

§ ३२२. कुदो ? जहाक्खादसंजमघादणसत्तिसमण्णिदत्तादो ।

* कोहसंजलणस्स जहण्णाणुभागसंकमो विसेसाहिओ ।

* मायासंजलणस्स जहण्णाणुभागसंकमो विसेसाहिओ ।

* लोभसंजलणस्स जहण्णाणुभागसंकमो विसेसाहिओ ।

§ ३२३. एत्थ सव्वत्थ पयडिविसेसो चेव विसेसाहियत्ते कारणं दट्ठव्वं । विसेसपमाणं च अणंताणि फद्दयाणि त्ति घेत्तव्वं ।

* मिच्छत्तस्स जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो ।

§ ३१९. ये तीनों ही सूत्र सुगम हैं ।

* उससे प्रत्याख्यानमानका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है ।

§ ३२०. क्योंकि अन्यथा यह मान सकलसंयमका घाती नहीं हो सकता, इसलिए यह पूर्वोक्तसे अनन्तगुणा सिद्ध होता है ।

* उससे प्रत्याख्यानक्रोधका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे प्रत्याख्यानमायाका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे प्रत्याख्यान लोभका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है ।

§ ३२१. प्रकृति विशेषमात्र कारणोंकी अपेक्षा रखनेवाले ये तीनों ही सूत्र सुगम हैं ।

* उससे मानसंज्वलनका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है ।

§ ३२२. क्योंकि यह यथाख्यातसंयमका घात करनेवाली शक्तिसे युक्त है ।

* उससे क्रोधसंज्वलनका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे मायासंज्वलनका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे लोभसंज्वलनका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है ।

§ ३२३. यहाँ पर सर्वत्र प्रकृतिविशेष ही विशेष अधिक होनेका कारण जानना चाहिए और विशेषका प्रमाण अनन्त स्पर्धक हैं ऐसा ग्रहण करना चाहिए ।

* उससे मिथ्यात्वका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है ।

३२४. कुदो ? सयलपदत्थविसयसद्दहणलक्खणसम्मत्तसण्णिदजीवगुणघादण्णहाणुववत्तीदो। एवं णिरयोघो सुत्तयारेण परूविदो। एसो चेव पढमपुढवीए वि कायव्वो, विसेसाभावादो। विदियादि जाव सत्तमि त्ति एवं चेव वत्तव्वं। सेसगईसु वि णिरयोघालावो चेव किं चि विसेसाणुविद्धो कायव्वो त्ति जाणावेमाणो सुत्तमुत्तरमाह—

❀ जहा णिरयगईए तहा सेसासु गदीसु।

§ ३२५. अप्पाबहुअं णेदव्वमिदि वक्कज्झाहारमेत्थ कादूण सुत्तत्थस्स समप्पणा कायव्वा। तदो एदम्मि देसामासियसुत्ते णिलीणत्थविवरणं कस्सामो। तं जहा—मणुसतिए ओघभंगो। णवरि मणुसिणीसु पुरिसवेदजहण्णाणुभागसंकमो रदीए उवरि अणंतगुणो कायव्वो, छण्णोकसाएहिं सह चिराणसंतसरूवेण तत्थ जहण्णभावोवलंभादो। तिरिक्खपंचिंदियतिरिक्खतिय-देवा भवणादि जाव सव्वट्ठा त्ति णिरयोघभंगो। पंचिं०तिरि०अपज्ज०—मणुसअपज्ज० उक्कस्सभंगो। संपहि सेसमग्गणाणं देसामासयभावेण एइंदिएसु थोवबहुत्तपदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

❀ एइंदिएसु सव्वत्थोवो सम्मत्तस्स जहण्णाणुभागसंकमो।

§ ३२६. सुगमं।

❀ सम्मामिच्छत्तस्स जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो।

---

§ ३२४. क्योंकि सकल पदार्थविषयक श्रद्धानलक्षण सम्यक्त्व संज्ञावाले जीवगुणका घात अन्यथा बन नहीं सकता। इस प्रकार सूत्रकारने सामान्यसे नारकियोंमें अल्पबहुत्वका कथन किया। इसे ही पहली पृथिवीमें करना चाहिए, क्योंकि ओघप्ररूपणासे इसमें कोई विशेषता नहीं है। दूसरी पृथिवीसे लेकर सातवीं पृथिवी तकके नारकियोंमें इसी प्रकार कथन करना चाहिए। अब शेष गतियोंमें भी कुछ विशेषताको लिए हुए सामान्य नारकियोंके समान आलाप करना चाहिए इस बातका ज्ञान कराते हुए आगेका सूत्र कहते हैं—

* जिस प्रकार नरकगतिमें अल्पबहुत्व कहा है उसी प्रकार शेष गतियोंमें उसका कथन करना चाहिए।

§ ३२५. 'अल्पबहुत्व ले जाना चाहिए' इस वाक्यका अध्याहार यहाँ पर करके सूत्रके अर्थकी समाप्ति करनी चाहिए। इसलिए इस देशामर्षक सूत्रमें गर्भित हुए अर्थका विवरण करते हैं। यथा—मनुष्यत्रिकमें ओघके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि मनुष्यिनियोंमें पुरुषवेदके जघन्य अनुभागसंक्रमको रतिके ऊपर अनन्तगुणा करना चाहिए, क्योंकि वहाँ पर उसका छह नोकषायोंके साथ प्राचीन सत्कर्मरूपसे जघन्यपना पाया जाता है। सामान्य तिर्यञ्च, पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिक, सामान्य देव और भवनवासियोंसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें सामान्य नारकियोंके समान भङ्ग है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें उत्कृष्टके समान भङ्ग है। अब शेष मार्गणाओंके देशामर्षक रूपसे एकेन्द्रियोंमें अल्पबहुत्वका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* एकेन्द्रियोंमें सम्यक्त्वका जघन्य अनुभागसंक्रम सबसे स्तोक है।

§ ३२६. यह सूत्र सुगम है।

* उससे सम्यग्मिथ्यात्वका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है।

§ ३२७. सुगमं ।

❀ हस्सस्स जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो ।

§ ३२८. कुदो ? सव्वघादिविट्ठाणियत्ते समाणे वि संते सम्मामिच्छत्तस्स विसयीकय-दारुअसमाणाणंतिमभागमुल्लंघिय परदो एदस्सावट्ठाणदंसणादो ।

❀ सेसाणं जहा सम्माइट्ठिबंधे तहा कायव्वो ।

§ ३२९. एत्थ सम्माइट्ठिबंधे त्ति णिद्देसेण सम्मत्ताहिमुहसव्वविसुद्धमिच्छाइट्ठिजहण्ण-बंधस्स गहणं कायव्वं, अण्णहा अणंताणुबंधियादीणं सम्माइट्ठिबंधबहिब्भूदाणमप्पाबहुअ-विहाणाणुववत्तीदो । विसोहिपरिणामोवलक्खणमेत्तं चेदं तेण विसुद्धमिच्छाइट्ठिबंधे जारिस-मप्पाबहुअं परूविदं तारिसमेवेत्थ सेसपयडीणं कायव्वं, विसोहिणिबंधणसुहुमेइंदियहदसमु-प्पत्तियकम्मेण लद्धजहण्णभावाणं तब्भावविरोहाभावादो त्ति एसो सुत्तत्थसब्भावो ।

§ ३३० संपहि तदुच्चारणं वत्तइस्सामो । तं जहा—हस्सजहण्णाणुभागसंकमादो उवरि रदीए जहण्णाणुभागसंकमो अणंतगुणो । पुरिसवेदस्स जहण्णाणु० अणंतगुणो । इत्थिवेद० जहण्णाणु० अणंतगुणो । दुगुंछा० जहण्णा० अणंतगुणो । भय० जहण्णाणु० अणंतगुणो । सोग० जह० अणंतगुणो । अरदीए जह० अणंतगुणो । णवुंस० जह० अणंतगुणो ।

---

§ ३२७. यह सूत्र सुगम है ।

* उससे हास्यका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है ।

§ ३२८. क्योंकि सम्यग्मिथ्यात्व और हास्य इन दोनोंका जघन्य अनुभागसंक्रम सर्वघाति द्विस्थानिकरूपसे समान है तो भी सम्यग्मिथ्यात्वके विषयरूप दारुसमान अनन्तवें भागको उल्लंघन कर आगे इसका अवस्थान देखा जाता है ।

* शेष प्रकृतियोंके जघन्य अनुभागसंक्रमका अल्पबहुत्व जिस प्रकार सम्यग्दृष्टि बन्धमें किया है उस प्रकार करना चाहिए ।

§ ३२९. यहाँ पर सूत्रमें 'सम्माइट्ठिबंधे' ऐसा निर्देश करनेसे सम्यक्त्वके अभिमुख हुए सर्वविशुद्ध मिथ्यादृष्टिके जघन्य बन्धका ग्रहण करना चाहिए, अन्यथा सम्यग्दृष्टिके बन्धसे बाहर हुए अनन्तानुबन्धी आदिके अल्पबहुत्वका विधान नहीं बन सकता है। यह कथन मात्र विशुद्ध परिणामोंका उपलक्षणरूप है। इसलिए विशुद्ध मिथ्यादृष्टिके बन्धमें जिस प्रकारका अल्पबहुत्व कहा है उसी प्रकारका ही यहाँ पर शेष प्रकृतियोंका करना चाहिए, क्योंकि विशुद्धिनिमित्तक सूक्ष्म एकेन्द्रिय-सम्बन्धी हतसमुत्पत्तिक कर्मरूपसे जघन्यपनेको प्राप्त हुए उक्त प्रकृतियोंके अनुभागोंका विशुद्ध मिथ्यादृष्टिके बन्धके समान होनेमें कोई विरोध नहीं आता इस प्रकार यह इस सूत्रका अर्थ है ।

§ ३३०. अब उसकी उच्चारणाको बतलाते हैं। यथा—हास्यके जघन्य अनुभाग संक्रमसे रतिका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है। उससे पुरुषवेदका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्त-गुणा है। उससे स्त्रीवेदका जघन्य अनुभाग संक्रम अनन्तगुणा है। उससे जुगुप्साका जघन्य अनु-भाग संक्रम अनन्तगुणा है। उससे भयका जघन्य अनुभाग संक्रम अनन्तगुणा है। उससे शोकका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है। उससे अरतिका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है। उससे नपुंसकवेदका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है। उससे अप्रत्याख्यानमानका जघन्य

अपच्चक्खाणमाण० जह० अणंतगुणो। कोधस्स जह० विसे०। मायाए जह० विसे०। लोभ० जह० विसे०। पच्चक्खाणमाण० जह० अणंतगुणो। कोध० जह० विसे०। मायाए जह० विसे०। लोभ० जह० विसे०। माणसंज० अणंतगुणो। कोध० विसे०। माया० विसे०। लोभ० विसे०। अणंताणु०माण० जहण्णाणु०सं० अणंतगुणो। कोह० विसे०। मायाए० विसेसा०। लोह० विसे०। मिच्छत्तस्स जह० अणंतगुणो त्ति एवमेदीए दिसाए सेसमग्गणासु वि अप्पाबहुअं जाणिय कायव्वं।

एवमप्पाबहुए समत्ते चउवीसमणिओगद्दाराणि समत्ताणि।

※ भुजगारे त्ति तेरस अणिओगद्दाराणि।

§ ३३१. चउवीसमणियोगद्दारेसु परूविय समत्तेसु किमट्ठमेसो भुजगारसण्णिदो अहियारो समागओ? वुच्चदे—जहण्णुक्कस्सभेयभिण्णाणुभागसंकमस्स सगंतोभाविदाजहण्णाणुक्कस्स वियप्पस्स अवत्थाभेयपदुप्पायणट्ठमागओ, तदवत्थाभूदभुजगारादिपदाणमेत्थ समुक्कित्तणादितेरसाणिओगद्दारेहि विसेसिऊण परूवणोवलंभादो।

※ तत्थ अट्ठपदं।

अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है। उससे अप्रत्याख्यानक्रोधका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है। उससे अप्रत्याख्यानमायाका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है। उससे अप्रत्यानलोभका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है। उससे प्रत्याख्यानमानका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है। उससे प्रत्याख्यानक्रोधका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है। उससे प्रत्याख्यानमायाका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है। उससे प्रत्याख्यान लोभका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है। उससे मानसंज्वलनका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है। उससे क्रोधसंज्वलनका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है। उससे मायासंज्वलनका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है। उससे लोभसंज्वलनका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है। उससे अनन्तानुबन्धीमानका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है। उससे अनन्तानुबन्धी क्रोधका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है। उससे अनन्तानुबन्धी मायाका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है। उससे अनन्तानुबन्धी लोभका जघन्य अनुभागसंक्रम विशेष अधिक है। उससे मिथ्यात्वका जघन्य अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा है। इस प्रकार इस दिशासे शेष मार्गणाओंमें भी अल्पबहुत्व जानकर करना चाहिए।

इस प्रकार अल्पबहुत्वके समाप्त होने पर चौदह अनुयोगद्वार समाप्त हुए।

※ भुजगार अधिकारका प्रकरण है। उसमें तेरह अनुयोगद्वार होते हैं।

§ ३३१. चौबीस अनुयोगद्वारोंका कथन समाप्त होने पर यह भुजगार संज्ञावाला अधिकार किसलिए आया है? कहते हैं—जिसके भीतर अजघन्य और अनुत्कृष्ट भेद गर्भित हैं ऐसे जघन्य और उत्कृष्टके भेदसे दो प्रकारके अनुभाग संक्रमके अवस्थाभेदोंका कथन करनेके लिए यह अधिकार आया है, क्योंकि उसके अवस्थारूप भुजगार आदि पदोंका यहाँ पर समुत्कीर्तना आदि तेरह अनुयोगद्वारोंके आश्रयसे पृथक् पृथक् कथन उपलब्ध होता है।

※ इस विषयमें यह अर्थपद है।

§ ३३२. तम्मि भुजगारसंकमे भुजगारादिपदाणं सरूवविसयणिण्णयजणणट्ठमट्ठपदं वण्णइस्सामो त्ति वुत्तं होइ। किं तमट्ठपदमिदि पुच्छासुत्तमाह—

* तं जहा।

§ ३३३. सुगमं।

* जाणि एण्हिं फद्दयाणि संकामेदि अणंतरोसक्काविदे अप्पदर-संकमादो बहुगाणि त्ति एस भुजगारो।

§ ३३४. एदस्स भुजगारसंकमसरूवणिरूवयसुत्तस्स अत्थो वुच्चदे—जाणि अणुभाग-फद्दयाणि एण्हिं वट्टमाणसमए संकामेदि ताणि बहुआणि। कत्तो? अणंतरोसक्काविदे अप्पदरसंकमादो अणंतरविदिक्कंतसमए थोवयरादो संकमपरिणदफद्दयकलावादो त्ति भणिदं होदि। एस भुजगारो एवंलक्खणो भुजगारसंकमो त्ति दट्ठव्वो। थोवयरफद्दयाणि संकामे-माणो जाधे तत्तो बहुवयराणि फद्दयाणि संकामेदि सो तस्स ताधे भुजगारसंकमो त्ति भावत्थो।

* ओसक्काविदे बहुदरादो एण्हिमप्पदराणि संकामेदि त्ति एस अप्पदरो।

§ ३३५. एत्थ ओसक्काविदसद्दो अणंतरवदिक्कंतसमयवाचओ त्ति घेत्तव्वो। अथवा

---

§ ३३२. उस भुजगारसंक्रमके विषयमें भुजगार आदि पदोंका स्वरूपविषयक निर्णयको उत्पन्न करनेके लिए अर्थपदका कथन करते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। वह अर्थपद क्या है ऐसी जिज्ञासाके अभिप्रायसे पृच्छासूत्रको कहते हैं—

* यथा

§ ३३३. यह सूत्र सुगम है।

* जिन स्पर्धकोंको वर्तमान समयमें संक्रमित करता है वे अनन्तरपूर्व समयमें संक्रमको प्राप्त हुए अल्पतर संक्रमसे बहुत हैं यह भुजगारसंक्रम है।

§ ३३४. अब भुजगारसंक्रमके स्वरूपका कथन करनेवाले इस सूत्रका अर्थ कहते हैं—जिन अनुभागस्पर्धकोंका 'एण्हिं' अर्थात् वर्तमान समयमें संक्रमण करता है वे बहुत हैं। किससे बहुत हैं? 'अणंतरोसक्काविदे अप्पदरसंकमादो' अर्थात् अनन्तर व्यतीत हुए पूर्व समयमें संक्रमरूपसे परिणत हुए स्तोकतर स्पर्धककलापसे बहुत हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। 'एस भुजंगारो' अर्थात् इस प्रकारके लक्षणवाला भुजगारसंक्रम है ऐसा जानना चाहिए। स्तोकतर स्पर्धकोंका संक्रम करनेवाला जीव जब उनसे बहुतर स्पर्धकोंका संक्रम करता है तब उसका उस समय भुजगार संक्रम होता है यह इसका भावार्थ है।

* अनन्तर पूर्व समयमें संक्रमको प्राप्त हुए बहुतर स्पर्धकोंसे वर्तमान समयमें अल्पतर स्पर्धकोंको संक्रमित करता है यह अल्पतरसंक्रम है।

§ ३३५. इस सूत्रमें 'ओसक्काविद' शब्द अनन्तर व्यतीत हुए समयका वाची है ऐसा यहाँ

बहुदरादो पुव्विल्लसमयसंकमादो एण्हिमोसक्काविदे इदानीमपकर्षिते न्यूनीकृतेऽल्पतराणि स्पर्धकानि संक्रमयतोत्यल्पतरसंक्रम इति सूत्रार्थसंबंधः । सुगममन्यत् ।

*** ओसक्काविदे एण्हिं च तत्तियाणि संकामेदि त्ति एस अवट्ठिदसंकमो।**

§ ३३६. अनंतरव्यतिक्रान्तसमये वर्तमानसमये च तावतामेव स्पर्धकानां संक्रमोऽवस्थितसंक्रम इति यावत् ।

*** ओसक्काविदे असंकमादो एण्हिं संकामेदि त्ति एस अवत्तव्वसंकमो।**

§ ३३७. ओसक्काविदे अणंतरहेट्ठिमसमये असंकमादो संकमविरहलक्खणादो अवत्था-विसेसादो एण्हिमिदाणिं वट्टमाणसमये संकामेदि त्ति संकमपज्जाएण परिणामेदि त्ति एस एवंलक्खणो अवत्तव्वसंकमो । असंकमादो जो संकमो सो अवत्तव्वसंकमो त्ति भावत्थो ।

*** एदेण अट्ठपदेण सामित्तं ।**

§ ३३८. एदेणाणंतरपरूविदेण अट्ठपदेण णिच्छिदसरूवाणं भुजगारादिपदाणं सामित्तमिदाणिं कस्सामो त्ति पइण्णावक्कमेदं । किमट्ठमेत्थ सामित्तादीणं जोणीभूदा समुक्कित्तणा सुत्तयारेण ण परूविदा ? ण, सुगमत्ताहिप्पाएण तदपरूवणादो ।

ग्रहण करना चाहिए। अथवा पहलेके समयमें किये गये बहुतर संक्रमसे 'एण्हिमोसक्काविदे' अर्थात् वर्तमान समयमें अपकर्षित करने पर अर्थात् कम करने पर अल्पतर स्पर्धकोंको संक्रमित करता है यह अल्पतरसंक्रम है इस प्रकार सूत्रका अर्थके साथ सम्बन्ध है। शेष कथन सुगम है।

*** अनन्तर व्यतीत हुए समयमें और वर्तमान समयमें उतने ही स्पर्धकोंका संक्रम करता है यह अवस्थितसंक्रम है ।**

§ ३३६. अनन्तर व्यतीत हुए समयमे और वर्तमान समयमें उतने ही स्पर्धकोंका संक्रम अवस्थितसंक्रम है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

*** अनन्तर व्यतीत हुए समयमें संक्रम न करके वर्तमान समयमें संक्रम करता है यह अवक्तव्यसंक्रम है ।**

§ ३३७. 'ओसक्काविदे' अर्थात् अनन्तर व्यतीत हुए समयमे असंक्रमसे अर्थात् संक्रम-विरहलक्षण अवस्थाविशेषसे आकर 'एण्हिं' अर्थात् वर्तमान समयमे 'संकामेदि' अर्थात् संक्रम पर्यायसे परिणत कराता है 'एस' अर्थात् इस प्रकारके लक्षणवाला अवक्तव्यसंक्रम है। असंक्रमरूप अवस्थाके बाद जो संक्रम होता है वह अवक्तव्यसंक्रम है यह इस कथनका भावार्थ है।

*** अब इस अर्थपदके अनुसार स्वामित्वका कथन करते हैं ।**

§ ३३८. इस अनन्तर पूर्व कहे गये अर्थपदके अनुसार जिनके स्वरूपका निर्णय कर लिया है ऐसे भुजगार आदि पदोंके स्वामित्वको इस समय बतलाते हैं, इस प्रकार यह प्रतिज्ञावाक्य है।

शंका—यहाँ पर स्वामित्व आदिकी योनिरूप समुत्कीर्तनाका सूत्रकारने कथन क्यों नहीं किया ?

समाधान—नहीं, क्योंकि समुत्कीर्तनाका कथन सुगम है इस अभिप्रायसे सूत्रकारने उसका कथन नहीं किया ।

§ ३३९. एत्थ वक्खाणाइरिएहिं समुक्कित्तणा कायव्वा । तं जहा—समुक्कित्तणाणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेणादेसेण य । ओघो विहत्तिभंगो । णवरि बारसक०–णवणोक० अत्थि अवत्त०संकमो वि । एवं मणुसतिए । आदेसेण सव्वणेरइय०–सव्वतिरिक्ख–मणुअपज्ज०–सव्वदेवा त्ति विहत्तिभंगो । एवं समुक्कित्तणा गया ।

❀ मिच्छत्तस्स भुजगारसंकामगो को होइ ?

§ ३४०. किं मिच्छाइट्ठी सम्माइट्ठी देवो णेरइओ वा इच्चादिविसेसावेक्खमेदं पुच्छासुत्तं ।

❀ मिच्छाइट्ठी अण्णदरो ।

§ ३४१. एत्थ मिच्छाइट्ठिणिद्देसेण सम्माइट्ठिपडिसेहो कओ । अण्णदरणिद्देसो चउगइगयमिच्छाइट्ठिगहणट्ठो ओगाहणादिविसेसपडिसेहट्ठो च । तदो मिच्छाइट्ठी चेव मिच्छत्ताणुभागस्स भुजगारसंकामओ त्ति सिद्धं ।

❀ अप्पदर-अवट्ठिदसंकामओ को होइ ?

---

§ ३३९. अब यहाँ पर व्याख्यानाचार्योंको समुत्कीर्तना करनी चाहिए। यथा—समुत्कीर्तनानुगमसे निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघ प्ररूपणाका भङ्ग अनुभागविभक्तिके समान है। इतनी विशेषता है कि बारह कषाय और नौ नोकषायोंका अवक्तव्यसंक्रम भी है। इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए। आदेशसे सब नारकी, सब तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त और सब देवोंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है।

विशेषार्थ—अनुभागविभक्तिमें सत्कर्मकी अपेक्षा जिस प्रकार ओघ और आदेशसे समुत्कीर्तनाका कथन किया है उसी प्रकार यह सब कथन यहाँ भी बन जाता है। मात्र उपशमश्रेणिमें बारह कषायों और नौ नोकषायोंका उपशम हो जानेके बाद जब तक ऐसा जीव उतरकर पुनः नीचे नहीं आता या मरकर देव नहीं होता तब तक संक्रम नहीं होता। उसके बाद संक्रम होने लगता है, इसलिए यहाँ पर ओघसे इन प्रकृतियोंके अवक्तव्यसंक्रमका निर्देश अलगसे किया है। साथ ही यह संक्रम मनुष्यत्रिकमें बन जानेसे यहाँ पर इसे भी अलगसे बतलाया है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

इस प्रकार समुत्कीर्तना समाप्त हुई।

* मिथ्यात्वका भुजगार संक्रामक कौन होता है ?

§ ३४०. मिथ्यादृष्टि, सम्यग्दृष्टि, देव या नारकी इनमेंसे कौन होता है इत्यादि विशेषकी अपेक्षा रखनेवाला यह सूत्र है।

* अन्यतर मिथ्यादृष्टि होता है।

§ ३४१. यहाँ पर 'मिथ्यादृष्टि' पदके निर्देश द्वारा सम्यग्दृष्टिका निषेध किया है। चारों गतियोंके मिथ्यादृष्टिके ग्रहण करनेके लिए तथा अवगाहना आदि विशेषका निषेध करनेके लिए 'अन्यतर' पदका निर्देश किया है। इसलिए मिथ्यादृष्टि ही मिथ्यात्वके अनुभागका भुजगारसंक्रामक होता है यह सिद्ध हुआ।

* अल्पतर और अवस्थितसंक्रामक कौन होता है ?

§ ३४२. सुगमं ।

* अण्णदरो ।

§ ३४३. एसो अण्णदरणिद्देसो मिच्छाइट्ठि-सम्माइट्ठीणमण्णदरग्गहणट्ठो, तत्थोभयत्थ वि पयदसामित्तस्स विप्पडिसेहाभावादो । तदो मिच्छाइट्ठी सम्माइट्ठी वा मिच्छत्तअप्पदरा-वट्ठिदाणं सामी होइ त्ति सिद्धं ।

* अवत्तव्वसंकामओ णत्थि ।

३४४. कुदो ? मिच्छत्तस्स सव्वकालमसंकमादो संकमसमुप्पत्तीए अणुवलंभादो ।

* एवं सेसाणं कम्माणं सम्मत्त-सम्मामिच्छत्तवज्जाणं ।

§ ३४५. जहा मिच्छत्तस्स भुजगारादिपदाणं सामित्तविहाणं कदमेवं सेसकम्माणं पि कायव्वं, विसेसाभावादो । सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमिह पडिसेहो तत्थ विसेसंतरसंभवपदु-प्पायणफलो । सो च विसेसो भणिस्समाणो । एत्थ वि थोवयरो विसेसो अत्थि त्ति जाणावणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

* णवरि अवत्तव्वगो च अत्थि ।

§ ३४६. बारसक०—णवणोकसायाणमुवसमसेढीए अणंताणुबंधीणं च विसंजोयणा-

---

§ ३४२. यह सूत्र सुगम है ।

* अन्यतर जीव होता है ।

§ ३४३. सूत्रमें यह 'अन्यतर' पदका निर्देश मिथ्यादृष्टि और सम्यग्दृष्टि इनमेंसे अन्यतर जीवके ग्रहणके लिए आया है, क्योंकि उन दोनोंमे ही प्रकृत स्वामित्वका निषेध नहीं है। इसलिए मिथ्यादृष्टि या सम्यग्दृष्टि कोई भी मिथ्यात्वके अल्पतर और अवस्थितसंक्रमोंका स्वामी है यह सिद्ध हुआ ।

* मिथ्यात्वका अवक्तव्यसंक्रामक नहीं है ।

§ ३४४. क्योंकि मिथ्यात्वकी सदाकाल असंक्रमरूप अवस्थासे संक्रमकी उत्पत्ति नहीं उपलब्ध होती ।

* इसी प्रकार सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वको छोड़कर शेष कर्मोंका स्वामित्व जानना चाहिए ।

§ ३४५. जिस प्रकार मिथ्यात्वके भुजगार आदि पदोंके स्वामित्वका कथन किया है उसी प्रकार शेष कर्मोंका भी करना चाहिए, क्योंकि मिथ्यात्वके स्वामित्व कथनसे इन कर्मोंके स्वामित्व कथनमे कोई विशेषता नहीं है। यहाँ पर जो सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका निषेध किया है सो इन दोनों प्रकृतियोंमे विशेष फरक सम्भव है इतना कथन करना इसका फल है। और वह जो फरक है उसे आगे कहेंगे। यहाँ पर स्तोकतर विशेष है इस बातका ज्ञान करानेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* इतनी विशेषता है कि इनका अवक्तव्यसंक्रामक भी होता है ।

§ ३४६. क्योंकि बारह कषाय और नौ नोकषायोंका उपशमश्रेणिमे तथा अनन्तानुबन्धियोंका

पुव्वसंजोगे अवत्तव्वसंकमदंसणादो। तदो बारसक०-णवणोक० अवत्त०संका० को होइ? सव्वोवसामणादो परिवदमाणओ देवो वा पढमसमयसंकामओ। अणंताणु० अवत्तव्व-संकामओ को होइ? विसंजोयणादो संजुत्तो होदूणावलियादिक्कंतो त्ति सामित्तं कायव्वमिदि भावत्थो। एवमेदं परूविय संपहि सम्मत्त-सम्मामिच्छत्तगयसामित्तभेदपदुप्पायणट्ठमुत्तर-सुत्तपबंधो—

✽ सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं भुजगारसंकामओ णत्थि।

§ ३४७. कुदो? तदणुभागस्स वड्ढिविरहेणावट्ठिदत्तादो।

✽ अप्पदर-अवत्तव्वसंकामगो को होइ?

§ ३४८. सुगमं।

✽ सम्माइट्ठी अण्णदरो।

§ ३४९. एत्थ सम्माइट्ठिणिद्देसो मिच्छाइट्ठिपडिसेहफलो, तत्थ पयदसामित्तसंभव-विरोहादो। अण्णदरणिद्देसो ओगाहणादिविसेसणिरायरणफलो। तदो अणादियमिच्छाइट्ठी सादिछव्वीससंतकम्मिओ वा सम्मत्तमुप्पाइय विदियसमए अवत्तव्वसंकामओ होइ। अप्पदर-संकामओ दंसणमोहक्खवओ, अण्णत्थ तदणुवलंभादो।

✽ अवट्ठिदसंकामओ को होइ?

विसंयोजनापूर्वक संयोग होने पर अवक्तव्यसंक्रम देखा जाता है। इसलिए बारह कषाय और नौ नोकषायोंका अवक्तव्यसंक्रामक कौन होता है? जो सर्वोपशामनासे गिरनेवाला अथवा मरकर देव होता है वह प्रथम समयमें संक्रमण करनेवाला जीव इनका अवक्तव्यसंक्रामक होता है। अनन्तानुबन्धीचतुष्कका अवक्तव्यसंक्रामक कौन होता है? विसंयोजनाके बाद संयुक्त होकर जिसका एक आवलि काल गया है वह इनका अवक्तव्यसंक्रामक होता है। "इस प्रकार यहाँ पर स्वामित्व करना चाहिए यह इसका भावार्थ है। इस प्रकार इसका कथन करके अब सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वगत स्वामित्वकी भिन्नता दिखलानेके लिए आगेकी सूत्रपरिपाटी आई है—

✽ सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भुजगारसंक्रामक कोई नहीं होता।

§ ३४७. क्योंकि उनका अनुभाग वृद्धिसे रहित होनेके कारण अवस्थित है।

✽ अल्पतर और अवक्तव्यसंक्रामक कौन होता है?

§ ३४८. यह सूत्र सुगम है।

✽ अन्यतर सम्यग्दृष्टि होता है।

§ ३४९. यहाँ पर सम्यग्दृष्टिपदके निर्देशका फल मिथ्यादृष्टिका निषेध करना है, क्योंकि मिथ्यादृष्टिको प्रकृत विषयका स्वामी होनेमें विरोध आता है। अन्यतर पदके निर्देशका फल अवगाहना आदि विशेषोंका निराकरण करना है। इसलिए अनादि मिथ्यादृष्टि या छब्बीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला सादि मिथ्यादृष्टि जीव सम्यक्त्वको उत्पन्न करके दूसरे समयमें अवक्तव्यसंक्रमका स्वामी होता है। तथा अल्पतरसंक्रामक दर्शनमोहनीयका क्षपक होता है, क्योंकि अन्यत्र अल्पतरपद नहीं पाया जाता।

✽ अवस्थितपदका संक्रामक कौन होता है?

§ ३५०. सुगमं।

❀ अण्णदरो।

§ ३५१. मिच्छाइट्ठी सम्माइट्ठी वा सामिओ त्ति भणिदं होइ। एवमोघेण सामित्तं गदं। मणुसतिए एवं चेव। णवरि बारसक०–णवणोक० अवत्त०संकमो कस्स? अण्णदरस्स सव्वोवसामणादो परिवदमाणयस्स। सेसमग्गणासु विहत्तिभंगो।

एवं सामित्तं समत्तं

❀ एत्तो एयजीवेण कालो।

§ ३५२. एत्तो सामित्तविहासणादो उवरिमेयजीवेण कालो विहासियव्वो, तदणंतर-परूवणाजोगत्तादो त्ति वुत्तं होइ।

❀ मिच्छत्तस्स भुजगारसंकामओ केवचिरं कालादो होदि?

§ ३५३. सुगमं।

❀ जहण्णेण एयसमओ।

---

§ ३५०. यह सूत्र सुगम है।

* अन्यतर जीव होता है।

§ ३५१. मिथ्यादृष्टि या सम्यग्दृष्टि कोई भी जीव स्वामी है यह उक्त सूत्रका तात्पर्य है। इस प्रकार ओघसे स्वामित्व समाप्त हुआ।

मनुष्यत्रिकमें इसी प्रकार जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें बारह कषाय और नौ नोकषायोंके अवक्तव्य संक्रमका स्वामी कौन है? सर्वोपशमनासे गिरनेवाला अन्यतर जीव स्वामी है। शेष मार्गणाओंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है।

विशेषार्थ—ओघप्ररूपणामें बारह कषाय और नौ नोकषायोंके अवक्तव्यपदका संक्रामक जो सर्वोपशामनासे गिरते समय विवक्षित प्रकृतियोंके संक्रमस्थलके आनेके पूर्व मरकर देव हो जाता है वह भी होता है। किन्तु मनुष्यत्रिकमें यह इस प्रकारसे प्राप्त हुआ स्वामित्व सम्भव नहीं है। इतनी ही यहाँ पर ओघ प्ररूपणासे विशेषता जाननी चाहिए, इनमें शेष सब कथन ओघप्ररूपणाके समान है यह स्पष्ट ही है। मनुष्यत्रिकको छोड़कर नरकगति, तिर्यञ्चगति और देवगति तथा उनके अवान्तर भेदोंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग बन जानेसे उसे अनुभागविभक्तिके समान जाननेकी सूचना की है। तथा इसी प्रकार अन्य मार्गणाओंमें भी अनुभागविभक्तिके समान जाननेकी सूचना की है।

इस प्रकार स्वामित्व समाप्त हुआ।

* अब आगे एक जीवकी अपेक्षा कालको कहते हैं।

§ ३५२. 'एत्तो' अर्थात् स्वामित्वका कथन करनेके बाद आगे एक जीवकी अपेक्षा कालका व्याख्यान करना चाहिए, क्योंकि यह उसके अनन्तर कथन करने योग्य है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

* मिथ्यात्वके भुजगारसंक्रामकका कितना काल है?

§ ३५३. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य काल एक समय है।

§ ३५४. कुदो ? हेट्ठिमाणुभागसंकमादो बंधवुड्ढिवसेणेयसमयं भुजगारसंकामओ होदूण विदियसमए अवट्ठिदसंकमेण परिणदम्मि तदुवलंभादो ।

❀ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं ।

§ ३५५. एदमणुभागट्ठाणं बंधमाणो तत्तो अणंतगुणवड्ढीए वड्ढिदो पुणो विदियसमए वि तत्तो अणंतगुणवड्ढीए परिणदो । एवमणंतगुणवड्ढीए ताव बंधपरिणामं गदो जाव अंतोमुहुत्तचरिमसमयो त्ति । एवमंतोमुहुत्तभुजगारबंधसंभवादो भुजगारसंकमुक्कस्सकालो वि अंतोमुहुत्तपमाणो त्ति णत्थि संदेहो, बंधावलियादीदकमेणेव संकमपज्जायपरिणामदंसणादो ।

❀ अप्पयरसंकामओ केवचिरं कालादो होइ ?

§ ३५६. सुगमं ।

❀ जहण्णुक्कस्सेण एयसमओ ।

§ ३५७. तं जहा—अणुभागखंडयघादवसेणेयसमयमप्पयरसंकामओ जादो विदियसमयअवट्ठिदपरिणाममुवगओ, लद्धो जहण्णुक्कस्सेणेयसमयमेत्तो अप्पयरकालो ।

❀ अवट्ठिदसंकामओ केवचिरं कालादो होइ ?

§ ३५८. सुगमं ।

❀ जहण्णेण एयसमओ ।

---

§ ३५४. क्योंकि जो जीव अधस्तन अनुभागसंक्रमसे बन्धकी अनुभागवृद्धि वश एक समय तक भुजगारपदका संक्रामक होकर दूसरे समयमें अवस्थितसंक्रमरूप परिणत हो जाता है उसके मिथ्यात्वके भुजगारसंक्रमका जघन्य काल एक समय उपलब्ध होता है ।

* उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है ।

§ ३५५. विवक्षित अनुभागस्थानका वन्ध करनेवाला जीव उससे अनन्तगुणी वृद्धिरूपसे वृद्धिको प्राप्त होकर पुनः दूसरे समयमें भी अनन्तगुणी वृद्धिरूपसे परिणत हुआ । इस प्रकार अनन्तगुणी वृद्धिरूपसे तव तक वन्धपरिणामको प्राप्त हुआ जव जाकर अन्तर्मुहूर्तका अन्तिम समय प्राप्त होता है । इस प्रकार अन्तर्मुहूर्त काल तक भुजगारवन्ध सम्भव होनेसे भुजगारसंक्रमका भी उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्तप्रमाण है इसमें सन्देह नहीं, क्योंकि वन्धावलिके व्यतीत होनेके बाद ही क्रमसे संक्रमपर्यायरूप परिणाम देखा जाता है ।

* अल्पतर संक्रामकका कितना काल है ?

§ ३५६. यह सूत्र सुगम है ।

* जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है ।

§ ३५७. यथा—कोई जीव अनुभागकाण्डकघात वश एक समयके लिए अल्पतर पदका संक्रामक हुआ और दूसरे समयमें अवस्थित परिणामको प्राप्त हुआ । इस प्रकार मिथ्यात्वके अल्पतरपदका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय प्राप्त हुआ ।

* अवस्थितसंक्रामकका कितना काल है ?

§ ३५८. यह सूत्र सुगम है ।

* जघन्य काल एक समय है ।

§ ३५९. तं जहा—एयसमयं भुजगारबंधेण परिणमिय तदणंतरसमए तत्तियं चेव बंधिय तदियसमए पुणो वि बंधवुड्ढीए परिणदो होदूण बंधावलियवदिक्कमे ताए चेव परिवाडीए संकामओ जादो लद्धो पयदजहण्णकालो।

❀ उक्कस्सेण तेवट्ठिसागरोवमसदं सादिरेयं

§ ३६०. तं जहा—एगो मिच्छाइट्ठी उवसमसम्मत्तं घेत्तूण परिणामपच्चएण मिच्छत्तं गदो। तत्थ मिच्छत्तस्स तप्पाओग्गमणुक्कस्साणुभागं बंधिय अंतोमुहुत्तकालं तिरिक्ख-मणुस्सेसु अवट्ठिदसंकामओ होदूण पुणो पलिदोवमासंखेज्जभागाउएसु भोगभूमिएसु उववण्णो तत्थावट्ठिदसंकमं कुणमाणो अंतोमुहुत्तावसेसे सगाउए वेदगसम्मत्तं पडिवज्जिय देवेसुववण्णो तत्तो पढमच्छावट्ठिमणुपालिय अंतोमुहुत्तावसेसे सम्मामिच्छत्तमवट्ठिदसंकमाविरोहेण मिच्छत्तं वा पडिवण्णो। पुणो वि अंतोमुहुत्तेण वेदगसम्मत्तं पडिवज्जिय विदियच्छावट्ठिमवट्ठिद-संकममणुपालेदूण तदवसाणे पयदाविरोहेण मिच्छत्तं गंतूणेक्कत्तीससागरोवमिएसु उववण्णो तदो णिप्पिडिदो संतो मणुसेसुववण्णो जाव संकिलेसं ण पूरेदि ताव अवट्ठिदसंकमेणेवाव-ट्ठिदो। तदो संकिलेसवसेण भुजगारबंधं काऊण बंधावलियवदिक्कमे तस्स संकामओ जादो लद्धो पयदुक्कस्सकालो दोअंतोमुहुत्तेहिं पलिदोवमासंखेज्जभागेण च अब्भहियतेवट्ठि-सागरोवमसदमेत्तो।

❀ सम्मत्तस्स अप्पयरसंकामओ केवचिरं कालादो होदि ?

---

§ ३५९. यथा—एक समय तक भुजगारबन्धरूप परिणमन करके दूसरे समयमें उतना ही बन्ध करके तीसरे समयमें फिर भी बन्धकी वृद्धिरूपसे परिणत होकर बन्धावलिके बाद उसी परिपाटी-से संक्रामक हो गया। इस प्रकार प्रकृत जघन्य काल प्राप्त हुआ।

* उत्कृष्ट काल साधिक एकसौ त्रेसठ सागर है।

§ ३६०. यथा—एक मिथ्यादृष्टि जीव उपशमसम्यक्त्वको प्राप्त कर परिणामवश मिथ्यात्वको प्राप्त हुआ और वहाँ मिथ्यात्वके तत्प्रायोग्य अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्धकर अन्तर्मुहूर्तकाल तक तिर्यञ्चों और मनुष्योंमें अवस्थितपदका संक्रामक होकर फिर पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण आयुवाले भोगभूमिजोंमें उत्पन्न हुआ। तथा वहाँ अवस्थितपदका संक्रम करता हुआ अपनी आयुमें अन्तर्मुहूर्त काल शेष रहनेपर तथा वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त होकर देवोंमें उत्पन्न हुआ। अनन्तर प्रथम छ्यासठ सागर कालतक उसका पालन करके अन्तर्मुहूर्त काल शेष रहने पर सम्यग्मिथ्यात्वको या अवस्थित संक्रममें विरोध न आवे इस प्रकार मिथ्यात्वको प्राप्त हुआ। इसके बाद फिर भी अन्तर्मुहूर्तकालमें वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त करके दूसरे छ्याछठ सागर काल तक अवस्थितसंक्रमका पालनकर उसके अन्तमें प्रकृत स्वामित्वके अविरोधरूपसे मिथ्यात्वको प्राप्तकर इकतीस सागरकी आयुवाले जीवोंमें उत्पन्न हुआ। अनन्तर वहाँसे निकलकर मनुष्योंमें उत्पन्न हुआ तथा जब तक संक्लेशको नहीं प्राप्त हुआ तब तक अवस्थित संक्रमरूपसे अवस्थित रहा। अनन्तर संक्लेशवश भुजगारबन्ध करके बन्धावलिके व्यतीत होनेपर उसका संक्रामक हो गया। इस प्रकार दो अन्तर्मुहूर्त और पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक एकसौ त्रेसठ सागरप्रमाण प्रकृत उत्कृष्ट काल प्राप्त हुआ।

* सम्यक्त्वके अल्पतरसंक्रामकका कितना काल है ?

§ ३६१. सुगमं।

ॐ जहण्णेण एयसमओ।

§ ३६२. दंसणमोहक्खवणाए एयमणुभागखंडयं पादिय सेसाणुभागं संकामेमाणस्स पढमसमयम्मि तदुवलंभादो।

उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं।

§ ३६३. कुदो? सम्मत्तस्स अट्ठवस्सट्ठिदिसंतप्पहुडि जाव समयाहियावलियअक्खीण-दंसणमोहणीयो त्ति ताव अणुसमयोवट्टणं कुणमाणो अंतोमुहुत्तमेत्तकालमप्पयरसंकामओ होइ, तत्थ पडिसमयमणंतगुणहाणीए तदणुभागस्स हीयमाणक्कमेण संकंतिदंसणादो।

ॐ अवट्ठिदसंकामओ केवचिरं कालादो होइ?

§ ३६४. सुगमं।

ॐ जहण्णेण अंतोमुहुत्तं।

§ ३६५. दुचरिमाणुभागखंडयं घादिय तदणंतरसमए अप्पयरभावेण परिणदस्स पुणो चरिमाणुभागखंडयुक्कीरणकालो सव्वो चेयावट्ठिदसंकामयस्स जहण्णकालत्तेण गहियव्वो।

ॐ उक्कस्सेण वेछावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि।

§ ३६६. तं जहा—एक्को अणादियमिच्छाइट्ठी पढमसम्मत्तमुप्पाइय विदियसमए

---

§ ३६१. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य काल एक समय है।

§ ३६२. क्योंकि दर्शनमोहनीयकी क्षपणाद्वारा एक अनुभागकाण्डकका पतन करके शेष अनुभागका संक्रमण करनेवाले जीवके प्रथम समयमें जघन्य काल एक समय प्राप्त होता है।

* उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है।

§ ३६३. क्योंकि सम्यक्त्वके आठ वर्षप्रमाण स्थितिसत्कर्मसे लेकर जब तक दर्शनमोहनीयकी क्षपणामें एक समय अधिक एक आवलि काल शेष रहता है तब तक प्रत्येक समयमें अनुभागकी अपवर्तना करनेवाला जीव अन्तर्मुहूर्त काल तक अल्पतरपदका संक्रामक होता है, क्योंकि वहाँ पर प्रत्येक समयमें अनन्तगुणहानिरूपसे सम्यक्त्वके अनुभागका हीयमानक्रमसे संक्रमण देखा जाता है।

* अवस्थितसंक्रामकका कितना काल है?

§ ३६४. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है।

§ ३६५ क्योंकि द्विचरम अनुभागकाण्डकका घात करके तदनन्तर समयमें अल्पतरपदसे परिणत होकर पुनः अन्तिम 'अनुभागकाण्डकका जितना उत्कीरण करनेका काल है यह सभी अवस्थितसंक्रामकका जघन्य काल है ऐसा यहाँ पर ग्रहण करना चाहिए।

* उत्कृष्ट काल साधिक दो छयासठ सागरप्रमाण है।

§ ३६६. यथा—कोई एक अनादि मिथ्यादृष्टि जीव प्रथम सम्यक्त्वको उत्पन्न कर दूसरे

अवत्तव्वसंकामओ होदूण तदियादिसमएसु अवट्ठिदसंकमं कुणमाणो उवसमसम्मत्तद्धाक्खएण मिच्छत्तं गदो । पलिदोवमासंखेज्जभागमेत्तकालमुव्वेल्लणपरिणामेणच्छिदो चरिमुव्वेल्लणफालीए सह उवसमसम्मत्तं पडिवण्णो पुणो वेदयभावेण पढमछावट्ठिमणुपालिय तदवसाणे मिच्छत्तेण पलिदोवमासंखेज्जभागमेत्तकालमवट्ठिदसंकमेणच्छिदो पुव्वं व सम्मत्तपडिलंभेण विदियछावट्ठिमणुपालेयूण तदवसाणे पुणो वि मिच्छत्तं गंतूणुव्वेल्लणाचरिमफालीए अवट्ठिदसंकमस्स पज्जवसाणं करेदि, तेण लद्धो पयदुक्कस्सकालो तीहि पलिदो० असंखे०भागेहि सादिरेयवेछावट्ठिसागरोवममेत्तो ।

❀ अवत्तव्वसंकामओ केवचिरं कालादो होइ ?

§ ३६७. सुगमं ।

❀ जहण्णुक्कस्सेण एयसमओ ।

§ ३६८. असंकमादो संकामयभावमुवगयपढमसमए चेव तदुवलंभणियमादो ।

❀ सम्मामिच्छत्तस्स अप्पयर-अवत्तव्वसंकामओ केवचिरं कालादो होइ ? जहण्णुक्कस्सेण एयसमयं ।

§ ३६९. अवत्तव्वसंकामयस्स एयसमओ सम्मत्तस्सेव परूवेयव्वो । अप्पयरसंकामयस्स वि दंसणमोहक्खवणाए अणुभागखंडयघादाणंतरमेयसमयसंभवो दट्ठव्वो ।

समयमें अवक्तव्यपदका संक्रामक हुआ । पुनः तृतीय आदि समयोंमें अवस्थितसंक्रमको करता हुआ उपशमसम्यक्त्वके कालका क्षय होनेसे मिथ्यात्वमें गया और पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण काल तक उद्वेलनारूप परिणामसे परिणत हुआ । फिर अन्तिम उद्वेलना फालिके साथ उपशम सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ । पुनः वेदकसम्यक्त्वके साथ प्रथम छयासठ सागरप्रमाण कालको बिताकर उसके अन्तमें मिथ्यात्वमें जाकर पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण कालतक अवस्थित संक्रमके साथ रहा । तथा पहलेके समान सम्यक्त्वको प्राप्त करके दूसरे छयासठ सागर काल तक सम्यक्त्वका पालन करके उसके अन्तमें मिथ्यात्वमें जाकर उद्वेलनाकी अन्तिम फालिके पतनतक अवस्थित संक्रमके अन्तको प्राप्त हुआ । इस प्रकार इस विधिसे प्रकृत उत्कृष्ट काल तीन वार पल्यके असंख्यातवें भागोंसे अधिक दो छयासठ सागर कालप्रमाण प्राप्त हुआ ।

❀ अवक्तव्यसंक्रामकका कितना काल है ?

§ ३६७. यह सूत्र सुगम है ।

❀ जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है ।

§ ३६८. क्योंकि संक्रम रहित अवस्थासे संक्रामकभावको प्राप्त हुए जीवके प्रथम समयमें ही अवक्तव्यसंक्रमकी प्राप्तिका नियम है ।

❀ सम्यग्मिथ्यात्वके अल्पतर और अवक्तव्यसंक्रामकका कितना काल है ? जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है ।

§ ३६९. इसके अवक्तव्यसंक्रामकके एक समय कालका कथन सम्यक्त्वके समान ही करना चाहिए । तथा अल्पतर संक्रामकका भी एक समय काल दर्शनमोहनीयकी क्षपणामें अनुभागकाण्डक घातके अनन्तर एक समय तक सम्भव है ऐसा जान लेना चाहिए ।

❀ अवट्ठिदसंकामओ केवचिरं कालादो होइ ?

§ ३७०. सुगमं।

❀ जहण्णेण अंतोमुहुत्तं।

§ ३७१. चरिमाणुभागखंडयुक्कीरणद्धाए तदुवलंभादो।

❀ उक्कस्सेण वेछावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि।

§ ३७२. एदस्स सुत्तस्स अत्थपरूवणा सुगमा, सम्मत्तस्सेव सादिरेयवेछावट्ठिसागरोवममेत्तावट्ठिदुक्कस्सकालसिद्धीए पडिबंधाभावादो।

❀ सेसाणं कम्माणं भुजगारं जहण्णेण एयसमओ।

§ ३७३. सुगमं।

❀ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं।

§ ३७४. अणंतगुणवड्ढिकालस्स तप्पमाणत्तोवएसादो।

❀ अप्पयरसंकामओ केवचिरं कालादो होइ ?

§ ३७५. सुगमं।

❀ जहण्णुक्कस्सेण एयसमओ।

§ ३७६. एदं पि सुगमं। एदेण सामण्णणिद्देसेण पुरिसवेद-चदुसंजलणाणं पि अप्पयर-

---

* अवस्थितसंक्रामकका कितना काल है ?

§ ३७०. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है।

§ ३७१. क्योंकि अन्तिम अनुभागकाण्डकके उत्कीरण कालके भीतर यह काल उपलब्ध होता है।

* उत्कृष्ट काल साधिक दो छयासठ सागरप्रमाण है।

§ ३७२. इस सूत्रकी अर्थप्ररूपणा सुगम है, क्योंकि सम्यक्त्वके समान इसके अवस्थितपदके साधिक दो छयासठ सागरप्रमाण कालकी सिद्धि होनेमें कोई रुकावट नहीं आती।

* शेष कर्मोंके भुजगारसंक्रामकका जघन्य काल एक समय है।

§ ३७३. यह सूत्र सुगम है।

* उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है।

§ ३७४. क्योंकि अनन्तगुणवृद्धिका उत्कृष्ट काल तत्प्रमाण है ऐसा आगमका उपदेश है।

* अल्पतरसंक्रामकका कितना काल है ?

§ ३७५. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है।

§ ३७६. यह सूत्र भी सुगम है। यह सामान्य निर्देश है। इससे पुरुषवेद और चार

संकामयुक्कस्सकालस्स एयसमयत्ताइप्पसंगे तण्णिवारणदुवारेण तत्थ विसेसपरूवणट्ठमुवरिम-सुत्तद्दयमाह—

❀ णवरि पुरिसवेदस्स उक्कस्सेण दोआवलियाओ समऊणाओ।

§ ३७७. कुदो ! पुरिसवेदोदयखवयस्स चरिमसमयसवेदप्पहुडि समयूणदोआवलिय-मेत्तकालं पुरिसवेदाणुभागस्स पडिसमयमणंतगुणहीणकमेण संकमदंसणादो।

❀ चदुण्हं संजलणाणमुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं।

§ ३७८. कुदो ? खवयसेढीए किट्टिवेदयपढमसमयप्पहुडि चदुसंजलणाणुभागस्स अणुसमयोवट्टणाघाददंसणादो।

❀ अवट्ठिदं जहण्णेण एयसमओ।

❀ उक्कस्सेण तेवट्ठिसागरोवमसदं सादिरेयं।

§ ३७९. एदाणि दो वि सुत्ताणि सुगमाणि।

❀ अवत्तव्वं जहण्णुक्कस्सेण एयसमओ।

§ ३८०. सुगमं। एवमोघो समत्तो। आदेसेण मणुसतिए विहत्तिभंगो। णवरि बारसक०—णवणोक० अवत्तव्वमोघं। सेसमग्गणासु[1] विहत्तिभंगो।

संज्वलनोंके भी अल्पतरसंक्रामकका उत्कृष्ट काल एक समय प्राप्त होने पर उसके निवारण द्वारा उस विषयमें विशेष कथन करने के लिए आगेके दो सूत्र कहते हैं—

* इतनी विशेषता है कि पुरुषवेदका उत्कृष्ट काल एक समय कम दो आवलि है।

§ ३७७ क्योंकि पुरुषवेदके उदयसे क्षपकश्रेणिपर चढ़े हुए जीवके सवेदभागके अन्तिम समयसे लेकर एक समय कम दो आवलिप्रमाण काल तक पुरुषवेदके अनुभागका प्रत्येक समयमें अनन्तगुणी हानिरूपसे संक्रम देखा जाता है।

* चार संज्वलनोंका उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है।

§ ३७८ क्योंकि क्षपकश्रेणिमें कृष्टिवेदकके प्रथम समयसे लेकर चार संज्वलनोंके अनुभागका प्रत्येक समयमें अपवर्तनाघात देखा जाता है।

* अवस्थितसंक्रामकका जघन्य काल एक समय है।

* उत्कृष्ट काल साधिक एक सौ त्रेसठ सागर है।

§ ३७९ ये दोनों ही सूत्र सुगम हैं।

* अवक्तव्यसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है।

§ ३८०. यह सूत्र सुगम है। इस प्रकार ओघप्ररूपणा समाप्त हुई। आदेशसे मनुष्यत्रिकमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि बारह कषाय और नौ नोकषायोंके अवक्तव्यसंक्रामकका भङ्ग ओघके समान है। शेष मार्गणाओंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है।

विशेषार्थ—अनुभागविभक्तिमें न तो ओघसे बारह कषाय और नौ नोकषायोंका अवक्तव्य पदकी अपेक्षा कालका निर्देश किया है और न मनुष्यत्रिकमें ही इनके अवक्तव्यपदके

---

१. आ०प्रतौ सेससव्वमग्गणासु इति पाठः।

⊛ एत्तो एयजीवेण अंतरं ।

§ ३८१. सुगममेदमहियारसंभालणसुत्तं ।

⊛ मिच्छत्तस्स भुजगारसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होइ ?

§ ३८२. सुगमं ।

⊛ जहण्णेण एयसमओ ।

§ ३८३. तं जहा—भुजगारसंकामओ एयसमयमवट्ठिदसंकमेणंतरिय पुणो वि बिदियसमए भुजगारसंकामओ जादो ।

⊛ उक्कस्सेण तेवट्ठिसागरोवमसदं सादिरेयं ।

§ ३८४. तं जहा—भुजगारसंकामओ अवट्ठिदभावमुवगमिय तिरिक्ख-मणुस्सेसु अंतोमुहुत्तमंतरकालं गमिऊण तिपलिदोवमिएसुववण्णो सम्माइट्ठिमणुपालिय थोवावसेसे जीविदव्वए त्ति उवसमसम्मत्तं घेत्तूण तदो वेदगसम्मत्तं पडिवज्जिय पढम-बिदियछावट्ठीओ परिभमिय तदवसाणे समयाविरोहेण मिच्छत्तमुवगमिय एक्कत्तीसं सागरोवमिएसु देवेसुववण्णो तत्तो चुदो मणुस्सेसुप्पज्जिय अंतोमुहुत्तेण संकिलेसं पूरिय भुजगारसंकामओ जादो । तत्थ

कालका निर्देश किया है, क्योंकि इनका अभाव होनेके बाद पुनः इनका सत्त्व सम्भव नहीं है, इसलिए यहाँ इनका अन्तरकाल नहीं बन सकता । परन्तु अनुभागसत्कर्मकी दृष्टिसे इनका ओघसे अन्तरकाल बन जाता है । तदनुसार मनुष्यत्रिकमें भी यह सम्भव है ही । यही कारण है कि यहाँ पर मनुष्यत्रिकमें इनके अन्तरकालका काल कहा है । शेष कथन स्पष्ट ही है ।

* आगे एक जीवकी अपेक्षा अन्तरको कहते हैं ।

§ ३८१. अधिकारकी सम्हाल करनेवाला यह सूत्र सुगम है ।

* मिथ्यात्वके भुजगारसंक्रामकका अन्तरकाल कितना है ?

§ ३८२. यह सूत्र सुगम है ।

* जघन्य अन्तर एक समय है ।

§ ३८३. यथा—भुजगारपदका संक्रम करनेवाला जीव अवस्थितपद द्वारा उसका एक समयके लिए अन्तर करके फिर भी दूसरे समयमें भुजगारपदका संक्रामक हो गया । इस प्रकार मिथ्यात्वके भुजगारसंक्रामकका जघन्य अन्तर एक समय उपलब्ध होता है ।

* उत्कृष्ट अन्तर साधिक एक सौ त्रेसठ सागर है ।

§ ३८४. यथा—भुजगारपदका संक्रमण करनेवाला जीव अवस्थितपदको प्राप्त कर तथा तिर्यञ्चों और मनुष्योंमें अन्तर्मुहूर्तकाल गमाकर तीन पल्यकी आयुवालोंमें उत्पन्न हुआ और अपनी स्थितिका पालनकर जीवनमें थोड़ा काल शेष रहनेपर उपशमसम्यक्त्वको प्राप्तकर अनन्तर वेदकसम्यक्त्वको प्राप्तकर तथा पहले और दूसरे छयासठ सागर कालतक परिभ्रमण कर उसके अन्तमें आगममें जैसी विधि बतलाई है उसके अनुसार मिथ्यात्वको प्राप्तकर इकतीस सागरकी आयुवाले देवोंमें उत्पन्न हुआ । अनन्तर वहाँसे च्युत होकर और मनुष्योंमें उत्पन्न होकर अन्तर्मुहूर्तके द्वारा संक्लेशको पूरे तौरसे प्राप्त करके भुजगारपदका संक्रामक हो गया । इस प्रकार यहाँ पर यह उत्कृष्ट

लद्धमेदमुक्कस्संतरं वेअंतोमुहुत्ताहियतिपलिदोवमेहि सादिरेयतेवट्ठिसागरोवमसदमेत्तं।

❀ अप्पयरसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होइ ?

§ ३८५. सुगमं।

❀ जहण्णेण अंतोमुहुत्तं।

§ ३८६. तं कधं ? दंसणमोहक्खवणाए मिच्छत्तस्स तिचरिमाणुभागखंडयचरिमफालिं पादिय तदणंतरमप्पयरसंकमं कादूणंतरिय पुणो दुचरिमाणुभागखंडयं घादिय अप्पयरभावमुवगयम्मि लद्धमंतरं होइ।

❀ उक्कस्सेण तेवट्ठिसागरोवमसदं सादिरेयं।

§ ३८७. कुदो ? अवट्ठिदसंकमकालस्स पहाणभावेणेत्थ विवक्खियत्तादो।

❀ अवट्ठिदसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होइ ?

§ ३८८. सुगमं।

❀ जहण्णेण एयसमओ।

§ ३८९. भुजगारेणप्पयरेण वा एयसमयमंतरिदस्स तदुवलंभादो।

❀ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं।

अन्तर दो अन्तर्मुहूर्त और तीन पल्य अधिक एकसौ त्रेसठ सागर प्राप्त होता है।

* अल्पतर संक्रामकका अन्तरकाल कितना है ?

§ ३८५. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

§ ३८६. शंका—वह कैसे ?

समाधान—क्योंकि जो दर्शनमोहनीयकी क्षपणामें मिथ्यात्वके त्रिचरम अनुभागकाण्डककी अन्तिम फालिका पतनकर तथा उसके बाद अल्पतरसंक्रमको करनेके बाद उसका अन्तर करके पुनः द्विचरमानुभागकाण्डकका घात करके अल्पतरपदको प्राप्त हुआ है उसके मिथ्यात्वके अल्पतरपदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त प्राप्त होता है।

* उत्कृष्ट अन्तर साधिक एकसौ त्रेसठ सागर है।

§ ३८७. क्योंकि इसके अन्तररूपसे यहाँ पर अवस्थितसंक्रमका काल प्रधानरूपसे विवक्षित है।

* अवस्थितसंक्रामकका अन्तरकाल कितना है ?

§ ३८८. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य अन्तर एक समय है।

§ ३८९. क्योंकि भुजगार या अल्पतरपदके द्वारा एक समयके लिए अन्तरको प्राप्त हुए अवस्थितपदका उक्त अन्तरकाल उपलब्ध होता है।

* उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

३६०. कुदो ? भुजगारुक्कस्सकालेणंतरिदस्स तदुवलद्धीदो।

❀ सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमप्पयरसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होइ?

§ ३६१. सुगमं।

❀ जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं।

§ ३६२. एत्थ जहण्णंतरे विवक्खिए सम्मत्तस्स चरिमाणुभागखंडयकालो घेत्तव्वो। सम्मामिच्छत्तस्स तिचरिमाणुभागखंडयपदणाणंतरमप्पदरं कादूणंतरिय दुचरिमाणुभागखंडए पादिदे लद्धमंतरं कायव्वं। दोण्हमुक्कस्संतरे इच्छिज्जमाणे पढमाणुभागखंडयघादाणंतरमप्पयरं कादूणंतरिय विदियाणुभागखंडए णिट्ठिदे लद्धमंतरं कायव्वं।

❀ अवट्ठिदसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होइ ?

§ ३६३. सुगमं।

❀ जहण्णेण एयसमओ।

§ ३६४. अप्पयरसंकमेणेयसमयमंतरिदस्स तदुवलद्धीदो।

❀ उक्कस्सेण उवड्ढपोग्गलपरियट्टं।

§ ३६५. पढमसम्मत्तमुप्पाइय मिच्छत्तं गंतूण सव्वलहुं उव्वेल्लणचरिमफालिं पादिय

---

§ ३६०. क्योंकि भुजगारपदके उत्कृष्ट कालके द्वारा अन्तरको प्राप्त हुए अवस्थितपदका उक्त अन्तरकाल उपलब्ध होता है।

* सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके अल्पतरसंक्रामकका अन्तरकाल कितना है ?

§ ३६१. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

§ ३६२. यहाँ पर जघन्य अन्तरकालके विवक्षित होनेपर सम्यक्त्वके अन्तिम अनुभागकाण्डकका काल लेना चाहिए। सम्यग्मिथ्यात्वके त्रिचरम अनुभागकाण्डकके पतनके बाद अल्पतर करके तथा उसका अन्तर करके द्विचरम अनुभागकाण्डकके पतन होने पर अन्तर प्राप्त करना चाहिए। तथा दोनों प्रकृतियोंके अल्पतरपदके उत्कृष्ट अन्तरको लानेकी इच्छा होनेपर प्रथम अनुभागकाण्डकका घात करनेके बाद अल्पतरपद तथा उसका अन्तर करके द्वितीय अनुभागकाण्डकके समाप्त होनेपर अन्तर प्राप्त करना चाहिए।

* अवस्थित संक्रामकका अन्तरकाल कितना है ?

§ ३६३. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य अन्तर एक समय है।

§ ३६४. क्योंकि अल्पतरपदके संक्रमद्वारा एक समयके लिए अन्तरको प्राप्त हुए अवस्थितपदका उक्त अन्तरकाल उपलब्ध होता है।

* उत्कृष्ट अन्तर उपार्ध पुद्गल परिवर्तनप्रमाण है।

§ ३६५. क्योंकि प्रथम सम्यक्त्वको उत्पन्न करके और पुनः मिथ्यात्वमें जाकर अति शीघ्र

अंतरिदस्स पुणो उवड्ढपोग्गलपरियट्टावसाणे सम्मत्तुप्पायणतदियसमयम्मि पयदंतरसमाणणोवलंद्धीदो।

*** अवत्तव्वसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होइ ?**

§ ३९६. सुगमं।

*** जहण्णेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो।**

§ ३९७. तं कथं ? पढमसम्मत्तुप्पत्तिविदियसमए अवत्तव्वसंकमं कादूणावट्ठिदसंकमेणंतरिदस्स सव्वलहुमुव्वेल्लणाए णिस्संतीकरणाणंतरं पडिवण्णसम्मत्तस्स विदियसमए लद्धमंतरं होइ।

*** उक्कस्सेण उवड्ढपोग्गलपरियट्टं।**

§ ३९८. तं जहा—पढमसम्मत्तुप्पायणविदियसमए अवत्तव्वं कादूणंतरिय उवड्ढपोग्गलपरियट्टावसाणे गहिदसम्मत्तस्स विदियसमए लद्धमंतरं होइ।

*** सेसाणं कम्माणं मिच्छत्तभंगो।**

§ ३९९. एत्थ सेसग्गहणेण चरित्तमोहपयडीणं सव्वासिं संगहो कायव्वो। तेसिं मिच्छत्तभंगेण भुजगार-अप्पयरावट्ठिदसंकामयाणं जहण्णुक्कस्संतरपरूवणा कायव्वा, विसेसा-

---

उद्वेलनाकी अन्तिम फालिका पतन करके अन्तरको प्राप्त हुए अवस्थितपदके पुनः उपार्धपुद्गल परिवर्तनके अन्तमें सम्यक्त्वको उत्पन्न कर उसके तीसरे समयमें प्रकृत अन्तरकालकी समाप्ति देखी जाती है।

* अवक्तव्यसंक्रामकका अन्तरकाल कितना है ?

३९६. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य अन्तर पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है।

§ ३९७. शंका—वह कैसे ?

समाधान—प्रथम सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके दूसरे समयमें अवक्तव्यसंक्रमको करके तथा अवस्थित संक्रमके द्वारा जो अन्तरको प्राप्त हुआ है और अतिशीघ्र उद्वेलनाके द्वारा सम्यक्त्वप्रकृतिका अभाव करनेके बाद सम्यक्त्वको प्राप्त हुए उस जीवके दूसरे समयमें पुनः अवक्तव्यसंक्रम करने पर उसका उक्त अन्तरकाल प्राप्त होता है।

* उत्कृष्ट अन्तर उपार्ध पुद्गल परिवर्तनप्रमाण है।

§ ३९८. यथा—प्रथम सम्यक्त्वको उत्पन्न करनेके दूसरे समयमें अवक्तव्यसंक्रमको करनेके बाद उसका अन्तर करके उपार्ध पुद्गल परिवर्तनप्रमाण कालके अन्तमें सम्यक्त्वको ग्रहण करनेके दूसरे समयमें पुनः अवक्तव्यसंक्रम करने पर उक्तप्रमाण उत्कृष्ट अन्तरकाल प्राप्त होता है।।

* शेष कर्मोंका भङ्ग मिथ्यात्वके समान है।

§ ३९९. यहाँ पर सूत्रमें शेष पदके ग्रहण करनेसे चारित्रमोहनीयसम्बन्धी सब प्रकृतियोंका संग्रह करना चाहिए। तात्पर्य यह है कि उनके मिथ्यात्वके भङ्गके समान भुजगार, अल्पतर और

भावादो। णवरि सव्वेसिमवत्तव्वसंकामयंतरसंभवगओ विसेसो अत्थि त्ति तदंतरपमाण-विणिण्णयट्ठमुत्तरसुत्तकलावमाह—

❀ णवरि अवत्तव्वसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होइ ?

§ ४०० सुगमं।

❀ जहण्णेण अंतोमुहुत्तं।

§ ४०१. वारसक०—णवणोक० सव्वोवसामणादो परिवदिय अवत्तव्वसंकमं कादूणंतरिय पुणो वि सव्वलहुमुवसमसेढिमारुहिय सव्वोवसामणं काऊण परिवदमाणयस्स पढमसमयम्मि लद्धमंतरं होइ। अणंताणुबंधीणं विसंजोयणापुव्वसंजोगेणादिं कादूण पुणो वि अंतोमुहुत्तेण विसंजोजिय संजुत्तस्स लद्धमंतरं वत्तव्वं।

❀ उक्कस्सेण उवड्ढपोग्गलपरियट्टं।

§ ४०२. पुव्वविहाणेणादिं कादूणद्धपोग्गलपरियट्टं परिभमिय पुणो पडिवण्ण-तब्भावम्मि तदुवलद्धीदो। एवमवत्तव्वसंकामयंतरं गयं। विसेसमेदेसिं परूविय अणंताणुबंधि-गयमण्णं च विसेसजादं परूवेमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

अवस्थितपदका संक्रम करनेवाले जीवोंके जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकालकी प्ररूपणा करनी चाहिए, क्योंकि इस कथनमें परस्पर कोई विशेषता नहीं है। मात्र इन सब प्रकृतियोंके अवक्तव्यपदके संक्रामकोंके अन्तरकालमें कुछ विशेषता है, इसलिये उस अन्तरके प्रमाणका निर्णय करनेके लिए आगेका सूत्रकलाप कहते हैं—

❀ मात्र इतनी विशेषता है कि इनके अवक्तव्यपदके संक्रामकोंका अन्तरकाल कितना है ?

§ ४००. यह सूत्र सुगम है।

❀ जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

§ ४०१. क्योंकि जो जीव बारह कषाय और नौ नोकषायोंका सर्वोपशमनासे गिरते हुए अवक्तव्यसंक्रम करके तथा उसका अन्तर करके फिर भी अतिशीघ्र उपशमश्रेणि पर आरोहण करके और सर्वोपशमना करके गिरते हुए अपने अपने संक्रमके प्रथम समयमें अवक्तव्यपद करता है उसके इसके अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त प्राप्त होता है। तथा अनन्तानुबन्धियोंकी विसंयोजना पूर्वक होनेवाले संयोगद्वारा अवक्तव्यपदके अन्तरका प्रारम्भ कराके फिर भी अन्तर्मुहूर्तमें विसंयोजनापूर्वक संयोजना करनेवालेके प्राप्त हुए अन्तरका कथन करना चाहिए।

❀ उत्कृष्ट अन्तर उपार्ध पुद्गल परिवर्तनप्रमाण है।

§ ४०२. क्योंकि पूर्व विधिसे इनके अवक्तव्यपद पूर्वक अन्तरका प्रारम्भ करके और उपार्ध पुद्गल परिवर्तनकाल तक परिभ्रमण करके पुनः अवक्तव्यपदके प्राप्त होने पर उत्कृष्ट अन्तर उक्त प्रमाण प्राप्त होता है। इस प्रकार अवक्तव्यपदके संक्रामकोंके अन्तरका कथन किया। इस प्रकार बारह कषाय और नौ नोकषायसम्बन्धी विशेषताका कथन करके अब अनन्तानु-बन्धीसम्बन्धी अन्य विशेषताका कथन करते हुए आगेका सूत्र कहते हैं—

※ अणंताणुबंधीणमवट्ठिदसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होइ ?

§ ४०३. सुगमं ।

※ जहण्णेण एयसमओ ।

§ ४०४. एदं पि सुगमं ।

※ उक्कस्सेण वेछावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि ।

§ ४०५. सुगमं । एवमोघो समत्तो । आदेसेण सव्वगइमग्गणावयवेसु विहत्तिभंगो । णवरि मणुसतिए बारसक०—णवणोक० अवत्त० जह० अंतोमु०, उक० पुव्वकोडिपुधत्तं ।

※ णाणाजीवेहि भंगविचओ ।

§ ४०६. सुगमं ।

※ मिच्छत्तस्स सव्वे जीवा भुजगारसंकामया च अप्पयरसंकामया च अवट्ठिदसंकामया च ।

§ ४०७. मिच्छत्तभुजगारादिपदाणं तिण्हमेदेसिं संकामया णाणाजीवा णियमा अत्थि त्ति सुत्तत्थसंबंधो । कुदो पुण सव्वद्धमेदेसिमत्थित्तणियमो ? अणंतजीवरासिविसयत्तेण पडिवोच्छेदाभावादो ।

※ अनन्तानुबन्धियोंके अवस्थितसंक्रामकका अन्तरकाल कितना है ?

§ ४०३. यह सूत्र सुगम है ।

※ जघन्य अन्तर एक समय है ।

§ ४०४. यह सूत्र भी सुगम है ।

※ उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छ्यासठ सागरप्रमाण है ।

§ ४०५. यह सूत्र सुगम है । इस प्रकार ओघप्ररूपणा समाप्त हुई । आदेशसे सब गति सम्बन्धी अवान्तर भेदोंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि मनुष्यत्रिकमें बारह कषाय और नौ नोकषायोंके अवक्तव्यसंक्रामकका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण है ।

विशेषार्थ—कर्मभूमिके मनुष्यत्रिककी उत्कृष्ट कायस्थिति पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण है । इसलिए इस कालके प्रारम्भमें और अन्तमें दो बार उपशमश्रेणि पर चढ़ाने और उतारनेसे बारह कषाय और नौ नोकषायोंके अवक्तव्यपदका मनुष्यत्रिकमें उत्कृष्ट अन्तर प्राप्त हो जाता है । शेष कथन स्पष्ट ही है ।

※ अब नाना जीवोंकी अपेक्षा भङ्गविचयको कहते हैं ।

§ ४०६. यह सूत्र सुगम है ।

※ मिथ्यात्वके भुजगारसंक्रामक, अल्पतरसंक्रामक और अवस्थितसंक्रामक नाना जीव नियमसे हैं ।

§ ४०७. मिथ्यात्वके भुजगार आदि इन तीनों पदोंके संक्रामक नाना जीव नियमसे हैं ऐसा यहाँ पर सूत्रार्थका सम्बन्ध करना चाहिए ।

⊛ सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं णव भंगा ।

§ ४०८. कुदो ? [illegible] भंगसंभवादो।

⊛ सेसाणं कम्माणं सव्वजीवा भुजगार-अप्पयर-अवट्ठिदसंकामया ।

§ ४०९. कुदो ? [illegible] ।

⊛ सिया एदे च अवत्तव्वसंकामओ च, सिया एदे च अवत्तव्व-संकामया च ।

§ ४१०. कुदो ? [illegible] । एवमोघेण भंगविचओ समत्तो । आदेसेण सव्वमग्गणासु विहत्तिभंगो ।

शंका—[illegible] ?

समाधान—क्योंकि [illegible], इसलिए इसका विरोध नहीं होता।

* सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके नौ भङ्ग हैं।

§ ४०८. क्योंकि इनके [illegible] भजनीय देखे जाते हैं।

विशेषार्थ—[illegible] भङ्ग जानना चाहिए। [illegible] भङ्ग निकालना चाहिए।

* शेष कर्मोंके भुजगारसंक्रामक, अल्पतरसंक्रामक और अवस्थितसंक्रामक नाना जीव नियमसे हैं।

§ ४०९. क्योंकि ये तीनों पद ध्रुव देखे जाते हैं।

* कदाचित् इन तीनों पदोंके संक्रामक नाना जीव हैं और अवक्तव्यपदका संक्रामक एक जीव है। कदाचित् इन तीनों पदोंके संक्रामक नाना जीव हैं और अवक्तव्यपदके संक्रामक नाना जीव हैं।

§ ४१०. क्योंकि पहलेके ध्रुवपदोंके साथ कदाचित् एक और अनेक संख्याविशिष्ट अवक्तव्य संक्रामकोंका अध्रुवरूपसे सद्भाव उपलब्ध होता है। इस प्रकार ओघसे भंगविचयका कथन किया। आदेशसे सब मार्गणाओंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग हैं।

विशेषार्थ—यहाँ पर आदेशसे यद्यपि सब मार्गणाओंमें अनुभागविभक्तिके समान जाननेकी सूचना की है। फिर भी मनुष्यत्रिकमें ओघके समान ही जानना चाहिए। शेष कथन स्पष्ट है।

§ ४११. भागाभाग-परिमाण-खेत्त-फोसणाणं च विहत्तिभंगो कायव्वो। णवरि सव्वत्थ बारसक०–णवणोक० अवत्त० पयडिभुजगारसंकमअवत्तव्वभंगो।

❀ णाणाजीवेहि कालो।

§ ४१२. अहियारसंभालणवयणमेदं सुगमं।

❀ मिच्छत्तस्स सव्वे संकामया सव्वद्धा।

§ ४१३. कुदो ? मिच्छत्तभुजगारादिपदसंकामयाणं तिसु वि कालेसु वोच्छेदाणुवलंभादो।

❀ सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमप्पयरसंकामया केवचिरं कालादो होंति ?

§ ४१४. सुगमं।

❀ जहण्णेण एयसमओ।

§ ४१५. कुदो ? दंसणमोहक्खवयणाणाजीवाणमेयसमयमणुभागखंडयघादणवसेणप्पयरभावेण परिणदाणं पयदजहण्णकालोवलंभादो।

❀ उक्कस्सेण संखेज्जा समया।

---

§ ४११. भागाभाग, परिमाण, क्षेत्र और स्पर्शनका भङ्ग अनुभागविभक्तिके समान करना चाहिए। इतनी विशेषता है कि बारह कषाय और नौ नोकषायोंके अवक्तव्यपदका भङ्ग प्रकृतिभुजगार संक्रमके अवक्तव्यपदके समान जानना चाहिए।

विशेषार्थ—अनुभागविभक्ति अनुयोगद्वारमें इन अधिकारोंका जिसप्रकार कथन किया है, न्यूनाधिकतासे रहित उसी प्रकार यहाँ पर कथन करनेसे इनका अनुगम हो जाता है। मात्र वहाँ पर सत्कर्मकी अपेक्षा विवेचन किया है और यहाँ पर संक्रम पदपूर्वक वह विवेचन करना चाहिए। शेष कथन स्पष्ट ही है।

* अब नाना जीवोंकी अपेक्षा कालको कहते हैं।

§ ४१२. यह वचन अधिकारकी सम्हाल करनेके लिए आया है, जो सुगम है।

* मिथ्यात्वके सब पदोंके संक्रामकोंका काल सर्वदा है।

§ ४१३. क्योंकि मिथ्यात्वके भुजगार आदि पदोंके संक्रामकोंका तीनों ही कालोंमें विच्छेद नहीं पाया जाता।

* सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके अल्पतरसंक्रामकोंका कितना काल है ?

§ ४१४. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य काल एक समय है।

§ ४१५. क्योंकि दर्शनमोहनीयकी क्षपणाके समय अनुभागकाण्डकघातवश एक समयके लिए अल्पतरपदसे परिणत हुए नाना जीवोंके प्रकृत जघन्य काल उपलब्ध होता है।

* उत्कृष्ट काल संख्यात समय है।

§ ४१६. तेसिं चेव संखेज्जवारमणुसंधिदपवाहाणमप्पयरकालस्स तप्पमाणत्तोवलंभादो।

✽ णवरि सम्मत्तस्स उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं ।

§ ४१७. कुदो ? अणुसमयोवट्टणाकालस्स संखेज्जवारमणुसंधिदस्स गहणादो ।

✽ अवट्ठिदसंकामया सव्वद्धा ।

§ ४१८. सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमवट्ठिदसंकामयपवाहस्स सव्वकालमवोच्छिण्ण-सरूवेणावट्ठाणादो ।

✽ अवत्तव्वसंकामया केवचिरं कालादो होंति ?

§ ४१९. सुगमं ।

✽ जहण्णेण एयसमओ ।

§ ४२० संखेज्जाणमसंखेज्जाणं वा णिस्संतकम्मियजीवाणं सम्मत्तुप्पयणाए परिणदाणं विदियसमयम्मि पुव्वावरकोडिविच्छेदेण तदुवलंभादो ।

✽ उक्कस्सेण आवलियाए असंखेज्जदिभागो ।

§ ४२१. तदुवक्कमणवाराणमेत्तियमेत्ताणं णिरंतरसरूवेणोवलंभादो ।

✽ अणंताणुबंधीणं भुजगार-अप्पयर-अवट्ठिदसंकामया सव्वद्धा ।

---

§ ४१६. क्योंकि संख्यातवार प्रवाहक्रमसे अनुसन्धानको प्राप्त हुए उन्हीं जीवोंके अल्पतर पदका काल तत्प्रमाण उपलब्ध होता है ।

✽ इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्वका उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है ।

§ ४१७. क्योंकि संख्यात बार अनुसन्धानको प्राप्त हुए प्रति समयसम्बन्धी अपवर्तनाकालका यहाँ पर ग्रहण किया है ।

✽ अवस्थितसंक्रामकोंका काल सर्वदा है ।

§ ४१८. क्योंकि सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके अवस्थितसंक्रामकोंका प्रवाह सर्वदा विच्छिन्न हुए बिना अवस्थित रहता है ।

✽ अवक्तव्यसंक्रामकोंका कितना काल है ?

§ ४१९. यह सूत्र सुगम है ।

✽ जघन्य काल एक समय है ।

§ ४२०. क्योंकि सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी सत्तासे रहित जो संख्यात या असंख्यात जीव सम्यक्त्वके उत्पन्न करनेसे परिणत हुए हैं उनके दूसरे समयमें अवक्तव्य संक्रामकोंका जघन्य काल एक समय उस अवस्थामें पाया जाता है जब इससे एक समय पूर्व या एक समय बाद अन्य जीव सम्यक्त्वको उत्पन्न कर अवक्तव्यपदवाले न हों ।

✽ उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है ।

§ ४२१. क्योंकि सम्यक्त्वके अन्तर रहित उपक्रमवार इतने ही पाये जाते हैं ।

✽ अनन्तानुबन्धियोंके भुजगार, अल्पतर और अवस्थितपदोंके संक्रामकोंका काल सर्वदा है ।

§ ४२२. कुदो ? तिसु वि कालेसु वोच्छेदेण विणा एदेसिमवट्ठाणादो ।

❀ अवत्तव्वसंकामया केवचिरं कालादो होंति ?

§ ४२३. सुगमं ।

❀ जहण्णेण एयसमओ ।

§ ४२४. विसंजोयणापुव्वसंजोजयाणं केत्तियाणं पि जीवाणमेयसमयमवत्तव्वसंकमं कादूण विदियसमए अवत्थंतरगयाणमेयसमयमेत्तकालोवलंभादो ।

❀ उक्कस्सेण आवलियाए असंखेज्जदिभागो ।

§ ४२५. तदुवक्कमणवाराणमुक्कस्सेणेत्तियमेत्ताणमुवलंभादो ।

❀ एवं सेसाणं कम्माणं । णवरि अवत्तव्वसंकामयाणमुक्कस्सेण संखेज्जा समया ।

§ ४२६. सुगमं । एवमोघो समत्तो । आदेसेण सव्वमग्गणासु विहत्तिभंगो । णवरि मणुसतिए बारसक०–णवणोक० अवत्त० ओघं ।

❀ एत्तो अंतरं ।

---

§ ४२२. क्योंकि तीनों ही कालोंमें विच्छेदके बिना इन पदोंके संक्रामकोंका अवस्थान पाया जाता है ।

* अवक्तव्यसंक्रामकोंका कितना काल है ?

§ ४२३. यह सूत्र सुगम है ।

* जघन्य काल एक समय है ।

§ ४२४. क्योंकि जो नाना जीव विसंयोजनापूर्वक संयोजना करके एक समयके लिए अवक्तव्यपदके संक्रामक होकर दूसरे समयमें दूसरी अवस्थाको प्राप्त हो जाते हैं उनके उक्त पदके संक्रामकोंका जघन्य काल एक समय पाया जाता है ।

* उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है ।

§ ४२५. क्योंकि इनके उपक्रमणवार उत्कृष्टरूपसे इतने ही पाये जाते हैं ।

* इसी प्रकार शेष कर्मोंका काल जानना चाहिए । मात्र इतनी विशेषता है कि इनके अवक्तव्यसंक्रामकोंका उत्कृष्ट काल संख्यात समय है ।

§ ४२६. यह सूत्र सुगम है । इस प्रकार ओघप्ररूपणा समाप्त हुई । आदेशसे सब मार्गणाओंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि मनुष्यत्रिकमें बारह कषाय और नौ नोकषायोंके अवक्तव्यसंक्रामकोंका काल ओघके समान है ।

विशेषार्थ—ओघसे बारह कषाय और नौ नोकषायोंके अवक्तव्यसंक्रामकोंका जो काल कहा है वह गतिमार्गणामें मनुष्यत्रिकमें ही घटित होता है, इसलिए यहाँ पर मनुष्यत्रिकमें यह भङ्ग ओघके समान जाननेकी सूचना की है । शेष कथन स्पष्ट ही है ।

* आगे नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तरको कहते हैं ।

§ ४२७. एत्तो उवरि णाणाजीवविसेसिदमंतरं परूवेमो त्ति पइण्णासुत्तमेदं ।

❀ मिच्छत्तस्स णाणाजीवेहि भुजगार-अप्पयर-अवट्ठिदसंकामयाणं णत्थि अंतरं ।

§ ४२८. कुदो ? सव्वद्धा त्ति कालणिद्देसेण णिरुद्धंतरपसरत्तादो ।

❀ सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमप्पयरसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होइ ?

§ ४२९. सुगममेदं पुच्छासुत्तं ।

❀ जहण्णेण एयसमओ, उक्कस्सेण छम्मासा ।

§ ४३०. कुदो ? दंसणमोहक्खवयाणं जहण्णुक्कस्सविरहकालस्स तप्पमाणत्तोवएसादो ।

❀ अवट्ठिदसंकामयाणं णत्थि अंतरं ।

§ ४३१. कुदो ? सव्वकालमेदेसिं वोच्छेदाभावादो ।

❀ अवत्तव्वसंकामयंतरं जहण्णेण एयसमओ, उक्कस्सेण चउवीसमहोरत्ते सादिरेगे ।

§ ४३२. कुदो ? णिस्संतकम्मियमिच्छाइट्ठीण मुवसमसम्मत्तग्गहणविरहकालस्स जहण्णुक्कस्सेण तप्पमाणत्तोवएसादो ।

---

§ ४२७. इससे आगे नाना जीवोंसे विशेषित करके अन्तरका कथन करते हैं इस प्रकार यह प्रतिज्ञासूत्र है ।

* नाना जीवोंकी अपेक्षा मिथ्यात्वके भुजगार, अल्पतर और अवस्थितपदके संक्रामकोंका अन्तरकाल नहीं है ।

§ ४२८. क्योंकि मिथ्यात्वके इन पदोंके संक्रामक जीव सर्वदा पाये जाते हैं । इस प्रकार कालका निर्देश करनेसे इनके अन्तरका निषेध हो जाता है ।

* सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके अल्पतरसंक्रामकोंका अन्तरकाल कितना है ?

§ ४२९. यह पृच्छासूत्र सुगम है ।

* जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर छह महीना है ।

§ ४३०. क्योंकि दर्शनमोहनीयके क्षपकोंका जघन्य और उत्कृष्ट विरहकाल तत्प्रमाण उपलब्ध होता है ।

* अवस्थितसंक्रामकोंका अन्तरकाल नहीं है ।

§ ४३१. क्योंकि इनका सर्वदा विच्छेद नहीं होता ।

* अवक्तव्यसंक्रामकोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक चौबीस दिन-रात है ।

§ ४३२. क्योंकि इनकी सत्तासे रहित मिथ्यादृष्टियोंके उपशमसम्यक्त्वका विरहकाल जघन्य और उत्कृष्टरूपसे उक्त कालप्रमाण पाया जाता है ।

❀ अणंताणुबंधीणं भुजगार-अप्पयर-अवट्ठिदसंकामयाणं णत्थि अंतरं।

§ ४३३. कुदो ? तव्विसेसियजीवाणमणंतियदंसणादो।

❀ अवत्तव्वसंकामयंतरं जहण्णेण एयसमओ।

❀ उक्कस्सेण चउवीसमहोरत्ते सादिरेये।

§ ४३४. सुगममेदं सुत्तद्दयं। अणंताणुबंधिविसंजोयणाणं च संजुत्ताणं पि पयदंतरसंसिद्धीए बाहाणुवलंभादो।

❀ एवं सेसाणं कम्माणं।

§ ४३५. अणंताणुबंधीणं व बारसकसाय-णवणोकसायाणं पि भुजगारादिपदाणमंतरपरिक्खा कायव्वा त्ति सुगममेदमप्पणासुत्तं। अवत्तव्वसंकामयंतरं गओ दु थोवयरो विसेसो अत्थि त्ति तण्णिण्णयकरणट्ठमिदमाह—

❀ णवरि अवत्तव्वसंकामयाणमंतरमुक्कस्सेण संखेज्जाणि वस्साणि।

§ ४३६. कुदो ? वासपुधत्तमेत्तुक्कस्संतरेण विणा उवसमसेढिविसयाणमवत्तव्वसंकामयाणमेदेसिं संभवाणुवलंभादो। एवमोघो समत्तो। आदेसेण सव्वमग्गणासु विहत्तिभंगो। णवरि मणुसतिए बारसक०—णवणोक० अवत्त०संकामयंतरमोघो त्ति वत्तव्वं।

अनन्तानुबन्धियोंके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित पदोंके संक्रामकोंका अन्तरकाल नहीं है।

§ ४३३. क्योंकि अनन्तानुबन्धियोंके इन पदोंसे युक्त अनन्त जीव देखे जाते हैं।

* अवक्तव्यपदके संक्रामकोंका जघन्य अन्तर एक समय है।

* उत्कृष्ट अन्तर साधिक चौबीस दिन-रात है।

§ ४३४. ये दोनों सूत्र सुगम हैं। तथा अनन्तानुबन्धियोंकी विसंयोजना करके संयुक्त होनेवाले जीवोंके प्रकृत अन्तरकी सिद्धिमें कोई बाधा नहीं आती।

* इसी प्रकार शेष कर्मोंका अन्तरकाल जानना चाहिए।

§ ४३५. अनन्तानुबन्धियोंके समान बारह कषाय और नौ नोकषायोंके भी भुजगार आदि पदोंके अन्तरकालकी परीक्षा करनी चाहिए इस प्रकार यह अर्पणासूत्र सुगम है। मात्र अवक्तव्य-संक्रामकोंके अन्तरमें थोड़ी सी विशेषता है, इसलिए उसके निर्णय करनेके लिए यह सूत्र कहते हैं—

* मात्र इतनी विशेषता है कि इनके अवक्तव्यपदके संक्रामकोंका उत्कृष्ट अन्तर संख्यात वर्षप्रमाण है।

§ ४३६. क्योंकि उपशमश्रेणिका उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्वप्रमाण है और उपशमश्रेणि हुए बिना इन कर्मोंके अवक्तव्यपदके संक्रामकोंका सद्भाव नहीं पाया जाता। इस प्रकार ओघप्ररूपणा समाप्त हुई। आदेशसे सब मार्गणाओंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि मनुष्यत्रिकमें बारह कषाय और नौ नोकषायोंके अवक्तव्यपदके संक्रामकोंका अन्तरकाल ओघके समान है ऐसा कहना चाहिए।

§ ४३७. भावो सव्वत्थ ओदइओ भावो ।

ॐ अप्पाबहुअं ।

§ ४३८. भुजगारादिपदसंकामयाणं पमाणविसयणिण्णयसमुप्पायणट्ठमप्पाबहुअमिदाणिं कस्सामो त्ति अहियारसंभालणापरमिदं सुत्तं ।

ॐ सव्वथोवा मिच्छत्तस्स अप्पयरसंकामया ।

§ ४३९ कुदो ? एयसमयसंचिदत्तादो ।

ॐ भुजगारसंकामया असंखेज्जगुणा ।

§ ४४०. कुदो ? अंतोमुहुत्तमेत्तभुजगारकालब्भंतरसंभवग्गहणादो ।

* अवट्ठिदसंकामया संखेज्जगुणा ।

§ ४४१. कुदो ? भुजगारकालादो अवट्ठिदकालस्स संखेज्जगुणत्तादो ।

* सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं सव्वत्थोवा अप्पयरसंकामया ।

§ ४४२. कुदो ? दंसणमोहक्खवयजीवाणमेव तदप्पयरभावेण परिणदाणमुवलंभादो ।

* अवत्तव्वसंकामया असंखेज्जगुणा ।

§ ४४३. कुदो ? पलिदोवमासंखेज्जभागमेत्तणिस्संतकम्मियजीवाणमेयसमयम्मि सम्मत्तग्गहणसंभवादो ।

---

§ ४३७. भाव सर्वत्र औदयिक भाव है ।

* अब अल्पबहुत्वको कहते हैं ।

§ ४३८. भुजगार आदि पदोंके संक्रामकोंके प्रमाणविषयक निर्णयके उत्पन्न करनेके लिए इस समय अल्पबहुत्वको कहते हैं इस प्रकार यह सूत्र अधिकारकी सम्हाल करता है ।

* मिथ्यात्वके अल्पतरसंक्रामक जीव सबसे स्तोक हैं ।

§ ४३९. क्योंकि इनका संचयकाल एक समय है ।

* उनसे भुजगारसंक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं ।

§ ४४०. क्योंकि अन्तर्मुहूर्तप्रमाण भुजगारके भीतर भुजगारसंक्रामक जितने जीव संभव हैं उनका ग्रहण किया है ।

* उनसे अवस्थितसंक्रामक जीव संख्यातगुणे हैं ।

§ ४४१. क्योंकि भुजगारपदके कालसे अवस्थितपदका काल संख्यातगुणा है ।

* सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके अल्पतरसंक्रामक जीव सबसे स्तोक हैं ।

§ ४४२. क्योंकि जो दर्शनमोहकी क्षपणा करते हैं वे ही अल्पतरभावसे परिणत होते हुए उपलब्ध होते हैं ।

* उनसे अवक्तव्यसंक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं ।

§ ४४३. क्योंकि सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी सत्तासे रहित पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण जीवोंके एक समयमें सम्यक्त्वकी प्राप्ति सम्भव है ।

* अवट्ठिदसंकामया असंखेज्जगुणा ।

§ ४४४. कुदो ? संकमपाओग्गतदुभयसंतकम्मियमिच्छाइट्ठि-सम्माइट्ठीणं सव्वेसिमेव गहणादो ।

* सेसाणं कम्माणं सव्वत्थोवा अवत्तव्वसंकामया ।

§ ४४५. कुदो ? बारसकसाय-णवणोकसायाणमवत्तव्वसंकामयभावेण संखेज्जाणमुवसामय-जीवाणं परिणमणदंसणादो । अणंताणुबंधीणं पि पलिदोवमासंखेज्जभागमेत्तजीवाणं तब्भावेण परिणदाणमुवलंभादो ।

* अप्पयरसंकामया अणंतगुणा ।

§ ४४६. कुदो ? सव्वजीवाणमसंखेज्जभागपमाणत्तादो ।

* भुजगारसंकामया असंखेज्जगुणा ।

§ ४४७. गुणगारपमाणमेत्थ अंतोमुहुत्तमेत्तं संचयकालाणुसारेण साहेयव्वं ।

* अवट्ठिदसंकामया संखेज्जगुणा ।

§ ४४८. कुदो ? भुजगारकालादो अवट्ठिदकालस्स तावदिगुणत्तोवलंभादो ।

एवमोघो समत्तो ।

§ ४४९. आदेसेण मणुसेसु मिच्छ० सव्वत्थोवा अप्पयरसंकामया । भुजगारसंका०

---

* उनसे अवस्थितसंक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं ।

§ ४४४. क्योंकि जिनके संक्रमके योग्य उक्त दोनों कर्मोंकी सत्ता है ऐसे मिथ्यादृष्टि और सम्यग्दृष्टि सभीका यहाँ पर ग्रहण किया है ।

* शेष कर्मोंके अवक्तव्यसंक्रामक जीव सबसे स्तोक हैं ।

§ ४४५. क्योंकि बारह कषाय और नौ नोकषायोंके अवक्तव्यपदके संक्रमभावसे परिणत हुए संख्यात उपशामक जीव देखे जाते हैं । तथा अनन्तानुबन्धियोंके भी अवक्तव्यसंक्रमसे परिणत हुए पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण जीव उपलब्ध होते हैं ।

* उनसे अल्पतरसंक्रामक जीव अनन्तगुणे हैं ।

§ ४४६. क्योंकि ये सब जीवोंके असंख्यातवें भागप्रमाण हैं ।

* उनसे भुजगारसंक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं ।

§ ४४७. यहाँ पर गुणाकारका प्रमाण अन्तर्मुहूर्त सञ्चयकालके अनुसार साध लेना चाहिए ।

* उनसे अवस्थितसंक्रामक जीव संख्यातगुणे हैं ।

§ ४४८. क्योंकि भुजगारपदके कालसे अवस्थितपदका काल संख्यातगुणा पाया जाता है ।

इसप्रकार ओघप्ररूपणा समाप्त हुई ।

§ ४४९. मनुष्योंमें मिथ्यात्वके अल्पतरसंक्रामक जीव सबसे स्तोक हैं । उनसे

असंखेज्जगुणा । सोलसक०—णवणोक० सव्वत्थोवा अवत्त०संका० । अप्प०संका० असंखे०-गुणा । भुज०संका० असंखे०गुणा । अवट्ठि०संका० संखे०गुणा । सम्म०—सम्मामि० विहत्तिभंगो । एवं मणुसपज्ज०—मणुसिणीसु । णवरि संखेज्जगुणं कायव्वं । सेसमग्गणासु विहत्तिभंगो ।

एवमप्पाबहुए समत्ते भुजगारसंकमो त्ति समत्तमणिओगद्दारं ।

* पदणिक्खेवे त्ति तिण्णि अणियोगद्दाराणि ।

§ ४५०. पदणिक्खेवो त्ति जो अहियारो जहण्णुक्कस्सवड्ढि-हाणि-अवट्ठाणपदाणं परूवओ त्ति लद्धपदणिक्खेववएसो तस्सेदाणिमत्थपरूवणं कस्सामो । तत्थ य तिण्णि अणियोगद्दाराणि णादव्वाणि भवंति । काणि ताणि तिण्णि अणियोगद्दाराणि त्ति पुच्छावक्कमुत्तरं—

* तं जहा—

§ ४५१. सुगमं ।

* परूवणा सामित्तमप्पाबहुअं च ।

§ ४५२. एवमेदाणि तिण्णि चेवाणिओगद्दाराणि पदणिक्खेवविसयाणि; अण्णेसिं तत्थासंभवादो । एदेसु ताव परूवणाणुगमं वत्तइस्सामो त्ति सुत्तमाह—

भुजगारसंक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं। उनसे अवस्थितसंक्रामक जीव संख्यातगुणे हैं। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके अवक्तव्यसंक्रामक जीव सबसे स्तोक हैं। उनसे अल्पतरसंक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं। उनसे भुजगारसंक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं। उनसे अवस्थितसंक्रामक जीव संख्यातगुणे हैं। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भङ्ग अनुभागविभक्तिके समान है। इसी प्रकार मनुष्यपर्याप्त और मनुष्यिनियोंमें अल्पबहुत्व है। इतनी विशेषता है कि असंख्यातगुणेके स्थानमें संख्यातगुणा करना चाहिए। शेष मार्गणाओंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है।

इस प्रकार अल्पबहुत्वके समाप्त होनेपर भुजगारसंक्रम अनुयोगद्वार समाप्त हुआ।

* पदनिक्षेपमें तीन अनुयोगद्वार होते हैं।

§ ४५०. जघन्य और उत्कृष्ट वृद्धि, हानि और अवस्थानपदोंका कथन करनेवाला होनेसे पदनिक्षेप इस संज्ञाको धारण करनेवाला पदनिक्षेप नामक जो अधिकार है उसकी इस समय अर्थ-प्ररूपणा करते हैं। उसमें तीन अनुयोगद्वार होते हैं। वे तीन अनुयोगद्वार कौन हैं इस प्रकारकी सूचना करनेवाले आगेके पृच्छावाक्यको कहते हैं—

* यथा।

§ ४५१. यह सूत्र सुगम है।

* प्ररूपणा, स्वामित्व और अल्पबहुत्व।

§ ४५२. इस प्रकार पदनिक्षेपको विषय करनेवाले ये तीन ही अनुयोगद्वार हैं, क्योंकि अन्य अनुयोगद्वार वहाँ पर असम्भव हैं। इनमेंसे सर्व प्रथम प्ररूपणानुगमको बतलाते हैं इस अभिप्रायसे सूत्र कहते हैं—

❀ परूवणाए सव्वेसिं कम्माणमत्थि उक्कस्सिया वड्ढी हाणी अवट्ठाणं।

❀ जहण्णिया वड्ढी हाणी अवट्ठाणं।

§ ४५३. एदाणि दो वि सुत्ताणि सुगमाणि एवं सव्वकम्मविसयत्तेण परूविद-जहण्णुक्कस्सवड्ढि-हाणि-अवट्ठाणाणमविसेसेण सम्मत्त-सम्मामिच्छत्तेसु वि अइप्पसंगे तत्थ वड्ढि-संकमाभावपदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

❀ णवरि सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं वड्ढी णत्थि।

§ ४५४. कुदो ? तदुभयाणुभागस्स वड्ढिविरुद्धसहावत्तादो। तम्हा जहण्णुक्कस्सहाणि-अवट्ठाणाणि चेव सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमत्थि त्ति सिद्धं। एवमोघेण परूवणा समत्ता। आदेसेण सव्वमग्गणासु विहत्तिभंगो। संपहि सामित्तपरूवणट्ठमुत्तरिमो सुत्तपबंधो—

❀ सामित्तं।

§ ४५५. सुगममेदमहियारसंभालणवयणं। तं च सामित्तं दुविहं जहण्णुक्कस्सपदविसय-भेएण। तत्थुक्कस्सपदविसयमेव ताव सामित्तणिद्देसं कुणमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

❀ मिच्छत्तस्स उक्कस्सिया वड्ढी कस्स ?

§ ४५६. सुगममेदं पुच्छासुत्तं।

---

* प्ररूपणाकी अपेक्षा सब कर्मोंकी उत्कृष्ट वृद्धि, उत्कृष्ट हानि और उत्कृष्ट अवस्थान है।

* तथा सब कर्मोंकी जघन्य वृद्धि, जघन्य हानि और जघन्य अवस्थान है।

§ ४५३. ये दोनों सूत्र सुगम हैं। इस प्रकार सब कर्मोंके विषयरूपसे कहे गये जघन्य और उत्कृष्ट वृद्धि, हानि और अवस्थानका सामान्यसे सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके विषयमें भी अतिप्रसङ्ग होने पर वहाँ वृद्धिसंक्रमके अभावका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* मात्र इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी वृद्धि नहीं होती।

§ ४५४. क्योंकि उन दोनोंका अनुभाग वृद्धिके विरुद्ध स्वभाववाला है। इसलिए सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी जघन्य हानि और जघन्य अवस्थान तथा उत्कृष्ट हानि और उत्कृष्ट अवस्थान ही होते हैं यह सिद्ध हुआ। इस प्रकार ओघसे प्ररूपणा समाप्त हुई। आदेशसे सब मार्गणाओंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है। अब स्वामित्वका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* अब स्वामित्वको कहते हैं।

§ ४५५. अधिकारकी सम्भाल करनेवाला यह वचन सुगम है। जघन्य और उत्कृष्टपदोंको विषय करनेरूप भेदसे वह स्वामित्व दो प्रकारका है। उनमें से उत्कृष्ट पदविषयक स्वामित्वका ही सर्व प्रथम निर्देश करते हुए आगेका सूत्र कहते हैं—

* मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ?

§ ४५६. यह पृच्छासूत्र सुगम है।

*** सण्णिपाओग्गजहण्णएण अणुभागसंकमेण अच्छिदो उक्कस्ससंकिलेसं गदो तदो उक्कस्सयमणुभागं पबद्धो तस्स आवलियादीदस्स उक्कस्सिया वड्ढी ।**

§ ४५७. एत्थ सण्णिपाओग्गजहण्णाणुभागसंकमविसेसणमेइंदियादिपाओग्गजहण्णाणुभागसंकमपडिसेहट्ठं । किमट्ठं तप्पडिसेहो कीरदे ? ण, तदवत्थापरिणामस्स उक्कस्साणुभागबंधविरोहित्तादो । उक्कस्ससंकिलेसं गदो त्ति णिद्देसेणाणुक्कस्ससंकिलेसपरिणामपडिसेहो कओ । किंफलो तप्पडिसेहो ? ण, उक्कस्ससंकिलेसेण विणा उक्कस्साणुभागबंधो ण होदि त्ति जाणावणफलत्तादो । एदस्सेव फुडीकरणट्ठमिदं वुत्तं—तदो उक्कस्सयमणुभागं पबद्धो त्ति । तदो उक्कस्ससंकिलेसपरिणामादो उक्कस्साणुभागं पज्जवसाणाणुभागबंधट्ठाणं बंधिदुमाढत्तो त्ति वुत्तं होदि । उक्कस्साणुभागबंधपढमसमए चेव संकमपाओग्गभावो णत्थि, किं तु बंधावलियादीदस्स चेव होइ त्ति पदुप्पायणट्ठमिदमाह—तस्स आवलियादीदस्स उक्कस्सिया वड्ढि त्ति । एत्थ वड्ढिपमाणमसंखेज्जलोगमेत्ताणि छट्ठाणाणि अणंतरहेट्ठिमसमयतप्पाओग्गजहण्णचउट्ठाणाणुभागसंकमं उक्कस्साणुभागबंधम्मि सोहिदे सुद्धसेसम्मि तप्पमाणुवलंभादो । एवमुक्कस्स-

---

* संज्ञियोंके योग्य जघन्य अनुभागसंक्रमके साथ स्थित हुआ जो जीव उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है, उसके एक आवलिके बाद वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है ।

§ ४५७. यहाँ पर सूत्रमें जो संज्ञियोंके योग्य जघन्य अनुभागसंक्रमरूप विशेषण दिया है वह एकेन्द्रियादि जीवोंके योग्य जघन्य अनुभागसंक्रमका निषेध करनेके लिए दिया है ।

शंका—उसका निषेध किसलिए करते हैं ?

समाधान—नहीं, क्योंकि उस प्रकारकी अवस्थासे युक्त परिणाम उत्कृष्ट अनुभागबन्धका विरोधी है ।

सूत्रमें 'उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त हुआ' इस प्रकारके निर्देशद्वारा अनुत्कृष्ट संक्लेशरूप परिणामका निषेध किया ।

शंका—उसके निषेधका क्या फल है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि उत्कृष्ट संक्लेशके बिना उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध नहीं होता है इस बातका ज्ञान कराना उसका फल है ।

पुनः इसी बातके स्पष्ट करनेके लिए 'उससे उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध किया' यह वचन कहा है । 'तदो' अर्थात् उत्कृष्ट संक्लेशरूप परिणामसे उत्कृष्ट अनुभागको अर्थात् अन्तिम अनुभागबन्धस्थानको बाँधनेके लिए प्रारम्भ किया यह उक्त कथनका तात्पर्य है । उत्कृष्ट अनुभागबन्धके प्रथम समयमें ही संक्रमके योग्य कर्म नहीं होता । किन्तु बन्धावलिके व्यतीत होने पर ही वह संक्रमके योग्य होता है इस बातका कथन करनेके लिए 'एक आवलि व्यतीत होने के बाद उसकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है' यह वचन कहा है । यहाँ पर वृद्धिका प्रमाण असंख्यात लोकप्रमाण छह स्थान हैं, क्योंकि अनन्तर अधस्तन समयके तत्प्रायोग्य जघन्य चतुःस्थान अनुभागसंक्रमको उत्कृष्ट अनुभागबन्धमेंसे घटा देने पर शेष बचे हुए अनुभागमें असंख्यात लोकप्रमाण छह स्थान देखे जाते हैं । इस प्रकार

वड्ढीए सामित्तविणिण्णयं कादूण संपहि एत्थ उक्कस्सावट्ठाणस्स वि सामित्तविहाणट्ठमुत्तर-सुत्तावयारो—

❀ तस्स चेव से काले उक्कस्सयमवट्ठाणं।

§ ४५८. जो उक्कस्सवड्ढीए सामित्तेण परिणदो तस्सेव तदणंतरसमए उक्कस्सयमवट्ठाणं दट्ठव्वं। कुदो? तत्थुक्कस्सवड्ढिपमाणेण संकमट्ठाणावट्ठाणदंसणादो। संपहि उक्कस्सहाणि-विसयसामित्तगवेसणट्ठमुत्तरसुत्तं—

❀ उक्कस्सिया हाणी कस्स?

§ ४५९. सुगममेदं पुच्छासुत्तं।

❀ जस्स उक्कस्सयमणुभागसंतकम्मं तेण उक्कस्सयमणुभागखंडय-मागाइदं तम्मि खंडये घादिदे तस्स उक्कस्सिया हाणी।

§ ४६०. जस्स उक्कस्सयमणुभागसंतकम्मं जादं तेण विसोहिपरिणदेण सव्वुक्कस्सय-मणुभागखंडयमागाइदं तदो तम्मि खंडये घादिज्जमाणे घादिदे तत्थुक्कस्सिया हाणी होइ, तत्थाणुभागसंतकम्मस्साणंताणं भागाणमसंखेज्जलोगमेत्तछट्ठाणावच्छिण्णाणमेक्कवारेण हाणि-दंसणादो। संपहि किमेसा उक्कस्सिया हाणी उक्कस्सवड्ढिपमाणा, आहो ऊणा अहिया वा त्ति एवंविहसंदेहणिरायरणमुहेण अप्पाबहुअसाहणट्ठमेत्थ किंचि अत्थपरूवणं कुणमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

उत्कृष्ट वृद्धिके स्वामित्वका निर्णय करके अब यहाँ पर उत्कृष्ट अवस्थानके भी स्वामित्वका विधान करनेके लिए आगेके सूत्रका अवतार हुआ है—

* तथा वही अनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है।

§ ४५८. जो उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है वही अनन्तर समयमे उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी जानना चाहिए, क्योंकि वहाँ पर उत्कृष्ट वृद्धिके प्रमाणसे संक्रमका अवस्थान देखा जाता है। अब उत्कृष्ट हानिविषयक स्वामित्वका विचार करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है?

§ ४५९. यह पृच्छासूत्र सुगम है।

* जिसके उत्कृष्ट अनुभागसत्कर्म है वह जब उत्कृष्ट अनुभागकाण्डकको ग्रहण कर उस काण्डकका घात करता है तब वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है।

§ ४६०. जिसके उत्कृष्ट अनुभागसत्कर्म विद्यमान है, विशुद्धिसे परिणत हुए उसने सबसे उत्कृष्ट अनुभागकाण्डकको ग्रहण किया। अनन्तर जब वह उस काण्डकका घात करते हुए पूरी तरहसे घात कर देता है तब उसके उत्कृष्ट हानि होती है, क्योंकि वहाँ पर अनुभागसत्कर्मके असंख्यात-लोकप्रमाण छह स्थानोंसे युक्त अनन्त भागोंकी हानि देखी जाती है। अब यह उत्कृष्ट हानि क्या उत्कृष्ट वृद्धिके बराबर है अथवा उससे न्यून या अधिक है इस प्रकार इस तरहके सन्देहको दूर करनेके अभिप्रायसे अल्पबहुत्वकी सिद्धि करनेके लिए कुछ अर्थप्ररूपणाको करते हुए आगेकी सूत्र-परिपाटीका कथन करते हैं—

❀ तप्पाओग्गजहण्णाणुभागसंकमादो उक्कस्ससंकिलेसं गंतूण जं बंधदि सो बंधो बहुगो।

§ ४६१. कुदो एदस्स बहुत्तं विवक्खियं? उवरि भणिस्समाणाणुभागखंडयायामादो।

❀ जमणुभागखंडयं गेण्हइ तं विसेसहीणं।

§ ४६२. केत्तियमेत्तेण? तदणंतिमभागमेत्तेण। कुदो? वड्ढिदाणुभागस्स णिरवसेसघादणसत्तीए असंभवादो।

❀ एदमप्पाबहुअस्स साहणं।

§ ४६३. एदमणंतरपरूविदमुक्कस्सबंधवुड्ढीदो उक्कस्साणुभागखंडयविसेसहीणत्तमुवरि भणिस्समाणमप्पाबहुअस्स साहणं, अण्णहा तण्णिण्णयोवायाभावादो त्ति भणिदं होइ।

❀ एवं सोलसकसाय-णवणोकसायाणं।

§ ४६४. जहा मिच्छत्तस्स तिण्हमुक्कस्सपदाणं सामित्तणिण्णयो कओ एवमेदेसिं पि कम्माणं कायव्वो, विसेसाभावादो।

❀ सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमुक्कस्सिया हाणी कस्स?

§ ४६५. सुगमं।

---

* तत्प्रायोग्य जघन्य अनुभागसंक्रमसे उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त करके जिसका बन्ध करता है वह बन्ध बहुत है।

§ ४६१. शंका—किससे इसका बहुत्व विवक्षित है?

समाधान—आगे कहे जानेवाले अनुभागकाण्डकके आयामसे इसका बहुत्व विवक्षित है।

* उससे जिस अनुभागकाण्डकको ग्रहण करता है वह विशेष हीन है।

§ ४६२. कितना हीन है? उसका अनन्तवाँ भाग हीन है, क्योंकि वृद्धिको प्राप्त अनुभागका पूरी तरहसे घात करनेरूप शक्तिका होना असम्भव है।

* यह वक्ष्यमाण अल्पबहुत्वका साधक है।

§ ४६३ यह जो पहले उत्कृष्ट बन्धवृद्धिसे उत्कृष्ट अनुभागकाण्डकविशेषकी हीनता कही है सो वह आगे कहे जानेवाले अल्पबहुत्वका साधक है, अन्यथा उनका निर्णय नहीं हो सकता यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

* इसी प्रकार सोलह कषाय और नौ नोकषायोंकी उत्कृष्ट वृद्धि, उत्कृष्ट हानि और उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी जानना चाहिए।

§ ४६४. जिस प्रकार मिथ्यात्वके तीन उत्कृष्ट पदोंके स्वामीका निर्णय किया उसी प्रकार इन कर्मोंके भी उक्त पदोंके स्वामीका निर्णय करना चाहिए, क्योंकि इनके स्वामित्वके निर्णय करनेमें अन्य कोई विशेषता नहीं है।

* सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है?

§ ४६५. यह सूत्र सुगम है।

*** दंसणमोहणीयक्खवयस्स विदियअणुभागखंडयपढमसमयसंकामयस्स तस्स उक्कस्सिया हाणी ।**

§ ४६६. दंसणमोहक्खवणाए अपुव्वकरणपढमाणुभागखंडयं घादिय विदियाणुभागखंडए वट्टमाणस्स पढमसमए पयदकम्माणमुक्कस्सहाणी होइ, तत्थ सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमणुभागसंतकम्मस्साणंताणं भागाणमेकवारेण हाणी होदूणाणंतिमभागे[1] समवट्ठाणदंसणादो ।

*** तस्स चेव से काले उक्कस्सयमवट्ठाणं ।**

§ ४६७. तस्स चेव उक्कस्सहाणिसामियस्स तदणंतरसमए उक्कस्सयमवट्ठाणं होइ, वड्ढि-हाणीहि विणा तत्तियमेत्ते चेव तदवट्ठाणदंसणादो । एवमोघो समत्तो ।

§ ४६८. आदेसेण मणुसतिए ओघं । एवं णेरइयस्स । णवरि सम्मामि० उक्क० हाणी णत्थि । सम्मत्त० विहत्तिभंगो । एवं पढमपुढवि–तिरिक्ख–पंचिंदियतिरिक्खदुग–देवा सोहम्मादि जाव सहस्सार त्ति । विदियादि जाव सत्तमा त्ति एवं चेव । णवरि सम्मत्त० उक्क० हाणी णत्थि । एवं जोणिणि०–भवण०–वाण०–जोदिसिए त्ति । पंचिं०तिरिक्ख–

---

* जो दर्शनमोहनीयकी क्षपणा करनेवाला जीव द्वितीय अनुभागकाण्डकका प्रथम समयमें संक्रमण कर रहा है वह उनकी उत्कृष्ट हानिका स्वामी है ।

§ ४६६. दर्शनमोहनीयकी क्षपणामें अपूर्वकरण परिणामोंके द्वारा प्रथम अनुभागकाण्डकका घातकर जो दूसरे अनुभागकाण्डकमें विद्यमान है अर्थात् जिसने दूसरे अनुभागकाण्डकके घातका प्रारम्भ किया है वह उसके प्रथम समयमें प्रकृत कर्मोंकी उत्कृष्ट हानिका स्वामी है, क्योंकि वहाँ पर सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके अनुभागसत्कर्मके अनन्त बहुभागोंकी एकबारमें हानि होकर अनन्तवें भागप्रमाण अनुभागमें अवस्थान देखा जाता है ।

* तथा वही जीव अनन्तर समयमें उनके उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है ।

§ ४६७. जो उत्कृष्ट हानिका स्वामी है उसीके अनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थान होता है, क्योंकि वृद्धि और हानिके विना उतनेमें ही सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामकोंका अवस्थान देखा जाता है ।

इस प्रकार ओघ प्ररूपणा समाप्त हुई ।

§ ४६८. आदेशसे मनुष्यत्रिकमें ओघके समान भङ्ग हैं । इसी प्रकार नारकियोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनमें सम्यग्मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट हानि नहीं है । तथा सम्यक्त्वका भङ्ग अनुभागविभक्तिके समान है । इसी प्रकार पहिली पृथिवीके नारकी, सामान्य तिर्यञ्च, पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चद्विक, सामान्य देव और सौधर्म कल्पसे लेकर सहस्रार कल्प तकके देवोंमें जानना चाहिए । दूसरी पृथिवीसे लेकर सातवीं पृथिवी तकके नारकियोंमें इसी प्रकार जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्वकी उत्कृष्ट हानि नहीं है । इसी प्रकार योनिनी तिर्यञ्च, भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंमें जानना चाहिये । पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त, मनुष्य अपर्याप्त और आनतादि

---

१ ता०प्रतौ '–वारेण हो (हा) दूणाणंतिभागे' आ०प्रतौ '–वारेण होइदूणाणंतिमभागे' इति पाठः ।

अपज्ज०–मणुसअपज्ज०–आणदादि सव्वट्ठा त्ति विहत्तिभंगो । एवं जाव० ।

एवमुक्कस्ससामित्तं समत्तं ।

§ ४६९. संपहि जहण्णसामित्तविहासणट्ठमुवरिमो सुत्तसंदब्भो—

❀ मिच्छत्तस्स जहण्णिया वड्ढी कस्स ?

§ ४७० सुगमं ।

❀ सुहुमेइंदियकम्मेण जहण्णएण जो अणंतभागेण वड्ढिदो तस्स जहण्णिया वड्ढी ।

§ ४७१. जो जीवो सुहुमेइंदियकम्मेण जहण्णएण अच्छिदो संतो परिणामपच्चएणाणंतभागेण वड्ढिदो तस्स पयदजहण्णसामित्तं होइ त्ति सुत्तत्थसब्भावो ।

कल्पसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

विशेषार्थ—मनुष्यत्रिकको छोड़कर अन्यत्र दर्शनमोहनीयकी क्षपणाका प्रारम्भ नहीं होता, इसलिए सामान्य नारकी, प्रथम पृथिवीके नारकी, सामान्य तिर्यञ्चत्रिक, सामान्य देव और सौधर्म कल्पसे लेकर सहस्रार कल्प तकके देवोंमें सम्यग्मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट हानिका निषेध किया है । किन्तु इन मार्गणाओंमें कृतकृत्यवेदकसम्यग्दृष्टि उत्पन्न होता है और उसके सम्यक्त्वकी उत्कृष्ट हानि भी देखी जाती है । फिर भी वह ओघके समान सम्भव न होनेसे उसे अनुभागविभक्तिके समान जाननेकी सूचना की है । दूसरी पृथिवीसे लेकर सातवीं पृथिवी तकके नारकी, योनिनी तिर्यञ्च, भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंमें कृतकृत्यवेदक सम्यग्दृष्टि नहीं उत्पन्न होता, इसलिए उनमें सम्यग्मिथ्यात्वके समान सम्यक्त्वके जाननेकी सूचना की है । यहां सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके सिवा अन्य सब प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है यह स्पष्ट ही है । अब रहीं पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त, मनुष्य अपर्याप्त और आनत कल्पसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देव ये मार्गणाएँ सो इनमें अनुभागविभक्तिमें जिस प्रकार स्वामित्वका निर्देश किया है उसी प्रकार यहाँ स्वामित्वके प्राप्त होनेमें कोई बाधा नहीं आती, इसलिए इनमें अनुभागविभक्तिके समान स्वामित्वके जाननेकी सूचना की है । शेष कथन सुगम है ।

इस प्रकार उत्कृष्ट स्वामित्व समाप्त हुआ ।

§ ४६९. अब जघन्य स्वामित्वका व्याख्यान करनेके लिए आगेके सूत्रसंदर्भको प्रकाशमें लाते हैं—

* मिथ्यात्वकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ?

§ ४७०. यह सूत्र सुगम है ।

* जो जीव सूक्ष्म एकेन्द्रियसम्बन्धी जघन्य कर्मके साथ उसमें अनन्तभागवृद्धि करता है वह जघन्य वृद्धिका स्वामी है ।

§ ४७१. जो जीव सूक्ष्म एकेन्द्रियसम्बन्धी जघन्य सत्कर्मके साथ स्थित होता हुआ परिणामवश अनन्तभागवृद्धिको प्राप्त हुआ उसके प्रकृत जघन्य स्वामित्व होता है इस प्रकार सूत्रार्थका सद्भाव है ।

❀ जहण्णिया हाणी कस्स ?

§ ४७२. सुगमं।

❀ जो वड्ढाविदो तम्मि घादिदे तस्स जहण्णिया हाणी।

§ ४७३. सुहुमणिगोदजहण्णाणुभागसंकमादो जो वड्ढाविदो अणुभागो सव्वजीवरासिपडिभागिओ तम्मि चेव विसोहिपरिणामवसेण घादिदे तस्स जहण्णिया हाणी होइ, जहण्णवड्ढिविसईकयाणुभागस्सेव तत्थ हाणिसरूवेण परिणामदंसणादो। ण चाणंतिमभागस्स खंडयघादो णत्थि त्ति पच्चवट्ठेयं, संसारावत्थाए छव्विहाए हाणीए खंडयघादस्स पवुत्तिअब्भुवगमादो। तस्स च णिबंधणमेदं चेव सुत्तमिदि ण किंचि विप्पडिसिद्धं।

❀ एगदरत्थमवट्ठाणं।

§ ४७४. कुदो ? जहण्णवड्ढि-हाणीणमण्णदरस्स से काले अवट्ठाणसिद्धीए पवाहाणुवलंभादो ?

❀ एवमट्ठकसायाणं।

§ ४७५. सुगममेदमप्पणासुत्तं, मिच्छत्तादो सामित्तभेदाभावमेदेसिमवलंबिय पयट्टत्तादो।

---

* जघन्य हानिका स्वामी कौन है ?

§ ४७२. यह सूत्र सुगम है।

* अनन्तवृद्धिरूप जो अनुभाग बढ़ाया गया उसका घात करने पर वह जघन्य हानिका स्वामी है।

§ ४७३. सूक्ष्म निगोदके जघन्य अनुभागसंक्रमसे सब जीव राशिका भाग देकर जो अनुभाग बढ़ाया गया उसका ही विशुद्ध परिणामवश घात करने पर उसके जघन्य हानि होती है, क्योंकि जघन्य वृद्धिके विषयभावको प्राप्त हुए अनुभागका ही वहाँ पर हानिरूपसे परिणमन देखा जाता है। अनन्तवें भागका काण्डकघात नहीं होता ऐसा निश्चय करना ठीक नहीं, क्योंकि संसार अवस्थामें छह प्रकारकी हानिरूपसे काण्डकघातकी प्रवृत्ति स्वीकार की गई है। और इस बातके ज्ञानका कारण यही सूत्र है, इसलिए कुछ भी विप्रतिपत्ति नहीं है।

* तथा इनमेंसे किसी एक स्थान पर अनन्तर समयमें वह जघन्य अवस्थानका स्वामी है।

§ ४७४. क्योंकि जघन्य वृद्धि और जघन्य हानि इनमेंसे किसीका अनन्तर समयमें अवस्थानरूप प्रवाह उपलब्ध होता है।

* इसी प्रकार आठ कषायोंकी जघन्य वृद्धि, जघन्य हानि और जघन्य अवस्थानका स्वामी जानना चाहिए।

§ ४७५. यह अर्पणासूत्र सुगम है, क्योंकि मिथ्यात्वसे इनके स्वामियोंमें भेद नहीं है इस तथ्यका अवलम्बन कर इस सूत्रकी प्रवृत्ति हुई है।

❀ सम्मत्तस्स जहण्णिया हाणी कस्स ?

§ ४७६. सुगममेदं पुच्छासुत्तं ।

❀ दंसणमोहणीयक्खवयस्स समयाहियावलियअक्खीणदंसणमोहणीयस्स तस्स जहण्णिया हाणी ।

§ ४७७. कुदो ? तत्थाणुसमयोवट्टणावसेण सुट्ठु थोवीभूदाणुभागसंतकम्मादो तक्काले थोवयराणुभागसंकमहाणिदंसणादो ।

❀ जहण्णयमवट्ठाणं कस्स ?

§ ४७८. सुगमं ।

❀ तस्स चेव दुचरिमे अणुभागखंडए हदे चरिमअणुभागखंडए वट्टमाणखवयस्स ।

§ ४७९. तस्स चेव दंसणमोहक्खवयस्स दुचरिमाणुभागखंडयं घादिय तदणंतरसमयतप्पाओग्गजहण्णहाणीए परिणदस्स चरिमाणुभागखंडयविदियसमयप्पहुडि जावंतोमुहुत्तं जहण्णावट्ठाणसंकमो होइ, तत्थ पयारंतरासंभवादो ।

❀ सम्मामिच्छत्तस्स जहण्णिया हाणी कस्स ?

§ ४८०. सुगमं ।

---

* सम्यक्त्वकी जघन्य हानिका स्वामी कौन है ।

§ ४७६. यह पृच्छासूत्र सुगम है ।

* दर्शनमोहनीयकी क्षपणा करनेवाले जीवके जब उसकी क्षपणामें एक समय अधिक एक आवलि काल शेष रहता है तब वह सम्यक्त्वकी जघन्य हानिका स्वामी है ।

§ ४७७. क्योंकि वहाँ पर प्रत्येक समयमें होनेवाली अपवर्तनाके कारण अत्यन्त थोड़े अनुभाग सत्कर्मसे उस समय स्तोकतर अनुभागकी संक्रम हानि देखी जाती है ।

* इसके जघन्य अवस्थानका स्वामी कौन है ?

§ ४७८. यह सूत्र सुगम है ।

* जब वही क्षपक द्विचरम अनुभागकाण्डकका घात होनेके बाद चरम अनुभागकाण्डकमें अवस्थित रहता है तब वही दर्शनमोहनीयका क्षपक जीव उसके जघन्य अवस्थानका स्वामी है ।

§ ४७९. द्विचरम अनुभागकाण्डकका घातकर अनन्तर समयमें तत्प्रायोग्य जघन्य हानिरूपसे परिणत हुए उसी दर्शनमोहनीयके क्षपक जीवके अन्तिम अनुभागकाण्डकके दूसरे समयसे लेकर अन्तर्मुहूर्त काल तक जघन्य अवस्थानसंक्रम होता है, क्योंकि वहाँ पर अन्य प्रकार सम्भव नहीं है ।

* सम्यग्मिथ्यात्वकी जघन्य हानिका स्वामी कौन है ?

§ ४८०. यह सूत्र सुगम है ।

❀ दंसणमोहणीयक्खवयस्स दुचरिमे अणुभागखंडए हदे तस्स जहण्णिया हाणी।

§ ४८१. कुदो ? दुचरिमाणुभागखंडयसंकमादो अणंतगुणहाणीए हाइदूण चरिमाणुभागखंडयसरूवेण परिणदस्स पढमसमए जहण्णभावसिद्धीए बाहाणुवलंभादो।

❀ तस्स चेव से काले जहण्णयमवट्ठाणं।

§ ४८२. तस्स चेव जहण्णहाणिसंकमसामियस्स से काले जहण्णयमवट्ठाणं होइ, तत्थ जहण्णहाणिपमाणेणेव संकमावट्ठाणदंसणादो।

❀ अणंताणुबंधीणं जहण्णिया वड्ढी कस्स ?

§ ४८३. सुगमं।

❀ विसंजोएदूण पुणो मिच्छत्तं गंतूण तप्पाओग्गविसुद्धपरिणामेण विदियसमए तप्पाओग्गजहण्णाणुभागं बंधिऊण आवलियादीदस्स तस्स जहण्णिया वड्ढी।

§ ४८४. एदस्स सुत्तस्स अत्थो। तं जहा—अणंताणुबंधिचउक्कं विसंजोएदूण पुणो तप्पाओग्गविसुद्धपरिणामेण मिच्छत्तं गंतूण विदियसमए वि तप्पाओग्गविसुद्धपरिणामेण परिणदो संतो जो तप्पाओग्गजहण्णाणुभागं बंधिऊणावलियादीदो तस्स पयदजहण्णसामित्तं होइ त्ति

---

* जो दर्शनमोहनीयका क्षपक जीव सम्यग्मिथ्यात्वके द्विचरम अनुभागकाण्डकका घात कर चुकता है वह उसकी जघन्य हानिका स्वामी है।

§ ४८१. क्योंकि द्विचरम अनुभागकाण्डकसंक्रमसे अनन्तगुणहानिद्वारा अन्तिम अनुभागकाण्डकरूपसे परिणत हुए जीवके प्रथम समयमें जघन्यभावकी सिद्धि होनेमें कोई बाधा नहीं उपलब्ध होती।

* तथा वही अनन्तर समयमें जघन्य अवस्थानका स्वामी है।

§ ४८२. जो जघन्य हानिसंक्रमका स्वामी है उसीके अनन्तर समयमें जघन्य अवस्थान होता है, क्योंकि वहाँ पर जघन्य हानिके प्रमाणरूपसे ही संक्रमका अवस्थान देखा जाता है।

* अनन्तानुबन्धियोंकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ?

§ ४८३. यह सूत्र सुगम है।

* जो विसंयोजना करके पुनः मिथ्यात्वमें जाकर तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामसे दूसरे समयमें तत्प्रायोग्य जघन्य अनुभागका बन्ध कर एक आवलि काल व्यतीत करता है वह उनकी जघन्य वृद्धिका स्वामी है।

§ ४८४. इस सूत्रका अर्थ, यथा—अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी विसंयोजना करके पुनः तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामके साथ मिथ्यात्वमें जाकर दूसरे समयमें भी तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामसे परिणत होकर जिसने तत्प्रायोग्य जघन्य अनुभागका बन्ध कर एक आवलि काल व्यतीत किया है उसके प्रकृत

सुत्तत्थसंबंधो। एत्थ तप्पाओग्गविसुद्धपरिणामेण त्ति णिद्देसो पढमसमयजहण्णाणुभागबंधादो बिदियसमए जहण्णवड्ढिसंगहणट्ठो। एत्थ पढमसमयजहण्णबंधादो बिदियसमयतप्पाओग्गजहण्णाणुभागबंधो कदमाए वड्ढीए वड्ढिदो? अणंतगुणवड्ढीए। कुदो एवं चेव? संजुत्तपढमसमयप्पहुडि जाव अंतोमुहुत्तं ताव अणंतगुणवड्ढीए संकिलेसवड्ढि त्ति परमगुरूवएसादो। एवं चूलविहाणेण बिदियसमए वड्ढिदूण तदो आवलियादीदस्स तस्स जहण्णिया वड्ढी, अइच्छावणावलियब्भंतरे णवकबंधस्स संकमपाओग्गभावाणुववत्तीदो। एत्थ मिच्छत्तस्सेव सुहुमहदसमुप्पत्तियकम्मादो अणंतभागवड्ढीए वड्ढिदस्स जहण्णसामित्तं कायव्वमिदि णासंका कायव्वा, णवकबंधस्स तत्तो अणंतगुणत्तेण तहा कादुमसक्कियत्तादो। ण चाणंतगुणत्तमसिद्धं, उवरिमसुत्तबलेण सिद्धत्तादो।

❀ जहण्णिया हाणी कस्स ?

§ ४८५. सुगमं।

❀ विसंजोएदूण पुणो मिच्छत्तं गंतूण अंतोमुहुत्तसंजुत्ते वि तस्स सुहुमस्स हेट्ठदो संतकम्मं।

जघन्य स्वामित्व होता है। इस प्रकार यह सूत्रार्थका सम्बन्ध है। यहाँ पर सूत्रमें 'तप्पाओग्ग-विसुद्धिपरिणामेण' यह निर्देश प्रथम समयमें होनेवाले जघन्य अनुभागबन्धसे दूसरे समयमें होनेवाली जघन्य वृद्धिके संग्रहके लिए किया है।

शंका—यहाँ पर प्रथम समयके जघन्य बन्धसे दूसरे समयका तत्प्रायोग्य जघन्य अनुभाग-बन्ध कौनसी वृद्धिके द्वारा वृद्धिको प्राप्त हुआ है ?

समाधान—अनन्तगुणवृद्धिके द्वारा वृद्धिको प्राप्त हुआ है।

शंका—ऐसा किस कारणसे है ?

समाधान—क्योंकि संयुक्त होनेके प्रथम समयसे लेकर अन्तर्मुहूर्त कालतक अनन्तगुण-वृद्धिरूपसे संक्लेशकी वृद्धि होती है ऐसा परम आचार्योंका उपदेश है।

इस प्रकार उक्त विधिसे दूसरे समयमें वृद्धि करके वहाँसे एक आवलिके बाद स्थित हुए जीवके जघन्य वृद्धि होती है, क्योंकि अतिस्थापनारूपसे स्थापित बन्धावलि कालके भीतर नवक-बन्ध संक्रमके योग्य नहीं होता। यहाँ पर मिथ्यात्व कर्मके समान सूक्ष्म एकेन्द्रियसम्बन्धी हत-समुत्पत्तिककर्मसे जिसका अनन्तानुबन्धीचतुष्क अनन्तभागवृद्धिके द्वारा वृद्धिगत हुआ है उसके जघन्य स्वामित्व करना चाहिए ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि नवकबन्धरूप इससे वह अनन्तगुणा है, इसलिए वैसा करना अशक्य है। वह अनन्तगुणा है यह बात असिद्ध भी नहीं है, क्योंकि उपरिम सूत्रके बलसे सिद्ध ही है।

* इनकी जघन्य हानिका स्वामी कौन है ?

§ ४८५. यह सूत्र सुगम है।

* विसंयोजना करके तथा पुनः मिथ्यात्वमें जाकर संयुक्त होनेके बाद अन्तर्मुहूर्त काल होने पर भी जिसके उक्त प्रकृतियोंका सत्कर्म सूक्ष्म एकेन्द्रियके सत्कर्मसे कम है।

§ ४८६. पयदजहण्णसामित्तसाहणट्ठमिदं ताव पुव्वमेव णिद्दिट्ठमट्ठपदं विसंजोयणा-पुव्वसंजोगविसयणवकबंधाणुभागस्स अंतोमुहुत्तकालभाविस्स सुहुमाणुभागादो अणंतगुण-हीणत्तपदुप्पायणपरत्तादो। ण च तत्तो एदस्साणंतगुणहीणत्ताभावे तप्परिहारेणेत्थ सामित्त-विहाणं जुत्तं, तहा संते तत्थेव सामित्तविहाणे लाहदंसणादो। एदेण पुव्विल्लं पि जहण्ण-वड्ढिसामित्तं समत्थियं दट्ठव्वं, एयंताणुवड्ढिचरिमाणुभागादो अणंतगुणहीणस्स तस्स सुहुमाणुभागदो हेट्ठदो समवट्ठाणे विसंवादाणुवलंभादो। एवमेदं सामित्तसाहणमट्ठपदं परूविय संपहि एत्थ जहण्णहाणिसंभवक्कमपदंसणट्ठमिदमाह—

*** तदो जो अंतोमुहुत्तसंजुत्तो जाव सुहुमकम्मं जहण्णयं ण पावदि ताव घादं करेज्ज।**

§ ४८७. जदो एवं तदो जो अंतोमुहुत्तसंजुत्तो जीवो सो जाव सुहुमकम्मं जहण्णं ण पावइ ताव संकिलेसादो विसोहिं गंतूणाणुभागखंडयघादं सिया करेज्ज, संते संभवे सकारणसामग्गीवसेण तप्पवुत्तीए [1]पडिबंधाभावादो। एदेण सुहुमाणुभागसंतकम्ममवोलीणस्स खंडयघादासंभवासंका पडिसिद्धा दट्ठव्वा। तत्तो हेट्ठा चेव एयंताणुवड्ढिकालस्स परिच्छेद-

---

§ ४८६. प्रकृत जघन्य स्वामित्वकी सिद्धिके लिए पहले ही इस अर्थपदका निर्देश किया है, क्योंकि यह वचन विसंयोजनापूर्वक पुनः संयुक्त होनेपर अन्तर्मुहूर्तकाल तक होनेवाले नवकबन्धसम्बन्धी अनुभागके सूक्ष्म एकेन्द्रियसम्बन्धी अनुभागसे अनन्तगुणी हीनताके कथन करनेमें तत्पर है। यदि कहा जाय कि उससे यह अनन्तगुणा हीन नहीं है, इसलिए उसके परिहार द्वारा यहीं पर स्वामित्वका विधान करना युक्त है सो ऐसा कहना भी ठीक नहीं है, क्योंकि वैसी अवस्थामें वहीं पर स्वामित्व का विधान करनेमें लाभ देखा जाता है। इस वचन द्वारा पूर्वोक्त जघन्य वृद्धिके स्वामित्वको भी समर्थित जान लेना चाहिए, क्योंकि वह एकान्तानुवृद्धिके अन्तिम अनुभागसे अनन्तगुणा हीन है, इसलिए उसके सूक्ष्म एकेन्द्रियसम्बन्धी अनुभागसे कम होकर अवस्थित रहनेमें कोई विसंवाद नहीं पाया जाता। इस प्रकार स्वामित्वका साधन करनेवाले इस अर्थपदका कथन करके अब यहाँ पर जघन्य हानिके सम्भव क्रमको दिखलानेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** तदनन्तर अन्तर्मुहूर्त कालतक संयुक्त हुआ जो जीव जबतक जघन्य सूक्ष्म एकेन्द्रियसम्बन्धी कर्मको नहीं प्राप्त करता है तब तक घात करता है।**

§ ४८७. यतः ऐसा है अतः अन्तर्मुहूर्त कालतक संयुक्त हुआ जो जीव है वह जबतक जघन्य सूक्ष्म एकेन्द्रियसम्बन्धी कर्मको नहीं प्राप्त करता है तब तक संक्लेशसे विशुद्धिको प्राप्त करके कदाचित् अनुभागकाण्डकघात करता है, क्योंकि सम्भव होने पर अपनी कारणसामग्रीके कारण उसकी उत्पत्ति होनेमें कोई प्रतिबन्ध नहीं है। इससे जिसका सूक्ष्म एकेन्द्रियसम्बन्धी अनुभाग-सत्कर्म अभी गत नहीं हुआ है ऐसे उस जीवके काण्डकघात असम्भव है ऐसी आशंकाका निषेध जान लेना चाहिए, क्योंकि उससे नीचे ही एकान्तानुवृद्धिके कालका सद्भाव स्वीकार किया गया

---

१. ता०प्रती प [य] डि, आ०प्रती पयडि इति पाठः।

अणुवगमादो। एवं च संभवो होइ त्ति कयणिच्छयो पयदजहण्णसामित्तविहाणमेत्थेव जुत्तं पेच्छमाणो तण्णिद्देसकरणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ—

⊛ तदो सव्वत्थोवाणुभागे घादिज्जमाणे घादिदे तस्स जहण्णिया हाणी।

§ ४८८. जदो एस संभवो तदो तस्स अंतोमुहुत्तसंजुत्तमिच्छाइट्ठिस्स सत्थाणविसोहिणिबंधणखंडयघादपरिणदस्स जहण्णिया हाणी दट्ठव्वा त्ति सुत्तत्थसंबंधो। एत्थ सव्वत्थोवाणुभागे घादिज्जमाणे घादिदे त्ति वुत्ते छव्विहाए हाणीए वि खंडयघादसंभवे जहण्णसामित्ताविरोहिणाणंतभागहाणीए खंडयघादेण परिणदो त्ति घेत्तव्वं।

⊛ तस्सेव से काले जहण्णयमवट्ठाणं।

§ ४८९. तस्यैवानंतरनिर्दिष्टहानिसंक्रमस्वामिनः तदनंतरसमये जघन्यमवस्थानमिति यावत्।

⊛ कोहसंजलणस्स जहण्णिया वड्ढी मिच्छत्तभंगो।

§ ४९०. ण एत्थ किंचि वत्तव्वमत्थि, मिच्छत्तजहण्णवड्ढिसामित्तसुत्तेणेव गयत्थादो।

⊛ जहण्णिया हाणी कस्स?

§ ४९१. सुगमं।

है। ऐसा सम्भव है ऐसा निश्चय करनेके बाद प्रकृत जघन्य स्वामित्वका विधान यहीं पर युक्त है ऐसा समझते हुए उसका निर्देश करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* अनन्तर सबसे स्तोक घाते जानेवाले अनुभागके घातित होने पर वह जघन्य हानिका स्वामी है।

§ ४८८. यत. ऐसा सम्भव है अत. अन्तर्मुहूर्त काल तक संयुक्त हुए तथा स्वस्थान विशुद्धि निमित्तक काण्डकघातरूपसे परिणत हुए उस मिथ्यादृष्टि जीवके जघन्य हानि जाननी चाहिए इस प्रकार सूत्रार्थका सम्बन्ध है। यहाँ पर सूत्रमें 'सव्वत्थोवाणुभागे घादिज्जमाणे घादिदे' ऐसा कहने पर यद्यपि छह प्रकारकी हानि द्वारा काण्डकघात सम्भव है तो भी जघन्य स्वामित्वकी अविरोधिनी अनन्तभागहानिके द्वारा होनेवाले काण्डकघातरूपसे परिणत हुआ ऐसा ग्रहण करना चाहिए।

* तथा वही अनन्तर समयमें जघन्य अवस्थानका स्वामी है।

§ ४८९. जो अनन्तर हानिसंक्रमका स्वामी कह आये हैं उसीके तदनन्तर समयमें जघन्य अवस्थान होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

* क्रोधसंज्वलनकी जघन्य वृद्धिके स्वामीका भङ्ग मिथ्यात्वके समान है।

§ ४९०. यहाँ पर कुछ वक्तव्य नहीं है, क्योंकि मिथ्यात्वकी जघन्य वृद्धिके स्वामित्वका कथन करनेवाले सूत्रसे ही यह सूत्र गतार्थ हो जाता है।

* उसकी जघन्य हानिका स्वामी कौन है?

§ ४९१. यह सूत्र सुगम है।

❀ खवयस्स चरिमसमयबंधचरिमसमयसंकामयस्स ।

§ ४९२. एत्थ चरिमसमयबंधो त्ति वुत्ते कोहतदियसंगहकिट्टिवेदयचरिमसमयबद्धणवकबंधाणुभागो घेत्तव्वो । तस्स चरिमसमयसंकामओ णाम माणवेदगद्धाए दुसमऊणदोआवलियचरिमसमए वट्टमाणो त्ति गहेयव्वं । तस्स कोधसंजलणाणुभागसंकमणिबंधणा जहण्णिया हाणी होइ ।

❀ जहण्णयमवट्ठाणं कस्स ?

§ ४९३. सुगमं ।

❀ तस्सेव चरिमे अणुभागखंडए वट्टमाणयस्स ।

§ ४९४. तस्सेव खवयस्स जहण्णयमवट्ठाणं होइ त्ति सामित्तसंबंधो कायव्वो । कदमाए अवत्थाए वट्टमाणस्स तस्स सामित्ताहिसंबंधो ? चरिमे अणुभागखंडए वट्टमाणयस्स । चरिमाणुभागखंडयं णाम किट्टिकारयचरिमावत्थाए घेत्तव्वं, उवरिमणुसमयोवट्टणाविसए खंडयघादासंभवादो । तदो दुचरिमाणुभागखंडयं घादिय चरिमाणुभागखंडयपढमसमए तप्पाओग्गहाणीए परिणदस्स विदियसमए पयदजहण्णसामित्तं दट्ठव्वं ।

❀ अन्तिम समयमें हुए बन्धका अन्तिम समयमें संक्रम करनेवाला क्षपक जीव उसको जघन्य हानिका स्वामी है ।

§ ४९२. यहाँ पर सूत्रमें 'अन्तिम समयमें हुआ बन्ध' ऐसा कहने पर उससे क्रोधकी तीसरी संग्रहकृष्टिका वेदन करनेवालेके अन्तिम समयमें बँधे हुए नवकबन्धका अनुभाग लेना चाहिए। उसका अन्तिम समयमें संक्रमण करनेवाला ऐसा कहनेसे मानवेदक कालके दो समय कम दो आवलिके अन्तिम समयमें विद्यमान जीव लेना चाहिए। उसके क्रोधसंज्वलनके अनुभागसंक्रमसम्बन्धी जघन्य हानि होती है ।

❀ जघन्य अवस्थानका स्वामी कौन है ?

§ ४९३. यह सूत्र सुगम है ।

❀ अन्तिम अनुभागकाण्डकमें विद्यमान वही जीव जघन्य अवस्थानका स्वामी है ।

§ ४९४. वही क्षपक जघन्य अवस्थानका स्वामी है इस प्रकार स्वामित्वका सम्बन्ध करना चाहिए ।

शंका—किस अवस्थामें विद्यमान हुए उसके स्वामित्वका सम्बन्ध होता है ?

समाधान—अन्तिम अनुभागकाण्डकमें विद्यमान जीवके होता है । अन्तिम अनुभागकाण्डक कृष्टिकारककी अन्तिम अवस्थामें होता है ऐसा ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि आगे प्रत्येक समयमें होनेवाली अपवर्तनाके स्थलपर काण्डकघातका होना असम्भव है । इसलिए द्विचरम अनुभागकाण्डकका घात करके अन्तिम अनुभागकाण्डकके प्रथम समयमें तत्प्रायोग्य हानिरूपसे परिणत हुए जीवके द्वितीय समयमें प्रकृत जघन्य स्वामित्व जानना चाहिए ।

❀ एवं माण-मायासंजलण-पुरिसवेदाणं ।

§ ४९५. कुदो ? वड्ढीए मिच्छत्तभंगेण हाणि-अवट्ठाणाणं पि खवयस्स चरिमसमयणवकबंधचरिमफालिविसयत्तेण चरिमाणुभागखंडयविसयत्तेण च सामित्तपरूवणं पडि विसेसाभावादो ।

❀ लोहसंजलणस्स जहण्णिया वड्ढी मिच्छत्तभंगो ।

§ ४९६. सुगमं ।

❀ जहण्णिया हाणी कस्स ?

§ ४९७. सुगमं ।

❀ खवयस्स समयाहियावलियसकसायस्स ।

§ ४९८. समयाहियावलियसकसायो णाम सुहुमसांपराइओ सगद्धाए समयाहियावलियसेसाए वट्टमाणो घेत्तव्वो । तस्स पयदजहण्णसामित्तं दट्ठव्वं, एत्तो सुहुमदरहाणीए लोहसंजलणाणुभागसंकमणिबंधणाए अण्णत्थाणुवलद्धीदो ।

❀ जहण्णयमवट्ठाणं कस्स ?

§ ४९९. सुगमं ।

---

* इसी प्रकार मानसंज्वलन, मायासंज्वलन और पुरुषवेदका जघन्य स्वामित्व जानना चाहिए ।

§ ४९५. क्योंकि वृद्धिकी अपेक्षा मिथ्यात्वके भङ्ग तथा हानि और अवस्थानकी अपेक्षा भी क्षपकके अन्तिम समयमें होनेवाले नवकबन्धके अन्तिम फालिके विषयरूपसे और अन्तिम अनुभागकाण्डकके विषयरूपसे स्वामित्वके कथन करनेके प्रति कोई विशेषता नहीं है ।

* लोभसंज्वलनकी जघन्य वृद्धिके स्वामीका भङ्ग मिथ्यात्वके समान है ।

§ ४९६. यह सूत्र सुगम है ।

* जघन्य हानिका स्वामी कौन है ?

§ ४९७. यह सूत्र सुगम है ।

* जिस क्षपकके संज्वलनलोभकी क्षपणामें एक समय अधिक एक आवलि काल शेष है वह उसकी जघन्य हानिका स्वामी है ।

§ ४९८. यहाँ पर 'समयाधिकआवलिसकषाय' पदसे अपने कालमें एक समय अधिक एक आवलि काल शेष रहने पर विद्यमान सूक्ष्मसाम्परायिक जीव लेना चाहिये । उसके प्रकृत जघन्य स्वामित्व जानना चाहिए, क्योंकि इससे लोभ संज्वलनके अनुभागके संक्रमसे होनेवाली सूक्ष्म हानि अन्यत्र नहीं उपलब्ध होती ।

* जघन्य अवस्थानका स्वामी कौन है ।

§ ४९९. यह सूत्र सुगम है ।

❀ दुचरिमे अणुभागखंडए हदे चरिमे अणुभागखंडए वट्टमाणयस्स।

§ ५००. कोहसंजलणजहण्णावट्ठाणसंकमसामित्तसुत्तस्सेव णिरवयवमेदस्स सुत्तस्सत्थपरूवणा कायव्वा।

❀ इत्थिवेदस्स जहण्णिया वड्ढी मिच्छत्तभंगो।

§ ५०१. कुदो? सुहुमहदसमुप्पत्तियकम्मेण जहण्णएणाणंतभागवड्ढीए वड्ढिदम्मि सामित्तपडिलंभं पडि तत्तो एदस्स मेदाभावादो।

❀ जहण्णिया हाणी कस्स?

§ ५०२. सुगमं।

❀ चरिमे अणुभागखंडए पढमसमयसंकामिदे तस्स जहण्णिया हाणी।

§ ५०३. इत्थिवेदस्स दुचरिमाणुभागखंडयचरिमफालिं संकामिय चरिमाणुभागखंडयपढमसमए वट्टमाणस्स जहण्णिया हाणी होइ, तत्थ खवगपरिणामेहि घादिदावसेसस्स तदणुभागस्स सुट्ठु जहण्णहाणीए हाइदूण संकंतिदंसणादो।

❀ तस्सेव विदियसमए जहण्णयमवट्ठाणं।

§ ५०४. तस्सेव चरिमाणुभागखंडयसंकमे वट्टमाणखवयस्स विदियसमये जहण्णय-

---

❀ द्विचरम अनुभागकाण्डकका घात कर अन्तिम अनुभागकाण्डकमें विद्यमान जीव उसके जघन्य अवस्थानका स्वामी है।

§ ५००. क्रोधसंज्वलनके जघन्य अवस्थानरूप संक्रमके स्वामित्वका कथन करनेवाले सूत्रके समान ही पूरी तरहसे इस सूत्रके अर्थका कथन करना चाहिए।

❀ स्त्रीवेदकी जघन्य वृद्धिके स्वामित्वका भङ्ग मिथ्यात्वके समान है।

§ ५०१. क्योंकि सूक्ष्म एकेन्द्रियसम्बन्धी जघन्य हतसमुत्पत्तिक कर्मसे अनन्तभागवृद्धिमें विद्यमान जीव जघन्य स्वामी है इस दृष्टिसे मिथ्यात्वकी अपेक्षा इसमें कोई भेद नहीं है।

❀ जघन्य हानिका स्वामी कौन है?

§ ५०२. यह सूत्र सुगम है।

❀ अन्तिम अनुभागकाण्डकका प्रथम समयमें संक्रम करके स्थित हुआ जीव जघन्य हानिका स्वामी है।

§ ५०३. स्त्रीवेदके द्विचरम अनुभागकाण्डककी अन्तिम फालिका संक्रम करके अन्तिम अनुभागकाण्डकके प्रथम समयमें विद्यमान जीवके जघन्य हानि होती है, क्योंकि वहाँ पर क्षपक परिणामोंके द्वारा घात करनेसे शेष बचे हुए उसके अनुभागका अत्यन्त जघन्य हानिके द्वारा घात करके संक्रमण देखा जाता है।

❀ तथा वही दूसरे समयमें जघन्य अवस्थानका स्वामी है।

§ ५०४. अन्तिम अनुभागकाण्डकके संक्रममें विद्यमान उसी क्षपक जीवके दूसरे समयमें

मवट्ठाणं होइ। कुदो ? पढमसमए जहण्णहाणिविसयीकयाणुभागस्स विदियसमए तत्तिय-मेत्तपमाणेणावट्ठाणदंसणादो।

❀ एवं णवुंसयवेद-छण्णोकसायाणं।

§ ५०५. सुगममेदमप्पणासुत्तं। एवमोघो समत्तो।

§ ५०६. आदेसेण णेरइय० मिच्छ०-बारसक०-णवणोक० जह० वड्ढी कस्स ? अण्णदरस्स अणंतभागेण वड्ढिदूण वड्ढी, हाइदूण हाणी, एयदरत्थावट्ठाणं। अणंताणु०४ ओघं। सम्म० जह० कस्स ? अण्णदर० समयाहियावलियअक्खीणदंसणमोहणीयस्स। एवं पढमपुढवि-तिरिक्ख-पंचिंदियतिरिक्खदो-देवा सोहम्मादि जाव सहस्सार त्ति। एवं छसु हेट्ठिमासु पुढवीसु। णवरि सम्म० णत्थि। एवं जोणिणी०-भवण०-वाण०-जोदिसि०। पंचिं०तिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज० विहत्तिभंगो। मणुसतिय मिच्छ०-अट्ठक० जह० वड्ढी कस्स ? अण्णद० सुहुमइंदियपच्छायदस्स अणंतभागेण वड्ढिदूण वड्ढी, हाइदूण हाणी, एगदरत्थावट्ठाणं। सम्म०-सम्मामि०-अणंताणु०४ ओघं। चदुसंजल०-णवणोक० ओघं।

जघन्य अवस्थान होता है, क्योंकि प्रथम समयमें जघन्य हानिके विषयभूत अनुभागका दूसरे समयमें उतने ही प्रमाणरूपसे अवस्थान देखा जाता है।

* इसी प्रकार नपुंसकवेद और छह नोकषायोंकी जघन्य वृद्धि, जघन्य हानि और जघन्य अवस्थानका स्वामी जानना चाहिए।

§ ५०५. यह अर्पणासूत्र सुगम है।

इसी प्रकार ओघप्ररूपणा समाप्त हुई।

§ ५०६. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्व, बारह कषाय और नौ नोकषायोंकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो अनन्तभागवृद्धिरूपसे वृद्धि करता है ऐसा अन्यतर जीव जघन्य वृद्धिका स्वामी है, तथा जो अनन्तभागहानिरूपसे हानि करता है ऐसा अन्यतर जीव जघन्य हानिका स्वामी है। तथा इनमेंसे किसी एक स्थानमें जघन्य अवस्थानका स्वामी है। अनन्तानुबन्धीचतुष्कका भङ्ग ओघके समान है। सम्यक्त्वकी जघन्य हानिका स्वामी कौन है ? जिसके दर्शनमोहनीयकी क्षपणामें एक समय अधिक एक आवलि काल शेष है वह उसकी जघन्य हानिका स्वामी है। इसी प्रकार पहली पृथिवीके नारकी, सामान्य तिर्यञ्च, पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चद्विक, सामान्य देव और सौधर्म कल्पसे लेकर सहस्रार कल्पतकके देवोंमें जानना चाहिए। इसी प्रकार नीचेकी छह पृथिवियोंमें जानना चाहिए। किन्तु इतनी विशेषता है कि उनमें सम्यक्त्वका हानिसक्रम नहीं होता। इसी प्रकार योनिनी तिर्यंच, भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंमें जानना चाहिए। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है। मनुष्यत्रिकमें मिथ्यात्व और आठ कषायोंकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? जिसने सूक्ष्म एकेन्द्रिय पर्यायसे आकर अनन्तभागवृद्धिरूप वृद्धि की है ऐसा अन्यतर तीन प्रकारका मनुष्य जघन्य वृद्धिका स्वामी है, अनन्तभागहानि करने पर वही अन्यतर मनुष्य जघन्य हानिका स्वामी है और इनमेंसे किसी एक स्थल पर जघन्य अवस्थानका स्वामी है। सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कका भंग ओघके समान है। चार संज्वलन और नौ नोकषायोंका भङ्ग भी ओघके समान है। किन्तु इतनी

णवरि सुहुमेइंदियपच्छायदस्स अणंतभागेण वड्ढिदस्स तस्स जह० वड्ढी। मणुसिणी० पुरिस० छण्णोक०भंगो। आणदादि णवगेवज्जा त्ति विहत्तिभंगो। णवरि सम्म०-अणंताणु० देवोघं। अणुदिसादि सव्वट्ठे त्ति विहत्तिभंगो। णवरि सम्म० देवोघं। अणंताणु० जह० हाणिसंकमो कस्स? अण्णद० अणंताणु०चउक्कं विसंजोएंतस्स दुचरिमे अणुभागखंडए हदे तस्स जह० हाणी। तस्सेव से काले जहण्णयमवट्ठाणं। एवं[1] जाव०।

❀ अप्पाबहुअं।

§ ५०७. सुगममेदमहियारसंभालणसुत्तं।

सव्वत्थोवा मिच्छत्तस्स उक्कस्सिया हाणी।

§ ५०८. एत्थ सव्वग्गहणेण मिच्छत्ताणुभागसंकमविसयाणमुक्कस्सवड्ढि-हाणि-अवट्ठाणपदाणं गहणं कायव्वं, तेसु सव्वेसु सव्वेहिंतो वा थोवा उक्क० हाणी। सा च उक्क० हाणी उक्कसाणु०खंडयपमाणा।

विशेषता है कि जिसने सूक्ष्म एकेन्द्रिय पर्यायसे आकर अनन्तभागवृद्धि की है वह जघन्य वृद्धिका स्वामी है। मनुष्यिनियोंमें पुरुषवेदका भङ्ग छह नोकषायोंके समान है। आनत कल्पसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है। अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्वका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है। अनन्तानुबन्धीचतुष्कके जघन्य हानिसंक्रमका स्वामी कौन है? अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी विसंयोजना करनेवाला जो अन्यतर जीव द्विचरम अनुभागकाण्डकका घात कर देता है वह जघन्य हानिका स्वामी है। तथा वही अनन्तर समयमें जघन्य अवस्थानका स्वामी है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—यहाँ पर आदेशसे स्वामित्वको समझनेके लिए इन बातों पर विशेषरूपसे ध्यान रखना चाहिए कि दर्शनमोहनीयकी क्षपणाका प्रारम्भ मनुष्यत्रिकमें ही होता है, इसलिए सम्यग्मिथ्यात्वकी जघन्य हानि और अवस्थान इन्हीं मार्गणाओंमें घटित होते हैं, गतिसम्बन्धी अन्य मार्गणाओंमें नहीं। यद्यपि मनुष्यत्रिकमें तो सम्यक्त्वकी हानि और अवस्थान दोनों बन जाते हैं। परन्तु गतिसम्बन्धी अन्य जिन मार्गणाओंमें कृतकृत्यवेदकसम्यग्दृष्टि जीव मरकर उत्पन्न होता है उनमें इसकी केवल हानि ही बनती है और जिन मार्गणाओंमें कृतकृत्यवेदकसम्यग्दृष्टि जीव मरकर नहीं उत्पन्न होता उनमें इसकी हानि भी नहीं बनती। शेष कथन स्पष्ट ही है।

* अब अल्पबहुत्वको कहते हैं।

§ ५०७. अधिकारकी सम्हाल करनेवाला यह सूत्र सुगम है।

* मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट हानि सबसे स्तोक है।

§ ५०८. यहाँ पर सूत्रमें 'सर्व' पदके ग्रहण करनेसे मिथ्यात्वके अनुभागसंक्रमविषयक उत्कृष्ट वृद्धि, उत्कृष्ट हानि और उत्कृष्ट अवस्थान इन तीनों पदोंका ग्रहण करना चाहिए। उन सबमें या उन सबसे उत्कृष्ट हानि सबसे स्तोक है और वह उत्कृष्ट हानि उत्कृष्ट अनुभागकाण्डकप्रमाण है।

---

१. ता०प्रतौ '-मवट्ठाणं।.........एवं' इति पाठः।

❀ वड्डी अवट्ठाणं च विसेसाहियं ।

§ ५०९. उक्कस्सवड्डि-अवट्ठाणाणि समाणविसयसामित्तेण तुल्लाणि होदूण तत्तो विसेसाहियाणि त्ति वुत्तं होइ । कुदो पुण तत्तो एदेसिं विसेसाहियणिच्छयो ? ण, वड्डिदाणुभागस्स णिरवसेसघादणसत्तीए असंभवेण तव्विणिच्छयादो णेदमसिद्धं, पुव्वमप्पाबहुअसाहणट्ठं सामित्तसुत्ते परूविदट्ठपदावट्ठंभवलेण तव्विणिण्णयसिद्धीदो ।

❀ एवं सोलसकसाय-णवणोकसायाणं ।

§ ५१०. सुगममेदमप्पणासुत्तं, विसेसाभावमस्सिऊण पयट्टत्तादो ।

❀ सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमुक्कस्सिया हाणी अवट्ठाणं च सरिसं ।

§ ५११. कुदो ? उक्कस्सहाणीए चेव उक्कस्सावट्ठाणसामित्तदंसणादो ।

एवमोघो समत्तो ।

§ ५१२. आदेसेण विहत्तिभंगो ।

एवमुक्कस्सप्पाबहुअं समत्तं ।

---

* उससे उत्कृष्ट वृद्धि और अवस्थान विशेष अधिक हैं ।

§ ५०९. उत्कृष्ट वृद्धि और अवस्थान स्वामीके समान होनेसे तुल्य होकर भी उत्कृष्ट हानिसे विशेष अधिक हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

शंका—उससे ये विशेष अधिक हैं इसका निश्चय कैसे होता है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि बढ़े हुए अनुभागका पूरी तरहसे घात करनेकी शक्ति न होनेसे उत्कृष्ट हानिसे ये दोनों विशेष अधिक हैं इसका निश्चय होता है और यह असिद्ध भी नहीं है, क्योंकि पहले अल्पबहुत्वकी सिद्धि करनेके लिए स्वामित्व सूत्रमें कहे गये अर्थपदके अवलम्बन करनेसे उक्त विषयके निश्चयकी सिद्धि होती है ।

* इसी प्रकार सोलह कषाय और नौ नोकषायोंकी उत्कृष्ट वृद्धि, उत्कृष्ट हानि और उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी जानना चाहिए ।

§ ५१०. यह अर्पणासूत्र सुगम है, क्योंकि विशेषके अभावके आश्रयसे यह सूत्र प्रवृत्त हुआ है ।

* सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट हानि और अवस्थान सदृश हैं ।

§ ५११. क्योंकि उत्कृष्ट हानिके होने पर ही उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामित्व देखा जाता है ।

इस प्रकार ओघ प्ररूपणा समाप्त हुई ।

§ ५१२. आदेशसे अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है ।

विशेषार्थ—अनुभागविभक्तिमें आदेशसे सब प्रकृतियोंकी अपेक्षा उत्कृष्ट वृद्धि, उत्कृष्ट हानि और उत्कृष्ट अवस्थानका जिस प्रकार अल्पबहुत्व कहा है उसी प्रकार यहाँ पर भी उसका कथन करना चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

इस प्रकार उत्कृष्ट अल्पबहुत्व समाप्त हुआ ।

❀ जहण्णयं ।

§ ५१३. उक्कस्सप्पाबहुअसमत्तिसमणंतरमिदाणिं जहण्णयमप्पाबहुअं वण्णइस्सामो त्ति पइण्णासुत्तमेदं ।

❀ **मिच्छत्तस्स जहण्णिया वड्ढी हाणी अवट्ठाणसंकमो च तुल्लो ।**

§ ५१४. कुदो ? तिण्हमेदेसिं सुहुमहदसमुप्पत्तियजहण्णाणुभागस्स अणंतिमभागे पडिबद्धत्तादो ।

❀ **एवमट्ठकसायाणं ।**

§ ५१५. जहा मिच्छत्तस्स जहण्णवड्ढि-हाणि-अवट्ठाणाणमभिण्णविसयाणं सरिसत्तमेवमेदेसिं पि कम्माणं दट्ठव्वं ।

❀ **सम्मत्तस्स सव्वत्थोवा जहण्णिया हाणी ।**

§ ५१६. कुदो ? अणुसमयोवट्टणाए पत्तघादसम्मत्ताणुभागस्स समयाहियावलियअक्खीणदंसणमोहणीयम्मि जहण्णहाणिभावमुवगयस्स सव्वत्थोवत्ते विरोहाणुवलंभादो ।

❀ **जहण्णयमवट्ठाणमणंतगुणं ।**

§ ५१७ कुदो ? अणुसमयोवट्टणापारंभादो पुव्वमेव चरिमाणुभागखंडयविसए जहण्णभावमुवगयत्तादो ।

---

* अब जघन्य अल्पबहुत्वको कहते हैं ।

§ ५१३. उत्कृष्ट अल्पबहुत्वकी समाप्तिके बाद अब जघन्य अल्पबहुत्वको बतलाते हैं इस प्रकार यह प्रतिज्ञासूत्र है ।

* मिथ्यात्वकी जघन्य वृद्धि, जघन्य हानि और जघन्य अवस्थानसंक्रम तुल्य है ।

§ ५१४. क्योंकि ये तीनों सूक्ष्म एकेन्द्रियसम्बन्धी हतसमुत्पत्तिक जघन्य अनुभागके अनन्तवें भागमें प्रतिबद्ध हैं ।

* इसी प्रकार आठ कषायोंके जघन्य वृद्धि, जघन्य हानि और जघन्य अवस्थान संक्रमका अल्पबहुत्व जानना चाहिए ।

§ ५१५. जिस प्रकार मिथ्यात्वके अभिन्न विषयवाले जघन्य वृद्धि, जघन्य हानि और जघन्य अवस्थान समान हैं उसी प्रकार इन कर्मोंके भी जानने चाहिए ।

* सम्यक्त्वकी जघन्य हानि सबसे स्तोक है ।

§ ५१६. क्योंकि प्रतिसमय होनेवाली अपवर्तनाके द्वारा घातको प्राप्त हुआ सम्यक्त्वका अनुभाग दर्शनमोहनीयकी क्षपणामें एक समय अधिक एक आवलि कालके शेष रहने पर जघन्यपनेको प्राप्त हो जाता है, इसलिए उसके सबसे स्तोक होनेमें विरोध नहीं पाया जाता ।

* उससे जघन्य अवस्थान अनन्तगुणा है ।

§ ५१७. क्योंकि प्रति समय होनेवाली अपवर्तनाके प्रारम्भ होनेके पूर्व ही अन्तिम अनुभागकाण्डकमें इसका जघन्यपना उपलब्ध होता है ।

❀ सम्मामिच्छत्तस्स जहण्णिया हाणी अवट्ठाणसंकमो च तुल्लो ।

§ ५१८. कुदो ? दोण्हमेदेसिं दंसणमोहक्खवयदुचरिमाणुभागखंडयपमाणेण हाइदूण लद्धजहण्णभावाणमण्णोण्णेण समाणत्तसिद्धीए विप्पडिसेहाभावादो ।

❀ अणंताणुबंधीणं सव्वत्थोवा जहण्णिया वड्ढी ।

§ ५१९. कुदो ? तप्पाओग्गविसुद्धपरिणामेण संजुत्तबिदियसमयणवकबंधस्स जहण्णवड्ढिभावेणेह विवक्खियत्तादो ।

❀ जहण्णिया हाणी अवट्ठाणसंकमो च अणंतगुणो ।

§ ५२०. कुदो ? अंतोमुहुत्तसंजुत्तस्स एयंताणुवड्ढीए वड्ढिदाणुभागविसए सव्वत्थोवाणुभागखंडयघादे कदे जहण्णहाणि-अवट्ठाणाणं सामित्तदंसणादो ।

❀ चदुसंजलण-पुरिसवेदाणं सव्वत्थोवा जहण्णिया हाणी ।

§ ५२१. कुदो ? तिण्णिसंजलण–पुरिसवेदाणं सगसगचरिमसमयणवकबंधचरिमसमयसंकामयक्खवयम्मि लोभसंजलणस्स समयाहियावलियसकसायम्मि पयदजहण्णसामित्तावलंबणादो ।

❀ जहण्णयमवट्ठाणं अणंतगुणं ।

---

* सम्यग्मिथ्यात्वका जघन्य हानि और जघन्य अवस्थानसंक्रम तुल्य है ।

§ ५१८. क्योंकि दर्शनमोहके क्षपक जीवके द्विचरम अनुभागकाण्डकप्रमाण हानि होकर जघन्यपनेको प्राप्त हुए इन दोनोंमें परस्पर समानताकी सिद्धि होनेमें किसी प्रकारकी विप्रतिपत्ति नहीं है।

* अनन्तानुबन्धियोंकी जघन्य वृद्धि सबसे स्तोक है ।

§ ५१९. क्योंकि तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामसे संयुक्त होनेके दूसरे समयमें हुआ नवकबन्ध वृद्धिरूपसे यहाँ पर विवक्षित है ।

* उससे जघन्य हानि और जघन्य अवस्थानसंक्रम अनन्तगुणे हैं ।

§ ५२०. क्योंकि संयुक्त होनेके बाद अन्तर्मुहूर्त काल तक एकान्तानुवृद्धिरूपसे जो अनुभागकी वृद्धि होती है उसमें सबसे स्तोक अनुभागकाण्डकघातके होने पर जघन्य हानि और अवस्थानका स्वामित्व देखा जाता है ।

* चार संज्वलन और पुरुषवेदकी जघन्य हानि सबसे स्तोक है ।

§ ५२१. क्योंकि तीन संज्वलन और पुरुषवेदका जघन्य स्वामित्व अपने अपने बन्धके अन्तिम समयमें हुए नवकबन्धका अपने अपने संक्रमके अन्तिम समयमें संक्रमण करनेवाले क्षपक जीवके होता है और लोभसंज्वलनका जघन्य स्वामित्व क्षपक जीवके सकषाय अवस्थामें एक समय अधिक एक आवलि काल रहने पर होता है, अतएव प्रकृतमें इस जघन्य स्वामित्वका अवलम्बन लिया गया है।

* उससे जघन्य अवस्थान अनन्तगुणा है ।

§ ५२२. केण कारणेण ? चिराणसंतकम्मचरिमाणुभागखंडयम्मि पयदजहण्णावट्ठाण-सामित्तावलंबणादो ।

❀ जहण्णिया वड्ढी अणंतगुणा ।

§ ५२३. कुदो ? एत्तो अणंतगुणसुहुमाणुभागविसए लद्धजहण्णभावत्तादो ।

❀ अट्ठणोकसायाणं जहण्णिया हाणी अवट्ठाणसंकमो च तुल्लो थोवो ।

§ ५२४. कुदो ? दोण्हमेदेसिं पदाणमप्पप्पणो चरिमाणुभागखंडयविसए जहण्ण-सामित्तदंसणादो ।

❀ जहण्णिया वड्ढी अणंतगुणा ।

§ ५२५. कुदो सुहुमाणुभागविसए पयदजहण्णसामित्तसमुवलद्धीदो ।

एवमोघो गदो ।

§ ५२६. आदेसेण णेरइय० मिच्छ०–बारसक०–णवणोक० जह० वड्ढी हाणी अवट्ठाणसंकमो च सरिसो । अणंताणु०४ ओघं । एवं सव्वणेरइय०–तिरिक्ख-पंचिंदिय-तिरिक्खतिय३–देवा जाव सहस्सार त्ति । पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०–मणुसअपज्ज० जह० विहत्तिभंगो । मणुसतिए ३ ओघं । णवरि मणुसिणीसु पुरिसवेद० छण्णोकसायभंगो ।

---

§ ५२२. क्योंकि प्राचीन सत्कर्मसम्बन्धी अन्तिम अनुभागकाण्डकके समय प्राप्त होनेवाले प्रकृत जघन्य अवस्थानविषयक स्वामित्वका यहाँ पर अवलम्बन लिया गया है ।

✽ उससे जघन्य वृद्धि अनन्तगुणी है ।

§ ५२३. क्योंकि जघन्य अवस्थानसंक्रमसे अनन्तगुणे सूक्ष्म एकेन्द्रियसम्बन्धी अनुभागके आश्रयसे इसका जघन्यपना प्राप्त होता है ।

✽ आठ नोकषायोंके जघन्य हानि और जघन्य अवस्थानसंक्रम परस्पर तुल्य होकर सबसे स्तोक हैं ।

§ ५२ . क्योंकि इन दोनों पदोंका अपने अपने अन्तिम अनुभागकाण्डकके समय जघन्य स्वामित्व देखा जाता है ।

✽ उनसे जघन्य वृद्धि अनन्तगुणी है ।

§ ५२५. क्योंकि सूक्ष्म एकेन्द्रियसम्बन्धी अनुभागमें अनन्तभागवृद्धि होने पर प्रकृत जघन्य स्वामित्व उपलब्ध होता है ।

इस प्रकार ओघ प्ररूपणा समाप्त हुई ।

§ ५२६. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्व, बारह कषाय और नौ नोकषायोंके जघन्य वृद्धि, जघन्य हानि और जघन्य अवस्थानसंक्रम तुल्य हैं । अनन्तानुबन्धीचतुष्कका भङ्ग ओघके समान है । इसी प्रकार सब नारकी, सामान्य तिर्यञ्च, पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिक, सामान्य देव और सहस्रार कल्प तकके देवोंमें जानना चाहिए । पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें अनुभाग-

आणदादि जाव णवगेवज्जा त्ति विहत्तिभंगो । णवरि अणंताणु०४ ओघं । अणुदिसादि जाव सव्वट्ठा त्ति मिच्छत्त०-सोलसक०-णवणोक० जह० हाणी अवट्ठाणं च सरिसं । एवं जाव० ।

एवमप्पाबहुए समत्ते पदणिक्खेवो समत्तो ।

* वड्ढीए तिण्णि अणियोगद्दाराणि समुक्कित्तणा सामित्तमप्पाबहुअं च ।

§ ५२७. पदणिक्खेवविसेसो वड्ढी णाम । तत्थेदाणि तिण्णि चेव अणियोगद्दाराणि भवंति, सेसाणमेत्थेवंतब्भावदंसणादो । एवमुद्दिट्ठसमुक्कित्तणादिअणियोगद्दारेसु समुक्कित्तणा ताव कीरदि त्ति जाणावणट्ठमिदमाह—

* समुक्कित्तणा ।

§ ५२८. सुगमं ।

* मिच्छत्तस्स अत्थि छव्विहा वड्ढी, छव्विहा हाणी अवट्ठाणं च ।

§ ५२९. काओ ताव छवड्ढीओ[1] ? अणंतभागवड्ढि-असंखेज्जभागवड्ढि-संखेज्जभागवड्ढि-संखेज्जगुणवड्ढि-असंखेज्जगुणवड्ढि-अणंतगुणवड्ढिसण्णिदाओ । एवं हाणीओ वि वत्तव्वाओ । तत्थ छवड्ढीणं परूवणा जहा अणुभागविहत्तीए तहा णिरवसेस-

विभक्तिके समान भङ्ग है । मनुष्यत्रिकमें ओघके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि मनुष्यिनियोंमें पुरुषवेदका भङ्ग छह नोकषायोंके समान है । आनतकल्पसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि अनन्तानुबन्धीचतुष्कका भङ्ग ओघके समान है । अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय और नौ नोकषायोंकी जघन्य हानि और अवस्थान ये दोनों पद समान हैं । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

इस प्रकार अल्पबहुत्वके समाप्त होनेपर पदनिक्षेप समाप्त हुआ ।

* वृद्धिमें तीन अनुयोगद्वार होते हैं—समुत्कीर्तना, स्वामित्व और अल्पबहुत्व ।

§ ५२७. पदनिक्षेप विशेषको वृद्धि कहते हैं । उसमें ये तीन ही अनुयोगद्वार होते हैं, क्योंकि शेष अनुयोगद्वारोंका इन्हींमें अन्तर्भाव देखा जाता है । इस प्रकार सूचित किये गये समुत्कीर्तना आदि अनुयोगद्वारोंमेंसे सर्व प्रथम समुत्कीर्तनाका कथन करते हैं इस बातका ज्ञान करानेके लिए यह सूत्र कहते हैं—

* अब समुत्कीर्तनाको कहते हैं ।

§ ५२८. यह सूत्र सुगम है ।

* मिथ्यात्वकी छह प्रकारकी वृद्धि, छह प्रकारकी हानि और अवस्थान है ।

शंका—छह वृद्धियाँ कौन हैं ?

समाधान—अनन्तभागवृद्धि, असंख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागवृद्धि, संख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणवृद्धि और अनन्तगुणवृद्धि इन नामोंवाली छह वृद्धियाँ हैं ।

§ ५२९. इसी प्रकार छह हानियोंका भी कथन करना चाहिए । उनमेंसे छह वृद्धियोंकी प्ररूपणा जिस प्रकार अनुभागविभक्तिमें की है उसी प्रकार सबकी सब यहाँ पर करनी चाहिए,

---

१. आ०प्रतौ छवड्ढीयं परूवणाओ इति पाठः ।

मेत्थ वि कायव्वा, विसेसाभावादो । संपहि हाणीणं परूवणे कीरमाणे सव्वुक्कस्साणुभागसंतकम्मिएण चरिमुव्वंके घादिदे पढमो अणंतभागहाणिवियप्पो होइ, तेणेव चरिम-दुचरिमुव्वंकेसु घादिदेसु विदिओ अणंतभागहाणिवियप्पो होइ । एवमणेण विहाणेण हेट्ठा ओयारेयव्वं जाव कंडयमेत्तमोइण्णस्स पच्छाणुपुव्वीए पढमसंखेज्जभागवड्ढिट्ठाणं ति । पुणो तेण सह उवरिमाणुभागे घादिदे असंखेज्जभागहाणिपारंभो होइ । एत्तो पहुडि असंखेज्जभागहाणिविसओ जाव पच्छाणुपुव्वीए पढमं संखेज्जभागवड्ढिट्ठाणमुप्पण्णं ति । एत्तो हेट्ठा घादेमाणस्स संखेज्जभागहाणिविसओ होदूण ताव गच्छइ जाव पच्छाणुपुव्वीए उक्कस्ससंखेज्जस्स सादिरेयद्धमेत्ता संखेज्जभागवड्ढिवियप्पा परिहीणा त्ति । तत्थ पढमदुगुणहीणट्ठाणमुप्पज्जइ । एत्तो प्पहुडि संखेज्जगुणहाणीए विसओ होदूण ताव गच्छइ जाव जहण्णपरित्तासंखेज्जछेदणयमेत्तदुगुणहाणीओ हेट्ठा ओदिण्णाओ त्ति । तत्तो प्पहुडि असंखेज्जगुणहाणिविसओ होदूण ताव गच्छइ जाव पच्छाणुपुव्वीए संखेज्जभागवड्ढिवियप्पाणमसंखेज्जे भागे संखेज्जगुणवड्ढि-असंखेज्जगुणवड्ढिसयलद्धाणं तत्तो हेट्ठिमचदुवड्ढिअद्धाणं च विसईकरिय चरिमट्ठंकट्ठाणं पत्तो त्ति । एत्थ चरिमट्ठंकट्ठाणं मोत्तूण सेसरूवूणछट्ठाणमेत्तं कंडयघादं करेमाणस्स असंखेज्जगुणहाणीए चरिमवियप्पो होइ त्ति भावत्थो । पुणो चरिमट्ठंकट्ठाणेण सह कंडयघादं कुणमाणस्साणंतगुणहाणी पारभदि । एत्तो प्पहुडि जाव सव्वुक्कस्साणुभागकंडयं ति ताव घादेमाणस्स अणंतगुणहाणिविसओ होइ । तत्तो हेट्ठिमाणुभागस्स पज्जवसाणट्ठाणेण सह घादाणुवलंभादो ।

क्योंकि उससे इसमे कोई विशेपता नहीं है । अब हानियोंका कथन करने पर सबसे उत्कृष्ट अनुभागसत्कर्मवाले जीवके द्वारा अन्तिम ऊर्वकका घात करनेपर प्रथम अनन्तभागहानिरूप भेद होता है। उसीके द्वारा अन्तिम और द्विचरम ऊर्वकोंका घात करने पर दूसरा अनन्तभागहानिरूप भेद होता है। इस प्रकार इस विधिसे नीचे काण्डकप्रमाण उतरे हुए जीवके पश्चादानुपूर्वीसे प्रथम संख्यात भागवृद्धिरूप स्थानके प्राप्त होने तक उतारना चाहिए । पुनः उसके साथ उपरिम अनुभागका घात करनेपर असंख्यातभागहानिका प्रारम्भ होता है। यहाँसे लेकर पश्चादानुपूर्वीसे प्रथम संख्यातभागवृद्धिके उत्पन्न होने तक असंख्यातभागहानिके विषयरूप स्थान होते हैं। इससे नीचे घात किये जानेवाले अनुभागके पश्चादानुपूर्वीसे उत्कृष्ट संख्यातके साधिक अर्धभागप्रमाण संख्यातभागवृद्धिके विकल्प परिहीन होने तक संख्यातभागहानिका विपय होकर जाता है। वहाँ पर प्रथम द्विगुण हीन स्थान उत्पन्न होता है । यहाँसे लेकर जघन्य परीतासंख्यातके अर्द्धच्छेदप्रमाण द्विगुणहानियाँ नीचे उतरने तक संख्यातगुणहानिका विपय होकर जाता है । वहाँसे लेकर पश्चादानुपूर्वीसे संख्यात भागवृद्धिके भेदोंके असंख्यात बहुभागोंको, संख्यातगुणवृद्धि और असंख्यातगुणवृद्धिके सब अध्वानको तथा उससे नीचे चार वृद्धियोंके अध्वानको विपय करके अन्तिम अष्टाङ्कस्थानके प्राप्त होने तक असंख्यातगुणहानिका विषय होकर जाता है। यहाँ पर अन्तिम अष्टांक स्थानको छोड़कर शेष एक कम षट्स्थानप्रमाण काण्डकघात करनेवाले जीवके असंख्यातगुणहानिका अन्तिम विकल्प होता है यह उक्त कथनका भावार्थ है । पुनः अन्तिम अष्टाङ्कस्थानके साथ काण्डकघात करनेवालेके अनन्तगुणहानिका प्रारम्भ होता है । यहाँ से लेकर सबसे उत्कृष्ट अनुभागकाण्डकके प्राप्त होने तक उसका घात करनेवालेके अनन्तगुणहानिका विषय होता है, क्योंकि उससे नीचेके अनुभागका अन्तिम स्थानके साथ घात नहीं उपलब्ध होता । इसी प्रकार अवस्थानसंक्रमकी सम्भावना का भी कथन करना

एवमवट्ठाणसंकमस्स वि संभवो वत्तव्वो, वड्ढि-हाणिविसयं सव्वत्थोवावट्ठाणपवारस्स पडिसेहा-भावादो। अवत्तव्वपदमेत्थ ण संभवइ, मिच्छत्ताणुभागविसए तदणुवलंभादो।

ॐसम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमत्थि अणंतगुणहाणी अवट्ठाणमवत्तव्वयं च।

चाहिए, क्योंकि वृद्धि और हानिरूप दोनों स्थानोंपर सर्वत्र ही अवस्थानके होनेका निषेध नहीं है। अवक्तव्यपद यहाँ पर सम्भव नहीं है, क्योंकि मिथ्यात्वके अनुभागका आलम्बन लेकर उसकी उपलब्धि नहीं होती।

विशेषार्थ—यहाँ पर मिथ्यात्वके अनुभागसंक्रममें छह वृद्धियाँ, छह हानियाँ और अवस्थान संक्रम कैसे सम्भव है इसका ऊहापोह किया है। उनमेंसे छह वृद्धियोंका व्याख्यान अनुभाग-विभक्तिके समय कर आये हैं, इसलिए यहाँ पर छह हानियोंका ही मुख्य रूपसे विशेष विचार किया है। यहाँ पर जो कुछ कहा गया है उसका सार यह है कि जो उत्कृष्ट अनुभागसत्कर्म है उसको यदि घात किया जाय तो ऊपरसे घात करते हुए नीचेकी ओर आया जायगा। उसमें भी सबसे जघन्य अनुभागकाण्डक अन्तिम स्पर्धक प्रमाण होगा। उससे बड़ा अनुभागकाण्डक चरम और द्विचरम स्पर्धकप्रमाण होगा। इस प्रकार उत्तरोत्तर एक एक स्पर्धकस्थानके द्वारा अनुभागकाण्डकका प्रमाण बढ़ाते हुए जब तक काण्डकप्रमाण अर्थात् आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण स्पर्धकस्थान नीचे उतरकर असंख्यातभागवृद्धिस्थान नहीं मिलता तब तक अनन्तभागहानि ही होती रहती है। यहाँ हानिका प्रकरण है, इसलिए ऊपरसे नीचेकी ओर गये हैं और यही पश्चादानुपूर्वी है। यहाँ इतना विशेष समझना चाहिए कि यहाँ पर अनन्तभागहानिमें जो अनुभागकाण्डकका प्रमाण कहा है सो वह अन्तिम स्पर्धकप्रमाण भी हो सकता है, चरम और द्विचरम स्पर्धकप्रमाण भी हो सकता है, चरम द्विचरम और त्रिचरम स्पर्धकप्रमाण भी हो सकता है और इस प्रकार उत्तरोत्तर अनुभागकाण्डकके प्रमाणमें वृद्धि करते हुए वह आवलिके असंख्यातवें भागके बराबर चरमादि स्पर्धकप्रमाण भी हो सकता है। इतने स्पर्धकप्रमाण अन्तिम अनुभागका घात होने तक अनन्तभागहानि ही होती है। हाँ इससे अधिक अनुभागका घात करने पर असंख्यातभागहानिका प्रारम्भ होता है जो जब तक संख्यातभागहानि स्थान नहीं प्राप्त होता है तब तक जाती है। उसके बाद संख्यातभागहानिका प्रारम्भ होता है जो जब तक संख्यातगुणहानिस्थान नहीं प्राप्त होता तब तक जाती है। यह संख्यात-गुणहानिस्थान कितने स्थान नीचे जाने पर उत्पन्न होता है इसकी मीमांसा करते हुए बतलाया है कि जहाँसे संख्यातभागहानिका प्रारम्भ हुआ है वहाँसे उत्कृष्ट संख्यातके साधिक अर्धभागप्रमाण संख्यातभागवृद्धिके विकल्प कम करने पर यह संख्यातगुणहानिस्थान उत्पन्न होता है। इससे आगे जब तक आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण संख्यातगुणहानियाँ होकर असंख्यातगुणहानि नहीं उत्पन्न होती है तब तक अनुभागकाण्डकघात संख्यातगुणहानिका ही विषय रहता है। उसके आगे अन्तिम अष्टाङ्कस्थानके पूर्व तक जितना भी अनुभागकाण्डकघात है वह सब असंख्यातगुणहानिका विषय रहता है। उसके आगे यदि अन्तिम अष्टाङ्कके साथ काण्डकघात करता है तो अनन्तगुण-हानिका प्रारम्भ होता है। यहाँसे आगे जितना भी घात है वह सब अनन्तगुणहानिका ही विषय है। परन्तु यहाँ पर इतना विशेष समझना चाहिए कि काण्डकघातके द्वारा पूरे अनुभागका घात नहीं होता। यहाँ पर वृद्धियों और हानियोंके जितने स्थान उत्पन्न होते हैं उतने ही अवस्थानविकल्प भी बन जाते हैं। मात्र मिथ्यात्वके अनुभागका अवक्तव्यसंक्रम कभी नहीं होता, क्योंकि इसके संक्रमका अभाव होकर पुनः संक्रमकी उत्पत्ति सम्भव नहीं है।

ॐसम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके अनन्तगुणहानि, अवस्थान और अवक्तव्यपद होते हैं।

§ ५३०. दंसणमोहक्खवणाए अणंतगुणहाणिसंभवो हाणीदो अण्णत्थ सव्वत्थेवावट्ठाणसंकमसंभवो असंकमादो संकामयत्तमुवगयम्मि अवत्तव्वसंकमो तिण्हमेदेसिमेत्थ संभवो ण विरुज्झदे। सेसपदाणमेत्थ णत्थि संभवो।

*** अणंताणुबन्धीणमत्थि छव्विहा वड्ढी छव्विहा हाणी अवट्ठाणमवत्तव्वयं च।**

§ ५३१. मिच्छत्तभंगेणेव छब्भेयभिण्णवड्ढि हाणीणमवट्ठाणस्स य संभवविसयो णिरवसेसमेत्थाणुगंतव्वो। अवत्तव्वसंकमो पुण विसंजोयणापुव्वसंजोगे दट्ठव्वो।

*** एवं सेसाणं कम्माणं।**

§ ५३२. एत्थ सेसग्गहणेण बारसक०-णवणोक०गहणं कायव्वं। तेसिमणंताणुबंधीणं व छवड्ढि-हाणि-अवट्ठाणावत्तव्वयाणं समुक्कित्तणा कायव्वा, विसेसाभावादो। णवरि सव्वोवसामणापडिवादे अवत्तव्वसंभवो वत्तव्वो। एवमोघो समत्तो।

§ ५३३. आदेसेण मणुसतिए ओघभंगो। सेससव्वमग्गणासु विहत्तिभंगो।

---

§ ५३०. दर्शनमोहनीयकी क्षपणामें अनन्तगुणहानि सम्भव है, हानिके सिवा अन्यत्र सर्वत्र ही अवस्थानसंक्रम सम्भव है और असंक्रमसे संक्रमरूप अवस्थाको प्राप्त होने पर अवक्तव्यसंक्रम होता है। इस प्रकार इन तीनोंका सद्भाव यहाँ पर विरोधको नहीं प्राप्त होता। मात्र शेष पद यहां पर सम्भव नहीं हैं।

* अनन्तानुबन्धियोंके छह प्रकारकी वृद्धियाँ, छह प्रकारकी हानियाँ, अवस्थान और अवक्तव्यपद होते हैं।

§ ५३१. जिस प्रकार मिथ्यात्वके प्रसङ्गसे कथन कर आये हैं उसी प्रकार छह प्रकारकी वृद्धियों छह प्रकारकी हानियों और अवस्थानकी सम्भावना पूरी तरहसे यहाँ पर जान लेना चाहिए। परन्तु अवक्तव्यसंक्रम विसंयोजनापूर्वक संयोगके होने पर जानना चाहिए।

* इसी प्रकार शेष कर्मोंके विषयमें जानना चाहिए।

§ ५३२. यहाँ पर शेष पदके ग्रहण करनेसे बारह कषाय और नौ नोकषायोंका ग्रहण करना चाहिए। अर्थात् उनके अनन्तानुबन्धियोंके समान छह वृद्धि, छह हानि, अवस्थान और अवक्तव्यपदोंकी समुत्कीर्तना करनी चाहिए, क्योंकि उनके कथनसे इनके कथनमें कोई विशेषता नहीं है। इतनी विशेषता है कि सर्वोपशमनासे गिरने पर अवक्तव्यपद सम्भव है ऐसा कहना चाहिए।

इस प्रकार ओघप्ररूपणा समाप्त हुई।

§ ५३३. आदेशसे मनुष्यत्रिकमें ओघके समान भङ्ग है। शेष सब मार्गणाओंमें अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग है।

विशेषार्थ—मनुष्यत्रिकमें ओघप्ररूपणाकी सब विशेषताएँ सम्भव होनेसे उनमें ओघके समान जाननेकी सूचना की है। परन्तु गतिसम्बन्धी अन्य सब मार्गणाओंमें ओघसम्बन्धी सब प्ररूपणा घटित न होकर अनुभागविभक्तिके समान भङ्ग बन जानेसे उनमें अनुभागविभक्तिके समान जाननेकी सूचना की है।

इस प्रकार समुत्कीर्तना समाप्त हुई।

❀ सामित्तं ।

§ ५३४. समुक्कित्तणाणंतरं सामित्तमहिकयं ति अहियारसंभालणसुत्तमेदं ।

❀ मिच्छत्तस्स छव्विहा वड्ढी पंचविहा हाणी कस्स ?

§ ५३५. किमिच्छाइट्ठिस्स आहो सम्माइट्ठिस्स, किं वा दोण्हं पि पयदसामित्तमिदि पुच्छा कया होइ । एत्थ पंचविहा हाणि त्ति वुत्ते अणंतगुणहाणिं मोत्तूण सेसपंचहाणीणं संगहो कायव्वो ।

❀ मिच्छाइट्ठिस्स अण्णयरस्स ।

§ ५३६. ण ताव सम्माइट्ठिम्मि मिच्छत्ताणुभागविसयछवड्ढीणमत्थि संभवो, तत्थ तब्बंधाभावादो । ण च बंधेण विणा अणुभागसंकमस्स वड्ढी लब्भदे, तहाणुवलद्धीदो । तहा पंचविहा हाणी वि तत्थ णत्थि, सुट्ठु वि मंदविसोहीए कंडयघादं करेमाणसम्माइट्ठिम्मि अणंतगुणहाणिं मोत्तूण सेसपंचहाणीणमसंभवादो । तदो मिच्छाइट्ठिस्सेव णिरुद्धछवड्ढि-पंचहाणीणं सामित्तमिदि सुणिण्णीदत्थमेदं सुत्तं । अण्णदरग्गहणमेत्थोगाहणादिविसेसपडि-सेहट्ठं दट्ठव्वं ।

❀ अणंतगुणहाणी अवट्ठिदसंकमो कस्स ?

§ ५३७. सुगममेदं सुत्तं, पण्हमेत्तवावारादो ।

---

* अब स्वामित्वको कहते हैं ।

§ ५३४. समुत्कीर्तनाके बाद स्वामित्व अधिकृत है, इसलिए अधिकारकी सम्हाल करनेके लिए यह सूत्र आया है ।

* मिथ्यात्वको छह प्रकारकी वृद्धियों और पाँच प्रकारकी हानियोंका स्वामी कौन है ?

§ ५३५. क्या मिथ्यादृष्टि या सम्यग्दृष्टि या दोनों ही प्रकृतमें स्वामी हैं इस प्रकार पृच्छा की गई है । यहाँ पर पाँच प्रकारकी हानि ऐसा कहने पर अनन्तगुणहानिको छोड़कर शेष पाँच हानियोंका संग्रह करना चाहिए ।

* अन्यतर मिथ्यादृष्टि जीव उनका स्वामी है ।

§ ५३६. सम्यग्दृष्टिके तो मिथ्यात्वकी अनुभागविषयक छह वृद्धियोंकी सम्भावना है नहीं, क्योंकि वहाँ पर मिथ्यात्वका बन्ध नहीं होता । और बन्धके विना अनुभागसंक्रमकी वृद्धि नहीं उपलब्ध होती, क्योंकि ऐसा पाया नहीं जाता । उसी प्रकार पाँच हानियाँ भी वहाँ पर नहीं हैं, क्योंकि अत्यन्त मन्द विशुद्धिसे भी काण्डकघात करनेवाले सम्यग्दृष्टि जीवके अनन्तगुणहानिको छोड़कर शेष पाँच हानियाँ असम्भव हैं । इसलिए मिथ्यादृष्टिके ही विवक्षित छह वृद्धियों और पाँच हानियोंका स्वामित्व है इस प्रकार इस सूत्रका अर्थ सुनिर्णीत है । यहाँ पर सूत्रमें जो 'अन्यतर' पदका ग्रहण किया है सो वह अवगाहना आदि विशेषके निषेधके लिए जानना चाहिए ।

* अनन्तगुणहानि और अवस्थितसंक्रमका स्वामी कौन है ?

§ ५३७. यह सूत्र सुगम है, क्योंकि प्रश्नमात्रमें इसका व्यापार हुआ है ।

❀ अण्णयरस्स ।

§ ५३८. मिच्छाइट्ठि-सम्माइट्ठीणमण्णदरस्स तदुभयविसयसामित्तसंबंधो त्ति भणिदं होइ ।

❀ सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमणंतगुणहाणिसंकमो कस्स ?

§ ५३९. सुगममेदं सामित्तसंबंधविसेसावेक्खं पुच्छासुत्तं ।

❀ दंसणमोहणीयं खवेंतस्स ।

§ ५४०. कुदो ? दंसणमोहक्खवणादो अण्णत्थेदेसिमणुभागघादासंभवादो तदो अण्णविसयपरिहारेणेत्थेव सामित्तमिदि सम्ममवहारिदं ।

❀ अवट्ठाणसंकमो कस्स ?

§ ६२. आनत कल्पसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम किसके होता है? जो गुणितकर्मांशिक जीव तिर्यञ्चोंके संख्यात भवोंको करके मनुष्योंमें उत्पन्न हो अतिशीघ्र द्रव्यलिङ्गी हो गया। पुनः अन्तर्मुहूर्तमें मरकर आनतादि कल्पोंका देव हो गया। पश्चात् अन्तर्मुहूर्तमें सम्यक्त्वको प्राप्त हो सबसे उत्कृष्ट गुणसंक्रमके द्वारा संक्रम करके अनन्तर समयमें विध्यातको प्राप्त होगा उसके विध्यातको प्राप्त होनेके अनन्तर पूर्व समयमें उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है। सम्यक्त्वका यही भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि उपशमसम्यक्त्वके कालके पूर्ण होनेपर मिथ्यात्वमें गया उस प्रथम समयवर्ती मिथ्यादृष्टिके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है। सोलह कषाय और छह नोकषायोंका भङ्ग मिथ्यात्वके समान है। इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्वको प्राप्तकर जो अनन्तर अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी विसंयोजना करता है उसके अन्तिम स्थितिकाण्डकका

पुणो अणंताणु० विसंजोएदि तस्स चरिमे ट्ठिदिखंडए चरिमसमय०संकाम० तस्स उक्क० पदेस०संक० । तिण्हं वेदाणमेवं चेव । णवरि पूरिदकम्मंसिओ मणुसेसुववज्जावेयव्वो ।

§ ६३. अणुदिसादि सव्वट्ठा त्ति मिच्छ०–सम्मामि० उक्क० पदेससंक० कस्स ? जो गुणिदकम्मंसिओ संखेज्जतिरियभवपरिब्भमणं कादूण मणुसेसु उववण्णो, सव्वलहुं सम्म० पडिव०, अविणट्ठासु गुणसेढीसु मदो देवेसु उववण्णो तस्स पढमसमयउववण्ण०-तस्स उक्क० पदे०संक० । सोलसक०–छण्णोक० एवं चेव । णवरि देवेसु उववज्जिऊण अंतोमुहुत्तं अणंताणु०चउक्कं विसंजोएदि तस्स चरिमे ट्ठिदिखंडए चरिमसमयसंका०तस्स उक्क० पदे०संक० । एवं तिण्हं वेदाणं । णवरि पूरिदकम्मंसिओ मणुसेसु उववज्जावेदव्वो । एवं जाव अणाहारि त्ति ।

एवमुक्क०सामित्तं समत्तं ।

❀ एत्तो जहण्णयं ।

§ ६४ एत्तो उवरि जहण्णयं सामित्तमहियारं ति अहियारसंभालणवक्कमेदं ।

❀ मिच्छत्तस्स जहण्णओ पदेससंकमो कस्स ?

§ ६५. सुगमं ।

संक्रम करनेके अन्तिम समयमें उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है । तीन वेदोंका इसी प्रकार उत्कृष्ट स्वामित्व जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि पूरित कर्मांशिक जीवको मनुष्योंमें उत्पन्न कराना चाहिए ।

§ ६३. अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धितकके देवोंमें मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो गुणितकर्मांशिक जीव तिर्यञ्चोंके संख्यात भवोंमें परिभ्रमण करके मनुष्योंमें उत्पन्न हो अतिशीघ्र सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ । पुनः गुणश्रेणियोंके नष्ट होनेके पूर्व ही मरकर देवोंमें उत्पन्न हुआ, प्रथम समयमें उत्पन्न हुए उस देवके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है । सोलह कषाय और छह नोकषायोंका उत्कृष्ट स्वामित्व इसी प्रकार जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि जो देवोंमें उत्पन्न होकर अन्तर्मुहूर्तमें अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी विसंयोजना करता है उसके अन्तिम स्थितिकाण्डकके संक्रम करनेके अन्तिम समयमें उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है । इसी प्रकार तीन वेदोंका उत्कृष्ट स्वामित्व जानना चाहिये । इतनी विशेषता है कि पूरित कर्मांशिक जीवको मनुष्योंमें उत्पन्न कराना चाहिए । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

इस प्रकार उत्कृष्ट स्वामित्व समाप्त हुआ ।

* आगे जघन्य स्वामित्वको कहते हैं ।

§ ६४. इससे आगे जघन्य स्वामित्व अधिकृत है इस प्रकार यह वचन अधिकारकी संम्हाल करता है ।

* मिथ्यात्वका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है ?

§ ६५. यह सूत्र सुगम है ।

* खविदकम्मंसिओ एइंदियकम्मेण जहण्णएण मणुसेसु आगदो, सव्वलहुं चेव सम्मत्तं पडिवण्णो, संजमं संजमासंजमं च बहुसो लभिदाउगो, चत्तारि वारे कसाए उवसामित्ता वेछावट्ठिसागरो० सादिरेयाणि सम्मत्तमणुपालिदं, तदो मिच्छत्तं गदो, अंतोमुहुत्तेण पुणो तेण सम्मत्तं लद्धं, पुणो सागरोवमपुधत्तं सम्मत्तमणुपालिदं, तदो दंसणमोहणीयक्खवणाए अब्भुट्ठिदो तस्स चरिमसमयअधापवत्तकरणस्स मिच्छत्तस्स जहण्णओ पदेससंकमो।

§ ६६. एदस्स सुत्तस्स अत्थो वुच्चदे। तं जहा—एत्थ खविदकम्मंसियणिद्देसो सेसकम्मंसियपडिसेहफलो। एइंदियकम्मेण जहण्णएण त्ति वयणेण भवसिद्धियाणमभवसिद्धियाणं च साहारणभूदं खविदकम्मंसियलक्खणमुवइट्ठं, सुहुमेइंदिएसु छावासयविसुद्धखविदकिरियाए कम्मट्ठिदिमेत्तकालमच्छिदस्स तदुभयसाहारणजहण्णेइंदियकम्मसमुप्पत्तिदंसणादो। एइंदिएसु कम्मट्ठिदिं समयाविरोहेण पालेऊण तदो मणुस्सेसु आगदो। किमट्ठमेसो मणुसगइमाणीदो? सम्मत्तुप्पत्तियादिगुणसेढिणिज्जराए बहुकम्मपोग्गलगालणं कादूण भवसिद्धियपाओग्गजहण्णसंतकम्मुप्पायणट्ठं। एदस्स चेव अत्थविसेसस्स जाणावणट्ठ-

* किसी एक क्षपितकर्मांशिक जीवने एकेन्द्रियसम्बन्धी जघन्य सत्कर्मके साथ मनुष्योंमें आकर अतिशीघ्र सम्यक्त्वको प्राप्त किया, अनेकबार संयम और संयमासंयमको प्राप्त किया, चार बार कषायोंका उपशम किया, साधिक दो छ्यासठ सागर काल तक सम्यक्त्वका पालन किया, अनन्तर मिथ्यात्वमें गया, पुनः अन्तर्मुहूर्तमें सम्यक्त्वको प्राप्त किया और सागरपृथक्त्व कालतक सम्यक्त्वका पालन किया, अनन्तर दर्शनमोहनीयकी क्षपणाके लिए उद्यत हुआ, अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें विद्यमान उसके मिथ्यात्वका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है।

§ ६६. अब इस सूत्रका अर्थ कहते हैं। यथा—यहाँ पर 'क्षपितकर्मांशिक' पदके निर्देशका फल शेष कर्मांशिकोंका निषेध करना है। 'एकेन्द्रियसम्बन्धी जघन्य सत्कर्मके साथ' इस वचनसे भव्यों और अभव्योंके क्षपितकर्मांशिकका साधारणभूत लक्षण कहा गया है, क्योंकि जो सूक्ष्म एकेन्द्रियोंमें छह आवश्यकोंसे विशुद्ध क्षपित क्रियाके साथ कर्मस्थितिप्रमाण काल तक रहा है उसके भव्य और अभव्य दोनोंके साधारणभूत एकेन्द्रियसम्बन्धी जघन्य सत्कर्म पाया जाता है। इस प्रकार एकेन्द्रियोंमें कर्मस्थितिका समयके अविरोधसे पालनकर अनन्तर मनुष्योंमें आया।

शंका—इसे मनुष्यगतिमें किसलिए लाया गया है?

समाधान—सम्यक्त्वकी उत्पत्तिसे लेकर गुणश्रेणिनिर्जराके द्वारा बहुत कर्म पुद्गलोंका गालन करके भव्योंके योग्य जघन्य सत्कर्मको उत्पन्न करनेके लिये इसे मनुष्यगतिमें लाया गया है।

मिदं वयणं—'सव्वलहुं सम्मत्तं पडिवण्णो संजमं संजमासंजमं च बहुसो लहिदाउगो' त्ति । एइंदिएहिंतो आगंतूण मणुस्सेसुप्पज्जिय तत्थ अट्ठवस्साणमंतोमुहुत्तब्भहियाणमुवरि सम्मत्तं संजमं च जुगवं पडिवज्जिय संजमगुणसेढिणिज्जरं कादूण तदो कमेण पलिदो० असंखे०-भागमेत्तसम्मत्त-संजमासंजमाणंताणु०विसंजोयणकंडयाणि थोवूणट्ठसंजमकंडयाणि च कुणमाणो गुणसेढिणिज्जरावावारेण पलिदो० असंखे०भागमेत्तकालमच्छिदो त्ति वुत्तं होइ । 'चत्तारि वारे कसाए उवसामित्ता' इच्चेदेण वि सुत्तावयवेण चउण्हमेव कसायोवसामणवाराणं संभवो णादिरित्ताणमिदि जाणाविदं । एवं च गुणसेढिणिज्जराए जहण्णीकय-दव्वस्स पुणो वि पयदसामित्तोवजोगिविसेसंतरपदुप्पायणट्ठमिदं वुत्तं—वेछावट्ठिसागरो० सादिरेयं सम्मत्तमणुपालिदो त्ति । किमट्ठमेवं सादिरेयं वेछावट्ठिसागरोवमाणि सम्मत्तमणुपालाविदो ? ण, तत्तियमेत्तमिच्छत्तगोपुच्छाणमधट्ठिदिगलणेण णिज्जरं कादूण जहण्णसामित्तविहाणट्ठं तहाकरणादो । एवं छावट्ठिसागरोवमाणि परिभमिय तदो मिच्छत्तं गदो त्ति किमट्ठं वुच्चदे ? ण, मिच्छत्तेणाणंतरिदस्स पुणो सागरोवमपुधत्तमेत्तकालं सम्मत्ते-णावट्ठाणविरोहादो । तदेव प्रदर्शयन्नाह—पुणो तेण सम्मत्तं लद्धमिच्चादि । णेदं घडदे,

इसी अर्थविशेषका ज्ञान करानेके लिए 'अतिशीघ्र सम्यक्त्वको प्राप्त हो अनेक वार संयम और संयमासंयमको प्राप्त किया, यह वचन आया है । एकेन्द्रियोंमेंसे आकर तथा मनुष्योंमें उत्पन्न होकर वहाँ आठ वर्ष और अन्तर्मुहूर्तके बाद सम्यक्त्व और संयमको एक साथ प्राप्तकर तथा संयमगुणश्रेणिनिर्जरा करके अनन्तर क्रमसे पल्यके असंख्यातवें भाग वार सम्यक्त्व, संयमासंयम और अनन्तानुबन्धीके विसंयोजनारूप काण्डकोंको करके तथा कुछ कम आठ संयमकाण्डकोंको करके गुणश्रेणिनिर्जराके व्यापार द्वारा पल्यकेे असंख्यातवें भागप्रमाण काल तक स्थित रहा यह उक्त कथनका तात्पर्य है । 'चार वार कषायोंका उपशम किया' इत्यादि सूत्र वचन द्वारा भी कषायोंके चार ही उपशम वार सम्भव हैं अधिक नहीं यह ज्ञान कराया गया है । इस प्रकार गुणश्रेणिनिर्जरा द्वारा जिसने द्रव्यको जघन्य किया है उसके प्रकृत स्वामित्वमें उपयोगी और भी विशेषताका कथन करनेके लिए 'साधिक दो छयासठ सागर काल तक सम्यक्त्वका पालन किया, यह वचन कहा है ।

शंका—इस प्रकार साधिक दो छयासठ सागर काल तक सम्यक्त्वका पालन किसलिए कराया है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि मिथ्यात्वकी तावन्मात्र गोपुच्छाओंकी अधःस्थितिगलनाके द्वारा निर्जरा करके जघन्य स्वामित्वका विधान करनेके लिए वैसा किया है ।

शंका—इस प्रकार दो छयासठ सागर कालतक परिभ्रमण करके अनन्तर मिथ्यात्वमें गया ऐसा किसलिए कहते हैं ?

समाधान—नहीं, क्योंकि मिथ्यात्वके द्वारा अन्तरको नहीं प्राप्त हुए उक्त जीवका पुनः सागरपृथक्त्व काल तक सम्यक्त्वके साथ रहनेमें विरोध आता है ।

अतः इसी बातको दिखलाते हुए 'पुनः उसने सम्यक्त्वको प्राप्त किया' इत्यादि वचन कहा है ।

बेछावट्ठिसा० सम्मत्तेणावट्ठिदजीवस्स पुणो सागरोवमपुधत्तमेत्तकालं परिब्भमणासंभवादो । ण एस दोसो, एदस्स सुत्तस्साहिप्पाएण बेछावट्ठीओ सम्मत्तेण परिब्भमिदस्स वि पुणो सागरोवमपुधत्तमेत्तकालं सम्मत्तगुणेणावट्ठाणसंभवदंसणादो । ण विहत्तिसामित्तसुत्तेणेदस्स विरोहो आसंकणिज्जो; तत्तो उवएसंतरपदंसणट्ठमेदस्स पयट्टत्तादो । एवं बेछावट्ठिसागरोवमबहिब्भूदसागरोवमपुधत्तमेत्तवेदयसम्मत्तकालमणंतरपरूविदमेत्तीए त्ति एवमणुपालिय अपच्छिमे मणुसभवग्गहणे देसूणपुव्वकोडिं संजमगुणसेढिणिज्जरं कादूण तदो दंसणमोहक्खवणाए अब्भुट्ठिदो । एवं च दंसणमोहक्खवणाए अब्भुट्ठियस्स अधापवत्तकरणचरिमसमए मिच्छत्तस्स जहण्णपदेससंकमो होइ त्ति सामित्ताहिसंबंधो, तस्स ताधे विज्झादसंकमेण जहण्णभावसिद्धीए विप्पडिसेहाभावादो । अधापवत्तकरणचरिमसमयादो उवरि सामित्तविहाणमेत्थ किण्ण कयं ? ण, तत्थ गुणसंकमपारंभेण संकमदव्वस्स जहण्णभावाणुववत्तीदो । हेट्ठा तरिहि अधापवत्तकरणविसोहीदो अणंतगुणहीणविसोहीए विज्झादसंकमो जहण्णो होदि त्ति णासंकणिज्जं, विज्झादसंकमस्स परिणामविसेसणिरवेक्खत्तादो । कथमेदं परिच्छिज्जदे ?

शंका—यह वचन नहीं बनता, क्योंकि जो जीव दो छ्यासठ सागर काल तक सम्यक्त्वके साथ रहा है उसका पुनः सागर पृथक्त्व काल तक उसके साथ परिभ्रमण करना नहीं बन सकता ?

समाधान—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि इस सूत्रके अभिप्रायसे जिसने दो छ्यासठ सागर काल तक सम्यक्त्वके साथ परिभ्रमण किया है उसका फिर भी सागर पृथक्त्व काल तक सम्यक्त्व गुणके साथ अवस्थान होना सम्भव दिखाई देता है। प्रकृतमें प्रदेशविभक्तिविषयक स्वामित्व सूत्रके साथ इस सूत्रका विरोध है ऐसी आशंका करना ठीक नहीं है, क्योंकि उससे भिन्न उपदेशके दिखलानेके लिए यह सूत्र प्रवृत्त हुआ है।

इस प्रकार दो छ्यासठ सागर कालके बाहर सागर पृथक्त्व काल तक वेदकसम्यक्त्व का पहले कहा गया काल बन जाता है, इसलिए उसका पालन कर अन्तिम मनुष्यभवमें कुछ कम एक पूर्व कोटि काल तक संयम गुणश्रेणिनिर्जरा करके अनन्तर दर्शनमोहनीयकी क्षपणाके लिए उद्यत हुआ। इस प्रकार दर्शनमोहनीयकी क्षपणाके लिए उद्यत हुए जीवके अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें मिथ्यात्वका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है इस प्रकार स्वामित्वका अभिसम्बन्ध करना चाहिए, क्योंकि उस समय उसके अधःप्रवृत्तसंक्रमके द्वारा जघन्यभावकी सिद्धिमें किसी प्रकारका निषेध नहीं है।

शंका—अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयसे ऊपर स्वामित्वका कथन यहाँ पर क्यों नहीं किया ?

समाधान—नहीं, क्योंकि वहाँ पर गुणसंक्रमका प्रारम्भ हो जानेसे संक्रम द्रव्यका जघन्यपना नहीं बन सकता।

शंका—तो नीचे अधःप्रवृत्तकरणकी विशुद्धिसे अनन्तगुणी हीन विशुद्धि होती है, अतः अधःप्रवृत्तकरण जघन्य हो जायगा ?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि विध्यातसंक्रम परिणामविशेषकी

एदम्हादो चेव सुत्तादो । अंतोमुहुत्तमेत्तगुणसेढिणिज्जरालाहसंगहणट्ठं च अधापवत्तकरण-चरिमसमए सामित्तविहाणं संजुत्तं पेच्छामहे ।

§ ६७. एत्थ सामित्तविसईकयदव्वपमाणाणयणमेवं कायव्वं । तं जहा—दिवड्ढ-गुणहाणिगुणिदेइंदियसमयपबद्धं ठविय तत्तो उक्कड्डिददव्वमिच्छामो त्ति तस्सोकड्डुक्कड्डण-भागहारो अंतोमुहुत्तोवट्टिदो भागहारत्तेण ठवेयव्वो । पुणो उक्कड्डिददव्वादो सागरोवम-पुधत्ताहियवेछावट्ठिसागरोवमकालब्भंतरे गलिदसेसदव्वमिच्छिय तक्कालब्भंतरणाणागुणहाणि-सलागाणमण्णोण्णब्भत्थरासी भागहारो ठवेयव्वो । एवं ठविदे सामित्तसमयगलिद-सेसासेसमिच्छत्तदव्वमागच्छइ । एत्तो विज्झायसंकमेण संकामिददव्वमिच्छामो त्ति अंगुलस्सासंखेज्जदिभागमेत्तो विज्झादसंकमभागहारो अवहारभावेण ठवेयव्वो । एवं ठविदे सामित्तविसइकयजहण्णदव्वमागच्छइ ।

❀ सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं जहण्णओ पदेससंकमो कस्स ?

§ ६८. सुगमं ।

❀ एसो चेव जीवो मिच्छत्तं गदो, तदो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागं

अपेक्षा न करके होता है ।

शंका—यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान—इसी सूत्रसे जाना जाता है । तथा अन्तर्मुहूर्त काल तक होनेवाली गुणश्रेणि-निर्जराके लाभका संग्रह करनेकेलिए अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें स्वामित्वका कथन संयुक्त है ऐसा हम समझते हैं ।

§ ६७. यहाँ पर स्वामित्वके विषयभावको प्राप्त हुए द्रव्यका प्रमाण इस प्रकार लाना चाहिए । यथा—डेढ़ गुणहानिसे गुणित एकेन्द्रियसम्बन्धी समयप्रबद्धको स्थापित कर उसमेंसे उत्कर्षणको प्राप्त हुए द्रव्यकी इच्छा करके उसका अन्तर्मुहूर्तसे भाजित अपकर्षण-उत्कर्षण भागहार भागहाररूपसे स्थापित करना चाहिए । पुनः उत्कर्षित द्रव्यमेंसे सागरपृथक्त्व अधिक दो छयासठ सागर-प्रमाण कालके भीतर गलकर शेष बचे हुए द्रव्यको लानेकी इच्छासे उस कालके भीतर जितनी नाना गुणहानिशलाकाएँ हों उनकी अन्योन्याभ्यस्तराशिको भागहाररूपसे स्थापित करना चाहिए । इस प्रकार स्थापित करने पर स्वामित्व समयमें गलकर शेष बचा हुआ मिथ्यात्वका समस्त द्रव्य आता है । इसमेंसे विध्यातसंक्रमके द्वारा संक्रमको प्राप्त हुए द्रव्यको लानेकी इच्छासे अङ्गुलके असंख्यातवें भागप्रमाण विध्यातसंक्रमभागहारको भागहाररूपसे स्थापित करना चाहिए । इस प्रकार स्थापित करने पर स्वामित्वके विषयभावको प्राप्त हुआ जघन्य द्रव्य आता है ।

❀ सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है ?

§ ६८. यह सूत्र सुगम है ।

❀ यही जीव मिथ्यात्वमें गया । अनन्तर पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण कालको

गंतूण अप्पप्पणो दुचरिमट्ठिदिखंडयं चरिमसमयउव्वेल्लमाणयस्स तस्स जहण्णओ पदेससंकमो।

§ ६९. एसो चेवाणंतरणिद्दिट्ठो मिच्छत्तजहण्णसामित्ताहिमुहो खविदकम्मंसियजीवो दंसणमोहक्खवणाए अब्भुट्ठिय पुव्वमेवंतोमुहुत्तमत्थि त्ति संकिलेसमावूरिय परिणामपच्चएण मिच्छत्तं गदो तदो अंतोमुहुत्तेणुव्वेल्लणमाढविय पलिदो० असंखे०भागमेत्तकालं गंतूण जहाकममप्पप्पणो दुचरिमट्ठिदिखंडयस्स चरिमसमयउव्वेल्लमाणगो जादो तस्स पयदकम्माणं जहण्णसामित्तं होदि। चरिमुव्वेल्लणकंडयचरिमफालीए जहण्णसामित्तमेदं किण्ण दिण्णं? ण, तत्थ सव्वसंकमेण संकमंताणं सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं जहण्णभावविरोहादो। तो कत्थहि चरिमट्ठिदिखंडयदुचरिमादिफालीसु पयदसामित्तविहाणं कस्सामो त्ति णासंकणिज्जं, तत्थ वि गुणसंकमसंभवेण जहण्णभावाणुववत्तीदो।

§ ७०. एत्थ जहण्णसामित्तविसईकयदव्वपमाणमेवमणुगंतव्वं। तं जहा—वेछावट्ठिसागरोवमाणमादीए पढमसम्मत्तमुप्पाएंतेण मिच्छत्तस्स दिवड्ढगुणहाणिमेत्तएइंदियसमयपबद्धेहिंतो सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमुवरि गुणसंकमेण संकामिददव्वमुक्कड्डणपडिभागिय-

---

बिताकर जब वह अपने अपने द्विचरम स्थितिकाण्डककी अन्तिम समयमें उद्वेलना करता है तब उसके उक्त कर्मोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है।

§ ६९. यही अनन्तर पूर्व कहा गया मिथ्यात्वके जघन्य स्वामित्वके अभिमुख हुआ क्षपितकर्मांशिक जीव दर्शनमोहनीयकी क्षपणाके लिए उद्यत होनेके अन्तर्मुहूर्त पूर्व ही संक्लेशको पूरकर परिणामवश मिथ्यात्वमें गया। अनन्तर अन्तर्मुहूर्तमें उद्वेलना आरम्भ करके पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण कालको बिताकर जब क्रमसे अपने अपने द्विचरम स्थितिकाण्डकके अन्तिम समयमें उद्वेलना करनेवाला हुआ तब प्रकृत कर्मोंका जघन्य स्वामित्व होता है।

शंका—अन्तिम उद्वेलनाकाण्डककी अन्तिम फालिके समय यह जघन्य स्वामित्व क्यों नहीं दिया?

समाधान—नहीं, क्योंकि वहाँ पर सर्वसंक्रमके द्वारा संक्रमको प्राप्त हुए सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका जघन्यपना होनेमें विरोध आता है।

शंका—तो अन्तिम स्थितिकाण्डककी द्विचरम आदि फालियोंके समय प्रकृत जघन्य स्वामित्वका कथन करना चाहिए?

समाधान—ऐसी आशंका करना ठीक नहीं है, क्योंकि वहाँ पर भी गुणसंक्रम सम्भव होनेसे जघन्यपना नहीं बन सकता।

§ ७०. यहाँ पर जघन्य स्वामित्वके विषयभावको प्राप्त हुए द्रव्यके प्रमाणका अनुगम करना चाहिए। यथा—दो छयासठ सागरप्रमाण कालके प्रारम्भमें प्रथम सम्यक्त्वको उत्पन्न करके जो मिथ्यात्वके डेढ़ गुणहानिप्रमाण एकेन्द्रियसम्बन्धी समयप्रबद्धोंमेंसे गुणसंक्रम भागहारके द्वारा सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके ऊपर द्रव्य संक्रमित होता है उसमेंसे उत्कर्षणको प्राप्त हुए द्रव्यके

मिच्छामो त्ति अंतोमुहुत्तोवट्टिदुक्कड्डणभागहारपदुप्पण्णगुणसंकमभागहारो खविदकम्मंसिय-कम्मट्ठिदिसंचयस्स भागहारत्तेण ठवेयव्वो। एदं घेत्तूण वेछावट्ठिसागरोवमाणि सागरोवम-पुधत्तमेत्तकालं च अधट्ठिदिगलणाए गालिदं ति तक्कालब्भंतरणाणागुणहाणिसलागाण-मण्णोण्णब्भत्थरासी एदस्स भागहारभावेण ठवेयव्वो। पुणो दीहुव्वेल्लणकालपज्जवसाणे उव्वेलणसंकमेण सामित्तं जादमिदि उव्वेल्लणकालब्भंतरणाणागुणहाणिसलागाणमण्णोण्ण-ब्भत्थरासी उव्वेल्लणभागहारो च एदस्स भागहारत्तेण ठवेयव्वो। एवं ठविदे पयद-सामित्तविसईकयजहण्णदव्वमुप्पज्जदि त्ति घेत्तव्वं।

❀ अणंताणुबंधीणं जहण्णओ पदेससंकमो कस्स ?

§ ७१. सुगमं।

❀ एइंदियकम्मेण जहण्णएण तसेसु आगदो, संजमं संजमासंजमं च बहुसो लद्धूण चत्तारि वारे कसाए उवसामित्ता तदो एइंदिएसु पलिदोवमस्स असंखे०भागमच्छिदो जाव उवसामयसमयपवद्धा णिग्गलिदा त्ति। तदो पुणो तसेसु आगदो, सव्वलहुं सम्मत्तं लद्धं, अणंताणुबंधिणो च विसंजोइदा, पुणो मिच्छत्तं गंतूण अंतोमुहुत्त संजोएदूण पुणो तेण सम्मत्तं

प्रतिभागकी इच्छासे अन्तर्मुहूर्तसे भाजित अपकर्षण-उत्कर्षण भागहारसे गुणित गुणसंक्रमभागहारको क्षपितकर्मांशिकके कर्मस्थितिक भीतर सञ्चित हुए सञ्चयके भागहाररूपसे स्थापित करना चाहिए। पुनः इसे ग्रहणकर दो छयासठ सागर और सागरपृथक्त्व कालके भीतर अधःस्थितिगलना-के द्वारा द्रव्य गलित हुआ है, इसलिए उस कालके भीतर नाना गुणहानिशलाकाओंकी अन्योन्याभ्यस्त राशिको इसके भागहाररूपसे स्थापित करना चाहिए। पुनः दीर्घ उद्वेलना कालके अन्तमें उद्वेलना संक्रमके द्वारा स्वामित्व उत्पन्न हुआ है, इसलिए उद्वेलना कालके भीतर प्राप्त हुई नाना गुणहानिशलाकाओंकी अन्योन्याभ्यस्तराशिको और उद्वेलनाभागहारको उसके भागहाररूपसे स्थापित करना चाहिए। इस प्रकार स्थापित करनेपर प्रकृत स्वामित्वके विषयभावको प्राप्त हुआ जघन्य द्रव्य उत्पन्न होता है ऐसा यहाँ पर ग्रहण करना चाहिए।

* अनन्तानुबन्धियोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है ?

§ ७१. यह सूत्र सुगम है।

* जो एकेन्द्रियसम्बन्धी सत्कर्मके साथ त्रसोंमें आया। वहाँ पर संयम और संयमा-संयमको अनेक बार प्राप्तकर और चार बार कषायोंका उपशम कर अनन्तर एकेन्द्रियोंमें तावत्प्रमाण पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण कालतक रहा जब तक उपशामकसम्बन्धी समयप्रबद्धोंको गलाया। अनन्तर पुनः त्रसोंमें आया तथा अतिशीघ्र सम्यक्त्वको प्राप्त कर अनन्तानुबन्धियोंकी विसंयोजना की। पुनः मिथ्यात्वमें जाकर और अन्तर्मुहूर्त काल तक संयुक्त होकर पुनः उसने सम्यक्त्वको प्राप्त किया। अनन्तर दो छयासठ सागर काल

सहं, तदो सागरोवमवेछावट्ठीओ अणुपालिदं, तदो विसंजोएदुमाढत्तो तस्स अधापवत्तकरणचरिमसमए अणंताणुबंधीणं जहण्णओ पदेससंकमो ।

§ ७२. एत्थेइंदियजहण्णसंतकम्मावलंबणं पयदसामियस्स एइंदियकम्मंसियत्तपदुप्पायणट्ठं। तसेसु तस्सागमणं संजम-संजमासंजम-सम्मत्ताणंताणुबंधिविसंजोयणाकंडएहिं बहुपोग्गल-गालणट्ठं। चदुक्खुत्तो कसायोवसामणाकरणं पि तदट्ठमेवे त्ति दट्ठव्वं। पुणो एइंदिएसु पलिदो० असंखे०भागमेत्तकालावट्ठाणं पि उवसामयसमयपबद्धाणं तत्थतणट्ठिदिखंडय-जणिदथूलयरगोवुच्छाणमधट्ठिदीए गालणट्ठं। तत्तो पुणो वि तसेसु आगमणब्भुवगमो सव्वलहुं सम्मत्तं पडिवज्जावणफलो। तत्थाणंताणुबंधिविसंजोयणं पि तेसिं णिस्संतीकरणफलं। पुणो मिच्छत्तगमणमणंताणुबंधीणं विसंजोयणावसेणासब्भूदाणं संतकम्मसमुप्पा-यणफलं। ण तदवलंबणमेत्थ पयदाणुवजोगि त्ति आसंकणिज्जं, अणंताणुबंधिचिराणसंतकम्मस्स णिम्मूलावणयणं कादूण पुणो मिच्छत्तं गयस्स अंतोमुहुत्तमेत्तणवकबंधसमयपबद्धेहिं सह सेसकसाएहिंतो तक्कालसंकमिददव्वं घेत्तूण पुणो सम्मत्तपडिलंभेण वेछावट्ठिसागरोव-माणमणुपालणेण णिरुद्धदव्वस्स सुट्ठु जहण्णीभावसंपादणाए पयदोवजोगित्तसिद्धीदो। एवं वेछावट्ठिसागरोवमाणि सम्मत्तमणुपालिय जहण्णीकयाणंताणुबंधिकम्मो तदवसाणे

तक उसके साथ रहा। अनन्तर जब विसंयोजनाका आरम्भ करता है तब उसके अधः-प्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें अनन्तानुबन्धियोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है।

§ ७२. यहाँ पर प्रकृत स्वामी एकेन्द्रियकर्मांशिक होता है इस बातका कथन करनेके लिए एकेन्द्रियसम्बन्धी जघन्य सत्कर्मका अवलम्बन लिया है। संयम, संयमासंयम, सम्यक्त्व और अनन्तानुबन्धियोंके विसंयोजनाकाण्डकोंके द्वारा बहुत पुद्गलोंके गलानेके लिए उक्त जीवको त्रसोंमें लाया गया है। तथा इसीलिए चार बार कषायोंका उपशम कराया गया है ऐसा जानना चाहिए। पुनः उपशामकसम्बन्धी समयप्रबद्धोंके स्थितिकाण्डकोंसे उत्पन्न हुई स्थूलतर गोपुच्छाओंकी अधः-स्थितिके द्वारा गलानेके लिए उसे एकेन्द्रियोंमें पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण काल तक रखा है। अनन्तर त्रसोंमें फिर भी त्रसोंमें आगमनके स्वीकारके फलस्वरूप अतिशीघ्र सम्यक्त्वको प्राप्त कराया है। तथा वहाँ पर अनन्तानुबन्धियोंकी विसंयोजना करानेका फल भी उनका निःसत्त्व करना है। पुनः मिथ्यात्वमें स्थापित करनेका फल विसंयोजनाके वशसे असद्भावको प्राप्त हुए अनन्तानु-बन्धियोंके सत्कर्मको उत्पन्न करना है। यहाँ पर उनका अवलम्बन करना प्रकृतमें उपयोगी नहीं है ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि अनन्तानुबन्धियोंके प्राचीन सत्कर्मका निर्मूल अपनयन करके पुनः मिथ्यात्वको प्राप्त हुए जीवके अन्तर्मुहूर्तप्रमाण नवकबन्धके समयप्रबद्धोंके साथ शेष कषायोंमेंसे तत्काल संक्रमित हुए द्रव्यको ग्रहणकर पुनः सम्यक्त्वके प्राप्त होनेसे और उसका दो छयासठ सागर काल तक पालन करनेसे विवक्षित द्रव्यके अत्यन्त जघन्यरूपसे सम्पादन करनेमें प्रकृतमें उपयोगीपनेकी सिद्धि होती है। इस प्रकार दो छयासठ सागर काल तक सम्यक्त्वका पालन-कर जो अनन्तानुबन्धीकर्मको जघन्य करके उसके अन्तमें विसंयोजना करनेके लिए उद्यत हुआ है

विसंजोएदुमाढत्तो तस्स अधापवत्तकरणचरिमसमए विज्झादसंकमेण पयदकम्माणं जहण्णओ पदेससंकमो होइ।

§ ७३. एत्थ जहण्णसामित्तविसईकयदव्वपमाणाणुगमो एवं कायव्वो। तं जहा—दिवड्ढगुणहाणिगुणिदएइंदियसमयपबद्धं ठविय अंतोमुहुत्तोवट्टिदोकड्डुक्कड्डणभागहारपदुप्पण्णेण अधापवत्तसंकमभागहारेणोवट्टिदे संजुत्तपढमसमयप्पहुडि अंतोमुहुत्तमेत्तकालमधापवत्तसंकमेण सेसकसाएहिंतो पडिच्छिदाणंताणुबंधिदव्वमुक्कड्डणपडिभागियमागच्छइ। पुणो वेछावट्ठि-सागरोवमब्भंतरगलिदसेसदव्वमिच्छामो त्ति तक्कालब्भंतरणाणागुणहाणिसलागाणमण्णोण्ण-ब्भासजणिदरासिणा तम्मि ओवट्टिदे गलिदसेसदव्वं होइ। तत्तो विज्झादसंकमेण गददव्व-मिच्छामो त्ति अंगुलस्सासंखेज्जभागमेत्तभागहारेण ओवट्टिदे जहण्णसामित्तविसईकय-दव्वमागच्छदि। अहवा एत्थ वि वेछावट्ठिसागरोवमाणमवसाणे मिच्छत्तं णेदूणंतोमुहुत्तेण पुणो वि सम्मत्तपडिलंभेण सागरोवमपुधत्तमेत्तकालं गालिय विसंजोयणाए अब्भुट्ठिदस्स अधापवत्तकरणचरिमसमए जहण्णसामित्तमिदि एसो वि सुत्तयाराहिप्पाओ एदम्मि सुत्ते णिलीणो त्ति वक्खाणेयव्वो। कथमेदं णव्वदे? उवरि भणिस्समाणप्पाबहुअसुत्तादो। तत्थेव तस्सोववत्तिं भणिस्सामो।

*** अट्ठण्हं कसायाणं जहण्णओ पदेससंकमो कस्स ?**

उसके अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें विध्यातसंक्रमके द्वारा प्रकृत कर्मोंका जघन्य प्रदेश-संक्रम होता है।

§ ७३ यहाँ पर जघन्य स्वामित्वके विषयभावको प्राप्त हुए द्रव्यके प्रमाणका अनुगम इस प्रकार करना चाहिए। यथा—डेढ़ गुणहानिसे गुणित एकेन्द्रियसम्बन्धी समयप्रबद्धको स्थापितकर अन्तर्मुहूर्तसे भाजित अपकर्षण-उत्कर्षणभागहारसे गुणित अधःप्रवृत्तसंक्रमभागहारसे भाजित करने पर संयुक्त होनेके प्रथम समयसे लेकर अन्तर्मुहूर्त काल तक अधःप्रवृत्तसंक्रमके द्वारा शेष कषायोंमेंसे संक्रमित हुआ अनन्तानुबन्धीका द्रव्य उत्कर्षणका प्रतिभागी होकर आता है। पुनः दो छयासठ सागर कालके भीतर गलित हुए शेष द्रव्यकी इच्छासे उस कालके भीतर प्राप्त हुई नाना गुणहानि-शलाकाओंकी अन्योन्याभ्यस्त राशिसे उसके अपवर्तित करने पर गलित होनेके बाद शेष बचा हुआ द्रव्य आता है। पुनः उसमेंसे विध्यातसंक्रमके द्वारा गये हुए द्रव्यकी इच्छासे अङ्गुलके असंख्यातवें भागप्रमाण उसके भागहारके द्वारा भाजित करने पर जघन्य स्वामित्वके विषयभावको प्राप्त हुआ द्रव्य आता है। अथवा यहाँ पर भी दो छयासठ सागर कालके अन्तमें मिथ्यात्वमें ले जाकर अन्त-र्मुहूर्तके बाद फिर भी सम्यक्त्वको प्राप्त कर और सागरपृथक्त्व काल तक उसके साथ रह कर विसंयोजनाके लिए उद्यत हुए जीवके अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें जघन्य स्वामित्व होता है। इस प्रकार यह भी सूत्रकारका अभिप्राय इस सूत्रमें गर्भित है ऐसा व्याख्यान करना चाहिए।

शंका—यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान—आगे कहे जानेवाले अल्पबहुत्व सूत्रसे जाना जाता है। उसकी उपपत्तिका कथन वहीं पर करेंगे।

*** आठ कषायोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है ?**

§ ७४. सुगमं।

* एइंदियकम्मेण जहण्णएण तसेसु आगदो, संजमासंजमं संजमं च बहुसो गदो, चत्तारि वारे कसाए उवसामित्ता तदो एइंदिएसु गदो, असंखेज्जाणि वस्साणि अच्छिदो जाव उवसामयसमयपबद्धा णिग्गलंति। तदो तसेसु आगदो, संजमं सव्वलहुं लद्धो, पुणो कसायक्खवणाए उवट्ठिदो तस्स अधापवत्तकरणस्स चरिमसमए अट्ठण्हं कसायाणं जहण्णओ पदेससंकमो।

§ ७५. एत्थ एइंदियकम्मेण जहण्णएण तसेसु आगमणकारणं पुव्वं व वत्तव्वं। एवमणेयवारं सम्मत्ताणुविद्धसंजमादिपरिणामेहि गुणसेढिणिज्जरं कादूण पुणो चदुक्खुत्तो कसायोवसामणाए च वावदो। एत्थ वि कारणं गुणसेढिणिज्जराबहुत्तं गुणसंकमेण बहुदव्वावणयणं च दट्ठव्वं। एवमेत्थ गुणसेढिणिज्जराए बहुदव्वगालणं कादूण पुणो वि मिच्छत्तपडिवादेणेइंदिएसु पइट्ठो त्ति जाणावणट्ठमिदं वयणं—'तदो एइंदिएसु गदो' त्ति। णेदं णिरत्थयं, पलिदो० असंखे०भागमेत्तमप्पयरकालं तत्थच्छिऊण ट्ठिदिखंडयघादवसेणुवसामयसमयपबद्धं गालणाए सहलत्तदंसणादो त्ति पदुप्पायणट्ठमेदं वुत्तं—'असंखेज्जाणि वस्साणि अच्छिदो' इच्चादि। ण च तत्थतणबंधबहुत्तमस्सिऊण पयदत्थविहडावणं जुत्तं,

---

§ ७४. यह सूत्र सुगम है।

* जो एकेन्द्रियसम्बन्धी जघन्य सत्कर्मके साथ त्रसोंमें आया। संयमासंयम और संयमको बहुत बार प्राप्त किया। तथा चार बार कषायोंका उपशम करके अनन्तर एकेन्द्रियोंमें गया। वहाँ उपशामकसम्बन्धी समयप्रबद्धोंके गलनेमें लगनेवाले असंख्यात वर्ष काल तक रहा। अनन्तर त्रसोंमें आकर और अतिशीघ्र संयमको प्राप्त कर पुनः कषायोंकी क्षपणाके लिए उद्यत हुआ उसके अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें आठ कषायोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है।

§ ७५. यहाँ पर एकेन्द्रियसम्बन्धी जघन्य कर्मके साथ त्रसोंमें आनेके कारणका पहलेके समान कथन करना चाहिए। इस प्रकार अनेक बार सम्यक्त्वसे युक्त संयम आदि रूप परिणामोंके द्वारा गुणश्रेणिनिर्जरा करके पुनः चार बार कषायोंकी उपशामना करनेमें व्यापृत हुआ। यहाँ पर गुणश्रेणिनिर्जराके बहुत्वरूप और गुणसंक्रमके द्वारा बहुत द्रव्यके अपनयनरूप कारणको जानना चाहिए। इस प्रकार यहाँ पर गुणश्रेणिनिर्जराके द्वारा बहुत द्रव्यका गालन करके फिर भी मिथ्यात्वमें गिरकर एकेन्द्रियोंमें प्रविष्ट हुआ इस प्रकार इस बातका ज्ञान करानेके लिए 'अनन्तर एकेन्द्रियोंमें गया' यह वचन कहा है और यह वचन निरर्थक भी नहीं है, क्योंकि पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण अल्पतर काल तक वहाँ रहकर स्थितिकाण्डकघातके वशसे उपशामकसम्बन्धी समयप्रबद्धोंकी गलनेरूप सफलता देखी जाती है, इसलिए इस बातके कथन करनेके लिए 'असंख्यात वर्ष तक रहा' इत्यादि वचन कहा है। यदि कहा जाय कि वहाँ पर होनेवाले बहुत बन्धके आश्रयसे प्रकृत

बंधादो णिज्जराए तत्थ बहुत्तोवलंभादो । एवमुवसामयसमयपबद्धे गालिय तदो तसेसु आगदो, सव्वलहुं संजमं लद्धो । पुणो कसायक्खवणाए उवट्ठिदो त्ति । एतदुक्तं भवति— मणुसेसुप्पज्जिय गब्भादिअट्ठवस्साणमुवरि सम्मत्तं संजमं च जुगवं पडिवज्जिय देसूण-पुव्वकोडिमेत्तकालं गुणसेढिणिज्जरमणुपालिय पच्छा अंतोमुहुत्तसेसे सिज्झिदव्वए कदासेस-परिकरो कसायक्खवणाए अब्भुट्ठिदो त्ति । एवमवट्ठिदस्स तस्स अधापवत्तकरणचरिम-समए विज्झादसंकमेण अट्ठकसायाणं जहण्णओ पदेससंकमो होइ त्ति सामित्त-संबंधो । एत्थुवसंहारपरूवणा सुगमा । एवमेदं सामित्तमुवसंहरिय एदेण सरिससामित्ता-लावाणमरदि-सोगाणमप्पणं कुणमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

एवमरइ-सोगाणं

§ ७६. सुगममेदमप्पणासुत्तं ।

*** हस्स-रइ-भय-दुगुंछाणं पि एवं चेव । णवरि अपुव्वकरणस्सा-वलियपविट्ठस्स ।**

§ ७७. हस्स-रइ-भय-दुगुंछाणमेवं चेव खविदकम्मंसियलक्खणेणागंतूण खवणाए उवट्ठियस्स जहण्णसामित्तं होइ । विसेसो दु अधापवत्तकरणं वोलिय अपुव्वकरणं पविट्ठस्स

अर्थ विघटित हो जाता है सो ऐसा कहना ठीक नहीं है, क्योंकि वहाँ पर बन्धकी अपेक्षा बहुत निर्जरा उपलब्ध होती है । इस प्रकार उपशामकसम्बन्धी समयप्रबद्धोंको गलाकर अनन्तर त्रसोंमें आया और अतिशीघ्र संयमको प्राप्त हुआ । पुनः कषायोंकी क्षपणाके लिए उद्यत हुआ । कहनेका तात्पर्य यह है कि मनुष्यमें उत्पन्न होकर गर्भसे लेकर आठ वर्षके बाद सम्यक्त्व और संयमको युगपत् प्राप्त होकर कुछ कम एक पूर्वकोटि काल तक गुणश्रेणिनिर्जराका पालनकर पश्चात् सिद्ध होने के लिए अन्तर्मुहूर्त काल शेष रहने पर पूरी तैयारीके साथ कषायोंकी क्षपणाके लिए उद्यत हुआ । इस प्रकार अवस्थित हुए उसके अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें विध्यातसंक्रमके द्वारा आठ कषायोंका जघन्य प्रदेश-संक्रम होता है ऐसा यहाँ स्वामित्वका सम्बन्ध करना चाहिए । यहाँ पर उपसंहारकी प्ररूपणा सुगम है । इस प्रकार इस स्वामित्वका उपसंहार करके इसके स्वामित्वके सदृश कथनवाले अरति और शोककी मुख्यता करते हुए आगेका सूत्र कहते हैं—

* इसी प्रकार अरति और शोका जघन्य स्वामित्व जानना चाहिए ।

§ ७६. यह अर्पणासूत्र सुगम है

*** हास्य, रति, भय और जुगुप्साका भी जघन्य स्वामित्व इसी प्रकार जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इन कर्मोंका जघन्य स्वामित्व जिसे अपूर्वकरणमें प्रविष्ट हुए एक आवलि हुआ है उसके होता है ।**

§ ७७. हास्य, रति, भय और जुगुप्साका इसी प्रकार क्षपितकर्मांशिकविधिसे आकर क्षपणाके लिए उद्यत हुए जीवके जघन्य स्वामित्व होता है । विशेषता इतनी है कि अधःकरणको बिताकर अपूर्वकरणमें प्रविष्ट हुए जीवके प्रथम आवलिके अन्तिम समयमें अधःप्रवृत्तसंक्रमके द्वारा यह

पढमावलियचरिमसमए अधापवत्तसंकमेणेदं सामित्तं कायव्वमिदि । जइ एवं, अपुव्वकरण-चरिमसमए जहण्णसामित्तमेदेसिं दाहामो, अपुव्वगुणसेढिणिज्जराए णिज्झिण्णसेसाणं तत्थ सुट्ठु जहण्णभावोववत्तीदो त्ति ण पच्चवट्ठाणं कायव्वं, तत्थतणगुणसेढिणिज्जरादो समयं पडि अरइ-सोगादिअबज्झमाणपयडीहिंतो गुणसंकमेण ढुक्कमाणदव्वस्सासंखेज्जगुणत्तेण तहा कादुमसक्कियत्तादो ।

*** कोहसंजलणस्स जहण्णओ पदेससंकमो कस्स ?**

§ ७८. सुगमं ।

*** उवसामयस्स चरिमसमयपबद्धो जाधे उवसामिज्जमाणो उवसंतो ताधे तस्स कोहसंजलणस्स जहण्णओ पदेससंकमो ।**

§ ७९. अण्णदरखम्मंसियलक्खणेणागंतूण उवसमसेढिमारूढस्स जाधे कोधसंजलण-चरिमसमयजहण्णणवकबंधो बंधावलियवदिक्कंतसमयप्पहुडि संकमणावलियब्भंतरे कमेणोव-सामिज्जमाणो उवसंतो ताधे तस्स पयदजहण्णसामित्तं होइ त्ति घेत्तव्वं ।

*** एवं माण-मायासंजलण-पुरिसवेदाणं ।**

§ ८० जहा कोहसंजलणस्स उवसामयचरिमसमयणवकबंधसंकमणचरिमसमयम्मि जहण्णसामित्तं दिण्णं एवमेदेसिं पि कम्माणं कायव्वं, विसेसाभावादो ।

स्वामित्व करना चाहिए । यदि ऐसा है तो अपूर्वकरणके अन्तिम समयमें इन कर्मोंका जघन्य स्वामित्व देना चाहिए, क्योंकि अपूर्व गुणश्रेणिनिर्जराके द्वारा निर्जीर्ण होकर शेष बचे अनन्त कर्म परमाणुओंकी अत्यन्त जघन्यरूपसे उपपत्ति बन जाती है सो ऐसा निश्चय करना ठीक नहीं है, क्योंकि वहाँ होनेवाली गुणश्रेणि निर्जराकी अपेक्षा प्रत्येक समयमें नहीं बँधनेवाली अरति और शोक आदि प्रकृतियोंमेंसे गुणसंक्रमके द्वारा प्राप्त होनेवाला द्रव्य असंख्यातगुणा होनेसे वैसा करना अशक्य है ।

* क्रोधसंज्वलनका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है ?

§ ७८. यह सूत्र सुगम है ।

* उपशामकके अन्तिम समयवर्ती समयप्रबद्ध जब उपशमको प्राप्त होता हुआ उपशान्त होता है तब उसके क्रोधसंज्वलनका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है ।

§ ७९. अन्यतर क्षपितकर्मांशिकविधिसे आकर उपशमश्रेणि पर आरूढ़ हुए जीवके जब क्रोध-संज्वलनका अन्तिम समयवर्ती जघन्य नवकबन्ध बन्धावलिके बाद प्रथम समयसे लेकर संक्रमणावलिके भीतर क्रमसे उपशमको प्राप्त होता हुआ उपशान्त होता है तब उसके प्रकृत जघन्य स्वामित्व होता है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए ।

* इसी प्रकार मानसंज्वलन, मायासंज्वलन और पुरुषवेदका जघन्य स्वामित्व जानना चाहिए ।

§ ८०. जिस प्रकार उपशामकके अन्तिम समयवर्ती नवकबन्धके संक्रमणके अन्तिम समयमें क्रोधसंज्वलनका जघन्य स्वामित्व दिया है उसी प्रकार इन कर्मोंका भी जघन्य स्वामित्व करना चाहिए, क्योंकि कोई विशेषता नहीं है ।

* लोहसंजलणस्स जहण्णओ पदेससंकमो कस्स ?

§ ८१. खविद-गुणिदकम्मंसियादिविसेसावेक्खमेदं पुच्छासुत्तं।

* एइंदियकम्मेण जहण्णएण तसेसु आगदो, संजमासंजमं संजमं च बहुसो लद्धूण कसाएसु किं पि णो उवसामेदि। दीहं संजमद्धमणुपालिदूण खवणाए अब्भुट्ठिदो तस्स अपुव्वकरणस्स आवलियपविट्ठस्स लोहसंजलणस्स जहण्णओ पदेससंकमो।

§ ८२. एत्थेइंदियकम्मेण जहण्णएण तसेसु आगमणे बहुसो संजमादिपडिलंभे च कारणं पुव्वं परूविदमेव। संपहि सइं पि कसाए णो उवसामेदि त्ति ऐत्थ कारणं वुच्चदे— जइ चारित्तमोहोवसामयगुणसेढिणिज्जराणुपालणट्ठमेसो सेढिमारुहिज्जदे, तो तत्थाबज्झमाण-पयडीहिंतो गुणसंकमेण पडिच्छिज्जमाणदव्वं गुणसेढिणिज्जरादो समयं पडि असंखेज्ज-गुणमत्थि। एवं संते लोहसंजलणस्स तत्थुवचओ चेव त्ति। एदेण कारणेण कसाएसु किं पि णो उवसामेदि त्ति वुत्तं। तदो सेसगुणसेढिणिज्जराओ जहावुत्तेण कमेणाणुपालिय पुणो अंतोमुहुत्तसेसे सिज्झिदव्वए त्ति कसायक्खवणाए उवट्ठिदो तस्स अधापवत्तकरणं वोलाविय अपुव्वकरणे आवलियपविट्ठस्स अधापवत्तसंकमेण लोहसंजलणजहण्णसामित्तं होइ त्ति एसो सुत्तत्थसब्भावो।

---

* लोभसंज्वलनका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है ?

§ ८१. क्षपितकर्मांशिक और गुणितकर्मांशिक आदिरूप विशेषताकी अपेक्षा करनेवाला यह पृच्छासूत्र है।

* जो एकेन्द्रियसम्बन्धी जघन्य सत्कर्मके साथ त्रसोंमें आकर तथा संयमासंयम और संयमको बहुत बार प्राप्तकर कषायोंका एक बार भी उपशम नहीं करता है। मात्र दीर्घकाल तक संयमका पालमकर क्षपणाके लिये उद्यत हुआ है उसके अपूर्वकरणमें प्रविष्ट होनेके आवलिके अन्तिम समयमें लोभसंज्वलनका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है।

§ ८२. यहाँ पर एकेन्द्रियसम्बन्धी जघन्य सत्कर्मके साथ त्रसोंमें आनेका और अनेकबार संयम आदि प्राप्त करनेका कारण पहले अनेक बार कह ही आये हैं। तत्काल एकबार भी कषायोंका उपशम नहीं करता है' यह जो सूत्रवचन कहा है सो इसके कारणका निर्देश करते हैं—यदि चारित्र-मोहके उपशामकसम्बन्धी गुणश्रेणिनिर्जराके पालन करनेके लिए यह जीव श्रेणिपर आरोहण करता है तो वहीं पर नहीं बँधनेवाली प्रकृतियोंमेंसे गुणसंक्रमके द्वारा संक्रमित होनेवाला द्रव्य गुणश्रेणि-निर्जराकी अपेक्षा प्रत्येक समयमें असंख्यातगुणा होता है और ऐसा होने पर लोभसंज्वलनका वहाँ पर उपचय ही होगा। इस कारणसे वह कषायोंका एक बार भी उपशम नहीं करता है ऐसा कहा है, इसलिए शेष गुणश्रेणिनिर्जराओंका यथोक्त क्रमसे पालनकर पुन सिद्ध होनेके लिए अन्तर्मुहूर्त शेष रहने पर जो कषायोंकी क्षपणाके लिए उद्यत हुआ उसके अधःप्रवृत्तकरणको बिताकर अपूर्वकरणमें एक आवलिकाके प्रविष्ट होने पर उसके अन्तिम समयमें अधःप्रवृत्तसंक्रमके द्वारा लोभसंज्वलनका जघन्य स्वामित्व होता है यह इस सूत्रका अर्थ है।

* णवुंसयवेदस्स जहण्णओ पदेससंकमो कस्स ?

§ ८३. सुगमं ।

* एइंदियकम्मेण जहण्णएण तसेसु आगदो तिपलिदोवमिएसु उववण्णो, तिपलिदोवमे अंतोमुहुत्ते सेसे सम्मत्तमुप्पाइदं । तदो पाए सम्मत्तेण अपडिवदिदेण सागरोवमछावट्ठिमणुपालिदेण संजमासंजमं संजमं च बहुसो लद्धो, चत्तारि वारे कसाए उवसामिदा । तदो सम्मामिच्छत्तं गंतूण पुणो अंतोमुहुत्तेण सम्मत्तं घेत्तूण सागरोवमछावट्ठिमणुपालिदूण मणुसभवग्गहणं सव्वचिरं संजममणुपालिदूण खवणाए उवट्ठिदो तस्स अधापवत्तकरणस्स चरिमसमए णवुंसयवेदस्स जहण्णओ पदेससंकमो ।

§ ८४. एदस्स सुत्तस्स अत्थपरूवणा विहत्तिसामित्ताणुसारेण कायव्वा । णवरि बेछावट्ठिसागरोवमाणमवसाणे मिच्छत्तं गंतूण वेदएण मणुस्सेसुप्पण्णस्स तत्थ सामित्तं दिण्णं, अण्णहा जहण्णसामित्तविहाणाणुववत्तीदो । एत्थ पुण मिच्छत्तमगंतूण पुरिसवेदोदएणेव खवगसेढिमारूढस्स अधापवत्तकरणचरिमसमए जहण्णसामित्तमिदि एसो विसेसो णायव्वो ।

---

* नपुंसकवेदका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है ?

§ ८३. यह सूत्र सुगम है ।

* जो एकेन्द्रियसम्बन्धी जघन्य सत्कर्मके साथ त्रसोंमें आया । वहाँ तीन पल्यकी आयुवालोंमें उत्पन्न हुआ । तीन पल्यमें अन्तर्मुहूर्त शेष रहने पर सम्यक्त्वको उत्पन्न किया । अनन्तर वहाँसे लेकर सम्यक्त्वसे च्युत न होकर तथा छयासठ सागर काल तक उसका पालन करते हुए जिसने संयमासंयम और संयमको अनेकबार प्राप्त किया और चार बार कषायोंका उपशम किया । अनन्तर सम्यग्मिथ्यात्वको प्राप्त कर पुनः अन्तर्मुहूर्तमें सम्यक्त्वको ग्रहण कर और छयासठ सागर काल तक उसका पालनकर अन्तमें मनुष्यभवको प्राप्तकर चिरकाल तक संयमका पालन करते हुए जो क्षपणाके लिए उद्यत हुआ उसके अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें नपुंसकवेदका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है ।

§ ८४. इस सूत्रके अर्थका कथन प्रदेशविभक्तिके स्वामित्वसूत्रके अनुसार करना चाहिए । इतनी विशेषता है कि दो छयासठ सागरके अन्तमें मिथ्यात्वमें जाकर वेदकसे मनुष्योंमें उत्पन्न हुए जीवके वहाँ पर स्वामित्व दिया है, अन्यथा जघन्य प्रदेशस्वामित्व नहीं बन सकता । किन्तु यहाँ पर मिथ्यात्वमें नहीं जाकर पुरुषवेदके उदयसे ही क्षपकश्रेणि पर आरोहण करनेवाले जीवके अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें जघन्य स्वामित्व दिया है इस प्रकार दोनोंमें इतना विशेष जान लेना चाहिए ।

* एवं चेव इत्थिवेदस्स वि । णवरि तिपलिदोवमिएसु ण अच्छिदाउगो ।

८५. एदस्स सुत्तस्स अत्थो सुगमो । एवमोघेण सव्वकम्माणं चुण्णिसुत्ताणुसारेण जहण्णसामित्तविहासणा कया । एत्तो एदेण सूइदादेसजहण्णसामित्तविहासणट्ठमुच्चारणं वत्तइस्सामो । तं जहा—

* ८६. जहण्णए पयदं । दुविहो णिद्देसो । ओघो मूलगंथसिद्धो । आदेसेण णेरइय० मिच्छ० जह० पदे०संक० कस्स ? अण्णद० जो खविदकम्मंसिओ विवरीयं गंतूण दीहाए आउट्ठिदीए उववज्जिदूण अंतोमुत्तेण सम्मत्तं पडिवण्णो, पुणो अणंताणु०चउक्कं विसंजोएदूण तत्थ भवट्ठिदिमणुपालिय से काले मिच्छत्तं गाहिदि त्ति तस्स जह० पदे०संक०। एवमित्थि-णवुंस०वेदाणं । सम्म०—सम्मामि० जह० पदेससंक० कस्स ? अण्णद० जो खविद-कम्मंसि० विवरीदं गंतूण णेरइएसु उववण्णो, दीहाए उव्वेल्लणद्धाए उव्वेल्लेऊण दुचरिम-ट्ठिदिखंडयस्स चरिमसमयसंकामेंतयस्स तस्स जह० पदे०संकमो । अणंताणु०चउक्क० जह० पदे०संक० कस्स ? अण्णदरो खविदकम्मंसिओ विवरीयं गंतूण णेरइएसु दीहाउ-ट्ठिदिएसुववण्णो अंतोमुहुत्तं सम्मत्तं पडिवण्णो । पुणो अणंताणु०४ विसंजोएदूण मिच्छत्तं गदो सव्वलहुं पुणो वि सम्मत्तं पडिवण्णो, तत्थ भवट्ठिदिमणुपालेऊण थोवावसेसे

---

* इसी प्रकार स्त्रीवेदका भी जघन्य संक्रमस्वामित्व जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि यह तीन पल्यकी आयुवालोंमें उत्पन्न हुआ नहीं होता है ।

§ ८५. इस सूत्रका अर्थ सुगम है। इस प्रकार ओघसे चूर्णिसूत्रके अनुसार सब कर्मोंके जघन्य स्वामित्वका व्याख्यान किया। अब आगे इससे सूचित होनेवाले समस्त जघन्य स्वामित्वका व्याख्यान करनेके लिए उच्चारणाको बतलाते हैं। यथा—

§ ८६. जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघ मूल ग्रन्थसे सिद्ध है। आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्वका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है? जो अन्यतर क्षपितकर्मांशिक जीव विपरीत जाकर दीर्घ आयुवाले नारकियोंमें उत्पन्न होकर सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ। पुनः अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी विसंयोजना करके और वहाँ भवस्थिति काल तक उसका पालन कर अनन्तर समयमें मिथ्यात्वको ग्रहण करेगा उसके जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है। इसी प्रकार स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके जघन्य प्रदेशसंक्रमका स्वामित्व जानना चाहिए। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है? जो अन्यतर क्षपितकर्मांशिक जीव विपरीत जाकर नारकियोंमें उत्पन्न हुआ। तथा दीर्घ उद्वेलनाकालके द्वारा सम्यक्त्व और सम्यग्मि-थ्यात्वकी उद्वेलना करके उसके अन्तिम समयमें द्विचरम स्थितिकाण्डकका संक्रम करता है उसके उक्त प्रकृतियोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है। अनन्तानुबन्धीचतुष्कका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है? जो अन्यतर क्षपितकर्मांशिक जीव विपरीत जाकर दीर्घ आयुवाले नारकियोंमें उत्पन्न होकर अन्तर्मुहूर्तमें सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ। पुनः अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी विसंयोजना करके मिथ्यात्वमें गया। तथा फिर भी अतिशीघ्र सम्यक्त्वको प्राप्त कर वहाँ भवस्थिति काल तक उसका पालन करते हुए जीवनके थोड़ा शेष रहने पर जब मिथ्यात्वके अभिमुख होता है तब उसके

जीविदव्वए त्ति मिच्छत्ताहिमुहचरिमसमयसम्माइट्ठिस्स जह० पदे०संक० । बारसक०-भय-दुगुंछाणं जह० पदे०संक० कस्स ? अण्णद० खविदकम्मंसिओ विवरीयं गंतूण णेरइएसु उववण्णो तस्स पढमसमयउववण्णल्लयस्स जह० पदे०संकमो । पंचणोक० जह० पदे०संक० कस्स ? अण्णद० खविदकम्मंसियस्स विवरीयं गंतूण णेरइय० उववण्णस्स तस्स अंतोमुहुत्तुववण्णल्लयस्स तेसिं जह० पदे०संक० । एवं सत्तमाए ।

§ ८७. पढमादि जाव छट्ठि त्ति मिच्छ०-इत्थिवे०-णवुंस० जह० पदे०संक० कस्स ? अण्णद० खविदकम्मंसि० विवरीयं गंतूण दीहाए आउट्ठिदीए उववज्जिदूण अंतोमुहुत्तेण सम्मत्तं पडिवण्णो । अणंताणु०चउक्क विसंजोएदूण तत्थ भवट्ठिदिमणुपालिय चरिमसमयणिप्पिडिमाणयस्स तस्स जह० पदेससंकमो । सम्म०-सम्मामि०-बारसक०-सत्तणोक० णिरओघभंगो । अणंताणु०४ जह० पदेससंकमो कस्स ? अण्ण० खविदकम्मंसियस्स विवरीयं गंतूण दीहाए आउट्ठिदीए उववज्जिदूण सम्मत्तं पडिवण्णो, पुणो अणंताणु०चउक्कं विसंजोएदूण संजुत्तो, तदो अंतोमुहुत्तसम्मत्तं पडिवण्णो, तत्थ भवट्ठिदिमणुपालेदूण चरिमसमयणिप्पिदमाण० तस्स० जह० पदेससंक० ।

§ ८८. तिरिक्खाणं पढमपुढवीभंगो । णवरि तिपलिदोवमिएसु उववज्जावेयव्वो । णवरि इत्थि-णवुंस० जह० पदे०संक० कस्स ? अण्णद० खविदकम्मंसि० खइयसम्माइट्ठी

सम्यक्त्वके अन्तिम समयमें जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है । बारह कषाय, भय और जुगुप्साका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो अन्यतर क्षपितकर्मांशिक जीव विपरीत जाकर नारकियोंमें उत्पन्न हुआ उसके वहाँ उत्पन्न होनेके प्रथम समयमें उक्त कर्मोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है । पाँच नोकषायोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो अन्यतर क्षपितकर्मांशिक जीव विपरीत जाकर नारकियोंमें उत्पन्न हुआ उसके वहाँ उत्पन्न होकर अन्तर्मुहूर्त होने पर उसके अन्तिम समयमें उक्त कर्मोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है । इसी प्रकार सातवीं पृथिवीमें जानना चाहिए ।

§ ८७ पहली पृथिवीसे लेकर छठी पृथिवी तकके नारकियोंमें मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो अन्यतर क्षपितकर्मांशिक जीव विपरीत जाकर दीर्घ आयुवाले नारकियोंमें उत्पन्न होकर अन्तर्मुहूर्तमें सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ । पश्चात् अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी विसंयोजना करके वहां भवस्थिति काल तक उसका पालन करते हुए रहा, उसके वहांसे निकलनेके अन्तिम समयमें उक्त कर्मोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है । सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, बारह कषाय और सात नोकषायोंके जघन्य स्वामित्वका भङ्ग नारकियोंके समान है । अनन्तानुबधीचतुष्कका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो अन्यतर क्षपितकर्मांशिक जीव विपरीत जाकर दीर्घ आयुवाले नारकियोंमें उत्पन्न होकर सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ । पुनः अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी विसंयोजना करके संयुक्त हुआ । तदनन्तर अन्तर्मुहूर्तमें सम्यक्त्वको प्राप्त हो वहाँ उसका भवस्थिति काल तक पालन कर जो निकल रहा है उसके वहाँसे निकलनेके अन्तिम समयमें अनन्तानुबन्धीचतुष्कका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है ।

§ ८८. तिर्यञ्चोंमें जघन्य स्वामित्वका भङ्ग पहिली पृथिवीके समान है । इतनी विशेषता है कि इन्हें तीन पल्यकी आयुवालोंमें उत्पन्न कराना चाहिए । इतनी और विशेषता है कि स्त्रीवेद और

विवरीयं गंतूण तिरिक्खेसु तिपलिदोवमिएसु उववण्णो तस्स चरिमसमयणिप्पिदमाण० जह० पदे०संकमो। एवं पंचि०तिरिक्खतिए। णवरि जोणिणी० इत्थिवे०-णवुंसयवेद० मिच्छत्तभंगो।

§ ८९. पंचि०तिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज० सम्म०-सम्मामि० जह० पदे०संक० कस्स? अण्णद० खविदकम्मंसि० विवरीयं गंतूण दीहाए उव्वेल्लणद्धाए उव्वेल्लमाणगो अपज्जत्तएसु उववण्णो, जाधे दुचरिमट्ठिदिखंडयचरिमसमयसंकामओ जादो ताधे तस्स जह० पदे०संक०। सोलसक०-भय-दुगुंछा० जह० पदे०संक० कस्स? अण्णद० खविदकम्मंसि० विवरीयं गंतूण अपज्ज० उववण्णो तस्स पढमसमयउववण्णल्लयस्स जहण्णपदेससंकमो। सत्तणोक० जह० पदे०संक० कस्स? अण्णद० खविदकम्मंसि० विवरीयं गंतूण अपज्ज० अंतोमु० उववण्णल्लयस्स०।

§ ९०. मणुसतिए ओघं। णवरि मणुसिणी० पुरिसवे० भय-दुगुंछभंगो।

§ ९१. देवेसु मिच्छ० जह० पदे०संक० कस्स? अण्णद० खविदकम्मंसि० विवरीयं गंतूण चउवीससंतकम्मिओ दीहाए आउट्ठिदीए उववज्जिय चरिमसमयणिप्पिदमाण० तस्स जह० पदे०संकमो। सम्म०-सम्मामि०-बारसक०-णवणोक० तिरिक्खभंगो। णवरि

नपुंसकवेदका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है? जो अन्यतर क्षपितकर्मांशिक क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीव विपरीत जाकर तीन पल्यकी आयुवाले तिर्यञ्चोंमें उत्पन्न हुआ उसके वहाँसे निकलनेके अन्तिम समयमें उक्त कर्मोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चत्रिकमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि योनिनी तिर्यञ्चोंमें स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके जघन्य स्वामित्वका भङ्ग मिथ्यात्वके समान है।

§ ८९. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है? जो अन्यतर क्षपितकर्मांशिक जीव विपरीत जाकर दीर्घ उद्वेलनाकालके द्वारा सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी उद्वेलना करता हुआ अपर्याप्तकोंमें उत्पन्न हुआ। वह जब द्विचरम स्थितिकाण्डकका उसके अन्तिम समयमें संक्रमण करता है तब उसके उक्त कर्मोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है। सोलह कषाय, भय और जुगुप्साका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है? जो अन्यतर क्षपितकर्मांशिक जीव विपरीत जाकर अपर्याप्तकोंमें उत्पन्न हुआ, प्रथम समयमें उत्पन्न हुए उसके उक्त कर्मोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है। सात नोकषायोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है? जो अन्यतर क्षपितकर्मांशिक जीव विपरीत जाकर अपर्याप्तकोंमें उत्पन्न हुआ उसके वहाँ उत्पन्न होनेके बाद अन्तर्मुहूर्तके अन्तिम समयमें जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है।

§ ९०. मनुष्यत्रिकमें जघन्य स्वामित्वका भङ्ग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि मनुष्यिनियोंमें पुरुषवेदका भङ्ग भय और जुगुप्साके समान है।

§ ९१. ˘ ˘में मिथ्यात्वका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है? जो अन्यतर क्षपितकर्मांशिक जीव विपरीत जा चौवीस सत्कर्मके साथ दीर्घ आयुवाले देवोंमें उत्पन्न होकर वहाँसे निकलनेके अन्तिम स , विद्यमान है उसके मिथ्यात्वका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है। सम्यक्त्व,

जम्मि तिण्णि पलिदोवमाणि तम्मि तेत्तीसं सागरोवमा० उववज्जावेयव्वो। अणंताणु०-चउक्क० जह० पदे०संक० कस्स ? अण्णद० खविदकम्मंसियस्स विवरीयं गंतूण अट्ठावीस-संतकम्म० सम्माइट्ठी० तेत्तीससागरोवमिएसु देवेसुववज्जिय चरिमसमयणिप्पिदमाण० तस्स जह० पदे०संक०। एवं सोहम्मादि णवगेवज्जा त्ति। णवरि सगट्ठिदी। भवण०-वाण०-जोदिसि० पढमपुढविभंगो। अणुदिसादि सव्वट्ठा त्ति मिच्छ०-अणंताणु० ४-इत्थिवे०[1]-णवुंस० देवोघं। सम्मामि० मिच्छत्तभंगो। बारसक०-पुरिसवेद-भय-दुगुंछा० जह० पदे०संक० कस्स ? अण्णद० खविदकम्मंसि० खइयसम्मादिट्ठिस्स विवरीयं गंतूण देवेसु पढमसमयउववण्णल्लयस्स। चदुणोक० जह० पदे०संक० कस्स ? अण्णद० खविदकम्मंसि० विवरीयं गंतूण खइयसम्मादिट्ठिदेवेसु अंतोमुहुत्तद्धउववण्णल्लयस्स तस्स जह० पदे०संक०। एवं जाव०। एवं जहण्णयं सामित्तं समत्तं।

⊛ एयजीवेण कालो।

सम्यग्मिथ्यात्व, बारह कषाय और नौ नोकषायोंका भङ्ग तिर्यञ्चोंके समान है। इतनी विशेषता है कि जहाँ पर तीन पल्य कहे हैं वहाँ पर तेतीस सागरप्रमाण आयुवालोंमें उत्पन्न कराना चाहिए। अनन्तानुबन्धीचतुष्कका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो अन्यतर क्षपितकर्मांशिक जीव विपरीत जाकर अट्ठाईस सत्कर्मके साथ सम्यग्दृष्टि होकर तेतीस सागरकी आयुवाले देवोंमें उत्पन्न होकर वहाँसे निकलनेके अन्तिम समयमें विद्यमान है उसके उक्त कर्मोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है। इसी प्रकार सौधर्म कल्पसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें सब कर्मोंका जघन्य स्वामित्व जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपनी अपनी स्थिति कहनी चाहिए। भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंमें सब कर्मोंके जघन्य स्वामित्वका भङ्ग पहली पृथिवीके समान है। अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धीचतुष्क, स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके जघन्य स्वामित्वका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है। सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य स्वामित्वका भङ्ग मिथ्यात्वके समान है। बारह कषाय, पुरुषवेद, भय और जुगुप्साका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो अन्यतर क्षपितकर्मांशिक क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीव विपरीत जाकर देवोंमें उत्पन्न हुआ है उसके वहाँ उत्पन्न होनेके प्रथम समयमें उक्त कर्मोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है। चार नोकषायोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो अन्यतर क्षपितकर्मांशिक जीव विपरीत जाकर क्षायिक सम्यक्त्वके साथ देवोंमें उत्पन्न होकर अन्तर्मुहूर्त काल बिता चुका है उसके अन्तर्मुहूर्तके अन्तिम समयमें उक्त कर्मोंका जघन्य प्रदेश-संक्रम होता है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

इस प्रकार जघन्य स्वामित्व समाप्त हुआ।

* एक जीवकी अपेक्षा कालका कथन करते हैं।

---

१. ता०-आ०प्रत्योः मिच्छ-इत्थिवे० इति पाठः।

§ ९२. एत्तो एयजीवेण विसेसिओ कालो विहासियव्वो त्ति अहियारसंभालण-वयणमेदं ।

⊛ सव्वेसिं कम्माणं जहण्णुक्कस्सपदेससंकमो केवचिरं कालादो होदि ?

§ ९३. सुगमं ।

⊛ जहण्णुक्कस्सेण एयसमओ ।

§ ९४. कुदो ? सव्वेसिं कम्माणं जहण्णुक्कस्सपदेससंकमाणमेयसमयादो उवरि-मवट्ठाणासंभवादो । संपहि एदेण सुत्तेण सूचिदत्थविवरणमुच्चारणं वत्तइस्सामो । तं जहा— कालो दुविहो—जह० उक्क० । उक्कस्से पयदं । दुविहो णि०—ओघे० आदेसे० । ओघेण मिच्छ० उक्क० पदे०संक० केव० ? जहण्णुक्क० एयस० । अणुक्क० जह० अंतोमु०, उक्क० छावट्ठिसागरोवमाणि सादिरे० । सम्मा० उक्क० पदेस०संका० जहण्णुक्क० एयस० । अणुक्क० जह० अंतोमु०, उक्क० पलिदो० असंखे०भागो । सम्मामि० उक्क० पदे०संका० जहण्णुक्क० एयस० । अणु० जह० अंतोमु०, उक्क० बेछावट्ठिसागरो० सादिरे० । सोलसक०-णवणोक० उक्क० पदे०संका० केव० ? जहण्णुक्क० एयस० । अणुक्क० तिण्णि भंगा । जो सो सादिओ सपज्जवसिदो जह० अंतोमु०, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं ।

---

§ ९२. आगे एक जीवकी अपेक्षा कालका व्याख्यान करते हैं इस प्रकार यह अधिकारकी सम्हाल करनेवाला वचन है ।

* सब कर्मोंके जघन्य और उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका कितना काल है ?

§ ९३. यह सूत्र सुगम है ।

* जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है ।

§ ९४ क्योंकि सब कर्मोंके जघन्य और उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमोंका एक समयसे अधिक काल तक अवस्थान पाया जाना असम्भव है । अब इस सूत्रके द्वारा सूचित होनेवाले अर्थके विवरण-स्वरूप उच्चारणाको बतलाते हैं । यथा—काल दो प्रकारका है, जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका कितना काल है ? जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल साधिक छयासठ सागरप्रमाण है । सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल अन्तर्मुहुर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग-प्रमाण है । सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल साधिक दो छयासठ सागर-प्रमाण है । सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका कितना काल है ? जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकके तीन भङ्ग हैं । उनमेंसे जो सादि-सान्त भङ्ग है उसकी जघन्य काल अन्तमुहूर्त है और उत्कृष्ट काल उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन-प्रमाण है ।

§ ६५. आदेसेण णेरइय० मिच्छ० उक्क० पदे०संका० जहण्णुक्क० एयस० । अणु० जह० अंतोमु०, उक्क० तेत्तीसं सागरो० देसूणाणि । सम्म० उक्क० पदे०संका० जहण्णुक्क० एयसमओ । अणु० जह० एयस०,उक्क० पलिदो० असंखे०भागो । सम्मामि०-अणंताणु०४ उक्क० पदे०संका० जहण्णु० एयस० । अणु० जह० एयस०, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमं ।

विशेषार्थ—स्वामित्वके अनुसार सब कर्मोंका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम एक समयके लिए होता है, इसलिए सर्वत्र इसका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय कहा है। मात्र सब कर्मोंके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमके कालमें फरक है जिसका खुलासा इस प्रकार है—मिथ्यात्वका प्रदेशसंक्रम मात्र सम्यग्दृष्टिके होता है और २८ प्रकृतियोंकी सत्तावाले सम्यग्दृष्टिका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल साधिक छयासठ सागर है, इसलिए इसके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल साधिक छयासठ सागर कहा है। सम्यक्त्वका प्रदेशसंक्रम मिथ्यात्व गुणस्थानमें होता है। यत: मिथ्यात्वका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और मिथ्यात्वमें रहते हुए सम्यक्त्वका अधिकसे अधिक सत्त्व पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण काल तक रहता है, इसलिए इसके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। सम्यग्मिथ्यात्वका प्रदेशसंक्रम मिथ्यात्व गुणस्थानमें भी होता है और इसकी सत्तावाले सम्यग्दृष्टिके भी होता है। इन गुणस्थानोंमें कमसे कम रहनेका काल अन्तर्मुहूर्त है यह तो स्पष्ट ही है। साथ ही यदि कोई जीव मध्यमें वेदक काल तक मिथ्यात्वमें रहकर मिथ्यात्वमें रहनेके पहले और बादमें कुल मिलाकर दो छयासठ सागर काल तक वेदक सम्यक्त्वके साथ रहे। तथा वहाँसे आकर पुनः मिथ्यात्वमें सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमके काल तक रहता हुआ इसका संक्रम करे तो यह सम्भव है। साथ ही सम्यक्त्वके साथ प्रथम छयासठ सागर कालमें प्रवेश करनेके पूर्व भी वह सम्यग्मिथ्यात्वकी सत्तावाला होकर अपने संक्रमके उत्कृष्ट काल तक उसका संक्रम करे तो यह भी सम्भव है। इन्हीं सब बातोंका विचार कर यहाँ पर सम्यग्मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल साधिक दो छयासठ सागर कहा है। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम क्षपणाके समय होता है। इसके पहले इनका अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है, इसलिए भव्योंकी अपेक्षा तो यह अनादि-सान्त और सादि-सान्त है। किन्तु अभव्योंके सदाकाल होनेके कारण अनादि-अनन्त है। सादि-सान्त विकल्प उन भव्योंके होता है जो उपशमश्रेणि पर आरोहण कर चुके हैं और ऐसे जीव या तो अन्तर्मुहूर्तमें क्षपकश्रेणि पर आरोहण कर अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका अन्त कर देते हैं या उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन काल तक उसके साथ रहते हैं, इसलिए यहाँ पर उक्त प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल उपार्ध पुद्गलपरिवर्तनप्रमाण कहा है।

§ ६५. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर है। सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तेतीस

वारसक०-णवणोक० उक्क० पदे०संका० जहण्णुक्क० एयस०। अणु० जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमं०। एवं सव्वणेरइय०। णवरि सगट्ठिदी। णवरि सत्तमाए अणंताणु०४ अणु० जह० अंतोमु०।

§ ९६. तिरिक्खेसु मिच्छ० उक्क० पदे०संका० जहण्णु० एयस०। अणु० जह० अंतोमु०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसूणाणि। सम्म० णारयभंगो। सम्मामि० उक्क०

सागर है। बारह कषाय और नौ नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल अन्तमुहूर्त है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है। इसी प्रकार सब नारकियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपनी अपनी आयुस्थिति कहनी चाहिए। तथा इतनी और विशेषता है कि सातवीं पृथिवीमें अनन्तानुबन्धीचतुष्कके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल अन्तमुहूर्त है।

विशेषार्थ—सामान्यसे और प्रत्येक पृथिवीकी अपेक्षा सब नारकियोंमें सब प्रकृतियोंका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम अपने स्वामित्व कालमें एक समयके लिए ही होता है इसलिए इसका सर्वत्र जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय कहा है। किसी नारकीका सम्यग्दृष्टि होकर कम से कम अन्तमुहूर्त तक और अधिक से अधिक कुछ कम तेतीस सागर तक मिथ्यात्वका अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमके साथ रहना सम्भव है, इसलिए यहाँ पर मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल अन्तमुहूर्त और उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर कहा है। यह सम्भव है कि कोई एक जीव सम्यक्त्वकी उद्वेलना करते हुए उसके संक्रममें एक समय शेष रहने पर नरकमें उत्पन्न हो और यह भी सम्भव है कि अन्य कोई जीव नरकमें उद्वेलनाके उत्कृष्ट काल तक वहाँ रहकर उसका संक्रम करे, इसलिए सम्यक्त्वके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। सम्यग्मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल एक समय इसी प्रकार घटित कर लेना चाहिए। मात्र उत्कृष्ट काल तेतीस सागर प्राप्त करनेके लिए अधिकतर समय तक वेदकसम्यक्त्वके साथ रखकर प्रारम्भमें और अन्तमें मिथ्यात्वमें रखकर उसका संक्रम कराके प्राप्त करना चाहिए। सोलह कषायों और नौ नोकषायोंके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है यह तो स्पष्ट ही है। जघन्य कालका खुलासा इस प्रकार है—कोई एक अनन्तानुबन्धीचतुष्कका विसंयोजक जीव सासादनमें जाकर और अनन्तानुबन्धीका एक समय तक संक्रामक होकर अन्य गतिमें चला जाय यह सम्भव है, इसलिए इसके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल एक समय कहा है। बारह कषाय और नौ नोकषायोंका जिस नारकीके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है वह उसके बाद कमसे कम अन्तमुहूर्त काल तक नरकमें अवश्य रहता है, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल अन्तमुहूर्त कहा है। यह जघन्य और उत्कृष्ट काल सब नरकोंमें भी बन जाता है, इसलिए उनमें सामान्य नारकियोंके समान जाननेकी सूचना की है। मात्र प्रत्येक नरककी अलग अलग आयुस्थिति होनेसे उसका निर्देश अलगसे किया है। यहाँ इतना विशेष जान लेना चाहिए कि सातवें नरकमें सम्यग्दृष्टि नारकी मिथ्यात्वमें जाकर अन्तमुहूर्त काल व्यतीत हुए बिना मरणको नहीं प्राप्त होता, इसलिए वहाँ अनन्तानुबन्धीचतुष्कके अनुत्कृष्ट [illegible] जघन्य काल अन्तमुहूर्त कहा है।

§ ९[illegible] तिर्यञ्चोंमें मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अनुत्कृष्ट [illegible] जघन्य काल अन्तमुहूर्त है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन पल्य है।

पदे०संका० जहण्णु० एयसमओ। अणु० जह० एयस०, उक्क० तिण्णि पलिदो० सादिरेयाणि। सोलसक०—णवणोक० उक्क० पदे०संका० जहण्णु० एयस०। अणु० जह० खुद्दाभवग्गहणं, अणंताणु०४ एयस०, उक्क० सव्वेसिमणंतकालमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा। एवं पंचिंदियतिरिक्खतिय०। णवरि जम्हि अणंतकालं तम्हि तिण्णि पलिदो० पुव्वकोडिपुधत्तेणब्भहियाणि। सम्मामि० अणु० जह० एयस०, उक्क० तिण्णि पलिदो० पुव्वकोडिपुध०।

§ ९७. पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०—मणुसअपज्ज० सत्तावीसं पयडीणं उक्क० पदे०-

---

सम्यक्त्वका भङ्ग नारकियोंके समान है। सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल साधिक तीन पल्य है। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल क्षुल्लकभवग्रहणप्रमाण है, अनन्तानुबन्धीचतुष्कका एक समय है तथा सबका उत्कृष्ट काल अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तनोंके बराबर है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि जहाँ पर अनन्त काल कहा है वहाँ पर पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्य कहना चाहिए। तथा सम्यग्मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्य है।

विशेषार्थ—तिर्यञ्चोंमें सम्यक्त्वका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन पल्य है, इसलिए इनमें मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन पल्य कहा है। सम्यक्त्वका भङ्ग नारकियोंके समान है यह स्पष्ट ही है। सम्यग्मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमके जघन्य काल एक समयका खुलासा नारकियोंके समान कर लेना चाहिए। उत्कृष्ट काल साधिक तीन पल्य कहनेका कारण यह है कि उत्तम भोगभूमिमें वेदक सम्यक्त्वके साथ रखकर तो कुछ कम तीन पल्य काल प्राप्त हो ही जाता है। साथ ही इसके पूर्व तिर्यञ्च पर्यायमें सम्यग्मिथ्यात्वकी सत्ताके साथ यथासम्भव अधिकसे अधिक काल तक रखे और इस प्रकार साधिक तीन पल्य काल ले आवे। तिर्यञ्चोंमें रहनेके जघन्य काल और उत्कृष्ट कालको ध्यानमें रख कर यहाँ सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल क्षुल्लक भवग्रहणप्रमाण और उत्कृष्ट काल अनन्तकाल कहा है। मात्र अनन्तानुबन्धीचतुष्कका जघन्य काल एक समय नारकियोंके समान यहाँ भी बन जाता है, इसलिए उसका अलगसे निर्देश किया है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें उत्कृष्ट कायस्थिति पूर्वकोटि पृथक्त्व अधिक तीन पल्य होनेसे उनमें अनन्तकालके स्थानमें इसे कहना चाहिए यह सूचना की है। इनके सम्यग्मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमके उत्कृष्ट कालका निर्देश भी अलगसे इसी दृष्टिसे किया है। शेष कथन सुगम है।

§ ९७. पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सत्ताईस प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका

संका० जहण्णुक्क० एयस०। अणु० जह० अंतोमु०, सम्म०-सम्मामि० एगस०, सव्वेसिमुक्क० अंतोमु०।

§ ९८. मणुसतिए मिच्छ०-सम्म० तिरिक्खभंगो। सम्मामि०-सोलसक०-णवणोक० उक्क० पदे०संका० जहण्णु० एयस०। अणुक्क० जह० अंतोमु०, सम्मामि०-अणंताणु०४ एयस०, उक्क०[1] तिण्णि पलिदो० पुव्वको०।

§ ९९. देवेसु मिच्छ० उक्क० पदेससंका० जहण्णुक्क० एयस०, अणुक्क० जह० अंतोमु०, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमं। एवं बारसक०-णवणोक०। सम्म० णारयभंगो। सम्मामि०-अणंताणु०४ उक्क० पदे०संका० जहण्णु० एयस०। अणु० जह० एयस०, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमं। एवं भवणादि णवगेवज्जा त्ति। णवरि सगट्ठिदी। अणुदिसादि सव्वट्ठा त्ति मिच्छ०-सम्मामि० उक्क० पदे०संका० जहण्णु० एयस०। अणु० जह०

जघन्य काल अन्तमुहूर्त है, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका जघन्य काल एक समय है और सबका उत्कृष्ट काल अन्तमुहूर्त है।

विशेषार्थ—उक्त जीवोंमें एक मात्र मिथ्यात्व गुणस्थान होनेसे मिथ्यात्वका प्रदेशसंक्रम सम्भव नहीं, इसलिए उसके कालका निर्देश नहीं किया। शेष प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तमुहूर्त बन जानेसे उक्त प्रमाण कहा है। मात्र सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका जघन्य काल नारकियोंके समान एक समय भी बन जाता है, इसलिए उसका अलगसे निर्देश किया है। शेष कथन सुगम है।

§ ९८. मनुष्यत्रिकमें मिथ्यात्व और सम्यक्त्वका भङ्ग तिर्यञ्चोंके समान है। सम्यग्मिथ्यात्व, सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल अन्तमुहूर्त है, सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चतुष्कका एक समय है और उत्कृष्ट काल पूर्वकोटि पृथक्त्व अधिक तीन पल्य है।

विशेषार्थ—मनुष्यत्रिककी जघन्य स्थिति अन्तमुहूर्त और उत्कृष्ट कायस्थिति पूर्वकोटि-पृथक्त्व अधिक तीन पल्य होनेसे इनमें सम्यग्मिथ्यात्व आदि छब्बीस प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट प्रदेश-संक्रमका जघन्य काल अन्तमुहूर्त और उत्कृष्ट काल पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्य कहा है। मात्र सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कका जघन्य काल एक समय भी बन जाता है, इसलिए इसका अलगसे निर्देश किया है। शेष कथन सुगम है।

§ ९९. देवोंमें मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल अन्तमुहूर्त है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है। इसी प्रकार बारह कषाय और नौ नोकषायोंका भङ्ग जानना चाहिए। सम्यक्त्वका भङ्ग नारकियोंके समान है। सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है। इसी प्रकार भवनवासी देवोंसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपनी अपनी स्थिति कहनी चाहिए। अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें मिथ्यात्व

१. ता०-आ०प्रत्योः अंतोमु०, उक्क० इति पाठः।

जहण्णट्ठिदी समयूणा, उक्क० उक्कस्सट्ठिदी। सोलसक०[1]—णवणोक० उक्क० पदे०संका० जहण्णुक्क० एयस०। अणु० जह० अंतोमु०, उक्क० उक्कस्सट्ठिदी। एवं जाव०।

§ १००. जहण्णए पयदं। दुविहो णि०—ओघे० आदेसे०। ओघेण मिच्छ० जह० पदे०संका० जहण्णुक्क० एयसमओ। अजह० जह० अंतोमु०, उक्क० छावट्ठिसागरो० सादिरेयाणि। सम्म० जह० पदे०संका० जहण्णुक्क० एयस०। अज० जह० एयस०, उक्क० पलिदो० असंखे०भागो। सम्मामि० जह० पदे०संका० जहण्णु० एयस०। अजह० जह० अंतोमु०, उक्क० वेछावट्ठिसागरो० सादिरेयाणि। सोलसक०—णवणोक० उक्कस्सभंगो।

और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल एक समयकम जघन्य स्थितिप्रमाण है और उत्कृष्ट काल उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण है। सोलह कपाय और नौ नोकपायोंके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण है। इस प्रकार अनाहारकमार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—देवोंमें सम्यक्त्वके जघन्य और उत्कृष्ट कालको ध्यानमें रखकर यहाँ पर मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल तेंतीस सागर कहा है। यह काल वारह कपाय और नौ नोकपायोंका भी वन जाता है, इसलिए उसे मिथ्यात्वके समान जाननेकी सूचना की है। इसी प्रकार सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके विपयमें भी जानना चाहिए। मात्र इनके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल एक समय नारकियोंके समान वन जानेसे यह एक समय कहा है। सम्यक्त्वका भङ्ग नारकियोंके समान है यह स्पष्ट ही है। भवनवासी आदि नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें अन्य सब काल इसी प्रकार वन जाता है। मात्र तेतीस सागरके स्थानमें अपनी अपनी स्थिति कहनी चाहिए। तथा भवनत्रिकमें मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका उत्कृष्ट काल कहते समय वह कुछ कम अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण कहना चाहिए, क्योंकि इन देवोंमें सम्यग्दृष्टि जीव मरकर उत्पन्न नहीं होते, अतएव वहाँ भवके प्रथम समयसे सम्यग्दर्शन सम्भव नहीं होनेसे मिथ्यात्वका सम्यक्त्व प्राप्तिके पूर्व संक्रम नहीं वन सकता। अनुदिश आदिमें सब जीव सम्यग्दृष्टि ही होते हैं, अतएव उनमें सम्यक्त्वका प्रदेशसंक्रम सम्भव नहीं होनेसे उसका निर्देश नहीं किया। मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल एक समय कम जघन्य स्थितिप्रमाण कहनेका कारण उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमके एक समयको कम करना है। शेष कथन सुगम है।

§ १०० जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है–ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्वके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल साधिक छयासठ सागर है। सम्यक्त्वके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असख्यातवें भागप्रमाण है। सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल साधिक दो छयासठ सागरप्रमाण है। सोलह कषाय और नौ नोकपायोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है।

विशेषार्थ—सब प्रकृतियोंका अपने-अपने जघन्य स्वामित्वके समय जघन्य प्रदेशसंक्रम

[1] ता०प्रतौ उक्कस्सट्ठिदी—सोलसक० इति पाठः।

§ १०१. आदेसेण णेरइय० मिच्छ० जह० पदे०संका० जहण्णु एयस० । अजह० जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० तेत्तीसं सागरो० देसूणाणि । सम्म० ओघं । सम्मामि०-अणंताणु०४ जह० पदे०संका० जहण्णु० एयस० । अजह० जह० एयस०, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि । एवं सत्तणोकसाय० । णवरि अज० जह० अंतोमु० । बारसक०-भय-दुगुंछ० जह० पदे०संका० जहण्णु० एयस० । अजह० जह० दसवस्ससहस्साणि समयूणाणि, उक्क० तेत्तीसं सागरो० । एवं सत्तमाए । णवरि बारसक०-भय-दुगुंछ० अज० जह० बावीसं सागरो० । अणंताणु०४ अंतोमु० ।

होता है, इसलिए उसका सर्वत्र जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय कहा है। अब रहा अजघन्य प्रदेशसंक्रमके कालका विचार सो सम्यग्दर्शनका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल साधिक छयासठ सागर होनेसे मिथ्यात्वके जघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल साधिक छयासठ सागर कहा है। यहाँ पर साधिक छयासठ सागरसे उपशम सम्यक्त्व और मिथ्यात्वकी क्षपणा होनेके पूर्व तकका वेदकसम्यक्त्वका उत्कृष्ट काल लेना चाहिए। उसमें भी जब तक मिथ्यात्वका संक्रमण होता रहता है उस समय तकका काल लेना चाहिए। सम्यक्त्वके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल एक समय जघन्य संक्रमके एक समय पश्चात् सम्यक्त्व प्राप्त कराकर ले आना चाहिए। तथा उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण इसके उत्कृष्ट उद्वेलना कालको ध्यानमें रखकर ले आना चाहिए। सम्यग्मिथ्यात्वके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल साधिक दो छयासठ सागर जिस प्रकार अनुत्कृष्टका घटित करके बतला आये हैं उस प्रकार घटित कर लेना चाहिए। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है यह स्पष्ट ही है।

§ १०१. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्वके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर है। सम्यक्त्वका भङ्ग ओघके समान है। सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है। इसी प्रकार सात नोकषायोंकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है। बारह कषाय, भय और जुगुप्साके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका एक समय कम दसहजार वर्ष है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है। इसी प्रकार सातवीं पृथिवीमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि बारह कषाय, भय और जुगुप्साके अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल बाईस सागर है और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—यहाँ व आगे सर्वत्र सब प्रकृतियोंके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल अपने-अपने स्वामित्वकी अपेक्षा एक समय है यह स्पष्ट है, अतः उसका सर्वत्र उल्लेख न कर केवल अजघन्य प्रदेशसंक्रमके जघन्य व उत्कृष्ट कालका खुलासा करेंगे। नरकमें सम्यक्त्वका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागरको ध्यानमें रखकर यहाँ पर मिथ्यात्वके अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल कहा है। सम्यक्त्वके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जो काल ओघके समान बतलाया है वह यहाँ भी बन जाता है, अतः इस प्ररूपणाको यहाँ पर ओघके समान जाननेकी सूचना की है। सम्यग्मिथ्यात्वके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल

§ १०२. पढमाए जाव छट्ठि त्ति मिच्छ० जह० पदे०संका० जहण्णु० एयस०। अजह० जह० अंतोमु०, उक्क० सगट्ठिदी देसूणा। सम्म० ओघं। सम्मामि०-अणंताणु०४ जह० पदे०संका० जहण्णु० एयस०। अज० जह० एयस०, उक्क० सगट्ठिदी। एवं पंचणोक०। णवरि अज० जह० अंतोमु०। बारसक०-भय-दुगुंछ० जह० पदे०संका० जहण्णु० एयस०। अज० जह० जहण्णट्ठिदी समयूणा, उक्क० उक्कस्सट्ठिदी। एवमित्थिवेद-णवुंसय०। णवरि अजह० जहण्णुक्कस्सट्ठिदी भाणिदव्वा।

एक समय ऐसे जीवके जानना चाहिए जो इनके उद्वेलनासंक्रममें एक समय शेष रहने पर नरकमें उत्पन्न हुआ है। तथा अनन्तानुबन्धीचतुष्कके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल एक समय ऐसे जीवके जानना चाहिए जो अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी विसंयोजनाके बाद सासादनमें आकर तथा पुनः संयुक्त होकर एक समय एक आवलिकाल तक नरकमें रहकर अन्य गतिको प्राप्त हो गया है। सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका उत्कृष्ट काल तेतीस सागर स्पष्ट ही है, क्योंकि यथा योग्य मिथ्यात्व और सम्यक्त्वमें रखकर सम्यग्मिथ्यात्वका और मिथ्यात्वमें रखकर अनन्तनुबन्धीचतुष्कका यह काल प्राप्त किया जा सकता है। सात नोकषायोंका उत्कृष्ट काल अनन्तानुबन्धीके समान ही घटित कर लेना चाहिए। मात्र जघन्य कालमें फरक है। बात यह है कि स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका भवस्थितिमें अन्तमुहूर्तकाल शेष रहने पर जघन्य प्रदेशसंक्रम होकर अन्तिम अन्तर्मुहूर्तमें अजघन्य प्रदेशसंक्रम होना सम्भव है तथा पाँच नोकषायोंका नरकमें उत्पन्न होनेके बाद जघन्य प्रदेशसंक्रम होनेके पूर्व प्रथम अन्तर्मुहूर्तमें अजघन्य प्रदेशसंक्रम होना सम्भव है, इसलिए इनके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल अन्तमुहूर्त कहा है। बारह कषाय, भय और जुगुप्साका जघन्य प्रदेशसंक्रम भवके प्रथम समयमें होता है, इसलिए इनके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल एक समय कम दसहजार वर्ष और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर कहा है। सातवें नरकमें यह काल इसी प्रकार बन जाता है। मात्र यहाँ की जघन्य आयु एक समय अधिक बाईस सागर है, इसलिए उनमें बारह कषाय, भय और जुगुप्साके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल बाईस सागर कहा है। इनमेंसे एक समय इनके जघन्य प्रदेशसंक्रमका काल घटा दिया है। तथा जो सम्यग्दृष्टि अन्तमें मिथ्यादृष्टि होता है वह सातवें नरकमें अन्तमुहूर्त हुए बिना मरण नहीं करता, इसलिए यहाँ अनन्तानुबन्धीचतुष्कके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल अन्तमुहूर्त कहा है।

§ १०२. पहिली पृथिवीसे लेकर छठी पृथिवी तकके नारकियोंमें मिथ्यात्वके जघन्य प्रदेश-संक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल अन्तमुहूर्त है और उत्कृष्ट काल कुछ कम अपनी-अपनी स्थितिप्रमाण है। सम्यक्त्वका भङ्ग ओघके समान है। सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अपनी-अपनी स्थितिप्रमाण है। इसी प्रकार पाँच नोकषायोंका जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल अन्तमुहूर्त है। बारह कषाय, भय और जुगुप्साके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल एक समय कम अपनी-अपनी जघन्य स्थितिप्रमाण है और उत्कृष्ट काल अपनी-अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण है। इसी प्रकार स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल अपनी-अपनी जघन्य स्थितिप्रमाण और उत्कृष्ट काल अपनी-अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण कहना चाहिए।

§ १०३. तिरिक्खेसु उक्कस्सभंगो। णवरि हस्स-रदि-अरदि-सोग-पुरिसवे० जह० पदे० जहण्णु० एयस० । अज० जह० अंतोमु०, उक्क० अणंतकालमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा। पंचिंदियतिरिक्खतिय० उक्कस्सभंगो। णवरि हस्स-रदि-अरदि-सोग-पुरिसवे० अजह० जह० अंतोमु० ।

§ १०४. पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज० सोलसक०-भय-दुगुंछा० जह० पदे०संका० जहण्णु० एयस० । अज० जह० खुद्दाभवग्गहणं समयूणं, उक्क० अंतोमु० । सम्म०-सम्मामि० जह० पदे०संका० जहण्णु० एयस० । अज० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु० । सत्तणोक० जह० पदे०संका० जहण्णु० अंतोमु० ।

विशेषार्थ—पूर्वमें सामान्य नारकियोंमें कालका स्पष्टीकरण कर आये हैं। उसी प्रकार यहाँ भी कर लेना चाहिये। मात्र यहाँ पर स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य व उत्कृष्ट काल जो जघन्य व उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण कहा है सो इसका कारण यह है कि इन नरकोंमें उक्त प्रकृतियोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम जघन्य स्थितिवालोंमें नहीं होता, अतः यहाँ पर इन प्रकृतियोंके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य व उत्कृष्ट काल जघन्य व उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण बन जाता है। शेष कथन सुगम है।

§ १०३. तिर्यञ्चोंमें उत्कृष्टके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि हास्य, रति, अरति, शोक और पुरुषवेदके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तनप्रमाण है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें उत्कृष्टके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि हास्य, रति, अरति, शोक और पुरुषवेदके अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—तिर्यञ्चोंमें और पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें हास्य आदि पाँच नोकषायोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम ऐसे जीवके होता है जो क्षपितकर्मांशिक जीव विपरीत जाकर तिर्यञ्चोंमें उत्पन्न होता है। उसमें भी उत्पन्न होनेके अन्तर्मुहूर्तबाद होता है। तथा इसके पहले इन प्रकृतियोंका अन्तर्मुहूर्त तक अजघन्य प्रदेशसंक्रम होता है, इसलिए यहाँ पर इन प्रकृतियोंके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। शेष सब काल अपने अपने स्वामित्वको ध्यानमें रखकर उत्कृष्टके समान घटित कर लेना चाहिए।

§ १०४. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमे और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सोलह कषाय, भय और जुगुप्साके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल एक समय कम क्षुल्लक भवग्रहणप्रमाण है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। सात नोकषायोंके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—उक्त जीवोंमें सोलह कषाय, भय और जुगुप्साका जघन्य प्रदेशसंक्रम प्रथम समयमें होता है, इसलिए यहाँ इनके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल एक समय कम क्षुल्लक-

§ १०५. मणुसतिए मिच्छ० सम्म० तिरिक्खभंगो। सम्मामि०-सोलसक०-णवणोक० जह० पदे०संका० जहण्णु० एयस०। अजह० जह० एयस०, उक्क० तिण्णि पलिदो० पुव्वकोडिपुधत्तेणब्भहियाणि।

§ १०६. देवेसु मिच्छ० पंचणोक० जह० पदे०संका० जहण्णु० एयसमओ। अजह० जह० अंतोमु०, उक्क० तेत्तीसं सागरो०। एवं सम्मामि०-अणंताणु०४। णवरि अज० जह० एयस०। सम्म० ओघं। बारसक०-चदुणोक० जह० पदे०संका० जहण्णु० एयस०। अजह० जह० दसवस्ससहस्साणि, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमं।

[illegible] और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। इनमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी उद्वेलनाकी अपेक्षा एक समय तक संक्रम हो यह भी सम्भव है और पल्यस्थितिप्रमाण काल तक संक्रम होता रहे यह भी सम्भव है, इसलिए यहाँ इनके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। सात नोकषायोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम इन जीवोंमें अन्तर्मुहूर्तके बाद प्राप्त होता है। इसके पहिले अजघन्य प्रदेशसंक्रम होता है। तथा जिनके जघन्य प्रदेशसंक्रम नहीं होता उनके पर्याप्तिप्रमाण काल तक इनका अजघन्य प्रदेशसंक्रम होता रहता है। अतः ये दोनों काल अन्तर्मुहूर्तप्रमाण हैं, अतः यहाँ इनके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है।

§ १०५. मनुष्यत्रिकमें मिथ्यात्व और सम्यक्त्वका भङ्ग तिर्यञ्चोंके समान है। सम्यग्मिथ्यात्व, सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्य है।

विशेषार्थ—मनुष्यत्रिकमें मिथ्यात्व और सम्यक्त्वके जघन्य और अजघन्य प्रदेशसंक्रमका काल तिर्यञ्चोंके समान बन जानेसे उनके समान कहा है। सम्यग्मिथ्यात्वके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल एक समय उद्वेलनाकी अपेक्षा और सोलह कषाय, भय व जुगुप्साके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल एक समय उपशम श्रेणिमें उतरते समय एक समय इनका संक्रम कराकर मरणकी अपेक्षा बन जाता है, इसलिए यहाँ पर इन प्रकृतियोंका यह काल एक समय कहा है। तथा उत्कृष्ट काल कायस्थितिप्रमाण है यह स्पष्ट है। यहाँ इतना विशेष जानना चाहिए कि सम्यग्मिथ्यात्वका उत्कृष्ट काल इसकी सत्तावाले जीवको यथायोग्य सम्यक्त्व और मिथ्यात्वमें रख कर यह काल ले आना चाहिए।

§ १०६. देवोंमें मिथ्यात्व और पाँच नोकषायोंके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है। इसी प्रकार सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कका जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल एक समय है। सम्यक्त्वका भङ्ग ओघके समान है। बारह कषाय और चार नोकषायोंके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल दस हजार वर्ष है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागरप्रमाण है।

विशेषार्थ—देवोंमें सम्यक्त्वका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है, इसलिए तो इनमें मिथ्यात्वके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट

§ १०७. भवणादि जाव णवगेवज्जा त्ति मिच्छ०–पंचणोक० जह० जहण्णु० एयस० । अज० जह० अंतोमु०, उक्क० सगट्ठिदी । एवं सम्मामि०–अणंताणु०४ । णवरि अजह० जह० एयस० । सम्म० ओघं । बारसक०–भय-दुगुं छ० जह० प०सं० जहण्णु० एयस० । अजह० जह० जहण्णट्ठिदी समयूणा, उक्क० उक्कस्सट्ठिदी । इत्थिवे०–णवुंस० जह० प०संका० जहण्णु० एयस० । अजह० जहण्णुक० जहण्णुक्कस्सट्ठिदी ।

§ १०८. अणुद्दिसादि सव्वट्ठा त्ति मिच्छ०–सम्मामि० जह० पदे०संका० जहण्णु० एयस० । अजह० जहण्णुक० जहण्णुक्कस्सट्ठिदी । एवमित्थि०–णवुंस० । एवं बारसक०–

काल तेतीस सागर कहा है । तथा तत्प्रायोग्य देवके देव होनेके अन्तमुहूर्त बाद पाँच नोकषायोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है, इसके पहले अन्तमुहूर्त तक अजघन्य प्रदेशसंक्रम होता है । तथा अन्य देवोंकी पूरी पर्याय तक इनका अजघन्य प्रदेशसंक्रम सम्भव है, इसलिए यहाँ पर उक्त प्रकृतियोंके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल अन्तमुहूर्त और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर कहा है । सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कका यह काल इसीप्रकार बन जाता है । मात्र जघन्य काल एक समय प्राप्त होता है सो इसका खुलासा सामान्य नारकियोंके समान कर लेना चाहिए । सम्यक्त्वका भङ्ग ओघके समान है यह स्पष्ट ही है । बारह कषाय और भय व जुगुप्साका जघन्य प्रदेशसंक्रम क्षपितकर्मांशिक नारकीके प्रथम समयमें होता है । स्त्री व नपुंसक वेदका जघन्य प्रदेशसंक्रम तेतीस सागरकी आयुवालोंके अन्तिम समयमें होता है, इसलिए बारह कषायादि उक्त प्रकृतियोंके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल दस हजार वर्ष और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर कहा है ।

§ १०७. भवनवासियोंसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें मिथ्यात्व और पाँच नोकषायोंके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल अन्तमुहूर्त है और उत्कृष्ट काल अपनी-अपनी स्थितिप्रमाण है । इसी प्रकार सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कका जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनके अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल एक समय है । सम्यक्त्वका भङ्ग ओघके समान है । बारह कषाय,भय और जुगुप्साके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल एक समय कम जघन्य स्थितिप्रमाण है और उत्कृष्ट काल उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण है । स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल जघन्य स्थितिप्रमाण और उत्कृष्ट काल उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण है ।

विशेषार्थ—भवनवासी आदि देवोंमें बारह कषाय, भय और जुगुप्साका जघन्य प्रदेशसंक्रम भवके प्रथम समयमें होता है, इसलिए यहाँ इनके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल एक समय एक समय कम जघन्य स्थितिप्रमाण और उत्कृष्ट काल उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण कहा है । शेष कथन सुगम है जो अपने स्वामित्वको जानकर घटित कर लेना चाहिए ।

§ १०८. अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें, मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल जघन्य स्थिति और उत्कृष्ट काल उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण है । इसी प्रकार स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका

भय-दुगुंछ०-पुरिसवे० । णवरि अजह० जह० जहण्णट्ठिदी समयूणा । अणंताणु०४ हस्स-रदि-अरदि-सोग० जह० पदे०संका० जहण्णु० एयस० । अजह० जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० सगट्ठिदी । णवरि सव्वट्ठे इत्थिवे०-णवुंसवे०-मिच्छ०-सम्मामि० अजह० सगट्ठिदी समयूणा । एवं जाव० ।

एवं कालाणुगमो समत्तो ।

❀ अंतरं ।

§ १०६. सुगममेदमहियारसंभालणवक्कं ।

❀ **सव्वेसिं कम्माणमुक्कस्सपदेससंकामयस्स णत्थि अंतरं ।**

जानना चाहिए। तथा इसी प्रकार बारह कषाय, भय, जुगुप्सा और पुरुषवेदका जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल एक समय कम जघन्य स्थितिप्रमाण है। अनन्तानुबन्धीचतुष्क, हास्य, रति, अरति और शोकके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल अन्तमुहूर्त और उत्कृष्ट काल अपनी अपनी स्थितिप्रमाण है। इतनी विशेषता है कि सर्वार्थसिद्धिमें स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वके अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य काल एक समय कम अपनी स्थितिप्रमाण है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा जानना चाहिए।

विशेषार्थ—अनुदिश आदिमें मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वका जघन्य प्रदेशसंक्रम दीर्घ आयुवालोंमें वहाँसे निकलनेके अन्तिम समयमें होता है, इसलिए इनमें उक्त प्रकृतियोंके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल अपनी अपनी जघन्य स्थितिप्रमाण और उत्कृष्ट काल उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण कहा है। स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल जघन्य स्थितिप्रमाण और उत्कृष्ट काल उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण इसी प्रकार घटित कर लेना चाहिए। बारह कषाय, पुरुषवेद, भय और जुगुप्साका जघन्य प्रदेशसंक्रम भवके प्रथम समयमें ऐसे जीवोंके भी होता है जो जघन्य आयु लेकर वहाँ पर उत्पन्न हुए हैं, इसलिए इनमें उक्त प्रकृतियोंके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल एक समय कम जघन्य स्थितिप्रमाण विशेष रूपसे कहा है। उत्कृष्ट काल उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण है यह स्पष्ट ही है। इन देवोंमें अनन्तानुबन्धीचतुष्कका अजघन्य प्रदेशसंक्रम अन्तर्मुहूर्त तक होकर उनकी विसंयोजना होना सम्भव है। तथा वेदक सम्यग्दृष्टिके जीवन भर इनका अजघन्य प्रदेशसंक्रम होता रहता है, इसलिए तो इनके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण कहा है। अब रहीं चार नोकषाय प्रकृतियाँ सो इनका जघन्य प्रदेशसंक्रम वहाँ उत्पन्न होनेके अन्तर्मुहूर्त बाद होना सम्भव है, इसलिए इनके भी अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण कहा है। सर्वार्थसिद्धिमें यह काल इसी प्रकार घटित हो जाता है। मात्र वहाँ जघन्य और उत्कृष्ट स्थितिका भेद नहीं होनेसे मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल एक समय कम स्थितिप्रमाण और उत्कृष्ट काल अपनी स्थितिप्रमाण प्राप्त होनेसे से अलगसे कहा है। शेष कथन स्पष्ट है।

इस प्रकार कालानुगम समाप्त हुआ।

* अब अन्तरका कथन करते हैं।

§ १०६. अधिकार की सम्हाल करनेवाला यह सूत्र सुगम है।

* **सब कर्मोंके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है।**

§ ११०. होउ णाम खवगसंबंधेण लद्धुक्कस्सभावाणं मिच्छत्तादिकम्माणमंतराभावो, ण वुण सम्मत्ताणंताणुबंधीणमंतराभावो जुत्तो, तेसिमखवयविसयत्तेण लद्धुक्कस्सभावाणमंतरसंभवे विप्पडिसेहाभावादो ? ण एस दोसो, गुणिदकम्मंसियलक्खणेणेयवारं परिणदस्स पुणो जहण्णदो वि अद्धपोग्गलपरियट्टमेत्तकालब्भंतरे तब्भावपरिणामो णत्थि त्ति एवंविहाहिप्पाएणेदस्स सुत्तस्स पयट्टत्तादो। एसो ताव एक्को उवएसो चुण्णिसुत्तयारेण सिस्साणं परूविदो। अण्णेणोवएसेण पुण सम्मत्ताणंताणुबंधीणं अंतरसंभवो अत्थि त्ति तप्पमाणावहारणट्ठं उत्तरसुत्तं भणइ—

❀ अधवा सम्मत्ताणंताणुबंधीणं उक्कस्ससंकामयस्स अंतरं केवचिरं ?

§ १११. अण्णेणोवएसेण सम्मत्ताणंताणुबंधीणमुक्कस्सपदेससंकामयंतरं संभवइ। पुण केवचिरमंतरं होइ त्ति पुच्छा कया होइ।

❀ जहण्णेण असंखेज्जा लोगा।

§ ११२. गुणिदकम्मंसियलक्खणेणागंतूण णेरइयचरिमसमयादो हेट्ठा अंतोमुहुत्तमोसरिय पढमसम्मत्तमुप्पाइय जहावुत्तपदेसे सम्मत्ताणंताणुबंधीणमुक्कस्सपदेससंकमस्सादिं

---

§ ११०. शंका—मिथ्यात्व आदि कर्मोंका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम क्षपणा करनेवाले जीवके होनेके कारण इनके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका अन्तर न होओ यह ठीक है। किन्तु सम्यक्त्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमके अन्तरका अभाव युक्त नहीं है, क्योंकि इनका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम क्षपकको विषय नहीं करता, इसलिए उनके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका अन्तर सम्भव होनेसे उसका निषेध नहीं बनता ?

समाधान—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि गुणितकर्मांशिक लक्षणसे एक बार परिणत हुए जीवके पुन. जघन्य रूपसे भी उसके योग्य परिणाम अर्धपुद्गल परिवर्तनप्रमाण कालके भीतर नहीं होता इस प्रकार ऐसे अभिप्रायसे यह सूत्र प्रवृत्त हुआ है।

यह एक उपदेश है जो सूत्रकारने शिष्योंके लिए कहा है। परन्तु अन्य उपदेशके अनुसार सम्यक्त्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका अन्तर सम्भव है, इसलिए उसके प्रमाणका अवधारण करनेके लिए आगे का सूत्र कहते हैं—

* अथवा सम्यक्त्व और अनन्तानुबन्धियोंके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल कितना है ?

§ १११. अन्यके उपदेशानुसार सम्यक्त्व और अनन्तानुबन्धियोंके उत्कृष्ट प्रदेशासंक्रामकका अन्तर सम्भव है। परन्तु वह कितना है यह पृच्छा इस सूत्र द्वारा की गई है।

* जघन्य अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है।

§ ११२. गुणितकर्मांशिक लक्षणसे आकर नारकीके अन्तिम समयसे पीछे अन्तर्मुहूर्त रहकर अर्थात् नारकीके अन्तिम समयके प्राप्त होनेके अन्तर्मुहूर्त पहिले प्रथम सम्यक्त्वको उत्पन्नकर यथोक्त स्थानमें सम्यक्त्व और अनन्तानुबन्धियोंके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम पूर्वक उसका अन्तर करके अनुत्कृष्ट

काढूण अंतरिय अणुक्कस्सपरिणामेसु असंखे०लोगपमाणेसु तेत्तियमेत्तकालमच्छिऊण पुणो सव्वलहुं गुणिदकिरियासंबंधमुवसामिय पुव्वुत्तेणेव कमेण पडिवण्णतब्भावम्मि तदुवलंभादो।

ॐ उक्कस्सेण उवड्ढपोग्गलपरियट्टं।

§ ११३. पुव्वुत्तविहाणेणेवादिं करिय अंतरिदस्स देसूणद्धपोग्गलपरियट्टमेत्तकालं परिभमिय तदवसाणे गुणिदकम्मंसिओ होदूण सम्मत्तमुप्पाइय पुव्वं व पडिवण्णतब्भावम्मि तदुवलद्धीदो।

§ ११४. एवमोघेणुक्कस्सपदेससंकामयंतरसंभवासंभवणिण्णयं काढूण संपहि एदेण सूचिददेसपरूवणट्ठमुच्चारणं वत्तइस्सामो। तं जहा—अंतरं दुविहं जह० उक्क०। उक्क० पयदं। दुविहो णि०—ओघे० आदेसे०। ओघेण मिच्छ०-सम्मामि० उक्क० पदे० संका० णत्थि अंतरं। अणु० जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं। णवरि सम्मामि० अणु० जह० एयस०। सम्म० मिच्छत्तभंगो। अणंताणु०४ उक्क० णत्थि अंतरं। अणु० जह० अंतोमु०, उक्क० बेछावट्ठिसागरो० सादिरेयाणि। बारसक०-णवणोक० उक्क० णत्थि अंतरं। अणु० जह० एयस०, उक्क० अंतोमु०।[1]

प्रदेशसंक्रमके योग्य असंख्यात लोकप्रमाण परिणामोंमें उतने ही काल तक रहकर पुनः अतिशीघ्र गुणितक्रियाविधिको उपशमा कर पूर्वोक्त क्रमसे ही उक्त कर्मोंके उत्कृष्ट भावके प्राप्त होने पर उक्त अन्तर प्राप्त होता है।

* उत्कृष्ट अन्तर उपार्ध पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है।

§ ११३. पूर्वोक्त विधिसे उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमके अन्तरका प्रारम्भ करके तथा कुछ कम अर्ध पुद्गलपरिवर्तनप्रमाण काल तक परिभ्रमण करके उसके अन्तमें गुणित कर्मांशिक होकर तथा सम्यक्त्वको उत्पन्नकर पहिलेके समान उत्कृष्ट भावके प्राप्त होने पर उक्त अन्तरकाल प्राप्त होता है।

§ ११४. इस प्रकार ओघसे उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकके अन्तरसम्बन्धी सम्भवासम्भव भावका निर्णय करके अब इससे सूचित होनेवाले आदेशका कथन करनेके लिए उच्चारणाको बतलाते हैं। यथा—अन्तर दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर उपार्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है। इतनी विशेषता है कि सम्यग्मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य अन्तर एक समय है। सम्यक्त्वका भङ्ग मिथ्यात्वके समान है। अनन्तानुबन्धी चतुष्कके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छयासठ सागरप्रमाण है। बारह कषाय और नौ नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

१ ता० प्रतौ 'अणु० जह० अंतोमु० एयस०' इति पाठः।

§ ११५. आदेसेण णेरइय० मिच्छ०-सम्मामि० उक्क० पदे०संक० णत्थि अंतरं। अणु० जह० एयस०, उक्क० तेत्तीसं सागरो० देसूणाणि। एवं सम्म०-अणंताणु०४। णवरि अणु० जह० अंतोमुहुत्तं। बारसक०-णवणोक० उक्क० णत्थि अंतरं। अणुक्क० जहण्णुक्क० एयसमओ। एवं सव्वणेरइय०। णवरि सगट्ठिदी देसूणा।

विशेषार्थ—सब प्रकृतियोंका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम क्षपणाके समय होता है इससे यहाँ पर उनके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमके अन्तरकालका निषेध किया है। अब रहा अनुत्कृष्टके अन्तरकालका विचार सो सादि मिथ्यादृष्टिका मिथ्यात्वमें रहनेका जघन्यकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल उपार्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है, इसलिए इसके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर उपार्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण कहा है। सम्यग्मिथ्यात्व गुणस्थानमें भी दर्शनमोहनीयका संक्रमण नहीं होता, इसलिए इस अपेक्षासे भी मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त ले आना चाहिए। कोई सादि मिथ्यादृष्टि पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण कालके द्वारा सम्यग्मिथ्यात्वकी उद्वेलना करके उपार्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण काल तक उसकी सत्तारहित रहता है। तथा कोई सादि मिथ्या दृष्टि प्रथम समयमें सम्यग्मिथ्यात्वका सर्वसंक्रम द्वारा अभाव करके और दूसरे समयमें उपशम सम्यग्दृष्टि होकर तीसरे समयमें पुनः उसका संक्रम करने लगता है, इसलिए यहाँ पर सम्यग्मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर उपार्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण कहा है। सम्यक्त्वका भङ्ग मिथ्यात्वके समान है यह स्पष्ट ही है। मात्र यहाँ पर सम्यक्त्वकी सत्तावाले सादि मिथ्यादृष्टिको अन्तर्मुहूर्त तक सम्यक्त्वमें रख कर मिथ्यात्वमें ले जाकर जघन्य अन्तर घटित करना चाहिए। तथा उत्कृष्ट अन्तर उद्वेलनाके बाद उपार्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण काल तक मिथ्यात्वमें रखकर तदनन्तर उपशमसम्यक्त्व प्राप्त कराके पुनः मिथ्यात्वमें ले जाकर लाना चाहिए। विसंयोजनापूर्वक सम्यक्त्वका जघन्यकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल साधिक दो छयासठ सागर प्रमाण है यह देखकर अनन्तानुबन्धी चतुष्कके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छयासठ सागर प्रमाण कहा है। बारह कषाय और नौ नोकषायोंका उपशम श्रेणीमें मरणकी अपेक्षा एक समय और चढ़कर उतरनेकी अपेक्षा अन्तर्मुहूर्त संक्रमका अन्तर बन जाता है, इसलिए यहाँ पर इनके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहा है।

§ ११५. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। इसी प्रकार सम्यक्त्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कका जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। बारह कषाय और नौ नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर एक समय है। इसी प्रकार सब नारकियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि कुछ कम अपनी-अपनी स्थिति कहनी चाहिए।

विशेषार्थ—सामान्य नारकियों और प्रत्येक पृथिवीके नारकियोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका अन्तरकाल न होनेका कारण यह है कि इनमें दो बार इनका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम सम्भव नहीं। इसी प्रकार आगेकी मार्गणाओंमें भी जानना चाहिए। अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमके

§ ११६. तिरिक्खेसु मिच्छ०-सम्मामि०-सम्म० उक्क० णत्थि अंतरं। अणु० जह० एगस०, सम्म० अंतोमु०, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं। अणंताणु०४ उक्क० णत्थि अंतरं। अणु० जह० अंतोमु०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसूणाणि। बारसक०-णवणोक० उक्क० णत्थि अंतरं। अणुक्क० जहण्णु० एयसमओ।

अन्तरकालका खुलासा इस प्रकार है—यहाँ पर मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम एक समयके लिए होता है इसलिए तो इनके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य अन्तर एक समय कहा है। तथा प्रारम्भमें और अन्तमें सम्यक्त्वमें रखकर मध्यमें कुछ कम तेतीस सागरकाल तक मिथ्यात्वमें रखनेसे मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर प्राप्त होनेसे वह तत्प्रमाण कहा है। तथा प्रारम्भमें और अन्तमें सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रमण करावे और मध्यमें उद्वेलना द्वारा उसका अभाव हो जानेसे कुछ कम तेतीस सागरकाल तक उसकी सत्ताके विना रखे। इस प्रकार सम्यग्मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर प्राप्त होनेसे वह उक्त प्रमाण कहा है। सम्यक्त्वके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर इसी प्रकार घटित कर लेना चाहिए। मात्र यह अन्तर मध्यमें कुछ कम तेतीस सागरकाल तक सम्यक्त्वके साथ रखकर प्राप्त करना चाहिए। सम्यक्त्वके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहनेका कारण यह है कि इसका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम ऐसे जीवके होता है जो सम्यक्त्वसे च्युत होकर मिथ्यात्वके प्रथम समयमें स्थित है। यहाँ जो सम्यक्त्वका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है वही इसके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य अन्तरकाल जानना चाहिए। बारह कषाय और नौ नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका काल एक समय है वही यहाँ इनके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका अन्तरकाल होता है, इसलिए यहाँ उक्त प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट प्रदेश संक्रमका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल एक समय कहा है। यह सामान्यसे नारकियोंमें अन्तरकालका विचार है। प्रत्येक पृथिवीमें यह अन्तरकाल इसी प्रकार घटित कर लेना चाहिए। मात्र जहाँ पर कुछ कम तेतीस सागर कहा है वहाँ पर वह कुछ कम अपनी-अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण कहना चाहिए।

§ ११६. तिर्यञ्चोंमें मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य अन्तर एक समय है, सम्यक्त्वका अन्तर्मुहूर्त है और सबका उत्कृष्ट अन्तर उपार्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है। अनन्तानुबन्धीचतुष्कके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है। बारह कषाय और नो नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेश-संक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर एक समय है।

विशेषार्थ—यहाँ पर अन्य सब अन्तरकाल नारकियोंके समान घटित कर लेना चाहिए। केवल मिथ्यात्व आदि तीन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका उत्कृष्ट अन्तर उपार्धपुद्गल-परिवर्तनप्रमाण कहनेका कारण यह है कि तिर्यञ्च पर्यायमें कोई भी जीव इतने काल तक रहकर प्रारम्भमें और अन्तमें इनका संक्रम करे और मध्यमें न करे यह सम्भव है, इसलिए तो इनके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका उत्कृष्ट अन्तर उक्त कालप्रमाण कहा है, तथा अनन्तानुबन्धीचतुष्कका ऐसा तिर्यञ्च ही असंक्रामक हो सकता है जिसने इनकी विसंयोजना की है और यह काल कुछ कम तीन पल्य ही हो सकता है, इसलिए तिर्यञ्चोंमें इनके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका उत्कृष्ट अन्तर उक्त कालप्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

§ ११७. पंचिं०तिरि०३ मिच्छ०-सम्मामि०-सम्म० उक्क० पदे० संका० णत्थि अंतरं। अणु० जह० एयस०, सम्म० अंतोमु०, उक्क० तिण्णि पलिदो० पुव्वकोडिपुधत्तेणब्भहियाणि। सोलसक०-णवणोक० तिरिक्खभंगो।

§ ११८. पंचिंदियतिरि०अपज्ज०-मणुसअपज्ज० पणुवीसपय० उक्क० णत्थि अंतरं। अणुक्क० जहण्णु० एयस०। सम्म०-सम्मामि० उक्क० अणुक्क० पदे०संका० णत्थि अंतरं।

§ ११९. मणुसतिए मिच्छ०-सम्मामि०-सम्म० उक्क० पदे०संका० णत्थि अंतरं। अणुक्क० जह० अंतोमु०, सम्मामि० एयस०, उक्क० तिण्णिपलिदो० पुव्वकोडिपुध०। अणंताणु०४ तिरिक्खभंगो। बारसक०-णवणोक० उक्क० पदे० संका० णत्थि अंतरं। अणुक्क० जहण्णु० अंतोमु०। णवरि पुरिसवे० तिण्णिसंज० अणु० जह० एयस०।

---

§ ११७. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमे मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य अन्तर एक समय है, सम्यक्त्वका अन्तर्मुहूर्त है और सबका उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्य है। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है।

विशेषार्थ—पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिककी उत्कृष्ट कायस्थिति पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्य होनेसे यहाँ पर मिथ्यात्व आदि तीन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका उत्कृष्ट अन्तर उक्त कालप्रमाण कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

§ ११८. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमे पचीस प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर एक समय है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है।

विशेषार्थ—उत्कृष्ट स्वामित्वको देखनेसे विदित होता है कि इन जीवोंमे पच्चीस प्रकृतियोंका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम भवके प्रथम समयमे न होकर मध्यमे होता है। साथ ही वह पर्याप्त पर्यायसे आकर होता है, इसलिए इनमे पच्चीस प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमके अन्तरका तो निषेध किया है और अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल एक समय कहा है। तथा शेप तीन प्रकृतियोंका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम भवके प्रथम समयमे होता है, इसलिए इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट दोनों प्रकारके प्रदेशसंक्रमका अन्तर सम्भव न होनेसे दोनोंके अन्तरका निषेध किया है।

§ ११९. मनुष्यत्रिकमें मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है, सम्यग्मिथ्यात्वका एक समय है और सबका उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्य है। अनन्तानुबन्धीचतुष्कका भङ्ग तिर्यञ्चोंके समान है। बारह कषाय और नौ नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। अनुत्कृष्ट प्रदेश संक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। इतनी विशेषता है कि पुरुषवेद और तीन संज्वलनके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य अन्तर एक समय है और

उक्क० अंतोमु० । णवरि मणुसिणी पुरिसवे० अणु० जहण्णु० अंतोमु० ।

§ १२०. देवगदीए देवेसु मिच्छ०-सम्मामि०-सम्म० उक्क० णत्थि अंतरं । अणु० जह० एयस०, सम्म० अंतोमु०, उक्क० एक्कत्तीसं सागरो० देसूणाणि । अणंताणु०४ सम्मत्तभंगो । बारसक० णवणोक० उक्क० णत्थि अंतरं । अणुक्क० जहण्णु० एयसमओ । एवं भवणादि जाव णवगेवज्जा त्ति । णवरि सगट्ठिदी देसूणा ।

उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । इतनी और विशेषता है कि मनुष्यिनियोंमें पुरुषवेदके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है ।

विशेषार्थ—मनुष्यत्रिकमें मिथ्यात्व आदि तीन प्रकृतियोंका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम गुणितकर्मांशिक जीवके होता है और मनुष्यत्रिक पर्यायके काल तक रहते जीवका दो बार गुणितकर्मांशिक होना सम्भव नहीं है, इसलिए इनमें तीन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमके अन्तरकालका निषेध किया है । अब रहा अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका अन्तर काल सो सम्यक्त्व और मिथ्यात्वका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त होनेसे इनमें मिथ्यात्व और सम्यक्त्व कर्मके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहा है । कारण कि सम्यक्त्व गुणस्थानमें सम्यक्त्वका और मिथ्यात्व गुणस्थानमें मिथ्यात्वका संक्रम नहीं होता । परन्तु दोनों गुणस्थानोंमें सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रम सम्भव है, इसलिए इसके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य अन्तर एक समय कहा है । कारणका विचार ओघ प्ररूपणाके समय कर आये हैं । इन तीनों प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्य है यह स्पष्ट ही है, जो अपनी अपनी कायस्थितिके प्रारम्भमें और अन्तमें अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमके कराने से प्राप्त होता है ऐसा यहाँ समझना चाहिये । अनन्तानुबन्धी चतुष्कके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका अन्तर तिर्यञ्चोंके समान यहाँ घटित हो जानेसे उसे अलगसे नहीं कहा है । सो तिर्यञ्चोंमें इन प्रकृतियोंके अन्तरको जान कर यहाँ पर भी उसे साध लेना चाहिए । यहाँ पर बारह कषाय और नौ नोकषायोंके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त उपशमश्रेणिकी अपेक्षासे कहा है । कारण कि मात्र उपशमश्रेणिमें अन्तर्मुहूर्त काल तक इन प्रकृतियोंका संक्रम नहीं होता । किन्तु इतनी विशेषता है कि पुरुषवेद और तीन संज्वलनका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम क्षपकश्रेणिमें एक समयके लिए होता है । किन्तु इसके पहले और बादमें उनका अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता रहता है, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर उपशमश्रेणिकी अपेक्षा अन्तर्मुहूर्त कहा है । मात्र मनुष्यिनियोंमें पुरुषवेदके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य अन्तर एक समय नहीं बनता, क्योंकि परोदयसे क्षपकश्रेणि पर चढ़े हुए जीवके पुरुषवेदकी क्षपणाके अन्तिम समयमें उसका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम प्राप्त होता है, इसलिए मनुष्यिनियोंमें इसके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहा है ।

§ १२०. देवगतिमें देवोंमें मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है । अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य अन्तर एक समय है, सम्यक्त्वका अन्तर्मुहूर्त है और सबका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम इकतीस सागर है । अनन्तानुबन्धीचतुष्कका भङ्ग सम्यक्त्वके समान है । बारह कषाय और नौ नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका अन्तर नहीं है । अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर एक समय है । इसी प्रकार भवनवासियोंसे लेकर नौ ग्रैवेयकतकके देवोंमें कहना चाहिए । इतनी विशेषता है कि अनुत्कृष्ट संक्रामकका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थिति प्रमाण कहना चाहिए ।

§ १२१. अणुदिसादि सव्वट्ठा त्ति मिच्छ०–सम्मामि०–अणंताणु०४ उक्क० अणुक्क० णत्थि अंतरं। बारसक०–णवणोक० उक्क० णत्थि अंतरं। अणुक्क० जहण्णु० एयस०। एवं जाव०।

❀ एत्तो जहण्णयं।

§ १२२. एत्तो उक्कस्संतर विहासणादो उवरि जहण्णयमंतरमिदाणिं विहासइस्सामो त्ति अहियारसंभालणवक्कमेदं।

❀ कोहसंजलण-माणसंजलण-मायासंजलण-पुरिसवेदाणं जहण्णपदेस-संकामयस्संतरं केवचिरं कालादो होदि?

§ १२३. सुगमं।

विशेषार्थ—अपने अपने स्वामित्वको देखते हुए नारकियोंके समान देवोंमें भी सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका अन्तरकाल नहीं बनता यह स्पष्ट ही है। तथा इनके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका जो अलग अलग जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल कहा है सो उसे जिस प्रकार हम नारकियोंमें घटित कर बतला आये हैं उसी प्रकार यहाँ पर भी घटित कर लेना चाहिए। मात्र यहाँ उत्कृष्ट अन्तर अपनी अपनी कुछ कम उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण ही कहना चाहिए। अन्य कोई विशेषता न होनेसे इसका अलगसे स्पष्टीकरण नहीं किया है।

§ १२१. अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धितकके देवोंमें मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चतुष्कके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। बारह कषाय और नौ नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर एक समय है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—उक्त देवोंमें मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम भवके प्रथम समयमें प्राप्त होता है। तथा अनन्तानुबन्धीका वहाँ उत्पन्न होनेके अन्तर्मुहूर्त बाद विसंयोजनाके अन्तिम समयमें प्राप्त होता है, इसलिए इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका अन्तर सम्भव नहीं होनेसे उसका निषेध किया है। तथा बारह कषाय और नौ नोकषायोंका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम भी वहाँ उत्पन्न होनेके अन्तर्मुहूर्त बाद अपने स्वामित्वके अनुसार होता है, इसलिए वहाँ इनके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका अन्तर सम्भव न होनेसे उसका तो निषेध किया है और अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका एक समय अन्तर प्राप्त होनेसे जघन्य और उत्कृष्ट दोनों प्रकारका वह एक समय कहा है।

इस प्रकार उत्कृष्ट अन्तरकाल समाप्त हुआ।

*** इससे आगे जघन्य अन्तरकालका व्याख्यान करते हैं।**

§ १२२. इससे अर्थात् उत्कृष्ट अन्तरकालके व्याख्यानके बाद अब जघन्य अन्तरकालका व्याख्यान करते हैं इस प्रकार यह सूत्रवचन अधिकारकी सम्हाल करता है।

*** क्रोधसंज्वलन, मानसंज्वलन, मायासंज्वलन और पुरुषवेदके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य अन्तरकाल कितना है।**

§ १२३. यह सूत्र सुगम है।

❀ जहण्णेण अंतोमुहुत्तं ।

§ १२४. तं जहा—णिरयगदिकम्मंसियलक्खणेणागंतूण गोवुच्छागारजहण्णजोगेण बद्ध-चरिमसमयणवकबंधसंकामयचरिमसमयम्मि जहण्णसंकमस्सादिं कादूण बिदियादिसमएसु अंतरिय उवरि चढिय ओदिण्णो संतो पुणो वि सव्वलहुमंतोमुहुत्तेण विसुज्झिदूण सेढिसमा-रोहणं करिय पुव्वुत्तपदेसे तेणेव विहिणा जहण्णपदेससंकामओ जादो, लद्धमंतरं ।

❀ उक्कस्सेण उवड्ढपोग्गलपरियट्टं ।

§ १२५. तं कधं ? पुव्वुत्तकमेणेवादिं करिय अंतरिदो संतो देसूणअद्धपोग्गलपरियट्ट-मेत्तकालं परियट्टिदूण पुणो अंतोमुहुत्तसेसे संसारे उवसमसेढिमारुहिय जहण्णपदेससंकामओ जादो, लद्धमुक्कस्संतरं ।

❀ सेसाणं कम्माणं जाणिऊण णेदव्वं ।

§ १२६. सेसाणं कम्माणमंतरमत्थि णत्थि त्ति णादूण णेदव्वमिदि सोदाराणमत्थ-समप्पणं कयमेदेण सुत्तेण ।

§ १२७. संपहि एदेण सुत्तेण सूचिदत्थस्स परूवणट्ठमुच्चारणं वत्तइस्सामो । तं जहा—जह० पयदं । दुविहो णिद्देसो—ओघे० आदेसे० । ओघेण मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि० जह० पदे०संका० णत्थि अंतरं । अजह० जह० एयस०, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं ।

* जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है ।

§ १२४. यथा—जो इन कर्मोंके प्राचीन सत्कर्मवाला उपशामक जीव गोपुच्छाकार जघन्य योगके द्वारा अन्तिम समयमें बाँधे गये नवकबन्धके संक्रमके अन्तिम समयमें जघन्य संक्रमका प्रारम्भ करके और द्वितीयादि समयोंमें उसका अन्तर करके ऊपर चढ़कर उपशमश्रेणिसे उतर आता है । तथा फिर भी सबसे लघु अन्तर्मुहूर्तके द्वारा विशुद्ध होकर और उपशमश्रेणि पर आरोहण करके पूर्वोक्त स्थानमें जाकर उसी विधिसे उक्त कर्मोंके जघन्य प्रदेशोंका संक्रामक हुआ है । इस प्रकार उक्त कर्मोंके जघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य अन्तरकाल प्राप्त हो गया ।

* उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है ।

§ १२५. वह कैसे ? पूर्वोक्त विधिसे ही जघन्य संक्रमका प्रारम्भ करके और उसका अन्तर करके कुछ कम अर्धपुद्गलपरिवर्तन काल तक परिभ्रमण करके पुनः संसारके अन्तर्मुहूर्त प्रमाण शेष रहने पर उपशमश्रेणि पर आरोहण करके जघन्य प्रदेशोंका संक्रामक हो गया, इस प्रकार उत्कृष्ट अन्तरकाल प्राप्त हुआ ।

* शेष कर्मोंका अन्तरकाल जानकर ले आना चाहिए ।

§ १२६. शेष कर्मोंका अन्तरकाल है या नहीं है ऐसा जानकर उसे ले आना चाहिए । इस प्रकार इस सूत्र द्वारा श्रोताओंको अर्थका ज्ञान कराया गया है ।

§ १२७. अब इस सूत्र द्वारा सूचित हुए अर्थका कथन करनेके लिए उच्चारणाको बतलाते हैं । यथा—जघन्यका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है । अजघन्य प्रदेश-

अणंताणु०४ जह० णत्थि अंतरं। अजह० जह० एयस०, उक्क० वेछावट्ठिसा० सादिरेयाणि। बारसक०-णवणोक० जह० णत्थि अंतरं। अज० जह० एयस०, उक्क० अंतोमु०। णवरि तिण्णिसंजल०-पुरिसवे० जह० पदे०संका० जह० अंतोमु०, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं।

संक्रामकका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर उपार्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है। अनन्तानुबन्धी चतुष्कके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छयासठ सागर प्रमाण है। बारह कषाय और नौ नोकषायोंके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। इतनी विशेषता है कि तीन संज्वलन और पुरुषवेदके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर उपार्धपुद्गलपरिवर्तन प्रमाण है।

विशेषार्थ—ओघसे मिथ्यात्वका जघन्य प्रदेशसंक्रम क्षपित कर्मांशिक जीवके क्षपणाका प्रारम्भ कर अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें तथा सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका जघन्य प्रदेशसंक्रम क्षपितकर्मांशिक जीवके अन्तमें उद्वेलना करते हुए द्विचरमकाण्डकके पतनके अन्तिम समयमें होता है। यतः यह विधि दूसरी बार सम्भव नहीं है, इसलिए इन कर्मोंके जघन्य प्रदेशसंक्रमके अन्तरकालका निषेध किया है। इन कर्मोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम एक समयके लिए होता है इसलिए तो इनके अजघन्यप्रदेशसंक्रमका जघन्य अन्तर एक समय कहा है। तथा इनका अजघन्य प्रदेशसंक्रम अर्धपुद्गलपरिवर्तनके प्रारम्भमें और अन्तमें हो, मध्यमें न हो यह सम्भव है, इसलिए इनके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका उत्कृष्ट अन्तर उपार्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण कहा है। अनन्तानुबन्धीचतुष्कका जघन्य प्रदेशसंक्रम क्षपित कर्मांशिक जीवके उनकी विसंयोजना करते समय अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें होता है, इसलिए इसके अन्तरकालका निषेध किया है। तथा इनके जघन्य प्रदेशसंक्रमका काल एक समय होनेसे इनके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य अन्तर एक समय कहा है और अधिकसे अधिक साधिक दो छयासठ सागरप्रमाण काल तक इनका अभाव रहता है, इसलिए इनके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका उत्कृष्ट अन्तर उक्त कालप्रमाण कहा है। बारह कषाय, लोभसंज्वलन, छह नोकषाय, स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका जघन्य प्रदेशसंक्रम क्षपितकर्मांशिक जीवके क्षपणाके समय ही यथास्थान प्राप्त होता है, इसलिए इनके जघन्य प्रदेशसंक्रमका अन्तरकाल नहीं बननेसे उसका निषेध किया है। तथा इनके जघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य काल एक समय है, इसलिए इनके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य अन्तर एक समय कहा है और उपशमश्रेणिमें इनके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका अन्तर्मुहूर्त काल प्राप्त होनेसे उत्कृष्टरूपसे वह तत्प्रमाण कहा है। अब रहे क्रोधसंज्वलन आदि तीन संज्वलन और पुरुषवेद सो इनके जघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर उपार्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण पहले मूलमें ही घटित करके बतला आये हैं, इसलिए वहाँसे जान लेना चाहिए। तथा इनके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त बारह कषाय आदिके समान ही प्राप्त होता है, इसलिए इस अन्तरकालका कथन उनके साथ किया है।

§ १२८. आदेसे० णेरइय० मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि०-अणंताणु०४ जह० णत्थि अंतरं। अजह० जह० एयस०, मिच्छ० अंतोमु०, उक्क० तेत्तीसं सागरो० देसूणाणि। बारसक०-भय-दुगुंछ० जह० अजह० णत्थि अंतरं। सत्तणोक० जह० पदे०-संका० णत्थि अंतरं। अजह० जहण्णु० एयसमओ। एवं सत्तमाए। पढमाए जाव छट्ठि त्ति एवं चेव। णवरि सगट्ठिदी देसूणा। इत्थिवेद०-णवुंस० जह० अजह० पदे०संका० णत्थि अंतरं। अणंताणु०४ अजह० जह० अंतोमु०।

§ १२८. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चतुष्कके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य अन्तर एक समय है, मिथ्यात्वका अन्तर्मुहूर्त है और सबका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागरप्रमाण है। बारह कषाय, भय और जुगुप्साके जघन्य और अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। सात नोकषायोंके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर एक समय है। इसी प्रकार सातवीं पृथिवीमें जानना चाहिए। पहली पृथिवीसे लेकर छठी पृथिवी तकके नारकियोंमें इसी प्रकार जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि कुछ कम अपनी-अपनी स्थिति कहनी चाहिए। तथा इनमें स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके जघन्य और अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। अनन्तानुबन्धीचतुष्कके अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—सामान्य नारकियोंमें और प्रत्येक पृथिवीके नारकियोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य प्रदेशसंक्रमका अन्तरकाल न होनेका कारण यह है कि इनमें इनका दोबार जघन्य प्रदेशसंक्रम सम्भव नहीं है। इसी प्रकार गतिमार्गणाके सब अवान्तर भेदोंमें भी जानना चाहिए। अजघन्यप्रदेशसंक्रमके अन्तरकालका खुलासा इस प्रकार है—सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका जघन्य प्रदेशसंक्रम एक समयके लिए होता है और आगे-पीछे अजघन्यप्रदेशसंक्रम होता रहता है, इसलिए तो इनके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य अन्तर एक समय कहा है। तथा मिथ्यात्वका जघन्य प्रदेशसंक्रम अपने स्वामित्वके अनुसार सम्यक्त्वसे च्युत होनेके अन्तिम समयमें होता है और उसके बाद मिथ्यात्वका असंक्रामक हो जाता है, इसलिए मिथ्यात्व गुणस्थानके जघन्य काल अन्तर्मुहूर्तकी अपेक्षा इसके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त प्राप्त होनेसे वह उक्त प्रमाण कहा है। इनके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका उत्कृष्ट अन्तर काल कुछ कम तेतीस सागर कहा है सो इसे इनके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमके उत्कृष्ट अन्तरकालके समान घटित कर लेना चाहिए। उससे इसमें कोई विशेषता न होनेके कारण इसका अलगसे स्पष्टीकरण नहीं किया है। बारह कषाय, भय और जुगुप्साका जघन्य प्रदेशसंक्रम भवके प्रथम समयमें प्राप्त होता है, इसलिए इनके दोनों प्रकारके प्रदेशसंक्रमका अन्तरकाल नहीं बननेसे उसका निषेध किया है। सात नोकषायोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम एक समयके लिए होता है, इसलिए इनके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल एक समय प्राप्त होनेसे वह उक्त प्रमाण कहा है। यह सामान्य नारकियों और सातवीं पृथिवीके नारकियोंमें अन्तरकालका विचार है। अन्य पृथिवियोंमें इसे इसी प्रकार घटित कर लेना चाहिए। मात्र उनमें जो विशेषता है उसका अलगसे उल्लेख किया है। बात यह है कि एक तो प्रत्येक पृथिवीके नारकियोंकी भवस्थिति अलग अलग है इसलिए जहाँ भी अजघन्य प्रदेशसंक्रमका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर कहा है वहाँ वह अपनी अपनी भवस्थिति

§ १२६. तिरिक्खेसु मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि० जह० पदे०संका० णत्थि अंतरं। अजह० जह० एयस०, मिच्छ० अंतोमु०, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं। अणंताणु०४ जह० पदे०संका० णत्थि अंतरं। अज० जह० अंतोमु०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसूणाणि। बारसक०-चदुणोक० जह० अजह० पदे०संका० णत्थि अंतरं। हस्स-रदि-अरदि-सोग-पुरिसवे० ज० पदे०संका० णत्थि अंतरं। अज० जहण्णु० एयस०। एवं पंचिंदियतिरिक्खतिय३। णवरि मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि० जह० पदे०संका० णत्थि अंतरं। अज० जह० एयस०, मिच्छ० अंतोमु०, उक्क० तिण्णिपलिदो० पुव्वकोडिपुध०।

प्रमाण जानना चाहिए। दूसरे इनमें स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका जघन्य प्रदेशसंक्रम भवके अन्तिम समयमें प्राप्त होनेसे इनके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका अन्तरकाल नहीं बनता, इसलिए उसका निषेध किया है। तीसरे इनमें अनन्तानुबन्धी चतुष्कका जघन्य प्रदेशसंक्रम भी भवके अन्तिम समयमें प्राप्त होता है, अतः विसंयोजित अनन्तानुबन्धीके जघन्यकाल अन्तर्मुहूर्तको ध्यानमें रखकर यहाँ पर इनके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहा है।

§ १२६. तिर्यञ्चोंमें मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य अन्तर एक समय है, मिथ्यात्वका अन्तर्मुहूर्त है और सबका उत्कृष्ट अन्तर उपार्ध पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। अनन्तानुबन्धी चतुष्कके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य प्रमाण है। बारह कषाय और चार नोकषायोंके जघन्य और अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। हास्य, रति, अरति, शोक और पुरुषवेदके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल एक समय है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य अन्तर एक समय है, मिथ्यात्वका अन्तर्मुहूर्त है और सबका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्य प्रमाण है।

विशेषार्थ—यहाँ पर अन्तरकालका सब स्पष्टीकरण प्रथमादि छह पृथिवियोंके समान कर लेना चाहिए। जो थोड़ी-बहुत विशेषता है उसका खुलासा इस प्रकार है। तिर्यञ्चोंमें स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका जघन्य प्रदेशसंक्रम भवके अन्तिम समयमें प्राप्त होता है, इसलिए यहां पर इन प्रकृतियोंको भी बारह कषाय, भय और जुगुप्सामें सम्मिलित कर उनके दोनों प्रकारके प्रदेशसंक्रमका निषेध किया है। एक विशेषता तो यह है। दूसरी विशेषता है तिर्यञ्चोंकी कायस्थितिकी अपेक्षासे। बात यह है कि तिर्यञ्चोंकी कायस्थिति बहुत अधिक है, इसलिए उनमें मिथ्यात्व आदि तीन प्रकृतियोंके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम अर्धपुद्गल परिवर्तन प्रमाण बन जानेसे वह उक्त कालप्रमाण कहा है। तीसरी विशेषता अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी विसंयोजनाकी अपेक्षासे। बात यह है कि तिर्यञ्चोंमें वेदकसम्यक्त्वकी अपेक्षा अनन्तानुबन्धी चतुष्ककी विसंयोजनाका काल कुछ कम तीन पल्यसे अधिक नहीं है, इसलिए इनमें इन प्रकृतियोंके अजघन्य प्रदेश-

१३०. पंचिं०तिरि०अपज्ज०-मणुसअपज्ज०-सोलसक०-भय-दुगुंछा० जह० अजह० णत्थि अंतरं। सम्म०-सम्मामि०२-सत्तणोक० जह० णत्थि अंतरं। अजह० जहण्णु० एयस०।

१३१. मणुसतिए दंसणतियस्स जह० पदेस०संका० णत्थि अंतरं। अजह० जह० एयस०, उक्क० तिण्णिपलिदो० पुव्वकोडिपुध०। अणंताणु०चउ० जह० पदे०-संका० णत्थि अंतरं। अज० जह० एयस०, उक्क० तिण्णिपलिदो० देसू०। णवकसाय-अट्ठणोक ाय-जह०पदे०संका० णत्थि अंतरं। अजह० जह० एयस०, उक्क० अंतोमु०। तिण्णिसंजल०-पुरिसवेद० जह० पदे०संका० जह० अंतोमु०, उक्क० पुव्वकोडिपुध० अजह० जहण्णुक्क० अंतोमु०। णवरि मणुसिणी०-पुरिसवे० जह० पदे०संका० णत्थि अंतरं। अजह० जह० एयस०, उक्क० अंतोमु०।

संक्रमका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य कहा है। यह सामान्य तिर्यञ्चोंकी अपेक्षा विशेषता क स्पष्टीकरण है। पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चत्रिकमें अन्य सब अन्तरकाल इसी प्रकार घन जाता है। मात्र इनकी कायस्थिति पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्य होनेसे इनमें मिथ्यात्व आदि तीन प्रकृतियोंके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका उत्कृष्ट अन्तर उक्त काल प्रमाण प्राप्त होनेसे वह उतना कहा है।

§ १३०. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सोलह कषाय, भय और जुगुप्साके जघन्य और अजघन्य प्रदेशसंक्रमका अन्तरकाल नहीं है। सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व और सात नोकषायोंके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य प्रदेश-संक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल एक समय है।

विशेषार्थ—इन जीवोंमें सोलह कषाय, भय और जुगुप्साका जघन्य संदेशसंक्रम भवके प्रथम समयमें प्राप्त होता है, इसलिए इनमें उक्त प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य प्रदेशसंक्रमके अन्तरकालका निषेध किया है। तथा सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका जघन्य प्रदेशसंक्रम द्विचरम काण्डकके पतनके अन्तिम समयमें और सात नोकषायों का जघन्य प्रदेशसंक्रम इनमे उत्पन्न होनेके अन्तमुहूर्त बाद प्राप्त होता है। इस कारण यतः इनमें उक्त नौ प्रकृतियोंके जघन्य प्रदेशसंक्रमका अन्तरकाल सम्भव न होनेसे उसका निषेध किया है और अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर एक समय प्राप्त होनेसे वह उक्त काल प्रमाण कहा है।

§ १३१ मनुष्यत्रिकमें दर्शनमोहनीयत्रिकके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पूर्व कोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्य है। अनन्तानुबन्धी चतुष्कके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है। नौ कषाय और आठ नोकषायोंके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य प्रदेश-संक्रामकका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। तीन संज्वलन और पुरुषवेदके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटि-पृथक्त्व प्रमाण है। अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। इतनी विशेषता है कि मनुष्यिनियोंमें पुरुषवेदके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य अन्तर एक समय है, उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

§ १३२. देवगईए देवेसु मिच्छ०-अणंताणु०चउ० जह० णत्थि अंतरं। अज० जह० अंतोमु०, उक्क० एक्कत्तीसं सागरो० देसूणाणि। एवं सम्म०-सम्मामि०। णवरि अज० जह० एयस०। बारसक०-चदुणोक० जह० अज० णत्थि अंतरं। पंचणोक० जह० पदे०संका० णत्थि अंतरं। अजह० जहण्णु० एयस०। एवं भवणादि जाव णवगेवज्जा त्ति। णवरि सगट्ठिदी देसूणा।

§ १३३. अणुदिसादि सव्वट्ठा त्ति मिच्छ०-सम्मामि०-सोलसक०-तिण्णिवे०-भय-दुगु० जह० अजह० णत्थि अंतरं। हस्स-रइ-अरइ-सोग ज० पदे०संका० णत्थि अंतरं। अजह० जहण्णु० एयस०, एवं जाव०।

विशेषार्थ—साधारण ओघप्ररूपणाके समय जो अन्तरकाल घटित करके बतला आये हैं उसके अनुसार यहाँ पर भी घटित कर लेना चाहिए। मात्र कायस्थिति और इनमें वेदकसम्यक्त्वके साथ अनन्तानुबन्धीके विसंयोजनाकाल आदिकी अपेक्षा जो विशेषता आती है उसे अलगसे जान लेना चाहिए।

§ १३२. देवगतिमें देवोंमें मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चतुष्कके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम इकतीस सागर है। इसी प्रकार सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके विषयमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य अन्तर एक समय है। बारह कषाय और चार नोकषायोंके जघन्य और अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। पाँच नोकषायोंके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर एक समय है। इसी प्रकार भवनवासियोंसे लेकर नौ ग्रैवेयकतकके देवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि कुछ कम अपनी अपनी स्थिति कहनी चाहिए।

विशेषार्थ—देवोंमें मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कका जघन्य प्रदेशसंक्रम भवस्थितिके अन्तिम समयमें प्राप्त होनेसे इनके जघन्य प्रदेशसंक्रमके अन्तरकालका निषेध किया है। तथा इनमें उक्त प्रकृतियोंका अजघन्य प्रदेशसंक्रम कमसे-कम अन्तर्मुहूर्त काल तक और अधिक-से-अधिक कुछ कम इकतीस सागर काल तक न होकर इस कालके पूर्व और बादमें हो यह सम्भव है, इसलिए इनमें उक्त प्रकृतियोंके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम इकतीस सागर कहा है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका यह अन्तरकाल इसी प्रकार घटित कर लेना चाहिए। मात्र इन प्रकृतियोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम उद्वेलनाके समय द्विचरम काण्डकके पतनके समय होता है, अतः इनका अजघन्य प्रदेशसंक्रम इसके बाद भी प्राप्त होनेसे इनके अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य अन्तर एक समय कहा है। शेष प्रकृतियोंका अन्तरकाल यहां पर भी तिर्यञ्चोंके समान बन जानेसे उसे उनके समान यहां पर भी घटित कर लेना चाहिए। विशेष खुलासा हम पहले कर ही आये हैं। भवनवासी आदिमें यह अन्तरकाल इसी प्रकार है। मात्र उनकी भवस्थिति अलग अलग होनेसे जहां कुछ कम इकतीस सागर अन्तरकाल कहा है वहाँ उसका विचार कर लेना चाहिए।

§ १३३. अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धितकके देवोंमें मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, सोलह कषाय, तीन वेद, भय और जुगुप्सा के जघन्य और अजघन्य प्रदेशसंक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। हास्य, रति, अरति और शोकके जघन्य प्रदेशसंक्रामकका जघन्य अनन्तरकाल नहीं है। अजघन्य

❀ सण्णियासो ।

§ १३४. एत्तो उवरि सण्णियासो अहिकाओ त्ति अहियार पडिबोहण सुत्तमेदं ।

❀ मिच्छत्तस्स उक्कस्सपदेससंकामओ सम्मत्ताणंताणुबंधीणमसंकामओ।

§ १३५. कुदो ? सम्माइट्ठिम्मि सम्मत्तस्स संकमाभावादो, अणंताणुबंधीणं च पुव्वमेव विसंजोइयत्तादो ।

❀ सम्मामिच्छत्तस्स णियमा अणुकस्सं पदेसं संकामेदि ।

§ १३६. कुदो ? मिच्छत्तुक्कस्सपदेससंकमं पडिच्छिऊण अंतोमुहुत्तेण सम्मामिच्छत्तस्स उक्कस्स पदेससंकमुप्पत्तिदंसणादो ।

❀ उक्कस्सादो अणुकस्समसंखेज्जगुणहीणं ।

§ १३७. कुदो ? सम्मामिच्छत्तुक्कस्सपदेससंकमादो सव्वसंकमसरूवादो एत्थतणसंकमस्स गुणसंकमसरूवस्स असंखे०गुणहीणत्ते संदेहाभावादो ।

प्रदेशसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर एक समय है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—इन देवोंमें मिथ्यात्व आदि २३ प्रकृतियोंमेंसे कुछका जघन्य प्रदेशसंक्रम या तो भवस्थितिके प्रथम समयमें या अन्तिम समयमें प्राप्त होनेसे यहां इनके जघन्य और अजघन्य प्रदेशसंक्रमके अन्तरकालका निषेध किया है। तथा चार नोकषायोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम वहाँ उत्पन्न होनेके अन्तर्मुहूर्त बाद प्राप्त होता है। यतः यह एक पर्यायमें दो बार सम्भव नहीं है, इस लिए इनके जघन्य प्रदेशसंक्रमके अन्तरकालका निषेध कर अजघन्य प्रदेशसंक्रमका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल एक समय कहा है।

इस प्रकार एक जीवकी अपेक्षा अन्तरकाल समाप्त हुआ।

* अब सन्निकर्षका अधिकार है।

§ १३४. इससे आगे अर्थात् एक जीवकी अपेक्षा अन्तरकालके कथनके बाद अब सन्निकर्ष अधिकार प्राप्त है इस प्रकार अधिकारका ज्ञान करानेवाला यह सूत्र है।

* मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक जीव सम्यक्त्व और अनन्तानुबन्धियोंका असंक्रामक होता है।

§ १३५. क्योंकि सम्यग्दृष्टि गुणस्थानमें सम्यक्त्वका प्रदेशसंक्रमण नहीं होता और अनन्तानुबन्धियोंकी पहले ही विसंयोजना हो लेती है।

* वह सम्यग्मिथ्यात्वके नियमसे अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रमण करता है।

§ १३६. क्योंकि मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेशोंका अन्य प्रकृतियोंमें संक्रमण करनेके अन्तर्मुहूर्त बाद सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रमणकी उत्पत्ति देखी जाती है।

* किन्तु वह अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम अपने उत्कृष्टकी अपेक्षा असंख्यातगुणाहीन होता है।

§ १३७. क्योंकि सम्यग्मिथ्यात्वका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम सर्वसंक्रमस्वरूप है, और यहाँ पर होनेवाला संक्रम गुणसंक्रम स्वरूप है, अतः उससे यह असंख्यातगुणा हीन है इसमें सन्देह नहीं है।

*** सेसाणं कम्माणं संकामओ णियमा अणुक्कस्सं संकामेदि ।**

§ १३८. कुदो ? सव्वेसिमप्पप्पणो गुणिदकम्मंसियक्खवयचरिमफालीसंकमे लद्धुक्कस्सभावाणमेत्थाणुक्कस्सभावसिद्धीए विसंवादाभावादो ।

*** उक्कस्सादो अणुक्कस्सं णियमा असंखेज्जगुणहीणं ।**

§ १३९. किं कारणं ? अप्पप्पणो खवयचरिमफालिसंकमादो एत्थतणसंकमस्स असंखेज्जगुणहीणत्तं मोत्तूण पयारंतरा संभवादो ।

*** णवरि लोभसंजलणं विसेसहीणं संकामेदि ।**

§ १४०. कुदो ? दंसणमोहक्खवणाविसए लोहसंजलणस्स अधापवत्तसंकमादो चरित्तमोहक्खवयसामित्तविसईकयअधापवत्तसंकमस्स गुणसेढिणिज्जरापरिहीणगुणसंकमदव्वस्सासंखेज्जदिभागमेत्तेण विसेसाहियत्तदंसणादो ।

*** सेसाणं कम्माणं साहेयव्वं ।**

§ १४१. सम्मत्तादिसेसपयडीणं एदेणाणुमाणेणुक्कस्ससण्णियासविहाणं जाणिऊण भाणिदव्वमिदि सिस्साणमत्थसमप्पणं कयमेदेण सुत्तपदेण। संपहि एदेण सुत्तेण समप्पिदत्थस्स परिप्फुडीकरणट्ठमुच्चारणाणुगममिह कस्सामो । तं जहा—सण्णियासो दुविहो, जह० उक्कस्सओ च । उक्क० पयदं । दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मिच्छ०उक्क०

---

* वह शेष कर्मोंका संक्रामक होता हुआ नियमसे अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रमण करता है ।

§ १३८. क्योंकि सबका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम अपने-अपने गुणितकर्मांशिक क्षपकसम्बन्धी अन्तिम फालिके संक्रमणके समय प्राप्त होता है, इसलिए यहाँ पर उनके प्रदेशसंक्रमके अनुत्कृष्टरूपसे सिद्ध होनेमें किसी प्रकारका विसंवाद नहीं है ।

* किन्तु वह अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम अपने उत्कृष्टकी अपेक्षा असंख्यातगुणा हीन होता है ।

§ १३९. क्योंकि अपने अपने क्षपकसम्बन्धी अन्तिम फालिके संक्रमणसे यहाँ पर होनेवाला संक्रमण असंख्यातगुणा हीन होता है इसके सिवा प्रकृतमें अन्य कोई प्रकार सम्भव नहीं है ।

* इतनी विशेषता है कि लोभसंज्वलनको विशेषहीन संक्रमण करता है ।

§ १४०. क्योंकि दर्शनमोहनीयकी क्षपणाविषयक लोभसञ्ज्वलनके अधःप्रवृत्तसंक्रमसे चारित्रमोहक्षपकसम्बन्धी स्वामित्वको विषय करनेवाला अधःप्रवृत्तसंक्रम गुणश्रेणिनिर्जरासे हीन गुणसंक्रमद्रव्यके असंख्यातवाँ भाग अधिक देखा जाता है ।

* शेष कर्मोंका सन्निकर्ष साध लेना चाहिए ।

§ १४१. सम्यक्त्व आदि शेष प्रकृतियोंका भी इस अनुमानसे उत्कृष्ट सन्निकर्ष विधान जान कर कहना चाहिए । इस प्रकार इस सूत्रके द्वारा शिष्योंको अर्थका समर्पण किया गया है । अब इस सूत्रके द्वारा समर्पित अर्थका स्पष्टीकरण करनेके लिए यहाँ पर उच्चारणाका अनुगम करते हैं । यथा—सन्निकर्ष दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका

पदे०संका० सम्मामि०-बारसक०-णवणोक० णियमा अणुक० असंखे०गुणहीणं। णवरि सुत्ताहिप्पाएण लोहसंजलणं विसेसहीणं। एसो अत्थो उवरि वि जहासंभवमणुगंतव्वो। सम्म०-असंकामय० अणंताणुबंधी णत्थि। एवं सम्मामि०। णवरि मिच्छ० णत्थि। सम्म० उक्क० पदे०संका० सम्मामि०-सोलसक०-णवणोक० णियमा अणुक० असंखे०गुणहीणं मिच्छ० असंकाम०।

§ १४२. अणंताणु०कोध० उक्क० पदे०संका० मिच्छ०-सम्मामि०-बारसक०-णवणोक० णियमा अणुक० असंखे०गुणहीणं। तिण्हं कसायाणं णिय० तं तु विट्ठाणपदिदं अणंतभागहीणं वा असंखे० भागहीणं वा। सम्म० असंका०। एवं तिण्हं कसायाणं।

§ १४३. अपचक्खाण-कोध० उक्क० पदे०संका० चदुसंज०-णवणोक० णियमा अणुक० असंखे०गुणहीणं। सत्तकसा० णिय० तं तु विट्ठाणपदि० अणंतभागही० असंखे०-भागहीणं वा। सेसं णत्थि। एवं सत्तकसायाणं।

§ १४४. कोहसंज० उक्क० पदे०संका० दोसंजल० णियमा अणु० असंखे०-

है—ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक जीव सम्यग्मिथ्यात्व, बारह कषाय और नौ नोकषायोंके नियमसे असंख्यातगुणे हीन अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है। इतनी विशेषता है कि चूर्णिसूत्रके अभिप्रायानुसार लोभसंज्वलनके विशेषहीन अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है। यह अर्थ आगे भी यथासम्भव जानना चाहिए। वह सम्यक्त्वका असंक्रामक होता है और उसके अनन्तानुबन्धी चतुष्कका सत्त्व नहीं होता। इसी प्रकार सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि उसके मिथ्यात्वका सत्त्व नहीं होता। सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक जीव सम्यग्मिथ्यात्व, सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके असंख्यात गुणेहीन अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है। वह मिथ्यात्वका असंक्रामक होता है।

§ १४२. अनन्तानुबन्धी क्रोधके उत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक जीव मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, बारह कषाय और नौ नोकषायोंके नियमसे असंख्यातगुणे हीन अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है। अनन्तानुबन्धी मान आदि तीन कषायोंका नियमसे संक्रामक होता है जो उत्कृष्ट प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है और अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है। यदि अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है तो कदाचित् अनन्त भागहीन और कदाचित् असंख्यात भागहीन इस प्रकार द्विस्थान पतित प्रदेशोंका संक्रामक होता है। वह सम्यक्त्वका असंक्रामक होता है। इसी प्रकार अनन्तानुबन्धी मान आदि तीन कषायोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

§ १४३. अप्रत्याख्यानावरण क्रोधके उत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक जीव चार संज्वलन और नौ नोकषायोंके नियमसे असंख्यातगुणे हीन अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है। सात कषायोंका नियमसे संक्रामक होता है जो उत्कृष्ट प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है और अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है। यदि अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है तो कदाचित् अनन्तभागहीन और कदाचित् असंख्यात भागहीन द्विस्थान पतित अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है। इसके शेष प्रकृतियोंका सत्त्व नहीं पाया जाता। इसी प्रकार सात कषायोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

§ १४४. क्रोधसंज्वलनके उत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक जीव दो संज्वलनोंका नियमसे असंख्यात

गुणहीणं। सेसं णत्थि। माणसंज० उक्क० पदे०संका०। मायासंजल० णिय० अणु० असंखे० गुणहीणं। सेसं णत्थि। मायासंज० उक्क० पदे० संका० सव्वेसिमसंकामगो। लोभसंज० उक्क० पदेससंका० तिण्णिसंज०-णवणोक० णिय० अणु० असंखे०गुणहीणं। सेसं णत्थि।

§ १४५. इत्थिवे० उक्क० पदे० संका० तिण्णिसंज०-सत्तणोक० णियमा अणु० असंखे०गुणहीणं। णवुंस० सिया अत्थि सिया णत्थि। जदि अत्थि णिय० अणु० असंखे०भागहीणं। णवुंस० उक्क० पदे०संका० तिण्णिसंज०-अट्ठणोक० णिय० अणु० असंखे०गुणहीणं। पुरिसवे० उक्क० पदे० संका० तिण्णिसंजल० णिय० अणुक० असंखे०गुणहो० छण्णोक०, णिय अणुक० असंखे०भागहीणं।

§ १४६. हस्सस्स उक्क० पदे०संका० पंचणोक० णिय० तं तु विट्ठाणपडि० अणंतभागही० असंखे०भागही०, पुरिसवे० णिय० अणुक० असंखे०भागही०, तिण्हं संजल० णिय० अणुक० असंखे०, गुणहीणं। एवं पंचणोक०।

§ १४७. आदेसेण णेरइय० मिच्छ० उक्क० पदे०संका० सम्मामि० णिय० उकस्सं। सोलसक०-णवणोक० णिय० अणुक० असंखे०गुणहीणं, एवं सम्मामि०-सम्म०

गुणे हीन अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है। इसके शेष प्रकृति अर्थात् संज्वलन लोभका संक्रम नहीं है। मानसंज्वलनके उत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक जीव मायासज्वलनके नियमसे असंख्यातगुणे हीन अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है। इसके शेष अर्थात् लोभसज्वलनका संक्रम नहीं है। माया-संज्वलनके उत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक जीव सबका असक्रामक होता है। लोभसंज्वलनके उत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक जीव तीन संज्वलन और नौ नोकपायोंके नियमसे असंख्यातगुणे हीन अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है। इसके शेष प्रकृतियोंका सत्त्व नहीं है।

§ १४५. स्त्रीवेदके उत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक जीव तीन संज्वलन और सात नोकषायोंके नियमसे असंख्यातगुणे हीन अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है। इस जीवके नपुंसकवेदका सत्त्व कदाचित् है और कदाचित् नहीं है। यदि है तो नियमसे असंख्यातगुणे हीन अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक हाता है। नपुंसकवेदके उत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक जीव तीन संज्वलन और आठ नोकषायोंके नियमसे असंख्यातगुणे हीन अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है। पुरुषवेदके उत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक जीव तीन संज्वलनके नियमसे असंख्यातगुणे हीन अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है। छह नोकषायोंके नियमसे असख्यात भागहीन अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है।

§ १४६. हास्यके उत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक जीव पाँच नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है और अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है। यदि अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है तो नियमसे कदाचित् अनन्तभागहीन और कदाचित् असंख्यातभागहीन अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है। पुरुषवेदके नियमसे असंख्यातभागहीन अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है। तीन संज्वलनोंके नियमसे असंख्यातगुणहीन अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है। इसी प्रकार पाँच नोकषायोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

§ १४७. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक जीव सम्यग्मिथ्यात्वके नियमसे उत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके नियमसे असख्यातगुणे

उक्क० पदे०संका० सम्मामि०-सोलसक०-णवणोक० णिय० अणुक्क० असंखे०गुणही०

§ १४८. अणंताणु०कोह० उक्क० पदे०संका० मिच्छ०-सम्मामि० णिय० अणुक्क० असंखे०गुणही०, पण्णारसक०-छण्णोक० णिय० तं तु विट्ठाणपदिदं अणंत-भागहीणं असंखे०भागहीणं। तिण्णं वेदाणं णिय० अणुक्क० असंखे०भागहीणं। एवं पण्णारसक०-छण्णोक०।

§ १४९. इत्थिवेद० उक्क० पदे०संका० सोलसक०-अट्ठणोक० णिय० अणुक्क० असंखे०भागही०। मिच्छ०-सम्मामि० णिय० अणु० असंखे०गुणही०। एवं पुरिस-णवुंसयवेदाणं। एवं सव्वणेरइय-तिरिक्ख०-पंचि० तिरि०तिय-देवा भवणादि जाव णवगेवज्जा त्ति।

§ १५०. पंचि०तिरि० अपज्ज०-मणु०अपज्ज० सम्म० उक्क० पदे०संका० सम्मामि० णिय० तं तु विट्ठाणपदिदं अणंतभागही० असंखे०भागहीणं वा। सोलसक०-णवणोक० णिय० अणु० असंखे०भागही०। एवं सम्मामि०।

हीन अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है। इसी प्रकार सम्यग्मिथ्यात्वकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक जीव सम्यग्मिथ्यात्व, सोलह कपाय और नौ नोकषायोंके नियमसे असंख्यातगुणे हीन अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है।

§ १४८. अनन्तानुबन्धी क्रोधके उत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक जीव मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वके नियमसे असंख्यातगुणे हीन अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है। पन्द्रह कपाय और छह नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है और अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है। यदि अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है तो नियमसे कदाचित् अनन्तभागहीन और कदाचित् असंख्यातभागहीन इन द्विस्थान पतित अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है। तीन वेदोंका नियमसे असंख्यात भागहीन अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है। इसी प्रकार पन्द्रह कपाय और छह नोकषायोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

§ १४९. स्त्रीवेदके उत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक जीव सोलह कपाय और आठ नोकषायोंके नियमसे असंख्यातभागहीन अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है। मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वके नियमसे असंख्यातगुणहीन अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है। इसी प्रकार पुरुषवेद और नपुंसकवेदकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। यह सामान्य नारकियोंमें जो सन्निकर्ष कहा है इसी प्रकार सब नारकी, तिर्यञ्च, पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चत्रिक, सामान्यदेव और भवनवासियोंसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें जानना चाहिए।

§ १५०. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक जीव सम्यग्मिथ्यात्वका नियमसे संक्रामक होता है। जो उत्कृष्ट प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है और अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है। यदि अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है तो नियमसे अनन्तभागहीन या असंख्यातभागहीन द्विस्थानपतित अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है। सोलह कपाय और नौ नोकषायोंके असंख्यातभागहीन अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है। इसी प्रकार सम्यग्मिथ्यात्वकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

§ १५१. अणंताणु०कोध० उक० पदे०संका० पण्णारसक०-छण्णोक० णिय० तं तु विट्ठाणपदि० अणंतभागही० असंखे०भागही० । तिण्हं वेदाणं णिय० अणुक० असंखे०भागही० । एवं पण्णारसक०-छण्णोकसायाणं ।

§ १५२. इत्थिवे० उक० पदे०संका० सोलसक०-अट्ठणोक० णिय० अणुक० असंखे०भागही० । एवं णवुंस० । एवं पुरिसवे० । णवरि सम्म०-सम्मामि० णिय० अणुक० असंखे० ।

§ १५३. मणुसतिए ओघं । णवरि मणुसिणी-इत्थिवे० उक० पदेससंका० णवुंस० णत्थि ।

§ १५४. अणुदिसादि सव्वट्ठा त्ति मिच्छ० उक० पदे०संका० सम्मामि० णिय० तं तु विट्ठाणपदि० अणंतभागही० असंखे०भागही० वा । सोलसक०-णवणोक०णिय० अणु० असंखे०गुणही० । एवं सम्मामि० ।

§ १५५. अणंताणु०कोध० उक० पदे०संका० मिच्छ०-सम्मामि० तिण्णिवे० णिय० अणुक० असंखे०भागही० । पण्णारसक०-छण्णोक० णिय० तं तु विट्ठाणपदि०

---

§ १५१. अनन्तानुबन्धी क्रोधके उत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक जीव पन्द्रह कषाय और छह नोकषायोंका नियमसे संक्रामक होता है जो उत्कृष्ट प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है और अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है। यदि अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है तो नियमसे अनन्तभागहीन या असंख्यातभागहीन द्विस्थानपतित अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है। तीन वेदोंके नियमसे असंख्यातभागहीन अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है। इसी प्रकार पन्द्रह कषाय और छह नोकषायोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

§ १५२. स्त्रीवेदके उत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक जीव सोलह कषाय और आठ नोकषायोंके नियमसे असंख्यातभागहीन अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है। इसी प्रकार नपुंसकवेदकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। तथा इसी प्रकार पुरुषवेदकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके नियमसे असंख्यातगुणहीन अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है।

§ १५३. मनुष्यत्रिकमें ओघके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि मनुष्यिनियोंमें स्त्रीवेदके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवके नपुंसकवेद नहीं है।

§ १५४. अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक जीव सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है और अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है। यदि अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है तो नियमसे अनन्तभागहीन या असंख्यातभागहीन द्विस्थानपतित अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके नियमसे असंख्यातगुणहीन अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है। इसी प्रकार सम्यग्मिथ्यात्वकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

§ १५५. अनन्तानुबन्धी क्रोधके उत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक जीव मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व और तीन वेदोंके यमसे असंख्यातभागहीन अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है। पन्द्रह कषाय

अणंतभागहीणं असंखे०भागहीणं वा । एवं एक्कारसक०-छण्णोक० ।

§ १५६. इत्थिवे० उक्क० पदे०संका० मिच्छ०-सम्मामि०-सोलसक०-अट्ठणोक० णिय० अणु० असंखे०भागहीणं । एवं पुरिस०-णवुंस० । एवं सव्वत्थ तिवेदसण्णियासो परिवाडिय णेदव्वो । एवं जाव० ।

एवमुक्कस्ससण्णियासो समत्तो ।

* सव्वेसिं कम्माणं जहण्णसण्णियासो वि साहेयव्वो ।

§ १५७. एदेण सुत्तेण जहण्णसण्णियासो ओघादेसभेयभिण्णो सवित्थरमेत्थाणुगंतव्वो त्ति सिस्साणमत्थसमप्पणं कयं होइ । संपहि एदेण सुत्तेण सूचिदत्थविवरण-मुच्चारणाबलेणाणुवत्तइस्सामो । तं जहा—जह० पय० दुविहो णि०—ओघेण आदेसे० । ओघेण मिच्छ० जह० पदे०संका० सम्मामि०-पुरिस०-तिण्णिसंजल० णिय० अजह० असंखे० गुणब्भ० । णवक०-अट्ठणो० णिय० अज० असंखे०भागब्भहियं । सम्मामि० जह० पदे०संका० तेरसक०-अट्ठणोक० णियमा अज० असंखे०भागब्भहियं । पुरिसवे०-

और छह नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है और अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है । यदि अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है तो नियमसे अनन्तभागहीन या असंख्यात-भागहीन द्विस्थानपतित अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है । इसी प्रकार ग्यारह कषाय और छह नोकषायोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

§ १५६. स्त्रीवेदके उत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक जीव मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, सोलह कषाय और आठ नोकषायोंके नियमसे असंख्यातभागहीन अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रामक होता है । इसी प्रकार पुरुषवेद और नपुंसकवेदकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए । इसी प्रकार सर्वत्र तीन वेदोंके सन्निकर्षको साधकर कहना चाहिए । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

इस प्रकार उत्कृष्ट सन्निकर्ष समाप्त हुआ ।

* सब कर्मोंका जघन्य सन्निकर्ष भी साध लेना चाहिए ।

§ १५७. ओघ और आदेशके भेदसे भेदको प्राप्त हुआ जघन्य सन्निकर्ष विस्तारके साथ यहाँ पर साध लेना चाहिए । इस प्रकार इस सूत्र द्वारा शिष्योंको अर्थका समर्पण किया गया है । अब इस सूत्र द्वारा सूचित हुए अर्थके विवरणको उच्चारणाके बलसे बतलाते हैं । यथा—जघन्य सन्निकर्षका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्वके जघन्य प्रदेशोंका संक्रामक जीव सम्यग्मिथ्यात्व, पुरुषवेद और तीन संज्वलनोंके नियमसे असंख्यातगुणे अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है । नौ कषाय और आठ नोकषायोंके नियमसे असंख्यातवें भाग अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है । सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य प्रदेशोंका संक्रामक जीव तेरह कषाय और आठ नोकषायोंके नियमसे असंख्यात भाग अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है । पुरुषवेद और तीन संज्वलनके नियमसे असंख्यातगुणा

तिण्णिसंज० णिय० अज० असंखे०गुणब्भ० । एवं सम्म० । णवरि सम्मामि० णिय० अजह० असंखे०भागब्भहियं ।

§ १५८. अणंताणु०कोधस्स जह० पदे०संका० मिच्छ०-णवक०-अट्ठणोक० णिय० अजह० असंखे०भागब्भहियं । सम्मामि०-पुरिसवे०-तिण्णिसंज० णिय० अजह० असंखे०गुणब्भ० । तिण्हं कसा० सिय० तं तु विट्ठाणपदि० अणंतभागब्भ० असंखे०भागब्भहियं वा । एवं तिण्हं कसायाणं ।

§ १५९ अपच्चक्खाणकोह० जह० पदे०संका० इत्थिवेद-णवुंस०-हस्स-रदि-भय-दुगुंछ०-लोहसंज० णिय० अजह० असंखे०भागब्भ० । पुरिसवे०-तिण्णिसंज० णिय० अजह० असंखे०गुणब्भहियं । सत्तक०-अरदि-सोग० णिय० तं तु विट्ठाणपदि० अणंतभागब्भ० असंखे०भागब्भहि० वा । एवं सत्तकसाय-अरदिसोगाणं ।

§ १६०. कोहसंज० जह० पदे०संका० अट्ठक० णिय० अज० असंखे०गुणब्भ० मिच्छ० सिया अत्थि । जदि अत्थि णिय० अजह० असंखे०भागब्भ० । एवं सम्मामि० । णवरि असंखे०गुणब्भ० । एवं माणसंजल० । णवरि पंचक० भाणिदव्वा । एवं माया-

अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। इसी प्रकार सम्यक्त्वकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि सम्यग्मिथ्यात्वके नियमसे असंख्यातभाग अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है।

§ १५८. अनन्तानुबन्धी क्रोधके जघन्य प्रदेशोंका संक्रामक जीव मिथ्यात्व, नौ कषाय और आठ नोकषायोंके नियमसे असंख्यात भाग अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। सम्यग्मिथ्यात्व, पुरुषवेद और तीन संज्वलनोंके नियमसे असंख्यात गुण अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। तीन कषायोंके नियमसे जघन्य प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है और अजघन्य प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है। यदि अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है तो नियमसे अनन्तभाग अधिक या असंख्यात भाग अधिक द्विस्थान पतितअ जघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। इसी प्रकार तीन कषायोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

§ १५९. अप्रत्याख्यान क्रोधके जघन्य प्रदेशोंका संक्रामक जीव स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा और लोभसंज्वलनके नियमसे असंख्यात भाग अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। पुरुषवेद और तीन संज्वलनके नियमसे असंख्यातगुण अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। सात कषाय, अरति और शोकके नियमसे जघन्य प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है और अजघन्य प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है। यदि अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है तो नियमसे अनन्तभाग अधिक या असंख्यात भाग अधिक द्विस्थानपतित अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। इसी प्रकार सात कषाय, अरति और शोककी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

§ १६०. क्रोधसंज्वलनके जघन्य प्रदेशोंका संक्रामक जीव आठ कषायोंके नियमसे असंख्यात गुण अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। इसके मिथ्यात्व कदाचित् है। यदि है तो नियमसे असंख्यात भाग अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। इसी प्रकार अर्थात् मिथ्यात्वके समान सम्यग्मिथ्यात्वका सन्निकर्ष है। इतनी विशेषता है कि इसके असंख्यातगुण

संजल० । णवरि दुविहं लोभं णिय० अजह० असंखे०गुणब्भ० । लोहसंज० जह० पदे० संका० एक्कारसक०-तिण्णिवे० अरदि-सोग० णिय० अजह० असंखे०गुणब्भ० । हस्स-रदि-भय-दुगुंछ० णियमा० अजह० असंखे०भागब्भ० ।

§ १६१. इत्थिवे० जह० पदे०संका० णवक०-सत्तणोक० णिय० अज० असंखे०-भागब्भ० । तिण्णिसंज०-पुरिसवे० णिय० अज० असंखे०गुणब्भ० । एवं णवुंस० । पुरिसवे० कोहसंजलणभंगो । णवरि एक्कारसक० णिय० अजह० असंखे०गुणब्भ० ।

§ १६२. हस्सस्स जह० पदे०संका० एक्कारसक०-तिण्णिवे०-अरदि-सो० णिय० अज० असंखे०गुणब्भ० । लोहसंज० णिय० अजह० असंखे०भागब्भ० । रदि०-भय-दुगुं० णिय० तं तु विट्ठाणपदिदं अणंतभागब्भ० असंखे०भागब्भ० । एवं रदि-भय-दुगुंछ० ।

§ १६३. आदेसे० णेरइय०-मिच्छ० जह० पदे०संका० सम्मामि० णिय० अजह० असंखे०गुणब्भ० । बारसक०-णवणोक० णिय अजह० असंखे० भागब्भ० ।

अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। इसी प्रकार मानसंज्वलनकी मुख्यतासे सन्निकर्ष कहना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसके आठ कषायोंके स्थानमें पाँच कषाय कहलाना चाहिए। इसी प्रकार मायासंज्वलनकी मुख्यतासे सन्निकर्ष कहना चाहिए। इतनी विशेषता है कि यह दो प्रकारके लोभों के नियमसे असंख्यातगुणे अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। लोभसंज्वलनके जघन्य प्रदेशोंका संक्रामक जीव ग्यारह कषाय, तीन वेद, अरति और शोकके नियमसे असंख्यातगुणे अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। हास्य, रति, भय और जुगुप्साके नियमसे असंख्यात भाग अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है।

§ १६१. स्त्रीवेदके जघन्य प्रदेशोंका संक्रामक जीव नौ कषाय और सात नोकषायोंके नियमसे असंख्यात भाग अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। तीन संज्वलन और पुरुषवेदके नियमसे असंख्यात गुणे अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। इसी प्रकार नपुंसकवेदकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। पुरुषवेदकी मुख्यतासे सन्निकर्षका भङ्ग क्रोधसंज्वलनके समान है। इतनी विशेषता है कि यह ग्यारह कषायोंके नियमसे असंख्यात गुणे अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है।

§ १६२. हास्यके जघन्य प्रदेशोंका संक्रामक जीव ग्यारह कषाय, तीन वेद, अरति और शोकके नियमसे असंख्यात गुणे अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। लोभसंज्वलनके नियमसे असंख्यात भाग अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। रति, भय और जुगुप्साके नियमसे जघन्य प्रदेशों का भी संक्रामक होता है और अजघन्य प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है। यदि अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है तो नियमसे अनन्त भाग अधिक या असंख्यात भाग अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। इसी प्रकार रति, भय और जुगुप्साकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

§ १६३. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्वके जघन्य प्रदेशोंका संक्रामक जीव सम्यग्मिथ्यात्वके नियमसे असंख्यातगुणे अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। बारह कषाय और नौ नोकषायोंके नियमसे असंख्यात भाग अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। सम्यक्त्वके

सम्म० जह० पदे०संका० सम्मामि० णिय० अजह० असंखे०भागब्भ० । सोलसक०-णवणोक० णि० अज० असंखे०भागब्भ० । मिच्छ० असंका० । एवं सम्मामि० । णवरि सम्म० असंका० ।

§ १६४. अणंताणु०कोधस्स जह० पदे०संका० सम्म०-सम्मामि० णिय० अजह० असंखे०गुणब्भ० । बारसक०-णवणोक० णिय० अजह० असंखे०भागब्भ० । तिण्हं कसायाणं णिय० तं तु विट्ठाणपदि० अणंतभागब्भ० असंखे०भागब्भ० वा । एवं तिण्हं कसायाणं ।

§ १६५. अपच्चक्खाणकोध० जह० पदे०संका० सम्म०-सम्मामि०-अणंताणु०चउक्क-भंगो । सत्तणोक०-अणंताणु०४ णिय० अजह० असंखे०भागब्भ० । एक्कारसक०-भय-दुगुं० णिय० तं तु विट्ठाणपदि० अणंतभागब्भ० असंखे०भागब्भ० । एवमेक्कारसक० भय-दुगुंछा० ।

§ १६६. इत्थिवेद० जह० पदे०संका० सम्म०-सम्मामि०-अणंताणु०४ भंगो । सोलसक०-अट्ठणोक० णिय० अजह० असंखे०भागब्भ० । एवं पुरिसवेद०-णवुंसवेद० ।

जघन्य प्रदेशोंका संक्रामक जीव सम्यग्मिथ्यात्वके नियमसे असंख्यात भाग अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है । सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके नियमसे असंख्यात भाग अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है । मिथ्यात्वका असंक्रामक होता है । इसी प्रकार सम्यग्मिथ्यात्व की मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि यह सम्यक्त्वका असंक्रामक होता है ।

§ १६४. अनन्तानुबन्धी क्रोधके जघन्य प्रदेशोंका संक्रामक जीव सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके नियमसे असंख्यातगुणा अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है । बारह कषाय और नौ नोकषायोंके नियमसे असंख्यात भाग अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है । तीन कषायोंके नियमसे जघन्य प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है और अजघन्य प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है । यदि अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है तो नियमसे अनन्तभाग अधिक या असंख्यात भाग अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है । इसी प्रकार तीन कषायोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

§ १६५. अप्रत्याख्यान क्रोधके जघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवके सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भङ्ग अनन्तानुबन्धी चतुष्कके समान है । सात नोकषाय और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके नियमसे असंख्यात भाग अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है । ग्यारह कषाय, भय और जुगुप्साके नियमसे जघन्य प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है और अजघन्य प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है । यदि अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है तो नियमसे अनन्तभाग अधिक या असंख्यात भाग अधिक द्विस्थानपतित अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है । इसी प्रकार ग्यारह कषाय, भय और जुगुप्साकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

§ १६६. स्त्रीवेदके जघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवके सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भङ्ग अनन्तानुबन्धीचतुष्कके समान है । सोलह कषाय और आठ नोकषायोंके नियमसे असंख्यात भाग अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है । इसी प्रकार पुरुषवेद और नपुंसकवेदकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

§ १६७. हस्सस्स जह० पदे०संका० इत्थिवेदभंगो। णवरि रदीए णिय० तं तु विट्ठाणपदि० अणंतभागब्भ० असंखे०भाग०भ०। एवं रदीए। एवमरदिसोगाणं। एवं सत्तमाए। पढमाए जाव छट्ठित्ति एवं चेव। णवरि अणंताणु०४ जह० पदे०संका० सम्म०असंका०। मिच्छ० णिय० अजह० असंखे०भागब्भ०। इत्थिवेद० जह० पदे०-संका० मिच्छ०-बारसक०-अट्ठणोक० णिय० अजह० असंखे०भाग०भ०। सम्मामि० णिय० अजह० असंखे०गुणब्भ०। एवं णवुंस०।

§ १६८. तिरिक्ख-पंचि०तिरिक्खदुग० पढमपुढविभंगो। णवरि इत्थिवे०-णवुंस० जह० पदे०संका० मिच्छ० सम्म०-सम्मामि०-अणंताणु०४ असंकाम०। जोणिणी पढमपुढविभंगो।

§ १६९. पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज० सम्म० जह० पदे०संका० सोलसक०-णवणोक० णिय० अजह० असंखे०भागब्भ०। सम्मामि० णिय० अज० असंखे०भागब्भहि०। सम्मामि० जह० पदे०संका० सोलसक०-णवणोक० णिय० अज० असंखे०भागब्भ०।

---

§ १६७. हास्यके जघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवका भङ्ग स्त्रीवेदके समान है। इतनी विशेषता है कि रतिके नियमसे जघन्य प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है और अजघन्य प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है। यदि अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है तो नियमसे अनन्त भाग अधिक या असंख्यात भाग अधिक द्विस्थानपतित अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। इसी प्रकार रतिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। तथा इसी प्रकार अरति और शोककी मुख्यतासे भी सन्निकर्ष जानना चाहिए। इसी प्रकार सातवीं पृथिवीके नारकियोंमें जानना चाहिए। पहिली पृथिवीसे लेकर छठी पृथिवी तकके नारकियोंमें भी इसी प्रकार जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें अनन्तानुबन्धीचतुष्कका संक्रामक जीव सम्यक्त्वका असंक्रामक होता है। मिथ्यात्वके नियमसे असंख्यात भाग अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। स्त्रीवेदके जघन्य प्रदेशोंका संक्रामक जीव मिथ्यात्व, बारह कषाय और आठ नोकषायोंके नियमसे असंख्यात भाग अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। सम्यग्मिथ्यात्वके नियमसे असंख्यात गुणे अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। इसी प्रकार नपुंसकवेदकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

§ १६८. सामान्य तिर्यञ्च और पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चद्विकमें पहली पृथिवीके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके जघन्य प्रदेशोंका संक्रामक जीव मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कका असंक्रामक होता है। योनिनी तिर्यञ्चोंमें पहली पृथिवीके समान भङ्ग है।

§ १६९. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें सम्यक्त्वके जघन्य प्रदेशोंका संक्रामक जीव सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके नियमसे असंख्यात भाग अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। सम्यग्मिथ्यात्वके नियमसे असंख्यात भाग अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य प्रदेशोंका संक्रामक जीव सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके नियमसे असंख्यात भाग अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है।

§ १७०. अणंताणु०कोध० जह० पदे०संका० बारसक०-णवणोक० णिय० अजह० असंखे० भाग०भ० । सम्म०-सम्मामि० णिय० अजह० असंखे० गुणब्भ० । तिण्हं कसा० णिय० तं तु० विट्ठाणपदि० अणंतभागब्भ० असंखे० भागब्भ० । एवं तिण्हं कसायाणं ।

§ १७१. अपच्चक्खाणकोध० जह० पदे० संका० सम्म०-सम्मामि० अणंताणु०-चउक्कभंगो । अणंताणु०चउ०-सत्तणोक० णिय० अजह० असं०भागब्भ०-एक्कारसक०-भय-दुगुं० णियमा तं तु विट्ठाणपदि० अणंतभागब्भ० असंखे०भागब्भ० वा । एवमेक्कारसक० भय-दुगुंछ० ।

§ १७२. इत्थिवेद० जह० पदे०संका० सोलसक० अट्ठणोक० णिय० अजह० असंखे०भागब्भ० । सम्म०-सम्मामि० णिय० अजह० असंखे०गुणब्भ० । एवं पुरसवे० णवुंस० । एवं हस्स-रदी० । णवरि रदि विट्ठाणपदि० । एवं रदीए । एवमरदि-सोगाणं । एवं मणुसअपज्ज० ।

---

§ १७०. अनन्तानुबन्धी क्रोधके जघन्य प्रदेशोंका संक्रामक जीव बारह कषाय और नौ नोकषायोंके नियमसे असंख्यात भाग अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके नियमसे असंख्यात गुण अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। तीन कषायोंके नियमसे जघन्य प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है। यदि अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है तो नियमसे अनन्त भाग अधिक या असंख्यात भाग अधिक द्विस्थानपतित अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। इसी प्रकार अनन्तानुबन्धी मान आदि तीन कषायोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

§ १७१. अप्रत्याख्यान क्रोधके जघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवके सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भङ्ग अनन्तानुबन्धीचतुष्कके समान है। अनन्तानुबन्धीचतुष्क और सात नोकषायोंके नियमसे असंख्यात भाग अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। ग्यारह कषाय, भय और जुगुप्साके नियमसे जघन्य प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है। यदि अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है तो नियमसे अनन्त भाग अधिक या असंख्यात भाग अधिक द्विस्थानपतित अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। इसी प्रकार ग्यारह कषाय, भय और जुगुप्साकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

§ १७२ स्त्रीवेदके जघन्य प्रदेशोंका संक्रामक जीव सोलह कषाय और आठ नोकषायोंके असंख्यात भाग अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके नियमसे असंख्यात गुण अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। इसी प्रकार पुरुषवेद और नपुंसकवेद की मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। तथा इसी प्रकार हास्यकी मुख्यतासे भी सन्निकर्ष जानना चाहिए। इतनी विशेषता है इसके रतिका द्विस्थानपतित सन्निकर्ष कहना चाहिए। इसी प्रकार रतिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। अरति और शोककी मुख्यतासे भी सन्निकर्ष इसी प्रकार कहना चाहिए। इसी प्रकार अर्थात् तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान मनुष्य अपर्याप्तकोंमें भी सन्निकर्ष जानना चाहिए।

§ १७३. मणुसतिए ओघं। णवरि मणुसिणी० पुरिस० जह० पदे०संका० एक्कारसक०-इत्थिवेद-णवुंस०-अरदि-सोगाणं णिय० अजह० असंखे०गुणब्भ०। लोभसंज० हस्स-रदि-भय-दुगुंछा० णिय० अजह० असंखे०भागब्भ०।

§ १७४. देवेसु तिरिक्खभंगो। एवं सोहम्मादि णवगेवज्जा त्ति। भवण०-वाण०-जोदिसि० णारयभंगो। अणुदिसादि सव्वट्ठा त्ति मिच्छ० जह० पदे०संका० सम्मामि० णिय० तं तु विट्ठाणपदि० अणंतभागब्भ०, असंखे०भागब्भ०। बारसक०-णवणोक० णिय० अज० असंखे०भागब्भ०। एवं सम्मामि०।

§ १७५. अणंताणु०कोध० जह० पदे०संका० मिच्छ०-सम्मामि०-बारसक० णवणोक० णिय० अजह० असंखे०भागब्भ०। तिण्हं क० णिय० तं तु विट्ठाणपदि०। एवं तिण्हं क०।

§ १७६. अपच्चक्खाणकोह० जह० पदे०संका० एक्कारसक०-पुरिसवे०-भय-दुगुंछा० णिय० तं तु विट्ठाणपदिदं। छण्णोक० णिय० अजह० असंखे०भागब्भ०।

---

§ १७३. मनुष्यत्रिकमें ओघके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि मनुष्यिनियोंमें पुरुषवेदके जघन्य प्रदेशोंका संक्रामक जीव ग्यारह कषाय, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, अरति और शोकके नियमसे असंख्यात गुण अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। लोभसंज्वलन, हास्य, रति, भय और जुगुप्साके नियमसे असंख्यात भाग अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है।

§ १७४. देवोंमें सामान्य तिर्यञ्चोंके समान भङ्ग है। इसी प्रकार सौधर्म कल्पसे लेकर नौग्रैवेयक तकके देवोंमें जानना चाहिए। भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवों में नारकियोंके समान भङ्ग है। अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धितकके देवोंमें मिथ्यात्वके जघन्य प्रदेशोंका संक्रामक जीव सम्यग्मिथ्यात्वके नियमसे जघन्य प्रदेशोंका भी सक्रामक होता है और अजघन्य प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है। यदि अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है तो नियमसे अनन्त भाग अधिक या असंख्यात भाग अधिक द्विस्थानपतित अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। बारह कषाय और नौ नोकषायोंके नियमसे असंख्यात भाग अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। इसी प्रकार सम्यग्मिथ्यात्वकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

§ १७५. अनन्तानुबन्धी क्रोधके जघन्य प्रदेशोंका संक्रामक जीव मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, बारह कषाय और नौ नोकषायोंके नियमसे असंख्यात भाग अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। तीन कषायोंके जघन्य प्रदेशोंका भी सक्रामक होता है और अजघन्य प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है। यदि अजघन्य प्रदेशोंका सक्रामक होता है तो नियमसे अनन्त भाग अधिक या असंख्यात भाग अधिक द्विस्थानपतित अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। इसी प्रकार मान आदि तीन कषायोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

§ १७६. अप्रत्याख्यान क्रोधके जघन्य प्रदेशोंका संक्रामक जीव ग्यारह कषाय, पुरुषवेद, भय और जुगुप्साके जघन्य प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है और अजघन्य प्रदेशोंका भी संक्रामक होता है। यदि अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है तो नियमसे अनन्त भाग अधिक या असंख्यात भाग अधिक द्विस्थानपतित अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है। छह नोकषायोंके

एवमेक्कारसक०-पुरिसवे०-भय-दुगुं० ।

§ १७७. इत्थिवे० जह० पदे०संका० बारसक०-अट्ठणोक० णिय० अजह० असंखे० भागब्भ० । एवं णवुंस० । एवं हस्स० । णवरि रदीए विट्ठाणपदि० । एवं रदीए । एवमरदि-सोगाणं । एवं जाव० ।

§ १७८. एदम्मि जहण्णसण्णियासे कत्थ वि कत्थ वि पदविसेसे विसंवादो अत्थि, तत्थुच्चारणाइरियाहिप्पायमणुमाणिय विवरीयपदेसविण्णासावलंबणेणण्णहा वासमत्थणा कायव्वा ।

§ १७९. संपहि एत्थुद्देसे सुगमत्ताहिप्पाएण चुण्णिसुत्तयारेण परूविदाणं णाणाजीवभंगविचयादीणमट्ठण्हमणियोगद्दाराणं उच्चारणाबलेण परूवणं वत्तइस्सामो । तं जहा—णाणाजीवेहि भंगविचओ दुविहो—जह० उक्क० च । उक्क० पयदं । दुविहो णि०—ओघेण आदेसे० । ओघे० सव्वपयडी० उक्क० पदेसस्स सिया सव्वे असंकामया, सिया असंकामया च संकामओ च, सिया असंकामया च संकामया च ३ । अणुक्कस्सपदेसस्स सिया सव्वे संकामया, सिया संकामया च असंकामओ च, सिया संकामया च असंकामया च ३ । एवं चदुसु गदीसु । णवरि मणुसअपज्ज० उक्क०

नियमसे असंख्यात भाग अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है । इसी प्रकार ग्यारह कषाय, पुरुषवेद, भय और जुगुप्साकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

§ १७७. स्त्रीवेदके जघन्य प्रदेशोंका संक्रामक जीव बारह कषाय और आठ नोकषायोंके नियमसे असंख्यात भाग अधिक अजघन्य प्रदेशोंका संक्रामक होता है । इसी प्रकार नपुंसकवेदकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए । इसी प्रकार हास्यकी मुख्यतासे भी सन्निकर्ष जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इसके रतिका द्विस्थानपतित सन्निकर्ष होता है । इसी प्रकार रतिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए । तथा इसी प्रकार अरति और शोककी मुख्यतासे भी सन्निकर्ष जानना चाहिए । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक ले जाना चाहिए ।

§ १७८. इस जघन्य सन्निकर्षमें कहीं-कहीं पदविशेषमें विसंवाद है सो वहाँ पर उच्चारणाचार्यके अभिप्रायका अनुमान करके विपरीत प्रदेशविन्यासके अवलम्बन द्वारा अन्य प्रकारसे उसकी अवस्थितिका विचार करना चाहिए ।

§ १७९. 'अब इस स्थल पर सुगम है' इस अभिप्रायसे चूर्णिसूत्रकार द्वारा नहीं कहे गये 'नाना जीवोंकी अपेक्षा भङ्गविचय' आदि आठ अनुयोगद्वारोंका उच्चारणाके बलसे कथन करते हैं । यथा—नाना जीवोंकी अपेक्षा भङ्ग विचय दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकार है—ओघ और आदेश । ओघसे सब प्रकृतियों के उत्कृष्ट प्रदेशों के कदाचित् सब जीव असंक्रामक हैं १, कदाचित् नाना जीव असंक्रामक हैं और एक जीव संक्रामक है २ तथा कदाचित् नाना जीव असंक्रामक हैं और नाना जीव संक्रामक हैं । ३ अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके कदाचित् सब जीव संक्रामक हैं १, कदाचित् नाना जीव संक्रामक हैं और एक जीव असंक्रामक है २ तथा कदाचित् नाना जीव संक्रामक हैं और नाना जीव असंक्रामक हैं ३ । इसी प्रकार चारों गतियोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि मनुष्य अपर्याप्तकोंमें उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट

अणुक्क० पदे०संका० अट्ठ भंगा । एवं जहण्णयं पि णेदव्वं ।

§ १८०. भागाभागो दुविहो—जहण्णमुक्कस्सं च । उक्कस्से पयदं । दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि० उक्क० पदे०संका० सव्वजीवाणं केव० भागो ? असंखे० भागो । अणु० असंखेज्जा[1] भागा । सोलसक०-णवणोक० उक्क० पदे०संका० अणंतभागो । अणुक्क० अणंता भागा । एवं तिरिक्खा० ।

§ १८१. आदेसेण णेरइय० सव्वपयडी० उक्क० पदे०संका० सव्वजी० असंखे०-भागो । अणुक्क० असंखेज्जा भागा । एवं सव्वणेरइय-सव्वपंचि०तिरिक्ख०-मणुस-अपज्ज०-देवगदिदेवा भवणादि जाव अवराजिदा त्ति । मणुस्सेसु णारयभंगो । णवरि मिच्छ० उक्क० पदे०संका० संखे०भागो । अणुक्क० संखेज्जा भागा । मणुसपज्ज०-मणुसिणी०-सव्वट्ठ०देवा० सव्वपयडी उक्क० पदे०संका० संखे०भागो । अणुक्क० संखेज्जा भागा । एवं जाव० ।

§ १८२. जहण्णयं पि उक्कस्सभंगेण णेदव्वं ।

प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंके आठ भङ्ग होते हैं। इसी प्रकार जघन्य संक्रमकी मुख्यतासे भी जानना चाहिए।

§ १८०. भागाभाग दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीव सब जीवोंके कितने भागप्रमाण हैं ? असंख्यातवें भागप्रमाण हैं तथा अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीव असंख्यात बहुभागप्रमाण हैं। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीव अनन्तवें भागप्रमाण हैं तथा अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीव अनन्त बहुभागप्रमाण हैं। इसी प्रकार सामान्य तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए।

§ १८१. आदेशसे नारकियोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीव सब जीवोंके असंख्यातवें भागप्रमाण हैं तथा अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीव असंख्यात बहुभागप्रमाण हैं। इसी प्रकार सब नारकी, सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त, देवगतिमें सामान्य देव और भवनवासियोंसे लेकर अपराजित विमान तकके देवोंमें जानना चाहिए। मनुष्योंमें नारकियोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीव संख्यातवें भागप्रमाण हैं तथा अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीव संख्यात बहुभागप्रमाण हैं। मनुष्य पर्याप्त, मनुष्यिनी और सर्वार्थसिद्धिके देवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीव संख्यातवें भागप्रमाण हैं और अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीव संख्यात बहुभागप्रमाण हैं। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक ले जाना चाहिए।

§ १८२. जघन्य प्रदेश भागाभागको भी उत्कृष्टके समान ले जाना चाहिए।

विशेषार्थ—यद्यपि सामान्य मनुष्य असंख्यात हैं तथापि उनमें मिथ्यात्वके संक्रामक (सम्यग्दृष्टि) संख्यात हैं। उनमेंसे संख्यातवें भाग उत्कृष्ट प्रदेश संक्रामक है। शेष बहु भाग अनुत्कृष्ट प्रदेश संक्रामक हैं।

---

१. ता० प्रती संखेज्जा इति पाठः ।

§ १८३. परिमाणं दुविहं-जह० उक्क० च । उक्कस्से पयदं दुविहो । णि०—ओघे० आदेसे० । ओघेण मिच्छ०-सम्मामि० उक्क० पदे०संका० केत्तिया ? संखेज्जा । अणुक० केत्ति० ? असंखेज्जा । सम्म० उक्क० अणुक० पदे०संका० केत्तिया ? असंखेज्जा । अणंताणु० चउक्क० उक्क० पदे०संका० केत्ति० ? असंखेज्जा । अणुक्क० केत्ति० ? अणंता । एवं बारसक०-णवणोक० । णवरि उक्क० पदे०संका० केत्ति० ? संखेज्जा ।

§ १८४. आदेसेण णेरइय० सव्वपयडी उक्क० अणुक्क० पदे०संका केत्ति० ? असंखेज्जा । एवं सव्वणेरइय-सव्वपंचि०-तिरिक्खमणुसअपज्ज० देवा भवणादि जाव सहस्सार त्ति । तिरिक्खेसु दंसणतिय उक्क० अणुक्क० केत्ति ? असंखेज्जा । सोलसक०-णवणोक० उक्क० पदे०संका० केत्ति० ? असंखेज्जा । अणुक्क० केत्ति० ? अणंता । मणुसेसु मिच्छ० उक्क० अणुक्क० पदे०संका० केत्तिया ? संखेज्जा । सेसकम्माणमुक्क० केत्ति० ? संखेज्जा । अणुक्क० असंखेज्जा । मणुसपज्ज०-मणुसिणी सव्वट्ठदेवा उक्क० अणुक्क० पदे०-संका० केत्ति० ? संखेज्जा । आणदादि अवराइदा त्ति सव्वपयडी उक्क० पदे०संका० केत्ति० ? संखेज्जा । अणुक्क० पदे०संका० केत्ति० ? असंखेज्जा । एवं जाव० ।

---

§ १८३. परिमाण दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेशोंके सक्रामक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं । अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं । सम्यक्त्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं । अनन्तानुबन्धीचतुष्कके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं । अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीव कितने हैं ? अनन्त हैं । इसी प्रकार बारह कषाय और नौ नोकषायोंकी अपेक्षा परिमाण जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीव कितने है ? संख्यात हैं ।

§ १८४. आदेशसे नारकियोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं । इसी प्रकार सब नारकी, सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त, सामान्य देव और भवनवासियोंसे लेकर सहस्रार कल्प तकके देवोंमें जानना चाहिए । सामान्य तिर्यञ्चोंमें दर्शनमोहनीयत्रिकके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं । सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं ? अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके सक्रामक जीव कितने हैं ? अनन्त हैं । मनुष्योंमें मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं । शेष कर्मोंके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं । अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्राम० जीव असंख्यात हैं । मनुष्य पर्याप्त, मनुष्यिनी और सर्वार्थसिद्धिके देवोंमें उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेशोंमें संक्रामक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं । आनत कल्पसे लेकर अपराजित विमान तकके देवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं । अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक ले जाना चाहिए ।

§ १८५. जहण्णए पयदं। दुविहो णिद्देसो—ओघे० आदेसे०। ओघे० मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि० जह० पदे०संका० केत्ति० ? संखेज्जा। अजह० केत्ति० ? असंखे०। सोलसक०-णवणोक० जह० पदे०संका० केत्ति० ? संखेज्जा। अजह० केत्ति० ? अणंता। एवं तिरिक्खा।

§ १८६. आदेसेण णेरइय० सव्वपयडी० जह० केत्ति० ? संखेज्जा। अजह० केत्ति० ? असंखेज्जा। एवं सव्वणेरइय०-सव्वपंचिंदिय-तिरिक्ख-मणुसअपज्ज०-देवगइ-देव भवणादि जाव अवराइद त्ति। मणुसेसु मिच्छ० जह० अजह० पदे०संका० केत्ति० ? संखेज्जा। सेसकम्माणं जह० संखेज्जा। अजह० केत्ति० ? असंखेज्जा। मणुसपज्ज०-मणुसिणी० सव्वट्ठदेवा सव्वपयडी जह० अजह० पदे०संका० केत्ति० ? संखेज्जा। एवं जाव०।

§ १८७. खेत्तं दुविहं—जह० उक्क० च। उक्कस्से पयदं। दुविहो णि०—ओघे० आदेसे०। ओघेण दंसणतिय उक्क० अणुक्क० पदे०संका० लोगस्स असंखे०भागे। सोलसक०-णवणोक० उक्क० पदे०संका० लोगस्स असंखे०भागे। अणुक्क० सव्वलोगे। एवं तिरिक्खेसु। सेसगइमग्गणासु सव्वपयडी उक्क० अणुक्क० पदे०संका० लोग० असंखे०-भागे। एवं जाव०। एवं जहण्णयं पि णेदव्वं।

§ १८५. जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके जघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीव कितने हैं ? अनन्त हैं। इसी प्रकार सामान्य तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए।

§ १८६. आदेशसे नारकियोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। अजघन्य प्रकृतियोंके संक्रामक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं। इसी प्रकार सब नारकी, सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त, देवगतिमें सामान्य देव और भवनवासियोंसे लेकर अपराजित विमान तकके देवोंमें जानना चाहिए। मनुष्योंमें मिथ्यात्वके जघन्य और अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। शेष कर्मोंके जघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीव संख्यात हैं। अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं। मनुष्यपर्याप्त, मनुष्यिनी और सर्वार्थसिद्धिके देवोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक ले जाना चाहिए।

§ १८७. क्षेत्र दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे दर्शनमोहनीयत्रिकके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका क्षेत्र कितना है ? लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है तथा अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका क्षेत्र सर्व लोक है। इसी प्रकार सामान्य तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए। गतिसम्बन्धी शेष मार्गणाओंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए। तथा इसी प्रकार जघन्य क्षेत्रको भी ले जाना चाहिए।

§ १८८. पोसणं दुविहं—जहण्णमुक्कस्सं च । उक्कस्से पयदं । दुविहो णिद्देसो—ओघे० आदेसे० । ओघेण मिच्छ० उक्क० पदे०संका० केव० पोसिदं ? लोगस्स असंखे०भागो । अणुक्क० लोग० असंखे०भागो अट्ठचोद्दस० देसूणा । सम्म०-सम्मामि० उक्क० पदे०-संका० लोगस्स असंखे०भागो । अणुक्क० लोग० असंखे०भागो, अट्ठचोद्दस भागा वा देसूणा सव्वलोगो वा । सोलसक०-णवणोक० उक्क०पदेस० लोगस्स असंखे०भागो । अणुक्क० सव्वलोगो ।

विशेषार्थ—ओघसे सब प्रकृतियोंमेंसे किन्हीं प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीव संख्यात हैं और किन्हीं प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीव असंख्यात हैं, इसलिए इनका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण प्राप्त होनेसे वह तत्प्रमाण कहा है । मात्र सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीव अनन्त हैं, इसलिए इनका सर्वलोक क्षेत्र प्राप्त होनेसे वह तत्प्रमाण कहा है । सामान्य तिर्यञ्चोंमें यह व्यवस्था बन जाती है, इसलिए उनमें क्षेत्रप्ररूपणाको ओघके समान जाननेकी सूचना की है । गतिसम्बन्धी शेष मार्गणाओंका क्षेत्र ही लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण हैं, इसलिए उनमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है । आगे अनाहारक मार्गणा तक यह यथायोग्य इसी प्रकार घटित किया जाने योग्य है यह जानकर उसे इसी प्रकार जानने की सूचना की है । जघन्य क्षेत्रमें उत्कृष्टसे अन्य कोई विशेषता नहीं है ऐसा समझकर उसे भी इसी प्रकार ले जाने की सूचना की है ।

§ १८८. स्पर्शन दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है ? लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्र का स्पर्शन किया है । सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण, त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण और सब लोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है ।

विशेषार्थ—ओघसे एक सम्यक्त्व प्रकृतिको छोड़कर शेष सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रम अपनी अपनी क्षपणाके समय यथा योग्य स्थानमें होता है । सम्यक्त्व का भी उत्कृष्ट प्रदेश-संक्रम स्वामित्वके अनुसार सातवें नरकके नारकीके होता है । यतः इन सब जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाणसे अधिक नहीं है, अतः ओघसे सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन उक्त प्रमाण कहा है । अब रहा अनुत्कृष्टका विचार सो मिथ्यात्वका संक्रम सम्यग्दृष्टिके ही सम्भव है, अतः सम्यग्दृष्टियोंके स्पर्शनको देखकर मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण कहा है । सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक चारों

§ १८९. आदेसेण णेरइएसु मिच्छ० उक्क० अणुक्क० पदेससंकाम० लोगस्स असंखे० । सम्म०-सम्मामि०-सोलसक०-णवणोक० उक्क० पदे०संका० लोगस्स असंखे०-भागो । अणुक्क० लोगस्स असंखे०भागो छ चोद्दस भागा वा देसूणा । एवं विदियादि जाव सत्तमा त्ति । णवरि सगपोसणं । पढमाए खेत्तं ।

§ १९०. तिरिक्खेसु मिच्छत्तस्स उक्कस्सपदे०संका० लोग० असंखे०भागो । अणुक्कस्स० लोग० असंखे०भागो छ चोद्दस० देसूणा । सम्म०-सम्मामि०-उक्क० पदे०-

---

गतियोंके जीव होते हैं, परन्तु उनका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागसे अधिक नहीं होता । मात्र अतीत कालकी अपेक्षा इनका स्पर्शन या तो विहारवत्स्वस्थान आदिकी अपेक्षा त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण और एकेन्द्रिय आदिके मारणान्तिक समुद्घात और उपपादपदकी अपेक्षा सर्वलोक प्रमाण बन जाता है । यह देखकर इनके अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण, त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण और सर्वलोक प्रमाण कहा है । तथा सोलह कषाय और नौ नोकषायोंका प्रदेश संक्रमण निर्बाधरूपसे सर्वत्र सर्वदा होता रहता है, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन वर्तमान और अतीत दोनों प्रकारके कालोंकी अपेक्षा एकमात्र सर्वलोक कहा है ।

§ १८९. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । इसी प्रकार द्वितीयादि पृथिवियोंके नारकियोंमें स्पर्शन जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि अपना अपना स्पर्शन कहना चाहिए । पहली पृथिवीमें स्पर्शनका भङ्ग क्षेत्रके समान है ।

विशेषार्थ—मिथ्यात्वका संक्रमण सम्यग्दृष्टि ही करता है और नरकमें सम्यग्दृष्टियोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाणसे अधिक नहीं है इसलिए तो नारकियोंमें मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है । तथा शेष प्रकृतियोंका संक्रमण मारणान्तिकसमुद्घात और उपपादपदके समय भी सम्भव है, किन्तु नारकियोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण ही है, इसलिए यहाँ पर शेष सब प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भागप्रमाण कहा है । द्वितीयादि पृथिवियोंमें यह स्पर्शन इसी प्रकार बन जाता है । मात्र त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भागके स्थानमें अपना-अपना स्पर्शन कहना चाहिए । पहली पृथिवीके सब नारकियोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण ही है । इनका क्षेत्र भी इतना ही है इसलिए यहाँ पर पहली पृथिवीमें स्पर्शनको क्षेत्रके समान जाननेकी सूचना की है । शेष कथन सुगम है ।

§ १९०. तिर्यञ्चोंमें मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है ।

संका० लोग० असंखे०भागो। अणुक० लो० असंखे०भागो सव्वलोगो वा। सोलसक०-णवणोक० उक्क० पदेससंकामएहि लोग० असंखे०भागो। अणुक० सव्वलोगो वा। एवं पंचिंदियतिरिक्खतिए। णवरि पणुवीसं पयडीणं अणु० लोग० असंखे०भागो सव्वलोगो वा। पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज० एवं चेव। णवरि मिच्छत्तं णत्थि। मणुसतिए एवं चेव। णवरि मिच्छ० उक्क० अणुक० पदे०संका० लोग० असंखे०भागो।

सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सर्वलोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने सर्वलोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि पच्चीस प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सर्वलोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें इसी प्रकार जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें मिथ्यात्वका संक्रमण नहीं होता। मनुष्यत्रिकमें इसी प्रकार जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—सम्यग्दृष्टि तिर्यञ्चोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और अतीत स्पर्शन त्रसनालीके कुछ कम छहवटे चौदह भाग प्रमाण है, इसलिए सामान्य तिर्यञ्चोंमें मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और त्रसनाली के कुछ कम छह बटे चौदह भाग प्रमाण कहा है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी सत्ता वाले तिर्यञ्चोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और मारणान्तिक समुद्घात आदिकी अपेक्षा अतीत स्पर्शन सर्वलोक प्रमाण है, इसलिए सामान्य तिर्यञ्चोंमें इनके अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सर्व लोक प्रमाण कहा है। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन सर्वलोक प्रमाण दोनों कालोंकी अपेक्षासे है यह स्पष्ट ही है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें और सब स्पर्शन तो सामान्य तिर्यञ्चोंके समान बन जाता है। मात्र इनका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और अतीत स्पर्शन सर्वलोक प्रमाण होनेसे इनमें सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक प्रमाण कहा है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें अन्य सब स्पर्शन तो तिर्यञ्चत्रिकके समान बन जाता है। मात्र इनमें एकमात्र मिथ्यात्व गुणस्थान होनेसे मिथ्यात्वका संक्रमण सम्भव नहीं है, इस लिए उसका निषेध किया है। मनुष्यत्रिकमें अन्य सब स्पर्शन तो उक्त अपर्याप्तकोंके समान बन जाता है। मात्र इनमें सम्यग्दृष्टि जीव होनेके कारण मिथ्यात्वका संक्रमण सम्भव है। परन्तु इनमें ऐसे जीवोंका वर्तमान और अतीत स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भाग से अधिक प्राप्त न होनेके कारण मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट प्रदेशों के संक्रामक जीवोंका भी उक्त क्षेत्रप्रमाण स्पर्शन कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

§ १६१. देवेसु मिच्छ० उक्क० पदे०संका०लोग०असंखे०भागो। अणुक्क० लोग० असंखे०भागो अट्ठचोद्दस०देसूणा। सेसकम्माणमुक्क० खेत्तं। अणुक० लोग० असंखे०भागो, अट्ठ णवचोद्दस० देसूणा। णवरि पुरिस०-णवुंस० उक्क० पदे०संका० अट्ठचोद्दस० देसूणा। एवं सोहम्मीसाण०।

§ १६२. भवण०-वाणवें०-जोदिसि० मिच्छ० उक्क० पदे०संका० लोग० असंखे०-भागो। अणुक्क० लोग० असंखे०भागो अद्धुट्ठ अट्ठचोद्दस० देसूणा। सेसकम्माणं उक्क० पदे०-संका० लोग० असंखे०भागो। अणुक्क० लो० असंखे०भागो, अद्धुट्ठअट्ठ-णव-चोद्दस०देसूणा।

§ १६१. देवोंमें मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग-प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष कर्मोंके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण तथा त्रसनालीके कुछ कम आठ और नौ बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि पुरुषवेद और नपुंसकवेदके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार सौधर्म और ऐशान कल्पवासी देवोंमें जानना चाहिए।

विशेषार्थ—सम्यग्दृष्टि देवोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण होनेसे इनमें मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन उक्त क्षेत्र प्रमाण कहा है। देवोंका उक्त स्पर्शन तो है ही। मारणान्तिक समुद्घातकी अपेक्षा इनका स्पर्शन त्रसनालीके कुछ कम नौ बटे चौदह भागप्रमाण है और इन सब स्पर्शनोंके समय शेष सब प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रम होता है, इसलिए यहाँ पर देवोंमें शेष प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण तथा त्रसनालीके कुछ कम आठ और कुछ कम नौ बटे चौदह भागप्रमाण कहा है। यहाँ पर पुरुषवेद और नपुंसकवेदके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंके स्पर्शनमें अन्य प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंके स्पर्शनसे कुछ विशेषता है, इसलिए उसका निर्देश अलगसे किया है। बात यह है कि सौधर्म और ऐशान कल्पकी अपेक्षा सामान्य देवोंमें पुरुषवेद और नपुंसक-वेदका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विहारवत्स्वस्थान आदिके समय भी सम्भव है, इसलिए इनमें उक्त कर्मोंके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रामक जीवोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण बन जानेसे वह अलगसे कहा है। यह स्पर्शन सौधर्म और ऐशान कल्पमें अविकल घटित हो जाता है, इसलिए इसे सामान्य देवोंके समान जाननेकी सूचना की है। शेष कथन सुगम है।

§ १६२. भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंमें मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण तथा त्रसनालीके कुछ कम साढ़े तीन और आठ बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष कर्मोंके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण तथा त्रसनालीके कुछ कम साढ़े तीन, कुछ कम आठ और कुछ कम नौ बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

§ १९३. सणक्कुमारादि अच्चुदा त्ति सव्वपयडि० उक्क० पदे०संका० लोग० असंखे०भागो। अणुक्क० सगपोसणं। उवरि खेत्तं। एवं जाव०।

§ १९४. जह० पयदं। दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मिच्छ० जह० पदे०संका० लोग० असंखे०भागो। अजह० लोग० असंखे०भागो अट्ठचोद्द० देसूणा। सम्म०-सम्मामि० जह० अजह० पदे०संका० लोग० असंखे०भागो अट्ठ-चोद्द० देसूणा सव्वलोगो वा। सोलसक०-णवणोक० जह० पदे०संका० लोग० असंखे०-भागो। अजह० सव्वलोगो।

विशेषार्थ—सम्यग्दृष्टि उक्त देवोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन कुछ कम साढ़े तीन और कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण होनेसे इनमें मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन उक्तप्रमाण कहा है। शेष कर्मोंके अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका संक्रम उक्त देवोंकी सब अवस्थाओंमें भी सम्भव है, इसलिए उनमें उनके अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण तथा त्रसनालीके कुछ कम साढ़े तीन, कुछ कम आठ और कुछ कम नौ बटे चौदह भाग प्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

§ १९३. सनत्कुमारसे लेकर अच्युत कल्प तकके देवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तथा अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन अपने-अपने कल्पके स्पर्शनके समान जानना चाहिए। आगे नौ ग्रैवेयक आदिमें स्पर्शन क्षेत्रके समान जानना चाहिए। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—आगे सनत्कुमार आदि कल्पोंमें मिथ्यादृष्टि और सम्यग्दृष्टि देवोंके स्पर्शनमें कोई फरक नहीं है, इसलिए वहाँ सब प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन एक साथ कहा है। साथ ही जिस कल्पमें जो स्पर्शन है वही प्राप्त होता है, इसलिए उसे अपने-अपने स्पर्शनके समान जाननेकी सूचना की है। नौ ग्रैवेयक आदिमें स्पर्शन क्षेत्रके समान होनेसे सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंके स्पर्शनको क्षेत्रके समान जाननेकी सूचना की है। शेष कथन सुगम है।

§ १९४. जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्वके जघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य प्रदेशों के संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग-प्रमाण और त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भाग प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य और अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण, त्रसनालीके कुछ कम आठबटे चौदह भाग प्रमाण और सर्वलोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके जघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य प्रदेशके संक्रामक जीवोंने सर्वलोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—ओघसे मिथ्यात्व का जघन्य प्रदेशसंक्रम क्षपित कर्मांशिक जीवके क्षपणाके समय होता है, इसलिए इसके जघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। तथा इसके अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन जो लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण कहा है सो इसका खुलासा

§ १६५. आदेसेण णेरइय० मिच्छ० जह० अजह० पदे०संका० लोग० असंखे० भागो। सेसा० जह० लोग० असंखे०भागो। अजह० लोग० असंखे०भागो, छ-चोद्दस भागा वा देसूणा। एवं विदियादि जाव सत्तमा त्ति। णवरि सगपोसणं। पढमाए खेत्तं।

§ १६६. तिरिक्खेसु मिच्छ० जह० पदे०संका० लोग० असंखे०भागो। अजह० लोग० असंखे०भागो छचोद्दस० देसूणा। सम्म०-सम्मामि० जह० अजह०

जैसा इसके अनुत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमके समय कर आये हैं उसी प्रकार यहाँ पर भी कर लेना चाहिए। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका जघन्य और अजघन्य प्रदेशसंक्रम एकेन्द्रियादि जीवोंके भी सम्भव है। किन्तु ऐसे जीवोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण तथा अतीत स्पर्शन विहारवत्स्वस्थान आदिकी अपेक्षा त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण और मारणान्तिक समुद्घात व उपपादपदकी अपेक्षा सर्वलोकप्रमाण प्राप्त होनेसे वह तत्प्रमाण कहा है। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम अधिकृतरका क्षपणाके समय और कुछका उपशमनाके समय प्राप्त होता है। यतः ऐसे जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है, इसलिए इन कर्मों के जघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। तथा इनका अजघन्य प्रदेशसंक्रम कुछ गुणस्थानप्रतिपन्न जीवोंको छोड़कर प्रायः सब जीव करते हैं, इसलिए इनके अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन सर्वलोकप्रमाण कहा है।

§ १६५. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्वके जघन्य और अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष प्रकृतियोंके जघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तथा अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार दूसरी पृथिवीसे लेकर सातवीं पृथिवी तकके नारकियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपना अपना स्पर्शन कहना चाहिए। पहली पृथिवीके नारकियोंमें क्षेत्रके समान स्पर्शन है।

विशेषार्थ—नरकमें सर्वत्र सम्यग्दृष्टियोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है, इसलिए इनमें मिथ्यात्वके जघन्य और अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। शेष प्रकृतियोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम क्षपितकर्मांशिक जीवोंके यथास्थान होता है और ऐसे जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है, इसलिए इनके जघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। इनके अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भागप्रमाण है यह स्पष्ट ही है। शेष कथन सुगम है।

§ १६६. तिर्यञ्चोंमें मिथ्यात्वके जघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य और अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्या-

पदे०संका० लोग० असंखे०भागो सव्वलोगो वा। सोलसक०-णवणोक० जह० पदे०-संका० लोग० असंखे०भागो। अजह० सव्वलोगो।

§ १९७. पंचिंदियतिरिक्खतिए मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि० तिरिक्खभंगो। सोलसक०-णवणोक० जह० खेत्तं। अजह० पदे०-संकाम० लोग० असंखे०भागो सव्वलोगो वा। एवं पंचिंदियतिरिक्ख०अपज्ज०-मणुसअपज्ज०। णवरि मिच्छ० णत्थि। एवं मणुसतिए। णवरि मिच्छ० जह० अजह० पदे०संका० लोग० असंखे०भागो।

तवें भागप्रमाण और सर्वलोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके जघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने सर्वलोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—तिर्यञ्चोंमें मिथ्यात्वका जघन्य प्रदेशसंक्रम उत्तम भोगभूमिमें क्षपितकर्मांशिक जीवके अन्तिम समयमें सम्भव है। यतः ऐसे जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है अतः इनमें मिथ्यात्वके जघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन उक्त प्रमाण कहा है। तथा सम्यग्दृष्टि तिर्यञ्चोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भागप्रमाण है अतः इनमें मिथ्यात्वके अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन उक्त प्रमाण कहा है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य और अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवेंभागप्रमाण और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है यह स्पष्ट ही है, क्योंकि सम्यक्त्वका जघन्य और अजघन्य दोनों प्रकारका स्पर्शन तो मिथ्यादृष्टियोंके होता ही है। सम्यग्मिथ्यात्वका भी यह संक्रम मिथ्यादृष्टियोंके सम्भव है और मिथ्यादृष्टि तिर्यञ्चोंका स्पर्शन उक्त प्रमाण है। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके जघन्य संक्रमके स्वामित्व पर अलग-अलग विचार करने पर विदित होता है कि इन प्रकृतियोंके जघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागसे अधिक नहीं बन सकता इसलिए यह उक्त क्षेत्रप्रमाण कहा है। तथा इनका अजघन्य प्रदेशसंक्रम एकेन्द्रियादि सब तिर्यञ्चोंके सम्भव है, इसलिए इनके अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन सर्वलोकप्रमाण कहा है।

§ १९७. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य और अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके जघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग और सर्वलोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि ये मिथ्यात्वके संक्रामक नहीं होते। इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि उनमें मिथ्यात्वके जघन्य और अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—सामान्य तिर्यञ्चोंमें मिथ्यात्वके जघन्य और अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिककी मुख्यतासे ही कहा है। तथा सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य और अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामकोंका जो स्पर्शन सामान्य तिर्यञ्चोंमें है वह

§ १६८. देवेसु मिच्छ० जह० पदे०संका० लोगस्स असंखे०भागो। अजह० लोग० असंखे०भागो अट्ठचोद्दस० देसूणा। सम्म०-सम्मामि० जह० अजह० पदे०-संका० लोग० असंखे०भागो, अट्ठणव चोद्दस० देसूणा। सेसाणं जह० खेत्तं। अजह० [लोग० असंखे०] अट्ठणव चोद्दस० देसूणा। एवं सव्वदेवाणं। णवरि सगपोसणं णेदव्वं। णवरि जोदिसि० सम्म०-सम्मामि० जह० पदे०संका० लोग० असंखे०भागो, अद्धुट्ठ अट्ठचोद्द० दे०। अजह० लो० असंखे०भागो अद्धुट्ठअट्ठणवचोद्दस० देसूणा। एवं जाव०।

पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें भी बन जाता है। इसलिए इनमें उक्त तीनों प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामकोंका स्पर्शन सामान्य तिर्यञ्चोंके समान कहा है। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके जघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण प्राप्त होने से उसे क्षेत्रके समान जानने की सूचना की है। तथा उक्त तिर्यञ्चोंके सर्वत्र इनका अजघन्य प्रदेशसंक्रम सम्भव है, अतः उक्त तिर्यञ्चोंके स्पर्शनको देखकर यहाँ पर इनके जघन्य और अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन सर्वलोकप्रमाण कहा है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें यह स्पर्शन अविकल बन जाता है इसलिए उनमें पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चत्रिकके समान जाननेकी सूचना की है। मात्र इनमें मिथ्यात्वका संक्रम नहीं होता, इसलिए उसका निषेध किया है। मिथ्यात्वके जघन्य और अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीव सम्यग्दृष्टि होते हैं और मनुष्योंमें ऐसे जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है जो तीनों प्रकारके मनुष्योंमें सम्भव है। मात्र इस विशेषताको छोड़कर अन्य सब स्पर्शन इनमें उक्त अपर्याप्त जीवोंके समान बन जानेसे उनके समान जानने की सूचना की है।

§ १६८. देवोंमें मिथ्यात्वके जघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग-प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग-प्रमाण और त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य और अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग-प्रमाण तथा त्रसनालीके कुछ कम आठ और कुछ कम नौ बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष प्रकृतियोंके जघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंके स्पर्शनका भङ्ग क्षेत्रके समान है। अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण तथा त्रसनालीके कुछ कम आठ और कुछ कम नौ बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार सब देवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपना-अपना स्पर्शन ले जाना चाहिए। इतनी और विशेषता है कि ज्योतिषी देवोंमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण तथा त्रसनालीके कुछ कम साढ़े तीन और कुछ कम आठ बटे चौदह भाग-प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण तथा त्रसनालीके कुछ कम साढ़े तीन, कुछ कम आठ और कुछ कम नौ बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—ज्योतिषी देवोंकी जघन्य आयु पल्यके आठवें भागसे कम नहीं होती, अतएव इनमें इसके पूर्व मारणान्तिक समुद्घात सम्भव नहीं है। यही कारण है कि इनमें सम्यक्त्व

§ १९९. कालो दुविहो—जहण्णमुक्कस्सं च । उक्कस्से पयदं । दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मिच्छ०-सम्मामि०-बारसक०-णवणोक० उक्क० पदे०संका० केवचिरं० ? जह० एयसमओ । उक्क० संखेज्जा समया । अणुक्क० सव्वद्धा । सम्म०-अणंताणु०चउक्क० उक्क० पदे०संका० जह० एयस० । उक्क० आवलि० असंखे०-भागो । अणुक्क० सव्वद्धा ।

§ २००. आदेसेण णेरइएसु सव्वपयडी० उक्क० पदे०संका० जह० एयस० । उक्क० आवलि० असंखे०भागो । अणुक्क० सव्वद्धा । एवं सव्वणेरइय-सव्वतिरिक्ख०-देवा जाव सहस्सार त्ति । मणुसतिय आणदादि सव्वट्ठा त्ति सव्वपयडी० उक्क० पदे०संका०

सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका स्पर्शन त्रसनालीके कुछ कम नौ बटे चौदह भागप्रमाण न बतलाकर मात्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण बतलाया है । शेष कथन सुगम है ।

§ १९९. काल दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, बारह कषाय और नौ नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका कितना काल है ? जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है । अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका काल सर्वदा है । सम्यक्त्व और अनन्तानुबन्धी चतुष्कके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है । अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका काल सर्वदा है ।

विशेषार्थ—ओघसे मिथ्यात्व आदि २३ प्रकृतियोंका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम मनुष्योंमें क्षपणाके समय प्राप्त होता है । यह सम्भव है कि नाना मनुष्य एक साथ इनका उत्कृष्ट प्रदेश संक्रम करें और दूसरे समयमें अन्य मनुष्य न करें। साथ ही यह भी सम्भव है कि नाना मनुष्य अलग-अलग संख्यात समय तक इनका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम करते रहे, इसलिए इनके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल संख्यात समय कहा है । सम्यक्त्व और अनन्तानुबन्धी चतुष्कका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम सातवें नरकके नारकी करते हैं । ये जीव एक समय तक इनका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम करके द्वितीयादि समयोंमें अन्य जीव न करें यह तो सम्भव है ही । साथ ही यहाँ पर सम्यक्त्वका उपक्रमणकाल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण होनेसे इनका उत्कृष्ट प्रदेश सक्रम इतने काल तक भी सम्भव है, इसलिए ओघसे इनके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवों का जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है । सभी अट्ठाईस प्रकृतियों के अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका काल सर्वदा है यह स्पष्ट ही है ।

§ २००. आदेशसे नारकियोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका जघन्य-काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है । अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका काल सर्वदा है । इसी प्रकार सब नारकी, सब तिर्यञ्च, सामान्य देव और सहस्रार कल्पतकके देवोंमें जानना चाहिए । मनुष्यत्रिक और आनतकल्पसे लेकर सर्वार्थसिद्धितकके देवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट-

जह० एयस० । उक्क० संखेज्जा समया । अणुक्क० सव्वद्धा । मणुसअपज्ज० सत्तावीसं पयडीणं उक्क० पदे०संका० जह० एयसमओ । उक्क० आवलि० असंखे०भागो । अणुक्क० जह० अंतोमुहुत्तं । उक्क० पलिदो० असंखे०भागो । णवरि सम्म०-सम्मामि० अणुक्क० जह० अंतोमु० । उक्क० पलिदो० असंखे० भागो-णवरि सम्म०-सम्मामि० अणुक्क० जह० एयस० । एवं जाव० ।

§ २०१. जहण्णए पयदं । दुविहो णि०-ओघे०-आदेसे० । ओघेण सव्वपयडी० जह० पदे०संका० जह० एयस० । उक्क० संखेज्जा समया । अजह० सव्वद्धा । एवं चदुसु गदीसु णवरि मणुसअपज्ज० अजह० अणुक्क०भंगो । णवरि सोलसक०-भय-दुगुंछा०अजह०

काल संख्यात समय है । अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका काल सर्वदा है । मनुष्य अपर्याप्तकों में सत्ताईस प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है । अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका जघन्यकाल अन्तमुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है । इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका जघन्य काल एक समय है । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणातक ले जाना चाहिए ।

विशेषार्थ—यहाँ पर जिन मार्गणाओंकी संख्या संख्यातसे अधिक है उनमें सब प्रकृतियों के उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भाग प्रमाण है तथा जिनका परिमाण संख्यात है उनमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है यह स्पष्ट ही है मात्र इसका एक अपवाद है वह यह कि आनतकल्पसे लेकर अपराजित विमान तकके देव यद्यपि परिमाण में असंख्यात होते हैं फिर भी इनमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल संख्यात समय बतलाया है सो इसका कारण स्वामित्वसम्बन्धी विशेषता है । बात यह है कि इनमें गुणितकर्मांशिक मनुष्य आकर सब प्रकृतियोंका उत्कृष्ट प्रदेश संक्रम करते हैं, इसलिए इनमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल संख्यात समय ही बनता है । सर्वत्र सब प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका काल सर्वदा है यह स्पष्ट ही है । मात्र मनुष्य अपर्याप्तकोंका जघन्य काल अन्तमुहूर्त और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण होनेसे इनमे सब प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंके जघन्य काल अन्तमुहूर्त और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है । इसमे इतनी और विशेषता है कि यह सान्तर मार्गणा होनेसे इनमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीव एक समय तक रहे और दूसरे समयमे असंक्रामक हो जायँ यह सम्भव है, इसलिए यह काल एक समय कहा है ।

§ २०१. जघन्यका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे सब प्रकृतियोंके जघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल सख्यात समय है । अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका काल सर्वदा है । इसी प्रकार चारों गतियोंमे जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि मनुष्य अपर्याप्तकोंमे सब प्रकृतियोंके अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंके कालका भङ्ग अनुत्कृष्टके समान है । इतनी और विशेषता है

जह० खुद्दाभव० समऊणं । एवं जाव० ।

§ २०२. अंतरं दुविहं—जह० उक्क० । उक्कस्से पयदं । दुविहो णि०—ओघे० आदे० । ओघेण सव्वपयडी० उक्क० पदे०संका० जह० एयसमओ । उक्क० अणंतकालमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा । अणुक्क० णत्थि अंतरं । एवं चदुसु, गदीसु । णवरि मणुसअपज्ज० अणुक्क० जह० एयस० । उक्क० पलिदो० असंखे०भागो । एवं जाव० ।

§ २०३. एवं जहण्णयं पि णेदव्वं । णवरि ओघे तिण्णिसंजल० पुरिस० जह० एयसमओ उक्क० सेढीए असंखे०भागो । एवं मणुसतिए । णवरि मणुसिणी० पुरिस० उक्कस्सभंगो ।

सोलह कषाय, भय और जुगुप्साके अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका जघन्य काल एक समय कम क्षुल्लक भवग्रहणप्रमाण है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक ले जाना चाहिए।

विशेषार्थ—मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सोलह कषाय, भय और जुगुप्साका जघन्य प्रदेशसंक्रम भवके प्रथम समयमें होता है, इसलिए इनमें इनके अजघन्य प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका जघन्य काल एक समय कम क्षुल्लक भवग्रहप्रमाण कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

§ २०२. अन्तर दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तनप्रमाण है। अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका अन्तरकाल नहीं है। इसी प्रकार चारों गतियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि मनुष्य अपर्याप्तकोंमें अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक ले जाना चाहिए।

§ २०३. इसी प्रकार जघन्य प्रदेशसंक्रामकोंके अन्तरकालको भी जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि ओघसे तीन संज्वलन और पुरुषवेदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर श्रेणीके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि मनुष्यिनियोंमें पुरुषवेदका भङ्ग उत्कृष्टके समान है।

विशेषार्थ—ओघसे नाना जीव सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक एक समयके अन्तरसे हों यह तो सम्भव है ही। साथ ही गुणित कर्मांशिक जीवोंके उत्कृष्ट अन्तरकालको देखते हुए वे अनन्तकाल तक न हों यह भी सम्भव है, इसलिए इनके उत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल कहा है। इनके अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका अन्तरकाल नहीं है यह स्पष्ट ही है। चारों गतियाँ निरन्तर मार्गणाएं होनेसे उनमें भी यह अन्तरकाल बन जाता है। इसलिए उनमें ओघके समान जाननेकी सूचना की है। मात्र मनुष्य अ र्या. सान्तर मार्गणा है, इसलिए उनमें उक्त मार्गणाके अन्तरकालके अनुसार सब प्रकृतियोंके अनु. प्रदेशोंके संक्रामक जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर काल कहा है। यहाँ पर उत्कृष्ट की अ जिस प्रकार विचार किया है उसी प्रकार जघन्यकी अपेक्षा भी विचार कर लेना चाहिए। जो विशेषता है उसका अलगसे निर्देश कर दिया है।

§ २०४. भावो सव्वत्थ ओदइओ भावो ।

⊛ अप्पाबहुअं ।

§ २०५. सुगममेदमहियारसंभालणवक्कं ।

⊛ सव्वत्थोवो सम्मत्ते उक्कस्सपदेससंकमो ।

§ २०६. कुदो ? सम्मत्तदव्वं अधापवत्तभागहारेण खंडिदे तत्थेयखंडपमाणत्तादो ।

⊛ अपच्चक्खाणमाणे उक्कस्सओ पदेससंकमो असंखेज्जगुणो ।

§ २०७. कुदो ? मिच्छत्तसयलदव्वादो आवलियाए असंखेज्जभागपडिभागेण परिहीणदव्वं घेत्तूण सव्वसंकमेणेदस्सुक्कस्ससामित्तविहाणादो । एत्थ गुणगारो गुणसंकमभागहारपदुप्पण्णअधापवत्तभागहारमेत्तो ।

⊛ कोहे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

§ २०८. कुदो ? दोण्हमेदेसिं सामित्तभेदाभावे वि पयडिविसेसमेत्तेण तत्तो एदस्साहियभावोवलद्धीदो ।

⊛ मायाए उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

⊛ लोभे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

⊛ पच्चक्खाणमाणे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

⊛ कोहे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

---

§ २०४. भाव सर्वत्र औदयिक भाव है ।

* अल्पबहुत्वका अधिकार है ।

§ २०५. अधिकारकी सम्हाल करनेवाला यह सूत्रवचन सुगम है ।

* सम्यक्त्वका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम सबसे स्तोक है ।

§ २०६. क्योंकि सम्यक्त्वके द्रव्यको अधःप्रवृत्त भागहारसे भाजित करने पर वह उसमेंसे एक भागप्रमाण है ।

* उससे अप्रत्याख्यानमानका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम असंख्यातगुणा है ।

§ २०७. क्योंकि मिथ्यात्वके समस्त द्रव्यसे आवलिके असंख्यातवें भागरूप प्रतिभागसे हीन द्रव्यको ग्रहण कर सर्वसंक्रमके आश्रयसे इसके उत्कृष्ट स्वामित्वका विधान किया गया है ।

* उससे अप्रत्याख्यान क्रोधका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

§ २०८. क्योंकि इन दोनोंके स्वामीमें भेद नहीं होने पर भी प्रकृतिविशेषके कारण उसमें इसका अधिकपना उपलब्ध होता है ।

* उससे अप्रत्याख्यानमायाका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे अप्रत्याख्यानलोभका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे प्रत्याख्यानमानका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे प्रत्याख्यानक्रोधका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

❀ मायाए उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ लोभे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ अणंताणुबंधिमाणे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ कोहे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ मायाए उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ लोभे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

§ २०९. एदाणि सुत्ताणि पयडिविसेसमेत्तकारणपडिवद्धाणि सुगमाणि ।

❀ मिच्छत्तस्स उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

§ २१०. केत्तियमेत्तेण ? आवलि० असंखे०भागेण खंडिदेय खंडमेत्तेण ।

❀ सम्मामिच्छत्ते उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

§ २११. मिच्छत्तं संकामिय पुणो जेण कालेण सम्मामिच्छत्तं सव्वसंकमेण संकामेदि तक्कालब्भंतरे णट्ठासेसदव्वं सम्मामिच्छत्तमूलदव्वादो असंखेज्जगुणहीणं ति कट्टु तत्थ तम्मि सोहिदे सुद्धसेसमेत्तेण विसेसाहियत्तमिदि वुत्तं होइ ।

❀ लोहसंजलणे उक्कस्सपदेससंकमो अणंतगुणो ।

§ २१२. कुदो ? देसघादित्तादो ।

* उससे प्रत्याख्यानमायाका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे प्रत्याख्यानलोभका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे अनन्तानुबन्धीमानका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे अनन्तानुबन्धीक्रोधका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे अनन्तानुबन्धीमायाका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे अनन्तानुबन्धीलोभका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

§ २०९. ये सूत्र प्रकृति विशेषमात्र कारणसे सम्बन्ध रखते हैं, इसलिए सुगम हैं ।

* उससे मिथ्यात्वका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

§ २१०. कितना अधिक है ? आवलीके असंख्यातवें भागका भाग देने पर जो एक भाग लब्ध आवे उतना अधिक है ।

* उससे सम्यग्मिथ्यात्वका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

§ २११. मिथ्यात्वको संक्रमण करके पुनः जितने कालमें सम्यग्मिथ्यात्वका सर्वसंक्रमके द्वारा संक्रमण करता है उस कालके भीतर नष्ट हुआ समस्त द्रव्य मिथ्यात्वके मूल द्रव्यसे असंख्यात गुणा हीन है ऐसा समझकर उसे उसमेंसे कम कर देने पर जो शेष बचे उतना विशेष अधिक है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

* उससे [illegible] उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम अनन्तगुणा है ।

§ २१२. क्योंकि [illegible] देशघाति प्रकृति है ।

⊛ हस्से उक्कस्सपदेससंकमो असंखेज्जगुणो ।

§ २१३. कुदो ? दोण्हं देसघादित्ताविसेसे वि अणायरणअसंखेज्जसंकमविसयमिच्छत्त-भेदावलंबणेण तहाभावसिद्धीए विरोहाभावादो ।

⊛ रदीए उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

§ २१४. पयडिविसेसेण ।

⊛ इत्थिवेदे उक्कस्सपदेससंकमो संखेज्जगुणो ।

§ २१५. कुदो ? हस्सरइबंधगद्धादो संखेज्जगुणकालित्थिवेदबंधगद्धाए संचिदत्तादो ।

⊛ सोगे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

§ २१६. एत्थ वि अद्धाविसेसमस्सिऊण संखेज्जभागाहियत्तं दट्ठव्वं, इत्थिवेद-बंधगद्धादो णेरइयाणमरदिसोगबंधगद्धाए संखेज्जभागब्भहियत्तदंसणादो ।

⊛ अरदीए उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

§ २१७. पयडिविसेसमेत्तमेत्थ कारणमणुगंतव्वं ।

⊛ णवुंसयवेदे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

§ २१८. कुदो ? अद्धाविसेसमस्सिऊण हस्सरइबंधगद्धाए संखेज्जभागमेत्तस्स अहियसुवलंभादो ।

---

* उससे हास्यका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम असंख्यातगुणा है ।

§ २१३. क्योंकि देशघातिरूपसे दोनोंमें भेद नहीं है तो भी [illegible] और असं-संक्रमविषयक मिथ्यात्वके भेदका अवलम्बन करनेसे उस प्रकारकी सिद्धि होनेमें कोई विरोध नहीं आता ।

* उससे रतिका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

§ २१४. इसका कारण प्रकृति विशेष है ।

* उससे स्त्रीवेदका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम संख्यातगुणा है ।

§ २१५. क्योंकि हास्य और रतिके बन्धककालसे संख्यातगुणे [illegible] स्त्रीवेदके बन्धककाल द्वारा इसका सञ्चय हुआ है ।

* उससे शोकका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

§ २१६. यहाँ पर भी कालविशेषका आश्रय कर संख्यातभाग रूपसे अधिकता जाननी चाहिए, क्योंकि [illegible] स्त्रीवेदके बन्धककालसे नारकियोंमें अरति-शोकका बन्धककाल संख्यातवें भाग अधिक देखा जाता है ।

* उससे अरतिका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

§ २१७. यहाँ पर प्रकृतिविशेष मात्र कारण जानना चाहिए ।

* उससे नपुंसकवेदका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

§ २१८. क्योंकि कालविशेषका आश्रय कर हास्य-रतिके बन्धककालसे संख्यात भागमें हुए सञ्चयमें विशेष अधिकता उपलब्ध होती है ।

❀ दुगुंछाए उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

§ २१९. कुदो ? धुवबंधित्तादो ।

❀ भए उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

§ २२०. सुगममेदं पयडिविसेसमेत्तकारणपडिबद्धत्तादो ।

❀ पुरिसवेदे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

§ २२१. कुदो ? दोण्हं धुवबंधित्तेण समाणविसयसामित्तपडिलंभे वि पयडिविसेसमस्सिऊण पुव्विल्लादो एदस्स विसेसाहियत्तसिद्धीए विरोहाभावादो ।

❀ कोहसंजलणे उक्कस्सपदेससंकमो संखेज्जगुणो ।

§ २२२. को गुणगारो ? एगरूवचउब्भागाहियाणि छरूवाणि । कुदो ? कसायचउब्भागेण सह सयलणोकसायभागस्स कोहसंजलणायारेण परिणदस्सुवलंभादो । एत्थ संदिट्ठीए मोहणीयसव्वदव्वमेत्तियमिदि घेत्तव्वं ४० । तदद्धमेत्तं कसायदव्वमेदं २० । णोकसायदव्वं पि एत्तियं चेव होइ २० । पुणो एदस्स पंचभागमेत्तो पुरिसवेदुक्कस्ससंकमो एत्तिओ होइ ४ । एदं छग्गुणं करिय चउब्भागाहिए कदे कोहसंजलणदव्वमेत्तियं होइ २५ ।

❀ माणसंजलणे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

§ २२३. केत्तियमेत्तेण ? पंचमभागमेत्तेण । तस्स संदिट्ठी ३० ।

---

* उससे जुगुप्साका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

§ २१९. क्योंकि यह ध्रुवबन्धिनी प्रकृति है ।

* उससे भयका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

§ २२०. यह सूत्र सुगम है, क्योंकि यह प्रकृतिविशेषमात्र कारणसे सम्बन्ध रखता है ।

* उससे पुरुषवेदका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

§ २२१. क्योंकि दोनों ध्रुवबन्धी होनेसे इनका स्वामी समान विषयसे सम्बन्ध रखता है तो भी प्रकृति विशेषका आश्रय कर पूर्व प्रकृतिसे इसके विशेष अधिकके सिद्ध होनेमें कोई विरोध नहीं आता ।

* उससे क्रोध संज्वलनका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम संख्यातगुणा है ।

§ २२२. गुणकार क्या है ? एकका चतुर्थभाग अधिक छहरूप गुणाकार है, क्योंकि कषायके चतुर्थभागके साथ नोकषायोंका समस्त भाग क्रोधसंज्वलनरूप से परिणत होता हुआ उपलब्ध होता है । यहाँ पर संदृष्टिके लिये मोहनीयका समस्त द्रव्य ४० ग्रहण करना चाहिए । उसका अर्धमात्र कषायका द्रव्य इतना है २० । नोकषायोंका द्रव्य भी इतना ही होता है २० । पुनः इसका पाँचवाँ भागमात्र पुरुषवेदका उत्कृष्ट संक्रम इतना होता है ४ । इसे छहसे गुणा करके उसमें इसका चतुर्थभाग अधिक करने पर क्रोधसंज्वलनका द्रव्य इतना होता है २५ ।

* उससे मानसंज्वलनका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

§ २२३. कितना अधिक है ? पाँचवाँ भागमात्र अधिक है । उसकी संदृष्टि ३० है ।

* मायासंजलणे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

§ २२४. केत्तियमेत्तेण ? छब्भागमेत्तेण । तस्स संदिट्ठी २५ ।

एवमोघेण अप्पाबहुअं समत्तं ।

§ २२५. एत्तो आदेसणिद्देसअप्पाबहुअपरूवणट्ठमुत्तरसुत्तपबंधमाह—

* णिरयगईए सव्वत्थोवो सम्मत्ते उक्कस्सपदेससंकमो ।

§ २२६. कुदो ? मिच्छत्तादो गुणसंकमेण पडिच्छिददव्वमधापवत्तभागहारेण खंडिदेय-खंडपमाणत्तादो ।

* सम्मामिच्छत्ते उक्कस्सपदेससंकमो असंखेज्जगुणो ।

§ २२७. कुदो ? दोण्हमेयविसयत्ताविसेसे वि सम्मत्तमूलदव्वादो सम्मा-मिच्छत्तमूलदव्वस्सासंखेज्जगुणत्तमस्सिऊण तहाभावसिद्धीदो ।

* अपच्चक्खाणमाणे उक्कस्सपदेससंकमो असंखेज्जगुणो ।

§ २२८. दोण्हमधापवत्तसंकमविसयत्ते वि दव्वगयविसेसोवलंभादो । तं कथं ? मिच्छत्तदव्वं गुणसंकमभागहारेण खंडिदेयखंडमेत्तं सम्मामिच्छत्तदव्वं अधापवत्तभागहार पडिभागेण संकमदि । अपच्चक्खाणमाणदव्वं पुण मिच्छत्तादो पयडिविसेसहीणं होदूणा-धापवत्तसंकमेण उक्कस्सं जादमेदेण कारणेण तत्तो एदस्सासंखेज्जगुणत्तं सिद्धं ।

---

* उससे मायासंज्वलनका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

§ २२४. कितना अधिक है ? छठवाँ भागमात्र अधिक है । इसकी संदृष्टि २५ है ।

इस प्रकार ओघ अल्पबहुत्व समाप्त हुआ ।

§ २२५. आगे आदेश अल्पबहुत्वका कथन करनेके लिए आगेके सूत्र प्रबन्धको कहते हैं—

* नरकगतिमें सम्यक्त्वका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम सबसे स्तोक है ।

§ २२६. क्योंकि मिथ्यात्वके द्रव्यमें से गुणसंक्रमके द्वारा संक्रमित हुए द्रव्यको अधःप्रवृत्त-भागहारसे भाजित करके जो एक भाग लब्ध आवे तत्प्रमाण सम्यक्त्वका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम है ।

* उससे सम्यग्मिथ्यात्वका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम असंख्यातगुणा है ।

§ २२७. क्योंकि दोनोंका यद्यपि एक विषयको अवलम्बन करनेवाला है तो भी सम्यक्त्व के मूलद्रव्यसे सम्यग्मिथ्यात्वका मूल द्रव्य असंख्यात गुणा है, इसलिए उस प्रकारकी सिद्धि होती है ।

* उससे अप्रत्याख्यानमानका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम असंख्यातगुणा है ।

§ २२८. क्योंकि ये दोनों अधःप्रवृत्तसंक्रमको विषय करते हैं तो भी द्रव्यगत विशेषता उपलब्ध होती है ।

शंका—यह कैसे ?

समाधान—मिथ्यात्वके द्रव्यको गुणसंक्रम भागहारके द्वारा भाजित करके जो एक भाग लब्ध आवे उतना सम्यग्मिथ्यात्वका द्रव्य है जो अधःप्रवृत्तभागहारके प्रतिभागरूपसे संक्रमित होता है । परन्तु अप्रत्याख्यान मानका द्रव्य मिथ्यात्वसे प्रकृति विशेष रूपसे हीन होकर अधःप्रवृत्तसंक्रमके द्वारा उत्कृष्ट हुआ है । इस कारणसे उससे यह असंख्यात गुणा सिद्ध होता है ।

❀ कोधे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ मायाए उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ लोहे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ पच्चक्खाणमाणे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ कोहे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ मायाए उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ लोहे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

§ २२९. एत्थ सव्वत्थ पयडिविसेसमेत्तमेव विसेसाहियत्तकारणमणुगंतव्वं ।

❀ मिच्छत्ते उक्कस्सपदेससंकमो असंखेज्जगुणो ।

§ २३०. किं कारणं ? अधापवत्तसंकमादो पुव्विल्लादो गुणसंकमदव्वस्सेदस्सासंखेज्जगुणत्ते विसंवादाणुवलंभादो ।

❀ अणंताणुबंधिमाणे उक्कस्सपदेससंकमो असंखेज्जगुणो ।

§ २३१. केण कारणेण ? सव्वसंकमेण पडिलद्धुक्कस्स भावत्तादो ।

❀ कोधे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ मायाए उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

---

* उससे अप्रत्याख्यान क्रोधका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे अप्रत्याख्यानमायाका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे अप्रत्याख्यानलोभका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे प्रत्याख्यानमानका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे प्रत्याख्यानक्रोधका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे प्रत्याख्यानमायाका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे प्रत्याख्यानलोभका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

§ २२९. यहाँ सर्वत्र प्रकृति विशेषमात्र ही विशेष अधिकपनेका कारण जानना चाहिए ।

* उससे मिथ्यात्वमें उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम असंख्यातगुणा है ।

§ २३०. क्योंकि पहलेके अधःप्रवृत्तसंक्रमसे इस गुणसंक्रमद्रव्यके असंख्यातगुणे होनेमें विसंवाद नहीं पाया जाता ।

* उससे अनन्तानुबन्धीमानका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम असंख्यातगुणा है ।

§ २३१. क्योंकि सर्वसंक्रमके द्वारा इसका उत्कृष्ट द्रव्य प्राप्त हुआ है ।

* उससे अनन्तानुबन्धीक्रोधका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे अनन्तानुबन्धीमायाका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

❀ लोभे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

§ २३२. एदाणि सुत्ताणि सुगमाणि ।

❀ हस्से उक्कस्सपदेससंकमो अणंतगुणो ।

§ २३३. कुदो ? सव्वघादिपदेसग्गं पेक्खिऊण देसघादिपदेसग्गस्साणंतगुणत्ते संदेहाभावादो ।

❀ रदीए उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

§ २३४. पयडिविसेसेण ।

❀ इत्थिवेदे उक्कस्सपदेससंकमो संखेज्जगुणो ।

❀ सोगे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ अरदीए उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ णवुंसयवेदे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ दुगुंछाए उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ भए उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ पुरिसवेदे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

§ २३५. एत्थ सव्वत्थ ओघाणुसारेण कारणमणुगंतव्वं ।

---

* उससे अनन्तानुबन्धीलोभका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

§ २३२. ये सूत्र सुगम हैं ।

* उससे हास्यका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम अनन्तगुणा है ।

§ २३३. क्योंकि सर्वघाति द्रव्यको देखते हुए देशघाति द्रव्यके अनन्तगुणे होनेमें सन्देह नहीं है ।

* उससे रतिका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

§ २३४. क्योंकि यह प्रकृति विशेष है ।

* उससे स्त्रीवेदका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम संख्यातगुणा है ।

* उससे शोकका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे अरतिका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे नपुंसकवेदका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे जुगुप्साका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे भयका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे पुरुषवेदका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

§ २३५. यहाँ पर सर्वत्र ओघके अनुसार कारण जानना चाहिए ।

❀ माणसंजलणे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

§ २३६. केत्तियमेत्तो विसेसो ? पुरिसवेदद्व्वस्स सादिरेयचउब्भागमेत्तो ।

❀ कोहसंजलणे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ मायासंजलणे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ लोहसंजलणे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

§ २३७. एदाणि सुत्ताणि पयडिविसेसमेत्तकारणपडिबद्धाणि सुबोहाणि । एवं णिरयोघो परूविदो । एवं चेव सत्तसु पुढवीसु; विसेसाभावादो ।

❀ एवं सेसासु गदीसु णेदव्वं ।

§ २३८. एदेण सुत्तेण सेसगदीणमप्पाबहुअं सूचिदं । तं जहा—तिरिक्खपंचिंदिय-तिरिक्खतिय देवा भवणादि जाव णवगेवज्जा त्ति णिरयोघो । अणुदिसाणुत्तरदेवेसु एवं चेव । णवरि सम्मत्तसंकमो णत्थि; इत्थि-णवुंसयवेदाणं पि तत्थ विज्झादसंकमो चेवेत्ति विसेसमव-हारिऊणप्पाबहुअमणुगंतव्वं । मणुसतिए ओघभंगो । पंचि०तिरिक्ख-अपज्ज०-मणुस-अपज्जत्तएसु पुरदो भण्णमाणेइंदियप्पाबहुअभंगो ।

---

* उससे मानसंज्वलनका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

§ २३६. विशेषका प्रमाण कितना है ? पुरुषवेदके द्रव्यका साधिक चतुर्थ भागमात्र विशेषका प्रमाण है ।

* उससे क्रोधसंज्वलनका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे मायासंज्वलनका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे लोभसंज्वलनका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

§ २३७. ये सूत्र प्रकृतिविशेषमात्र कारणसे प्रतिबद्ध हैं, इसलिए सुगम हैं । इस प्रकार सामान्यसे नारकियोंमें उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम अल्पबहुत्वका कथन किया । इसी प्रकार सातों पृथिवियोंमें जानना चाहिए, क्योंकि उससे यहाँ पर अन्य कोई विशेषता नहीं है ।

* इसी प्रकार शेष गतियोंमें ले जाना चाहिए ।

§ २३८. इस सूत्र द्वारा शेष गतियोंमें अल्पबहुत्वका सूचन किया है । यथा—सामान्य तिर्यञ्च, पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिक, सामान्यदेव और भवनवासियोंसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें सामान्य नारकियोंके समान भङ्ग है । अनुदिश और अनुत्तर देवोंमें इसी प्रकार जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनमें सम्यक्त्वका संक्रम नहीं है । तथा वहाँ पर स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका भी विध्यातसंक्रम ही है । इस प्रकार इस विशेषताको जानकर अल्पबहुत्व समझ लेना चाहिए । मनुष्यत्रिकमें ओघके समान भङ्ग है । पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें आगे कहे जाने वाले एकेन्द्रिय सम्बन्धी अल्पबहुत्वके समान भङ्ग है ।

§ २३९. संपहि सेसमग्गणाणं देसामासयभावेणिंदियमग्गणावयवभूदेइंदिएसु पयदप्पाबहुअपरूवणट्ठमुत्तरसुत्तपबंधमाढवेइ ।

❀ तदो एइंदिएसु सव्वत्थोवो सम्मत्ते उक्कस्सपदेससंकमो ।

§ २४०. तदो गइमग्गणप्पाबहुअविहासणादो अणंतरमेइंदिएसु अप्पाबहुअगवेसणे कीरमाणे तत्थ सव्वत्थोवो सम्मत्ते उक्कस्सपदेससंकमो त्ति सुत्तत्थो होइ ।

❀ सम्मामिच्छत्तस्स उक्कस्सपदेससंकमो असंखेज्जगुणो ।

§ २४१. कुदो ? दोण्हमेदेसिं अधापवत्तेण सामित्तपडिलंभाविसेसे वि दव्वविसेसमस्सिऊण तत्तो एदस्सासंखेज्जगुणब्भहियत्तेणावट्ठाणदंसणादो ।

❀ अपच्चक्खाणमाणे उक्कस्सपदेससंकमो असंखेज्जगुणो ।

§ २४२. एत्थ कारणपरूवणाए णिरयभंगो ।

❀ कोहे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ मायाए उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ लोहे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ पच्चक्खाणमाणे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ कोहे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

---

§ २३९. अब शेष मार्गणाओंके देशामर्षकभावसे इन्द्रियमार्गणाके अवयवभूत एकेन्द्रियोंमें प्रकृत अल्पबहुत्वका कथन करनेके लिए आगेके सूत्रप्रबन्धका आलोडन करते हैं—

* इसके बाद एकेन्द्रियोंमें सम्यक्त्वका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम सबसे स्तोक है ।

§ २४०. इसके बाद अर्थात् गतिमार्गणामें अल्पबहुत्वका व्याख्यान करनेके बाद एकेन्द्रियोंमें अल्पबहुत्वकी गवेषणा करने पर वहाँ सम्यक्त्वका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम सबसे स्तोक है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

* उससे सम्यग्मिथ्यात्वका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम असंख्यातगुणा है ।

§ २४१. क्योंकि इन दोनोंके अधःप्रवृत्तसंक्रमके द्वारा स्वामित्वके प्राप्त करनेमें विशेषता न होने पर भी द्रव्यविशेषकी अपेक्षा उससे इसका असंख्यातगुणे अधिकरूपसे अवस्थान देखा जाता है ।

* उससे अप्रत्याख्यानमानका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम असंख्यातगुणा है ।

§ २४२. यहाँ पर कारणका कथन करनेमें नारकियोंके समान कारण जानना चाहिए ।

* उससे अप्रत्याख्यानक्रोधका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे अप्रत्याख्यानमायाका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे अप्रत्याख्यानलोभका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे प्रत्याख्यानमानका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

* उससे प्रत्याख्यानक्रोधका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

❀ मायाए उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ लोभे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ अणंताणुबंधिमाणे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ कोहे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ मायाए उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ लोभे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ हस्से उक्कस्सपदेससंकमो अणंतगुणो ।

❀ रदीए उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ इत्थिवेदे उक्कस्सपदेससंकमो संखेज्जगुणो ।

❀ सोगे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ अरदीए उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ णवुंसयवेदे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ दुगुंछाए उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ भए उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

❀ पुरिसवेदे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ ।

---

* उससे प्रत्याख्यानमायाका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।
* उससे प्रत्याख्यानलोभका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।
* उससे अनन्तानुबन्धीमानका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।
* उ.से अनन्तानुबन्धीक्रोधका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।
* उससे अनन्तानुबन्धीमायाका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।
* उससे अनन्तानुबन्धीलोभका उत्कृष्ट प्रदेससंक्रम विशेष अधिक है ।
* उससे हास्यका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम अनन्तगुणा है ।
* उससे रतिका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।
* उससे स्त्रीवेदका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।
* उससे शोकका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।
* उससे अरतिका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।
* उससे नपुंसकवेदका उत्कृष्ट प्रदेससंक्रम विशेष अधिक है ।
* उससे जुगुप्साका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।
* उससे भयका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।
* उससे पुरुषवेदको उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है ।

❀ माणसंजलणे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ।

❀ कोहसंजलणे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ।

❀ मायासंजलणे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ।

❀ लोभसंजलणे उक्कस्सपदेससंकमो विसेसाहिओ।

§ २४३. एदाणि सुत्ताणि सुगमाणि। एवं जाव० तदो उक्कस्सपदेसप्पाबहुअं समत्तं।

❀ एत्तो जहण्णपदेससंकमदंडओ।

§ २४४. एत्तो उवरि जहण्णपदेससंकमपडिबद्धप्पाबहुअदंडओ कायव्वो त्ति अहियारसंभालणवक्कमेदं।

❀ सव्वत्थोवो सम्मत्ते जहण्णपदेससंकमो।

§ २४५. सम्मामिच्छत्तादिसेससव्वपयडीणं जहण्णपदेससंकमादितो सम्मत्तजहण्णपदेससंकमो थोवयरो त्ति सुत्तत्थो।

❀ सम्मामिच्छत्ते जहण्णपदेससंकमो असंखेज्जगुणो।

§ २४६. कुदो ? दोण्हमेदेसि सामित्तभेदाभावे वि सम्मत्तमूलदव्वादो सम्मामिच्छत्तमूलदव्वस्सासंखेज्जगुणकमेणावट्ठाणदंसणादो। सम्मत्ते उव्वेल्लिदे जो सम्मामिच्छत्तुव्वेल्लणकालो तस्स एयगुणहाणीए असंखेज्जदिभागपमाणत्तब्भुवगमादो च।

---

* उससे मानसंज्वलनका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है।

* उससे क्रोधसंज्वलनका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है।

* उससे मायासंज्वलनका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है।

* उससे लोभसंज्वलनका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम विशेष अधिक है।

§ २४३. ये सूत्र सुगम हैं। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए। इस प्रकार उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम अल्पबहुत्व समाप्त हुआ।

* इससे आगे जघन्य प्रदेशसंक्रम दण्डकका अधिकार है।

§ २४४. इससे आगे जघन्य प्रदेशसंक्रमसे सम्बन्ध रखनेवाला अल्पबहुत्वदण्डक करना चाहिए। इस प्रकार अधिकारकी सम्हाल करनेवाला यह सूत्र वचन है।

* सम्यक्त्वका जघन्य प्रदेशसंक्रम सबसे स्तोक है।

§ २४५. सम्यग्मिथ्यात्व आदि शेष सब प्रकृतियोंके जघन्य प्रदेशसंक्रमसे सम्यक्त्वका जघन्य प्रदेश संक्रम स्तोक है यह इस सूत्रका अर्थ है।

* उससे सम्यग्मिथ्यात्वका जघन्य प्रदेशसंक्रम असंख्यातगुणा है।

§ २४६. क्योंकि इन दोनोंके स्वामित्वमें भेद नहीं होने पर भी सम्यक्त्वके मूल द्रव्यसे सम्यग्मिथ्यात्वके मूलद्रव्यका असंख्यातगुणित क्रमसे अवस्थान देखा जाता है। तथा सम्यक्त्वकी उद्वेलना होने पर जो सम्यग्मिथ्यात्वका उद्वेलनाकाल रहता है उसकी एक गुणहानि असंख्यातवें भागप्रमाण स्वीकार की गई है। अर्थात् वह काल एक गुणहानिके असंख्यातवें भागप्रमाण है।

❀ अणंताणुबंधिमाणे जहण्णपदेससंकमो असंखेज्जगुणो ।

§ ३२९. यह सूत्र सुगम है ।

※ उद्वेलना करते हुए अन्तिम स्थितिकाण्डकमें सर्वत्र ही सम्यग्मिथ्यात्वका भुजगारसंक्रामक है ।

§ ३३०. कुदो ? तत्थ गुणसंकमणियमदंसणादो ।

ॐ खवगस्स वा जाव गुणसंकमेण संछुहदि सम्मामिच्छत्तं ताव भुजगारसंकामगो ।

§ ३३१. कुदो ? दंसणमोहक्खवयापुव्वकरणपढमसमयप्पहुडि जाव सव्वसंकमो त्ति ताव सम्मामिच्छत्तस्स गुणसंकमसंभववसेण तत्थ भुजगारसिद्धीए विसंवादाभावादो ।

ॐ पढमसम्मत्तमुप्पादयमाणयस्स वा तदियसमयप्पहुडि जाव विज्झादसंकमपढमसमयादो त्ति ।

§ ३३२. णिस्संतकम्मिय मिच्छाइट्ठिणा पढमसम्मत्ते उप्पादिदे पढमसमयम्मि सम्मामिच्छत्तस्स संतं होदूण विदियसमए अवत्तव्वसंकमो होइ । पुणो तदियादिसमएसु गुणसंकमवसेण भुजगारसंकमो होदूण गच्छदि जाव विज्झादसंकमपारंभपढमसमयो त्ति । एदं णिस्संतकम्मिय मिच्छाइट्ठि पडुच्च वुत्तं । संतकम्मिय मिच्छाइट्ठिणा पुण उवसमसम्मत्ते समुप्पाइदे तप्पढमसमयप्पहुडि जाव गुणसंकमचरिमसमयो त्ति ताव भुजगारसंकमसामित्तम विरुद्धं दट्ठव्वं; उव्वेल्लणसंकमादो गुणसंकमपारंभसमए चेव भुजगारसंभवं पडि विरोहाभावादो । एवमेसो सम्मामिच्छत्तस्स भुजगारसंकमसामित्तविसयो तीहि पयारेहि णिद्दिट्ठो । जदो एदं देसामासियं तदो सम्माइट्ठिणा मिच्छत्ते पडिवण्णे तप्पढमसमयम्मि

---

§ ३३०. क्योंकि वहाँ पर गुणसंक्रमका नियम देखा जाता है ।

* अथवा क्षपकके जब तक गुणसंक्रमके द्वारा सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रमण होता है तब तक वह उसका भुजगारसंक्रामक है ।

§ ३३१. क्योंकि दर्शनमोहनीयके क्षपकके अपूर्वकरणके पहले समयसे लेकर सर्वसंक्रम होने तक सम्यग्मिथ्यात्वका गुणसंक्रम सम्भव होनेसे वहाँ भुजगारकी सिद्धिमें कोई विसंवाद नहीं है ।

* अथवा प्रथम सम्यक्त्वको उत्पन्न कर तीसरे समयसे लेकर विध्यातसंक्रमके प्रथम समयके प्राप्त होने तक सम्यग्मिथ्यात्वका भुजगारसंक्रामक है ।

§ ३३२. सम्यग्मिथ्यात्वकी सत्तासे रहित मिथ्यादृष्टि जीवके द्वारा प्रथम सम्यक्त्वको उत्पन्न करने पर प्रथम समयमें सम्यग्मिथ्यात्वका सत्त्व होकर दूसरे समयमें अवक्तव्यसंक्रम होता है । पुनः तृतीय आदि समयोंमें गुणसंक्रमवश भुजगारसंक्रम होकर विध्यातसंक्रमके प्रारम्भके प्रथम समयके प्राप्त होने तक जाता है । यह सम्यग्मिथ्यात्वकी सत्तासे रहित मिथ्यादृष्टिकी अपेक्षा कथन किया है । सत्कर्म मिथ्यादृष्टि के द्वारा तो उपशमसम्यक्त्व उत्पन्न करने पर उसके पहले समयसे लेकर गुणसंक्रमके अन्तिम समय तक भुजगारसंक्रमका स्वामित्व निर्विरोध जानना चाहिए, क्योंकि उद्वेलनासंक्रमके बाद गुणसंक्रमके प्रारम्भ होनेके समयमें ही भुजगार सम्भव होनेके प्रति कोई विरोध नहीं आता । इस प्रकार सम्यग्मिथ्यात्वका भुजगारसंक्रमविषयक यह निर्देश तीन प्रकारसे कहा है । यतः यह देशामर्षक है अतः सम्यग्दृष्टि जीवके मिथ्यात्वको प्राप्त होने पर उसके प्रथम

अधापवत्तसंकमेण भुजगारसंकमो होइ तहा उव्वेल्लमाण मिच्छाइट्ठिणा वेदयसम्मत्ते गहिदे तस्स पढमसमए वि विज्झादसंकमेण भुजगारसंकमसंभवो वत्तव्वो।

*** तव्वदिरित्तो जो संकामगो सो अप्पदरसंकामगो वा अवत्त-संकामगो वा।**

§ ३३३. पुव्वुत्त भुजगारसंकामणादो अण्णो जो संकामगो सो जहासंभवमप्पयर-संकामगो वा अवत्तव्वसंकामगो वा होइ; तत्थ पयारंतरासंभवादो।

*** सोलसकसायाणं भुजगारसंकामगो अप्पदरसंकामगो अवट्ठिद-संकामगो अवत्तव्वसंकामगो को होदि?**

§ ३३४. सुगममेदं पुच्छावक्कं।

*** अण्णदरो।**

§ ३३५. अणंताणुबंधीणं ताव भुजगारसंकामगो अण्णदरो मिच्छाइट्ठी सम्माइट्ठी वा होइ, मिच्छाइट्ठिम्मि णिरंतरबंधीणं तेसिं तदविरोहादो। सम्माइट्ठिम्मि वि गुणसंकमपरिण-दम्मि सम्मत्तग्गहणपढमावलियाए वा विदियादिसमएसु तदुवलद्धीदो। अप्पयरसंकामगो वि अण्णयरो मिच्छाइट्ठी सम्माइट्ठी वा होइ; उहयत्थ वि अप्पयरसंभवे विरोहाणुवलंभादो। तहा अवट्ठिदसंकामगो वि अण्णदरो मिच्छाइट्ठी सासणसम्माइट्ठी वा होइ; तत्तो अण्णत्थ तदणुवलंभादो। मिच्छाइट्ठिस्स सम्मत्त-

---

समयमें अधःप्रवृत्तसंक्रमके द्वारा भुजगारसंक्रम होता है। उसी प्रकार उद्वेलना करनेवाले मिथ्या-दृष्टिके वेदक सम्यक्त्वको प्राप्त होने पर उसके प्रथम समयमें भी विध्यातसंक्रमके द्वारा भुजगारसंक्रम सम्भव है ऐसा कहना चाहिए।

*** उससे भिन्न जो संक्रामक है वह या तो अल्पतर संक्रामक है या अवक्तव्य संक्रामक है।**

§ ३३३. पूर्वोक्त भुजगारसंक्रामकसे अन्य जो संक्रामक है वह यथासम्भव या तो अल्पतर संक्रामक है या अवक्तव्यसंक्रामक है, क्योंकि वहाँ अन्य प्रकार सम्भव नहीं है।

*** सोलह कषायोंका भुजगारसंक्रामक, अल्पतरसंक्रामक, अवस्थितसंक्रामक और अवक्तव्यसंक्रामक कौन है?**

§ ३३४. यह पृच्छासूत्र सुगम है।

*** अन्यतर जीव है।**

§ ३३५. अनन्तानुबन्धियोंका तो भुजगारसंक्रामक अन्यतर मिथ्यादृष्टि या सम्यग्दृष्टि जीव है, क्योंकि मिथ्यादृष्टि जीवके निरन्तर बँधनेवाली उक्त प्रकृतियोंका भुजगारसंक्रम होनेमें कोई विरोध नहीं आता। सम्यग्दृष्टि जीवके भी गुणसंक्रम रूपसे परिणत होने पर या सम्यक्त्वको ग्रहण करने की प्रथम आवलिके द्वितीयादि समयोंमें भुजगारसंक्रमकी उपलब्धि होती है। इनका अल्पतरसंक्रामक भी अन्यतर मिथ्यादृष्टि या सम्यग्दृष्टि जीव है, क्योंकि दोनों ही स्थलोंमें अल्पतरसंक्रमके होनेमें कोई विरोध नहीं पाया जाता। तथा अवस्थित संक्रामक भी मिथ्यादृष्टि या सासादन सम्यग्दृष्टि जीव है, क्योंकि इन दो स्थानोंके सिवा अन्यत्र उसकी उपलब्धि नहीं होती।

भुवगयस्स पढमावलियाए आयव्वयाणं सरिसत्तावलंबणेण मिच्छत्तस्सेव तेसिमवट्ठाणसंभवो किण्ण होइ ? ण, तत्थ मिच्छाइट्ठि चरिमावलियाए पडिच्छिददव्ववसेण भुजगारसंकमं मोत्तूणावट्ठाणासंभवादो। संपहि अणंताणुबंधीणमवत्तव्वसंकामगो अण्णदरो त्ति वुत्ते विसंजोयणापुव्वसंजोगपढमसमयणवकबंधमावलियादिक्कंतं संकामेमाणयस्स मिच्छाइट्ठिस्स सासणसम्माइट्ठिस्स वा गहणं कायव्वं। एवं चेव सेसकसायाणं पि भुजगारादिपदाणमण्णदरसामित्ताहिसंबंधो अणुगंतव्वो। णवरि तेसिमवत्तव्वसंकामगो अण्णदरो सव्वोवसामणापडिवादपढमसमए वट्टमाणगो सम्माइट्ठी चेव होइ णाण्णो त्ति वत्तव्वं। अण्णदरणिद्देसेण वि ओगाहणादि विसेसपडिसेहो दट्ठव्वो।

❀ एवं पुरिसवेद-भय-दुगुंछाणं।

§ ३३६. कुदो ? भुजगारादिपदाणमण्णदरसामित्तं पडि पुव्विल्लसामित्तादो विसेसाभावादो। पुरिसवेदावट्ठिदसंकमसामित्तगओ को वि विसेससंभवो अत्थि त्ति तण्णिद्देसकरणट्ठमुत्तरं सुत्तमाह।

❀ णवरि पुरिसवेद-अवट्ठिदसंकामगो णियमा सम्माइट्ठी।

३३७. कुदो ? सम्माइट्ठीदो अण्णत्थ पुरिसवेदस्स णिरंतरबंधित्ताभावादो। ण च

शंका—जो मिथ्यादृष्टि जीव सम्यक्त्वको प्राप्त होता है उसकी प्रथम आवलिमें आय और व्ययकी समानताका अवलम्बन करनेसे मिथ्यात्वके समान अनन्तानुबन्धियोंका अवस्थान क्यों सम्भव नहीं है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि सम्यग्दृष्टिकी प्रथम आवलिमें मिथ्यादृष्टिकी अन्तिम आवलिके द्रव्यके संक्रमित होनेके कारण वहाँ भुजगारसंक्रमको छोड़कर अवस्थानसंक्रम सम्भव नहीं है।

अब अनन्तानुबन्धियोंका अवक्तव्यसंक्रामक जीव अन्यतर होता है ऐसा कहने पर विसंयोजना पूर्वक संयोगके प्रथम समयमें हुए नवकबन्धको बन्धावलिके बाद संक्रमण करनेवाले मिथ्यादृष्टि या सासादन सम्यग्दृष्टिका ग्रहण करना चाहिए। इसी प्रकार शेष कषायोंके भी भुजगारादिपदोंका अन्यतर जीव स्वामी है इसका सम्बन्ध समझ लेना चाहिए। इतनी विशेषता है इनका अवक्तव्यसंक्रामक अन्यतर सर्वोपशामनासे गिरनेके प्रथम समयमें विद्यमान सम्यग्दृष्टि जीव ही होता है, अन्य जीव नहीं ऐसा यहाँ पर कथन करना चाहिए। सूत्रमें अन्यतर पदका निर्देश करनेसे अवगाहना आदि विशेषका निषेध जान लेना चाहिए।

*** इसी प्रकार पुरुषवेद, भय और जुगुप्साका स्वामित्व जानना चाहिए।**

§ ३३६. क्योंकि भुजगार आदि पदोंके अन्यतर जीवके स्वामी होनेकी अपेक्षा पहले कहे गये स्वामित्वसे इसमें कोई विशेषता नहीं है। मात्र पुरुषवेदके अवस्थित संक्रमके स्वामित्वमें कुछ विशेषता सम्भव है, इसलिए उसका निर्देश करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** इतनी विशेषता है कि पुरुषवेदका अवस्थित संक्रामक नियमसे सम्यग्दृष्टि जीव है।**

§ ३३७. क्योंकि सम्यग्दृष्टिके सिवा अन्यत्र पुरुषवेदका निरन्तर बन्ध नहीं होता। और

णिरंतरबंधेण विणा अवट्ठिदसंकमसामित्तविहाणसंभवो विरोहादो।

❀ इत्थि-णवुंसयवेद-हस्स-रइ-अरइ-सोगाणं भुजगार-अप्पदर-अवत्तव्व संकमो कस्स ?

§ ३३८. सुगमं।

❀ अण्णदरस्स।

§ ३३९. एत्थण्णदरणिद्देसेण मिच्छाइट्ठि-सम्माइट्ठीणं गहणं कायव्वं; भुजगारप्पदर-सामित्ताणमुहयत्थ वि संभवे विरोहाभावादो। तं जहा—मिच्छाइट्ठिम्मि ताव अप्पप्पणो बंधगद्धामेत्तकालं भुजगारसंकमो होइ; तत्थागमादो णिज्जराए थोवभावोवलंभादो। तं कथं ? इत्थिवेद-हस्सरदीणं तक्कालबंधावलियादिक्कंतणवकबंधो संपुण्णसमयपबद्धमेत्तो णिज्जरा-गोवुच्छावुण समयपबद्धस्स संखेज्जभागमेत्ती चेव बंधगद्धाणुसारेण सव्वत्थ संचयसिद्धीदो। णवुंसयवेदारइसोगाणं पि णवकबंधागमादो तक्कालभाविगोवुच्छणिज्जरा संखेज्जभाग-हीणा। एदस्स कारणं बंधगद्धाणुसरणेण वत्तव्वं। एवं च संते भुजगारसंकमसामित्तमेत्था-विरुद्धं सिद्धं। बंधविच्छेदकाले पुण अप्पयरसंकमो चेव होइ; तत्थागमाभावेणेयं त

निरन्तर बन्धके विना अवस्थित संक्रमके स्वामित्वका विधान करना सम्भव नहीं है, क्योंकि उसमें विरोध आता है।

*** स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, हास्य, रति, अरति और शोकका भुजगार, अल्पतर और अवक्तव्यसंक्रम किसके होता है ?**

§ ३३८. यह सूत्र सुगम है।

*** अन्यतर जीवके होता है।**

§ ३३९. यहाँ पर अन्यतर पदका निर्देश करनेसे मिथ्यादृष्टि और सम्यग्दृष्टि जीवोंका ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि भुजगार और अल्पतर संक्रमका स्वामित्व उभयत्र ही सम्भव होनेमें कोई विरोध नहीं आता। यथा—मिथ्यादृष्टिके तो अपने-अपने बन्धककालप्रमाण काल तक भुजगार संक्रम होता है, क्योंकि वहाँ पर आयसे निर्जरा स्तोक उपलब्ध होती है।

शंका—वह कैसे ?

समाधान—क्योंकि स्त्रीवेद, हास्य और रतिका बन्धावलिके बाद तात्कालिक जो नवकबन्ध है वह सम्पूर्ण समयप्रबद्धप्रमाण है। परन्तु निर्जरासम्बन्धी गोपुच्छा समयप्रबद्धके असंख्यातवें भाग-प्रमाण ही है, क्योंकि बन्धककालके अनुसार सर्वत्र सञ्चयकी सिद्धि होती है। नपुंसकवेद, अरति और शोकके नवकबन्धके आयसे तत्कालभावी गोपुच्छाकी निर्जरा संख्यातवें भागहीन है। इसका कारण बन्धककालके अनुसार कहना चाहिए और ऐसा होने पर भुजगारसंक्रमका स्वामित्व यहाँ पर अविरोध रूपसे सिद्ध होता है। बन्धविच्छेदके कालमें तो अल्पतरसंक्रम ही होता है, क्योंकि

णिज्जरा-परिणदाणमेदेसिं तदविरोहादो। एवं चेव सम्माइट्ठिम्हि वि तदुभयसामित्ताविरोहो दट्ठव्वो। णवरि इत्थि-णवुंसयवेदाणं सम्माइट्ठिम्मि बंधविरहियाणमप्पयरसंकमो चेवेत्ति गुणसंकमविसए तेसिं भुजगारसामित्तमवहारेयव्वं। सव्वेसिमवत्तव्वसंकमो सव्वोवसामणा-पडिवादपढमसमए दट्ठव्वो।

एवमोघेण सामित्ताणुगमो समत्तो।

§ ३४०. आदेसेण णेरइय०-मिच्छ० भुज० अप्प० अवट्ठि० संक० कस्स? अण्णद० सम्माइट्ठि०। अवत्त० संक० कस्स? अण्णद० सम्माइट्ठिस्स पढमसमयसंका-मयस्स सम्म० भुज० अप्प० संक० कस्स? अण्णद० मिच्छाइट्ठि० अवत्त० संक० कस्स? अण्णद० पढमसमयसंका० मिच्छाइट्ठि० सम्मामि० भुज० अप्प० संक० कस्स? अण्णद० सम्माइट्ठि० मिच्छाइट्ठि वा। एवमवत्त० अणंताणु०चउक्क० भुज० अप्प० संक० कस्स? अण्णद० सम्माइट्ठि० मिच्छाइट्ठिस्स वा। अवट्ठि० संक० कस्स? अण्णद० मिच्छाइट्ठि०। अवत्त० संक० कस्स? अण्णद० मिच्छादिट्ठि० पढमसमयसंका० बारसक०-भय-दुगुंछा० ओघं। णवरि अवत्त० णत्थि। पुरिसवे० भुज० अप्प० संक० कस्स? अण्णद० सम्माइट्ठि० मिच्छाइट्ठिस्स वा। अवट्ठि० संक० कस्स? अण्णद० सम्माइट्ठी। इत्थीवे० णवुंस० भुज०

यहाँ पर आयका अभाव हो जानेसे एकान्तसे निर्जरारूपसे परिणत हुए इन कर्मोंके अल्पतरसंक्रमके होनेमें कोई विरोध नहीं आता। इसी प्रकार सम्यग्दृष्टि जीवके भी इन दोनोंके स्वामित्वका अविरोध जान लेना चाहिए। इतनी विशेषता है कि स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका सम्यग्दृष्टिके बन्ध नहीं होता इसलिए वहाँ इनका अल्पतरसंक्रम ही है। तथा गुणसंक्रमके समय उनके भुजगारसंक्रमका स्वामित्व जानना चाहिए। सबका अवक्तव्यसंक्रम सर्वोपशामनासे गिरनेके प्रथम समयमें जानना चाहिए।

इस प्रकार ओघसे स्वामित्वानुगम समाप्त हुआ

§ ३४०. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्वका भुजगार, अल्पतर और अवस्थितसंक्रम किसके होता है? अन्यतर सम्यग्दृष्टिके होता है। अवक्तव्यसंक्रम होता है? प्रथम समयमें संक्रमण करनेवाले अन्यतर सम्यग्दृष्टिके होता है। सम्यक्त्वका भुजगार और अल्पतर संक्रम किसके होता है? अन्यतर मिथ्यादृष्टिके होता है। अवक्तव्यसंक्रम किसके होता है? प्रथम समयमें संक्रमण करनेवाले अन्यतर मिथ्यादृष्टिके होता है। सम्यग्मिथ्यात्वका भुजगार और अल्पतरसंक्रम किसके होता है? अन्यतर सम्यग्दृष्टि या मिथ्यादृष्टिके होता है। इसी प्रकार अवक्तव्यसंक्रमका स्वामित्व जानना चाहिए। अनन्तानुबन्धीचतुष्कका भुजगार और अल्पतरसंक्रम किसके होता है? अन्यतर सम्यग्दृष्टि या मिथ्यादृष्टिके होता है। अवस्थितसंक्रम किसके होता है? अन्यतर मिथ्यादृष्टिके होता है। अवक्तव्यसंक्रम किसके होता है? प्रथम समयमें संक्रमण करनेवाले अन्यतर मिथ्यादृष्टिके होता है। बारह कषाय भय और जुगुप्साका भङ्ग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि यहाँ पर इनका अवक्तव्यसंक्रम नहीं है। पुरुषवेदका भुजगार और अल्पतरसंक्रम किसके होता है? अन्यतर सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टिके होता है। अवस्थित-संक्रम किसके होता है? अन्यतर सम्यग्दृष्टिके होता है। स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका भुजगारसंक्रम

संक० कस्स ? अण्णद० मिच्छाइट्ठि० । अप्पद० संक० कस्स ? अण्णद० सम्माइट्ठि० मिच्छाइट्ठि० वा । हस्स-रइ-अरइ-सोगाणं भुज० अप्प० संक० कस्स ? अण्णद० सम्माइट्ठि० मिच्छाइट्ठि० । एवं सव्वणेरइय-तिरिक्खपंचिंदिय-तिरिक्खतिय-देवगदिदेवभवणादि जाव णवगेवज्जा त्ति ।

§ ३४१. पंचिंदियतिरिक्खअप्प०-मणुसअपज्ज०-सम्म०-सम्मामि०-सत्तणोक० भुज० अप्पद० संक० कस्स ? अण्णद०-सोलसक०-भय-दुगुंछ० भुज० अप्प० अवट्ठि० संक० कस्स ? अण्णद० ।

§ ३४२. मणुसतिए ओघं । णवरि बारसक०-णवणोक० अवत्त० देवो त्ति ण भाणिदव्वो । अणुदिसादि सव्वट्ठा त्ति मिच्छ०-सम्मामि०-इत्थिवेद०-णवुंस०-अप्प० अणंताणु० चउक्क०, चदुणोक० भुज० अप्प०-बारसक०-पुरिसवे०-भय-दुगुंछा० भुज० अप्प० अवट्ठि० संक० कस्स ? अण्णद० । एवं जाव० ।

❀ कालो एयजीवस्स ।

§ ३४३. भुजगारादिपदविसयसामित्तविहासणाणंतरमेत्ते । एयजीवसंबंधिओ कालो भुजगारादिपदाणं विहासियव्वो त्ति अहियारसंभालणापरमिदं सुत्तं ।

❀ मिच्छत्तस्स भुजगारसंकमो केवचिरं कालादो होदि ?

किसके होता है ? अन्यतर मिथ्यादृष्टिके होता है । अल्पतरसंक्रम किसके होता है ? अन्यतर सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टिके होता है । हास्य, रति, अरति और शोकका भुजगार और अल्पतर सक्रम किसके होता है ? अन्यतर सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टिके होता है । इसी प्रकार सब नारकी, सामान्य तिर्यञ्च, पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिक, सामान्यदेव और भवनवासियोंसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें जानना चाहिए ।

§ ३४१. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व और सात नोकषायोंका भुजगार और अल्पतरसंक्रम किसके होता है ? अन्यतरके होता है । सोलह कषाय, भय और जुगुप्साका भुजगार, अल्पतर और अवस्थितसंक्रम किसके होता है ? अन्यतरके होता है ।

§ ३४२. मनुष्यत्रिकमे ओघके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि यहाँ पर बारह कषाय और नौ नोकषायोंका अवक्तव्यसंक्रम देवोंके होता है ऐसा नहीं कहना चाहिए । अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमे मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका अल्पतर, अनन्तानुबन्धीचतुष्क और चार नोकषायोंका भुजगार और अल्पतर, बारह कषाय, पुरुषवेद, भय और जुगुप्साका भुजगार, अल्पतर और अवस्थितसंक्रम किसके होता है ? अन्यतरके होता है । इसी प्रकार अनाहारकमार्गणा तक ले जाना चाहिए ।

इस प्रकार स्वामित्व समाप्त हुआ ।

❀ एक जीवकी अपेक्षा कालका अधिकार है ।

§ ३४३. भुजगार आदि पदोंके स्वामित्वका व्याख्यान करनेके बाद आगे भुजगार आदि पदोंका एक जीव सम्बन्धी कालका व्याख्यान करना चाहिए । इस प्रकार अधिकारकी सम्हाल करनेवाला यह सूत्र है ।

❀ मिथ्यात्वके भुजगारसंक्रमका कितना काल है ?

§ ३४४. सुगममेदमोघेण मिच्छत्तभुजगारसंकामयस्स जहण्णुक्कस्सकालणिद्देसावेक्खं पुच्छासुत्तं।

❀ जहण्णेण एयसमओ।

§ ३४५. तं जहा—पुव्वुप्पण्णेण सम्मत्तेण मिच्छत्तादो वेदगसम्मत्तमागयस्स पढमसमए विज्झादसंकमेणावत्तव्वसंकमो होइ। पुणो विदियादीणमण्णदरसमए जत्थ वा तत्थ वा चरिमावलियमिच्छाइट्ठिणा वड्ढिदूण बंधणवकबंधसमयपबद्धं बंधावलियादिक्कंतं भुजगारसरूवेण संकामिय तदणंतरसमए अप्पदरमवट्ठिदं वा गयस्स लद्धो[1] मिच्छत्तभुजगारसंकामयस्स जहण्णकालो एयसमयमेत्तो।

❀ उक्कस्सेण आवलिया समयूणा।

§ ३४६. तं कधं? पुव्वुप्पण्णसम्मत्तपच्छायदमिच्छाइट्ठिणा चरिमावलियाए णिरंतरमुदयावलियं पविसमाणगोवुच्छेहिंतो अब्भहियकमेण बंधिदूण वेदगसम्मत्ते पडिवण्णे तस्स पढमसमए अवत्तव्वसंकमो होदूण पुणो विदियादिसमएसु पुव्वुत्तणवकबंधवसेण णिरंतरं भुजगारसंकमे संजादे लद्धो[1] मिच्छत्तभुजगारसंकमस्स समयूणावलियमेत्तो उक्कस्सकालो। एवं ताव पुव्वुप्पण्णसम्मत्तमिच्छाइट्ठिणवकबंधावलंबणेण समयूणावलियमेत्त-मिच्छत्त भुजगारसंकमुक्कस्सकालसंभवं परूविय संपहि गुणसंकमकालावेक्खाए अंतोमुहुत्तमेत्तो पयदुक्कस्स-

§ ३४४. ओघसे मिथ्यात्वके भुजगारसंक्रामकके जघन्य और उत्कृष्टकालके निर्देशकी अपेक्षा करनेवाला यह पृच्छासूत्र सुगम है।

* जघन्यकाल एक समय है।

§ ३४५. यथा—पहले उत्पन्न हुए सम्यक्त्वके साथ मिथ्यात्वसे वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त हुए जीवके प्रथम समयमें विध्यातसंक्रमके द्वारा अवक्तव्यसंक्रम होता है। पुनः द्वितीय आदि समयोंमेंसे किसी समयमें जहाँ कहीं अन्तिम आवलिमें विद्यमान मिथ्यादृष्टिके द्वारा बढ़ाकर बाँधे गये नवकबन्ध समयप्रबद्धको बन्धावलिके बाद भुजगाररूपसे संक्रमा कर तदनन्तर समयमें अल्पतर या अवस्थितसंक्रमको प्राप्त हुए जीवके मिथ्यात्वके भुजगार संक्रामकका जघन्य काल एक समय प्राप्त हुआ।

* उत्कृष्ट काल एक समय कम एक आवलिप्रमाण है।

§ ३४६. शंका—यह कैसे?

समाधान—पहले उत्पन्न हुए सम्यक्त्वसे पीछे आये हुए मिथ्यादृष्टिके द्वारा चरमावलिके निरन्तर उदयावलिमें प्रवेश करनेवाले गोपुच्छासे अधिक रूपसे बाँधकर वेदकसम्यक्त्वके प्राप्त होने पर उसके प्रथम समयमें अवक्तव्यसंक्रम होकर पुनः द्वितीयादि समयोंमें पूर्वोक्त नवकबन्धके वशसे निरन्तर भुजगारसंक्रमके होने पर मिथ्यात्वके भुजगारसंक्रमका उत्कृष्ट काल एक समय कम एक आवलिप्रमाण उपलब्ध हुआ। इस प्रकार सर्वप्रथम पूर्वोत्पन्न सम्यक्त्वसे मिथ्यादृष्टि होकर वहाँ पर होनेवाले नवकबन्धके अवलम्बनसे मिथ्यात्वके भुजगारसंक्रमके एक समय कम एक आवलिप्रमाण उत्कृष्टकालकी सम्भावनाका कथन करके अब गुणसंक्रम कालकी अपेक्षासे प्रकृत उत्कृष्ट काल

१. 'लद्धो' ता०।

कालो होइ त्ति जाणावेमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ ।

❀ अथवा अंतोमुहुत्तं ।

§ ३४७. तं जहा—दंसणमोहमुवसामेंतयस्स वा जाव गुणसंकमो ताव णिरंतरं भुजगारसंकमो चेव; तत्थ पयारंतरासंभवादो । सो च गुणसंकमकालो अंतोमुहुत्तमेत्तो तदो पयदुक्कस्सकालवलंभो ण विरुद्धो ।

❀ अप्पयरसंकमो केवचिरं कालादो होदि ?

§ ३४८. सुगममेदं ।

❀ एक्को वा समयो जाव आवलिया दुसमयूणा ।

§ ३४९. पुव्वुप्पण्णसम्मत्तपच्छायदमिच्छाइट्ठि-चर-वेदयसम्माइट्ठि पढमावलियावेक्खाए एसो कालवियप्पो णिद्दिट्ठो । तं जहा—तहाविहसम्माइट्ठिणो पढमसमए अवत्तव्वसंकामगो कादूण[1] विदियसमयम्मि अप्पयरसंकमेण परिणामिय तदणंतरसमए चरिमावलियमिच्छाइट्ठिबंधवसेण भुजगारमवट्ठिदभावं वा गयस्स लद्धो एयसमयमेत्तो अप्पयरकालजहण्णवियप्पो । एवं दुसमय-तिसमयादिकमेण णेदव्वं जाव आवलिया दुसमयूणा त्ति । तत्थ चरिमवियप्पो वुच्चदे—पढमसमए अवत्तव्वसंकामगो होदूण विदियादि समएसु

अन्तर्मुहूर्त प्रमाण होता है इस बातका ज्ञान कराते हुए आगेका सूत्र कहते हैं—

* अथवा उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त है ।

§ ३४७. यथा—दर्शनमोहनीयका उपशम करनेवाले जीवके जब तक गुणसंक्रम होता है तबतक निरन्तर भुजगारसंक्रम ही होता है, क्योंकि गुणसंक्रमके समय अन्य कोई प्रकार सम्भव नहीं है। और वह गुणसंक्रमका काल अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है, इसलिए प्रकृत उत्कृष्ट कालकी प्राप्ति विरोधको नहीं प्राप्त होती ।

* अल्पतरसंक्रमका कितना काल है ?

§ ३४८. यह सूत्र सुगम है ।

* एक समयसे लेकर दो समय कम आवलितक काल है ।

§ ३४९. पहले उत्पन्न हुए सम्यक्त्वसे पीछे आकर जो मिथ्यादृष्टि हुआ है और बादमें जो वेदकसम्यग्दृष्टि हुआ है उसकी प्रथम आवलिकी अपेक्षासे यह कालका विकल्प निर्दिष्ट किया है । यथा—प्रथम समयमें अवक्तव्यसंक्रामक होकर दूसरे समयमें अल्पतरसंक्रम रूपसे परिणमन कर उसके अनन्तर समयमें अन्तिम आवलिमें हुए मिथ्यादृष्टिके बन्धके कारण भुजगारसंक्रम या अवस्थितसंक्रमको प्राप्त हुए उस प्रकारके सम्यग्दृष्टिके अल्पतरसंक्रमका जघन्य विकल्परूप एक समय काल प्राप्त हुआ । इस प्रकार दो समय और तीन समय आदिके क्रमसे दो समय कम एक आवलिप्रमाण काल तक ले जाना चाहिए । उसमें अन्तिम विकल्पको कहते हैं—प्रथम समयमें अवक्तव्यसंक्रामक होकर द्वितीयादि सब समयोंमें ही अल्पतर संक्रमको करके पुनः प्रथम आवलिके अन्तिम समयमें

---

१. 'होदूण' ता० ।

सव्वेसु चेव अप्पयरसंकमं कादूण पुणो पढमावलियचरिमसमए भुजगारावट्ठिदाणमण्णयर संकमपज्जायं गदो लद्धो दुसमयूणावलियमेत्तो । मिच्छत्तप्पयरसंकमं कादूण समयूणावलिय-मेत्तो अप्पयरकालवियप्पो किण्ण परूविदो ? ण, तहा कीरमाणे अप्पयरकालस्स ववच्छेद-करणोवायाभावादो ।

* अधवा अंतोमुहुत्तं ।

§ ३५०. तं जहा—बहुसो दिट्ठमग्गेण मिच्छाइट्ठिणा वेदगसम्मत्तमुप्पाइदं । तस्स पढमावलियचरिमसमए पुव्वुत्तेण णाएण भुजगारसंकमं कादूण तदो अप्पयरसंकमं पारमिय सव्वजहण्णेण कालेण मिच्छत्त-सम्मामिच्छत्ताणमण्णदरगुणं गयस्स जहण्णेणंतोमुहुत्तपमाणो अप्पयरकालवियप्पो लब्भदे ।

* तदो समयुत्तरो जाव छावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि ।

§ ३५१. तदो सव्वजहण्णंतोमुहुत्तमेत्तप्पदरकालादो समउत्तरादिकमेणप्पयरसंकम-कालवियप्पो णिरंतरमणुगंतव्वो जाव सादिरेयछावट्ठिसागरोवममेत्तो तदुक्कस्सकालो समु-वलद्धो त्ति । तत्थ सव्वपच्छिमवियप्पं वत्तइस्सामो । तं जहा—अणादियमिच्छाइट्ठिणा सम्मत्ते समुप्पाइदे अंतोमुहुत्तकालं गुणसंकमो होदि, तदो विज्झादे पदिदस्स णिरंतरमप्पयर-संकमो होदूण गच्छदि जावंतो मुहुत्तमेत्तुवसमसम्मत्तकालसेसो वेदगसम्मत्तकालो च देसूण छावट्ठिसागरोवममेत्तो त्ति । तत्थंतो मुहुत्तसेसे वेदगसम्मत्तकाले खवणाए अब्भुट्ठिदस्सापुव्व-

---

भुजगार या अवस्थित इनमेंसे किसी एक संक्रमरूप पर्यायको प्राप्त हुआ । इस प्रकार मिथ्यात्वके अल्पतरसंक्रमका दो समय कम एक आवलिप्रमाण काल प्राप्त हुआ ।

शंका—अन्तिम समयमें भी अल्पतरसंक्रमको करके अल्पतर संक्रमका एक समय कम एक आवलिप्रमाण काल प्राप्त किया जा सकता है वह यहाँ पर क्यों नहीं कहा ?

समाधान—नहीं, क्योंकि वैसा करने पर अल्पतरसंक्रमके कालका विच्छेद करनेका कोई उपाय नहीं रहता ।

* अथवा अन्तर्मुहूर्तकाल है ।

§ ३५०. यथा—जिसने बहुत बार मार्गको देखा है ऐसे मिथ्यादृष्टिने वेदकसम्यक्त्वको उत्पन्न किया वह प्रथमावलिके अन्तिम समयमें पूर्वोक्त न्यायके अनुसार भुजगारसंक्रमको करके अनन्तर अल्पतरसंक्रमका प्रारम्भ करके सबसे जघन्य काल द्वारा मिथ्यात्व या सम्यग्मिथ्यात्व इनमेंसे किसी एक गुणस्थानको प्राप्त हुआ । इस प्रकार उसके अल्पतर कालका विकल्प जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त प्रमाण प्राप्त होता है ।

* इसके बाद एक एक समय बढ़ाते हुए साधिक छयासठ सागर काल प्राप्त होता है ।

§ ३५१. 'तदो' अर्थात् सबसे जघन्य अन्तर्मुहूर्तप्रमाण कालसे लेकर एक-एक समय अधिकके क्रमसे बढ़ाते हुए अल्पतरसंक्रम कालका विकल्प साधिक छयासठ सागरप्रमाण उसका उत्कृष्ट काल उपलब्ध होने तक निरन्तरक्रमसे जानना चाहिए । अब उसमें सबसे अन्तिम विकल्पको बतलाते हैं । यथा—अनादि मिथ्यादृष्टिके सम्यक्त्वको उत्पन्न करने पर अन्तर्मुहूर्त काल तक गुणसंक्रम होता है । उसके बाद विध्यातसंक्रमको प्राप्त हुए उसके निरन्तर अल्पतरसंक्रम अन्तर्मुहूर्तप्रमाण उपशम

करणपढमसमए गुणसंकमपारंभेणाप्पयरसंकमस्स पज्जवसाणं होइ। तदो संपुण्णछावट्ठि-सागरोवममेत्तवेदगसम्मत्तुक्कस्सकालम्मि अपुव्वाणियट्टिकरणद्धामेत्तमप्पयरसंकमस्स ण लब्भइ त्ति। तम्मि पुव्विल्लोवसमसम्मत्तकालब्भंतरअप्पयरकालादो सोहिदे सुद्धसेस-मेत्तेयसादिरेयछावट्ठिसागरोवमपमाणो पयदुक्कस्सकालवियप्पो समुवलद्धो होइ।

❀ अवट्ठिदसंकमो केवचिरं कालादो होदि ?

§ ३५२. सुगममेदं।

❀ जहण्णेण एयसमओ।

§ ३५३. पुव्वुप्पण्णेण सम्मत्तेण मिच्छत्तादो पडिणियत्तिय वेदयसम्मत्तमुवणयस्स पढमावलियाए विदियादिसमएसु जत्थ वा तत्थ वा एयसमयमागमणिज्जराणसरिसत्त-सेणावट्ठिदसंकमं कादूण तदणंतरसमए भुजगारमप्पयरभावं वा गयस्स एयसमयमेत्तावट्ठिद-संकमजहण्णकालोवलंभादो।

❀ उक्कस्सेण संखेज्जा समया।

§ ३५४. तत्थेव सत्तट्ठसमएसु आगमणिज्जराणं सरिसत्तसंभवेण तेत्तियमेत्तावट्ठिद-संकमुक्कस्सकालसिद्धीए विरोहाभावादो।

सम्यक्त्वका काल शेष रहने तक तथा कुछ कम छयासठ सागरप्रमाण वेदक सम्यक्त्वके कालके पूर्ण होने तक होता रहता है। उसमे वेदकसम्यक्त्वके अन्तर्मुहूर्त कालके शेष रहने पर क्षपणाके लिए उद्यत हुए उसके अपूर्वकरणके प्रथम समयमें गुणसंक्रमका प्रारम्भ होनेसे अल्पतरसंक्रमका अन्त होता है। इसलिए वेदकसम्यक्त्वके सम्पूर्ण छयासठ सागरप्रमाणकालमें जो अपूर्वकरण और अनि-वृत्तिकरणका काल है उतना अल्पतरसंक्रमका काल नहीं प्राप्त होता, इसलिए इस अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरणके कालको पूर्वोक्त उपशमसम्यक्त्वके भीतर प्राप्त हुए अल्पतरसंक्रमके कालमेंसे घटा देने पर जो काल शेष बचे उसे कुछ न्यून वेदकसम्यक्त्वके उत्कृष्टकालमे जोड़ देने पर साधिक छयासठ सागरप्रमाण प्रकृत उत्कृष्ट कालका विकल्प प्राप्त होता है।

* अवस्थितसंक्रमका कितना काल है ?

§ ३५२. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य काल एक समय है।

§ ३५३. पूर्वोत्पन्न सम्यक्त्वसे मिथ्यात्वमें जाकर और वहाँसे निवृत्त होकर वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त हुए जीवके प्रथम आवलिके द्वितीयादि समयोंमे जहाँ-कहीं एक समयके लिए आय और निर्जराके समान होनेके कारण अवस्थित संक्रमको करके उसके अनन्तर समयमें भुजगारसंक्रम या अल्पतरसंक्रमको प्राप्त होने पर अवस्थित संक्रमका जघन्य काल एक समय मात्र उपलब्ध होता है।

* उत्कृष्ट काल संख्यात समय है।

§ ३५४. वहीं पर आय और निर्जराके सात-आठ समय तक समान रूपसे सम्भव होनेके

❀ अवत्तव्वसंकमो केवचिरं कालादो होदि ?

§ ३५५. सुगमं।

❀ जहण्णुक्कस्सेण एयसमओ।

§ ३५६. सम्माइट्ठिपढमसमयं मोत्तूणण्णत्थ तदभावविणिण्णयादो।

❀ सम्मत्तस्स भुजगारसंकमो केवचिरं कालादो होदि ?

§ ३५७. सुगमं।

❀ जहण्णेण एयसमओ।

§ ३५८. तं जहा—उव्वेल्लेमाणमिच्छाइट्ठिणा सम्मत्ताहिमुहेण मिच्छत्तपढमट्ठिदिचरिमसमए चरिमुव्वेल्लणखंडयपढमफालिगुणसंकमेण संकामिदा। तदो अणंतरसमए सम्मत्तमुप्पाइय असंकामगो जादो लद्धो जहण्णेणेयसमयमेत्तो सम्मत्तभुजगारसंकामयकालो।

❀ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं।

§ ३५९. कुदो ? चरिमुव्वेल्लणकंडए सव्वत्थेव गुणसंकमेण परिणदम्मि पयदभुजगारसंकमुक्कस्सकालस्स तप्पमाणत्तोवलंभादो।

❀ अप्पयरसंकमो केवचिरं कालादो होदि ?

कारण अवस्थित संक्रमके उतने मात्र उत्कृष्ट कालकी सिद्धिमें कोई विरोध नहीं आता।

* अवक्तव्य संक्रमका कितना काल है।

§ ३५५. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है।

§ ३५६. क्योंकि सम्यग्दृष्टिके प्रथम समयको छोड़कर अन्यत्र मिथ्यात्वका अवक्तव्यसंक्रम नहीं होता ऐसा निर्णय है।

* सम्यक्त्वके भुजगारसंक्रमका कितना काल है ?

§ ३५७. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य काल एक समय है।

§ ३५८. यथा—उद्वेलना करनेवाले और सम्यक्त्वके अभिमुख हुए मिथ्यादृष्टि जीवने मिथ्यात्वकी प्रथम स्थितिके अन्तिम समयमें अन्तिम स्थिति काण्डककी प्रथम फालिको गुणसंक्रमके द्वारा संक्रमित किया। उसके बाद अनन्तर समयमें सम्यक्त्वको उत्पन्न करके वह असंक्रामक हो गया। इस प्रकार सम्यक्त्वके भुजगार संक्रामकका जघन्य काल एक समय प्राप्त हो गया।

* उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है।

§ ३५९. क्योंकि अन्तिम उद्वेलना काण्डकके सर्वत्र ही गुणसंक्रमरूपसे परिणत होने पर प्रकृत भुजगार संक्रमका उत्कृष्ट काल तत्प्रमाण उपलब्ध होता है।

* अल्पतरसंक्रमका कितना काल है ?

§ ३६०. सुगमं ।

❀ जहण्णेण अंतोमुहुत्तं ।

§ ३६१. सम्मत्तादो मिच्छत्तं गंतूण सव्वलहण्णंतोमुहुत्तमेत्तकालमप्पयरसंकमेण परिणमिय पुणो सम्मत्तमुवगंतूणासंकामयभावेण परिणदम्मि तदुवलंभादो ।

❀ उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो ।

§ ३६२. कुदो ? सम्मत्तादो मिच्छत्तं गंतूण सव्वुकस्सेणुव्वेल्लणकालेणुव्वेल्लमाणयस्स तदुवलंभादो ।

❀ अवत्तव्वसंकमो केवचिरं कालादो होदि ?

§ ३६३. सुगमं ।

❀ जहण्णुक्कस्सेण एयसमओ ।

§ ३६४. सम्मत्तादो मिच्छत्तमुवगयस्स पढमसमयादो अण्णत्थ तदभावविणिण्णयादो।

❀ सम्मामिच्छत्तस्स भुजगारसंकमो केवचिरं कालादो होदि ?

§ ३६५. सुगमं ।

❀ एक्को वा दो वा समया एवं समयुत्तरो उक्कस्सेण जाव चरिमुव्वेल्लणकंडयुक्कीरणात्ति ।

---

§ ३६०. यह सूत्र सुगम है ।

* जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है ।

§ ३६१. क्योंकि सम्यक्त्वसे मिथ्यात्वमें जाकर सबसे जघन्य अन्तर्मुहूर्त काल तक अल्पतर संक्रमरूपसे परिणमन करके पुनः सम्यक्त्वको उत्पन्न करके असंक्रामकभावसे परिणत होने पर उक्त काल उपलब्ध होता है ।

* उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है ।

§ ३६२. क्योंकि सम्यक्त्वसे मिथ्यात्वमे जाकर सबसे उत्कृष्ट उद्वेलना कालके द्वारा उद्वेलना करनेवाले जीवके उक्त कालकी उपलब्धि होती है ।

* अवक्तव्यसंक्रमका कितना काल है ?

§ ३६३. यह सूत्र सुगम है ।

* जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है ।

§ ३६४. क्योंकि सम्यक्त्वसे मिथ्यात्वको प्राप्त हुए जीवके प्रथम समयको छोड़कर अन्यत्र उसके अभावका निर्णय है ।

* सम्यग्मिथ्यात्वके भुजगार संक्रमका कितना काल है ?

§ ३६५. यह सूत्र सुगम है ।

* एक समय और दो समय भी है । इस प्रकार एक समय बढ़ाते हुए उत्कृष्ट काल अन्तिम उद्वेलना काण्डकके उत्कीरण करनेमें जितना समय लगे उतना है ।

§ ३६६. एत्थेयसमयपरूवणा ताव कीरदे। तं जहा—उव्वेल्लमाणमिच्छादिट्ठिणा मिच्छत्तपढमट्ठिदिचरिमसमए चरिमुव्वेल्लणखंडयं पढमफालीए गुणसंकमेण संकामिदाए एयसमयं भुजगारसंकमो होदूण सम्मत्तुप्पत्तिपढमसमए अप्पयरसंकमो जादो लद्धो एयसमयमेत्तो सम्मामिच्छत्तभुजगारसंकमजहण्णकालो। 'दो वा समया' पुव्वं व उव्वेल्लेमाणएण दोसु समएसु चरिमुव्वेल्लणखंडयं संकामिय सम्मत्ते समुप्पाइदे तदुवलंभादो। एवं तिसमय-चदुसमयादिभुजगारसंकमकालवियप्पा समुप्पाएयव्वा जाव उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तमेत्तचरिमुव्वेल्लणखंडयुक्कीरणद्धापमाणो सम्मामिच्छत्तभुजगारसंकामयकालो संजादो त्ति। संपहि सम्मामिच्छत्तस्स पयारंतरेणावि अंतोमुहुत्तमेत्तभुजगारुक्कस्सकालसंभवपदुप्पायणट्ठं सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ।

*** अथवा सम्मत्तमुप्पादेमाणयस्स वा तदो खवेमाणयस्स वा जो गुणसंकमकालो सो वि भुजगारसंकामयस्स कायव्वो।**

§ ३६७. कुदो? गुणसंकमविसए भुजगारसंकमं मोत्तूण पयारंतरासंभवादो।

*** अप्पयरसंकामगो केवचिरं कालादो होदि?**

§ ३६८. सुगमं।

*** जहण्णेण अंतोमुहुत्तं।**

---

§ ३६६. यहाँ पर सर्व प्रथम एक समयकी प्ररूपणा करते हैं। यथा—उद्वेलना करने वाले मिथ्यादृष्टिके द्वारा मिथ्यात्वकी प्रथम स्थितिके अन्तिम समयमें अन्तिम उद्वेलना काण्डककी प्रथम फालिके गुणसंक्रमके द्वारा संक्रमित करने पर एक समय तक भुजगार संक्रम होकर सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके प्रथम समयमें अल्पतर संक्रम हो गया। इस प्रकार सम्यग्मिथ्यात्वके भुजगार संक्रमका जघन्य काल एक समय प्राप्त हुआ। अथवा दो समय काल है, क्योंकि पहलेके समान उद्वेलना करनेवाले जीवके द्वारा दो समय तक अन्तिम उद्वेलना काण्डकको संक्रमा कर सम्यक्त्वको उत्पन्न करने पर उक्त दो समय काल उपलब्ध होता है। इस प्रकार दो समय और तीन समय आदि भुजगार संक्रम कालके विकल्प उत्कृष्टसे अन्तर्मुहूर्त मात्र अन्तिम उद्वेलना काण्डकके उत्कीर्ण काल प्रमाण सम्यग्मिथ्यात्व सम्बन्धी भुजगार संक्रामक कालके उत्पन्न होने तक उत्पन्न करने चाहिए। अब सम्यग्मिथ्यात्वके भुजगार संक्रमका उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त प्रमाण प्रकारान्तरसे भी सम्भव है इस बातका कथन करनेके लिए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते है—

*** अथवा सम्यक्त्वको उत्पन्न करनेवालेका तथा क्षपणा करनेवालेका जो गुण संक्रमका काल है वह भी भुजगार संक्रामकका करना चाहिए।**

§ ३६७. क्योंकि गुणसंक्रममें भुजगार संक्रमको छोड़कर अन्य कोई प्रकार सम्भव नहीं है।

*** अल्पतर संक्रामकका कितना काल है?**

§ ३६८. यह सूत्र सुगम है।

*** जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है।**

§ ३६९. सम्मामिच्छत्तादो वेदयसम्मत्तं मिच्छत्तं वा गंतूण तत्थ सव्वजहण्णंतोमुहुत्तमेत्तकालमप्पयरसंकमं कादूण पुणो सम्मामिच्छत्तगुणमिय असंकामयभावेण परिणदम्मि तदुवलंभादो। अहवा सम्मामिच्छत्तादो वेदयसम्मत्तं गंतूणंतोमुहुत्तमप्पयरसंकमं करिय सव्वलहुं खवणाए अब्भुट्ठिदस्स अपुव्वकरणपढमसमए भुजगारसंकमपारंभेण पयदजहण्णकालो वत्तव्वो।

* एयसमयो वा।

§ ३७०. एदस्स संभवविसयो उच्चदे। तं जहा—चरिमुव्वेल्लणकंडयं गुणसंकमेण संकामेतएण सम्मत्तमुप्पाइदं। तस्स पढमसमए विज्झादेणप्पयरसंकमो जादो। पुणो विदियसमए गुणसंकमपारंभेण भुजगारसंकमो जादो, लद्धो एयसमयमेत्तो सम्मामिच्छत्तप्पयरसंकमकालो। संपहि तदुक्कस्स कालणिद्देसकरणट्ठं सुत्तमोइण्णं।

* उक्कस्सेण छावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि।

§ ३७१. तं जहा—अणादियमिच्छाइट्ठिउवसमसम्मत्तमुप्पाइय गुणसंकमकाले वोलीणे विज्झादसंकमेणप्पयरपारंभं कादूण वेदयसम्मत्तं पडिवज्जिय अंतोमुहुत्तूण छावट्ठिसागरोवमाणि परिभमिय दंसणमोहक्खवणाए अब्भुट्ठिदो तस्सापुव्वकरणपढमसमए गुणसंकमपारंभेण अप्पयरसंकमस्साभावो जादो। एवं सादिरेयछावट्ठिसागरोवममेत्तो सम्मामिच्छत्तप्पयरसंकमकालो लद्धो होइ। उवसमसम्मत्तकालब्भंतरे विज्झादं पदिदस्स असंखेज्ज-

---

§ ३६९. क्योंकि सम्यग्मिथ्यात्वसे वेदक सम्यक्त्व या मिथ्यात्वको प्राप्त कर वहाँ पर सबसे जघन्य अन्तमुहूर्त काल तक अल्पतर संक्रमको करके पुनः सम्यग्मिथ्यात्वको प्राप्त होकर जो असंक्रामक भावको प्राप्त होता है उसके उक्त काल उपलब्ध होता है। अथवा सम्यग्मिथ्यात्वसे वेदक सम्यक्त्वको प्राप्त कर अन्तमुहूर्त काल तक अल्पतर संक्रम करके अतिशीघ्र क्षपणाके लिए उद्यत हुए जीवके अपूर्वकरणके प्रथम समयमें गुणसंक्रमका आरम्भ हो जानेसे प्रकृत जघन्य काल कहना चाहिए।

* अथवा जघन्य काल एक समय है।

§ ३७०. यह कहाँ पर सम्भव है इसे बतलाते हैं। *यथा*—अन्तिम उद्वेलना काण्डकको गुणसंक्रमके द्वारा संक्रमित करनेवाले जीवने सम्यक्त्वको उत्पन्न किया। उसके प्रथम समयमें विध्यात संक्रमके द्वारा अल्पतर संक्रम हुआ। इस प्रकार सम्यग्मिथ्यात्वके अल्पतर संक्रमका जघन्य काल एक समय प्राप्त हो गया। अब उसके उत्कृष्ट काल का निर्देश करनेके लिए आगेका सूत्र आया है—

* उत्कृष्ट काल साधिक छयासठ सागर प्रमाण है।

§ ३७१. यथा—एक अनादि मिथ्यादृष्टि जीव उपशम सम्यक्त्वको उत्पन्न करके गुण संक्रमके व्यतीत हो जाने पर विध्यात संक्रमके द्वारा अल्पतर संक्रमका आरम्भ करके तथा वेदक सम्यक्त्वको प्राप्त हो अन्तमुहूर्त कम छयासठ सागर काल तक उसके साथ परिभ्रमण करके दर्शनमोहनीयकी क्षपणाके लिए उद्यत हुआ। उसके अपूर्वकरणके प्रथम समयमें गुणसंक्रमका आरम्भ हो जाने से अल्पतरसंक्रमका अभाव हो गया। इस प्रकार सम्यग्मिथ्यात्वके अल्पतरसंक्रमका उत्कृष्ट

भागवड्ढीए भुजगारसंकमो चेव होइ, तत्थ सम्मामिच्छत्तादो सम्मत्तं गच्छमाणदव्वं पेक्खिऊण मिच्छत्तादो सम्मामिच्छत्तमागच्छमाणदव्वस्सासंखेज्जगुणत्तदंसणादो त्ति भणंताणमाइरियाणमहिप्पाएण देसूण छावट्ठिसागरोवममेत्तो सम्मामिच्छत्तप्पयरसंकमकालो होइ; तत्थ सुत्ताविरोहो जाणिय वत्तव्वो।

❀ अवत्तव्वसंकमो केवचिरं कालादो होदि ?

§ ३७२. सुगमं।

❀ जहण्णुक्कस्सेण एयसमओ।

§ ३७३. एदं पि सुगमं।

❀ अणंताणुबंधीणं भुजगारसंकामगो केवचिरं कालादो होदि।

§ ३७४. सुगमं।

❀ जहण्णेण एयसमयो।

§ ३७५. कुदो ? मिच्छाइट्ठिस्स एयसमयं भुजगारसंकमेण परिणमिय विदियसमए अप्पदरमवट्ठिदभावं वा गयस्स तदुवलंभादो।

❀ उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो।

§ ३७६. तं जहा—थावरकायादो आगंतूण तसकाएसुप्पण्णस्स जाव पलिदोवमा-

---

काल साधिक छयासठ सागर प्रमाण प्राप्त हो गया। उपशमसम्यक्त्वके कालके भीतर विध्यातसंक्रम को प्राप्त हुए जीवके असंख्यातभागवृद्धिके द्वारा भुजगारसंक्रम ही होता है, क्योंकि वहाँ पर सम्यग्मिथ्यात्वमेंसे सम्यक्त्वको प्राप्त होनेवाले द्रव्यको देखते हुए मिथ्यात्वमेंसे सम्यग्मिथ्यात्वमें आनेवाला द्रव्य असंख्यातगुणा देखा जाता है ऐसा कथन करनेवाले आचार्योंके अभिप्रायानुसार सम्यग्मिथ्यात्वका अल्पतरसंक्रमकाल कुछ कम छयासठ सागरप्रमाण होता है सो यहाँ पर जिस प्रकार सूत्रसे अविरोध हो ऐसा जानकर कथन करना चाहिए।

* अवक्तव्यसंक्रमका कितना काल है ?

§ ३७२. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य और उत्कृष्टकाल एक समय है।

§ ३७३. यह सूत्र भी सुगम है।

* अनन्तानुबन्धियोंके भुजगारसंक्रामकका कितना काल है।

§ ३७४. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य काल एक समय है।

§ ३७५. क्योंकि जो मिथ्यादृष्टि जीव भुजगारसंक्रमरूपसे परिणमन करके दूसरे समयमें अल्पतर या अवस्थित भावको प्राप्त हो गया है उसके उक्त काल उपलब्ध होता है।

* उत्कृष्टकाल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है।

§ ३७६. यथा—स्थावरकायमेंसे आकर त्रसकायिकोंमें उत्पन्न हुए जीवके पल्यके असंख्यातवें

संखेज्जभागमेत्तकालो गच्छदि तत्र आगमो बहुगो, णिज्जरा थोवयरा होइ; तम्हा पलिदो-वमासंखेज्जभागमेत्तो पयदभुजगारसंकमुक्कस्सकालो ण विरुज्झदे ।

❀ अप्पदरसंकमो केवचिरं कालादो होदि ?

§ ३७७. सुगमं ।

❀ जहण्णेण एयसमओ ।

§ ३७८. एदं पि सुगमं ।

❀ उक्कस्सेण बेछावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि ।

§ ३७९. तं जहा—पुव्वं पलिदोवमासंखेज्जभागमेत्तकालमप्पयरसंकमं कादूण पुणो सम्मत्तमुप्पाइय पढमं विदियं छावट्ठीओ[1] जहाकममणुपालिय तदवसाणे अणंताणुबंधि-विसंजोयणाए अब्भुट्ठिदेणापुव्वकरणपढमसमए पारद्धगुणसंकमेणप्पयरसंकमसंताणस्स विच्छेदो कदो । एवमेसो पलिदोवमासंखेज्जभागेण सादिरेयबेछावट्ठिसागरोवममेत्तो अणं-ताणुबंधीणमप्पयरसंकमुक्कस्सकालो होइ ।

❀ अवट्ठिदसंकमो केवचिरं कालादो होदि ?

§ ३८० सुगमं ।

❀ जहण्णेण एयसमओ ।

§ ३८१. एदं पि सुगमं ।

भागप्रमाण कालके जाने तक आय बहुत होती है और निर्जरा उसकी अपेक्षा स्तोक होती है, इसलिए प्रकृत भुजगारसंक्रमका उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण विरोधको नहीं प्राप्त होता ।

* अल्पतरसंक्रमका कितना काल है ?

§ ३७७. यह सूत्र सुगम है ।

* जघन्य काल एक समय है ।

§ ३७८. यह सूत्र भी सुगम है ।

* उत्कृष्ट काल साधिक दो छ्यासठ सागरप्रमाण है ।

§ ३७९. यथा—पहले पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण काल तक अल्पतरसंक्रम करके पुनः सम्यक्त्वको उत्पन्नकर प्रथम और द्वितीय छ्यासठसागरका क्रमसे पालनकर उसके अन्तमें अनन्ता-नुबन्धीकी विसंयोजनाके लिए उद्यत हुए जीव अपूर्वकरणके प्रथम समयमें गुणसंक्रमका प्रारम्भकर अल्पतरसंक्रमकी सन्तानका विच्छेद किया । इस प्रकार अनन्तानुबन्धियोंके अल्पतरसंक्रमका यह उत्कृष्ट काल पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक दो छ्यासठ सागर प्रमाण होता है ।

* अवस्थितसंक्रमका कितना काल है ?

§ ३८०. यह सूत्र सुगम है ।

* जघन्यकाल एक समय है ।

§ ३८१. यह सूत्र भी सुगम है ।

---

१. 'ञ' ता० ।

॥ उक्कस्सेण संखेज्जा समया ।

§ ३८२. आगमणिज्जराणं सरिसत्तवसेण सत्तट्ठसमएसु अवट्ठिदसंकमसंभवे विरोहाभावादो ।

॥ अवत्तव्वसंकामगो केवचिरं कालादो होदि ?

§ ३८३. सुगमं ।

॥ जहण्णुक्कस्सेण एयसमओ ।

§ ३८४. विसंजोयणापुव्वसंजोगणवकबंधावलियअदिक्कंतपढमसमए तदुवलंभादो ।

॥ बारसकसाय-पुरिसवेद-भय-दुगुंछाणं भुजगार-अप्पदरसंकमो केवचिरं कालादो होदि ?

§ ३८५. सुगमं ।

॥ जहण्णेणेयसमओ ।

§ ३८६. भुजगारादो अप्पयरमप्पयरादो वा भुजगारं गयस्स तदणंतरसमए पदंतरगमणेण तदुवलंभादो ।

॥ उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो ।

§ ३८७. एइंदिएहिंतो पंचिंदिएसु पंचिंदिएहिंतो वा एइंदिएसुप्पण्णस्स जहाकमं

---

* उत्कृष्ट काल संख्यात समय है ।

§ ३८२. क्योंकि आय और निर्जराके समान होनेके कारण सात-आठ समय तक अवस्थित-संकम सम्भव है इसमें कोई विरोध नहीं आता ।

अवक्तव्यसंक्रामकका कितना काल है ?

§ ३८३. यह सूत्र सुगम है ।

* जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है ।

§ ३८४. क्योंकि विसंयोजनापूर्वक संयोग होने पर जो नवकबन्ध होता है उसकी बन्धावलिके व्यतीत होने के प्रथम समयमें उस कालकी उपलब्धि होती है ।

* बारह कषाय, पुरुषवेद, भय और जुगुप्साके भुजगार और अल्पतरसंक्रमका कितना काल है ?

§ ३८५. यह सूत्र सुगम है ।

* जघन्य काल एक समय है ।

§ ३८६. क्योंकि भुजगारसे अल्पतरको या अल्पतरसे भुजगारको प्राप्त हुए जीवके तदनन्तर समयमें दूसरे पदको प्राप्त करनेसे उक्त काल उपलब्ध होता है ।

* उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है ।

§ ३८७. क्योंकि एकेन्द्रियोंसे पञ्चेन्द्रियोंमें अथवा पञ्चेन्द्रियोंसे एकेन्द्रियोंमें उत्पन्न हुए

तदुभयकालस्स तप्पमाणत्तसिद्धीए विरोहाभावादो। णवरि पुरिसवेदस्स सम्माइट्ठिम्मि तदुभयमुक्कस्सकालसंभवो दट्ठव्वो।

❀ अवट्ठिदसंकमो केवचिरं कालादो होदि ?

§ ३८८. सुगमं।

❀ जहण्णेण एयसमओ।

§ ३८९. सुगममेदं।

❀ उक्कस्सेण संखेज्जा समया।

§ ३९०. संखेज्जसमए मोत्तूण तत्तो उवरि संतकम्मावट्ठाणाभावेण तदणुसारिणो संकमस्स वि तहाभावसिद्धीए विरोहादो।

❀ अवत्तव्वसंकमो केवचिरं कालादो होदि ?

§ ३९१. सुगमं।

❀ जहण्णुक्कस्सेण एयसमओ।

§ ३९२. सव्वोवसामणापडिवादपढमसमयादो अण्णत्थ तदसंभवणिण्णयादो।

❀ इत्थिवेदस्स भुजगारसंकमो केवचिरं कालादो होदि।

§ ३९३. सुगमं।

जीवके यथाक्रम उन दोनों के काल के उक्त प्रमाण सिद्ध होनेमे विरोध नहीं आता। इतनी विशेषता है कि पुरुषवेदके उक्त दोनों पदों का उत्कृष्ट काल सम्यग्दृष्टि जीवके सम्भव जानना चाहिए।

*** अवस्थितसंक्रमका कितना काल है ?**

§ ३८८. यह सूत्र सुगम है।

*** जघन्य काल एक समय है।**

§ ३८९. यह सूत्र सुगम है।

*** उत्कृष्ट काल संख्यात समय है।**

§ ३९०. क्योंकि संख्यात समयको छोड़कर उससे अधिक काल तक सत्कर्मका समानरूपसे अवस्थानका अभाव होनेसे उसके अनुसार होनेवाले संक्रमका भी उससे अधिक काल तक सिद्ध होनेमें विरोध आता है।

*** अवक्तव्यसंक्रमका कितना काल है ?**

§ ३९१. यह सूत्र सुगम है।

*** जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है।**

§ ३९२. क्योंकि सर्वोपशामनासे गिरनेके प्रथम समयके सिवा अन्यत्र उसका होना असम्भव है ऐसा निर्णय है।

*** स्त्रीवेदके भुजगारसंक्रमका कितना काल है ?**

§ ३९३. यह सूत्र सुगम है।

❀ जहण्णेण एयसमओ ।

§ ३६४. तं कथं ? अण्णवेदबंधादो एयसमयमित्थिवेदबंधं काद्रूण तदणंतरसमए पुणो वि पडिवक्खवेदबंधमाढविय बंधावलियवदिक्कंतसमए कमेण संकामेमाणयस्स एयसमयमेत्तो इत्थिवेदस्स भुजगारसंकमकालो जहण्णकालो होइ ।

❀ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं ।

§ ३६५. सगबंधगद्धाए सव्वत्थेव बंधावलियादिक्कंतसमयपबद्धसंकमवसेण तेत्तियमेत्तकालं भुजगारसिद्धीए णिव्वाहमुवलंभादो । अथवा गुणसंकमकालो घेत्तव्वो ।

❀ अप्पयरसंकमं केवचिरं कालादो होदि ?

§ ३६६. सुगमं ।

❀ जहण्णेण एगसमओ ।

§ ३६७. तं जहा—इत्थिवेदं बंधमाणो एगसमयं पडिवक्खपयडिबंधं काद्रूण पुणो वि इत्थिवेदं चेव बंधिय बंधावलियवदिक्कमे एगसमयमप्पयरसंकामगो जादो लद्धो एगसमयमेत्त जहण्णकालो ।

❀ उक्कस्सेण वेछावट्ठिसागरोवमाणि संखेज्जवस्स[1]ब्भहियाणि ।

❀ जघन्यकाल एक समय है ।

§ ३६४. शंका—यह कैसे ?

समाधान—क्योंकि अन्य वेदके बन्धके बाद एक समय तक स्त्रीवेदका बन्ध करके उसके बाद दूसरे समयमें फिर भी प्रतिपक्ष वेदका बन्ध करके बन्धावलिको बिताकर अनन्तर समयमें क्रमसे संक्रमण करनेवाले जीवके स्त्रीवेदके भुजगारसंक्रमका जघन्य काल एक समय प्राप्त होता है ।

❀ उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है ।

§ ३६५. क्योंकि अपने बन्धक कालमें सर्वत्र ही बन्धको प्राप्त हुए समयप्रबद्धोंका बन्धावलिके बाद संक्रम होनेसे भुजगार संक्रमका उतना काल निर्बाधरूपसे सिद्ध होता हुआ उपलब्ध होता है । अथवा यहाँ पर गुणसंक्रमका काल ग्रहण करना चाहिए ।

❀ अल्पतरसंक्रमका कितना काल है ?

§ ३६६. यह सूत्र सुगम है ।

❀ जघन्य काल एक समय है ।

§ ३६७. यथा—स्त्रीवेदका बन्ध करनेवाला जीव एक समय तक प्रतिपक्ष प्रकृतिका बन्ध करके फिर भी स्त्रीवेदका ही बन्ध करके बन्धावलिके व्यतीत होने पर एक समय तक स्त्रीवेदका अल्पतरसंक्रामक हो गया । इस प्रकार एक समयमात्र जघन्य काल उपलब्ध हुआ ।

❀ उत्कृष्ट काल संख्यात वर्ष अधिक दो छयासठ सागरप्रमाण है ।

---

१. 'वास' ता० ।

§ ३९८. तं जहा—पढमसम्मत्तं गेण्हमाणो पुव्वमेव अंतोमुहुत्तमत्थि त्ति इत्थिवेदस्स अप्पदरसंकमं कादूण सम्मत्तमुप्पाइय तदो वेदगसम्मत्तं पडिवज्जिय पढमछावट्ठिमप्पयर संकमेणाणुपालिय तदवसाणे सम्मामिच्छत्तेणंतरिय पुणो वेदगसम्मत्तं घेत्तूण बिदियछावट्ठि-अप्पयरसंकममणुपालेमाणो अवस्सूण तेत्तीससागरोवममेत्तकालं देवेसु भमिय तदो पुव्वकोडाउअमणुसेसुववण्णो तत्थ गब्भादिअट्ठवस्साणमंतोमुहुत्तब्भहियाणमुवरि दंसणमोह-णीयं खविय पुव्वकोडिजीविदावसाणे तेत्तीससागरोवमियदेवेसुववज्जिय तत्तो कमेण चुदो संतो पुणो वि पुव्वकोडाउअमणुसेसुववण्णो अंतोमुहुत्तावसेसे जीविदव्वए खवणाए अब्भुट्ठिदो तस्स धापवत्तकरणचरिमसमए पयदप्पयरकालपरिसमत्ती जादा। तदो देसूणपुव्वको-डीहि सादिरेयवेछावट्ठिसागरोवममेत्तो पयदुक्कस्सकालो लद्धो होइ।

❀ अवत्तव्वसंकमो केवचिरं कालादो ?

§ ३९९. सुगमं।

❀ जहण्णुक्कस्सेण एयसमओ।

§ ४००. सव्वोवसामणापडिवादपढमसमए चेव तदुवलंभादो।

❀ णवुंसयवेदस्स अप्पयरसंकमो केवचिरं कालादो ?

§ ४०१. सुगममेदं पुच्छासुत्तं।

---

§ ३९८. यथा—प्रथम सम्यक्त्वको ग्रहण करनेवाला कोई जीव अन्तर्मुहूर्तकाल पहले ही स्त्रीवेदका अल्पतरसंक्रम करके और सम्यक्त्वको उत्पन्न करके उसके बाद वेदकसम्यक्त्वको उत्पन्न करके प्रथम छयासठ सागर काल तक अल्पतरसंक्रमको करते हुए उसके अन्तमें सम्यग्मि-थ्यात्वके द्वारा वेदकसम्यक्त्वका अन्तर करके इसके बाद पुनः वेदक सम्यक्त्वको ग्रहण कर दूसरी बार छयासठ सागर काल तक अल्पतरसंक्रमको करते हुए आठ वर्ष कम तेतीस सागर काल देवोंमें व्यतीत कर उसके बाद पूर्वकोटिकी आयुवाले मनुष्योंमें उत्पन्न हुआ। वहाँ पर गर्भ से लेकर आठ वर्ष और अन्तर्मुहूर्तके बाद दर्शनमोहनीयकी क्षपणा करके पूर्वकोटिप्रमाण जीवनके अन्तमें तेतीस सागरकी आयुवाले देवोंमें उत्पन्न होकर फिर वहाँ से क्रमसे च्युत होता हुआ फिर भी पूर्वकोटिकी आयुवाले मनुष्योंमें उत्पन्न हुआ। वहाँ जीवनमें अन्तर्मुहूर्त शेष रहने पर क्षपणा के लिए उद्यत हुआ। उसके अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें प्रकृत अल्पतर संक्रमकी समाप्ति हो गई। इसलिए प्रकृत उत्कृष्ट काल कुछ कम दो पूर्वकोटि अधिक दो छयासठ सागरप्रमाण प्राप्त हुआ।

*** अवक्तव्यसंक्रमका कितना काल है ?**

§ ३९९. यह सूत्र सुगम है।

*** जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है।**

§ ४००. क्योंकि सर्वोपशामनासे गिरनेके प्रथम समयमें ही अवक्तव्यसंक्रम उपलब्ध होता है।

*** नपुंसकवेदके अल्पतरसंक्रमका कितना काल है ?**

§ ४०१. यह पृच्छासूत्र सुगम है।

❀ जहण्णेण एयसमओ ।

§ ४०२. एदं पि सुगमं; इत्थिवेदप्पयरजहण्णकालेण समाणपरूवणतादो ।

❀ उक्कस्सेण वे छावट्ठिसागरोवमाणि तिण्णि पलिदोवमाणि सादिरेयाणि ।

§ ४०३. एदस्स वि कालस्स परूवणा इत्थिवेदप्पदरुक्कस्सकालेण समाणा, णवरि पढमं तिपलिदोवमिएसुप्पज्जिय णवुंसयवेदस्सप्पयरसंकमं कुणमाणो तदवसाणे सम्मत्तलंभेण वेछावट्ठिसागरोवमाणि संखेज्जवस्साहियाणि हिंडावेयव्वो ।

❀ सेसाणि इत्थीवेदभंगो ।

§ ४०४. सेसाणि भुजगारावत्तव्वपदाणि णवुंसयवेदपडिबद्धाणि इत्थिवेदभंगेणाणुगंतव्वाणि, भुजगारस्स जहण्णेण एयसमओ, उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, अवत्तव्वस्स जहण्णुक्कस्सेण एयसमओ त्ति एदेण भेदाभावादो ।

❀ हस्स-रइ-अरइ-सोगाणं भुजगार-अप्पयरसंकमो केवचिरं कालादो होदि ?

§ ४०५. सुगमं ।

❀ जहण्णेण एयसमओ ।

---

* जघन्य काल एक समय है ।

§ ४०२. यह सूत्र भी सुगम है, क्योंकि स्त्रीवेदके अल्पतरसंक्रमके जघन्य कालके समान इसका कथन है ।

* उत्कृष्ट काल तीन पल्य अधिक दो छयासठ सागरप्रमाण है ।

§ ४०३. इस कालकी प्ररूपणा स्त्रीवेदके अल्पतरसंक्रमके उत्कृष्ट कालके समान है । इतनी विशेषता है कि सर्वप्रथम तीन पल्यकी आयुवालोंमें उत्पन्न होकर नपुंसकवेदके अल्पतरसंक्रमको करके उसके अन्तमें सम्यक्त्वकी प्राप्तिके साथ संख्यात वर्ष अधिक दो छयासठ सागर काल तक परिभ्रमण कराये ।

* शेष पदोंका भङ्ग स्त्रीवेदके समान है ।

§ ४०४. नपुंसकवेदसे सम्बन्ध रखनेवाले शेष भुजगार और अवक्तव्यपद स्त्रीवेदके भङ्गके समान जानने चाहिए, क्योंकि भुजगारसंक्रमका जघन्य काल एक समय है । और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है तथा अवक्तव्यसंक्रमका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है इस प्रकार इस द्वारा दोनोंके कथन में कोई भेद नहीं है ।

* हास्य, रति, अरति और शोकके भुजगार और अल्पतर संक्रमका कितना काल है ?

§ ४०५. यह सूत्र सुगम है ।

* जघन्य काल एक समय है ।

§ ४०६. इत्थिवेदस्सेव एसो जहण्णकालो साहेयव्वो ।

*** उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं ।**

§ ४०७. अप्पप्पणो बंधकाले भुजगारसंकमो होइ, पडिवक्खपयडिबंधकाले एदेसिमप्पयरसंकमो होदि त्ति पयदुक्कस्सकालसिद्धी वत्तव्वा ।

*** अवत्तव्वसंकमो केवचिरं कालादो होदि ।**

§ ४०८. सुगमं ।

*** जहण्णुक्कस्सेण एयसमओ ।**

§ ४०९. सुगमं । एवमोघेण कालाणुगमो काढूण संपहि आदेसपरूवणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ ।

*** एवं चदुगदीसु ओघेण साधेदूण णेदव्वो ।**

§ ४१०. एवमेदीए दिसाए चदुसु वि गदीसु भुजगारादिसंकमयाणं कालो ओघपरूवणाणुसारेण चिंतिय णेदव्वो त्ति वुत्तं होइ । संपहि एदेण सुत्तेण सूचिदमत्थमुच्चारणावलंबणेण वत्तइस्सामो । तं जहा—आदेसेण णेरइय०—मिच्छ० भुज० अवट्ठि० अवत्त० संका० ओघं । अप्प० संका० जह० एयस० । उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि देसूणाणि । सम्म० भुज० अवत्त० ओघं । अप्प० संका० जह० एयस० उक्क० पलिदो० असंखे०भागो । सम्मामि० भुज० संका० जह० एयसमओ । उक्क० अंतोमुहुत्तं ।

---

§ ४०६. स्त्रीवेदके इन पदोंके जघन्य काल के समान यह जघन्य काल साध लेना चाहिए ।

* उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है ।

§ ४०७. अपने अपने बन्धकालमें भुजगारसंक्रम होता है तथा प्रतिपक्षप्रकृतिके बन्धकालमें इनका अल्पतरसंक्रम होता है इस प्रकार प्रकृत उत्कृष्ट कालकी सिद्धि कहनी चाहिए ।

* अवक्तव्य संक्रमका कितना काल है ?

§ ४०८. यह सूत्र सुगम है ।

* जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है ।

§ ४०९. यह सूत्र सुगम है इस प्रकार ओघसे कालका अनुगम करके अब आदेश का कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* इस प्रकार चारों गतियोंमें ओघसे साध कर ले जाना चाहिए ।

§ ४१०. 'एवं' अर्थात् इस दिशाके अनुसार चारों ही गतियोंमें भुजगार आदि संक्रामकोंका काल ओघप्ररूपणाके अनुसार विचार कर ले जाना चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है । अब इस सूत्रके द्वारा सूचित हुए अर्थको उच्चारणाका अवलम्बन लेकर बतलाते हैं । यथा—आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्वके भुजगार अवस्थित और अवक्तव्य संक्रामकका काल ओघके समान है । अल्पतर संक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर है । सम्यक्त्वके भुजगार और अवक्तव्य संक्रामकका काल ओघके समान है । अल्पतर संक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । सम्यग्मिथ्यात्वके

अप्प० संका० जह० एयस० । उक्क० तेत्तीसं सागरो० देसूणाणि । अवत्त० ओघं । अणंताणु०४ भुज० अवट्ठि० अवत्त० संका० ओघं । अप्प० संका० मिच्छत्तभंगो । बारसक०-पुरिसवेद-छण्णोकसाय ओघभंगो । णवरि अवत्त० णत्थि । इत्थिवेद-णवुंस० भुज० ओघं । अप्प० संका० जह० एयस० । उक्क० तेत्तीसं सागरो० देसूणाणि । एवं सत्तमाए । एवं छसु उवरिमासु पुढवीसु । णवरि सगट्ठिदी । अणंताणु०४ अप्पद० देसूणत्तं णत्थि ।

§ ४११. तिरिक्खेसु मिच्छ० भुज० अवट्ठि० अवत्त० ओघं । अप्प० संका० जह० एयस० । उक्क० तिण्णि पलिदो० देसूणाणि । सम्म० णारयभंगो । सम्मामि० भुज० अवत्त० संका० णारयभंगो । अप्प० संका० जह० एयस० । उक्क० तिण्णि पलिदो० देसूणाणि । अणंताणु०४ भुज० अवट्ठि० अवत्त० ओघं । अप्प० संका० जह० एयस० । उक्क० तिण्णि पलिदो० सादिरेयाणि । बारसक०-पुरिसवेद-छण्णोक०

भुजगार संक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अल्पतर संक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर है । अवक्तव्य संक्रामकका काल ओघके समान है । अनन्तानुबन्धीचतुष्कके भुजगार, अवस्थित और अवक्तव्य-संक्रामकका काल ओघके समान है । अल्पतर संक्रामकका भङ्ग मिथ्यात्वके समान है । बारह कषाय, पुरुषवेद और छह नोकषायोंका भङ्ग ओघके समान है । इतनी विशेषता है कि यहाँ पर इनका अवक्तव्य पद नहीं है । स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके भुजगार संक्रामकका भङ्ग ओघके समान है । अल्पतर संक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर है । इसी प्रकार सातवी पृथिवीमें जानना चाहिए । तथा इसी प्रकार छह ऊपरकी पृथिवियोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि जहाँ तेतीस सागर कहा है वहाँ अपनी अपनी स्थिति कहनी चाहिए । तथा अनन्तानुबन्धी चतुष्कके अल्पतर संक्रामकका देशोनपना नहीं है ।

विशेषार्थ—सामान्यसे नारकियोंमें और सातवीं पृथिवीके नारकियोंमें वेदकसम्यक्त्वका उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर है, इसलिए इनमें मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी-चतुष्क, स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके अल्पतर संक्रामकका उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर कहा है, क्योंकि इस कालके भीतर इनका सर्वदा अल्पतर संक्रम सम्भव है । शेष कालप्ररूपणा ओघको देखकर जो यहाँ सम्भव हो उसे घटित कर लेना चाहिए । जहाँ ओघसे कालमें कुछ विशेषता है उसका निर्देश किया ही है ।

§ ४११. तिर्यञ्चोंमें मिथ्यात्वके भुजगार, अवस्थित और अवक्तव्य संक्रामकका भङ्ग ओघके समान है । अल्पतर संक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन पल्य है । सम्यक्त्वका भङ्ग नारकियोंके समान है । सम्यग्मिथ्यात्वके भुजगार और अवक्तव्य संक्रामकका भङ्ग नारकियोंके समान है । अल्पतर संक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन पल्य है । अनन्तानुबन्धी चतुष्कके भुजगार, अवस्थित और अवक्तव्य संक्रामकका भङ्ग ओघके समान है । अल्पतर संक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल साधिक तीन पल्य है । बारह कषाय, पुरुषवेद और छह नोकषायोंका भङ्ग नारकियोंके समान

णारयभंगो। इत्थिवेद-णवुंस० भुज० संका० ओघं। अप्प० संका० जह० एयस०। उक्क० तिण्णि पलिदोवमाणि। एवं पंचिंदियतिरिक्खतिए। णवरि जोणिणी०-इत्थिवेद०-णवुंस० अप्प० संका० जह० एयस०। उक्क० तिण्णि पलिदो० देसूणाणि।

§ ४१२. पंचिं०तिरिक्ख-अपज्ज० - मणुसअपज्ज०-सम्म० - सम्मामि०-सत्तणोक० भुज० अप्प० संका० जह० एयस०। उक्क० अंतोमु०। सोलसक०-भय०-दुगुंछा० भुज० संका० जह० एयसमओ, उक्क० अंतोमु०। अवट्ठि० संका० जह० एयस०। उक्क० संखेज्जा समया। अप्प० संका० भुज० भंगो।

§ ४१३. मणुसतिए पंचिंदियतिरिक्खतियभंगो। णवरि जासिं अवत्त० संका० तासिं जहण्णुक्क०। णवरि मणुस-मणुसपज्ज०-इत्थिवे०-णवुंस० अप्प० संका० जह०

है। स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके भुजगार संक्रामकका भङ्ग ओघके समान है। अल्पतर संक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तीन पल्य है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि योनिनी तिर्यञ्चोंमें स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके अल्पतर संक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन पल्य है।

विशेषार्थ—तिर्यञ्चोंमें और पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें वेदकसम्यक्त्वका काल कुछ कम तीन पल्य है, इसलिए इनमें मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वके अल्पतर संक्रामकका उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन पल्य कहा है। इनमें अनन्तानुबन्धीचतुष्कके अल्पतर संक्रामकका उत्कृष्ट काल साधिक तीन पल्य कहनेका कारण यह है कि जिन तिर्यञ्चोंने पहले अनन्तानुबन्धीचतुष्कका अल्पतर संक्रम किया उसके बाद वे तीन पल्यकी आयुवाले तिर्यञ्चोंमें उत्पन्न होकर और वेदक सम्यक्त्वको उत्पन्न कर जीवन भर उनका अल्पतर संक्रम करते रहे उनके इनके अल्पतर संक्रमका साधिक तीन पल्य उत्कृष्ट काल बन जाता है। इनमें स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके अल्पतर संक्रामकका उत्कृष्ट काल जो तीन पल्य कहा है सो वह क्षायिक सम्यग्दृष्टियोंकी अपेक्षासे घटित कर लेना चाहिए। मात्र योनिनी तिर्यञ्चोंमें क्षायिक सम्यग्दृष्टि नहीं उत्पन्न होते, इसलिए उनमें उक्त काल कुछ कम तीन पल्य प्राप्त होनेसे उक्त प्रमाण कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है, क्योंकि उसका व्याख्यान ओघ प्ररूपणाके समय विशद रूपसे कर आये हैं।

§ ४१२. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व और सात नोकषायोंके भुजगार और अल्पतर संक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। सोलह कषाय, भय और जुगुप्साके भुजगार संक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थित संक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। अल्पतर संक्रामकका भङ्ग भुजगारके समान है।

विशेषार्थ—उक्त मार्गणाओंकी एक जीवकी कायस्थिति ही अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है, इसलिए यहाँ पर उसे ध्यानमें रखकर कालका निरूपण किया। शेष विचार ओघ प्ररूपणाको देखकर कर लेना चाहिए।

§ ४१३. मनुष्यत्रिकमें पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चत्रिकके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि इनमें जिन प्रकृतियोंके अवक्तव्यसंक्रामक होते हैं उनका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है।

एयस०। उक्क० तिण्णि पलिदोवमाणि पुव्वकोडितिभागेण सादिरेयाणि ।

§ ४१४. देवेसु मिच्छ०-सम्मामि०-अणंताणु०चउक्क०-इत्थिवे०-णवुंस० णारयभंगो। णवरि अप्प० संका० जह० एयस०। उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि। सम्म०-बारसक०-पुरिसवे०-छण्णोक० णारयभंगो। एवं भवणादि जाव णवगेवज्जा त्ति। णवरि सगट्ठिदी [1]जाणियव्वा।

§ ४१५. अणुद्दिसादि सव्वट्ठा त्ति मिच्छ०-सम्मामि०-इत्थिवे०-णवुंस० अप्प० संका० जहण्णुक्क० जहण्णुक्कस्सट्ठिदी। अणंताणु०चउक्क० भुज० जहण्णुक्क० अंतोमु०। अप्प० संका० जह० अंतोमु०। उक्क० सगट्ठिदी। बारसक०-पुरिसवे०-छण्णोक० देवोघं।

इतनी और विशेषता है कि सामान्य मनुष्य और मनुष्यपर्याप्तकोंमें स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके अल्पतरसंक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पूर्वकोटिका त्रिभाग अधिक तीन पल्य है।

विशेषार्थ—सामान्य मनुष्य और मनुष्यपर्याप्त अधिकसे अधिक पूर्वकोटिका त्रिभाग अधिक तीन पल्यतक ही सम्यग्दृष्टि रहते हैं, इसलिए इनमें स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके अल्पतरसंक्रमका उत्कृष्ट काल उक्त प्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

§ ४१४. देवोंमें मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धीचतुष्क, स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका भङ्ग नारकियोंके समान है। इतनी विशेषता है कि इनके इन कर्मोंके अल्पतरसंक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है। सम्यक्त्व, बारह कषाय, पुरुषवेद और छह नोकषायोंका भङ्ग नारकियोंके समान है। इसी प्रकार भवनवासियोंसे लेकर नौ ग्रैवेयक तक जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपनी अपनी स्थिति जाननी चाहिए।

विशेषार्थ—देवोंमें सम्यक्त्वका उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है, इसलिए इनमें मिथ्यात्व आदि आठ कर्मोंके अल्पतरसंक्रामकोंका उत्कृष्टकाल तेतीस सागर बन जानेसे वह उक्त कालप्रमाण कहा है। सौधर्म कल्पसे लेकर नौ ग्रैवेयकतकके देवोंमें भी यह काल अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण इसी प्रकार घटित कर लेना चाहिए। भवनत्रिकोंमें यद्यपि सम्यग्दृष्टि जीव मरकर नहीं उत्पन्न होते फिर भी जो जीव वहाँ उत्पन्न होनेके पूर्व अन्तर्मुहूर्त तक अल्पतर बन्ध कर रहे हैं उनके वहाँ उत्पन्न होने पर और अतिशीघ्र सम्यक्त्वको स्वीकार कर लेने पर उनके भी इन कर्मोंके अल्पतर संक्रामकोंका अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण यह काल बन जाता है, इसलिए इनमें भी यह काल अपनी स्थितिप्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

§ ४१५. अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके अल्पतर संक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल अपनी अपनी जघन्य और उत्कृष्ट स्थिति प्रमाण है। अनन्तानुबन्धी चतुष्कके भुजगारसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तमुहूर्त है। अल्पतरसंक्रामकका जघन्य काल अन्तमुहूर्त है और उत्कृष्ट काल अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण है। बारह कषाय, पुरुषवेद और छह नोकषायोंका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है।

विशेषार्थ—उक्त देवोंमें सब जीव सम्यग्दृष्टि ही होते हैं, इसलिए इनमें मिथ्यात्व आदि चारके अल्पतरसंक्रामकोंका जघन्य काल अपनी अपनी जघन्य स्थितिप्रमाण और उत्कृष्ट काल

---

१. भाणियव्वा ।

§ ४१६. एवं चदुसु गदीसु कालविणिण्णयं कादूण पुणो सेसमग्गणाणं देसामासयभावेण इंदियमग्गणावयवभूदेइंदिएसु पयदकालविहासणट्ठमुत्तरं[1] सुत्तपबंधमाह।

❀ एइंदिएसु सव्वेसिं कम्माणमवत्तव्वसंकमो णत्थि।

§ ४१७. कुदो? गुणंतरपडिवत्तिपडिवादणिबंधणस्स सव्वेसिमवत्तव्वसंकमस्सेइंदिएसु असंभवादो। तदो तव्विसयकालपरूवणं मोत्तूण सेसपदविसयमेव कालणिद्देसं कस्सामो त्ति जाणाविदमेदेण सुत्तेण। तत्थ य मिच्छत्तसंकमो एइंदिएसु णत्थि चेवेत्ति कयणिच्छयो सेसपयडीणमेव भुजगारादिपदविसयकालाणुसारेण विहासणट्ठमुत्तरं[2] पबंधमाढवेइ।

❀ सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं भुजगारसंकामओ केवचिरं कालादो होदि?

§ ४१८. सुगमं।

❀ जहण्णेण एयसमओ।

अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण कहा है। अनन्तानुबन्धीचतुष्कका सम्यग्दृष्टिके गुणसंक्रमके समय भुजगारसंक्रम होता है, और गुणसंक्रमका काल अन्तर्मुहूर्त है, इसलिए इनमें उक्त प्रकृतियोंके भुजगारसंक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। यहाँ पर इनके अल्पतर संक्रामकोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल कुछ कम अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थिति प्रमाण हैं यह स्पष्ट ही है। शेष कथन सुगम है।

§ ४१६. इसी प्रकार चारों गतियोंमें कालका निर्णय करके पुनः शेष मार्गणाओंके देशामर्षकरूपसे इन्द्रिय मार्गणाके अवयवभूत एकेन्द्रियोंमें प्रकृत कालका व्याख्यान करनेके लिए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

❀ एकेन्द्रियोंमें सब कर्मोंका अवक्तव्य संक्रम नहीं है।

§ ४१७. क्योंकि अन्य गुणस्थानको प्राप्त होकर वहाँसे गिरनेके कारण होनेवाला सब कर्मोंका अवक्तव्य संक्रम एकेन्द्रियोंमें असम्भव है। इसलिए तद्विषयककालकी प्ररूपणा छोड़कर शेष पदविषयक कालका ही यहाँ पर निर्देश करते हैं इस प्रकार इस सूत्र द्वारा इस बातका ज्ञान कराया गया है। उसमें भी एकेन्द्रियोंमें मिथ्यात्वका संक्रम नहीं ही होता ऐसा निश्चय करके शेष प्रकृतियोंके ही भुजगार आदि पदोंके कालके अनुसार व्याख्यान करनेके लिए आगेके सूत्रप्रबन्धका आलोडन करते हैं—

❀ सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके भुजगार संक्रामकका कितना काल है?

§ ४१८. यह सूत्र सुगम है।

❀ जघन्य काल एक समय है।

---

१. ता० । २. ता० ।

§ ४१९. कुदो ? चरिमुव्वेल्लणखंडयदुचरिमफालीए सह तत्थुप्पण्णस्स विदियसमयम्मि तदुवलंभादो। दुचरिमुव्वेल्लणखंडयचरिमफालिसंकमादो चरिमुव्वेल्लणखंडयपढमफालिं संकामिय तदणंतरसमए तत्तो णिस्सारिदस्स वा तदुवलंभसंभवादो।

❀ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं।

§ ४२०. कुदो ? चरिमट्ठिदिखंडयउक्कीरणकालस्साणूणाहियस्स भुजगारसंकमविसईकयस्स तत्थुवलंभादो।

❀ अप्पदरसंकामगो केवचिरं कालादो होदि ?

§ ४२१. सुगमं।

❀ जहण्णेण एयसमओ।

§ ४२२. कुदो ? दुचरिमुव्वेल्लणखंडय दुचरिमफालीए सह तत्थुववण्णयम्मि तदुवलद्धीदो।

❀ उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो।

§ ४२३. कुदो ? अप्पदरसंकमाविणाभाविदीहुव्वेल्लणकालावलंबणादो।

❀ सोलसकसाय-भयदुगुंछाणमोघ अपच्चक्खाणावरणभंगो।

---

§ ४१९. क्योंकि चरम उद्वेलना काण्डककी द्विचरम फालिके साथ वहाँ उत्पन्न हुए जीवके दूसरे समयमें उक्त प्रकृतियोंके भुजगार संक्रमका जघन्य काल एक समय उपलब्ध होता है। अथवा द्विचरम उद्वेलना काण्डककी चरम फालिके संक्रमके बाद चरम उद्वेलना काण्डककी प्रथम फालिको संक्रमाकर उसके अनन्तर समयमें वहाँसे निकले हुए जीवके जघन्य काल एक समय उपलब्ध होता है।

* उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है।

§ ४२०. क्योंकि एकेन्द्रियोंमें भुजगार संक्रमका विषयभूत चरम स्थिति काण्डकका उत्कीरणकाल न्यूनाधिकतासे रहित अन्तर्मुहूर्त प्रमाण पाया जाता है।

* अल्पतर संक्रामकका कितना काल है ?

§ ४२१. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य काल एक समय है।

§ ४२२. क्योंकि द्विचरम उद्वेलन काण्डककी द्विचरम फालिके साथ वहाँ पर उत्पन्न होने पर जघन्य काल एक समय उपलब्ध होता है।

* उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है।

§ ४२३. क्योंकि अल्पतर संक्रमके अविनाभावी दीर्घ उद्वेलन कालका अवलम्बन लिया गया है।

* सोलह कषाय, भय और जुगुप्साका भङ्ग ओघ अप्रत्याख्यानावरणके समान है।

§ ४२४. कुदो ? भुजगार-अप्पदराणं जह० एगसमओ, उक्क० पलिदो० असंखे० भागो, अवट्ठि० जह० एगस०, उक्क० संखेज्जा समया इच्चेदेण भेदाभावादो।

✽ सत्तणोकसायाणं ओघ-हस्स-रदीणं भंगो।

§ ४२५. कुदो ? भुज०अप्प० संकामयाणं जह एयसमओ, उक्क० अंतोमु० इच्चेदेण तत्तो भेदाणुवलंभादो।

✽ एयजीवेण अंतरं।

§ ४२६. एयजीवसंबंधिकालविहासणाणंतरमेयजीवविसेसिदमंतरमेत्तो वत्तइस्सामो त्ति अहियारसंभालणसुत्तमेदं। तस्स य दुविहो णिद्देसो; ओघादेसभेएण। तत्थोघणिद्देसं ताव कुणमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ।

✽ मिच्छत्तस्स भुजगारसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होदि ?

§ ४२७. सुगमं।

✽ जहण्णेण एयसमओ वा दुसमओ वा; एवं णिरंतरं जाव तिसमऊणावलिया।

§ ४२८. तं जहा—पुव्वुप्पण्णसम्मत्त-मिच्छाइट्ठिणा वेदयसम्मत्ते पडिवण्णे तस्स पढमसमए अवत्तव्वसंकमादो विदियसमयम्मि भुजगारसंकमे जादे आदिट्ठा[1] तदो

§ ४२४. क्योंकि ओघसे अप्रत्याख्यानावरणके भुजगार और अल्पतर संक्रमका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण तथा अवस्थित संक्रमका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल संख्यात समय कहा है। इससे इसमें कोई भेद नहीं है।

✽ सात नोकषायोंके कालका भङ्ग ओघसे हास्य-रतिके समान है।

§ ४२५. क्योंकि ओघसे हास्य-रतिके भुजगार और अल्पतर संक्रामकोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त बतला आये हैं। उससे इसमें कोई भेद नहीं उपलब्ध होता।

✽ अब एक जीव की अपेक्षा अन्तरकालका अधिकार है।

§ ४२६. एक जीव सम्बन्धी कालका व्याख्यान करनेके बाद आगे एक जीव सम्बन्धी अन्तरकालको बतलाते हैं। इस प्रकार यह सूत्र अधिकारकी सम्हाल करता है। उसका निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। उनमेंसे सर्व प्रथम ओघ प्ररूपणाका निर्देश करते हुए आगेका सूत्र कहते हैं—

✽ मिथ्यात्वके भुजगार संक्रामकका अन्तर काल कितना है ?

§ ४२७. यह सूत्र सुगम है।

✽ जघन्य काल एक समय है, दो समय है। इस प्रकार निरन्तर क्रमसे तीन समय कम एक आवलि प्रमाण है।

§ ४२८. यथा—पहले उत्पन्न हुए सम्यक्त्वसे मिथ्या दृष्टि होकर वेदक सम्यक्त्वके प्राप्त करने पर उसके प्रथम समयमें हुए अवक्तव्यसंक्रमके बाद दूसरे समयमें भुजगार संक्रमके

१. आदीदिट्ठा ता०।

तदियसमए अप्पदरेणावट्ठिदेण वा अंतरियचउत्थसमए पुणो वि भुजगारसंकामगो जादो लद्धमेगसमयमेत्तं पयदजहण्णंतरं। दुसमयो वा पुव्वं व आदिं कादूण दोसु समएसु णिरुद्धपदेणंतरिय पुणो पंचसमयम्मि भुजगारसंकमपरिणदम्मि तदुवलद्धीदो। एवं तिसमयचदुसमयादिकमेणेदमंतरं वड्ढाविय णेदव्वं जाव सम्माइट्ठि-पढमावलियविदिय-समए पुव्वं व आदिं कादूण पुणो तदियादिसमएसु पडिवक्खपदसंकमेणंतरिय पढमा-वलियचरिमसमए भुजगारसंकमेण लद्धमंतरं कादूण ट्ठिदो त्ति। एवं कदे तिसमऊणावलियमेत्ता चेव पयदंतरवियप्पा समयुत्तरकमेण लद्धा होंति; एत्तो उवरि लद्धमंतरकरणोवायाभावादो। एवं पुव्वुप्पण्णसम्मत्तमिच्छाइट्ठिस्स वेदयसम्माइट्ठिपढमावलियावलंबणेण तिसमऊणा-वलियमेत्तंतर-वियप्पमुप्पायणं कादूण एत्तो अण्णत्थ जहण्णंतरमंतोमुहुत्तादो हेट्ठा णोवलब्भदि त्ति जाणावेमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ।

☼ अथवा जहण्णं अंतोमुहुत्तं।

§ ४२९. तं कथं? उवसमसम्माइट्ठिगुणसंकमेण भुजगारं संकममादिं कादूण विज्झादेणंतरिय पुणो सव्वलहुं दंसणमोहक्खवणाए अब्भुट्ठिदो तस्सापुव्वकरणपढमसमए

होने पर इसका आरम्भ हुआ। अनन्तर तीसरे समयमें अल्पतरसंक्रम या अवस्थितसंक्रमके द्वारा अन्तर करके चौथे समयमें फिरसे भुजगार संक्रामक हो गया। इस प्रकार प्रकृत जघन्य अन्तर एक समय प्राप्त हो गया। अथवा दो समय अन्तर है, क्योंकि पहले के समान भुजगार संक्रमका आरम्भ करके उसके बाद दो समय तक विवक्षित पदोंके द्वारा अन्तर करके पुनः पाँचवें समयमें भुजगार संक्रमसे परिणत होने पर उक्त दो समय अन्तर कालकी उपलब्धि होती है। इस प्रकार तीन समय और चार समय आदिके क्रमसे अन्तर कालको बढ़ाकर सम्यग्दृष्टिकी प्रथम आवलिके द्वितीय समयमें पहलेके समान भुजगार संक्रमका आरम्भ करके पुनः द्वितीयादि समयोंमें प्रतिपक्ष पदोंके संक्रमण द्वारा उसका अन्तर करके प्रथम आवलिके अन्तिम समयमें भुजगार संक्रमके द्वारा अन्तरको प्राप्त करके स्थित होने तक ले जाना चाहिए। ऐसा करने पर एक एक समय अधिकके क्रमसे तीन समय कम एक आवलि प्रमाण ही प्रकृत अन्तर कालके विकल्प प्राप्त होते हैं, क्योंकि इससे अधिक अन्तर करनेका अन्य कोई उपाय नहीं प्राप्त होता। इस प्रकार पहले उत्पन्न हुए सम्यक्त्वसे मिथ्यात्वमें आकर पुनः वेदक सम्यग्दृष्टि हुए जीवके प्रथम आवलिके अवलम्बन द्वारा तीन समय कम आवलि प्रमाण अन्तर कालके विकल्पोंको उत्पन्न करके इसके सिवा अन्यत्र जघन्य अन्तर काल अन्तर्मुहूर्तसे कम नहीं उपलब्ध होता इस बातका ज्ञान कराते हुए आगेका सूत्र कहते हैं—

* अथवा जघन्य अन्तर काल अन्तर्मुहूर्त है।

§ ४२९ शंका—वह कैसे?

समाधान—कोई उपशम सम्यग्दृष्टि जीव गुणसंक्रमके द्वारा भुजगार संक्रमका आरम्भ करके और विध्यात संक्रमके द्वारा उसका अन्तर करके पुनः अति शीघ्र दर्शनमोहकी क्षपणाके लिए उद्यत हुआ। उसके अपूर्वकरणके प्रथम समयमें गुणसंक्रमका आरम्भ हो जाने से प्रकृत अन्तर

गुणसंकमपारंभेण पयदंतरपरिसमत्ती जादा लद्धो जहण्णेणंतोमुहुत्तमेत्तो पयदभुजगारंतरकालो ।

❀ उक्कस्सेण उवड्ढपोग्गलपरियट्टं ।

§ ४३०. तं जहा[१]—एक्को अणादियमिच्छाइट्ठी पढमसम्मत्तं पडिवज्जिय गुणसंकमेण भुजगारसंकामगो जादो । तदो सव्वजहण्णगुणसंकमकाले वोलीणे अप्पयरसंकमेणंतरिय कमेण संकामगो होदूणद्धपोग्गलपरियट्टं देसूणं परिभमिय तदवसाणे अंतोमुहुत्तसेसे उवसमसम्मत्तं घेत्तूण गुणसंकमवसेण भुजगारसंकामगो जादो लद्धो आदिल्लंतिल्लेहिं दोहिं अंतोमुहुत्तेहिं परिहीणद्धपोग्गलपरियट्टमेत्तो पयदुक्कस्संतरकालो ।

❀ एवमप्पदरावट्ठिदसंकामयंतरं ।

§ ४३१. जहा भुजगारसंकामयंतरं परूविदमेवमेदेसिं पि पदाणं परूवेयव्वं; विसेसाभावादो । णवरि जहण्णेणंतोमुहुत्तपरूवणा अप्पदरसंकमस्स[२] जहण्णमिच्छत्तकालेणंतरिदस्स परूवेयव्वा । अवट्ठिदसंकमस्स वि पुव्वुप्पण्णसम्मत्तेण मिच्छत्तादो सम्मत्तमुवगयस्स पढमावलियाए चरिमसमए आदिं कादूण पुणो सव्वजहण्णवेदयसम्मत्तकालसेसेण तप्पाओग्गजहण्णंतोमुहुत्तपमाणमिच्छत्तकालेण चांतरिदस्स पुणो वेदयसम्मत्त-

---

कालकी समाप्ति हो गई । इस प्रकार प्रकृत भुजगार संक्रमका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त प्राप्त हो गया ।

* उत्कृष्ट अन्तर काल उपार्ध पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है ।

§ ४३०. यथा—एक अनादि मिथ्यादृष्टि जीव प्रथम सम्यक्त्वको प्राप्त करके गुणसंक्रमके द्वारा भुजगार संक्रामक हो गया । उसके बाद सबसे जघन्य गुणसंक्रमके कालके व्यतीत होने पर उसका अल्पतर संक्रमके द्वारा अन्तर करके तथा क्रमसे असंक्रामक होकर कुछ कम अर्धपुद्गल परिवर्तन काल तक परिभ्रमण करके उसके अन्तमें अन्तर्मुहूर्त काल शेष रहने पर उपशमसम्यक्त्व को ग्रहण करके गुणसंक्रमके द्वारा भुजगार संक्रामक हो गया । इस प्रकार प्रकृत उत्कृष्ट अन्तरकाल आदि और अन्तके दो अन्तर्मुहूर्तोंसे हीन अर्धपुद्गल परिवर्तन प्रमाण प्राप्त हो गया ।

* इसी प्रकार अल्पतर और अवस्थित संक्रामकोंका अन्तर काल जानना चाहिए ।

§ ४३१. जिस प्रकार भुजगार संक्रामकका अन्तर काल कहा है उसी प्रकार इन पदोंका भी अन्तर काल कहना चाहिए, क्योंकि कोई विशेषता नहीं है । अथवा इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वके अल्पतर संक्रामकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त कहना चाहिए । तथा अवस्थित संक्रमका भी, पहले उत्पन्न हुए सम्यक्त्वमें मिथ्यात्वमें जाकर पुनः सम्यक्त्वको प्राप्त हुए जीवके प्रथम आवलिके अन्तिम समयमें अवस्थित संक्रमको पुनः शेष रहे सबसे जघन्य वेदकसम्यक्त्वके काल द्वारा तथा मिथ्यात्वके तत्प्रायोग्य जघन्य अन्तर्मुहूर्त प्रमाण कालके द्वारा उसका अन्तर [कराके पुनः वेदक] सम्यक्त्वको प्राप्त करके उसकी प्रथम आवलिके द्वितीय समयमें, अन्तर काल प्राप्त कर लेना चाहिए ।

---

१. कुदो ! ता० । २. कालस्स ता० ।

पडिलंभपढमावलियाए विदियसमयम्मि लद्धमंतरं कायव्वं। एवमुक्कस्सेणुवड्ढपोग्गल-परियट्टमेत्तंतरपरूवणाए वि जाणिय वत्तव्वं।

✻ अवत्तव्वसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होदि ?

§ ४३२. सुगमं।

✻ जहण्णेणंतोमुहुत्तं।

§ ४३३. सम्माइट्ठिपढमसमए आदिं कादूण विदियादिसमएसु अंतरियसव्वलहुं मिच्छत्तं गंतूण पडिणियत्तिय पडिवण्णतब्भावम्मितदुवलद्धीदो।

✻ उक्कस्सेण उवड्ढपोग्गलपरियट्टं।

§ ४३४. पढमसम्मत्तग्गहणपढमसमए लद्धप्पसरूवस्सावत्तव्वसंकमस्स पुणो मिच्छत्तं गंतूण सव्वुक्कस्सेणंतरेण सम्मत्तं पडिवण्णस्स पढमसमए लद्धमंतरमेत्थ कायव्वं।

✻ सम्मत्तस्स भुजगारसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होदि ?

§ ४३५. सुगमं।

✻ जहण्णेण पलिदोवमस्सासंखेज्जदिभागो।

§ ४३६. तं जहा—चरिमुव्वेल्लणकंडयम्मि गुणसंकमेण पयदसंकमस्सादिं करिय तदणंतरसमए सम्मत्तमुप्पाइय असंकामगो होदूणंतरिय सव्वलहुं गंतूण सव्वजहण्णुव्वेल्लण-

इसी प्रकार इनके उपार्ध पुद्गल परिवर्तन प्रमाण उत्कृष्ट अन्तर कालकी प्ररूपणा भी जानकर करनी चाहिए।

✻ अवक्तव्यसंक्रामकका अन्तरकाल कितना है ?

§ ४३२. यह सूत्र सुगम है।

✻ जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्तप्रमाण है।

§ ४३३. क्योंकि सम्यग्दृष्टिके प्रथम समयमें उसका प्रारम्भ करके तथा द्वितीयादि समयोंमें अन्तर करके अतिशीघ्र मिथ्यात्वमें जाकर और लौटकर पुनः अवक्तव्य संक्रमके प्राप्त होने पर उक्त अन्तरकाल प्राप्त होता है।

✻ उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्ध पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है।

§ ४३४. प्रथम सम्यक्त्वग्रहणके प्रथम समयमें अवक्तव्यसंक्रमका स्वरूप लाभ किया। पुनः मिथ्यात्वमें जाकर और सबसे उत्कृष्ट कालतक वहाँ रहकर सम्यक्त्वको प्राप्त कर अवक्तव्यसंक्रम किया। इस प्रकार यहाँ अवक्तव्यसंक्रमका उत्कृष्ट अन्तरकाल प्राप्त कर लेना चाहिए।

✻ सम्यक्त्वके भुजगार संक्रामकका अन्तरकाल कितना है ?

§ ४३५. यह सूत्र सुगम है।

✻ जघन्य अन्तरकाल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है।

§ ४३६. यथा—अन्तिम उद्वेलनाकाण्डकमें गुणसंक्रमके द्वारा प्रकृत संक्रमका प्रारम्भ करके उसके अनन्तर समयमें सम्यक्त्वको उत्पन्न कर असंकामक होकर और उसका अन्तर

कालेणुव्वेल्लमाणयस्स चरिमट्ठिदिखंडए पढमसमए लद्धमंतरं होइ।

❀ उक्कस्सेण उवड्ढपोग्गलपरियट्टं ।

§ ४३७. तं कधं ? अणादियमिच्छाइट्ठी सम्मत्तमुप्पाइय सव्वलहुं मिच्छत्तं गंतूण जहण्णुव्वेल्लणकालेणुव्वेल्लमाणो चरिमट्ठिदिखंडयम्मि भुजगारसंकमस्सादिं कादूणंतरिय देसूणद्धपोग्गलपरियट्टं परिभमिय पुणो पलिदोवमासंखेज्जभागमेत्तसेसे सिज्झणकाले सम्मत्तं घेत्तूण मिच्छत्तपडिवादेणुव्वेल्लेमाणयस्स चरिमे ट्ठिदिखंडए लद्धमंतरं कायव्वं। एवमादिल्लंतिल्लेहि पलिदो० असंखे० भागंतोमुहुत्तेहि परिहीणद्धपोग्गलपरियट्टमेत्तं पयदुक्कस्संतरपमाणं होदि ।

❀ अप्पदरावत्तव्वसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होदि ?

§ ४३८. सुगमं ।

❀ जहण्णेण अंतोमुहुत्तं ।

§ ४३९. अप्पयरस्स ताव उच्चदे । मिच्छाइट्ठी सम्मत्तस्स अप्पयरसंकमं कुणमाणो सम्मत्तं पडिवण्णो । तत्थ सव्वजहण्णंतोमुहुत्तमेत्तमंतरिय पुणो मिच्छत्तं गदो, तस्स विदियसमए लद्धमंतरं होइ । अवत्तव्वसंकमस्स वि सम्मत्तादो मिच्छत्तं पडिवण्णस्स पढमसमए

करके अतिशीघ्र मिथ्यात्वमें जाकर सबसे जघन्य उद्वेलना करनेवाले जीवके अन्तिम स्थितिकाण्डकके प्रथम समय अन्तरकाल प्राप्त होता है।

* उत्कृष्ट अन्तर उपार्धपुद्गल परिवर्तन प्रमाण है ।

§ ४३७. शंका—वह कैसे ?

समाधान—जो अनादि मिथ्यादृष्टि जीव सम्यक्त्वको उत्पन्न करके तथा अतिशीघ्र मिथ्यात्वमें जाकर जघन्य उद्वेलना कालके द्वारा उद्वेलना करता हुआ चरम स्थितिकाण्डकके प्राप्त होने पर भुजगारसंक्रमका प्रारम्भ करके तथा उसका अन्तर करके कुछ कम अर्ध पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण परिभ्रमण करके पुनः सिद्ध होनेके कालमें पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण शेष रहने पर सम्यक्त्वको ग्रहण कर और मिथ्यात्वमें जाकर पुनः सम्यक्त्वकी उद्वेलना करते हुए अन्तिम स्थितिकाण्डकमें स्थित होता है उसके भुजगारसंक्रमका उत्कृष्ट अन्तर काल प्राप्त करना चाहिए। इस प्रकार प्रारम्भके और अन्तके पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण और अन्तर्मुहूर्तसे हीन अर्ध पुद्गल परिवर्तन मात्र प्रकृत उत्कृष्ट अन्तरकालका प्रमाण होता है।

* अल्पतर और अवक्तव्यसंक्रामकोंका अन्तरकाल कितना है ?

§ ४३८. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है।

§ ४३९. उनमेसे सर्व प्रथम अल्पतर संक्रामकका जघन्य अन्तरकाल कहते हैं—एक मिथ्यादृष्टि जीव सम्यक्त्वका अल्पतर संक्रम करता हुआ सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ। वहाँ पर सबसे जघन्य अन्तर्मुहूर्त प्रमाण कालका अन्तर करके मिथ्यात्वमें गया। उसके दूसरे समयमें यह जघन्य अन्तरकाल प्राप्त हो जाता है। इसी प्रकार जो जीव सम्यक्त्वसे मिथ्यात्वमें जाकर उसके प्रथम

आदिं कादूण सव्वजहण्णमिच्छत्तद्धमच्छिय सम्मत्तं घेत्तूण पुणो सव्वलहुं मिच्छत्तं गदस्स पढमसमए लद्धमंतरं कायव्वं ।

❀ उक्कस्सेण उवड्ढपोग्गलपरियट्टं ।

§ ४४०. तं कधं ? एको अणादियमिच्छाइट्ठी अद्धपोग्गलपरियट्टादिसमए सम्मत्तमुप्पाइय सव्वलहुं परिणामपच्चएण मिच्छत्तमुवगओ तदो सम्मत्तस्सुव्वेल्लणावसेणप्पदरसंकमं करेमाणो गच्छदि, जाव सव्वजहण्णुव्वेल्लणकालेणुव्वेल्लेमाणयस्स दुचरिमट्ठिदिखंडयचरिमफालि त्ति । तत्तोप्पहुडिपयदंतरयारंभं कादूण देसूणमद्धपोग्गलपरियट्टं परियट्टिदूण तदवसाणे अंतोमुहुत्तावसेसे संसारे सम्मत्तं पडिवण्णो संतो पुणो वि मिच्छत्तं पदिदो तस्स बिदियसमए अप्पयरसंकामयस्स लद्धमंतरं होइ । एवमवत्तव्वसंकामयस्स वि वत्तव्वं, णवरि अद्धपोग्गलपरियट्टादिसमए पढमसम्मत्तमुप्पाइय सव्वलहुं मिच्छत्तं पडिवण्णस्स पढमसमए पयदसंकमस्सादिं कादूण पुणो दीहंतरेण सम्मत्तमुप्पाइय मिच्छत्तमुवगयस्स पढमसमयम्मि लद्धमंतरं कायव्वं ।

❀ सम्मामिच्छत्तस्स भुजगार-अप्पयरसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होदि ?

समयमे अवक्तव्य संक्रमका प्रारम्भ करके और सबसे जघन्य काल तक मिथ्यात्वमे रह कर तथा सम्यक्त्वको ग्रहण कर पुनः अतिशीघ्र मिथ्यात्वको प्राप्त होकर उसके प्रथम समयमे अवक्तव्य संक्रम करता है उसके अवक्तव्य संक्रमका भी अन्तरकाल प्राप्त करना चाहिए ।

* उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्ध पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है ।

§ ४४०. शंका—वह कैसे ?

समाधान—एक अनादि मिथ्यादृष्टि जीव अर्धपुद्गल परिवर्तनके प्रथम समय में सम्यक्त्व उत्पन्न करके अति शीघ्र परिणाम वश मिथ्यात्वको प्राप्त हुआ । अनन्तर सम्यक्त्वकी उद्वेलनाके कारण अल्पतर संक्रमको करता हुआ वह भी सबसे जघन्य उद्वेलना कालके द्वारा उद्वेलना करता हुआ द्विचरमस्थिति काण्डककी अन्तिम फालिके प्राप्त होने तक जाता है । इसके बाद वहाँ से लेकर प्रकृत संक्रमके अन्तरकालका प्रारम्भ करके तथा कुछ कम अर्धपुद्गल परिवर्तन काल तक परिभ्रमण करके उसके अन्तमें संसारमे रहनेका अन्तर्मुहूर्त प्रमाण काल शेष रहने पर सम्यक्त्वको प्राप्त होकर पुनः मिथ्यात्वमें गया । उसके मिथ्यात्वमे जानेके दूसरे समयमें अल्पतर सक्रामकका उत्कृष्ट अन्तरकाल प्राप्त होता है । इसी प्रकार अवक्तव्य संक्रामकका भी अन्तर काल करना चाहिए । इतनी विशेषता है कि अर्धपुद्गल परिवर्तनके प्रथम समयमें प्रथम सम्यक्त्वको उत्पन्न करके और अतिशीघ्र मिथ्यात्वमें ले जाकर उसके प्रथम समयमें प्रकृत संक्रमका प्रारम्भ करावे । पुनः दीर्घ अन्तरकालके बाद सम्यक्त्वको उत्पन्न कराके और मिथ्यात्वमें ले जाकर उसके प्रथम समयमे प्रकृत संक्रमका अन्तरकाल प्राप्त कर लेना चाहिए ।

* सम्यग्मिथ्यात्वके भुजगार और अल्पतर संक्रामकका अन्तरकाल कितना है ।

§ ४४१. सुगमं ।

✽ जहण्णेण एयसमओ ।

§ ४४२. तं जहा—चरिमुव्वेल्लणकंडयम्मि भुजगारसंकमस्सादिं कादूण तदणंतरसमए सम्मत्तमुप्पाइय अप्पयरभावेणेयसमयमंतरिय पुणो वि विदियसमए गुणसंकमवसेण भुजगारसंकामगो जादो लद्धमंतरं। अप्पयरस्स वुच्चदे—दुचरिमुव्वेल्लणकंडयचरिमफालीए अप्पयरसंकमं कुणमाणो चरिमुव्वेल्लणखंडयपढमफालिविसयगुणसंकमेणेयसमयमंतरिय पुणो वि सम्मत्तुप्पत्तिपढमसमए अप्पयरसंकामगो जादो लद्धमंतरं ।

✽ उक्कस्सेण उवड्ढपोग्गलपरियट्टं ।

§ ४४३. तं जहा—भुजगारसंकमस्स सम्मत्तभंगेण चरिमुव्वेल्लणकंडयम्मि आदिं कादूणंतरियस्स पुणो दीहंतरेणसम्मत्ते समुप्पाइदे तदियसमयम्मि गुणसंकमवसेण लद्धमंतरं कायव्वं । अप्पयरसंकमस्स वि सम्मत्त-भंगेण पयदंतरपरूवणा कायव्वा । णवरि दीहंतरेण सम्मत्तं पडिवज्जिय गुणसंकमादो विज्झादे पदिदस्स लद्धमंतरं दट्ठव्वं ।

✽ अवत्तव्वसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होदि ?

§ ४४४. सुगमं ।

---

§ ४४१. यह सूत्र सुगम है ।

✽ जघन्य अन्तरकाल एक समय है ।

§ ४४२. यथा—अन्तिम उद्वेलना काण्डकमें भुजगारसंक्रमका प्रारम्भ करके उसके अनन्तर समयमें सम्यक्त्वको उत्पन्न कराके उस समय हुए अल्पतरसंक्रमके द्वारा एक समयका अन्तर देकर पुनः दूसरे समयमें गुणसंक्रम होनेके कारण भुजगारसंक्रामक हो गया । इस प्रकार भुजगारसंक्रामकका जघन्य अन्तर एक समय प्राप्त हो जाता है । अब अल्पतर संक्रमका अन्तर काल कहते हैं—द्विचरम उद्वेलना काण्डककी अन्तिम फालिमें अल्पतर संक्रमको करता हुआ अन्तिम उद्वेलना काण्डककी प्रथम फालिविषयक गुणसंक्रमके द्वारा उसका अन्तर करके पुनः सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके प्रथम समयमें अल्पतर संक्रामक हो गया । इस प्रकार अल्पतर संक्रमका जघन्य अन्तर एक समय प्राप्त हुआ ।

✽ उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण है ।

§ ४४३. यथा—सम्यक्त्वके समान इसके भुजगार संक्रमका अन्तिम उद्वेलना काण्डकमें प्रारम्भ करके तथा अनन्तर समयमें उसका अन्तर करके पुनः दीर्घ अन्तर देकर सम्यक्त्वके उत्पन्न कराने पर उसके तीसरे समयमें गुणसंक्रमके कारण भुजगार संक्रम कराके अन्तरकाल प्राप्त कर लेना चाहिए । तथा इसके अल्पतर संक्रमकी भी सम्यक्त्वके समान उत्कृष्ट अन्तरकालकी प्ररूपणा कर लेनी चाहिए । इतनी विशेषता है कि दीर्घ अन्तरके बाद सम्यक्त्वको प्राप्त कराके गुणसंक्रम होकर विध्यात संक्रमको प्राप्त हुए जीवके अन्तरकाल होता है ऐसा जानना चाहिए ।

✽ अवक्तव्य संक्रामकका अन्तरकाल कितना है ?

§ ४४४. यह सूत्र सुगम है ।

* जहण्णेण अंतोमुहुत्तं ।

§ ४४५. तं कधं ? णिस्संतकम्मियमिच्छाइट्ठिणा सम्मत्तमुप्पाइदं तस्स बिदियसमयम्मि अवत्तव्वसंकमस्सादी दिट्ठा । तदो अंतरिय उवसमसम्मत्तकालावसाणे सासणं पडिवज्जिय मिच्छत्तं पडिवण्णस्स पढमसमए लद्धमंतरं कायव्वं ।

* उक्कस्सेण उवड्ढपोग्गलपरियट्टं ।

§ ४४६. तं जहा—अद्धपोग्गलपरियट्टादिसमए सम्मत्तुप्पायणाए वावदस्स बिदियसमए आदी दिट्ठा । तदो दीहंतरेणंतरिय अंतोमुहुत्तसेसे संसारकाले सम्मत्तुप्पत्तीए परिणदस्स बिदियसमयम्मि लद्धमंतरं होइ ।

* अणंताणुबंधीणं भुजगार-अप्पयरसंकामयंतरं केवचिरं ?

§ ४४७. सुगमं ।

* जहण्णेण एयसमओ ।

§ ४४८. भुजगारप्पदराणमणप्पिदपदेणेयसमयमंतरिदाणं तदुवलंभादो ।

* उक्कस्सेण बेछावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि ।

---

* जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है ।

§ ४४५. शंका—वह कैसे ?

समाधान—सम्यक्त्वकी सत्तासे रहित किसी एक मिथ्यादृष्टि जीवने सम्यक्त्वको उत्पन्न किया उसके दूसरे समयमें अवक्तव्य संक्रमका प्रारम्भ दिखाई दिया । उसके बाद इसका अन्तर करके उपशम सम्यक्त्वके कालके अन्तमें सासादनको प्राप्त होकर मिथ्यात्वमें जाकर इसके प्रथम समयमें पुनः इसका अवक्तव्य संक्रम किया । इस प्रकार अन्तर्मुहूर्तप्रमाण जघन्य अन्तर काल प्राप्त कर लेना चाहिए ।

* उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्धपुद्गल परिवर्तन प्रमाण है ।

§ ४४६. यथा—अर्धपुद्गल परिवर्तन प्रमाण कालके प्रथम समयमें सम्यक्त्वके उत्पन्न करनेमें लगे हुए जीवके इसके दूसरे समयमें अवक्तव्य संक्रमका प्रारम्भ दिखलाई दिया । उसके बाद दीर्घ काल तक अन्तर देकर संसारमें रहनेका काल अन्तर्मुहूर्त शेष रहने पर सम्यक्त्वके उत्पन्न करनेमें परिणत हुए जीवके दूसरे समयमें पुनः अवक्तव्य संक्रम होनेसे उत्कृष्ट अन्तरकाल उक्त काल प्रमाण प्राप्त होता है ।

* अनन्तानुबन्धियोंके भुजगार और अल्पतर संक्रामकका अन्तरकाल कितना है ?

§ ४४७. यह सूत्र सुगम है ।

* जघन्य अन्तरकाल एक समय है ।

§ ४४८. क्योंकि अनर्पित पदके द्वारा अन्तरको प्राप्त हुए भुजगार और अल्पतर संक्रमका जघन्य अन्तर एक समय उपलब्ध होता है ।

* उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक दो छ्यासठ सागर प्रमाण है ।

§ ४४९. तं जहा—पंचिदिएसु भुजगारसंकमस्सादिं कादूणेइंदिएसु पलिदोवमासंखेज्जभागमेत्तप्पयरकालेणंतरिय पुणो असण्णिपंचिदिएसु देवेसु च समयाविरोहेण जहाकममुप्पज्जिय तदो सम्मत्तं घेत्तूण वेछावट्ठिसागरोवमाणि परिभमिय तदवसाणे मिच्छत्तं गंतूण भुजगारसंकामगो जादो लद्धमंतरं पयदभुजगारसंकामयस्स पलिदोवमस्सासंखेज्जदिभागेण सादिरेयवेछावट्ठिसागरोवममेत्तमुक्कस्सेण संपहि अप्पयरसंकमस्स उच्चदे। तं जहा—एक्को मिच्छाइट्ठी उवसमसम्मत्तं घेत्तूण तक्कालब्भंतरे चेव विसंजोयणाए अब्भुट्ठिदो। तत्थापुव्वकरणपढमसमए पयदंतरस्सादिं कादूण कमेण वेदयसम्मत्तं पडिवज्जिय पढमविदियछावट्ठीओ सम्मामिच्छत्तंतरिदाओ जहाकममणुपालिय तदवसाणे परिणामपच्चएण मिच्छत्तं गदो तत्थ वि पलिदोवमासंखेज्जभागमेत्तकालं भुजगारसंकामओ होदूण तदो अप्पयरसंकामओ जादो लद्धमंतरमुक्कस्सेण पदयप्पयरसंकामयस्स पुव्विल्लंतोमुहुत्तेण पच्छिल्लपलिदोवमासंखेज्जदिभागेण च सादिरेयवेछावट्ठिसागरोवममेत्तं।

*** अवट्ठिदसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होदि ?**

§ ४५०. सुगमं।

*** जहण्णेणेयसमओ।**

§ ४५१. तं जहा—अवट्ठिदसंकमादो भुजगारमप्पदरं वा एयसमयं कादूण तदणंतरसमए पुणो वि अवट्ठिदसंकामओ जादो लद्धमंतरं।

---

§ ४४९. यथा—कोई एक जीव पञ्चेन्द्रियोंमें भुजगार संक्रमका प्रारम्भ करके एकेन्द्रियोंमें पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण काल तक रह कर पुनः असंज्ञी पञ्चेन्द्रियों और देवोंमे यथाविधि क्रमसे उत्पन्न होकर अनन्तर सम्यक्त्वको ग्रहण कर दो छयासठ सागर काल तक परिभ्रमण कर उसके अन्तमें मिथ्यात्वमें जाकर भुजगारसंक्रामक हो गया। इसप्रकार प्रकृत भुजगार संक्रामकका उत्कृष्ट अन्तरकाल पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक दो छयासठ सागर प्रमाण प्राप्त हो गया। अब अल्पतरसंक्रमका उत्कृष्ट अन्तरकाल कहते हैं। यथा—कोई एक मिथ्यादृष्टि जीव उपशम सम्यक्त्वको ग्रहण कर उस कालके भीतर ही विसंयोजनाके लिए उद्यत हुआ। वहाँ पर वह अपूर्वकरणके प्रथम समयमें प्रकृत संक्रमके अन्तरकालका प्रारम्भ करके तथा क्रमसे वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त होकर सम्यग्मिथ्यात्वसे अन्तरित प्रथम और द्वितीय छयासठ सागर कालका क्रमसे पालन करके उनके अन्तमें परिणामवश मिथ्यात्वमें जाकर वहाँ पर भी पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण कालतक भुजगार संक्रामक होकर अनन्तर अल्पतर संक्रामक हो गया। इस प्रकार प्रकृत अल्पतर संक्रमकका उत्कृष्ट अन्तरकाल पहलेका अन्तर्मुहूर्त और बादका असंख्यातवाँ भाग अधिक दो छयासठ सागर प्रमाण प्राप्त हो गया।

*** अवस्थितसंक्रामकका अन्तरकाल कितना है ?**

§ ४५०. यह सूत्र सुगम है।

*** जघन्य अन्तरकाल एक समय है।**

§ ४५१. यथा—अवस्थित संक्रमके बाद एक समय तक भुजगार या अल्पतर संक्रम करके उसके अनन्तर समयमें फिर भी अवस्थित संक्रामक हो गया। इस प्रकार जघन्य अन्तर एक समय प्राप्त हो गया।

ॐ उक्कस्सेण अणंतकालमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा ।

§ ४५२. कुदो; एयवारमवट्ठिदसंकमेण परिणदस्स पुणो तदसंभवेणासंखेज्ज-पोग्गलपरियट्टमेत्तकालमुक्कस्सेणावट्ठाणब्भुवगमादो । असंखेज्जलोगमेत्तमुक्कस्संतरमवट्ठिद-पदस्स परूविदमुच्चारणाकारेण कधमेदेण सुत्तेण तस्साविरोहो त्ति ण, उवएसंतरावलंबणे-णाविरोहसमत्थणादो ।

ॐ अवत्तव्वसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होदि ?

§ ४५३. सुगमं ।

* जहण्णेण अंतोमुहुत्तं ।

§ ४५४. तं जहा-विसंजोयणापुव्व[1] संजोगे णवकबंधावलियादिक्कंतपढमसमए-अवत्तव्वसंकमस्सादिं कादूणंतरिय पुणो सव्वलहुं सम्मत्तं पडिवज्जिय विसंजोएदूण संजुत्तस्स बंधावलियवदिक्कंते लद्धमंतरं होइ ।

ॐ उक्कस्सेण उवड्ढपोग्गलपरियट्टं ।

§ ४५५. तं कधं ? अद्धपोग्गलपरियट्टादिसमए सम्मत्तगुणाइय उवसमसम्मत्त-

---

* उत्कृष्ट अन्तरकाल अनन्तकाल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तन के बराबर है ।

§ ४५२. क्योंकि एक बार अवस्थित संक्रमसे परिणत हुए जीवके पुनः वह असम्भव होने-से अवस्थित संक्रमका उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण स्वीकार किया गया है ।

शंका—उच्चारणाकारने अवस्थित संक्रमका उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण कहा है, इसलिए सूत्रके साथ उसका अविरोध कैसे घटित होता है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि उपदेशान्तरके अवलम्बन द्वारा अविरोधका समर्थन किया गया है ।

* अवक्तव्य संक्रामकका अन्तरकाल कितना है ?

§ ४५३. यह सूत्र सुगम है ।

* जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है ।

§ ४५४. यथा—विसंयोजनापूर्वक संयोग होने पर नवकबन्धावलिके व्यतीत होनेके प्रथम समयमें अवक्तव्य संक्रमका प्रारम्भ करके और उसका अन्तर करके पुनः अतिशीघ्र सम्यक्त्वको प्राप्त करके विसंयोजनापूर्वक संयुक्त होनेके बाद बन्धावलिके व्यतीत होने पर पुनः अवक्तव्य-संक्रम होकर उसका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त प्रमाण प्राप्त होता है ।

* उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्ध पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है ।

§ ४५५. शंका—यह कैसे ?

समाधान—अर्ध पुद्गल परिवर्तन प्रमाण कालके प्रथम समयमें सम्यक्त्वको उत्पन्न करके

---

1. पुव्व ता० ।

कालब्भंतरे चेवाणंताणुवंधिचउक्कं विसंजोइय सव्वलहुं संजुत्तस्स बंधावलियादिक्कंतपढम-समए अवत्तव्वसंकमस्सादी दिट्ठा। तदो सव्वचिरमंतरिदूणद्धपोग्गलपरियट्टावसाणे अंतो-मुहुत्तावसेसे सम्मत्तमुप्पाइय विसंजोयणापुव्वं संजुत्तस्स बंधावलियादिक्कमे लद्धमंतरं होइ।

ॐ बारसकसाय-पुरिसवेद-भयदुगुंछाणं भुजगारप्पयरसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होदि ?

§ ४५६. सुगमं।

ॐ जहण्णेण एयसमओ।

§ ४५७. कुदो ? भुजगारप्पदराणमणप्पिदपदेणेयसमयमंतरिदाणं तदुवलद्धीदो।

ॐ उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो।

§ ४५८. कुदो ? भुजगारप्पयराणमण्णोण्णुक्कस्सकालेणावट्ठिदकालसहिदेणंतरिदाण-मुक्कस्संतरस्स तप्पमाणत्तोवलंभादो।

ॐ अवट्ठिदसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होदि ?

§ ४५९. सुगमं।

ॐ जहण्णेण एयसमओ।

उपशमसम्यक्त्व कालके भीतर ही अनन्तानुवन्धी चतुष्ककी विसंयोजना करके अति शीघ्र संयुक्त हुए जीवके वन्धावलिके व्यतीत होनेके प्रथम समयमें अवक्तव्यसंक्रमका प्रारम्भ दिखलाई दिया। उसके बाद बहुत दीर्घ काल तक उसका अन्तर करके अर्धपुद्गल परिवर्तन प्रमाण कालके अन्तमें अन्तर्मुहूर्त शेष रहने पर सम्यक्त्वको उत्पन्न करके विसंयोजनापूर्वक संयुक्त हुए जीवके बन्धावलिके व्यतीत होने पर पुनः अवक्तव्य संक्रम होनेसे उसका उक्त अन्तरकाल प्राप्त हो जाता है।

*** बारह कषाय, पुरुषवेद, भय और जुगुप्साके भुजगार और अल्पतर संक्रामकका अन्तरकाल कितना है ?**

§ ४५६. यह सूत्र सुगम है।

*** जघन्य अन्तरकाल एक समय है।**

§ ४५७. क्योंकि अनर्पित पद द्वारा एक समयके लिए अन्तरित किये गये भुजगार और अल्पतर पदोंका जघन्य अन्तर एक समय उपलब्ध होता है।

*** उत्कृष्ट अन्तरकाल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है।**

§ ४५८. क्योंकि अवस्थित पदके कालके साथ एक दूसरेके उत्कृष्ट कालसे अन्तरको प्राप्त हुए भुजगार और अल्पतर संक्रमका उत्कृष्ट अन्तर उक्त कालप्रमाण उपलब्ध होता है।

*** अवस्थित संक्रामकका अन्तर काल कितना है ?**

§ ४५९. यह सूत्र सुगम है।

*** जघन्य अन्तरकाल एक समय है।**

§ ४६०. भुजगार-अप्पदरसंकमेहि एयसमयमंतरिदस्स तदुवलद्धीदो ।

✽ उक्कस्सेण अणंतकालमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा ।

§ ४६१. सुगममेदं; अणंताणुबंधीणमवट्ठिदुक्कस्संतरपरूवणाए समाणत्तादो । संपहि एदेण सुत्तेण पुरिसवेदस्स वि असंखेज्जपोग्गलपरियट्टमेत्तावट्ठिदसंकमुक्कस्संतरावि[1]प्पसंगे तदसंभवपदुप्पायणदुवारेण तत्थ देसूणअद्धपोग्गलपरियट्टमेत्तंतरविहासणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ ।

✽ णवरि पुरिसवेदस्स उवड्ढपोग्गलपरियट्टं ।

§ ४६२. कुदो ? सम्माइट्ठिम्मि चेव तदवट्ठिदसंकमस्स संभवणियमादो ।

✽ सव्वेसिमवत्तव्वसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होदि ?

§ ४६३. सुगममेदं पुच्छावक्कं ।

✽ जहण्णेण अंतोमुहुत्तं ।

§ ४६४. सव्वोवसामणापडिवादजहण्णंतरस्स तप्पमाणत्तोवलंभादो ।

✽ उक्कस्सेण उवड्ढपोग्गलपरियट्टं ।

§ ४६५. अद्धपोग्गलपरियट्टादिसमए पढमसम्मत्तमुप्पाइय सव्वलहुं सव्वोवसामणापडिवादेणादिं कादूणंतरिदस्स पुणो तदवसाणे अंतोमुहुत्तसेसे सव्वोवसामणा-

---

§ ४६०. क्योंकि भुजगार और अल्पतर संक्रमके द्वारा एक समयके लिए अन्तर को प्राप्त हुए अवस्थित संक्रमका जघन्य अन्तर एक समय उपलब्ध होता है ।

✽ उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तनोंके बराबर है ।

§ ४६१. यह सूत्र सुगम है, क्योंकि यह अनन्तानुबन्धियोंके अवस्थित संक्रमके उत्कृष्ट अन्तरके कथनके समान है । अब इस सूत्र द्वारा पुरुषवेदके भी अवस्थित संक्रमका उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण प्राप्त होने पर वह असम्भव है इसके कथन द्वारा उसमें कुछ कम अर्धपुद्गल परिवर्तन प्रमाण अन्तरका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

✽ इतनी विशेषता है कि पुरुषवेदका उक्त अन्तरकाल उपार्धपुद्गल परिवर्तन प्रमाण है ।

§ ४६२. क्योंकि सम्यग्दृष्टिके ही पुरुषवेदके अवस्थित संक्रमकी सम्भावनाका नियम है ।

✽ उक्त सब कर्मोंके अवक्तव्य संक्रामकका अन्तरकाल कितना है ?

§ ४६३. यह पृच्छा वाक्य सुगम है ।

✽ जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है ।

§ ४६४. क्योंकि सर्वोपशामनाके प्रतिपातके जघन्य अन्तरकाल प्रमाण यह उपलब्ध होता है ।

✽ उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्धपुद्गल परिवर्तन प्रमाण है ।

§ ४६५. अर्धपुद्गल परिवर्तनके प्रथम समयमें प्रथम सम्यक्त्वको उत्पन्न करके अतिशीघ्र सर्वोपशामनासे गिरनेके कारण अवक्तव्य संक्रमका प्रारम्भ करके उसके अन्तरको प्राप्त हुए जीवके पुनः अर्धपुद्गल परिवर्तनके अन्तमें अन्तर्मुहूर्त प्रमाण काल शेष रहने पर सर्वोपशामनाके प्रतिपात

1. ताई. ता० ।

पडिवादेण लद्धमंतरमेत्थ कायव्वं ।

❀ इत्थिवेदस्स भुजगारसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होदि ?

§ ४६६. सुगमं ।

❀ जहण्णेण एयसमओ ।

§ ४६७. सगबंधणिरुद्धेयसमयमेत्तपडिवक्खबंधकालावलंबणेण पयदंतरसाहणं कायव्वं ।

❀ उक्कस्सेण बेछावट्ठिसागरोवमाणि संखेज्जवस्सब्भहियाणि ।

§ ४६८. कुदो ? तदप्पयरसंकमुक्कस्सकालस्स पयदंतरत्तेण विवक्खियत्तादो ।

❀ अप्पयरसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होदि ?

§ ४६९. सुगमं ।

❀ जहण्णेणेयसमओ ।

§ ४७०. कुदो ? पडिवक्खबंधणिरुद्धेयसमयमेत्तसगबंधकालम्मि तदुवलंभादो ।

❀ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं ।

§ ४७१. कुदो ? सगबंधगद्धामेत्तभुजगारकालावलंबणेण पयदंतरसमत्थणादो ।

❀ अवत्तव्वसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होदि ?

द्वारा पुनः अवक्तव्य संक्रम प्राप्त होनेसे यहाँ पर उत्कृष्ट अन्तरकाल प्राप्त कर लेना चाहिए।

* स्त्रीवेदके भुजगार संक्रामकका अन्तरकाल कितना है ?

§ ४६६. यह सूत्र सुगम है ।

* जघन्य अन्तरकाल एक समय है ।

§ ४६७. अपने बन्धके रुकने पर प्रतिपक्ष प्रकृतिके एक समय तक होने वाले बन्धका अवलम्बन लेनेसे प्रकृत अन्तरकालकी सिद्धि कर लेनी चाहिए ।

* उत्कृष्ट अन्तरकाल संख्यात वर्ष अधिक दो छ्यासठ सागर प्रमाण है ।

§ ४६८. क्योंकि प्रकृत अन्तरकालरूपसे उसके अल्पतर संक्रमका उत्कृष्ट काल विवक्षित है ।

* अल्पतर संक्रामकका अन्तरकाल कितना है ?

§ ४६९. यह सूत्र सुगम है ।

* जघन्य अन्तरकाल एक समय है ।

§ ४७०. क्योंकि प्रतिपक्ष प्रकृतिके बन्धके रुकने पर एक समय मात्र अपने बन्धकालमें उसकी उपलब्धि होती है ।

* उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है ।

§ ४७१. क्योंकि अपने बन्धकाल मात्र भुजगार कालका अवलम्बन लेनेसे प्रकृत अन्तरकालका समर्थन होता है ।

* अवक्तव्य संक्रामकका अन्तरकाल कितना है ?

§ ४७२. सुगमं ।

ꕥ जहण्णेण अंतोमुहुत्तं ।

§ ४७३. सुगमं ।

ꕥ उक्कस्सेण उवड्ढपोग्गलपरियट्टं ।

§ ४७४. एदं पि सुगमं ।

ꕥ णवुंसयवेदभुजगारसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होदि ?

§ ४७५. सुगमं ।

ꕥ जहण्णेण एयसमओ ।

§ ४७६. एदं पि सुगमं ।

ꕥ उक्कस्सेण वेछावट्ठिसागरोवमाणि तिण्णि पलिदोवमाणि सादिरेयाणि ।

§ ४७७. कुदो ? तदप्पयरुक्कस्सकालस्स पयदंतरत्तेण विवक्खियत्तादो ।

ꕥ अप्पयरसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होदि ?

ꕥ जहण्णेण एयसमओ ।

ꕥ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं ।

ꕥ अवत्तव्वसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होदि ?

---

§ ४७२. यह सूत्र सुगम है ।

* जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है ।

§ ४७३. यह सूत्र सुगम है ।

* उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्धपुद्गल परिवर्तन प्रमाण है ।

§ ४७४. यह सूत्र भी सुगम है ।

* नपुंसकवेदके भुजगार संक्रामकका अन्तरकाल कितना है ?

§ ४७५. यह सूत्र सुगम है ।

* जघन्य अन्तरकाल एक समय है ।

§ ४७६. यह सूत्र भी सुगम है ।

* उत्कृष्ट अन्तरकाल तीन पल्य अधिक दो छ्यासठ सागर प्रमाण है ।

§ ४७७. क्योंकि उसके अल्पतर संक्रमका उत्कृष्टकाल प्रकृत अन्तरकाल रूपसे विवक्षित है ।

* अल्पतर संक्रामकका अन्तरकाल कितना है ?

* जघन्य अन्तरकाल एक समय है ।

* उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है ।

* अवक्तव्य संक्रामकका अन्तरकाल कितना है ?

❀ जहण्णेण अंतोमुहुत्तं।

❀ उक्कस्सेण उवड्ढपोग्गलपरियट्टं।

§ ४७८. एदाणि सुत्ताणि सुगमाणि।

❀ हस्स-रइ-अरइ-सोगाणं भुजगारअप्पयरसंकामयंतं केवचिरं कालादो होदि ?

§ ४७९. सुगमं।

❀ जहण्णेण एयसमओ।

§ ४८०. कुदो ? भुजगारप्पदराणमण्णोण्णेणंतरिदाणं तदुवलंभादो।

❀ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं।

§ ४८१. पडिवक्खबंधगद्धाए सगबंधकालेण च जहाकममंतरिदाणं पयदभुजगारप्पयरसंकमाणं तेत्तियमेत्तुक्कस्संतरसिद्धीए पडिबंधाभावादो। संपहि पुव्वुत्तसुत्तणिद्दिट्ठेयसमयमेत्तजहण्णंतरस्स फुडीकरणट्ठं सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ।

❀ कधं ताव हस्स-रदि-अरदिसोगाणमेयसमयमंतरं ?

§ ४८२. सुगममेदं सिस्साहिप्पायासंकावयणं।

---

* जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है।

* उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्ध पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है।

§ ४७८. ये सूत्र सुगम हैं।

* हास्य, रति, अरति और शोकके भुजगार और अल्पतर संक्रामकका अन्तरकाल कितना है ?

§ ४७९. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य अन्तरकाल एक समय है।

§ ४८०. क्योंकि एक दूसरेके द्वारा अन्तरको प्राप्त भुजगार और अल्पतर संक्रमोंका जघन्य अन्तर एक समय उपलब्ध होता है।

* उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है।

§ ४८१. क्योंकि प्रतिपक्ष प्रकृतियोंके बन्धक कैाल और अपने अपने बन्धककालके द्वारा यथाक्रम अन्तरको प्राप्त हुए प्रकृत भुजगार और अल्पतर संक्रमका अन्तर्मुहूर्त प्रमाण उत्कृष्ट अन्तर कालके सिद्ध होनेमें कोई रुकावट नहीं पाई जाती। अब पूर्वोक्त सूत्रमें निर्दिष्ट एक समयमात्र जघन्य अन्तरको स्पष्ट करनेके लिए आगेके सूत्र प्रबन्धको कहते हैं—

* हास्य, रति, अरति और शोकका एक समय अन्तरकाल कैसे है ?

§ ४८२. शिष्योंके अभिप्रायको प्रगट करनेवाला यह आशंका वचन सुगम है।

❀ हस्स-रदिभुजगारसंकामयंतरं जइ इच्छसि, अरदि-सोगाणमेय-समयं बंधावेदव्वो ।

§ ४८३. तं जहा—हस्सरदीओ बंधमाणो एयसमयमरइ-सोगबंधगो जादो । तदो पुणो वि तदणंतरसमए हस्सरदीणं बंधगो जादो । एवं बंधिदूण बंधावलियवदिक्कमे बंधाणुसारेण संकामेमाणयस्स लद्धमेयसमयमेत्तभुजगारसंकामयंतरं ।

❀ जइ अप्पयरसंकामयंतरमिच्छसि हस्सरदीओ एयसमयं बंधावेयव्वाओ ।

§ ४८४. एदस्स णिदरिसणं—एदो अरदिसोगबंधगो एयसमयं हस्सरदिबंधगो जादो । तदणंतरसमए पुणो वि परिणामपच्चएणारदिसोगाणं बंधो पारद्धो । एवं बंधिऊण बंधावलिया दिक्कमेणेव कमेण संकामेमाणयस्स लद्धमेयसमयमेत्तं पयदजहण्णंतरं । एदेणेव णिदरिसणेणारदिसोगाणं पि भुजगारप्पयरसंकामयंतरमेयसमयमेत्तं । हस्स-रइ-विवज्जासेण जोजेयव्वं । इत्थि-णवुंसयवेदाणं वि भुजगारप्पयरजहण्णंतरमेवं चेव साहेयव्वं विसेसाभावादो ।

❀ अवत्तव्वसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होदि ?

§ ४८५. सुगमं ।

---

* हास्य और रतिके भुजगार संक्रामकका यदि अन्तर लाना इष्ट है तो अरति और शोकका बन्ध कराना चाहिए ।

§ ४८३. यथा—हास्य और रतिका बन्ध करनेवाला जीव एक समयके लिए अरति और शोकका बन्ध करनेवाला हो गया । उसके बाद फिर भी उसके अनन्तर समयमें हास्य और रतिका बन्ध करनेवाला हो गया । इस प्रकार बन्ध करके बन्धावलिके व्यतीत होने पर बन्धके अनुसार संक्रम करनेवाले जीवके भुजगार संक्रमका एक समयप्रमाण अन्तरकाल प्राप्त हो जाता है ।

* यदि अल्पतर संक्रामकका अन्तरकाल लाना इष्ट है तो हास्य और रतिका एक समय तक बन्ध कराना चाहिए ।

§ ४८४. इसका उदाहरण—अरति और शोकका बन्ध करनेवाला कोई एक जीव एक समय तक हास्य और रतिका बन्ध करनेवाला हो गया । उसके बाद अनन्तर समयमें उसने फिर भी परिणाम वश अरति और शोकका बन्ध प्रारम्भ किया । इस प्रकार बन्ध करके बन्धावलिके व्यतीत होनेके कारण क्रमसे संक्रम करनेवाले उसके प्रकृत जघन्य अन्तरकाल एक समयमात्र प्राप्त हो जाता है । इसी उदाहरणके अनुसार अरति और शोकके भी भुजगार और अल्पतर संक्रामकका जघन्य अन्तरकाल एक समय मात्र हास्य और रतिको अरति और शोकके स्थानमें रखकर लगा लेना चाहिए । स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके भी भुजगार और अल्पतर संक्रामकका जघन्य अन्तर काल इसी प्रकार साध लेना चाहिए, क्योंकि पूर्वोक्त कथनसे इस कथनमें कोई विशेषता नहीं है ।

* अवक्तव्य संक्रामकका अन्तरकाल कितना है ?

§ ४८५. यह सूत्र सुगम है ।

* जहण्णेण अंतोमुहुत्तं ।

§ ४८६. कुदो ? सव्वोवसामणापडिवादजहण्णंतरस्स तप्पमाणोवलंभादो ।

* उक्कस्सेण उवड्ढपोग्गलपरियट्टं ।

§ ४८७. कुदो ? तदुक्कस्सविरहकालस्स तप्पमाणत्तोवलंभादो । एवमोघेण सव्वपयडीणं भुजगारादिपदसंकामय जहण्णुक्कस्संतरपमाणविणिण्णयं कादूण संपहि तदादेसपरूवणाणिबंधणमुत्तरसुत्तपदमाह ।

* गदीसु च साहेयव्वं ।

§ ४८८. एदीए दिसाए गदीसु च णिरयादिसु पयदंतरं विहाणमणुमाणिय णेदव्वमिदि वुत्तं होइ ।

§ ४८९. संपहि एदेण बीजपदेण सूचिदत्थस्स उच्चारणाइरियपरूविदविवरणमणुवत्तइस्सामो । तं जहा—आदेसेण णेरइयमिच्छत्तअणंताणु०४ भुज० अप्प० अवट्ठि० संका० जह० एयस० । अवत्त० जह० अंतोमु० । सम्म०-भुज० जह० पलिदो० असंखे०भागो । अप्प० अवत्त०संका० जह० अंतोमु० । सम्मामि० भुज० अप्प० संका० जह० एयस० । अवत्त० जह० अंतोमु० । उक० सव्वेसिं तेत्तीसं सागरोवमाणि

---

* जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है ।

§ ४८६. क्योंकि सर्वोपशामनाके प्रतिपातका जघन्य अन्तरकाल तत्प्रमाण उपलब्ध होता है ।

* उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्धपुद्गल परिवर्तन प्रमाण है ।

§ ४८७. क्योंकि सर्वोपशामनाके प्रतिपातका उत्कृष्ट विरहकाल तत्प्रमाण उपलब्ध होता है । इस प्रकार ओघसे सब प्रकृतियोंके भुजगार आदि पदोंके संक्रामक जीवोंके जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकालके प्रमाणका निर्णय करके अब उनकी आदेश प्ररूपणाको बतलाने वाले आगेके सूत्रको कहते हैं—

* इसी प्रकार चारों गतियोंमें अन्तरकाल साध लेना चाहिए ।

§ ४८८. इसी दिशासे नारक आदि गतियोंमें प्रकृत अन्तरकालके विधानका अनुमान करके ले जाना चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

§ ४८९. अब इस बीज पदसे सूचित होनेवाले अर्थका उच्चारणाचार्यके द्वारा कहे गये विवरणको बतलाते हैं । यथा—आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित संक्रामकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और अवक्तव्य संक्रामकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है । सम्यक्त्वके भुजगार संक्रामकका जघन्य अन्तरकाल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है तथा अल्पतर और अवक्तव्य संक्रामकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है । सम्यग्मिथ्यात्वके भुजगार और अल्पतर संक्रामकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है तथा अवक्तव्य संक्रामकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है । तथा उक्त सब प्रकृतियोंके अपने अपने सब पदोंके संक्रामकोंका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागर है । बारह कषाय, पुरुष-

देसूणाणि। बारसक०-पुरिसवेद-भय-दुगुंछ० भुज० अप्प०संका० जह० एयसमओ। उक्क० पलिदो० असंखे०भागो। अवट्ठि० मिच्छत्तभंगो। इत्थिवेद-णवुंसवे० भुज० संका० मिच्छत्तभंगो। अप्प०संका० जह० एयस०। उक्क० अंतोमु०। चदुणोक० भुज० अप्प०संका० जह० एयसमओ। उक्क० अंतोमु०। एवं सव्वणेरइएसु। णवरि सगट्ठिदी देसूणा।

§ ४६०. तिरिक्खेसु मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि० ओघं। अणंताणु०४ भुज० जह० एयस०। उक्क० तिण्णिपलिदो० सादिरेयाणि। अप्प०संका० जह० एयस०। उक्क० तिण्णिपलिदो० देसूणाणि। अवट्ठि० अवत्त० ओघं। बारसक०-पुरिसवे०-भय-दुगुंछ० भुज० अप्प० अवट्ठि० ओघं। इत्थिवे० भुज० पुरिसवे० अवट्ठि० जह० एयस०। उक्क० तिण्णिपलिदो० देसूणाणि। इत्थिवेद-अप्प०संका० ओघं। णवुंस० भुज० संका० जह० एयस०। उक्क० पुव्वकोडी देसूणा। अप्प०संका० ओघं०। चदुणोक० भुज० अप्प० ओघं।

वेद, भय और जुगुप्साके भुजगार और अल्पतर संक्रामकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अवस्थित पदका भङ्ग मिथ्यात्वके समान है। स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके भुजगार संक्रामकका भङ्ग मिथ्यात्वके समान है। अल्पतर संक्रामकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। चार नोकषायोंके भुजगार और अल्पतर संक्रामकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार सब नारकियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि कुछ कम अपनी अपनी स्थिति कहनी चाहिए।

विशेषार्थ—पहले ओघप्ररूपणाके समय सब प्रकृतियोंके अलग-अलग पदोंके जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकालका स्पष्टीकरण कर आये हैं। उसी प्रकार यहाँपर जिन प्रकृतियोंके जो पद सम्भव हैं उनके अन्तरकालको समझ लेना चाहिए। मात्र ओघप्ररूपणाके समय उत्कृष्ट अन्तरकाल बतलाते समय जहाँ सामान्य नारकियोंकी और प्रत्येक पृथिवीके नारकियोंकी उत्कृष्ट स्थितिसे अधिक अन्तरकाल बतलाया है वहाँ नारकियोंमें कुछ कम अपनी-अपनी उत्कृष्ट स्थिति ले लेनी चाहिए।

§ ४६०. तिर्यञ्चोंमें मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भङ्ग ओघके समान है। अनन्तानुबन्धी चतुष्कके भुजगार संक्रामकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तीन पल्य है। अवस्थित और अवक्तव्य संक्रामकका भङ्ग ओघके समान है। बारह कषाय, पुरुषवेद, भय और जुगुप्साके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित संक्रामकका भङ्ग ओघके समान है। स्त्रीवेदके भुजगार और पुरुषवेदके अवस्थित संक्रामकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तीन पल्य है। स्त्रीवेदके अल्पतर संक्रामकका भङ्ग ओघके समान है। नपुंसकवेदके भुजगारसंक्रमका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम एक पूर्वकोटि है। अल्पतर संक्रामकका भङ्ग ओघके समान है। चार नोकषायोंके भुजगार और अल्पतर संक्रामकका भङ्ग ओघके समान है।

§ ४६१. पंचिंदिय तिरिक्खतिए मिच्छ० भुज० अप्प० अवट्ठि० संका० जह० एयस०। अवत्त० जह० अंतोमु०। सम्म० भुज० जह० पलिदो० असंखे०भागो। अप्प० अवत्त० जह० अंतोमु०। सम्मामि० भुज० अप्पयर०संका० जह० एयस०। अवत्त० जह० अंतोमु०। उक्क० सव्वेसिं तिण्णिपलिदो० पुव्वकोडिपुधत्तेणब्भहियाणि। अणंताणु०४ भुज० अवट्ठि० अवत्त० मिच्छत्तभंगो। अप्प०संका० जह० एयस०। उक्क० तिण्णिपलिदो० देसूणाणि। बारसक०-भय-दुगुं० भुज० अप्प०संका० ओघं। अवट्ठि०संका० मिच्छत्तभंगो, पुरिसवे० भुज० अप्प०संका० ओघं। अवट्ठि० जह० एयस०उक्क० तिण्णि पलिदो० देसूणा। इत्थिवे०-णवुंस०-चदुणोक० तिरिक्खोघं।

विशेषार्थ—यहाँपर अन्य सब प्ररूपणा ओघके समान होनेसे उसे देखकर घटित कर लेना चाहिए। अनन्तानुबन्धी चतुष्कके भुजगार संक्रमका उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक तीन पल्य कहनेका कारण यह है कि संज्ञी पञ्चेन्द्रियोंमें इनका भुजगार करके बादमें अन्तर करके यथा योग्य तिर्यञ्च सम्बन्धी पर्यायोंमें उत्पन्न होकर तथा अन्तमें तीन पल्यकी आयुवाले तिर्यञ्चोंमें उत्पन्न होकर जीवनके अन्तमें सम्यक्त्वको प्राप्त कर अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी विसंयोजना करते हुए गुण संक्रम द्वारा पुनः भुजगारसंक्रम करनेसे यह अन्तरकाल साधिक तीन पल्य बन जाता है, इसलिए उक्त अन्तरकाल कहा है। उत्तम भोगभूमिके तिर्यञ्चोंमें वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त कराके अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी विसंयोजना कराते समय अल्पतर संक्रम करावे। उसके बाद जीवनके अन्तमें संयुक्त होनेके बाद पुनः अल्पतर संक्रम करावे। इस प्रकार अल्पतरसंक्रमका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तीन पल्य प्राप्त होनेसे उक्त प्रमाण कहा है। इसमें पुरुषवेदके अवस्थित संक्रमका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तीन पल्य कहा है सो विचार कर लेना चाहिए। भोगभूमिज पर्याप्त तिर्यञ्चोंमें नपुंसकवेदका बन्ध नहीं होता इसलिए इनमें भुजगारसंक्रमका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम एक पूर्वकोटि प्राप्त होनेसे वह उक्त प्रमाण कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

§ ४६१. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें मिथ्यात्वके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित संक्रामकका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्य संक्रामकका जघन्य अन्तर अन्तमुहूर्त है, सम्यक्त्वके भुजगार संक्रामकका जघन्य अन्तर पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है, अल्पतर और अवक्तव्य संक्रामकका जघन्य अन्तर अन्तमुहूर्त है, सम्यग्मिथ्यात्वके भुजगार और अल्पतर संक्रामकका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्य संक्रामकका जघन्य अन्तर अन्तमुहूर्त है और इन सब प्रकृतियोंके उक्त पदोंका उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्य है। अनन्तानुबन्धी चतुष्कके भुजगार, अवस्थित और अवक्तव्य संक्रामकका भङ्ग मिथ्यात्वके समान है। अल्पतर संक्रामकका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है। बारह कषाय, भय और जुगुप्साके भुजगार और अल्पतर संक्रामकका भङ्ग ओघके समान है। अवस्थित संक्रामकका भङ्ग मिथ्यात्वके समान है। पुरुषवेदके भुजगार और अल्पतर संक्रामकका भङ्ग ओघके समान है। अवस्थित संक्रामकका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है। स्त्रीवेद, नपुंसकवेद और चार नोकषायोंका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है।

विशेषार्थ—पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिककी उत्कृष्ट कायस्थिति पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्य है, इसलिए यहाँ पर मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उक्त तिर्यञ्चोंमें सम्भव पदोंका

§ ४६२. पंचिं०तिरि०अपज्ज० मणुस-अपज्ज० सम्म०-सम्मामि० भुज० अप्प० णत्थि अंतरं। सोलसक०-भय-दुगुंछा० भुज० अप्प० अवट्ठि०संका० जह० एयस०। उक्क० अंतोमु०। सत्तणोक० भुज० अप्प०संका० जह० एयस०। उक्क० अंतोमु०।

§ ४६३. मणुसतिए पंचिंदियतिरिक्खभंगो। णवरि मणुस०-मणुसपज्ज०-पुरिसवे०-अवट्ठि० तिण्णिपलिदो० पुव्वकोडिपुधत्तेणब्भहियाणि। णवरि बारसक०-णवणोक० अवत्त० जह० अंतोमु०। उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं।

उत्कृष्ट अन्तरकाल उक्त प्रमाण कहा है। इतना अवश्य है कि उक्त कार्यस्थितिके प्रारम्भमें और अन्तमें यथायोग्य इन पदोंको प्राप्त करा कर यह अन्तरकाल ले आना चाहिए। इनमें अनन्तानुबन्धीचतुष्कके अवस्थित संक्रमका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तीन पल्य प्रमाण जिस प्रकार सामान्य तिर्यञ्चोंमें घटित करके बतलाया है उसी प्रकार यहाँ पर भी घटित कर लेना चाहिए। इसी प्रकार अन्य अन्तरकाल भी ओघ प्ररूपणा और सामान्य तिर्यञ्चोंमें की गई प्ररूपणाको देख कर घटित कर लेना चाहिए। अन्य कोई विशेषता न होनेसे हम यहाँ पर अलगसे खुलासा नहीं कर रहे हैं।

§ ४६२. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके भुजगार और अल्पतर संक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। सोलह कषाय, भय और जुगुप्साके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित संक्रामकका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। सात नोकषायोंके भुजगार और अल्पतर संक्रामकका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—उक्त जीवोंमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भुजगार और अल्पतर संक्रम उद्वेलनाके समय ही सम्भव है और इनकी कायस्थिति मात्र अन्तर्मुहूर्त है, इसलिए इनमें उक्त प्रकृतियोंके इन पदोंका अन्तरकाल सम्भव न होनेसे उसका निषेध किया है। शेष प्रकृतियोंके यथा सम्भव पदोंका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है यह स्पष्ट ही है।

§ ४६३. मनुष्यत्रिकमें पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि मनुष्य और मनुष्य पर्याप्तकोंमें पुरुषवेदके अवस्थित संक्रामकका उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्य है। इतनी और विशेषता है कि बारह कषाय और नौ नोकषायोंके अवक्तव्य संक्रामकका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटिपृथक्त्व प्रमाण है।

विशेषार्थ—पुरुषवेदका अवस्थित संक्रम नियमसे सम्यग्दृष्टिके होता है, इस लिए यहाँ पर मनुष्य और मनुष्यपर्याप्तकोंमें पुरुषवेदके अवस्थित संक्रमका उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्य बन जानेसे यह उक्त प्रमाण कहा है। यद्यपि पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चत्रिक और मनुष्यिनियोंमें अपनी कायस्थितिके प्रारम्भमें और अन्तमें सम्यक्त्व उत्पन्न करा कर पुरुषवेदके अवस्थितसंक्रमका यह अन्तरकाल प्राप्त करना सम्भव है। इसी प्रकार सामान्य तिर्यञ्चोंमें ओघके समय यह अन्तरकाल प्राप्त करना सम्भव है, अन्यथा ओघप्ररूपणाकी व्याप्ति नहीं बन सकती। फिर भी उसका निर्देश न कर यह कुछ कम तीन पल्य ही क्यों कहा है यह अवश्य ही विचारणीय है। अभी हम इसका निर्णय नहीं कर सके हैं। मनुष्यत्रिकका उत्तम भोगभूमिमें उत्पन्न होनेके बाद पुनः मनुष्य होना सम्भव नहीं है, इसलिए इनमें बारह कषाय और नौ

§ ४६४. देवेसु मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि०-अणंताणु०४-इत्थि.णवुंस० णारय-भंगो। णवरि जम्मि तेत्तीसं सागरो० देसूणाणि तम्मि० एक्कत्तीसं सागरो० देसूणाणि। बारसक०-पुरिसवे०-छण्णोक० णारयभंगो। एवं भवणादि जाव णवगेवज्जा त्ति। णवरि सगट्ठिदी देसूणा।

§ ४६५. अणुद्दिसादि सव्वट्ठा त्ति मिच्छ०-सम्मामि०-इत्थिवे०-णवुंस० णत्थि-अंतरं। अणंताणु०४ भुज० अप्प०संका० णत्थि अंतरं। बारसक०-पुरिसवे०-भय-दुगुंछ० भुज० अप्प० ओघं। अवट्ठि० संका० जह० एयस०। उक्क० सगट्ठिदी देसूणा। चदु-णोक० भुज० अप्प०संका० जह० एयस०। उक्क० अंतोमु०। एवं गइमग्गणा समत्ता।

नोकषायोंके अवक्तव्य संक्रमका उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटिपृथक्त्व प्रमाण कहा है, क्योंकि इन प्रकृतियोंका अवक्तव्य संक्रम उपशमश्रेणिमें होता है और उपशम श्रेणिका आरोहण कर्मभूमिज मनुष्योंमें ही सम्भव है।

विशेषार्थ (२)—पुरुषवेदको अवस्थितका अन्तर ओघमें अर्धपुद्गल परिवर्तन, सामान्य मनुष्य व मनुष्यपर्याप्तमें पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्य कहनेका यह कारण ज्ञात होता है कि पुरुषवेद वाले मनुष्यके सम्यग्दर्शनमें पुरुषवेदको अवस्थित हो जाने पर मिथ्यात्वमें जाकर अन्तर हो गया पुनः जब वह पुरुषवेद वाला मनुष्य होकर सम्यक्त्व ग्रहण किया उसके पुनः पुरुषवेदको अवस्थित हुई। किन्तु अन्य जीवोंके सम्यक्त्व कालके प्रारंभ और अन्तमें पुरुषवेदको अवस्थित होनेसे अन्तर कहा है उनके मिथ्यात्व अवस्थामें पहुँचकर पुनः सम्यक्त्वकी प्राप्ति होनेपर पुरुषवेदको अवस्थितका अन्तः उपलब्ध नहीं होता। इसमें कारण क्या है यह समझमें नहीं आता। फिर भी अन्तरकाल उपर्युक्त दृष्टिसे कहा गया है यह बात समझमें आती है।

§ ४६४. देवोंमें मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धीचतुष्क, स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका भङ्ग नारकियोंके समान है। इतनी विशेषता है कि जहाँ पर कुछ कम तेतीस सागर कहा है वहाँ पर कुछ कम इकतीस सागर कहना चाहिए। बारह कषाय, पुरुषवेद और छह नोक-षायोंका भङ्ग नारकियोंके समान है। इसी प्रकार भवनवासियोंसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें जानना चाहिए।

विशेषार्थ—देवोंमें सम्यक्त्व और मिथ्यात्व दोनों गुणोंकी प्राप्ति नौ ग्रैवेयक तक ही सम्भव है, इसलिए इनमें नारकियोंकी अपेक्षा इतनी विशेषता कही है। शेष कथन स्पष्ट है।

§ ४६५. अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके सम्भव पदोंका अन्तरकाल नहीं है। अनन्तानुबन्धी चतुष्कके भुजगार और अल्पतर संक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। बारह कषाय, पुरुषवेद, भय और जुगुप्साके भुजगार और अल्पतर संक्रामकका भङ्ग ओघके समान है। अवस्थित संक्रामकका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—बारह कषाय आदिके भुजगार और अल्पतर संक्रामकका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्टकाल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण होनेसे, यहाँ इनका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। किन्तु इनके अवस्थित संक्रमका ऐसा कोई नियम नहीं है। वह एक समयके अन्तरसे भी हो सकता है और मध्यमें न

§ ४९६. एत्तो सेसमग्गणाणं देसामासयभावेणिंदियमग्गणेय[1]देसभूदेइंदिएसु पयदंतरविहासणट्ठमुत्तरपबंधमाह ।

❀ एइंदिएसु सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं णत्थि किंचि वि अंतरं ।

§ ४९७. कुदो ? तत्थ संभवंताणं पि भुजगारप्पदरपदाणं लद्धंतरकरणोवाया-भावादो ।

❀ सोलसकसाय-भय-दुगुंछाणं भुजगार-अप्पयर-संकामयंतरं केवचिरं कालादो होदि ?

§ ४९८. सुगमं ।

❀ जहण्णेण एयसमओ ।

§ ४९९. भुजगारप्पदराणमण्णोण्णेणावट्ठिदसंकमेण वा एयसमयमंतरिदाणं विदिय-समये पुणो वि संभवं पडि विरोहाभावादो ।

❀ उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो ।

होकर जीवनके प्रारम्भमें और अन्तमें भी हो सकता है। यही कारण है कि यहाँ पर इनके अवस्थित संक्रमका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम अपनी अपनी स्थिति प्रमाण कहा है। चार नोकषायोंके भुजगार और अल्पतर संक्रमका जघन्य संक्रमकाल एक समय और उत्कृष्ट संक्रमकाल अन्तर्मुहूर्त होनेसे यहाँ पर इनका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहा है। शेष कथन सुगम है।

इस प्रकार गतिमार्गणा समाप्त हुई।

§ ४९६. अब शेष मार्गणाओंके देशामर्षक भावसे एक देशभूत एकेन्द्रिय मार्गणाके एकेन्द्रियोंमें प्रकृत अन्तरकालका व्याख्यान करनेके लिए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

* एकेन्द्रियोंमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका कुछ भी अन्तरकाल नहीं है।

§ ४९७. क्योंकि वहाँ पर यद्यपि उक्त प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतर संक्रम होते हैं फिर भी उनके अन्तर करनेका कोई उपाय नहीं पाया जाता।

* सोलह कषाय, भय और जुगुप्साके भुजगार और अल्पतरसंक्रामकका अन्तर काल कितना है ?

§ ४९८. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य अन्तरकाल एक समय है।

§ ४९९. क्योंकि परस्पर या अवस्थित संक्रमके द्वारा एक समयके लिए अन्तरको प्राप्त हुए भुजगार और अल्पतरसंक्रम फिर भी सम्भव हैं इसमें कोई विरोध नहीं पाया जाता।

* उत्कृष्ट अन्तरकाल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है।

---

१. 'पदेस' ता०।

§ ५००. कुदो ? भुजगारप्पयरकालाणमुक्कस्सेण पलिदोवमासंखेज्जभागपमाणाणं जोण्हे-दरपक्खाणं व परियत्तमाणाणमण्णोण्णेणंतरिदाणमेइंदिएसु संभवे विरोहाभावादो ।

❀ अवट्ठिदसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होति ?

§ ५०१. सुगमं ।

❀ जहण्णेण एयसमओ ।

§ ५०२. भुजगारप्पदराणमण्णदरेणेयसमयमंतरिदस्स तदुवलंभादो ।

❀ उक्कस्सेण अणंतकालमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा ।

§ ५०३. गयत्थमेदं सुत्तं; ओघेण समाणपरूवणत्तादो ।

❀ सेसाणं सत्तणोकसायाणं भुजगार-अप्पयर-संकामयंतरं केवचिरं कालादो होदि ?

§ ५०४. सुगमं ।

❀ जहण्णेण एयसमओ ।

§ ५०५. पडिवक्खबंधेण सगबंधेण च एयसमयमंतरिदस्स तदुवलंभादो ।

❀ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं ।

---

§ ५००. क्योंकि भुजगार और अल्पतर संक्रमका उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। इसके बाद वे शुक्ल और कृष्णपक्षके समान परस्पर नियमसे अन्तरको प्राप्त हो जाते हैं, इसलिए एकेन्द्रियोंमें इस अन्तरकालके प्राप्त होनेमें कोई विरोध नहीं आता।

* अवस्थितसंक्रामकका अन्तरकाल कितना है ?

§ ५०१. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य अंतरकाल एक समय है।

§ ५०२. क्योंकि भुजगार और अल्पतरसंक्रमके द्वारा एक समयके लिए अन्तरको प्राप्त हुए इसका उक्त अन्तरकाल उपलब्ध होता है।

* उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तनके बराबर है।

§ ५०३. यह सूत्र गतार्थ है, क्योंकि इसकी प्ररूपणा ओघके समान है।

* शेष सात नोकषायोंके भुजगार और अल्पतर संक्रामकका अन्तरकाल कितना है?

§ ५०४. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य अन्तरकाल एक समय है।

§ ५०५. क्योंकि प्रतिपक्ष प्रकृतिके बन्धसे और अपने बन्धसे एक समयके लिए अन्तरको प्राप्त हुए उक्त संक्रमोंका यह अन्तरकाल उपलब्ध होता है।

* उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है।

§ ५०६. परियत्तमाणबंधपयडीसु भुजगारप्पयरकालस्स अंतोमुहुत्तपमाणस्स अण्णोण्णंतरभावेण समुवलद्धीए विसंवादाणुवलंभादो। एवमेदेण बीजपदेण सेसमग्गणासु वि जाणिऊण णेदव्वं जाव अणाहारि त्ति।

❀ णाणाजीवेहि भंगविचयो।

§ ५०७. अहियारसंभालणपरमेदं सुत्तं।

❀ अट्ठपदं कायव्वं।

§ ५०८. तत्थ भंगविचये अट्ठपदं ताव कायव्वं; अण्णहा तव्विसयणिण्णयाणुप्पत्तीदो।

❀ जा जेसु पयडी अत्थि तेसु पयदं।

§ ५०९. जेसु जीवेसु जा पयडी अत्थि, तेसु चेव पयदं। कुदो? अकम्मेहि अव्ववहारादो।

❀ सव्वजीवा मिच्छत्तस्स सिया अप्पयरसंकामया च असंकामया च।

§ ५१०. एत्थ सव्वजीवणिद्देसेण मिच्छत्तसंतकम्मियसव्वजीवाणं गहणं कायव्वं। कुदो? एवमणंतरणिदिट्ठट्ठपदसामत्थियादो। तेसु अप्पयरसंकामया असंकामया च णियमा अत्थि। कुदो? मिच्छत्तप्पयर-संकामयवेदयसम्माइट्ठीणं तदसंकामय मिच्छाइट्ठीणं च सव्वकालमवट्ठाणणियमदंसणादो।

---

§ ५०६. क्योंकि परिवर्तमान बन्ध प्रकृतियोंमें भुजगार और अल्पतर संक्रमका उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है। इनके परस्पर अन्तरकाल रूपसे उपलब्ध होनेमें कोई विसंवाद नहीं पाया जाता। इस प्रकार इस बीजपदके अनुसार शेष मार्गणाओंमें भी जानकर अनाहारक मार्गणा तक ले जाना चाहिए।

इस प्रकार एक जीव की अपेक्षा अन्तरकाल समाप्त हुआ।

* अब नाना जीवोंकी अपेक्षा भङ्ग विचयका अधिकार है।

§ ५०७. अधिकारकी सम्हाल करनेवाला यह सूत्र है।

* उसमें अर्थपद करना चाहिए।

§ ५०८. उसमें अर्थात् भङ्गविचयमें सर्व प्रथम अर्थपद करना चाहिए अन्यथा उसके विषय का निर्णय नहीं हो सकता।

* जिनमें जो प्रकृति विद्यमान है उनमें प्रकृत है।

§ ५०९. जिन जीवोंमें जो प्रकृति विद्यमान है उनमें ही प्रकृत है, क्योंकि कर्मरहित जीवोंका यहाँ उपयोग नहीं है।

* सब जीव मिथ्यात्वके कदाचित् अल्पतर संक्रामक हैं और असंक्रामक हैं।

§ ५१०. यहाँ पर सर्व जीव पदके निर्देश द्वारा मिथ्यात्वके सत्कर्म वाले सब जीवोंका ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि अनन्तर निर्दिष्ट अर्थपदकी सामर्थ्यसे ऐसा ही निर्णय होता है। उनमें अल्पतर संक्रामक और असंक्रामक जीव नियमसे हैं, क्योंकि मिथ्यात्वके अल्पतरसंक्राम वेदक सम्यग्दृष्टियोंके और मिथ्यात्वके असंक्रामक मिथ्यादृष्टियोंके सर्वदा अवस्थानका नियम देखा जाता है।

*** सिया एदे च, भुजगारसंकामओ च, अवट्ठिदसंकामगो च, अवत्तव्वसंकामगो च।**

§ ५११. तं जहा-सिया एदे च भुजगारसंकामगो च १ कदाइमप्पयरसंकामएहि सह भुजगारपज्ञायपरिणदेयजीवसंभवोवलंभादो। सिया एदे च अवट्ठिदसंकामगो च; पुव्विल्लेहि सह कामहिमि[1] अवट्ठिदपरिणामपरिणदेय-जीवसंभवाविरोहादो २। सिया एदे च अवत्तव्वसंकामगो च; कयाइं धुवपदेण सह अवत्तव्वसंकमपज्ञाएण परिणदेयजीवसंभवे विप्पडिसेहाभावादो ३। एवमेयवयणेण तिण्णि भंगा णिद्दिट्ठा। एदे चेव बहुवयणसंबंधेण वि जोजेयव्वा। एवमेदे एयसंजोगभंगा परूविदा। संपहि एदे चेव दुसंजोगतिसंजोगवियप्पेहिं सत्तावीसभंगसमुप्पत्तीए णिमित्तं होंति त्ति जाणावणट्ठमिदमाह।

*** एवं सत्तावीसभंगा।**

§ ५१२. एवमेदेण कमेण सत्तावीसभंगा उप्पाएयव्वा। तेसिमुच्चारणा सुगमा।

*** सम्मत्तस्स सिया अप्पयरसंकामया च असंकामया च णियमा।**

§ ५१३. सम्मत्तस्स अप्पयरसंकामया णाम उव्वेल्लणाणमिच्छादिट्ठिणो असंकामया च वेदगसम्माइट्ठिणो सव्वे चेव; तेसिमेय पाहण्णियादो। तेसिमुभएसिं णियमा अत्थित्त-

---

* कदाचित् ये जीव हैं और एक एक भुजगार संक्रामक, अवस्थित संक्रामक और अवक्तव्य-संक्रामक जीव है।

§ ५११. यथा—कदाचित् ये जीव हैं और एक भुजगार संक्रामक जीव है, क्योंकि कदाचित् अल्पतर संक्रामक जीवोंके साथ भुजगार पर्यायसे परिणत हुआ एक जीव सम्भव रूपसे उपलब्ध होता है। कदाचित् ये जीव हैं और एक अवस्थित संक्रामक जीव है, क्योंकि पूर्वोक्त जीवोंके साथ कदाचित् अवस्थित पर्यायसे परिणत हुए एक जीवके सम्भव होनेमे कोई विरोध नहीं है २। कदाचित् ये जीव हैं और एक अवक्तव्य संक्रामक जीव है, क्योंकि कदाचित् ध्रुवपदके साथ अवक्तव्य संक्रामक पर्यायसे परिणत हुए एक जीवके सम्भव होनेसे कोई निषेध नहीं है ३। इस प्रकार एक वचनके द्वारा तीन भङ्ग निर्दिष्ट किये गये हैं। तथा ये ही बहुवचनके साथ भी लगा लेने चाहिए। इस प्रकार ये एक संयोगी भङ्ग कहे। अब ये ही द्विसंयोगी और त्रिसंयोगी विकल्पोंके साथ सत्ताईस भङ्गों की उत्पत्तिमे निमित्त होते हैं इस बातका ज्ञान करानेके लिए यह सूत्र कहते हैं-

* इस प्रकार सत्ताईस भङ्ग होते हैं।

§ ५१२. इस प्रकार इस क्रमसे सत्ताईस भङ्ग उत्पन्न करने चाहिए। उनकी उच्चारणा सुगम है।

* सम्यक्त्वके कदाचित् अल्पतर संक्रामक और असंक्रामक जीव नियमसे हैं।

§ ५१३. सम्यक्त्वके अल्पतर संक्रामक उद्वेलना करनेवाले मिथ्यादृष्टि जीव और असंक्रामक सभी वेदक सम्यग्दृष्टि जीव होते हैं, क्योंकि उनकी यहाँ पर प्रधानता है। इन दोनों प्रकारके जीवों का नियमसे अस्तित्व है यह सूत्र द्वारा बतलाया गया है। यदि ऐसा है तो यहाँ पर स्यात्

---

१. कयाइ ता०।

भेदेण सुत्तेण जाणाविदं। जइ एवं; एत्थ सिया सद्दो ण पयोत्तव्वो त्ति णासंकणिज्जं, उवरिम-भयणिज्जभंगसंजोगासंजोगविवक्खाए धुवपदस्स वि कदाचिक्कभाव सिद्धीदो।

ॐ सेससंकामया भजियव्वा।

§ ५१४. एत्थ सेससंकामया णाम भुजगारावत्तव्वसंकामया, ते च भयणिज्जा; सिया अत्थि, सिया णत्थि त्ति। कुदो ? तेसिं कदाचिक्कभावदंसणादो। तदो एदेसिमेग-बहुवयणविसेसिदाणमेग-दु-संजोगेणट्ठभंगसमुप्पत्ती वत्तव्वा। धुवभंगेण सह सव्वेभंगा णव होंति ९।

ॐ सम्मामिच्छत्तस्स अप्पयरसंकामया णियमा।

§ ५१५. कुदो ? उव्वेल्लमाणमिच्छाइट्ठीणं वेदयसम्माइट्ठीणं च तदप्पयरसंकामयाणं सव्वकालमुवलंभादो। तदो एदेसिं धुवभावेण सेससंकामयाणमेत्थ भयणी[१] यत्तपदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं।

ॐ सेससंकामया भजियव्वा।

§ ५१६. एत्थ सेसग्गहणेण भुजगारावत्तव्वसंकामयाणमसंकामयसहिदाणं गहणं कायव्वं। ते भजिदव्वा। कुदो ? तेसिं धुवभाविताभावादो। तदो सत्तावीसभंगाणमेत्थुप्पत्ती वत्तव्वा।

ॐ सेसाणं कम्माणं अवत्तव्वसंकामगा च असंकामगा च भजिदव्वा।

शब्दका प्रयोग नहीं करना चाहिए इस प्रकार यहाँ पर आशंका नहीं करनी चाहिए क्योंकि आगेके भजनीय भङ्गोंके संयोग और असंयोगकी विवक्षा होने पर ध्रुवपदकी भी कादाचित्कभाव की सिद्धि होती है।

*** शेष पदोंके संक्रामक जीव भजनीय हैं।**

§ ५१४. यहाँ पर शेष पदोंके संक्रामकोंसे भुजगार और अवक्तव्य संक्रामक जीव लिये गये हैं। वे भजनीय हैं अर्थात् कदाचित् होते हैं और कदाचित् नहीं होते, क्योंकि उनका कादाचित्क-भाव देखा जाता है। इसलिए एकवचन और बहुवचनसे विशेषताको प्राप्त हुए इनके एक संयोगी और द्विसंयोगी आठ भङ्गोंकी उत्पत्ति करनी चाहिए। ध्रुवभङ्गके साथ सब भङ्ग नौ होते हैं।

*** सम्यग्मिथ्यात्वके अल्पतरसंक्रामक जीव नियमसे हैं।**

§ ५१५. क्योंकि उद्वेलना करनेवाले मिथ्यादृष्टि और वेदक सम्यग्दृष्टि जीव सम्यग्मिथ्यात्व की अल्पतर संक्रम करते और वे सर्वदा पाये जाते हैं इसके लिए इनके ध्रुवभावके साथ शेष पदोंके संक्रामकोंकी भजनीयताका यहाँपर कथन करनेके लिए आगेका सूत्र आया है।

*** शेष पदोंके संक्रामक जीव भजनीय हैं।**

§ ५१६. यहाँपर शेष पदके ग्रहण करनेसे असंक्रामकोंके साथ भुजगार और अवक्तव्य संक्रामकोंका ग्रहण करना चाहिए। वे भजनीय हैं, क्योंकि वे ध्रुव नहीं हैं। इसलिए सत्ताईस भङ्गोंकी उत्पत्तिका यहाँ पर कथन करना चाहिए।

*** शेष कर्मोंके अवक्तव्यसंक्रामक और असंक्रामक जीव भजनीय हैं।**

---

१ 'णि' ता०।

§ ५१७. एत्थ सेसकम्मग्गहणेण सोलसकसाय-णवणोकसायाणं संगहो कायव्वो। तेसिमवत्तव्वसंकामया असंकामया च भजियव्वा। कुदो? तेसिं सव्वकालमत्थित्तणियमाणुवलंभादो।

❀ सेसा णियमा।

§ ५१८. एत्थ सेसग्गहणेण भुजगारप्पयरावट्ठिदसंकामयाणं जहासंभवग्गहणं कायव्वं। ते णियमा अत्थि त्ति संबंधो कायव्वो। सेसं सुगमं। एदेण सामण्णणिद्देसेण पुरिसवेदावट्ठिदसंकामयाणं पि धुवभावाइप्पसंगे तण्णिवारणमुहेण तेसिमद्धुवत्तपरूवणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं।

❀ णवरि पुरिसवेदस्सावट्ठिदसंकामया भजियव्वा।

§ ५१९. कुदो? तेसिमद्धुवभावित्तेण सम्माइट्ठीसु कत्थवि कदाइभाविब्भावदंसणादो। तदो भुजगारप्पयरसंकामयाणं धुवभावेणावट्ठिदावत्तव्वा। संकामयाणं भयणावसेण पुरिसवेदस्स सत्तावीसभंगा समुप्पाएदव्वा। एवमोघेण भंगविचयो सव्वकम्माणं परूविदो। संपहि आदेसपरूवणट्ठमुच्चारणं वत्तइस्सामो। तं जहा—

§ ५२०. आदेसेण णेरइय-मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि० ओघं०। अणंताणु०४-भुज० अप्प०संका० णिय० अत्थि। सेस[1]पदाणि भयणिज्जाणि। बारसक०-पुरिसवे०-

§ ५१७. यहाँपर शेष कर्मोंके ग्रहण करनेसे सोलह कषाय और नौ नोकषायोंका ग्रहण करना चाहिए क्योंकि उनके सर्वदा अस्तित्वका नियम नहीं उपलब्ध होता।

❀ शेष पदोंके संक्रामक जीव नियमसे हैं।

§ ५१८. यहाँ पर शेष पदका ग्रहण करनेसे भुजगार, अल्पतर और अवस्थित संक्रामकोंका यथा सम्भव ग्रहण करना चाहिए। वे नियमसे हैं ऐसा सम्बन्ध करना चाहिए। शेष कथन सुगम है। इस सामान्य निर्देशसे पुरुषवेदके अवस्थित संक्रामकोंके भी ध्रुवपनेकी प्राप्तिका प्रसङ्ग आया, इसलिए उसके निवारण करनेके अभिप्रायसे उनके अध्रुवपनेका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र आया है—

❀ इतनी विशेषता है कि पुरुषवेदके अवस्थितसंक्रामक जीव भजनीय हैं।

§ ५१९. क्योंकि उनके अध्रुव होनेके कारण सम्यग्दृष्टियोंमें उनका कहीं पर कदाचित् सद्भाव देखा जाता है। इसलिए भुजगार और अल्पतर संक्रामकोंके ध्रुव होनेके कारण तथा अवक्तव्य संक्रामक तथा असंक्रामकोंके भजनीय होनेके कारण पुरुषवेदके सत्ताईस भङ्ग उत्पन्न करने चाहिए। इस प्रकार ओघसे सब कर्मोंका भङ्गविचय कहा। अब आदेशसे प्ररूपणा करनेके लिए उच्चारणाको बतलाते हैं। यथा—

§ ५२०. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भङ्ग ओघके समान है। अनन्तानुबन्धीचतुष्कके भुजगार और अल्पतर संक्रामक नाना जीव नियमसे हैं। शेष पद भजनीय हैं। बारह कषाय, पुरुषवेद, भय और जुगुप्साके भुजगार और अल्पतर संक्रामक

1. सेवाणि ता०।

भय-दुगुंछा० भुज० अप्प०संका० णिय० अत्थि । सिया एदे च अवट्ठिदसंकामगो च, सिया एदे च अवट्ठिदसंकामया च ३ । इत्थिवेद०-णवुंस०-चदुणोक०-भुज०-अप्प०-संका० णिय० अत्थि । एवं सव्वणेरइय० पंचिं०तिरिक्खतिय देवा भवणादि जाव णवगेवज्जा त्ति ।

§ ५२१. तिरिक्खेसु मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि०-अणंताणु०४ ओघं । बारसक०-भय-दुगुंछा० भुज० अप्प० अवट्ठि० णिय० अत्थि । तिण्णिवेद-चदुणोक०-णारय-भंगो । पंचिंदियतिरिक्ख-अपज्ज०-सम्म०-सम्मामि० अप्प० णिय० अत्थि सिया एदे च भुज० संकामगो च, सिया एदे च भुजगारसंकामगा च ३ । सोलसक०-भय-दुगुंछा० भुज० अप्प०संका० णिय० अत्थि । अवट्ठि०संका० भय-णिज्जा । तिण्णिवेद-चदुणोक० भुज० अप्प०संका० णियमा अत्थि ।

§ ५२२. मणुसतिए मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि०-इत्थि०-णवुंस०-चदुणोक० ओघं । सोलसक०-पुरिसवे०-भय-दुगुंछा० भुज० अप्प०संका० णिय० अत्थि । सेसाणि भय-णिज्जाणि पदाणि[1] । मणुसअपज्ज० सत्तावीसं पयडीणं सव्वपदसंका० भय-णिज्जा । अणुद्दिसादि सव्वट्ठा त्ति मिच्छ०-सम्मामि०-इत्थिवेद०-णवुंस० अप्प०संका० णिय०

नाना जीव नियमसे हैं । कदाचित् ये हैं और एक अवस्थित संक्रामक जीव है २ । कदाचित् ये हैं और नाना अवस्थित संक्रामक जीव हैं ३ । स्त्रीवेद, नपुंसकवेद और चार नोकषायके भुजगार और अल्पतर संक्रामक नाना जीव नियमसे हैं । इसी प्रकार सब नारकी, पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिक, देव और भवनवासियोंसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें जानना चाहिए ।

§ ५२१. तिर्यञ्चोंमें मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कका भङ्ग ओघके समान है । बारह कषाय, भय और जुगुप्साके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित संक्रामक नाना जीव नियमसे हैं । तीन वेद और चार नोकषायोंका भङ्ग नारकियोंके समान है । पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके अल्पतर संक्रामक नाना जीव नियमसे हैं । कदाचित् ये नाना जीव हैं और भुजगार संक्रामक एक जीव है २ । कदाचित् ये नाना जीव हैं और भुजगारसंक्रामक नाना जीव हैं ३ । सोलह कषाय, भय और जुगुप्साके भुजगार और अल्पतरसंक्रामक नाना जीव नियमसे हैं । अवस्थित संक्रामक जीव भजनीय हैं । तीन वेद और चार नोकषायोंके भुजगार और अल्पतरसंक्रामक नाना जीव नियमसे हैं ।

§ ५२२. मनुष्यत्रिकमें मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद और चार नोकषायोंका भङ्ग ओघके समान है । सोलह कषाय, पुरुषवेद, भय और जुगुप्साके भुजगार और अल्पतरसंक्रामक नाना जीव नियमसे हैं । शेष पद भजनीय हैं । मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सत्ताईस प्रकृतियोंके सब पदोंके संक्रामक जीव भजनीय हैं । अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके अल्पतर संक्रामक नाना जीव नियम

१. 'पदाणि' इति ता० प्रतौ नास्ति ।

अत्थि। अणंताणु०४ अप्प०संका० णिय० अत्थि भुज०संका० भय णिज्जा। बारसक०-पुरिसवे० छण्णोक० देवोघं। एवं जाव०।

ॐ णाणाजीवेहि कालो एदाणुमाणिय णेदव्वो।

§ ५२३. एदेण सुत्तेण णाणाजीवेहि कालो भंगविचयादो साहिऊण णेदव्वो त्ति सिस्साणमत्थसमप्पणा कया होइ। ण केवलं कालाणुगमो चेव णेदव्वो, किंतु भागाभाग-परिमाण-खेत्त-पोसणाणि वि एदाणुमाणियं[1] णेदव्वाणि; सुत्तस्सेदस्स देसामासयभावेणावट्ठाणब्भुवगमादो। तदो उच्चारणावसेण तेसिमेत्थाणुगमं कस्सामो। तं जहा—भागाभागाणुगमेण दुविहो णिद्देसो ओघादेसभेएण। ओघेण मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि० अप्प०संका० सव्वजीव० केवडिओ भागो? असंखेज्जा भागा। सेसपदसंका० सव्वजी० केव०-भागो? असंखे० भागो। सोलसक०-भय-दुगुंछा० अवत्त० सव्व० केव०? अणंतभागो। अवट्ठि० असंखे०भागो। अप्प०संका० संखे० भागो। भुज० संका० संखेज्जा भागा। इत्थिवेद-हस्स-रदि० अवत्त०संका० अणंतभागो। भुज०संका० केव०? संखे० भागो। अप्प०संका० संखेज्जा भागा। एवं पुरिसवे०। णवरि अवट्ठि०संका० केव०? अणंतभागो। णवुंसयवे०-अरदि-सोग० अवत्त०संका० सव्वजी० केव०? अणंतभागो।

से हैं। अनन्तानुबन्धीचतुष्कके अल्पतर संक्रामक नाना जीव नियमसे हैं। भुजगार संक्रामक जीव भजनीय हैं। बारह कषाय, पुरुषवेद और छह नोकषायोंका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

* नाना जीवोंकी अपेक्षा काल इससे अनुमान करके ले जाना चाहिए।

§ ५२३. इस सूत्रसे नाना जीवोंकी अपेक्षा काल भङ्ग विचयके अनुसार साधकर ले जाना चाहिए। इस प्रकार शिष्योंके लिए अर्थकी समर्पणा की गई है। केवल कालानुगम ही नहीं ले जाना चाहिए किन्तु भागाभाग, परिमाण, क्षेत्र और स्पर्शन भी इससे अनुमान कर ले जाना चाहिए, क्योंकि इस सूत्रको देशामर्षकभावसे अवस्थित स्वीकार किया गया है। इसलिए उच्चारणाके अनुसार उनका यहाँ पर अनुगम करते हैं। यथा—भागाभागानुगमसे निर्देश ओघ और आदेशके भेदसे दो प्रकारका है। ओघसे मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके अल्पतर संक्रामक जीव सब जीवोंके कितने भाग प्रमाण हैं? असंख्यात बहुभाग प्रमाण हैं। शेष पदोंके संक्रामक जीव सब जीवोंके कितने भागप्रमाण हैं? असंख्यातवें भागप्रमाण हैं। सोलह कषाय, भय और जुगुप्साके अवक्तव्यसंक्रामक जीव सब जीवोंके कितने भागप्रमाण हैं? अनन्तवें भागप्रमाण हैं। अवस्थित संक्रामक जीव असंख्यातवें भागप्रमाण हैं। अल्पतर संक्रामक जीव संख्यातवें भाग प्रमाण हैं। भुजगार संक्रामक जीव संख्यात बहुभाग प्रमाण हैं। स्त्रीवेद, हास्य और रतिके अवक्तव्य संक्रामक जीव अनन्तवें भागप्रमाण हैं। भुजगार संक्रामक जीव कितने भागप्रमाण हैं? संख्यातवें भागप्रमाण हैं। अल्पतर संक्रामक जीव संख्यात बहुभागप्रमाण हैं। इसी प्रकार पुरुषवेदकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अवस्थित संक्रामक जीव कितने हैं? अनन्तवें, भागप्रमाण हैं। नपुंसकवेद, अरति और शोकके अवक्तव्य संक्रामक जीव सब जीवोंके कितने भागप्रमाण हैं? अनन्तवें भागप्रमाण हैं। भुजगार संक्रामक जीव कितने भागप्रमाण हैं?

१. 'ण' ता०।

भुज०संका० केव० ? संखेज्जा भागा। अप्प०संका० सव्वजी० केव० भागो ? संखेज्जदि-भागो।

§ ५२४. आदेसेण णेरइय०-मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि० ओघभंगो। अणंताणु० ४ ओघं। णवरि अवत्त०संका० असंखे० भागो। बारसक०-भय-दुगुंछा० ओघं। णवरि अवत्त० णत्थि। पुरिसवे०-अवट्ठि० असंखे० भागो। भुज०संका० संखे० भागो। अप्प०संका० संखेज्जा भागा। एवमित्थिवेद०-हस्स-रदि०। णवरि अवट्ठि० संका० णत्थि। णवुंस०-अरदि-सोग० ओघं। णवरि अवत्त०संका० णत्थि। एवं सव्वणेरइय०-पंचिंदियतिरिक्खतियदेवगइदेवा भवणादि जाव सहस्सार त्ति।

§ ५२५. तिरिक्खेसु ओघं। णवरि बारसक०-णवणोक० अवत्त०संका० णत्थि। पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज०-सम्म०-सम्मामि० भुज० संका० असंखे० भागो। अप्प०संका० असंखेज्जा भागा। सोलसक०-णवणोक० तिरिक्खोघं। णवरि अणंताणु०४ अवत्त० णत्थि। पुरिसवेद० अवट्ठि-संका० णत्थि।

§ ५२६. मणुसेसु मिच्छ० अप्प०संका० संखेज्जा भागा। सेसं संखे० भागो। सम्म०-सम्मामि० ओघं। सोलसक०-णवणोक० णारयभंगो। णवरि बारसक०-णवणोक०

संख्यात बहुभाग प्रमाण हैं। अल्पतर संक्रामक जीव सब जीवोंके कितने भागप्रमाण हैं ? संख्यातवें भागप्रमाण हैं।

§ ५२४. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भङ्ग ओघके समान है। अनन्तानुबन्धीचतुष्कका भङ्ग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्य संक्रामक जीव असंख्यातवें भागप्रमाण हैं। बारह कषाय, भय और जुगुप्साका भङ्ग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्य संक्रामक जीव नहीं हैं। पुरुषवेदके अवस्थित संक्रामक जीव असंख्यातवें भागप्रमाण हैं। भुजगार संक्रामक जीव संख्यातवें भागप्रमाण हैं। अल्पतर संक्रामक जीव संख्यात बहुभागप्रमाण हैं। इसी प्रकार स्त्रीवेद, हास्य और रतिकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अवस्थित संक्रामक जीव नहीं हैं। नपुंसकवेद, अरति और शोकका भङ्ग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्य संक्रामक जीव नहीं हैं। इसी प्रकार सब नारकी, पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिक, देवगतिमें सामान्य देव और भवनवासियोंसे लेकर सहस्रार कल्प तकके देवोंमें जानना चाहिए।

§ ५२५. तिर्यञ्चोंमें ओघके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि बारह कषाय और नौ नोकषायोंके अवक्तव्य संक्रामक जीव नहीं हैं। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके भुजगार संक्रामक जीव असंख्यातवें भागप्रमाण हैं। अल्पतर संक्रामक जीव असंख्यात बहुभाग प्रमाण हैं। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। इतनी विशेषता है कि अनन्तानुबन्धीचतुष्कके अवक्तव्य संक्रामक जीव नहीं हैं। तथा पुरुषवेदके अवस्थित संक्रामक जीव नहीं हैं।

§ ५२६. मनुष्योंमें मिथ्यात्वके अल्पतर संक्रामक जीव संख्यात बहुभाग प्रमाण हैं। शेष पदोंके संक्रामक संख्यातवें भागप्रमाण हैं। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भङ्ग ओघके समान

अवत्त०संका० असंखे० भागो । एवं मणुसपज्जत्तमणुसिणि० । णवरि संखेज्जं कायव्वं ।

§ ५२७. आणदादि णव गेवज्जा त्ति मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि० ओघं । अणंताणु०चउक्क० भुज० संखे० भागो । अप्प० संखेज्जा भागा । अवट्ठि० अवत्त० असंखे० भागो । बारसक० पुरि०वे०-भय-दुगुंछा० भुज०संका० संखेज्जा भागा । अप्प०-संका० संखे० भागो । अवट्ठि०संका० असंखे० भागो । एवमरदिसोगा० । णवरि अवट्ठि० संका० णत्थि । णवुंसयवेद-इत्थिवेद-हस्स-रइ० भुज० संखे० भागो । अप्प० संखेज्जा भागा । अणुदिसादि सव्वट्ठा त्ति मिच्छ०-सम्मामि०-इत्थिवे०-णवुंस० णत्थि भागाभागो । अणंताणु०४ भुज०संका० असंखे० भागो । अप्प० असंखेज्जा भागा । बारसक०-पुरिसवे०-छण्णोक० आणदभंगो । णवरि सव्वट्ठे संखेज्जं[1] कायव्वं एवं जाव० ।

§ ५२८. परिमाणाणुगमेण दुविहो णिद्देसो ओघेण आदेसेण य । ओघेण दंसणतिय सव्वपद संका० केत्तिया ? असंखेज्जा । सोलसक०-णवणोक० सव्वपद० केत्तिया ? अणंता । णवरि अवत्त०संका० केत्ति० ? संखेज्जा । अणंताणु०४ अवत्त०संका०

है । सोलह कषाय और नौ नोकषायोंका भङ्ग नारकियोंके समान है । इतनी विशेषता है कि बारह कषाय और नौ नोकषायोंके अवक्तव्य संक्रामक जीव असंख्यातवें भागप्रमाण हैं । इसी प्रकार मनुष्य पर्याप्त और मनुष्यिनियोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि असंख्यातके स्थानमें संख्यात करना चाहिए ।

§ ५२७. आनत कल्पसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भङ्ग ओघके समान है । अनन्तानुबन्धी चतुष्कके भुजगार संक्रामक जीव संख्यातवें भागप्रमाण हैं । अल्पतरसंक्रामक जीव संख्यात बहुभागप्रमाण हैं । अवस्थित और अवक्तव्य संक्रामक जीव संख्यात बहुभागप्रमाण हैं । अवस्थित और अवक्तव्यसंक्रामक जीव असंख्यातवें भागप्रमाण हैं । बारह कषाय, पुरुषवेद, भय और जुगुप्साके भुजगारसंक्रामक जीव संख्यात बहुभागप्रमाण हैं । अल्पतरसंक्रामक जीव संख्यातवें भागप्रमाण हैं । अवस्थितसंक्रामक जीव असंख्यातवें भागप्रमाण हैं । इसी प्रकार अरति और शोककी अपेक्षा जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि अवस्थितसंक्रामक जीव नहीं हैं । नपुंसकवेद, स्त्रीवेद, हास्य और रतिके भुजगार संक्रामक जीव संख्यातवें भागप्रमाण हैं । अल्पतरसंक्रामक जीव संख्यात बहुभागप्रमाण हैं । अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और नपुंसकवेद की अपेक्षा भागाभाग नहीं है । अनन्तानुबन्धीचतुष्कके भुजगार संक्रामक जीव असंख्यातवें भागप्रमाण हैं । अल्पतरसंक्रामक जीव असंख्यात बहुभागप्रमाण हैं । बारह कषाय, पुरुषवेद और छह नोकषायोंका भङ्ग आनत कल्पके समान हैं । इतनी विशेषता है कि असंख्यातके स्थानमें संख्यात करना चाहिए । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक ले जाना चाहिए ।

§ ५२८. परिमाणानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे तीन दर्शनमोहनीयके सब पदोंके संक्रामक जीव कितने हैं ? सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके सब पदोंके संक्रामक जीव कितने हैं ? अनन्त हैं । इतनी विशेषता है कि अवक्तव्यसंक्रामक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं । तथा अनन्तानुबन्धी चतुष्कके अवक्तव्य संक्रामक जीव असंख्यात हैं ।

---

1. 'संखेज्जगुण' ता० ।

असंखेज्जा। पुरिसवे० अवट्ठि० असंखेज्जा। एवं तिरिक्खा। णवरि बारसक०-णवणोक० अवत्त०संका० णत्थि।

§ ५२६. आदेसेण णेरइय० सव्वपयडी० सव्वपद०संका० केत्तिया? असंखेज्जा। एवं सव्वणेरइय-सव्वपंचि०-तिरिक्ख० मणुस-अपज्ज०-देवगदिदेवा भवणादि जाव अवराजिदा त्ति। मणुसेसु णारयभंगो। णवरि सव्वपय० अवत्त० मिच्छत्त-सव्वपदसंका० पुरिसवे० अवट्ठिदसंका० संखेज्जा। मणुसपज्ज०-मणुसिणी० सव्वट्ठदेवा सव्वपय० सव्वपदसंका० केत्तिया? संखेज्जा। एवं जाव०।

§ ५३०. खेत्ताणु० दुविहो णिद्देसो ओघेण आदेसेण य। ओघेण सव्वपदसंका० केव० खेत्ते? लोगस्स असंखे० भागे। सोलसक० भय-दुगुंछ० अवत्त० लोग० असंखे० भागे। सेसपदसंका० सव्वलोगे। सत्तणोक०-अवत्त०-पुरिसवे० अवट्ठि० लोग० असंखे० भागे। सेसपदसंका० सव्वलोगे। एवं तिरिक्खा०। णवरि बारसक०-णवणोक० अवत्त० णत्थि। सेसगदीसु सव्वपयडी० सव्वपदसंका० लोगस्स असंखे० भागे। एवं जाव०।

§ ५३१. पोसणाणु० दुविहो णि० ओघे० आदेसे०। ओघेण मिच्छ० सव्वपदसं० लोग० असंखे० भागो, अट्ठचोद्दस० (देसूणा)। सम्म०-सम्मामि० भुज०-अप्प०

पुरुषवेदके अवस्थितसंक्रामक जीव असंख्यात हैं। इसी प्रकार सामान्य तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि बारह कषाय और नौ नोकषायोंके अवक्तव्यसंक्रामक जीव नहीं हैं।

§ ५२६. आदेशसे नारकियोंमें सब प्रकृतियोंके सब पदोंके संक्रामक जीव कितने हैं? असंख्यात हैं। इसी प्रकार सब नारकी, सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त, देवगतिमें सामान्य देव और भवनवासियोंसे लेकर अपराजित विमान तकके देवोंमें जानना चाहिए। मनुष्योंमें नारकियोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि सब प्रकृतियोंके अवक्तव्यसंक्रामक जीव, मिथ्यात्वके सब पदोंके संक्रामक जीव और पुरुषवेदके अवस्थित संक्रामक जीव संख्यात हैं। मनुष्य पर्याप्त, मनुष्यिनी और सर्वार्थसिद्धिके देवोंमें सब प्रकृतियोंके सब पदोंके संक्रामक जीव कितने हैं? संख्यात हैं। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक ले जाना चाहिए।

§ ५३०. क्षेत्रानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे दर्शनमोहनीयत्रिकके सब पदोंके संक्रामक जीवोंका कितना क्षेत्र है? लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है। सोलह कषाय, भय और जुगुप्साके अवक्तव्यसंक्रामकोंका लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है। शेष पदोंके संक्रामकोंका सब लोक क्षेत्र है। सात नोकषायोंके अवक्तव्यसंक्रामकोंका और पुरुषवेदके अवस्थितसंक्रामकोंका लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्र है। शेष पदोंके संक्रामकोंका सब लोक क्षेत्र है। इसी प्रकार सामान्य तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि बारह कषाय और नौ नोकषायोंके अवक्तव्यसंक्रामक नहीं हैं। शेष गतियोंमें सब प्रकृतियोंके सब पदोंके संक्रामकोंका लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक ले जाना चाहिए।

§ ५३१. स्पर्शनानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्वके सब पदोंके संक्रामकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे

संका० लोग० असंखे० भागो अट्ठचोद्दस० (देसूणा) सव्वलोगो वा । अवत्त०संका० लोग० असंखे० भागो अट्ठबारह चोद्दस० (दे०)। अणंताणुबंधी४ अवट्ठि०१ अ० संका० लोग० असंखे० भागो अट्ठचोद्दस० (देसूणा)।सेसपदसंका० सव्वलोगो । बारसक०-णवणोक० सव्वपदसंका० सव्वलोगो । णवरि अवत्त० लोग० असंखे० भागो । पुरिसवे० अवट्ठि०संका० लोग० असंखे० भागो अट्ठचोद्दस० (देसूणा)।

§ ५३२. आदेसेण णेरइय०-मिच्छ० सव्वपद० संका० लोग० असंखे० भागो। सम्म०-सम्मामि० अवत्त० लोग० असंखे० भागो पंचचोद्दस० (देसूणा)। भुज० अप्प० संका० लोग० असंखे० भागो छचोद्दस० (देसूणा)। सोलसक० णवणोक० सव्वपदसं० लोग० असंखे० भागो छ चोद्दस० (देसूणा)। णवरि अणंताणु० चउक्क० अवत्त० पुरिस० अवट्ठि०संका० लोग० असंखे० भागो। एवं सव्वणेरइय। णवरि सगपोसणं एवं सत्तमाए । णवरि सम्म०-सम्मामि० अवत्त०संका० लोग० असंखे०भागो। णवरि पढमाए खेत्तभंगो ।

चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके भुजगार और अल्पतर संक्रामकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण, त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यसंक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण तथा त्रसनालीके कुछ कम आठ और कुछ कम बारह बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनन्तानुबन्धी चतुष्कके अवस्थित और अवक्तव्यसंक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंके संक्रामक जीवोंने सर्व लोकका स्पर्शन किया है। बारह कषाय और नौ नोकषायोंके सब पदोंके संक्रामक जीवोंने सब लोकका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्यसंक्रामकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तथा पुरुषवेदके अवस्थित संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

§ ५३२. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्वके सब पदोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके अवक्तव्यसंक्रामकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और त्रसनालीके कुछ कम पाँच बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। भुजगार और अल्पतरसंक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके सब पदोंके संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि अनन्तानुबन्धी चतुष्कके अवक्तव्यसंक्रामक और पुरुषवेदके अवस्थितसंक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार सब नारकियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपना-अपना स्पर्शन करना चाहिए। सातवीं पृथिवीमें भी इसी प्रकार जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके अवक्तव्यसंक्रामकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी और विशेषता है कि पहिली पृथिवीमें क्षेत्रके समान भङ्ग है।

---

१. 'अवत्त' ता०।

§ ५३३. तिरिक्खेसु मिच्छ० भुज०-अवट्ठि०-अवत्त० संकाम० लोग० असंखे० भागो। अप्प०संका० लोग० असंखे० भागो छ चोद्दस० (देसूणा)। सम्म०-सम्मामि० भुज० अप्प०संका० लोग० असंखे०भागो, सव्वलोगो वा। अवत्त०संका० लोग० असंखे०भागो, सत्त चोद्दस० (देसूणा)। सोलसक०-णवणोक० सव्वपदसंका० सव्वलोगो। णवरि अणंताणु०४-अवत्त० पुरिसवे० अवट्ठि०संका० लोग० असंखे० भागो।

§ ५३४. पंचिंदियतिरिक्खतिए मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि० तिरिक्खोघं। सोलसक० णवणोक० सव्वपदसंका० लोग० असंखे०भागो, सव्वलोगो वा। णवरि अणंताणु० चउक्क० अवत्त० पुरिसवे० अवट्ठि० इत्थिवे० भुज० लोग० असंखे०भागो। पुरिसवे० भुज० लोग० असंखे० भागो, छ चोद्दस० (देसूणा)। एवं मणुसतिए। णवरि मिच्छ० अप्प० पुरिसवे० भुज० बारसक० णवणोक० अवत्त० लोग० असंखे० भागो। पंचि० तिरिक्ख अपज्ज०-मणुसअपज्ज० सत्तावीसं पयडीणं सव्वपदसं० लो० असंखे० भागो, सव्वलोगो वा। णवरि इत्थिवेद० पुरिसवेद० भुज० संका० लोग० असंखे० भागो।

---

§ ५३३. तिर्यञ्चोंमें मिथ्यात्वके भुजगार, अवस्थित और अवक्तव्यसंक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अल्पतरसंक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके भुजगार और अल्पतर संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सर्व लोकका स्पर्शन किया है। अवक्तव्य संक्रामकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और त्रसनालीके कुछ कम सात बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके सब पदोंके संक्रामकोंने सब लोकका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि अनन्तानुबन्धीचतुष्कके अवक्तव्य संक्रामकोंने और पुरुषवेदके अवस्थितसंक्रामकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

§ ५३४. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके सब पदोंके संक्रामकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका और सब लोकका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि अनन्तानुबन्धीचतुष्कके अवक्तव्य संक्रामक, पुरुषवेदके अवस्थितसंक्रामक और स्त्रीवेदके भुजगार संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। पुरुषवेदके भुजगार-संक्रामकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वके अल्पतर संक्रामक, पुरुषवेदके भुजगार संक्रामक तथा बारह कषाय और नौ नोकषायोंके अवक्तव्य-संक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सत्ताईस प्रकृतियोंके सब पदोंके संक्रामकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका और सब लोकका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि स्त्रीवेद और पुरुषवेदके भुजगारसंक्रामकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

§ ५३५. देवेसु मिच्छ० सव्वपदे संका० लोग० असंखे० भागो, अट्ठ चोद्दस० देसूणा। सम्म०-सम्मामि०-सोलसक०-णवणोक० सव्वपदसंका० लोग० असंखे०भागो अट्ठ णव चोद्दस० देसूणा। णवरि अणंताणु०-चउक०-अवत्त० पुरिसवे० भुज० अवट्ठि० इत्थिवे० भुज० संका० लोग० असंखे०भागो अट्ठचोद्दस० देसूणा। [1]एवं भवणादि जाव अच्चुदा त्ति। णवरि सगपोसणं जाणियव्वं। उवरि खेत्तभंगो।

§ ५३६. कालाणु० दुविहो णिद्देसो-ओघे० आदेसे०। ओघे० मिच्छ० भुज० संका० जह० एयसमओ, उक्क० पलिदो० असंखे०भागो। अप्प० संका० सव्वद्धा। अवट्ठि०-अवत्त० संका० जह० एयसमओ, उक्क० आवलि० असंखे०भागो। एवं सम्म०। णवरि अवट्ठि० णत्थि। सम्मामि० भुज० जह० एयस०, उक्क० पलिदो० असंखे० भागो। अप्प० संका० सव्वद्धा। अवत्त० संका० मिच्छत्तभंगो। अणंताणु०४ भुज०-अप्प०-अवट्ठि० संका० सव्वद्धा। अवत्त० मिच्छत्तभंगो। एवं बारसक०-भय-दुगुंछा०। णवरि अवत्त० संका० जह० एयसमओ, उक्क० संखेज्जा समया। एवं पुरिसवेद०। णवरि

§ ५३५. देवोंमें मिथ्यात्वके सब पदोंके संक्रामकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके सब पदोंके संक्रामकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण तथा त्रसनालीके कुछ कम आठ और कुछ कम नौ बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि अनन्तानुबन्धीचतुष्कके अवक्तव्य संक्रामक, पुरुषवेदके भुजगार और अवस्थितसंक्रामक तथा स्त्रीवेदके भुजगारसंक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार भवनवासियोंसे लेकर अच्युतकल्प तकके देवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपना-अपना स्पर्शन जानना चाहिए। आगेके देवोंमें क्षेत्रके समान भङ्ग है।

विशेषार्थ—यहाँपर हमने स्पर्शनका विशेष खुलासा नहीं किया है। इसका कारण इतना ही है कि स्वामित्व और अपने-अपने स्पर्शनको ध्यानसे रखकर विचार करने पर यहाँ जिस प्रकृतिके जिस पदकी अपेक्षा जितना स्पर्शन कहा है वह स्पष्ट रूपसे प्रतिभासित होने लगता है।

नाना जीवोंकी अपेक्षा काल

§ ५३६. कालानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्वके भुजगार संक्रामकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवेंभागप्रमाण है। अल्पतरसंक्रामकोंका काल सर्वदा है। अवस्थित और अवक्तव्यसंक्रामकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसीप्रकार सम्यक्त्वकी अपेक्षा काल जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसका अवस्थितपद नहीं है। तथा सम्यग्मिथ्यात्वके भुजगार संक्रामकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अल्पतरसंक्रमकोंका काल सर्वदा है। अवक्तव्यसंक्रामकोंका भङ्ग मिथ्यात्वके समान है। इसी प्रकार बारह कषाय, भय और जुगुप्साकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्य-संक्रामकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। इसी प्रकार

अवट्ठि० संका० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असंखे० भागो । एवमित्थिवे०-णवुंस०-चदुणोक० । णवरि अवट्ठि० णत्थि ।

§ ५३७. आदेसेण णेरइय० दंसणतियस्स ओघं । अणंताणु०४ अवट्ठि० अवत्त० संका० जह० एगस०, उक्क० आवलि असंखे० भागो । भुज०-अप्प० संका० सव्वद्धा । एवं बारसक०-पुरिसवे०-भय-दुगुंछ० । णवरि अवत्त० णत्थि । एवमित्थिवेद-णवुंस०-चदुणोक० । णवरि अवट्ठि० णत्थि । एवं सव्वणेरइयपंचिंदिय तिरिक्खतिय-देवगदि देवा भवणादि जाव णवगेवज्जा त्ति ।

§ ५३८. तिरिक्खा० ओघं । णवरि बारसक०-णवणोक० अवत्त० णत्थि । पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज० सम्म०-सम्मामि० णारयभंगो । णवरि अवत्त० णत्थि । सोलसक०-णवणोक० णारयभंगो । णवरि अणंताणु०४ अवत्त०-पुरिसवे० अवट्ठि० णत्थि ।

§ ५३९. मणुसेसु मिच्छ० भुज० संका० जह० एयस० उक्क० अंतोमुहुत्तं । अप्प० संका० सव्वद्धा । अवट्ठि०-अवत्त० संका० जह० एयस०, उक्क० संखेज्जा समया । सम्म०-सम्मामि० भुज० अप्प० संका० णारयभंगो । अवत्त० मिच्छत्तभंगो । सोलसक० भय-दुगुंछा० णारयभंगो । णवरि अवत्त० मिच्छत्तभंगो । पुरिसवेद० अवट्ठि०

पुरुषवेदकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अवस्थितसंक्रामकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसी प्रकार स्त्रीवेद, नपुंसकवेद और चार नोकषायोंकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनका अवस्थितपद नहीं है।

§ ५३७. आदेशसे नारकियोंमें दर्शनमोहत्रिकका भङ्ग ओघके समान है। अनन्तानुबन्धी चतुष्कके अवस्थित और अवक्तव्यसंक्रामकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्टकाल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। भुजगार और अल्पतरसंक्रामकोंका काल सर्वदा है। इसी प्रकार बारह कषाय, पुरुषवेद, भय और जुगुप्साकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्यपद नहीं है। इसी प्रकार स्त्रीवेद, नपुंसकवेद और चार नोकषायोंकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अवस्थितपद नहीं है। इसी प्रकार सब नारकी, पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिक, देवगतिमें सामान्य देव और भवनवासियोंसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें जानना चाहिए।

§ ५३८. तिर्यञ्चोंमें ओघके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि बारह कषाय और नौ नोकषायोंका अवक्तव्यपद नहीं है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भङ्ग नारकियोंके समान है। इतनी विशेषता है कि इनका अवक्तव्यपद नहीं है। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंका भङ्ग नारकियोंके समान है। इतनी विशेषता है कि अनन्तानुबन्धीचतुष्कका अवक्तव्यपद और पुरुषवेदका अवस्थितपद नहीं है।

§ ५३९. मनुष्योंमें मिथ्यात्वके भुजगारसंक्रामकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अल्पतरसंक्रामकोंका काल सर्वदा है। अवस्थित और अवक्तव्यसंक्रामकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके भुजगार और अल्पतरसंक्रामकोंका भङ्ग नारकियोंके समान है। अवक्तव्य संक्रामकोंका भङ्ग मिथ्यात्वके समान है। सोलह कषाय, भय और जुगुप्साका भङ्ग नारकियोंके समान है। इतनी विशेषता

अवत्त० संका० जह० एयस०, उक्क० संखेज्जा समया। सेसं सव्वद्धा। इत्थिवेद०-णवुंसवे०-चदुणोक० ओघं। एवं मणुसपज्ज०-मणुसिणी०। जम्हि आवलि० असंखे० भागो तम्हि संखेज्जा समया। सम्म०-सम्मामि० भुज० संका० जह० एयस० उक्क० अंतोमु०। मणुस-अपज्ज० सव्वपयडी० सव्वपदसंका० जह० एयस०, उक्क० पलिदो० असंखे०भागो। णवरि सोलसक०- भय-दुगुंछा० अवट्ठि० जह० एयस०, आवलि० असंखे०भागो।

§ ५४०. अणुदिसादि सव्वट्ठा त्ति मिच्छ०-सम्मामि०-इत्थिवेद० णवुंस० अप्प० संका० सव्वद्धा। अणंताणु०४ भुज० संका० जह० अंतोमु०, उक्क० पलिदो० असंखे० भागो। अप्प० संका० सव्वद्धा। बारसक०-पुरिसवे० छण्णोक० देवोघं। णवरि सव्वट्ठे जम्मि आवलि० असंखे०भागो तम्मि संखेज्जा समया। अणंताणु० चउक्क० भुज० संका० जह० उक्क० अंतोमु०। एवं जाव०।

* णाणाजीवेहि अंतरं।

§ ५४१. एत्तो णाणाजीवविसेसिदमंतरं भुजगारादि संकामयविसयमणुवत्तइस्सामो त्ति अहियारसंभालणवक्कमेदं।

है कि अवक्तव्यसंक्रामकोंका भङ्ग मिथ्यात्वके समान है। पुरुषवेदके अवस्थित और अवक्तव्यसंक्रामकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्टकाल संख्यात समय है। शेष पदोंके संक्रामकोंका काल सर्वदा है। स्त्रीवेद, नपुंसकवेद और चार नोकषायोंका भङ्ग ओघके समान है। इसीप्रकार मनुष्य पर्याप्त और मनुष्यिनियोंमें जानना चाहिए। मात्र जहाँ आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण काल कहा है वहाँ संख्यात समय काल जानना चाहिए। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके भुजगारसंक्रामकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सब प्रकृतियोंके सब पदसंक्रामकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इतनी विशेषता है कि सोलह कषाय, भय और जुगुप्साके अवस्थितसंक्रामकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है।

§ ५४०. अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके अल्पतर संक्रामकोंका काल सर्वदा है। अनन्तानुबन्धीचतुष्कके भुजगार संक्रामकोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अल्पतर संक्रामकोंका काल सर्वदा है। बारह कषाय, पुरुषवेद और छह नोकषायोंका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि जहाँ आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण काल कहा है वहाँ सर्वार्थसिद्धिमें संख्यात समय काल कहना चाहिए। अनन्तानुबन्धीचतुष्कके भुजगार संक्रामकोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

* अब नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तरका अधिकार है।

§ ५४१. अब आगे भुजगार आदि पदोंका संक्रामक करनेवाले नाना-जीवों सम्बन्धी अन्तरको बतलाते हैं इस प्रकार अधिकार की सम्हाल करनेवाला यह वाक्य है।

❀ मिच्छत्तस्स भुजगार-अवत्तव्व-संकामयाणमंतरं केवचिरं कालादो?

§ ५४२. सुगमं।

❀ जहण्णेण एयसमओ।

§ ५४३. भुजगारसंकामयाणं ताव उच्चदे—एको वा दो वा तिण्णि वा एवमुक्कस्सेण पलिदो० असंखे० भागमेत्ता वा मिच्छाइट्ठी उवसमसम्मत्तं पडिवज्जिय गुणसंकमचरिमसमए वट्टमाणा भुजगारसंकामया दिट्ठा, णट्ठो च तदणंतरसमए तेसिं पवाहो। एवमेयसमयमंतरिदपवाहाणं पुणो वि णाणाजीवाणुसंधाणेगाणंतरसमए समुब्भवो दिट्ठो विणट्ठमंतरं होइ। एवमवत्तव्वसंकामयाणं वि वत्तव्वं। णवरि सम्मत्तं पडिवण्णपढमसमए आदी कायव्वा।

❀ उक्कस्सेण सत्त रादिंदियाणि।

§ ५४४. कुदो? सम्मत्तग्गाहयाणमुक्कस्संतरस्स तप्पमाणत्तोवएसादो।

❀ अप्पयरसंकामयाणमंतरं केवचिरं कालादो होदि।

§ ५४५. सुगमं।

❀ णत्थि अंतरं।

---

* मिथ्यात्वके भुजगार और अल्पतरसंक्रामक जीवोंका अन्तरकाल कितना है?

§ ५४२. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य अन्तरकाल एक समय है।

§ ५४३. सर्व प्रथम भुजगारसंक्रामकोंका अन्तरकाल कहते हैं—एक, दो या तीन इस प्रकार उत्कृष्ट रूपसे पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण मिथ्यादृष्टि जीव उपशमसम्यक्त्वको प्राप्त कर गुणसंक्रमके अन्तिम समयमें रहते हुए भुजगारसंक्रामक देखे गये और तदनन्तर समयमें उनका प्रवाह नष्ट हो गया। इस प्रकार एक समय तक प्रवाहका अन्तर देकर फिर भी नाना जीवोंके प्रवाह रूपसे अनन्तर समयमें उत्पत्ति देखी गयी। तथा इसके बाद वह प्रवाह भी नष्ट हो गया। इस प्रकार भुजगारसंक्रामक नाना जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय होता है। इसी प्रकार अवक्तव्यसंक्रामकोंका भी जघन्य अन्तर एक समय कहना चाहिए। इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्वको प्राप्त होनेके प्रथम समयमें आदि करनी चाहिए।

* उत्कृष्ट अन्तरकाल सात रात्रि-दिन है।

§ ५४४. क्योंकि सम्यक्त्वको ग्रहण करनेवाले जीवोंका उत्कृष्ट अन्तरकाल तत्प्रमाण है ऐसा उपदेश है।

* अल्पतर संक्रामकोंका अन्तरकाल कितना है।

§ ५४५. यह सूत्र सुगम है।

* अन्तरकाल नहीं है।

§ ५४६. कुदो ? तदप्पयरसंकामयाणं वेदयसम्माइट्ठीणमतुट्टसंताणक्कमेणावट्ठाण-णियमदंसणादो ।

❀ अवट्ठिदसंकामयाणमंतरं केवचिरं कालादो होदि ?

§ ५४७. सुगमं ।

❀ जहण्णेण एयसमओ ।

§ ५४८. तं जहा—पुव्वुप्पण्णसम्मत्तमिच्छाइट्ठीणं केत्तियाणं पि अवट्ठिदपाओग्गसंत-कम्मेण सम्मत्तं पडिवण्णाणं पढमावलियाए-अवट्ठिदसंकमं कादूणेयसमयमंतरिदाणं पुणो तदणंतरसमए केत्तियाणं पि अवट्ठिदसंकामयाणमवट्ठाणेण विणासिदंतरंतराणं लद्ध-मंतरं कायव्वं ।

❀ उक्कस्सेण असंखेज्जा लोगा ।

§ ५४९. कुदो ? एयवारमवट्ठिदपरिणामेण परिणदणाणाजीवाणमेत्तियमेत्तुक्कस्संतरेण पुणो अवट्ठिदसंकमहेदुपरिणामविसेसपडिलंभादो ।

❀ सम्मत्तस्स भुजगारसंकामयाणमंतरं केवचिरं कालादो होदि ?

§ ५५०. सुगमं ।

❀ जहण्णेण एयसमओ ।

---

§ ५४६. क्योंकि मिथ्यात्वके अल्पतरसंक्रामक वेदकसम्यग्दृष्टिका अत्रुटित सन्तान रूपसे अवस्थान नियम देखा जाता है ।

* अवस्थितसंक्रामकोंका अन्तरकाल कितना है ?

§ ५४७. यह सूत्र सुगम है ।

* जघन्य अन्तरकाल एक समय है ।

§ ५४८. यथा—जिन्होंने पहले सम्यक्त्वको उत्पन्न किया है ऐसे कितने ही मिथ्यादृष्टि जीव अवस्थित पदके योग्य सत्कर्मके साथ सम्यक्त्वको प्राप्त कर प्रथम आवलिमें अवस्थित संक्रमको करके एक समयके लिए उसका अन्तर करते हैं तथा उसके अनन्तर समयमें कितने ही अवस्थित संक्रामक जीव अवस्थित पदके द्वारा अन्तरका विनाश करते हैं । इस प्रकार मिथ्यात्वके अवस्थित पदका एक समय जघन्य अन्तर प्राप्त होता है ।

* उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण है ।

§ ५४९. क्योंकि एक बार अवस्थित परिणाम रूपसे परिणत नाना जीवोंका इतने मात्र उत्कृष्ट अन्तरकालके बाद पुनः अवस्थित संक्रमके हेतुभूत परिणाम विशेष उपलब्ध होते हैं ।

* सम्यक्त्वके भुजगारसंक्रामक जीवोंका अन्तरकाल कितना है ?

§ ५५०. यह सूत्र सुगम है ।

* जघन्य अन्तर काल एक समय है ।

§ ५५१. कुदो ? उव्वेल्लणाचरिमट्ठिदिखंडए भुजगारसंकमं कादूणंतरिदाणमेय समयादो उवरि णाणाजीवावेक्खाए पुणो वि भुजगारपज्जायपरिणमणे विरोहाभावादो ।

❀ उक्कस्सेण चउवीसमहोरत्ते सादिरेये ।

§ ५५२. कुदो ? उव्वेल्लणापवेसयाणमुक्कस्संतरस्स तप्पमाणत्तोवएसादो ।

❀ अप्पयरसंकामयाणं णत्थि अंतरं ।

§ ५५३. कुदो ? सम्मत्तप्पयरसंकामयाणमुव्वेल्लणापरिणदमिच्छाइट्ठीणमवोच्छिण्णकमेण सव्वद्धमवट्ठाणणियमादो ।

❀ अवत्तव्वसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होदि ।

§ ५५४. सुगमं ।

❀ जहण्णेण एयसमओ ।

§ ५५५. सम्मत्तादो मिच्छत्तं पडिवज्जमाणणाणाजीवाणमेयसमयमेत्त जहण्णंतरसिद्धीए विसंवादाभावादो ।

❀ उक्कस्सेण सत्त रादिंदियाणि ।

§ ५५६. कुदो ? सम्मत्तुप्पत्तिपडिभागेणेव तत्तो मिच्छत्तं गच्छमाण जीवाणमुक्कस्संतरसंभवं पडि विरोहाभावादो । जइ एवमणंतरसुत्तणिद्दिट्ठभुजगारसंकमुक्कस्संतरेण

---

§ ५५१. क्योंकि उद्वेलना संक्रमके अन्तिम स्थिति काण्डकके समय नाना जीवोंने भुजगार संक्रम करके अन्तर किया । पुनः एक समयके बाद नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्य जीवोंका भुजगार पर्यायरूपसे परिणमन करनेमें कोई विरोध नहीं आता ।

* उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक चौबीस दिन-रात्रि है ।

§ ५५२. क्योंकि उद्वेलना संक्रममें प्रवेश करनेवाले जीवोंका उत्कृष्ट अन्तरकाल तत्प्रमाण है ऐसा उपदेश है ।

* अल्पतर संक्रामक जीवोंका अन्तरकाल नहीं है ।

§ ५५३. क्योंकि सम्यक्त्वका अल्पतर संक्रम करनेवाले ऐसे उद्वेलना संक्रम रूपसे परिणत हुए मिथ्यादृष्टि जीवोंका अविच्छिन्नक्रमसे सर्वदा अवस्थान नियम देखा जाता है ।

* अवक्तव्य संक्रामक जीवोंका अन्तरकाल कितना है ?

§ ५५४. यह सूत्र सुगम है ।

* जघन्य अन्तरकाल एक समय है ।

§ ५५५. सम्यक्त्वसे मिथ्यात्वको प्राप्त होने वाले नाना जीवोंके एक समय प्रमाण जघन्य अन्तरकालके सिद्ध होनेमें कोई विसंवाद नहीं उपलब्ध होता ।

* उत्कृष्ट अन्तरकाल सात रात्रि-दिन है ।

§ ५५६. क्योंकि जितने जीव सम्यक्त्वको उत्पन्न करते हैं उसके अनुसार ही सम्यक्त्वसे मिथ्यात्वको प्राप्त होने वाले जीवोंके उत्कृष्ट अन्तरकाल सम्भव होनेमें कोई विरोध नहीं आता ।

शंका—यदि ऐसा है तो अनन्तर सूत्रमें निर्दिष्ट भुजगारसंकमका उत्कृष्ट अन्तर

वि सत्तरादिंदियमेत्तेण होदव्वं, उव्वेल्लणापवेसणाणुसारेणेव तत्तो णिस्सरणस्स णाइयत्तादो त्ति णासंकणिज्जं । किं कारणं ? सम्मत्तादो मिच्छत्तं पडिवण्णसव्वजीवाणमुव्वेल्लणापवेसणियमाभावादो उव्वेल्लणाए पविट्ठाणं पि सव्वेसिमेव णिस्संतीकरणणियमाणब्भुवगमादो च ।

❀ सम्मामिच्छत्तस्स भुजगार-अवत्तव्वसंकामयंतरं केवचिरं कालादो होदि ?

§ ५५७. सुगमं ।

❀ जहण्णेण एयसमओ ।

§ ५५८. कुदो ? पयदभुजगारावत्तव्वसंकामयणाणाजीवाणमेयसमयमंतरिदाणं पुणो णाणाजीवाणुसंधाणेण तदणंतरसमए तहाभावपरिणामाविरोहादो ।

❀ उक्कस्सेण सत्त रादिंदियाणि ।

§ ५५९. कुदो ? सम्मत्तुप्पादयाणमुक्कस्संतरस्स वि तम्मावसिद्धीए पडिबंधाभावादो । एदेण सामण्णणिद्देसेणावत्तव्वसंकामयाणं पि पयदंतराइप्पसंगे तत्थ पयारंतरसंभवपदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं ।

❀ णवरि अवत्तव्वसंकामयाणमुक्कस्सेण चउवीसमहोरत्ते सादिरेये ।

काल भी सात रात्रि-दिन प्रमाण होना चाहिए, क्योंकि उद्वेलना संक्रममें प्रवेश करनेवाले जीवोंके अनुसार ही उसमेंसे निकलना न्याय प्राप्त है ?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि सम्यक्त्वसे मिथ्यात्वको प्राप्त होनेवाले सब जीवोंका उद्वेलनासंक्रममें प्रवेश करनेका कोई नियम नहीं है तथा उद्वेलनासंक्रममें प्रवेश करनेवाले सभी जीव निसत्त्व करते हैं ऐसा नियम भी नहीं स्वीकार किया गया है ।

* सम्यग्मिथ्यात्वके भुजगार और अवक्तव्यसंक्रामकोंका अन्तरकाल कितना है ?

§ ५५७. यह सूत्र सुगम है ।

* जघन्य अन्तरकाल एक समय है ।

§ ५५८. क्योंकि प्रकृत भुजगार और अवक्तव्यसंक्रम करनेवाले नाना जीवोंके एक समयका अन्तर करनेके बाद पुनः नाना जीवोंके क्रम परिपाटीसे तदनन्तर समयमें उस प्रकारके परिणामके माननेमें कोई विरोध नहीं आता ।

* उत्कृष्ट अन्तर सात रात्रि-दिन है ।

§ ५५९. क्योंकि सम्यक्त्वको उत्पन्न करनेवाले जीवोंका जो उत्कृष्ट अन्तर है उसके तद्भावकी सिद्धि होनेमें कोई रुकावट नहीं आती । यहाँ इस सामान्य निर्देशसे अवक्तव्य संक्रामक जीवोंके भी प्रकृत अन्तरके प्राप्त होनेपर वहाँपर प्रकारान्तर सम्भव है इसका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र आया है । यथा—

* इतनी विशेषता है कि अवक्तव्यसंक्रामकोंका उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक चौबीस रात्रि-दिन है ।

§ ५६०. णेदमुक्कस्संतरविहाणं घडंतयमुवसमसम्मत्तग्गाहयाणमुक्कस्संतरस्स सत्त-रादिंदियपमाणं मोत्तूण सादिरेयचउव्वीसाहोरत्तपमाणत्ताणुवलद्धीदो। एत्थ परिहारो उच्चदे—होउ णामोवसमसम्मत्तग्गाहीणं सत्तरादिंदियमेत्तुक्कस्संतरणियमो, तत्थ विसंवादाणुवलंभादो। किंतु णीसंतकम्मियमिच्छाइट्ठीणमुवसमसम्मत्तं गेण्हमाणाणमेदमुक्कस्संतरमिह सुत्ते विवक्खियं, ससंत[1]कम्मियाणमुवसमसम्मत्तग्गहणे अवत्तव्वसंकमसंभवाणुवलंभादो।

❀ अप्पयसंकामयाणं णत्थि अंतरं।

§ ५६१. कुदो? सम्मामिच्छत्तप्पयरसंकामयवेदयसम्माइट्ठीणमुव्वेल्लमाणमिच्छा-इट्ठीणं च पवाहोच्छेदेण विणा सव्वद्धमवट्ठाणणियमादो।

❀ अणंताणुबंधीणं भुजगार-अप्पदर-अवट्ठिदसंकामयंतरं णत्थि।

§ ५६२. कुदो? सव्वद्धमेदेसिमवच्छिण्णपवाहक्कमेणावट्ठाणदंसणादो।

❀ अवत्तव्वसंकामयाणमंतरं केवचिरं?

§ ५६३. सुगमं।

❀ जहण्णेण एयसमओ।

---

§ ५६०. शंका—यह उत्कृष्ट अन्तरकालका कथन घटित नहीं होता, क्योंकि उपशम सम्यक्त्वको ग्रहण करनेवाले जीवोंका उत्कृष्ट अन्तरकाल सात रात्रि-दिन प्रमाण इसे है, छोड़कर साधिक चौबीस दिन-रात्रिप्रमाण नहीं उपलब्ध होता?

समाधान—यहाँ पर उक्त शंकाका परिहार करते हैं—उपशम सम्यक्त्वको ग्रहण करनेवाले जीवोंके सात रात्रि-दिनप्रमाण उत्कृष्ट अन्तरकालका नियम होओ, क्योंकि इसमें कोई विसंवाद नहीं उपलब्ध होता। किन्तु जिन्होंने सम्यग्मिथ्यात्वको निःसत्त्व कर दिया है ऐसे उपशम सम्यक्त्वको ग्रहण करनेवाले जीवोंका यह उत्कृष्ट अन्तरकाल यहाँ सूत्रमें विवक्षित है, क्योंकि सम्यग्मिथ्यात्वकी सत्तावाले जीवोंके उपशम सम्यक्त्वको ग्रहण करने पर अवक्तव्य संक्रम सम्भव नहीं है।

* अल्पतर संक्रामकोंका अन्तरकाल नहीं है।

§ ५६१. क्योंकि सम्यग्मिथ्यात्वका अल्पतर संक्रम करनेवाले वेदक सम्यग्दृष्टियोंका तथा उसीकी उद्वेलना करनेवाले मिथ्यादृष्टियोंके प्रवाहका विच्छेद हुए बिना सर्वदा अवस्थान रहनेका नियम है।

* अनन्तानुबन्धियोंके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित संक्रम करनेवालोंका अन्तरकाल नहीं है।

§ ५६२. क्योंकि इनका सर्वत्र अविच्छिन्न प्रवाहक्रमसे अवस्थान देखा जाता है।

* अवक्तव्य संक्रामकोंका अन्तरकाल कितना है?

§ ५६३. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य अन्तरकाल एक समय है।

---

१. ता० प्रतौ ससंत (तस्संत) इति पाठः।

§ ५६४. विसंजोयणादो संजुत्तमिच्छाइट्ठीणं जहण्णंतरस्स तप्पमाणत्तादो ।

❀ उक्कस्सेण चउवीसमहोरत्ते सादिरेगे ।

§ ५६५. अणंताणुबंधिविसंजोजयाणं व तस्संजोजयाणं पि उक्कस्संतरस्स तप्पमाणत्त-सिद्धीए विरोहाभावादो ।

❀ एवं सेसाणं कम्माणं ।

§ ५६६. सुगममेदमप्पणासुत्तं । एदेण सामण्णणिद्देसेणावत्तव्वसंकामयाणं सादि-रेय चउवीसअहोरत्तमेत्तुकस्संतराइप्पसंगे तण्णिवारणमुहेण तत्थ पयारंतरसंभवपदुप्पायणट्ठ-मुत्तरसुत्तमोइण्णं ।

❀ णवरि अवत्तव्वसंकामयाणमुक्कस्सेण वासपुधत्तं ।

§ ५६७. किं कारणं ? सव्वोवसामणापडिवादुक्कस्संतरस्स तप्पमाणत्तोवलंभादो । ण केवलमेत्तियो चेव विसेसो, किंतु अण्णो वि अत्थि त्ति पदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ—

❀ पुरिसवेदस्स अवट्ठिदसंकामयंतरं जहण्णेण एयसमओ ।

§ ५६८. सुगममेदं ।

❀ उक्कस्सेण असंखेज्जा लोगा ।

---

§ ५६४. क्योंकि विसंयोजनाके बाद संयोजनाको प्राप्त होनेवाले मिथ्यादृष्टियोंका जघन्य अन्तरकाल तत्प्रमाण उपलब्ध होता है ।

* उत्कृष्ट अन्तरकाल चौबीस दिन-रात्रि है ।

§ ५६५. क्योंकि अनन्तानुबन्धियोंकी विसंयोजना करनेवाले जीवोंके समान उनकी संयोजना करनेवाले जीवोंके भी उत्कृष्ट अन्तरकालके तत्प्रमाण सिद्ध होनेमे कोई विरोध नहीं आता ।

* इसी प्रकार शेष कर्मोंके सम्भव पदोंका अन्तरकाल जानना चाहिए ।

§ ५६६. यह अर्पणासूत्र सुगम है । इस सामान्य निर्देशसे अवक्तव्य संक्रामकोंका उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक चौबीस दिन-रात्रिप्रमाण प्राप्त होनेपर उनके निवारण करनेके द्वारा वहाँपर प्रकारान्तर सम्भव है इस बातका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र आया है ।

* इतनी विशेषता है कि अवक्तव्य संक्रामकोंका उत्कृष्ट अन्तरकाल वर्षपृथक्त्व प्रमाण है ।

§ ५६७. क्योंकि सर्वोपशामनासे गिरनेका उत्कृष्ट अन्तरकाल तत्प्रमाण उपलब्ध होता है । केवल इतनी ही विशेषता नहीं है, किन्तु अन्य विशेषता भी है इस बातका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* पुरुषवेदके अवस्थित संक्रामकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है ।

§ ५६८. यह सूत्र सुगम है ।

* उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण है ।

§ ५६६. कुदो ? एगवारं पुरिसवेदावट्ठिदसंकमेण परिणदणाणाजीवाणं सुट्ठु बहुअं कालमंतरिदाणमसंखेज्जलोगमेत्तकाले वोलीणे णियमा तब्भावसंभवोवएसादो ।

एवमोघो समत्तो ।

§ ५७०. संपहि आदेसपरूवणट्ठमुच्चारणं वत्तइस्सामो । अंतराणुगमेण दुविहो णिद्देसो-ओघे० आदेसे० । ओघेण मिच्छ० भुज०-अवत्त०संका० जह० एयस०, उक्क० सत्त-रादिंदियाणि । अप्प०संका० णत्थि अंतरं । अवट्ठि०संका० जह० एयस०, उक्क० असंखेज्जा लोगा । एवं सम्म०-सम्मामि० । णवरि अवट्ठि० णत्थि । सम्म० भुज० सम्मामि० अवत्त० ज० एगस०, उक्क० चउवीसमहोरत्ते सादिरेगे । अणंताणु०४ विहत्ति-भंगो । एवं बारसक०-भय-दुगुंछा० । णवरि अवत्त० जह० एगस०, उक्क० वासपुधत्तं । एवं पुरिसवेद० । णवरि अवट्ठि०संका० जह० एयस०, उक्क० असंखेज्जा लोगा । एवमित्थिवेद-णवुंस०-चदुणोक० । णवरि अवट्ठि० णत्थि ।

§ ५७१. आदेसेण णेरइय० दंसणतियस्स ओघं । अणंताणु०चउक्क० ओघं । णवरि अवट्ठि० जह० एयसमओ, उक्क० असंखेज्जा लोगा । एवं बारसक०-भय-दुगुंछ०—

---

§ ५६६. क्योंकि एक बार पुरुषवेदके अवस्थित संक्रमरूपसे परिणत हुए नाना जीवोंका अत्यन्त बहुत काल तक अन्तर हो तो भी असंख्यात लोकप्रमाण कालके जाने पर नियमसे तद्भाव सम्भव है ऐसा उपदेश है ।

इस प्रकार ओघप्ररूपणा समाप्त हुई ।

§ ५७०. अब आदेशका कथन करनेके लिए उच्चारणाको बतलाते हैं—अन्तरानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्वके भुजगार और अवक्तव्य पदके संक्रामक जीवोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल सात रात्रि-दिन है । अल्पतर संक्रामकोंका अन्तरकाल नहीं है । अवस्थित संक्रामकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण है । इसी प्रकार सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके विषयमें भी जान लेना चाहिए । इतनी विशेषता है कि यहाँ इनका अवस्थित पद नहीं है तथा सम्यक्त्वके भुजगार और सम्यग्मिथ्यात्वके अवक्तव्य पदके संक्रामक जीवोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक चौबीस दिन-रात्रि है । अनन्तानुबन्धी चतुष्कका भंग विभक्तिके समान है । इसी प्रकार बारह कषाय, भय और जुगुप्साके विषयमें भी जान लेना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनके अवक्तव्य संक्रामकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल वर्षपृथक्त्व प्रमाण है । इसी प्रकार पुरुषवेदके विषयमें भी जान लेना चाहिए । इतनी विशेषता है कि अवस्थित संक्रामकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण है । इसी प्रकार स्त्रीवेद, नपुंसकवेद और चार नोकषायोंके विषयमें भी जान लेना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनका अवस्थितपद नहीं है ।

§ ५७१. आदेशसे नारकियोंमें तीन दर्शनमोहनीयका भङ्ग ओघके समान है । अनन्तानुबन्धीचतुष्कका भङ्ग ओघके समान है । इतनी विशेषता है कि इनके अवस्थित संक्रामकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण है । इसी प्रकार बारह

पुरिसवेद० । णवरि अवत्त० णत्थि । इत्थिवे०-णवुंस०-चदुणोक० भुज०-अप्प० णत्थि अंतरं । एवं सव्वणेरइय-पंचिंदियतिरिक्खतिय३-देवगइदेवा भवणादि जाव णवगेवज्जा त्ति । तिरिक्खाणमोघं । णवरि बारसक०-णवणोक० अवत्त० णत्थि । पंचि०तिरिक्ख-अपज्ज० णारयभंगो । णवरि अणंताणु०चउक० अवत्त०, पुरिसवे० अवट्ठि० सम्म०-सम्मामि० अवत्त० णत्थि । मिच्छत्तस्स असंका० ।

§ ५७२. मणुसतिए णारयभंगो । णवरि बारसक०-णवणोक० अवत्त० ओघं । मणुसअपज्ज० सत्तावीसं पयडीणं सव्वपदसंका० जह० एगस०, उक्क० पलिदो० असंखे०भागो । णवरि सोलसक०-भय-दुगुंछा० अवट्ठि० जह० एयस०, उक्क० असंखेज्जा लोगा । अणुद्दिसादि जाव सव्वट्ठा त्ति मिच्छ०-सम्मामि०-इत्थिवे०-णवुंस० अप्प०-संका० णत्थि अंतरं, णिरंतरं । अणंताणु०४ भुज०संका० जह० एयस०, उक्क० वास-पुधत्तं पलिदो० असंखे०भागो । अप्प० णत्थि अंतरं । बारसक०-पुरिसवेद-छण्णोक० देवोघं । एवं जाव० ।

§ ५७३. भावो सव्वत्थ ओदइओ भावो ।

कषाय, भय, जुगुप्सा और पुरुषवेदकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनका अवक्तव्यपद नहीं है। स्त्रीवेद, नपुंसकवेद और चार नोकषायोंके भुजगार और अल्पतर पदका अन्तरकाल नहीं है। इसी प्रकार सब नारकी, पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिक, देव गतिमें देव और भवनवासियोंसे लेकर नौग्रैवेयक तकके देवोंमें जानना चाहिए। सामान्य तिर्यञ्चोंमें ओघके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि बारह कषाय और नौ नोकषायोंका अवक्तव्यपद नहीं है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें नारकियोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि अनन्तानुबन्धी चतुष्कका अवक्तव्यपद, पुरुषवेदका अवस्थित पद तथा सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका अवक्तव्यपद नहीं है। ये मिथ्यात्वके असंक्रामक होते हैं।

§ ५७२. मनुष्यत्रिकमें नारकियोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि बारह कषाय और नौ नोकषायोंके अवक्तव्य संक्रामकोंका भङ्ग ओघके समान है। मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सत्ताईस प्रकृतियोंके सब पदोंके संक्रामकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इतनी विशेषता है कि सोलह कषाय, भय और जुगुप्साके अवस्थित संक्रामकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोक प्रमाण है। अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके अल्पतर संक्रामकोंका अन्तरकाल नहीं है निरन्तर है। अनन्तानुबन्धीचतुष्कके भुजगार संक्रामकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है तथा उत्कृष्ट अन्तरकाल नौ अनुदिश और चार अनुत्तर विमानोंमें वर्ष पृथक्त्वप्रमाण और सर्वार्थसिद्धिमें पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अल्पतरपदका अन्तरकाल नहीं है। बारह कषाय, पुरुषवेद और छह नोकषायोंका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ ५७३. भाव सर्वत्र औदयिक भाव है।

❀ अप्पाबहुअं।

§ ५७४. एत्तो भुजगारादिसंकामयाणमप्पाबहुअं भणिस्सामो त्ति वुत्तं होइ। तस्स दुविहो णिद्देसो—ओघादेसभेदेण। तत्थोघणिद्देसकरणट्ठमुत्तरो सुत्तपबंधो।

❀ सव्वत्थोवा मिच्छत्तस्स अवट्ठिदसंकामया।

§ ५७५. मिच्छत्तस्सावट्ठिदसंकामया णाम पुव्वुप्पण्णेण सम्मत्तेण मिच्छत्तादो सम्मत्तपडिवण्णपढमावलियवट्टमाणा उक्कस्सेण संखेज्जसमयसंचिदा ते सव्वत्थोवा; उवरि भणिस्समाणासेसपदेहिंतो थोवयरा त्ति वुत्तं होइ।

❀ अवत्तव्वसंकामया असंखेज्जगुणा।

§ ५७६. कथं संखेज्जसमयसंचयादो पुव्विल्लादो एयसमयसंचिदो अवत्तव्वसंकामयरासी असंखेज्जगुणो होइ त्ति णेहासंकणिज्जं, कुदो? सम्मत्तं पडिवज्जमाणजीवाणमसंखेज्जदिभागस्सेवावट्ठिदभावेण परिणामब्भुवगमादो। कुदो? एवमवट्ठिदपरिणामस्स सुट्ठु दुल्लहत्तादो।

❀ भुजगारसंकामया असंखेज्जगुणा।

§ ५७७. किं कारणं? अंतोमुहुत्तमेत्तकालसंचिदत्तादो।

---

* अल्पबहुत्वका अधिकार है।

§ ५७४. आगे भुजगार आदि पदोंके संक्रामकोंके अल्पबहुत्वको बतलाते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। उसका निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। उनमें से ओघका निर्देश करनेके लिए आगेका सूत्र प्रबन्ध है—

* मिथ्यात्वके अवस्थित संक्रामक जीव सबसे स्तोक हैं।

§ ५७५. जिन्होंने पहले सम्यक्त्वको उत्पन्न किया है ऐसे जो जीव मिथ्यात्वसे सम्यक्त्वको प्राप्त कर उसकी प्रथमावलिमें विद्यमान हैं और जो उत्कृष्ट रूपसे संख्यात समयोंमें सञ्चित हुए हैं वे मिथ्यात्वके अवस्थित संक्रामक जीव हैं। वे सबसे स्तोक हैं। आगे कहे जानेवाले पदोंसे स्तोकतर हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

* उनसे अवक्तव्य संक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं।

§ ५७६. शंका—संख्यात समयमें सञ्चित हुई पूर्वकी राशिसे एक समयमें सञ्चित हुई अवक्तव्य संक्रामक राशि असंख्यातगुणी कैसे हो सकती है?

समाधान—ऐसी यहाँ आशंका नहीं करनी चाहिए; क्योंकि सम्यक्त्वको प्राप्त होनेवाले जीवोंके असंख्यातवें भागप्रमाण जीवोंका ही अवस्थितरूपसे परिणाम स्वीकार किया गया है। कारण कि इस प्रकार अवस्थित परिणाम अत्यन्त दुर्लभ है।

* उनसे भुजगार संक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं।

§ ५७७. क्योंकि अन्तर्मुहूर्तकालमें इनका सञ्चय होता है।

※ अप्पयरसंकामया असंखेज्जगुणा ।

§ ५७८. कुदो ? छावट्ठिसागरोवममेत्तवेदयसम्मत्तकालब्भंतरसंचयावलंबणादो ।

※ सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं सव्वत्थोवा अवत्तव्वसंकामया ।

§ ५७९. कुदो ? एयसमयसंचयावलंबणादो ।

※ भुजगारसंकामया असंखेज्जगुणा ।

§ ५८०. कुदो ? अंतोमुहुत्तसंचिदत्तादो ।

※ अप्पयरसंकामया असंखेज्जगुणा ।

§ ५८१. कुदो ? सम्मामिच्छत्तस्स उव्वेल्लमाणमिच्छाइट्ठीहिं सह छावट्ठिसागरोवमकालब्भंतरसंचिदवेदयसम्माइट्ठिरासिस्स सम्मत्तस्स वि पलिदोवमासंखेज्जभागमेत्तुव्वेल्लणकालब्भंतरसंकलिदरासिस्स गहणादो ।

※ सोलसकसाय-भय-दुगुंछाणं सव्वत्थोवा अवत्तव्वसंकामया ।

§ ५८२. कुदो ? अणंताणुबंधीणं विसंजोयणापुव्वसंजोगे वट्टमाणाणमेयसमयसंचिदं पलिदो० असंखे०भागमेत्तजीवाणं सेसाणं च सव्वोवसामणापडिवादपढमसमए पयट्टमाणसंखेज्जोवसामयजीवाणं गहणादो ।

※ अवट्ठिदसंकामया अणंतगुणा ।

※ उनसे अल्पतर संक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं ।

§ ५७८. क्योंकि छयासठ सागरप्रमाण वेदकसम्यक्त्वके कालके भीतर हुए सञ्चयका यहाँ अवलम्बन लिया गया है ।

※ सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके अवक्तव्यसंक्रामक जीव सबसे स्तोक हैं ।

§ ५७९. क्योंकि यहाँ पर एक समयके सञ्चयका अवलम्बन लिया गया है ।

※ उनसे भुजगारसंक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं ।

§ ५८०. क्योंकि इनका सञ्चय अन्तर्मुहूर्तमें होता है ।

※ उनसे अल्पतर संक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं ।

§ ५८१. क्योंकि सम्यग्मिथ्यात्वकी उद्वेलना करनेवाली राशिके साथ छयासठ सागर कालके भीतर सञ्चित हुई वेदकसम्यग्दृष्टि राशिको तथा सम्यक्त्वकी अपेक्षासे पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण कालके भीतर सञ्चित हुई राशिको यहाँ पर ग्रहण किया है ।

※ सोलह कषाय, भय और जुगुप्साके अवक्तव्यसंक्रामक जीव सबसे स्तोक हैं ।

§ ५८२. क्योंकि अनन्तानुबन्धियोंकी अपेक्षा विसंयोजनापूर्वक संयोगमें विद्यमान एक समयमें सञ्चित हुए पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण जीवोंको तथा शेष कर्मोंकी अपेक्षा सर्वोपशामनासे गिरनेके प्रथम समयमें विद्यमान संख्यात उपशामक जीवोंको यहाँ पर ग्रहण किया है ।

※ उनसे अवस्थित संक्रामक जीव अनन्तगुणे हैं ।

§ ५८३. कुदो ? संखेज्जसमयसंचिदेइंदियरासिस्स पहाणीभावेणेत्थविवक्खिय त्तादो ।

❀ अप्पयरसंकामया असंखेज्जगुणा ।

§ ५८४. किं कारणं ? पलिदोवमासंखेज्जभागमेत्तप्पयरकालसंचयावलंबणादो ।

❀ भुजगारसंकामया संखेज्जगुणा ।

§ ५८५. कुदो ? धुवबंधीणमप्पयरकालादो भुजगारकालस्स संखेज्जगुणत्तोवएसादो ।

❀ इत्थिवेदहस्सरदीणं सव्वत्थोवा अवत्तव्वसंकामया ।

§ ५८६. संखेज्जोवसामयजीवविसयत्तेण पयदावत्तव्वसंकामयाणं थोवभावसिद्धीए विरोहाभावादो ।

❀ भुजगारसंकामया अणंतगुणा ।

§ ५८७. कुदो ? अंतोमुहुत्तमेत्तसगबंधकालसंचिदेइंदियरासिस्स गहणादो ।

❀ अप्पयरसंकामया संखेज्जगुणा ।

§ ५८८. कुदो ? सगबंधकालादो संखेज्जगुणपडिवक्खबंधगद्धाए संचिदरासिस्स गहणादो ।

---

§ ५८३. क्योंकि संख्यात समयके भीतर सञ्चित हुई एकेन्द्रिय जीव राशिप्रधानरूपसे यहाँ पर विवक्षित है ।

* उनसे अल्पतर संक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं ।

§ ५८४. क्योंकि पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण अल्पतर कालके भीतर हुए सञ्चयका यहाँ पर अवलम्बन लिया गया है ।

* उनसे भुजगारसंक्रामक जीव संख्यातगुणे हैं ।

§ ५८५. क्योंकि ध्रुवबन्धी प्रकृतियोंके अल्पतर कालसे भुजगारकालके संख्यातगुणे होनेका उपदेश है ।

* स्त्रीवेद, हास्य और रतिके अवक्तव्यसंक्रामक जीव सबसे स्तोक हैं ।

§ ५८६. क्योंकि संख्यात उपशामक जीवोंके सम्बन्धसे प्रकृत अवक्तव्यसंक्रामक जीवोंके स्तोकपनेके सिद्ध होनेसे कोई विरोध नहीं आता ।

* उनसे भुजगारसंक्रामक जीव अनन्तगुणे हैं ।

§ ५८७. क्योंकि अन्तर्मुहूर्तप्रमाण अपने बन्धकालके भीतर सञ्चित हुई एकेन्द्रिय जीव राशिको यहाँ पर ग्रहण किया है ।

* उनसे अल्पतर संक्रामक जीव संख्यातगुणे हैं ।

§ ५८८. क्योंकि अपने बन्धकालसे संख्यातगुणे प्रतिपक्ष बन्धक कालके भीतर सञ्चित हुई जीवराशिको यहाँ पर ग्रहण किया है ।

❀ पुरिसवेदस्स सव्वत्थोवा अवत्तव्वसंकामया ।

§ ५८९. सुगमं ।

❀ अवट्ठिदसंकामया असंखेज्जगुणा ।

§ ५९०. कुदो ? पलिदोवमासंखेज्जभागमेत्तसम्माइट्ठिजीवाणं पुरिसवेदावट्ठिदसंकमपज्जाएण परिणदाणमुवलंभादो ।

❀ भुजगारसंकमया अणंतगुणा ।

§ ५९१. सगबंधकालब्भंतरसंचिदेइंदियरासिस्स गहणादो ।

❀ अप्पयरसंकामया संखेज्जगुणा ।

§ ५९२. पडिवक्खबंधगद्धागुणगारस्स तप्पमाणत्तोवलंभादो ।

❀ णवुंसयवेद-अरइ-सोगाणं सव्वत्थोवा अवत्तव्वसंकामया ।

§ ५९३. संखेज्जोवसामयजीवविसयत्तादो ।

❀ अप्पयरसंकामया अणंतगुणा ।

§ ५९४. किं कारणं ? अंतोमुहुत्तमेत्तपडिवक्खबंधगद्धासंचिदेइंदियरासिस्स समवलंबणादो ।

❀ भुजगारसंकामया संखेज्जगुणा ।

---

* पुरुषवेदके अवक्तव्य संक्रामक जीव सबसे स्तोक हैं ।

§ ५८९. यह सूत्र सुगम है ।

* उनसे अवस्थित संक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं ।

§ ५९०. क्योंकि पुरुषवेदकी अवस्थित संक्रामक पर्यायरूपसे परिणत ऐसे पल्यके असंख्यातभागप्रमाण सम्यग्दृष्टि जीव उपलब्ध होते हैं ।

* उनसे भुजगार संक्रामक जीव अनन्तगुणे हैं ।

§ ५९१. क्योंकि अपने बन्धकालके भीतर सञ्चित हुई एकेन्द्रिय जीवराशिको यहाँ पर ग्रहण किया है ।

* उनसे अल्पतर संक्रामक जीव संख्यातगुणे हैं ।

§ ५९२. क्योंकि प्रतिपक्ष बन्धककालका गुणाकार तत्प्रमाण उपलब्ध होता है ।

* नपुंसकवेद, अरति और शोकके अवक्तव्यसंक्रामक जीव सबसे स्तोक हैं ।

§ ५९३. क्योंकि संख्यात उपशामक जीव इस पदके विषय हैं ।

* उनसे अल्पतर संक्रामक जीव अनन्तगुणे हैं ।

§ ५९४. क्योंकि अन्तर्मुहूर्त प्रमाण प्रतिपक्षबन्धक कालके भीतर सञ्चित हुई एकेन्द्रिय जीवराशिका यहाँ पर अवलम्बन लिया है ।

* उनसे भुजगार संक्रामक जीव संख्यातगुणे हैं ।

§ ५६५. कुदो ? एदेसिं कम्माणं पडिवक्खबंधगद्धादो सगबंधकालस्स संखेज्जगुणत्तोवलंभादो।

एवमोघप्पाबहुअं समत्तं।

§ ५६६. आदेसेण णेरइयदंसणतियमोघं। अणंताणु०४ सव्वत्थोवा अवत्त०-संका०। अवट्ठि०संका० असंखेज्जगुणा। अप्प०संका० असंखे०गुणा। भुज०संका० संखे०गुणा। एवं बारसक०-भय-दुगुंछा०। णवरि अवत्त० णत्थि। पुरिसवे० सव्वत्थोवा अवट्ठि०संका०। भुज०संका० असंखे०गुणा। अप्प०संका० संखे०गुणा। एवमित्थीवेद-हस्स-रदि०। णवरि अवट्ठि०संका० णत्थि। णवुंस०-अरदि-सोग० सव्वत्थोवा अप्प०संका०। भुज०संका० संखे०गुणा। एवं सव्वणेरइय-पंचिंदियतिरिक्खतिय-देवगइदेवा भवणादि जाव सहस्सार त्ति। पंचिं०तिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज० णारयभंगो। णवरि सम्म०-सम्मामि०-अणंताणु०४ अवत्त० पुरिसवे० अवट्ठि० णत्थि। मिच्छत्तस्स असंकामया। तिरिक्खाणमोघं। णवरि बारसक०-णवणोक० अवत्त० णत्थि।

§ ५६७. मणुसेसु मिच्छ० सव्वत्थोवा अवट्ठि०संका०। अवत्त०संका० संखे०-

---

§ ५६५. क्योंकि इन कर्मोंका प्रतिपक्ष बन्धककालसे अपना बन्धककाल संख्यात गुणा उपलब्ध होता है।

इस प्रकार ओघ अल्पबहुत्व समाप्त हुआ।

§ ५६६. आदेशसे नारकियोंमें दर्शनमोहनीयत्रिकका भङ्ग ओघके समान है। अनन्तानुबन्धियोंके अवक्तव्य संक्रामक जीव सबसे स्तोक हैं। उनसे अवस्थित संक्रामक जीव असंख्यात गुणे हैं। उनसे अल्पतर संक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं। उनसे भुजगार संक्रामक जीव संख्यात गुणे हैं। इसी प्रकार बारह कषाय, भय और जुगुप्साकी अपेक्षासे जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनका अवक्तव्यपद नहीं है। पुरुषवेदके अवस्थित संक्रामक जीव सबसे स्तोक हैं। उनसे भुजगार संक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं। उनसे अल्पतर संक्रामक जीव संख्यातगुणे हैं। इसी प्रकार स्त्रीवेद, हास्य और रतिकी अपेक्षासे जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अवस्थित संक्रामक जीव नहीं हैं। नपुंसकवेद, अरति और शोकके अल्पतर संक्रामक जीव सबसे स्तोक हैं। उनसे भुजगार संक्रामक जीव संख्यातगुणे हैं। इसी प्रकार सब नारकी, पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिक, देवगतिमें देव और भवनवासियोंसे लेकर सहस्रार कल्पतकके देवोंमें जानना चाहिए। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तक जीवोंमें नारकियोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि इनमें सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कका अवक्तव्य पद तथा पुरुषवेदका अवस्थितपद नहीं है। तथा ये मिथ्यात्वके असंक्रामक होते हैं। सामान्य तिर्यञ्चोंमें ओघके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि बारह कषाय और नौ नोकषायोंका अवक्तव्यपद नहीं है।

§ ५६७. मनुष्योंमे मिथ्यात्वके अवस्थित संक्रामक जीव सबसे स्तोक हैं। उनसे अवक्तव्य संक्रामकजीव संख्यातगुणे हैं। उनसे भुजगार संक्रामक जीव संख्यातगुणे हैं। उनसे अल्पतर संक्रामक-

गुणा। भुज०संका० संखे०गुणा। अप्प०संका० संखे०गुणा। सम्म०-सम्मामि०-अणंताणु०४ णारयभंगो। बारसक०-भय-दुगुंछा० अणंताणु०४भंगो। पुरिसवेद० सव्वत्थोवा अवत्त०संका०। अवट्ठि०संका० संखे०गुणा। भुज०संका० असंखे०-गुणा। अप्प०संका० संखे०गुणा। इत्थिवेद-हस्स-रदि० सव्वत्थोवा अवत्त०संका०। भुज०संका० असंखे०गुणा। अप्प०संका० संखे०गुणा। णवुंसयवेद-अरदि-सोग० सव्वत्थोवा अवत्त०संका०। अप्प०संका० असंखे०गुणा। भुज०संका० संखे०गुणा। एवं मणुसपज्ज०-मणुसिणी०। णवरि संखे०गुणं कायव्वं।

§ ५६८. आणदादि जाव णवगेवज्जा त्ति मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि०-बारसक०-इत्थिवे०-छण्णोक० देवोघं। अणंताणु०४ सव्वत्थोवा अवत्त०संका०। अवट्ठि०संका० असंखे०गुणा। भुज०संका० असंखे०गुणा। अप्प०संका० संखे०गुणा। पुरिसवेद० अपच्चक्खाणभंगो। णवुंस० इत्थीवेदभंगो। अणुद्दिसादि सव्वट्ठा त्ति मिच्छ०-सम्मामि०-इत्थिवे०-णवुंस० णत्थि अप्पाबहुअं। अणंताणु०४ सव्वत्थोवा भुज०संका०। अप्प०-संका० असंखे०गुणा। बारसक०-पुरिसवेद-छण्णोक० आणदभंगो। णवरि सव्वट्ठे संखेज्जं कायव्वं। एवं जाव०।

एवमप्पाबहुगे समत्ते भुजगारो समत्तो।

जीव संख्यातगुणे हैं। सम्यक्त्व सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कका भङ्ग नारकियोंके समान है। बारह कषाय, भय और जुगुप्साका भङ्ग अनन्तानुबन्धीचतुष्कके समान है। पुरुषवेदके अवक्तव्य-संक्रामकजीव सबसे स्तोक हैं। उनसे अवस्थितसंक्रामक जीव संख्यातगुणे हैं। उनसे भुजगारसंक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं। उनसे अल्पतर संक्रामक जीव संख्यातगुणे हैं। स्त्रीवेद, हास्य और रतिके अवक्तव्य संक्रामक जीव सबसे स्तोक हैं। उनसे भुजगारसंक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं। उनसे अल्पतरसंक्रामक जीव संख्यातगुणे हैं। नपुंसकवेद, अरति और शोकके अवक्तव्यसंक्रामक जीव सबसे स्तोक हैं। उनसे अल्पतरसंक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं। उनसे भुजगारसंक्रामक जीव संख्यातगुणे हैं। इसी प्रकार मनुष्यपर्याप्त और मनुष्यिनियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें संख्यातगुणा करना चाहिए।

§ ५६८. आनत कल्पसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, बारह कषाय, स्त्रीवेद और छह नोकषायोंका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है। अनन्तानुबन्धी-चतुष्कके अवक्तव्य संक्रामक जीव सबसे स्तोक हैं। उनसे अवस्थितसंक्रामक जीव असंख्यात-गुणे हैं। उनसे भुजगारसंक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं। उनसे अल्पतरसंक्रामक जीव संख्यात-गुणे हैं। पुरुषवेदका भङ्ग अप्रत्याख्यानावरणके समान है। नपुंसकवेदका भङ्ग स्त्रीवेदके समान है। अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका अल्पबहुत्व नहीं है। अनन्तानुबन्धीचतुष्कके भुजगारसंक्रामक जीव सबसे स्तोक हैं। उनसे अल्पतरसंक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं। बारह कषाय, पुरुषवेद और छह नोकषायोंका भङ्ग आनतकल्पके समान है। इतनी विशेषता है कि सर्वार्थसिद्धिमें संख्यातगुणा करना चाहिए। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

इस प्रकार अल्पबहुत्वके समाप्त होने पर भुजगार समाप्त हुआ।

⊛ एत्तो पदणिक्खेवो ।

§ ५६६. एत्तो भुजगारपरिसमत्तीदो अणंतरं पदणिक्खेवो अहिकओ त्ति दट्ठव्वो । को पदणिक्खेवो णाम ? पदाणं णिक्खेवो पदणिक्खेवो । जहण्णुक्कस्सवड्ढि-हाणि-अवट्ठाणपदाण सामित्तादिणिद्देसमुहेण णिरूपकरणं पदणिक्खेवो त्ति भण्णदे । एवमहियारसंभालणं काद्ण संपहि तव्विसयाणमणियोगद्दाराणमियत्तावहारणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ—

⊛ तत्थ इमाणि तिण्णि अणियोगद्दाराणि ।

§ ६००. तत्थ पदणिक्खेवे इमाणि भणिस्समाणाणि तिण्णि अणिओगद्दाराणि णादव्वाणि भवंति, अणियोगद्दारणियमेण विणा सव्वेसिं अत्थाहियाराणं परूवणाणुववत्तीदो । काणि ताणि तिण्णि अणिओगद्दाराणि त्ति पुच्छिदे तेसिं णामणिद्देसो कीरदे—

⊛ तं जहा ।

§ ६०१. सुगमं ।

⊛ परूवणा सामित्तमप्पाबहुगं च ।

§ ६०२. एवमेदाणि तिण्णि चेवाणिओगद्दाराणि पयदत्थपरूवणाए संभवंति । तत्थ ताव परूवणं भणिस्सामो त्ति जाणावणट्ठमुत्तरिमसुत्तणिद्देसो—

---

* आगे पदनिक्षेपका अधिकार है ।

§ ५६६. 'एत्तो' अर्थात् भुजगारकी समाप्तिके बाद पदनिक्षेपका अधिकार है ऐसा यहाँ जानना चाहिए ।

शंका—पदनिक्षेप किसे कहते हैं ?

समाधान—पदोंके निक्षेपको पदनिक्षेप कहते हैं । जघन्य और उत्कृष्ट वृद्धि, हानि और अवस्थानरूप पदोंका स्वामित्व आदिके निर्देश द्वारा निरूपण करना पदनिक्षेप कहा जाता है ।

इस प्रकार अधिकारकी सम्हाल करके अब तद्विषयक अनुयोगद्वारोंकी इयत्ताका निश्चय करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* उसमें ये तीन अनुयोगद्वार होते हैं ।

§ ६००. उस पदनिक्षेपमें ये आगे कहे जानेवाले तीन अनुयोगद्वार ज्ञातव्य हैं, क्योंकि अनुयोगद्वारोंका नियम किये बिना सब अर्थाधिकारोंकी प्ररूपणा नहीं बन सकती । वे तीन अनुयोगद्वार कौन हैं ऐसा पूछने पर उनका नामनिर्देश करते हैं—

* यथा ।

§ ६०१. यह सूत्र सुगम है ।

* प्ररूपणा, स्वामित्व और अल्पबहुत्व ।

§ ६०२. इस प्रकार प्रकृत अर्थकी प्ररूपणामें ये तीन अनुयोगद्वार ही सम्भव हैं । उनमेंसे सर्व प्रथम प्ररूपणाका कथन करते हैं इस बातका ज्ञान करानेके लिए आगेके सूत्रका निर्देश करते हैं—

*** परूवणा ।**

§ ६०३. सुगममेदमहियारपरामरसवक्कं । सा पुण दुविहा परूवणा जहण्णुक्कस्सपदविसयभेदेण । तासिं जहाकममोघणिद्देसो ताव कीरदे—

*** सव्वासिं पयडीणमुक्कस्सिया वड्ढी हाणी अवट्ठाणं च अत्थि ।**

§ ६०४. कुदो ? सव्वेसिमेव कम्माणं जहाणिद्दिट्ठविसए सव्वुक्कस्सवड्ढि-हाणि-अवट्ठाणसरूवेण पदेससंकमपवुत्तीए बाहाणुवलंभादो ।

*** एवं जहण्णयस्स वि णेदव्वं ।**

§ ६०५. तं जहा—सव्वेसिं कम्माणं जहण्णिया वड्ढी हाणी अवट्ठाणं च अत्थि । कुदो ? सव्वजहण्णवड्ढि-हाणि-अवट्ठाणसरूवेण संकमपवुत्तीए सव्वत्थ पडिसेहाभावादो । एवं सामण्णेण जहण्णुक्कस्सवड्ढि-हाणि-अवट्ठाणाणमत्थित्तं पदुप्पाइय संपहि जेसिमवट्ठाणसंभवो णत्थि तेसिं पुध णिद्देसो कीरदे—

*** णवरि सम्मत्त-सम्मामिच्छत्त-इत्थि-णवुंसयवेद-हस्स-रइ-अरइ-सोगाणमवट्ठाणं णत्थि ।**

§ ६०६. कुदो ? सव्वकालमेदेसिं कम्माणमागमणिज्जराणं सरिसत्ताभावादो । एवमोघपरूवणा गया । जहासंभवमेत्थादेसपरूवणा वि कायव्वा । तदो परूवणा समत्ता ।

*** प्ररूपणाका अधिकार है ।**

§ ६०३. अधिकारका परामर्श करनेवाला यह सूत्रवचन सुगम है । जघन्य पदविषयक प्ररूपणा और उत्कृष्ट पदविषयक प्ररूपणाके भेदसे वह प्ररूपणा दो प्रकारकी है । उनका यथाक्रमसे ओघनिर्देश करते हैं—

*** सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट वृद्धि, हानि और अवस्थान है ।**

§ ६०.४ क्योंकि सभी कर्मोंके यथानिर्दिष्ट विषयमें सर्वोत्कृष्ट वृद्धि, हानि और अवस्थान रूपसे प्रदेशसंक्रमकी प्रवृत्तिमें बाधा नहीं उपलब्ध होती ।

*** इसी प्रकार जघन्यका भी कथन जानना चाहिए ।**

§ ६०५. यथा—सभी कर्मोंकी जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थान है, क्योंकि सबसे जघन्य वृद्धि हानि और अवस्थानरूपसे संक्रमकी प्रवृत्ति होनेमें सर्वत्र प्रतिषेधका अभाव है । इस प्रकार सामान्यसे जघन्य और उत्कृष्ट वृद्धि, हानि और अवस्थानके अस्तित्वका कथन कर अब जिनका अवस्थान सम्भव नहीं है उनका अलगसे निर्देश करते हैं—

*** किन्तु इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, हास्य, रति, अरति और शोकका अवस्थान नहीं है ।**

§ ६०६. क्योंकि इन कर्मोंकी सदा काल आगमन और निर्जरामें सदृशता नहीं उपलब्ध होती । इस प्रकार ओघप्ररूपणा समाप्त हुई । यहाँ पर यथासम्भव आदेश प्ररूपणा भी करनी चाहिए । इसके बाद प्ररूपणा समाप्त हुई ।

❀ सामित्तं ।

§ ६०७. एत्तो उवरि सामित्तमहियारो त्ति दट्ठव्वं । तं पुण सामित्तं दुविहं—जहण्णयमुक्कस्सयं च । तत्थुक्कस्से ताव पयदं । तत्थ दुविहो णिद्देसो ओघादेसभेएण । तत्थोघपरूवणट्ठमुत्तरो सुत्तपबंधो ।

❀ मिच्छत्तस्स उक्कस्सिया वड्ढी कस्स ?

§ ६०८. सुगमं ।

❀ गुणिदकम्मंसियस्स मिच्छत्तक्खवयस्स सव्वसंकामयस्स ।

§ ६०९. जो गुणिदकम्मंसियो सत्तमाए पुढवीए णेरइयो तत्तो उव्वट्टिदूण सव्वलहुं समयाविरोहेण मणुसेसुप्पज्जिय गब्भादिअट्ठवस्साणि गमिय तदो दंसणमोहक्खवणाए अब्भुट्ठिदो तस्स अणियट्टिअद्धाए संखेज्जेसु भागेसु गदेसु मिच्छत्तचरिमफालिं सव्वसंकमेण संछुहमाणयस्स पयदुक्कस्ससामित्तं होइ । तत्थ किंचूणदिवड्ढगुणहाणिमेत्तसमयपबद्धाणमुक्कस्सवड्ढिसरूवेण संकमदंसणादो ।

❀ उक्कस्सिया हाणी कस्स ?

§ ६१०. सुगमं ।

❀ गुणिदकम्मंसियस्स सम्मत्तमुप्पाएदूण गुणसंकमेण संकामिदूण

---

* स्वामित्वका अधिकार है ।

§ ६०७. इससे आगे स्वामित्वका अधिकार है ऐसा जानना चाहिए । वह स्वामित्व दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उनमेंसे सर्व प्रथम उत्कृष्टका प्रकरण है । उसके विषयमें ओघ और आदेशसे निर्देश दो प्रकारका है । उनमेंसे ओघका कथन करनेके लिए आगेका सूत्रप्रबन्ध है—

* मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ?

§ ६०८. यह सूत्र सुगम है ।

* जो गुणितकर्मांशिक मिथ्यात्वका क्षपक जीव सर्वसंक्रम कर रहा है उसके मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है ।

§ ६०९. जो गुणितकर्मांशिक सातवीं पृथिवीका नारकी जीव वहाँसे निकलकर अतिशीघ्र समयके अविरोध पूर्वक मनुष्योंमें उत्पन्न होकर और गर्भसे लेकर आठ वर्ष बिताकर अनन्तर दर्शनमोहनीयकी क्षपणाके लिए उद्यत हुआ उसके अनिवृत्तिकरणके कालके संख्यात बहुभाग व्यतीत होनेपर मिथ्यात्वकी अन्तिम फालिका सर्वसंक्रमके द्वारा संक्रम करते हुए प्रकृत उत्कृष्ट स्वामित्व होता है, क्योंकि वहाँ पर कुछ कम डेढ़ गुणहानिप्रमाण समयप्रबन्धोंका उत्कृष्ट वृद्धि रूपसे संक्रम देखा जाता है ।

* उत्कृष्ट हानि किसके होती है ?

§ ६१०. यह सूत्र सुगम है ।

* जो गुणितकर्मांशिक जीव सम्यक्त्वको उत्पन्न कर गुणसंक्रमके द्वारा संक्रम

पढमसमयविज्झादसंकामयस्स ।

§ ६११. जो गुणिदकम्मंसिओ सत्तमाए पुढवीए णेरइयो अंतोमुहुत्तेण कम्मशुक्कस्सं काहिदि त्ति विवरीयभावमुवगंतूण सम्मत्तुप्पायणाए वावदो तस्स सव्वुक्कस्सेण गुणसंकमेण मिच्छत्तं संकामेमाणयस्स चरिमसमयगुणसंकमादो पढमसमयविज्झादसंकमे पदिदस्स पयदुक्कस्ससामित्तं होइ । तत्थ किंचूणचरिमगुणसंकमदव्वस्स हाणिसरूवेण संभवदंसणादो ।

*** उक्कस्सयमवट्ठाणं कस्स ?**

§ ६१२. सुगमं ।

*** गुणिदकम्मंसिओ पुव्वुप्पण्णेण सम्मत्तेण मिच्छत्तादो सम्मत्तं गदो, तं दुसमयसम्माइट्ठिमादिं कादूण जाव आवलियसम्माइट्ठि त्ति एत्थ अण्णदरम्हि समये तप्पाओग्गउक्कस्सेण वड्ढिं कादूण से काले तत्तियं संकममाणयस्स तस्स उक्कस्सयमवट्ठाणं ।**

§ ६१३. एदस्स सुत्तस्स अत्थो वुच्चदे—जो गुणिदकम्मंसिओ सम्मत्तमुप्पाइय सव्वलहुं मिच्छत्तं गदो । तत्तो पडिणियत्तिय तप्पाओग्गेण कालेण पुणो वेदयसम्मत्तं पडिवण्णो । तं दुसमयसम्माइट्ठिमादिं कादूण जाव आवलियसम्माइट्ठि त्ति एत्थंतरे समया-

---

करके प्रथम समयमें विध्यात संक्रम करता है उसके मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट हानि होती है।

§ ६११. जो गुणितकर्मांशिक सातवीं पृथिवीका नारकी जीव अन्तर्मुहूर्तके द्वारा कर्मको उत्कृष्ट करेगा, किन्तु विपरीत भावको प्राप्त होकर सम्यक्त्वके उत्पन्न करनेमें व्यापृत हुआ उसके सबसे उत्कृष्ट गुणसंक्रमके द्वारा मिथ्यात्वका संक्रम करते हुए अन्तिम समयवर्ती गुणसंक्रमसे प्रथम समयवर्ती विध्यातसंक्रममें पतित होनेपर प्रकृत उत्कृष्ट स्वामित्व होता है, क्योंकि वहाँ पर कुछ कम अन्तिम गुणसंक्रम द्रव्यकी हानिरूपसे सम्भावना देखी जाती है।

* उत्कृष्ट अवस्थान किसके होता है ?

§ ६१२. यह सूत्र सुगम है।

* जो पहले उत्पन्न हुए सम्यक्त्वके साथ रहा है ऐसा जो गुणितकर्मांशिक जीव मिथ्यात्वसे सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ, उस सम्यग्दृष्टिके सम्यक्त्व उत्पन्न होनेके द्वितीय समयसे लेकर एक आवलि कालके भीतर किसी एक समयमें तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट वृद्धि करके तदनन्तर समयमें उतना ही संक्रम करने पर उत्कृष्ट अवस्थान होता है।

§ ६१३. अब इस सूत्रका अर्थ कहते हैं—जो गुणितकर्मांशिक जीव सम्यक्त्वको उत्पन्न करके अतिशीघ्र मिथ्यात्वको प्राप्त हुआ। फिर उससे निवृत्त होकर तत्प्रायोग्य कालके द्वारा पुनः वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त हुआ। उस द्वितीय समयवर्ती सम्यग्दृष्टिसे लेकर एक आवलि प्रविष्ट सम्यग्दृष्टि होने तक इस कालके मध्य समयके अविरोध पूर्वक वृद्धिको करके तृतीय आदि किसी

विरोहेण वड्ढिं काढूण तदियादीणमण्णदरम्हि समए वट्टमाणस्स पयदसामित्तसंबंधो दट्ठव्वो। तं जहा—जहा सम्मत्तं पडिवण्णस्स पढमसमए अवत्तव्वसंकमो होइ। पुणो विदिय-समए तप्पाओग्गुक्कस्सएण संकमपज्जाएण वड्ढिदस्स वड्ढिसंकमो जायदे। एसो च वड्ढिसंकमो समयपबद्धस्सासंखेज्जदिभागमेत्तो। एदमेदेण तप्पाओग्गुक्कस्सेणासंखेज्जदिभागेण वड्ढिदूण से काले आगमणिज्जराणं सरिसत्तवसेण तत्तियं चेव संकामेमाणयस्स तस्स उक्कस्सयमवट्ठाणं होदि। एवं तदियादिसमएसु वि तप्पाओग्गुक्कस्सेण संकमपज्जाएण वड्ढिदूण तदणंतरसमए तत्तियं चेव संकामेमाणयस्स पयदसामित्तमविरुद्धं णेदव्वं जाव दुचरिमसमए तप्पाओग्गुक्कस्ससंकमवुड्ढीए वड्ढिं काढूण[1] चरिमसमए उक्कस्सावट्ठाणपज्जाएण परिणदावलियसम्माइट्ठि त्ति एत्तियो चेवुक्कस्सावट्ठाणसामित्तविसए। एत्थ पढमसमयो-वत्तव्वसंकमादो विदियसमयम्मि तत्तियं चेव संकामेमाणयस्स पयदुक्कस्सावट्ठाणसामित्तं किण्ण गहिदं? ण, वड्ढि-हाणीणमण्णदरणिबंधणस्स संकमावट्ठाणस्सेह विवक्खियत्तादो।

❀ सम्मत्तस्स उक्कस्सिया वड्ढी कस्स?

§ ६१४. सुगमं।

❀ उव्वेल्लमाणयस्स चरिमसमए।

§ ६१५. गुणिदकम्मंसियलक्खणेणागंतूण सम्मत्तमुप्पाइय सव्वुक्कस्सियाए पूरणाए

एक समयमें विद्यमान रहते हुए उसके प्रकृत स्वामित्वका सम्बन्ध जानना चाहिए। यथा—इस प्रकार सम्यक्त्वको प्राप्त होनेवाले जीवके प्रथम समयमें अवक्तव्य संक्रम होता है। पुनः दूसरे समयमें तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्रम पर्यायरूपसे रहते हुए उनके वृद्धि संक्रम उत्पन्न होता है। यह वृद्धि संक्रम समयप्रबद्धके असंख्यातवें भागप्रमाण होता है। इस प्रकार इस तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट असंख्यातवें भागरूपसे वृद्धि होकर अनन्तर समयमें आय और निर्जराकी समानताके कारण उतने ही द्रव्यका संक्रम करनेवाले उस जीवके उत्कृष्ट अवस्थान होता है। इसी प्रकार तृतीय आदि समयोंमें भी तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्रम पर्यायसे वृद्धि करके तदनन्तर समयमें उतना ही संक्रम करनेवाले उसके प्रकृत स्वामित्व अविरुद्धरूपसे जानना चाहिए। जो कि द्विचरम समयमें तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्रम वृद्धिके द्वारा वृद्धि करके अन्तिम समयमें उत्कृष्ट अवस्थान पर्यायरूपसे परिणत हुए आवलि प्रविष्ट सम्यग्दृष्टि जीवके होने तक इतना ही उत्कृष्ट अवस्थानके विषयमें सम्भव है।

शंका—यहाँ प्रथम समयमें हुए अवक्तव्य संक्रमसे दूसरे समयमें उतना ही संक्रम करनेवाले जीवके प्रकृत उत्कृष्ट अवस्थान संक्रम क्यों नहीं ग्रहण किया?

समाधान—नहीं, क्योंकि वृद्धि और हानि इनमेंसे किसी एकका अवलम्बन लेकर हुआ संक्रम अवस्थान यहाँ पर विवक्षित है।

* सम्यक्त्वकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है?

§ ६१४. यह सूत्र सुगम है।

* उद्वेलना करनेवाले जीवके अन्तिम समयमें सम्यक्त्वकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है।

§ ६१५. गुणितकर्मांशिक लक्षणसे आकर और सम्यक्त्वको उत्पन्न कर तथा सर्वोत्कृष्ट

---

१. ता० प्रतौ वड्ढिदूण इति पाठ।

सम्मत्तमावूरिय तदो मिच्छत्तं पडिवज्जिय सव्वरहस्सेणुव्वेल्लणकालेणुव्वेल्लमाणयस्स चरिमट्ठिदिखंडयचरिमसमए पयदुक्कस्ससामित्तं होइ। तत्थ किंचूणसव्वसंकमदव्वमेत्तस्स उक्कस्सवड्ढिसरूवेणुवलद्धीदो।

** उक्कस्सिया हाणी कस्स ?**

§ ६१६. सुगमं।

** गुणिदकम्मंसियो सम्मत्तमुप्पाएदूण लहुं मिच्छत्तं गओ तस्स मिच्छाइट्ठिस्स पढमसमए अवत्तव्वसंकमो विदियसमये उक्कस्सिया हाणी।**

§ ६१७. एदस्स सुत्तस्स अत्थो वुच्चदे—जो गुणिदकम्मंसियो अंतोमुहुत्तेण कम्मं गुणेहदि त्ति विवरीयं गंतूण सम्मत्तमुप्पाइय सव्वुक्कस्सियाए पूरणाए सम्मत्तमावूरिय तदो सव्वलहुं मिच्छत्तं गदो तस्स विदियसमयमिच्छाइट्ठिस्स उक्कस्सिया सम्मत्तपदेससंकमहाणी होइ। कुदो ? तत्थ पढमसमय-अधापवत्तसंकमादो अवत्तव्वसरूवादो विदियसमए हीयमाणसंकमदव्वस्स उवरिमासेसहाणिदव्वं पेक्खिऊण बहुत्तोवलंभादो। एत्थ चोदओ भणइ—णेदमुक्कस्सहाणिसामित्तं घडदे, एत्तो अण्णस्स हाणिदव्वस्स बहुत्तोवलंभादो। तं जहा—गुणिदकम्मंसियलक्खणेणागंतूण सम्मत्तमुप्पाइय मिच्छत्तं गंतूणंतोमुहुत्तमधापवत्तसंकमं कादूण तदो उव्वेल्लणसंकमेण परिणदस्स पढमसमए उक्कस्सिया हाणी कायव्वा, पुव्विल्ल-

---

पूरणाके द्वारा सम्यक्त्वको पूर कर अनन्तर मिथ्यात्वमें जाकर सबसे लघु उद्वेलना कालके द्वारा उद्वेलना करनेवाले जीवके अन्तिम स्थितिकाण्डकके अन्तिम समयमें प्रकृत उत्कृष्ट स्वामित्व होता है, क्योंकि वहाँ पर कुछ कम सर्वसंक्रम प्रमाण द्रव्यकी उत्कृष्ट वृद्धिरूपसे उपलब्धि होती है।

* इसकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है ?

§ ६१६. यह सूत्र सुगम है।

* जो गुणितकर्मांशिक जीव सम्यक्त्वको उत्पन्न कर अतिशीघ्र मिथ्यात्वमें गया उस मिथ्यादृष्टि जीवके प्रथम समयमें अवक्तव्यसंक्रम होता है और दूसरे समयमें उत्कृष्ट हानि होती है।

§ ६१७. इस सूत्रका अर्थ कहते हैं—जो गुणितकर्मांशिक जीव अन्तर्मुहूर्तके द्वारा कर्मको गुणित करेगा; किन्तु विपरीत जाकर और सम्यक्त्वको उत्पन्न कर सर्वोत्कृष्ट पूरणाके द्वारा सम्यक्त्वको पूरकर अनन्तर अतिशीघ्र मिथ्यात्वको प्राप्त हुआ उस द्वितीय समयवर्ती मिथ्यादृष्टि जीवके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम हानि होती है, क्योंकि वहाँ पर प्रथम समयमें होनेवाले अवक्तव्यरूप अधःप्रवृत्त संक्रमसे दूसरे समयमें हीयमान संक्रम द्रव्य उपरिम समस्त हानिरूप द्रव्यको देखते हुए बहुत उपलब्ध होता है।

शंका—यहाँ पर शंकाकार कहता है कि यह उत्कृष्ट हानिका स्वामित्व घटित नहीं होता, क्योंकि इससे अन्य हानि द्रव्य बहुत उपलब्ध होता है। यथा—गुणित कर्मांशिक लक्षणसे आकर और सम्यक्त्वको उत्पन्न कर मिथ्यात्वमें जाकर अन्तर्मुहूर्त काल तक अधःप्रवृत्त संक्रम कर तदनन्तर उद्वेलना संक्रमरूपसे परिणत हुए उसके प्रथम समयमें उत्कृष्ट हानि करनी चाहिए,

हाणिदव्वादो एत्थतणहाणिदव्वस्सासंखेज्जगुणत्तदंसणादो। तदो पुव्विल्लविसयं मोत्तूणेत्थेव सामित्तेण होदव्वमिदि ? ण एस दोसो, परिणामविसेसमस्सिऊण पयट्टमाणस्स संकमस्स विदियसमयं मोत्तूण उवरि अणंतगुणसंकिलेसविसए बहुत्तविरोहादो। कुदो एदं णव्वदे ? एदम्हादो चेव सुत्तादो।

*** सम्मामिच्छत्तस्स उक्कस्सिया वड्ढी कस्स ?**

§ ६१८. सुगममेदं पुच्छावक्कं।

*** गुणिदकम्मंसियस्स सव्वसंकामयस्स।**

§ ६१९. एदस्स सुत्तस्स अत्थपरूवणाए मिच्छत्तभंगो।

*** उक्कस्सिया हाणी कस्स ?**

§ ६२०. सुगमं।

*** उप्पादिदे सम्मत्ते सम्मामिच्छत्तादो सम्मत्ते जं संकामेदि तं पदेसग्गमंगुलस्सासंखेज्जभागपडिभागं। तदो उक्कस्सिया हाणी ण होदि त्ति।**

§ ६२१. एदस्साहिप्पाओ उवसमसम्मत्ते समुप्पादिदे मिच्छत्तस्सेव सम्मामिच्छत्तस्स वि गुणसंकमो अत्थि चेव, उवसमसम्मत्तविदियसमयप्पहुडि पडिसमयमसंखेज्जगुणाए

क्योंकि पूर्वोक्त हानि द्रव्यसे यहाँ पर प्राप्त हुआ हानि द्रव्य असंख्यातगुणा देखा जाता है। इस लिए पूर्वोक्त विषयको छोड़कर यहाँ पर ही स्वामित्व होना चाहिए ?

समाधान—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि परिणामविशेषका आश्रय कर प्रवर्तमान हुए संक्रमका दूसरे समयके सिवा आगे अनन्तगुणे संक्लेशके सद्भावमें बहुत होनेका विरोध है।

शंका—यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान—इसी सूत्रसे जाना जाता है।

*** सम्यग्मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ?**

§ ६१८. यह पृच्छावाक्य सुगम है।

*** सर्वसंक्रम करनेवाले गुणितकर्मांशिक जीवके होती है।**

§ ६१९. इस सूत्रकी अर्थप्ररूपणा, जिस प्रकार मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट वृद्धिके स्वामीके प्रतिपादक सूत्रकी अर्थप्ररूपणा कर आये हैं, उसके समान है।

*** उत्कृष्ट हानि किसके होती है ?**

§ ६२०. यह सूत्र सुगम है।

*** सम्यक्त्वको उत्पन्न करने पर सम्यग्मिथ्यात्वसे सम्यक्त्वमें जो द्रव्य संक्रमित होता है वह द्रव्य अंगुलके असंख्यातवें भागरूप भागहारसे लब्ध होता है, इसलिए यहाँ पर उत्कृष्ट हानि नहीं होती है।**

§ ६२१. इस सूत्रका अभिप्राय—उपशमसम्यक्त्वके उत्पन्न करने पर मिथ्यात्वके समान सम्यग्मिथ्यात्वका गुणसंक्रम है ही, क्योंकि उपशम सम्यक्त्वके दूसरे समयसे लेकर प्रत्येक समयमें

सेढीए सम्मामिच्छत्तादो सम्मत्तसरूवेण संकमपवुत्तीए वाहाणुवलंभादो। किंतु तहा संकममाणसम्मामिच्छत्तदव्वस्स पडिभागो अंगुलस्सासंखेज्जदिभागो। कुदो एदमवगम्मदे? एदम्हादो चेव सुत्तादो। एवं च संते तत्तो विज्झादसंकमे पदिदस्स उक्कस्सिया हाणी ण होइ, विज्झाद-गुणसंकमादो विज्झादसंकमेण परिणदम्मि सव्वुक्कस्सियाए हाणीए संभवविरोहादो। तदो एदं मोत्तूण विसयंतरे सामित्तविहाणेण होदव्वमिदि। एवं च कयणिच्छयो तण्णिद्देसकरणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

⊛ गुणिदकम्मंसिओ सम्मत्तमुप्पाएदूण लहुं चेव मिच्छत्तं गदो, जहण्णियाए मिच्छत्तद्धाए पुण्णाए सम्मत्तं पडिवण्णो, तस्स पढमसमयसम्माइट्ठिस्स उक्कस्सिया हाणी।

§ ६२२. एदस्स सामित्तसुत्तस्स अत्थो वुच्चदे। तं जहा—गुणिदकम्मंसियलक्खणेणागंतूण सम्मत्तमुप्पाइय सव्वुक्कस्सगुणसंकमेण सम्मामिच्छत्तमावूरिय तदो लहुं चेव मिच्छत्तमुवगओ। किमट्ठमेसो मिच्छत्तमुवणिज्जदे? अधापवत्तसंकमेण बहुदव्वसंकमं कादूण तत्तो सम्मत्तं पडिवण्णस्स पढमसमए विज्झादसंकमेणुक्कस्सहाणिसामित्तविहाणट्ठं। सेसं

असंख्यातगुणी श्रेणिरूपसे सम्यग्मिथ्यात्वके द्रव्यमेंसे सम्यक्त्वरूपसे संक्रमकी प्रवृत्ति होने पर भी कोई बाधा नहीं उपलब्ध होती। किन्तु इस प्रकारसे संक्रमको प्राप्त होनेवाले सम्यग्मिथ्यात्वके द्रव्यका प्रतिभाग अंगुलके असंख्यातवें भागप्रमाण होता है।

शंका—यह किस प्रमाणसे जाना जाता है?

समाधान—इसी सूत्रसे जाना जाता है।

और ऐसा होने पर उसके बाद विध्यातसंक्रममें पतित हुए उसकी उत्कृष्ट हानि नहीं होती, क्योंकि विध्यात और गुणसंक्रमसे विध्यातसंक्रमरूपसे परिणत होने पर सर्वोत्कृष्ट हानिके सम्भव होनेमें विरोध है। इसलिए इसे छोड़कर दूसरे स्थल पर स्वामित्वका विधान होना चाहिए इस प्रकार उक्त प्रकारका निश्चय करके उसका निर्देश करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

⊛ जो गुणितकर्मांशिक जीव सम्यक्त्वको उत्पन्न कर अतिशीघ्र मिथ्यात्वमें गया। पुनः जघन्य मिथ्यात्वके कालके पूर्ण होने पर सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ, उस प्रथम समयवर्ती सम्यग्दृष्टिके उत्कृष्ट हानि होती है।

§ ६२२. इस स्वामित्व सूत्रका अर्थ कहते हैं। यथा—गुणितकर्मांशिकलक्षणसे आकर सम्यक्त्वको उत्पन्न कर सर्वोत्कृष्ट गुणसंक्रमके द्वारा सम्यग्मिथ्यात्वको पूरा कर अनन्तर अतिशीघ्र मिथ्यात्वको प्राप्त हुआ।

शंका—यह मिथ्यात्वको किसलिए प्राप्त कराया जाता है?

समाधान—अधःप्रवृत्तसंक्रमके द्वारा बहुत द्रव्यका संक्रम करके अनन्तर सम्यक्त्वको प्राप्त हुए जीवके प्रथम समयमें विध्यातसंक्रमके द्वारा उत्कृष्ट हानिके स्वामित्वका विधान करनेके लिए इसे सर्व प्रथम मिथ्यात्वको प्राप्त कराया जाता है।

सुत्ताणुसारेण वत्तव्वं । एत्थ हाणिदव्वपमाणे आणिज्जमाणे सम्माइट्ठिपढमसमयविज्झाद-संकमदव्वमधापवत्तसंकमदव्वादो सोहिदे सुद्धसेसमेत्तं होइ त्ति वत्तव्वं । तदो विज्झाद-गुणसंकमजणिदहाणिदव्वादो पयदहाणिदव्वमसंखेज्जगुणमिदि तप्परिहारेणेत्थेव सामित्त-विहाणमविरुद्धं सिद्धं । अधापवत्तसंकमादो उव्वेल्लणासंकमेण परिणदमिच्छाइट्ठिम्मि पयदुक्कस्ससामित्तावलंबणे सुट्ठु लाहो दिस्सदि त्ति णासंकणिज्जं, उव्वेल्लणाहिमुहस्स अधा-पवत्तसंकमादो एत्थतणअधापवत्तसंकमस्स परिणामपाहम्मेण बहुत्तोवलंभादो । णेदमसिद्धं, एदम्हादो चेव सामित्तसुत्तादो तस्सिद्धीए ।

❀ अणंताणुबंधीणमुक्कस्सिया वड्ढी कस्स ?

§ ६२३. सुगमं ।

❀ गुणिदकम्मंसियस्स सव्वसंकामयस्स ।

§ ६२४. गुणिदकम्मंसियलक्खणेणागंतूण सव्वलहुं विसंजोयणाए अब्भुट्ठिदस्स चरिमफालीए सव्वसंकमेण पयदुक्कस्ससामित्तं होइ, तत्थ किंचूणकम्मट्ठिदिसंचयस्स वड्ढिसरूवेण संकंतिदंसणादो ।

❀ उक्कस्सिया हाणी कस्स ?

§ ६२५. सुगमं ।

शेष कथन सूत्रके अनुसार करना चाहिए। यहाँ पर हानिका द्रव्यप्रमाण लानेपर सम्यग्दृष्टिके प्रथम समयके विध्यातसक्रम द्रव्यको अधःप्रवृत्तसंक्रमके द्रव्यमेंसे घटा देने पर जो शेष बचे उतना होता है ऐसा कहना चाहिए। इसलिए विध्यात और गुणसंक्रमसे उत्पन्न हुए हानिद्रव्यसे प्रकृत हानिद्रव्य असंख्यातगुणा होता है, इसलिए उसका परिहार करके यहीं पर स्वामित्वका विधान अविरुद्ध सिद्ध होता है। अधःप्रवृत्तसंक्रमसे उद्वेलनासंक्रमके द्वारा परिणत हुए मिथ्यादृष्टि जीवमें प्रकृत उत्कृष्ट स्वामित्वका अवलम्बन करने पर अच्छा लाभ दिखाई देता है ऐसी आशंका भी नहीं करनी चाहिए, क्योंकि उद्वेलनाके अभिमुख हुए जीवके होनेवाले अधः-प्रवृत्तसंक्रमसे यहाँ पर होनेवाला अधःप्रवृत्तसंक्रम परिणामोंके माहात्म्यवश बहुत उपलब्ध होता है। और यह असिद्ध भी नहीं है, क्योंकि इसी स्वामित्व सूत्रसे उसकी सिद्धि होती है।

* अनन्तानुबन्धियोंकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ?

§ ६२३. यह सूत्र सुगम है।

* सर्वसंक्रामक गुणितकर्मांशिक जीवके होती है ।

§ ६२४. गुणितकर्मांशिकलक्षणसे आकर अतिशीघ्र विसंयोजना करनेमें उद्यत हुए जीवके चरम फालिका सर्वसंक्रम करनेपर प्रकृत उत्कृष्ट स्वामित्व होता है, क्योंकि वहाँ पर कुछ कम कर्मस्थिति सञ्चयकी वृद्धिरूपसे संक्रान्ति देखी जाती है।

* उत्कृष्ट हानि किसके होती है ?

§ ६२५. यह सूत्र सुगम है।

❀ गुणिदकम्मंसिओ तप्पाओग्गउक्कस्सियादो अधपवत्तसंकमादो सम्मत्तं पडिवज्जिऊण विज्झादसंकामगो जादो, तस्स पढमसमयसम्माइट्ठिस्स उक्कस्सिया हाणी।

§ ६२६. गुणिदकम्मंसियलक्खणेणागंतूण मिच्छाइट्ठिचरिमसमए तप्पाओग्गुक्कस्सएण अधापवत्तसंकमेण परिणमिय तदणंतरसमए सम्मत्तपडिलंभवसेण विज्झादसंकामगो जादो तस्स पढमसमयसम्माइट्ठिस्स पयदुक्कस्सहाणिसामित्ताहिसंबंधो। सेसं सुगमं।

❀ उक्कस्सयमवट्ठाणं कस्स ?

§ ६२७. सुगमं।

❀ जो अधापवत्तसंकमेण तप्पाओग्गुक्कस्सएण वड्ढिदूण अवट्ठिदो तस्स उक्कस्सयमवट्ठाणं।

§ ६२८. जो गुणिदकम्मंसिओ तप्पाओग्गुक्कस्सएणाधापवत्तसंकमेण विवक्खियसमयम्मि वड्ढिऊण तदणंतरसमए तेत्तियमेत्तेणावट्ठिदो तस्स पयदसमित्ताहिसंबंधो त्ति सुत्तत्थसमुच्चयो। एत्थुक्कस्सहाणिविसयमुक्कस्सावट्ठाणं गेण्हामो, पयदवड्ढिविसयसंकमावट्ठाणादो तस्सासंखेज्जगुणत्तसमुवलंभादो ? ण एस दोसो, गुणिदकम्मंसियलक्खणेणागंतूण सम्मत्तमुप्पाइय उक्कस्सहाणीए परिणदस्स विदियसमए अवट्ठाणकरणोवायाभावादो। तं

---

* जो गुणितकर्मांशिक जीव तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट अधःप्रवृत्तसंक्रमसे सम्यक्त्वको प्राप्त कर विध्यातसंक्रामक हो गया उस प्रथम समयवर्ती सम्यग्दृष्टिके उत्कृष्ट हानि होती है।

§ ६२६. क्योंकि गुणितकर्मांशिकलक्षणसे आकर मिथ्यादृष्टिके अन्तिम समयमें तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट अधःप्रवृत्तसंक्रमरूपसे परिणम कर तदनन्तर समयमें सम्यक्त्वको प्राप्त करनेके कारण विध्यातसंक्रामक हो गया उस प्रथम समयवर्ती सम्यग्दृष्टि जीवके प्रकृत उत्कृष्ट हानिके स्वामित्वका अभिसम्बन्ध है। शेष कथन सुगम है।

* उत्कृष्ट अवस्थान किसके होता है ?

§ ६२७. यह सूत्र सुगम है।

* जो तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट अधःप्रवृत्तसंक्रमके द्वारा वृद्धि कर अवस्थित है उसके उत्कृष्ट अवस्थान होता है।

§ ६२८. क्योंकि जो गुणितकर्मांशिक जीव तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट अधःप्रवृत्तसंक्रमके द्वारा विवक्षित समयमें वृद्धि करके तदनन्तर समयमें उतने ही संक्रमरूपसे अवस्थित है उसके प्रकृत स्वामित्वका सम्बन्ध होता है यह सूत्रार्थका समुच्चय है।

शंका—यहाँ पर उत्कृष्ट हानिविषयक उत्कृष्ट अवस्थानको ग्रहण करते हैं, क्योंकि प्रकृत वृद्धिविषयक संक्रमके अवस्थानसे वह असंख्यातगुणा उपलब्ध होता है ?

समाधान—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि गुणितकर्मांशिक लक्षणसे आकर और सम्यक्त्वको उत्पन्न कर उत्कृष्ट हानिरूपसे परिणत हुए जीवके दूसरे समयमें अवस्थान करनेका कोई उपाय नहीं है।

पि कुदो ? तत्थ मिच्छाइट्ठिचरिमावलियाए पडिच्छिददव्ववसेणावलियकालब्भंतरे वड्ढिसंकमस्सेव दंसणादो।

❀ अट्ठकसायाणमुक्कस्सिया वड्ढी कस्स ?

§ ६२९. सुगमं।

❀ गुणिदकम्मंसियस्स सव्वसंकामयस्स।

§ ६३०. गुणिदकम्मंसियलक्खणेणागंतूण सव्वलहुं खवणाए अब्भुट्ठिय सव्वसंकमेण परिणदम्मि पयदकम्माणमुक्कस्सिया वड्ढी होइ, तत्थ सव्वसंकमेण किंचूणदिवड्ढगुणहाणिमेत्तसमयपबद्धाणं पयदवड्ढिसरूवेण संकंतिदंसणादो।

❀ उक्कस्सिया हाणी कस्स ?

§ ६३१. सुगमं।

❀ गुणिदकम्मंसियो पढमदाए कसायउवसामणद्धाए जाधे दुविहस्स कोहस्स चरिमसमयसंकामगो जादो, तदो से काले मदो देवो जादो तस्स पढमसमयदेवस्स उक्कस्सिया हाणी।

§ ६३२. 'दुविहस्स कोहस्स' अट्ठसु कसाएसु दुविहस्स ताव कोहस्स पयदुक्कस्सहाणिसामित्तभेदेण सुत्तेण णिद्दिट्ठं। तं जहा—गुणिदकम्मंसियो अणूणाहियगुणिदकिरियाए

शंका—यह भी कैसे ?

समाधान—क्योंकि वहाँ पर मिथ्यादृष्टि जीवकी अन्तिम आवलिमें संक्रामक हुए द्रव्यके कारण एक आवलि कालके भीतर वृद्धिका संक्रम ही देखा जाता है।

* आठ कषायोंकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ?

§ ६२९. यह सूत्र सुगम है।

* सर्वसंक्रामक गुणितकर्मांशिक जीवके होती है।

§ ६३०. गुणितकर्मांशिकलक्षणसे आकर अतिशीघ्र क्षपणाके लिए उद्यत हो सर्वसंक्रमरूपसे परिणत होने पर प्रकृत कर्मोंकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है, क्योंकि वहाँ पर सर्वसंक्रमके द्वारा कुछ कम डेढ़ गुणहानिमात्र समयप्रबद्धोंका प्रकृत वृद्धिरूपसे संक्रम देखा जाता है।

* उत्कृष्ट हानि किसके होती है ?

§ ६३१. यह सूत्र सुगम है।

* जो गुणितकर्मांशिक जीव सर्व प्रथम कषायोंके उपशामना कालके भीतर जब दो प्रकारके क्रोधका अन्तिम समयवर्ती संक्रामक हुआ और उसके बाद मर कर देव हुआ उस प्रथम समयवर्ती देवके उत्कृष्ट हानि होती है।

§ ६३२. 'दुविहस्स कोहस्स' इस पदका निर्देश कर सर्व प्रथम आठ कषायोंमेंसे दो प्रकारके क्रोधके प्रकृत उत्कृष्ट हानिका स्वामित्व इस सूत्र द्वारा निर्दिष्ट किया गया है। यथा—कोई एक

आगंतूण मणुसेसुप्पज्जिय गब्भादिअट्ठवस्साणमुवरि पढमदाए कसायउवसामणाए उवट्ठिदो। एत्थ पढमदाए कसायउवसामणाए त्ति वयणं विदियादिकसायोवसामणाणं पडिसेहकरणट्ठं। तं पि गुणसंकमेण गच्छमाणदव्वपरिरक्खणट्ठमिदि घेत्तव्वं, अण्णहा गुणसंकमेण पयदकम्माणं बहुदव्वहाणिप्पसंगादो। तस्स कदमम्मि[1] अवत्थाविसेसे सामित्तसंबंधो त्ति वुत्ते वुच्चदे—जाधे दुविहस्स कोहस्स गुणसंकमेण संकामिज्जमाणयस्स; चरिमसमयसंकामओ जादो, तदो से काले मदो देवो जादो तस्स पढमसमयदेवपज्जाए वट्टमाणयस्स पयदुक्कस्ससामित्ताहिसंबंधो। तत्थ गुणसंकमादो अधापवत्तसंकमेण परिणदस्स हाणीए उक्कस्सभावदंसणादो। तप्पाओग्गजहण्णअधापवत्तसंकमदव्वे सव्वुक्कस्सगुणसंकमदव्वादो सोहिदे सुद्धसेसदव्वपडिबद्धमेदमुक्कस्सहाणिसामित्तमिदि णिच्छेयव्वं।

❀ एवं दुविहमाण-दुविहमाया-दुविहलोहाणं।

§ ६३२. कुदो? चरिमसमयगुणसंकमादो अधापवत्तसंकमपज्जाएण परिणदपढमसमयदेवम्मि सामित्तं पडि विसेसाभावादो। थोवयरो दु विसेससंभवो अत्थि त्ति तप्पदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं—

गुणितकर्मांशिक जीव न्यूनाधिकतासे रहित गुणित क्रियाके द्वारा आकर और मनुष्योंमें उत्पन्न होकर गर्भसे लेकर आठ वर्षके बाद सर्व प्रथम कषायोंकी उपशामना करनेके लिए उद्यत हुआ। यहाँ पर 'पढमदाए कसायउवसामणाए' यह वचन द्वितीय आदि बार कषायोंकी उपशामनाका प्रतिषेध करनेके लिए दिया है। वह भी गुणसंक्रमके द्वारा जानेवाले द्रव्यकी रक्षा करनेके लिए दिया है ऐसा यहाँ पर ग्रहण करना चाहिए, अन्यथा गुणसंक्रमके द्वारा प्रकृत कर्मों के बहुत द्रव्यकी हानिका प्रसंग आता है। उसका किस अवस्थाविशेषमें स्वामित्वका सम्बन्ध है ऐसा पूछने पर कहते हैं—जब दो प्रकारके क्रोधका गुणसंक्रमके द्वारा संक्रम करते हुए अन्तिम समयवर्ती संक्रामक हुआ, फिर तदनन्तर समयमें मरकर देव हो गया उसके प्रथम समयसम्बन्धी देवपर्यायमें रहते हुए प्रकृत उत्कृष्ट स्वामित्वका सम्बन्ध होता है, क्योंकि वहाँ पर गुणसंक्रमसे अधःप्रवृत्तसंक्रमरूपसे परिणत हुए जीवके हानिका उत्कृष्टपना देखा जाता है। तत्प्रायोग्य जघन्य अधःप्रवृत्तसंक्रमके द्रव्यको सबसे उत्कृष्ट गुणसंक्रमके द्रव्यमेंसे घटाने पर शुद्ध शेष द्रव्यसे सम्बन्ध रखनेवाला यह उत्कृष्ट हानिविषयक स्वामित्व है ऐसा यहाँ पर निश्चय करना चाहिए।

❀ इसी प्रकार दो प्रकारके मान, दो प्रकारकी माया और दो प्रकारके लोभकी उत्कृष्ट हानिका स्वामित्व है।

§ ६३२. क्योंकि अन्तिम समयसम्बन्धी गुणसंक्रमसे अधःप्रवृत्तसंक्रमपर्यायरूपसे परिणत हुए प्रथम समयवर्ती देवके स्वामित्वकी अपेक्षा कोई विशेषता नहीं है। किन्तु कुछ थोड़ीसी विशेषता सम्भव है, इसलिए उसका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र अवतीर्ण हुआ है—

१ आ. प्रतौ कदवत्थस्स ता.प्रतौ कदमम्मि (?) इति पाठः।

❀ णवरि अप्पप्पणो चरिमसमयसंकामगो होदूण से काले मदो देवो जादो तस्स पढमसमयदेवस्स उक्कस्सिया हाणी।

§ ६३४. सुगममेदं।

❀ अट्ठण्हं कसायाणमुक्कस्सयमवट्ठाणं कस्स ?

§ ६३५. सुगमं।

❀ अधापवत्तसंकमेण तप्पाओग्गउक्कस्सएण वड्ढिदूण से काले अवट्ठिदसंकामगो जादो तस्स उक्कस्सयमवट्ठाणं।

§ ६३६. एदस्स सुत्तस्सत्थे भण्णमाणे अणंताणुबंधीणमुक्कस्सावट्ठाणसामित्तसुत्तस्सेव परूवणा कायव्वा, विसेसाभावादो।

❀ कोहसंजलणस्स उक्कस्सिया वड्ढी कस्स ?

§ ६३७. सुगमं।

❀ जस्स उक्कस्सओ सव्वसंकमो तस्स उक्कस्सिया वड्ढी।

§ ६३८. गुणिदकम्मंसियलक्खणेणागंतूण मणुसेसुप्पज्जिय सव्वलहुं खवणाए अब्भुट्ठिदस्स कोहसंजलणचिराणसंतकम्मं सव्वसंकमेण संछुहमाणयस्स उक्कस्सओ

---

* किन्तु इतनी विशेषता है कि अपना अपना अन्तिम समयवर्ती संक्रामक होकर तदनन्तर समयमें मरा और देव हो गया, इस प्रथम समयवर्ती देवके उत्कृष्ट हानि होती है।

§ ६३४. यह सूत्र सुगम है।

* आठ कषायोंका उत्कृष्ट अवस्थान किसके होता है ?

§ ६३५. यह सूत्र सुगम है।

* तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट अधःप्रवृत्तसंक्रमके द्वारा वृद्धि करके तदनन्तर समयमें अवस्थितसंक्रामक हो गया, उसके उत्कृष्ट अवस्थान होता है।

§ ६३६. इस सूत्रके अर्थका कथन करनेपर अनन्तानुबन्धियोंके उत्कृष्ट अवस्थानके स्वामित्वका कथन करनेवाले सूत्रके समान प्ररूपणा करनी चाहिए, क्योंकि उससे इसमें कोई विशेषता नहीं है।

* क्रोधसंज्वलनकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ?

§ ६३७. यह सूत्र सुगम है।

* जिसके उसका उत्कृष्ट सर्वसंक्रम होता है उसके उत्कृष्ट वृद्धि होती है।

§ ६३८. न्यूनाधिकतासे रहित गुणितकर्मांशिक लक्षणसे आकर मनुष्योंमें उत्पन्न होकर अतिशीघ्र क्षपणाके लिए उद्यत हो क्रोध संज्वलनके प्राचीन सत्कर्मका सर्वसंक्रमके द्वारा संक्रम करनेवाले जीवके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है। उसीके उत्कृष्ट वृद्धिके स्वामित्वका निश्चय करना

पदेससंकमो होइ। तस्सेव उक्कस्सवड्डिसामित्तमवहारेयव्वं, तत्थ किंचूणसव्वसंकमदव्वस्स उक्कस्सवड्ढिसरूवेण संकंतिदंसणादो।

❀ तस्सेव से काले उक्कस्सिया हाणी।

§ ६३६. तस्सेवाणंतरणिद्दिट्ठवड्ढिसामियस्स तदणंतरसमए उक्कस्सिया हाणी होइ त्ति सामित्तसंबंधो कायव्वो। कधं तत्थ हाणीए उक्कस्सभावो चे? वुच्चदे—चिराणसंतकम्मचरिमफालिं सव्वसंकमेण संकामिय तदणंतरसमए णवकबंधसंकममाढवेदि। तेण कारणेण तत्थुक्कस्सहाणिसामित्तसंबंधो ण विरुज्झदे। एत्थोवजोगिविसेसंतरपदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

❀ णवरि से काले संकमपाओग्गा समयपबद्धा जहण्णा कायव्वा।

§ ६४०. सव्वुक्कस्सपदेससंकमादो हाइदूण सुट्ठु जहण्णपदेससंकमे पारद्धे उक्कस्सिया हाणी होइ, णाण्णहा। तदो सव्वुक्कस्सहाणिसंकमग्गहणट्ठं से काले संकमपाओग्गा णवकबंधसमयपबद्धा जहण्णा कायव्वा त्ति एदस्सत्थविसेसस्स परूवणं कुणमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

❀ तं जहा।

चाहिए, क्योंकि वहाँ पर कुछ कम सर्वसंक्रमद्रव्यका उत्कृष्ट वृद्धिरूपसे संक्रम देखा जाता है।

* उसीके तदनन्तर समयमें उत्कृष्ट हानि होती है।

§ ६३९. जिस जीवके पूर्वमें संज्वलन क्रोधकी उत्कृष्ट वृद्धिके स्वामीका निर्देश किया है उसीके तदनन्तर समयमें उत्कृष्ट हानि होती है इस प्रकार यहाँ पर स्वामित्वका सम्बन्ध करना चाहिए।

शंका—वहाँ उत्कृष्ट हानि कैसे सम्भव है?

समाधान—क्योंकि प्राचीन सत्कर्मकी अन्तिम फालिका सर्वसंक्रमके द्वारा संक्रम करके तदनन्तर समयमें नवकबन्धके संक्रमका प्रारम्भ करता है, इस कारणसे वहाँ पर उत्कृष्ट हानिका स्वामित्व सम्बन्ध विरोधको प्राप्त नहीं होता। अब यहाँ पर उपयोगी दूसरी विशेषताका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* किन्तु इतनी विशेषता है कि तदनन्तर समयमें संक्रमके योग्य समयप्रबद्धोंको जघन्य करना चाहिए।

§ ६४०. क्योंकि सबसे उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमसे घटाकर अति कम जघन्य प्रदेशसंक्रमका प्रारम्भ करने पर उत्कृष्ट हानि होती है, अन्यथा नहीं। इसलिए सबसे उत्कृष्ट हानि संक्रमको ग्रहण करनेके लिए तदनन्तर समयमें संक्रमके योग्य नवकबन्ध समयप्रबद्धोंको जघन्य करना चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है। वे समयप्रबद्ध कितने हैं अथवा उन्हें जघन्य कैसे करना चाहिए इस प्रकार इस अर्थविशेषका कथन करते हुए आगेका सूत्र कहते हैं—

* यथा।

§ ६४१. सुगमं ।

* जेसिं से काले आवलियमेत्ताणं समयपबद्धाणं पदेसग्गं संकामिज्जहिदि ते समयपबद्धा तप्पाओग्गजहण्णा ।

§ ६४२ एतदुक्तं भवति—जेसिमावलियमेत्तणवकबंधसमयपबद्धाणं बंधावलिया-दिकंतसरूवाणं वड्डिसमयं पेक्खिऊणाणंतरसमए संकमो भविस्सदि ते समयपबद्धा सगबंधकाले चेव तप्पाओग्गजहण्णजोगेण बंधावेयव्वा, अण्णहा सव्वुक्कस्सहाणीए असंभवादो । एदस्सेवत्थस्सोवसंहारवक्कमुत्तरं—

* एदीए परूवणाए सव्वसंकमं संछुहिदूण जस्स से काले पुव्वपरूविदो संकमो तस्स उक्कस्सिया हाणी कोहसंजलणस्स।

§ ६४३. गयत्थमेदं सुत्तं ।

* तस्सेव से काले उक्कस्सयमवट्ठाणं ।

§ ६४४. तस्सेव हाणिसामियस्स से काले बंधावलियादिकंतणवकबंधंतरसंबंधेण तेत्तियमेत्तं संकामेमाणयस्स उक्कस्सावट्ठाणसामित्तं दट्ठव्वं, उक्कस्सहाणिपमाणेणेव तत्थावट्ठाणदंसणादो ।

* जहा कोहसंजलणस्स तहा माण-मायासंजलण-पुरिसवेदाणं ।

---

§ ६४१. यह सूत्र सुगम है ।

* उत्कृष्ट वृद्धिके अनन्तर समयमें आवलिमात्र जिन समयप्रबद्धोंके प्रदेशाग्र संक्रमित होंगे वे समयप्रबद्ध तत्प्रायोग्य जघन्य होते हैं ।

§ ६४२. कहनेका यह तात्पर्य है कि जो आवलिमात्र नवक समयप्रबद्ध बन्धावलिको उल्लंघन कर स्थित हैं उनका वृद्धि समयको देखते हुए अनन्तर समयमें संक्रम होगा उन समयप्रबद्धोंको अपने बन्धकालमें ही तत्प्रायोग्य जघन्य योगके द्वारा बन्ध कराना चाहिए, अन्यथा सर्वोत्कृष्ट हानि नहीं हो सकती । अब इसी अर्थका उपसंहार करते हुए आगेका वाक्य कहते हैं—

* इस प्ररूपणाके अनुसार सर्वसंक्रमके आश्रयसे संक्रम करके जिसके तदनन्तर समयमें पहले कहा हुआ संक्रम होता है उसके क्रोधसंज्वलनकी उत्कृष्ट हानि होती है ।

§ ६४३. यह सूत्र गतार्थ है ।

* उसीके तदनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थान होता है ।

§ ६४४. उत्कृष्ट हानिके स्वामी उसी जीवके तदनन्तर समयमें बन्धावलिको उल्लंघन कर स्थित हुए दूसरे नवकबन्धके सम्बन्धसे उतने ही द्रव्यका संक्रम करनेवाले जीवके उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामित्व जानना चाहिए, क्योंकि वहाँ पर उत्कृष्ट हानिप्रमाण ही अवस्थान देखा जाता है ।

* जिस प्रकार क्रोधसंज्वलनकी उत्कृष्ट वृद्धि, हानि और अवस्थानकी प्ररूपणा की है उसी प्रकार मान संज्वलन, माया संज्वलन और पुरुषवेदकी उत्कृष्ट वृद्धि, हानि और अवस्थानकी प्ररूपणा जाननी चाहिए ।

§ ६४५. सुगममेदमप्पणासुत्तं।

❀ लोहसंजलणस्स उक्कस्सिया वड्ढी कस्स ?

§ ६४६. सुगमं ।

❀ गुणिदकम्मंसिएण लहुं चत्तारि वारे कसाया उवसामिदा, अपच्छिमे भवे दो वारे कसाए उवसामेऊण खवणाए अब्भुट्ठिदो जाधे चरिमसमए अंतरमकदं ताधे उक्कस्सिया वड्ढी ।

§ ६४७. किमट्ठमेसो गुणिदकम्मंसिओ चदुक्खुत्तो कसायोवसामणाए पयट्टाविदो ? अवज्झमाणपयडीहिंतो गुणसंकमेण बहुदव्वसंगहणट्ठं । तदो गुणिदकम्मंसियलक्खणेण सत्तमपुढवीदो आगंतूण मणुसेसुववज्जिय गब्भादिअट्ठवस्साणमुवरि दोवारे कसायोवसामणाए परिणमिय पुणो मिच्छत्तपडिवादेण सव्वलहुं कालं कादूण मणुसेसु उववण्णेण अपच्छिमे तम्मि मणुसभवग्गहणे दो वारे कसाया उवसामिदा। तदो हेट्ठा ओसरिदूण खवणाए अब्भुट्ठिदेण तेण जाधे चरिमसमए अंतरमकदं तस्स उक्कस्सिया लोहसंजलणपदेससंकमविसया वड्ढी होइ त्ति घेत्तव्वं, हेट्ठिमासेससंकमेहिंतो तत्थतणसंकमस्स बहुत्तोवलंभादो ।

❀ उक्कस्सिया हाणी कस्स ?

---

§ ६४५. यह अर्पणासूत्र सुगम है ।

❀ लोभसंज्वलनकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ।

§ ६४६. यह सूत्र सुगम है ।

❀ जिस गुणितकर्मांशिक जीवने अतिशीघ्र चार बार कषायोंकी उपशामना की है। उसमें भी अन्तिम भवमें दो बार कषायोंको उपशमा कर जो क्षपणाके लिए उद्यत हुआ। उसने जब अन्तिम समयमें अन्तर नहीं किया तब उसके संज्वलन लोभकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है ।

§ ६४७. शंका—इस गुणितकर्मांशिक जीवको चार बार कषायोंकी उपशामनाके लिए क्यों प्रवृत्त कराया है ?

समाधान— नहीं बँधनेवाली प्रकृतियोंमेंसे गुणसंक्रमके द्वारा बहुत द्रव्यका संग्रह करनेके लिए ऐसा किया है ।

इसलिए गुणितकर्मांशिक लक्षणके साथ सातवीं पृथिवीसे आकर मनुष्योंमें उत्पन्न हो गर्भसे लेकर आठ वर्षके बाद दोबार कषायोंकी उपशामनारूपसे परिणमा कर पुनः मिथ्यात्वमें गिरनेके साथ अतिशीघ्र मरकर और मनुष्योंमे उत्पन्न होकर अन्तिम उस मनुष्यभवमें दोबार कषायोंकी उपशामना की । तदनन्तर नीचे आकर क्षपणाके लिए उद्यत हुए उसने जब अन्तिम समयमें अन्तर नहीं किया तब उसके लोभसंज्वलनकी प्रदेशसंक्रमविषयक उत्कृष्ट वृद्धि होती है ऐसा यहाँ पर ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि पूर्वके समस्त संक्रमोंसे यहाँका संक्रम बहुत उपलब्ध होता है ।

❀ उत्कृष्ट हानि किसके होती है ?

§ ६४८. सुगमं ।

ॐ गुणिदकम्मंसियो तिण्णि वारे कसाए उवसामेऊण चउत्थीए उवसामणाए उवसामेमाणो अंतरे चरिमसमय-अकदे से काले मदो देवो जादो, तस्स समयाहियावलियउववण्णयस्स उक्कस्सिया हाणी ।

§ ६४९. एदस्सत्थो वुच्चदे—जो गुणिदकम्मंसिओ चदुक्खुत्तो कसाए उवसामेमाणो तत्थ तिण्णि वारे वोलाविय चउत्थीए उवसामणाए अंतरकरणमाढविय से काले अंतरं णिल्लेविहिदि त्ति कालं कादूण देवेसुववण्णो तस्स समयाहियावलियदेवस्स पयदुक्कस्सहाणि-सामित्तं दट्ठव्वं । किं कारणं ? अंतरचरिमफालीए गच्छमाणाए पडिच्छिदगुणसंकमदव्वं तक्कालियणवकबंधेण सहिदमावलियदेवभावेण संकामिय पुणो तदणंतरसमए पढमसमय-देवोववादजोगेण बद्धणवकबंधसमयपबद्धमधापवत्तसंकमेण तत्थ पडिच्छिददव्वेण सह संकामेमाणयस्स सव्वुक्कस्सहाणीए विरोहाभावादो ।

ॐ उक्कस्सयमवट्ठाणमपच्चक्खाणावरणभंगो ।

§ ६५०. सुगमं ।

ॐ भय-दुगुंछाणमुक्कस्सिया वड्ढी कस्स ?

---

§ ६४८. यह सूत्र सुगम है ।

* जो गुणितकर्मांशिक जीव तीन बार कषायोंको उपशमाकर चौथी उपशामनाके द्वारा उपशम करता हुआ अन्तिम समयमें होनेवाले अन्तरको किये बिना तदनन्तर समयमें मरा और देव हो गया उसके उत्पन्न होनेके एक समय अधिक एक आवलि होने पर उत्कृष्ट हानि होती है ।

§ ६४९. इस सूत्रका अर्थ कहते हैं—जो गुणितकर्मांशिक जीव चार बार कषायोंकी उपशामना करता हुआ उनमेंसे तीन बारोंको बिताकर चौथी उपशामनामें अन्तरकरणका प्रारम्भ कर तदनन्तर समयमें अन्तरको समाप्त करेगा कि मरकर देवोंमें उत्पन्न हुआ उस देवके एक समय अधिक एक आवलि काल होने पर प्रकृत उत्कृष्ट हानिका स्वामित्व जानना चाहिए ।

शंका—क्या कारण है ?

समाधान—क्योंकि अन्तरकी अन्तिम फालिके जाते हुए संक्रमको प्राप्त हुए गुणसंक्रमके द्रव्यको तत्कालीन नवकबन्धके साथ एक आवलि कालतक देवभावके साथ संक्रमित कर पुनः तदनन्तर समयमें प्रथम समयवर्ती देवके उपपादयोगके साथ बँधे हुए नवकबन्धके समयप्रबद्धको अधःप्रवृत्त संक्रमके द्वारा वहाँ संक्रमित किये गये द्रव्यके साथ संक्रम करनेवाले जीवके सबसे उत्कृष्ट हानि होनेमें विरोधका अभाव है ।

* उत्कृष्ट अवस्थानका भङ्ग अप्रत्याख्यानावरणके समान है ।

§ ६५०. यह सूत्र सुगम है ।

* भय और जुगुप्साकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ?

§ ६५१. सुगमं ।

❀ गुणिदकम्मंसियस्स सव्वसंकामयस्स ।

§ ६५२. गुणिदकम्मंसियलक्खणेणागंतूण खवगसेढिमारुहिय सव्वसंकमेण परिणदम्मि सव्वुकस्सवड्ढिसंभवं पडिविरोहाभावादो ।

❀ उक्कस्सिया हाणी कस्स ?

§ ६५३. सुगमं ।

❀ गुणिदकम्मंसिओ पढमदाए कसाए उवसामेमाणो भय-दुगुंछासु चरिमसमयअणुवसंतासु से काले मदो देवो जादो, तस्स पढमसमयदेवस्स उक्कस्सिया हाणी ।

§ ६५४. गुणिदकम्मंसियलक्खणेणागंतूण पढमवारं कसायोवसामणं पट्ठविय तत्थ भयदुगुंछासु चरिमसमयअणुवसंतासु सव्वुकस्सगुणसंकमेण परिणमिय तत्तो से काले कालं कादूण देवेसुप्पण्णस्स पढमसमए पयदुकस्सहाणिसामित्तं होइ, सव्वुकस्सगुणसंकमादो अधापवत्तसंकमेण परिणदम्मि तदविरोहादो ।

❀ उक्कस्सयमवट्ठाणमपच्चक्खाणावरणभंगो ।

§ ६५५. सुगममेदमप्पणासुत्तं ।

---

§ ६५१. यह सूत्र सुगम है ।

*** सर्वसंक्रामक गुणितकर्मांशिक जीवके होती है ।**

§ ६५२. क्योंकि गुणितकर्मांशिक लक्षणसे आकर और क्षपकश्रेणि पर आरोहण कर सर्वसंक्रमरूपसे परिणत होने पर सबसे उत्कृष्ट वृद्धिके सम्भव होनेमें कोई विरोध नहीं आता ।

*** उत्कृष्ट हानि किसके होती है ?**

§ ६५३. यह सूत्र सुगम है ।

*** जो गुणितकर्मांशिक जीव प्रथम बार कषायोंका उपशम करता हुआ भय और जुगुप्साका अन्तिम समयमें उपशम किये बिना अनन्तर समयमें मरकर देव हो गया उस प्रथम समयवर्ती देवके उत्कृष्ट हानि होती है ।**

§ ६५४. गुणितकर्मांशिकलक्षणसे आकर और प्रथम बार कषायोंकी उपशामनाकी प्रस्थापना कर वहाँ भय और जुगुप्साके अन्तिम समयमें अनुपशान्त रहते हुए जो सर्वोत्कृष्ट गुणसंक्रमरूपसे परिणमन कर उसके बाद तदनन्तर समयमें मरकर देवोंमें उत्पन्न हुआ उसके प्रथम समयमें प्रकृत उत्कृष्ट हानिका स्वामित्व होता है, क्योंकि सबसे उत्कृष्ट गुणसंक्रमके बाद अधःप्रवृत्तरूपसे परिणत होने पर उसके होनेमें कोई विरोध नहीं आता ।

*** उत्कृष्ट अवस्थानका भङ्ग अप्रत्याख्यानावरणके समान है ।**

§ ६५५. यह अर्पणा सूत्र सुगम है ।

❀ एवमित्थि-णवुंसयवेद-हस्स-रइ-अरइ-सोगाणं ।

§ ६५६. जहा भयदुगुंछाणमुक्कस्ससामित्तं परूविदं तहा एदेसिं पि परूवेयव्वं । संपहि एदेण सामण्णणिद्देसेणेदेसिं कम्माणमवट्ठाणसंकमस्स वि अत्थित्तप्पसंगे तण्णिवारणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ —

❀ णवरि अवट्ठाणं णत्थि ।

§ ६५७. कुदो ? परावत्तणपयडीणमेदासिमवट्ठाणसंभवाभावादो । एवमोघेणुक्कस्ससामित्तपरूवणा गया । एदीए दिसाए आदेसपरूवणा च विहासियव्वा ।

तदो उक्कस्ससामित्तं समत्तं ।

❀ मिच्छत्तस्स जहण्णिया वड्ढी कस्स ?

§ ६५८. सुगममेदं पुच्छासुत्तं । एवं पुच्छाविसयीकयसामित्तणिद्देसे कायव्वे तत्थ ताव सव्वकम्माणं साहारणभावेण जहण्णवड्ढिहाणि-अवट्ठाणाणं पमाणावहारणट्ठमट्ठपदं परूवेमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

❀ जस्स कम्मस्स अवट्ठिदसंकमो अत्थि तस्स असंखेज्जा लोगपडिभागो वड्ढी वा हाणी वा अवट्ठाणं वा होइ ।

---

* इसी प्रकार स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, हास्य, रति, अरति और शोकका उत्कृष्ट स्वामित्व जानना चाहिए ।

§ ६५६. जिस प्रकार भय और जुगुप्साके उत्कृष्ट स्वामित्वका कथन किया उसी प्रकार इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्वामित्वका भी कथन करना चाहिए । अब इस सामान्य निर्देशसे इन कर्मोंके अवस्थान संक्रमका भी अस्तित्व प्राप्त होने पर उसका निवारण करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* किन्तु इतनी विशेषता है कि उक्त प्रकृतियोंका अवस्थान संक्रम नहीं है ।

§ ६५७. क्योंकि परावर्तमान इन प्रकृतियोंका अवस्थान सम्भव नहीं है । इस प्रकार ओघसे उत्कृष्ट स्वामित्वका कथन समाप्त हुआ । इसी पद्धतिसे आदेश प्ररूपणाका व्याख्यान कर लेना चाहिए ।

इस प्रकार उत्कृष्ट स्वामित्व समाप्त हुआ ।

* मिथ्यात्वकी जघन्य वृद्धि किसके होती है ?

§ ६५८. यह पृच्छा सूत्र सुगम है । इस प्रकार पृच्छाके द्वारा विषय किये गये स्वामित्वका निर्देश करते समय उसमें सर्व प्रथम सब कर्मोंके साधारण भावसे जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थानके प्रमाणका अवधारण करनेके लिए अर्थपदका कथन करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

* जिस कर्मका अवस्थित संक्रम होता है उस कर्मकी असंख्यात लोक प्रतिभाग रूपसे वृद्धि, हानि और अवस्थान होता है ।

§ ६५६. एदस्स सुत्तस्सत्थो वुच्चदे—जस्स कम्मस्स णिरंतरबंधवसेणावट्ठिदसंकमो संभवइ तस्स जहण्णवड्ढि-हाणि-अवट्ठाणपमाणमसंखेज्जलोगपडिभागो होइ। किं कारणं ? अवट्ठाणसंकमपाओग्गपयडीसु एगेगसंतकम्मपक्खेवुत्तरकमेण संतकम्मवियप्पाणं पयदजहण्ण-वड्ढि-हाणि-अवट्ठाणणिबंधणाणमुप्पत्तीए विरोहाभावादो। एत्थ विसेसणिण्णयमुवरिम-सामित्तणिद्देसे कस्सामो। तदो जेसिं कम्माणमवट्ठिदसंकमसंभवो अत्थि तेसिमसंखेज्जलोग-पडिभागेण जहण्णवड्ढिहाणिअवट्ठाणसामित्ताणुगमो कायव्वो त्ति सिद्धं। संपहि जेसि-मवट्ठाणसंभवो णत्थि तेसिमेस कमो ण संभवदि त्ति पदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं—

*** जस्स कम्मस्स अवट्ठिदसंकमो णत्थि तस्स वड्ढी वा हाणी वा असंखेज्जा लोगभागो ण लब्भइ।**

§ ६६०. किं कारणं ? तत्थ तदुवलंभकारणसंतकम्मवियप्पाणमणुप्पत्तीदो। तदो तत्थागम-णिज्जरावसेण पलिदो० असंखे०भागपडिभागेण संतकम्मस्स वड्ढी वा हाणी वा होइ त्ति तदणुसारेणेव संकमपवुत्ती दट्ठव्वा।

*** एसा परूवणा अट्ठपदभूदा जहण्णियाए वड्ढीए वा हाणीए वा अवट्ठाणस्स वा।**

§ ६६१. एस अणंतरणिद्दिट्ठा परूवणा जहण्णवड्ढि-हाणि-अवट्ठाणाणं सरूवावहारणट्ठ-

---

§ ६५६. अब इस सूत्रका अर्थ कहते हैं—जिस कर्मका निरन्तर बन्ध होनेसे अवस्थित संक्रम सम्भव है उसकी जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थानका प्रतिभाग असंख्यात लोकप्रमाण होता है, क्योंकि अवस्थानसंक्रमके योग्य प्रकृतियोंमें एक एक सत्कर्म प्रक्षेप अधिकके क्रमसे प्रकृत जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थानके कारणभूत सत्कर्म विकल्पोंकी उत्पत्ति होनेमें कोई विरोध नहीं आता। यहाँ पर विशेष निर्णय आगे स्वामित्वका निर्देश करते हुए करेंगे, इसलिए जिन कर्मोंका अवस्थित संक्रम सम्भव है उनकी जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थानके स्वामित्वका अनुगम असंख्यात लोकको प्रतिभाग बना कर करना चाहिए यह सिद्ध हुआ। तत्काल जिनका अवस्थान संक्रम नहीं होता उनका यह क्रम सम्भव नहीं है यह बतलानेके लिए आगेका सूत्र आया है—

* जिस कर्मका अवस्थितसंक्रम नहीं होता इस कर्मके असंख्यात लोक प्रतिभाग रूपसे वृद्धि और हानि नहीं उपलब्ध होता।

§ ६६०. क्योंकि वहाँ पर उसकी उपलब्धिके कारणभूत सत्कर्म विकल्प नहीं उत्पन्न होते। इसलिए वहाँ पर आय और निर्जराके कारण पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण प्रतिभागरूपसे सत्कर्मकी वृद्धि और हानि होती है, अतएव तदनुसार ही संक्रमकी प्रवृत्ति जाननी चाहिए।

* यह प्ररूपणा जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थानकी अर्थपदभूत है।

§ ६६१. यह अनन्तर पूर्व कही गई प्ररूपणा जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थानके स्वरूपका निश्चय करनेके लिए अर्थपदभूत है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अब इस प्रकार कहे गये

मट्ठपवभूदा त्ति भणिदं होइ। संपहि एवं परूविदमट्ठपदमस्सिऊण पयदजहण्णसामित्त-विहासणट्ठमुत्तरो सुत्तपबंधो—

※ एदाए परूवणाए मिच्छत्तस्स जहण्णिया वड्ढी हाणी अवट्ठाणं वा कस्स ?

§ ६६२. सुगममेदं पुच्छासुत्तं। णेदमेत्थासंकणिज्जं, पुव्वमेव मिच्छत्तजहण्णवड्ढिसामित्त-विसयपुच्छाणिद्देसस्स कयत्तादो पुणरुत्तण्णासो णिरत्थओ त्ति। कुदो ? अत्थपरूवणाए अंतरिदस्स तस्सेव संभालणट्ठं पुणरुत्तण्णासे दोसाभावादो पुव्विल्लपुच्छाणिद्देसेणा-संगहियाणं हाणि-अवट्ठाणसामित्ताणमेत्थ संगहोवलंभादो च।

※ जम्हि तप्पाओग्गजहण्णगेण संकमेण से काले अवट्ठिदसंकमो संभवदि तम्हि जहण्णिया वड्ढी वा हाणी वा से काले जहण्णयमवट्ठाणं।

§ ६६३. जम्हि विसए तप्पाओग्गजहण्णएण संकमेण परिणदस्स से काले अवट्ठिद-संकमपरिणामसंभवो तम्हि विसए पयदजहण्णसामित्तमणुगंतव्वं। कम्हि पुण विसये

अर्थपदका आश्रय कर प्रकृत जघन्य स्वामित्वका व्याख्यान करनेके लिए आगेका सूत्र प्रबन्ध कहते हैं—

※ इस प्ररूपणाके अनुसार मिथ्यात्वकी जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थान किसके होता है ?

§ ६६२. यह पृच्छासूत्र सुगम है। यहाँ पर यह शंका नहीं करनी चाहिए कि मिथ्यात्वकी जघन्य वृद्धिके स्वामित्वसम्बन्धी पृच्छाका निर्देश पूर्वमें ही कर आये हैं, इसलिए उसका पुनः उपन्यास करना निरर्थक है, क्योंकि अर्थप्ररूपणाके द्वारा व्यवधानको प्राप्त हुए उक्त कथनकी सम्हाल करनेके लिए पुनः उपन्यास करनेमें कोई दोष नहीं है तथा पूर्वमें किये पृच्छानिर्देशके द्वारा संगृहीत नहीं किये गये हानि और अवस्थानसम्बन्धी स्वामित्वका यहाँ पर संग्रह उपलब्ध होता है, इसलिए भी कोई दोष नहीं है।

※ जहाँ पर तत्प्रायोग्य जघन्य संक्रमसे तदनन्तर समयमें अवस्थान संक्रम सम्भव है वहाँ पर जघन्य वृद्धि या जघन्य हानि तथा तदनन्तर समयमें जघन्य अवस्थान होता है।

§ ६९६. किं कारणं ? उव्वेल्लणकालब्भंतरे गलिदसेसदव्वस्स चरिमुव्वेल्लणकंडदुयचरिमफालीए लद्धुक्कस्सभावत्तादो । जइ वि सव्वत्थोवमेदं तो वि असंखेज्जसमयपबद्धपमाणमिदि घेत्तव्वं, गुणसंकमभागहारगुणिदुव्वेल्लणकालब्भंतरणाणागुणहाणिसलागण्णोण्णब्भत्थरासीदो समयपबद्धगुणगारभूददिवड्ढगुणहाणीए तंतजुत्तिबलेणासंखेज्जगुणत्तदंसणादो ।

❀ हाणी असंखेज्जगुणा ।

§ ६९७. कुदो ? मिच्छत्तं गयस्स विदियसमयम्मि अधापवत्तसंकमेण पडिलद्धुक्कस्सभावत्तादो । अधापवत्तभागहारादो उव्वेल्लणकालब्भंतरणाणागुणहाणिसलागअण्णोण्णब्भंत्थरासीए असंखेज्जगुणत्तदंसणादो णेदमेत्थासंकणिज्जं, पढमसमयअधापवत्तसंकमादो बिदियसमयअधापवत्तदव्वे सोहिदे सुद्धसेसमेत्तमुक्कस्सहाणिसामित्तविसईकयदव्वं होइ । तं च सुद्धसेसदव्वमेत्तियमिदि परिप्फुडं ण णव्वदे । तदो असंखेज्जसमयपबद्धावच्छिण्णपमाणादो पुव्विल्लादो एदस्सासंखेज्जगुणत्तं संदिद्धमिदि । किं कारणं ? सुद्धसेसदव्वम्मि

भी कहना चाहिए, क्योंकि पूर्वोक्त कथनसे इसमें कोई विशेषता नहीं है । किन्तु इतनी विशेषता है कि उपशामक जीवके अन्तिम समयमें गुणसंक्रमके साथ मरकर देवोंमें उत्पन्न होनेके प्रथम समयमें होता है, इसलिए उसके अनुसार गुणकारका कथन करना चाहिए ।

*** सम्यक्त्वकी उत्कृष्ट वृद्धि सबसे स्तोक होती है ।**

§ ६९६. क्योंकि उद्वेलनाकालके भीतर गलकर शेष बचे हुए द्रव्यका अन्तिम उद्वेलना काण्डककी अन्तिम फालिमें प्राप्त हुआ उत्कृष्टपना प्राप्त होता है । यद्यपि यह सबसे स्तोक है तो भी यह असंख्यात समयप्रबद्धप्रमाण है ऐसा ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि गुणसंक्रमभागहार द्वारा गुणित उद्वेलना कालके भीतर नाना गुणहानि शलाकाओंकी अन्योन्याभ्यस्तराशिसे समयप्रबद्धकी गुणकारभूत डेढ़ गुणहानि आगम और युक्तिके बलसे असंख्यातगुणी देखी जाती है ।

*** उससे हानि असंख्यातगुणी है ।**

§ ६९७. क्योंकि मिथ्यात्वको प्राप्त हुए जीवके दूसरे समयमें अधःप्रवृत्तसंक्रमके द्वारा उत्कृष्टपना प्राप्त होता है । यदि कहो कि अधःप्रवृत्तसंक्रम भागहारसे उद्वेलनाकालके भीतर नाना गुणहानिशलाकाओंकी अन्योन्याभ्यस्त राशि असंख्यातगुणी देखी जाती है सो यहाँ पर ऐसी आशंका करना ठीक नहीं है, क्योंकि प्रथम समयके अधःप्रवृत्तसंक्रममेंसे दूसरे समयके अधःप्रवृत्तसंक्रमके द्रव्यके घटाने पर जो शुद्ध शेष रहे उतना उत्कृष्ट हानिके स्वामित्व द्वारा विषय किया गया द्रव्य है और वह शुद्ध शेष बचा हुआ द्रव्य इतना है यह स्पष्टरूपसे नहीं जाना जाता है । अतएव असंख्यात समयप्रबद्धरूपसे अवच्छिन्न प्रमाणवाले पहलेके द्रव्यसे यह असंख्यातगुणा

वि तत्तो असंखेज्जगुणाणमसंखेज्जसमयपबद्धाणं परिप्फुडमेवोपलंभादो। तं जहा—

§ ६९८. दिवड्ढगुणहाणिगुणिदसमयपबद्धमेगं ठविय गुणसंकमभागहारेण अधापवत्त-भागहारेण च तम्मि ओवट्टिदे पढमसमयअधापवत्तसंकमो होइ। पुणो विदियसमय-अधापवत्तसंकमदव्वमिच्छिय तस्सेव असंखेज्जे भागे ठविय अधापवत्तभागहारेणोवट्टिदे विदियसमयअधापवत्तसंकमदव्वमागच्छदि। एवं हिदि त्ति पुव्विल्लदव्वादो एदम्मि दव्वे सोहिदे सुद्धसेसमधापवत्तभागहारवग्गेण गुणसंकमभागहारेण च खंडिद दिवड्ढगुणहाणि-मेत्तसमयपबद्धपमाणं होइ। जेणेसो अधापवत्तभागहारवग्गो उव्वेल्लणणाणागुणहाणि-अण्णोण्णब्भत्थरासीदो असंखेज्जगुणहीणो तेणुक्कस्सवड्ढीदो उक्कस्सिया हाणी असंखेज्ज-गुणा त्ति ण विरुज्झदे। कधमधापवत्तभागहारवग्गादो उव्वेल्लणणाणागुणहाणिअण्णोण्ण-ब्भत्थरासीए असंखेज्जगुणत्तावगमो त्ति णासंकणीयं, एदम्हादो चेव सुत्तादो तदवगमोव-लद्धीदो।

* सम्मामिच्छत्तस्स सव्वत्थोवा उक्कस्सिया हाणी।

§ ६९९. कुदो? अधापवत्तसंकमादो विज्झादसंकमे पदिदपढमसमयसम्माइट्ठिम्मि किंचूणअधापवत्तसंकमदव्वमेत्तुक्कस्सहाणिभावेण परिग्गहादो।

है यह बात संदिग्ध है, क्योंकि शुद्ध शेष द्रव्यमें भी उससे असंख्यातगुणे असंख्यात समयप्रबद्धों की स्पष्टरूपसे उपलब्धि होती है। यथा—

§ ६९८. डेढ़ गुणहानिसे गुणित एक समयप्रबद्धको स्थापित कर गुणसंक्रमभागहार और अधःप्रवृत्तभागहारके द्वारा उसे भाजित करने पर प्रथम समयका अधःप्रवृत्तसंक्रम द्रव्य होता है। पुनः द्वितीय समयके अधःप्रवृत्तसंक्रम द्रव्यको लानेकी इच्छासे उसके असंख्यात बहुभागको स्थापित कर अधःप्रवृत्तभागहारसे भाजित करने पर द्वितीय समयसम्बन्धी अधःप्रवृत्तसंक्रम द्रव्य आता है। इस प्रकार है, इसलिए पहलेके द्रव्यमेंसे इस द्रव्यके घटा देने पर जो शुद्ध रहे उसका प्रमाण अधःप्रवृत्तभागहारके वर्ग और गुणसंक्रम भागहारसे डेढ़ गुणहानिप्रमाण समयप्रबद्धोंके भाजित करने पर जो लब्ध आवे उतना होता है। यतः यह भागहारका वर्ग पहले की नाना गुणहानियोंकी अन्योन्याभ्यस्तराशिसे असंख्यातगुणा हीन है, इसलिए उत्कृष्ट वृद्धिसे उत्कृष्ट हानि असंख्यातगुणी है यह बात विरोधको प्राप्त नहीं होती।

शंका—अधःप्रवृत्तभागहारके वर्गसे उद्वेलना सम्बन्धी नाना गुणहानियोंकी अन्योन्या-भ्यस्तराशि असंख्यातगुणी है यह कैसे जाना जाता है?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि इसी सूत्रसे उसका ज्ञान होता है।

* सम्यग्मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट हानि सबसे स्तोक है।

§ ६९९. क्योंकि अधःप्रवृत्तसंक्रमसे विध्यातसंक्रमको प्राप्त हुए प्रथम समयवर्ती सम्यग्दृष्टि जीवके कुछ कम अधःप्रवृत्तसंक्रम द्रव्यको उत्कृष्ट हानिरूपसे ग्रहण किया है।

* उक्कस्सिया वड्ढी असंखेज्जगुणा ।

§ ७००. कुदो ? दंसणमोहक्खवणाए सव्वसंकमेण तदुक्कस्ससामित्तपडिलंभादो ।

* एवमित्थि-णवुंसयवेद-हस्स[1] -रइ-अरइ-सोगाणं ।

§ ७०१. जहा सम्मामिच्छत्तस्स उक्कस्सहाणि-वड्ढीणमप्पाबहुअं कयं एवमेदेसिं पि कम्माणं कायव्वं विसेसाभावादो । तं जहा—सव्वत्थोवा उक्कस्सिया हाणी । किं कारणं, उवसामगचरिमसमयगुणसंकमादो पढमसमयदेवस्स अधापवत्तसंकमदव्वे सोहिदे सुद्ध-सेसपमाणत्तादो । णवरि इत्थि-णवुंसयवेदाणं विज्झादसंकमदव्वं सोहेयव्वं । वड्ढी असंखे-ज्जगुणा । कुदो ? खवगचरिमफालीए सव्वसंकमेण तदुक्कस्ससामित्तपडिलंभादो ।

* कोहसंजलणस्स सव्वत्थोवा उक्कस्सिया वड्ढी ।

§ ७०२. तं जहा-चिराणसंतकम्मदुचरिमसमयअधापवत्तसंकमदव्वे सव्वसंकमदव्वादो सोहिदे सुद्धसेसमेत्तमुक्कस्सवड्ढिविसईकयदव्वं होइ । एदं सव्वत्थोवमिदि भणिदं ।

* हाणी अवट्ठाणं च विसेसाहियं ।

---

* उससे उत्कृष्ट वृद्धि असंख्यातगुणी है ।

§ ७००. क्योंकि दर्शनमोहनीयकी क्षपणामें सर्वसंक्रमके द्वारा उसका उत्कृष्ट स्वामित्व प्राप्त होता है ।

* इसी प्रकार स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, हास्य, रति, अरति और शोकका अल्पबहुत्व जानना चाहिए ।

§ ७०१. जिस प्रकार सम्यग्मिथ्यात्व की उत्कृष्ट हानि और वृद्धि का अल्पबहुत्व किया है उसी प्रकार इन कर्मोंका भी करना चाहिए क्योंकि उससे इसमें कोई विशेषता नहीं है । यथा—उत्कृष्ट हानि सबसे स्तोक है, क्योंकि उपशामकके अन्तिम समय सम्बन्धी गुणसंक्रमद्रव्यमेंसे प्रथम समयवर्ती देवके अधःप्रवृत्तसंक्रम द्रव्यके घटा देने पर जो शुद्ध शेष रहे उतना उसका प्रमाण है । किन्तु इतनी विशेषता है कि स्त्री और नपुंसकवेदकी अपेक्षा विध्यात संक्रमके द्रव्यको घटाना चाहिए । उससे वृद्धि असंख्यात गुणी होती है, क्योंकि क्षपककी अन्तिम फालिमें सर्व संक्रमके द्वारा उसका उत्कृष्ट स्वामित्व उपलब्ध होता है ।

* क्रोधसंज्वलनकी उत्कृष्ट वृद्धि सबसे स्तोक होती है ।

§ ७०२. यथा—प्राचीन सत्कर्ममेंसे द्विचरम समय सम्बन्धी अधःप्रवृत्तसंक्रम द्रव्यको सर्वसंक्रामकद्रव्यमें से घटा देने पर जो शुद्ध शेष बचे उतना उत्कृष्ट वृद्धिके द्वारा विषय किया हुआ द्रव्य होता है । यह सबसे स्तोक है यह कहा है ।

* उससे हानि और अवस्थान विशेष अधिक है ।

---

१. दि०प्रतौ—वेदस्स हस्स-इति पाठः ।

§ ७०३. एत्थ कारणं वुच्चदे—सव्वसंकमादो तदणंतरसमयतप्पाओग्गजहण्ण-णवकबंधसंकमदव्वे सोहिदे सुद्धसेसमुक्कस्सहाणिपमाणं होइ। एदं चेवुक्कस्सावट्ठाणपमाणं पि, से काले तत्तियं चेव संकामेमाणयम्मि तदविरोहादो। एदं च पुव्विल्लदव्वादो विसेसाहियं, तत्थ सोहिज्जमाणदुचरिमसमयअधापवत्तसंकमदव्वादो[1] एत्थ सोहिज्जमाणणवकबंधसंकमस्स संखेज्जगुणहीणत्तदंसणादो।

※ एवं माण-मायासंजलण-पुरिसवेदाणं।

§ ७०४. सुगममेदमप्पणासुत्तं।

※ लोहसंजलणस्स सव्वत्थोवमुक्कस्समवट्ठाणं।

§ ७०५. किं पमाणमेदमवट्ठिददव्वं? असंखेज्जसमयपबद्धपमाणमेदं। किं कारणं? तप्पाओग्गुक्कस्सअधापवत्तसंकमेण वड्ढिदूणावट्ठिदम्मि वड्ढिणिमित्तमूलदव्वेण सहावट्ठाणब्भुवगमादो। तदो दिवड्ढगुणहाणिमेत्तसमयपबद्धाणमधापवत्तभागहारपडिभागेणासंखेज्जदिभागमेत्तं होदूण सव्वत्थोवमेदं ति घेत्तव्वं।

※ हाणी विसेसाहिया।

---

§ ७०३. यहाँ पर कारणका कथन करते हैं—सर्वसंक्रमसे तदनन्तर समयमें हुए तत्प्रायोग्य जघन्य नवकबन्ध सम्बन्धी संक्रमद्रव्यके घटाने पर जो शुद्ध शेष बचे उतनी उत्कृष्ट हानिका प्रमाण होता है और यही उत्कृष्ट अवस्थानका प्रमाण भी होता है, क्योंकि तदनन्तर समयमें उतने ही द्रव्यका संक्रम कराने पर अवस्थान द्रव्यके उतने ही प्राप्त होने में कोई विरोध नहीं आता। और यह पहलेके द्रव्यसे विशेष अधिक है, क्योंकि वहाँ पर घटाये गये द्विचरम समयसम्बन्धी अधःप्रवृत्तसंक्रमद्रव्यमें यहाँ पर घटाये जानेवाले नवकबन्धका संक्रम संख्यातगुणा हीन देखा जाता है।

* इसी प्रकार मानसंज्वलन, मायासंज्वलन और पुरुषवेदका अल्पबहुत्व जानना चाहिए।

§ ७०४. यह अर्पणासूत्र सुगम है।

* लोभसंज्वलनका उत्कृष्ट अवस्थान सबसे स्तोक है।

§ ७०५. शंका—इस अवस्थित द्रव्यका क्या प्रमाण है?

समाधान—इसका प्रमाण असंख्यात समयप्रबद्ध है, क्योंकि तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट अधःप्रवृत्तसंक्रमके द्वारा बढ़कर अवस्थित होनेपर वृद्धिके निमित्तभूत मूलद्रव्यके साथ अवस्थान स्वीकार किया है। इसलिए डेढ़ गुणहानिप्रमाण समयप्रबद्धोंका अधःप्रवृत्त भागहार द्वारा प्रतिभागरूपसे असंख्यातवाँ भाग होकर यह सबसे स्तोक है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए।

* उससे हानि विशेष अधिक है।

---

1 आ. प्रतौ-संकमादो दव्वादो इति पाठः।

§ ७०६. किं कारणं ? उवसमसेढीए सव्वुक्कस्सगुणसंकमदव्वं पडिच्छिय कालं कादूण देवेसुववण्णस्स समयाहियावलियाए अणूणाहियतकालमावे अधापवत्तसंकमेण हाणिववहारब्भुवगमादो। हीयमाणसंकमदव्वे पमाणत्तेण घेप्पमाणे को एत्थ दोसो चे ? ण, तहावलंबिज्जमाणे पुव्विल्लावट्ठाणदव्वादो एदस्स विसेसाहियत्तं मोत्तूणासंखेज्जगुणहीणत्तप्पसंगादो। ण चेदमसिद्धं, हीयमाणदव्वाणयणट्ठं दिवड्ढगुणहाणीए अधापवत्तभागहारवग्गस्स पडिभागदंसणादो। तं जहा—उवसामगचरिमसमयसव्वुक्कस्सगुणसंकमदव्वेण सह दिवड्ढगुणहाणिमेत्तसमयपबद्धे ठविय तेसिमधापवत्तभागहारेणोवट्टणाए कदाए आवलियोववण्णदेवस्स तप्पाओग्गुक्कस्सअधापवत्तसंकमदव्वमागच्छदि। पुणो तमेगभागं मोत्तूण सेसबहुभागे घेत्तूण अण्णेण अधापवत्तभागहारेण भागे हिदे भागलद्धमेत्तं समयाहियावलियदेवस्स हाणिसामित्तविसयमधापवत्तसंकमदव्वं होइ। पुणो पुव्विल्लदव्वादो कयसरिसच्छेदादो एदम्मि दव्वे सोहिदे सुद्धसेसदव्वमागच्छदि। तं पुण पुव्वसमयसंकमदव्वं अधापवत्तभागहारेण खंडिदे तत्थेयखंडमेत्तं होइ। तदो सुद्धसेसदव्वाणयणट्ठं अधापवत्तभागहारवग्गो दिवड्ढगुणहाणीए पडिभागो त्ति सिद्धं। तम्हा सेसदव्वावलंबणे विसेसाहियत्तमेदस्स ण संभवदि त्ति अणूणाहियसामित्तसमयसंकमदव्वमेव घेत्तूण विसेसाहियत्तमेवमणुगंतव्वं। तं कधं ? अवट्ठाणसंकमो णाम सत्थाणगुणिदकम्मंसियस्स तप्पाओग्गुक्कस्स-

---

§ ७०६. क्योंकि उपशम श्रेणिमें सर्वोत्कृष्ट गुणसंक्रमद्रव्यको संक्रमित कर तथा मरकर देवोंमें उत्पन्न हुए जीवके एक समय अधिक एक आवलिकाल होने पर न्यूनाधिकतासे रहित अधःप्रवृत्तसंक्रमके द्वारा हानिव्यवहार स्वीकार किया है।

शंका—हीयमान द्रव्यको प्रमाणरूपसे ग्रहण करने पर यहाँ पर क्या दोष है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि प्रमाणके विषयरूपसे अवलम्बन करने पर पहलेके अवस्थानद्रव्यसे यह विशेषाधिक न होकर संख्यातगुणा हीन प्राप्त होता है। और यह असिद्ध भी नहीं है, क्योंकि हीयमान द्रव्य लानेके लिए डेढ़ गुणहानि अधःप्रवृत्त भागहारके वर्गका प्रतिभाग देखा जाता है। यथा—उपशामकके अन्तिम समयमें सर्वोत्कृष्ट गुणसंक्रम द्रव्यके साथ डेढ़गुणहानिप्रमाण समयप्रबद्धोंको स्थापितकर उनके अधःप्रवृत्तसंक्रम भागहारसे भाजित करने पर देवोंमें उत्पन्न होनेके एक आवलिके अन्तमें तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट अधःप्रवृत्तसंक्रम द्रव्य आता है। पुनः उसमेंसे एक भागको छोड़कर शेष बहुभागको ग्रहणकर अन्य अधःप्रवृत्तभागहारके द्वारा भाजित करने पर जो एक भाग लब्ध आवे उतना देवके एक समय अधिक एक आवलिके अन्तमें हानिसम्बन्धी स्वामित्वविषयक अधःप्रवृत्तसंक्रम द्रव्य होता है। पुनः पहलेके द्रव्यमें से समान छेद करके इस द्रव्यके घटाने पर शुद्ध शेष द्रव्य आता है। परन्तु वह पूर्व समयके संक्रमद्रव्यको अधःप्रवृत्तभागहारके द्वारा भाजित करने पर वहाँ एक खण्डप्रमाण होता है, इसलिए शुद्ध शेष द्रव्यको लानेके लिए अधःप्रवृत्तभागहारका वर्ग डेढ़गुणहानिका प्रतिभाग होता है यह सिद्ध हुआ। इसलिए शेष द्रव्यका अवलम्बन करने पर इसका विशेष अधिकपना सम्भव नहीं है, अतः न्यूनाधिकतासे रहित स्वामित्व समयभावी संक्रमद्रव्यको ही ग्रहण कर विशेषाधिकपना ही जानना चाहिए।

संतकम्मविसयत्तेण पडिलद्धुक्कस्सभावो। हाणिसंकमो पुण गुणिदकम्मंसियसत्थाणुक्कस्ससंतकम्मादो गुणसंकमलाहवसेण विसेसाहियउवसमसेढिणिबंधणुक्कस्ससंतकम्मपडिबद्धो। तेण विसेसाहियत्तमेदस्स तत्तो ण विरुज्झदे, विसेसाहियसंतकम्मविसयसंकमस्स वि तहाभावसिद्धीए विरोहाभावादो। तम्हा णिज्जरापरिसुद्धगुणसंकमलाहस्सासंखेज्जभागमेत्तविसेसाहियपमाणमिदि घेत्तव्वं। संपहि एदमेव णयमस्सिऊण वड्ढीए विसेसाहियत्तपदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तमाह।

* वड्ढी विसेसाहिया।

§ ७०७. केत्तियमेत्तो एत्थ विसेसो? खवगगुणसंकमलाहस्सासंखेज्जभागमेत्तो। किं कारणं? उभयत्थ अणूणाहियअधापवत्तसंकमेण सामित्तपडिलंभे समाणे संते उवसमसेढिगुणसंकमलाहादो असंखेज्जगुणखवगसंकमलाहमेत्तेणुक्कस्सवड्ढिविसयसंतकम्मस्स विसेसाहियत्तदंसणादो। ण च विसेसाहियसंतकम्मादो समुप्पण्णसंकमस्स विसेसाहियत्तमसिद्धं, कारणाणुसारिकज्जपवुत्तीए सव्वत्थ पडिबंधाभावादो। कारणे कज्जुवयारेण वा अवट्ठाणादिसंकमणिबंधणसंतकम्माणमेवेदमप्पाबहुअमिदि वा पयदत्थसमत्थणा कायव्वा, विरोहाभावादो। सव्वत्थ सुद्धसेसदव्वालंबणेणप्पाबहुअपरूवणं काऊण एत्थ पयारंतरावलंबणे

शंका—यह कैसे ?

समाधान—स्वस्थान गुणितकर्मांशिक जीवके तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट सत्कर्म विषयरूपसे जो उत्कृष्टता प्राप्त होती है वह अवस्थान संक्रम है। परन्तु गुणितकर्मांशिकके स्वस्थान उत्कृष्ट सत्कर्मकी अपेक्षा गुणसंक्रमरूप लाभके कारण उपशमश्रेणिनिमित्तक विशेष अधिक उत्कृष्ट सत्कर्मसे सम्बन्ध रखनेवाला हानिसंक्रम है, इसलिए उससे इसका विशेष अधिकपना विरोधको नहीं प्राप्त होता, क्योंकि विशेष अधिक सत्कर्मविषयक संक्रमके भी उस प्रकारसे सिद्ध होनेमें कोई विरोध नहीं आता। इसलिए निर्जरा परिशुद्ध गुणसंक्रम सम्बन्धी लाभके असंख्यातवें भागमात्र विशेषाधिकका प्रमाण है ऐसा यहाँ पर ग्रहण करना चाहिए। अब इसी नयका आश्रय लेकर वृद्धिके विशेष अधिकपनेका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* उससे वृद्धि विशेष अधिक होती है।

§ ७०७. शंका—यहाँ पर विशेषका प्रमाण कितना है ?

समाधान—क्षपकके गुणसंक्रम सम्बन्धी लाभके असंख्यातवें भाग प्रमाण है, क्योंकि उभयत्र न्यूनाधिकतासे रहित अधःप्रवृत्तसंक्रमके द्वारा स्वामित्वकी प्राप्ति समान होने पर उपशमश्रेणिमें प्राप्त हुए गुणसंक्रमविषयक लाभसे क्षपकसम्बन्धी असंख्यातगुणे संक्रमविषयक जो लाभ है उतनी वृद्धिविषयक सत्कर्ममें विशेषाधिकता देखी जाती है। और विशेष अधिक सत्कर्मसे उत्पन्न हुए संक्रमकी विशेष अधिकता असिद्ध है यह बात भी नहीं है, क्योंकि सर्वत्र कारणके अनुसार कार्यकी प्रवृत्ति होनेमें कोई रुकावट नहीं है। अथवा कारणमें कार्यका उपचार कर अवस्थानादि संक्रमकारणक सत्कर्मोंका ही यह अल्पबहुत्व है ऐसा प्रकृत अर्थका समर्थन करना चाहिए, क्योंकि ऐसा अर्थ करनेमें विरोधका अभाव है। सर्वत्र शुद्ध शेष द्रव्यका अवलम्बन कर अल्पबहुत्वका

पुव्वावरविरोहो होइ त्ति ण पच्चवट्ठेयं, जत्थ जहावलंबिज्जमाणे सुत्तविरोहो ण होइ, तत्थ तहा वक्खाणावलंबणादो। अथवा सुद्धसेसदव्वावलंबणे वि जहा विसेसाहियत्तं ण विरुज्झदे तहा वक्खाणेयव्वं, सुहुमदिट्ठीए णिहालिज्जमाणे तत्थ विसेसाहियत्तं मोत्तूण पयारंतराणुवलंभादो। एसो एत्थ[1] परमत्थो। एवमोघेणुक्कस्सप्पाबहुअं परूविदं। एदीए दिसाए आदेसपरूवणा वि कायव्वा।

तदो उक्कस्सप्पाबहुअं समत्तं।

ॐ एत्तो जहण्णयं।

§ ७०८. एत्तो उवरि जहण्णयमप्पाबहुअं वत्तइस्सामो त्ति पइण्णावक्कमेदं। तस्स दुविहो णिद्देसो ओघादेसभेएण। तत्थोघपरूवणा ताव कीरदे, तत्तो चेव देसामासयभावेणादेसपरूवणावगयोववत्तीदो।

ॐ **मिच्छत्त[2]-सोलसकसाय-पुरिसवेद-भय-दुगुंछाणं जहण्णिया वड्ढी हाणी अवट्ठाणं च तुल्लाणि।**

§ ७०९. कुदो ? एदेसिं कम्माणमेगसंतकम्मपक्खेवावलंबणेण जहण्णवड्ढि-हाणि-अवट्ठाणाणं सामित्तपडिलंभादो।

कथन किया जाता है। किन्तु यहाँ पर प्रकारान्तरका अवलम्बन करने पर पूर्वापरका विरोध होता है सो ऐसा निश्चय नहीं करना चाहिए, क्योंकि जहाँ पर जिस प्रकारसे अवलम्बन करने पर सूत्र विरोध नहीं होता है वहाँ पर उस प्रकारके व्याख्यानका अवलम्बन लिया है। अथवा शुद्ध शेष द्रव्यका अवलम्बन करने पर भी जिस प्रकार विशेषाधिकपना विरोधको नहीं प्राप्त होवे उस प्रकार व्याख्यान करना चाहिए, क्योंकि सूक्ष्म दृष्टिसे देखने पर वहाँ पर विशेषाधिकपनेको छोड़कर दूसरा प्रकार उपलब्ध नहीं होता। यह यहाँ पर परमार्थ है। इस प्रकार ओघसे उत्कृष्ट अल्पबहुत्वका कथन किया। इसी पद्धतिसे आदेशप्ररूपणा भी करनी चाहिए।

इसके बाद उत्कृष्ट अल्पबहुत्व समाप्त हुआ।

* आगे जघन्य अल्पबहुत्वका प्रकरण है।

§ ७०८. इसके आगे जघन्य अल्पबहुत्वको बतलाते हैं इस प्रकार यह प्रतिज्ञावाक्य है। ओघ और आदेशके भेदसे उसका निर्देश दो प्रकारका है। उसमें सर्व प्रथम ओघप्ररूपणा करते हैं, क्योंकि उसीके द्वारा देशामर्षकभावसे आदेशप्ररूपणाका ज्ञान हो जाता है।

* **मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पुरुषवेद, भय और जुगुप्साकी जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थान तुल्य हैं।**

§ ७०९. क्योंकि इन कर्मोंके एक सत्कर्म प्रक्षेपका अवलम्बन करनेसे जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थानका स्वामित्व प्राप्त होता है।

१ आ. प्रतौ एसोत्थ ता. प्रतौ एसो [ए] त्थ- इति पाठः। २. ता० प्रतौ मिच्छत्त [स] सोलस-[आ०] प्रतौ मिच्छत्तस्स सोलस-इति पाठः।

* सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं सव्वत्थोवा जहण्णिया हाणी ।

§ ७१०. कि कारणं [illegible] पडिवद्ध [illegible]ादो ।

* वड्ढी असंखेज्जगुणा ।

§ ७११. कुदो ? [illegible] असंखेज्जगुण-[illegible] [illegible]दो ।

* इत्थि-णवुंसयवेद-हस्स-रइ-अरइ-सोगाणं सव्वत्थोवा जहण्णिया हाणी ।

§ ७१२. कि कारणं ? [illegible] [illegible]ादो ।

* वड्ढी विसेसाहिया ।

* सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी जघन्य हानि सबसे स्तोक है ।

§ ७१०. क्योंकि [illegible] है ।

* इससे वृद्धि असंख्यातगुणी है ।

§ ७११. क्योंकि [illegible] है । [illegible] जाता है ।

* स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, हास्य, रति, अरति और शोककी जघन्य हानि सबसे स्तोक है ।

§ ७१२. क्योंकि [illegible] पाया जाता है ।

* उससे वृद्धि विशेष अधिक है ।

§ ७१३. किं कारणं ? पुव्वुत्तेणेव कमेणागंतूण सण्णिपंचिंदिएसु अप्पप्पणो पडिवक्खबंधगद्धं गालिय सगबंधपारंभादो समयाहियावलियाए वट्टमाणस्स पुव्विल्लसंतादो विसेसाहियसंतकम्मविसयत्तेण पडिवण्णजहण्णभावत्तादो। एवमोघपरूवणा समत्ता। एत्तो आदेसपरूवणा च विहासियव्वा।

तदो पदणिक्खेवो समत्तो।

❀ वड्ढीए तिण्णि अणियोगद्दाराणि समुक्कित्तणा सामित्तमप्पाबहुअं च।

§ ७१४. एत्तो पदेससंकमस्स वड्ढी कायव्वा। तत्थ समुक्कित्तणादीणि तिण्णि अणियोगद्दाराणि णादव्वाणि भवंति। अण्णत्थ वड्ढीए तेरस अणियोगद्दाराणि कथमेत्थ तेसिमंतब्भावो ? ण, देसामासयभावेणेत्थ तेसिमंतब्भावदंसणादो।

❀ समुक्कित्तणा।

§ ७१५. जुगवं वोत्तुमसत्तीदो पढमं ताव समुक्कित्तणा कायव्वा त्ति भणिदं होइ। तत्थोघादेसभेएण दुविहणिद्देससंभवे ओघसमुक्कित्तणं ताव कुणमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ।

❀ मिच्छत्तस्स अत्थि असंखेज्जभागवड्ढिहाणी असंखेज्जगुणवड्ढिहाणी अवट्ठाणमवत्तव्वयं च।

---

§ ७१३. क्योंकि पूर्वोक्त क्रमसे ही आकर संज्ञी पञ्चेन्द्रियोंमें अपने अपने प्रतिपक्ष बन्धक कालको गलाकर अपने बन्धके प्रारम्भ होनेसे लेकर एक समय अधिक एक आवलिके अन्तमें विद्यमान हुए जीवके पहलेके सत्कर्मसे विशेष अधिक सत्कर्मके विषयरूपसे जघन्यपना प्राप्त होता है। इस प्रकार ओघप्ररूपणा समाप्त हुई। आगे आदेशप्ररूपणाका व्याख्यान करना चाहिए।

इसके बाद पदनिक्षेप समाप्त हुआ।

* वृद्धिमें तीन अनुयोगद्वार हैं—समुत्कीर्तना, स्वामित्व और अल्पबहुत्व।

§ ७१४. आगे प्रदेशसंक्रम वृद्धि करनी चाहिए। उसमें समुत्कीर्तना आदि तीन अनुयोगद्वार जानने चाहिए।

शंका—अन्यत्र वृद्धिके तेरह अनुयोगद्वार कहे हैं इनमें उनका अन्तर्भाव कैसे होता है ?

समाधान—देशामर्षकभावसे इनमें उनका अन्तर्भाव देखा जाता है।

* समुत्कीर्तना करनी चाहिए।

§ ७१५. एक साथ सबका कथन करना शक्य न होनेसे सर्व प्रथम समुत्कीर्तना करनी चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है। उसका ओघ और आदेशसे दो प्रकारका निर्देश सम्भव है, उसमें सर्वप्रथम ओघ समुत्कीर्तना को करते हुए आगेके सूत्र प्रबन्धको कहते हैं—

* मिथ्यात्वकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि, असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि, अवस्थान और अवक्तव्यपद होते हैं।

§ ७१६. मिच्छत्तपदेससंकमविसयं एदाणि पदाणि संभवंति त्ति समुक्कित्तिदं होदि। संपहि एदेसिं पदाणं संभवविसयो गुच्चदे। तं जहा—पुव्वुप्पण्णसम्मत्तपच्छायदमिच्छाइट्ठिणा वेदयसम्मत्ते पडिवण्णे तस्स पढमावलियाए अवत्तव्वपुरस्सरो असंखेज्जभागवड्ढिसंकमो होइ। अवट्ठाणं पि तिव्वसयपरिहारेण तत्थेव दट्ठव्वं, मिच्छाइट्ठिचरिमावलियणवकबंधवसेण तत्थ तदुभयसंभवे विरोहाभावादो। पुणो सम्मत्तं घेत्तूण चिट्ठमाणस्स वेदयसम्मत्तकालब्भंतरे सव्वत्थेवासंखेज्जभागहाणी होदूण गच्छइ जाव दंसणमोहक्खवयअधापवत्तकरणचरिमसमयो त्ति। तदो अपुव्वाणियट्टिकरणेसु गुणसंकमवसेणासंखेज्जगुणवड्ढिसंकमो जायदे। अण्णं च उवसमसम्मत्तगहणपढमसमए अवत्तव्वसंकमो होदूण पुणो गुणसंकमकालब्भंतरे सव्वत्थेवासंखेज्जगुणवड्ढिसंकमो होइ, तत्थ पयारंतरासंभवादो। पुणो तत्थेव गुणसंकमादो विज्झादपडिवदणपढमसमयम्मि असंखेज्जगुणहाणी जायदे। तत्तो परमसंखेज्जभागहाणी चेव एवमेदेसिं संभवो अत्थि त्ति कादूण तेसिमेत्थ समुक्कित्तणा कदा।

* एवं बारसकसाय-भय-दुगुंछाणं।

§ ७१७. जहा मिच्छत्तस्स असंखेज्जभागवड्ढिहाणि-असंखेज्जगुणवड्ढिहाणिअवट्ठाणमवत्तव्वसंकमाणमत्थित्तं समुक्कित्तिदं एवमेदेसिं पि कम्माणं समुक्कित्तेयव्वं, विसेसा-

---

§ ७१६. मिथ्यात्वका प्रदेशसंक्रम होने पर ये पद सम्भव हैं यह कहा गया है। अब ये पद किस विषयमें सम्भव हैं यह कहते हैं। यथा—जो पहले सम्यक्त्वको उत्पन्न कर मिथ्यादृष्टि हुआ है उसके वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त करने पर उसकी प्रथम आवलिमें अवक्तव्य संक्रमपूर्वक असंख्यात भाग वृद्धि संक्रम होता है। मिथ्यात्वका परिहार कर अवस्थित पद भी वहीं पर जानना चाहिए, क्योंकि मिथ्यादृष्टिकी अन्तिम आवलिमें हुए नवकबन्धके कारण वहीं पर इन दोनोंके सम्भव होनेमें विरोध नहीं है। पुनः सम्यक्त्वको ग्रहण कर ठहरे हुए जीवके वेदकसम्यक्त्वके कालके भीतर सर्वत्र असंख्यातभाग हानि होकर जाती है जो दर्शनमोहनीयकी क्षपणा के अन्तिम समय तक होती है। इसके बाद अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरणमें गुणसंक्रमके कारण असंख्यातगुण वृद्धिसंक्रम होता है। दूसरे उपशम सम्यक्त्वको ग्रहण करनेके प्रथम समयमें अवक्तव्यसंक्रम होकर पुनः गुणसंक्रमके कालके भीतर सभी जगह असंख्यातगुणवृद्धिसंक्रम होता है, क्योंकि वहाँ पर अन्य प्रकार सम्भव नहीं है। पुनः वहीं पर गुणसंक्रमसे विध्यातसंक्रममें आने पर उसके प्रथम समयमें असंख्यातगुणहानि संक्रम होता है। उसके बाद असंख्यातभाग हानिसंक्रम ही होता है। इस प्रकार ये संक्रम सम्भव हैं ऐसा करके उनकी यहाँ पर समुत्कीर्तना की है।

* इसी प्रकार बारह कषाय, भय और जुगुप्साके विषयमें जानना चाहिए।

§ ७१७. जिस प्रकार मिथ्यात्वकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि, असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि, अवस्थित और अवक्तव्यपदके साथ प्राप्त हुए संक्रमोंके अस्तित्वकी समुत्कीर्तना की उसी प्रकार इन कर्मोंके उक्त संक्रमोंकी समुत्कीर्तना करनी चाहिए, क्योंकि कोई

भावादो । णवरि तेसिं विसयविभागो एवमणुगंतव्वो । तं जहा—असंखेज्जभागवड्ढि-हाणि अवट्ठाणाणि सत्थाणे सव्वत्थ चेव पयदकम्माणं होंति, तेसिं तत्थ पडिबंधाभावादो । अणंताणुबंधीणमसंखेज्जगुणवड्ढी विसंजोयणाए अपुव्वाणियट्टिकरणेसु होइ विज्झादसंकमादो मिच्छत्तं पडिवण्णपढमसमए वि असंखेज्जगुणवड्ढी लब्भदे, तेसिं चेवासंखेज्जगुणहाणी अधापवत्तसंकमादो सम्मत्तं घेत्तूण विज्झादसंकमे पदिदपढमसमये होइ, तत्थासंखेज्जगुण-हाणिं मोत्तूण पयारंतराणुवलंभादो । अवत्तव्वसंकमो वि तेसिं विसंजोयणापुव्वसंजोगादो आवलियादीदस्स पढमसमये होदि त्ति वत्तव्वं । अट्ठकसाय-भय-दुगुंछाणं चरित्तमोहक्ख-वणाए कसायोवसामणाए च गुणसंकमेण संकामेमाणस्स असंखेज्जगुणवड्ढी होइ । तेसिं चेव उवसमसेढीए गुणसंकमादो कालं कादूण देवेसुप्पण्णपढमसमये अधापवत्तसंकमेणा-संखेज्जगुणहाणी होइ । अण्णं च अट्ठकसायाणमधापवत्तसंकमादो संजमं संजमासंजमं वा पडिवज्जिय विज्झादसंकमे पदिदस्स पढमसमये असंखेज्जगुणहाणी होइ । एदेसिं चेव विज्झादसंकमादो हेट्ठिमगुणट्ठाणपडिवादेण अधापवत्तसंकमेण परिणदस्स पढमसमए असंखेज्जगुणवड्ढी होइ त्ति वत्तव्वं । अवत्तव्वसंकमो पुण सव्वेसिमेव सव्वोसामणपडिवाद-पढमसमए होइ त्ति घेत्तव्वं ।

विशेषता नहीं है । किन्तु इतनी विशेषता है कि उनका विषयविभाग इस प्रकार जानना चाहिए । यथा—प्रकृत कर्मोंके असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यात भागहानि और अवस्थानसंक्रम स्वस्थानमें ही होते हैं, क्योंकि उनके वहाँ होनेमें कोई रुकावट नहीं है । अनन्तानुबन्धियोंका असंख्यातगुण-वृद्धिसंक्रम विसंयोजनाके समय अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरणमें होता है । विध्यातसंक्रमसे मिथ्यात्वको प्राप्त होनेवाले जीवके प्रथम समयमें भी असंख्यातगुणवृद्धिसंक्रम प्राप्त होता है । तथा उन्हींका असंख्यातगुणहानिसंक्रम अधःप्रवृत्तसंक्रमके साथ सम्यक्त्वको ग्रहणकर विध्यातसंक्रमके प्राप्त होनेके प्रथम समयमें होता है, क्योंकि वहाँ पर असंख्यातगुणहानिको छोड़कर अन्य प्रकार नहीं उपलब्ध होता । अवक्तव्यसंक्रम भी उनका विसंयोजनापूर्वक संयोग होकर जिसका एक आवलिकाल गया है ऐसे जीवके प्रथम समयमें होता है ऐसा कहना चाहिए । आठ कषाय, भय और जुगुप्साका चारित्रमोहनीयकी क्षपणामें और कषायों की उपशामनामें गुणसंक्रमके द्वारा संक्रम करनेवाले जीवके असंख्यातगुणवृद्धिसंक्रम होता है । उन्हींका उपशमश्रेणिमें गुणसंक्रमके साथ मरकर देवोंमें उत्पन्न होनेके प्रथम समयमें अधःप्रवृत्तसंक्रमके द्वारा असंख्यातगुणहानिसंक्रम होता है । दूसरे अधःप्रवृत्तसंक्रमसे संयम और संयमासंयमको प्राप्त करके विध्यातसंक्रममें पड़े हुए जीवके प्रथम समयमें आठ कषायोंका असंख्यातगुणहानिसंक्रम होता है । तथा इन्हीं का विध्यातसंक्रमसे नीचेके गुणस्थानोंमें गिरनेसे अधःप्रवृत्तसंक्रमरूपसे परिणत हुए जीवके प्रथम समयमें असंख्यातगुणवृद्धिसंक्रम होता है ऐसा कहना चाहिये । परन्तु अवक्तव्यसंक्रम सभी कर्मों का सर्वोपशामनासे गिरनेके प्रथम समयमें होता है ऐसा ग्रहण करना चाहिए ।

❀ एवं सम्मामिच्छत्तस्स वि, णवरि अवट्ठाणं णत्थि ।

§ ७१८. सम्मामिच्छत्तस्स वि एवं चेव समुक्कित्तणा कायव्वा, असंखेज्जभागवड्ढि-हाणिआदिपदाणमत्थित्तं पडि विसेसाभावादो । विसेसो दु सम्मामिच्छत्तस्सावट्ठाणसंकमो णत्थि त्ति णायव्वो । संपहि एदेसिं पदाणं संभवविसयो परूविज्जदे । तं जहा—उवसमसम्माइट्ठिम्मि गुणसंकमादो विज्झादे पदिदम्मि तव्विदियसमयप्पहुडि जाव उवसमसम्मत्तकालो ताव णिरंतरमसंखेज्जभागवड्ढी चेव होइ । किं कारणं, वयादो तत्थायाहियत्तदंसणादो । तं जहा—दिवड्ढगुणहाणिमेत्तसमयपबद्धेसु गुणसंकमभागहारेण विज्झादभागहारपदुप्पण्णेणोवट्टिदेसु सम्मामिच्छत्तादो ससम्मत्तं गच्छमाणदव्वं होइ । एसो सम्मामिच्छत्तस्स वयो । आयो पुण एत्तो असंखेज्जगुणो, विज्झादभागहारेण मिच्छत्तसयलदव्वे खंडिदे तत्थेयखंडपमाणत्तादो । तदो एवं, तदो आयादो वये परिसोहिदे सुद्धसेसमेत्तेण सगमूलदव्वस्सासंखेज्जदिभागभूदेण पडिसमयसम्मामिच्छत्तसंतकम्मस्स तत्थ वड्ढी होइ त्ति तदणुसारिणो संकमस्स वि तहाभावोववत्तीदो सिद्धमसंखेज्जभागवड्ढिविसयो एसो त्ति । जइ एवं भुजगाराणियोगद्दारे एसो वि विसयो भुजगारसंकमस्स कायव्वो । ण च सुत्ते तहा परूवणा अत्थि, उव्वेल्लणाचरिमखंडयसम्मत्तुप्पत्तिगुणसंकमदंसणमोहक्खवणगुणसंकमविसयत्तेण तत्थ तिसु अद्धासु भुजगारसामित्तस्स णियामिदत्तादो ।

❀ इसी प्रकार सम्यग्मिथ्यात्वके विषयमें भी जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इसका अवस्थानसंक्रम नहीं होता ।

§ ७१८. सम्यग्मिथ्यात्वकी भी इसी प्रकार समुत्कीर्तना करनी चाहिए, क्योंकि असंख्यातभागहानि और असंख्यातभागवृद्धि आदि पदों के अस्तित्वके प्रति कोई विशेषता नहीं है । किन्तु इतनी विशेषता है कि सम्यग्मिथ्यात्वका अवस्थानसंक्रम नहीं होता ऐसा जानना चाहिए । अब इन पदोंका सम्भव विषय कहते हैं । यथा—उपशमसम्यग्दृष्टि जीवके गुणसंक्रमसे विध्यातसंक्रममें आने पर उसके दूसरे समयसे लेकर उपशमसम्यक्त्वके कालतक निरन्तर असंख्यातभागवृद्धिसंक्रम ही होता है, क्योंकि व्ययकी अपेक्षा वहाँ पर आयकी अधिकता देखी जाती है । यथा-विध्यातसंक्रमभागहारसे गुणित गुणसंक्रमभागहारके द्वारा डेढ़ गुणहानिप्रमाण समयप्रबद्धोंके भाजित करने पर सम्यग्मिथ्यात्वमेंसे यह सम्यक्त्वको प्राप्त होनेवाला द्रव्य होता है । यह सम्यग्मिथ्यात्वका व्यय है । परन्तु आय इससे असंख्यातगुणा है, क्योंकि विध्यातभागहारके द्वारा मिथ्यात्वके समस्त द्रव्यके भाजित करने पर यह एक खण्डप्रमाण होता है । यदि ऐसा है तो आयमेंसे व्ययके कम कर देने पर अपने मूल द्रव्यके असंख्यातवें भागप्रमाण शुद्ध शेष द्रव्यके आश्रयसे प्रत्येक समयमें वहाँ सम्यग्मिथ्यात्व सत्कर्मकी वृद्धि होती है, इसलिए उसका अनुसरण करनेवाला संक्रम भी उसी प्रकार बन जानेसे असंख्यातभागवृद्धिका विषयभूत यह सिद्ध हुआ ।

शंका—यदि ऐसा है तो भुजगार अनुयोगद्वारमें भुजगार संक्रमका यह विषय भी कहना चाहिए । परन्तु सूत्रमें उस प्रकारकी प्ररूपणा नहीं है, क्योंकि उद्वेलनाका अन्तिम खण्ड, सम्यक्त्वकी उत्पत्ति के समय होनेवाला गुणसंक्रम और दर्शनमोहनीयकी क्षपणाके समय होनेवाला

तदो पुव्वावरविरुद्धमेदं ति ? ण एस दोसो, असंखेज्जगुणवड्डिभुजगारस्स तत्थ पहाणभावेण विवक्खियत्तादो। ण च एसो भुजगारविसयो तत्थ ण विवक्खिओ त्ति एदस्साभावो वोत्तुं सक्किज्जदे, अप्पिदाणप्पिदसिद्धीए सव्वत्थ पडिसेहाभावादो। अथवा एदम्मि विसये अप्पयरसंकमो चेव त्ति सुत्तयाराहिप्पाओ। कुदो एदं णव्वदे ? सम्मामिच्छत्तप्पयर-संकमस्स सादिरेयछावट्ठिसागरोवमकालपरूवयसुत्तादो। अण्णहा देसूणछावट्ठिसागरो-वमकालप्पसंगादो। एवं च संते सम्मामिच्छत्तस्सासंखेज्जभागवड्ढिविसओ का होइ त्ति पुच्छिदे मिच्छत्तं गंतूण अधापवत्तसंकमं कुणमाणस्स सम्मत्ताहिमुहावत्थाए अंतोमुहुत्तकाल-ब्भंतरे परिणामवसेण असंखेज्जभागवड्ढिविसयो घेत्तव्वो। तत्थासंखेज्जभागवड्ढी होइ त्ति कुदो णव्वदे ? सम्मामिच्छत्तुक्कस्सहाणि सामित्तसुत्तादो। एवमेसो असंखेज्जभागवड्ढि-विसयो अणुमग्गिदो। असंखेज्जभागहाणि-अवत्तव्वविसयो पुण मिच्छत्तभंगेणावगंतव्वो, विसेसाभावादो। णवरि मिच्छाइट्ठिम्मि वि जाव उव्वेल्लण.दुचरिमखंडयचरिमफालि त्ति ताव असंखेज्जभागहाणिविसयो वत्तव्वो।

गुणसंक्रम इन तीनोंके विषयरूपसे वहाँ पर तीनों कालोंमें भुजगारके स्वामित्वका नियम किया है। इसलिए यह पूर्वापर विरुद्ध है ?

समाधान—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि वहाँ पर असंख्यातगुणवृद्धि भुजगारकी प्रधान रूपसे विवक्षा की है। यह भुजगारका विषय वहाँ पर विवक्षित नहीं है, इसलिए इसका अभाव कहना शक्य नहीं है, अर्पित और अनर्पित रूपसे सिद्धि होती है इसका सर्वत्र प्रतिषेधका अभाव है। अथवा इस विषयमें अल्पतरसंक्रम ही होता है ऐसा सूत्रकारका अभिप्राय है।

शंका—यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान—सम्यग्मिथ्यात्वके अल्पतरकाल साधिक छयासठ सागर प्रमाण कथन करने वाले सूत्रसे जाना जाता है। अन्यथा कुछ कम छयासठ सागर कालका प्रसंग प्राप्त होता है।

ऐसा होने पर सम्यग्मिथ्यात्वके असंख्यातभागवृद्धिसंक्रमका विषय क्या है ऐसा पूछने पर मिथ्यात्वमें जाकर अधःप्रवृत्तसंक्रम करनेवाले जीवके सम्यक्त्वके अभिमुख होने की अवस्था होने पर अन्तर्मुहूर्तकालके भीतर परिणामवश असंख्यातभागवृद्धिका विषय ग्रहण करना चाहिए।

शंका—वहाँ पर असंख्यातभागवृद्धिसंक्रम होता है यह किस प्रमाण से जाना जाता है ?

समाधान—सम्यग्मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट हानिका कथन करनेवाले स्वामित्वविषयक सूत्रसे जाना जाता है।

इस प्रकार यह असंख्यातभागवृद्धिका विषय जानना चाहिए। परन्तु असंख्यातभागहानि और अवक्तव्यसंक्रमका विषय मिथ्यात्वके भंगके समान जानना चाहिए, क्योंकि उससे इसमें कोई विशेषता नहीं है। किन्तु मिथ्यादृष्टिगुणस्थानमें भी जब तक उद्वेलना द्विचरम काण्डककी अन्तिम फालि है तब तक असंख्यातभागहानिका विषय कहना चाहिए।

§ ७१९. संपहि असंखेज्जगुणवड्डिविसयो वुच्चदे। तं जहा—उव्वेल्लणसंकमादो वेदगसम्मत्तं पडिवण्णपढमसमये विज्झादसंकमादो मिच्छत्तं पडिवण्णसम्माइट्ठिपढमसमये वा सव्वं हि चेव चरिमुव्वेल्लणखंडए वा सम्मत्तुप्पत्तिगुणसंकमकालब्भंतरे दंसणमोहक्खवगगुणसंकमकालब्भंतरे वा असंखेज्जगुणवड्डी होइ। गुणसंकमादो विज्झादसंकमे पदिदसम्माइट्ठिपढमसमए अधापवत्तसंकमादो विज्झादे पदिदसम्माइट्ठिपढमसमए उव्वेल्लणाए परिणदमिच्छाइट्ठिपढमसमए वा असंखेज्जगुणहाणिसंकमो होइ।

❀ सम्मत्तस्स असंखेज्जभागहाणि-असंखेज्जगुणवड्डी हाणी अवत्तव्वयं च अत्थि।

§ ७२०. उव्वेल्लेमाणमिच्छाइट्ठिम्मि जाव दुचरिमट्ठिदिखंडयो त्ति ताव असंखेज्जभागहाणिसंकमो चरिमुव्वेल्लणखंडए असंखेज्जगुणवड्डिसंकमो अधापवत्तसंकमादो उव्वेल्लणपरिणामप्पुरगयमिच्छाइट्ठिपढमसमए असंखेज्जगुणहाणिसंकमो सम्मत्तादो मिच्छत्तं पडिवण्णपढमसमए अवत्तव्वसंकमो त्ति चउण्हमेदेसिं पदाणमेत्थ संभवो ण विरुज्झदे।

❀ तिसंजलणपुरिसवेदाणमत्थि चत्तारि वड्डी चत्तारि हाणीओ अवट्ठाणमवत्तव्वयं च।

---

§ ७१९. अब असंख्यातगुणवृद्धिका विषय कहते हैं। यथा—उद्वेलना संक्रमसे वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त होनेके प्रथम समयमें अथवा विध्यातसंक्रमसे मिथ्यात्वको प्राप्त होनेवाले सम्यग्दृष्टि जीवके प्रथम समयमें अथवा सम्पूर्ण अन्तिम उद्वेलनाकाण्डकमें, सम्यक्त्वकी उत्पत्ति होने पर गुणसंक्रम कालके भीतर अथवा दर्शनमोहनीयकी क्षपणामें गुणसंक्रम कालके भीतर असंख्यातगुणवृद्धिसंक्रम होता है। तथा गुणसंक्रमसे विध्यातसंक्रममें आये हुए सम्यग्दृष्टिके प्रथम समयमें, अधःप्रवृत्तसंक्रमसे विध्यातसंक्रममें आये हुए सम्यग्दृष्टिके प्रथम समयमें अथवा उद्वेलनासंक्रमरूपसे परिणत हुए मिथ्यादृष्टिके प्रथम समयमें असंख्यातगुणहानिसंक्रम होता है।

* सम्यक्त्वका असंख्यातभागहानि, असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि और अवक्तव्यसंक्रम होता है।

§ ७२०. उद्वेलना करनेवाले मिथ्यादृष्टिके जब तक द्विचरम स्थितिकाण्टक है तब तक असंख्यातभागहानिसंक्रम, अन्तिम उद्वेलनाकाण्टकमें असंख्यातगुणवृद्धिसंक्रम, अधःप्रवृत्तसंक्रमसे उद्वेलनापरिणामको प्राप्त हुए मिथ्यादृष्टि जीवके प्रथम समयमें असंख्यातगुणहानिसंक्रम और सम्यक्त्वसे मिथ्यात्वको प्राप्त हुए जीवके प्रथम समयमें अवक्तव्यसंक्रम होता है इस प्रकार इन चारों पदोंका सम्भव यहाँ पर विरोधको प्राप्त नहीं होता।

* तीन संज्वलन और पुरुषवेदकी चार वृद्धि, चार हानि, अवस्थित और अवक्तव्यसंक्रम होता है।

§ ७२१. एत्थ तिसंजलणग्गहणेण लोहसंजलणवज्जियाणं तिण्हं संजलणाणं गहणं कायव्वं, लोहसंजलणस्स उवरिमसुत्ते समुक्कित्तणादो। एदेसिं तिसंजलण-पुरिसवेदाणमत्थि चउव्विहाओ वड्ढी हाणीओ अवट्ठाणमवत्तव्वयं च। कुदो? संसारावत्थाए सव्वत्थासंखेज्ज-भागवड्ढि-हाणि-अवट्ठाणाणमुवलंभादो। चिराणसंतकम्मचरिमफालीए तदणंतरसमयभावि-णवकबंधसंकमे च जहाकममसंखेज्जगुणवड्ढिहाणिसंकमाणमुवलंभादो। तत्थेव णवकबंध-संकमे वावदस्स जोगविसेसमस्सिऊण संखेज्जभागवड्ढि-हाणि-संखेज्जगुणवड्ढि-हाणीणं संभवो-वलंभादो। एत्थेव सेसवड्ढि-हाणि-अवट्ठाणाणं पि संभवदंसणादो च। णवरि पुरिसवेदावट्ठा-णस्स भुजगारभंगो। सव्वोवसामणापडिवादे सव्वेसिमवत्तव्वसंभवो दट्ठव्वो।

*** लोहसंजलणस्स अत्थि असंखेज्जभागवड्ढी हाणी अवट्ठाणमव-त्तव्वयं च**

§ ७२२. कुदो? सेसवड्ढि-हाणीणमेत्थासंभवो? ण, लोहसंजलणविसये अधापवत्त-संकमं मोत्तूणण्णसंकमाभावेण सुद्धणवकबंधसंकमाभावेण च तदभावणिण्णयादो। तम्हा लोहसंजलणस्स असंखेज्जभागवड्ढि-हाणि-अवट्ठाणसंकमा चेव, ण्णण्णो संकमो त्ति सिद्धं। णवरि सव्वोवसामणापडिवादमस्सिऊणावत्तव्वसंकमो समुक्कित्तियव्वो।

---

§ ७२१. यहाँ पर तीन संज्वलनोंके ग्रहण करनेसे लोभसंज्वलनको छोड़कर शेष तीन संज्वलनोंका ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि लोभसंज्वलनकी आगेके सूत्रमें समुत्कीर्तना की है। इन तीन संज्वलन और पुरुषवेदकी चार प्रकारकी वृद्धियाँ, चार प्रकारकी हानियाँ, अवस्थान और अवक्तव्य-पद हैं, क्योंकि संसार अवस्थामें सर्वत्र असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि और अवस्थान संक्रम उपलब्ध होते हैं। तथा प्राचीन सत्कर्मकी अन्तिम फालिमें और तदनन्तर समयमें होनेवाले नवकबन्धसम्बन्धी संक्रममें क्रमसे असंख्यातगुणवृद्धिसंक्रम और असंख्यातगुणहानिसंक्रम उपलब्ध होते हैं। तथा वहीं पर नवकबन्धके संक्रममें व्याप्त हुए जीवके योग विशेषका आश्रय कर संख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागहानि, संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिसंक्रम सम्भव रूपसे उपलब्ध होते हैं और वहींपर शेष वृद्धि, हानि और अवस्थान संक्रम सम्भव रूपसे देखे जाते हैं। किन्तु इतनी विशेषता है कि पुरुष वेदके अवस्थान संक्रमका भंग भुजगारके समान जानना चाहिये। तब सर्वोपशामनासे गिरते समय सबका अवक्तव्यसंक्रम जानना चाहिए।

*** लोभसंज्वलनकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि, अवस्थान और अवक्तव्यसंक्रम है।**

§ ७२२. शंका—यहाँ पर शेष वृद्धियाँ और हानियाँ असम्भव क्यों हैं?

समाधान—नहीं, क्योंकि लोभसंज्वलनके विषयमें अधःप्रवृत्तसंक्रमको छोड़कर अन्यसंक्रम सम्भव न होनेसे तथा शुद्ध नवकबन्धके संक्रमका अभाव होनेसे शेष वृद्धियों और हानियोंके अभाव का निर्णय होता है। इसलिए लोभसंज्वलनके असंख्यातभागवृद्धिसंक्रम, असंख्यातभागहानिसंक्रम और अवस्थानसंक्रम ही होते हैं, अन्यसंक्रम नहीं होता यह सिद्ध हुआ। किन्तु इतनी विशेषता है कि सर्वोपशामनासे प्रतिपातका आश्रयकर अवक्तव्यसंक्रमकी समुत्कीर्तना करनी चाहिए।

⁂ इत्थि-णवुंसयवेद-हस्स-रइ-अरइ-सोगाणमत्थि दो वड्ढी हाणीओ अवत्तव्वयं च ।

§ ७२३. कुदो ? एदेसु कम्मेसु असंखेज्जभागवड्ढि-हाणि-असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणि-अवत्तव्वसंकमाणं चेव संभवदंसणादो । तं कथं, एदेसिं कम्माणं सगबंधकाले आवलिया-दीदस्स असंखेज्जभागवड्ढिसंकमो चेव जाव पडिवक्खबंधगद्धापढमावलियचरिमसमओ त्ति । पुणो पडिवक्खबंधकाले सव्वत्थासंखेज्जभागहाणिसंकमो चेव, तत्थ पयारंतरासंभवादो । खवगोवसमसेढीसु गुणसंकमवसेणासंखेज्जगुणवड्ढिसंकमो उवसामगस्स गुणसंकमादो कालं कादूण देवेसुप्पण्णस्स पढमसमए असंखेज्जगुणहाणिसंकमो होइ । णवरि इत्थि-णवुंसयवेदाण-मण्णत्थ वि असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणीओ संभवंति, सम्माइट्ठिम्मि मिच्छत्तं पडिवण्णे मिच्छाइट्ठिम्मि वि सम्मत्तगुणेण परिणदम्मि जहाकमं तदुभयसंभवदंसणादो । सव्वोव-सामणापडिवादे च सव्वेसिमवत्तव्वसंभवो दट्ठव्वो । एवं सव्वेसिं कम्माणमोघसमुक्कित्तणा गया । एत्तो आदेससमुक्कित्तणा च जाणिय णेयव्वा ।

तदो समुक्कित्तणा समत्ता ।

⁂ सामित्ते अप्पाबहुए च विहासिदे वड्ढी समत्ता भवदि ।

⁂ स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, हास्य, रति, अरति और शोकके दो वृद्धि, दो हानि और अवक्तव्यसंक्रम होते हैं।

§ ७२३. क्योंकि इन कर्मोंमें असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि, असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि और अवक्तव्यसंक्रम ही सम्भव देखे जाते हैं।

शंका—वह कैसे ?

समाधान—क्योंकि इन कर्मोंके नवकबन्धके कालमें एक आवलिके बाद असंख्यात-भागवृद्धिसंक्रम ही होता है जो प्रतिपक्षबन्धक कालकी प्रथम आवलिके अन्तिम समय तक होता है। पुनः प्रतिपक्ष बन्धक कालके भीतर सर्वत्र असंख्यातभागहानिसंक्रम ही होता है, क्योंकि वहाँ पर अन्य प्रकार सम्भव नहीं है। क्षपक और उपशमश्रेणियोंमें गुणसंक्रमके कारण असंख्यात गुणवृद्धिसंक्रम होता है। उपशामक जीवके गुणसंक्रमसे मरकर देवोंमें उत्पन्न होने पर प्रथम समयमें असंख्यातगुणहानिसंक्रम होता है। किन्तु इतनी विशेषता है कि स्त्रीवेद और नपुंसक वेदके अन्यत्र भी असंख्यातगुणवृद्धिसंक्रम और असंख्यातगुणहानिसंक्रम सम्भव हैं, क्योंकि सम्यग्दृष्टि जीवके मिथ्यात्वको प्राप्त होनेपर तथा मिथ्यादृष्टि जीवके भी सम्यक्त्वगुणरूपसे परिणत होनेपर क्रमसे वे दोनों संक्रम सम्भव देखे जाते हैं। सर्वोपशामनासे गिरने पर सभी कर्मोंका अवक्तव्यसंक्रम सम्भव देखा जाता है। इस प्रकार सब कर्मोंकी ओघसमुत्कीर्तना समाप्त हुई। आगे आदेशसमु-त्कीर्तना जानकर कर लेनी चाहिए।

इसके बाद समुत्कीर्तना समाप्त हुई।

⁂ स्वामित्व और अल्पबहुत्वका व्याख्यान करने पर वृद्धि समाप्त होती है।

§ ७२४. एत्तो समुक्कित्तणाणुसारेण सामित्तं अप्पाबहुए च विहासिदे तदो वड्ढी समप्पदि त्ति भणिदं होइ। जेणेदं देसामासयसुत्तं तेणेत्थ कालादिअणियोगद्दाराणं पि विहासणा सुत्तणिबद्धा त्ति दट्ठव्वा। तदो दव्वट्ठियणयावलंबणेण पयट्टस्सेदस्स सुत्तस्स पज्जवट्ठिय परूवणा जाणिदूण णेदव्वा।

तिदो वड्ढी समत्ता।

❀ एत्तो ट्ठाणाणि।

§ ७२५. एत्तो उवरि पदेससंकमट्ठाणाणि परूवेयव्वाणि त्ति भणिदं होइ। संपहि तत्थ संभवंताणमणियोगद्दाराणमियत्तावहारणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ।

❀ पदेससंकमट्ठाणाणं परूवणा अप्पाबहुअं च।

§ ७२६. एवमेदाणि दोण्णि अणिओगद्दाराणि। पदेससंकमट्ठाणसरूवजाणावणट्ठमेत्थ परूवेयव्वाणि त्ति भणिदं होइ। समुक्कित्तणा परूवणापमाणमप्पाबहुअं चेदि चत्तारि अणियोगद्दाराणि किमेत्थ ण वुत्ताणि? ण, समुक्कित्तणाए परूवणंतब्भावादो। पमाणाणिओगद्दारस्स वि अप्पाबहुअंतब्भूदत्तादो। तत्थ परूवणा णाम सव्वकम्मेसु पदेससंकमट्ठाणाणमुप्पत्तिकमणिरूवणा। तेसिं चेव पमाणविसयणिण्णयजणणट्ठं थोवबहुत्तपरिक्खा अप्पाबहुअमिदि भण्णदे।

§ ७२४. आगे समुत्कीर्तनाके अनुसार स्वामित्व और अल्पबहुत्वका व्याख्यान करने पर इसके बाद वृद्धि समाप्त होती है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। यतः यह देशामर्षक सूत्र है अतः यहाँ पर कालादि अनुयोगद्वारोंका भी व्याख्यान सूत्र निबद्ध है ऐसा जानना चाहिए। इसलिए द्रव्यार्थिकनयका अवलम्बन कर प्रवृत्त हुए इस सूत्रकी पर्यायार्थिक प्ररूपणा जानकर ले जानी चाहिए।

इसके बाद वृद्धि समाप्त हुई।

❀ आगे संक्रमस्थानोंका प्रकरण है।

§ ७२५. इससे आगे प्रदेशसंक्रमस्थानोंका कथन करना चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अब इस प्रकरणमें सम्भव अनुयोगद्वारोंके प्रमाणका निर्धारण करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

❀ प्रदेश संक्रमस्थानोंके प्ररूपणा और अल्पबहुत्व इस प्रकार ये दो अनुयोगद्वार हैं।

§ ७२६. प्रदेशसंक्रमस्थानोंके स्वरूपका ज्ञान करानेके लिए यहाँ पर कथन करना चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

शंका—समुत्कीर्तना, प्ररूपणा, प्रमाण और अल्पबहुत्व इस प्रकार चार अनुयोगद्वार यहाँ पर क्यों नहीं कहे?

समाधान—नहीं, क्योंकि समुत्कीर्तनाका प्ररूपणामें अन्तर्भाव हो जाता है। तथा प्रमाण अनुयोगद्वारका भी अल्पबहुत्वमें अन्तर्भाव हो गया है।

प्रकृतमें सब कर्मोंमें प्रदेश संक्रमस्थानोंकी उत्पत्तिके क्रमका निरूपण करना प्ररूपणा है। उन्हींके प्रमाणविषयक निर्णयका ज्ञान कराने के लिए थोड़े बहुतकी परीक्षा करना अल्पबहुत्व कहा जाता है।

❀ परूवणा जहा ।

§ ७२७. परूवणाणिओगद्दारं कथं होइ त्ति पुच्छा एदेण कदा होइ ।

❀ मिच्छत्तस्स अभवसिद्धियपाओग्गेण जहण्णएण कम्मेण जहण्णयं संकमट्ठाणं ।

§ ७२८. एदेण सुत्तेण मिच्छत्तस्स जहण्णसंकमट्ठाणपरूवणा कदा । तं जहा—अभवसिद्धियपाओग्गजहण्णकम्मेण त्ति वुत्ते एइंदिएसु खविदकम्मंसियलक्खणेण कम्मट्ठिदिमच्छिऊण संचिदजहण्णसंतकम्मस्स गहणं कायव्वं, तत्तो अण्णस्स अभवसिद्धियपाओग्गजहण्णसंतकम्मस्साणुवलद्धीदो । एदेण जहण्णकम्मेण सव्वजहण्णसंकमट्ठाणं समुप्पज्जदि त्ति एसो विसेसो एत्थाणुगंतव्वो । तं कथं ? एदेण जहण्णकम्मेणागंतूण असण्णिपंचिदिएसुववज्जिय पज्जत्तयदो होदूण तत्थ देवाउअं बंधिय सव्वलहुं कालं कादूण देवेसुववज्जिय छहिं पज्जत्तीहिं पज्जत्तयदो होदूण पढमसम्मत्तमुप्पाइय तदो वेदयसम्मत्तं पडिवज्जिय वेछावट्ठिसागरोवमाणि सम्मत्तमणुपालिय तदवसाणे अंतोमुहुत्तसेसे दंसणमोहक्खवणाए अब्भुट्ठिदो जो जीवो तस्स अधापवत्तकरणचरिमसमये वट्टमाणस्स जहण्णपरिणामणिबंधणविज्झादसंकमेण सव्वजहण्णपदेससंकमट्ठाणं होइ । कधमेसो विसेसो

❀ प्ररूपणा, यथा ।

§ ७२७. प्ररूपणा अनुयोगद्वार किस प्रकारका है यह पृच्छा इस सूत्र द्वारा की गई है ।

❀ मिथ्यात्वका अभव्योंके योग्य जघन्य कर्मके आश्रयसे जघन्य संक्रमस्थान होता है ।

§ ७२८. इस सूत्र द्वारा मिथ्यात्वके जघन्य संक्रमस्थानकी प्ररूपणा की गई है। यथा—अभव्योंके योग्य जघन्य कर्मके आश्रयसे ऐसा कहने पर एकेन्द्रियोंमें क्षपितकर्मांशिकलक्षणसे कर्मस्थितिकाल तक अवस्थित रहकर सञ्चित हुए जघन्य सत्कर्मका ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि उससे अन्य अभव्योंके योग्य जघन्य सत्कर्म नहीं उपलब्ध होता । इस जघन्य सत्कर्मके आश्रयसे सबसे जघन्य संक्रमस्थान उत्पन्न होता है इस प्रकार इतना विशेष यहाँ पर जान लेना चाहिए ।

शंका—यह कैसे ?

समाधान—इस जघन्य कर्मके साथ आकर, असंज्ञी पञ्चेन्द्रियोंमें उत्पन्न होकर तथा पर्याप्त होकर पुनः वहाँ देवायुका बन्धकर अतिशीघ्र मरकर और देवोंमें उत्पन्न होकर तथा छह पर्याप्तियोंसे पर्याप्त होकर इसके बाद प्रथम सम्यक्त्वको उत्पन्न कर फिर वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त कर दो छयासठ सागर कालतक सम्यक्त्वका पालन कर उसके अन्तमें अन्तर्मुहूर्त काल शेष रहने पर जो जीव दर्शनमोहनीयकी क्षपणाके लिए उद्यत हुआ है उसके अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें विद्यमान होने पर जघन्य परिणामनिमित्तक विध्यातसंक्रमरूपसे सबसे जघन्य प्रदेश संक्रमस्थान होता है ।

सुत्तेणाणुवइट्ठो परिछिज्जदे ? ण, वक्खाणादो विसेसपडिवत्ती होइ त्ति णायबलेण तदुवलद्धीदो। अभवसिद्धियपाओग्गजहण्णकम्मेण त्ति एदस्स विसेसणस्स उवलक्खणभावेण अवट्ठिदत्तादो च। तम्हा तहाभूदेण जहण्णसंतकम्मेणोवलक्खियस्स जीवस्स अधापवत्तकरणचरिमसमयजहण्णपरिणामेण मिच्छत्तस्स जहण्णपदेससंकमट्ठाणं होइ त्ति सिद्धो सुत्तत्थो।

§ ७२९. संपहि एवंभूदजहण्णसंतकम्मपडिबद्धजहण्णसंकमट्ठाणस्स पुव्वमवहारिदसरूवस्साणुवादं कादूण एत्तो अजहण्णसंकमट्ठाणाणं परूवणट्ठमुत्तरो सुत्तपबंधो।

*** अणंतम्हि चेव कम्मे असंखेज्जलोगभागुत्तरं संकमट्ठाणं होइ।**

§ ७३०. एत्थ ताव संकमट्ठाणाणं साहणट्ठं तक्कारणभूदपरिणामट्ठाणाणं परूवणं कस्सामो। तं जहा—अधापवत्तकरणचरिमसमए असंखेज्जलोगमेत्तपरिणामट्ठाणाणि अत्थि। ताणि च जहण्णपरिणामप्पहुडि जावुक्कस्सपरिणामो त्ति ताव छवड्ढिकमेणावट्ठिदाणि तेसिमादीदोप्पहुडि असंखेज्जलोगमेत्तपरिणामट्ठाणाणि सव्वपरिणामट्ठाणपंतिआयामस्सासंखेज्जभागपमाणाणि परिणमिय जहण्णसंतकम्मं संकामेमाणस्स जहण्णसंकमट्ठाणमेवुप्पज्जदि, विसरिससंकमट्ठाणुप्पत्तीए तेसिमणिमित्तत्तादो। तदो एत्थ बिदियादिपरिणामट्ठाणाणमवणयणं कादूण जहण्णपरिणामट्ठाणस्सेव गहणं कायव्वं। पुणो तदणंतरोवरिमपरिणामप्प-

---

शंका—सूत्रमें नहीं कहा गया यह विशेष कैसे जाना जाता है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि व्याख्यानसे विशेष प्रतिपत्ति होती है इस न्यायके बलसे उसकी उपलब्धि होती है। तथा अभव्योंके योग्य जघन्य कर्मके आश्रयसे यह विशेषण उपलक्षणरूपसे अवस्थित है, इसलिए उक्त प्रकारके जघन्य सत्कर्मके युक्त जीवके अध.प्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमे जघन्य परिणामसे मिथ्यात्वका जघन्य प्रदेशसंक्रमस्थान होता है यह सूत्रका अर्थ सिद्ध हुआ।

§ ७२९. अब जिसके स्वरूपका पहले अवधारण किया है ऐसे जघन्य सत्कर्मसे सम्बन्ध रखनेवाले जघन्य संक्रमस्थानका अनुवाद करके आगे अजघन्य संक्रमस्थानोंका कथन करनेके लिए आगेका सूत्रप्रबन्ध आया है—

*** उसी कर्ममें असंख्यात लोक प्रतिभाग अधिक दूसरा संक्रमस्थान होता है।**

§ ७३०. यहाँ पर सर्व प्रथम संक्रमस्थानोंकी सिद्धि करनेके लिए उनके कारणभूत परिणामस्थानोंका कथन करेंगे। यथा—अध:प्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें असंख्यात लोकमात्र परिणामस्थान होते हैं। वे जघन्य परिणामसे लेकर उत्कृष्ट परिणाम तक छह वृद्धिक्रमसे अवस्थित हैं। उनके प्रारम्भसे लेकर जो असंख्यात लोकप्रमाण परिणामस्थान हैं जो कि सब परिणामस्थान पंक्तिके आयामके असंख्यातवें भागप्रमाण है उन्हें परिणमाकर जघन्य सत्कर्मका संक्रम करनेवाले जीवके जघन्य संक्रमस्थान ही उत्पन्न होता है, क्योंकि वे परिणाम विसदृश संक्रमस्थानकी उत्पत्ति निमित्त नहीं हैं। इसलिए यहाँ पर द्वितीय आदि परिणामस्थानोंका अपनयन कर जघन्य परिणाम स्थानका ही ग्रहण करना चाहिए। पुन: तदनन्तर उपरिम परिणामसे लेकर असंख्यात लोकमात्र

हुडि असंखेज्जलोगमेत्तपरिणामट्ठाणेहिं परिणमिय संकामेमाणस्स अण्णमपुणरुत्तमसंखेज्ज-लोगभागुत्तरसंकमट्ठाणमुप्पज्जदि त्ति। एत्थ वि पुव्वं व बिदियादि-परिणामपच्चागेण जहण्णपरिणामट्ठाणस्सेव संगहो कायव्वो। णवरि पुव्विल्लजहण्णपरिणामट्ठाणादो संपहियजहण्णपरिणामट्ठाणमणंतगुणब्भहियमसंखेज्जलोगमेत्तछट्ठाणाणि, तत्तो समुल्लंघिय एदस्सावट्ठाणदंसणादो। एवमेदेण विहिणा सेसपरिणामट्ठाणेसु असंखेज्जलोगमेत्तद्धाणं गंतूण एगेगपरिणामट्ठाणपुणरुत्तसंकमट्ठाणुप्पत्तिणिमित्तमुवलब्भइ त्ति तहाभूदाणं चेव परिणामट्ठाणाणमुच्चिणिदूण गहणं कायव्वं जाव अधापवत्तकरणचरिमसमयसव्वपरिणाम-ट्ठाणाणि णिट्ठिदाणि त्ति। एवमुच्चिणिदूण गहिदासेसपरिणामट्ठाणाणमण्णोण्णं पेक्खिऊणाणंतगुणब्भहियकमेणावट्ठिदाणमवट्ठिदपक्खेवुत्तरकमेणासंखेज्जलोगभागुत्तरविसरिससंकम-ट्ठाणुप्पत्तिणिमित्तभूदाणं पमाणमसंखेज्जा लोगा।

§ ७३१. संपहि एदेसिं परिणामट्ठाणाणमधापवत्तकरणचरिमसमये कमेण रचणं कादूण णाणाकालमस्सिऊण णाणाजीवेहि परिवाडीए परिणमाविय सुत्ताणुसारेण पढम-संकमट्ठाणपरिवाडिपरूवणं कस्सामो। तं जहा—अधापवत्तकरणचरिमसमयम्मि सव्व-जहण्णपरिणामट्ठाणं परिणमिय पुव्वणिरुद्धजहण्णसंतकम्मं संकमेमाणस्स जहण्णसंकमट्ठाणं होइ। पुणो एदं चेव जहण्णसंतकम्ममधापवत्तकरणचरिमसमयविदियपरिणामट्ठाणेण[1] परिणमिय

परिणाम स्थानोंरूपसे परिणमन कर संक्रम करनेवाले जीवके असंख्यात लोक भाग अधिक अन्य अपुनरुक्त स्थान उत्पन्न होता है। यहाँ पर भी पहलेके समान द्वितीयादि परिणामोंका त्यागकर जघन्य परिणामस्थानका ही ग्रहण करना चाहिए। किन्तु इतनी विशेषता है कि पूर्वोक्त जघन्य परिणामस्थानसे साम्प्रतिक जघन्य परिणामस्थान अनन्तगुणा अधिक है, क्योंकि उससे असंख्यात लोकमात्र छह स्थानोंको उल्लंघन कर इस स्थानका अवस्थान देखा जाता है। इस प्रकार इस विधिसे शेष परिणामस्थानोंमें असंख्यात लोकमात्र अध्वान जाकर संक्रमस्थानकी उत्पत्तिका निमित्तभूत एक एक अपुनरुक्त परिणामस्थान उपलब्ध होता है, इसलिए अधःकरणके अन्तिम समयके सब परिणामस्थानोंके प्राप्त होने तक उस प्रकारके परिणामस्थानोंको ही संचय करके ग्रहण करना चाहिए। इस प्रकार एक दूसरेको देखते हुए जो कि अनन्तगुणे अधिकके क्रमसे अवस्थित हैं और जो अवस्थित प्रक्षेप अधिकके क्रमसे असंख्यात लोकभाग अधिक विसदृश संक्रमस्थानोंकी उत्पत्तिके निमित्तभूत हैं ऐसे उचलकर ग्रहण किये गये उन समस्त परिणामस्थानों का प्रमाण असंख्यात लोक है।

§ ७३१. अब इन परिणामस्थानोंकी अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें क्रमसे रचना करके नाना कालका आश्रय लेकर नाना जीवोंके द्वारा क्रमसे परिणमा कर सूत्रके अनुसार प्रथम संक्रमस्थानकी परिपाटीकी प्ररूपणा करेंगे। यथा—अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें सबसे जघन्य परिणामस्थानको परिणमा कर पूर्वमें विवक्षित हुए जघन्य सत्कर्मका संक्रम करनेवाले जीवके जघन्य संक्रमस्थान होता है। पुनः इसी जघन्य सत्कर्मको अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें दूसरे परिणामस्थानके द्वारा परिणमा कर पूर्वमें विवक्षित किये गये जघन्य सत्कर्मका

1. ता प्रतौ '-ट्ठा [णा] णं णा-' इति पाठः।

पुव्वणिरुद्धजहण्णसंतकम्मं संकामेमाणस्स विदियमसंखेज्जलोगभागुत्तरं संकमट्ठाणं होदि, जहण्णसंकमट्ठाणमसंखेज्जलोगेहिं खंडेयूण एयखंडमेत्तेण तत्तो एदस्स अहियत्तदंसणादो। एदं च विदियसंकमट्ठाणभेदेण सुत्तेण णिद्दिट्ठमणंतम्हि चेव कम्मे असंखेज्जलोगभागुत्तर-संकमट्ठाणं होइ त्ति एदेण विधिणा तदियादिपरिणामट्ठाणाणि वि जहाकमं परिणमिय संकामेमाणाणमसंखेज्जलोगभागुत्तरकमेणासंखेज्जलोगमेत्तसंकमट्ठाणाणि समुप्पज्जंति त्ति पदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ—

*** एवं जहण्णए कम्मे असंखेज्जा लोगा संकमट्ठाणाणि।**

§ ७३२. कुदो? णाणाकालसंबंधिणाणाजीवेहि तदियादिपरिणामट्ठाणेहिं परि-वाडीए परिणमाविय तम्मि जहण्णसंतकम्मे संकामिज्जमाणे अवट्ठिदपक्खेवुत्तरकमेण पुव्व-विरचिदपरिणामट्ठाणमेत्ताणं चेव संकमट्ठाणाणमुप्पत्तीए परिप्फुडमुवलंभादो। एवं पढम-परिवाडीए संकमट्ठाणपरूवणा गया। संपहि विदियपरिवाडीए संकमट्ठाणाणं परूवणं कुणमाणो तत्थ ताव तण्णिबंधणसंतकम्मवियप्पगवेसणट्ठमुत्तरं सुत्तपबंधमाह—

*** तदो पदेसुत्तरे दुपदेसुत्तरे वा एवमणंतभागुत्तरे वा जहण्णए संतकम्मे ताणि चेव संकमट्ठाणाणि।**

संक्रम करनेवाले जीवके दूसरा असंख्यात लोक भाग अधिक संक्रमस्थान होता है, क्योंकि जघन्य संक्रमस्थानको असंख्यात लोकसे भाजित कर जो एक भाग लब्ध आवे उतना मात्र पूर्वोक्त स्थानसे यह संक्रमस्थान अधिक देखा जाता है। यह दूसरा संक्रमस्थान इस सूत्र द्वारा निर्दिष्ट किया गया है। पुनः उसी कर्ममें असंख्यात लोक प्रतिभाग अधिक अन्य संक्रमस्थान होता है इस प्रकार इस विधिसे तृतीय आदि परिणामस्थानोंको भी क्रमसे परिणमा कर संक्रम करनेवाले जीवके असंख्यात लोक भाग अधिकके क्रमसे असंख्यात लोकप्रमाण संक्रमस्थान उत्पन्न होते हैं इस प्रकार यह बात बतलाने के लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* इस प्रकार जघन्य कर्ममें असंख्यात लोकप्रमाण संक्रमस्थान होते हैं।

§ ७३२. क्योंकि नाना काल सम्बन्धी नाना जीवोंके द्वारा तृतीय आदि परिणामस्थानोंके आश्रयसे क्रमसे परिणमाकर उस जघन्य सत्कर्मके संक्रमित करने पर अवस्थित प्रक्षेप अधिकके क्रमसे पूर्वमें रचित परिणामस्थानप्रमाण ही संक्रमस्थानोंकी उत्पत्ति स्पष्टरूपसे उपलब्ध होती है। इस प्रकार प्रथम परिपाटीसे संक्रमस्थानोंकी प्ररूपणा समाप्त हुई। अब द्वितीय परिपाटीसे संक्रम-स्थानोंका कथन करते हुए वहाँ सर्व प्रथम उनके कारणभूत सत्कर्मके भेदोंका विचार करने के लिए आगे का सूत्रप्रबन्ध कहते हैं—

* उससे जघन्य सत्कर्ममें एक प्रदेश अधिक या दो प्रदेश अधिक या इस प्रकार एक एक प्रदेश अधिक होते हुए अनन्त भाग अधिक होने पर वे ही संक्रमस्थान होते हैं।

§ ७३३. तदो पुव्वणिरुद्धजहण्णसंतट्ठाणादो पदेसुत्तरे संतकम्मे जादे तत्थ वि ताणि चेव पढमपरिवाडीए परूविदाणि असंखेज्जलोगमेत्तसंकमट्ठाणाणि समुप्पज्जंति। किं कारणं? तहाभूदसंतकम्मवियप्पस्स संकमट्ठाणंतरुप्पत्तीए अणिमित्तत्तादो। एवं दुपदेसुत्तरे वा तिपदेसुत्तरे वा चदुपदेसुत्तरे वा पंचपदेसुत्तरे वा संखेज्जपदेसुत्तरे वा असंखेज्जपदेसुत्तरे वा अणंतपदेसुत्तरे वा जहण्णए संतकम्मे ताणि चेव संकमट्ठाणाणि समुप्पज्जंति त्ति घेत्तव्वं। एवमणंतभागवड्ढीए गंतूण जहण्णसंतकम्मट्ठाणं जहण्णपरित्ताणंतेण खंडेऊण तत्थेयखंडमेत्त-परमाणुसु तत्थ वड्ढिदेसु वि ताणि चेव संकमट्ठाणाणि पुणरुत्ताणि समुप्पज्जंति त्ति एसो एदस्स भावत्थो।

❀ असंखेज्जलोगभागे पक्खित्ते विदियसंकमट्ठाणपरिवाडी होइ।

§ ७३४. एतदुक्तं भवति—जहण्णसंतकम्मट्ठाणं तप्पा[1]ओग्गासंखेज्जलोगेहिं भागं घेत्तूण भागलद्धे तत्थेव पडिरासिय पक्खित्ते जं संतकम्मट्ठाणमुप्पज्जदि तत्तो परिणामट्ठाणाणि अस्सिऊण पढमसंजमट्ठाणपरिवाडी परिणामट्ठाणमेत्तायामा समुप्पज्जदि त्ति एदेण असंखेज्ज-भागवड्ढिविसए वि अणंताणि संतकम्मट्ठाणाणि उल्लंघिऊण तदित्थविसए पयदसंत-कम्मट्ठाणुप्पत्ती होदि त्ति जाणाविदं। संपहि 'असंखेज्जलोगभागे पक्खित्ते' इच्चेदेण सामण्ण-

---

§ ७३३. 'तदो' अर्थात् पूर्वमें विवक्षित जघन्य सत्कर्मस्थानसे एक प्रदेश अधिक सत्कर्मके होने पर वहाँ पर भी वे ही प्रथम परिपाटीमें कहे गये असंख्यात लोकप्रमाण संक्रमस्थान उत्पन्न होते हैं, क्योंकि उस प्रकारके सत्कर्मके भेदमें अन्य संक्रमस्थानकी उत्पत्तिका नियम नहीं है। इस प्रकार दो प्रदेश अधिक, तीन प्रदेश अधिक, चार प्रदेश अधिक, पाँच प्रदेश अधिक, संख्यात प्रदेश अधिक, असंख्यात प्रदेश अधिक या अनन्त प्रदेश अधिक जघन्य सत्कर्ममें वे ही संक्रमस्थान उत्पन्न होते हैं ऐसा ग्रहण करना चाहिए। इस प्रकार अनन्त भागवृद्धिके साथ जाकर जघन्य सत्कर्मस्थानको जघन्य परीतानन्तसे भाजित कर वहाँ पर प्राप्त हुए एक खण्डमात्र परमाणु उस जघन्य सत्कर्ममें मिलाने पर भी वे ही पुनरुक्त संक्रमस्थान उत्पन्न होते हैं यह इस सूत्रका भावार्थ है।

* असंख्यात लोकभाग प्रमाण द्रव्यके प्रक्षिप्त करने पर दूसरी संक्रमस्थान परिपाटी होती है।

§ ७३४. यह तात्पर्य है कि जघन्य सत्कर्मस्थानमें तत्प्रायोग्य असंख्यात लोकका भाग देने पर जो एक भाग लब्ध आवे उसे उसी राशिमें प्रक्षिप्त करने पर जो सत्कर्मस्थान उत्पन्न होता है उससे परिणामस्थानोंका आश्रय लेकर प्रथम संक्रमस्थान परिपाटीके आगे परिणामस्थानप्रमाण आयामवाली दूसरी संक्रमस्थानपरिपाटी उत्पन्न होती है। इस प्रकार इस सूत्र द्वारा असंख्यात भागवृद्धिके विषयमें भी अनन्त सत्कर्मस्थानोंको उल्लंघन कर वहाँ प्राप्त हुए विषयमें प्रकृत सत्कर्मस्थानकी उत्पत्ति होती है यह ज्ञान कराया गया है। अब 'असंखेज्जलोगभागे पक्खित्ते' इस

---

1. ता० प्रतौ '-ट्ठाणतप्पा-' इति पाठः।

वयणेण संतकम्मपक्खेवपमाणविसयो सम्ममवगमो ण जादो त्ति पुणो वि विसेसिऊण संतकम्मपक्खेवपमाणावहारणट्ठं उवरिमसुत्तावयारो—

*** जो जहण्णगो पक्खेवो जहण्णए कम्मसरीरे तदो जो च जहण्णगे कम्मे विदियसंकमट्ठाणविसेसो सो असंखेज्जगुणो ।**

§ ७३५. एत्थ जहण्णए कम्मसरीरे त्ति वयणेण अधापवत्तकरणचरिमसमयजहण्ण-संतकम्मस्स गहणं कायव्वं । कम्मस्स सरीरं कम्मसरीरमिदि कम्मक्खंधस्सेव विवक्खिय-त्तादो । तत्थ जो जहण्णगो पक्खेवो त्ति वुत्ते विदियसंकमट्ठाणपरिवाडिणिबंधणसंतकम्म-पक्खेवस्स गहणं कायव्वं । किमेसो संतकम्मपक्खेवो बहुओ, किं वा जहण्णए चेव कम्मे जं विदियं संकमट्ठाणं तस्स विसेसो बहुगो त्ति, एवंविहासंकाए णिरारेगीकरणट्ठमिदं वुच्चदे—'तदो जो च जहण्णए कम्मे' इच्चादि । एतदुक्तं भवति—तदो संतकम्मपक्खे-वादो जहण्णसंतकम्मस्सासंखेज्जलोगपडिभागियादो जो जहण्णए कम्मे संकामिज्जमाणे विदियसंकमट्ठाणस्स विसेसो सो असंखेज्जगुणो होइ त्ति । तं जहा—जहण्णसंकमट्ठाणमसंखेज्जलोगेहि खंडेऊणेगखंडे तत्थेव पडिरासिय पक्खित्ते पढमपरिवाडिविदियसंकमट्ठाणमुप्पज्जदि । एत्थ पक्खित्तमेयखंडपमाणविदिय-संकमट्ठाणविसेसो णाम । एवंविहसंकमट्ठाणविसेसे पुणो वि तप्पाओग्गासंखेज्जलोगमेत्त-

---

सामान्य वचन द्वारा सत्कर्मके प्रक्षेपका प्रमाण कितना है यह ठीक तरहसे नहीं जाना जाता है इसलिए फिर भी विशेषरूपसे सत्कर्मके प्रक्षेप प्रमाणका निश्चय करने के लिए आगेके सूत्रका अवतार करते हैं—

जघन्य सत्कर्ममें जो जघन्य प्रक्षेप है, उससे जघन्य सत्कर्ममें जो दूसरा संक्रमस्थानविशेष है, वह असंख्यातगुणा है ।

§ ७३५. यहाँ पर जघन्य कर्मशरीर इस वचनसे अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें प्राप्त हुए जघन्य सत्कर्मका ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि कर्मका शरीर वह कर्मशरीर इस प्रकार इस पद द्वारा कर्मस्कन्ध ही विवक्षित किया गया है । उसमें जो जघन्य प्रक्षेप है ऐसा कहने पर द्वितीय संक्रमस्थान परिपाटीके कारणभूत सत्कर्मके प्रक्षेपका ग्रहण करना चाहिए । क्या यह संक्रमप्रक्षेप बहुत है या क्या जघन्य कर्ममें ही जो दूसरा संक्रमस्थान है उसका विशेष बहुत है इस प्रकारकी आशंका होने पर उसका निराकरण करनेके लिए यह कहते हैं—तदो जो च जहण्णए कम्मे इत्यादि । यह उक्त कथनका तात्पर्य है कि, उस सत्कर्मप्रक्षेपसे, जघन्य सत्कर्मके असंख्यात लोक-भागवाँ अधिक जघन्य सत्कर्मके संक्रमित होने पर जो द्वितीय संक्रमस्थानका विशेष प्राप्त होता है, वह असंख्यातगुणा होता है । यथा—जघन्य संक्रमस्थानविशेषको असंख्यात लोकोंसे भाजित कर जो एक खण्ड प्राप्त हो उसे उसी जघन्य संक्रमस्थानमें मिला देने पर प्रथम परिपाटीका दूसरा संक्रमस्थान उत्पन्न होता है । यहाँ पर मिलाया गया एक खण्डका प्रमाण द्वितीय संक्रमस्थानका विशेष है । इस प्रकारके संक्रमस्थान विशेषको फिर भी तत्प्रायोग्य असंख्यात लोकप्रमाण संख्यासे भाजित

रूवेहि भागे हिदे भागलद्धमेत्तो संतकम्मपक्खेवो त्ति भण्णदे। जइ वि विदियसंकमट्ठाणविसेसस्सासंखेज्जदिभागो त्ति सुत्ते सामण्णेण परूविदं तो वि तस्सासंखेज्जलोगपडिभागिओ त्ति णव्वदे वक्खाणादो।

§ ७३६. संपहि जहण्णसंतकम्ममस्सिऊण संतकम्मपक्खेवपमाणमाणिज्जदे। तं जहा- एगमेइंदियसमयपबद्धं ठविय दिवड्ढगुणहाणीए गुणिदे एइंदियजहण्णसंतकम्ममागच्छदि। पुणो अंतोमुहुत्तेणोवट्टिदोकड्डुक्कड्डणभागहारो तस्स भागहारत्तेण ठवेयव्वो। एवं ठविदे असण्णिपंचिंदिएसु देवेसु च उक्कड्डिददव्वमागच्छदि। एदमुक्कड्डिददव्वं वेछावट्ठिकालब्भंतरे गालेदि त्ति तक्कालब्भंतरणाणागुणहाणिसलागाओ विरलिय विगं करिय अण्णोण्णब्भत्थरासिणा तम्मि ओवट्टिदे एत्तियमेत्तकालगलिदावसेसमधापवत्तकरणचरिमसमयजहण्णसंतकम्ममागच्छदि। एत्तो अधापवत्तकरणचरिमसमए संकामिददव्वमिच्छामो त्ति अंगुलस्सासंखेज्जभागमेत्तविज्झादभागहारेण तम्मि भागे हिदे जहण्णसंकमट्ठाणमुप्पज्जदि। पुणो तम्मि तप्पाओग्गासंखेज्जलोगमेत्तभागहारेणोवट्टिदे विदियसंकमट्ठाणविसेसो होइ। पुणो अण्णेणासंखेज्जलोगभागहारेण तम्मि भाजिदे संतकम्मपक्खेवपमाणमागच्छदि त्ति णिच्छओ कायव्वो। तदो एवंविहसंतकम्मपक्खेवेण पडिरासिदजहण्णसंतकम्मस्सुवरि पक्खित्ते विदियसंकमट्ठाणपरिवाडिणिमित्तभूदमसंखेज्जलोगभागुत्तरविदियसंतकम्मट्ठाणमुप्पज्जदि त्ति सिद्धं।

करने पर जो भाग लब्ध आवे तत्प्रमाण सत्कर्मप्रक्षेप कहा जाता है। यद्यपि वह द्वितीय संक्रमस्थान विशेषका असंख्यातवां भागप्रमाण है ऐसा सूत्रमें सामान्य रूपसे कहा गया है तो भी वह असंख्यात लोकसे भाजित होकर एक भागप्रमाण है यह बात व्याख्यानसे जानी जाती है।

§ ७३६. अब जघन्य सत्कर्मका आश्रय लेकर सत्कर्मके प्रक्षेपका प्रमाण लाते हैं। यथा— एकेन्द्रियसम्बन्धी एक समयप्रबद्धको स्थापित कर डेढ़ गुणहानिसे गुणित करने पर एकेन्द्रिय सम्बन्धी सत्कर्म आता है। पुनः अन्तर्मुहूर्तसे भाजित अपकर्षण-उत्कर्षणभागहारको उसके भागहाररूपसे स्थापित करना चाहिए। इस प्रकार स्थापित करने पर असंज्ञी पञ्चेन्द्रियोंमें और देवोंमें उत्कर्षणको प्राप्त हुआ द्रव्य आता है। इस प्रकार उत्कर्षित हुए द्रव्यको दो छयासठ सागर कालके भीतर गलाता है इसलिए उस कालके भीतर प्राप्त हुई नाना गुणहानिशलाकाओंका विरलन करके और विरलित राशिके प्रत्येक एकको दूना करके परस्पर गुणा करनेसे जो राशि उत्पन्न हो उससे उसके भाजित करने पर इतने कालके भीतर गलाकर जो राशि शेष बचती है तत्प्रमाण अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें जघन्य सत्कर्म आता है। अब इसमेंसे अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें संक्रमित होनेवाला द्रव्य लाना चाहते हैं इसलिए अंगुलके असंख्यातवें भागप्रमाण विध्यात भागहारके द्वारा उसके भाजित करने पर जघन्य संक्रमस्थान उत्पन्न होता है। पुनः उसमें तत्प्रायोग्य असंख्यात लोकप्रमाण भागहारका भाग देने पर द्वितीय संक्रमस्थानके विशेषका प्रमाण होता है। पुनः अन्य असंख्यात लोकप्रमाण भागहारका उसमें भाग देने पर सत्कर्मप्रक्षेपका प्रमाण आता है ऐसा यहाँ निश्चय करना चाहिए। इस लिए इस प्रकारके सत्कर्मप्रक्षेपको प्रतिराशिभूत जघन्य सत्कर्मके ऊपर प्रक्षिप्त करने पर द्वितीय संक्रमस्थान परिपाटीका निमित्तभूत असंख्यात लोकसे भाजित

संपहि एवं विदियपक्खेवुत्तरजहण्णसंतकम्ममवलंबिय अधापवत्तकरणचरिमसमयजहण्णादिपरिणामट्ठाणेसु जहाकमं परिणदणाणाकालसंबंधिणाणाजीवसंकमवसेण विदियसंकमट्ठाणपरिवाडिपरूवणा पढमपरिवाडिभंगेणाणुगंतव्वा। णवरि पढमपरिवाडिजहण्णसंकमट्ठाणादो असंखेज्जलोगभागुत्तरं होदूण तत्थतणविदियसंकमट्ठाणादो विसेसहीणमसंखेज्जलोगपडिभागेण संपहियजहण्णसंकमट्ठाणमुप्पज्जदि त्ति घेत्तव्वं। एवं विदियादो विदियं तदियादो तदियमिच्चादिकमेण सव्वत्थ णेदव्वं। संपहि एदस्सेवत्थस्स फुडीकरणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ—

❀ एत्थ वि असंखेज्जा लोगा संकमट्ठाणाणि।

§ ७३७. जहा जहण्णए संतकम्मट्ठाणे असंखेज्जलोगमेत्ताणि संकमट्ठाणाणि परूविदाणि एवमेत्थ वि पक्खेवुत्तरजहण्णसंतकम्मट्ठाणे तत्तियमेत्ताणि चेव संकमट्ठाणाणि णिरवसेसमणुगंतव्वाणि, विसेसाभावादो त्ति भणिदं होइ। एवं विदियपरिवाडीए संकमट्ठाणपरूवणा समत्ता। संपहि एदीए दिसाए तदियादिपरिवाडीणं पि परूवणा कायव्वा त्ति समप्पणं कुणमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

❀ एवं सव्वासु परिवाडीसु।

एक भाग अधिक द्वितीय सत्कर्मस्थान उत्पन्न होता है यह सिद्ध हुआ। यहाँ पर इस प्रकार एक प्रक्षेप अधिक जघन्य सत्कर्मका अवलम्बन लेकर अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयसम्बन्धी जघन्य आदि परिणामस्थानोंमें क्रमसे परिणत हुए नाना कालसम्बन्धी नाना जीवोंके संक्रमके वशसे द्वितीय संक्रमस्थानपरिपाटीकी प्ररूपणा प्रथम परिपाटीके समान जान लेना चाहिए। किन्तु इतनी विशेषता है कि प्रथम परिपाटीके जघन्य संक्रमस्थानसे असंख्यात लोकसे भाजित एक भाग अधिक होकर वहाँ सम्बन्धी द्वितीय संक्रमस्थानसे विशेष हीन असंख्यात भागरूपसे साम्प्रतिक जघन्य संक्रमस्थान उत्पन्न होता है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए। इस प्रकार दूसरेसे दूसरा और तीसरेसे तीसरा इत्यादि क्रमसे सर्वत्र जानना चाहिए। अब इसी अर्थको स्पष्ट करनेके लिए आगे का सूत्र कहते हैं—

*** यहाँ पर भी असंख्यात लोकप्रमाण संक्रमस्थान होते हैं।**

§ ७३७. जिस प्रकार जघन्य सत्कर्मस्थानमें असंख्यात लोकप्रमाण संक्रमस्थान कहे हैं उसी प्रकार यहाँ पर भी एक प्रदेश अधिक जघन्य सत्कर्मस्थानमें उतने ही संक्रमस्थान पूरे जानने चाहिए, क्योंकि यहाँ पर अन्य कोई विशेषता नहीं है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इस प्रकार दूसरी परिपाटीके अनुसार संक्रमस्थानोंको प्ररूपणा समाप्त हुई। अब इसी पद्धतिसे तृतीयादि परिपाटियों की भी प्ररूपणा करनी चाहिए इस प्रकारके कथनकी मुख्यता करके आगेका सूत्र कहते हैं—

*** इसी प्रकार सब परिपाटियोंमें जानना चाहिए।**

§ ७३८. संपहि एदेण सुत्तेण समप्पिदतदियादिपरिवाडीणं परूवणं वत्तइस्सामो। तं जहा—जहण्णसंतकम्मस्सुवरि दोसंतकम्मपक्खेवपमाणे वड्ढिदे तदियपरिवाडीए णिमित्तभूदमण्णं संतकम्मट्ठाणमुप्पज्जदि। पुणो एवंविहसंतकम्मस्स अधापवत्तकरणचरिमसमये जहण्णपरिणामेण संकामेमाणस्स विदियपरिवाडिजहण्णसंकमट्ठाणस्सुवरिमसंखेज्जलोगभागब्भहियं होदूण तदियसंकमट्ठाणपरिवाडीए पढमसंकमट्ठाणमुप्पज्जदि। एवं विदियादिपरिणामेहि वि परिणमिय संकामेमाणाणमवट्ठिदपक्खेवुत्तरकमेण परिणामट्ठाणमेत्ताणि चेव संकमट्ठाणाणि समुप्पाएयव्वाणि। एवमुप्पाइदे तदियपरिवाडीए संकमट्ठाणपरूवणा समत्ता होइ।

§ ७३९. संपहि चउत्थपरिवाडीए भण्णमाणाए जहण्णसंतकम्मस्सुवरि तिण्हं संतकम्मपक्खेवाणं वड्ढिं कादूणागदस्स अधापवत्तकरणचरिमसमयम्मि जहण्णपरिणामेण परिणमिय विज्झादसंकमभागहारेण संकामेमाणस्स तदियपरिवाडिजहण्णसंकमट्ठाणस्सुवरि विसेसाहियं होदूण चउत्थपरिवाडीए पढमं संकमट्ठाणमुप्पज्जदि। संपहि एदं संतकम्मं धुवं कादूण विदियादिपरिणामेहि संकामेमाणणाणाजीवे अस्सिऊण असंखेज्जलोगमेत्तसंकमट्ठाणाणि अवट्ठिदपक्खेवुत्तरकमेण पुव्वं व समुप्पाइय गेण्हिदव्वाणि। तदो चउत्थपरिवाडी समत्ता होइ। एवमेगेगसंतकम्मपक्खेवमणंतराणंतरसंतकम्मट्ठाणादो अहियं कादूण पंचमादिपरिवाडीओ वि णेदव्वाओ, जाव असंखेज्जलोगमेत्ताणमेत्थतणसव्वपरि-

---

§ ७३८. अब इस सूत्रके द्वारा विवक्षित की गई तृतीय आदि परिपाटियोंका कथन करते हैं। यथा—जघन्य सत्कर्मके ऊपर दो सत्कर्मप्रक्षेपोंके प्रमाणके बढ़ाने पर तीसरी परिपाटीका निमित्तभूत अन्य सत्कर्मस्थान उत्पन्न होता है। पुनः इस प्रकारके सत्कर्मका अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें जघन्य परिणामके द्वारा संक्रम करनेवाले जीवके दूसरी परिपाटीमें उत्पन्न हुए जघन्य संक्रमस्थानके ऊपर असंख्यात लोक भाग अधिक होकर तृतीय संक्रमस्थान परिपाटीमें प्रथम संक्रमस्थान उत्पन्न होता है। इसी प्रकार द्वितीय आदि परिणामोंके अवलम्बनसे भी परिणमा कर संक्रम करनेवाले जीवोंके अवस्थित प्रक्षेप अधिकके क्रमसे परिणामस्थान मात्र ही संक्रमस्थान उत्पन्न करने चाहिए। इस प्रकार उत्पन्न करने पर तीसरी परिपाटी समाप्त होती है।

§ ७३९. अब चौथी परिपाटीका कथन करने पर जघन्य सत्कर्मके ऊपर तीन सत्कर्मप्रक्षेपोंकी वृद्धि करके प्राप्त हुए कर्मको अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें परिणमा कर विध्यातसंक्रमभागहारके द्वारा संक्रम करनेवाले जीवके तृतीय परिपाटीके जघन्य संक्रमस्थानके ऊपर एक विशेष अधिक होकर चतुर्थ परिपाटीके अनुसार प्रथम संक्रमस्थान उत्पन्न होता है। अब इस सत्कर्मको ध्रुव करके द्वितीय आदि परिणामोंके आश्रयसे संक्रम करनेवाले नाना जीवोंका अवलम्बन लेकर उत्तरोत्तर अवस्थित प्रक्षेप अधिकके क्रमसे असंख्यात लोकप्रमाण संक्रमस्थान पहलेके समान उत्पन्न करके ग्रहण करने चाहिए। तब जाकर चतुर्थ परिपाटी समाप्त होती है। इस प्रकार अनन्तर प्राप्त हुए सत्कर्मस्थानसे एक सत्कर्मप्रक्षेपको अधिक करके पाँचवीं आदि परिपाटियाँ भी ले आनी चाहिए।

वाडीगमपच्छिमपरिवाडी परिणामट्ठाणमेत्तायामा समुप्पण्णा त्ति । तत्थ चरिमवियप्पं वत्तइस्सामो । तं जहा—

§ ७४०. एगो गुणिदकम्मंसियलक्खणेणागंतूण सत्तमपुढवीए उप्पज्जिय तत्थ मिच्छत्तदव्वमुक्कस्सं कादूण तत्तो णिप्पिदिय पुणो दो-तिण्णितिरिक्खभवग्गहणाणि अंतोमुहुत्तकालपडिबद्धाणि समणुपालिय तदो समयाविरोहेण देवेसुप्पज्जिय सव्वलहुं सव्वाहि पज्जत्तीहिं पज्जत्तयदो सम्मत्तं घेत्तूण वेछावट्ठिसागरोवमाणि परिभमिय तदवसाणे मणुसेसुववज्जिय गब्भादिअट्ठवस्साणमंतोमुहुत्तब्भहियाणमुवरि दंसणमोहक्खवणाए अब्भुट्ठिय अधापवत्तकरणचरिमसमए णाणाजीवसंबंधिणाणापरिणामणिबंधणचरिमपरिवाडीए दुचरिमादिसव्ववियप्पे उक्कस्सपरिणामेण संकामेमाणो एत्थतणचरिमवियप्पसामिओ होइ । एवमुप्पण्णासेससंकमट्ठाणपरिवाडीओ असंखेज्जलोगमेत्तीओ होंति, जहण्णसंतकम्ममुक्कस्ससंतकम्मादो सोहिय सुद्धसेसम्मि संतकम्मपक्खेवपमाणेण कीरमाणे असंखेज्जलोगमेत्ताणं संतकम्मपक्खेवाणमुवलंभादो । तं जहा—

§ ७४१. जहण्णदव्वमिच्छिय दिवड्ढगुणहाणिगुणिदमेगमेइंदियसमयपबद्धं ठविय अंतोमुहुत्तोवट्टिदोकड्डुक्कड्डणभागहारपदुप्पण्णेण वेछावट्ठिसागरो०णाणागुणहाणिसलागाणमण्णोण्णब्भत्थरासिणा तम्मि ओवट्टिदे अधापवत्तकरणचरिमसमयजहण्णदव्वं होइ । पुणो

अब जहाँ पर असंख्यात लोकप्रमाण यहाँ सम्बन्धी सब परिपाटियोंकी अन्तिम परिपाटी परिणामस्थान मात्र आयामवाली उत्पन्न होती है वहाँ पर अन्तिम भेदको बतलाते हैं । यथा—

§ ७४०. गुणितकर्मांशिकलक्षणसे आकर कोई एक जीव सातवीं पृथिवीमें उत्पन्न हो, वहाँ मिथ्यात्वके द्रव्यको उत्कृष्ट कर फिर वहाँसे निकल कर पुनः अन्तर्मुहूर्त कालके भीतर तिर्यञ्चोंके दो तीन भव ग्रहण कर अनन्तर जिससे शास्त्रमें विरोध न आवे इस विधिसे देवोंमें उत्पन्न हो और अतिशीघ्र सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त हो तथा सम्यक्त्वको ग्रहण कर दो छ्यासठ सागर काल तक परिभ्रमण कर उसके अन्तमें मनुष्योंमें उत्पन्न हो गर्भसे लेकर आठ वर्ष और अन्तर्मुहूर्तके बाद दर्शनमोहनीयकी क्षपणाके लिए उद्यत हो अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें नाना जीवोंके सम्बन्धसे नाना परिणामनिमित्तक अन्तिम परिपाटीके द्विचरम आदि सब विकल्पोंको बिता कर उत्कृष्ट परिणामसे संक्रमण करनेवाला जीव यहाँके अन्तिम विकल्पका स्वामी होता है । इस प्रकार उत्पन्न हुई समस्त संक्रमस्थानोंकी परिपाटियाँ असंख्यात लोकप्रमाण होती हैं, क्योंकि जघन्य सत्कर्मको उत्कृष्ट सत्कर्ममेंसे घटा कर जो शेष बचे उसे सत्कर्मप्रक्षेपके प्रमाणसे करनेपर असंख्यात लोकप्रमाण सत्कर्मप्रक्षेप उपलब्ध होते हैं । यथा—

§ ७४१. जघन्य द्रव्यकी इच्छासे डेढ़ गुणहानिगुणित समयप्रबद्धको स्थापित कर अन्तर्मुहूर्तसे भाजित अपकर्षण-उत्कर्षण भागहारसे उत्पन्न दो छ्यासठ सागर कालके भीतर प्राप्त नाना गुणहानिशलाकाओंकी अन्योन्याभ्यस्त राशिसे उसके भाजित करने पर अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें जघन्य द्रव्य प्राप्त होता है । पुनः यहाँ पर उत्कृष्ट द्रव्य लाना चाहते हैं इसलिए जघन्य द्रव्यके अपकर्षण-उत्कर्षणभागहारसे गुणित योगगुणकारके गुणकारभावसे स्थापित करने

तत्थेदुक्कस्सदव्वमिच्छामो त्ति जहण्णदव्वस्स ओकड्डुक्कड्डणभागहारगुणिदजोगगुणगारे गुणगारभावेण ठविदे गुणिदकम्मंसियलक्खणेणागंतूण वेछावट्ठिसागरोवमाणि परिभमिय दंसणमोहक्खवणाए अब्भुट्ठिय अधापवत्तकरणचरिमसमए वट्टमाणस्स पयदुक्कस्सदव्व-मागच्छदि। एवमेदाणि दोण्णि दव्वाणि ठविय एत्थ जहण्णदव्वेणुक्कस्सदव्वे ओवट्टिदे जोगगुणगारपदुप्पण्णोकड्डुक्कड्डणभागहारो आगच्छदि। पुणो एदेण भागलद्धेण जहण्ण-दव्वावणयणट्ठं रूवूणीकएण जहण्णदव्वे गुणिदे जहण्णदव्वे उक्कस्सदव्वादो सोहिदे सुद्धसेसदव्वमागच्छदि। संपहि एदं दव्वं संतकम्मपक्खेवपमाणेण कस्सामो। तं कधमेदस्स हेट्ठा विज्झादभागहारं वेअसंखेज्जलोगे जोगगुणगारोकड्डुक्कड्डणभागहाराणं रूवूणण्णोण्ण-गुणिदरासिं च संवग्गिय विरलेऊण सुद्धसेसदव्वं समखंडं कादूण दिण्णे एक्केक्कस्स रूवस्स संतकम्मपक्खेवपमाणं पावइ। संपहि एदिस्से विरलणाए जत्तियाणि रूवाणि तत्तियाओ चेव एत्थुप्पण्णसंकमट्ठाणपरिवाडीओ हवंति, संतकम्मपक्खेवं पडि एक्केक्किस्से चेव संकमट्ठाणपरिवाडीए समुप्पाइदत्तादो। एदिस्से च विरलणाए आयामो असंखेज्ज-लोगमेत्तो त्ति णत्थि संदेहो, पुव्वुत्तपंचभागहाराणमण्णोण्णसंवग्गेणुप्पण्णरासिस्स तप्पमाणत्तविरोहादो। णवरि जहण्णसंतकम्मणिबंधणपढमपरिवाडिसंगहणट्ठमेसा विरलणा रूवाहिया कायव्वा। पुणो एदेणायामेण परिणामट्ठाणमेत्तविक्खंभे गुणिदे सव्वासिं

पर गुणितकर्मांशिकलक्षणसे आकर दो छयासठ सागर काल तक परिभ्रमण कर दर्शनमोहनीयकी क्षपणाके लिए उद्यत हो अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें विद्यमान जीवके प्रकृत उत्कृष्ट द्रव्य प्राप्त होता है। इस प्रकार इन दोनों द्रव्योंको स्थापित कर यहाँ पर जघन्य द्रव्यका उत्कृष्ट द्रव्यमें भाग देने पर योगगुणकारसे गुणित अपकर्षण-उत्कर्षणभागहार आता है। पुनः जघन्य द्रव्यके घटानेके लिए इस भागलब्धको एक कम करके उससे जघन्य द्रव्यके गुणित करने पर तथा जघन्य द्रव्यको उत्कृष्ट द्रव्यमेंसे घटाने पर शुद्ध शेष द्रव्य आता है। अब इस द्रव्यको सत्कर्म प्रक्षेपके प्रमाणसे करते हैं।

शंका—वह कैसे ?

समाधान—इसके नीचे विध्यात भागहारको तथा दो असंख्यात लोक और योगगुणकार तथा अपकर्षण उत्कर्षणभागहारकी एक कम परस्पर गुणित राशिको परस्पर संवर्गित कर और विरलन कर उस विरलित राशिके प्रत्येक एक पर शुद्ध शेष द्रव्यको समान खण्ड कर देने पर एक एक रूपके प्रति सत्कर्म प्रक्षेपका प्रमाण प्राप्त होता है। यहाँ पर इस विरलनके जितने रूप हैं उतनी ही यहाँ पर उत्पन्न हुई संक्रम परिपाटियाँ होती हैं, क्योंकि सत्कर्म प्रक्षेपके प्रति नियमसे एक एक संक्रम-स्थान परिपाटी उत्पन्न की गई है। और इस विरलनका आयाम असंख्यात लोकप्रमाण है इसमें सन्देह नहीं, क्योंकि पूर्वोक्त पाँच भागहारोंके परस्पर गुणा करनेसे उत्पन्न हुई राशि तत्प्रमाण होनेमें कोई विरोध नहीं आता। किन्तु इतनी विशेषता है कि जघन्य सत्कर्मनिमित्तक प्रथम परिपाटीका संग्रह करनेके लिए यह विरलन एक अधिक करना चाहिए। पुनः इस आयामसे परिणामस्थान मात्र

परिवाडीणं सव्वसंकमट्ठाणाणि असंखेज्जलोगमेत्ताणि होंति। किमेत्थ संकमट्ठाणपरिवाडीण-मायामो बहुगो किं वा विक्खंभो त्ति पुच्छिदे विक्खंभादो आयामो असंखेज्जगुणो। कुदो एदमवगम्मदे ? पढमपरिवाडिजहण्णसंकमट्ठाणादो तत्थेवुक्कस्ससंकमट्ठाणं विसेसाहियं इदि सुत्ताविरुद्धपुव्वाइरियवक्खाणादो। तदो एत्थुप्पण्णासेससंकमट्ठाणाणं पमाणमसंखेज्जा लोगा त्ति सिद्धं।

§ ७४२. संपहि एदं चरिमवियप्पपडिबद्धसंतकम्मं समऊणदुसमऊणादिकमेण बेछावट्ठिकालं सव्वमोदारिय गुणिदकम्मंसियस्स कालपरिहाणीए ठाणपरूवणं वत्तइस्सामो। तं जहा—एगो गुणिदकम्मंसिओ सत्तमपुढवीए मिच्छत्तदव्वमुक्कस्सं करेमाणो एयगोवुच्छ-मेत्तेणूणं कादूण तत्तो णिप्पिडिय दो-तिण्णितिरिक्खभवग्गहणाणि बोलाविय सव्वलहुं देवेसुप्पज्जिय सम्मत्तपडिलंभेण समऊणबेछावट्ठीओ भमियूण दंसणमोहक्खवणाए अब्भुट्ठिय अधापवत्तकरणचरिमसमयम्मि वट्टमाणो सयलबेछावट्ठीओ भमिय अधापवत्त-चरिमसमयम्मि पुव्वमुप्पाइदसंकमट्ठाणसंतकम्मिएण सरिसो- तं मोत्तूण इमं घेत्तूण अप्पणो ऊणीकयदव्वमेत्तमेत्थ वड्ढावेयव्वं। तं कधं वड्ढाविज्जदि त्ति वुत्ते वुच्चदे। ओकड्डुक्कड्डण-भागहारं जोगगुणगारं विज्झादसंकमभागहारं बेअसंखेज्जा लोगे च अण्णोण्णगुणे कादूण

विष्कम्भके गुणित करने पर सब परिपाटियोंके सब संक्रमस्थान असंख्यात लोकप्रमाण होते हैं। क्या यहाँ पर संक्रमस्थान परिपाटियोंका आयाम बहुत है या विष्कम्भ बहुत है ऐसा पूछने पर विष्कम्भसे आयाम असंख्यातगुणा है।

शंका—यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान—प्रथम परिपाटीके जघन्य संक्रमस्थानसे वहीं पर उत्कृष्ट संक्रमस्थान विशेष अधिक है इस सूत्रके अविरुद्ध पूर्वाचार्यके व्याख्यानसे जाना जाता है।

इसलिए यहाँ पर उत्पन्न हुए समस्त संक्रमस्थानोंका प्रमाण असंख्यात लोक यह सिद्ध हुआ।

§ ७४२. अब अन्तिम विकल्पसे सम्बन्ध रखनेवाले इस सत्कर्मको एक समय कम, दो समय कम आदिके क्रमसे दो छ्यासठ सागरके सब कालको उतार कर गुणितकर्मांशिक जीवके काल परिहानिसे स्थान प्ररूपणाको बतलाते हैं। यथा—सातवीं पृथिवीमें मिथ्यात्वके द्रव्यको उत्कृष्ट कर तथा उसमेंसे एक गोपुच्छामात्र कम करके और वहाँसे निकल कर तथा दो-तीन तिर्यञ्च भवोंको बिताकर अतिशीघ्र देवोंमे उत्पन्न होकर सम्यक्त्वको प्राप्त कर एक समय कम दो छ्यासठ सागर काल तक भ्रमण कर तथा दर्शनमोहनीयकी क्षपणाके लिए उद्यत हो अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें विद्यमान कोई एक गुणित कर्मांशिक जीव पूरे दो छ्यासठ सागर काल तक भ्रमण कर अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें पूर्वमें उत्पादित संक्रमस्थानसत्कर्मके समान है, इसलिए उसे छोड़ कर और इसे ग्रहण कर अपना कम किया गया मात्र द्रव्य यहाँ पर बढ़ाना चाहिए। वह कैसे बढ़ाया जाता है ऐसा पूछने पर कहते हैं—अपकर्षण-उत्कर्षण भागहार, योगगुणकार, विध्यात संक्रमभागहार और दो असंख्यात लोकोंको परस्पर गुणितकर तथा डेढ गुणहानिसे भाजित

दिवड्ढगुणहाणीए ओवट्टिय विरलिऊणेयगोवुच्छदव्वं समखंडं करिय दिण्णे तत्थेगेगरूवस्स एगेगसंतकम्मपक्खेवपमाणं पावइ। पुणो एत्थेगरूवधरिदं घेत्तूण पुव्विल्लसंतकम्मस्सुवरि पक्खित्ते अण्णमपुणरुत्तसंकमट्ठाणणिबंधणं संतकम्मट्ठाणमुप्पज्जदि। एदमस्सिदूण पुव्वुप्पण्ण-संकमट्ठाणाणमुवरि परिणामट्ठाणमेत्तविक्खंभेणासंखेज्जलोगभागवड्ढीए अण्णा अपुणरुत्त-संतकम्मट्ठाणपरिवाडी समुप्पाएयव्वा। एवमुप्पण्णुप्पण्णसंतकम्मस्सुवरि एगेगसंतकम्म-पक्खेवं पक्खिविय णेदव्वं जाव विरलणरासिमेत्ता संतकम्मपक्खेवा पइट्ठा त्ति। एवं पविट्ठे पुव्वुप्पण्णसंकमट्ठाणाणमुवरि विरलणरासिमेत्तीओ चेव अपुणरुत्तसंकमट्ठाण-परिवाडीओ समुप्पण्णाओ। एवं वड्ढाविदे समयूणवेछावट्ठिचरिमसमयअधापवत्तदव्वं पि उक्कस्सं जादं। णवरि एयसमयमोकड्डिऊण विणासिददव्वमेत्तमेगसमयविज्झादसंकम-दव्वमेत्तं च एत्थ अहियमत्थि। तं पि संतकम्मपक्खेवपमाणं कादूण जाणिय वड्ढावेयव्वं। एसो विसेसो उवरि वि सव्वत्थ वत्तव्वो।

§ ७४३. पुणो अण्णेगो गुणिदकम्मंसिओ सत्तमपुढवीए मिच्छत्तदव्वमुक्कस्सं करेमाणो तत्थेयगोवुच्छदव्वमेत्तेणूणं कादूण तत्तो णिस्सरिय पुव्वविहाणेण सव्वलहुं सम्मत्तमुप्पाइय दुसमऊणवेछावट्ठीओ परिभमिय दंसणमोहक्खवणाए अब्भुट्ठिय चरिम-समयअधापवत्तकरणो होदूण ट्ठिदो। एसो पुव्विल्लेण सरिसो। पुणो तप्परिहारेण इमं घेत्तूण पुव्वविहाणेण अप्पणो ऊणीकयदव्वमेत्तमेत्थ वड्ढाविय गेण्हिदव्वं। एदेण विहिणा

कर जो लब्ध आवे उसे विरलन कर उस पर एक गोपुच्छामात्र द्रव्यको समान खंड कर देने पर वहाँ एक एक विरलन अंकके प्रति एक एक सत्कर्म प्रक्षेपका प्रमाण प्राप्त होता है। पुनः यहाँ पर एक विरलन अंकके प्रति प्राप्त द्रव्यको ग्रहण कर पहलेके सत्कर्मके ऊपर प्रक्षिप्त करने पर अन्य अपुनरुक्त संक्रमस्थानका कारणभूत सत्कर्मस्थान उत्पन्न होता है। अब इसका आश्रय कर पूर्वमें उत्पन्न हुए संक्रमस्थानोंके ऊपर परिणामस्थानमात्र विष्कम्भके साथ असंख्यात लोक भागवृद्धिसे अन्य अपुनरुक्त सत्कर्मस्थान परिपाटी उत्पन्न करनी चाहिए। इस प्रकार पुनः उत्पन्न हुए सत्कर्मके ऊपर एक एक सत्कर्म प्रक्षेपको प्रक्षिप्त कर विरलन राशिके बराबर सत्कर्मप्रक्षेपोंके प्रविष्ट होने तक ले जाना चाहिए। इस प्रकार प्रविष्ट होने पर पूर्वमें उत्पन्न हुए संक्रमस्थानोंके ऊपर विरलन राशि प्रमाण ही अपुनरुक्त संक्रमस्थान परिपाटियाँ उत्पन्न हुई हैं। इस प्रकार बढ़ाने पर एक समय कम दो छ्यासठ सागर कालके अन्तिम समयमें अधःप्रवृत्त द्रव्य भी उत्कृष्ट हो गया। किन्तु इतनी विशेषता है कि एक समयमें अपकर्षित होकर विनाशको प्राप्त होनेवाला द्रव्य तथा एक समयमें विध्यातसंक्रमद्रव्य यहाँ पर अधिक हैं, इसलिए उसे भी सत्कर्मप्रक्षेपप्रमाण करके जानकर बढ़ाना चाहिए। यह विशेष आगे भी सर्वत्र कहना चाहिए।

§ ७४३. पुनः सातवीं पृथिवीमें मिथ्यात्वके द्रव्यको उत्कृष्ट करनेवाला अन्य एक गुणित कर्मांशिक जो जीव उसमें एक गोपुच्छामात्र द्रव्यसे न्यून करके और वहाँ से निकल कर पूर्वोक्त विधिसे अतिशीघ्र सम्यक्त्वको उत्पन्न कर दो समय कम दो छ्यासठ सागर काल तक परिभ्रमण कर दर्शनमोहनीयकी क्षपणाके लिए उद्यत हो अन्तिम समयवर्ती अधःप्रवृत्तकरण होकर स्थित है वह पहलेके जीवके सदृश है। पुनः उसके परिहार द्वारा इसे ग्रहण कर पूर्व विधिसे अपने कम कि-

तिसमऊण-चदुसमऊण-पंचसमऊणादिकमेण वेछावट्ठिकालो सव्वो संधीओ जाणिऊणो- दारेयव्वो जाव चरिमवियप्पं पत्तो त्ति। तत्थ सव्वचरिमवियप्पे भण्णमाणे एगो गुणिदकम्मंसिओ सत्तमपुढवीए मिच्छत्तदव्वमोघुक्कस्सं काढूण दो-तिण्णिभवग्गहणाणि तिरिक्खेसु गमिय तदो मणुस्सेसुववज्जिय अट्ठवस्साणमंतोमुहुत्ताहियाणमुवरि उवसम- सम्मत्तं घेत्तूण तक्कालब्भंतरे चेवाणंताणुबंधिचउक्कं विसंजोइय तदो वेदयसम्मत्तं पडि- वज्जिय सव्वजहण्णंतोमुहुत्तकालेण दंसणमोहक्खवणाए अब्भुट्ठिय अधापवत्तकरणचरिम- समए वट्टमाणो एत्थतणसव्वपच्छिमवियप्पसामिओ होइ।

§ ७४४. संपहि एवमुप्पण्णासेससंकमट्ठाणाणमायामविक्खंभपमाणं केत्तियमिदि भणिदे असंखेज्जलोगमेत्तं होइ। तं कथं? खविदकम्मंसियजहण्णदव्वं गुणिदुक्कस्सदव्वादो सोहिय सुद्धसेसे जत्तिया संतकम्मपक्खेवा लब्भंति तत्तियमेत्तमेत्थायामपमाणं होइ। तम्मि आणिज्जमाणे जहण्णदव्वमिच्छिय दिवड्ढगुणहाणिगुणिदमेइंदियसमयपबद्धं ठविय अंतोमुहुत्तोवट्टिदोकड्डुक्कड्डणभागहारेण वेछावट्ठिकालब्भंतरे णाणागुणहाणिसला- गाणमण्णोण्णब्भत्थरासिणा[1] तम्मि भागे हिदे अधापवत्तचरिमसमयजहण्णदव्वमागच्छदि। एदमेवं चेव ठविय उक्कस्सदव्वमिच्छामो त्ति दिवड्ढगुणहाणिगुणिदमेगमेइंदियसमयपबद्धं

गये द्रव्यमात्रको बढ़ा कर ग्रहण करना चाहिए। इस विधिसे तीन समय कम, चार समय कम और पाँच समय कम आदि क्रमसे पूरा दो छ्यासठ सागर काल सन्धियोंको जानकर अन्तिम विकल्पके प्राप्त होने तक उतारना चाहिए। यहाँ सबसे अन्तिम विकल्पका कथन करने पर जो कोई एक गुणितकर्मांशिक जीव सातवीं पृथिवीमें मिथ्यात्वके द्रव्यको ओघ उत्कृष्ट करके तथा तिर्यञ्चोंमें दो-तीन भव बिताकर अनन्तर मनुष्योंमें उत्पन्न होकर आठ वर्ष और अन्तर्मुहूर्तके बाद उपशम सम्यक्त्वको ग्रहण कर उस कालके भीतर ही अनन्तानुबन्धी चतुष्ककी विसंयोजना करके अनन्तर वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त होकर सबसे जघन्य अन्तर्मुहूर्त कालके द्वारा दर्शनमोहनीयकी क्षपणाके लिए उद्यत होकर अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें विद्यमान है वह यहाँके सबसे अन्तिम विकल्पका स्वामी होता है।

§ ७४४. अब इस प्रकार उत्पन्न हुए समस्त संक्रमस्थानोंके आयाम और विष्कम्भका प्रमाण कितना है ऐसा पूछने पर असंख्यात लोकप्रमाण है।

शंका—वह कैसे?

समाधान—क्योंकि क्षपित कर्मांशिक जीवके जघन्य द्रव्यको गुणितकर्मांशिक जीवके उत्कृष्ट द्रव्यमेंसे घटा कर शेष बचे द्रव्यमें जितने सत्कर्मप्रक्षेप प्राप्त होते हैं उतना यहाँ पर आयाम का प्रमाण होता है। उसके लाने पर जघन्य द्रव्यके लानेकी इच्छासे डेढ़ गुणहानिसे गुणित एकेन्द्रिय सम्बन्धी एक समयप्रबद्धको स्थापित कर अन्तर्मुहूर्तसे भाजित अपकर्षण-उत्कर्षणभाग- हारसे तथा दो छ्यासठ सागर कालके भीतर नाना गुणहानिशलाकाओंकी अन्योन्याभ्यस्त राशिसे उसके भाजित करने पर अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें जघन्य द्रव्य आता है। पुनः इसे इसी

---

1 आप्रतौ रासी च ताप्रतौ रासी (सिणा) इति पाठः।

ठविय जोगगुणगारेण गुणिदे पयदविसयुक्कस्सदव्वं होइ। एत्थ जहण्णदव्वेणुक्कस्सदव्वे भागे हिदे भागलद्धमोकड्डुक्कड्डणभागहार०-वेछावट्ठि० अण्णोण्णब्भत्थरासि-जोगगुणगाराण-मण्णोण्णसंवग्गमेत्तं होइ। पुणो एदेण भागलद्धेण रूवूणेण जहण्णदव्वे गुणिदे जहण्णदव्व-मुक्कस्सदव्वादो सोहिय सुद्धसेसदव्वमागच्छइ।

§ ७४५. संपहि एदं दव्वं संतकम्मपक्खेवपमाणेण कस्सामो। तं जहा—एय-जहण्णसंतकम्ममेत्तदव्वादो जइ विज्झादभागहारवेअसंखेज्जलोगाणमण्णोण्णब्भासजणिद-रासिमेत्ता संतकम्मपक्खेवा लब्भंति तो ओकड्डुक्कड्डण०भागहारवेछावट्ठि-अण्णोण्णब्भत्थ-रासि-जोगगुणगाराणमण्णोण्णसंवग्गजणिदरूवूणरासिमेत्तजहण्णसंतकम्मेसु केत्तियमेत्ते संतकम्मपक्खेवे लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए ओकड्डु०भागहारवे-छावट्ठिसागरोवमअण्णोण्णब्भत्थरासि-जोगगुणगार - विज्झादभागहार - वेअसंखेज्जलोगाण-मण्णोण्णसंवग्गमेत्ता संतकम्मपक्खेवा लद्धा हवंति। तदो इमे छब्भागहारे अण्णोण्ण-ब्भत्थसरूवे विरलेऊण पुव्विल्लसुद्धसेसदव्वे समखंडं करिय दिण्णे विरलणरूवं पडि एगेगसंतकम्मपक्खेवपमाणं पावेदि त्ति एत्थुप्पण्णासेससंतकम्मट्ठाणपरिवाडीणमायामो विरलणरासिमेत्तो चेव होइ। णवरि जहण्णसंतकम्मविसयजहण्णपरिवाडीसंगहणट्ठमेसा

प्रकार स्थापित कर उत्कृष्ट द्रव्य लानेकी इच्छासे डेढ़ गुणहानि से गुणित एकेन्द्रिय सम्बन्धी एक समय प्रबद्धको स्थापित कर योगगुणकारके द्वारा गुणित करने पर प्रकृत विषय सम्बन्धी उत्कृष्ट द्रव्य होता है। यहाँ पर जघन्य द्रव्यका उत्कृष्ट द्रव्यमे भाग देने पर जो लब्ध आवे वह अपकर्षण-उत्कर्षणभागहार, दो छयासठ सागरकी अन्योन्याभ्यस्तराशि और योगगुणकारके परस्पर संवर्गित प्रमाण होता है। पुन. एक कम इस भाग लब्धमे जघन्य द्रव्यके गुणित करने पर जघन्य द्रव्यको उत्कृष्ट द्रव्यमेंसे घटा कर शुद्ध शेप द्रव्य आता है।

§ ७४५. अब इस द्रव्यको सत्कर्म प्रक्षेप प्रमाण करते हैं। यथा—एक जघन्य सत्कर्ममात्र द्रव्यसे यदि विध्यातभागहार और दो असंख्यात लोकोंके परस्पर गुणा करनेसे उत्पन्न हुई राशि-प्रमाण सत्कर्म प्रक्षेप प्राप्त होते हैं तो अपकर्षण उत्कर्षणभागहार, दो छयासठ सागरकी अन्यो-न्याभ्यस्त राशि और योगगुणकारके परस्पर संवर्गसे उत्पन्न हुई एक कम राशिप्रमाण जघन्य सत्कर्मोंमें कितने सत्कर्म प्रक्षेप प्राप्त होंगे इस प्रकार फल गुणित इच्छामें प्रमाणका भाग देने पर अपकर्षण-उत्कर्षणभागहार, दो छयासठ सागरकी अन्योन्याभ्यस्त राशि, योगगुणकार, विध्यात भागहार और दो असंख्यात लोकोंके परस्पर संवर्गमात्र सत्कर्मप्रक्षेप प्राप्त होते हैं। इसलिए परस्पर गुणितरूप इन छह भागहारोंका विरलनकर पूर्वके शुद्ध शेप द्रव्यको समखण्ड करके देने पर प्रत्येक विरलनके प्रति एक एक सत्कर्मप्रक्षेपका प्रमाण प्राप्त होता है, इसलिए यहाँ पर उत्पन्न हुई समस्त सत्कर्मस्थान परिपाटियोंका आयाम विरलन राशिप्रमाण ही होता है। किन्तु इतनी विशेषता है कि जघन्य सत्कर्मविषयक जघन्य परिपाटीका संग्रह करनेके लिए यह विरलन एक अधिक करना

विरलणा रूवाहिया कायव्वा। विक्खंभो पुण परिणामट्ठाणमेत्तो सव्वपरिवाडीसु, तस्सावट्ठिदसरूवेण लंभादो। पुणो एदेसिं विक्खंभायामाणं संवग्गे कदे एत्थुप्पण्णासेसपरिवाडीणं सव्वसंकमट्ठाणाणि होंति। एवं गुणिद०कालपरिहाणीए संकमट्ठाणपरूवणा समत्ता।

§ ७४६. संपहि तस्सेव संतमस्सिऊण ट्ठाणपरूवणं कस्सामो। तं जहा—एगो खविदकम्मंसियलक्खणेणागंतूण असण्णिपंचिंदिएसु देवेसु च कमेणुप्पज्जिय अंतोमुहुत्तेण सव्वविसुद्धो होदूण सम्मत्तुप्पायणट्ठं तिण्णि वि करणाणि कुणमाणो अधापवत्तकरणमणंतगुणाए विसोहीए वोलिय अपुव्वकरणं पविट्ठो तत्थ गुणसेढिमाढवेदि। तत्थापुव्वकरणपढमसमए असंखेज्जलोगमेत्ताणि गुणसेढिणिबंधणपरिणामट्ठाणाणि अत्थि। एवं विदियादिसमएसु वि। तेसु पढमसमयजहण्णपरिणामादो तत्थेवुक्कस्सपरिणामट्ठाणमणंतगुणं, पढमसमयउक्कस्सपरिणामट्ठाणादो विदियसमयजहण्णपरिणामट्ठाणमणंतगुणं, तत्तो तत्थेवुक्कस्सपरिणामट्ठाणमणंतगुणं, विदियसमयउक्कस्सपरिणामादो तदियसमयजहण्णपरिणामट्ठाणमणंतगुणं, तत्थेवुक्कस्सपरिणामट्ठाणमणंतगुणं। एवमंतोमुहुत्तकालं गच्छदि जाव अपुव्वकरणचरिमसमयो त्ति। एत्थुक्कस्सपरिणामेहि चेव गुणसेढिमेत्तो करावेयव्वो। किमट्ठमेवं कराविज्जदे? ण, अण्णहा मिच्छत्तदव्वस्स जहण्णभावाणुप्पत्तीदो।

चाहिए। परन्तु विष्कम्भ परिणामस्थान प्रमाण है, क्योंकि सब परिपाटियोंमें वह अवस्थित रूपसे उपलब्ध होता है। पुनः इन विष्कम्भों और आयामोंका परस्पर संवर्ग करने पर यहाँ पर उत्पन्न हुई सब परिपाटियोंके सब संक्रमस्थान होते हैं। इस प्रकार गुणितकर्मांशिक जीवके काल परिहाणिका आश्रय लेकर संक्रमस्थानोंकी प्ररूपणा समाप्त हुई।

§ ७४६. अब उसी जीवके सत्कर्मका आश्रय लेकर स्थानोंकी प्ररूपणा करते हैं। यथा—कोई एक जीव क्षपितकर्मांशिकलक्षणसे आकर असंज्ञी पञ्चेन्द्रियोंमें और देवोंमें क्रमसे उत्पन्न होकर तथा अन्तर्मुहूर्तमें सर्व विशुद्ध होकर सम्यक्त्वको उत्पन्न करनेके लिए तीनों ही करणोंको करता हुआ अधःप्रवृत्तकरणको अनन्तगुणी विशुद्धिके साथ बिताकर अपूर्वकरणमें प्रविष्ट हुआ और वहाँ गुणश्रेणिरचनाका आरम्भ किया। वहाँ अपूर्वकरणके प्रथम समयमें असंख्यात लोकमात्र गुणश्रेणिके कारणभूत परिणामस्थान होते हैं। इसी प्रकार द्वितीयादि समयोंमें भी वे होते हैं। उनमें प्रथम समयके जघन्य परिणामसे वहाँ उत्कृष्ट परिणामस्थान अनन्तगुणा है। तथा प्रथम समयके उत्कृष्ट परिणामस्थानसे दूसरे समयका जघन्य परिणामस्थान अनन्तगुणा है और उससे वहीं पर उत्कृष्ट परिणामस्थान अनन्तगुणा है। दूसरे समयके उत्कृष्ट परिणामस्थानसे तीसरे समयका जघन्य परिणाम स्थान अनन्तगुणा है। वहीं पर उत्कृष्ट परिणामस्थान अनन्तगुणा है। इस प्रकार अपूर्वकरणका अन्तिम समय प्राप्त होने तक अन्तर्मुहूर्त काल चला जाता है। यहाँ पर उत्कृष्ट परिणामोंके द्वारा ही गुणश्रेणिकी रचना करनी चाहिए।

शंका—इस प्रकार किसलिए कराया जाता है?

समाधान—नहीं, क्योंकि ऐसा कराये बिना मिथ्यात्वके द्रव्यका जघन्यपना नहीं उत्पन्न हो सकता।

§ ७४७. तदो एदेण विहाणेणापुव्वकरणं समाणिय अणियट्टिकरणं पविट्ठो । एवं पविट्ठस्स असंखेज्जलोगमेत्तपरिणामट्ठाणाणि णत्थि, अंतोमुहुत्तकालमेक्केक्को चेव अणियट्टिपरिणामो होइ । तदो एत्थ वि गुणसेढीए बहुदव्वगालणं कादूण चरिमसमयमिच्छाइट्ठी जादो । से काले उवसमसम्माइट्ठी होदूण तक्काले चेव सम्मत्तसम्मामिच्छत्ताणि गुणसंकमेण पूरेमाणो सव्वुक्कस्सगुणसंकमकालेण सव्वजहण्णगुणसंकमभागहारेण च पूरेदि त्ति वत्तव्वं मिच्छत्तदव्वस्स जहण्णीकरणट्ठं अण्णहा तदणुप्पत्तीदो । एदेण विहिणा गुणसंकमकालं वोलिय विज्झादसंकमे पडिय अंतोमुहुत्तेण वेदयसम्मत्तं पडिवण्णो वेछावट्ठिसागरोवमाणि परिभमिय अंतोमुहुत्तावसेसे दंसणमोहक्खवणाए अब्भुट्ठिय अधापवत्तकरणचरिमसमयम्मि जहण्णपरिणामणिबंधणविज्झादसंकमेण संकामेमाणो जहण्णसंकमट्ठाणसामिओ होइ । संपहि एदमादिं कादूण असंखेज्जलोगमेत्तसंकमट्ठाणाणि पुव्वविहाणेणुप्पाइय गेण्हियव्वाणि जाव एत्थतणदव्वमुक्कस्सं जादं त्ति ।

§ ७४८. तदो वेछावट्ठिकालं सव्वं संतकम्मे ओदारिज्जमाणे अण्णेगो गुणिदकम्मंसिओ सत्तमपुढवीए मिच्छत्तदव्वमुक्कस्सं करेमाणो तत्थेयगोवुच्छदव्वमेत्तमेयसमयमोकड्डणाए विणासिददव्वमेत्तमेयसमयविज्झादसंकमदव्वमेत्तं च ऊणीकरियागंतूण असण्णिपंचिंदिएसु देवेसु च जहाकममुप्पज्जिय सम्मत्तपडिलंभेण वेछावट्ठीओ भमिय दुचरिमसमय-

§ ७४७ इसलिए इस विधिसे अपूर्वकरणको समाप्त कर अनिवृत्तिकरणमें प्रविष्ट हुआ। इस प्रकार प्रविष्ट हुए जीवके असंख्यात लोकप्रमाण परिणामस्थान नहीं हैं, क्योंकि अन्तर्मुहूर्त कालतक एक एक ही अनिवृत्ति परिणाम होता है। इसलिए यहाँ पर भी गुणश्रेणिके द्वारा बहुत द्रव्यको गलाकर अन्तिम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि हो गया। तथा अनन्तर समयमें उपशमसम्यग्दृष्टि होकर उसी समय सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वको गुणसंक्रमके द्वारा पूरता हुआ सबसे उत्कृष्ट गुणसंक्रमके कालके द्वारा और सबसे जघन्य गुणसंक्रमके भागहार द्वारा पूरता है ऐसा यहाँ पर मिथ्यात्वके द्रव्यको जघन्य करनेके लिए कहना चाहिए, अन्यथा वह जघन्य नहीं किया जा सकता। पुनः इस विधिसे गुणसंक्रमके कालको बिताकर विध्यातसंक्रममें गिरकर अन्तर्मुहूर्त कालके द्वारा वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त हुआ। फिर छ्यासठ सागर कालतक परिभ्रमण करके अन्तर्मुहूर्त काल शेष रहने पर दर्शनमोहनीयकी क्षपणाके लिए उद्यत होकर अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें जघन्य परिणामके कारणभूत विध्यातसंक्रमके द्वारा संक्रम करता हुआ जघन्य संक्रमस्थानका स्वामी होता है। अब इस स्थानसे लेकर यहाँका द्रव्य उत्कृष्ट होने तक असंख्यात लोकप्रमाण संक्रमस्थान पूर्व विधिसे उत्पन्न करके ग्रहण करने चाहिए।

§ ७४८. अनन्तर सम्पूर्ण दो छयासठ सागर कालतक सत्कर्मके उतारने पर जो अन्य एक गुणितकर्मांशिक जीव सातवीं पृथिवीमें मिथ्यात्वके द्रव्यको उत्कृष्ट करता हुआ वहाँ पर एक गोपुच्छामात्र द्रव्यको, एक समय तक अपकर्षणके द्वारा विनाशको प्राप्त हुए द्रव्यको तथा एक समय तक विध्यात संक्रम द्रव्यको कम करके आया और असंज्ञी पञ्चेन्द्रियों तथा देवोंमें क्रमसे उत्पन्न होकर सम्यक्त्वकी प्राप्तिके साथ दो छयासठ सागर कालतक परिभ्रमण कर द्विचरमसमयमें अधः-

अधापवत्तकरणो होदूण ट्ठिदो एसो पुव्विल्लेण सह सरिसो। संपहि इमं घेत्तूण इमेगूणीकयदव्वम्मि जावदिया संतकम्मपक्खेवा संभवंति तावदियमेत्तसंकमट्ठाणपरिवाडीओ समुप्पाएदव्वाओ। एत्थ संतकम्मपक्खेववड्ढणविहाणं जाणिय कायव्वं। एवमेदेण विहाणेण संधीओ जाणिऊण ओदारेदव्वं जाव वेछावट्ठीणमादीए आवलियवेदगसम्मादिट्ठि त्ति। तत्तो हेट्ठा ओदारिज्जमाणे मिच्छत्तस्स गोवुच्छदव्वं णत्थि त्ति विज्झादसंकमदव्वमेत्तेणूणं करियागंतूण हेट्ठिमाणंतरसमयम्मि ट्ठिदेण पुव्विल्लं सरिसं कादूण तदूणीकयदव्वं पुणो वि वड्ढाविय ओदारेयव्वं जाव उवसमसम्मत्तद्धाए संखेज्जे भागे ओयरिय विज्झादं पदिदपढमसमयं पत्तो त्ति। संपहि एत्तो हेट्ठा ओदारेदुं ण सक्कदे। किं कारणं? एत्थेव विज्झादसंकमो समत्तो। एत्तो हेट्ठा गुणसंकमविसयो तेणेदस्स सरिसकरणोवायाभावादो। एवं गुणिदकम्मंसियसंतमस्सिऊण ट्ठाणपरूवणा गया।

§ ७४९. संपहि खविदकम्मंसियस्स कालपरिहाणिं कादूणोदारिज्जमाणे गुणिदकम्मंसियभंगो चेव। णवरि जत्थ ऊणं कदं तत्थेगेगगोवुच्छदव्वमेत्तमेगसमयमोकड्डणाए विणासिददव्वमेत्तं च विज्झादसंकमदव्वेण सह उवरिमसमयदव्वम्मि वड्ढाविय हेट्ठिमसमए दव्वेण सरिसं कादूण समऊणादिकमेण संधीओ जाणिऊण ओदारेदव्वं जाव अंतोमुहुत्तूणपढमछावट्ठिं सव्वमोइण्णो त्ति। पुणो तत्थ ट्ठविय चत्तारि पुरिसे अस्सिऊण वड्ढावेयव्वं

प्रवृत्तकरण होकर स्थित हुआ वह पहलेके जीवके समान है। अब इसे ग्रहण कर इसके द्वारा कम किये गये द्रव्यमें जितने सत्कर्मप्रक्षेप सम्भव हैं उतनी संक्रमस्थान परिपाटियाँ उत्पन्न करनी चाहिए। यहाँ पर सत्कर्मप्रक्षेपकी वृद्धिके विधानको जानकर करना चाहिए। इस प्रकार इस विधिसे सन्धियोंको जानकर दो छयासठ सागरके प्रारम्भमें वेदकसम्यग्दृष्टिके एक आवलिकालके होनेतक उतारना चाहिए। उससे नीचे उतारने पर मिथ्यात्वका गोपुच्छद्रव्य नहीं है इसलिए विध्यातसंक्रमप्रमाण द्रव्यसे न्यून कर आकर अनन्तर अधस्तन समयमें स्थित हुए जीवके द्वारा पहलेके द्रव्यको समान कर उस कम किये गये द्रव्यको फिर भी बढ़ा कर उपशमसम्यक्त्वके कालके संख्यात बहुभाग उतारकर विध्यातसंक्रमके प्रथम समयके प्राप्त होनेतक उतारना चाहिए। अब इससे नीचे उतारना शक्य नहीं है, क्योंकि यहीं पर विध्यातसंक्रम समाप्त हो गया है। इससे नीचे गुणसंक्रमका विषय है, इसलिए इसके सदृश करनेका कोई उपाय नहीं है। इस प्रकार गुणित कर्मांशिक जीवके सत्कर्मका आश्रय कर स्थानप्ररूपणा समाप्त हुई।

§ ७४९. अब क्षपितकर्मांशिक जीवके कालपरिहानिको करके उतारने पर गुणितकर्मांशिकके समान ही भंग होता है। किन्तु इतनी विशेषता है कि जहाँ पर एक कम किया गया है वहाँपर एक एक गोपुच्छाप्रमाण द्रव्यको और एक समयमें अपकर्षणके द्वारा विनाशको प्राप्त हुए द्रव्यको विध्यातसंक्रमके द्रव्यके साथ अगले समयके द्रव्यमें बढ़ाकर अधस्तन समयमें स्थित द्रव्यके साथ समान करके एक समय न्यूनआदिके क्रमसे सन्धियोंको जानकर अन्तमुहूर्त कम प्रथम छयासठ सागरके सब द्रव्यके उतरने तक उतारना चाहिए। पुनः वहाँ पर स्थापित कर चार पुरुषोंका आश्रय कर गुणितकर्मांशिक जीवके अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयके योग्य उत्कृष्ट संक्रम द्रव्यके प्राप्त होने तक बढ़ाना

जाव गुणिदकम्मंसियअधापवत्तचरिमसमयपाओग्गुक्कस्ससंकमदव्वं पत्तं ति। संपहि तस्सेव संतकम्मे ओदारिज्जमाणे गोवुच्छदव्वं विज्झादसंकमदव्वमेत्तं पुणो एगसमयमोकड्डणाए विणासिददव्वमेत्तं च वड्डाविय द्विदचरिमसमयअधापवत्तकरणो च अण्णेगो पुव्वविहाणेणागंतूण दुचरिमसमए द्विदो च दो वि सरिसा। एवं जाणिऊणोदारेयव्वं जाव विज्झादसंकमपढमसमयो ति। एवमोदारिदे मिच्छत्तस्स विज्झादसंकममस्सिऊण ट्ठाणपरूवणा समत्ता होइ।

§ ७५०. संपहि सुत्तणिद्दिट्ठमस्सिऊण ट्ठाणपरूवणे कीरमाणे बेछावट्ठिसागरोवमाणि सागरोवमपुधत्तं च पयदपरूवणाए विसयो होइ? तत्थ कालपरिहाणीए संतकम्मोदीरणाए च एसो चेव भंगो णिरवसेसमणुगंतव्वो, विसेसाभावादो। णवरि भज्जमाणभागहारविसयं किंचि णाणत्तमत्थि त्ति तं जाणिय वत्तव्वं। एवमुप्पण्णासेससंकमट्ठाणाणमसंखेज्जलोगमेत्तविक्खंभायामाणं एगपदरागारेण रचणं कादूण एत्थ पुणरुत्तापुणरुत्तभावपरिक्खा कीरदे। तं जहा—

§ ७५१. पढमपरिवाडिजहण्णसंकमट्ठाणमसंखेज्जलोगेहिं खंडेऊण तत्थेयखंडे तम्मि चेव पडिरासिय पक्खित्ते तत्थेव विदियसंकमट्ठाणं होइ। पुणो एदेण असंखेज्जलोगमेत्तसंकमट्ठाणपरिवाडीओ समुल्लंघिऊणावट्ठिदसंकमट्ठाणपरिवाडीए पढमसंकमट्ठाणं च समाणं

चाहिए। अब उसीके सत्कर्मके उतारने पर विध्यातसंक्रमसम्बन्धी द्रव्यके बराबर गोपुच्छाके द्रव्यको और एक समयमें अपकर्षणके द्वारा विनाशको प्राप्त हुए द्रव्यको बढ़ाकर स्थित हुआ अन्तिम समयवर्ती अध प्रवृत्तकरण जीव तथा पूर्वोक्त विधिसे आकर द्विचरम समयमें स्थित हुआ जीव ये दोनों समान हैं। इस प्रकार जानकर विध्यातसंक्रमके प्रथम समयके प्राप्त होनेतक उतारना चाहिए। इस प्रकार उतारने पर विध्यातसंक्रमके आश्रयसे मिथ्यात्वकी स्थानप्ररूपणा समाप्त होती है।

§ ७५०. अब सूत्रमें निर्दिष्ट स्वामित्वका आश्रय लेकर हानि प्ररूपणाके करने पर दो छयासठ सागर और पृथक्त्व प्रमाणकाल प्रकृत प्ररूपणका विषय होता है। वहाँ पर काल परिहानिके आश्रयसे और सत्कर्मकी उदीरणाके आश्रयसे यही भंग पूरी तरहसे जानना चाहिए, क्योंकि इसमें उससे कोई विशेषता नहीं है। किन्तु भज्यमान भागहारविषयक कुछ भेद है सो उसे जानकर कहना चाहिए। इस प्रकार उत्पन्न हुए समस्त संक्रमस्थानोंके असंख्यात लोकप्रमाण विष्कम्भरूप आयामोंकी एक प्रतराकाररूपसे रचना करके यहाँ पर पुनरुक्त और अपुनरुक्तभावकी परीक्षा करते हैं। यथा—

§ ७५१. प्रथम परिपाटीसम्बन्धी जघन्य संक्रमस्थानको असंख्यात लोकोंसे भाजित कर उसमेंसे एक खण्डके उसीमें प्रतिराशि बनाकर प्रक्षिप्त करने पर वहीं पर दूसरा संक्रमस्थान होता है। पुनः असंख्यात लोकप्रमाण संक्रमस्थान परिपाटियोंको उल्लंघन कर अवस्थित संक्रमस्थान परिपाटीका प्रथम संक्रमस्थान इसके समान होता है।

शंका—यह कैसे?

होइ । तं कथं ? संतकम्मपक्खेवागमणणिमित्तभूदमसंखेज्जलोगभागहारं विज्झादभागहारं च अण्णोण्णगुणं कादूण तत्थ जत्तियाणि रूवाणि तत्तियमेत्तसंतकम्मपक्खेवेसु पविट्ठेसु जा संकमट्ठाणपरिवाडी समुप्पज्जदि तिस्से पढमसंकमट्ठाणं पढमपरिवाडिविदियसंकमट्ठाणेण सह सरिसं होदि । किं कारणं ? तत्थ ट्ठिदसंतकम्मपक्खेवेसु विज्झादभागहारेणोवट्टिदेसु एगसंकमट्ठाणविसेसुप्पत्तीए परिप्फुडमुवलंभादो ।

§ ७५२. एदस्सेवद्धाणस्स णिरुत्तीकरणट्ठं भज्ज-भागहारमुहेण किंचि परूवणमेत्थ वत्तइस्सामो । तं जहा—जहण्णसंतकम्मठाणम्मि अंगुलस्सासंखेज्जदिभागभूदविज्झादभागहारेण भागे हिदे भागलद्धं पढमपरिवाडीए जहण्णसंकमट्ठाणं होइ । पुणो तम्मि चेव जहण्णसंतकम्मे जहण्णसंकमट्ठाणादो असंखेज्जलोगभागब्भहियसंकमट्ठाणागमणहेदुभूदविज्झादभागहारेण भाजिदे तत्थेव विदियसंकमट्ठाणं होइ । संपहि एत्थ पढमसंकमट्ठाणादो अब्भहियविदियसंकमट्ठाणविसेसं घेत्तूण असंखेज्जलोगे विरलिय समखंडं कादूण दिण्णे विरलणरूवं पडि एगेगसंतकम्मपक्खेवपमाणं पावदि । तत्थ पढमरूवधरिदं घेत्तूण जहण्णसंतट्ठाणस्सुवरि पडिरासिय पक्खित्ते विदियसंकमट्ठाणपरिवाडीए णिमित्तभूदं विदियसंतकम्मट्ठाणमुप्पज्जदि । एत्थ जहण्णसंतट्ठाणादो अहियविदियसंतट्ठाणम्मि पक्खित्तसंतकम्मपक्खेवमवणेऊण पुध ट्ठविय पुणो सेसदव्वम्मि अंगुलस्सासंखे०भागेण

समाधान—क्योंकि सत्कर्मसम्बन्धी प्रक्षेपके लानेका निमित्तभूत असंख्यात लोकप्रमाण भागहारको और विध्यात संक्रमसम्बन्धी भागहारको परस्पर गुणित करके वहाँ जितने रूप प्राप्त हों तावन्मात्र सत्कर्मप्रक्षेपोंके प्रविष्ट होने पर जो संक्रमस्थानपरिपाटी उत्पन्न होती है उसकी प्रथम संक्रमस्थानसम्बन्धी परिपाटी दूसरे संक्रमस्थानके साथ समान होती है, क्योंकि वहाँ पर स्थित सत्कर्मप्रक्षेपोंके विध्यातसंक्रम भागहारके द्वारा भाजित करने पर एक संक्रमस्थान विशेषकी उत्पत्ति स्पष्टरूपसे उपलब्ध होती है।

§ ७५२. अब इसी अध्वानकी निरुक्ति करनेके लिए भज्यमान भागहारके द्वारा कुछ प्ररूपणा यहाँ पर बतलाते हैं। यथा—जघन्य सत्कर्मस्थानके अंगुलके असंख्यातवें भागप्रमाण भागहारके द्वारा भाजित करने पर जो भाग लब्ध आवे उतना प्रथम परिपाटीका जघन्य संक्रमस्थान होता है। पुनः उसी जघन्य सत्कर्ममें जघन्य संक्रमस्थानसे असंख्यात लोक भाग अधिक संक्रमस्थानके लानेके हेतुभूत विध्यातभागहारके द्वारा भाग देने पर वहीं पर दूसरा संक्रमस्थान होता है। अब यहाँ पर प्रथम संक्रमस्थानसे अधिक दूसरे संक्रमस्थान विशेषको ग्रहण कर उसे असंख्यात लोकका विरलन कर समान खण्ड करके देने पर एक-एक विरलन अंकके प्रति सत्कर्मका एक-एक प्रक्षेपका प्रमाण प्राप्त होता है। उनमेंसे प्रथम अंकके प्रति प्राप्त प्रक्षेप द्रव्यको ग्रहण कर जघन्य सत्कर्म स्थानके ऊपर प्रतिराशि करके प्रक्षिप्त करने पर दूसरी संक्रमस्थान परिपाटीका निमित्तभूत दूसरा सत्कर्मस्थान उत्पन्न होता है। यहाँ पर जघन्य सत्कर्मस्थानसे अधिक दूसरे सत्कर्मस्थानमें प्रक्षिप्त किये गये सत्कर्मप्रक्षेपको घटा कर और अलग स्थापित कर पुनः शेष द्रव्यमें अंगुलके असंख्यातवें भागका भाग

भागे हिदे जं भागलद्धं जहण्णसंतट्ठाणं[1] जहण्णसंकमट्ठाणपमाणं होइ। एवं पुणो अवणेदूण ट्ठविदे अहियसंतकम्मपक्खेवस्स वि तेणेव भागहारेण भागो घेप्पदि त्ति अंगुलस्सासंखेज्जदिभागं हेट्ठा विरलिय अहियदव्वं समखंडं कादूण दिण्णे विरलणरूवं पडि संतकम्मपक्खेवस्सासंखेज्जदिभागो पावदि। तत्थेयखंडं घेत्तूण पुव्विल्लदव्वस्सुवरि पक्खित्ते जहण्णसंतट्ठाणं पढमसंकमट्ठाणादो असंखेज्जलोगभागुत्तरं होदूण तत्थेव विदियसंकमट्ठाणादो विसेसहीणमसंखेज्जलोगपडिभागेण विदियसंतट्ठाणस्स पढमसंकमट्ठाणमुप्पज्जदि।

§ ७५३. संपहि एवमुप्पण्णसंकमठाणम्मि संतकम्मपक्खेवमंगुलस्सासंखेज्जदिभागेण खंडऊण तत्थेयखंडपमाणं पविट्ठं, तदियसंतट्ठाणपढमसंकमट्ठाणम्मि तारिसाणि दोण्णि खंडाणि पविट्ठाणि, चउत्थसंतट्ठाणपढमसंकमट्ठाणम्मि तारिसाणि तिण्णि खंडाणि पविट्ठाणि। एदेण कमेण अंगुलस्सासंखेज्जदिभागमेत्तद्धाणं गंतूण ट्ठिदसंतट्ठाणपढमसंकमट्ठाणम्मि तारिसाणि अंगुलस्सासंखेज्जदिभागमेत्तखंडाणि पविट्ठाणि। संपहि इमाणमंगुलस्सासंखेज्जदिभागमेत्तखंडाणं पमाणं केत्तियमिदि भणिदे जहण्णसंतट्ठाणपढमसंकमट्ठाणादो तस्सेव विदियसंकमट्ठाणम्मि अहियदव्वमसंखेज्जलोगेहिं खंडिदूणेयखंडमेत्तं होइ। उवरिमविरलणाए सयलेयरूवधरिदसंतकम्मपक्खेवमेत्तमेत्थ संकमसरूवेण पविट्ठमिदि भावत्थो।

देने पर जो भाग लब्ध आवे उतना जघन्य सत्कर्मस्थानसम्बन्धी जघन्य संक्रमस्थानका प्रमाण होता है। इस प्रकार पुनः घटाकर स्थापित करने पर अधिक सत्कर्मप्रक्षेपका भी उसी भागहारके द्वारा भाग ग्रहण होता है, इसलिए अंगुलके असंख्यातवें भागको नीचे विरलन कर अधिक द्रव्यको समान खण्ड कर देने पर प्रत्येक विरलनरूपके प्रति सत्कर्मप्रक्षेपका असंख्यातवाँ भाग प्राप्त होता है। उनमेंसे एक खण्डको ग्रहण कर पूर्वोक्त द्रव्यके ऊपर प्रक्षिप्त करने पर जघन्य सत्कर्मस्थान प्रथम संक्रमस्थानसे असंख्यात लोक भाग अधिक होकर वहीं पर दूसरे संक्रमस्थानसे विशेष हीन असंख्यात लोक प्रतिभागके आश्रयसे दूसरे सत्कर्मस्थानका प्रथम संक्रमस्थान उत्पन्न होता है।

§ ७५३. अब इस प्रकार उत्पन्न हुए संक्रमस्थानमें सत्कर्मप्रक्षेपको अंगुलके असंख्यातवें भागसे भाजित कर वहाँ पर एक खण्ड प्रमाण प्रविष्ट हुआ है। तीसरे सत्कर्मस्थानमें उस प्रकारके दो खण्ड प्रविष्ट हुए हैं और चौथे सत्कर्मस्थानके प्रथम संक्रमस्थानमें उसी प्रकारके तीन खण्ड प्रविष्ट हुए हैं। इस प्रकार इस क्रमसे अंगुलके असंख्यातवें भागप्रमाण अध्वान जाकर स्थित हुए सत्कर्मस्थानके प्रथम संक्रमस्थानमें उस प्रकारके अंगुलके असंख्यातवें भागप्रमाण खण्ड प्रविष्ट हुए हैं। अब अंगुलके असंख्यातवें भागप्रमाण इन खण्डोंका प्रमाण कितना है ऐसा कहने पर जघन्य सत्कर्मस्थानके प्रथम संक्रमस्थानसे उसीके दूसरे संक्रमस्थानमें स्थित अधिक द्रव्यको असंख्यात लोकोंसे भाजित कर एक खण्ड प्रमाण होता है। उपरिम विरलनमें एक रूपके प्रति रखा गया समस्त सत्कर्मप्रक्षेप यहाँ पर संक्रमरूपसे प्रविष्ट हुआ है यह इसका भावार्थ है।

१ आ० प्रतौ संतट्ठाण ता०प्रतौ संत ट्ठाण (णं) इति पाठः

§ ७५४. संपहि जहण्णसंतट्ठाणप्पहुडि अंगुलस्सासंखेज्जदिभागमेत्तमुवरि चढिद-संतकम्मट्ठाणद्धाणमेगखंडयपमाणं करिय तदो एरिसाणि एक्क-दो-तिण्णिआदि जाव असंखेज्जलोगमेत्तखंडयाणि गंतूणावट्ठिदसंतट्ठाणम्मि पढमपरिवाडिपढमसंकमट्ठाणादो तत्थेव विदियसंकमट्ठाणविसेसमेत्तदव्वं पविट्ठं होइ। विज्झादभागहारेणुवरिमविरलण-मोवट्टिय तत्थ लद्धरूवमेत्तकंडएसु गदेसु जं संतकम्मट्ठाणं तत्थ संकमट्ठाणविसेसमेत्तदव्वं संतकम्मसरूवेण पविट्ठमिदि जं वुत्तं होइ।

§ ७५५. संपहि एत्तियमेत्तदव्वे पविट्ठे जं संतकम्मट्ठाणं तस्स जहण्णसंकमट्ठाणं जहण्णसंतट्ठाणविदियसंकमट्ठाणेण सह सरिसं होइ, आहो ण होदि त्ति पुच्छिदे ण होदि। किं कारणं? जहण्णसंतट्ठाणादो णिरुद्धसंतट्ठाणम्मि अहियदव्वमवणिय पुध ट्ठविदूण पुणो सेसदव्वम्मि अंगुलस्सासंखेज्जदिभागेण भागे हिदे भागलद्धं जहण्णसंतट्ठाणं पढमसंकमट्ठाणं च दो वि सरिसाणि। पुणो अवणिददव्वस्स वि तेणेव भागो घेप्पदि त्ति अंगुलस्सासंखेज्जदिभागमेत्तहेट्ठिमविरलणाए तम्मि दव्वे समखंडं करिय दिण्णे तत्थेयरूवधरिदमेत्तमेत्थ संकमसरूवेण वड्ढिददव्वं होइ। एदं घेत्तूण पडिरासिदजहण्ण-संकमट्ठाणम्मि पक्खित्ते णिरुद्धसंतट्ठाणपढमसंकमट्ठाणमुप्पज्जदि। एदं च हेट्ठिमट्ठाणेसु केण वि सह सरिसं ण होदि, जहण्णसंकमट्ठाणादो संकमट्ठाणविसेसस्सासंखेज्जदिभागमेत्त-दव्वेणाब्भहियत्तादो।

---

§ ७५४. अब जघन्य सत्कर्मस्थानसे लेकर अंगुलके असंख्यातवें भागप्रमाण ऊपर प्राप्त हुए सत्कर्मस्थानके अध्वानको एक खण्ड प्रमाण करके वहाँसे इसी प्रकारके एक, दो और तीन से लेकर असंख्यात लोकप्रमाण खण्ड जाकर स्थित हुए सत्कर्मस्थानमें प्रथम परिपाटीके प्रथम संक्रम-स्थानसे वहीं पर दूसरे संक्रमस्थानका विशेषमात्र द्रव्य प्रविष्ट होता है। विध्यात भागहारसे उपरिम विरलनको भाजित कर वहाँ पर जितने रूप प्राप्त हों उतने काण्डकोंके जाने पर जो सत्कर्म स्थान है उसमें संक्रमस्थान विशेषमात्र द्रव्य सत्कर्मरूपसे प्रविष्ट हुआ है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

§ ७५५. अब इतनेमात्र द्रव्यके प्रविष्ट होनेपर जो सत्कर्मस्थान है उसका जघन्य संक्रम-स्थान जघन्य सत्कर्मस्थानके दूसरे संक्रमस्थानके समान होता है या नहीं होता है ऐसा पूछने पर नहीं होता है, क्योंकि जघन्य सत्कर्मस्थानरूपसे विवक्षित सत्कर्मस्थानमेंसे अधिक द्रव्यको घटाकर और पृथक् स्थापित कर पुनः शेष द्रव्यमें अंगुलके असंख्यातवें भागका भाग देने पर जो भाग लब्ध आवे उतना जघन्य सत्कर्मस्थान और प्रथम संक्रमस्थान होता है, इसलिए ये दोनों समान हैं। पुनः घटाये गये द्रव्यका भी उसी प्रकार भागग्रहण करना चाहिए, इसलिए अंगुलके असंख्यातवें भागप्रमाण अधस्तन विरलनके ऊपर उसी द्रव्यको समान खण्ड करके देने पर वहाँ एक अंकके प्रति जितना द्रव्य प्राप्त हो उतना यहाँ पर संक्रमरूपसे वृद्धिको प्राप्त हुआ द्रव्य होता है। इसे ग्रहण कर प्रतिराशिरूप जघन्य संक्रमस्थानमें प्रक्षिप्त करने पर विवक्षित सत्कर्मस्थानका प्रथम संक्रमस्थान उत्पन्न होता है। और यह अधस्तन स्थानोंमें किसीके भी साथ समान नहीं होता है, क्योंकि जघन्य संक्रमस्थानसे संक्रमस्थानविशेष असंख्यातवें भागप्रमाण द्रव्यरूपसे अधिक होता है।

§ ७५६. पुणो केत्तियमद्धाणं गंतूण सरिसं होदि त्ति भणिदे वुच्चदे—जहण्णसंतट्ठाणप्पहुडि असंखेज्जलोगमेत्तद्धाणमुवरि गंतूण ट्ठिदसंपहियणिरुद्धसंतकम्मट्ठाणादो उवरि सयलहेट्ठिमद्धाणपमाणमेयखंडयं कादूण तारिसाणि विज्झादभागहारमेत्तकंडयाणि गंतूण जं संतकम्मट्ठाणं तस्स पढमसंकमट्ठाणं जहण्णसंतट्ठाणविदियसंकमट्ठाणं च दो वि सरिसाणि, उवरिमविरलणरूवधरिदसव्वदव्वस्स संकमट्ठाणविसेसपमाणस्स णिरवसेसमेत्थ संकमसरूवेण पवेसदंसणादो। एदेण कारणेण विज्झादभागहारमसंखे०लोगभागहारं च अण्णोण्णगुणं कादूण चडिदद्धाणपरूवणा कया।

§ ७५७. संपहि जहण्णसंतट्ठाणतदियसंकमट्ठाणमणंतरणिरुद्धसंतट्ठाणविदियसंकमट्ठाणेण सह सरिसं होइ। एदेण विधिणा णिरुद्धसंकमट्ठाणपरिवाडीए तदियादिसंकमट्ठाणाणि वि पढमपरिवाडिचउत्थादिसंकमट्ठाणेहिं सह पुणरुत्ताणि होदूण गच्छंति जाव पढमसंकमट्ठाणपरिवाडिचरिमसंकमट्ठाणेण सह एत्थतणदुचरिमसंकमट्ठाणं पुणरुत्तं होदूण णिट्ठिदं ति। पुणो एत्थतणचरिमसंकमट्ठाणं हेट्ठिमसंकमट्ठाणेण केण वि समाणं ण होदि त्ति तदो णियत्तिदूण विदियसंकमट्ठाणपरिवाडीए विदियसंकमट्ठाणं घेत्तूण तेण सह पुव्वुत्तसंतकम्मियपुणरुत्तसंकमट्ठाणपरिवाडीदो उवरिमपरिवाडीए पढमसंकमट्ठाणस्स पुणरुत्तभावो वत्तव्वो। पुणो विदियपरिवाडी तदियसंकमट्ठाणेण तत्थतणविदियसंकमट्ठाणं पुणरुत्तं होइ। एदेण विहिणा सेससंकमट्ठाणाणि वि पुणरुत्ताणि होदूण गच्छंति जाव

---

§ ७५६. पुनः कितना अध्वान जाकर सदृश होता है, ऐसा पूछने पर कहते हैं—जघन्य सत्कर्मस्थानसे लेकर असंख्यात लोकप्रमाण अध्वान ऊपर जाकर स्थित हुए साम्प्रतिक विवक्षित सत्कर्मस्थानसे ऊपर समस्त अधस्तन अध्वान प्रमाण एक खण्ड करके उसके समान विध्यातभागहारप्रमाण काण्डक जाकर जो सत्कर्मस्थान है उसका प्रथम संक्रमस्थान और जघन्य सत्कर्मस्थानका दूसरा संक्रमस्थान ये दोनों समान होते हैं, क्योंकि उपरिम विरलन रूपके प्रति रखे गये संक्रमस्थान विशेषप्रमाण सब द्रव्यका पूरी तरहसे यहाँ पर संक्रमरूपसे प्रवेश देखा जाता है। इसी कारणसे विध्यातभागहार और असंख्यात लोकप्रमाण भागहारको परस्पर गुणित कर ऊपर चढ़े हुए अध्वानकी प्ररूपणा की है।

§ ७५७. अब जघन्य सत्कर्मस्थानका तीसरा संक्रमस्थान अनन्तर विवक्षित सत्कर्मस्थानके दूसरे संक्रमस्थानके समान है। इस विधिसे विवक्षित संक्रमस्थान परिपाटीके तीसरे आदि संक्रमस्थान भी प्रथम परिपाटीके चौथे आदि संक्रमस्थानोंके साथ पुनरुक्त होकर तब तक जाते हैं जब तक प्रथम संक्रमस्थानकी परिपाटीके अन्तिम संक्रमस्थानके साथ यहाँका द्विचरम संक्रमस्थान पुनरुक्त होकर निष्पन्न हुआ है। पुनः यहाँका अन्तिम संक्रमस्थान किसी भी अन्तिम संक्रमस्थानके समान नहीं है, इसलिए उससे लौटकर दूसरी संक्रमस्थानपरिपाटीके दूसरे संक्रमस्थानको ग्रहण कर उसके साथ पूर्वोक्त सत्कर्मसम्बन्धी पुनरुक्त संक्रमस्थानपरिपाटीसे उपरिम परिपाटीके प्रथम संक्रमस्थानका पुनरुक्तपना कहना चाहिए। पुनः दूसरी परिपाटीके तीसरे संक्रमस्थानके साथ यहाँ का दूसरा संक्रमस्थान पुनरुक्त है। इस विधिसे शेष संक्रमस्थान भी पुनरुक्त होकर तब तक जाते हैं जब तक दूसरी संक्रमस्थान.


विदियसंकमट्ठाणपरिवाडीए चरिमसंकमट्ठाणेण पुव्वुत्तसंतकम्मियादो उवरिमसंकमट्ठाणपरिवाडीए दुचरिमसंकमट्ठाणं पुणरुत्तं होदूण पज्जवसिदं ति। एत्थ वि णिरुद्धपरिवाडीए चरिमसंकमट्ठाणं हेट्ठा केण वि सरिसं ण होइ त्ति तत्तो णियत्तिदूण पढमणिव्वग्गणकंडयतदियसंकमट्ठाणपरिवाडीए विदियसंकमट्ठाणं घेत्तूण तेण सह पुव्वुत्तसंतकम्मियादो उवरिमतदियसंकमट्ठाणपरिवाडीए पढमसंकमट्ठाणं सरिसं कादूण तदो पुव्वुत्तकमेण सेससंकमट्ठाणाणं पि पुणरुत्तभावो जोजेयव्वो जाव तत्थतणदुचरिमसंकमट्ठाणं हेट्ठिमतदियपरिवाडीए चरिमसंकमट्ठाणेण सरिसं होदूण परिसमत्तं ति। एत्थ वि चरिमसंकमट्ठाणं हेट्ठा केण वि सरिसं ण होदि त्ति वत्तव्वं।

§ ७५८. एवमेदेण कमेण पढमणिव्वग्गणकंडयचउत्थादिपरिवाडीणं पि विदियणिव्वग्गणकंडयचउत्थादिपरिवाडीहिं पुणरुत्तभावो अणुगंतव्वो जाव दोण्हं णिव्वग्गणकंडयाणं चरिमपरिवाडीओ त्ति। णवरि सव्वासिं परिवाडीणं पढमसंकमट्ठाणाणि ण पुणरुत्ताणि, तेसिं पुणरुत्तभावस्स कारणाणुवलंभादो। विदियणिव्वग्गणकंडयचरिमसंकमट्ठाणाणि वि अपुणरुत्ताणि णिव्वग्गणकंडयपमाणं पुण विज्झादभागहारं संतकम्मपक्खेवागमणहेदुभूदमसंखेज्जलोगभागहारं च अण्णोण्णगुणं कादूण तत्थ लद्धरूवमेत्तं होइ त्ति घेत्तव्वं। संपहि एत्थ पढमणिव्वग्गणकंडयसव्वपरिवाडीणं विदियादिसंकमट्ठाणाणि विदियणिव्वग्गणकंडयसंकमट्ठाणेहि पुणरुत्ताणि जादाणि त्ति तेसिमवणयणं कायव्वं।

परिपाटीके अन्तिम संक्रमस्थानके साथ पूर्वोक्त व सत्कर्मकी अपेक्षा उपरिम संक्रमस्थानपरिपाटीका द्विचरम संक्रमस्थान पुनरुक्त होकर अन्तको प्राप्त हुआ है। यहाँ पर भी विवक्षित परिपाटीका अन्तिम संक्रमस्थान नीचे किसीके साथ भी समान नहीं है इसलिए उससे लौटकर प्रथम निर्वर्गणाकाण्डककी तीसरी संक्रमस्थानपरिपाटीके दूसरे संक्रमस्थानको ग्रहण कर उसके साथ सत्कर्मकी अपेक्षा उपरिम तृतीय संक्रमस्थानपरिपाटीका प्रथम संक्रस्थान सदृश करके अनन्तर पूर्वोक्त क्रमसे शेष संक्रमस्थानोंका भी पुनरुक्तपना तब तक लगा लेना चाहिए जब तक अधस्तन तीसरी परिपाटीके अन्तिम संक्रमस्थानके साथ सदृश होकर परिसमाप्त होता है। यहाँ पर भी अन्तिम संक्रमस्थान नीचे किसीके साथ भी समान नहीं है ऐसा कहना चाहिए।

§ ७५८. इस प्रकार इस क्रमसे प्रथम निर्वर्गणाकाण्डककी चौथी आदि परिपाटियोंका भी दूसरे निर्वर्गणाकाण्डककी चौथी आदि परिपाटियोंके साथ पुनरुक्तपना तब तक जानना चाहिए जब तक दो निर्वर्गणाकाण्डकोंकी अन्तिम परिपाटी प्राप्त हो। किन्तु इतनी विशेषता है कि सब परिपाटियोंके प्रथम संक्रमस्थान पुनरुक्त नहीं हैं, क्योंकि उनके पुनरुक्तपनेका कारण नहीं उपलब्ध होता। दूसरे निर्वर्गणाकाण्डकके अन्तिम संक्रमस्थान भी अपुनरुक्त हैं। परन्तु निर्वर्गणाकाण्डकका प्रमाण विध्यातभागहारको तथा सत्कर्मके प्रक्षेपोंके आगमनके हेतुभूत असंख्यात लोकप्रमाण भागहारको परस्पर गुणित करके वहाँ जो लब्ध आवे उतना होता है ऐसा ग्रहण करना चाहिए। अब यहाँ पर प्रथम निर्वर्गणाकाण्डककी सब परिपाटियोंके दूसरे आदि संक्रमस्थान दूसरे निर्वर्गणाकाण्डकके संक्रमस्थानोंके साथ पुनरुक्त हो गये हैं, इसलिए उनको अलग कर देना चाहिए। जिस प्रकार

जहा पढम-बिदियणिव्वग्गणकंडयाणमण्णोण्णेण पुणरुत्तभावो परूविदो तहा बिदिय-तदिय-णिव्वग्गणकंडयाणं पि वत्तव्वं, विसेसाभावादो। एत्थ बिदियणिव्वग्गणकंडयसव्वपरिवाडीणं बिदियादिसंकमट्ठाणाणि पुणरुत्ताणि त्ति अवणेयव्वाणि। एवमणंतरहेट्ठिमणिव्वग्गणकंडयसव्वपरिवाडीणं बिदियादिसंकमट्ठाणाणि अणंतरोवरिमणिव्वग्गणकंडयसव्वपरिवाडिसंकमट्ठाणेहिं जहाकमं पुणरुत्ताणि कादूण णेदव्वाणि जाव दुचरिमणिव्वग्गणकंडयसव्वपरिवाडीणं बिदियादिसंकमट्ठाणाणि चरिमणिव्वग्गणकंडयसंकमट्ठाणेहि सह पुणरुत्ताणि होदूण पयदपरूवणाए पज्जवसाणं पत्ताणि त्ति। एवं णीदे चरिमणिव्वग्गणकंडयं मोत्तूण दुचरिमादिहेट्ठिमासेसणिव्वग्गणकंडयाणं सव्वाणि चेव संकमट्ठाणाणि पुणरुत्ताणि होदूण गदाणि। णवरि सव्वणिव्वग्गणकंडयसव्वपरिवाडीणं पढमसंकमट्ठाणाणि सव्वाणि चेवापुणरुत्ताणि होदूण चिट्ठंति।



§ ७५६. संपहि परिणामट्ठाणविक्खंभसंकमट्ठाणपरिवाडिमेत्तायामसव्वसंकमट्ठाणपदरादो पुणरुत्तसंकमट्ठाणेसु अवणिदेसु सेससंकमट्ठाणाणि अपुणरुत्तभावेण बीयणाकाराणि होदूण चेट्ठंति। तेसिमेसा ठवणा। एत्थ दंडपमाणमोकड्डुक्कड्डणभागहारं विज्झाद-भागहारं बेछावट्ठि०अण्णोण्णब्भत्थरासिं गोवुच्छसेसा लोगे जोगगुणगारं च एदेसिं छब्भागहारे अण्णोण्णगुणे करिय लद्धमेत्तं होइ, संकमट्ठाणपरिवाडीणमायामस्स णिरवसेसमेत्थ दंडमादेणावट्ठिदत्तादो। चरिमणिव्वग्गणकंडयसंकमट्ठाणाणि पुण

प्रथम और द्वितीय निर्वर्गणाकाण्डकोंका परस्पर पुनरुक्तपना कहा है उसी प्रकार दूसरे और तीसरे निर्वर्गणाकाण्डकोंका भी कहना चाहिए, क्योंकि इनमें इससे कोई विशेषता नहीं है। यहाँ पर दूसरे निर्वर्गणाकाण्डककी सब परिपाटियोंके दूसरे आदि संक्रमस्थान पुनरुक्त हैं, इसलिए इन्हें अलग कर देना चाहिए। इसी प्रकार अनन्तर अधस्तन निर्वर्गणाकाण्डकोंकी सब परिपाटियोंके द्वितीय आदि संक्रमस्थानोंको अनन्तर उपरिम निर्वर्गणाकाण्डकोंकी सब परिपाटियोंके संक्रमस्थानोंके साथ क्रमसे पुनरुक्त करके तब तक ले जाना चाहिए जब तक द्विचरम निर्वर्गणाकाण्डकोंकी सब परिपाटियोंके द्वितीय आदि संक्रमस्थान अन्तिम निर्वर्गणाकाण्डकके संक्रमस्थानोंके साथ पुनरुक्त होकर प्रकृत प्ररूपणामें अन्तको प्राप्त होते हैं। इस प्रकार ले जाने पर अन्तिम निर्वर्गणाकाण्डकको छोड़कर द्विचरम आदि समस्त निर्वर्गणाकाण्डकोंके सभी संक्रमस्थान पुनरुक्त होकर जाते हैं। किन्तु इतनी विशेषता है कि सब निर्वर्गणाकाण्डकोंकी सब परिपाटियोंके सभी प्रथम संक्रमस्थान अपुनरुक्त होकर ही स्थित हैं।

§ ७५६. अब परिणामस्थानमात्र विष्कम्भयुक्त और संक्रमस्थान परिपाटीमात्र आयाम युक्त सर्व संक्रमस्थान प्रतरमेंसे पुनरुक्त संक्रमस्थानोंके घटा देने पर शेष संक्रमस्थान अपुनरुक्तरूपसे बीजनाकार रूप होकर स्थित होते हैं। उनकी यह स्थापना है। (स्थापना मूलमें देखो।) यहाँ पर

परिणामट्ठाणविक्खंभेण पुव्वपरूविदणिव्वग्गणकंडयायामेण च वीयणपदरागारेण त्ति दट्ठव्वाणि । एवं विज्झादसंकममस्सिऊण मिच्छत्तस्स संकमट्ठाणपरूवणा समत्ता ।

§ ७६०. संपहि अपुव्वकरणम्मि गुणसंकममस्सिऊण मिच्छत्तस्स संकमट्ठाणपरूवणं कस्सामो । तं जहा—खविदकम्मंसियलक्खणेणागंतूण पुव्वविहाणेण देवेसुप्पज्जिय सव्वलहुं सम्मत्तपडिलंभेण वेछावट्ठिसागरोवमाणि परिभमिय दंसणमोहक्खवणाए अब्भुट्ठिय अधापवत्तकरणं वोलेदूणापुव्वकरणपढमसमयमहिट्ठियस्स तत्थतणजहण्णसंतकम्मं जहण्णपरिणामणिबंधणगुणसंकमभागहारेण संकामेमाणस्स गुणसंकममस्सिऊण जहण्णसंकमट्ठाणं होइ । एदं पुण विज्झादसंकमविसयसव्वुक्कस्ससंकमट्ठाणादो असंखेज्जगुणं । एत्थ वि जहण्णसंतकम्मस्स संकमणजोग्गाणि असंखेज्जलोगमेत्तपरिणामट्ठाणाणि अत्थि तेसु सव्वाणि ण घेप्पंति, जहण्णपरिणामट्ठाणादो असंखेज्जलोगमेत्तद्धाणं गंतूण तत्थेगपरिणामट्ठाणमसंखेज्जलोगभागुत्तरपदेससंकमस्स कारणभूदमत्थि, तस्स गहणं कायव्वं । एवमवट्ठिदमसंखेज्जलोगमेत्तद्धाणं गंतूण एक्केक्कमपुणरुत्तसंकमट्ठाणणिबंधणपरिणामट्ठाणमुवलब्भइ त्ति तहाभूदपरिणामट्ठाणेसु सव्वेसु उच्चिणिदूण गहिदेसु एदाणि वि असंखेज्जलोगमेत्ताणि एक्कमेक्कदो अणंतगुणाहिय-

---

दण्डका प्रमाण अपकर्षण-उत्कर्षणभागहार, विध्यातभागहार, दो छयासठ सागरोंकी अन्योन्याभ्यस्त राशि, दो असंख्यात लोक और योगगुणकार इन छह भागहारोंको परस्पर गुणित करने पर जो लब्ध आवे उतना है, क्योंकि संक्रमस्थानोंकी परिपाटियोंका आयाम यहाँ पर पूरी तरहसे दण्डरूपसे अवस्थित है। परन्तु अन्तिम निर्वर्गणाकाण्डकके संक्रमस्थान परिणामस्थानके विष्कम्भ और पहले कहे गये निर्वर्गणाकाण्डकके आयामरूप जो बीजनाका प्रतराकार उस रूपसे स्थित हैं ऐसा यहाँ पर जानना चाहिए। इस प्रकार विध्यातसंक्रमका आश्रय कर मिथ्यात्वके संक्रमस्थानोंकी प्ररूपणा समाप्त हुई।

§ ७६०. अब अपूर्वकरणमें गुणसंक्रमका आश्रय लेकर मिथ्यात्वके संक्रमस्थानोंकी प्ररूपणा करेंगे। यथा—क्षपितकर्मांशिकलक्षणसे आकर पूर्वोक्त विधिसे देवोंमें उत्पन्न होकर अतिशीघ्र सम्यक्त्वको प्राप्त करनेसे दो छयासठ सागर काल तक परिभ्रमण कर तथा दर्शनमोहनीयकी क्षपणाके लिए उद्यत हो अधःप्रवृत्तकरणको बिताकर जो अपूर्वकरणके प्रथम समयमें स्थित हो वहाँ जघन्य सत्कर्मको जघन्य परिणाम निमित्तक गुणसंक्रमभागहारके द्वारा संक्रम कर रहा है उसके गुणसंक्रमका आश्रय कर जघन्य संक्रमस्थान होता है। परन्तु यह संक्रमस्थान विध्यात संक्रमके विषयभूत सर्वोत्कृष्ट संक्रमस्थानसे असंख्यातगुणा होता है। यहाँ पर भी जघन्य सत्कर्मके योग्य जो असंख्यात लोकप्रमाण परिणामस्थान होते हैं उनमेंसे सबको ग्रहण नहीं करते हैं। किन्तु जघन्य परिणामस्थानसे असंख्यात लोकप्रमाण अध्वान जाकर वहाँ पर एक परिणामस्थान असंख्यात लोक भाग अधिक प्रदेशसंक्रमका कारणभूत है, इसलिए उसका ग्रहण करना चाहिए। इस प्रकार अवस्थित असंख्यात लोकप्रमाण अध्वान जाकर एक एक अपुनरुक्त संक्रमस्थानका कारणभूत परिणामस्थान उपलब्ध होता है, इसलिए उस प्रकारके सभी परिणामस्थानोंको उठा कर ग्रहण करने पर ये भी परस्पर अनन्तगुणे अधिक क्रमसे वृद्धिरूप होकर असंख्यात लोकमात्र

कमेण परिवड्ढिदसरूवाणि लद्धाणि भवंति, अधापवत्तचरिमसमयम्मि उच्चिणिदूण गहिद-परिणामपंतिआयामादो एत्थतणपरिणामट्ठाणपंतिआयामो उच्चिणिदूण रचिदसरूवो असंखेज्जगुणो ।

§ ७६१. संपहि एदस्स किंचि कारणं भणिस्सामो । तं जहा—अधापवत्तकरण-चरिमसमयम्मि जहण्णसंतकम्मं जहण्णपरिणामेण संकामेमाणस्स जहण्णसंकमट्ठाणादो तं चेव जहण्णदव्वमुक्कस्सपरिणामेण संकामेमाणस्स उक्कस्ससंकमट्ठाणमसंखेज्जलोगभागब्भहियं चेव होइ असंखेज्जगुणब्भहियमण्णं वा ण होइ त्ति एसो णियमो । कधमेदं परिच्छिण्णमिदि भण्णदे—मिच्छत्तस्स तिसु अद्धासु भुजगारो संकमो पदिदो । उवसम-सम्माइट्ठिस्स वा दंसणमोहक्खवणाए वा पुव्वुप्पण्णसम्मत्तमिच्छाइट्ठिणा वा अविणट्ठवेदग-पाओग्गेण कालेण सम्मत्ते गहिदे तस्स पढमावलियकालब्भंतरे भुजगारसंकमो होइ त्ति । एत्थ तदियपयारे मिच्छाइट्ठिचरिमावलियणवकबंधवसेण भुजगारप्पयरावट्ठिदाणं तिण्हं पि संभवो जोजिदो । तत्थ पढमावलियविदियादिसमएसु उदयावलियमणुप्पविसमाणगोवुच्छादो हेट्ठिमसमयम्मि विज्झादेण संकंतदव्वादो च संकमपाओग्गभावेण ढुक्कमाणणवकबंधस्स केत्तियमेत्ते बहुत्तसंभवमस्सिदूण भुजगारसंकमो परूविदो, सो च असंखेज्जभागवड्ढीए चेव होदि त्ति वुत्तं । जइ पुण विज्झादसंकमविसये वि असंखेज्जगुणवड्ढिणिमित्तपरिणामसंभवो

प्राप्त होते हैं, क्योंकि अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें उठा कर ग्रहण किये गये परिणामस्थानों की पंक्तिके आयामसे यहाँकी परिणामस्थानोंकी पंक्तिका आयाम उठाकर रचा गया असंख्यात-गुणा होता है ।

§ ७६१. अब इसके कुछ कारणको कहेंगे । यथा—अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें जघन्य सत्कर्मको जघन्य परिणामके द्वारा संक्रम करनेवाले जीवके जो जघन्य संक्रमस्थान होता है उससे उसी जघन्य द्रव्यको उत्कृष्ट परिणामके द्वारा संक्रम करनेवाले जीवके उत्कृष्ट संक्रमस्थान असंख्यात लोकका भाग देने पर मात्र एक भाग अधिक होता है । असंख्यातगुणा अधिक या अन्य नहीं होता यह नियम है ।

शंका—यह नियम किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान—कहते हैं—मिथ्यात्वका तीन कालोंमें भुजगार संक्रम होता है—एक तो उपशम सम्यग्दृष्टिके, दूसरे दर्शनमोहनीयकी क्षपणाके समय और तीसरे जिसने पहले सम्यक्त्वको उत्पन्न किया है ऐसे मिथ्यादृष्टिके द्वारा वेदक सम्यक्त्वके योग्य कालका नाश किये बिना सम्यक्त्व के ग्रहण करने पर उसके प्रथम आवलिरूप कालके भीतर भुजगार संक्रम होता है । उनमेंसे यहाँ पर तीसरे प्रकारमें मिथ्यादृष्टिकी अन्तिम आवलिमें हुए नवकबन्धके कारण भुजगार, अल्पतर और अवस्थित ये तीनों सम्भव हैं । उनमेंसे यहाँ प्रथम आवलिके द्वितीयादि समयोंमें उदयावलिमें प्रविष्ट होनेवाली गोपुच्छासे और अधस्तन समयमें विध्यातसंक्रमके द्वारा संक्रान्त हुए द्रव्यसे संक्रमके योग्यरूपसे प्राप्त हुए नवकबन्धका कितने ही द्रव्यके द्वारा बहुतपनेका आश्रय कर भुजगार

होज्ज तो असंखेज्जगुणवड्ढीए तत्थ भुजगारसंभवं परूवेज्ज। ण च तहा परूविदं, असंखेज्जभागवड्ढीए चेव पयदविसये भुजगारसंकमो त्ति णियमं कादूण तत्थ परूविदत्तादो। तेण जाणामो जहा अधापवत्तचरिमसमयम्मि जहण्णपरिणामेण संकामिदजहण्णदव्वादो तत्थेवुक्कस्सपरिणामेण संकामिददव्वं विसेसाहियं चेव होइ, दुगुणादिकमेणासंखेज्जगुणब्भहियं ण होइ त्ति।

§ ७६२. अपुव्वकरणम्मि पुण जहण्णपरिणामेण संकामिदजहण्णसंतकम्मणिबंधणजहण्णसंतकम्मट्ठाणादो तं चेव जहण्णसंतकम्ममुक्कस्सपरिणामेण संकामेमाणयस्स उक्कससंकमदव्वमसंखेज्जगुणं होदि। कुदो एदं परिच्छिज्जदि त्ति चे? सुत्ताविरुद्धपुव्वाइरियवक्खाणादो। तदो उच्चिणिदूण गहिदअधापवत्तचरिमसमयपरिणामट्ठाणेहिंतो अपुव्वपढमसमयम्मि उच्चिणिदूण गहिदपरिणामट्ठाणाणि असंखेज्जगुणाणि त्ति सिद्धं। होंताणि वि अधापवत्तचरिमसमयपरिणामट्ठाणाणि असंखेज्जलोगगुणगारेण गुणिदमेत्ताणि होंति त्ति घेत्तव्वं।

§ ७६३. संपहि एवमुच्चिणिदूण गहिदपरिणामट्ठाणाणमपुव्वपढमसमए परिवाडीए रचणं कादूण जहण्णसंतकम्मं धुवभावेणावलंबिय परिणामट्ठाणमेत्ताणि चेव संकमट्ठाणाणि असंखेज्जलोगभागवड्ढीए समुप्पाएयव्वाणि। एवमुप्पाइदे पढमपरिवाडी समत्ता।

संक्रम कहा है वह असंख्यात भागवृद्धिरूप ही होता है यह कहा है। यदि विध्यातसंक्रमके विषयमें भी असंख्यातगुणवृद्धिका निमित्तभूत परिणाम सम्भव होवे तो असंख्यातगुणवृद्धिके द्वारा वहाँ पर भुजगारसंक्रमकी प्ररूपणा की जाती। परन्तु वैसा नहीं कहा है, क्योंकि असंख्यातभागवृद्धि रूपसे ही प्रकृत विषयमें भुजगारसंक्रम होता है ऐसा नियम करके वहाँ पर प्ररूपणा की है। इससे हम जानते हैं कि अधःप्रवृत्तके अन्तिम समयमें जघन्य परिणामके द्वारा संक्रम कराये गये जघन्य द्रव्यसे वहीं पर उत्कृष्ट परिणामके द्वारा संक्रमित कराया गया द्रव्य विशेष अधिक ही होता है, द्विगुण आदि क्रमसे असंख्यातगुणा नहीं होता।

§ ७६२. अपूर्वकरणमें तो जघन्य परिणामके द्वारा संक्रमित कराये गये जघन्य सत्कर्मनिमित्तक जघन्य संक्रमस्थानसे उसी जघन्य सत्कर्मको उत्कृष्ट परिणामके द्वारा संक्रम करनेवाले जीवके उत्कृष्ट संक्रम द्रव्य असंख्यातगुणा होता है।

शंका—यह किस प्रमाणसे जाना जाता है?

समाधान—सूत्रके अविरुद्ध पूर्वाचार्योंके व्याख्यानसे जाना जाता है। इसलिए उठाकर ग्रहण किये गये अधःप्रवृत्तके अन्तिम समयसम्बन्धी परिणामस्थानोंसे अपूर्वकरणके समयमें उठाकर ग्रहण किये गये परिणामस्थान असंख्यातगुणे होते हैं यह सिद्ध हुआ। ऐसा होते हुए भी अधःप्रवृत्तके अन्तिम समयमें जो परिणामस्थान होते हैं वे असंख्यात लोकप्रमाण गुणकारसे गुणित होते हैं ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए।

§ ७६३. अब इस प्रकार उठाकर ग्रहण किये गये परिणामस्थानोंकी अपूर्वकरणके प्रथम समयमें रचना करके तथा जघन्य सत्कर्मको ध्रुवरूपसे अवलम्बन करके परिणामस्थानप्रमाण ही संक्रमस्थानोंको असंख्यात लोक भागवृद्धिके द्वारा उत्पन्न करना चाहिए। इस प्रकार उत्पन्न करने पर प्रथम परिपाटी समाप्त हुई।

§ ७६४. संपहि जहण्णदव्वादो एयसंतकम्मपक्खेवमहियं कादूणागदस्स विदिय-परिवाडी होदि। एत्थ ताव संतकम्मपक्खेवपमाणाणुगमो कीरदे—अपुव्वकरणपढमसमय-जहण्णदव्वपडिबद्धजहण्णसंकमट्ठाणे तस्सेव विदियसंकमट्ठाणादो सोहिदे सुद्धसेसो संकम-ट्ठाणविसेसो णाम। एसो च जहण्णसंकमट्ठाणस्सासंखेज्जलोगपडिभागिओ। एदम्मि संकमट्ठाणविसेसे अण्णेणासंखेज्जलोगभागहारेणोवट्टिदे भागलद्धमेत्तमेत्थ संतकम्मपक्खेव-पमाणं होइ। जहण्णदव्वे सव्वुक्कस्सगुणसंकमभागहारेण वेअसंखेज्जलोगाहिएण भागे हिदे भागलद्धमेत्तमेत्थतणसंतकम्मपक्खेवपमाणमिदि वुत्तं होइ। एवंविहपक्खेवुत्तरजहण्ण-संतकम्ममस्सिऊण परिणामट्ठाणमेत्तसंकमट्ठाणेसु णाणाकालसंबंधिणाणाजीवे अस्सिऊण समुप्पाइदेसु विदियसंकमट्ठाणपरिवाडी समप्पदि। एदेण विहिणा एगेगसंतकम्मपक्खेवं पक्खिविय तदियादिसंकमट्ठाणपरिवाडीओ च उप्पाइय णेदव्वं जाव गुणिदकम्मंसियुक्कस्स-दव्वं पाविदूण पढमसमये अपुव्वकरणसंकमट्ठाणपरिवाडीणमपच्छिमवियप्पो समुप्पण्णो त्ति। एत्थ सेसविही जहा अधापवत्तकरणचरिमसमए भणिदो तहा वत्तव्वो, विसेसा-भावादो। णवरि जत्थ विज्झादभागहारो तत्थ गुणसंकमभागहारो वत्तव्वो।

§ ७६५. संपहि अपुव्वकरणस्स संतमोदारेदुं ण सक्किज्जदि। किं कारणं? अधा-पवत्तचरिमसमयट्ठिदेण सह सरिसं कादूणोदारिज्जमाणे अपुव्वकरणसंकमट्ठाणपरूवणपइण्णाए

§ ७६४. अब जघन्य द्रव्यसे एक सत्कर्मप्रक्षेप अधिक करके आये हुए जीवके दूसरी परिपाटी होती है। यहाँ पर सर्व प्रथम सत्कर्मके प्रक्षेपके प्रमाणका अनुगम करते हैं—अपूर्वकरणके प्रथम समयसम्बन्धी जघन्य द्रव्यसे सम्बन्धित जघन्य संक्रमस्थानको उसीके दूसरे संक्रम-स्थानमेंसे घटा देने पर जो शुद्ध शेष रहे वह संक्रमस्थान विशेष कहलाता है। और यह जघन्य संक्रमस्थानका असंख्यात लोक प्रतिभागी है। इस संक्रमस्थान विशेषके अन्य असंख्यात लोक प्रमाण भागहारके द्वारा भाजित करने पर जो एक भाग लब्ध आवे उतना यहाँ पर सत्कर्मप्रक्षेपका प्रमाण है। जघन्य द्रव्यके दो असंख्यात लोक भाग अधिक सर्वोत्कृष्ट गुणसंकमभागहारके द्वारा भाजित करने पर जो भाग लब्ध आवे उतना सत्कर्मप्रक्षेपका प्रमाण है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इस प्रकार एक प्रक्षेप अधिक जघन्य सत्कर्मका आश्रय कर परिणामस्थानप्रमाण संक्रम-स्थानोंके नाना कालसम्बन्धी नाना जीवोंके आश्रयसे उत्पन्न करने पर दूसरी संक्रमस्थान परिपाटी समाप्त होती है। इस विधिसे एक एक सत्कर्म प्रक्षेपको प्रक्षिप्त कर तृतीय आदि संक्रमस्थान परिपाटियोंको उत्पन्न कर गुणितकर्मांशिक जीवके उत्कृष्टद्रव्यको प्राप्त कराकर प्रथम समयवर्ती अपूर्व-करणसम्बन्धी संक्रमस्थान परिपाटियोंके अन्तिम विकल्पके उत्पन्न होने तक ले जाना चाहिए। यहाँ पर शेष विधि जिस प्रकार अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें कही है उस प्रकार कहनी चाहिए, क्योंकि उससे इसमें कोई विशेषता नहीं है। किन्तु इतनी विशेषता है कि जहाँ पर विध्यात-भागहार कहा है वहाँ पर गुणसंक्रमभागहार कहना चाहिए।

§ ७६५. अब अपूर्वकरणके सत्त्वको उतारना शक्य नहीं है, क्योंकि अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें स्थित हुए द्रव्यके साथ समानता करके उतारने पर अपूर्वकरणसम्बन्धी संक्रम-स्थानोंकी प्ररूपणाकी प्रतिज्ञा विनाशको प्राप्त होती है। तथा प्रथम समयवर्ती अपूर्वकरण और

विणासप्पसंगादो पढमसमयापुव्वचरिमसमयाधापवत्तकरणाणं संकमदव्वस्स सरिसीकरणो-वायाभावादो च । कालपरिहाणीए खविदगुणिदकम्मंसियाणं ठाणपरूवणे कीरमाणे जहा अधापवत्तकरणचरिमसमयं णिरुंभिदूण परूविदं तहा परूवेयव्वं ।

§ ७६६. संपहि एवमुप्पण्णासेससंकमट्ठाणाणमेयपदरायारेण रचणं कादूण पुण-रुत्तापुणरुत्तपरूवणा अणंतरपरूविदविहाणेणेव कायव्वा । णवरि एत्थ सरिसत्ते कीरमाणे गुणसंकमभागहारं संतकम्मपक्खेवागमणणिमित्तभूदमसंखेज्जलोगभागहारं च अण्णोण्ण-गुणं कादूण तत्थ लद्धरूवमेत्तद्धाणं गंतूण तदित्थसंतकम्मपढमसंकमट्ठाणं जहण्णसंत-कम्मियविदियसंकमट्ठाणं च दो वि सरिसाणि त्ति वत्तव्वं । एवमेत्तियमेत्तं णिव्वग्गण-कंडयमवट्ठिदं गंतूण सरिसत्तं करिय णेदव्वं जाव अपुव्वकरणपढमसमयसंकमट्ठाणाणि समत्ताणि त्ति । एत्थ पुणरुत्ताणमवणयणे कदे सेसाणमपुणरुत्तसंकमट्ठाणाणमवट्ठाणं पुव्वं व वीयणाकारेण दट्ठव्वं । तत्थ वीयणपदरायामो गुणसंकमभागहारसंतकम्मपक्खेवागमण-णिमित्तभूदासंखेज्जलोगभागहारअण्णोण्णसंवग्गमेत्तो होइ, विक्खंभो पुण परिणामट्ठाणमेत्तो चेव,तत्थ पयारंतरासंभवादो । दंडायामपमाणं पुण ओकड्डुक्कड्डणभागहारबेछावट्ठिसागरोवम-अण्णोण्णब्भत्थरासिगुणसंकमभागहारबेअसंखेज्जलोगजोगगुणगाराणमण्णोण्णसंवग्गजणिदमेत्तं गुणसंकमभागहारो होइ त्ति घेत्तव्वं । एवमपुव्वकरणपढमसमए संकमट्ठाणपरूवणा समत्ता ।

अन्तिम समयवर्ती अधःप्रवृत्तकरणके संक्रमद्रव्यको सदृश करनेका कोई उपाय नहीं है। काल परिहानिके आश्रयसे क्षपितकर्मांशिक और गुणितकर्मांशिक जीवोंके स्थानोंकी प्ररूपणा करने पर जिस प्रकार अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयको विवक्षित कर प्ररूपणा की है उस प्रकार यहाँ पर करनी चाहिए।

§ ७६६. अब इस प्रकार उत्पन्न हुए समस्त संक्रमस्थानोंकी एक प्रतराकाररूपसे रचना करके पुनरुक्त और अपुनरुक्त प्ररूपणा अनन्तर कही गई विधिसे ही करनी चाहिए। इतनी विशेषता है कि यहाँ पर सदृशता करने पर गुणसंक्रम भागहारको और सत्कर्मप्रक्षेपको लानेमें निमित्तभूत असंख्यात लोक भागहारको परस्पर गुणा करके उससे जितना लब्ध आवे उतने स्थान जाकर वहाँका सत्कर्मसम्बन्धी प्रथम संक्रमस्थान और जघन्य सत्कर्मवाले जीवका द्वितीय संक्रमस्थान ये दोनों ही स्थान समान होते हैं ऐसा कथन करना चाहिए। इसप्रकार इतने मात्रके निर्वर्गणा काण्डक अवस्थित जाकर सदृश करके अपूर्वकरणके प्रथम समयसम्बन्धी संक्रमस्थानोंके समाप्त होने तक लेजाना चाहिए। यहाँ पर पुनरुक्त स्थानोंका अपनयन करनेपर शेष अपुनरुक्त संक्रमस्थानोंका अवस्थान पहलेके समान वीजनाकार जानना चाहिए। वहाँ वीजनाका प्रतरायाम गुणसंक्रम भागहार और सत्कर्मप्रक्षेपको लानेमें निमित्तभूत असंख्यात लोक भागहारके परस्पर संवर्गमात्र है। विष्कम्भ तो परिणामस्थान मात्र ही है, क्योंकि उसमें प्रकारान्तर सम्भव नहीं है। दण्डायामका [illegible] भी अपकर्षण-उत्कर्षण भागहार, दो छयासठ सागरकी अन्योन्याभ्यस्तराशि, गुणसंक्रमभागहार दो असंख्यात लोक और योगगुणकारके परस्पर संवर्गसे उत्पन्न हुई राशिप्रमाण [illegible] है ऐसा ग्रहण करना चाहिए। इस प्रकार अपूर्वकरणके प्रथम समयमें [illegible] प्ररूपणा समाप्त हुई।

§ ७६७. अपुव्वकरणबिदियादिसमएसु वि एवं चेव परूवणा कायव्वा जाव अपुव्वकरणचरिमसमओ त्ति, सव्वत्थ जहावुत्तविक्खंभायामेहि संकमट्ठाणपदरुप्पत्तिं पडि विसेसाभावादो। संपहि पढमसमयापुव्वकरणो विदियसमयापुव्वकरणो च दो वि सरिसाणि कायव्वाणि। तेसिमोवट्टणामुहेण सरिसत्तविहाणं वुच्चदे। तं कधं? दिवड्ढगुणहाणिगुणिदमेगमेइंदियसमयपबद्धं ठविय अंतोमुहुत्तोवट्टिदोकड्डुक्कड्डणभागहारपदुप्पण्णवेछावट्ठिसागरोवममण्णोण्णब्भत्थरासिणा पढमसमयगुणसंकमभागहारेण च तम्मि ओवट्टिदे पढमसमयापुव्वकरणस्स जहण्णसंकमट्ठाणं होइ। विदियसमयापुव्वकरणजहण्णभागहारे वि एसा चेव ठवणा कायव्वा। णवरि पुव्विल्लगुणसंकमभागहारादो संपहियगुणसंकमभागहारो असंखेज्जगुणहीणो। एवं ठविय एत्थ हेट्ठिमरासिणा उवरिमरासिम्मि ओवट्टिज्जमाणे गुणगार-भागहारं सरिसम णिय विदियसमयगुणसंकमभागहारेण पढमसमयगुणसंकमभागहारे भागे हिदे भागलद्धं पलिदोवमस्स असंखे०भागमेत्तं होइ।

§ ७६८. पुणो एदेण गुणिदजहण्णदव्वमेत्तं वड्ढिदूण ट्ठिदपढमसमयापुव्वजहण्णसंकमट्ठाणं जहण्णसंतकम्मियविदियसमयापुव्वकरण०जहण्णसंकमट्ठाणं च दो वि सरिसाणि। णवरि एत्थ पढमसमयापुव्वकरणवड्ढिददव्वं संतकम्मपक्खेवपमाणेण कादूण चढिद-

---

§ ७६७. अपूर्वकरणके द्वितीयादि समयोंमें भी अपूर्वकरणके अन्तिम समयके प्राप्त होने तक इसीप्रकार प्ररूपणा करनी चाहिए, क्योंकि सर्वत्र पूर्वोक्त विष्कम्भ और आयामके द्वारा संक्रमस्थान प्रत्तर की उत्पत्तिके प्रति कोई विशेषता नहीं है। अब प्रथम समयका अपूर्वकरण और दूसरे समयका अपूर्वकरण इन दोनोंको ही सदृश करना चाहिए. इसलिए उनका अपवर्तना द्वारा सदृशत्वका विधान करते हैं।

शंका—वह कैसे?

समाधान—डेढ़ गुणहानि गुणित एकेन्द्रियसम्बन्धी एक समयप्रबद्धको स्थापित कर उसमें अन्तमुहूर्तसे भाजित अपकर्पण उत्कर्पण भागहार द्वारा प्रत्युत्पन्न दो छ्यासठ सागरकी अन्योन्याभ्यस्त राशिका और प्रथम समयसम्बन्धी गुणसंक्रम भागहारका भाग देने पर प्रथम समयसम्बन्धी अपूर्वकरणका जघन्य संक्रमस्थान होता है। द्वितीय समयसम्बन्धी अपूर्वकरणके जघन्य भागहारमें भी यही स्थापना करनी चाहिए। इतनी विशेषता है कि पूर्वके गुणसंक्रम भागहारसे साम्प्रतिक गुणसंक्रमभागहार असंख्यातगुणा हीन है। इस प्रकार स्थापित करके यहाँ पर अधस्तन राशिद्वारा उपरिम राशिके भाजित करनेपर गुणकार और भागहारको एक समान निकाल कर द्वितीय समयके गुणसंक्रम भागहारका प्रथम समयके गुणसंक्रम भागहारमें भाग देने पर भाग लब्ध पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण होता है।

§ ७६८. पुनः इसके द्वारा गुणित जघन्य द्रव्यमात्रको बढ़ाकर स्थित प्रथम समयसम्बन्धी अपूर्वकरणका जघन्य संक्रमस्थान और जघन्य सत्कर्मवालेका द्वितीय समयसम्बन्धी अपूर्वकरणका जघन्य संक्रमस्थान ये दोनों ही समान हैं। इतनी विशेषता है कि यहाँ पर प्रथम समयसम्बन्धी

ट्ठाणपरूवणा कायव्वा। एत्तो उवरिमसव्वसंकमट्ठाणाणि पढमसमयापुव्वपडिबद्धाणि विदियसमयापुव्वकरणसंकमट्ठाणेहिं जहाकमं सरिसाणि होदूण गच्छंति जाव विदियसमयापुव्वकरणस्स चरिमपरिवाडीदो हेट्ठा पुव्विल्लचडिदद्धाणमेत्तमोसरिदूण ट्ठिदसंकमट्ठाणपरिवाडी त्ति। एत्तो उवरिमाणि विदियसमयापुव्वकरणसंकमट्ठाणाणि पढमसमयापुव्वकरणसंकमट्ठाणेहिं ण पुणरुत्ताणि। कुदो? पढमसमयापुव्वकरणसंकमट्ठाणाणमेत्थेव णिद्दिट्ठत्तादो।

§ ७६९. संपहि पढमसमयापुव्वकरणो विदियसमयापुव्वकरणो च तदियसमयापुव्वकरणेण सह सरिससंकमपज्जाया अत्थि तेसिमोवट्टणाविहाणं पुव्वं व कादूण सरिसभावो दट्ठव्वो। णवरि पढमसमयापुव्वकरणो जेणद्धाणेण तदियसमयापुव्वकरणेण सरिसो होदि तत्तो विदियसमयापुव्वकरणस्स चडिदद्धाणमसंखेज्जगुणहीणं होइ। अणुकट्ठिपज्जवसाणं पि ण दोण्हमक्कमेण होदि त्ति दट्ठव्वं। एत्थ कारणं सुगमं।

§ ७७०. एवमेदेण बीजपदेण उवरि वि सरिसत्तं कादूण णेदव्वं जाव अपुव्वकरणचरिमसमयो त्ति। एवं कादूण जोइदे विदियसमयापुव्वकरणमादिं कादूण जाव दुचरिमसमयापुव्वकरणो त्ति ताव समुप्पण्णासेससंकमट्ठाणाणि पुणरुत्ताणि जादाणि। किं कारणमिदि चे? पढमसमयापुव्वकरणसंकमट्ठाणेहिं चरिमसमयापुव्वसंकमट्ठाणेहिं य

अपूर्वकरणके बढ़े हुए द्रव्यको सत्कर्मप्रक्षेपके प्रमाणसे करके जितने स्थान आगे गये हैं उनकी प्ररूपणा करनी चाहिए। इससे आगे प्रथम समयसम्बन्धी अपूर्वकरणसे सम्बन्ध रखनेवाले उपरिम सर्व संक्रमस्थान द्वितीय समयसम्बन्धी अपूर्वकरणके संक्रमस्थानोंके साथ यथाक्रम सदृश होकर द्वितीय समयसम्बन्धी अपूर्वकरणकी अन्तिम परिपाटीसे नीचे पूर्वके चढ़े हुए अध्वानमात्र सरक कर स्थित संक्रमस्थान परिपाटीके प्राप्त होने तक जाते हैं। यहाँ से आगेके द्वितीय समयसम्बन्धी अपूर्वकरणके संक्रमस्थान प्रथम समयसम्बन्धी अपूर्वकरणके संक्रमस्थानोंसे पुनरुक्त नहीं है, क्योंकि प्रथम समयसम्बन्धी अपूर्वकरणके संक्रमस्थानोंका इन्हींमे निर्देश किया है।

§ ७६९. अब प्रथम समयका अपूर्वकरण और दूसरे समयका अपूर्वकरण तीसरे समयके अपूर्वकरणके साथ सदृश संक्रम पर्यायवाला है, इसलिए उनके अपवर्तना विधानको पहलेके समान करके सदृशभाव जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि प्रथम समयका अपूर्वकरण जिस अध्वानसे तृतीय समयके अपूर्वकरणके साथ सदृश होता है उससे द्वितीय समयके अपूर्वकरणका चढ़ा हुआ अध्वान असंख्यातगुणा हीन है। अनुकृष्टिका अन्त भी दोनोंका युगपत् नहीं होता ऐसा जानना चाहिए। यहाँ पर कारण सुगम है।

§ ७७०. इस प्रकार इस बीजपदके अनुसार ऊपर भी सदृशता करके अपूर्वकरणके अन्तिम समय तक ले जाना चाहिए। ऐसा करके योजित करने पर द्वितीय समयके अपूर्वकरणसे लेकर द्विचरम समयके अपूर्वकरणके प्राप्त होने तक उत्पन्न हुए समस्त संक्रमस्थान पुनरुक्त हो जाते हैं।

शंका—क्या कारण है?

जहासंभवं तेसिं सरिसभावदंसणादो । तेणेदेसिं गहणं ण कायव्वं ।

§ ७७१. संपहि पढमसमयापुव्वचरिमसमयापुव्वाणं पि सरिसीकरणट्ठमोवट्टणविहाणं वुच्चदे । तं जहा—पढमसमयापुव्वकरणदव्वमिच्छिय दिवड्ढगुणहाणिगुणिदेगेइंदियसमयपबद्धस्स अंतोमुहुत्तोवट्टिदोकड्डुक्कड्डणभागहार०वेछावट्ठिसागरोवमअण्णोण्णब्भत्थरासिपढमसमयगुणसंकमभागहारेहिं ओवट्टणाए कदाए अपुव्वकरणपढमसमयजहण्णसंकमदव्वं होइ । पुणो अपुव्वकरणचरिमसमयजहण्णदव्वमिच्छामो त्ति एवं चेव भज्ज-भागहारविण्णासो कायव्वो । णवरि पुव्विल्लगुणसंकमभागहारादो असंखेज्जगुणहीणो चरिमसमयगुणसंकमभागहारो एत्थ ठवेयव्वो । एवं ठविय हेट्ठिमरासिणा उवरिमरासिमोवट्टिय तत्थ भागलद्धपलिदोवमासंखेज्जभागमेत्तगुणगारेण गुणिदजहण्णदव्वमेत्तं वड्ढिऊण ट्ठिदपढमसमयापुव्वकरणपढमसंकमट्ठाणं जहण्णसंतकम्मियचरिमसमयापुव्वकरणजहण्णसंकमट्ठाणं च दो वि सरिसाणि । एत्तो उवरिमपढमसमयापुव्वकरणसंकमट्ठाणाणि पुणरुत्ताणि चेव होदूण गच्छंति, तेणेदेसिं पि गहणं ण कायव्वं । तदो अपुव्वपढमसमयम्मि समुप्पण्णासंखेज्जलोगमेत्तसंकमट्ठाणाणं हेट्ठिमासंखेज्जभागविसयसंकमट्ठाणाणि चरिमसमयापुव्वसव्वसंकमट्ठाणाणि च अपुणरुत्ताणि होदूण चिट्ठंति । णवरि

समाधान—क्योंकि प्रथम समय सम्बन्धी अपूर्वकरणके संक्रमस्थानोंके साथ और अन्तिम समयसम्बन्धी अपूर्वकरणके संक्रमस्थानोंके साथ यथा सम्भव उनकी सदृशता देखी जाती है। इसलिए इनका ग्रहण नहीं करना चाहिए ।

§ ७७१. अब प्रथम समयके अपूर्वकरणके और अन्तिम समयके अपूर्वकरणके भी सदृश करनेके लिए अपवर्तना विधानको कहते हैं। यथा—प्रथम समयवर्ती अपूर्वकरणके द्रव्यको लानेकी इच्छासे डेढ़ गुणहानि गुणित एकेन्द्रियसम्बन्धी समयप्रबद्धमें अन्तर्मुहूर्तसे भाजित अपकर्षण-उत्कर्षण भागहार, दो छयासठ सागरकी अन्योन्याभ्यस्त राशि और प्रथम समयके गुणसंक्रम भागहारका भाग देने पर अपूर्वकरणके प्रथम समयका जघन्य संक्रम द्रव्य होता है। पुनः अपूर्वकरणके अन्तिम समयका द्रव्य लाना इष्ट है, इसलिए इसीप्रकार भाज्य भाजकका विन्यास करना चाहिए। इतनी विशेषता है कि पूर्वके गुणसंक्रमभागहारसे अन्तिम समयका गुणसंक्रम भागहार असंख्यातगुणा हीन यहाँ पर स्थापित करना चाहिए। इस प्रकार स्थापित कर अधस्तन राशिसे उपरिम राशिको अपवर्तितकर वहाँ पर भागलब्ध पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण गुणकारसे गुणित जघन्य द्रव्यमात्रको बढ़ाकर स्थित जीवके प्रथम समयके अपूर्वकरणके प्रथम संक्रमस्थान और जघन्य सत्कर्मवालेके अन्तिम समयसम्बन्धी अपूर्वकरणका जघन्य संक्रमस्थान दोनों ही समान हैं। इससे उपरिम प्रथम समयसम्बन्धी अपूर्वकरणके संक्रमस्थान पुनरुक्त ही होकर जाते हैं, इसलिए इनका भी ग्रहण नहीं करना चाहिए । अतः अपूर्वकरणके प्रथम समयमें उत्पन्न हुए असंख्यात लोकप्रमाण संक्रमस्थानोंके अधस्तन असंख्यातवें भागके विषयभूत संक्रमस्थान और अन्तिम समयवर्ती अपूर्वकरणके सब संक्रमस्थान अपुनरुक्त होकर स्थित हैं। इतनी विशेषता

सत्थाणे तेसिं पुणरुत्तभावो अत्थि त्ति तत्थ पुव्वविहाणेण पुणरुत्ताणमवणयणं कादूण-पुणरुत्ताणं चेव गहणं कायव्वं । एवमपुव्वकरणमस्सिऊण संकमट्ठाणपरूवणा समत्ता ।

§ ७७२. संपहि अणियट्टिकरणमस्सिऊण संकमट्ठाणपरूवणे कीरमाणे अणियट्टि-कालब्भंतरे थोवयराणि चेव संकमट्ठाणाणि लब्भंति । किं कारणं ? अणियट्टिपरिणामो समयं पडि एक्को चेव होदि त्ति परमगुरूवएसादो । तं जहा—खविदकम्मंसिय-लक्खणेणागंतूण पढमसम्मत्तमुप्पाइय वेदयसम्मत्तपडिवत्तिपुरस्सरं वेछावट्ठिसागरोवमाणि परिभमिय दंसणमोहक्खवणाए अब्भुट्ठिय अधापवत्तापुव्वकरणाणि जहाकमेण बोलाविय अणियट्टिकरणं पविट्ठस्स पढमसमए जहण्णसंतकम्मणिबंधणगुणसंकममस्सिऊण जहण्णसंकमट्ठाणमेक्कं चेव समुप्पज्जदि । एवं विदियादिसमएसु वि जहण्णसंतकम्म-मस्सिऊण एक्केक्कं चेव संकमट्ठाणमुप्पाइय णेदव्वं जाव अणियट्टिकरणचरिमसमयो त्ति । एवमुप्पाइदे जहण्णसंतकम्ममस्सिऊणाणियट्टिअद्धामेत्ताणि चेव संकमट्ठाणाणि अण्णोण्णं पेक्खिऊणासंखेज्जगुणवड्ढीए समुप्पण्णाणि । तदो पढमपरिवाडी समत्ता ।

§ ७७३. संपहि एदम्हादो जहण्णसंतकम्मादो एगसंतकम्मपक्खेवमेत्तमहियं कादूणागदस्स अणियट्टिपढमसमए अण्णमपुणरुत्तसंकमट्ठाणमसंखेज्जलोगभागब्भहिय-मुप्पज्जदि । पुणो एदस्स चेव विदियसमए असंखेज्जगुणवड्ढीए विदियसंकमट्ठाणमुप्पज्जदि ।

है कि स्वस्थानमें उनका पुनरुक्त भाव है इसलिए वहाँ पर पूर्व विधिसे पुनरुक्त संक्रमस्थानोंका अपनयन करके अपुनरुक्त संक्रमस्थानोंका ही ग्रहण करना चाहिए । इस प्रकार अपूर्वकरणका आश्रय कर संक्रमस्थान प्ररूपणा समाप्त हुई ।

§ ७७२. अब अनिवृत्तिकरणका आश्रय कर संक्रमस्थानोंका कथन करने पर अनिवृत्ति-करणके कालके भीतर स्तोकतर ही संक्रमस्थान प्राप्त होते हैं, क्योंकि अनिवृत्तिकरणका परिणाम प्रत्येक समयमें एक एक ही होता है ऐसा परम गुरुका उपदेश है । यथा—क्षपित कर्मांशिकलक्षणसे आकर और प्रथम सम्यक्त्वको उत्पन्न कर वेदकसम्यक्त्वकी प्राप्ति पूर्वक दो छ्यासठ सागर काल तक परिभ्रमण कर तथा दर्शनमोहनीयकी क्षपणाके लिए उद्यत हो अधःप्रवृत्तकरण और अपूर्वकरणको क्रमसे विताकर अनिवृत्तिकरणमें प्रविष्ट हुए जीवके प्रथम समयमें जघन्य सत्कर्म निबन्धन गुणसंक्रमका आश्रयकर एक ही जघन्य संक्रमस्थान उत्पन्न होता है । इसी प्रकार द्वितीयादि समयोंमें भी जघन्य सत्कर्मका आश्रयकर एक एक ही संक्रमस्थानको उत्पन्न कराकर अनिवृत्तिकरणके अन्तिम समय तक ले जाना चाहिए । इस प्रकार उत्पन्न कराने पर जघन्य सत्कर्मका आश्रय कर अनिवृत्तिकरणके कालप्रमाण ही संक्रमस्थान परस्परको देखते हुए असंख्यात गुणी वृद्धिरूपसे उत्पन्न होते हैं । इससे प्रथम परिपाटी समाप्त हुई ।

§ ७७३. अब इस जघन्य सत्कर्मसे एक सत्कर्मप्रक्षेपमात्रको अधिक कर आये हुए जीवके अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयमें असंख्यात लोकभाग अधिक अन्य अपुनरुक्त संक्रमस्थान उत्पन्न होता है । पुनः इसीके दूसरे समयमें असंख्यातगुणा वृद्धिरूपसे दूसरा संक्रमस्थान उत्पन्न होता

एवं तदियादिसमएसु वि णेदव्वं जाव अणियट्टिचरिमसमयो त्ति। तदो एत्थ वि अणियट्टिपरिणाममेत्ताणि चेव संकमट्ठाणाणि। एवं तदियादिपरिवाडीओ वि णेदव्वाओ जाव असंखेज्जलोगमेत्तपरिवाडीणं चरिमपरिवाडि त्ति।

§ ७७४. तत्थ चरिमवियप्पो वुच्चदे—गुणिदकम्मंसियलक्खणेणागंतूण सव्वलहुं दंसणमोहक्खवणाए अब्भुट्ठिय अधापवत्तापुव्वकरणाणि कमेण वोलाविऊण अणियट्टिकरणं पविट्ठस्स सगद्धामेत्ताणि चेव संकमट्ठाणाणि लद्धाणि भवंति। एत्थ सव्वत्थ अणियट्टिचरिमसमयो त्ति वुत्ते ओघचरिमसमयो ण घेत्तव्वो। किंतु मिच्छत्तक्खवणवावदाणियट्टिचरिमसमयो गहेयव्वो, तेणेत्थ पयदत्तादो।

§ ७७५. संपहि एवमुप्पण्णासेससंकमट्ठाणाणमुड्ढविक्खंभो अणियट्टिअद्धामेत्तो। तिरिच्छायामो पुण जहण्णदव्वमुक्कस्सदव्वादो सोहिय सुद्धसेसदव्वम्मि संतकम्मपक्खेवपमाणेण कीरमाणे जत्तियमेत्ता संतकम्मपक्खेवा अत्थि तत्तियमेत्तो होइ। संपहि एत्थ पुणरुत्तापुणरुत्तपरूवणा इत्थमणुगंतव्वा। तं जहा—अणियट्टिविदियसमयगुणसंकमभागहारेण पढमसमयगुणसंकमभागहारमोवट्टिय तत्थ लद्धासंखेज्जरूवेहिं गुणिदजहण्णदव्वमेत्तं वड्ढाविऊण ट्ठिदपढमसमयाणियट्टिसंकमट्ठाणं जहण्णसंतकम्मियविदियसमयाणियट्टिपढम-

---

है। इसी प्रकार तृतीयादि समयोंमें भी अनिवृत्तिकरणके अन्तिम समय तक ले जाना चाहिए। इसलिए यहाँ पर भी अनिवृत्तिकरणके जितने समय हैं तत्प्रमाण ही संक्रमस्थान उत्पन्न होते हैं। इसीप्रकार तृतीयादि परिपाटियोंको भी असंख्यात लोकप्रमाण परिपाटियोंमें अन्तिम परिपाटीके प्राप्त होने तक ले जाना चाहिए।

§ ७७४. यहाँ अन्तिम विकल्पको कहते हैं—गुणितकर्मांशिक लक्षणसे आकर अतिशीघ्र दर्शनमोहनीयकी क्षपणाके लिए उद्यत हो अधःप्रवृत्तकरण और अपूर्वकरणको क्रमसे बिताकर अनिवृत्तिकरणमें प्रविष्ट हुए जीवके अनिवृत्तिकरणके कालप्रमाण ही संक्रमस्थान प्राप्त होते हैं। यहाँ सर्वत्र अनिवृत्तिकरणका अन्तिम समय ऐसा कहने पर ओघ अन्तिम समय नहीं लेना चाहिए। किन्तु मिथ्यात्वकी क्षपणामें व्यापृत अन्तिम समय लेना चाहिए, क्योंकि उससे यहाँ प्रयोजन है।

§ ७७५. अब इस प्रकार उत्पन्न हुए समस्त संक्रमस्थानोंका ऊर्ध्व विष्कम्भ अनिवृत्तिकरणके कालप्रमाण है। तिर्यक् आयाम तो जघन्य द्रव्यको उत्कृष्ट द्रव्यमेंसे घटा कर शुद्ध शेष द्रव्यको सत्कर्मके प्रक्षेपप्रमाण करने पर जितने सत्कर्मके प्रक्षेप हैं उतना होता है। अब यहाँ पर पुनरुक्त-अपुनरुक्त प्ररूपणा इस प्रकार जाननी चाहिए। यथा—अनिवृत्तिकरणके द्वितीय समयसम्बन्धी गुणसंक्रम भागहारका प्रथम समयसम्बन्धी गुणसंक्रम भागहारमें भाग देने पर वहाँ लब्ध असंख्यात रूपोंसे गुणित जघन्य द्रव्यमात्रको बढ़ाकर स्थित प्रथम समयसम्बन्धी अनिवृत्तिकरणका संक्रमस्थान और जघन्य सत्कर्मवालेके द्वितीय समयसम्बन्धी अनिवृत्तिकरणका प्रथम संक्रमस्थान दोनों ही समान हैं। इसी प्रकार द्वितीय, तृतीय समयसम्बन्धी अनिवृत्तिकरणके संक्रमस्थानोंका

संकमट्ठाणं च दो वि सरिसाणि । एवं विदियतदियसमयाणियट्टीणं पि सरिसत्तं कादूण घेत्तव्वं । एदेण विधिणागंतूण दुचरिमचरिमसमयाणियट्टीणं पि सरिसभावो जोजेयव्वो । एत्थ सरिसाणमवणयणं कादूण विसरिसाणं चेव गहणे कीरमाणे चरिमसमयाणियट्टि-सव्वसंकमट्ठाणाणि दुचरिमादिसमयाणियट्टिसंकमट्ठाणाणमादीदो प्पहुडि असंखेज्जदि-भागं च मोत्तूण सेसासेससंकमट्ठाणाणि पुणरुत्ताणि जादाणि त्ति तेसिमवणयणं कायव्वं । तदो अणियट्टिकरणमस्सिऊण मिच्छत्तस्स संकमट्ठाणपरूवणा समत्ता ।

§ ७७६. संपहि मिच्छत्तस्स अण्णो वि गुणसंकमविसयो अत्थि—उवसमसम्माइट्ठिपढमसमयप्पहुडि अंतोमुहुत्तकालं सव्वमेयंताणुवड्ढिपरिणामेहिं मिच्छत्तपदेसग्गस्स सम्मत्तसम्मामिच्छत्तेसु गुणसंकमेण संकंतिदंसणादो । तत्थ वि गुणसंकमपढमसमयप्पहुडि जाव चरिमसमयो त्ति संकमट्ठाणपरूवणाए कीरमाणाए अपुव्वकरणपरूवणादो ण किंचि णाणत्तमत्थि तदो तेसु सवित्थरं परूविय समत्तेसु गुणसंकममस्सिऊण मिच्छत्तस्स संकमट्ठाणपरूवणा समत्ता । तदो एवं सव्वासु परिवाडीसु त्ति एदस्स सुत्तस्स अत्थ-परूवणा समत्ता भवदि ।

§ ७७७. संपहि एदेण सुत्तेण सव्वसंकमट्ठाणपरिवाडीसु असंखेज्जलोगमेत्ताणं चेव संकमट्ठाणाणमुवएसादो एत्तो अब्भहियाणि संकमट्ठाणाणि ण संभवंति चेवे त्ति विप्पडिवण्णस्स सिस्सस्स तहाविहविप्पडिवत्तिणिरायरणमुहेण सव्वसंकममस्सिऊणाणंताणं संकमट्ठाणाणं संभवपदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं—

भी सदृशपना करके ग्रहण करना चाहिए। तथा इसी विधिसे आकर द्विचरम समय और चरम समयके अनिवृत्तिकरणसम्बन्धी संक्रमस्थानोंका भी सदृशपना लगा लेना चाहिए। यहाँ पर सदृश संक्रमस्थानोंका अपनयन करके विसदृशोंका ही ग्रहण करने पर अन्तिम समयके अनिवृत्ति-करणसम्बन्धी सब संक्रमस्थानोंको और द्विचरम आदि समयके अनिवृत्तिकरणसम्बन्धी संक्रमस्थानोंके आदिसे लेकर असंख्यातवें भागको छोड़कर शेष सब संक्रमस्थान पुनरुक्त हो गये हैं, इसलिए उनका अपनयन करना चाहिए। इसके बाद अनिवृत्तिकरणका आश्रयकर मिथ्यात्वके संक्रमस्थानोंकी प्ररूपणा समाप्त हुई।

§ ७७६. अब मिथ्यात्वका अन्य भी गुणसंक्रम विषय है, क्योंकि उपशम सम्यग्दृष्टि जीवके प्रथम समयसे लेकर अन्तर्मुहूर्त काल तक एकान्तानुवृद्धिरूप परिणामोंके द्वारा मिथ्यात्वके प्रदेशोंका सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वमें गुणसंक्रमरूपसे संक्रम देखा जाता है। वहाँ भी गुण-संक्रमके प्रथम समयसे ले कर अन्तिम समय तक संक्रमस्थानोंकी प्ररूपणा करने पर अपूर्वकरणकी प्ररूपणासे कुछ भी नानात्व नहीं है, इसलिए उनके विस्तारके साथ प्ररूपणा करके समाप्त होने पर गुणसंक्रमका आश्रय कर मिथ्यात्वकी संक्रमस्थानप्ररूपणा समाप्त हुई। इसलिए 'इस प्रकार सब परिपाटियोंमें, इस सूत्रकी अर्थप्ररूपणा समाप्त होती है।

§ ७७७. अब इस सूत्रसे सर्वसंक्रमस्थानोंकी परिपाटियोंमें असंख्यात लोकप्रमाण ही संक्रमस्थानोंका उपदेश होनेसे इनसे अधिक संक्रमस्थान सम्भव नहीं ही हैं इस प्रकार विवादापन्न शिष्यकी उस प्रकारकी विप्रतिपत्तिके निराकरण द्वारा सर्वसंक्रमका आश्रयकर अनन्त संक्रमस्थान सम्भव हैं इसका कथन करने के लिए आगेका सूत्र अवतीर्ण हुआ है—

* णवरि सव्वसंकमे अणंताणि संकमट्ठाणाणि ।

§ ७७८. ण केवलमसंखेज्जलोगमेत्ताणि चेव संकमट्ठाणाणि, किंतु सव्वसंकमविसए अणंताणि संकमट्ठाणाणि अभवसिद्धिएहिंतो अणंतगुणसिद्धाणंतिमभागमेत्ताणि लब्भंति त्ति भणिदं होदि । संपहि एदेण सुत्तेण सूचिदाणं सव्वसंकमविसयसंकमट्ठाणाणं परूवणं वत्तइस्सामो । तं जहा—एगो खविदकम्मंसियलक्खणेणागंतूण पुव्वुत्तेण कमेण सम्मत्तं पडिवज्जिय वेछावट्ठिसागरोवमाणि परिभमिदूण दंसणमोहक्खवणाए अब्भुट्ठिय जहाकममधापवत्तकरणमपुव्वकरणं च वोलिय अणियट्टिकरणद्धाए संखेज्जेसु भागेसु गदेसु तत्थ मिच्छत्तचरिमफालिं सव्वसंकमेण सम्मामिच्छत्तस्सुवरि पक्खिवमाणो सव्वसंकममस्सिऊण मिच्छत्तजहण्णसंकमट्ठाणसामिओ होइ । पुणो एदम्हादो उवरि परमाणुत्तरदुपरमाणुत्तरादिकमेण खविदकम्मंसियस्स दोवड्ढीहिं खविदगुणिदघोलमाणाणं पंचवड्ढीहिं गुणिदकम्मंसियस्स वि दुविहाए वड्ढीए वड्ढाविय णेदव्वं जाव एत्थतणचरिमवियप्पो त्ति ।

§ ७७९. तत्थ सव्वपच्छिमवियप्पो वुच्चदे—एक्को गुणिदकम्मंसिओ सत्तमपुढवीए मिच्छत्तदव्वमुक्कस्सं करिय तत्तो णिस्सरिऊण तिरिक्खेसु दो-तिण्णिभवग्गहणाणि गमिय समयाविरोहेण देवेसुववज्जिय अंतोमुहुत्तेण सम्मत्तं पडिवज्जिय वेछावट्ठिसागरोवमाणि

---

* इतनी विशेषता है कि सर्वसंक्रममें अनन्त संक्रमस्थान हैं ।

§ ७७८. केवल असंख्यात लोकमात्र ही संक्रमस्थान नहीं हैं, किन्तु सर्वसंक्रममें अभव्योंसे अनन्तगुणे और सिद्धोंके अनन्तवें भागप्रमाण अनन्त संक्रमस्थान प्राप्त होते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है । अब इस सूत्र द्वारा सूचित हुए सर्वसंक्रमविषयक संक्रमस्थानोंका कथन करेंगे । यथा कोई एक जीव क्षपितकर्मांशिक लक्षणसे आकर पूर्वोक्त क्रमसे सम्यक्त्वको प्राप्तकर तथा दो छयासठ सागर काल तक परिभ्रमण कर दर्शनमोहनीयकी क्षपणाके लिए उद्यत हो क्रमसे अधःप्रवृत्तकरण और अपूर्वकरणको विताकर अनिवृत्तिकरणके संख्यात बहुभागके जाने पर वहाँ मिथ्यात्वकी अन्तिम फालिको सर्वसंक्रमके द्वारा सम्यग्मिथ्यात्वके ऊपर प्रक्षिप्त करता हुआ सर्वसंक्रमका आश्रय कर मिथ्यात्वके जघन्य संक्रमस्थानका स्वामी होता है । पुनः इसके ऊपर एक परमाणु अधिक, दो परमाणु अधिक आदिके क्रमसे क्षपितकर्मांशिकको दो वृद्धियोंके द्वारा क्षपित-गुणित-घोलमान जीवोंको पाँच वृद्धियोंके द्वारा तथा गुणितकर्मांशिक जीवको भी दो वृद्धियोंके द्वारा बढ़ाकर यहाँके अन्तिम विकल्पके प्राप्त होने तक ले जाना चाहिए ।

§ ७७९. वहाँ सबसे अन्तिम विकल्प कहते हैं—एक गुणितकर्मांशिक जीव सातवीं पृथिवीमें मिथ्यात्वके द्रव्यको उत्कृष्ट करके फिर वहाँ से निकल कर तिर्यञ्चोंमें दो-तीन भवोंको विताकर यथाशास्त्र देवोंमें उत्पन्न हो अन्तर्मुहूर्तमें सम्यक्त्वको प्राप्त कर दो छयासठ सागर काल तक परिभ्रमण कर दर्शनमोहनीयकी क्षपणाका प्रस्थापन कर सम्यग्मिथ्यात्वके ऊपर मिथ्यात्वकी

परिभमिय दंसणमोहक्खवणं पट्ठविय सम्मामिच्छत्तस्सुवरि मिच्छत्तचरिमफालिं कमेण संछुहिदूण ट्ठिदो तस्स पयदविसयचरिमवियप्पो होइ। संपहि चरिमफालिदव्वमेदं समऊण-विसमऊणादिकमेण वेछावट्ठिकालं सव्वमोदारिय गहेयव्वं। तं कधमोदारिज्जदि त्ति भणिदे एगो गुणिदकम्मंसिओ सत्तमपुढवीए मिच्छत्तदव्वमुक्कस्सं करेमाणो तत्थेयगोवुच्छमेत्तेणूणं करियागंतूण समऊणवेछावट्ठीओ परिभमिय दंसणमोहक्खवणाए अब्भुट्ठिय मिच्छत्तचरिमफालिं संछुहमाणो पुव्विल्लेण समाणो होइ। एसो परमाणुत्तरकमेण अप्पणो ऊणीकयदव्वमेत्तं वड्ढावेयव्वो। एवमेदीए दिसाए वेछावट्ठिकालो सव्वो परिहावेयव्वो जाव चरिमवियप्पं पत्तो त्ति।

§ ७८०. तत्थ चरिमवियप्पो—जो गुणिदकम्मंसिओ सत्तमाए पुढवीए मिच्छत्तदव्वमोघुक्कस्सं करियागंतूण दो-तिण्णिभवग्गहणाणि तिरिक्खेसु गमिय तदो मणुस्सेसुववज्जिय गब्भादिअट्ठवस्साणमंतोमुहुत्तब्भहियाणमुवरि दंसणमोहणीयं खवेमाणो मिच्छत्तचरिमफालिं सम्मामिच्छत्तस्सुवरि संकामेदूण ट्ठिदो सो सव्वसंकममस्सिऊण मिच्छत्तस्स सव्वपच्छिमवियप्पसामिओ होइ। खविदकम्मंसियस्स वि कालपरिहाणिं कादूणेवं चेव परूवणा कायव्वा। णवरि एयगोवुच्छमेत्तमहियं कादूणागदेण हेट्ठिमसमयट्ठिदो सरिसो त्ति वत्तव्वं। ओदारिय चरिमफालिदव्वे वड्ढाविदे इमाणि सव्वसंकमविसये अणंताणि

अन्तिम फालिको क्रमसे संक्रमित कर स्थित है उसके प्रकृत सर्वसंक्रमविषयक अन्तिम विकल्प होता है। अब इस अन्तिम फालिके द्रव्यको एक समय कम, दो समय कम आदिके क्रमसे सम्पूर्ण दो छयासठ सागर प्रमाण कालको उतार कर ग्रहण करना चाहिए। उसे कैसे उतारा जाय ऐसा पूछने पर कहते हैं—एक गुणितकर्मांशिक जीव सातवीं पृथिवीमें मिथ्यात्वके द्रव्यको उत्कृष्ट करता हुआ वहाँ एक गोपुच्छामात्र न्यून करके और आकर एक समय कम दो छयासठ सागर काल तक परिभ्रमण कर दर्शनमोहनीयकी क्षपणाके लिए उद्यत हो मिथ्यात्वकी अन्तिम फालिका संक्रम करता हुआ पूर्वके जीवके समान है। यह एक परमाणु अधिक आदिके क्रमसे अपने कम किये गये द्रव्यमात्रको बढ़ावे। इस प्रकार इस दिशासे अन्तिम विकल्पके प्राप्त होने तक समस्त दो छयासठ सागर काल घटाना चाहिए।

§ ७८०. अब वहाँ अन्तिम विकल्पको बतलाते हैं—जो गुणितकर्मांशिक जीव सातवीं पृथिवीमें मिथ्यात्वके द्रव्यको ओघ उत्कृष्ट करके और आकर दो-तीन भव तिर्यञ्चोंमें बिताकर अनन्तर मनुष्योंमें उत्पन्न हो गर्भ से लेकर अन्तमुहूर्त अधिक आठ वर्ष के बाद दर्शनमोहनीयकी क्षपणा करता हुआ मिथ्यात्वकी अन्तिम फालिको सम्यग्मिथ्यात्वके ऊपर संक्रमण कर स्थित है वह सर्वसंक्रमकी अपेक्षा मिथ्यात्वके सबसे अन्तिम विकल्पका स्वामी होता है। क्षपितकर्मांशिककी भी कालकी परिहानि करके इसी प्रकार प्ररूपणा करनी चाहिए। इतनी विशेषता है कि एक गोपुच्छमात्र द्रव्यको अधिक कर आये हुए जीवके साथ अधस्तन समय में स्थित जीव समान होता है ऐसा कहना चाहिए। उतार कर अन्तिम फालिके द्रव्यके बढ़ाने पर सर्वसंक्रमकी अपेक्षा ये अनन्त

संकमट्ठाणाणि समुप्पण्णाणि हवंति । होंताणि वि खविदजहण्णदव्वे गुणिदुक्कस्सदव्वादो सोहिदे सुद्धसेसे रूवाहियम्मि जत्तिया परमाणू अत्थि तत्तियमेत्ता चेव संकमट्ठाणवियप्पा सव्वसंकममस्सिऊण समुप्पण्णा हवंति ।

§ ७८१. एवमेत्तिएण पबंधेण मिच्छत्तस्स संकमट्ठाणपरूवणं कादूण संपहि एदेणेव गयत्थाणं सेसकम्माणं पि पयदत्थसमप्पणं कुणमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

❀ एवं सव्वकम्माणं ।

§ ७८२. जहा मिच्छत्तस्स संकमट्ठाणपरूवणं कयं तहा सेसकम्माणं पि कायव्वं । कुदो ? सव्वसंकमे अणंताणि संकमट्ठाणाणि तदो अण्णत्थासंखेज्जलोगा संकमट्ठाणाणि होंति, एदेण भेदाभावादो । संपहि एदेण सामण्णणिद्देसेण लोहसंजलणस्स वि सव्वसंकमविसयाणमणंताणं संकमट्ठाणाणमत्थित्ताइप्पसंगे तप्पडिसेहदुवारेणासंखेज्जलोगमेत्ताणं चेव संकमट्ठाणाणं तत्थ संभवं पदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

❀ णवरि लोहसंजलणस्स सव्वसंकमो णत्थि ।

§ ७८३. किं कारणं ? परपयडिसंकमेण विणा खविदत्तादो । तम्हा लोहसंजलणस्सासंखेज्जलोगमेत्ताणि चेव संकमट्ठाणाणि अधापवत्तसंकममस्सिऊण परूवेयव्वाणि त्ति

संक्रमस्थान उत्पन्न होते हैं। होते हुए भी क्षपित कर्मांशिकके जघन्य द्रव्यको गुणित कर्मांशिकके उत्कृष्ट द्रव्यमेंसे कम करने पर एक अधिक शुद्ध शेषमें जितने परमाणु हैं उतने ही संक्रमस्थानके विकल्प सर्वसंक्रमके आश्रयसे उत्पन्न होते हैं।

§ ७८१. इस प्रकार इतने प्रबन्धके द्वारा मिथ्यात्वके संक्रमस्थानोंकी प्ररूपणा करके अब इसी पद्धतिसे ही गतार्थ शेष कर्मोंके भी प्रकृत अर्थका समर्पण करते हुए आगेका सूत्र कहते हैं—

* इसी प्रकार सब कर्मोंके संक्रमस्थान जानने चाहिए।

§ ७८२. जिस प्रकार मिथ्यात्वके संक्रमस्थानोंकी प्ररूपणा की है उसी प्रकार शेष कर्मोंके संक्रमस्थानोंकी प्ररूपणा भी करनी चाहिए, क्योंकि सर्वसंक्रममें अनन्त संक्रमस्थान होते हैं और उससे अन्यत्र असंख्यात लोकप्रमाण संक्रमस्थान होते हैं इस अपेक्षासे कोई भेद नहीं है। अब इस सामान्य निर्देशसे लोभसंज्वलनके भी सर्वसंक्रमविषयक अनन्त संक्रमस्थानोंके प्राप्त होने पर उनके प्रतिषेध द्वारा असंख्यात लोकमात्र ही संक्रमस्थान वहाँ सम्भव है ऐसा कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* इतनी विशेषता है कि लोभसंज्वलनका सर्वसंक्रम नहीं होता।

§ ७८३ क्योंकि पर प्रकृतिमें संक्रमण हुए बिना उसका क्षय होता है। इसलिए अधःप्रवृत्तसंक्रमके आश्रयसे लोभसंज्वलनके असंख्यात लोकमात्र ही संक्रमस्थान कहने चाहिए यह उक्त कथनका भावार्थ है। अब इन दोनों ही सूत्रों द्वारा प्रगट किये गये अर्थका स्पष्टीकरण करनेके

भावत्थो । संपहि एदेहिं दोहिं मि सुत्तेहिं समप्पिदत्थस्स फुडीकरणट्ठमेत्थ किंचि परूवणं कस्सामो । तं जहा—बारसकसाय-इत्थि-णवुंसय०—अरदि-सोगाणमप्पप्पणो जहण्ण-सामित्तविहाणेणागंतूण अधापवत्तकरणचरिमसमए वट्टमाणस्स जहण्णसंतकम्मेण जहण्ण-परिणामणिबंधणविज्झादसंकममस्सिऊण जहण्णसंकमट्ठाणमुप्पज्जदि । पुणो तम्मि चेव असंखेज्जलोगभागुत्तरं संकमट्ठाणं होदि । एवं जहण्णए कम्मे असंखेज्जा लोगा संकम-ट्ठाणाणि होंति । तदो पदेसुत्तरे दुपदेसुत्तरे वा एवमणंतभागुत्तरे वा जहण्णसंतकम्मे ताणि चेव संकमट्ठाणाणि ? कुदो तारिससंतकम्मवियप्पाणमपुणरुत्तसंकमट्ठाणंतरुप्पत्तीए अणि-मित्तभावादो । तदो असंखेज्जलोगभागे पक्खित्ते विदियसंकमट्ठाणपरिवाडी होइ, एग-संतकम्मपक्खेवमेत्ते जहण्णसंतकम्मादो वड्ढिदे वि सरिससंकमट्ठाणंतरुप्पत्तीए णिव्वाह-मुवलंभादो । एवं सव्वासु परिवाडीसु णेदव्वमिच्चादि मिच्छत्तभंगेण सव्वमणुगंतव्वं । णवरि अधापवत्तसंकमविसए वि एदेसिं कम्माणमसंखेज्जलोगमेत्तसंकमट्ठाणाणि अत्थि, तेसिं पि परूवणा जाणिय कायव्वा ।

§ ७८४. एवं हस्स-रइ-भय-दुगुंछाणं पि वत्तव्वं । णवरि अपुव्वकरणावलिय-पविट्ठचरिमसमए अधापवत्तसंकमेण जहण्णसामित्तमेदेसिं जादमिदि अधापवत्तसंकम-णिबंधणाणि असंखेज्जलोगमेत्तसंकमट्ठाणाणि तत्थुप्पाइय गेण्हियव्वाणि । तदो अणियट्टि-

---

लिए यहाँ पर कुछ प्ररूपणा करेंगे । यथा—नपुंसकवेद, अरति और शोकका अपना अपना जो जघन्य स्वामित्व है उस विधिसे आकर अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें विद्यमान जीवके जघन्य सत्कर्मके साथ जघन्य परिणाम निमित्तक विध्यातसंक्रमका आश्रय कर जघन्य संक्रमस्थान उत्पन्न होता है । पुनः इसीमें ही असंख्यात लोक भाग अधिक संक्रम स्थान उत्पन्न होता है । इस प्रकार जघन्य कर्ममें असंख्यात लोकमात्र संक्रमस्थान होते हैं । इसके बाद एक प्रदेश अधिक, दो प्रदेश अधिक इस प्रकार अनन्तभाग अधिक जघन्य सत्कर्ममें वे ही संक्रमस्थान होते हैं, क्योंकि उस प्रकारके सत्कर्म विकल्प अपुनरुक्त संक्रमस्थानोंकी अनन्तर उत्पत्तिमें निमित्त नहीं हैं । इसके बाद असंख्यात लोक भागके प्रक्षिप्त करने पर दूसरी संक्रमस्थान परिपाटी होती है, क्योंकि जघन्य सत्कर्मसे एक सत्कर्म प्रक्षेपमात्र बढ़ाने पर भी सदृश संक्रमस्थानकी अनन्तर उत्पत्ति निर्बाध उपलब्ध होती है । 'इस प्रकार सब परिपाटियोंमें ले जाना चाहिए' इत्यादि मिथ्यात्वके भंगसे सब जान लेना चाहिए । इतनी विशेषता है कि अधःप्रवृत्तसंक्रमके विषयमें भी इन कर्मोंके असंख्यात लोकमात्र संक्रमस्थान हैं, इसलिए उनकी भी प्ररूपणा जानकर करनी चाहिए ।

§ ७८४. इसी प्रकार हास्य, रति, भय और जुगुप्साका भी कथन करना चाहिए । इतनी विशेषता है कि अपूर्वकरणके आवलि प्रविष्ट अन्तिम समयमें अधःप्रवृत्तसंक्रमके द्वारा इनका जघन्य स्वामित्व हो गया है, इसलिए अधःप्रवृत्तसंक्रमनिमित्तक असंख्यात लोकमात्र संक्रमस्थानोंको वहाँ उत्पन्न करा कर ग्रहण करना चाहिए । इसके बाद अनिवृत्तिकरणमें संक्रमस्थानोंके उत्पन्न

करणम्मि संकमट्ठाणुप्पायणे मिच्छत्तादो णत्थि किं पि णाणत्तं, तत्थेदेसिं गुणसंकमसंभवं पडि भेदाभावादो। सव्वसंकमे वि ण किंचि णाणत्तमत्थि। एवं लोहसंजलणस्स वि। णवरि सव्वसंकमो गुणसंकमो च णत्थि। अपुव्वकरणावलियपविट्ठचरिमसमयजहण्णसंकमट्ठाणमादिं कादूण जावुक्कस्ससंकमट्ठाणे त्ति ताव अधापवत्तसंकममस्सिऊणासंखेज्जलोगमेत्ताणि चेव संकमट्ठाणाणि लोहसंजलणस्स समुप्पाइय गेण्हिदव्वाणि।

§ ७८५. पुरिसवेद-कोह-माण-मायासंजलणाणमुवसमसेढीए पोराणसंतकम्मं सव्व-मुवसामिय णवकबंधोवसामणाए वावदस्स चरिमसमए जहण्णसामित्तं होइ त्ति तत्थ-तणाणियट्टिपरिणामेयवियप्पमस्सिदूण सेढीए असंखे०भागमेत्तसंतवियप्पं पडि सेढीए असंखे०भागमेत्ताणि चेव संकमट्ठाणाणि समुप्पाइय गेण्हियव्वाणि। एवं दुचरिमादि-समएसु वि विसेसाहियकमेण संकमट्ठाणाणि उप्पाइय ओदारेयव्वं जाव णवकबंधोव-सामणाए पढमसमओ त्ति।

§ ७८६. एवमुप्पाइदे जोगट्ठाणद्धाणायामेण समयूणदोआवलियविक्खंभेण च पयदकम्माणं संकमट्ठाणपदरमुप्पण्णं होइ। एत्थ सेसो विही पदेसविहत्तिभंगेण वत्तव्वो। हेट्ठा वि अधापवत्तसंकममस्सिऊणेदेसिं लोभसंजलणभंगेण ट्ठाणपरूवणा कायव्वा। खवग-

---

करानेमें मिथ्यात्वसे कुछ भी भेद नहीं है, क्योंकि यहाँ इनका गुणसंक्रम सम्भव होनेके प्रति भेद नहीं पाया जाता। सर्वसंक्रममें भी कुछ भेद नहीं है। इसी प्रकार लोभसंज्वलनके विषयमें भी जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसका सर्वसंक्रम और गुणसंक्रम नहीं है। अपूर्वकरणके आवलिप्रविष्ट अन्तिम समयमें जघन्य संक्रमस्थानसे लेकर उत्कृष्ट संक्रमस्थानके प्राप्त होने तक अधःप्रवृत्तसंक्रमका आश्रय कर असंख्यात लोकमात्र ही संक्रमस्थान लोभसंज्वलनके उत्पन्न कर ग्रहण करने चाहिए।

§ ७८५. पुरुषवेद, क्रोधसंज्वलन, मानसंज्वलन और मायासंज्वलनके उपशमश्रेणिमें समस्त प्राचीन सत्कर्मको उपशमा कर नवकबन्धकी उपशामनामें व्यापृत हुए जीवके अन्तिम समयमें जघन्य स्वामित्व होता है, इसलिए वहाँके एक विकल्परूप अनिवृत्तिकरणके परिणामका आश्रय कर जगश्रेणिके असंख्यातवें भागमात्र सत्कर्म विकल्पोंमें जगश्रेणिके असंख्यातवें भागमात्र ही संक्रमस्थानोंको उत्पन्न कर ग्रहण करना चाहिए। इसी प्रकार द्विचरम आदि समयोंमें भी विशेष अधिकके क्रमसे संक्रमस्थानोंको उत्पन्न कर नवकबन्धकी उपशामनाके प्रथम समयके प्राप्त होने तक उतारना चाहिए।

§ ७८६. इस प्रकार उत्पन्न कराने पर प्रकृत कर्मोंका संक्रमस्थानप्रतर योगस्थानोंके अध्वानके बराबर आयामवाला और एक समय कम दो आवलिप्रमाण विष्कम्भवाला उत्पन्न होता है। यहाँ पर शेष विधि प्रदेशविभक्तिके समान कहनी चाहिए। नीचे भी अधःप्रवृत्तसंक्रमका आश्रयकर इनकी लोभसंज्वलनके समान स्थानप्ररूपणा करनी चाहिए। क्षपकश्रेणिमें भी नवक-

सेढीए वि णवकबंधचरिमादिफालीओ संछुहमाणयस्स विहत्तिभंगाणुसारेण संकमट्ठाणपरूवणा णिव्वामोहमणुगंतव्वा । सव्वसंकमे च पदेसविहत्तिभंगो ।

§ ७८७. संपहि सम्मत्तसम्मामिच्छत्ताणमप्पणो जहण्णसामित्तविहाणेणागंतूण उव्वेल्लणदुचरिमकंडयचरिमसमयम्मि उव्वेल्लणसंकमेण संकामेमाणस्स जहण्णसंकमट्ठाणं होइ । एवमादिं[1] कादूण पक्खेवुत्तरकमेण संतकम्मं वड्ढाविय असंखेज्जलोगमेत्तसंकमट्ठाणाणि तण्णिबंधणाणि समुप्पाइय गहेयव्वाणि । सेसो विही जहा मिच्छत्तस्स भणिदो तहा वत्तव्वो । णवरि जम्हि विज्झादभागहारो तम्हि उव्वेल्लणभागहारो उव्वेल्लण०-णाणागुणहाणिसलागाणमण्णोण्णब्भत्थरासी च भागहारो ठवेयव्वो । संतकम्मपक्खेवपमाणं च अप्पणो जहण्णदव्वादो साहेयव्वं । पुणो कालपरिहाणीए संतकम्मोदारणाए च मिच्छत्तभंगमणुसंभरिय ओदारेयव्वं जाव सगगालणकालं सव्वमोइण्णस्स उव्वेल्लणापारंभपढमसमयो त्ति । एवमोदारिदे उव्वेल्लणसंकममस्सिऊण सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमसंखेज्जलोगमेत्ताणि संकमट्ठाणाणि समुप्पण्णाणि भवंति । एत्थ पुणरुत्तापुणरुत्ताणुगमे मिच्छत्तविज्झादसंकमभंगो ।

§ ७८८. पुणो चरिमुव्वेल्लणकंडयम्मि दोण्हमेदेसिं कम्माणं गुणसंकमसंभवो त्ति । तत्थापुव्वकरणम्मि मिच्छत्तस्स जहा संकमट्ठाणपरूवणा कया तहा कायव्वा । तत्थेव

बन्धकी अन्तिम आदि फालियोंका संक्रमण करनेवाले जीवकी विभक्तिभंगके अनुसार संक्रमस्थान प्ररूपणा विना व्यामोहके करनी चाहिए । सर्वसंक्रममें प्रदेशविभक्तिके समान भंग है ।

§ ७८७. अब सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी अपेक्षा विचार करने पर अपने अपने जघन्य स्वामित्वकी विधिसे आकर उद्वेलनाके द्विचरम काण्डकके अन्तिम समयमें उद्वेलनासंक्रमके द्वारा संक्रम करनेवाले जीवके जघन्य संक्रमस्थान होता है । आगे इसे आदि करके प्रक्षेपोत्तरके क्रमसे सत्कर्मको बढ़ाकर तन्निमित्तक असंख्यात लोकप्रमाण संक्रमस्थानोंको उत्पन्न करके ग्रहण करना चाहिए । शेष विधि जिस प्रकार मिथ्यात्वकी कही है उस प्रकार कहनी चाहिए । इतनी विशेषता है कि जहाँ विध्यातभागहार कहा है वहाँ उद्वेलनभागहार और उद्वेलनासंक्रमकी नाना गुणहानि शलाकाओंकी अन्योन्याभ्यस्तराशि भागहार स्थापित करना चाहिए । तथा सत्कर्मप्रक्षेपका प्रमाण अपने जघन्य द्रव्यके अनुसार साध लेना चाहिए । पुन: कालपरिहानि और सत्कर्मके उतारनेमें मिथ्यात्वके भंगका स्मरण कर पूरा अपने गालन का काल उतरे हुए जीवके उद्वेलनाके प्रारम्भ होनेके प्रथम समयके प्राप्त होने तक उतारना चाहिए । इस प्रकार उतारने पर उद्वेलनासंक्रमका आश्रय कर सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके असंख्यात लोकमात्र संक्रमस्थान उत्पन्न होते हैं । यहाँ पर पुनरुक्त और अपुनरुक्तके अनुगममें मिथ्यात्वके विध्यातसंक्रमके समान भंग है ।

§ ७८८. पुनः अन्तिम उद्वेलनाकाण्डकमें इन दोनों कर्मोंका गुणसंक्रम सम्भव है । सो वहाँ अपूर्वकरणमें मिथ्यात्वकी जिस प्रकार प्ररूपणा की है उस प्रकार करनी चाहिए । वहीं पर अन्तिम

---

१. ता० प्रतौ एव (द) मादिं इति पाठः ।

चरिमफालिं संकामेमाणस्स सव्वसंकमो होदि त्ति तत्थ अणंताणं संकमट्ठाणाणं परूवणा जाणिय कायव्वा। अण्णं च मिच्छत्तं पडिवण्णस्स जाव उव्वेल्लणसंकमपारंभो ण होइ ताव अंतोमुहुत्तकालमधापवत्तसंकमो होइ त्ति। एत्थ वि अधापवत्तसंकमचरिमसमयमादिं कादूण जाव अधापवत्तसंकमपढमसमयो त्ति ताव समयं पडि पादेक्कमसंखेज्जलोगमेत्तसंकमट्ठाणाणि संतकम्मभेदं परिणामभेदं च णिबंधणं कादूण परूवेयव्वाणि। सम्मामिच्छत्तस्स विज्झादसंकमेण दंसणमोहक्खवणापुव्वाणियट्टिगुणसंकमेण तत्थतणसव्वसंकमेण उवसमसम्माइट्ठिम्मि गुणसंकमेण च ट्ठाणपरूवणाए कीरमाणाए मिच्छत्तभंगो। एवमोघेण सव्वकम्माणं ठाणपरूवणा समत्ता।

§ ७८९. आदेसेण मणुसतियम्मि एवं चेव वत्तव्वं। णवरि मणुसिणीसु पुरिसवेदस्स अपुव्वकरणावलियपविट्ठचरिमसमयम्मि जहण्णसामित्तं होइ त्ति तमादिं कादूण परूवणा कायव्वा। सेसमग्गणासु जाणिदूण णेदव्वं जाव अणाहारए त्ति। एवं संतोक्खित्तपमाणाणुगमं परूवणाणिओगद्दारं समत्तं।

§ ७९०. संपहि एवं परूविदसंकमट्ठाणाणं पमाणविसयणिण्णयुप्पायणट्ठमप्पाबहुअपरूवणं कुणमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

* अप्पाबहुअं।

कालिका संक्रम करनेवाले जीवके सर्वसंक्रम होता है इसलिए वहाँ पर अनन्त संक्रमस्थानोंकी प्ररूपणा जानकर करनी चाहिए। और भी मिथ्यात्वको प्राप्त हुए जीवके जब तक उद्वेलनासंक्रमका प्रारम्भ नहीं होता तब अन्तर्मुहूर्त काल तक अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है। यहाँ पर भी अधःप्रवृत्तसंक्रमके अन्तिम समयसे लेकर अधःप्रवृत्तसंक्रमके प्रथम समय तक प्रत्येक समयमें अलग अलग असंख्यात लोकप्रमाण संक्रमस्थान सत्कर्मके भेदको और परिणामभेदको निमित्त कर कहने चाहिए। सम्यग्मिथ्यात्वकी विध्यातसंक्रमके आश्रयसे दर्शनमोहनीयकी क्षपणा करनेवाले जीवके अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरणमें गुणसंक्रमके आश्रयसे, वहाँ सर्वसंक्रमके आश्रयसे और उपशम सम्यग्दृष्टिमें गुणसंक्रमके आश्रयसे स्थानप्ररूपणा करने पर उसका भंग मिथ्यात्वके समान है। इस प्रकार ओघसे सब कर्मोंकी स्थानप्ररूपणा समाप्त हुई।

§ ७८९. आदेशसे मनुष्यत्रिकमें इसी प्रकार कहनी चाहिए। इतनी विशेषता है कि मनुष्यिनियोंमें पुरुषवेदका अपूर्वकरणके आवलिप्रविष्ट अन्तिम समयमें जघन्य स्वामित्व होता है, इसलिए उससे लेकर प्ररूपणा करनी चाहिए। शेष मार्गणाओंमें अनाहारक मार्गणा तक जानकर प्ररूपणा करनी चाहिए। इसप्रकार जिसके भीतर प्रमाणानुगम अन्तर्लीन है ऐसा प्ररूपणानुयोगद्वार समाप्त हुआ।

§ ७९०. अब इसप्रकार कहे गये संक्रमस्थानोंका प्रमाणविषयक निर्णय करनेके लिए अल्पबहुत्वका कथन करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

* अल्पबहुत्वका अधिकार है।

§ ७९१. सुगममेदमहियारसंभालणवक्कं ।

❀ सव्वत्थोवाणि लोहसंजलणे पदेससंकमट्ठाणाणि ।

§ ७९२. कुदो ? लोहसंजलणस्स सव्वसंकमाभावेणासंखेज्जलोगमेत्ताणं चेव संकमट्ठाणाणमुवलंभादो ।

❀ सम्मत्ते पदेससंकमट्ठाणाणि अणंतगुणाणि ।

§ ७९३. किं कारणं ? अभवसिद्धिएहिंतो अणंतगुणसिद्धाणमणंतभागपमाणत्तादो । णेदमसिद्धं, उव्वेल्लणचरिमफालीए सव्वसंकममस्सिऊण तेत्तियमेत्तसंकमट्ठाणाणं णिप्पडिबद्धमुवलंभादो ।

❀ अपच्चक्खाणमाणे पदेससंकमट्ठाणाणि असंखेज्जगुणाणि[१] ।

§ ७९४. किं कारणं ? सम्मत्तस्स चरिमुव्वेल्लणकंडयजहण्णफालीए तस्सेवुक्कस्सचरिमफालीदो सोहिदाए सुद्धसेसमेत्ता संकमट्ठाणवियप्पा होंति । अपच्चक्खाणमाणस्स वि सगसव्वजहण्णचरिमफालीए अप्पणो उक्कस्सचरिमफालीदो सोहिदाए सुद्धसेसमेत्ता संकमट्ठाणवियप्पा सव्वसंकमणिबंधणा होंति । होंता वि सम्मत्तसुद्धसेसट्ठाणवियप्पेहिंतो असंखेज्जगुणा, मिच्छत्तादो गुणसंकमेण पडिच्छिददव्वस्स उव्वेल्लणकालब्भंतरगलिदावसिट्ठस्स सम्मत्तचरिमफालिसरूवेणुवलंभादो । अपच्चक्खाणमाणस्स पुण अणूणाहियकम्मट्ठिदिसंचएण मिच्छत्तुक्कस्सदव्वादो विसेसहीणेण खवणाए अब्भुट्ठिदस्स सव्वुक्कस्स-

---

§ ७९१. अधिकारकी सम्हाल करनेवाला यह वाक्य सुगम है ।

* लोभसंज्वलनमें प्रदेशसंक्रमस्थान सबसे थोड़े हैं ।

§ ७९२. क्योंकि लोभसंज्वलनका सर्वसंक्रम नहीं होनेसे असंख्यात लोकमात्र ही संक्रमस्थान उपलब्ध होते हैं ।

* उनसे सम्यक्त्वमें प्रदेशसंक्रमस्थान अनन्तगुणे हैं ।

§ ७९३. क्योंकि ये अभव्योंसे अनन्तगुणे और सिद्धोंके अनन्तवें भागप्रमाण हैं । यह असिद्ध भी नहीं है, क्योंकि उद्वेलनाकी अन्तिम फालिके सर्वसंक्रमके आश्रयसे उतने संक्रमस्थान बिना बाधाके उपलब्ध होते हैं ।

* उनसे अप्रत्याख्यानमानमें प्रदेशसंक्रमस्थान असंख्यातगुणे हैं ।

§ ७९४. क्योंकि सम्यक्त्वके अन्तिम उद्वेलनाकाण्डककी जघन्य फालिको उसीके उत्कृष्ट अन्तिम फालिमेंसे घटा देने पर शुद्ध शेषमात्र संक्रमस्थान विकल्प होते हैं । अप्रत्याख्यानावरण मानके भी अपनी सबसे जघन्य अन्तिम फालिको अपनी उत्कृष्ट अन्तिम फालिमेंसे घटा देने पर शुद्ध शेषमात्र सर्वसंक्रमनिमित्तक संक्रमस्थान विकल्प होते हैं । होते हुए भी सम्यक्त्वके शुद्धशेष स्थानविकल्पोंसे असंख्यातगुणे होते हैं, क्योंकि मिथ्यात्वमेंसे गुणसंक्रमके द्वारा प्राप्त हुए तथा उद्वेलना कालके भीतर गलकर अवशिष्ट रहे द्रव्यकी सम्यक्त्वकी अन्तिम फालिरूपसे उपलब्धि होती है । परन्तु क्षपणाके लिए उद्यत हुए जीवके अप्रत्याख्यानावरण मानकी सबसे उत्कृष्ट फालि न्यूनाधिकतासे रहित कर्मस्थितिके संचयप्रमाण तथा मिथ्यात्वके उत्कृष्ट द्रव्यसे विशेष हीन होता

चरिमफाली होइ त्ति । एदेण कारणेणासंखेज्जगुणत्तमेदेसिं ण विरुज्झदे ।

❀ कोहे पदेससंकमट्ठाणाणि विसेसाहियाणि ।

§ ७६५. केत्तियमेत्तो विसेसो ? अपच्चक्खाणमाणपदेससंकमट्ठाणाणि आवलियाए असंखेज्जभागेण खंडेऊण तत्थेयखंडमेत्तो । तं जहा—अपच्चक्खाणमाणुक्कस्ससव्वसंकमदव्वमपच्चक्खाणकोहस्स सव्वसंकमुक्कस्सदव्वादो सोहिय सुद्धसेसमेत्तपयडिविसेसदव्वमवणेय पुध ठवेयव्वं । एवं पुध ठ्ठविदे सेसदव्वं दोण्हं पि समाणं होइ । एदम्हादो समुप्पण्णासेसहेट्ठिमसंकमट्ठाणाणि दोण्हं पि सरिसाणि होंति जइ दोण्हं पि चरिमफालीओ जहण्णीओ सरिसीओ होज्ज । णवरि जहण्णचरिमफालीओ दोण्हं पि सरिसीओ ण होंति, माणजहण्णचरिमफालीदो कोहजहण्णचरिमफालीए पयडिविसेसमेत्तेण सादिरेयत्तदंसणादो । एदेण कारणेण हेट्ठिमसंकमट्ठाणेसु अपच्चक्खाणमाणेण लद्धसंकमट्ठाणाणि विसेसाहियाणि भवंति, जहण्णचरिमफालिविसेसमेत्ताणं चेव संकमट्ठाणाणमेत्थाहियाणमुवलंभादो । तदो पुव्वमवणेदूण पुध ठ्ठविदपयडिविसेसमेत्तुक्कस्सचरिमफालिविसेसादो एदम्मि जहण्णफालिविसेसे सोहिदे सुद्धसेसम्मि जत्तिया परमाणू, तेत्तियमेत्ताणि चेव संकमट्ठाणाणि अपच्चक्खाणकोहेणुवरिमपुव्वाणि लद्धाणि, तेणेत्तियमेत्तसंकमट्ठाणेहिं विसेसाहियत्तमेत्थ दट्ठव्वं । एसो अत्थो उवरि पयडिविसेसेण

है । इस कारण इनका असंख्यातगुणापन विरोधको नहीं प्राप्त होता ।

❀ उनसे क्रोधमें प्रदेशसंक्रमस्थान विशेष अधिक हैं ।

§ ७६५. शंका—विशेषका प्रमाण क्या है ?

समाधान—अप्रत्याख्यानावरण मानके प्रदेशसंक्रमस्थानोंको आवलिके असंख्यातवें भागसे भाजित कर वहाँ जो एकभाग लब्ध आवे उतना विशेषका प्रमाण है । यथा—अप्रत्याख्यान मानके उत्कृष्ट सर्वसंक्रमद्रव्यको अप्रत्याख्यान क्रोधके सर्वसंक्रमसम्बन्धी उत्कृष्ट द्रव्यमेंसे घटाकर शुद्ध शेषमात्र प्रकृति विशेषके द्रव्यको पृथक् स्थापित करना चाहिए । इस प्रकार पृथक् स्थापित करने पर शेष द्रव्य दोनोंका ही समान होता है तथा इससे उत्पन्न हुए अशेष अधस्तन संक्रमस्थान दोनोंके ही समान होते हैं, यदि दोनोंकी ही जघन्य अन्तिम फालियाँ सदृश होवें । परन्तु इतनी विशेषता है कि दोनोंकी जघन्य अन्तिम फालियाँ सदृश नहीं होतीं, क्योंकि मानकी जघन्य अन्तिम फालिसे क्रोधकी जघन्य अन्तिम फालि प्रकृति विशेषमात्र अधिक देखी जाती है । इस कारणसे अधस्तन संक्रमस्थानोंमें अप्रत्याख्यान मानकी अपेक्षा अप्रत्याख्यान क्रोधके प्राप्त हुए संक्रमस्थान विशेष अधिक होते हैं, क्योंकि जघन्य अन्तिम फालिमें विशेषका जितना प्रमाण है उतने ही संक्रमस्थान यहाँ पर अधिक उपलब्ध होते हैं । इसलिए पूर्वके द्रव्यको घटाकर पृथक् स्थापित प्रकृतिके विशेष प्रमाण उत्कृष्ट अन्तिम फालिसम्बन्धी विशेषमेंसे इस जघन्य फालि सम्बन्धी विशेषको घटा देने पर शुद्ध शेषमें जितने परमाणु होते हैं उतने ही संक्रमस्थान अप्रत्याख्यान क्रोधके आश्रयसे उपरिम पूर्व होकर प्राप्त होते हैं, इसलिए इतने मात्र संक्रमस्थान विशेष अधिक

विसेसाहियसव्वपयडीसु जोजेयव्वो।

§ ७९६. अण्णं च दोण्हमेदेसिं जहण्णदव्वाणि उक्कस्सदव्वेसु सोहिय सुद्धसेसादो अहियदव्वमवणिय सेसदव्वं विज्झादभागहारवेअसंखेज्जलोगजोगगुणगाराणमण्णोण्णब्भत्थरासिं विलेऊण समखंडं करिय दिण्णे विरलणरूवं पडि एगेगसंतकम्मपक्खेवपमाणं पावदि। पुणो एत्तियमेत्तसंतकम्मपक्खेवेसु जहण्णदव्वस्सुवरि परिवाडीए पवेसिदेसु एत्थुप्पण्णासेससंकमट्ठाणाणि संतकम्मपक्खेवं पडि असंखेज्जलोगमेत्ताणि दोण्हं पि सरिसाणि भवंति। पुणो पुव्वमवणेदूण पुध ट्ठविददव्वे वि संतकम्मपक्खेवपमाणेण कीरमाणे असंखेज्जलोगमेत्ता संतकम्मपक्खेवा होंति त्ति। तत्थ वि असंखेज्जलोगमेत्तसंकमट्ठाणाणि अपच्चक्खाणकोहस्स विज्झादसंकममस्सिऊण अब्भहियाणि लब्भंति। एवमधापवत्तगुणसंकमे वि अस्सिऊण अहियत्तं वत्तव्वं। तदो एदेहि मि विसेसाहियत्तमेत्थ दट्ठव्वं।

❀ मायाए पदेससंकमट्ठाणाणि विसेसाहियाणि।

❀ लोहे पदेससंकमट्ठाणाणि विसेसाहियाणि।

❀ पच्चक्खाणमाणे पदेससंकमट्ठाणाणि विसेसाहियाणि।

❀ कोहे पदेससंकमट्ठाणाणि विसेसाहियाणि।

यहाँ पर जानने चाहिए। यह अर्थ आगे प्रकृति विशेषकी अपेक्षा विशेषाधिक सब प्रकृतियोंमें लगाना चाहिए।

§ ७९६. और भी—इन दोनोंके जघन्य द्रव्योंको उत्कृष्ट द्रव्योंमेंसे घटाकर शुद्ध शेषमेंसे अधिक द्रव्यको कम कर शेष द्रव्यके विध्यातभागहार, दो असंख्यात लोक और योग गुणकारोंकी अन्योन्याभ्यस्तराशिको विरलन कर उसके ऊपर समान खण्ड करके देने पर एक एक विरलनके प्रति सत्कर्मसम्बन्धी एक एक प्रक्षेपका प्रमाण प्राप्त होता है। पुनः इतने मात्र सत्कर्म प्रक्षेपोंके जघन्य द्रव्यके ऊपर परिपाटीसे प्रविष्ट करा देने पर यहाँ पर उत्पन्न हुए समस्त संक्रमस्थान सत्कर्मप्रक्षेपके प्रति असंख्यात लोकमात्र होते हुए दोनोंके ही समान होते हैं। पुनः पूर्वके द्रव्यको अलगकर पृथक् स्थापित द्रव्यके भी सत्कर्मप्रक्षेपके प्रमाणसे करने पर असंख्यात लोकमात्र सत्कर्मप्रक्षेप होते हैं। वहाँ पर भी अप्रत्याख्यान क्रोधके विध्यातसंक्रमके आश्रयसे असंख्यात लोकमात्र संक्रमस्थान अधिक उपलब्ध होते हैं। इसी प्रकार अधःप्रवृत्त और गुणसंक्रमके आश्रयसे भी अधिकपनेका कथन करना चाहिए। इसलिए इनकी अपेक्षा भी विशेषाधिकता यहाँ जाननी चाहिए।

❀ उनसे मायामें प्रदेशसंक्रमस्थान विशेष अधिक हैं।

❀ उनसे लोभमें प्रदेशसंक्रमस्थान विशेष अधिक हैं।

❀ उनसे प्रत्याख्यानमानमें प्रदेशसंक्रमस्थान विशेष अधिक हैं।

❀ उनसे क्रोधमें प्रदेशसंक्रमस्थान विशेष अधिक हैं।

ॐ मायाए पदेससंकमट्ठाणाणि विसेसाहियाणि।

ॐ लोहे पदेससंकमट्ठाणाणि विसेसाहियाणि।

ॐ अणंताणुबंधिमाणस्स पदेससंकमट्ठाणाणि विसेसाहियाणि।

ॐ कोहे पदेससंकमट्ठाणाणि विसेसाहियाणि।

ॐ मायाए पदेससंकमट्ठाणाणि विसेसाहियाणि।

ॐ लोहे पदेससंकमट्ठाणाणि विसेसाहियाणि।

ॐ मिच्छत्तस्स पदेससंकमट्ठाणाणि विसेसाहियाणि।

§ ७९७. एदाणि सुत्ताणि सुगमाणि, पयडिविसेसमेत्तकारणाणुविद्धत्तादो।

ॐ सम्मामिच्छत्ते पदेससंकमट्ठाणाणि विसेसाहियाणि।

§ ७९८. किं कारणं? मिच्छत्तजहण्णचरिमफालिमुक्कस्सचरिमफालीदो सोहिय सुद्धसेसदव्वादो सम्मामिच्छत्तसुद्धसेसचरिमफालिदव्वस्स गुणसंकमभागहारेण खंडिदेयखंडमेत्तेण अहियत्तदंसणादो। मिच्छाइट्ठिम्मि वि सम्मामिच्छत्तस्स अणंताणं संकमट्ठाणाणमहियाणमुवलंभादो च।

ॐ हस्से पदेससंकमट्ठाणाणि अणंतगुणाणि।

§ ७९९. कुदो? देसघादित्तादो।

---

* उनसे मायामें प्रदेशसंक्रमस्थान विशेष अधिक हैं।

* उनसे लोभमें प्रदेशसंक्रमस्थान विशेष अधिक हैं।

* उनसे अनन्तानुबन्धी मानमें प्रदेशसंक्रमस्थान विशेष अधिक हैं।

* उनसे क्रोधमें प्रदेशसंक्रमस्थान विशेष अधिक हैं।

* उनसे मायामें प्रदेशसंक्रमस्थान विशेष अधिक हैं।

* उनसे लोभमें प्रदेशसंक्रमस्थान विशेष अधिक हैं।

* उनसे मिथ्यात्वमें प्रदेशसंक्रमस्थान विशेष अधिक हैं।

§ ७९७. ये सूत्र सुगम हैं, क्योंकि यहाँ प्रकृति विशेषमात्र कारणकी अपेक्षा है।

* उनसे सम्यग्मिथ्यात्वमें प्रदेशसंक्रमस्थान विशेष अधिक हैं।

§ ३०. जो पुद्गलस्कन्ध मिथ्यात्व आदि कार्यके उत्पन्न करनेमें समर्थ हैं वह कर्म कहलाता है। उसका अपनी कर्मरूप अवस्थाका त्याग किये विना अन्य स्वभावरूपसे संक्रमण करना कर्मसंक्रम कहलाता है। वह यद्यपि द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षासे एक प्रकारका है तथापि पर्यायार्थिक नयकी अपेक्षासे वह प्रकृतिसंक्रम आदिके भेदसे चार प्रकारका है। इनमेंसे एक प्रकृतिका दूसरी प्रकृतियोंमें संक्रम होना प्रकृतिसंक्रम कहलाता है। जैसे क्रोध प्रकृतिका मानादिकमें संक्रमण होना प्रकृतिसंक्रम है। इसी प्रकार शेष संक्रमोंके विषयमें भी कथन करना चाहिये। यह चार प्रकारका कर्मसंक्रम यहाँ पर प्रकृत है। उसमें भी मोहनीयकर्मसम्बन्धी चार संक्रमोंका यहाँ प्रकरण है, क्योंकि दूसरे कर्मोंका यहाँ पर अधिकार नहीं है। इस प्रकार यहाँ पर जो इनके अर्थाधिकारोंका कथन किया है सो इससे इसके अनुगमका कथन कर दिया गया ऐसा जानना चाहिये।

शंका—अनुगम किसे कहते हैं?

समाधान—जिससे प्रकृत अधिकारका ज्ञान होता है उसे अनुगम कहते हैं।

इससे प्रकृत वस्तुमें अवान्तर अधिकारोंका पूरा ज्ञान हो जाता है यह इसका तात्पर्य है। इस प्रकार इस संक्रम महाधिकारका उपक्रम आदि चार प्रकारसे अधिकार कहा।

शंका—जिस प्रकार संक्रमकी उपक्रम आदि रूपसे प्ररूपणा की है उसी प्रकार शेष चौदह अर्थाधिकारोंकी भी पृथक् पृथक् उपक्रम आदिरूपसे प्ररूपणा क्यों नहीं की?

समाधान—नहीं, क्योंकि मध्यदीपकरूपसे यहाँ इसका उल्लेख किया है। इससे

---

१. प्रतिपु–कारान्निर्गमं इति पाठः।

§ ३१. संपहि चउण्हमेदेसिं संकमाणं मज्झे पयडिसंकमस्स ताव भेदपदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

* पयडिसंकमो दुविहो। तं जहा—एगेगपयडिसंकमो पयडिट्ठाणसंकमो च।

§ ३२. एत्थ मूलपयडिसंकमो णत्थि, सहावदो चेव मूलपयडीणमण्णोण्णविसयसंकंतीए अभावादो। तम्हा उत्तरपयडिसंकमो चेव दुविहो सुत्ते परूविदो। तत्थेगेगपयडिसंकमो णाम मिच्छत्तादिपयडीणं पुध पुध णिरुंभणं काऊण संकमगवेसणा। तहा एक्कम्मि समए जत्तियाणं पयडीणं संकमसंभवो ताओ एगट्ठो काऊण संकमपरिक्खा पयडिट्ठाणसंकमो भण्णइ; ट्ठाणसद्दस्स समुदायवाचयस्स गहणादो। एदमुभयप्पयं पयडिसंकमं ताव वत्तइस्सामो त्ति जाणावणट्ठमुवरिमसुत्तं भणइ—

* पयडिसंकमे पयदं।

§ ३३. पयडि-ट्ठिदि-अणुभाग-पदेससंकमाणं मज्झे पयडिसंकमे ताव पयदमिदि

शेष अधिकारोंकी भी यह स्थिति निश्चित हो जाती है, अतः अन्यत्र इस रूपसे प्ररूपणा नहीं की है।

विशेषार्थ—किसी भी शास्त्रके प्रारम्भमें उपक्रम, निक्षेप, नय और अनुगम इन चारका व्याख्यान करना आवश्यक है। इनसे उस शास्त्रमें वर्णित विषय और उसके अधिकार आदिका पता लग जाता है। इसी दृष्टिसे चूर्णिसूत्रकारने इन चारका अपने अवान्तर भेदोंके साथ यहाँ वर्णन किया है तथापि संक्रमके जो चार अर्थाधिकार बतलाये हैं वे ही अनुगम रूपदेशको प्राप्त होते हैं ऐसा यहाँ जानना चाहिये। यहाँ पर प्रश्नमें यह शंका की गई है कि संक्रमके प्रारम्भमें जैसे इन उपक्रम आदिका वर्णन किया है उसी प्रकार अन्य पेज्जदोसविहत्ति आदि चौदह अधिकारोंके प्रारम्भमें इनका वर्णन क्यों नहीं किया। टीकाकारने इसका जो समाधान किया है उसका भाव यह है कि जैसे मध्यमें रखा हुआ दीपक आगे और पीछे सर्वत्र प्रकाश देता है वैसे ही यह महाधिकार सबके मध्यमें है अतः यहाँ इनका उल्लेख कर देनेसे सर्वत्र वे अपने अपने अधिकारके नामानुरूप जान लेने चाहिए।

§ ३१. अब इन चारों संक्रमोंमें आये हुये प्रकृतिसंक्रमके भेद दिखलानेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

* प्रकृतिसंक्रम दो प्रकारका है। यथा—एकैकप्रकृतिसंक्रम और प्रकृतिस्थानसंक्रम।

§ ३२. यहाँ पर मूल प्रकृतिसंक्रम नहीं है, क्योंकि स्वभावसे ही मूल प्रकृतियोंका परस्परमें संक्रम नहीं होता, इसलिये सूत्रमें उत्तरप्रकृतिसंक्रम ही दो प्रकारका बतलाया है। उनमेंसे मिथ्यात्व आदि प्रकृतियोंका पृथक् पृथक् संक्रमका विचार करना एकैकप्रकृतिसंक्रम कहलाता है। तथा एक समयमें जितनी प्रकृतियोंका संक्रम सम्भव है उनको एकत्रित करके संक्रमका विचार करना प्रकृतिस्थानसंक्रम कहलाता है, क्योंकि यहां पर समुदायवाची स्थान शब्दका ग्रहण किया है। इन दोनों प्रकारके प्रकृतिसंक्रमको आगे बतलायेंगे इस बातका ज्ञान करानेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

* प्रकृतिसंक्रम प्रकृत है।

§ ३३. संक्रमके प्रकृतिसंक्रम, स्थितिसंक्रम, अनुभागसंक्रम और प्रदेशसंक्रम इन चार

भणिदं होइ। एवं च पयदस्स पयडिसंकमस्स परूवणं कुणमाणो तत्थ पडिबद्धाणं गाहासुत्ताणमियत्तावहारणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

❀ तत्थ तिण्णि सुत्तगाहाओ हवंति।

§ ३४. तत्थ पयडिसंकमपरूवणावसरे तिण्णि सुत्तगाहाओ संगहियासेसत्थ-साराओ हवंति त्ति भणिदं होइ। ताओ कदमाओ त्ति आसंकिय पुच्छासुत्तमाह—

❀ तं जहा।

§ ३५. सुगमं।

संकम-उवक्कमविही पंचविहो चउव्विहो य णिक्खेवो।
णयविही पयदं पयदे च णिग्गमो होइ अट्ठविहो ॥२४॥

§ ३६. एसा पढमा गाहा। एदीए पयडिसंकमस्स उवक्कमो णिक्खेवो णओ अणुगमो चेदि चउव्विहो अवयारो परूविदो, तेण विणा पयदस्स परूवणोवायाभावादो। एवमेदिस्से गाहाए समुदायत्थो परूविदो। अवयवत्थं पुण पुरदो चुण्णिसुत्तसंबंधेणेव परूवइस्सामो। संपहि एत्थुद्दिट्ठट्ठविहणिग्गमसरूवपरूवणट्ठविदियगाहाए अवयारो—

एक्केक्काए संकमो दुविहो संकमविही य पयडीए।
संकमपडिग्गहविही पडिग्गहो उत्तम जहण्णो ॥२५॥

भेदोंमेंसे सर्व प्रथम प्रकृतिसंक्रम प्रकृत है यह उक्त सूत्रका तात्पर्य है। इस प्रकार प्रकरणप्राप्त प्रकृतिसंक्रमका कथन करते हुए उससे सम्बन्ध रखनेवाली गाथाओंका परिमाण निश्चित करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

* इस विषयमें तीन सूत्र गाथाएं हैं।

§ ३४. यहां प्रकृतिसंक्रमके कथनसे सम्बन्ध रखनेवालीं तथा सब अर्थके सारका संग्रह कर स्थित हुई तीन सूत्र गाथाएं हैं यह उक्त सूत्रका तात्पर्य है। वे कौनसी हैं ऐसी आशंका करके पृच्छासूत्र कहते हैं—

* यथा—

§ ३५. यह सूत्र सुगम है।

संक्रमकी उपक्रमविधि पाँच प्रकारकी है, निक्षेप चार प्रकारका है, नयविधि भी प्रकृत है और प्रकृतमें निर्गम आठ प्रकारका है ॥२४॥

§ ३६. यह पहली गाथा है। इसके द्वारा प्रकृतिसंक्रमका उपक्रम, निक्षेप, नय और अनुगम यह चार प्रकारका अवतार कहा गया है, क्योंकि इसके बिना प्रकृत विषयका सम्यक् प्रकारसे प्रतिपादन नहीं हो सकता है। इस प्रकार इस गाथाका समुदायार्थ कहा। किन्तु इसके प्रत्येक पदका अर्थ आगे चूर्णिसूत्रके सम्बन्धसे ही कहेंगे। अब इस गाथामें कहे गये आठ प्रकारके निर्गमके स्वरूपका कथन करनेके लिये दूसरी गाथाका अवतार हुआ है—

प्रकृति संक्रम दो प्रकारका है—एक एक प्रकृतिका संक्रम अर्थात् एकैक-प्रकृतिसंक्रम और प्रकृतिकी संक्रमविधि अर्थात् प्रकृतिस्थानसंक्रम। तथा संक्रममें

§ ३७. एत्थ पुव्वद्धे एवं पदसंबंधो कायव्वो। तं जहा—पयडीए संकमो दुविहो—एगेगाए पयडीए संकमो पयडीए संकमविही चेदि। कुदो एवं? संकमपदस्स पयडिसद्दस्स य आवित्तीए संबंधावलंबणादो। गाहापच्छद्धे सुगमो पदसंबंधो। उभयत्थ वि अवयवत्थो उवरिमचुण्णिसुत्तसंबंधादो त्ति तमपरूविय समुदायत्थमेव वत्तइस्सामो। तं जहा—एदीए गाहाए अट्ठण्णं णिग्गमाणं मज्झे पयडिसंकमो पयडिट्ठाणसंकमो पयडिपडिग्गहो पयडिट्ठाणपडिग्गहो च मुत्तकंठं परूविदा। एदेसिं पडिवक्खा वि चत्तारि णिग्गमा सूचिदा चेव, सव्वेसिं सप्पडिवक्खत्तादो वदिरेगेण विणा अण्णयपरूवणोवायाभावादो च। संपहि एदस्सेव णिच्छयजणणट्ठमुवरिमगाहासुत्तावयारो—

पयडि-पयडिट्ठाणेसु संकमो असंकमो तहा दुविहो।
दुविहो पडिग्गहविही दुविहो अपडिग्गहविही य ॥२६॥

§ ३८. एदीए गाहाए अट्ठण्हं णिग्गमाणं णामणिद्देसो कओ होइ। एदिस्से

प्रतिग्रहविधि होती है और वह उत्तम प्रतिग्रह और जघन्य प्रतिग्रह ऐसे दो भेद रूप होती है ॥२५॥

§ ३७. यहां पूर्वार्धमें इस प्रकार पदोंका सम्बन्ध करना चाहिये। यथा—'पयडीए संकमो दुविहो—एगेगाए पयडीए संकमो पयडीए संकमविही च' इसके अनुसार यह अर्थ हुआ कि प्रकृतिसंक्रम दो प्रकारका है—एकैकप्रकृतिसंक्रम और प्रकृतिसंक्रमविधि अर्थात् प्रकृतिस्थानसंक्रम।

शंका—गाथाके पूर्वार्धसे यह अर्थ किस प्रकार निकलता है?

समाधान—संक्रम पद और प्रकृति शब्द इनकी आवृत्ति करके सम्बन्ध करनेसे उक्त अर्थ निकलता है।

गाथाके उत्तरार्धमें पदोंका सम्बन्ध सुगम है। गाथाके पूर्वार्ध और उत्तरार्ध इन दोनों ही स्थलोंमें प्रत्येक पदका अर्थ आगे चूर्णिसूत्रके सम्बन्धसे कहा जायगा, इसलिये यहां उसका निर्देश न करके समुदायार्थको ही बतलाते हैं। यथा—इस गाथामें आठ निर्गमोंमेंसे प्रकृतिसंक्रम, प्रकृतिस्थानसंक्रम, प्रकृतिप्रतिग्रह और प्रकृतिस्थानप्रतिग्रह इन चारका मुक्तकण्ठ होकर कथन किया है। तथा इनके प्रतिपक्षभूत जो चार निर्गम हैं उनका भी इस द्वारा सूचन किया है, क्योंकि एक तो जितने भी पदार्थ होते हैं वे सब अपने प्रतिपक्षसहित होते हैं और दूसरे व्यतिरेकके बिना केवल अन्वयका कथन करना भी सम्भव नहीं है। अब इसी बातका निश्चय करनेके लिये आगेकी सूत्रगाथाका अवतार हुआ है—

प्रकृति और प्रकृतिस्थानमें संक्रम और असंक्रम ये दोनों प्रत्येक दो दो प्रकारके हैं। तथा प्रतिग्रहविधि भी दो प्रकारकी है और अप्रतिग्रहविधि भी दो प्रकार की है ॥२६॥

§ ३८. इस गाथा द्वारा आठ निर्गमोंका नामनिर्देश किया गया है। किन्तु इस गाथाके

अवयवत्थमुवरिमपदच्छेदपरूवणाए चेव वत्तइस्सामो, सुत्तसिद्धस्स पुधपरूवणाए फलाभावादो।

❀ एदाओ तिण्णि गाहाओ पयडिसंकमे।

§ ३९. एवमेदाओ तिण्णि गाहाओ पयडिसंकमे पडिबद्धाओ होंति त्ति भणिदं होइ। एवमेदासिं पयडिसंकमपडिबद्धत्तं णिरूविय पदच्छेदमुहेणेदासिं वक्खाणं कुणमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

❀ एदासिं गाहाणं पदच्छेदो।

§ ४०. एत्तो एदासिं गाहाणं पदच्छेदो कायव्वो होदि, अवयवत्थवक्खाणे पयारंतराभावादो त्ति उत्तं होदि।

❀ तं जहा।

§ ४१. सुगमं।

❀ 'संकम-उवक्कमविही पंचविहो' त्ति एदस्स पदस्स अत्थो पंचविहो— उवक्कमो आणुपुव्वी णामं पमाणं वत्तव्वदा अत्थाहियारो चेदि।

§ ४२. संकम-उवक्कमविही पंचविहो त्ति एदस्स पढमगाहापुव्वद्धावयवपदस्स अत्थो को होइ त्ति आसंकिय आणुपुव्वीआदिभेदेण पंचविहो उवक्कमो एदस्स पदस्स

प्रत्येक पदका अर्थ आगे पदच्छेदका कथन करते समय ही बतलावेंगे, क्योंकि जो बात सूत्रसिद्ध है उसका अलगसे कथन करनेमें कोई लाभ नहीं है।

*** ये तीन गाथाएं प्रकृतिसंक्रमके विषयमें आई हैं।**

§ ३९. इस प्रकार ये तीन गाथाएं प्रकृतिसंक्रमसे सम्बन्ध रखती हैं यह उक्त सूत्रका तात्पर्य है। इस प्रकार ये तीन गाथाएं प्रकृतिसंक्रमसे सम्बन्ध रखती हैं इसका कथन करके अब पदच्छेदद्वारा इनका व्याख्यान करते हुए आगेके सूत्रोंका निर्देश करते हैं—

*** इन गाथाओंका पदच्छेद।**

§ ४०. अब इससे आगे इन गाथाओंका पदच्छेद करना चाहिये, क्योंकि अन्य प्रकारसे गाथाओंके प्रत्येक पदके अर्थका व्याख्यान करना सम्भव नहीं है यह उक्त सूत्रका तात्पर्य है।

*** यथा—**

§ ४१. यह सूत्र सुगम है।

*** 'संकम-उवकमविही पंचविहो' इस पदका अर्थ है कि उपक्रम पाँच प्रकारका है—आनुपूर्वी, नाम, प्रमाण, वक्तव्यता और अर्थाधिकार।**

§ ४२ प्रथम गाथाके पूर्वार्धमें जो 'संकम-उवकमविही पंचविहो' यह पद आया है सो इसका क्या अर्थ है ऐसी आशंका करके आनुपूर्वी आदिके भेदसे उपक्रम पाँच प्रकारका है यह इस

---

१. ता० प्रतौ 'एदस्स' इत्यतः सूत्रांशस्य टीकांशेन निर्देशः कृतः।

अत्थो होइ त्ति णिद्दिट्ठं। तत्थाणुपुव्वी-णाम-पमाण-वत्तव्वदाणमत्थपरूवणा सुगमा। अत्थाहियारो पुण अट्ठविहो होइ, उवरि तहापरूवणादो।

❀ 'चउव्विहो य णिक्खेवो' त्ति णाम ट्ठवणं वज्जं दव्वं खेत्तं कालो भावो च।

§ ४३. एत्थेवमहिसंबंधो कायव्वो—'चउव्विहो य णिक्खेवो' त्ति एदस्स बीजपदस्स अत्थो दव्वं खेत्तं कालो भावो चेदि चउव्विहो णिक्खेवो पयडिसंकमविसओ। कुदो? जम्हा णाम ट्ठवणं वज्जं वज्जणीयमिदि। कुदो पुण दोण्हमेदेसि वज्जणं? ण, तेसिमेत्थेव जहासंभवमंतब्भावदंसणादो सुगमत्तादो वा। तदो दोण्हमेदेसिमवणयणं काऊण दव्व-खेत्त-काल-भावाणं गहणं कयं। तत्थागमदो दव्वपयडिसंकमो सुगमो, अणुवजुत्तपाहुडजाणयसरूवत्तादो। णोआगमदो दव्वपयडिसंकमो दुविहो—कम्म-णोकम्मभेएण। तत्थ णोकम्मदव्वपयडिसंकमो जहा संकंतो णीलुप्पलगंधो त्ति, णीलुप्पलसहावस्स गंधस्स वासिज्जमाणदव्वंतरेसु संकंतिदंसणादो। कम्मदव्वपयडिसंकमो जहा मिच्छत्तादीणं मोहणिज्जपयडीणं अण्णोण्णं समयाविरोहेण संकमो। खेत्तादीणं णिक्खेवाणमत्थो पुव्वं व वत्तव्वो।

पदका अर्थ है ऐसा इस चूर्णिसूत्रमें निर्देश किया है। सो इनमेंसे आनुपूर्वी, नाम, प्रमाण और वक्तव्यता इनका अर्थ सुगम है। किन्तु जैसा कि आगे कहा जानेवाला है तदनुसार अर्थाधिकार आठ प्रकारका है।

* 'चउव्विहो य णिक्खेवो' पदका अर्थ है कि नाम और स्थापनाको छोड़कर द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव ये चार निक्षेप हैं।

§ ४३. यहाँ पर इस प्रकार सम्बन्ध करना चाहिये कि प्रथम गाथामें जो 'चउव्विहो य णिक्खेवो' यह बीजपद है सो इसका अर्थ है कि प्रकृतिसंक्रमको विषय करनेवाले द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव ये चार निक्षेप हैं।

शंका—ये चार ही क्यों हैं?

समाधान—क्यों कि यहाँ पर नाम और स्थापना निक्षेपको छोड़ देना चाहिये।

शंका—इन दोनोंको यहाँ क्यों छोड़ दिया है?

समाधान—नहीं, क्यों कि इन दोनोंका इन्हीं चारोंमें यथासम्भव अन्तर्भाव देखा जाता है या वे सुगम हैं, इस लिये इन दोनोंको छोड़कर द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव इनका ग्रहण किया है।

इन द्रव्यादि चार निक्षेपोंमें आगमद्रव्यप्रकृतिसंक्रम सुगम है, क्यों कि, जो प्रकृतिसंक्रम-विषयक प्राभृतको जानता है किन्तु उसके उपयोगसे रहित है वह आगमद्रव्यप्रकृतिसंक्रम कहलाता है। नोआगमद्रव्यप्रकृतिसंक्रम कर्म और नोकर्मके भेदसे दो प्रकारका है। इनमेंसे नील कमलका गन्ध संक्रान्त हुआ यह नोकर्मद्रव्यप्रकृतिसंक्रमका उदाहरण है, क्यों कि जिन दूसरे द्रव्योंको नील कमलके गन्धसे वासित किया जाता है उनमें उस गन्धका संक्रमण देखा जाता है। आगममें बतलाई हुई विधिके अनुसार मोहनीयकी मिथ्यात्व आदि प्रकृतियोंका परस्परमें संक्रमण होना कर्मद्रव्य-प्रकृतिसंक्रम है। तथा क्षेत्र आदि निक्षेपोंका अर्थ पहलेके समान कहना चाहिये।

❀ 'णयविहि पयदं' त्ति एत्थ णओ वत्तव्वो ।

§ ४४. णयविहि पयदमिदि जमत्थपदं, एत्थ णओ वत्तव्वो, तेण विणा णिक्खेवत्थविसयणिण्णयाणुववत्तीदो । तत्थ णेगमो सव्वपयडिसंकमे इच्छइ । संगह-ववहारा कालसंकममवणेंति । एवमुजुसुदो वि । सद्दणयस्स भावणिक्खेवो एक्को चेव । एत्थ दव्वट्ठियणयवत्तव्वदाए कम्मदव्वपयडिसंकमे[1] पयदं ।

❀ 'पयदे च णिग्गमो होइ अट्ठविहो' त्ति पयडिसंकमो पयडिअसंकमो पयडिट्ठाणसंकमो पयडिट्ठाणअसंकमो पयडिपडिग्गहो पयडिअपडिग्गहो पयडिट्ठाणपडिग्गहो पयडिट्ठाणअपडिग्गहो त्ति एसो णिग्गमो अट्ठविहो ।

§ ४५. पयदे च णिग्गमो होइ अट्ठविहो त्ति एत्थ बीजपदे पयडिसंकमासंकमादि-भेदभिण्णो अट्ठविहो णिग्गमो अंतब्भूदो त्ति भणिदं होइ । तत्थ पयडिसंकमो त्ति भणिदे एगेगपयडिसंकमो गहेयव्वो, पयडिट्ठाणसंकमस्स पुध परूवणादो । एवं सेसाणं पि सुत्ताणु-सारेण अत्थपरूवणा कायव्वा । संपहि अट्ठण्हमेदेसिं सरूवणिदरिसणमुद्देसमेत्तेण कस्सामो । तं कथं ? पयडिसंकमो जहा मिच्छत्तपयडीए सम्मत्त-सम्मामिच्छत्तेसु । पयडिअसंकमो जहा तिस्से चेव मिच्छाइट्ठिम्मि सासणसम्माइट्ठिम्मि सम्मामिच्छाइट्ठिम्मि वा । पयडिट्ठाण-

---

❀ 'णयविधि पयदं' इस पदके अनुसार यहाँ पर नयका व्याख्यान करना चाहिये ।

§ ४४. प्रथम गाथामें 'णयविहि पयदं' यह जो अर्थपद आया है तदनुसार यहांपर नयका कथन करना चाहिये, क्योंकि इसके बिना निक्षेपोंका अर्थविषयक निर्णय नहीं हो सकता है । द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव इन चार निक्षेपोंमेंसे नैगमनय सब प्रकृतिसंक्रमोंको स्वीकार करता है । संग्रह और व्यवहारनय काल संक्रमको स्वीकार नहीं करते हैं । इसी प्रकार ऋजुसूत्रनय भी कालसंक्रमको स्वीकार नहीं करता है । तथा शब्दनयका एक भावनिक्षेप ही विषय है । इस अधिकारमें द्रव्यार्थिकनयकी अपेक्षा कर्मद्रव्यप्रकृतिसंक्रमका प्रकरण है ।

❀ 'पयदे च णिग्गमो होइ अट्ठविहो' इस पदके अनुसार प्रकृतिसंक्रम, प्रकृति-असंक्रम, प्रकृतिस्थानसंक्रम, प्रकृतिस्थानअसंक्रम, प्रकृतिप्रतिग्रह, प्रकृतिअप्रतिग्रह, प्रकृतिस्थानप्रतिग्रह और प्रकृतिस्थानअप्रतिग्रह यह आठ प्रकारका निर्गम है ।

§ ४५. 'पयदे च णिग्गमो होइ अट्ठविहो' इस बीजपदमें प्रकृतिसंक्रम और प्रकृतिअसंक्रम आदिके भेदसे आठ प्रकारका निर्गम अन्तर्भूत है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । उनमेंसे प्रकृति-संक्रमपदसे एकैकप्रकृतिसंक्रमको ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि प्रकृतिस्थानसंक्रमका अलगसे कथन किया है । इसी प्रकार सूत्रके अनुसार शेष निर्गमोंके अर्थका भी कथन करना चाहिये ।

अब इन आठोंके स्वरूपका निर्देश नाममात्रको करते हैं । यथा—मिथ्यात्व प्रकृतिका सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वमें संक्रमित होना यह प्रकृतिसंक्रमका उदाहरण है । तथा उसी मिथ्यात्वका मिथ्यादृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि या सम्यग्मिथ्यादृष्टि गुणस्थानके रहते हुए सम्यक्त्व

---

१. ता॰प्रतौ कम्मपयडिसंकमे इति पाठः ।

संकमो जहा अट्ठावीससंतकम्मियमिच्छाइट्ठिम्हि सत्तावीसाए। तदसंकमो जहा तत्थेव अट्ठावीसाए। पयडिपडिग्गहो जहा मिच्छत्तं मिच्छाइट्ठिम्मि संकमंताणं सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं। को पडिग्गहो णाम? संकमाहारे प्रतिगृह्यतेऽस्मिन् प्रतिगृह्णातीति वा पडिग्गहसद्दउप्पायणादो। तदपडिग्गहो जहा तत्थेव सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणि। जहा वा दंसण-चरित्तमोहणीयपयडीणमण्णोण्णं पेक्खिऊण पडिग्गहत्ताभावो। पयडिट्ठाणपडिग्गहो जहा मिच्छाइट्ठिम्मि बावीसपयडिसमुदायप्पयमेयं पयडिपडिग्गहट्ठाणमिदि[1]। पयडिट्ठाणअपडिग्गहो जहा सोलसादीणं ठाणाणमण्णदरो। एवमेसो अट्ठविहो णिग्गमो परूविदो चुण्णिसुत्तयारेण पयदे च णिग्गमो होइ अट्ठविहो त्ति बीजपदावलंबणेण।

और सम्यग्मिथ्यात्वमें संक्रमित नहीं होना यह प्रकृतिअसंक्रमका उदाहरण है। अट्ठाईस प्रकृतियोंकी सत्तावाले मिथ्यादृष्टिके सत्ताईस प्रकृतियोंका संक्रमित होना यह प्रकृतिस्थानसंक्रमका उदाहरण है। तथा उसी मिथ्यादृष्टिके अट्ठाईस प्रकृतियोंका संक्रमित नहीं होना यह प्रकृतिस्थानअसंक्रमका उदाहरण है। प्रकृतिप्रतिग्रहका उदाहरण, जैसे—मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें संक्रमणको प्राप्त हुई सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व इन दो प्रकृतियोंका मिथ्यात्वप्रकृति प्रकृतिप्रतिग्रह है।

शंका—प्रतिग्रह किसे कहते हैं?

समाधान—संक्रमरूप आधारके सद्भावमें प्रतिग्रह शब्दकी व्युत्पत्तिके अनुसार संक्रमको प्राप्त हुआ द्रव्य जिसमें ग्रहण किया जाता है या जो ग्रहण करता है उसे प्रतिग्रह कहते हैं।

प्रकृतिअप्रतिग्रहका उदाहरण, जैसे—उसी मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व ये दो प्रकृतियां प्रकृतिअप्रतिग्रह रूप हैं। अथवा दर्शनमोहनीय और चारित्रमोहनीय ये परस्परमें प्रतिग्रहरूप नहीं हैं, इसलिये दर्शनमोहनीयकी कोई भी प्रकृति चरित्रमोहनीय की अपेक्षा प्रकृतिअप्रतिग्रह है और चरित्रमोहनीयकी कोई भी प्रकृति दर्शनमोहनीयकी अपेक्षा प्रकृतिअप्रतिग्रह है। प्रकृतिस्थानप्रतिग्रहका उदाहरण—जैसे, मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें बाईस प्रकृतियोंका समुदायरूप एक प्रतिग्रहस्थान है। प्रकृतिस्थानअप्रतिग्रहका उदाहरण, जैसे सोलह आदि स्थानोंमें से कोई एक स्थान प्रकृतिस्थानअप्रतिग्रह है। इस प्रकार 'पयदे च णिग्गमो होइ अट्ठविहो' इस बीजपदके आलम्बनसे चूर्णिसूत्रकारने यह आठ प्रकारका निर्गम कहा है।

विशेषार्थ—पहले संक्रमका उपक्रम आदि चारके द्वारा कथन करते हुए अन्तमें चूर्णिसूत्रकारने संक्रमके चार अर्थाधिकार बतलाये रहे। उनमें प्रथम अर्थाधिकार प्रकृतिसंक्रम है, इसलिए सर्व प्रथम इसका वर्णन क्रमप्राप्त है। इसीसे इसका पुनः उपक्रम आदि चारके द्वारा निर्देश किया गया है। यह निर्देश केवल चूर्णिसूत्रकारने ही नहीं किया है किन्तु मूलग्रन्थकर्ताने भी किया है। इसके लिये तीन गाथाएं आई हैं। प्रथम गाथामें उपक्रम, निक्षेप और निर्गम (अनुगम) के भेद देकर नययोजना करनेकी सूचना की गई है तथा दूसरी और तीसरी गाथामे निर्गमके विषयमें विशेष खुलासा और निर्गमके अवान्तर भेदोंका नामनिर्देश किया गया है। यहाँ यह प्रश्न हो सकता है कि ये गाथाएं केवल प्रकृतिसंक्रमके विषयमें ही क्यों लागू होती हैं, सामान्य संक्रमके विषयमें क्यों नहीं। सो इसका यह खुलासा है कि इन गाथाओंमें स्पष्टतः प्रकृतिसंक्रमके अवान्तर भेदोंका ही एकमात्र निर्देश किया है। इससे ज्ञात होता है कि इन गाथाओंका सम्बन्ध केवल प्रकृतिसंक्रमसे ही है।

१. आ० प्रतौ -मेयं पडिग्गहट्ठाणमिदि इति पाठः।

§ ४६. एवं पढमगाहाए पदच्छेदमुहेणमत्थविवरणं कादूण संपहि विदियगाहाए पदच्छेदकरणट्ठमिदमाह—

※ 'एक्केक्काए संकमो दुविहो संकमविही य पयडीए' त्ति पदस्स अत्थो कायव्वो ।

§ ४७. पयडि-पयडिट्ठाणसंकमेसु पडिबद्धस्सेदस्स विदियगाहापुव्वद्धस्स अवयवत्थविवरणं कस्सामो त्ति पइज्ञासुत्तमेदं ।

अब यहाँ क्रमसे चूर्णिसूत्र और टीकाके अनुसार प्रकृतिसंक्रमके विषयमें इन उपक्रम आदिका खुलासा करते हैं—उपक्रमके पाँच भेद हैं—आनुपूर्वी, नाम, प्रमाण, वक्तव्यता और अर्थाधिकार। आनुपूर्वीके तीन भेदोंमेंसे पूर्वानुपूर्वीके अनुसार प्रकृतिसंक्रम यह पहला भेद है। पश्चादानुपूर्वीके अनुसार चौथा और यत्रतत्रानुपूर्वीके अनुसार पहला, दूसरा, तीसरा या चौथा भेद है। नामके कई भेद हैं। उनमेंसे इसका गौण्यनाम है। प्रमाण ग्रन्थकी अपेक्षा संख्यात और अर्थकी अपेक्षा अनन्त है। वक्तव्यताके तीन भेद हैं। उनमेंसे इसमें स्वसमयवक्तव्यता है। अर्थाधिकार इसके आठ हैं जो निर्गमका कथन करते समय बतलाये जाँयगे। उपक्रमके बाद दूसरा भेद निक्षेप है। प्रकृतिसंक्रमको द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव इन चार निक्षेपोंमें घटित करके बतलाया है। यद्यपि मूलकर्ताने केवल चार निक्षेपोंकी सूचनामात्र की है। तदनुसार वे चार निक्षेप नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव भी हो सकते हैं। पर चूर्णिसूत्रकारने इन चार निक्षेपोंका प्रकृतमें ग्रहण न करके द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव इन चार निक्षेपोंका ही ग्रहण किया है। मालूम होता है कि संक्रममे नाम और स्थापनाकी उतनी उपयोगिता नहीं है जितनी द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावकी उपयोगिता है। इसीसे प्रकृतमें नाम और स्थापनाको छोड़ दिया गया है। उदाहरणार्थ किसीका प्रकृतिसंक्रम ऐसा नाम रखनेसे या किसीमें यह प्रकृतिसंक्रम है ऐसी स्थापना करनेसे प्रकृत प्रकृतिसंक्रमके समझनेमें विशेष सहायता नहीं मिलती पर द्रव्यादिकके संक्रमसे यथायोग्य कर्म-प्रकृतियोंके संक्रमणमें सहायता मिलती है इसलिये प्रकृतिसंक्रमकी निक्षेप व्यवस्था करते हुए इन चार निक्षेपोंकी यहाँ योजना की है। उदाहरणार्थ वसन्त ऋतुके बाद ग्रीष्म ऋतु आनेपर जीव गर्मीका अधिक अनुभव करता है, इससे जीवको गर्मीजन्य तीव्र वेदना होती है, अतः ऐसे अवसर पर गर्मीका निमित्त पा कर असाताकी उदय व उदीरणा होने लगती है तथा साता कर्मका असाता-रूप संक्रम भी होने लगता है। इसी प्रकार सभी निक्षेपोंके सम्बन्धमें यथायोग्य घटित कर लेना चाहिये। प्रकृतमें नयका इतना ही प्रयोजन है कि इन निक्षेपोंमें कौन निक्षेप किस नयका विषय है। सो इसका विशेष खुलासा पूर्वमें कर आये हैं, अतः यहाँ नहीं किया गया है। अब रहा निर्गम सो प्रकृतमें यह आठ प्रकारका है। विशेष खुलासा इसका स्वयं टीकाकारने ही किया है इस लिये यहाँ इसका खुलासा नहीं किया जाता है। किन्तु यहाँ इतना विशेष जानना चाहिये कि अन्यत्र जिसे अनुगम कहा है वही यहाँ निर्गम शब्द द्वारा कहा गया है।

§ ४६. इस प्रकार पदच्छेदद्वारा प्रथम गाथाके अर्थका खुलासा करके अब दूसरी गाथाका पदच्छेद करनेके लिये यह आगेका सूत्र कहते हैं—

'एक्केक्काए संकमो दुविहो संकमविही य पयडीए' इस पदका अर्थ करना चाहिये।

§ ४७. यह प्रतिज्ञा सूत्र है जिसके द्वारा यह प्रतिज्ञा की गई है कि अब प्रकृतिसंक्रम और प्रकृतिस्थानसंक्रम इनसे सम्बन्ध रखनेवाले इस दूसरी गाथाके पूर्वार्धके अर्थका विशेष खुलासा करेंगे।

✻ 'एक्केक्काए' त्ति एगेगपयडिसंकमो, 'संकमो दुविहो' त्ति दुविहो संकमो त्ति भणिदं होइ, 'संकमविही य' त्ति पयडिट्ठाणसंकमो, 'पयडीए' त्ति पयडिसंकमो त्ति भणियं होइ।

§ ४८. पयडीए संकमो दुविहो—एक्केक्काए पयडीए संकमो पयडीए संकमविही चेदि गाहापुव्वद्धम्मि एवंविहसंबंधपदुप्पायणट्ठमागयस्सेदस्स सुत्तस्स अत्थो वुच्चदे। तं जहा—संकमो दुविहो त्ति दुविहो संकमो त्ति भणिदं होइ। एसो विदिओ सुत्तावयवो पढमं वक्खाणेयव्वो। तदो संकमो अविसिट्ठो ण होइ त्ति जाणावणट्ठं पयडीए त्ति भणिदं होइ त्ति एदेण चरिमसुत्तावयवेणाहिसंबंधो कायव्वो। तदो पयडिसंकमो दुविहो त्ति दोण्हं सुत्तावयवाणमत्थसंगहो। संपहि कथं दुविहत्तमिदि उत्ते 'एक्केक्काए' त्ति एगेगपयडिसंकमो 'संकमविही' य त्ति पयडिट्ठाणसंकमो इदि पढम-तइज्जावयवाणमहिसंबंधो। कथं पुण एक्केक्काए त्ति एत्तियमेत्तेण एगेगपयडिसंकमो विण्णादुं सक्को? ण, 'पयडीए संकमो' त्ति उत्तरेण सह संबंधेण तदुवलद्धीए। तहा 'संकमविही य' त्ति एत्थतणविहिसद्दस्स जहण्णुक्कस्स-तव्वदिरित्तपयारवाचयस्सावलंबणादो पयडिट्ठाणसंकमस्स गहणं पडिवज्जेयव्वं, एगेगपयडिविवक्खाए तदणुवलंभादो। तम्हा

✻ 'एक्केक्काए' इस पदद्वारा एकैकप्रकृतिसंक्रम और 'संकमो दुविहो' इस पदद्वारा संक्रम दो प्रकारका है यह कहा गया है। तथा 'संकमविही य' इस पदद्वारा प्रकृतिस्थानसंक्रम और 'पयडीए' इस पदद्वारा प्रकृतिसंक्रम कहा गया है।

§ ४८. गाथाके पूर्वार्धमें प्रकृतिसंक्रम दो प्रकारका है—एकैकप्रकृतिसंक्रम और प्रकृतिसंक्रमविधि इस प्रकारके सम्बन्धका कथन करनेके लिये आये हुए इस सूत्रका अर्थ कहते हैं। यथा—'संकमो दुविहो' इस पदद्वारा संक्रम दो प्रकारका है यह कहा गया है। यद्यपि यह गाथा सूत्रका दूसरा अवयव है तथापि इसका सर्व प्रथम व्याख्यान करना चाहिये। किन्तु यहाँ पर सामान्य संक्रम नहीं लिया गया है यह जतानेके लिये गाथा सूत्रके पूर्वार्धके अन्तमें आये हुए 'पयडीए' इस पदके साथ 'संकमो दुविहो' इस पदका सम्बन्ध करना चाहिये। इसलिये प्रकृतिसंक्रम दो प्रकारका है यह गाथासूत्रके इन दोनों पदोंका समुच्चयार्थ होता है। अब यह प्रकृतिसंक्रम दो प्रकारका कैसे है ऐसा पूछनेपर गाथाके प्रथम पद 'एक्केक्काए' और तृतीय पद 'संकमविही य' इन दोनों पदोंका सम्बन्ध करके इन दोनों पदोंद्वारा क्रमसे एकैकप्रकृतिसंक्रम और प्रकृतिस्थानसंक्रम ये दो भेद बतलाये गये हैं।

शंका—'एक्केक्काए' इतनेमात्र पदसे एकैकप्रकृतिसंक्रमका ज्ञान कैसे किया जा सकता है?

समाधान—नहीं, क्योंकि 'पयडीए संकमो' इस उत्तर पदके साथ सम्बन्ध कर लेनेसे उक्त अर्थ प्राप्त हो जाता है।

तथा 'संकमविही य' इस पदमें आये हुए जघन्य, उत्कृष्ट और तद्व्यतिरिक्त प्रकारवाची विधि शब्दका अवलम्बन लेनेसे प्रकृतिस्थानसंक्रमका ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि एक एक

१. ता० आ० प्रती -पयडिसंकमो, दुविहो त्ति 'संकमो दुविहो' त्ति इति पाठः। २ ता०प्रती 'संकमविही य' इत्यतः सूत्रांशस्य टीकांशेन निर्देशः कृतः।

एदेहि चदुहि वि पुव्वद्धपडिबद्धसुत्तावयवेहि एगेगपयडिसंकमो पयडिट्ठाणसंकमो चेदि वे णिग्गमा परूविदा।

❀ 'संकमपडिग्गहविहि' त्ति संकमे पयडिपडिगहो।

§ ४९. संकमे संकमस्स वा पडिग्गहविही संकमपडिग्गहविहि त्ति एत्थ समासो पयडीए त्ति अहियारसंबंधो च कायव्वो। सेसं सुगमं।

❀ 'पडग्गिो उत्तम जहण्णो' त्ति पयडिट्ठाणपडिग्गहो।

§ ५०. कुदो? जहण्णुक्कस्सवियप्पाणमण्णत्थासंभवादो। एवमेदीए विदियगाहाए एगेगपयडिसंकमो पयडिट्ठाणसंकमो पयडिपडिग्गहो पयडिट्ठाणपडिग्गहो च मुत्तकंठं परूविदा। तप्पडिवक्खा वि चत्तारि णिग्गमा देसामासियभावेण सूचिदा त्ति घेत्तव्वं। संपहि एदेसिं चेव अट्ठण्णं णिग्गमाणं फुडीकरणट्ठं तदियगाहाए पदच्छेदो कीरदे—

❀ 'पयडि-पयडिट्ठाणेसु संकमो' त्ति पयडिसंकमो पयडिट्ठाण-संकमो च।

प्रकृतिकी विवक्षामें ये जघन्य आदि भेद नहीं हो सकते। इसलिये गाथासूत्रके पूर्वार्धसे सम्बन्ध रखने-वाले इन चारों ही पदोंके द्वारा एकैकप्रकृतिसंक्रम और प्रकृतिस्थानसंक्रम ये दो निर्गम कहे गये हैं।

विशेषार्थ—गाथाका पूर्वार्ध इस प्रकार है—'एक्केक्काए संकमो दुविहो—संकमविही य पयडीए। इसका निम्न प्रकारसे अन्वय करना चाहिये—पयडीए संकमो दुविहो—एक्केक्काए पयडीए संकमो संकमविही य। इस अन्वयमें 'पयडीए संकमो' इन दो पदोंका दो बार अन्वय किया गया है। तदनुसार गाथाके इस पूर्वार्धका यह अर्थ हुआ कि प्रकृतिसंक्रम दो प्रकारका है—एकैकप्रकृतिसंक्रम और प्रकृतिस्थानसंक्रम। यहाँ 'संकमविही' इस पदका प्रकृतिस्थानसंक्रम इतना अर्थ लिया गया है, क्यों कि इस पदमें आया हुआ 'विधि' शब्द प्रकारवाची है जिससे उक्त अर्थ प्राप्त हो जाता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

* 'संकमपडिग्गहविही' इस पदसे संक्रमके विषयमें प्रकृतिप्रतिग्रहका ग्रहण किया है।

§ ४९ संक्रममें या संक्रमकी प्रतिग्रहविधि संक्रमप्रतिग्रहविधि इस प्रकार यहाँपर समास करके 'पयडीए' इस पदका अधिकारवश सम्बन्ध करना चाहिये। शेष कथन सुगम है।

* 'पडिग्गहो उत्तम जहण्णो' इस पदसे प्रकृतिस्थानप्रतिग्रहका ग्रहण किया है।

§ ५० क्योंकि जघन्य और उत्कृष्ट ये विकल्प अन्यत्र सम्भव नहीं हैं। इस प्रकार इस दूसरी गाथा द्वारा एकैकप्रकृतिसंक्रम, प्रकृतिस्थानसंक्रम, प्रकृतिप्रतिग्रह और प्रकृतिस्थानप्रतिग्रह इन चार निर्गमोंका मुक्तकण्ठ होकर कथन किया गया है। तथा इनके प्रतिपक्षभूत चार अन्य निर्गम भी देशामर्षकभावसे सूचित किये गये हैं ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिये। आशय यह है कि यद्यपि इस दूसरी गाथा द्वारा चार निर्गमोंका ही सूचन किया है किन्तु यह गाथा देशामर्षक है, अतः इससे इनके प्रतिपक्षभूत चार अन्य निर्गमोंका भी ग्रहण हो जाता है। अब इन्हीं आठों निर्गमोंका स्पष्टीकरण करनेके लिये तीसरी गाथाका पदच्छेद करते हैं—

* 'पयडि-पयडिट्ठाणेसु संकमो' इस द्वारा प्रकृतिसंक्रम और प्रकृतिस्थानसंक्रमका ग्रहण किया है।

§ ५१. कथमेत्थ गाहासुत्तावयवे संबंधविवक्खमकाऊण आहारणिद्देसो कओ त्ति णासंकणिज्जं, विसयभावस्स विवक्खियत्तादो। पयडिविसओ एक्को संकमो पयडिट्ठाण-विसओ अवरो त्ति।

❀ 'असंकमो तहा दुविहो' त्ति पयडिअसंकमो पयडिट्ठाणअसंकमो च।

§ ५२. असंकमो तहा दुविहो त्ति एत्थ 'पयडि-पयडिट्ठाणेसु' त्ति अहियारसंबंधो कायव्वो। तेण पयडिअसंकम-पयडिट्ठाणासंकमाणं[1] संगहो कओ होइ।

❀ 'दुविहो पडिग्गहविहि' त्ति[2] पयडिपडिग्गहो पयडिट्ठाणपडिग्गहो च।

§ ५३. एत्थ वि पुव्वं व अहियारसंबंधेण पयदणिग्गमाणं गहणं कायव्वं[3]।

❀ 'दुविहो अपडिग्गविही य' त्ति पयडिअपडिग्गहो पयडिट्ठाण-अपडिग्गहो च।

§ ५४. एत्थ वि अहियारसंबंधो पुव्वं व। सेसं सुगमं।

एवमेदे पयडिसंकमस्स अट्ठ णिग्गमा परूविदा।

---

§ ५१. शंका—तीसरी गाथासूत्रके 'पयडि' इत्यादि अवयवमें सम्बन्धकी विवक्षा किये बिना आधारका निर्देश कैसे किया गया है?

समाधान—ऐसी आशंका करना ठीक नहीं है, क्योंकि यहाँ पर विषयरूप अर्थ विवक्षित है। आशय यह है कि यहाँ पर आधार अर्थमें सप्तमी विभक्तिका निर्देश नहीं किया है किन्तु विषय अर्थमें सप्तमीका निर्देश किया है। जिससे प्रकृतिविषयक एक संक्रम और प्रकृतिस्थानविषयक दूसरा संक्रम यह अर्थ होता है।

*** 'असंकमो तहा दुविहो' इस द्वारा प्रकृतिअसंक्रम और प्रकृतिस्थानअसंक्रम का ग्रहण किया है**

§ ५२ 'असंकमो तहा दुविहो' यहाँ पर 'पयडि-पयडिट्ठाणेसु' इस पदका अधिकारवश सम्बन्ध कर लेना चाहिये जिससे उक्त गाथांशद्वारा प्रकृतिअसंक्रम और प्रकृतिस्थानअसंक्रम इन दोनोंका संग्रह किया गया हो जाता है।

*** 'दुविहो पडिग्गहविही' इस द्वारा प्रकृतिप्रतिग्रह और प्रकृतिस्थानप्रतिग्रहका ग्रहण किया है**

§ ५३. यहाँपर भी पूर्ववत् अधिकारोंका सम्बन्ध हो जानेसे प्रकृत निर्गमोंका ग्रहण कर लेना चाहिये।

*** दुविहो अपडिग्गहविही य इस द्वारा प्रकृतिअप्रतिग्रह और प्रकृतिस्थान-अप्रतिग्रहका ग्रहण किया है।**

§ ५४. यहाँपर भी पूर्ववत् अधिकारवश सम्बन्ध कर लेना चाहिये। शेष कथन सुगम है।

इसप्रकार प्रकृतिसंक्रमके ये आठ निर्गम कहे।

---

१. आ०प्रतौ तेण पयडिट्ठाणासंकमाणं इति पाठः। २. आ०प्रतौ पडिग्गहविहत्ती इति पाठः। ३. आ०प्रतौ -णिग्गमाण कायव्वं इति पाठः।

§ ५५. एवं पयडिसंकमस्स चउव्विहावयारस्स परूवणं गाहासुत्तावलंबणेण काऊण पयदत्थोवसंहारकरणट्ठमिदमाह—

❀ एस सुत्तफासो ।

§ ५६. एसो गाहासुत्ताणमवयवत्थपरामरसो कओ त्ति भणिदं होइ । संपहि परूविदाणमट्ठण्हं णिग्गमाणं मज्झे एगेगपयडिपडिबद्धाणं ताव परूवणं कस्सामो त्ति सुत्तमुत्तरं भणइ—

❀ एगेगपयडिसंकमे पयदं ।

§ ५७. एगेगपयडिसंकमे अंतोभाविदतदसंकमतप्पडिग्गहापडिग्गहे पयदमिदि भणिदं होइ । तत्थ चउवीसमणियोगद्दाराणि होंति । तं जहा—समुक्कित्तणा सव्वसंकमो णोसव्वसंकमो उक्कस्ससंकमो अणुक्कस्ससंकमो जहण्णसंकमो अजहण्णसंकमो सादियसंकमो अणादियसंकमो धुवसंकमो अद्धुवसंकमो एगजीवेण सामित्तं कालो अंतरं णाणाजीवेहि भंगविचओ भागाभागो परिमाणं खेत्तं पोसणं कालो अंतरं सण्णियासो भावो अप्पाबहुअं चेदि । एत्थ ताव समुक्कित्तणादीणमेक्कारसण्हमणियोगद्दाराणमप्पवण्णणिज्जत्तादो सुत्तयारेण अपरूविदाणमुच्चारणाणुसारेण परूवणं वत्तइस्सामो । तं जहा—

§ ५८. समुक्कित्तणाणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण अत्थि सव्वपयडीणं संकमो । एवं चदुसु गदीसु । णवरि पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०-

§ ५५. इसप्रकार गाथासूत्रोंके आधारसे प्रकृतिसंक्रमके चार प्रकारके अवतारका कथन करके प्रकृत अर्थका उपसंहार करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

* यह सूत्रस्पर्श है ।

§ ५६. इसप्रकार यह गाथासूत्रोंके प्रत्येक पदके अर्थका स्पर्श किया यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अब पूर्वोक्त इन आठ निर्गमोंमेंसे एकैकप्रकृतिसम्बन्धी निर्गमका कथन करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

* एकैकप्रकृतिसंक्रमका प्रकरण है ।

§ ५७. जिसमें एकैकप्रकृतिअसंक्रम, प्रकृतिप्रतिग्रह और प्रकृतिअप्रतिग्रह ये अन्तर्भूत हैं ऐसे एकैकप्रकृतिसंक्रमका प्रकरण है यह उक्त सूत्रका तात्पर्य है। सो इस विषयमें चौबीस अनुयोगद्वार हैं। यथा—समुत्कीर्तना, सर्वसंक्रम, नोसर्वसंक्रम, उत्कृष्टसंक्रम, अनुत्कृष्टसंक्रम, जघन्यसंक्रम, अजघन्यसंक्रम, सादिसंक्रम, अनादिसंक्रम, ध्रुवसंक्रम, अध्रुवसंक्रम, एक जीवकी अपेक्षा स्वामित्व, काल और अन्तर तथा नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, भागाभाग, परिमाण, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, सन्निकर्ष, भाव और अल्पबहुत्व। इनमेंसे समुत्कीर्तना आदि ग्यारह अनुयोगद्वार अल्प वर्णनीय होनेसे सूत्रकारके द्वारा नहीं कहे गये हैं, अतः उच्चारणाके अनुसार उनका कथन करते हैं। यथा—

§ ५८. समुत्कीर्तनानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयकी सब प्रकृतियोंका संक्रम है। इसीप्रकार चारों गतियोंमें जानना चाहिये। किन्तु इतनी

१. आ०प्रतौ सुत्तयारेण परूवदाण- इति पाठः ।

मणुसअपज्जत्तएसु मिच्छत्तस्स असंकमो। अणुद्दिसादि जाव सव्वट्ठे त्ति सम्मत्तस्स असंकमो। एवं जाव अणाहारि त्ति।

§ ५९. सव्व०-णोसव्वसंकमाणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण सव्वाओ पयडीओ संकामेमाणस्स सव्वसंकमो। तदूणं० णोसव्वसंकमो। एवं जाव०।

§ ६०. उक्कस्स-अणुक्कस्ससंकमाणुगमेण सत्तावीसपयडीओ संकामेमाणस्स उक्कस्ससंकमो। तदूणं अणुक्कस्ससंकमो। एवं जाव०।

§ ६१. जहण्ण-अजहण्णसंकमाणु० सव्वजहण्णियं पयडिं संकामेमाणस्स जहण्णसंकमो। तदो उवरिमजहण्णसंकमो। का सव्वजहण्णिया पयडी णाम? जा जहण्णसंखाविसेसिया। तत्तो उवरिमसंखाविसेसिया अजहण्णा णाम, पयडिविसयसंखाए

विशेषता है कि पंचेन्द्रियतिर्यंचअपर्याप्त और मनुष्यअपर्याप्त जीवोंमें मिथ्यात्वका संक्रम नहीं होता। तथा अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें सम्यक्त्व प्रकृतिका संक्रम नहीं होता। इसीप्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिये।

विशेषार्थ—मिथ्यात्वका संक्रम सम्यग्दृष्टि जीवके ही होता है किन्तु पंचेन्द्रियतिर्यंच लब्ध्यपर्याप्त और मनुष्यलब्ध्यपर्याप्त जीवोंके सम्यक्त्वकी प्राप्ति सम्भव नहीं, अतः इनके मिथ्यात्वके संक्रमका निषेध किया है। तथा सम्यक्त्वका संक्रम उसी मिथ्यादृष्टिके सम्भव है जिसके उसकी सत्ता है। चूंकि अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देव सम्यग्दृष्टि ही होते हैं, अतः इनके सम्यक्त्वके संक्रमका निषेध किया है। शेष कथन सुगम है।

§ ५९. सर्वसंक्रम और नोसर्वसंक्रमके अनुगमसे निर्देश दो प्रकारका है—ओघनिर्देश और और आदेशनिर्देश। ओघसे सब प्रकृतियोंका संक्रम करनेवाले जीवके सर्वसंक्रम होता है और इससे न्यून प्रकृतियोंका संक्रम करनेवाले जीवके नोसर्वसंक्रम होता है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिये।

§ ६०. उत्कृष्टसंक्रम और अनुत्कृष्टसंक्रमानुगमसे सत्ताईस प्रकृतियोंका संक्रम करनेवाले जीवके उत्कृष्टसंक्रम होता है और इससे न्यून प्रकृतियोंका संक्रम करनेवाले जीवके अनुत्कृष्टसंक्रम होता है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिये।

विशेषार्थ—अट्ठाईस प्रकृतियोंकी सत्तावाले मिथ्यादृष्टिके मिथ्यात्वके सिवा सब प्रकृतियोंका संक्रम सम्भव है, इसलिये यह उत्कृष्टसंक्रम है। तथा इसके सिवा शेष सब अनुत्कृष्टसंक्रम है। पर यह ओघ प्ररूपणा है। आदेशसे जहाँ जैसी प्रकृतियाँ और उनका बन्ध सम्भव हो तदनुसार उत्कृष्ट अनुत्कृष्टका विचार करना चाहिये।

§ ६१. जघन्यसंक्रम और अजघन्यसंक्रमानुगमकी अपेक्षा सबसे जघन्य प्रकृतिका संक्रम करनेवाले जीवके जघन्यसंक्रम होता है और इससे अधिक प्रकृतियोंका संक्रम करनेवाले जीवके अजघन्य संक्रम होता है।

शंका—सबसे जघन्य प्रकृति इसका क्या तात्पर्य है?

समाधान—जो जघन्य संख्यासे युक्त है वह जघन्य प्रकृति है और इससे अधिक संख्या

जहण्णाजहण्णभावस्स एत्थ विवक्खियत्तादो । एवं जाव अणाहारि त्ति ।

§ ६२. सादिय-अणादिय-धुव-अद्धुवसंकमाणु० दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मिच्छत्त-सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं किं सादिओ संकमो किमणादिओ धुवो अद्धुवो वा ? सादि-अद्धुवो । सोलसकसाय-णवणोकसाय० किं सादिओ ४ ? सादि० अणादि० धुव० अद्धुवसंकमो वा । आदेसेण णेरइएसु सव्वपयडीणं सादि-अद्धुवो संकमो एवं जाव ।

§ ६३. एवमेदेसिं सुगमाणं परूवणमकादूण सामित्तपरूवणट्ठमिदमाह—

❀ एत्थ सामित्तं ।

वाली प्रकृतियाँ अजघन्य कहलाती हैं, क्योंकि यहाँपर प्रकृतिविषयक संख्याकी अपेक्षासे जघन्य और अजघन्य माना गया है ।

इसीप्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिये ।

§ ६२. सादि, अनादि, ध्रुव और अध्रुव संक्रमानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघनिर्देश और आदेशनिर्देश । ओघसे मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व इनका संक्रम क्या सादि है, क्या अनादि है, क्या ध्रुव है या क्या अध्रुव है ? सादि और अध्रुव है । सोलह कषाय और नौ नोकषायका संक्रम क्या सादि है, क्या अनादि है, क्या ध्रुव है या क्या अध्रुव है ? सादि, अनादि, ध्रुव और अध्रुव चारों प्रकारका है । आदेशसे नारकियोंमें सब प्रकृतियोंका सादि और अध्रुव संक्रम है । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणातक जानना चाहिये ।

विशेषार्थ—सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी सत्ता प्राप्त होनेपर ही मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रम सम्भव है । किन्तु उक्त दो प्रकृतियोंकी सत्ता अनादि कालसे नहीं पाई जाती, अतः इन तीन प्रकृतियोंका संक्रम सादि और अध्रुव इस तरह दो प्रकारका बतलाया है । अब रहीं सोलह कषाय और नौ नोकषायरूप पच्चीस प्रकृतियाँ सो इनमें सादि आदि चारों विकल्प सम्भव हैं, क्यों कि इन पच्चीस प्रकृतियोंका जिन प्रकृतियोंमें संक्रम हो सकता है उनकी जब तक बन्धव्युच्छित्ति नहीं हुई तब तक इनका संक्रम अनादि है । बन्धव्युच्छित्तिके बाद पुनः बन्ध होनेपर इनका संक्रम सादि है । तथा अभव्योंकी अपेक्षा ध्रुव और भव्योंकी अपेक्षा अध्रुव भंग है । यह तो ओघसे विचार हुआ । आदेशसे विचार करने पर एक जीवकी अपेक्षा नरक गति सादि है अतः इस अपेक्षासे सभी प्रकृतियोंके सादि और अध्रुव ये दो भंग ही सम्भव हैं । इसी प्रकार सभी मार्गणाओंमें जहाँ ओघ या आदेश जो व्यवस्था घटित हो जाय वह लगा लेनी चाहिये । उदाहरणार्थ अचक्षुदर्शनमें ओघ व्यवस्था लागू होती है इसलिये वहाँ ओघके समान प्ररूपणा जाननी चाहिये । अभव्य मार्गणामें सोलह कषाय और नौ नोकषायकी अपेक्षा अनादि और ध्रुव ये दो ही भंग सम्भव हैं । तथा यहाँ मिथ्यात्वका संक्रम होता नहीं, क्यों कि इसकी सजातीय प्रकृतियाँ सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व इसके नहीं पाई जातीं । भव्यके एक ध्रुव भंगको छोड़कर शेष सब कथन ओघके समान बन जाता है । अब रहीं शेष मार्गणाएँ सो उनमें सब कथन नरक गतिके समान है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

§ ६३. इस प्रकार इन सुगम अनुयोगद्वारोंका कथन न करके चूर्णिसूत्रकार स्वामित्वका कथन करनेके लिये यह आगेका सूत्र कहते हैं—

❀ अब यहाँ स्वामित्वका अधिकार है ।

§ ६४. एदम्मि एगेगपयडिसंकमे सामित्तपरूवणमिदाणिं कस्सामो त्ति भणिदं होइ।

❀ मिच्छत्तस्स संकामओ को होइ ?

§ ६५. मिच्छत्तस्स पयडिसंकमस्स सामिओ कदरो[1] होइ ? किं देवो णेरइओ मिच्छाइट्ठी सम्माइट्ठी वा ? इच्चेवमादिविसेसावेक्खमेदं पुच्छासुत्तं।

❀ णियमा सम्माइट्ठी।

§ ६६. कुदो ? अण्णत्थ तस्स संकमाभावादो। एदेण सम्माइट्ठी चेव संकामओ होदि ण अण्णो त्ति अण्णजोगववच्छेदो कदो। सो वि सम्माइट्ठी तिविहो खइयादिभेदेण। तत्थ सव्वेसिं सम्माइट्ठीणमविसेसेण पयदसामित्ते पसत्ते विसेसपदुप्पायणट्ठमाह—

❀ वेदगसम्माइट्ठी सव्वो।

§ ६७. वेदयसम्माइट्ठी सव्वो मिच्छत्तस्स संकामओ होइ। णवरि संकमपाओग्गमिच्छत्तसंतकम्मिओ त्ति पयरणवसेणेत्थाहिसंबंधो कायव्वो, तदण्णत्थ पयदसामित्तासंभवादो।

❀ उवसामगो च णिरासाणो।

§ ६८. उवसमसम्माइट्ठी च सव्वो जाव सासाणं पडिवज्जइ ताव मिच्छत्तस्स

§ ६४. अब यहाँ एकैकप्रकृतिसंक्रमके विषयमें स्वामित्वका कथन करते हैं यह उक्त सूत्रका तात्पर्य है।

* मिथ्यात्वका संक्रामक कौन होता है ?

§ ६५ मिथ्यात्व प्रकृतिके संक्रमका स्वामी कौन जीव है ? क्या देव है या नारकी है, सम्यग्दृष्टि है या मिथ्यादृष्टि है। इस प्रकार इत्यादि रूपसे विशेषकी अपेक्षा रखनेवाला यह पृच्छासूत्र है।

* नियमसे सम्यग्दृष्टि होता है।

§ ६६. क्योंकि अन्यत्र मिथ्यात्वका संक्रम नहीं होता। यद्यपि इस सूत्र द्वारा सम्यग्दृष्टि ही संक्रामक होता है मिथ्यादृष्टि नहीं इस प्रकार अन्ययोगव्यवच्छेद कर दिया है तथापि वह सम्यग्दृष्टि भी क्षायिक आदिके भेदसे तीन प्रकारका है, इसलिये इन सब सम्यग्दृष्टियोंके सामान्यसे प्रकृत स्वामित्वका प्रसंग प्राप्त होने पर इस विषयकी विशेषताको बतलानेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

* वेदकसम्यग्दृष्टियोंमें सब जीव मिथ्यात्वके संक्रामक होते हैं।

§ ६७. वेदकसम्यग्दृष्टियोंमें सब जीव मिथ्यात्वके संक्रामक होते हैं। किन्तु इतनी विशेषता है कि जिनके संक्रमके योग्य मिथ्यात्वका सत्त्व है वे ही उसके संक्रामक होते हैं इतना प्रकरण वश यहाँपर अर्थका सम्बन्ध कर लेना चाहिये, क्योंकि इसके सिवा अन्यत्र प्रकृत स्वामित्व सम्भव नहीं है।

* उपशामकोंमें भी जो सासादनको नहीं प्राप्त हुए हैं वे मिथ्यात्वके संक्रामक होते हैं।

§ ६८. सभी उपशमसम्यग्दृष्टि जब तक सासादनको नहीं प्राप्त होते हैं तब तक मिथ्यात्वके

१. आ० प्रतौ कद्दवरो इति पाठः।

संकामओ होइ। कथमेत्थुवसंतदंसणमोहणिज्जम्मि मिच्छत्तस्स संकमसंभवो त्ति णासंकणिज्जं, उवसंतस्स वि दंसणमोहणिज्जस्स संकमब्भुवगमादो। सासणगुणपडिवण्णस्स पुण उवसंतदंसणमोहणीयस्स सहावदो चेव दंसणतियस्स संकमो णत्थि त्ति घेत्तव्वं।

❀ सम्मत्तस्स संकामओ को होइ ?

§ ६९. सुगमं।

❀ णियमा मिच्छाइट्ठी सम्मत्तसंतकम्मिओ।

§ ७०. एत्थ 'णियमा मिच्छाइट्ठि' त्ति एदेण सेसगुणट्ठाणवुदासो कओ। 'सम्मत्तसंतकम्मिओ' त्ति एदेण वि तदसंतकम्मियस्स पडिसेहो दट्ठव्वो। सो पयदसंकमस्स सामिओ होइ, तत्थ तदविरोहादो। किमेसो सम्मत्तसंतकम्मिओ

संक्रामक होते हैं।

शंका—जिसने दर्शनमोहनीयका उपशम कर लिया है उसके मिथ्यात्वका संक्रम कैसे सम्भव है ?

समाधान—ऐसी आशंका करना ठीक नहीं है, क्यों कि जिसने दर्शनमोहनीयकी उपशामना की है उसके भी मिथ्यात्वका संक्रम स्वीकार किया है।

किन्तु सासादनगुणस्थानको प्राप्त हुए जीवके यद्यपि दर्शनमोहनीयका उपशम रहता है तो भी उसके स्वभावसे ही दर्शनमोहनीयकी तीन प्रकृतियोंका संक्रम नहीं होता है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिये।

विशेषार्थ—सर्व प्रथम मिथ्यात्वके संक्रमका स्वामी बतलाया गया है। ऐसा नियम है कि सम्यग्दृष्टिके ही मिथ्यात्वका संक्रम होता है अन्यके नहीं, इसलिये चूर्णिसूत्रमें मिथ्यात्वके संक्रमका स्वामी सम्यग्दृष्टिको बतलाया है। उसमें भी क्षायिकसम्यग्दृष्टिके तो मिथ्यात्वका सत्त्व ही नहीं पाया जाता है अतः उसे छोड़कर शेष सम्यग्दृष्टियोंके ही मिथ्यात्वका संक्रम होता है। शेषसे यहाँ वेदकसम्यग्दृष्टि व उपशमसम्यग्दृष्टि जीव लिये गये हैं। वेदकसम्यग्दृष्टियोंमें २८ या २४ प्रकृतियोंकी सत्तावाले वेदकसम्यग्दृष्टि ही मिथ्यात्वका संक्रम करते हैं अन्य नहीं इतना विशेष जानना चाहिये। उपशमसम्यग्दृष्टियोंमें भी सासादनसम्यग्दृष्टियोंके सिवा शेष सब मिथ्यात्वका संक्रम करते हैं। सासादनसम्यग्दृष्टियोंके भी मिथ्यात्वका उपशम रहता है फिर भी स्वभावसे वे दर्शनमोहनीयका संक्रम नहीं करते ऐसा नियम है। शेष कथन सुगम है।

*** सम्यक्त्वका संक्रामक कौन होता है।**

§ ६९. यह सूत्र सुगम है।

*** नियमसे सम्यक्त्वकी सत्तावाला मिथ्यादृष्टि जीव होता है।**

§ ७०. यहाँ सूत्रमें 'णियमा मिच्छाइट्ठी' पद है सो इसके द्वारा शेष गुणस्थानोंका निराकरण कर दिया है। तथा 'सम्मत्तसंतकम्मिओ' इस पद द्वारा जो सम्यक्त्वकी सत्तासे रहित है उसका निषेध जान लेना चाहिये। उक्त प्रकारका जो मिथ्यादृष्टि है वह प्रकृत संक्रमका स्वामी होता है, क्योंकि उसके सम्यक्त्वका संक्रम होनेमें कोई विरोध नहीं आता। क्या यह सम्यक्त्वकी

सव्वावत्थासु संकामओ होइ किं वा अत्थि को वि विसेसो त्ति आसंकिय तदत्थित्तपदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ—

❀ णवरि आवलियपविट्ठसम्मत्तसंतकम्मियं वज्ज ।

§ ७१. उव्वेल्लणाए चरिमफालिं पादिय ट्ठिदो आवलियपविट्ठसम्मत्तसंतकम्मिओ णाम । तं वज्जिय सेससव्वावत्थासु सम्मत्तसंतकम्मिओ मिच्छाइट्ठी तस्स संकामओ होइ त्ति एसो विसेसो सुत्तेणेदेण परूविदो ।

❀ सम्मामिच्छत्तस्स संकामओ को होइ ?

§ ७२. सुगमं ।

❀ मिच्छाइट्ठी उव्वेल्लमाणओ ।

§ ७३. एदस्स सुत्तस्सत्थो सम्मत्तसामित्तसुत्तस्सेव[1] वत्तव्वो । ण केवलमेसो चेव सामिओ, किं तु अण्णो वि अत्थि त्ति जाणावणट्ठमुत्तरसुत्तं—

सत्तावाला मिथ्यादृष्टि जीव सब अवस्थाओंमें सम्यक्त्वका संक्रामक होता है या इसमें कोई विशेषता है इस प्रकारकी आशंका करके उस विशेषताका ज्ञान करानेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

* किन्तु इतनी विशेषता है कि जिसके सम्यक्त्वकी सत्ता आवलिमें प्रविष्ट हो गई है वह सम्यक्त्वका संक्रामक नहीं होता ।

§ ७१. उद्वेलनाके द्वारा सम्यक्त्वकी अन्तिम फालिका पतन करके जो जीव स्थित है वह आवलिमें प्रविष्ट हुआ सम्यक्त्वकी सत्तावाला जीव कहलाता है। ऐसे जीवको छोड़कर शेष सब अवस्थाओंमें सम्यक्त्वकी सत्तावाला मिथ्यादृष्टि जीव उसका संक्रामक होता है। इस प्रकार इस सूत्र द्वारा यह विशेषता कही गई है ।

विशेषार्थ—सासादनसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवके तो दर्शनमोहनीयकी तीनों प्रकृतियोंका संक्रम नहीं होता ऐसा स्वभाव है। सम्यग्दृष्टिके अन्य दो दर्शनमोहनीय प्रकृतियोंका तो यथा सम्भव संक्रम सम्भव है पर सम्यक्त्वका संक्रम वहाँ भी नहीं होता। अब रहा केवल मिथ्यात्व गुणस्थान सो इसमें २८ प्रकृतियोंकी सत्तावाले सब जीवोंके सम्यक्त्वका संक्रम होता रहता है, किन्तु जब इसकी आवलिप्रमाण सत्ता शेष रह जाती है तब इसका संक्रम होना बन्द हो जाता है ।

* सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रामक कौन होता है ?

§ ७२. यह सूत्र सुगम है ।

* जो मिथ्यादृष्टि सम्यग्मिथ्यात्वकी उद्वेलना कर रहा है वह सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रामक होता है ।

§ ७३. जिस प्रकार सम्यक्त्वके स्वामित्वका कथन करनेवाले सूत्रका अर्थ कहा है उसी प्रकार इस सूत्रका अर्थ कहना चाहिये। केवल यही स्वामी है ऐसी बात नहीं है किन्तु अन्य जीव भी स्वामी है इस प्रकार इस बातके जतानेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

१. आ०प्रतौ सम्मत्तसम्मामिच्छत्तसामित्तसुत्तस्सेव इति पाठः ।

❀ सम्माइट्ठी वा णिरासणो ।

§ ७४. एदस्स वि सुत्तस्स अत्थो सुगमो, वेदयसम्माइट्ठी सव्वो उवसामओ णिरासाणो त्ति एदेण मिच्छत्तसामित्तसुत्तेण सरिसवक्खाणत्तादो। एत्थतणविसेस-पदुप्पायणट्ठमुवरिमसुत्तं—

❀ मोत्तूण पढमसमयसम्मामिच्छत्तसंतकम्मियं ।

§ ७५. किमट्ठमेसो परिवज्जिदो ? ण, सम्मामिच्छत्तसंतुप्पायणवावदस्स तत्थ संकामणाए वावराभावादो । ण च संतुप्पायणसंकमकिरियाणमक्कमेण संभवो, विरोहादो ।

§ ७६. एवं दंसणमोहणीयपयडीणं सामित्तं पदुप्पाइय चारित्तमोहपयडीणं सामित्तमिदाणिं परूवेमाणो तण्णिबंधणमट्ठपदं ताव परूवेइ, तेण विणा तव्विसेस-

---

✱ सासादन गुणस्थानको नहीं प्राप्त हुआ सम्यग्दृष्टि भी सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रामक होता है ।

§ ७४. इस सूत्रका भी अर्थ सुगम है, क्योंकि इस सूत्रका व्याख्यान मिथ्यात्वके स्वामित्व-का कथन करनेवाले 'वेदयसम्माइट्ठी सव्वो उवसामओ णिरासाणो' इस सूत्रके समान है। अब यहाँ पर जो विशेषता है उसका कथन करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

✱ किन्तु जो सम्यग्मिथ्यात्वकी सत्ता प्राप्त करनेके प्रथम समयमें स्थित है वह उसका संक्रामक नहीं होता ।

७५. शंका—ऐसे जीवका निषेध क्यों किया है ?

समाधान—नहीं, क्यों कि जो सम्यग्मिथ्यात्वकी सत्ताके उत्पन्न करनेमे लगा हुआ है उसके उस अवस्थामें संक्रमविषयक क्रिया नहीं होती ।

यदि कहा जाय कि सत्त्वका उत्पादन और संक्रम ये दोनों क्रियाएं एक साथ बन जायंगी सो भी बात नहीं है, क्यों कि ऐसा होनेमें विरोध आता है ।

विशेषार्थ—मिथ्यादृष्टिके सम्यग्मिथ्यात्वका मिथ्यात्वमें और सम्यग्दृष्टिके सम्य-ग्मिथ्यात्वका सम्यक्त्वमें संक्रम होता है, इस लिये यहाँ सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टि दोनोंको सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रामक बतलाया है। उसमे भी क्षायिकसम्यग्दृष्टियोंके सम्यग्मिथ्यात्वका सत्त्व नहीं होनेसे वे इसके संक्रामक नहीं होते। वेदकसम्यग्दृष्टियोंमें २८, २४ और २३ प्रकृतियोंकी सत्तावाले ही इसके संक्रामक होते हैं अन्य नहीं। उपशमसम्यग्दृष्टियोंमें और तो सबके इसका संक्रम होत. है किन्तु जो २६ प्रकृतियोंकी सत्तावाला जीव या जिसके सम्यग्मिथ्यात्वका सत्त्व संक्रमके योग्य नहीं रहा है ऐसा २७ प्रकृतियोंकी सत्तावाला जीव उपशमसम्यक्त्वको प्राप्त करता है उसके उपशमसम्यक्त्वको प्राप्त होनेके प्रथम समयमें इसका संक्रम नहीं होता। मिथ्या-दृष्टियोंमे भी जिसके सम्यग्मिथ्यात्वका सत्त्व आवलीके भीतर प्रविष्ट हो गया है वह इसका संक्रामक नहीं होता। शेष कथन सुगम है।

७६. इस प्रकार दर्शनमोहनीयकी प्रकृतियोंके संक्रमविषयक स्वामित्वका कथन करके अब चारित्रमोहनीयकी प्रकृतियोंके संक्रमविषयक स्वामित्वका कथन करते हुए सर्वप्रथम इस संक्रमके

जाणणोवायाभावादो ।

❀ दंसणमोहणीयं चरित्तमोहणीए ण संकमइ ।

§ ७७. कुदो ? भिण्णजादित्तादो ।

❀ चरित्तमोहणीयं पि दंसणमोहणीए ण संकमइ ।

§ ७८. एत्थ वि कारणमणंतरपरूवियं । ण चेदेसिं भिण्णजाईयत्तमसिद्धं, दंसण-चरित्तपडिबद्धयाणं समाणजाईयत्तविरोहादो। समाणजाईए चेव संकमो होइ त्ति कुदो एस णियमो ? सहावदो ।

❀ अणंताणुबंधी जत्तियाओ बज्झंति चरित्तमोहणीयपयडीओ तासु सव्वासु संकमइ ।

§ ७९. कुदो ? समाणजाईयत्तं पडि भेदाभावादो । एदेण 'बंधे संकमदि' त्ति एसो वि णाओ जाणाविदो ।

❀ एवं सव्वाओ चरित्तमोहणीयपयडीओ ।

§ ८०. सव्वत्थ समाणजाईयबज्झमाणपयडीसु संकमपउत्तीए विरोहाभावादो ।

कारणभूत अर्थपदका निर्देश करते हैं, क्योंकि इसके बिना उसका विशेष ज्ञान होनेका और कोई साधन नहीं है ।

* दर्शनमोहनीय चारित्रमोहनीयमें संक्रमण नहीं करता ।

§ ७७. क्योंकि इन दोनोंकी भिन्न जाति है ।

* चारित्रमोहनीय भी दर्शनमोहनीयमें संक्रमण नहीं करता ।

§ ७८. यहाँ भी अनन्तर पूर्व कहा हुआ कारण कहना चाहिये । यदि कहा जाय कि ये भिन्न जातिवाली प्रकृतियाँ हैं यह बात नहीं सिद्ध होती सो यह बात भी नहीं है; क्योंकि दर्शन और चारित्रसे सम्बन्ध रखनेवाली प्रकृतियोंको एक जातिका होनेमें विरोध आता है ।

शंका—समान जातिवाली प्रकृतिमें ही संक्रम होता है यह नियम किस कारणसे है ?

समाधान—स्वभावसे ही ऐसा नियम है ।

* अनन्तानुबन्धी, चारित्रमोहनीयकी जितनी प्रकृतियोंका बन्ध होता है उन सबमें संक्रमण करती हैं ।

§ ७९. क्योंकि समान जातिवाली होनेके प्रति इनमें कोई भेद नहीं है । इससे बन्धमें संक्रमण करती हैं इस न्यायका भी ज्ञान हो जाता है ।

* इसी प्रकार चारित्रमोहनीयकी सब प्रकृतियोंके विषयमें जानना चाहिये ।

§ ८०. क्योंकि सर्वत्र बँधनेवाली समानजातीय प्रकृतियोंमें संक्रमकी प्रवृत्ति होनेमें कोई विरोध नहीं आता ।

विशेषार्थ—उक्त कथनका यह तात्पर्य है कि दर्शनमोहनीय और चारित्रमोहनीय ये एक जातिकी प्रकृतियाँ न होनेसे इनका परस्परमें संक्रम नहीं होता । हाँ चारित्रमोहनीयकी सब प्रकृतियोंका परस्परमें संक्रम सम्भव है फिर भी यह संक्रम बँधनेवाली समानजातीय प्रकृतियोंमें ही होता है इतना विशेष नियम है ।

§ ८१. संपहि एदमट्ठपदमवलंबिय सामित्तपरूवणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ—

✽ ताओ पणुवीसं पि चरित्तमोहणीयपयडीओ अण्णदरस्स संकमंति।

§ ८२. जेणेवमणंतरपरूविदणाएण सजाईयवज्झमाणपयडिपडिग्गहेण[1] पणुवीस-चरित्तमोहणीयपयडीणं संकमसंभवो तेणेदाओ अण्णदरस्स सम्माइट्ठिस्स मिच्छाइट्ठिस्स वा संकमंति त्ति भणिदं होइ।

एवमोघेण सामित्तं समत्तं।

§ ८३. संपहि आदेसपरूवणट्ठमुच्चारणं वत्तइस्सामो। तं जहा—सामित्ताणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मिच्छत्तसंकामओ को होइ? अण्णदरो सम्माइट्ठी। सम्मत्तस्स संकमो कस्स? मिच्छाइट्ठिस्स। सम्मामिच्छत्त-सोलसक०-णवणोक० संकमो कस्स? अण्णदरस्स सम्माइट्ठिस्स वा मिच्छाइट्ठिस्स वा। एवं चदुसु वि गदीसु। णवरि पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्त-मणुसअपज्जत्त-अणुदिसादि जाव सव्वट्ठे त्ति सत्तावीसंपयडीणं संकमो कस्स? अण्णदरस्स। एवं जाव०।

---

§ ८१. अब इस अर्थपदका आश्रय लेकर स्वामित्वका कथन करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

✽ चारित्रमोहनीयकी ये पच्चीस प्रकृतियाँ किसी भी जीवके संक्रम करती हैं।

§ ८२. यतः पहले यह न्याय बतला आये हैं कि बँधनेवाली सजातीय प्रत्येक प्रकृति प्रतिग्रहरूप होनेसे चारित्रमोहनीयकी पचीस प्रकृतियोंका प्रत्येक प्रकृतिमें संक्रम सम्भव है अतः ये सम्यग्दृष्टि या मिथ्यादृष्टि किसी भी जीवके संक्रम करती हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

विशेषार्थ—चारित्रमोहनीयकी जिस समय जितनी प्रकृतियोंका बन्ध होता है उस समय उनमें सत्तामें स्थित चारित्रमोहनीयकी सब प्रकृतियोंका संक्रम होता है। इस कारण एक साथ चारित्रमोहनीयकी सब प्रकृतियोंका संक्रम सम्भव है यह सिद्ध होता है। किन्तु चारित्रमोहनीयका बन्ध यथासम्भव मिथ्यादृष्टि और सम्यग्दृष्टि दोनोंके सम्भव है इसलिये इन प्रकृतियोंके संक्रमके मिथ्यादृष्टि और सम्यग्दृष्टि दोनों प्रकारके जीव स्वामी हैं ऐसा यहाँ समझना चाहिये।

इस प्रकार ओघसे स्वामित्वका कथन समाप्त हुआ।

§ ८३. अब आदेशका कथन करनेके लिये उच्चारणाको बतलाते हैं। यथा—स्वामित्वानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघनिर्देश और आदेशनिर्देश। ओघसे मिथ्यात्वका संक्रामक कौन होता है? कोई भी सम्यग्दृष्टि मिथ्यात्वका संक्रामक होता है। सम्यक्त्वका संक्रम किसके होता है? मिथ्यादृष्टिके होता है। सम्यग्मिथ्यात्व, सोलह कषाय और नौ नोकषायोंका संक्रम किसके होता है? सम्यग्दृष्टि या मिथ्यादृष्टि किसीके भी होता है। इसी प्रकार चारों गतियोंमें जानना चाहिये। किन्तु पंचेन्द्रियतिर्यंचअपर्याप्त, मनुष्यअपर्याप्त और अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें सत्ताईस प्रकृतियोंका संक्रम किसके होता है? किसी भी जीवके होता है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणातक जानना चाहिये।

विशेषार्थ—ओघ प्ररूपणाका निर्देश स्वयं चूर्णिसूत्रकारने किया ही है जिसका खुलासा हम पहले कर आये हैं उसी प्रकार यहाँ पर भी ओघ प्ररूपणाका खुलासा कर लेना चाहिये। मार्गणाओंमें भी जिन मार्गणाओंमें मिथ्यात्व और सम्यक्त्व ये दोनों

---

१. ता०प्रतौ -पडिग्गहेण आ०प्रतौ -वपडिग्गहेण इति पाठः।

❀ एयजीवेण कालो ।

§ ८४. सुगममेदमहियारसंभालणसुत्तं ।

❀ मिच्छत्तस्स संकामओ केवचिरं कालादो होदि ?

§ ८५. सुगममेदं पुच्छावक्कं ।

❀ जहण्णेण अंतोमुहुत्तं ।

§ ८६. तं जहा—मिच्छाइट्ठी सम्मामिच्छाइट्ठी वा सम्मत्तं घेत्तूण सव्वजहण्णमंतोमुहुत्तमच्छिय पुणो अण्णदरगुणं पडिवण्णो । लद्धो जहण्णेणंतोमुहुत्तमेत्तो मिच्छत्तसंकमकालो ।

❀ उक्कस्सेण छावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि ।

§ ८७. तं जहा—उवसमसम्मत्तपढमसमए मिच्छत्तसंकमस्सादिं कादूण सव्वुक्कस्सियं तदद्धमणुपालिय पुणो वेदयसम्मत्तं पडिवज्जिय छावट्ठिसागरोवमाणि परिभमिय तत्थ अंतोमुहुत्तावसेसे दंसणमोहणीयक्खवणाए अब्भुट्ठिदस्स मिच्छत्तमावलियं पवेसिय

अवस्थाएँ सम्भव हैं वहाँ तो ओघ प्ररूपणा जानना चाहिये। उदाहरणार्थ चारों गतियोंमें उक्त दोनों अवस्थाएं हो सकती हैं अत: वहाँ ओघप्ररूपणा बन जाती है। किन्तु इस मार्गणाके अवान्तर भेद मनुष्यगतिमें लब्ध्यपर्याप्त मनुष्य और तिर्यञ्चगतिमें लब्ध्यपर्याप्त पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च इन दो मार्गणाओंमें एक मिथ्यात्व गुणस्थान ही होता है और मिथ्यात्व गुणस्थानमें मिथ्यात्व प्रकृतिका संक्रम नहीं होता ऐसा नियम है, अतः यहाँ २७ प्रकृतियोंका ही संक्रम बतलाया है। इसी प्रकार देवगतिमें भी अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंके एक सम्यग्दृष्टि गुणस्थान ही होता है और सम्यग्दृष्टि गुणस्थानमें सम्यक्त्व प्रकृतिका संक्रम नहीं होता ऐसा नियम है, अतः यहाँ भी सम्यक्त्वके सिवा २७ प्रकृतियोंका संक्रम बतलाया है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणातक जहाँ जो विशेषता सम्भव हो उसे ध्यानमें रखकर जहाँ जितनी प्रकृतियोंका संक्रम सम्भव हो उसका निर्देश करना चाहिये।

* अब एक जीवकी अपेक्षा कालका अधिकार है।

§ ८४. अधिकारका निर्देश करनेवाला यह सूत्र सुगम है।

* मिथ्यात्वके संक्रामकका कितना काल है ?

§ ८५. यह पृच्छासूत्र सुगम है।

* जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है।

§ ८६. यथा—मिथ्यादृष्टि या सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीव सम्यक्त्वको ग्रहण करके और सबसे जघन्य अन्तर्मुहूर्त कालतक सम्यक्त्वके साथ रह कर फिर अन्यतर गुणस्थानको प्राप्त हो गया। इस प्रकार मिथ्यात्वका जघन्य संक्रमकाल अन्तर्मुहूर्त प्राप्त हो गया।

* उत्कृष्ट काल साधिक छयासठ सागर है।

§ ८७. यथा—उपशमसम्यक्त्वके प्रथम समयमें मिथ्यात्वके संक्रमका प्रारम्भ करके और सबसे उत्कृष्ट कालतक उसका पालन करके फिर वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त हुआ। अनन्तर छयासठ सागर कालतक उसके साथ परिभ्रमण करके उसमें अन्तर्मुहूर्त काल शेष रहने पर दर्शनमोहनीयकी क्षपणाके

सम्मामिच्छत्त-सम्मत्ताणि खवेमाणस्स अंतोमुहुत्तकालं छावट्ठिअब्भंतरे पयदसंकमो ण लब्भइ तेणेत्थ पुव्वमुवसमसम्मत्तं घेत्तूण ट्ठिदस्स अंतोमुहुत्तकालमाणेदूण ढुविदे सादिरेय-छावट्ठिसागरोवममेत्तो पयदसंकमस्स कालो लद्धो, ऊणकालादो अहियकालस्स संखेज्ज-गुणत्तुवलंभादो। कधमेदं परिच्छिज्जदे ? सम्मामिच्छत्त-सम्मत्तक्खवणद्धादो उवसमसम्मत्त-कालो बहुओ त्ति पुरदो भण्णमाणप्पाबहुआदो । तं जहा—'दंसणमोहक्खवयस्स सयल-अणियट्टिअद्धादो तस्सेव अपुव्वकरणद्धा संखेज्जगुणा, तत्तो अणंताणुबंधिविसंजोजयस्स अणियट्टिअद्धा संखेज्जगुणा, तस्सेव अपुव्वकरणद्धा संखेज्जगुणा, तदो दंसणमोहमुव-सामेंतयस्स अणियट्टिअद्धा संखेज्जगुणा, एदस्स चेय अपुव्वकरणद्धा संखेज्जगुणा, तेणेव अपुव्वकरणपढमसमयम्मि कदगुणसेढिणिक्खेवो विसेसाहिओ, तस्सुवरि उवसमसम्मत्तद्धा संखेज्जगुणा' त्ति ।

लिये उद्यत हुआ ऐसा जो जीव मिथ्यात्वकी क्षपणा करता हुआ उसका उदयावलिमे प्रवेश कराके सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्त्वकी क्षपणा कर रहा है उसके छ्यासठ सागरमें एक अन्तर्मुहूर्त कालतक प्रकृत संक्रम नहीं प्राप्त होता, इसलिये वेदकसम्यक्त्वके प्राप्त होनेके पूर्वमें जो अन्तर्मुहूर्त-उपशम सम्यक्त्वका काल है उसे लाकर इस वेदकसम्यक्त्वके कालमें मिलाने पर साधिक छ्यासठ सागर प्रमाण प्रकृत संक्रमका काल प्राप्त होता है, क्यों कि यहाँ पर छ्यासठ सागरमेंसे जितना काल घटाया गया है उससे उपशम सम्यक्त्वका जोड़ा गया काल संख्यातगुणा है ।

शंका—यह कैसे जाना जाता है ?

समाधान—सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्त्वके क्षपणा कालसे उपशमसम्यक्त्वका काल बहुत है यह अल्पबहुत्व आगे कहनेवाले हैं, इससे जाना जाता है कि यहाँ जितना काल घटाया गया है उससे, जो उपशमसम्यक्त्वका काल जोड़ा गया है, वह संख्यातगुणा है। यथा—'दर्शन-मोहनीयकी क्षपणा करनेवाले जीवके अनिवृत्तिकरणके पूरे कालसे उसीके अपूर्वकरणका काल संख्यातगुणा है। उससे अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना करनेवाले जीवके अनिवृत्तिकरणका काल संख्यातगुणा है। उससे इसी विसंयोजक जीवके अपूर्वकरणका काल संख्यातगुणा है। उससे दर्शन मोहनीयकी उपशमना करनेवाले जीवके अनिवृत्तिकरणका काल संख्यातगुणा है। उससे इसीके अपूर्वकरणका काल संख्यातगुणा है। उससे इसीके अपूर्वकरणके प्रथम समयमें की गई गुणश्रेणिका निक्षेप विशेष अधिक है। उससे उपशमसम्यक्त्वका काल संख्यातगुणा है।' इससे जाना जाता है कि वेदकसम्यक्त्वके उत्कृष्ट कालमेंसे जो काल कम किया गया है उससे वेदकसम्यक्त्वके प्राप्त होनेके पूर्व प्राप्त हुआ उपशमसम्यक्त्वका काल संख्यातगुणा है।

विशेषार्थ—यहाँ मिथ्यात्वके संक्रमका जघन्य और उत्कृष्ट काल बतलाया है। यह तो पहले ही बतला आये हैं कि मिथ्यात्वका संक्रम सम्यग्दृष्टिके ही होता है, इसलिये सम्यक्त्वका जो सबसे जघन्य काल है वह यहाँ मिथ्यात्वके संक्रमका जघन्य काल जानना चाहिये। यतः सम्यक्त्वका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त बतलाया है अतः मिथ्यात्वके संक्रमका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त प्राप्त होता है। अब रही उत्कृष्ट कालकी बात सो यद्यपि सामान्यसे सम्यक्त्वका उत्कृष्ट काल साधिक चार पूर्वकोटि अधिक छ्यासठ सागर है। पर इसमे क्षायिकसम्यग्दर्शनका काल भी सम्मिलित है अतः इसे छोड़कर केवल वेदकसम्यक्त्वका कुछ कम उत्कृष्ट काल और उपशमसम्यक्त्व

※ सम्मत्तस्स संकामओ केवचिरं कालादो होदि ?

§ ८८. सुगमं ।

※ जहण्णेण अंतोमुहुत्तं ।

§ ८९. सव्वजहण्णमिच्छत्तकालावलंबणादो ।

※ उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो ।

§ ९०. उक्कस्सुव्वेल्लणकालग्गहणादो ।

※ सम्मामिच्छत्तस्स संकामओ केवचिरं कालादो होदि ?

§ ९१. सुगमं ।

※ जहण्णेण अंतोमुहुत्तं ।

§ ९२. सव्वजहण्णमिच्छत्त-सम्मत्तगुणकालण्णदरग्गहणादो ।

का उत्कृष्ट काल ही यहां पर लेना चाहिये, क्योंकि कृतकृत्यवेदकसम्यग्दृष्टिके मिथ्यात्वका संक्रम नहीं होता। उसमें भी वेदकसम्यक्त्वके कालमेंसे मिथ्यात्वके आवलिमें प्रवेश करनेके कालसे लेकर सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्त्वके क्षपणाके अन्तर्मुहूर्त काल कम कर देना चाहिये। इस प्रकार जो भी काल बनता है वह अन्तर्मुहूर्त अधिक छ्यासठ सागर होता है, अतः मिथ्यात्वके संक्रमका उत्कृष्ट काल इतना बतलाया है।

※ सम्यक्त्वके संक्रामकका कितना काल है ?

§ ८८. यह सूत्र सुगम है।

※ जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है।

§ ८९. क्योंकि यहाँ पर मिथ्यात्वके सबसे जघन्य कालका अवलम्बन लिया है।

※ उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है।

§ ९०. क्योंकि यहाँ पर सम्यक्त्वकी उद्वेलनाके सबसे बड़े कालका ग्रहण किया है।

विशेषार्थ—सम्यक्त्व प्रकृतिका संक्रामक मिथ्यादृष्टि जीव होता है, अतः मिथ्यात्व गुणस्थानका जो जघन्य काल है वह सम्यक्त्वके संक्रमका जघन्य काल बतलाया है। पर उत्कृष्ट कालमें कुछ विशेषता है। बात यह है कि मिथ्यात्व गुणस्थानमें चिरकाल तक सम्यक्त्वकी सत्ता नहीं पाई जाती। किन्तु सम्यक्त्व प्रकृति उद्वेलना प्रकृति होनेसे उत्कृष्ट उद्वेलनाका जितना काल है उतना सम्यक्त्व प्रकृतिके संक्रमका उत्कृष्ट काल प्राप्त होता है। चूंकि सम्यक्त्वका उत्कृष्ट उद्वेलना काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है अतः सम्यक्त्वका उत्कृष्ट संक्रमकाल भी इतना ही बतलाया है। किन्तु उद्वेलनाके अन्तमें जब सम्यक्त्व प्रकृति आवलिमें प्रविष्ट हो जाती है तब उसका संक्रम नहीं होता इतना विशेष जानना चाहिये। इसमें सम्यक्त्वके उत्कृष्ट उद्वेलनाकालमेंसे इतना काल कम कर देना चाहिए।

※ सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामकका कितना काल है ?

§ ९१. यह सूत्र सुगम है।

※ जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है।

§ ९२. क्योंकि यहांपर मिथ्यात्व या सम्यक्त्व गुणस्थानके सबसे जघन्य कालमेंसे किसी एकका ग्रहण किया है

*** उक्कस्सेण वेछावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि ।**

§ ९३. तं जहा—अणादियमिच्छाइट्ठी पढमसम्मत्तमुप्पाइय विदियसमए पयद-संकमस्सादिं कादूण तत्थ दीहमंतोमुहुत्तकालमच्छिय मिच्छत्तं गंतूण पलिदोवमासंखेज्ज-भागमेत्तमुव्वेल्लेमाणो चरिमफालिमेत्तसम्मामिच्छत्तट्ठिदिसंतकम्मे सेसे सम्मत्तं पडिवज्जिय पढमछावट्ठिं भमिय तत्थंतोमुहुत्तावसेसे मिच्छत्तं पडिवण्णो पुव्वविहाणेण उव्वेल्लेमाणो पलिदो० असंखे०भागमेत्तकालेण सम्मत्तमुवणमिय विदियछावट्ठिमंतोमुहुत्तूणियमणु-पालिय परिणामपच्चएण मिच्छत्तं गदो दीहुव्वेल्लणकालेणुव्वेल्लिज्जमाणं सम्मामिच्छत्त-मावलियं पवेसिय असंकामओ जाओ। लद्धो तीहि पलिदोवमासंखेज्जदिभागेहि सादिरेओ वेछावट्ठिसागरोवमकालो सम्मामिच्छत्तसंकामयस्स ।

*** सेसाणं पि पणुवीसंपयडीणं संकामयस्स तिण्णि भंगा ।**

§ ९४. एत्थ सेसग्गहणेणेव सिद्धं पणुवीसंपयडीणमिदि णिद्देसो णिरत्थओ त्ति णासंकणिज्जं, उहयणयावलंबिसिस्सजणाणुग्गहट्ठमण्णय-वदिरेगेहिं परूवणाए दोसा-

---

* उत्कृष्ट काल साधिक दो छयासठ सागर है ।

§ ९३. यथा—किसी एक अनादि मिथ्यादृष्टि जीवने प्रथमोपशम सम्यक्त्वको उत्पन्न करके दूसरे समयमें प्रकृत संक्रमका प्रारम्भ किया। फिर वहां सर्वोत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त कालतक रह कर मिथ्यात्वमें गया। फिर वहां पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण कालतक सम्यग्मिथ्यात्वकी उद्वेलना की। किन्तु ऐसा करते हुए सम्यग्मिथ्यात्वका स्थितिसत्कर्म अन्तिम फालिप्रमाण शेष रहने पर सम्यत्वको प्राप्त करके प्रथम छयासठ सागर काल तक उसके साथ परिभ्रमण किया। किन्तु इसमें अन्तर्मुहूर्त कालके शेष रहने पर मिथ्यात्वको प्राप्त हुआ। और पूर्वविधिसे पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण कालके द्वारा सम्यग्मिथ्यात्वकी उद्वेलना करके सम्यक्त्वको प्राप्त किया। फिर अन्त-र्मुहूर्त कम दूसरे छयासठ सागर कालतक सम्यक्त्वका पालन करके परिणामवश मिथ्यात्वमें गया। फिर सर्वोत्कृष्ट उद्वेलना कालके द्वारा उद्वेलना करता हुआ सम्यग्मिथ्यात्वको उदयावलिमें प्रवेश कराके असंक्रामक हो गया। इस प्रकार सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामकका उत्कृष्ट काल पल्यके तीन असंख्यातवें भागोंसे अधिक दो छयासठ सागरप्रमाण प्राप्त होता है।

विशेषार्थ—सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रम सम्यक्त्व और मिथ्यात्व इन दोनों गुणस्थानोंमें होता है, इसलिये जघन्य काल प्राप्त करनेके लिये इन दोनों गुणस्थानोंमेंसे किसी एकका जघन्य काल लिया गया है। तथा उत्कृष्ट काल इन दोनों गुणस्थानोंकी अपेक्षासे घटित किया गया है। केवल ध्यान यह रखा गया है कि सम्यग्मिथ्यात्वका निरन्तर संक्रम बना रहे। इस हिसाबसे कालकी गणना करने पर उक्त काल प्राप्त हो जाता है जिसका विस्तारसे निर्देश टीकामें किया ही है।

* शेष पच्चीस प्रकृतियोंके संक्रामक जीवके कालकी अपेक्षा तीन भंग होते हैं।

§ ९४. शंका—यहाँ सूत्रमें 'शेष' पदका ग्रहण करना ही पर्याप्त है। उसीसे बाकीकी बची हुई पच्चीस प्रकृतियोंका ग्रहण हो जाता है, इसलिये 'पणुवीसंपयडीणं' इस पदका निर्देश करना निरर्थक है?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि दोनों नयोंका अवलम्बन

भावादो । तम्हा उत्तसेसाणं चरित्तमोहणीयपयडीणं पणुवीसण्हं पि संकामयस्स तिण्णि भंगा कायव्वा । तं जहा—अणादिओ अपज्जवसिदो अणादिओ सपज्जवसिदो सादिओ सपज्जवसिदो चेदि । आदिल्लदुगं सुगमं, तत्थ जहण्णुक्कस्सवियप्पाणमसंभवादो । इयरत्थ जहण्णुक्कस्सकालणिद्देसट्ठमुत्तरसुत्तावयारो—

* तत्थ जो सो सादिओ सपज्जवसिदो जहण्णेण अंतोमुहुत्तं । उक्कस्सेण उवड्ढपोग्गलपरियट्टं ।

§ ९५. तत्थ 'जहण्णेणंतोमुहुत्तं' इदि उत्ते अणंताणुबंधी विसंजोएदूण[1] संजुत्तस्स पुणो वि सव्वजहण्णेण कालेण विसंजोयणाए वावदस्स जहण्णसंकमकालो घेत्तव्वो । सेसाणं पि सव्वोवसामणाए सेढीदो पडिवदिदस्स अंतोमुहुत्तेण पुणो वि सव्वोवसामणाए वावदस्स जहण्णकालो वत्तव्वो । 'उक्कस्सेण उवड्ढपोग्गलपरियट्टं' इदि उत्ते पोग्गलपरियट्टकालस्सद्धं देसूणं घेत्तव्वं, अद्धपोग्गलपरियट्टस्स समीवं उवड्ढपोग्गलपरियट्टमिदि गहणादो । तत्थाणंताणुबंधीणमुक्कस्ससंकमकाले भण्णमाणे अद्धपोग्गलपरियट्टादिसमए पढमसम्मत्तमुप्पाइय उवसमसम्मत्तकालब्भंतरे अणंताणुबंधिं विसंजोइय पुणो तिस्से उवसमसम्मत्तद्धाए छ आवलियाओ अत्थि त्ति आसाणं पडिवण्णस्स आवलि-

करनेवाले जीवके इनका अभाव रहता है । ये अनन्त और सान्तरूपसे अलग करनेमें कोई दोष नहीं आता । इसलिये पूर्वोक्त प्रकृतियोंमेंसे जो चारित्रमोहनीयकी पच्चीस प्रकृतियां शेष बची हैं उनके संक्रामकके कालकी अपेक्षासे तीन भंग करने चाहिये । यथा—अनादि-अनन्त, अनादि-सान्त और सादि-सान्त । इनमेंसे प्रारम्भके दो भंग सुगम हैं, क्योंकि इनमें जघन्य और उत्कृष्ट ये भेद सम्भव नहीं हैं । अब जो शेष बचा तीसरा भंग है सो उसके जघन्य और उत्कृष्ट कालका निर्देश करनेके लिये आगेके सूत्रका अवतार हुआ है—

* उनमें जो सादि-सान्त भंग है उसका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल उपार्ध पुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है ।

§ ९५. सूत्रमें 'तत्थ जहण्णेणंतोमुहुत्तं' ऐसा कहने पर इससे अनन्तानुबन्धियोंकी विसंयोजना करके संयुक्त हुए जीवके फिर भी सबसे जघन्य कालद्वारा विसंयोजना करने पर जो अनन्तानुबन्धियोंका जघन्य संक्रमकाल प्राप्त होता है वह लेना चाहिये । इसी प्रकार सर्वोपशामनाके बाद श्रेणिसे च्युत होकर अन्तर्मुहूर्तमें फिर भी सर्वोपशामनामें लगे हुए जीवके शेष प्रकृतियोंका भी जघन्य संक्रमकाल कहना चाहिये । तथा सूत्रमें 'उक्कस्सेण उवड्ढपोग्गलपरियट्टं' ऐसा कहने पर उससे पुद्गलपरिवर्तनका कुछ कम आधा काल लेना चाहिये, क्योंकि अर्धपुद्गलपरिवर्तनके समीपका काल उपार्धपुद्गलपरिवर्तन काल कहलाता है ऐसा यहाँ ग्रहण किया गया है । उनमें सर्व प्रथम अनन्तानुबन्धियोंके उत्कृष्ट संक्रमकालका कथन करते हैं—जब संसारमें रहनेके लिये अर्धपुद्गलपरिवर्तन काल शेष बचे तब उसके प्रथम समयमें प्रथमोपशम सम्यक्त्वको उत्पन्न कराके उपशमसम्यक्त्वके कालके भीतर अनन्तानुबन्धियोंकी विसंयोजना करावे । फिर उसी उपशमसम्यक्त्वके कालमें जब छह आवलिकाल शेष बचे तब उसे सासादनमें ले जावे और एक

1 ता०प्रतौ –बंधी [सं] विसंजोएदूण, आ०प्रतौ –बंधीणं विसंजोएदूण इति पाठः ।

यादिकंतस्स आदी कायव्वा। सेसं सुगमं। एवं सेसाणं पि पयडीणं वत्तव्वं। णवरि सव्वोवसामणाए पडिवादपढमसमए संकमस्सादिं कादूण देसूणमद्धपोग्गलपरियट्टं साहेयव्वं।

एवमोघेण कालो गओ।

§ ९६. संपहि आदेसपरूवणट्ठमुच्चारणं वत्तइस्सामो। तं जहा—एयजीवेण कालाणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। तत्थ ओघेण मिच्छत्तसंकामओ केवचिरं० ? जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० छावट्ठिसागरो० सादिरेयाणि। असंकामओ जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० अद्धपोग्गलपरियट्टं देसूणं। सम्मत्त०संकामओ जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० पलिदो० असंखे०भागो। असंकामय० जह० अंतोमु०, उक्क० वेछावट्ठिसागरो० सादिरेयाणि। सम्मामि०संकाम० जह० अंतोमु०, उक्क० वेछावट्ठिसागरो० सादिरेयाणि।

आवलिकालके बाद संक्रमका प्रारम्भ करावे। इसके आगेका शेष कथन सुगम है। इसी प्रकार शेष प्रकृतियोंका भी उत्कृष्ट संक्रमकाल कहना चाहिये। किन्तु इतनी विशेषता है कि सर्वोपशामनासे च्युत होनेके प्रथम समयमें संक्रमका प्रारम्भ करके उसका उत्कृष्ट काल कुछ कम अर्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण साध लेना चाहिये।

विशेषार्थ—दर्शनमोहनीयकी तीन प्रकृतियोंमेंसे सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका सत्त्व अनादि मिथ्यादृष्टि जीवके नहीं पाया जाता, इसलिये इन तीन प्रकृतियोंके संक्रमकी अपेक्षा अनादि-अनन्त और अनादि-सान्त ये दो विकल्प बनते ही नहीं। वहाँ केवल सादि-सान्त यही एक विकल्प सम्भव है। किन्तु चारित्रमोहनीयकी पच्चीस प्रकृतियोंका अनादि कालसे भव्य और अभव्य दोनोंके सत्त्व पाया जाता है। इसलिये इनकी अपेक्षा संक्रमके अनादि-अनन्त, अनादि-सान्त और सादि-सान्त ये तीनों विकल्प बन जाते हैं। अनादि-अनन्त विकल्प तो अभव्योंके ही होता है, क्योंकि अभव्योंके अनादि कालसे इन पच्चीस प्रकृतियोंका संक्रम होता आ रहा है और अनन्त कालतक होता रहेगा। किन्तु शेष दो विकल्प भव्योंके ही होते हैं। उनमेंसे अनादि-सान्त विकल्प उन भव्योंके होता है जिन्होंने एकबार अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना और चारित्रमोहनीयकी शेष प्रकृतियोंकी उपशामना की है। अब रहा तीसरा विकल्प सो उसका खुलासा टीकामें ही किया है। सुगम होनेसे उसका निर्देश पुनः यहाँ नहीं किया गया है।

इस प्रकार ओघसे कालका कथन समाप्त हुआ।

§ ९६. अब आदेशका कथन करनेके लिये उच्चारणाको बतलाते हैं। यथा—एक जीवकी अपेक्षा कालानुगमसे निर्देश दो प्रकारका है—ओघ निर्देश और आदेश निर्देश। उनमेंसे ओघकी अपेक्षा मिथ्यात्वके संक्रामकका कितना काल है ? जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल साधिक छयासठ सागर है। मिथ्यात्वके असंक्रामकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल कुछ कम अर्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है। सम्यक्त्वके संक्रामकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है ? असंक्रामकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल साधिक दो छयासठ सागरप्रमाण है। सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल साधिक दो छयासठ सागरप्रमाण है। असंक्रामकका

असंका० जह० एगसमओ, उक्क० अंतोमु० । सोलसक०-णवणोक० संकाम० अणादिओ अपज्ज० अणादिओ सपज्ज० सादिओ सपज्ज० । जो सो सादिओ सपज्जवसिदो तस्स इमो णिद्देसो—जह० अंतोमु०, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं । अणंताणु०-असंकामओ जह० समयूणावलिया, विसंजोयणाचरिमफालीए तदुवलंभादो । उक्क० आवलिया संपुण्णा, संजुत्तपढमावलियाए तदुवलद्धीदो । सेसाणमसंकामय० जह० एगसमओ, उक्क० अंतोमु०, उवसमसेढीए तदुवलंभादो ।

जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके संक्रामकके कालकी अपेक्षा अनादि-अनन्त, अनादि-सान्त और सादि-सान्त ये तीन भंग होते हैं । इनमेंसे जो सादि-सान्त विकल्प है उसका यह निर्देश है । उसकी अपेक्षा जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल उपार्ध पुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है । अनन्तानुबन्धियोंके असंक्रामकका जघन्य काल एक समय कम एक आवलिप्रमाण है, क्योंकि विसंयोजनाकी अन्तिम फालिके सद्भावमें यह काल उपलब्ध होता है । उत्कृष्ट काल पूरी एक आवलिप्रमाण है, क्योंकि अनन्तानुबन्धियोंसे संयुक्त होनेके प्रथम आवलिके समय यह काल उपलब्ध होता है । शेष प्रकृतियोंके असंक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है, क्योंकि ये दोनों काल उपशमश्रेणिमें पाये जाते हैं ।

विशेषार्थ—ओघसे सब प्रकृतियोंके संक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल कितना है इसका खुलासा पहले चूर्णिसूत्रोंके व्याख्यानके समय कर आये हैं उसी प्रकार यहाँ भी जान लेना चाहिये । यहाँ उन सब प्रकृतियोंके असंक्रामकके जघन्य और उत्कृष्ट कालका खुलासा करते हैं—मिथ्यात्वका मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें संक्रम नहीं होता, अतः इस गुणस्थानका जो जघन्य अन्तर्मुहूर्त काल है वही मिथ्यात्वके असंक्रामकका जघन्य काल प्राप्त होता है । यही कारण है कि यहाँ मिथ्यात्वके असंक्रामकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त बतलाया है । तथा सादि-सान्त विकल्पकी अपेक्षा मिथ्यादृष्टि गुणस्थानका जो उत्कृष्ट काल कुछ कम अर्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है वही यहाँ मिथ्यात्वके असंक्रामकका उत्कृष्ट काल प्राप्त होता है । इसीसे मिथ्यात्वके असंक्रामकका उत्कृष्ट काल कुछ कम अर्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण बतलाया है । सम्यक्त्वका संक्रम सम्यग्दृष्टिके नहीं होता, इसलिये सम्यग्दृष्टि गुणस्थानका जो जघन्य काल है वह सम्यक्त्वके असंक्रामकका जघन्य काल प्राप्त होता है । इसीसे सम्यक्त्वके असंक्रामकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त-प्रमाण बतलाया है । तथा उद्वेलनाके अन्तमें प्राप्त हुआ एक समय कम एक आवलि-प्रमाण काल, उपशम सम्यक्त्वका अन्तर्मुहूर्त काल, वेदक सम्यक्त्वका कुछ कम छयासठ सागर काल, सम्यग्मिथ्यात्व गुणस्थानका अन्तर्मुहूर्त काल और वेदकसम्यक्त्वका पूरा छयासठ सागर काल इन कालोंका जोड़ साधिक दो छयासठ सागर होता है इसीसे सम्यक्त्वके असंक्रामकका उत्कृष्ट काल साधिक दो छयासठ सागर बतलाया है । यहाँ इतना विशेष जानना चाहिये कि जिस क्रमसे उक्त कालोंका निर्देश किया है उसी क्रमसे उन्हें प्राप्त कराना चाहिये । यहाँ सम्यक्त्वकी सत्ता तो है पर संक्रम नहीं होता । सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रम सासादन और सम्यग्मिथ्यात्व गुणस्थानमें नहीं होता । सासादनका जघन्य काल एक समय और सम्यग्मिथ्यात्व गुणस्थानका उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । इसीसे यहाँ सम्यग्मिथ्यात्वके असंक्रामकका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त बतलाया है । अनन्तानुबन्धियोंकी विसंयोजनाके अन्तमें एक समयकम एक आवलिप्रमाण अन्तिम

§ ९७. आदेसेण णेरइएसु मिच्छत्त०संकाम० जह० अंतोमु०, उक्क० तेत्तीसं सागरो० देसूणाणि। सम्म० जह० एगसमओ, उक्क० पलिदो० असंखे०भागो। सम्मामि०-अणंताणु०संकाम० जह० एगसमओ, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि। बारसकसाय०-णवणोकसाय०संकाम० केव० ? जह० दसवस्ससहस्साणि, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि। पढमादि जाव सत्तमि त्ति मिच्छ०संकाम० जह० अंतोमु०, उक्क० सगट्ठिदी देसूणा। सम्म० णिरओघभंगो। सम्मामि० जह० एगसमओ, उक्क० सगट्ठिदी। एवमणंताणु०चउक्कस्स। णवरि सत्तमाए जह० अंतोमुहुत्तं। बारसक०-णवणोक० जह० जहण्णट्ठिदी, उक्क० उक्कस्सट्ठिदी।

फालिके शेष रहनेपर उसका संक्रम नहीं होता, इसलिये अनन्तानुबन्धियोंके असंक्रामकका जघन्य काल एक समयकम एक आवलिप्रमाण बतलाया है। तथा विसंयोजनाके बाद अनन्तानुबन्धियों की पुनः सत्ता प्राप्त होनेपर एक आवलि काल तक उनका संक्रम नहीं होता, इसलिये इनके असंक्रामकका उत्कृष्ट काल एक आवलिप्रमाण बतलाया है। उपशमश्रेणिमें बारह कषाय और नौ नोकषाय इनमेंसे विवक्षित प्रकृतिका उपशम होनेके द्वितीय समयमें यदि मरकर यह जीव देवगतिमें चला जाता है तो इनके असंक्रामकका एक समय काल प्राप्त होता है। इसीसे यहाँ इनके असंक्रामकका जघन्य काल एक समय कहा है। तथा इन प्रकृतियोंका उपशम काल अन्तर्मुहूर्त है। इसीसे यहाँ इनके असंक्रामकका उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त बतलाया है।

§ ९७. आदेशकी अपेक्षा नारकियोंमें मिथ्यात्वके संक्रामकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर है। सम्यक्त्वके संक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीके संक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है। बारह कषाय और नौ नोकषायोंके संक्रामकका कितना काल है ? जघन्य काल दस हजार वर्ष है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है। पहली पृथिवीसे लेकर सातवीं पृथिवी तक प्रत्येक नरकमें मिथ्यात्वके संक्रामकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल कुछ कम अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण है। सम्यक्त्वका भंग सामान्य नारकियोंके समान है। सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण है। इसी प्रकार अनन्तानुबन्धी चतुष्कके संक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल जानना चाहिये। किन्तु इतनी विशेषता है कि सातवीं पृथिवीमें जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है। बारह कषाय और नौ नोकषायोंके संक्रामकका जघन्य काल अपनी अपनी जघन्य स्थितिप्रमाण है और उत्कृष्ट काल अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण है।

विशेषार्थ—यहाँ नरक गति और उसके अवान्तर भेदोंमें मिथ्यात्व आदि प्रकृतियोंके संक्रामकका किसका कितना काल है यह बतलाया है। नरक गतिमें सम्यग्दर्शनका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर है, इसीसे यहाँ मिथ्यात्वके संक्रामकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागर घटित हो जाता है। इसी प्रकार प्रत्येक पृथिवीमें जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल कुछ कम अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण घटित कर लेना चाहिये। यहां यह प्रश्न हो सकता है कि पहली पृथिवीमें तो सम्यग्दृष्टि जीव भी मरकर उत्पन्न होता है और वह जीवनभर उसके साथ बना रहता है, अतः वहां कुछ कमका

§ ९८. तिरिक्खेसु मिच्छ०संकाम० जह० अंतोमु०, उक्क० तिण्णि पलिदोवमाणि देसूणाणि। सम्म० णारयभंगो। सम्मामि० जह० एगसमओ, उक्क० तिण्णि पलिदोवमाणि पलिदोवमासंखेज्जदिभागेण सादिरेयाणि। अणंताणु०चउक्कस्स जह० एगसमओ, उक्क० अणंतकालमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा। बारसक०-णवणोक० जह०

नियम कैसे लागू होगा, सो इसका यह समाधान है कि यद्यपि पहली पृथिवीमें सम्यग्दृष्टि जीव मरकर उत्पन्न होता है यह बात सही है पर ऐसा जीव या तो कृतकृत्यवेदकसम्यग्दृष्टि होता है या क्षायिकसम्यग्दृष्टि, इस लिये जब ऐसे जीवके वहां मिथ्यात्वका सत्त्व ही नहीं पाया जाता तब उसके मिथ्यात्वके संक्रमकी बात ही करना व्यर्थ है। सम्यक्त्व प्रकृतिके संक्रामकका जघन्य काल एक समय उद्वेलनाकी अपेक्षासे बतलाया है। अर्थात् जिसके सम्यक्त्व प्रकृतिकी उद्वेलनामें एक समय बाकी है ऐसा जीव मरकर यदि नरकमें उत्पन्न होता है तो उसके नरकमें सम्यक्त्वके संक्रामकका जघन्य काल एक समय पाया जाता है। तथा नरकमें सम्यक्त्वके संक्रामकका उत्कृष्ट काल जो पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण बतलाया है सो यह उद्वेलनाके उत्कृष्ट कालकी अपेक्षासे बतलाया है। इसी प्रकार प्रत्येक पृथिवीमें सम्यक्त्वके संक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल घटित कर लेना चाहिए, क्योंकि पूर्वोक्त कथनसे इसमें कोई विशेषता नहीं है। सामान्यसे नरकमें या प्रत्येक पृथिवीमें सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामकका जघन्य काल एक समय भी सम्यक्त्व प्रकृतिके समान घटित होता है। हां उत्कृष्ट कालमें कुछ विशेषता है। बात यह है कि सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रम सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टि दोनोंके होता है इसलिये नरकमें सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रम का उत्कृष्ट काल तेतीस सागर बन जाता है। अनन्तानुबन्धीके संक्रामकका भी उत्कृष्ट काल तेतीस सागर इसी प्रकारसे घटित किया जा सकता है, क्योंकि इसका संक्रम भी सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टि दोनोंके होता रहता है पर ऐसे जीवके सम्यक्त्व दशामें अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना नहीं करानी चाहिये। अथवा केवल मिथ्यादृष्टि गुणस्थानकी अपेक्षासे घटित करनेमें भी आपत्ति नहीं है, क्योंकि कोई भी नारकी जीवनभर मिथ्यात्वके साथ रह सकता है। पर इसके संक्रामकका जघन्य काल एक समय इस प्रकार प्राप्त होता है कि जिसने अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना की है ऐसा कोई एक सम्यग्दृष्टि जीव सासादनमें गया और एक आवलिके बाद एक समयतक उसने अनन्तानुबन्धीका संक्रमण किया। फिर दूसरे समयमें मरकर वह अन्य गतिमें उत्पन्न हो गया तो इस प्रकार इसके नरकमें अनन्तानुबन्धीके संक्रामकका जघन्य काल एक समय प्राप्त हो जाता है। इसी प्रकार प्रत्येक पृथिवीमें अनन्तानुबन्धीका संक्रमकी अपेक्षा जघन्य काल एक समय घटित कर लेना चाहिये। किन्तु सातवें नरकमें ऐसे जीवका सासादनमें मरण नहीं होता और मिथ्यात्व। अन्तर्मुहूर्त काल हुए बिना मरण नहीं होता अतः वहाँ जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त बतलाया है। प्रत्येक नरकमें इसका उत्कृष्ट काल अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण है यह स्पष्ट ही है। तथा उक्त प्रकृतियोंके अतिरिक्त जो शेष बारह कषाय और नौ नोकषाय बचीं सो इनका सद्भाव नरकमें सर्वदा है और सर्वदा हर हालतमें इनका संक्रम होता रहता है, अतः इनका नरकगति और उसके अवान्तर भेदोंमें जघन्य और उत्कृष्ट जहाँ जो काल प्राप्त है वहाँ वह बन जानेसे उक्त प्रमाण कहा है।

§ ९८. तिर्यञ्चोंमें मिथ्यात्वके संक्रामकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन पल्य है। सम्यक्त्वके संक्रामकके जघन्य और उत्कृष्ट कालका भंग नारकियोंके समान है। सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यका असंख्यातवां भाग अधिक तीन पल्य है। अनन्तानुबन्धीचतुष्कके संक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है। बारह कषाय और नौ

खुद्दाभवग्गहणं, उक्क० अणंतकालमसंखेज्जा० ।

§ ९९. पंचिंदियतिरिक्खतियम्मि मिच्छ०-सम्म० तिरिक्खोघभंगो । सम्मामि०-अणंताणु०चउक्कस्स जह० एगसमओ, उक्क० तिण्णि पलिदोवमाणि पुव्वकोडिपुधत्तेण-ब्भहियाणि । वारसक०-णवणोक० जह० खुद्दाभव० अंतोमुहुत्तं, उक्क० तिण्णि पलिदो० पुव्वकोडिपुध० ।

नोकषायोंके संक्रामकका जघन्य काल क्षुद्रभवग्रहणप्रमाण है और उत्कृष्ट काल अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है।

विशेषार्थ—तिर्यञ्चोंमें वेदकसम्यक्त्वका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन पल्य है। इसीसे यहां मिथ्यात्वके संक्रामकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन पल्य बतलाया है। सम्यक्त्वके संक्रामकका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण तथा सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीके संक्रामकका जघन्य काल एक समय जिस प्रकार नरकमें घटित करके बतला आये हैं उसी प्रकार यहां भी घटित कर लेना चाहिये; क्योंकि उससे इसमें कोई अन्तर नहीं है। जब यह जीव तिर्यंच पर्यायमें रह कर पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण काल तक सम्यग्मिथ्यात्वकी उद्वेलना करता रहता है और उद्वेलनाके समाप्त होनेके पूर्व ही मरकर तीन पल्यकी आयुवाले तिर्यञ्चोंमें उत्पन्न हो जाता है। फिर वहाँ सम्यक्त्वके योग्य कालके प्राप्त होने पर सम्यक्त्वको प्राप्त करके सम्यग्मिथ्यात्वकी सत्ताको फिरसे बढ़ा लेता है और वहाँ या तो सम्यग्दृष्टि बना रहता है या मिथ्यात्वमें जाकर उद्वेलना होनेके पूर्व ही पुनः सम्यग्दृष्टि हो जाता है उसके तिर्यञ्च पर्यायके रहते हुए पल्यका असंख्यातवां भाग अधिक तीन पल्य काल तक सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रम देखा जाता है। इसीसे यहाँ सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामकका उत्कृष्ट काल उक्तप्रमाण कहा है। तिर्यञ्चगतिमें सदा रहनेका उत्कृष्ट काल अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है। इसीसे यहां अनन्तानुबन्धीचतुष्क तथा शेष बारह कषाय और नौ नोकषायोंके संक्रामकका उत्कृष्ट काल उक्त प्रमाण कहा है। तथा तिर्यञ्च पर्यायमें रहनेका जघन्य काल क्षुद्रभवग्रहणप्रमाण है। इसीसे यहां बारह कषाय और नौ नोकषायोंके संक्रामकका जघन्य काल क्षुद्रभवग्रहणप्रमाण कहा है।

§ ९९. पंचेन्द्रियतिर्यंचत्रिकमें मिथ्यात्व और सम्यक्त्वके संक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल सामान्य तिर्यंचोंके समान है। सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके संक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पूर्व कोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्य है। बारह कषाय और नौ नोकषायोंके संक्रामकका जघन्य काल सामान्य पंचेन्द्रिय तिर्यंचमें क्षुद्रभवग्रहणप्रमाण और शेष दोमें अन्तर्मुहूर्तप्रमाण है और उत्कृष्ट काल तीनोंमें पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्य है।

विशेषार्थ—पंचेन्द्रियतिर्यंचत्रिकका उत्कृष्ट काल पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्य है, इस लिये यहाँ सम्यग्मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धीचतुष्क, बारह कषाय और नौ नोकषायोंके संक्रामकका उत्कृष्ट काल उक्तप्रमाण बतलाया है। तथा सामान्य तिर्यंचका जघन्य काल क्षुद्रभवग्रहणप्रमाण और शेष दो प्रकारके तिर्यंचोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है। इसीसे यहाँ बारह कषाय और नौ नोकषायोंके संक्रामकका जघन्य काल उक्तप्रमाण बतलाया है। शेष कालोंके कारणोंका निर्देश पहले कर ही आये हैं इसलिये यहाँ नहीं किया है।

§ १००. पंचिं०तिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज० सम्म०-सम्मामि० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु० । सोलसक०-णवणोक० जह० खुद्दाभव०, उक्क० अंतोमु० ।

§ १०१. मणुसतियम्मि पंचिं०तिरिक्खभंगो । णवरि बारसक०-णवणोक० जह० एगसमओ, उक्क० सगट्ठिदी ।

§ १०२. देवेसु मिच्छ० जह० अंतोमु०, सम्मामि०-अणंताणु०चउक्काणं जह० एगस०, उक्क० सव्वेसिं तेत्तीसं सागरो० । सम्मत्त० णारयभंगो । बारसक०-णवणोक० णारयभंगो चेव । भवणवासियप्पहुडि जाव उवरिमगेवज्जा त्ति मिच्छ०-सम्मामि०-अणंताणु०चउक्कस्स य जह० अंतोमु० एयसमओ, उक्क० सगट्ठिदी । सम्म० णारय-

---

§ १००. पंचेन्द्रियतिर्यंच अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व-के संक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। तथा सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके संक्रामकका जघन्य काल क्षुद्रभवग्रहणप्रमाण है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त-प्रमाण है।

विशेषार्थ—उक्त दोनों मार्गणाओंमे सम्यग्दर्शनकी प्राप्ति सम्भव नहीं है, इसलिये यहाँ मिथ्यात्वका संक्रम न होनेसे उसका काल नहीं बतलाया है। एक जीवकी अपेक्षा इन दोनों मार्गणाओंका जघन्य काल खुद्दाभवग्रहणप्रमाण और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है, इस लिये यहाँ सब प्रकृतियोंके संक्रामकका जघन्य काल खुद्दाभवग्रहणप्रमाण और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त प्रमाण बतलाया है। किन्तु सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रमणके जघन्य कालमें कुछ विशेषता है। बात यह है जिसके सम्यक्त्व या सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रममें एक समय शेष रहा ऐसा जीव मर कर यदि इन मार्गणाओंमें उत्पन्न हो तो उसके इन मार्गणाओंके रहते हुए उक्त प्रकृतियोंके संक्रमका जघन्य काल एक समय भी पाया जाता है। इसीसे यहाँ पर इन दोनों प्रकृतियोंके संक्रमका जघन्य काल एक समय बतलाया है।

§ १०१. मनुष्यत्रिकमें सब प्रकृतियोंके संक्रामकके जघन्य और उत्कृष्ट कालका कथन पंचेन्द्रिय तिर्यंचके समान है। किन्तु इतनी विशेषता है कि बारह कषाय और नौ नोकषायोंके संक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अपनी स्थितिप्रमाण है।

विशेषार्थ—जो उपशामक जीव उपशमश्रेणिसे उतरते समय एक समय तक बारह कषाय और नौ नोकषायोंका संक्रम करता है और दूसरे समयमें मर कर देव हो जाता है उसके इनके संक्रमका जघन्य काल एक समय पाया जाता है। इसीसे यहाँ मनुष्य त्रिकमें उक्त प्रकृतियोंके संक्रामकका जघन्य काल एक समय बतलाया है। शेष कथन सुगम है।

§ १०२. देवोंमें मिथ्यात्वके संक्रामकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है, सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके संक्रामकका जघन्य काल एक समय है तथा इन सब प्रकृतियोंके संक्रामकका उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है। सम्यक्त्वका भंग नारकियोंके समान है। बारह कषाय और नौ नोकषायोंका भंग भी नारकियोंके समान ही है। भवनवासियोंसे लेकर उपरिम ग्रैवेयक तकके देवोंमें मिथ्यात्वके संक्रामकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त तथा सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चतुष्कके संक्रामकका जघन्य काल एक समय है। तथा इन सबके संक्रामकका उत्कृष्ट काल अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण है। सम्यक्त्वका भंग नारकियोंके समान है। तथा

भंगो। बारसक०-णवणोक० जहण्णुक्कस्सट्ठिदी भाणिदव्वा। अणुद्दिसादि जाव सव्वट्ठा त्ति मिच्छ०-सम्मामि०-बारसक०-णवणोक० जहण्णुक्कस्सट्ठिदी भाणियव्वा। अणंताणु० चउक्कस्स जह० अंतोमु०, उक्क० सगुक्कस्सट्ठिदी। एवं जाव०।

❀ एयजीवेण अंतरं।

§ १०३. सुगममेदमहियारसंभालणसुत्तं।

❀ मिच्छत्त-सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं संकामयंतरं केवचिरं कालादो होदि?

§ १०४. सुगमं।

❀ जहण्णेण अंतोमुहुत्तं।

§ १०५. मिच्छत्तसंकामयस्स ताव उच्चदे—एओ सम्माइट्ठी बहुसो दिट्ठमग्गो मिच्छत्तं गंतूण पुणो वि परिणामपच्चएण सम्मत्तगुणं सव्वजहण्णेण कालेण पडिवण्णो, लद्धमंतरं। एवं सम्मत्तस्स वि। णवरि सव्वजहण्णसम्मत्तकालेणंतरिदो त्ति वत्तव्वं। सम्मामिच्छत्तजहण्णकालो उवरि विसेसिऊण परूविज्जइ त्ति ण एत्थ तप्परूवणा कीरदे।

बारह कषाय और नौ नोकषायोंके संक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल क्रमसे जघन्य और उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण कहना चाहिये। अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, बारह कषाय और नौ नोकषायोंके संक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट काल क्रमसे जघन्य और उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण कहना चाहिये। तथा अनन्तानुबन्धी चतुष्कके संक्रामकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणातक जानना चाहिये।

विशेषार्थ—पहले ओघसे और नरकादि गतियोंसे कालका स्पष्टीकरण कर आये हैं। उसे ध्यानमें रख कर देवगति और उसके अवान्तर भेदोंमें उसे घटित कर लेना चाहिये। मात्र देवगतिमें जहाँ जो विशेषता है उसे ध्यानमें रख कर ही यह काल घटित करना चाहिये।

* अब एक जीवकी अपेक्षा अन्तरका अधिकार है।

§ १०३. अधिकारका निर्देश करनेवाला यह सूत्र सुगम है।

* मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामकका अन्तरकाल कितना है?

§ १०४ यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है।

§ १०५ मिथ्यात्वके संक्रामकके अन्तरकालका खुलासा सर्व प्रथम करते हैं—जिसे मोक्षमार्गका अनेक बार परिचय मिल चुका है ऐसा एक सम्यग्दृष्टि जीव जब मिथ्यात्वमें जाकर और परिणामवश फिरसे अति स्वल्प काल द्वारा सम्यक्त्व गुणको प्राप्त होता है तब मिथ्यात्वके संक्रामकका जघन्य अन्तरकाल प्राप्त होता है। इसी प्रकार सम्यक्त्वका भी जघन्य अन्तरकाल प्राप्त कर लेना चाहिये। किन्तु यह सबसे जघन्य सम्यक्त्वके कालसे अन्तरित होता है ऐसा कथन करना चाहिये। सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य अन्तरकालका आगे विशेषरूपसे कथन किया जायगा, इसलिये यहां उसका कथन नहीं करते हैं।

* उक्कस्सेण उवड्ढपोग्गलपरियट्टं ।

§ १०६. तं जहा—मिच्छत्तसंकामयस्स ताव उच्चदे—अणादियमिच्छाइट्ठी उवसमसम्मत्तं घेत्तूण छ आवलियाओ अत्थि त्ति सासणं गुणं गंतूणंतरिय देसूणमद्धपोग्गलपरियट्टं परिभमिय अंतोमुहुत्तावसेसे सिज्झिदव्वए त्ति सम्मत्तगुणं पडिवण्णो, लद्धमुक्कस्संतरं, पोग्गलपरियट्टस्स देसूणद्धमेत्तमादियंतेसु अंतोमुहुत्तमेत्तकालस्स बहिब्भावदंसणादो। एवं सम्मत्तस्स । णवरि देसूणपमाणं पलिदोवमासंखे०भागो, उवसमसम्मत्तं पडिवज्जिय मिच्छत्तं गंतूण तेत्तियमेत्तेण कालेण विणा सम्मत्तस्सुव्वेल्लेदुमसक्कियत्तादो । एवं सम्मामिच्छत्तस्स वि वत्तव्वं। संपहि सम्मामिच्छत्तजहण्णसंकामयंतरगयविसेसपदुप्पायणट्ठमुवरिमसुत्तं भणइ—

* णवरि सम्मामिच्छत्तस्स संकामयंतरं जहण्णेण एयसमओ

§ १०७. तं जहा—उवसमसम्माइट्ठी सम्मामिच्छत्तस्स संकामओ होऊण ट्ठिदो सगद्धाए एगसमयावसेसियाए सासादणभावं गंतूणेयसमयमंतरिय पुणो वि तदणंतरसमए संकामओ जादो, लद्धमेगसमयमेत्तमंतरं । अहवा मिच्छाइट्ठी सम्मामिच्छत्तमुव्वेल्ल-

---

* उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्ध पुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है।

§ १०६. खुलासा इस प्रकार है। उसमें भी सर्वप्रथम मिथ्यात्वके संक्रामकके उत्कृष्ट अन्तरकालका खुलासा करते हैं—कोई एक अनादि मिथ्यादृष्टि जीव उपशमसम्यक्त्वको प्राप्त हुआ और छह आवलि कालके शेष रहने पर सासादन गुणस्थानमें जाकर उसने मिथ्यात्वके संक्रमणका अन्तर किया। फिर कुछ कम अर्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण काल तक परिभ्रमण करके जब मुक्त होनेके लिये उसे अन्तर्मुहूर्त काल शेष बचा तब वह सम्यक्त्व गुणको प्राप्त हुआ। इस प्रकार उत्कृष्ट अन्तरकाल प्राप्त हो जाता है। यह पुद्गलपरिवर्तनका कुछ कम आधा इसलिये है, क्योंकि इसमेसे प्रारम्भका एक अन्तर्मुहूर्त और अन्तका एक अन्तर्मुहूर्त कम होता हुआ देखा जाता है। इसी प्रकार सम्यक्त्वके संक्रामकके उत्कृष्ट अन्तरकालको घटित करके कहना चाहिये। किन्तु यहाँ कुछ कमका प्रमाण पल्यका असंख्यातवां भाग है, क्योंकि उपशमसम्यक्त्वको प्राप्त करके और मिथ्यात्वमें जाकर तावन्मात्र अर्थात् पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण कालके बिना सम्यक्त्वकी उद्वेलना नहीं हो सकती। इसी प्रकार सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामकका उत्कृष्ट अन्तरकाल भी कहना चाहिये। अब सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामकके जघन्य अन्तरकालविशेषका कथन करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

* किन्तु इतनी विशेषता है कि सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है।

§ १०७. खुलासा इस प्रकार है—कोई एक उपशमसम्यग्दृष्टि जीव सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रमण करता हुआ स्थित है। उसने अपने सम्यक्त्वके कालमें एक समय शेष रहने पर सासादन गुणस्थानमें जाकर एक समय तक सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रमका अन्तर किया और उसके अनन्तर समयमें फिरसे उसका संक्रामक हो गया। इस प्रकार सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामकका जघन्य अन्तर एक समय प्राप्त हुआ। अथवा सम्यग्मिथ्यात्वकी उद्वेलना करनेवाला जो मिथ्यादृष्टि जीव

माणओ सम्मत्ताहिमुहो होऊणंतरकरणं करिय मिच्छत्तपढमट्ठिदिचरिमसमए सम्मामिच्छत्त-चरिमुव्वेल्लणफालिं परसरूवेण संकामिय उवसमसम्माइट्ठी पढमसमए सम्मामिच्छत्त-संतुप्पायणवावारेणेयसमयमंतरिय पुणो विदियसमए संकामओ जादो, लद्धमंतरं ।

❀ अणंताणुबंधीणं संकामयंतरं केवचिरं कालादो होदि ।

§ १०८. सुगमं ।

❀ जहण्णेण अंतोमुहुत्तं ।

§ १०९. विसंजोयणचरिमफालिं पादिय अंतरिदस्स पुणो सव्वलहुएण कालेण संजुत्तस्स बंधावलियवदिक्कंतसमए लद्धमंतरं कायव्वमिदि वुत्तं होइ ।

❀ उक्कस्सेण वेछावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि ।

§ ११० तं जहा—पढमसम्मत्तं घेत्तूण उवसमसम्मत्तकालब्भतरे अणंताणुबंधिं विसंजोइय वेदयसम्मत्तं पडिवज्जिय पढमछावट्ठिं भमिय तत्थंतोमुहुत्तावसेसे सम्मामिच्छत्तं पडिवज्जिय पुणो अंतोमुहुत्तेण सम्मत्तमुवणमिय विदियछावट्ठिमणुपालिय थोवावसेसे मिच्छत्तं गदस्स लद्धमंतरं होदि । एत्थ पुव्वमणंताणुबंधिं विसंजोइय ट्ठिदस्स उवसम-

---

सम्यक्त्वके अभिमुख होकर और अन्तरकरण करके मिथ्यात्वकी प्रथम स्थितिके अन्तिम समयमें सम्यग्मिथ्यात्वकी अन्तिम उद्वेलना फालिका पररूपसे संक्रमण करके उपशमसम्यग्दृष्टि हो गया है वह अपने प्रथम समयमें सम्यग्मिथ्यात्वके सत्त्वके उत्पन्न करनेमें लगा रहनेके कारण एक समय तक सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रमका अन्तर करके दूसरे समयमें फिरसे संक्रामक हो गया। इस प्रकार सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामकका जघन्य अन्तर एक समय प्राप्त हो जाता है ।

* अनन्तानुबन्धियोंके संक्रामकका अन्तरकाल कितना है ।

§ १०८. यह सूत्र सुगम है ।

* जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है ।

§ १०९. कोई एक जीव है जिसने विसंयोजनाकी अन्तिम फालिका पतन करके अनन्तानुबन्धियोंके संक्रमका अन्तर किया। फिर अति स्वल्प काल द्वारा अनन्तानुबन्धियोंसे संयुक्त होकर बन्धावलिकालके समाप्त होनेके अनन्तर समयमे पुनः संक्रामक हो गया। इस प्रकार अनन्तानुबन्धियोंके संक्रामकका जघन्य अन्तरकाल प्राप्त करना चाहिये यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

* उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक दो छयासठ सागर है ।

§ ११०. खुलासा इस प्रकार है—कोई एक जीव है जिसने प्रथमोपशम सम्यक्त्वको ग्रहण करके उपशमसम्यक्त्वकालके भीतर अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना की। फिर वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त करके प्रथम छयासठ सागर काल तक परिभ्रमण किया। फिर उसके अन्तमें अन्तर्मुहूर्त काल शेष रहने पर सम्यग्मिथ्यात्वको प्राप्त हुआ। फिर अन्तर्मुहूर्तमे सम्यक्त्वको प्राप्त करके और उसके साथ दूसरे छयासठ सागर काल तक रहा। फिर उसमें थोड़ा काल शेष रहने पर मिथ्यात्वमें गया। इस प्रकार अनन्तानुबन्धियोंके संक्रामकका उत्कृष्ट अन्तरकाल प्राप्त हो जाता है। यहां पर प्रारम्भमें अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना करके स्थित हुए जीवके जो उपशमसम्यक्त्वका काल शेष बचता

सम्मत्तकालो पच्छिल्लमिच्छत्तजहण्णकालादो बहुओ तेण मिच्छत्तजहण्णकालमेत्तं तत्थ सोहिय सुद्धसेसेण सादिरेयत्तं वत्तव्वं ।

❀ सेसाणमेक्कवीसाए पयडीणं संकामयंतरं केवचिरं कालादो होइ ?

§ १११. सुगमं ।

❀ जहण्णेण एयसमओ ।

§ ११२. तं जहा—इगिवीसपयडीणं संकामओ उवसमसेढिमारुहिय अप्पप्पणो ठाणे सव्वोवसमं काऊणेयसमयमंतरिय पुणो विदियसमए कालं गदो संतो देवेसुप्पण्ण-पढमसमए लद्धमंतरं करेइ त्ति वत्तव्वं ।

❀ उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं ।

§ ११३. तं कथं ? अणियट्टिअद्धाए संखेज्जे भागे गंतूण सव्वासिमणंतरपरूविद-पयडीणं सगसगट्ठाणे सव्वोवसमं काऊण असंकामयभावेणंतरिय अणियट्टि०-सुहुम०-उवसंत०गुणट्ठाणाणि कमेणाणुपालिय पुणो ओदरमाणो सुहुम०गुणट्ठाणं वोलीणो

है यह अन्तमें प्राप्त हुए मिथ्यात्वके जघन्य कालसे बहुत है, इसलिये उपशमसम्यक्त्वके पूर्वोक्त कालमेंसे मिथ्यात्वके जघन्य कालको घटाकर उपशमसम्यक्त्वका जो काल शेष रहे उतना अधिक कहना चाहिये। आशय यह है कि दूसरे छयासठ सागरमेंसे यद्यपि अन्तमें प्राप्त हुए मिथ्यात्व गुणस्थानका जघन्य अन्तर्मुहूर्त काल घट जाता है पर इस छयासठ सागरमें विसंयोजनाके बाद बचे हुए उपशमसम्यक्त्वके कालके मिला देने पर यह छयासठ सागरसे कुछ अधिक हो जाता है, इस लिये यहां अनन्तानुबन्धियोंके संक्रमका उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक दो छयासठ सागरप्रमाण कहा है।

* शेष इक्कीस प्रकृतियोंके संक्रामकका अन्तरकाल कितना है।

§ १११. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य अन्तरकाल एक समय है।

§ ११२. खुलासा इस प्रकार है—इक्कीस प्रकृतियोंके संक्रामक जिस जीवने उपशमश्रेणि पर चढ़ कर और अपने अपने स्थानमें उनका सर्वोपशम करके एक समय तक उनके संक्रमका अन्तर किया फिर दूसरे समयमें मर कर जो देव हुआ उसके वहां उत्पन्न होनेके पहले समयमें ही इन प्रकृतियोंके संक्रमका अन्तर प्राप्त हो जाता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। आशय यह है कि जिस समयमें जिस प्रकृतिका सर्वोपशम होता है उसके एक समय बाद यदि वह उपशम करनेवाला जीव मर कर देव हो जाता है तो उस प्रकृतिके संक्रमका एक समय अन्तर प्राप्त होता है।

* उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है।

§ ११३. शंका—सो कैसे ?

समाधान—अनिवृत्तिकरणके कालके संख्यात भागोंको बिता कर पहले कही गई सब प्रकृतियोंका अपने अपने स्थानमें सर्वोपशम होनेसे वे असंक्रमभावको प्राप्त हो जाती हैं और इस प्रकार इनके संक्रमका अन्तर करके उसी अन्तरके साथ अनिवृत्तिकरण, सूक्ष्मसम्पराय और उपशान्तमोह इन तीन गुणस्थानोंको क्रमसे प्राप्त कर फिर उतरते समय सूक्ष्मसम्पराय गुणस्थानको

अणियट्टिभावेणप्पप्पणो ट्ठाणे पुणो वि संकामओ जादो, लद्धमंतरमंतोमुहुत्तमेत्तं[1] । णवरि लोभसंजलणस्साणुपुव्वीसंकमपारंभेणंतरस्सादिं कादूण पुणो तदुवरमे लद्धमंतरं कायव्वं ।

एवमोघेणंतरं गयं ।

§ ११४. संपहि देसामासियसुत्तेण सूचिदमादेसमोघाणुवादपुरस्सरमुच्चारणमस्सिय परूवेमो । तं जहा अंतराणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मिच्छ०-सम्म० जह० अंतोमु०, सम्मामि० जह० एगसमओ, उक्क० तिण्हं पि उवड्ढपोग्गलपरियट्टं । अणंताणु०चउक्कस्स जह० अंतोमु०, उक्क० वेछावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि । बारसक०-णवणोक० जह० एगसमओ, उक्क० अंतोमुहुत्तं ।

§ ११५. आदेसेण णेरइय० मिच्छ०-सम्म०-अणंताणु०चउक्कस्स जह० अंतोमु०, सम्मामि० एगसमओ, उक्क० तेत्तीसं सागरो० देसूणाणि । बारसक०-णवणोक०-संकामओ णत्थि अंतरं । एवं सव्वणेरइया । णवरि सगट्ठिदी देसूणा ।

बिता कर जब अनिवृत्तिकरणको प्राप्त होता है तब अपने अपने उपशम करनेके स्थानमें फिरसे संक्रामक हो जाता है और इस प्रकार इनका अन्तर्मुहूर्त अन्तरकाल प्राप्त हो जाता है। किन्तु इतनी विशेषता है कि आनुपूर्वी संक्रमके प्रारम्भसे लोभसंज्वलनके संक्रमके अन्तरका प्रारंभ करे जो आनुपूर्वी संक्रमके समाप्त होने तक चालू रहता है। इस प्रकार लोभसंज्वलनके संक्रमका अन्तर आनुपूर्वी संक्रमके प्रारम्भसे उसकी समाप्ति तक कहना चाहिये।

इस प्रकार ओघसे अन्तरकाल समाप्त हुआ।

§ ११४. अब देशामर्षक सूत्रके द्वारा सूचित होनेवाले आदेशका ओघानुवादपूर्वक उच्चारणाके आश्रयसे कथन करते हैं। जो इस प्रकार है—अन्तरानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघनिर्देश और आदेशनिर्देश। इनमेंसे ओघकी अपेक्षा मिथ्यात्व और सम्यक्त्वके संक्रामकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है। तथा तीनोंके संक्रामकका उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्ध पुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है। अनन्तानुबन्धीचतुष्कके संक्रामकका जघन्य अन्तर काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक दो छयासठ सागर है। बारह कषाय और नौ नोकषायोंके संक्रामकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—इन सब अन्तरकालोंका खुलासा चूर्णिसूत्रोंका व्याख्यान करते समय टीकाकार स्वयं कर आये हैं इसलिये वहांसे जान लेना चाहिये।

§ ११५. आदेशकी अपेक्षा नारकियोंमें मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके संक्रामकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है तथा सभीके संक्रामकका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागर है। किन्तु यहां बारह कषाय और नौ नोकषायोंके संक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। इसी प्रकार सब नरकोंके नारकियोंमें अन्तरकालका कथन करना चाहिये। किन्तु उत्कृष्ट अन्तरकाल कहते समय सर्वत्र कुछ कम अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण कहना चाहिये।

१. ता० प्रतौ -मंतरमेत्तमंतोमुहुत्तमेत्तं इति पाठः।

§ ११६. तिरिक्खेसु मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि० ओघो। अणंताणु०चउक्क० जह० अंतोमु०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसूणाणि। बारसक०-णवणोक०[1] णत्थि अंतरं। एवं पंचिं०तिरिक्खतियस्स। णवरि मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि० जह० अंतोमु० एगस०, उक्क० तिण्णि पलिदो० पुव्व०। पंचिं०तिरि०अपज्ज०-मणुसअपज्ज०-अणुदिसादि जाव सव्वट्ठा त्ति सव्वपयडीणं णत्थि अंतरं। मणुसतियम्मि पंचिंदियतिरिक्खभंगो।

विशेषार्थ—मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्क इनके संक्रामकोंके जघन्य अन्तरकालका खुलासा जिस प्रकार ओघप्ररूपणाके समय चूर्णिसूत्रोंकी व्याख्या करते हुए किया है उसी प्रकार यहाँ भी जान लेना चाहिये। तथा इन सबके संक्रामकका उत्कृष्ट अन्तरकाल नरककी उत्कृष्ट स्थितिको ध्यानमें रख कर अपनी अपनी दृष्टिसे घटित कर लेना चाहिये। उदाहरणार्थ एक जीव और लो जिसने नरकमें उत्पन्न होनेके अन्तर्मुहूर्त बाद उपशम सम्यक्त्वको प्राप्त करके मिथ्यात्वका संक्रम किया। फिर छह आवलि काल शेष रहने पर यह सासादनभावको प्राप्त होकर उसका असंक्रामक हुआ और फिर जीवन भर असंक्रामक ही रहा। किन्तु अन्तर्मुहूर्त काल शेष रहने पर वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त करके जिससे मिथ्यात्वका संक्रम करने लगता है तो नरकमें मिथ्यात्वके संक्रमका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागर प्राप्त हो जाता है। जो जीव नरकमें उत्पन्न होकर एक समय तक सम्यक्त्वकी उद्वेलना संक्रम करके दूसरे समयमें असंक्रामक हो जाता है और फिर आयुके अन्तमें उपशम सम्यक्त्वको प्राप्त करके अतिशीघ्र काल द्वारा मिथ्यात्वमें जाकर सम्यक्त्वका संक्रम करने लगता है उसके सम्यक्त्वके संक्रामकका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागर प्राप्त होता है। सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामकका उत्कृष्ट अन्तरकाल भी इसी प्रकारसे घटित करना चाहिये। किन्तु इतनी विशेषता है कि इस जीवको अन्तमें सम्यक्त्व उत्पन्न कराकर उसके दूसरे समयसे ही संक्रामक कराना चाहिये, क्योंकि सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रम सम्यग्दृष्टिके भी होता है। अनन्तानुबन्धीकी अपेक्षा यदि प्रारम्भमें विसंयोजना कराये और अन्तमें मिथ्यात्वमें ले जाय तो कुछ कम तेतीस सागरप्रमाण अन्तरकाल प्राप्त हो जाता है। अब शेष रहीं बारह कषाय और नौ नोकषाय सो इनके संक्रामकका अन्तरकाल उपशमश्रेणिमें ही सम्भव है और नरकमें उपशमश्रेणि होती नहीं, अतः नरकमें इनके संक्रमके अन्तरकालका निषेध किया है।

§ ११६. तिर्यंचोंमें मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामकका अन्तरकाल ओघके समान है। अनन्तानुबन्धीचतुष्कके संक्रामकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तीन पल्य है। किन्तु बारह कषाय और नौ नोकषायोंके संक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। पंचेन्द्रियतिर्यंचत्रिकमें अन्तरकालका कथन इसी प्रकार जानना चाहिये। किन्तु इतनी विशेषता है कि इनके मिथ्यात्व और सम्यक्त्वके संक्रामकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है। तथा इन सबके संक्रामकका उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटि पृथक्त्व अधिक तीन पल्य है। पंचेन्द्रियतिर्यंच अपर्याप्त, मनुष्य अपर्याप्त और अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देव इनमें सब प्रकृतियोंके संक्रामकका अन्तरकाल नहीं है। बात यह है कि इन मार्गणाओंमें गुणस्थान नहीं बदलता, इसलिये अन्तरकाल नहीं प्राप्त होता। मनुष्यत्रिकमें पंचेन्द्रिय तिर्यंचके समान भंग है। किन्तु इतनी

१. ता० [णवणोकसाय०] इति पाठः।

णवरि बारसक०-णवणोक० जह० उक्क० अंतोमुहुत्तं ।

§ ११७. देवेसु मिच्छ०-सम्म०-अणंताणु०चउक्क०-सम्मामि० जह० अंतोमु० एगस०, उक्क० एक्कत्तीसं सागरो० देसूणाणि । बारसक०-णवणोक० णत्थि अंतरं । एवं भवणादि जाव उवरिमगेवज्जा त्ति । णवरि सगट्ठिदी देसूणा कायव्वा । एवं जाव० ।

⊛ णाणाजीवेहि भंगविचओ ।

§ ११८. सुगममेदमहियारसंभालणसुत्तं । तत्थ ताव अट्ठपदं परूवेमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

⊛ जेसिं पयडीणं संतकम्ममत्थि तेसु पयदं ।

§ ११९. कुदो ? अकम्मएहि अव्ववहारादो । एदेणट्ठपदेण दुविहो णिद्देसो ओघादेसभेएण । तत्थोघपरूवणट्ठमाह—

विशेषता है कि इनमें बारह कषाय और नौ नोकषायोंके संक्रामकका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त पाया जाता है । आशय यह है कि इनमें उपशमश्रेणि सम्भव है अतः उक्त २१ प्रकृतियोंके संक्रमका अन्तरकाल बन जाता है ।

विशेषार्थ—तिर्यंचोंमें प्रारम्भमें अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना करके अन्ततक वैसा रहे किन्तु अन्तमें मिथ्यात्वमें चला जाय । यह क्रम तिर्यंचगतिमें एक पर्यायमें ही बन सकता है, अतः तिर्यंचगतिमें अनन्तानुबन्धी चतुष्कके संक्रामकका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तीन पल्य कहा है । तथा पंचेन्द्रियतिर्यंचत्रिकमें जो मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामकका उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्य कहा है सो यह उस उस पर्यायके उत्कृष्ट कालकी अपेक्षासे कहा है । इसे नरकके समान यहां भी घटित कर लेना चाहिये । शेष कथन सुगम है ।

§ ११७. देवोंमें मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके संक्रामकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है । सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और सबके संक्रामकका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम इकतीस सागर है । किन्तु बारह कषाय और नौ नोकषायोंके संक्रामकका अन्तरकाल नहीं है । इसी प्रकार भवनवासियोंसे लेकर उपरिम ग्रैवेयक तक जानना चाहिये । किन्तु सर्वत्र उत्कृष्ट अन्तर कहते समय कुछ कम अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थिति कहनी चाहिये । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिये ।

विशेषार्थ—देवगतिमें उपरिम ग्रैवयक तक ही गुणस्थान परिवर्तन सम्भव है । इसीसे मिथ्यात्व आदि सात प्रकृतियोंके संक्रमका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम इकतीस सागर कहा है । शेष कथन सुगम है ।

*** अब नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचयका अधिकार है ।**

§ ११८. अधिकारका निर्देश करनेवाला यह सूत्र सुगम है । अब यहाँ अर्थपदके बतलानेकी इच्छासे आगेका सूत्र कहते हैं—

*** जिन प्रकृतियोंकी सत्ता है वे यहाँ प्रकृत हैं ।**

§ ११९ क्योंकि जो कर्मभावसे रहित हैं उनका प्रकृतमें उपयोग नहीं । इस अर्थपदके अनुसार ओघ और आदेशके भेदसे निर्देश दो प्रकारका है । उनमेंसे ओघका कथन करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

ॐ मिच्छत्त-सम्मत्ताणं सव्वजीवा णियमा संकामया च असंकामया च ।

§ १२०. कुदो ? मिच्छत्तस्स संकामयासंकामयाणं सम्माइट्ठि-मिच्छाइट्ठीणं सव्वकालमवट्ठाणदंसणादो । एवं सम्मत्तस्स वि । णवरि विवज्जासेण वत्तव्वं ।

ॐ सम्मामिच्छत्त-सोलसकसाय-णवणोकसायाणं च तिण्णि भंगा कायव्वा ।

§ १२१. तं जहा—सिया सव्वे जीवा संकामया । सिया संकामया च असंकामओ च १ । सिया संकामया च असंकामया च २ । धुवसहिदा ३ तिण्णि भंगा ।

एवमोघेण भंगविचओ समत्तो ।

§ १२२. आदेसपरूवणट्ठमुच्चारणं वत्तइस्सामो । तं जहा—मणुसतियस्स ओघभंगो । णेरइएसु मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि०-अणंताणु०चउक्कस्स ओघो । बारसक०-णवणोक० णियमा संकामया । एवं सव्वणेरइय-तिरिक्ख-पंचिंदियतिरिक्खतिय-देवा

---

* मिथ्यात्व और सम्यक्त्वके सब जीव नियमसे संकामक और असंकामक हैं ।

§ १२०. क्योंकि मिथ्यात्वका संक्रम करनेवाले सम्यग्दृष्टियोंका और संक्रम नहीं करनेवाले मिथ्यादृष्टियोंका सर्वदा सद्भाव देखा जाता है । इसी प्रकार सम्यक्त्व प्रकृतिकी अपेक्षा से भी कारणका कथन करना चाहिये । किन्तु इतनी विशेषता है कि यहाँ विपरीतक्रमसे उक्त कारणका कथन करना चाहिये ।

* सम्यग्मिथ्यात्व, सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके तीन भंग करना चाहिये ।

§ १२१. खुलासा इस प्रकार है—कदाचित् सब जीव संकामक हैं । कदाचित् बहुत जीव संकामक हैं और एक जीव असंकामक है १ । कदाचित् बहुत जीव संकामक हैं और बहुत जीव असंकामक हैं २ । यहाँ इन दो भंगोंमें ध्रुव भंगके मिलाने पर तीन भंग होते हैं ।

विशेषार्थ—उक्त कथनका सार यह है कि मिथ्यात्व और सम्यक्त्वके संक्रामक और असंक्रामक बहुत जीव तो सदा पाये जाते हैं । किन्तु शेष प्रकृतियोंके विषयमें तीन भंग हैं । कदाचित् सब जीव संक्रामक हैं यह ध्रुव भंग है । आशय यह है कि शेष प्रकृतियोंके संक्रामकोंका सदा पाया जाना तो सम्भव है किन्तु असंक्रामकोंके विषयमें कोई निश्चित नियम नहीं कहा जा सकता है । कदाचित् एक भी जीव असंक्रामक नहीं होता । जब एक भी असंक्रामक जीव नहीं पाया जाता तब उक्त ध्रुव भंग होता है । इसके अतिरिक्त शेष दो भंग स्पष्ट ही हैं ।

इस प्रकार ओघसे भंगविचय समाप्त हुआ ।

§ १२२. अब आदेशका कथन करनेके लिये उच्चारणाको बतलाते हैं यथा—मनुष्यत्रिकमें ओघके समान भंग है । अर्थात् ओघसे जो व्यवस्था बतलाई है वह मनुष्यत्रिकमें घटित हो जाती है । नारकियोंमें मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कका भंग ओघके समान है । किन्तु बारह कषाय और नौ नोकषायोंकी अपेक्षा नियमसे सब जीव संकामक हैं यही एक भंग है बात यह है कि इन इक्कीस प्रकृतियोंकी अपेक्षा असंकामकोंका भंग उपशमश्रेणिमें

जाव उवरिमगेवज्जा त्ति ।

§ १२३. पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज० सम्म०-सम्मामि० सिया सव्वे संकामया । सिया संकामया च असंकामओ च । सिया संकामया च असंकामया च । सोलसक०-णवणोकसायाणं णियमा संकामया ।

§ १२४. मणुसअपज्जत्त० सम्म०-सम्मामि० संकामयासंकामयाणमट्ठ भंगा कायव्वा । सोलसक०-णवणोक० सिया संकामओ । सिया संकामया । अणुद्दिसादि जाव सव्वट्ठा त्ति मिच्छ०-सम्मामि०-बारसक०-णवणोक० णियमा संकामया । अणंताणु०चउक्कस्स ओघो । एवं जाव० ।

§ १२५. संपहि भागाभाग-परिमाण-खेत्त-पोसणाणं परूवणट्ठमुच्चारणमवलंबेमो । तं जहा—भागाभागाणु० दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मिच्छ०-संकामया सव्वजीवाणं केव० ? अणंतभागो । असंकाम० अणंतभागा । सम्म०संकाम० सव्वजीवाणं केव० ? असंखे०भागो । असंकामया असंखेज्जा[1] भागा । सम्मामि०-

प्राप्त होता है । पर नरकमें उपशमश्रेणि सम्भव नहीं, इसलिये इनकी अपेक्षा यहाँ एक ही भंग बतलाया है । इसी प्रकार सब नारकी, तिर्यञ्चत्रिक, देव और उपरिम ग्रैवेयक तकके देवोंके जानना चाहिये ।

§ १२३. पंचेन्द्रियतिर्यञ्चलब्ध्यपर्याप्तकोंमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके कदाचित् सब जीव संक्रामक हैं । कदाचित् बहुत जीव संक्रामक हैं और एक जीव असंक्रामक है । कदाचित् बहुत जीव संक्रामक हैं और बहुत जीव असंक्रामक हैं । तथा सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके नियमसे सब जीव संक्रामक हैं ।

विशेषार्थ—आशय यह है कि इन जीवोंके मिथ्यात्वका संक्रम और अनन्तानुबन्धी चतुष्कका असंक्रम तो सम्भव ही नहीं, क्योंकि यहाँ अविरतसम्यग्दृष्टि गुणस्थान नहीं होता । अतः मिथ्यात्वके सिवा शेष प्रकृतियोंकी अपेक्षासे उक्त प्रकारसे भंग बतलाये हैं ।

§ १२४. मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामक और असंक्रामकोंके आठ भंग कहने चाहिये । तथा सोलह कषाय और नौ नोकषायोंकी अपेक्षा कदाचित् एक जीव संक्रामक होता है और कदाचित् अनेक जीव संक्रामक होते हैं ये दो भंग होते हैं । तथा अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देव मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, बारह कषाय और नौ नोकषायोंके नियमसे संक्रामक होते हैं । तथा यहाँ अनन्तानुबन्धीचतुष्कका भंग ओघके समान है । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिये ।

§ १२५. अब भागाभाग, परिमाण, क्षेत्र और स्पर्शनका कथन करनेके लिये उच्चारणाका अवलम्बन लेते हैं । यथा—भागाभागानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघनिर्देश और आदेशनिर्देश । उनमेंसे ओघकी अपेक्षा मिथ्यात्वके संक्रामक जीव सब जीवोंके कितने भागप्रमाण हैं ? अनन्तवें भागप्रमाण हैं । असंक्रामक जीव कितने भागप्रमाण हैं ? अनन्त बहुभागप्रमाण हैं । सम्यक्त्वके संक्रामक जीव सब जीवोंके कितने भागप्रमाण हैं ? असंख्यातवें भागप्रमाण हैं ।

१. आ०प्रतौ संखेजा इति पाठः ।

संकामया असंखेज्जा भागा। असंकामया असंखेज्जदिभागो। सोलसक०-णवणोक०-संकामया[1] अणंता भागा। असंकामया अणंतभागो।

§ १२६. आदेसेण णेरइय० मिच्छ०-सम्म०संकाम० असंखे०भागो। असंकामया असंखेज्जा भागा। सम्मामि०-अणंताणु०४संकाम० असंखेज्जा भागा। असंकाम० असंखे०भागो। बारसक०-णवणोक० णत्थि भागाभागो, संकामयाणमेव णिप्पडिवक्खाणमेत्थ दंसणादो। एवं सव्वणेरइय-पंचिंदियतिरिक्खतिय-देवा जाव सहस्सारे त्ति।

§ १२७. तिरिक्खेसु मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि०-अणंताणु०४ ओघं। बारसक०-णवणोक० णत्थि भागाभागो। पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज० सम्म०-सम्मामि०-संकाम० असंखेज्जा भागा। असंकाम० असंखे०भागो। सेसपयडीणं णत्थि भागाभागो।

§ १२८. मणुस्सेसु मिच्छत्त० णारयभंगो। सम्म०-सम्मामि०-सोलसक०-णवणोक० संकामया असंखेज्जा भागा। असंकाम० असंखे०भागो। एवं मणुसपज्ज०-मणुसिणीसु। णवरि संखेज्जं कायव्वं।

§ १२९. आणदादि जाव णवगेवज्जा त्ति णारयभंगो। णवरि मिच्छ०संकामया

असंक्रामक जीव कितने भागप्रमाण हैं? असंख्यात बहुभागप्रमाण हैं। सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामक जीव असंख्यात बहुभागप्रमाण हैं। असंक्रामक जीव असंख्यातवें भागप्रमाण हैं। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके संक्रामक जीव अनन्त बहुभागप्रमाण हैं। असंक्रामक जीव अनन्तवें भागप्रमाण हैं।

§ १२६. आदेशकी अपेक्षा नारकियोंमें मिथ्यात्व और सम्यक्त्वके संक्रामक जीव असंख्यातवें भागप्रमाण हैं। असंक्रामक जीव असंख्यात बहुभागप्रमाण हैं। सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके संक्रामक जीव असंख्यात बहुभागप्रमाण हैं। असंकामक जीव असंख्यातवें भागप्रमाण हैं। यहाँ बारह कषाय और नौ नोकषायोंका भागाभाग नहीं है, क्योंकि नरकमें इनके केवल संक्रामक जीव ही देखे जाते हैं। इसी प्रकार सब नारकी, पंचेन्द्रियतिर्यंचत्रिक, सामान्य देव और सहस्रार कल्प तकके देवोंमें जानना चाहिये।

§ १२७. तिर्यंचोंमें मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी अपेक्षा भागाभाग ओघके समान है। तथा यहाँ बारह कषाय और नौ नोकषायोंका भागाभाग नहीं है। पंचेन्द्रियतिर्यञ्चअपर्याप्त और मनुष्यअपर्याप्तकोंमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामक असंख्यात बहुभागप्रमाण हैं। असंक्रामक असंख्यातवें भागप्रमाण हैं यहाँ शेप प्रकृतियोंका भागाभाग नहीं है।

§ १२८. मनुष्योंमें मिथ्यात्वका भंग नारकियोंके समान है। सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके संक्रामक असंख्यात बहुभागप्रमाण हैं। असंक्रामक असंख्यातवें भागप्रमाण हैं। इसी प्रकार मनुष्य पर्याप्त और मनुष्यनियोंके जानना चाहिये। किन्तु इनमें असंख्यातके स्थानमें संख्यातका कथन करना चाहिये।

§ १२९. आनत कल्पके लेकर नौ ग्रैवेयक तकका कथन नारकियोंके समान है। किन्तु

---

१. आ०प्रतौ सोलसक० संकामया इति पाठः।

संखेज्जा भागा। असंकामया संखे०भागो। अणुद्दिसादि [जाव] सव्वट्ठा त्ति अणंताणु०-चउक्कस्स संकामया असंखेज्जा भागा। असंकाम० असंखे०भागो। णवरि सव्वट्ठे संखेज्जं कायव्वं। सेसाणं णत्थि भागाभागो। सव्वत्थ कारणं सुगमं। एवं जाव०।

§ १३०. परिमाणाणु० दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मिच्छत्त०-सम्म०-सम्मामि० संकामया दव्वपमाणेण केवडिया? असंखेज्जा। सोलसक०-णवणोक०संकामया केत्तिया? अणंता। एवं तिरिक्खा०।

§ १३१. आदेसेण णेरइ० अट्ठावीसं पयडीणं संकामया केत्तिया? असंखेज्जा। एवं सव्वणेरइय-पंचिंदियतिरिक्खतिय-देवा जाव णवगेवज्जा त्ति। पंचिं०तिरि०-अपज्ज०-मणुसअपज्ज०-अणुद्दिसादि जाव अवराइदा त्ति सत्तावीसपयडीणं संकामया केत्तिया? असंखेज्जा। मणुस्सेसु मिच्छत्तस्स संकामया संखेज्जा। सेसाणमसंखेज्जा। मणुसपज्ज०-मणुसिणी-सव्वट्ठदेवेसु सव्वपयडीणं संकामया केवडिया? संखेज्जा। एवं जाव अणाहारि त्ति णेदव्वं।

§ १३२. खेत्ताणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि०संकामया केवडि खेत्ते? लोगस्स असंखे०भागे। एवमसंकामया।

इतनी विशेषता है कि यहाँ मिथ्यात्वके संक्रामक संख्यात बहुभागप्रमाण हैं और असंक्रामक संख्यातवें भागप्रमाण हैं। अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें अनन्तानुबन्धीचतुष्कके संक्रामक जीव असंख्यात बहुभागप्रमाण हैं। असंक्रामक जीव असंख्यातवें भागप्रमाण हैं। किन्तु इतनी विशेषता है कि सर्वार्थसिद्धिमें असंख्यातके स्थानमें संख्यातका कथन करना चाहिये। यहां शेष प्रकृतियोंका भागाभाग नहीं है। सर्वत्र कारण सुगम है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिये।

§ १३०. परिमाणानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघनिर्देश और आदेश-निर्देश। ओघसे मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामक कितने हैं? असंख्यात हैं। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके संक्रामक कितने हैं? अनन्त हैं। इसी प्रकार तिर्यञ्चोंमें संख्या कहनी चाहिये।

§ १३१. आदेशसे नारकियोंमें अट्ठाईस प्रकृतियोंके संक्रामक जीव कितने हैं? असंख्यात हैं। इसी प्रकार सब नारकी, पंचेन्द्रियतिर्यञ्चत्रिक और नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें जानना चाहिये। पंचेन्द्रिय तिर्यंच अपर्याप्त, मनुष्य अपर्याप्त और अनुदिशसे लेकर अपराजित तकके देवोंमें सत्ताईस प्रकृतियोंके संक्रामक जीव कितने हैं? असंख्यात हैं। मनुष्योंमें मिथ्यात्वके संक्रामक जीव संख्यात हैं। शेष प्रकृतियोंके संक्रामक जीव असंख्यात हैं। मनुष्यपर्याप्त मनुष्यिनी और सर्वार्थसिद्धि के देवोंमें सब प्रकृतियोंके संक्रामक जीव कितने हैं? संख्यात हैं। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिये।

§ १३२. क्षेत्रानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघनिर्देश और आदेश निर्देश। ओघसे मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामक जीव कितने क्षेत्रमें रहते हैं? लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रमें रहते हैं। इसी प्रकार उक्त प्रकृतियोंके असंक्रामक जीव भी लोकके

णवरि मिच्छ०असंका० सव्वलोगे। सोलसक०-णवणोक०संकामया सव्वलोए। असंकाम० लोगस्स असंखे०भागे। एवं तिरिक्खा०। णवरि बारसक०-णवणोकसायाणं असंकामया णत्थि। सेसगइमग्गणासु सव्वपयडीणं संकामया जहासंभवमसंकामया च लोयस्स असंखे०भागे। एवं जाव अणाहारि त्ति णेदव्वं।

§ १३३. पोसणाणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मिच्छ०संकामएहि केवडियं०? लोगस्स असंखे०भागो अट्ठ चोद्दसभागा देसूणा। असंकामएहि सव्वलोओ। सम्म०-सम्मामि० संकामए० असंकाम० लोगस्स असंखे०-भागो अट्ठ चोद्द० सव्वलोगो वा। सोलसक०-णवणोक०संकाम० सव्वलोगो। असंका० लोयस्स असंखे०भागो। णवरि अणंताणु०४असंका०[1] अट्ठ चोद्द० देसूणा।

§ १३४. आदेसेण णेरइय० मिच्छ०संकाम० केव०? लोगस्स असंखे०भागो। सेसपयडीणं संकाम० दंसणतियअसंकाम० लोयस्स असंखे०भागो छ चोद्दस०। अणंताणु०४असंका० खेत्तं[2]। पढमाए खेत्तभंगो। विदियादि जाव सत्तमा त्ति मिच्छ०-

असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रमें रहते हैं। किन्तु इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वके असंक्रामक जीव सब लोकमें रहते हैं। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके संक्रामक जीव सब लोकमें रहते हैं। तथा इनके असंक्रामक जीव लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रमें रहते हैं। इसी प्रकार तिर्यंचोंके जानना चाहिये। किन्तु इतनी विशेषता है कि इनमें बारह कषाय और नौ नोकषायोंके असंक्रामक जीव नहीं हैं। इनके अतिरिक्त शेष गति मार्गणाओंमें सब प्रकृतियोंके संक्रामक और यथासम्भव असंक्रामक जीव लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रमें रहते हैं। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिये।

§ १३३. स्पर्शनानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघनिर्देश और आदेशनिर्देश। ओघसे मिथ्यात्वके संक्रामक जीवोंने कितने क्षेत्रका स्पर्श किया है? लोकके असंख्यातवें भागका और त्रस नालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम आठ भाग क्षेत्रका स्पर्श किया है। मिथ्यात्वके असंक्रामकोंने सब लोकका स्पर्श किया है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामक और असंक्रामक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम आठ भागप्रमाण क्षेत्रका और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्श किया है। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके संक्रामक जीवोंने सब लोकका स्पर्श किया है। असंक्रामकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्श किया है। किन्तु इतनी विशेषता है कि अनन्तानुबन्धीचतुष्कके असंक्रामकों ने त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम आठ भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्श किया है।

§ १३४. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्वके संक्रामक जीवोंने कितने क्षेत्रका स्पर्श किया है? लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्श किया है। शेष प्रकृतियोंके संक्रामकोंने और तीन दर्शनमोहनीयके असंक्रामकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम छह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्श किया है। अनन्तानुबन्धीचतुष्कके असंक्रामकोंका स्पर्श क्षेत्रके समान है। पहली पृथिवीमें स्पर्श क्षेत्रके समान है। दूसरीसे लेकर सातवीं तक प्रत्येकमें

१ आ०प्रतौ अणंताणु०४ असंखे०भागो अट्ठ इति पाठः। २. आ०प्रतौ अणंताणु०४ असंखे० खेत्तं इति पाठः।

संकाम० लोगस्स असंखे०भागो। सेसपयडीणं संकाम० दंसणतियअसंकाम० लोग० असंखे०भागो एक्क-वे-तिण्णि-चत्तारि-पंच-छचोद्दस० देसूणा। अणंताणु०४असंका० खेत्तं।

§ १३५. तिरिक्खेसु मिच्छ०संकाम० लोयस्स असंखे०भागो छ चोद्दस० देसूणा। असंकाम० सव्वलोओ। सम्म०-सम्मामि०संकाम०-असंकाम० लोयस्स असंखे०भागो सव्वलोगो वा। सोलसक०-णवणोक०संकाम० सव्वलोगो। अणंताणु०४असंका० खेत्तं।

§ १३६. पंचिंदियतिरिक्खतिए मिच्छ०संका० लोगस्स असंखे०भागो छ चोद्दस० देसूणा। सेसपयडीणं संकाम० दंसणतियअसंकाम० लोयस्स असंखे०भागो सव्वलोगो वा। अणंताणु०४असंका० खेत्तं।

§ १३७. पंचि०तिरि०अपज्ज० सम्म०-सम्मामि०संकाम०-असंकाम० सोलसक०-णवणोक०संकाम० लोयस्स असंखे०भागो सव्वलोगो वा। मिच्छ०असंका० एसो[1] चेव भंगो। एवं मणुसतिए। णवरि मिच्छ०संकाम० सोलसक०-णवणोक०असंका० लोयस्स

मिथ्यात्वके संक्रामकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्श किया है। शेष प्रकृतियोंके संक्रामकोंने और तीन दर्शनमोहनीयके असंक्रामकोंने लोकके असंख्यातवें भाग क्षेत्रका तथा त्रस नालीके चौदह भागोंमेसे कुछ कम एक भाग, कुछ कम दो भाग, कुछ कम तीन भाग, कुछ कम चार भार, कुछ कम पांच भाग और कुछ कम छह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्श किया है। अनन्तानुबन्धी चतुष्कके असंक्रामकोंका स्पर्श क्षेत्रके समान है।

§ १३५. तिर्यंचोंमें मिथ्यात्वके संक्रामकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम छह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्श किया है। असंक्रामकोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्श किया है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामकों और असंक्रामकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्श किया है। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके संक्रामकोंने सब लोकका स्पर्श किया है। अनन्तानुबन्धीचतुष्कके असंक्रामकोंका स्पर्श क्षेत्रके समान है।

§ १३६. पंचेन्द्रिय तिर्यचत्रिकमें मिथ्यात्वके संक्रामकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम छह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्श किया है। शेष प्रकृतियोंके संक्रामकोंने और तीन दर्शनमोहनीयके असंक्रामकोने लोकके असंख्यातवें भाग और सब लोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्श किया है। अनन्तानुबन्धीचतुष्कके असंक्रामकोंका स्पर्श क्षेत्रके समान है।

§ १३७. पंचेन्द्रिय तिर्यंच अपर्याप्तकोंमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामकों और असंक्रामकोंने तथा सोलह कपाय और नौ नोकषायोंके संक्रामकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्श किया है। यहां मिथ्यात्वके असंक्रामकोंका भी यही भंग है। अर्थात् मिथ्यात्वके असंक्रामकोंने भी लोकके असंख्यातवें भाग और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्श किया है। इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिये। किन्तु इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्व के संक्रामकोंने तथा सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके असंक्रामकोंने लोकके असंख्यातवें

---

१. आ०प्रतौ मिच्छ० असंखे० एसो इति पाठः।

असंखे०भागो ।

§ १३८. देवेसु मिच्छ०संकाम० लोयस्स असंखे०भागो अट्ठ चोद्दस० देसूणा । सेसपयडीणं संकाम० दंसणतियअसंकाम० लोग० असंखे०भागो अट्ठ णव चोद्द० देसूणा । अणंताणु०४असंका० लोग० असंखे०भागो अट्ठ चोद्दस० देसूणा । एवं भवण०-वाणवेंतर-जोइसिएसु । णवरि सगपोसणं कायव्वं ।

§ १३९. सोहम्मीसाण० देवोघं । सणक्कुमारादि जाव सहस्सार त्ति अट्ठावीसं-पयडीणं संकाम० दंसणतिय-अणंताणु०४असंका० लोयस्स असंखे०भागो अट्ठ चोद्द० देसूणा । आणदादि जाव अच्चुदा त्ति अट्ठावीसं पयडीणं संकाम० दंसणतिय-अणंताणु०-४ असंकाम० लोग० असंखे०भागो छ चोद्दस० देसूणा । उवरि खेत्तभंगो । एवं जाव० ।

*** णाणाजीवेहि कालो ।**

§ १४०. सुगममेदमहियारसंभालणसुत्तं ।

*** सव्वकम्माणं संकामया केवचिरं कालादो होंति ?**

§ १४१. एदं पि सुत्तं सुगमं ।

भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्श किया है ।

§ १३८. देवोंमें मिथ्यात्वके संक्रामकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम आठ भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्श किया है । शेष प्रकृतियोंके संक्रामकोंने और तीन दर्शनमोहनीयके असंक्रामकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम आठ तथा कुछ कम नौ भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्श किया है । अनन्तानुबन्धीचतुष्कके असंक्रामकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम आठ भाग-प्रमाण क्षेत्रका स्पर्श किया है । इसी प्रकार भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंमें जानना चाहिये । किन्तु इतनी विशेषता है कि अपना अपना स्पर्श कहना चाहिये ।

§ १३९. सौधर्म और ऐशान कल्पमें सामान्य देवोंके समान स्पर्श है । सनत्कुमारसे लेकर सहस्रार कल्प तकके देवोंमें अट्ठाईस प्रकृतियोंके संक्रामकोंने तथा तीन दर्शनमोहनीय और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके असंक्रामकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम आठ भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्श किया है । आनतसे लेकर अच्युत कल्प तकके देवोंमें अट्ठाईस प्रकृतियोंके संक्रामकोंने तथा तीन दर्शनमोहनीय और अनन्तानुबन्धी चतुष्कके असंक्रामकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम छह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्श किया है । अच्युत स्वर्गसे ऊपर स्पर्श क्षेत्रके समान है । इसी प्रकार अनाहारकों तक जानना चाहिये ।

*** अब नाना जीवोंकी अपेक्षा कालका अधिकार है ।**

§ १४०. यह सूत्र सुगम है, क्योंकि इस द्वारा केवल अधिकारकी संम्हाल की गई है ।

*** सब कर्मोंके संक्रामक जीवोंका कितना काल है ।**

§ १४१. यह सूत्र भी सुगम है ।

---

१. ता० प्रतौ होइ इति पाठः ।

* सव्वद्धा ।

§ १४२. णाणाजीवे पडुच्च सव्वकम्माणं संकामयपवाहस्स सव्वकालं वोच्छेदा-दंसणादो ।

§ १४३. संपहि देसामासियसुत्तेणेदेण सूचिदासेसपरूवणट्ठमुच्चारणं वत्तइस्सामो । तं जहा—कालाणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण अट्ठावीसंपयडीणं संकासया केवचिरं० ? सव्वद्धा । मिच्छ०-सम्म०असंकामया सव्वद्धा । सम्मामि०-अणंताणु०चउक्कअसंका० जह० एगसमओ समयूणावलिया, उक्क० पलिदो० असंखे०-भागो । बारसक०-णवणोक०असंका० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु० । एवं चदुसु गदीसु । णवरि मणुसगदिवदिरित्तसेसगदीसु बारसक०-णवणोक०असंकामया णत्थि । अणंताणु०-असंका० जह० एगसमओ । मणुसतिए अणंताणु०४असंका० जह० एगसमओ, उक्क० अंतोमुहुत्तं । मणुसपज्ज०-मणुसिणीसु सम्मामि०असंका० जह० एगसमओ, उक्क० अंतोमुहुत्तं । पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०-अणुद्दिसादि जाव सव्वट्ठा त्ति सत्तावीसं पयडीणं संका० केव० ? सव्वद्धा । सव्वट्ठे० अणंताणु०चउक्क०असंकामया जह० समयूणावलिया, उक्क० अंतोमु० । मणुसअपज्ज० सम्म०-सम्मामि०संका०-असंका० जह० एगस०, उक्क०

---

* सर्वदा काल है

§ १४२. क्योंकि नाना जीवोंकी अपेक्षा सब कर्मोंके संक्रम करनेवाले जीवोंके प्रवाहका कभी भी विच्छेद नहीं देखा जाता है ।

§ १४३. यतः यह सूत्र देशामर्षक है, अतः इससे सूचित होनेवाले अशेष अर्थका कथन करनेके लिये उच्चारणाको बतलाते हैं । यथा—कालानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघनिर्देश और आदेशनिर्देश । ओघसे अट्ठाईस प्रकृतियोंके संक्रामक जीवोंका कितना काल है ? सब काल है । मिथ्यात्व और सम्यक्त्वके असंक्रामक जीवोंका सब काल है । सम्यग्मिथ्यात्वके असंक्रामक जीवोंका जघन्य काल एक समय है । अनन्तानुबन्धी चतुष्कके असंक्रामक जीवोंका जघन्य काल एक समयकम एक आवलि है । तथा इन दोनोंके असंक्रामक जीवोंका उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है । बारह कषाय और नौ नोकषायोंके असंक्रामकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । इसी प्रकार चारों गतियोंमें जानना चाहिये । किन्तु इतनी विशेषता है कि मनुष्यगतिके सिवा शेष गतियोंमें बारह कषाय और नौ नोकषायोंके असंक्रामक जीव नहीं है । किन्तु इनमें अनन्तानुबन्धीचतुष्कके असंक्रामक जीवोंका जघन्य काल एक समय है । मनुष्यत्रिकमें अनन्तानुबन्धीचतुष्कके असंक्रामक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । मनुष्यपर्याप्त और मनुष्यनियोंमें सम्यग्मिथ्यात्वके असंक्रामकोंका जघन्य काल एक समय है तथा उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । पंचेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोमें सत्ताईस प्रकृतियोंके संक्रामकोंका कितना काल है ? सब काल है । सर्वार्थसिद्धिमें अनन्तानुबन्धीचतुष्कके असंक्रामकोंका जघन्य काल एक समय कम एक आवलि है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामकों और असंक्रामकोंका जघन्य काल एक समय है तथा

पलिदो० असंखे०भागो । सोलसक०-णवणोक०संकाम० जह० खुद्दाभव०, उक्क० पलिदो० असंखे०भागो । एवं जाव० ।

उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके संक्रामकोंका जघन्य काल खुद्दाभवग्रहणप्रमाण है तथा उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिये।

विशेषार्थ—नाना जीवोंकी अपेक्षा अट्ठाईस प्रकृतियोंकी सत्ता और यथासम्भव उनका बन्ध सदा पाया जाता है अतः ओघसे सब प्रकृतियोंके संक्रमका काल सर्वदा कहा है। किन्तु असंक्रमकी अपेक्षा कुछ विशेषता है। बात यह है कि मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें मिथ्यात्वका संक्रम नहीं होता है और सम्यग्दृष्टि गुणस्थानमें सम्यक्त्वका संक्रम नहीं होता है, किन्तु इन दोनों गुणस्थानवाले जीव सदा पाये जाते हैं अतः मिथ्यात्व और सम्यक्त्वके असंक्रामकोंका काल भी सर्वदा कहा है। सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रम सासादन और मिश्र गुणस्थानमें नहीं होता है, किन्तु नाना जीवोंकी अपेक्षासे भी सासादनका जघन्य काल एक समय है, अतः सम्यग्मिथ्यात्वके असंक्रामकोंका जघन्य काल एक समय कहा है। जिन्होंने अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना की है उनके अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी विसंयोजना करते समय अन्तमें एक समय कम एक आवलि काल तक अनन्तानुबन्धीका संक्रम नहीं होता। इसीसे अनन्तानुबन्धीचतुष्कके असंक्रामकोंका जघन्य काल एक समय कम एक आवलिप्रमाण कहा है। सासादन या सम्यग्मिथ्यादृष्टि गुणस्थानका उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है, इसीसे सम्यग्मिथ्यात्वके असंक्रामकोंका उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। जिन्होंने अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी विसंयोजना की है ऐसे जीव मिथ्यात्वमें या सासादनमें गये और वहाँ अनन्तानुबन्धीके संक्रामक होनेके पूर्व ही अन्य इसी प्रकारके जीव वहाँ उत्पन्न हुए। इस प्रकार ऐसे जीव वहाँ उक्त प्रकारसे यदि निरन्तर उत्पन्न होते रहें तो पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण काल तक ही उत्पन्न हो सकते हैं इससे आगे नहीं, इसीसे यहाँ अनन्तानुबन्धीचतुष्कके असंक्रामकोंका उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। बारह कषायों और नौ नोकषायोंके असंक्रामकोंका जघन्य काल एक समय उपशमश्रेणिमें मरणकी अपेक्षासे और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त प्रत्येक प्रकृतिके उत्कृष्ट उपशमकालकी अपेक्षासे कहा है। आशय यह है कि नाना जीवोंने उक्त प्रकृतियोंका उपशम किया और जिस समय जिस प्रकृतिका उपशम किया उसके दूसरे समयमें मरकर उनके देव हो जाने पर उक्त प्रकृतियोंके असंक्रमका जघन्य काल एक समय प्राप्त हो जाता है। इसी प्रकार निरन्तरक्रमसे नाना जीवोंने उक्त प्रकृतियोंका यदि उपशम किया तो भी उस उपशमकालका जोड़ अन्तर्मुहूर्तसे अधिक नहीं प्राप्त होता, इसलिये उक्त प्रकृतियोंके असंक्रमका उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्तसे अधिक नहीं होता। निम्नलिखित कुछ अपवादोंको छोड़कर यह ओघ व्यवस्था चारों गतियोंमें भी बन जाती है। अब कहाँ क्या अपवाद हैं इनका सकारण उल्लेख करते हैं—उपशमश्रेणिकी प्राप्ति मनुष्यगतिमें ही सम्भव है अतः मनुष्यगतिके सिवा शेष तीन गतियोंमें बारह कषाय और नौ नोकषायोंके असंक्रामकोंका निषेध किया है। चारों गतियोंमें अनन्तानुबन्धीचतुष्कके असंक्रामकोंका जो जघन्य काल एक समय बतलाया है सो वह गति परिवर्तनकी अपेक्षासे बतलाया है। उदाहरणार्थ नरकगतिमें अनन्तानुबन्धीचतुष्कके असंक्रामक नाना जीव एक समय तक रहे और वे दूसरे समयमें मरकर अन्य गतिमें चले गये तो नरकगतिमें अनन्तानुबन्धीचतुष्कके असंक्रामकोंका जघन्य काल एक समय बन जाता है। इसी प्रकार शेष तीन गतियोंमें उक्त काल घटित कर लेना चाहिये। या ऐसे नाना

❀ णाणाजीवेहि अंतरं ।

§ १४४. सुगममेदं, अहियारसंभालणमेत्तवावारादो ।

❀ सव्वकम्मसंकामयाणं णत्थि अंतरं ।

§ १४५. एदस्स विवरणमुच्चारणामुहेण वत्तइस्सामो । तं जहा—अंतराणुगमेण

जीव, जो एक समयबाद अनन्तानुबन्धीचतुष्कका संक्रम करेंगे, देव, मनुष्य या तिर्यञ्चोंमें उत्पन्न हुए हैं तो इनकी अपेक्षासे भी उक्त एक समय काल प्राप्त हो जाता है, क्योंकि नरकगतिमें सासादनवाला उत्पन्न नहीं होता और मिथ्यात्वमें जाकर संयोजना करनेवालेका अन्तर्मुहूर्तसे पहिले मरण नहीं होता । यद्यपि सामान्य मनुष्योंकी संख्या असंख्यात है पर अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना करनेवाले मनुष्यत्रिककी संख्या संख्यात ही है । ऐसे जीव यदि मिथ्यात्व और सासादनमें इस क्रमसे उत्पन्न हों जिससे वहाँ अनन्तानुबन्धीचतुष्कके असंक्रामकोंका नैरन्तर्य बना रहे तो ऐसे कालका जोड़ अन्तर्मुहूर्तसे अधिक नहीं हो सकता, अतः उक्त तीन प्रकारके मनुष्योंमें अनन्तानुबन्धीचतुष्कके असंक्रामकोंका उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है । इसी प्रकार मनुष्य पर्याप्त और मनुष्यनियोंमें सम्यग्मिथ्यात्वके असंक्रामकोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त प्राप्त कर लेना चाहिये, क्योंकि यहाँ नानाजीवोंकी अपेक्षा सासादनका जघन्य काल एक समय और सासादन या सम्यग्मिथ्यात्व गुणस्थानका उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त ही प्राप्त होता है । पंचेन्द्रिय तिर्यंच अपर्याप्तकोंके एक मिथ्यादृष्टि गुणस्थान होनेसे इनके मिथ्यात्वका संक्रम सम्भव नहीं और अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें एक अविरतसम्यग्दृष्टि गुणस्थान होनेसे इनके सम्यक्त्वका संक्रम सम्भव नहीं, इसीसे इनके सत्ताईस प्रकृतियोंके संक्रमका उल्लेख किया है । सर्वार्थसिद्धिमें संख्यात जीव ही होते हैं, अतः वहाँ अनन्तानुबन्धीचतुष्कके असंक्रामकोंका जघन्य काल एक समय कम एक आवलि और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है । मनुष्य अपर्याप्त यह सान्तर मार्गणा है । इसका जघन्य काल खुद्दाभवग्रहणप्रमाण और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है, अतः यहाँ सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके संक्रामकोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल उक्त प्रमाण कहा है । सम्यक्त्वप्रकृति और सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामकोंका उत्कृष्ट काल तो पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण ही है किन्तु जघन्य कालमें कुछ विशेषता है । बात यह है कि ऐसे नाना जीव जिन्हें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रमसे एक समय शेष है, लब्ध्यपर्याप्त मनुष्योंमें उत्पन्न हुए और फिर द्वितीयादि समयोंमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रम करनेवाले अन्य जीव नहीं उत्पन्न हुए तो ऐसी हालतमें लब्ध्यपर्याप्त मनुष्योंमें इन दो प्रकृतियोंके संकामकोंका जघन्य काल एक समय बन जाता है । इसी प्रकार इन दो प्रकृतियोके असंक्रामकोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल घटित करना चाहिये । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणातक अपनी अपनी विशेषताको समझकर यथासम्भव प्रकृतियोंके संकामकों और असंक्रामकोंका काल कहना चाहिये ।

❀ अब नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तरकालका अधिकार है ।

§ १४४. यह सूत्र सुगम है, क्योंकि इसका काम एक मात्र अधिकारकी संहाल करना है ।

❀ सब कर्मोंके संक्रामकोंका अन्तरकाल नहीं है ।

§ १४५. अब उच्चारणा द्वारा इस सूत्रका विवरण करते हैं । यथा—अन्तरानुगमकी अपेक्षा

दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण सव्वपयडीणं संकामयाणं णत्थि अंतरं। एवं चदुसु गदीसु। णवरि मणुसअपज्ज० सत्तावीसं पयडीणं संकाम० जह० एगसमओ, उक्क० पलिदो० असंखे०भागो। एवं जाव०। णवरि सव्वत्थ जहासंभवं असंकामयाणमंतरं[1] गवेसणिज्जं, सव्विस्से परूवणाए सप्पडिवक्खत्तदंसणादो[2]।

❀ सण्णियासो।

§ १४६. एत्तो सण्णियासो कीरदि त्ति भणिदं होइ। तस्स दुविहो णिद्देसो ओघादेसभेदेण। तत्थोघपरूवणट्ठमाह—

❀ **मिच्छत्तस्स संकामओ सम्मामिच्छत्तस्स सिया संकामओ सिया असंकामओ।**

§ १४७. तं जहा—मिच्छत्तस्स संकामओ णाम अणावलियपविट्ठसंतकम्मिओ वेदयसम्माइट्ठी उवसमसम्माइट्ठी च णिरासाणो। सो च सम्मामिच्छत्तसंकमे भज्जो,

निर्देश दो प्रकारका है—ओघनिर्देश और आदेशनिर्देश। ओघसे सब प्रकृतियोंके संक्रामकोंका अन्तरकाल नहीं है। इसी प्रकार चारों गतियोंमें जानना चाहिये। किन्तु इतनी विशेषता है कि मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सत्ताईस प्रकृतियोंके संक्रामकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिये। किन्तु इतनी विशेषता है कि सर्वत्र यथासंभव असंक्रामकोंके अन्तरका विचारकर कथन करना चाहिये, क्योंकि सभी प्ररूपणा सप्रतिपक्ष देखी जाती है।

विशेषार्थ—ओघसे सब प्रकृतियोंके संक्रामकोंका सर्वदा सद्भाव होनेसे इनके अन्तरकालका निषेध किया है। यही बात चारों गतियोंमें भी जानना चाहिये। किन्तु लब्ध्यपर्याप्त मनुष्य यह सान्तर मार्गणा है और उसका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अतः इसमें जिन सत्ताईस प्रकृतियोंका संक्रम सम्भव है उनके संक्रामकोंका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण बतलाया है। इसीप्रकार अपनी-अपनी विशेषताको जानकर अन्य मार्गणाओंमें अन्तरकाल जानना चाहिये। शेष कथन सुगम है।

* अब सन्निकर्षका अधिकार है।

§ १४६. अब इसके आगे सन्निकर्षका विचार करते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघनिर्देश और आदेश निर्देश। उनमेंसे ओघका कथन करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

* **मिथ्यात्वका संक्रामक सम्यग्मिथ्यात्वका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है।**

§ १४७. जिसके मिथ्यात्वकी सत्ता उदयावलिके भीतर प्रविष्ट नहीं हुई है वह वेदकसम्यग्दृष्टि जीव तथा सासादनके विना उपशमसम्यग्दृष्टि जीव मिथ्यात्वका संक्रामक होता है। इसके सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रम भजनीय है, क्योंकि प्रथमोपशम सम्यक्त्वके उत्पन्न होनेके प्रथम

1. आ०प्रतौ -सभवं सकामयाणमंतरं इति पाठः। 2. ता० -आ०प्रत्योः सव्वपयडिवक्खत्त-दंसणादो इति पाठः।

पढमसम्मत्तुप्पाइयपढमसमए तदभावादो। अण्णत्थ सव्वत्थ वि तदुवलंभादो।

❀ सम्मत्तस्स असंकामश्रो।

§ १४८. कुदो? दोण्हं परोप्परपरिहारेणावट्ठिदत्तादो। एत्थ मिच्छत्तस्स संकामओ त्ति अहियारसंबंधो कायव्वो। सुगममण्णं।

❀ अणंताणुबंधीणं सिया कम्मंसिश्रो सिया अकम्मंसिश्रो। जदि कम्मंसिश्रो सिया संकामश्रो सिया असंकामश्रो।

§ १४९. एत्थ वि पुव्वं व अहियारसंबंधो कायव्वो, तेण मिच्छत्तसंकामओ सम्माइट्ठी अणंतणुबंधिचउक्कस्स सिया कम्मंसिओ। तेसिमविसंजोयणाए सिया अकम्मंसिओ, विसंजोयणाए णिस्संतीकरणस्स वि संभवादो। तत्थ जइ कम्मंसिओ तो तेसिं संकमे भयणिज्जो, आवलियपविट्ठसंतकम्मियम्मि तदणुवलंभादो इयरत्थ वि तदुवलंभादो त्ति सुत्तत्थो।

❀ सेसाणमेक्कवीसाए कम्माणं सिया संकामश्रो सिया असंकामश्रो।

§ १५०. एत्थ वि पुव्वं व अहियारसंबंधो। कथमेदेसिमसंकामयत्तमेदस्स चे?

समयमें सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रम न होकर वह अन्यत्र सर्वत्र पाया जाता है।

*** वह सम्यक्त्वका असंक्रामक है।**

§ १४८. क्योंकि ये दोनों संक्रम एक दूसरेके अभावमें पाये जाते हैं। आशय यह है कि मिथ्यात्वका संक्रम सम्यग्दृष्टि जीवके होता है और सम्यक्त्वका संक्रम मिथ्यादृष्टि जीवके होता है, अत इनका एक साथ पाया जाना सम्भव नहीं है। इस सूत्रमें 'मिच्छत्तस्स संकामओ' इस पदका अधिकारवश सम्बन्ध कर लेना चाहिये। शेष कथन सुगम है।

*** उसके अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी कदाचित् सत्ता है और कदाचित् सत्ता नहीं है। यदि सत्ता है तो वह अनन्तानुबन्धीचतुष्कका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है।**

§ १४९. यहां भी पूर्ववत् अधिकारवश 'मिच्छत्तस्स संकामओ' पदका सम्बन्ध कर लेना चाहिये। इसलिये यह अर्थ हुआ कि मिथ्यात्वका संक्रामक जो सम्यग्दृष्टि जीव है वह जब तक अनन्तानुबन्धियोंकी विसंयोजना नहीं हुई है तब तक उनकी सत्तावाला है और अनन्तानुबन्धियोंकी विसंयोजना होकर अभाव हो जानेपर उनकी सत्तासे रहित है। अब यदि सत्तावाला है तो उसके इनका संक्रम भजनीय है, क्योंकि अनन्तानुबन्धियोंकी सत्ता आवलिके भीतर प्रविष्ट हो जानेपर उनका संक्रम नहीं पाया जाता। किन्तु अन्यत्र पाया जाता है यह इस सूत्रका अर्थ है। तात्पर्य यह है कि ऐसे जीवके विसंयोजनाकी अन्तिम फालिके पतनके समय एक समय कम एक आवलि काल तक अनन्तानुबन्धीका संक्रम नहीं होता।

*** वह शेष इक्कीस प्रकृतियोंका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है।**

§ १५०. यहां भी पूर्ववत् अधिकारवश 'मिच्छत्तस्स संकामओ' पदका सम्बन्ध कर लेना चाहिये।

सव्वोवसमकरणे। ण च सव्वप्पणोवसंताणं संकमसंभवो, विरोहादो[1]। जइ एवं, मिच्छत्तस्स वि तत्थ संकमो मा होउ, उवसंतत्तं पडि विसेसाभावादो त्ति? ण, दंसणतियम्मि उदयाभावो चेव उवसमो त्ति गहणादो।

§ १५१. एवं मिच्छत्तणिरुंभणेण सेसपयडीणमोघेण सण्णियासं काऊण सम्मत्त-सम्मामिच्छत्तादीणमप्पणं कुणमाणो उत्तरसुत्तं भणइ।

❀ एवं सण्णियासो कायव्वो।

§ १५२. एवमेदीए दिसाए सेसकम्माणं[2] पि सण्णियासो[3] णेदव्वो त्ति भणिदं होइ।

शंका—मिथ्यात्वका संक्रामक जीव उक्त इक्कीस प्रकृतियोंका असंक्रामक कैसे है?

समाधान—उक्त इक्कीस प्रकृतियोंका सर्वोपशम हो जानेपर यह उनका असंक्रामक होता है। यदि कहा जाय कि जिन प्रकृतियोंका सर्वोपशम हो गया है उनका भी संक्रम सम्भव है सो यह बात नहीं है, क्योंकि ऐसा माननेमें विरोध आता है।

शंका—यदि ऐसा है तो मिथ्यात्वका भी वहाँ संक्रम मत होओ, क्योंकि उपशान्तपनेकी अपेक्षा उनसे इसमें कोई विशेषता नहीं है?

समाधान—नहीं, क्योंकि दर्शनमोहनीयकी तीन प्रकृतियोंमें उनका उदयमें न आना ही उपशम है यह अर्थ लिया गया है।

विशेषार्थ—सूत्रमें यह बतलाया है कि जो मिथ्यात्वका संक्रामक है वह कदाचित् अप्रत्याख्यानावरणचतुष्क आदि २१ प्रकृतियोंका संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक। जब तक इन इक्कीस प्रकृतियोंका उपशम नहीं होता तब तक संक्रामक है और उपशम हो जानेपर असंक्रामक है। इस पर यह शंका हुई कि जो द्वितीयोपशमसम्यग्दृष्टि २१ प्रकृतियोंका उपशम करता है उसके दर्शनमोहनीयत्रिकका भी उपशम रहता है, अतः जैसे उसके २१ प्रकृतियोंका संक्रम नहीं होता वैसे मिथ्यात्वका भी संक्रम नहीं होना चाहिये, इसलिये मिथ्यात्वका संक्रामक उक्त २१ प्रकृतियोंका असंक्रामक भी है यह कहना नहीं बनता है। इस शंकाका जो समाधान किया है उसका भाव यह है कि दर्शनमोहनीयकी तीन प्रकृतियोंका उदयमें न आना यही उनका उपशम है, अतः उनका उपशम रहते हुए भी संक्रम बन जाता है इसलिये चूर्णिसूत्रकारने जो यह कहा है कि 'जो मिथ्यात्वका संक्रामक है वह शेष २१ प्रकृतियोका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है' सो इस कथनमें कोई बाधा नहीं आती है। आशय यह है कि उपशमनाके विधानानुसार २१ प्रकृतियोंका सर्वोपशम होता है किन्तु तीन दर्शनमोहनीयका उपशम हो जाने पर भी उनका यथासम्भव संक्रम और अपकर्षण ये दोनों क्रियाएं होती रहती हैं, अतः उक्त कथन बन जाता है।

§ १५१. इस प्रकार मिथ्यात्वको विवक्षित करके शेष प्रकृतियोंका ओघसे सन्निकर्ष बतला कर अब सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व आदि प्रकृतियोंको प्रधान करके आगेका सूत्र कहते हैं।

* इसी प्रकार शेष कर्मोंका सन्निकर्ष करना चाहिये।

§ १५२. इस प्रकार इसी पद्धतिसे शेष कर्मोंके सन्निकर्षका भी कथन करना चाहिये यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

१. ता० प्रतौ -सभवाविरोहादो इति पाठः। २ आ०प्रतौ एवमेदीए सेसकम्माण इति पाठः। ३ ता०प्रतौ -कम्माण सण्णियासो इति पाठः।

§ १५३. संपहि एदेण सुत्तेण सूचिदत्थविवरणट्ठमुच्चारणं वत्तइस्सामो। तं जहा—सम्मत्तस्स संकामओ मिच्छ० असंका०। सम्मामि०-बारसक०-णवणोक० णियमा संकामओ। अणंताणु०चउक्कस्स सिया संकामओ सिया असंकामओ।

§ १५४. सम्मामि० संकामेंतो मिच्छ०-सम्म०-अणंताणु०४ सिया अत्थि सिया णत्थि। जइ अत्थि, सिया संका० सिया असंका०। बारसक०-णवणोक० सिया संका० सिया असंका०।

---

१५३. अब इस सूत्रसे सूचित होनेवाले अर्थका विवरण करनेके लिये उच्चारणाको बतलाते हैं। यथा—जो सम्यक्त्वका संक्रामक है वह मिथ्यात्वका असंक्रामक है; सम्यग्मिथ्यात्व, बारह कषाय और नौ नोकषायोंका नियमसे संक्रामक है तथा अनन्तानुबन्धी चतुष्कका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है।

विशेषार्थ—सम्यक्त्वका संक्रम मिथ्यात्वमें होता है किन्तु वहां मिथ्यात्वका संक्रम नहीं होता अतः जो सम्यक्त्वका संक्रामक है वह मिथ्यात्वका असंक्रामक है यह कहा है। सम्यग्मिथ्यात्व, बारह कषाय और नौ नोकषायोंका संक्रम सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टि दोनोंके होता है, अतः सम्यक्त्वके संक्रामकको उक्त प्रकृतियोंका संक्रामक नियमसे बतलाया है। यद्यपि अनन्तानुबन्धीचतुष्कका संक्रम सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टि दोनोंके होता है तथापि जिसने अनन्तानुबन्धी चतुष्ककी विसंयोजना की है उसके मिथ्यात्वमें आनेपर एक आवलिकालतक उनका संक्रम नहीं होता, अतः सम्यक्त्वके संक्रामकको अनन्तानुबन्धीचतुष्कका कदाचित् संक्रामक और कदाचित् असंक्रामक बतलाया है।

§ १५४. जो सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रामक है उसके मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कका कदाचित् सत्त्व है और कदाचित् सत्त्व नहीं है। यदि सत्त्व है तो वह उनका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है। बारह कषाय और नौ नोकषायोंका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है।

विशेषार्थ—सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रम करनेवाले जिसने अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी विसंयोजना की है और जो दर्शनमोहनीयकी क्षपणा करते हुए मिथ्यात्वका क्षय कर चुका है उसके अनन्तानुबन्धीचतुष्क और मिथ्यात्वका सत्त्व नहीं पाया जाता। तथा जो सम्यक्त्वकी उद्वेलना कर चुका है उसके भी सम्यक्त्वकी सत्ता नहीं पाई जाती है। किन्तु इसके अतिरिक्त सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रम करनेवाले शेष सब जीवोंके उक्त प्रकृतियोंकी सत्ता पाई जाती है। सो यह जीव इन प्रकृतियोंका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है। मिथ्यात्वका मिथ्यात्व गुणस्थानमें असंक्रामक है और सम्यग्दृष्टि अवस्थामें संक्रामक है। सम्यक्त्वका सम्यग्दृष्टि अवस्थामें असंक्रामक है मिथ्यात्व गुणस्थानमें संक्रामक है। अनन्तानुबन्धीका दो स्थलोंमें असंक्रामक है। शेष सब जगह संक्रामक है। एक तो जब विसंयोजना करते हुए अनन्तानुबन्धीकी सत्ता आवलिप्रविष्ट हो जाती है तब असंक्रामक है और दूसरे जिसने अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना की है ऐसा जीव जब मिथ्यात्वमें जाता है तब एक आवलि काल तक असंक्रामक है। इसी प्रकार बारह कषाय और नौ नोकषायोंका उपशम होनेके पूर्व संक्रामक है और उपशम होने पर असंक्रामक है। किन्तु लोभसंज्वलनका आनुपूर्वी संक्रमणके प्रारम्भ होनेपर असंक्रामक है। लोभसंज्वलनसम्बन्धी इस विशेषताका अन्यत्र जहां कहीं उल्लेख न किया हो वहाँ भी इसी प्रकार जान लेना चाहिये।

§ १५५. अणंताणुबंधिकोधं संकामेंतो मिच्छ० सिया संका० सिया असंका० । सम्म०-सम्मामि० सिया अत्थि सिया णत्थि । जदि अत्थि, सिया संकाम० सिया असंकाम० । पण्णारसक०-णवणोक० णियमा संकामओ । एवं तिण्हमणंताणुबंधिकसायाणं ।

§ १५६. अपच्चक्खाणकोधं संकामेंतो मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि०-अणंताणु०४ सिया अत्थि सिया णत्थि । जइ अत्थि, सिया संकाम० सिया असंकाम० । दसकसायाणं णियमा संकामओ । लोभसंजलण-णवणोकसायाणं सिया संकाम० सिया असंकाम० । एवं पच्चक्खाणकोहं ।

§ १५५ जो अनन्तानुबन्धी क्रोधका संक्रामक है वह मिथ्यात्वका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व कदाचित् हैं और कदाचित् नहीं हैं। यदि हैं तो इनका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है। किन्तु पन्द्रह कषाय और नौ नोकषायोंका नियमसे संक्रामक है। मान आदि तीन अनन्तानुबन्धियोंका इस प्रकार कथन करना चाहिये।

विशेषार्थ—अनन्तानुबन्धीका संक्रम मिथ्यादृष्टि और सम्यग्दृष्टि दोनोंके सम्भव है किन्तु मिथ्यात्वका संक्रम केवल सम्यग्दृष्टिके ही होता है, अतः जो अनन्तानुबन्धी क्रोधका संक्रामक है वह मिथ्यात्वका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है यह कहा है। जो अनादि मिथ्यादृष्टि है या जिस मिथ्यादृष्टिने सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी उद्वेलना कर दी है उसके सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व नहीं हैं शेषके हैं। तथा सासादन और मिश्र गुणस्थानमें तो इनका सद्भाव नियमसे है। किन्तु एक तो इन दोनों गुणस्थानोंमें दर्शनमोहनीयकी प्रकृतियोंका संक्रम नहीं होता और दूसरे उद्वेलनाके अन्तमें जब इनकी सत्ता आवलिके भीतर प्रविष्ट हो जाती है तब इनका संक्रम नहीं होता, अतः 'जो अनन्तानुबन्धीका संक्रामक है वह सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् संक्रामक नहीं है' यह कहा है। यहाँ इतना विशेष और जानना चाहिये कि सम्यक्त्वका संक्रम सम्यग्दृष्टि अवस्थामें नहीं होता है। शेष कथन सुगम है।

§ १५६ जो अप्रत्याख्यानावरण क्रोधका संक्रामक है उसके मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्क कदाचित् हैं और कदाचित् नहीं हैं। यदि हैं तो इनका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है। तथापि अप्रत्याख्यानावरण मान आदि दश कषायोंका नियमसे संक्रामक है। किन्तु लोभ संज्वलन और नौ नोकषायोंका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है। इसी प्रकार प्रत्याख्यानावरण क्रोधका संक्रम करनेवाले जीवके जानना चाहिये।

विशेषार्थ—जिस जीवने अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी विसंयोजना और तीन दर्शनमोहनीयका क्षय कर दिया है उस अप्रत्याख्यानावरणक्रोधके संक्रामकके ये सात प्रकृतियां नहीं पाई जातीं, शेषके पाई जाती हैं। उसमें भी सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके सत्त्वके सम्बन्धमें और भी कई नियम हैं जिनका यथायोग्य पहले विवेचन किया ही है उसी प्रकार यहाँ भी जानना चाहिये। इन सात प्रकृतियोंका सत्त्व रहने पर भी अवस्था विशेषमें इनका संक्रम होता है और अवस्था विशेषमें इनका संक्रम नहीं होता, अतः जो अप्रत्याख्यानावरण क्रोधका संक्रामक है वह इनका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् संक्रामक नहीं है यह कहा है। अन्तरकरण करनेके बाद

§ १५७. अपच्चक्खाणमाणं संकामेंतो मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि०-अणंताणु० चउक्काणमपच्चक्खाणकोहभंगो। सत्तकसायाणं णियमा संकामओ। चत्तारिकसाय-णवणोकसायाणं सिया संकाम० सिया असंकाम०। एवं पच्चक्खाणमाणं।

§ १५८. अपच्चक्खाणमायं[1] संकामेंतो मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि०-अणंताणु० चउक्काणमपच्चक्खाणकोहभंगो। चत्तारि कसायाणं णियमा संकामओ। सत्तक०-णवणोक० सिया संकाम० सिया असंकाम०। एवं पच्चक्खाणमायं।

§ १५९. अपच्चक्खाणलोभं संकामेंतो दंसणतिय-अणंताणुबंधिचउक्काणमपच्च-

आनुपूर्वी संक्रम चालू हो जानेसे लोभसंज्वलनका संक्रम नहीं होता और अप्रत्याख्यानावरण क्रोधका उपशम होनेके पूर्व ही नौ नोकषायोंका उपशम हो जाता है ऐसा नियम है, अत. अप्रत्याख्यानावरण क्रोधका संक्रम चालू रहते हुए भी उक्त दस प्रकृतियोंका संक्रम होना रुक जाता है। इसीसे यहाँ पर जो अप्रत्याख्यानावरण क्रोधका संक्रामक है वह उक्त प्रकृतियोंका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है यह कहा है। किन्तु इसके शेष अप्रत्याख्यानावरण मान आदि दस कषायोंका संक्रम अवश्य होता रहता है, क्योंकि अप्रत्याख्यानावरण क्रोधसे पहले न तो इन दस प्रकृतियोंका अभाव ही होता है और न उपशम ही होता है। प्रत्याख्यानावरण क्रोधकी स्थिति अप्रत्याख्यानावरण क्रोधसे मिलती जुलती है अतः इन दोनोंका कथन एक समान कहा है।

§ १५७. जो अप्रत्याख्यानावरण मानका संक्रामक है उसके मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कका भंग अप्रत्याख्यानावरण क्रोधके समान है। तथापि यह सात कषायोंका नियमसे संक्रामक है। तथा चार कषाय और नौ नोकषायोंका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है। इसी प्रकार प्रत्याख्यानावरण मानका संक्रम करनेवाले जीवके विषयमें जानना चाहिये।

विशेषार्थ—अप्रत्याख्यानावरण मानके पहले अप्रत्याख्यानावरण माया और लोभ, प्रत्याख्यानावरण मान, माया और लोभ तथा संज्वलन मान और माया इन सात प्रकृतियोंका उपशम नहीं होता, अतः इन प्रकृतियोंका यह जीव नियमसे संक्रामक है यह कहा है। शेष कथन सुगम है।

§ १५८. जो अप्रत्याख्यानावरण मायाका संक्रामक है उसके मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कका भंग अप्रत्याख्यानावरण क्रोधके समान है। तथापि यह चार कषायोंका नियमसे संक्रामक है। तथा सात कषाय और नौ नोकषायोंका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है। इसी प्रकार प्रत्याख्यानावरण मायाका संक्रम करनेवाले जीवके विषयमें जानना चाहिये।

विशेषार्थ—अप्रत्याख्यानावरण मायासे पहले अप्रत्याख्यानावरण लोभ, प्रत्याख्यानावरण माया और लोभ तथा संज्वलन माया इन चार प्रकृतियोंका उपशम नहीं होता, अतः इन प्रकृतियोंका यह जीव नियमसे संक्रामक है यह कहा है। शेष कथन सुगम है।

१५९. जो जीव अप्रत्याख्यानावरण लोभका संक्रम करता है उसके तीन दर्शनमोहनीय

[1] ता०प्रतौ -क्खाणमायं। अपच्चक्खाणमाणं इति पाठः।

क्खाणकोधभंगो। पच्चक्खाणलोभं णियमा संकामेइ। दसकसाय-णवणोकसायाणं सिया संकामओ सिया असंकाम०। एवं पच्चक्खाणलोभं।

§ १६०. कोधसंजलणं संकामेंतो मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि०-बारसक०-णवणोक० सिया अत्थि सिया णत्थि। जइ अत्थि, सिया संका० सिया असंका०। दोण्हं संजलणाणं णियमा संकामओ। लोभसंजलणस्स सिया संकाम० सिया असंका०।

§ १६१. माणसंजलणं संकामेंतो मायासंजलणस्स णियमा संकामओ। लोभसंजल० सिया संका० सिया असंका०। सेसं सिया अत्थि सिया णत्थि। जइ अत्थि, सिया संकाम० सिया असंका०।

§ १६२. मायासंजलणं संकामेंतो लोभसंजल० सिया संका० सिया असंका०।

और चार अनन्तानुबन्धियोंका भंग अप्रत्याख्यानावरण क्रोधके समान है। वह प्रत्याख्यानावरण लोभका नियमसे संक्रामक है। तथा दस कषाय और नौ नोकषायोंका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है। इसी प्रकार प्रत्याख्यानावरण लोभका संक्रम करनेवाले जीवके विषयमें भी जानना चाहिये।

विशेषार्थ—अप्रत्याख्यानावरण लोभ और प्रत्याख्यानावरण लोभ इनका उपशम एक साथ होता है। अतः एकका संक्रामक दूसरेका संक्रामक नियमसे है यह कहा है। शेष कथन सुगम है।

§ १६०. जो क्रोधसंज्वलनका संक्रम करता है उसके मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, बारह कषाय और नौ नोकषाय इनका सत्त्व कदाचित् है और कदाचित् नहीं है। यदि है तो इनका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है। किन्तु वह दो संज्वलनोंका नियमसे संक्रामक है। लोभसंज्वलनका कदाचित् संक्रामक है कदाचित् असंक्रामक है।

विशेषार्थ—क्षपकश्रेणिकी अपेक्षा क्रोधसंज्वलनवालेके मिथ्यात्व आदि २४ प्रकृतियोंका सत्त्वनाश हो जाता है यह स्पष्ट ही है। अतः क्रोधसंज्वलनके संक्रामकके उक्त चौबीस प्रकृतियाँ कदाचित् हैं और कदाचित् नहीं हैं यह बात बन जाती है। इन प्रकृतियोंका सत्त्व रहने पर भी यथायोग्य स्थानमें इनका संक्रम नहीं होता, अन्यत्र होता है, अतः जो संज्वलन क्रोधका संक्रामक है वह उक्त चौबीस प्रकृतियोंका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है, यह कहा है। किन्तु इस जीवके संज्वलन मान और मायाका सत्त्वनाश या उपशम पीछेसे होता है, अतः यह इन दोनों प्रकृतियोंका नियमसे संक्रामक है। तथा लोभसंज्वलनका आनुपूर्वी संक्रमका प्रारम्भ होनेके पूर्वतक संक्रामक है और उसके बाद असंक्रामक है।

§ १६१. जो मान संज्वलनका संक्रामक है वह माया संज्वलनका नियमसे संक्रामक है। वह लोभसंज्वलनका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है। इसके शेष प्रकृतियाँ कदाचित् हैं और कदाचित् नहीं हैं। यदि हैं तो उनका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है।

विशेषार्थ—मानसंज्वलनके संक्रामकके एक माया संज्वलन ही ऐसी प्रकृति बचती है जिसका वह नियमसे संक्रम करता है। शेष कथनका खुलासा पूर्ववत् जानना चाहिये।

§ १६२. जो माया संज्वलनका संक्रामक है वह लोभ संज्वलनका कदाचित् संक्रामक है

सेसं सिया अत्थि सिया णत्थि। जदि अत्थि, सिया संका० सिया असंका०।

§ १६३. लोभसंजलणं संकामेंतो मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि०-बारसक० सिया अत्थि सिया णत्थि। जइ अत्थि, सिया संका० सिया असंका०। तिण्हं संजलणाणं णवणोकसायाणं च णियमा संकामओ।

§ १६४. इत्थिवेदं संकामेंतो मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि०-बारसक०-णवुंसयवेद० सिया अत्थि सिया णत्थि। जइ अत्थि, सिया संका० सिया असंका०। तिण्हं संजलणाणं सत्तणोकसायाणं च णियमा संकामओ। लोभसंजलणस्स सिया संका० सिया असंका०। एवं णवुंसयवेदं पि। णवरि इत्थिवेदस्स णियमा संकामओ।

और कदाचित् असंक्रामक है। शेष प्रकृतियाँ कदाचित् हैं और कदाचित् नहीं हैं। यदि हैं तो उनका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है।

विशेषार्थ—मायासंज्वलनके संक्रामकके लोभसंज्वलन अवश्य पाया जाता है किन्तु इसका आनुपूर्वीसंक्रमका प्रारम्भ होनेपर संक्रम नहीं होता अतः यह लोभसंज्वलनका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है यह कहा है। शेष खुलासा पूर्ववत् जानना चाहिये।

§ १६३. जो लोभसंज्वलनका संक्रामक है उसके मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व और बारह कषाय ये प्रकृतियाँ कदाचित् हैं और कदाचित् नहीं हैं। यदि हैं तो वह इनका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है। किन्तु तीन संज्वलन और नौ नोकषायोका नियमसे संक्रामक है।

विशेषार्थ—आनुपूर्वीसंक्रम अन्तरकरण करनेके बाद प्रारम्भ होता है किन्तु मिथ्यात्व आदि पन्द्रह प्रकृतियोंकी क्षपणा पहले सम्भव है, इसीसे लोभसंज्वलनके संक्रामकके मिथ्यात्व आदि पन्द्रह प्रकृतियोंका कदाचित् सत्त्व और कदाचित् असत्त्व बतलाकर उनके संक्रमके विषयमें भी अनियम बतलाया है। अब रहीं शेष तीन संज्वलन और नौ नोकषाय ये बारह प्रकृतियां सो इनकी असंक्रमरूप अवस्था आनुपूर्वी संक्रमके प्रारम्भ होनेके बाद प्राप्त होती है, अतः लोभसंज्वलनके संक्रामकको इनका संक्रामक नियमसे बतलाया है।

§ १६४. जो स्त्रीवेदका संक्रामक है उसके मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, बारह कषाय और नपुंसकवेद ये सोलह प्रकृतियां कदाचित् हैं और कदाचित् नहीं हैं। यदि हैं तो इनका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है। किन्तु तीन संज्वलन और सात नोकषायोंका नियमसे संक्रामक है। तथा लोभसंज्वलनका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है। जो नपुंसकवेदका संक्रामक है उसका भी इसी प्रकारसे कथन करना चाहिये किन्तु यह स्त्रीवेदका नियमसे संक्रामक है।

विशेषार्थ—क्षपकके स्त्रीवेदकी सत्त्वव्युच्छित्तिके पूर्व ही इन मिथ्यात्व आदि सोलह प्रकृतियोंकी सत्त्वव्युच्छित्ति हो जाती है। इसीसे स्त्रीवेदके संक्रामकके इनके सत्त्वके विषयमें अनियम बतलाकर संक्रमके विषयमें भी अनियम बतलाया है। किन्तु इसके संज्वलन क्रोध आदि तीन संज्वलन और सात नोकषाय इनका संक्रम पीछे तक होता रहता है, इसलिये इसे इन दस प्रकृतियोंका नियमसे संक्रामक बतलाया है। अब रहा लोभ संज्वलन सो आनुपूर्वी संक्रम चालू हो जानेके समयसे ही इ[illegible]क्रम होना बन्द हो जाता है अतः यह लोभसंज्वलनका कदाचित् संक्रामक है और कदाचि[illegible]मक है यह बतलाया है। नपुंसकवेदीके स्त्रीवेदकी क्षपणा एक समय पूर्व या

§ १६५. पुरिसवेदं संकामेंतो तिण्हं संजलणाणं णियमा संकामओ। लोभसंजलणस्स सिया संका० सिया असंका०। सेसं सिया अत्थि सिया णत्थि। जइ अत्थि, सिया संका० सिया असंका०।

§ १६६. हस्सं संकामेंतो संजलणतियपुरिसवेद-पंचणोकसायाणं णियमा संकामओ। लोभसंजलणस्स सिया संकामओ०। सेसं सिया अत्थि०। जदि अत्थि सिया संकामओ सिया असंका०। एवं पंचणोकसायाणं पि[1]।

§ १६७. आदेसेण णेरइएसु मिच्छत्तं संकामेंतो सम्मत्तस्स असंकामओ। सम्मामि० सिया संका० सिया असंका०। अणंताणु०चउक्कं सिया अत्थि०। जइ अत्थि सिया संकामओ०। बारसक०-णवणोक० णियमा संकामओ। सम्मत्ताणंताणु०-चउक्क० ओघं। सम्मामिच्छत्तं संकामेंतो मिच्छ० सिया संकामओ०। सम्मा०-

---

उसीके साथ होती है अतः नपुंसकवेदका संक्रामक स्त्रीवेदका भी नियमसे संक्रामक ठहरता है। शेष कथन पूर्ववत् है।

§ १६५. जो पुरुषवेदका संक्रामक है वह तीन संज्वलनोंका नियमसे संक्रामक है। लोभसंज्वलनका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है। शेष प्रकृतियां कदाचित् हैं और कदाचित् नहीं हैं। यदि हैं तो उनका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है।

विशेषार्थ—क्रोध आदि तीन संज्वलनोंका संक्रम पीछे तक होता रहता है इसलिये पुरुषवेदके संक्रामकको इनका संक्रामक नियमसे बतलाया है। आनुपूर्वी संक्रमके चालू हो जानेके समयसे लोभसंज्वलनका संक्रम नहीं होता किन्तु तब भी पुरुषवेदका संक्रम होता रहता है, इसलिये पुरुषवेदके संक्रामकके लोभसंज्वलनके संक्रमके विषयमें अनियम बतलाया है। शेष कथन सुगम है।

§ १६६. जो हास्यका संक्रामक है वह तीन संज्वलन, पुरुषवेद और पाँच नोकषायोंका नियमसे संक्रामक है। लोभसंज्वलनका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है। शेष प्रकृतियां कदाचित् हैं और कदाचित् नहीं हैं। यदि हैं तो उनका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है। इसीप्रकार पाँच नोकषायोंके संक्रामकका आश्रय लेकर कथन करना चाहिये।

विशेषार्थ—क्रोध आदि तीन संज्वलन और पुरुषवेदका संक्रम पीछे तक होता रहता है। तथा पाँच नोकषायोंका संक्रम हास्यके संक्रमका सहचारी है। इसीसे हास्यके संक्रामकको उक्त प्रकृतियोंका संक्रामक नियमसे बतलाया है। लोभसंज्वलनका संक्रम पूर्वमें ही रुक जाता है तब भी हास्यका संक्रम होता रहता है। इसीसे हास्यके संक्रामकके लोभसंज्वलनके संक्रमके विषयमें अनियम बतलाया है। शेष कथन सुगम है।

§ १६७. आदेशसे नारकियोंमें जो मिथ्यात्वका संक्रामक है। वह सम्यक्त्वका असंक्रामक है। सम्यग्मिथ्यात्वका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है। अनन्तानुबन्धीचतुष्क कदाचित् हैं और कदाचित् नहीं हैं। यदि हैं तो उनका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है। बारह कषाय और नौ नोकषायोंका नियमसे संक्रामक है। सम्यक्त्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके आश्रयसे सन्निकर्षका कथन ओघके समान है। जो सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रामक है वह मिथ्यात्वका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है। सम्यक्त्व और

---

१. ता० प्रतौ 'पि' इति पाठो नास्ति।

अणंताणु०४ सिया अत्थि०, जइ अत्थि सिया संकामओ० । बारसक०-णवणोक० णिरमा संका० । अपचक्खाणकोधं संकामेंतो मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि०अणंताणु०४ सिया अत्थि सिया णत्थि । जइ अत्थि सिया संका० सिया असंका० । एक्कारसक०-णवणोक० णियमा संकामओ । एवमेक्कारसक०-णवणोकसायाणं । एवं पढमाए तिरिक्ख-पंचिंदियतिरिक्खदुग-देवगदि-देवा सोहम्मादि णवगेवज्जा त्ति । विदियादि सत्तमा त्ति एवं चेव । णवरि अपच्चक्खाणकोधं संकामेंतो मिच्छत्तस्स सिया संकाम० सिया असंकाम० । एवं जोणिणी-भवणवासिय-वाणवेंतर-जोइसिएसु ।

§ १६८. पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज० सम्मत्तं संकामेंतो सम्मामि०-सोलसक०-णवणोकसायाणं णियमा संकामओ । सम्मामिच्छत्तं संकामेंतो सम्मत्तं सिया अत्थि । जदि अत्थि, सिया संकाम० । सोलसक०-णवणोक० णियमा संकामओ । अणंताणु०कोधं संकामेंतो सम्मत्त-सम्मामिच्छत्तं सिया अत्थि । जदि अत्थि, सिया संकामओ । पण्णारसक०-णवणोकसायाणं णियमा संकामओ । एवं पण्णारसक०-णवणोकसायाणं ।

अनन्तानुबन्धीचतुष्क कदाचित् हैं और कदाचित् नहीं हैं । यदि हैं तो इनका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है । बारह कषाय और नौ नोकषायोंका नियमसे संक्रामक है । जो अप्रत्याख्यानावरण क्रोधका संक्रामक है उसके मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्क कदाचित् हैं और कदाचित् नहीं हैं । यदि हैं तो इनका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है । ग्यारह कषाय और नौ नोकषायोंका नियमसे संक्रामक है । इसीप्रकार ग्यारह कषाय और नौ नोकषायोंका आश्रय लेकर कथन करना चाहिये । इसीप्रकार प्रथम पृथिवी, तिर्यञ्च, पंचेन्द्रियतिर्यञ्चद्विक, सामान्य देव और सौधर्मसे लेकर नौ ग्रैवयक तकके देवोंमें जानना चाहिये । किन्तु इतनी विशेषता है कि जो अप्रत्याख्यानावरण क्रोधका संक्रामक है वह मिथ्यात्वका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है । इसी प्रकार पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिनी, भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंके जानना चाहिये ।

§ १६८. पंचेन्द्रिय तिर्यंच अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्त जीवोंमें जो सम्यक्त्वका संक्रामक है वह सम्यग्मिथ्यात्व, सोलह कषाय और नौ नोकषायोंका नियमसे संक्रामक है । जो सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रामक है उसके सम्यक्त्व कदाचित् है और कदाचित् नहीं है । यदि है तो उसका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है । सोलह कषाय और नौ नोकषायोंका नियमसे संक्रामक है । अनन्तानुबन्धी क्रोधका जो संक्रामक है उसके सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व कदाचित् हैं और कदाचित् नहीं हैं । यदि हैं तो इनका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है । पन्द्रह कषाय और नौ नोकषायोंका नियमसे संक्रामक है । इसी प्रकार पन्द्रह कषाय और नौ नोकषायोंके संक्रामकका आश्रय लेकर सन्निकर्ष कहना चाहिये ।

विशेषार्थ—उक्त दो मार्गणाओंमें छब्बीस प्रकृतियाँ तो नियमसे हैं । किन्तु सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका सत्त्व पाया भी जाता है और नहीं भी पाया जाता है । उसमें भी जिसके

---

१. ता० प्रतौ पंचिंदियदुग इति पाठः ।

§ १६९. मणुसतिए ओघं। णवरि मणुसिणीसु पुरिसवेदं संकामेंतो छण्णोकसायाणं णियमा संकामओ। अणुद्दिस० जाव सव्वट्ठा त्ति मिच्छत्तं संकामेंतो सम्मामि०-बारसक०-णवणोक० णियमा संकामओ। अणंताणु०चउक्कं सिया अत्थि०। जदि अत्थि, सिया संकामओ०। एव सम्मामिच्छत्तस्स। अणंताणु०कोधं संकामेंतो मिच्छ०-सम्मामि०-पण्णारसक०-णवणोक० णियमा संकामओ। एव तिण्हं कसायाणं। अपच्चक्खाणकोहं संकामेंतो मिच्छ०-सम्मामि० सिया अत्थि०। जदि अत्थि, णियमा संकामओ। अणंताणु०४ सिया अत्थि०। जइ अत्थि, सिया संकामओ०। एक्कारसक०-णवणोकसायाणं णियमा संकामओ। एवमेक्कारसक०-णवणोकसायाणं। एवं जाव०।

§ १७०. भावो सव्वत्थ ओदइओ भावो।

※ अप्पाबहुअं।

§ १७१. अहियारसंभालणसुत्तमेदं। सुगमं।

※ सव्वत्थोवा सम्मत्तस्स संकामया।

सम्यक्त्वका सत्त्व है उसके सम्यग्मिथ्यात्वका सत्त्व नियमसे है। किन्तु जिसके सम्यग्मिथ्यात्वका सत्त्व है उसके सम्यक्त्वका सत्त्व है भी और नहीं भी है। इसी अपेक्षासे उक्त सन्निकर्ष कहा है।

§ १६९. मनुष्यत्रिकमें सन्निकर्ष ओघके समान है। किन्तु इतनी विशेषता है कि मनुष्यनियोंमें जो पुरुषवेदका संक्रामक है वह छह नोकषायोंका नियमसे संक्रामक है। आशय यह है कि इनके दोनोंका संक्रम एक साथ होता है अतः उक्त व्यवस्था बन जाती है। अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धितकके देवोंमें जो मिथ्यात्वका संक्रामक है वह सम्यग्मिथ्यात्व, बारह कषाय और नौ नोकषायोंका नियमसे संक्रामक है। अनन्तानुबन्धीचतुष्क कदाचित् हैं और कदाचित् नहीं हैं। यदि हैं तो उनका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है। इसी प्रकार सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामकका आश्रय लेकर सन्निकर्ष कहना चाहिये। जो अनन्तानुबन्धी क्रोधका संक्रामक है वह मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, पन्द्रह कषाय और नौ नोकषायोंका नियमसे संक्रामक है। इसी प्रकार अनन्तानुबन्धीमान आदि तीन कषायोंके संक्रामकका आश्रय लेकर सन्निकर्ष कहना चाहिये। जो अप्रत्याख्यानावरण क्रोधका संक्रामक है उसके मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्व कदाचित् हैं और कदाचित् नहीं हैं। यदि हैं तो उनका नियमसे संक्रामक है। अनन्तानुबन्धीचतुष्क कदाचित् हैं और कदाचित् नहीं है। यदि हैं तो उनका कदाचित् संक्रामक है और कदाचित् असंक्रामक है। ग्यारह कषाय और नौ नोकषायोंका नियमसे संक्रामक है। इसी प्रकार ग्यारह कषाय और नौ नोकषायोंके संक्रामकका आश्रय लेकर सन्निकर्ष कहना चाहिये। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिये।

§ १७०. भावका प्रकरण है। सर्वत्र औदयिक भाव है।

※ अब अल्पबहुत्वका अधिकार है।

§ १७१. अधिकारका निर्देश करनेवाला यह सूत्र सुगम है।

※ सम्यक्त्वके संक्रामक जीव सबसे थोड़े हैं।

§ १७२. कुदो ? उव्वेल्लणवावदपलिदोवमासंखेज्जभागमेत्तजीवरासिस्स[1] गहणादो।

❀ मिच्छत्तस्स संकामया असंखेज्जगुणा।

§ १७३. कुदो ? वेदगसम्माइट्ठिरासिस्स पहाणभावेणेत्थ गहणादो।

❀ सम्मामिच्छत्तस्स संकामया विसेसाहिया।

§ १७४. केत्तियमेत्तेण ? सादिरेयसम्मत्तसंकामयजीवमेत्तेण।

❀ अणंताणुबंधीणं संकामया अणंतगुणा।

§ १७५. कुदो ? एइंदियरासिस्स पहाणत्तादो।

❀ अट्ठकसायाणं संकामया विसेसाहिया।

§ १७६. केत्तियमेत्तेण ? चउवीस-तेवीस-बावीस-इगिवीससंतकम्मियजीवमेत्तेण।

❀ लोभसंजलणस्स संकामया विसेसाहिया।

§ १७७. केत्तियमेत्तेण ? तेरससंकामयमेत्तेण। कुदो ? अट्ठकसाएसु खीणेसु वि जाव अंतरं ण करेइ ताव लोहसंजलणस्स संकमदंसणादो।

---

§ १७२. क्योंकि उद्वेलनामें लगी हुई जो पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण जीवराशि है वह यहाँ ली गई है।

❀ मिथ्यात्वके संक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं।

§ १७३. क्योंकि यहाँ वेदकसम्यग्दृष्टियोंका प्रधानरूपसे ग्रहण किया है।

❀ सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामक जीव विशेष अधिक हैं।

§ १७४. शंका—कितने अधिक हैं ?

समाधान—सम्यक्त्वके संक्रामक जितने जीव हैं उतने हैं।

❀ अनन्तानुबन्धीके संक्रामक जीव अनन्तगुणे हैं।

§ १७५. क्योंकि अनन्तानुबन्धियोंके संक्रामकोंमें एकेन्द्रिय राशिकी प्रधानता है।

❀ आठ कषायोंके संक्रामक विशेष अधिक हैं।

§ १७६. शंका—कितने अधिक हैं ?

समाधान—चौबीस, तेईस, बाईस और इक्कीसप्रकृतिक सत्त्वस्थानवाले जीवोंका जितना प्रमाण है उतने अधिक हैं।

❀ लोभसंज्वलनके संक्रामक जीव विशेष अधिक हैं।

§ १७७ शंका—कितने अधिक हैं।

समाधान—तेरह प्रकृतियोंका संक्रम करनेवाले जीवोंका जितना प्रमाण है उतने अधिक हैं, क्योंकि आठ कषायोंका क्षय हो जाने पर भी जब तक अन्तर नहीं करता है तब तक लोभ-संज्वलनका संक्रम देखा जाता है।

---

१. ता०प्रतौ -मेत्तरासिस्स इति पाठः।

❀ णवुंसयवेदस्स संकामया विसेसाहिया।

§ १७८. कुदो? अंतरकरणे कदे लोहसंजलणस्स संकमाभावे वि णवुंसयवेदस्स तत्थ अंतोमुहुत्तकालं संकमपाओग्गत्तदंसणादो। केत्तियमेत्तो विसेसो? बारस-संकामयमेत्तो।

❀ इत्थिवेदस्स संकामया विसेसाहिया।

§ १७९. कुदो? णवुंसयवेदे खीणे वि इत्थिवेदस्स अंतोमुहुत्तकालं संकमसंभव-दंसणादो। के०मेत्तो विसेसो? एक्कारससंकामयजीवमेत्तो।

❀ छण्णोकसायाणं संकामया विसेसाहिया।

§ १८०. के०मेत्तेण? दससंकामयजीवमेत्तेण।

❀ पुरिसवेदस्स संकामया विसेसाहिया।

§ १८१. छसु कम्मंसेसु खीणेसु उवरिदुसमऊण-दोआवलियमेत्तकालमेदस्स संकमसंभवेण तत्थ संचिदचदुसंकामयमेत्तेण विसेसाहियत्तमेत्थ गहेयव्वं।[1]

❀ कोहसंजलणस्स संकामया विसेसाहिया।

---

* नपुंसकवेदके संक्रामक जीव विशेष अधिक हैं।

§ १७८. क्योंकि अन्तरकरण करनेके बाद यद्यपि लोभ संज्वलनका संक्रम नहीं होता है तथापि वहाँ अन्तर्मुहूर्त कालतक नपुंसकवेदके संक्रमकी योग्यता देखी जाती है।

शंका—विशेषका प्रमाण कितना है।

समाधान—बारह प्रकृतियोंके संक्रामकोंका जितना प्रमाण है उतना है।

* स्त्रीवेदके संक्रामक जीव विशेष अधिक हैं।

§ १७९. क्योंकि नपुंसकवेदका क्षय हो जाने पर भी अन्तर्मुहूर्त काल तक स्त्रीवेदका संक्रम देखा जाता है।

शंका—विशेषका प्रमाण कितना है?

समाधान—ग्यारह प्रकृतियोंके संक्रामक जीवोंका जितना प्रमाण है उतना है।

* छह नोकषायोंके संक्रामक जीव विशेष अधिक हैं।

§ १८०. शंका—कितने अधिक हैं?

समाधान—दस प्रकृतियोंके संक्रामकोंका जितना प्रमाण है उतने अधिक हैं।

* पुरुषवेदके संक्रामक जीव विशेष अधिक हैं।

§ १८१. छह नोकषायोंका क्षय हो जानेपर दो समयकम दो आवलि काल तक पुरुषवेदका संक्रम सम्भव होनेसे उस कालके भीतर चार प्रकृतियोंके संक्रामकोंका जितना प्रमाण प्राप्त हो उतना यहाँ विशेष अधिक लेना चाहिये।

* क्रोधसंज्वलनके संक्रामक जीव विशेष अधिक हैं।

---

१. ता०-आ०प्रत्योः उवरिममसऊण- इति पाठः।

§ १८२. के०मेत्तेण ? अंतोमुहुत्तसंचिदतिविहसंकामयमेत्तेण ।

❀ माणसंजलणस्स संकामया विसेसाहिया ।

§ १८३. विसेसपमाणमेत्थ दुविहसंकामयमेत्तं ।

❀ मायासंजलणस्स संकामया विसेसाहिया ।

§ १८४. एक्किस्से संकामयजीवमेत्तेण ।

एवमोघो समत्तो ।

§ १८५. संपहि आदेसेण णिरयगईए पयदप्पाबहुअपरूवणट्ठमुरिमो पबंधो—

❀ णिरयगदीए सव्वत्थोवा सम्मत्तसंकामया ?

§ १८६. कुदो ? सम्मत्तमुव्वेल्लमाणमिच्छाइट्ठिरासिस्स गहणादो ।

❀ मिच्छत्तस्स संकामया असंखेज्जगुणा ।

§ १८७. कुदो ? णेरइयवेदयसम्माइट्ठीणमुवसमसम्माइट्ठिसहिदाणमिह ग्गहणादो ।

❀ सम्मामिच्छत्तस्स संकामया विसेसाहिया ।

§ १८८. के०मेत्तेण ? सादिरेयसम्मत्तसंकामयमेत्तेण ।

---

§ १८२. शंका—कितने अधिक हैं ?

समाधान—अन्तर्मुहूर्तमें तीन प्रकृतियोंके संक्रामकोंका जितना प्रमाण संचित हो उतने अधिक हैं ।

* मानसंज्वलनके संक्रामक जीव विशेष अधिक हैं ।

§ १८३. क्योंकि दो प्रकृतियोंके संक्रामकोंका जितना प्रमाण है उतना यहाँ विशेष अधिकका प्रमाण जानना चाहिये ।

* मायासंज्वलनके संक्रामक जीव विशेष अधिक हैं ।

§ १८४. एक प्रकृतिके संक्रामक जीवोंका जितना प्रमाण है उतने अधिक हैं ।

इस प्रकार ओघप्ररूपणा समाप्त हुई ।

§ १८५. अब आदेशसे नरकगतिमें प्रकृत अल्पबहुत्वका कथन करनेके लिये आगेके प्रबन्धका निर्देश करते हैं—

* नरकगतिमें सम्यक्त्वके संक्रामक जीव सबसे थोड़े हैं ।

§ १८६. क्योंकि यहां सम्यक्त्वकी उद्वेलना करनेवाले मिथ्यादृष्टि जीवोंकी राशिका ग्रहण किया है ।

* मिथ्यात्वके संक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं ।

§ १८७. क्योंकि यहाँ उपशमसम्यग्दृष्टियोंके साथ वेदकसम्यग्दृष्टि नारकियोंका ग्रहण किया है ।

* सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामक जीव विशेष अधिक हैं ।

§ १८८. शंका—कितने अधिक हैं ?

समाधान—सम्यक्त्वके संक्रामक जीवमात्र अधिक हैं ।

⊛ अणंताणुबंधीणं संकामया असंखेज्जगुणा ।

§ १८९. कुदो ? इगिवीस-चउवीससंतकम्मिए मोत्तूण सेससव्वणेरइयरासिस्स गहणादो ।

⊛ सेसाणं कम्माणं संकामया तुल्ला विसेसाहिया ।

§ १९०. इगिवीस-चउवीससंतकम्मियाणं पि एत्थ पवेसदंसणादो । एवं णिरयोघो परूविदो । एवं सत्तसु पुढवीसु वत्तव्वं ।

⊛ एवं देवगदीए ।

§ १९१. एदस्स विवरणे कीरमाणे समणंतरपरूविदो सव्वो चेव अप्पाबहुआलावो वत्तव्वो, विसेसाभावादो । भवणादि जाव सहस्सारे त्ति एवं चेव वत्तव्वं । आणदादि जाव णवगेवज्जा त्ति सव्वत्थोवा सम्म० संकाम० । अणंताणु०४ संकाम० असंखे०गुणा । मिच्छ० संकाम० विसेसा० । सम्मामि० संकाम० विसेसा० । बारसक०-णवणोक० संकाम० विसेसा० । अणुद्दिसादि सव्वट्ठा त्ति सव्वत्थोवा अणंताणु०४ संकाम० । मिच्छ०-सम्मामि० संकाम० विसेसा० । बारसक०-णवणोक० संकाम० विसे० । जेणेयं सुत्तं देसामासियं तेणेसो सव्वो वि अत्थो एत्थ णिलीणो त्ति दट्ठव्वो ।

⁕ अनन्तानुबन्धियोंके संक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं ।

§ १८९. क्योंकि इक्कीस और चौबीस प्रकृतिक सत्कर्मवाले जीवोंके सिवा शेष सब नारकराशिका यहां ग्रहण किया गया है ।

⁕ शेष कर्मोंके संक्रामक जीव परस्पर बराबर हैं किन्तु अनन्तानुबन्धियोंके संक्रामकोंसे विशेष अधिक हैं ।

§ १९०. क्योंकि इनमें इक्कीस और चौबीस प्रकृतिक सत्कर्मवाले जीवोंका भी प्रवेश देखा जाता है । इस प्रकार सामान्यसे नारकियोंमें सम्यक्त्व आदि प्रकृतियोंके संक्रामकोंका अल्पबहुत्व कहा । इसी प्रकार सातों पृथिवियोंमें अल्पबहुत्व कहना चाहिये ।

⁕ इसी प्रकार देवगतिमें अल्पबहुत्व जानना चाहिये ।

§ १९१. इस सूत्रका व्याख्यान करने पर इससे पूर्वके अल्पबहुत्वालापका पूराका पूरा कथन यहाँ पर भी करना चाहिये, क्योंकि उससे इसमें कोई विशेषता नहीं है । भवनवासियोंसे लेकर सहस्रार कल्पतक इसी प्रकार कथन करना चाहिये । आनतसे लेकर नौ ग्रैवेयकतकके देवोंमें सम्यक्त्वके संक्रामक जीव सबसे थोड़े हैं । इनसे अनन्तानुबन्धीचतुष्कके संक्रामक जीव असंख्यात गुणे हैं । इनसे मिथ्यात्वके संक्रामक जीव विशेष अधिक हैं । इनसे सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामक जीव विशेष अधिक हैं । इनसे बारह कषाय और नौ नोकषायोंके संक्रामक जीव विशेष अधिक हैं । अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें अनन्तानुबन्धीचतुष्कके संक्रामक जीव सबसे थोड़े हैं । इनसे मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामक जीव विशेष अधिक हैं । इनसे बारह कषाय और नौ नोकषायोंके संक्रामक जीव विशेष अधिक हैं । यतः 'एवं देवगदीए' यह सूत्र देशामर्षक है अतः यह पूराका पूरा अर्थ इस सूत्रमें गर्भित है ऐसा जानना चाहिये । अब तिर्यंचगतिमें

संपहि तिरिक्खगदीए अप्पाबहुअपरूवणट्ठमाह ।

❀ तिरिक्खगईए सव्वत्थोवा सम्मत्तस्स संकामया ।

§ १९२. सुगमं ।

❀ मिच्छत्तस्स संकामया असंखेज्जगुणा ।

§ १९३. एत्थ वि कारणमोघसिद्धं ।

❀ सम्मामिच्छत्तस्स संकामया विसेसाहिया ।

§ १९४. केत्तियमेत्तेण ? सादिरेयसम्मत्तसंकामयमेत्तेण ।

❀ अणंताणुबंधीणं संकामया अणंतगुणा ।

§ १९५. कुदो ? किंचूणतिरिक्खरासिस्स गहणादो ।

❀ सेसाणं कम्माणं संकामया तुल्ला विसेसाहिया ।

§ १९६. तिरिक्खरासिस्स सव्वस्स चेव गहणादो ।

❀ पंचिंदियतिरिक्खतिए णारयभंगो ।

§ १९७. पंचिंदियतिरिक्ख०-मणुसअपज्जत्तएसु सव्वत्थोवा सम्मत्तसंकामया । सम्मामिच्छत्तसंकामया विसेसाहिया । सोलसक०-णवणोक० संका० असंखे०गुणा । सुत्ते अवुत्तमेदं कधं उच्चदे ? ण, सुत्तस्स सूचणामेत्ते वावारादो ।

अल्पबहुत्वका कथन करनेके लिये आगेके सूत्र कहते हैं—

* तिर्यंच गतिमें सम्यक्त्वके संक्रामक जीव सबसे थोड़े हैं ।

§ १९२. यह सूत्र सुगम है ।

* मिथ्यात्वके संक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं ।

§ १९३. असंख्यातगुणेका जो कारण ओघ प्ररूपणाके समय कहा है वही यहाँ भी जानना चाहिये ।

* सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामक जीव विशेष अधिक हैं ।

§ १९४. शंका—कितने अधिक हैं ?

समाधान—सम्यक्त्वके संक्रामक जीवमात्र अधिक हैं ।

* अनन्तानुबन्धियोंके संक्रामक जीव अनन्तागुणे हैं ।

§ १९५. क्योंकि यहां कुछकम तिर्यंच राशिका ग्रहण किया है ।

* शेष कर्मोंके संक्रामक जीव परस्परमें तुल्य हैं तथापि अनन्तानुबन्धियोंके संक्रामकोंसे विशेष अधिक हैं ।

§ १९६. क्योंकि यहां पूरी तिर्यंचराशिका ग्रहण किया है ।

* पंचेन्द्रिय तिर्यंचत्रिकमें अल्पबहुत्व नारकियोंके समान है ।

§ १९७. पंचेन्द्रियतिर्यंच अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्त जीवोंमें सम्यक्त्वके संक्रामक जीव सबसे थोड़े हैं । सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामक जीव विशेष अधिक हैं । सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके संक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं ।

❀ मणुसगईए सव्वत्थोवा मिच्छत्तस्स संकामया।

§ १९८. सम्माइट्ठिरासिपमाणत्तादो।

❀ सम्मत्तस्स संकामया असंखेज्जगुणा।

§ १९९. कारणमुव्वेल्लमाणो पलिदोवमासंखेज्जदिभागमेत्तो मिच्छाइट्ठिरासी गहिदो त्ति।

❀ सम्मामिच्छत्तस्स संकामया विसेसाहिया।

§ २००. किं कारणं? अणंतरपरूविदपलिदोवमासंखे०भागमेत्तुव्वेल्लणरासी सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं सरिसो लब्भइ। पुणो सम्मत्ते उव्वेल्लिदे संते सम्मामिच्छत्तं उव्वेल्लमाणो पलिदो०असंखे०भागमेत्तो मिच्छाइट्ठिरासी संखेज्जो सम्माइट्ठिरासी च सम्मामिच्छत्तस्स लब्भइ। एदेण कारणेण विसेसाहियत्तं जादं।

❀ अणंताणुबंधीणं संकामया असंखेज्जगुणा।

§ २०१. कुदो? मणुसमिच्छाइट्ठिरासिस्स पहाणत्तादो।

❀ सेसाणं कम्माणं संकामया ओघो।

§ २०२. कुदो? ओघालावं पडि विसेसाभावादो। तदो ओघालावो णिरवसेसमेत्थ

शंका—यह अल्पबहुत्व सूत्रमें नहीं कहा गया है फिर यहां क्यों बतलाया जा रहा है?

समाधान—नहीं क्योंकि सूत्रका काम सूचना करनामात्र है।

* मनुष्यगतिमें मिथ्यात्वके संक्रामक जीव सबसे थोड़े हैं।

§ १९८. क्योंकि स्थूलरूपसे ये मनुष्य सम्यग्दृष्टियोंका जितना प्रमाण है उतने हैं।

* सम्यक्त्वके संक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं।

§ १९९. क्योंकि यहां उद्वेलना करनेवाले पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण मिथ्यादृष्टि जीवोंकी राशिका ग्रहण किया है।

* सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामक जीव विशेष अधिक हैं।

§ २००. क्योंकि समनन्तर पूर्व जो पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण जीवराशि कही है वह सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व इन दोनोंके संक्रमकी अपेक्षा समान है किन्तु सम्यक्त्वकी उद्वेलना कर लेनेके बाद पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण ऐसी मिथ्यादृष्टि राशि है जो केवल सम्यग्मिथ्यात्वकी उद्वेलना करती है तथा ऐसे संख्यात सम्यग्दृष्टि जीव भी हैं जो केवल सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रम करते हैं, इस कारणसे सम्यक्त्वके संक्रामकोंसे सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामक मनुष्य विशेष अधिक हो जाते हैं।

* अनन्तानुबन्धियोंके संक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं।

§ २०१. क्योंकि यहाँ मनुष्य मिथ्यादृष्टिराशिकी प्रधानता है।

* शेष कर्मोंके संक्रामकोंका अल्पबहुत्व ओघके समान है।

§ २०२ क्योंकि ओघप्ररूपणासे इसमें कोई विशेपता नहीं है, इसलिये पूरेके पूरे ओघ-

कायव्वो। एवं मणुसपज्जत्ता। णवरि जम्हि असंखेज्जगुणं तम्हि संखेज्जगुणं कायव्वं। एवं चेव मणुसिणीसु वि वत्तव्वं। णवरि छण्णोकसाय-पुरिसवेदसंकामया सरिसा कायव्वा।

एवं गइमग्गणा समत्ता।

§ २०३. संपहि सेसमग्गणाणं देसामासियभावेणिंदियमग्गणावयवभूदेइंदिएसु पयदप्पाबहुअपरूवणं कुणमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

❀ एइंदिएसु सव्वत्थोवा सम्मत्तस्स संकामया।

§ २०४. सुगमं।

❀ सम्मामिच्छत्तस्स संकामया विसेसाहिया।

§ २०५. सम्मत्तुव्वेल्लणकालादो सम्मामिच्छत्तुव्वेल्लणकालस्स विसेसाहियत्तादो।

❀ सेसाणं कम्माणं संकामया तुल्ला अणंतगुणा।

§ २०६. कुदो? एइंदियरासिस्स सव्वस्सेव गहणादो। एवं जाव अणाहारि त्ति।

एवमेगेगपयडिसंकमो समत्तो।

प्ररूपणाको यहाँ कहना चाहिये। मनुष्य पर्याप्तकोंमें इसी प्रकार अल्पबहुत्व कहना चाहिये, किन्तु इतनी विशेषता है कि जहाँ असंख्यातगुणा कहा है वहाँ संख्यातगुणा कहना चाहिये। मनुष्यिनियोंमे भी इसी प्रकार कथन करना चाहिये, किन्तु इतनी विशेषता है कि यहाँ छह नोकषाय और पुरुषवेदके संक्रामक जीव एक समान बतलाना चाहिये।

इस प्रकार गतिमार्गणा समाप्त हुई।

§ २०३. अब शेष मार्गणाओंके देशामर्षकरूपसे इन्द्रिय मार्गणाके एक भेद एकेन्द्रियोंमें प्रकृत अल्पबहुत्वका कथन करते हुए आगेका सूत्र कहते हैं—

* एकेन्द्रियोंमें सम्यक्त्वके संक्रामक जीव सबसे थोड़े हैं।

§ २०४. यह सूत्र सुगम है।

* सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामक जीव विशेष अधिक हैं।

§ २०५. क्योंकि सम्यक्त्वके उद्वेलना कालसे सम्यग्मिथ्यात्वका उद्वेलना काल विशेष अधिक है।

* शेष कर्मोंके संक्रामक जीव परस्परमें तुल्य हैं, तथापि सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामकोंसे अनन्तगुणे हैं।

§ २०६. क्योंकि यहाँ पर समस्त एकेन्द्रिय जीवराशिका ग्रहण किया है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिये।

इस प्रकार एकैकप्रकृतिसंक्रम अधिकार समाप्त हुआ।

❀ एत्तो पयडिट्ठाणसंकमो ।

§ २०७. एत्तो उवरि पयडिट्ठाणसंकमो सप्पडिवक्खो सगंतोभाविदपयडिट्ठाण-पडिग्गहापडिग्गहो परूवेयव्वो त्ति भणिदं होइ ।

❀ तत्थ पुव्वं गमणिज्जा सुत्तसमुक्कित्तणा ।

§ २०८. तम्हि पयडिट्ठाणसंकमे परूविज्जमाणे पुव्वमेव तत्थ ताव पडिबद्धाणं गाहासुत्ताणं समुक्कित्तणा कायव्वा त्ति वुत्तं होइ ।

❀ तं जहा ।

§ २०९. सुगममेदं गाहासुत्तावयारावेक्खं पुच्छावक्कं ।

अट्ठावीस चउवीस सत्तरस सोलसेव पण्णरसा ।
एदे खलु मोत्तूणं सेसाणं संकमो होइ[1] ॥ २७ ॥
सोलसग बारसट्ठग वीसं वीसं तिगादिगधिगा य ।
एदे खलु मोत्तूणं सेसाणि पडिग्गहा होंति[2] ॥ २८ ॥
छव्वीस सत्तवीसा य संकमो णियम चदुसु ट्ठाणेसु ।
बावीस पण्णरसगे एक्कारस ऊणवीसाए[3] ॥ २९ ॥

❀ अब इससे आगे प्रकृतिस्थानसंक्रमका अधिकार है ।

§ २०७. अब इससे आगे जिसमें प्रकृतिस्थानप्रतिग्रह और प्रकृतिस्थान-अप्रतिग्रहका कथन आ जाता है ऐसे प्रकृतिस्थानसंक्रमका अपने प्रतिपक्षके साथ कथन करते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

❀ उसमें सर्व प्रथम गाथासूत्रोंकी समुत्कीर्तना जाननी चाहिये ।

§ २०८. इस प्रकृतिस्थानसंक्रमका कथन करते समय सर्व प्रथम प्रकृतिस्थानसे सम्बन्ध रखनेवाले गाथासूत्रोंकी समुत्कीर्तना करनी चाहिये यह उक्त सूत्रका तात्पर्य है ।

❀ यथा—

§ २०९ गाथासूत्रोंके अवतारकी अपेक्षा रखनेवाला यह पृच्छासूत्र सुगम है ।

अट्ठाईस, चौबीस, सत्रह, सोलह और पन्द्रह इन पाँच स्थानोंके सिवा शेष तेईस स्थानोंका संक्रम होता है ॥२७॥

सोलह, बारह, आठ, बीस और तीन अधिक आदि बीस अर्थात् तेईस, चौबीस, पचीस, छब्बीस, सत्ताईस और अट्ठाईस इन दस स्थानोंके सिवा शेष अठारह प्रतिग्रह-स्थान होते हैं ॥२८॥

छब्बीस और सत्ताईस संक्रमस्थानोंका बाईस, पन्द्रह, ग्यारह और उन्नीस इन चार प्रतिग्रहस्थानोंमें नियमसे संक्रम होता है । ॥२९॥

१. कर्मप्रकृति संक्रम गा० १० । २. कर्मप्रकृति संक्रम गा० ११ । ३. कर्मप्रकृति संक्रम गा० १२ ।

सत्तारसेगवीसासु संकमो णियम पंचवीसाए ।
णियमा चदुसु गदीसु य णियमा दिट्ठीगए तिविहे[1] ॥३०॥
बावीस पण्णरसगे सत्तग एक्कारसूणवीसाए ।
तेवीस संकमो पुण पंचसु पंचिंदिएसु हवे[2] ॥ ३१ ॥
चोद्दसग दसग सत्तग अट्ठारसगे च णियम बावीसा ।
णियमा मणुसगईए विरदे मिस्से अविरदे य[3] ॥३२॥
तेरसय णवय सत्तय सत्तारस पणय एक्कवीसाए ।
एगाधिगाए वीसाए संकमो छप्पि सम्मत्ते[4] ॥ ३३ ॥
एत्तो अवसेसा संजमम्हि उवसामगे च खवगे च ।
वीसा य संकम दुगे छक्के पणए च बोद्धव्वा[5] ॥ ३४ ॥

पच्चीसप्रकृतिक संक्रमस्थानका सत्रह और इक्कीस इन दो प्रतिग्रहस्थानोंमें नियमसे संक्रम होता है। यह संक्रमस्थान चारों गतियोंमें तथा दृष्टिगत अर्थात् मिथ्यादृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि इन तीन गुणस्थानोंमें नियमसे होता है। ॥३०॥

तेईसप्रकृतिक संक्रमस्थानका बाईस, पन्द्रह, सात, ग्यारह और उन्नीस इन पाँच प्रतिग्रहस्थानोंमें संक्रम होता है। यह संक्रमस्थान संज्ञी पंचेन्द्रियोंमें ही पाया जाता है ॥३१॥

बाईसप्रकृतिक संक्रमस्थानका चौदह, दस, सात, और अठारह इन चार प्रतिग्रहस्थानोंमें नियमसे संक्रम होता है। यह संक्रमस्थान मनुष्यगतिके रहते हुए विरत, विरताविरत और अविरतसम्यग्दृष्टि इन तीन गुणस्थानोंमें ही पाया जाता है ॥३२॥

इक्कीसप्रकृतिक संक्रमस्थानका तेरह, नौ, सात, सत्रह, पाँच और इक्कीस इन छह प्रतिग्रहस्थानोंमें संक्रम होता है। ये छहों प्रतिग्रहस्थान सम्यक्त्व अवस्थामें ही पाये जाते हैं ॥३३॥

इससे आगेके बाकीके बचे हुए बीस आदि सब संक्रमस्थान और छह आदि सब प्रतिग्रहस्थान संयमयुक्त उपशमश्रेणि और क्षपकश्रेणिमें ही होते हैं। यथा—बीस प्रकृतिक संक्रमस्थानका छह और पाँच इन दो प्रतिग्रहस्थानोंमें संक्रम जानना चाहिए ॥३४॥

१. कर्मप्रकृति संक्रम गा० १३। २. कर्मप्रकृति संक्रम गा० १४। ३. कर्मप्रकृति संक्रम गा० १५। ४. कर्मप्रकृति संक्रम गा० १६। ५. कर्मप्रकृति संक्रम गा० १७।

पंचसु च ऊणवीसा अट्ठारस चदुसु होंति बोद्धव्वा ।
चोद्दस छसु पयडीसु य तेरसयं छक्क-पणगम्हि[1] ॥३५॥

पंच-चउक्के बारस एक्कारस पंचगे तिग चउक्के ।
दसगं चउक्क-पणगे णवगं च तिगम्हि बोद्धव्वा[2] ॥३६॥

अट्ठ दुग तिग चउक्के सत्त चउक्के तिगे च बोद्धव्वा ।
छक्कं दुगम्हि णियमा पंच तिगे एक्कग दुगे वा[3] ॥३७॥

चत्तारि तिग चदुक्के तिण्णि तिगे एक्कगे च बोद्धव्वा ।
दो दुसु एगाए वा एगा एगाए बोद्धव्वा[4] ॥३८॥

उन्नीसप्रकृतिक संक्रमस्थानका पांच प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानमें, अठारहप्रकृतिक संक्रमस्थानका चारप्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानमें, चौदहप्रकृतिक संक्रमस्थानका छह प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानमें और तेरहप्रकृतिक संक्रमस्थानका छह और पांच प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानोंमें संक्रम होता है ऐसा जानना चाहिये ॥३५॥

बारहप्रकृतिक संक्रमस्थानका पांच और चार प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानोंमें, ग्यारह प्रकृतिक संक्रमस्थानका पांच, तीन और चार प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानोंमें, दसप्रकृतिक संक्रमस्थानका चार और पॉच प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानोंमें तथा नौप्रकृतिक संक्रमस्थानका तीनप्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानमें संक्रम होता है ऐसा जानना चाहिये ॥३६॥

आठप्रकृतिक संक्रमस्थानका दो, तीन और चारप्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानोंमें, सातप्रकृतिक संक्रमस्थानका चार और तीन प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानोंमें, छहप्रकृतिक संक्रमस्थानका नियमसे दोप्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानमें तथा पॉचप्रकृतिक संक्रमस्थानका तीन, एक और दो प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानोंमें संक्रम होता है ऐसा जानना चाहिये ॥३७॥

चारप्रकृतिक संक्रमस्थानका तीन और चार प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानोंमें, तीन प्रकृतिक संक्रमस्थानका तीन और एक प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानोंमें, दोप्रकृतिक संक्रमस्थानका दो और एक प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानोंमें तथा एकप्रकृतिक संक्रमस्थानका एकप्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानमें संक्रम होता है ऐसा जानना चाहिये ॥३८॥

१. कर्मप्रकृति संक्रम गा० १८ । २. कर्मप्रकृति संक्रम गा० १९ । ३. कर्मप्रकृति संक्रम गा० २० । ४. कर्मप्रकृति संक्रम गा० २१ ।

अणुपुव्वमणणुपुव्वं झीणमझीणं च दंसणे मोहे ।
उवसामगे च खवगे च संकमे मग्गणोवाया[1] ॥३९॥
एक्केक्कम्हि य ट्ठाणे पडिग्गहे संकमे तदुभए च ।
भविया वाऽभविया वा जीवा वा केसु ठाणेसु ॥४०॥
कदि कम्हि होंति ठाणा पंचविहे भावविधिविसेसम्हि ।
संकमपडिग्गहो वा समाणणा वाध केवचिरं ॥४१॥
णिरयगइ-अमर-पंचिंदिएसु पंचेव संकमट्ठाणा ।
सव्वे मणुसगईए सेसेसु तिगं असण्णीसु ॥४२॥
चदुर दुगं तेवीसा मिच्छत्ते मिस्सगे य सम्मत्ते ।
वावीस पणय छक्कं विरदे मिस्से अविरदे य ॥४३॥
तेवीस सुक्कलेस्से छक्कं पुण तेउ-पम्मलेस्सासु ।
पणयं पुण काऊए णीलाए किण्हलेस्साए ॥४४॥

आनुपूर्वीसंक्रमस्थान, अनानुपूर्वीसंक्रमस्थान, दर्शनमोहनीयके क्षयसे प्राप्त हुए संक्रमस्थान, दर्शनमोहनीयके क्षयके बिना प्राप्त हुए संक्रमस्थान, उपशामकके प्राप्त हुए संक्रमस्थान और क्षपकके प्राप्त हुए संक्रमस्थान इस प्रकार ये संक्रमस्थानोंके विषयमें गवेषणा करनेके उपाय हैं ॥३९॥

प्रतिग्रह, संक्रम और तदुभयरूप एक एक स्थानमेंसे कितने स्थानोंमें भव्य जीव होते हैं, कितने स्थानोंमें अभव्य जीव होते हैं और कितने स्थानोंमें अन्य मार्गणावाले जीव होते हैं ॥४०॥

यथायोग्य पाँच प्रकारके भावोंसे युक्त चौदह गुणस्थानोंमेंसे किस गुणस्थानमें कितने संक्रमस्थान और कितने प्रतिग्रहस्थान होते हैं। तथा किसका कितना काल है ॥४१॥

नरकगति, देवगति और पंचेन्द्रिय तिर्यंचोंमें पाँच, मनुष्यगतिमें सब तथा शेषमें अर्थात् एकेन्द्रियों और विकलत्रयोंमें तथा असंज्ञियोंमें तीन संक्रमस्थान होते हैं ॥४२॥

मिथ्यात्वमें चार, सम्यग्मिथ्यात्वमें दो, सम्यक्त्वमें तेईस, विरतमें बाईस, विरताविरतमें पाँच और अविरतमें छह संक्रमस्थान होते हैं ॥४३॥

शुक्ललेश्यामें तेईस, पीत और पद्मलेश्यामें छह तथा कापोत नील और कृष्ण लेश्यामें पाँच संक्रमस्थान होते हैं ॥४४॥

१, कर्मप्रकृति संक्रम गा० २२ ।

अवगयवेद-णवुंसय-इत्थी-पुरिसेसु चाणुपुव्वीए।
अट्ठारसयं णवयं एक्कारसयं च तेरसया ॥४५॥
कोहादी उवजोगे चदुसु कसाएसु चाणुपुव्वीए।
सोलस य ऊणवीसा तेवीसा चेव तेवीसा ॥४६॥
णाणम्हि य तेवीसा तिविहे एक्कम्हि एक्कवीसा य।
अण्णाणम्हि य तिविहे पंचेव य संकमट्ठाणा ॥४७॥
आहारय-भविएसु य तेवीसं होंति संकमट्ठाणा।
अणाहारएसु पंच य एक्कं ट्ठाणं अभविएसु ॥४८॥
छव्वीस सत्तवीसा तेवीसा पंचवीस बावीसा।
एदे सुण्णट्ठाणा अवगदवेदस्स जीवस्स ॥४९॥
उगुवीसट्ठारसयं चोद्दस एक्कारसादिया सेसा।
एदं सुण्णट्ठाणा णवुंसए चोद्दसा होंति ॥५०॥
अट्ठारस चोद्दसयं ट्ठाणा सेसा य दसगमादीया।
एदे सुण्णट्ठाणा बारस इत्थीसु बोद्धव्वा ॥५१॥

अपगतवेद, नपुंसकवेद, स्त्रीवेद और पुरुषवेदमें क्रमसे अठारह, नौ ग्यारह और तेरह संक्रमस्थान होते हैं ॥४५॥

क्रोधादि चार कषायोंमें क्रमसे सोलह, उन्नीस, तेईस और तेईस संक्रमस्थान होते हैं ॥४६॥

मति आदि तीन प्रकारके ज्ञानोंमें तेईस, एक मनःपर्ययज्ञानमें इक्कीस और तीनों प्रकारके अज्ञानोंमें पाँच ही संक्रमस्थान होते हैं ॥४७॥

आहारक और भव्य जीवोंमें तेईस, अनाहारकोंमें पाँच और अभव्योंमें एक ही संक्रमस्थान होता है ॥४८॥

अपगतवेदी जीवोंमें छब्बीस, सत्ताईस, तेईस, पच्चीस और बाईस ये पाँच संक्रमस्थान नहीं होते ॥४९॥

नपुंसकवेदमें उन्नीस, अठारह, चौदह और ग्यारह आदि शेष सब स्थान अर्थात् कुल मिलाकर चौदह संक्रमस्थान नहीं होते ॥५०॥

स्त्रियोंमें अर्थात् स्त्रीवेदवाले जीवोंमें अठारह और चौदह तथा दस आदि शेष सब स्थान इस प्रकार ये बारह संक्रमस्थान नहीं होते ॥५१॥

चोद्दसग-णवगमादी हवंति उवसामगे च खवगे च।
एदे सुण्णट्ठाणा दस वि य पुरिसेसु बोद्धव्वा ॥५२॥
णव अट्ठ सत्त छक्कं पणग दुगं एक्कयं च बोद्धव्वा।
एदे सुण्णट्ठाणा पढमकसायोवजुत्तेसु ॥५३॥
सत्त य छक्कं पणगं च एक्कयं चेव आणुपुव्वीए।
एदे सुण्णट्ठाणा विदियकसाओवजुत्तेसु ॥५४॥
दिट्ठे सुण्णासुण्णे वेद-कसाएसु चेव ट्ठाणेसु।
मग्गणगवेसणाए दु संकमो आणुपुव्वीए ॥५५॥
कम्मंसियट्ठाणेसु य बंधट्ठाणेसु संकमट्ठाणे।
एक्केक्केण समाणय बंधेण य संकमट्ठाणे ॥५६॥
सादि य जहण्ण संकम कदिखुत्तो होइ ताव एक्केक्के।
अविरहिद सांतरं केवचिरं कदिभाग परिमाणं ॥५७॥
एवं दव्वे खेत्ते काले भावे य सण्णिवादे य।
संकमणयं णयविदू णेया सुददेसिदमुदारं ॥५८॥

पुरुषोंमें उपशामक और क्षपकसे सम्बन्ध रखनेवाले चौदह और नौ आदि शेष सब स्थान इस प्रकार ये दस संक्रमस्थान नहीं होते ॥५२॥

प्रथम क्रोधकषायसे युक्त जीवोंमें नौ, आठ, सात, छह, पाँच, दो और एक ये सात संक्रमस्थान नहीं होते ॥५३॥

दूसरे मानकषायसे उपयुक्त जीवोंमें क्रमसे सात, छह, पांच और एक ये चार संक्रमस्थान नहीं होते ॥५४॥

इस प्रकार वेद और कषाय मार्गणामें कितने संक्रमस्थान हैं और कितने नहीं हैं इसका विचार कर लेनेपर इसी प्रकार गति आदि शेष मार्गणाओंमें भी यत्रतत्रानुपूर्वीके क्रमसे इनका विचार करना चाहिये ॥५५॥

मोहनीयके सत्कर्मस्थानोंमें और बन्धस्थानोंमें संक्रमस्थानोंका विचार करते समय एक एक बन्धस्थान और सत्कर्मस्थानके साथ आनुपूर्वीसे संक्रमस्थानोंका विचार करना चाहिये ॥५६॥

सादि, जघन्य, अल्पबहुत्व, एक जीवकी अपेक्षा काल, एक जीवकी अपेक्षा अन्तर और भागाभाग तथा इसी प्रकार नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, द्रव्य-

§ २१०. एवमेदाओ बत्तीस सुत्तगाहाओ[1] पयडिट्ठाणसंकमे पडिबद्धाओ त्ति उत्तं होइ। एत्थ पढमगाहाए ठाणसमुक्कित्तणा संकमासंकमपडिबद्धा। बिदियगाहाए वि पयडिट्ठाणपडिग्गहो तदपडिग्गहो च पडिबद्धो। पुणो तदणंतरोवरिमदसगाहाओ एदस्सेदस्स पयडिट्ठाणसंकमस्स एत्तियाणि एत्तियाणि पडिग्गहट्ठाणाणि होंति त्ति एवंविहस्स अत्थविसेसस्स सामित्तसहगयस्स परूवणट्ठमोदिण्णाओ। पुणो अणुपुव्वमणणुपुव्वमिच्चेदीए तेरसमीए गाहाए पयडिसंकमट्ठाणाणं दंसण-चरित्तमोहक्खवणोवसामणादिविसयविसेसमस्सिदूण समुप्पत्तिकमपरूवणट्ठमाणुपुव्विसंकमादिअट्ठपदाणि सूचिदाणि। तदणंतरोवरिमगाहा वि संकमपडिग्गह-तदुभयट्ठाणाणं मग्गणट्ठदाए गदियादिचोद्दसमग्गणट्ठाणाणि देसामासियभावेण सूचेदि। तत्तो अणंतरोवरिमगाहासुत्तपुव्वद्धं पयदसंकमट्ठाणाणमाधारभूदाणि गुणट्ठाणाणि सूचिदाणि, तेहि विणा सामित्तपरूवणोवायाभावादो। पच्छिमद्धे वि सामित्ताणंतरपरूवणाजोग्गं कालाणिओगद्दारं सेसाणिओगद्दाराणं देसामासियभावेण सूचिदमिदि घेत्तव्वं। पुणो एत्तो उवरिमसत्तगाहासुत्तेहिं[2] गदियादिचोद्दसमग्गणट्ठाणेसु जत्थतत्थाणुपुव्वीए संकमट्ठाणाणं मग्गणा कीरदे। पुणो

प्रमाणानुगम, क्षेत्रानुगम, स्पर्शनानुगम, नाना जीवोंकी अपेक्षा काल, नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तर, भाव और सन्निकर्ष इन अनुयोगद्वारोंके आश्रयसे नयके जानकार पुरुष प्रकृतिसंक्रमविषयक उक्त गाथाओंके उदार अर्थको मूल श्रुतके अनुसार जानें ॥५७-५८॥

§ २१०. इस प्रकार प्रकृतिस्थानसंक्रमसे सम्बन्ध रखनेवालीं ये बत्तीस सूत्रगाथाएं हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इनमेंसे पहली गाथामें स्थानोंका निर्देश किया है। उसमें बतलाया है कि कितने प्रकृतिस्थानसंक्रम हैं और कितने प्रकृतिस्थान असंक्रम हैं। दूसरी गाथामें प्रकृतिस्थान-प्रतिग्रह कितने हैं और प्रकृतिस्थानअप्रतिग्रह कितने हैं यह बतलाया है। फिर इन दो गाथाओंके बादकी दस गाथाएं इस उस प्रकृतिस्थानसंक्रमके ये ये प्रतिग्रहस्थान होते हैं इस तरहके अर्थविशेषका कथन करनेके लिये आई हैं। साथ ही इनमें अपने अपने स्थानके स्वामीका भी निर्देश किया है। फिर 'अणुपुव्वमणणुपुव्वं' इत्यादि तेरहवीं गाथा द्वारा दर्शनमोहनीय और चारित्रमोहनीयकी क्षपणा और उपशमना आदि विषयक विशेषताका आश्रय लेकर प्रकृतिसंक्रमस्थानोंके उत्पत्तिका क्रम दिखलानेके लिये आनुपूर्वीसंक्रम आदि आठ स्थान सूचित किये गये हैं। फिर इससे अगली गाथा भी संक्रमस्थान, प्रतिग्रहस्थान और तदुभयस्थान इनकी गवेषणा करनेके लिये देशामर्षकरूपसे गति आदि चौदह मार्गणास्थानोंको सूचित करती है। फिर इससे आगेकी गाथाके पूर्वार्धमें प्रकृतसंक्रमस्थानोंके आधारभूत गुणस्थानोंका संकेत किया है, क्योंकि इनका निर्देश किये बिना स्वामित्वका कथन नहीं किया जा सकता है। फिर इसी गाथाके उत्तरार्धमें स्वामित्वके बाद कथन करने योग्य कालानुयोगद्वारको ग्रहण किया है जिससे कि देशामर्षकरूपसे शेष अनुयोगद्वारोंका सूचन होता है। फिर इससे आगेकी सात गाथाओं द्वारा गति आदि चौदह मार्गणास्थानोंमें यत्रतत्रानुपूर्वीके क्रमसे संक्रमस्थानोंका विचार किया गया है। फिर भी इससे आगेकी सात गाथाएं

१. ता०प्रती बत्तीसगाहाओ इति पाठः। २. ता० प्रती सुत्तगासु तेहिं इति पाठः।

त्ति उवरिमसत्तगाहाओ मग्गणाविसेसे अस्सिऊण सुण्णट्ठाणाणि परूवेंति। किं सुण्णट्ठाणं णाम? जत्थ जं संतकम्मट्ठाणं ण संभवइ तत्थ तस्स सुण्णट्ठाणववएसो। तदणंतरोवरिमाए पुण गाहाए बंध-संकम-संतकम्मट्ठाणाणमण्णोण्णसण्णियासविहाणं सूचिदं। अवसेसदोगाहाओ गुणट्ठाणसंबंधेण पुव्वपरूविदाणमणिओगद्दाराणं गुणट्ठाणविवक्खाए विणा मग्गणट्ठाणसंबंधेण विसेसेयूर्ण[1] परूवणट्ठमागदाओ त्ति णिच्छओ कायव्वो। एवमेसो गाहासुत्ताणं समुदायत्थो परूविदो। अवयवत्थविवरणं पुण पुरदो वत्तइस्सामो।

§ २११. संपहि सुत्तसमुक्कित्तणाणंतरं तदत्थविवरणं कुणमाणो चुण्णिसुत्तयारो सुत्तसूचिदाणमणियोगद्दाराणं परूवणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ—

❀ सुत्तसमुक्कित्तणाए समत्ताए इमे अणियोगद्दारा।

§ २१२. गाहासुत्तसमुक्कित्तणाणंतरमेदाणि अणियोगद्दाराणि पयडिट्ठाणसंकमविसयाणि णादव्वाणि त्ति भणिदं होइ।

❀ तं जहा।

§ २१३. सुगमं।

❀ ठाणसमुक्कित्तणा सव्वसंकमो णोसव्वसंकमो उक्कस्ससंकमो

मार्गणाविशेषोंकी अपेक्षा शून्यस्थानोंका कथन करती हैं।

शंका—शून्यस्थान किसे कहते हैं?

समाधान—जहाँ जो सत्कर्मस्थान सम्भव नहीं है, वहाँ वह शून्यस्थान कहलाता है।

फिर इससे आगेकी गाथामें बन्धस्थान, संक्रमस्थान और सत्कर्मस्थान इनके परस्परमें सन्निकर्षकी विधि सूचित की गई है। अब रहीं शेष दो गाथाएं सो वे जिन अनुयोगद्वारोंका गुणस्थानोंके सम्बन्धसे पहले कथन कर आये हैं उनका गुणस्थानोंकी विवक्षा किये बिना मार्गणाओंके सम्बन्धसे विशेष कथन करनेके लिये आई हैं ऐसा निश्चय करना चाहिये। इस प्रकार यह गाथासूत्रोंका समुच्चयार्थ है जिसका कथन किया। किन्तु उनके प्रत्येक पदका अर्थ आगे कहेंगे।

§ २११. अब गाथा सूत्रोंकी समुत्कीर्तना करनेके बाद उनके अर्थका विवरण करते हुए चूर्णिसूत्रकार गाथासूत्रोंसे सूचित होनेवाले अनुयोगद्वारोंका कथन करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

❀ गाथासूत्रोंकी समुत्कीर्तना करनेके बाद ये अनुयोगद्वार ज्ञातव्य हैं।

§ २१२. गाथासूत्रोंकी समुत्कीर्तना करनेके बाद प्रकृतिस्थानसंक्रमसे सम्बन्ध रखनेवाले ये अनुयोगद्वार ज्ञातव्य हैं यह उक्त सूत्रका तात्पर्य है।

❀ यथा—

§ २१३. यह सूत्र सुगम है।

❀ स्थानसमुत्कीर्तना, सर्वसंक्रम, नोसर्वसंक्रम, उत्कृष्ट संक्रम, अनुत्कृष्ट संक्रम,

१. आ०प्रतौ विसेसे पुण इति पाठः।

अणुक्कस्ससंकमो जहण्णसंकमो अजहण्णसंकमो सादियसंकमो अणादियसंकमो धुवसंकमो अद्धुवसंकमो एगजीवेण सामित्तं कालो अंतरं णाणाजीवेहि भंगविचओ कालो अंतरं सण्णियासो अप्पाबहुअं भुजगारो पदणिक्खेवो[1] वड्ढि त्ति ।

§ २१४. एत्थ ट्ठाणसमुक्कित्तणादीणि वड्ढिपज्जंताणि अणियोगद्दाराणि णादव्वाणि भवंति त्ति सुत्तत्थसंबंधो । तत्थ समुक्कित्तणादीणि अप्पाबहुअपज्जवसाणाणि चउवीसअणियोगद्दाराणि, भागाभाग-परिमाण-खेत्त-पोसण-भावाणुगमाणमेत्थ देसामासयभावेण संगहियत्तादो । एवमेदाणि चउवीसमणियोगद्दाराणि सामण्णेण सुत्ते परूविदाणि । एदेसु सव्व-णोसव्व-उक्कस्साणुक्कस्स-जहण्णाजहण्णसंकमा सण्णियासो च एत्थ ण संभवंति, पयडिट्ठाणसंकमे णिरुद्धे तेसिं संभवाणुवलंभादो । तदो सेससत्तारसअणियोगद्दाराणि एत्थ गहियव्वाणि । पुणो एदेहिंतो पुधभूदाणि भुजगारादीणि तिण्णि अणियोगद्दाराणि सुत्तणिद्दिट्ठाणि घेत्तव्वाणि । संपहि एवं परूविदसव्वाणियोगद्दारेहि गाहासुत्तत्थविहासणं कुणमाणो चुण्णिसुत्तयारो तत्थ ताव ट्ठाणसमुक्कित्तणापरूवणट्ठमुवरिमपबंधमाह ।

* ठाणसमुक्कित्तणा त्ति जं पदं तस्स विहासा जत्थ एया गाहा ।

जघन्यसंक्रम, अजघन्यसंक्रम, सादिसंक्रम, अनादिसंक्रम, ध्रुवसंक्रम, अध्रुवसंक्रम, एक जीवकी अपेक्षा स्वामित्व, काल और अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, काल, अन्तर, सन्निकर्ष, अल्पबहुत्व, भुजगार, पदनिक्षेप और वृद्धि ।

§ २१४. यहाँ स्थानसमुत्कीर्तनासे लेकर वृद्धि पर्यन्त अनुयोगद्वार ज्ञातव्य हैं यह इस सूत्रका अभिप्राय है । इनमेंसे समुत्कीर्तनासे लेकर अल्पबहुत्व तक चौबीस अनुयोगद्वार हैं, क्योंकि इनमें देशामर्षकभावसे भागाभाग, परिमाण, क्षेत्र, स्पर्शन और भावानुगमका संग्रह हो जाता है । इस प्रकार ये चौबीस अनुयोगद्वार सामान्यरूपसे सूत्रमें कहे गये हैं । इनमेंसे सर्वसंक्रम, नोसर्वसंक्रम, उत्कृष्टसंक्रम, अनुत्कृष्टसंक्रम, जघन्यसंक्रम, अजघन्यसंक्रम और सन्निकर्ष ये सात अनुयोगद्वार यहाँ सम्भव नहीं हैं, क्योंकि प्रकृतिस्थानसंक्रमके विवक्षित रहते हुए उक्त अनुयोगद्वारोंका पाया जाना सम्भव नहीं है । इसलिये यहाँ पर शेष सत्रह अनुयोगद्वारोंको ग्रहण करना चाहिये । तथा इनसे अतिरिक्त भुजगार आदि जो तीन अनुयोगद्वार हैं जो कि सूत्रनिर्दिष्ट हैं उनको ग्रहण करना चाहिये । अब इस प्रकार कहे गये सब अनुयोगद्वारोंके द्वारा गाथासूत्रोंके अर्थका विशेष व्याख्यान करनेकी इच्छासे चूर्णिसूत्रकार पहले उन अनुयोगद्वारोंमेंसे स्थानसमुत्कीर्तनाका कथन करनेके लिये आगेके प्रबन्धका निर्देश करते हैं—

* अब 'स्थानसमुत्कीर्तना' पदका विशेष व्याख्यान करते हैं जिसमें एक गाथा निबद्ध है ।

---

१. ता०-आ०प्रत्योः भुजगारो अप्पदरो अवट्ठिदो अवत्तव्वओ पदणिक्खेवो इति पाठः ।

§ २१५. पुव्वुत्ताणमणियोगद्दाराणमादिम्मि जं पदं ठविदं ठाणसमुक्कित्तणा त्ति तस्स विहासा कीरदि त्ति सुत्तत्थसंबंधो। तत्थ य एगा गाहा पडिबद्धा त्ति जाणावणट्ठं 'जत्थ एया गाहा' पडिबद्धा त्ति भणिदं। संपहि का सा गाहा त्ति आसंकाए इदमाह—

अट्ठावीस चउवीस सत्तरस सोलसेव पण्णरसा।
एदे खलु मोत्तूणं सेसाणं संकमो होइ ॥२७॥

§ २१६. एसा गाहा ठाणसमुक्कित्तणे पडिबद्धा त्ति उत्तं होइ। संपहि एदिस्से गाहाए अत्थविहासणट्ठमिदमाह—

*** एवमेदाणि पंच ट्ठाणाणि मोत्तूण सेसाणि तेवीस संकमट्ठाणाणि।**

§ २१७. 'एवमेदाणि' त्ति वयणेण गाहासुत्तपुव्वद्धणिद्दिट्ठाणमट्ठावीसादीणं परामरसो कओ। तेसिं संखाविसेसावहारणट्ठं 'पंच ट्ठाणाणि' त्ति उत्तं। ताणि मोत्तूण सेसाणि संकमट्ठाणाणि होंति। तेसिं च संखाणं विसेसणिद्धारणट्ठं 'तेवीस' ग्गहणं कयं। तदो २८, २४, १७, १६, १५ एदाणि पंच ट्ठाणाणि असंकमपाओग्गाणि। सेसाणि सत्तावीसादीणि तेवीस संकमट्ठाणाणि त्ति सिद्धं। तेसिमंकविण्णासो एसो २७, २६, २५, २३, २२, २१, २०, १९, १८, १४, १३, १२, ११, १०, ९, ८, ७, ६, ५, ४, ३, २, १। संपहि एदेसिं ट्ठाणाणं पयडिणिद्देसकरणट्ठमुत्तरसुत्तावयारो कीरदे—

---

§ २१५. पूर्वोक्त अनुयोगद्वारोंके आदिमें जो 'स्थानसमुत्कीर्तना' पद आया है उसका विशेष व्याख्यान करते हैं यह उक्त सूत्रका प्रकरणसंगत अर्थ है। इस विषयमें एक गाथा आई है यह जतानेके लिये सूत्रमें 'जत्थ एया गाहा पडिबद्धा' यह कहा है। अब वह कौनसी गाथा है ऐसी आशंका होने पर उसका निर्देश करते हैं—

'अट्ठाईस, चौबीस, सत्रह, सोलह और पन्द्रह इन पाँच स्थानोंके सिवा शेष तेईस स्थानोंका संक्रम होता है।'

§ २१६. यह गाथा स्थान समुत्कीर्तन अनुयोगद्वारसे सम्बन्ध रखती है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अब इस गाथाके अर्थका विशेष व्याख्यान करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

* इस प्रकार इन पाँच स्थानोंके सिवा शेष तेईस संक्रमस्थान हैं।

§ २१७. चूर्णिसूत्रमें जो 'एवमेदाणि' पद आया है सो इस पदके द्वारा गाथासूत्रके पूर्वार्धमें बतलाये गये अट्ठाईस आदि स्थानोंका निर्देश किया है। उनकी संख्याविशेषका निश्चय करनेके लिये 'पंच ट्ठाणाणि' यह कहा है। इनके सिवा शेष संक्रमस्थान हैं। उनकी संख्याविशेषका निश्चय करनेके लिये 'तेईस' पदको ग्रहण किया है। इसलिये २८, २४, १७, १६ और १५ ये पाँच स्थान संक्रमके अयोग्य हैं और शेष २७ आदि तेईस संक्रमस्थान हैं यह बात सिद्ध होती है। उनका अंकविन्यास इस प्रकार है—२७, २६, २५, २३, २२, २१, २०, १९, १८, १४, १३, १२, ११, १०, ९, ८, ७, ६, ५, ४, ३, २, और १। अब इन स्थानोंकी प्रकृतियोंका निर्देश करनेके लिये

---

१. ता०प्रतौ अद्ध (त्थ)- इति पाठः।

ॐ एत्थ पयडिणिद्देसो कायव्वो ।

§ २१८. एदेसु अणंतरणिद्दिट्ठसंकमासंकमट्ठाणेसु एदाहिं पयडीहिं एदं ठाणं होइ त्ति जाणावणणिमित्तं पयडिणिद्देसो कायव्वो त्ति भणिदं होइ । तत्थ ताव अट्ठावीस-पयडिट्ठाणस्स पयडिणिद्देसो सुबोहो त्ति कादूण तदसंकमपाओग्गत्ते कारणगवेसणट्ठं पुच्छावक्कमाह—

ॐ अट्ठावीसं केण कारणेण ण संकमइ ?

§ २१९. सुगममेदमासंकावयणं ।

ॐ दंसणमोहणीय-चरित्तमोहणीयाणि एक्केक्कम्मि ण संकमंति ।

§ २२०. कुदो ? सहावदो चेव तेसिमण्णोण्णपडिग्गहसत्तीए अभावादो ।

ॐ तदो चरित्तमोहणीयस्स जाओ पयडीओ बज्झंति तत्थ पणुवीसं पि संकमंति ।

§ २२१. समाणजाइयत्तं पडि विसेसाभावादो । अबज्झमाणियासु किं कारणं णत्थि संकमो ? ण, तत्थ पडिग्गहसत्तीए अभावादो ।

ॐ दंसणमोहणीयस्स उक्कस्सेण दो पयडीओ संकमंति ।

आगेका सूत्र कहते हैं—

* यहाँ पर प्रकृतियोंका निर्देश करना चाहिये ।

§ २१८. ये जो समनन्तरपूर्व संक्रमस्थान और असंक्रमस्थान बतला आये हैं उनमेंसे इस स्थानकी इतनी प्रकृतियाँ होती हैं यह जतानेके लिये प्रकृतियोंका निर्देश करना चाहिये यह उक्त सूत्रका तात्पर्य है। उसमें भी अट्ठाईस प्रकृतिक स्थानकी प्रकृतियोंका निर्देश सुगम है ऐसा मान कर वह स्थान संक्रमके अयोग्य क्यों है इसके कारणका विचार करनेके लिये पृच्छासूत्र कहते हैं—

* अट्ठाईस प्रकृतिक स्थान किस कारणसे संक्रमित नहीं होता ।

§ २१९. यह आशंका सूत्र सुगम है ।

* क्योंकि दर्शनमोहनीय और चारित्रमोहनीय ये परस्परमें संक्रम नहीं करतीं ।

§ २२०. क्योंकि स्वभावसे ही इनमें परस्पर प्रतिग्रहरूप शक्ति नहीं पाई जाती है ।

* इसलिये चारित्रमोहनीयकी जितनी प्रकृतियाँ बंधती हैं उनमें पच्चीस प्रकृतियोंका ही संक्रमित होती हैं ।

§ २२१. क्योंकि एक जातिकी अपेक्षा उनमें कोई भेद नहीं है ।

शंका—नहीं बंधनेवाली प्रकृतियोंमें संक्रम क्यों नहीं होता ?

समाधान—नहीं क्योंकि उनमें प्रतिग्रहरूप शक्ति नहीं पाई जाती ।

* तथा दर्शनमोहनीयकी अधिकसे अधिक दो प्रकृतियाँ संक्रमित होती हैं ।

§ २२२. किं कारणं ? अट्ठावीससंतकम्मियमिच्छाइट्ठिम्मि मिच्छत्तपडिग्गहेण सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं संकंतिदंसणादो।

*** एदेण कारणेण अट्ठावीसाए णत्थि संकमो।**

§ २२३. जेण कारणेण तिण्हं दंसणमोहपयडीणमक्कमेण संकमसंभवो णत्थि तेण कारणेण अट्ठावीसाए संकमो णत्थि त्ति भणिदं होइ।

§ २२४. एवमेत्तिएण पबंधेण अट्ठावीसपयणिट्ठाणस्स असंकमपाओग्गत्ते कारणं परूविय संपहि सत्तावीसपयडिसंकमट्ठाणस्स पयडिणिद्देसविहासणट्ठमिदमाह—

*** सत्तावीसाए काओ पयडीओ।**

§ २२५. सुगममेदं पुच्छासुत्तं।

*** पणुवीसं चरित्तमोहणीयाओ दोण्णि दंसणमोहणीयाओ।**

---

§ २२२. क्योंकि अट्ठाईस प्रकृतियोंकी सत्तावाले मिथ्यादृष्टिके मिथ्यात्व प्रकृति प्रतिग्रहरूप रहती है, उसमें सम्यक्त्व तथा सम्यग्मिथ्यात्व इन दो प्रकृतियोंका ही संक्रम पाया जाता है। तथा सम्यग्दृष्टिके भी मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वका ही संक्रम देखा जाता है। आशय यह है कि दर्शनमोहनीयकी तीन प्रकृतियोंका एक साथ संक्रम नहीं होता किन्तु अधिकसे अधिक दो प्रकृतियोंका ही संक्रम पाया जाता है।

* इस कारणसे अट्ठाईस प्रकृतिक स्थानका संक्रम नहीं होता।

§ २२३. यतः दर्शनमोहनीयकी तीन प्रकृतियोंका युगपत् संक्रम होना सम्भव नहीं है अतः अट्ठाईस प्रकृतिक स्थानका संक्रम नहीं होता यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

विशेषार्थ—मोहनीयकी अट्ठाईस प्रकृतियां मुख्यतया दर्शनमोहनीय और चारित्रमोहनीय इन दो भागोंमें बटी हुई हैं। इनमेसे दर्शनमोहनीयके तीन और चारित्रमोहनीयके पच्चीस भेद हैं। ऐसा नियम है कि दर्शमोहनीयका चारित्रमोहनीयमें और चारित्रमोहनीयका दर्शनमोहनीयमे संक्रम नहीं होता, क्योंकि इनकी एक जाति नहीं है। तथापि जिस समय चारित्रमोहनीयकी जितनी प्रकृतियाँ बंधती हैं उनमें उसकी सब प्रकृतियोंका तो संक्रम बन जाता है किन्तु दर्शनमोहकी अपेक्षा एक साथ दो प्रकृतियोंसे अधिकका संक्रम नहीं होता, क्योंकि मिथ्यात्व गुणस्थानमें मिथ्यात्व प्रकृति प्रतिग्रहरूप रहती है, वहाँ उसका संक्रम सम्भव नहीं और सम्यग्दृष्टिके सम्यक्त्व प्रकृति प्रतिग्रहरूप रहती है, वहां उसका संक्रम सम्भव नहीं है। इसीसे प्रकृतमे अट्ठाईस प्रकृतिक संक्रमस्थान नहीं होता यह बतलाया है।

§ २२४. इस प्रकार इतने प्रबन्धके द्वारा अट्ठाईस प्रकृतिक स्थान संक्रमके अयोग्य है इसका कारण कह कर अब सत्ताईस प्रकृतिक संक्रमस्थानकी प्रकृतियोंका विधान करनेके लिये यह सूत्र कहते हैं—

* सत्ताईस प्रकृतिक स्थानकी कौनसी प्रकृतियाँ हैं ?

§ २२५. यह पृच्छासूत्र सुगम है।

* चारित्रमोहनीयकी पच्चीस और दर्शनमोहनीयकी दो ये सत्ताईस प्रकृतियाँ हैं।

§ २२६. सोलसकसाय-णवणोकसायभेएण पणुवीसं चरित्तमोहणीयपयडीओ सम्मत्त-सम्मामिच्छत्तसण्णिदाओ मिच्छत्त-सम्मामिच्छत्तसण्णिदाओ वा दोण्णि दंसणमोहणीयपयडीओ च घेत्तूण सत्तावीसाए संकमट्ठाणमुप्पज्जदि त्ति भणिदं होइ।

* छव्वीसाए सम्मत्ते उव्वेल्लिदे।

§ २२७. सत्तावीससंकामयमिच्छाइट्ठिणा सम्मत्ते उव्वेल्लिदे संते सेसछव्वीसपयडिसमुदायप्पयमेदं संकमट्ठाणमुप्पज्जइ त्ति सुत्तत्थो। पयारंतरेणावि तदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तावयारो—

* अहवा पढमसमयसम्मत्ते उप्पाइदे।

§ २२८. पढमसमयविसेसिदं सम्मत्तं पढमसमयसम्मत्तं। तम्मि उप्पाइदे पयदसंकमट्ठाणमुप्पज्जइ, तत्थ सम्मामिच्छत्तस्स संकमाभावादो। तं कथं? छव्वीससंतकम्मियमिच्छाइट्ठिस्स पढमसम्मत्तुप्पायणसमए मिच्छत्तकम्मं सम्मत्त-सम्मामिच्छत्तसरूवेण परिणमइ, ण तम्मि समए सम्मामिच्छत्तस्स संकमसंभवो, पुव्वमणुप्पण्णस्स ताधे चेव उप्पज्जमाणस्स तप्परिणामविरोहादो संतुप्पायणे वावदस्स जीवस्स संकामण-

---

§ २२६. सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके भेदसे चारित्रमोहनीयकी पचीस प्रकृतियों तथा सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व या मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्व ये दो दर्शनमोहनीयकी प्रकृतियों मिलाकर सत्ताईस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है यह उक्त सूत्रका तात्पर्य है।

* इन सत्ताईसमेंसे सम्यक्त्वकी उद्वेलना होने पर छब्बीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है।

§ २२७. सत्ताईस प्रकृतियोंके संक्रामक मिथ्यादृष्टि जीवके द्वारा सम्यक्त्वकी उद्वेलना कर लेने पर शेष छब्बीस प्रकृतियोंका समुदायरूप संक्रमस्थान उत्पन्न होता है यह उक्त सूत्रका अर्थ है। अब प्रकारान्तरसे उक्त स्थानके उत्पन्न करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

* अथवा सम्यक्त्वके उत्पन्न करनेके प्रथम समयमें छब्बीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है।

§ २२८. सूत्रमें 'प्रथम समय' पद सम्यक्त्वका विशेषण है और 'सम्यक्त्व' विशेष्य है। इसलिये इस सूत्रका यह आशय है कि प्रथम समयसे युक्त सम्यग्दर्शनके उत्पन्न होने पर अर्थात् सम्यग्दर्शनके उत्पन्न होनेके प्रथम समयमें प्रकृत संक्रमस्थान उत्पन्न होता है, क्योंकि वहाँ सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रम नहीं होता।

शंका—सो कैसे?

समाधान—छब्बीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला जो मिथ्यादृष्टि जीव प्रथमोपशम सम्यक्त्वको उत्पन्न करता है उसके प्रथमोपशम सम्यक्त्वके उत्पन्न करनेके प्रथम समयमें मिथ्यात्व कर्म सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वरूपसे परिणमन करता है। इसलिये उस समय सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रम सम्भव नहीं है, क्योंकि जो प्रकृति पहले न उत्पन्न होकर उसी समय उत्पन्न हो रही है उसका उसी समय संक्रमरूप परिणमन माननेमें विरोध आता है। दूसरे जो जीव सत्ताके उत्पन्न करनेमें लगा हुआ है उसके उसी समय संक्रमकरणकी प्रवृत्ति माननेमें विरोध आता है, इसलिये

करणवावारविरोहादो च। तम्हा छव्वीससंतकम्मियस्स पणुवीससंकमट्ठाणे सम्मत्तुप्पत्ति-पढमसमए मिच्छत्तस्स संकमपाओग्गत्तसिद्धीएं छव्वीससंकमट्ठाणसंभवो त्ति सिद्धं।

❀ पणुवीसाए सम्मत्त-सम्मामिच्छत्तेहि विणा सेसाओ।

§ २२९. पणुवीसाए संकमट्ठाणस्स काओ पयडीओ त्ति आसंकिय सम्मत्त-सम्मामिच्छत्तेहि विणा सेसाओ होंति त्ति उत्तं। सेसं सुगमं।

❀ चउवीसाए किं कारणं णत्थि।

§ २३०. एत्थ संकमो त्ति पयरणवसेणाहिसंबंधो कायव्वो। सेसं सुगमं।

छब्बीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले मिथ्यादृष्टिके पच्चीस प्रकृतिक संक्रमस्थानके रहते हुए जब वह सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके प्रथम समयमें मिथ्यात्वको संक्रमके योग्य कर लेता है तब उसके छब्बीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है यह सिद्ध हुआ।

विशेषार्थ—यहाँ छब्बीस प्रकृतिक संक्रमस्थान दो प्रकारसे बतलाया है। प्रथम प्रकारमें सोलह कषाय, नौ नोकषाय तथा सम्यग्मिथ्यात्व ये छब्बीस प्रकृतियां ली हैं। यह संक्रमस्थान सम्यक्त्वकी उद्वेलनाके बाद मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें प्राप्त होता है। यद्यपि यहां सत्ताईस प्रकृतियोंकी सत्ता है तथापि यहां मिथ्यात्वका संक्रम सम्भव नहीं, इसलिये संक्रमस्थान छब्बीस प्रकृतिक ही होता है। दूसरे प्रकारमें सोलह कषाय, नौ नोकषाय और मिथ्यात्व ये छब्बीस प्रकृतियां ली हैं। यह संक्रमस्थान जो छब्बीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला जीव प्रथमोपशम सम्यक्त्वको प्राप्त करता है उसके प्रथम समयमें होता है। यद्यपि यहां सत्ता अट्ठाईस प्रकृतियोंकी हो जाती है, तथापि यहां प्रथम समयमें सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रम नहीं होता, इसलिये यहां भी छब्बीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

*** पच्चीस प्रकृतिक संक्रमस्थानमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके विना शेष सब प्रकृतियाँ हैं।**

§ २२९. पचीस प्रकृतिक संक्रमस्थानकी कौनसी प्रकृतियां हैं ऐसी आशंका करके सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके बिना शेष सब प्रकृतियां हैं यह कहा है। शेष कथन सुगम है।

विशेषार्थ—पहले यह बतला आये हैं कि सत्ताईस प्रकृतिक संक्रमस्थानमें चारित्रमोहनीयकी पच्चीस तथा दर्शनमोहनीयकी दो ये सत्ताईस प्रकृतियाँ होती हैं। उनमेंसे दर्शनमोहनीयकी दो प्रकृतियाँ निकाल लेने पर पच्चीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है। तथापि वे दो प्रकृतियाँ कौनसी हैं जो सत्ताईस प्रकृतियोंमेंसे निकाली गई हैं। यह एक प्रश्न है। जिसका उत्तर देते हुए चूर्णिसूत्रमें यह बतलाया है कि वे दो प्रकृतियाँ सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व हैं। जिन्हें निकाल देने पर पच्चीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है। आशय यह है कि मिथ्यादृष्टि जीवके जब सम्यग्मिथ्यात्वकी भी उद्वेलना हो जाती है तब यह पचीस प्रकृतिक संक्रमस्थान प्राप्त होता है। या अनादि मिथ्यादृष्टिके भी मिथ्यात्वके विना यह संक्रमस्थान होता है।

*** चौबीस प्रकृतिक स्थानका किस कारणसे संक्रम नहीं होता।**

§ २३०. इस सूत्रमें प्रकरणवश 'संक्रम' इस पदका सम्बन्ध कर लेना चाहिये। शेष कथन सुगम है।

१. ता० प्रतौ पाओग्गत्ता सिद्धीए इति पाठः।

❀ अणंताणुबंधिणो सव्वे अवणिज्जंति ।

§ २३१. जेण कारणेण अणंताणुबंधिणो सव्वे जुगवमवणिज्जंति तेण चउवीसाए पयडिट्ठाणस्स संकमो णत्थि त्ति सुत्तत्थसंबंधो । तेसिमकमेणावणयणे चउवीससंतकम्मं होदूण तेवीससंकमट्ठाणमेवुप्पज्जदि त्ति भावत्थो ।

❀ एदेण कारणेण चउवीसाए णत्थि ।

§ २३२. एदेणाणंतरपरूविदेण कारणेण चउवीसाए णत्थि संकमो त्ति भणिदं होइ ।

❀ तेवीसाए अणंताणुबंधीसु अवगदेसु ।

§ २३३. अणंताणुबंधीसु विसंजोइदेसु इगिवीसकसाय-दोदंसणमोहणीयपयडीओ घेत्तूण तेवीससंकमट्ठाणं होदि त्ति सुत्तत्थो ।

❀ बावीसाए मिच्छत्ते खविदे सम्मामिच्छत्ते सेसे ।

---

* क्योंकि सब अनन्तानुबन्धियाँ निकल जाती हैं ।

§ २३१. यतः सब अनन्तानुबन्धियाँ युगपत् निकल जाती हैं अतः चौबीस प्रकृतिक स्थानका संक्रम नहीं होता यह इस सूत्रका तात्पर्य है । उन चार अनन्तानुबन्धियोंके एक साथ निकल जाने पर चौबीस प्रकृतिक सत्कर्मस्थान होकर संक्रमस्थान तेईसप्रकृतिक ही उत्पन्न होता है यह उक्त कथनका भावार्थ है ।

* इस कारणसे चौबीस प्रकृतिक स्थानका संक्रम नहीं होता ।

§ २३२. यह जो अनन्तरपूर्व कारण कह आये हैं उससे चौबीस प्रकृतिक स्थानका संक्रम नहीं होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

विशेषार्थ—चौबीस प्रकृतिकस्थान चार अनन्तानुबन्धियोंकी विसंयोजना होने पर ही प्राप्त होता है अन्य प्रकारसे नहीं । किन्तु इन चौबीस प्रकृतियोंमें दर्शनमोहनीयकी तीन प्रकृतियाँ भी सम्मिलित हैं, अतः चौबीस प्रकृतिक संक्रमस्थान नहीं होता यह कहा है ।

* चार अनन्तानुबन्धियोंके अपगत होने पर तेईस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ।

§ २३३. अनन्तानुबन्धियोंकी विसंयोजना हो जाने पर इक्कीस कषाय और दो दर्शनमोहनीय इन प्रकृतियोंको लेकर तेईस प्रकृतिकसंक्रमस्थान होता है यह इस सूत्रका अर्थ है ।

विशेषार्थ—आशय यह है कि जब यह जीव चार अनन्तानुबन्धियोंकी विसंयोजना कर लेता है तब चौबीस प्रकृतियोंकी सत्ता और तेईस प्रकृतियोंका संक्रम होता है । यहाँ दर्शनमोहनीयकी दो प्रकृतियोंमेंसे मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्व ये दो प्रकृतियाँ संक्रमयोग्य ली गई हैं । किन्तु ऐसे जीवके मिथ्यात्वमें जाने पर सत्ता तो अट्ठाईसकी हो जाती है तथापि संक्रम एक आवलि काल तक तेईसका ही होता रहता है, क्योंकि तब एक आवलि काल तक चार अनन्तानुबन्धियोंका संक्रम नहीं होता ऐसा नियम है । इस अपेक्षासे यहाँ दर्शनमोहनीयकी सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व ये दो प्रकृतियाँ लेनी चाहिये, क्योंकि मिथ्यात्व गुणस्थानमें मिथ्यात्वका संक्रम नहीं होता ऐसा नियम है ।

* मिथ्यात्वका क्षय हो जाने पर और सम्यग्मिथ्यात्वके शेष रहने पर बाईस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ।

§ २३४. तेणेव विसंजोइदाणंताणुबंधीचउक्केण दंसणमोहक्खवणमब्भुट्ठिय मिच्छत्ते खविदे इगिवीसकसाय-सम्मामिच्छत्तपयडीओ घेत्तूणेदं संकमट्ठाणमुप्पज्जइ त्ति उत्तं होइ।

*** अहवा चउवीसदिसंतकम्मियस्स आणुपुव्वीसंकमे कदे जाव णवुंसयवेदो अणुवसंतो।**

§ २३५. 'चउवीससंतकम्मिय' वयणं सेससंतकम्मियपडिसेहफलं, तत्थ पयद-संकमट्ठाणसंभवाभावादो। 'आणुपुव्वीसंकमे कदे' त्ति वयणमणाणुपुव्वीसंकमपडिसेहट्ठं, तस्स पयदविरोहित्तादो। तत्थ वि णवुंसयवेदे अणुवसंते चेव पयदसंकमट्ठाणमुप्पज्जइ त्ति जाणावणट्ठं णवुंसयवेदे अणुवसंते त्ति भणिदं। तम्मि उवसंते पयदसंकमट्ठाणादो हेट्ठिमट्ठाणस्स समुप्पत्तिदंसणादो। ओदरमाणस्स चउवीससंतकम्मियस्स इत्थिवेदे ओकड्डिदे जाव णवुंसयवेदो अणोकड्डिदो ताव पयदट्ठाणसंभवो अत्थि। णवरि सो एत्थ ण विवक्खिओ, चढमाणस्सेव पहाणभावेणावलंवियत्तादो।

---

§ २३४. जिसने अनन्तानुवन्धीचतुष्ककी विसंयोजना की है ऐसा जीव दर्शनमोहनीयकी क्षपणाके लिये उद्यत होकर जब मिथ्यात्वका क्षय कर देता है तब इक्कीस कषाय और सम्यग्मिथ्यात्व इन प्रकृतियोंको लेकर यह संक्रमस्थान उत्पन्न होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

विशेषार्थ—यद्यपि मिथ्यात्वकी क्षपणाके वाद सत्ता तेईस प्रकृतियोंकी होती है तथापि सम्यग्दृष्टिके सम्यक्त्व संक्रमके अयोग्य होनेसे संक्रम वाईस प्रकृतियोंका ही होता है यह उक्त सूत्रका अभिप्राय है।

*** अथवा चौवीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके आनुपूर्वी संक्रमका प्रारम्भ करने पर जब तक नपुंसकवेदका उपशम नहीं होता है तब तक वाईस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है।**

§ २३५. सूत्रमें जो 'चउवीससंतकम्मिय' यह वचन दिया है सो इसका फल शेष सत्कर्म-स्थानोंका निषेध करना है, क्योंकि उनके सद्भावमें प्रकृत संक्रमस्थान नहीं हो सकता है। सूत्रमें 'आणुपुव्वीसंकमे कदे' यह वचन अनानुपूर्वी संक्रमका प्रतिषेध करनेके लिये आया है, क्योंकि वह प्रकृतका विरोधी है। उसमें भी नपुंसकवेदका उपशम न होने पर ही प्रकृत संक्रमस्थान उत्पन्न होता है यह वतानेके लिये 'णवुंसयवेदे अणुवसंते' यह कहा है, क्योंकि नपुंसकवेदका उपशम हो जाने पर प्रकृत संक्रमस्थानसे नीचेके स्थानकी उत्पत्ति देखी जाती है। उपशमश्रेणिसे उतरते समय चौवीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके स्त्रीवेदका अपकर्षण होकर जब तक नपुंसकवेदका अपकर्षण नहीं होता है तब तक प्रकृत स्थान सम्भव है, किन्तु वह यहाँ विवक्षित नहीं है, क्योंकि उपशम-श्रेणि पर चढ़नेवाला जीव ही प्रधानरूपसे यहाँ स्वीकार किया गया है।

विशेषार्थ—उपशमश्रेणिमें यह वाईस प्रकृतिकसंक्रमस्थान दो प्रकारसे वतलाया है। यथा—उपशमश्रेणि पर चढ़ते समय चौवीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जिस जीवने अन्तरकरण करनेके वाद आनुपूर्वी संक्रमका प्रारम्भ कर दिया है उसके जब तक नपुंसकवेदका उपशम नहीं होता है तब तक यह वाईस प्रकृतिक संक्रमस्थान प्राप्त होता है। यद्यपि इस जीवके सत्ता इक्कीस कषाय और तीन दर्शनमोहनीय इन चौवीस प्रकृतियोंकी है तथापि इनमेंसे सम्यक्त्व और संज्वलन

ॐ एक्कवीसाए खीणदंसणमोहणीयस्स अक्खवग-अणुवसामगस्स ।

§ २३६. खीणदंसणमोहणीयस्स अक्खवगाणुवसामगस्स इगिवीससंकमट्ठाण-मुप्पज्जइ त्ति सुत्तत्थसंबंधो खवगमुवसामगं च वज्जियूणण्णत्थ[1] खीणदंसणमोहणीयस्स पयदसंकमट्ठाणसंभवो त्ति भणिदं होइ । किमिदि खवगोवसामगपरिवज्जणं कीरदे ? ण, तत्थाणुपुव्वीसंकमादिवसेण ट्ठाणंतरुप्पत्तिदंसणादो । एत्थ खवगोवसामगववएसो अणियट्टिअद्धाए संखेज्जेसु भागेसु गदेसु संखेज्जदिमे भागे सेसे विवक्खिओ, तत्थेव खवणोवसामणवावारपउत्तिदंसणादो ।

ॐ चउवीसदिसंतकम्मियस्स वा णउंसयवेदे उवसंते इत्थिवेदे अणुवसंते ।

लोभ इन दो प्रकृतियोंका संक्रम नहीं होता, अतः यहाँ बाईस प्रकृतिक संक्रमस्थान प्राप्त होता है। दूसरा प्रकार यह है कि यह जीव उपशमश्रेणिसे उतरता हुआ स्त्रीवेदका अपकर्षण करनेके बाद जब तक नपुंसकवेदका अपकर्षण नहीं करता है तब तक बाईस प्रकृतिकसंक्रमस्थान होता है। यहाँ आनुपूर्वीसंक्रमके न रहनेसे यद्यपि लोभका संक्रम तो होने लगता है पर अभी नपुंसकवेदका संक्रम नहीं प्रारम्भ हुआ है इसलिये बाईस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है। इस प्रकार यद्यपि उपशमश्रेणिमें बाईस प्रकृतिक दो संक्रमस्थान होते हैं तथापि चूर्णिकारने चढ़ते समयके एक संक्रम-स्थानका ही निर्देश किया है दूसरेका नहीं। दूसरेका क्यों निर्देश नहीं किया इसका कारण बतलाते हुए टीकामें जो कुछ लिखा है उसका भाव यह है कि उतरते समय जो बाईस प्रकृतिक संक्रमस्थान प्राप्त होता है उसे प्रधान न मानकर उसका उल्लेख नहीं किया है।

*** जिसने दर्शनमोहनीयका क्षय कर दिया है किन्तु जो क्षपक या उपशामक नहीं है उसके इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है।**

२३६ जिसने दर्शनमोहनीयका क्षय कर दिया है किन्तु जो क्षपक या उपशामक नहीं है उसके इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है यह इस सूत्रका तात्पर्य है। क्षपक या उपशामकको छोड़कर जिसने दर्शनमोहनीयकी क्षपणा कर दी है ऐसे जीवके अन्यत्र प्रकृत संक्रम-स्थान सम्भव है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

शंका—क्षपक और उपशामकका निषेध क्यों किया है?

समाधान—नहीं, क्योंकि क्षपक या उपशामकके आनुपूर्वी संक्रम आदिके कारण दूसरे स्थानोंकी उत्पत्ति देखी जाती है।

प्रकृतमें क्षपक और उपशामक यह संज्ञा अनिवृत्तिकरणके कालका बहुभाग व्यतीत होकर एक भाग शेष रहने पर जो जीव स्थित हैं उनकी अपेक्षा विवक्षित है, क्योंकि क्षपणा और उपशामनारूप व्यापारकी प्रवृत्ति यहीं पर देखी जाती है।

*** अथवा चौबीस प्रकृतिक सत्कर्मवाले जीवके नपुंसकवेदका उपशम होने पर और स्त्रीवेदका उपशम नहीं होने पर इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है।**

---

१. आ० प्रतौ वज्जियमण्णत्थ इति पाठः।

§ २३७. आणुपुव्वीसंकमवसेण लोभस्सासंकामगो होऊण जो ट्ठिओ चउवीस-संतकम्मिओ उवसामओ तस्स बावीससंकमपयडीसु णवुंसयवेदे उवसंते इत्थिवेदे चाणु-वसंते इगिवीससंकमट्ठाणं पयारंतरपडिवद्धमुप्पज्जइ। जेणेदं सुत्तं देसामासियं तेण चउवीससंतकम्मियउवसमसम्माइट्ठिस्स सासणभावं पडिवण्णस्स पढमावलियाए चउवीस-संतकम्मियसम्मामिच्छाइट्ठिस्स वा इगिवीससंकमट्ठाणं पयारंतरपडिग्गहियं होइ त्ति वत्तव्वं, तत्थ पयारंतरपरिहारेण पयदसंकमट्ठाणसिद्धीए णिव्वाहमुवलंभादो। अदो चेय ओदरमाणगस्स वि चउवीससंतकम्मियस्स सत्तसु कम्मेसु ओकड्डिदेसु जाव इत्थि-णवुंसयवेदा उवसंता ताव इगिवीससंतकम्मट्ठाणसंभवो सुत्तंतब्भूदो वक्खाणेयव्वो।

§ २३७. आनुपूर्वी संक्रमके कारण लोभ संज्वलनका संक्रम नहीं करनेवाला जो चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला उपशामक जीव है उसके बाईस संक्रम प्रकृतियोंमेंसे नपुंसकवेदका उपशम होने पर और स्त्रीवेदका उपशम नहीं होने पर प्रकारान्तरसे इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है। यतः यह सूत्र देशामर्षक है अतः इससे यह भी सूचित होता है कि जो चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला उपशम सम्यग्दृष्टि जीव सासादन गुणस्थानको प्राप्त होता है उसके पहली आवलि कालके भीतर या चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले सम्यग्मिथ्यादृष्टिके अन्य प्रकारके प्रतिग्रहके साथ यह इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है, क्योंकि वहां पर प्रकारान्तरके परिहार द्वारा प्रकृत संक्रमस्थानकी सिद्धि निर्बाधरूपसे पाई जाती है। तथा इससे सूत्रमें अन्तर्भूत हुए इस स्थानका भी व्याख्यान करना चाहिये कि चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला जो जीव उपशमश्रेणिसे उतर रहा है उसके सात नोकषाय कर्मोंका अपकर्षण तो हो गया है किन्तु जब तक स्त्रीवेद और नपुंसकवेद उपशान्त हैं तब तक इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थान सम्भव है।

विशेषार्थ—यहां पर इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थान पांच प्रकारसे बतलाया है। यथा—(१) जो क्षायिक सम्यग्दृष्टि जीव जब तक अन्य प्रकृतियोंका क्षय नहीं करता या उपशमश्रेणिमें आनुपूर्वी संक्रमको नहीं प्राप्त होता है तबतक इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है। (२) जो चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला जीव उपशमश्रेणि पर चढ़ता है उसके नपुंसकवेदका उपशम हो जाने पर जब तक स्त्रीवेदका उपशम नहीं होता तब तक इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है। इस स्थानमें सम्यक्त्व, संज्वलन लोभ और नपुंसकवेदका संक्रम नहीं होता, शेषका होता है। (३) चौबीस प्रकृतियोंकी सत्ता-वाला जो उपशमसम्यग्दृष्टि जीव सासादन गुणस्थानको प्राप्त होता है उसके एक आवलि कालतक इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है। यहाँ पर तीन दर्शनमोहनीय और चार अनन्तानुबन्धी इन सातका संक्रम नहीं होता। (४) चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला जो जीव मिश्र गुणस्थानको प्राप्त होता है उसके इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है। इसके अनन्तानुबन्धीचतुष्क तो हैं ही नहीं और तीन दर्शनमोहनीयका संक्रम नहीं होता है। (५) जो चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला जीव उपशमश्रेणिसे उतर रहा है उसके और सब कर्मोंके अनुपशान्त हो जाने पर भी जब तक स्त्रीवेद और नपुंसकवेद उपशान्त रहते हैं तब तक इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है। इसके भी चार अनन्तानुबन्धियोंका तो सद्भाव ही नहीं है और सम्यक्त्व, स्त्रीवेद तथा नपुंसकवेदका संक्रम नहीं होता है। इस प्रकार ये पाँच प्रकारसे इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थान प्राप्त होते हैं। इनमेंसे प्रारम्भके दो संक्रमस्थानोंका तो चूर्णिसूत्रकारने स्वयं उल्लेख किया है किन्तु शेष तीन संक्रमस्थानोंका नहीं किया है। सो चूर्णिसूत्र देशामर्षक होनेसे सूचित हो जाते हैं ऐसा जानना चाहिये।

* वीसाए एक्कवीसदिसंतकम्मियस्स आणुपुव्वीसंकमे कदे जाव णवुंसयवेदो अणुवसंतो ।

§ २३८. णवुंसयवेदोवसमो किमट्ठमेत्थ णेच्छिज्जदे ?[1] ण, तम्मि उवसंते पयदविरोहिसंकमट्ठाणंतरुप्पत्तिदंसणादो[2] । तदो एक्कारसकसाय-णवणोकसायसमुदायप्पयमेदं संकमट्ठाणमिगिवीससंतकम्मियस्सुवसामगस्स अंतरकरणपढमसमयादो जाव णवुंसयवेदाणुवसमो ताव होदि त्ति सुत्तत्थसंगहो । ओदरमाणगस्स पुण णवुंसयवेदे उवसंते चेय पयदसंकमट्ठाणसंभवो त्ति एसो वि अत्थो एत्थेव सुत्ते णिलीणो त्ति वक्खाणेयव्वो ।

* चउवीसदिसंतकम्मियस्स वा आणुपुव्वीसंकमे कदे इत्थिवेदे उवसंते छसु कम्मेसु अणुवसंतेसु ।

§ २३९. चउवीसदिसंतकम्मंसियस्स[3] वा उवसामगस्स पयदसंकमट्ठाणमुप्पज्जइ त्ति संबंधो । कथंभूदस्स तस्स ? आणुपुव्वीसंकमे कदे णवुंसयवेदोवसामणाणंतरमित्थि-

---

* इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके आनुपूर्वी संक्रमका प्रारम्भ हो जाने पर जब तक नपुंसकवेदका उपशम नहीं होता तब तक बीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ।

§ २३८. शंका—यहाँ पर नपुंसकवेदका उपशम क्यों नहीं स्वीकार किया गया है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि उसका उपशम हो जाने पर प्रकृत संक्रमस्थानके विरोधी दूसरे संक्रमस्थानकी उत्पत्ति देखी जाती है, इसलिये यहाँ नपुंसकवेदका उपशम नहीं स्वीकार किया गया है ।

इसलिए इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले उपशामक जीवके अन्तरकरण करनेके प्रथम समयसे लेकर जब तक नपुंसकवेदका उपशम नहीं होता है तब तक ग्यारह कषाय और नौ नोकषायोंके समुदायरूप यह बीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है यह इस सूत्रका समुच्चयार्थ है । किन्तु उपशमश्रेणिसे उतरनेवाले जीवके तो नपुंसकवेदके उपशान्त रहते हुए ही प्रकृत संक्रमस्थान सम्भव है इस प्रकार यह अर्थ भी इसी सूत्रमें गर्भित है यह व्याख्यान यहाँ करना चाहिये ।

* अथवा चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके आनुपूर्वी संक्रमके बाद स्त्रीवेदका उपशम होकर जब तक छह नोकषायोंका उपशम नहीं हुआ है तब तक बीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ।

§ २३९. अथवा चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले उपशामक जीवके प्रकृत संक्रमस्थान उत्पन्न होता है ऐसा यहाँ सम्बन्ध करना चाहिये ।

शंका—यह चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला उपशामक जीव कैसा होना चाहिये जब उसके प्रकृत संक्रमस्थान होता है ?

समाधान—जिसने आनुपूर्वीसंक्रम करके नपुंसकवेदका उपशम करनेके बाद स्त्रीवेदका उपशम तो कर लिया है किन्तु छह नोकषायोंका उपशम कर रहा है उस चौबीस प्रकृतियोंकी

---

१. ता० प्रतौ ण तत्थ (त०) म्मि इति पाठः । २. ता० प्रतौ -ट्ठाणंतरुप्पत्तिदंसणादो । इति पाठः । ३. ता० प्रतौ -कम्मियस्स इति पाठः ।

वेदे उवसंते छण्णोकसायाणमुवसामयभावेणावट्ठिदस्स । तत्थ दो दंसणमोहणीयपयडीहिं सह एक्कारसकसाय-सत्तणोकसायाणं संकमपाओग्गाणमुवलंभादो ।

❀ एगुणवीसाए एक्कवीसदिसंतकम्मंसियस्स णवुंसयवेदे उवसंते इत्थिवेदे अणुवसंते ।

§ २४०. इगिवीससंतकम्मियस्सुवसामगस्स लोभाणुपुव्वीसंकमवसेण समासादिद-वीसपयडिसंकमट्ठाणस्स कमेण णवुंसयवेदे उवसंते पयदसंकमट्ठाणमुप्पज्जइ त्ति सुत्तत्थ-संबंधो । ओदरमाणगं पि समस्सियूणेदस्स ट्ठाणस्स संभवो समयाविरोहेणाणुगंतव्वो, सुत्तस्सेदस्स देसामासयत्तादो ।

❀ अट्ठारसण्हमेक्कावीसदिकम्मंसियस्स इत्थिवेदे उवसंते जाव छण्णो-कसाया अणुवसंता ।

§ २४१. तस्सेव इगिवीससंतकम्मंसियस्स अंतरकरणे कदे णवुंसय-इत्थिवेदेसु

सत्तावाले उपशामक जीवके प्रकृत संक्रमस्थान होता है, क्योंकि यहाँ पर संक्रमके योग्य दो दर्शन मोहनीयके साथ ग्यारह कषाय और सात नोकषाय प्रकृतियां पाई जाती हैं ।

विशेषार्थ—यहां पर बीस प्रकृतिक संक्रमस्थान तीन प्रकारसे प्राप्त होता है दो क्षायिक सम्यग्दृष्टिके और एक द्वितीयोपशम सम्यग्दृष्टिके । ये तीनों ही संक्रमस्थान उपशमश्रेणिमें होते हैं । इनका विशेष खुलासा टीकामें ही किया है अतः यहाँ नहीं करते हैं ।

* इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके नपुंसकवेदका उपशम होकर जब तक स्त्रीवेदका उपशम नहीं होता तब तक उन्नीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ।

§ २४० जिस इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले उपशामक जीवने लोभसंज्वलनमें होनेवाले आनुपूर्वी संक्रमके कारण बीस प्रकृतिक संक्रमस्थानको प्राप्त कर लिया है उसके क्रमसे नपुंसकवेदके उपशान्त हो जाने पर प्रकृत संक्रमस्थान उत्पन्न होता है यह इस सूत्रका तात्पर्य है । इसी प्रकार उपशमश्रेणिसे उतरनेवाले जीवकी अपेक्षासे भी आगमानुसार इस स्थानको जान लेना चाहिये, क्योंकि यह सूत्र देशामर्षक है ।

विशेपार्थ—यहाँ उन्नीस प्रकृतिक संक्रस्थान दो प्रकारसे बतलाया है । एक तो जो क्षायिक सम्यग्दृष्टि जीव उपशमश्रेणि पर चढ़ रहा है उसके नपुंसकवेदका उपशम हो जाने पर प्राप्त होता है, क्योंकि तब लोभसंज्वलन और नपुंसकवेदका संक्रम नहीं होता है शेषका होता है । दूसरे यह जीव जब उपशमश्रेणिसे उतर कर छह नोकषायोंका तो अपकर्षण कर लेता है किन्तु स्त्रीवेद और नपुंसक वेद उपशान्त ही रहते हैं तब प्राप्त है । इसके स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका संक्रम नहीं होता शेषका होता है । यद्यपि दूसरा प्रकार चूर्णिसूत्रमे नहीं बतलाया है तथापि यह सूत्र देशामर्षक होनेसे इस स्थानका ग्रहण हो जाता है ।

* इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके स्त्रीवेदका उपशम होकर जब तक छह नोकषायोंका उपशम नहीं होता है तब तक अठारह प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ।

§ २४१. उसी इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके अन्तरकरण करनेके बाद नपुंसकवेद

---

१. ता०प्रतौ तदो दंसणमोहपयडीहि इति पाठः ।

उवसंतेसु जाव छण्णोकसाया अणुवसंता ताव पयदसंकमट्ठाणमेक्कारसकसाय-सत्तणोकसाय-पडिबद्धमुप्पज्जइ, पुव्वुत्तसंकमपयडीसु इत्थिवेदस्स बहिब्भावादो। एवमिगिवीस-चउवीस-संतकम्मिए अवलंबिय उवसमसेढीपाओग्गाणि संकमट्ठाणाणि वीसादीणि परूविय संपहि सत्तारसादीणं तिण्हमसंकमपाओग्गट्ठाणाणमसंभवे कारणणिद्देसं कुणमाणो उवरिमं पबंधमाह—

❀ सत्तारसण्हं केण कारणेण णत्थि संकमो ?

§ २४२. सत्तारसण्हं पयडीणं संकमपाओग्गभावेण संभवो केण कारणेण णत्थि त्ति पुच्छिदं होइ।

❀ खवगो एक्कावीसादो एक्कपहारेण अट्ठ कसाए अवणेदि।

§ २४३. खवगो ताव एक्कवीससंतकम्मट्ठाणादो एक्कवारेणेव अट्ठ कसाए अवणेइ। एवमवणिदे पयदट्ठाणुप्पत्ती तत्थ णत्थि त्ति भणिदं होइ। संपहि एदस्सेव फुडीकरट्ठ-मुत्तरसुत्तमाह।

❀ तदो अट्ठकसाएसु अवणिदेसु तेरसण्हं संकमो होइ।

§ २४४. जेण कारणेण अट्ठकसाएसु जुगवमवणिदेसु तेरससंकमट्ठाणमुप्पज्जइ तेण खवगमस्सिऊण सत्तारसपयडिट्ठाणस्स णत्थि संभवो त्ति सुत्तत्थसंगहो।

और स्त्रीवेदका उपशम होकर जबतक छह नोकषायोंका उपशम नहीं होता तबतक ग्यारह कषाय और सात नोकषायोंसे सम्बन्ध रखनेवाला प्रकृत संक्रमस्थान उत्पन्न होता है, क्योंकि यहां पर पूर्वोक्त उन्नीस संक्रम प्रकृतियोंमेंसे स्त्रीवेद प्रकृति और कम हो गई है। आशय यह है कि पहले समय पीछे जो उन्नीस प्रकृतिक संक्रमस्थान बतला आये हैं उसमेंसे स्त्रीवेदके कम कर देने पर अठारह प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है। इस प्रकार इक्कीस और चौबीस प्रकृतिक सत्त्वस्थानोंका आलम्बन लेकर उपशमश्रेणिके योग्य बीस आदि संक्रमस्थानोंका कथन करके अब जो सत्रह आदि तीन संक्रमके अयोग्य स्थान बतलाये हैं उनका संक्रम क्यों सम्भव नहीं है इसके कारणका निर्देश करनेकी इच्छासे आगेके प्रबन्धका निर्देश करते हैं—

❀ सत्रह प्रकृतियोंका किस कारणसे संक्रम नहीं होता।

§ २४२. सत्रह प्रकृतियाँ संक्रमके योग्य क्यों नहीं हैं यह इस सूत्रके द्वारा पूछा गया है।

❀ क्योंकि क्षपक जीव इक्कीस प्रकृतियोंमेंसे एक प्रहारके द्वारा आठ कषायोंका अभाव करता है।

§ २४३. क्षपक तो इक्कीस प्रकृतिक सत्त्वस्थानमेंसे एक बारमें ही आठ कषायोंको निकाल फेंकता है और इस प्रकार निकाल देने पर वहां प्रकृत स्थानकी उत्पत्ति नहीं होती है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अब इसी बातको स्पष्ट करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

❀ इस लिये आठ कषायोंका अभाव कर देने पर तेरहप्रकृतिक संक्रमस्थान होता है।

§ २४४. यतः आठ कषायोंका एक साथ अभाव कर देने पर तेरह प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है अतः क्षपक जीवकी अपेक्षा सत्रह प्रकृतिकस्थान सम्भव नहीं है यह इस सूत्रका

** उवसामगस्स वि एक्कावीसदिकम्मंसियस्स छसु कम्मेसु उवसंतेसु बारसण्हं संकमो भवदि ।**

§ २४५. एक्कवीससंतकम्मियस्सुवसामगस्स वि पयडिट्ठाणसंभवो णत्थि त्ति सुत्तत्थसंबंधो । कुदो ? तस्साणुपुव्वीसंकमवसेण लोभस्सासंकमं कादूण णवुंस-इत्थिवेदे जहाकममुवसामिय अट्ठारससंकामयभावेणावट्ठिदस्स छसु कम्मेसु उवसंतेसु बारसण्हं पयडीणं संकमुवलंभादो ।

** चउवीसदिकम्मंसियस्स छसु कम्मेसु उवसंतेसु चोद्दसण्हं संकमो भवदि ।**

§ २४६. चउवीससंतकम्मियस्स वि उवसामगस्स पयदट्ठाणसंभवासंका ण कायव्वा, तस्स वि तेवीससंकमट्ठाणादो आणुपुव्वीसंकमादिवसेण वावीस-इगिवीस-वीस-संकमट्ठाणाणि उप्पाइय समवट्ठिदस्स छसु कम्मेसु उवसंतेसु पुरिसवेदेण सह एक्कारस-कसाय-दोदंसणमोहपयडीणं संकमपाओग्गभावेणुप्पत्तिदंसणादो ।

** एदेण कारणेण सत्तारसण्हं वा सोलसण्हं वा पण्णारसण्हं वा संकमो णत्थि ।**

§ २४७. एदेणाणंतरपरूविदेण कारणेण सत्तारसण्हं पयडीणं संकमो णत्थि । जहा सत्तारसण्हमेवं सोलसण्हं पण्णारसण्हं च पयडीणं णत्थि चेव संकमो, त्तिपुरिस-

---

समुदायार्थ है ।

** इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले उपशामकके भी छह नोकषायोंका उपशम होने पर बारह प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ।**

§ २४५. इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले उपशामक जीवके भी प्रकृत संक्रमस्थान सम्भव नहीं है यह इस सूत्रका तात्पर्य है, क्योंकि आनुपूर्वी संक्रमके कारण लोभसंज्वलनका संक्रम न करके तथा नपुंसकवेद और स्त्रीवेदका क्रमसे उपशम करके अठारह प्रकृतिक संक्रमस्थानको प्राप्त होकर स्थित हुए इस जीवके छह नोकषायोंके उपशान्त होनेपर बारहप्रकृतिक संक्रमस्थान उपलब्ध होता है ।

** तथा चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले उपशामक जीवके छह नोकषायोंके उपशान्त होने पर चौदहप्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ।**

§ २४६. जो चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला उपशामक जीव है उसके भी प्रकृत स्थान सम्भव होगा ऐसी आशंका करना ठीक नहीं है, क्योंकि तेईस प्रकृतिक संक्रमस्थानमेंसे आनुपूर्वी सक्रम आदिके कारण बाईस, इक्कीस और बीस प्रकृतिक संक्रमस्थानोंको उत्पन्न करके अवस्थित हुए उसके क्रमसे छह नोकषायोंके उपशान्त हो जानेपर पुरुषवेदके साथ ग्यारह कषाय और दो दर्शन-मोहनीय इन चौदह प्रकृतियोंकी संक्रमप्रायोग्यरूपसे उत्पत्ति देखी जाती है ।

** इस कारणसे सत्रह सोलह और पन्द्रह प्रकृतियोंका संक्रम नहीं होता ।**

§ २४७. यह जो अनन्तर कारण कह आये हैं उससे सत्रह प्रकृतियोंका संक्रम नहीं होता है । और जिस प्रकार सत्रह प्रकृतियोंका संक्रम नहीं होता उसीप्रकार सोलह और पन्द्रह

संबंधेण गवेसिज्जमाणाणं तेसिं संभवाणुवलंभादो ।

§ २४८. एवं पयदत्थोवसंहारं काऊण संपहि चोद्दससंकमट्ठाणस्स पयडिणिद्देसमुहेण परूवणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ—

*** चोद्दसण्हं चउवीसदिकम्मंसियस्स छसु कम्मेसु उवसामिदेसु पुरिसवेदे अणुवसंते ।**

§ २४९. सुगममेदं सुत्तं, अणंतरादीदकारणपरूवणाए गयत्थत्तादो । ओदरमाणसंबंधेण वि पयदट्ठाणसंभवो एत्थाणुमग्गियव्वो ।

प्रकृतियोंका भी संक्रम नहीं होता है, क्योंकि तीन पुरुषों (स्वामियों) के सम्बन्धसे विचार करनेपर उक्त स्थानोंकी संक्रमस्थानरूपसे सम्भावना नहीं उपलब्ध होती ।

विशेषार्थ—यहां सत्रह, सोलह और पन्द्रह प्रकृतिक स्थानोंका संक्रम क्यों नहीं होता है यह बतलाया है जो क्षायिक सम्यग्दृष्टि जीव क्षपकश्रेणीपर चढ़ता है उसके जब आठ कषायोंका क्षय होता है तब इक्कीसमेंसे एकदम तेरह प्रकृतिक संक्रम स्थान उत्पन्न होता है, इसलिये तो क्षपकश्रेणिवाले जीवके ये स्थान सम्भव नहीं होनेसे इनका संक्रम नहीं बनता । उपशमश्रेणिकी अपेक्षा भी यदि इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला उपशमश्रेणि पर चढ़ता है तो पहले वह आनुपूर्वी संक्रमका प्रारम्भ करके २० प्रकृतिक संक्रमस्थान प्राप्त करता है । फिर नपुंसकवेदका उपशम करके १९ प्रकृतिक संक्रमस्थान प्राप्त करता है । फिर स्त्रीवेदका उपशम करके १८ प्रकृतिक संक्रमस्थान प्राप्त करता है । इसके बाद इसके एक साथ छह नोकषायोंका उपशम होनेसे बारह प्रकृतिक संक्रमस्थान प्राप्त होता है इसलिये इसके भी सत्रह, सोलह और पन्द्रह प्रकृतिक संक्रमस्थान सम्भव न होनेसे उनका संक्रम नहीं बनता है । अब रहा चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला उपशामक जीव सो इसके प्रारम्भमें तो तेईस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है, क्योंकि इसके सम्यक्त्वप्रकृतिका संक्रम नहीं होता । फिर आनुपूर्वीसंक्रमका प्रारम्भ होने पर बाईस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है । फिर नपुंसकवेद और स्त्रीवेदका उपशम होने पर क्रमसे इक्कीस और बीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है । इसके बाद इसके भी छह नोकषायोंका एक साथ उपशम होनेके कारण चौदह प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है । इस प्रकार इसके भी सत्रह, सोलह और पन्द्रह प्रकृतिक संक्रमस्थान सम्भव नहीं होनेसे उनका संक्रम नहीं होता है । यही कारण है कि प्रकृतमें इन तीन संक्रमस्थानोंका निषेध किया है ।

§ २४८. इस प्रकार प्रकृत अर्थका उपसंहार करके अब चौदह संक्रमस्थानकी प्रकृतियोंके निर्देश द्वारा कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके छह नोकषायोंका उपशम होकर पुरुषवेदका उपशम नहीं होने तक चौदह प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ।**

§ २४९. यह सूत्र सुगम है, क्योंकि अनन्तरपूर्व कारणका कथन करते समय इसका विचार कर चुके हैं । उपशमश्रेणिसे उतरनेवाले जीवके सम्बन्धसे भी यहाँ पर प्रकृत स्थानका विचार कर लेना चाहिये ।

विशेषार्थ—यहाँ चौदह प्रकृतिकसंक्रमस्थान दो प्रकारसे बतलाया है । एक चढ़ते समय और दूसरा उतरते समय । चढ़ते समय चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जिस जीवके क्रमसे आनुपूर्वी संक्रमका प्रारम्भ होकर नपुंसकवेदका उपशम, स्त्रीवेदका उपशम और छह नोकषायोंका उपशम हो गया है उसके यह स्थान प्राप्त होता है । तथा उतरते समय अप्रत्याख्यानावरण क्रोध और प्रत्याख्यानावरण

❀ तेरसण्हं चउवीसदिकम्मंसियस्स पुरिसवेदे उवसंते कसाएसु अणुवसंतेसु ।

§ २५०. तस्सेव चउवीससंतकम्मियस्स चोद्दससंकामयभावेणावट्ठिदस्स पुव्वुत्त-चोद्दसपयडीसु पुरिसवेदे उवसंते पयदसंकमट्ठाणमुप्पज्जइ, कसायाणमणुवसमे तदुप्पत्तीए विरोहाभावादो । एवं चउवीससंतकम्मियसंबंधेण तेरससंकमट्ठाणमुप्पाइय पयारंतरेणावि तदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

❀ खवगस्स वा अट्ठकसाएसु खविदेसु जाव अणाणुपुव्वीसंकमो ।

§ २५१. इगिवीससंतकम्मादो अट्ठकसाएसु खविदेसु चदुसंजलण-णवणोकसायाणं संकमपाओग्गभावेण परिप्फुडमुवलंभादो । तदो चेव जाव अणाणुपुव्वीसंकमो त्ति उत्तं, आणुपुव्वीसंकमे जादे लोभसंजलणस्स संकमपाओग्गत्तविणासेण ट्ठाणंतरुप्पत्तिदंसणादो ।

क्रोधका अपकर्षण होकर जब तक पुरुषवेद उपशान्त रहता है तब तक यह स्थान होता है। प्रथम प्रकारमें लोभसंज्वलनके सिवा ग्यारह कषाय, पुरुषवेद और दो दर्शनमोहनीय इन चौदह प्रकृतियोंका संक्रम होता रहता है। तथा दूसरे प्रकारमे बारह कषाय और दो दर्शनमोहनीय इन चौदह प्रकृतियोंका संक्रम होता रहता है।

* चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके पुरुषवेदके उपशान्त और कषायोंके अनुपशान्त रहते हुए तेरहप्रकृतिक संक्रमस्थान होता है।

§ २५०. चौदह प्रकृतियोंका संक्रम करनेवाले उसी चौबीस प्रकृतिक सत्कर्मवाले जीवके पूर्वोक्त चौदह प्रकृतियोंमेंसे पुरुषवेदके उपशान्त होने पर प्रकृत संक्रमस्थान उत्पन्न होता है, क्योंकि जब तक कषायोंका उपशम नहीं होता तब तक इस स्थानकी उत्पत्ति होनेमें कोई विरोध नहीं आता। इस प्रकार चौबीस प्रकृतिक सत्त्वस्थानके सम्बन्धसे तेरह प्रकृतिक संक्रमस्थानको उत्पन्न करके प्रकारान्तरसे भी उस स्थानको उत्पन्न करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

* तथा क्षपक जीवके आठ कषायोंका क्षय हो जाने पर जब तक अनानुपूर्वी संक्रमका सद्भाव है तब तक तेरह प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है।

§ २५१. क्षपकके सत्ताको प्राप्त इक्कीस प्रकृतियोंमेंसे आठ कषायोंका क्षय होनेपर संक्रमके योग्य चार संज्वलन और नौ नोकषाय ये तेरह प्रकृतियाँ स्पष्ट रूपसे पाई जाती हैं, इसीलिये जब तक अनानुपूर्वी संक्रम है ऐसा कहा है, क्योंकि आनुपूर्वी संक्रमका प्रारम्भ होनेपर लोभ संज्वलन संक्रमके योग्य नहीं रहनेसे दूसरे संक्रमस्थानकी उत्पत्ति देखी जाती है।

विशेषार्थ—यहांसे तेरह प्रकृतिक संक्रमस्थान दो प्रकारसे उत्पन्न होता है ऐसा बतलाया है—प्रथम उपशमश्रेणिकी अपेक्षा और दूसरा क्षपकश्रेणिकी अपेक्षा। प्रथम स्थान तो चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके पुरुषवेदका उपशम होनेपर प्राप्त होता है और दूसरा स्थान आठ कषायोंका क्षय होनेपर प्राप्त होता है। प्रथम प्रकारमे लोभ संज्वलनके सिवा ग्यारह कषाय और दो दर्शनमोहनीय इन तेरह प्रकृतियोंका संक्रम होता रहता है और दूसरे प्रकारमें चार संज्वलन और नौ नोकषाय इन तेरह प्रकृतियोंका संक्रम होता रहता है।

※ बारसण्हं खवगस्स आणुपुव्वीसंकमो[1] आढत्तो जाव णवुंसयवेदो अक्खीणो।

§ २५२. तस्सेव तेरससंकामयस्स खवगस्स आणुपुव्वीसंकमो आढत्तो जाव णवुंसयवेदो अक्खीणो ताव बारसण्हं संकमट्ठाणं होइ त्ति सुत्तत्थसंगहो।

※ एक्कावीसदिकम्मंसियस्स वा छसु कम्मेसु उवसंतेसु पुरिसवेदे अणुवसंते।

§ २५३. एक्कवीसकम्मंसियस्स वा उवसामयस्स छसु कम्मेसु उवसंतेसु तं चेव संकमट्ठाणमुप्पज्जइ, पुरिसवेदे अणुवसंते तेण सह एक्कारसकसायाणं परिग्गहादो। ओदरमाणगस्स इगिवीससंतकम्मियस्स पयदसंकमट्ठाणसंभवो वत्तव्वो, तिविहे कोहे ओकड्डिदे तदुवलंभादो। चउवीससंतकम्मियस्स बारससंकमट्ठाणसंभवो णत्थि।

※ क्षपक जीवके आनुपूर्वी संक्रमका प्रारम्भ होकर जब तक नपुंसकवेदका क्षय नहीं होता है तब तक बारह प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है।

§ २५२. तेरह प्रकृतियोंका संक्रम करनेवाले इसी क्षपक जीवके आनुपूर्वी संक्रमका प्रारम्भ होकर जब तक नपुंसकवेदका क्षय नहीं होता है तब तक बारह प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है यह उक्त सूत्रका समुच्चयार्थ है।

※ अथवा इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके छह नोकषायोंका उपशम होकर पुरुषवेदके अनुपशान्त रहते हुए बारह प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है।

§ २५३. अथवा इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले उपशामक जीवके छह नोकषायोंके उपशान्त हो जानेपर यही संक्रमस्थान उत्पन्न होता है, क्योंकि यहां पुरुषवेदका उपशम नहीं होनेसे उसके साथ संक्रमके योग्य ग्यारह कषायोंको ग्रहण किया है। इसी प्रकार उतरनेवाले इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके प्रकृत संक्रमस्थानका कथन करना चाहिये, क्योंकि तीन प्रकारके क्रोधका अपकर्षण होने पर उक्त स्थान उपलब्ध होता है। किन्तु चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके बारह प्रकृतिक संक्रमस्थान नहीं प्राप्त होता।

विशेषार्थ—यहां बारह प्रकृतिक संक्रमस्थान तीन प्रकारसे बतलाया है—प्रथम क्षपक श्रेणिकी अपेक्षा और अन्तके दो उपशमश्रेणिकी अपेक्षा। प्रथम स्थान तो क्षपक जीवके आनुपूर्वी संक्रमका प्रारम्भ होनेके बाद जब तक नपुंसकवेदका क्षय नहीं होता तब तक प्राप्त होता है। दूसरा स्थान क्षायिक सम्यग्दृष्टि उपशामकके चढ़ते समय छह नोकषायोंका उपशम होकर जब तक पुरुषवेदका उपशम नहीं होता तब तक प्राप्त होता है और तीसरा स्थान इसी जीवके उतरते समय तीन प्रकारके क्रोधोंके अपकर्षण होनेके समयसे लेकर जब तक पुरुषवेद उपशान्त रहता है तब तक प्राप्त होता है। प्रथम प्रकारमें चार संज्वलन और नौ नोकषाय इन तेरह प्रकृतियोंकी सत्ता है पर संज्वलन लोभके सिवा संक्रम बारहका होता है। दूसरे प्रकारमें सत्ता तो इक्कीस प्रकृतियोंकी है पर संक्रम संज्वलन लोभके सिवा ग्यारह कषाय और पुरुषवेद इन बारह प्रकृतियोंका होता है। इसी तरह तीसरे प्रकारमें सत्ता तो इक्कीस प्रकृतियोंकी है पर संक्रम बारह कषायका ही होता है।

---

१. आ० प्रतौ -संकमादो इति पाठः।

* एक्कारसण्हं खवगस्स णवुंसयवेदे खविदे इत्थिवेदे अक्खीणे[3] ।

§ २५४. खवगस्स अट्ठकसायक्खवणाणंतरं तेरससंकामयत्तेणावट्ठिदस्स पुणो आणुपुव्वीसंकमवसेण लद्धबारससंकमट्ठाणस्स णवुंसयवेदे खविदे एक्कारस-संकमट्ठाणमुप्पज्जइ, तिण्हं संजलण-अट्ठणोकसायाणं तत्थ संकमदंसणादो ।

* अथवा एक्कावीसदिकम्मंसियस्स पुरिसवेदे उवसंते अणुवसंतेसु कसाएसु ।

§ २५५. कुदो ? एक्कारसकसायाणं परिप्फुडमेव तत्थ संकमदंसणादो ।

* चउवीसदिकम्मंसियस्स वा दुविहे कोहे उवसंते कोहसंजलणे अणुवसंते ।

§ २५६. चउवीसदिकम्मंसियस्स वा एक्कारससंकमट्ठाणमुप्पज्जइ । कुदो ? पुरिसवेदविहाणेण तेरससंकामयत्तेणावट्ठिदस्स तस्स दुविहकोहोवसमे कदे कोहसंजलणेण सह एक्कारसपयडीणं संकमोवलंभादो । ओदरमाणस्स वि एक्कारससंकमट्ठाणसंभवो एत्थ, सुत्तस्सेदस्स देसामासियभावेणावट्ठाणादो ।

यहाँ सोलह स्थान चूर्णिसूत्रकारने नहीं कहा है तो चूर्णिसूत्रको देशामर्षक मानकर उसका स्वीकार करना चाहिये।

* क्षपक जीवके नपुंसकवेदका क्षय होकर स्त्रीवेदका क्षय नहीं होने पर ग्यारह प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है।

§ २५४. जिस क्षपक जीवने आठ कषायोंका क्षय करके तेरह प्रकृतिक संक्रमस्थान प्राप्त कर लिया है फिर आनुपूर्वीसंक्रमके कारण बारह प्रकृतिक संक्रमस्थानको उत्पन्न कर लिया है उसके नपुंसकवेदका क्षय होनेपर ग्यारह प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है, क्योंकि वहाँ तीन संज्वलन और आठ नोकषायोंका संक्रम देखा जाता है।

* अथवा इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके पुरुषवेदका उपशम होकर कषायोंके अनुपशान्त रहते हुए ग्यारह प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है।

§ २५५. क्योंकि वहाँ ग्यारह कषायोंका स्पष्ट रूपसे संक्रम देखा जाता है।

* अथवा चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके दो प्रकारके क्रोधका उपशम होकर क्रोधसंज्वलनके अनुपशान्त रहते हुए ग्यारह प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है।

§ २५६. अथवा चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके ग्यारह प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है, क्योंकि पुरुषवेदकी विधिसे जो तेरह प्रकृतिक संक्रमस्थानको प्राप्त है उसके दो प्रकारके क्रोधका उपशम हो जाने पर क्रोध संज्वलनके साथ ग्यारह प्रकृतियोंका संक्रम उपलब्ध होता है। इसी प्रकार उतरनेवाले जीवके भी ग्यारह प्रकृतिक संक्रमस्थानका कथन करना चाहिये, क्योंकि यह सूत्र देशामर्षकभावसे अवस्थित है।

विशेषार्थ—यहाँ ग्यारह प्रकृतिक संक्रमस्थान तीन प्रकारसे बतलाया है। प्रथम क्षपक श्रेणिकी अपेक्षा और शेष दो उपशमश्रेणिकी अपेक्षा। क्षपकश्रेणिकी अपेक्षा नपुंसकवेदका

१. ता० प्रतौ णवुंसयवेदे अक्खीणे इति पाठः ।

❀ दसण्हं खवगस्स इत्थिवेदे खीणे छसु कम्मंसेसु अक्खीणेसु ।

§ २५७. दसण्हं संकमट्ठाणं खवगस्स होइ त्ति सुत्तत्थसंबंधो । कम्हि अवत्थाए तं होइ त्ति उत्ते इत्थिवेदे खीणे छण्णोकसाएसु अक्खीणेसु होइ त्ति घेत्तव्वं, तत्थ सत्तणोकसाय-संजलणतियस्स संकमोवलंभादो ।

❀ अथवा चउवीसदिकम्मंसियस्स कोधसंजलणे उवसंते सेसेसु कसाएसु अणुवसंतेसु ।

§ २५८. चउवीसदिकम्मंसियस्स दुविहं कोहमुवसामिय एक्कारसपयडीणं संकमसामित्तेणावट्ठिदस्स कोहसंजलणोवसमे जादे पयदसंकमट्ठाणमुप्पज्जइ त्ति सुत्तत्थ-

क्षय होकर जब तक स्त्रीवेदका क्षय नहीं होता तब तक यह संक्रमस्थान होता है। इसके चार संज्वलन और आठ नोकषाय इन बारह प्रकृतियोंकी सत्ता है पर संक्रम संज्वलन लोभके बिना ग्यारह प्रकृतियोंका होता है। उपशमश्रेणिकी अपेक्षा प्रथम प्रकार इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके उपशमश्रेणि पर चढ़ते समय प्राप्त होता है। यह स्थान पुरुषवेदके उपशमके बाद होता है। इसमें संज्वलन लोभके बिना ग्यारह कषायोंका संक्रम होता रहता है। उपशमश्रेणिकी अपेक्षा दूसरा प्रकार चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके उपशमश्रेणिपर चढ़ते समय प्राप्त होता है। यह स्थान अप्रत्याख्यानावरण क्रोध और प्रत्याख्यानावरण क्रोध इन दो प्रकारके क्रोधोंके उपशान्त होने पर प्राप्त होता है। इसमें अप्रत्याख्यानावरण मान, माया, लोभ ये तीन, प्रत्याख्यानावरण मान, माया, लोभ ये तीन संज्वलन क्रोध, मान, माया ये तीन और दर्शनमोहनीयकी दो इस प्रकार इन ग्यारह प्रकृतियोंका संक्रम होता रहता है। चौथा स्थान इसी जीवके उतरते समय संज्वलन क्रोधके उपशान्त रहते हुए प्राप्त होता है। इसके तीनों प्रकारके मान, माया और लोभ ये नौ और दर्शनमोहनीयकी दो इन ग्यारह प्रकृतियोंका संक्रम होता है। इस प्रकार ग्यारह प्रकृतिक संक्रमस्थानके कुल भेद चार होते हैं यह सिद्ध हुआ।

* क्षपक जीवके स्त्रीवेदका क्षय होकर छह नोकषायोंका क्षय नहीं होनेपर दस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है।

§ २५७. दस प्रकृतिक संक्रमस्थान क्षपकके होता है यह इस सूत्रका तात्पर्य है।

शंका—किस अवस्थाके होने पर वह होता है ?

समाधान—स्त्रीवेदका क्षय होकर छह नोकषायोंके अक्षीण रहते हुए वह होता है ऐसा अर्थ लेना चाहिये, क्योंकि यहाँ सात नोकषाय और तीन संज्वलनोंका संक्रम उपलब्ध होता है।

* अथवा चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके क्रोध संज्वलनका उपशम होकर शेष कषायोंके अनुपशान्त रहते हुए दस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है।

§ २५८. चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला जो जीव दो प्रकारके क्रोधोंका उपशम कर ग्यारह प्रकृतिक संक्रमस्थानके स्वामीरूपसे अवस्थित है उसके क्रोध संज्वलनका उपशम हो जाने पर प्रकृत संक्रमस्थान उत्पन्न होता है यह इस सूत्रका अभिप्राय है। यहाँ सूत्रमें जो 'सेसकसाएसु

१. ता०प्रतौ पयडिसकम इति पाठः।

संबंधो । एत्थ सेसकसाएसु अणुवसंतेसु त्ति वयणमट्ठकसाय-दोदंसणमोहपयडीणं गहणट्ठं ।

❀ णवण्हं एक्कावीसदिकम्मंसियस्स दुविहे कोहे उवसंते कोहसंजलणे अणुवसंते ।

§ २५९. इगिवीससंतकम्मियस्स एक्कावीसपयडिसंकमादो लोभाणुपुव्वी संकमं काऊण कमेण णवणोकसाए उवसामिय एक्कारससंकामयभावेणावट्ठिदस्स पुणो दुविहे कोहे उवसंते पयदसंकमट्ठाणमुप्पज्जइ, कोहसंजलणेण सह तिविहमाण-माया-दुविहलोभ-पयडीणं संकमोवलंभादो । ओदरमाणसंबंधेण वि एत्थ पयदसंकमट्ठाणसंभवो वत्तव्वो, विरोहाभावादो । एत्थ पयारंतरसंभवासंकाणिरायरणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

❀ चउवीसदिकम्मंसियस्स खवगस्स च णत्थि ।

अणुवसंतेसु' यह वचन दिया है सो यह आठ कषाय और दो दर्शनमोहनीय इन दस प्रकृतियोंके ग्रहण करनेके लिये दिया है।

विशेषार्थ—यहाँ दस प्रकृतिक संक्रमस्थान दो प्रकारसे बतलाया है—प्रथम क्षपकश्रेणिकी अपेक्षा और दूसरा उपशमश्रेणिकी अपेक्षा। क्षपकश्रेणिकी अपेक्षा स्त्रीवेदका क्षय करके छह नोकषायों-का क्षय करते समय यह स्थान प्राप्त होता है। इस स्थानमें चार संज्वलन और सात नोकषायोंकी सत्ता पाई जाती है किन्तु संज्वलन लोभके बिना शेष दसका संक्रम होता है। उपशमश्रेणिकी अपेक्षा चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके दूसरा संक्रमस्थान पाया जाता है। यह स्थान जब क्रोधसंज्वलनका उपशम करनेके बाद दो मानोंका उपशम करनेका प्रारम्भ करता है तब प्राप्त होता है। इसके प्रत्याख्यानावरण मान, माया और लोभ ये तीन; अप्रत्याख्यानावरण मान, माया और लोभ ये तीन; संज्वलन मान और माया ये दो तथा दर्शनमोहनीयकी दो इन दस प्रकृतियोंका संक्रम पाया जाता है।

*** इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके दो प्रकारके क्रोधका उपशम होकर क्रोधसंज्वलनके अनुपशान्त रहते हुए नौ प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है।**

§ २५९. जो इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला जीव इक्कीस प्रकृतियोंके संक्रमके बाद लोभमें आनुपूर्वी संक्रमको प्राप्त करके और क्रमसे नौ नोकषायोंका उपशम करके ग्यारह प्रकृतिक संक्रम-स्थानको प्राप्त होकर स्थित है उसके दो प्रकारके क्रोधका उपशम होने पर प्रकृत संक्रमस्थान उत्पन्न होता है, क्योंकि उसके क्रोधसंज्वलनके साथ तीन प्रकारके मान, तीन प्रकारकी माया और दो प्रकारके लोभ इन नौ प्रकृतियोंका संक्रम उपलब्ध होता है। उपशमश्रेणिसे उतरनेवालेके सम्बन्धसे भी यहाँ पर प्रकृत संक्रमस्थानका कथन करना चाहिये, क्योंकि इसमें कोई विरोध नहीं आता। यहां पर यह नौ प्रकृतिक संक्रमस्थान प्रकारान्तरसे भी सम्भव है क्या इस आशंकाके निवारण करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

*** किन्तु चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले उपशामक जीवके और क्षपक जीवके यह स्थान नहीं होता।**

§ २६०. चउवीसदिकम्मंसियस्स ताव पयदसंकमट्ठाणसंभवो णत्थि, कोहसंजलणमुवसामिय दसण्हं संकामयभावेणावट्ठिदस्स तस्स दुविहे माणे उवसंते तत्तो हेट्ठिमट्ठाणुप्पत्तिदंसणादो[1]। खवगस्स वि इत्थिवेदक्खवणेण दससंकामयस्स छसु कम्मेसु खीणेसु चउण्हं संकमट्ठाणुप्पत्तिदंसणादो णत्थि पयदसंकमट्ठाणसंभवो[2]। तम्हा पुव्वुत्तो चेव तदुप्पत्तिपयारो णाण्णो त्ति सिद्धं।

* अट्ठण्हं एक्कावीसदिकम्मंसियस्स तिविहे कोहे उवसंते सेसेसु कसाएसु अणुवसंतेसु।

§ २६१. एक्कावीससंतकम्मियस्सुवसामगस्स तिविहकोहोवसमे संते संकमट्ठाणमेदमुप्पज्जइ, तस्सणंतरपरूविदसंकमपयडीसु कोहसंजलणस्स बहिब्भावदंसणादो।

* अहवा चउवीसदिकम्मंसियस्स दुविहे माणे उवसंते माणसंजलणे अणुवसंते।

§ २६०. चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके प्रकृत संक्रमस्थान तो सम्भव नहीं है, क्योंकि क्रोधसंज्वलनका उपशम करके जो दस प्रकृतियोंका संक्रम करता हुआ स्थित है उसके दो प्रकारके मानका उपशम करने पर नौ प्रकृतिक संक्रमस्थानके नीचेके स्थानकी उत्पत्ति देखी जाती है। इसी प्रकार स्त्रीवेदका क्षय हो जाने पर दस प्रकृतियोंका संक्रम करनेवाले क्षपक जीवके भी छह नोकषायोंका क्षय हो जाने पर चार प्रकृतिक संक्रमस्थानकी उत्पत्ति देखी जाती है, इसलिये इसके प्रकृत संक्रमस्थान सम्भव नहीं है। अतः इसके उत्पत्तिका प्रकार पूर्वोक्त ही है अन्य नहीं यह बात सिद्ध होती है।

विशेषार्थ—यहां नौ प्रकृतिक संक्रमस्थान दो प्रकारसे बतलाया है। जो दोनों ही प्रकार उपशमश्रेणिकी अपेक्षासे प्राप्त होते हैं। जब इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके दो प्रकारके क्रोधका उपशम हो जाता है किन्तु क्रोधसंज्वलन अनुपशान्त रहता है तब प्रथम प्रकार प्राप्त होता है। इस स्थानमें क्रोधसंज्वलन, तीन मान, तीन माया और संज्वलन लोभके सिवा शेष दो लोभ इन नौ प्रकृतियोंका संक्रम होता है। दूसरा प्रकार उपशमश्रेणिसे उतरते समय इसी इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके प्राप्त होता है। किन्तु इसके संज्वलन क्रोध उपशान्त रहता है और तीन मान, तीन माया तथा तीन लोभ ये नौ प्रकृतियाँ अनुपशान्त होकर इनका संक्रम होता रहता है। इन दो प्रकारोंको छोड़कर अन्य किसी प्रकारसे इस स्थानकी उत्पत्ति सम्भव नहीं है। स्पष्टीकरण मूलमें किया ही है।

* इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके तीन प्रकारके क्रोधका उपशम होकर शेष कषायोंके अनुपशान्त रहते हुए आठ प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है।

§ २६१. इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले उपशामक जीवके तीन प्रकारके क्रोधका उपशम होने पर प्रकृत संक्रमस्थान उत्पन्न होता है, क्योंकि इससे पूर्वके स्थानमें जो संक्रमरूप प्रकृतियां कही हैं उनमेंसे क्रोधसंज्वलनका बहिर्भाव देखा जाता है।

* अथवा चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके दो प्रकारके मानका उपशम होकर मानसंज्वलनके अनुपशान्त रहते हुए आठ प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है।

१. आ० प्रतौ हेट्ठिमाणुप्पत्तिदंसणादो इति पाठः। २. ता० प्रतौ पयदट्ठाणसंभवो इति पाठः।

§ २६२. कोहसंजलणमुवसामिय दसण्हं संकामयत्तेणावट्ठिदस्स तस्स दुविह-माणोवसमे णिरुद्धसंकमट्ठाणुप्पत्तिं[1] पडि विरोहाभावादो । एत्थ वि ओदरमाणसंबंधेण पयदसंकमट्ठाणपरूवणा कायव्वा ।

❀ सत्तण्हं चउवीसदिकम्मंसियस्स तिविहे माणे उवसंते सेसेसु कसाएसु अणुवसंतेसु ।

§ २६३. चउवीसदिकम्मंसियस्से त्ति वयणेण इगिवीसकम्मंसियस्स खवगस्स च पडिसेहो कओ, तत्थ पयदसंकमट्ठाणुप्पत्तीए असंभवादो । तदो चउवीससंतकम्मियस्स तिविहे माणे उवसंते तिविहमाय-दुविहलोह-दंसणमोहपयडीओ घेत्तूण पयदसंकम-ट्ठाणमुप्पज्जइ त्ति घेत्तव्वं ।

---

§ २६२. क्रोधसंज्वलनको उपशमा कर जो दस प्रकृतियोंका संक्रम करते हुए अवस्थित है उसके दो प्रकारके मानका उपशम होने पर प्रकृत संक्रमस्थानकी उत्पत्ति होनेमें कोई विरोध नहीं आता है। यहां पर भी उपशमश्रेणिसे उतरनेवाले जीवके सम्बन्धसे प्रकृत संक्रमस्थानका कथन करना चाहिये ।

विशेषार्थ—यहाँ पर आठ प्रकृतिक संक्रमस्थान तीन प्रकारसे बतलाया गया है। ये तीनों ही संक्रमस्थान उपशमश्रेणिमे प्राप्त होते हैं। उनमेसे दो चढ़नेवाले जीवोंके प्राप्त होते हैं और एक उतरनेवाले जीवके प्राप्त होता है। चढ़नेवालोंमें पहला इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके और दूसरा चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके होता है। प्रथम स्थान तीनों क्रोधोंके उपशान्त होने पर प्राप्त होता है। इसके तीनों मान, तीनों माया और लोभ संज्वलनके विना दो लोभ इन आठ प्रकृतियोंका संक्रम होता रहता है। दूसरा स्थान दो प्रकारके मानके उपशान्त होने पर प्राप्त होता है। इसके मान संज्वलन, तीन माया, लोभसंज्वलनके बिना दो लोभ और दो दर्शनमोहनीय इन आठ प्रकृतियोंका संक्रम होता रहता है। इन दो स्थानके सिवा जो तीसरा स्थान उतरनेवालेके प्राप्त होता है सो वह चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके ही प्राप्त होता है। इसके तीन माया, तीन लोभ और दो दर्शनमोहनीय इन आठ प्रकृतियोंका संक्रम होता रहता है।

❀ चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके तीन प्रकारके मानका उपशम होकर शेष कषायोंके अनुपशान्त रहते हुए सात प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है।

§ २६३. सूत्रमें 'चउवीसदिकम्मसियस्स' वचन आया है सो इस द्वारा इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले उपशामकका और क्षपकका निषेध किया है, क्योंकि उसके प्रकृत संक्रमस्थानकी उत्पत्ति होना असम्भव है। अतः चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके तीन प्रकारका मान उपशान्त होने पर तीन प्रकारकी माया, दो प्रकारका लोभ और दो दर्शनमोहनीय प्रकृतियां इन आठकी अपेक्षा प्रकृत संक्रमस्थान उत्पन्न होता है ऐसा जानना चाहिये।

विशेषार्थ—सात प्रकृतिक संक्रमस्थान एक ही प्रकारका है जिसका टीकामे ही खुलासा किया है।

---

१. ता०प्रतौ णिरुद्धे संकमट्ठाणुप्पत्तिं इति पाठः ।

❀ छण्हमेक्कावीसदिकम्मंसियस्स दुविहे माणे उवसंते सेसेसु कसाएसु अणुवसंतेसु।

§ २६४. कुदो? तत्थ माणसंजलणेण सह तिविहमाय-दुविहलोभाणं संकमदंसणादो। ओयरमाणसंबंधेण वि पयदसंकमट्ठाणमेत्थाणुगंतव्वं।

❀ पंचण्हमेक्कावीसदिकम्मंसियस्स तिविहे माणे उवसंते सेसकसाएसु अणुवसंतेसु।

§ २६५. कुदो? तत्थ तिविहमाय-दुविहलोभाणं संकमदंसणादो।

❀ अधवा चउवीसदिकम्मंसियस्स दुविहाए मायाए उवसंताए सेसेसु अणुवसंतेसु।

§ २६६. किं कारणं? तत्थ मायासंजलणेण सह दुविहलोभ-दोदंसणमोहपयडीणं संकमोवलंभादो।

---

* इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके दो प्रकारके मानका उपशम होकर शेष कषायोंके अनुपशान्त रहते हुए छह प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है।

§ २६४ क्योंकि इस संक्रमस्थानमें मान संज्वलनके साथ तीन प्रकारकी माया और दो प्रकारका लोभ इन छह प्रकृतियोंका संक्रम देखा जाता है। उतरनेवाले जीवके सम्बन्धसे भी यहां पर प्रकृत संक्रमस्थान जानना चाहिये।

विशेषार्थ—यहां पर छह प्रकृतिक संक्रमस्थान दो प्रकारसे बतलाया गया है। ये दोनों ही स्थान इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके उपशमश्रेणिमें प्राप्त होते हैं। इनमेंसे पहला चढ़नेवालेके और दूसरा उतरनेवाले जीवके होता है। चढ़नेवालेके तो दो प्रकारके मानका उपशम होने पर होता है। इसके मान संज्वलन, तीन माया और दो लोभ इन छह प्रकृतियोंका संक्रम होता रहता है। तथा उतरनेवालेके मान संज्वलनके उपशान्त रहते हुए ही यह स्थान होता है। इसके तीन माया और तीन लोभ इन छह प्रकृतियोंका संक्रम होने लगता है।

* इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके तीन प्रकारके मानका उपशम होकर शेष कषायोंके अनुपशान्त रहते हुए पांच प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है।

§ २६५. क्योंकि यहां पर तीन प्रकारकी माया और दो प्रकारके लोभका संक्रम देखा जाता है।

* अथवा चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके दो प्रकारकी मायाका उपशम होकर शेष प्रकृतियोंके अनुपशान्त रहते हुए पांच प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है।

§ २६६. क्योंकि यहां पर माया संज्वलनके साथ दो प्रकारके लोभ और दो दर्शनमोहनीय इन पांच प्रकृतियोंका संक्रम देखा जाता है।

विशेषार्थ—यहां पर पांच प्रकृतिक संक्रमस्थान दो प्रकारसे बतलाया है। ये दोनों ही स्थान उपशमश्रेणिमें चढ़ते समय प्राप्त होते हैं। पहला स्थान इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावालेके होता है। इसके और सब प्रकृतियोंका तो उपशम हो जाता है किन्तु तीन माया और दो लोभ

*** चउण्हं खवगस्स छसु कम्मेसु खीणेसु पुरिसवेदे अक्खीणे ।**

§ २६७. खवगस्स इत्थिवेदक्खयाणंतरमुप्पाइददससंकमट्ठाणस्स पुणो छण्णोकसाएसु खीणेसु पयदसंकमट्ठाणमुप्पज्जइ त्ति सुत्तत्थणिच्छओ ।

*** अहवा चउवीसदिकम्मंसियस्स तिविहाए मायाए उवसंताए सेसेसु अणुवसंतेसु ।**

§ २६८. तत्थ दुविहलोह-दोदंसणमोहपयडीणं संकमस्स परिप्फुडमुवलंभादो । एत्थ वि ओदरमाणसंबंधेणेदं संकमट्ठाणमणुमग्गियव्वं ।

*** तिण्हं खवगस्स पुरिसवेदे खीणे सेसेसु अक्खीणेसु ।**

बच रहते हैं । संज्वलन लोभका आनुपूर्वी संक्रमके कारण संक्रम नहीं होता । दूसरा स्थान चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावालेके होता है । इसके और सबका उपशम तो हो जाता है किन्तु माया संज्वलन, दो लोभ और दो दर्शनमोहनीय इन पांच प्रकृतियोंका संक्रम होता रहता है । यहां भी संज्वलन लोभका संक्रम नहीं होता ।

* क्षपकके छह नोकषायोंका क्षय होकर पुरुषवेदके अक्षीण रहते हुए चार प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ।

§ २६७. स्त्रीवेदके क्षयके बाद जिसने दस प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न कर लिया है ऐसे क्षपक जीवके तदनन्तर छह नोकषायोंका क्षय करने पर प्रकृत संक्रमस्थान उत्पन्न होता है यह इस सूत्रका भाव है ।

* अथवा, चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके तीन प्रकारकी मायाका उपशम होकर शेष प्रकृतियोंके अनुपशान्त रहते हुए चार प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ।

§ २६८. क्योंकि यहां पर दो प्रकारके लोभ और दर्शनमोहनीयकी दो प्रकृतियां इन चारका स्पष्टरूपसे संक्रम उपलब्ध होता है । यहां पर भी उतरनेवाले जीवके सम्बन्धसे यह संक्रमस्थान जान लेना चाहिये ।

विशेषार्थ—यहां पर चार प्रकृतिक संक्रमस्थान तीन प्रकारसे बतलाया है । एक क्षपकश्रेणिकी अपेक्षा और दो उपशमश्रेणिकी अपेक्षा । उपशमश्रेणिमें भी प्रथम चढ़नेवालेके और दूसरा उतरनेवालेके होता है । क्षपकश्रेणिमें पहला स्थान छह नोकषायोंका क्षय होने पर प्राप्त होता है । इसमें चार संज्वलन और एक पुरुषवेद इन पांचकी सत्ता रहती है किन्तु संक्रम संज्वलन लोभके बिना चारका होता है । दूसरा स्थान चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावालेके होता है । इसमें दो लोभ और दो दर्शनमोहनीय इन चार प्रकृतियोंका संक्रम होता रहता है । संज्वलन लोभका संक्रम नहीं होता । तीसरा स्थान इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके उपशमश्रेणिसे उतरते हुए तीन प्रकारके लोभके साथ संज्वलन मायाके संक्रमित करने पर होता है । उस समय इस जीवके तीन लोभ माया संज्वलन यह चार प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ।

* क्षपक जीवके पुरुषवेदका क्षय होकर शेष प्रकृतियोंके अक्षीण रहते हुए तीन प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ।

§ २६९. तत्थ तिण्हं संजलणाणं संकमदंसणादो ।

※ अथवा एक्कावीसदिकम्मंसियस्स दुविहाए मायाए उवसंताए सेसेसु अणुवसंतेसु ।

§ २७०. तत्थ मायासंजलणेण सह दोण्हं लोहाणं संकमदंसणादो ।

※ दोण्हं खवगस्स कोहे खविदे सेसेसु अक्खीणेसु ।

§ २७१. माण-मायासंजलणाणं दोण्हं चेव तत्थ संकमदंसणादो ।

※ अहवा एक्कावीसदिकम्मंसियस्स तिविहाए मायाए उवसंताए सेसेसु अणुवसंतेसु ।

§ २७२. तिविहमायोवसमे दुविहलोहस्सेव तत्थ संकमोवलंभादो ।

※ अहवा चउवीसदिकम्मंसियस्स दुविहे लोहे उवसंते ।

§ २७३. तस्स दुविहलोहोवसमेण दोदंसणमोहपयडीणं चेव संकमोवलंभादो ।

---

§ २६९. क्योंकि यहाँ पर तीन संज्वलनोंका संक्रम देखा जाता है।

*** अथवा इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके दो प्रकारकी मायाका उपशम होकर शेष प्रकृतियोंके अनुपशान्त रहते हुए तीन प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है।**

§ २७०. क्योंकि यहाँ पर माया संज्वलनके साथ दोनों लोभोंका संक्रम देखा जाता है।

विशेषार्थ—यहाँ पर तीन प्रकृतिक संक्रमस्थान दो प्रकारसे बतलाया है—एक क्षपकश्रेणिकी अपेक्षा और दूसरा उपशमश्रेणिकी अपेक्षा। क्षपकश्रेणिमें जो स्थान प्राप्त होता है वह पुरुषवेदके क्षय होनेपर प्राप्त होता है। यहां यद्यपि सत्ता चारों संज्वलनोंकी है तथापि संक्रम संज्वलन लोभके बिना शेष तीनका होता है। उपशमश्रेणिमें प्राप्त होनेवाला स्थान इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके प्राप्त होता है। यह जीव जब दो प्रकारकी मायाका उपशम कर लेता है तब यह स्थान होता है। इसमें माया संज्वलनका और संज्वलन लोभके सिवा शेष दो लोभोंका संक्रम होता है।

*** क्षपक जीवके क्रोधका क्षय होकर शेष प्रकृतियोंके अक्षीण रहते हुए दो प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है।**

§ २७१. क्योंकि यहांपर मान और माया इन दो संज्वलन प्रकृतियोंका ही संक्रम देखा जाता है।

*** अथवा इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके तीन प्रकारकी मायाका उपशम होकर शेष प्रकृतियोंके अनुपशान्त रहते हुए दो प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है।**

§ २७२. क्योंकि यहां पर तीन प्रकारकी मायाका उपशम होने पर दो प्रकारके लोभका ही संक्रम पाया जाता है।

*** अथवा चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके दो प्रकारके लोभका उपशम होनेपर दो प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है।**

§ २७३. क्योंकि इसके दो प्रकारके लोभका उपशम होकर दर्शनमोहनीयकी दो प्रकृतियोंका

एदं दोदंसणमोहपयडिसंकमट्ठाणं कस्स होइ त्ति आसंकाए इदमाह—

❀ सुहुमसांपराइय-उवसामयस्स वा उवसंतकसायस्स वा ।

§ २७४. सुगमं ।

❀ एकिस्से संकमो खवगस्स माणे खविदे मायाए अक्खीणाए ।

§ २७५. सुगमं ।

एवं ट्ठाणसमुक्तित्तणाए पयडिणिद्देसो समत्तो ।

एवं पढमगाहाए अत्थो समत्तो ।

§ २७६. संपहि विदियादिगाहाणमत्थो सुगमो त्ति चुण्णिसुत्ते ण परूविदो । तमिदाणिं वत्तइस्सामो—'सोलसय बारसट्ठय० पडिग्गहा होंति ।' एसा विदिया गाहा पयडिट्ठाणपडिग्गहापडिग्गहपरूवणे पडिबद्धा । तं जहा—गाहापुव्वद्धणिद्दिट्ठाणि सोलसादीणि अपडिग्गहट्ठाणाणि णाम १६, १२, ८, २०, २३, २४, २५, २६, २७, २८ । एदाणि मोत्तूण सेसाणि बावीसादीणि एयपयडिपज्जंताणि पडिग्गहठाणाणि होंति । तेसिमंकविण्णासो

संक्रम उपलब्ध होता है । यह दर्शनमोहनीयकी अपेक्षा दो प्रकृतिक संक्रमस्थान किसके होता है ऐसी आशंका होने पर यह आगेका सूत्र कहते हैं—

* सूक्ष्मसम्पराय उपशामक और उपशान्तकषाय जीवके होता है ।

§ २७४. यह सूत्र सुगम है ।

विशेषार्थ—यहाँ दो प्रकृतिक संक्रमस्थान तीन प्रकारसे बतलाया है । इनमेंसे अन्तिम संक्रमस्थानका स्वामी सूक्ष्मसम्पराय उपशामक और उपशान्तकषाय जीव है । शेष कथन सुगम है ।

* क्षपक जीवके मानका क्षय होकर मायाके अक्षीण रहते हुए एक प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ।

§ २७५. यह सूत्र सुगम है ।

विशेषार्थ—आशय यह है कि उपशमश्रेणिमें एक प्रकृतिक संक्रमस्थान सम्भव नहीं है । वह केवल क्षपकश्रेणिमें ही प्राप्त होता है जिसका निर्देश चूर्णिसूत्रमें किया ही है ।

इस प्रकार स्थानसमुत्कीर्तना अनुयोगद्वारमें प्रकृतियोंके निर्देशका कथन समाप्त हुआ ।

इस प्रकार पहली गाथाका अर्थ समाप्त हुआ ।

§ २७६. द्वितीयादि गाथाओंका अर्थ सुगम होनेसे चूर्णिसूत्रमें नहीं कहा है । उसे इस समय बतलाते हैं—'सोलसय बारसट्ठय० पडिग्गहा होंति' यह दूसरी गाथा है जो प्रकृतिस्थानप्रतिग्रह और प्रकृतिस्थान अप्रतिग्रहके कथन करनेमे प्रतिबद्ध है । यथा—गाथाके पूर्वार्धमें निर्दिष्ट किये गये सोलह आदि अप्रतिग्रहस्थान हैं—१६, १२, ८, २०, २३, २४, २५, २६, २७, और २८ । इन स्थानोंके सिवा शेष बाईससे लेकर एक प्रकृति तक प्रतिग्रहस्थान हैं । उनका अंकविन्यास इस प्रकार है—

एसो—२२, २१, १९, १८, १७, १५, १४, १३, ११, १०, ९, ७, ६, ५, ४, ३, २, १। संपहि एदेसिं पयडिणिद्देसो कीरदे। तं जहा—मिच्छत्त-सोलसक० तिण्हं वेदाणमेक्कदरं हस्स-रदि अरदि-सोग दोण्हं जुगलाणमण्णदरं भय-दुगुंछाओ च एदमेदाओ बावीस-पयडीओ घेत्तूण पढमं पडिग्गहट्ठाणमुप्पज्जइ, अट्ठावीस-सत्तावीसाणमण्णदरसंतकम्मिय-मिच्छाइट्ठिम्मि जहाकमं सत्तावीस-छव्वीसपयडिट्ठाणसंकमस्स तदाहारत्तेण पउत्ति-दंसणादो। तेणेव बावीसबंधगेण सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणि उव्वेल्लिय मिच्छत्तपडिग्गह-वोच्छेदे कदे इगिवीसकसायपयडिपडिबद्धं विदियं पडिग्गहट्ठाणमुप्पज्जइ, एत्थ वि छव्वीससंतकम्मसहगदपणुवीससंकमट्ठाणस्साहारभावदंसणादो। अहवा सासणसम्मा-इट्ठिस्स मिच्छत्तं मोत्तूण सेसपयडीओ बंधमाणस्स पयदपडिग्गहट्ठाणमुप्पज्जइ, तत्थ वि इगिवीसपयडिपडिग्गहपडिबद्धपणुवीस-इगिवीसपयडिट्ठाणसंकमोवलंभादो।

२२, २१, १९, १८, १७, १५, १४, १३, ११, १०, ९, ७, ६, ५, ४, ३, २, और १। अब इन स्थानोंकी प्रकृतियोंका निर्देश करते हैं—मिथ्यात्व, सोलह कषाय, तीन वेदोंमेंसे कोई एक वेद, हास्य-रति या अरति-शोक इन दो युगलोंमेंसे कोई एक युगल, भय और जुगुप्सा इन बाईस प्रकृतियोंका प्रथम प्रतिग्रहस्थान होता है, क्योंकि अट्ठाईस और सत्ताईस इनमेंसे किसी एक स्थानके सत्तावाले मिथ्यादृष्टि जीवके क्रमसे सत्ताईस और छब्बीस प्रकृतिकस्थानके संक्रमके आधाररूपसे इस स्थानकी प्रवृत्ति देखी जाती है। बाईस प्रकृतियोंका बन्ध करनेवाला वही जीव जब सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी उद्वेलना करके मिथ्यात्व प्रकृतिका प्रतिग्रहरूपसे विच्छेद कर देता है तब कषायोंकी इक्कीस प्रकृतियोंसे सम्बन्ध रखनेवाला दूसरा प्रतिग्रहस्थान उत्पन्न होता है क्योंकि यह स्थान भी छब्बीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले मिथ्यादृष्टि जीवके पच्चीस प्रकृतिक संक्रमस्थानका आधार देखा जाता है। अथवा मिथ्यात्वके सिवा शेष प्रकृतियोंका बन्ध करनेवाले सासादनसम्यग्दृष्टिके प्रकृत प्रतिग्रहस्थान उत्पन्न होता है, क्योंकि वहाँ पर भी इक्कीस प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानसे सम्बन्ध रखनेवाले पच्चीस प्रकृतिकसंक्रमस्थानका और इक्कीसप्रकृतिकसंक्रमस्थानका संक्रम पाया जाता है।

विशेषार्थ—यहाँतक दूसरी गाथाके अर्थका खुलासा करते हुए प्रतिग्रहस्थान कितने हैं और अप्रतिग्रहस्थान कितने हैं यह बतलाकर किस प्रतिग्रहस्थानकी कौन कौन प्रकृतियां हैं और उनमेंसे किस प्रतिग्रहस्थानमें किस किस संक्रमस्थानका संक्रम होता है यह बतलाया जा रहा है। प्रतिग्रहका अर्थ स्वीकार करना है और प्रकृतिस्थानका अर्थ प्रकृतियोंका समुदाय है। आशय यह है कि जो प्रकृतियोंका समुदाय संक्रमको प्राप्त हुए कर्मोंको स्वीकार करके अपनेरूप परिणमा लेता है उसे प्रतिग्रहस्थान कहते हैं। इसका दूसरा नाम पतद्ग्रहस्थान भी है सो इससे पड़नेवाले कर्मोंको जो प्रकृतियोंका समुदाय स्वीकार करता है वह पतद्ग्रहस्थान है ऐसा अर्थ लेना चाहिये। प्रकृतमें मोहनीय कर्मकी अपेक्षा १८ प्रतिग्रहस्थान और १० अप्रतिग्रहस्थान बतलाये हैं। ऐसा नियम है कि बँधनेवाली प्रकृतियोंमें ही संक्रम होता है और मोहनीयकी एक साथ अधिकसे अधिक २२ प्रकृतियोंका ही बन्ध होता है अतः सबसे उत्कृष्ट प्रतिग्रहस्थान २२ प्रकृतिक ही हो सकता है। यद्यपि सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व इन दो प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होता तथापि ये प्रतिग्रहरूप स्वीकार की गई हैं। पर इनमें यह योग्यता सम्यग्दृष्टि जीवके सिवा अन्यत्र नहीं पाई जाती ऐसा नियम है। अतः २२ प्रकृतिक स्थानसे ऊपर तो प्रतिग्रहस्थान हो ही नहीं सकते यह सिद्ध होता है इसीसे २३, २४, २५, २६, २७ और २८ ये छह अप्रतिग्रहस्थान बतलाये हैं

§ २७७. असंजदसम्मादिट्ठिम्मि एगूणवीसाए पडिग्गहट्ठाणं होइ, तस्स सत्तारस-बंधपयडीसु सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं पडिग्गहत्तेण पवेसदंसणादो। एदम्मि पडिग्गहट्ठाणम्मि पडिबद्धसत्तावीस-छब्वीस-तेवीससंकमट्ठाणाणमुवलंभादो। एदेण चेव मिच्छत्तं खविय सम्मामिच्छत्तपडिग्गहे णासिदे अट्ठारसपडिग्गहट्ठाणं होइ, एत्थ वि बावीसपयडिट्ठाणसंकमोवलंभादो। पुणो वि एदेण सम्मामिच्छत्तं खइय सम्मत्तपडिग्गहे वि णासिदे सत्तारस०पडिग्गहट्ठाणमुप्पज्जइ, इगिवीसकसायपयडीणमेत्थ संकमंताणमुवलंभादो।

किन्तु इनके अतिरिक्त २०, १६, १२ और ८ ये चार अप्रतिग्रहस्थान और हैं, क्योंकि गुणस्थान भेदसे प्रतिग्रहरूप प्रकृतियोंको जोड़ने पर जैसे अन्य प्रतिग्रहस्थान उत्पन्न हो जाते हैं वैसे ये चार स्थान नहीं उत्पन्न होते। इसीसे इन्हें अप्रतिग्रहस्थान बतलाया है। इन अप्रतिग्रहस्थानोंके सिवा शेष २२, २१, १६, १८, १७, १५, १४, १३, ११, १०, ६, ७, ६, ५, ४, ३, २, और १ ये १८ प्रतिग्रहस्थान हैं। इनमेंसे २२ प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान २८ या २७ प्रकृतियोंकी सत्तावाले मिथ्यादृष्टिके होता है। जो २८ प्रकृतियोंकी सत्तावाला मिथ्यादृष्टि है उसके २२ प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानमें २७ प्रकृतियोंका संक्रम होता है। मिथ्यात्व गुणस्थानमें मिथ्यात्वप्रकृति संक्रमके अयोग्य है, अतः उसे छोड़ दिया है। तथा जो २७ प्रकृतियोंकी सत्तावाला है उसके भी २२ प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानमें २६ प्रकृतियोंका संक्रम होता है। २१ प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान २६ प्रकृतियोंकी सत्तावाले मिथ्यादृष्टिके या २८ प्रकृतियोंकी सत्तावाले सासादनसम्यग्दृष्टिके होता है। जो २६ प्रकृतियोंकी सत्तावाला मिथ्यादृष्टि है उसके २१ प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानमें २५ प्रकृतियोका संक्रम होता है। मिथ्यादृष्टिके यद्यपि बन्ध तो २२ प्रकृतियोंका ही होता है तथापि उसके सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व इन दो प्रकृतियोंकी उद्वेलना हो जानेके बाद मिथ्यात्व प्रकृति प्रतिग्रह रूप नहीं रहती, अतः २१ प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान मिथ्यादृष्टिके भी बन जाता है। सासादनसम्यग्दृष्टि जीव दो प्रकारके होते हैं। प्रथम तो वे जो अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना किये बिना उपशमसम्यक्त्वसे च्युत होकर सासादन गुणस्थानको प्राप्त हुए हैं और दूसरे वे जो अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजनाके बाद उपशमसम्यक्त्वसे च्युत होकर सासादन गुणस्थानको प्राप्त हुए हैं। २८ प्रकृतियोंकी सत्तावाला जो उपशमसम्यग्दृष्टि जीव सासादन गुणस्थानको प्राप्त होता है उसके सासादनमें तीन दर्शनमोहनीयके सिवा शेष २५ प्रकृतियोंका संक्रम होता है। तथा जो अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजनाके बाद सासादन गुणस्थानको प्राप्त होते हैं उनके सासादनमें एक आवलि काल तक अनन्तानुबन्धीचतुष्कका भी संक्रम नहीं होता, अतः इसके एक आवलि कालतक तीन दर्शनमोहनीय और चार अनन्तानुबन्धी इन सातके सिवा इक्कीस प्रकृतियोंका संक्रम होता है। इस प्रकार सासादनसम्यग्दृष्टिके २१ प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानमें २५ प्रकृतियोंका या २१ प्रकृतियोंका संक्रम होता है यह सिद्ध हुआ।

§ २७७ असंयत सम्यग्दृष्टिके उन्नीस प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान होता है, क्योंकि उसके सत्रह बन्ध प्रकृतियोंमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका प्रतिग्रहरूपसे प्रवेश देखा जाता है। इस प्रतिग्रह स्थानमें सत्ताईस, छब्बीस और तेईस प्रकृतिक संक्रमस्थानोंका संक्रम उपलब्ध होता है। और जब इसी जीवके मिथ्यात्वका नाश होकर सम्यग्मिथ्यात्व प्रतिग्रहप्रकृति नहीं रहती तब अठारह प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान होता है, क्योंकि इसमें भी बाईस प्रकृतिक स्थानका संक्रम उपलब्ध होता है। फिर भी इस जीवके सम्यग्मिथ्यात्वका नाश होकर जब सम्यक्त्व भी प्रतिग्रहप्रकृति नहीं रहती तब सत्रह प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान उत्पन्न होता है, क्योंकि उसमें कषाय और नोकषायकी इक्कीस प्रकृतियोंका

सम्मामिच्छाइट्ठिम्मि वि एदं पडिग्गहट्ठाणं पणुवीस-इगिवीससंकमट्ठाणपडिबद्धमणुगंतव्वं।

§ २७८. संजदासंजदगुणट्ठाणमस्सिऊण पण्णारसपडिग्गहट्ठाणमुप्पज्जदे, तेरसविधं बंधमाणस्स तस्स बंधपयडीसु पुव्वं व सत्तावीस-छव्वीस-तेवीससंकमट्ठाणाणमाहारभावेण सम्मत्त-सम्मामिच्छत्तपयडीणं पवेसणादो। पुणो इमेण दंसणमोहक्खवणमब्भुट्ठिय

संक्रम उपलब्ध होता है। यह सत्रह प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान सम्यग्मिथ्यादृष्टिके भी जानना चाहिये। किन्तु उसके इसमें पचीस और इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थानोंका संक्रम होता है।

विशेषार्थ—अविरतसम्यग्दृष्टिके १९, १८, और १७, प्रकृतिक तीन प्रतिग्रहस्थान होते हैं। दर्शनमोहनीयकी सत्तावाले सम्यग्दृष्टिके मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्व इन दो प्रकृतियोंका संक्रम अवश्य होता है। मिथ्यात्वका संक्रम तो सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्त्व इन दोनोंमें होता है किन्तु सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रम केवल सम्यक्त्वमें होता है। इस प्रकार सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्त्वरूप इन दो प्रतिग्रहप्रकृतियोंको यहां बंधनेवाली सत्रह प्रकृतियोंमें मिला देने पर १९ प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान होता है। किन्तु दर्शनमोहनीयकी क्षपणाका प्रारम्भ करके जब यह जीव मिथ्यात्वका क्षय कर देता है तब सम्यग्मिथ्यात्व प्रतिग्रहप्रकृति नहीं रहती इसलिये १८ प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान होता है। और इसी प्रकार जब यह जीव सम्यग्मिथ्यात्वका क्षय कर देता है तब सम्यक्त्व प्रतिग्रहप्रकृति नहीं रहनेसे १७ प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान होता है। इस प्रकार अविरत सम्यग्दृष्टिके कुल तीन प्रतिग्रहस्थान होते हैं यह बात सिद्ध हुई। अब इसके कितने संक्रमस्थान होते हैं और किन संक्रमस्थानोंका किस प्रतिग्रहस्थानमें संक्रम होता है इसका विचार करते हैं—जो छब्बीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला जीव उपशमसम्यक्त्वको प्राप्त होता है उसके प्रथम समयमें सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रम न होनेसे छब्बीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है। और द्वितीयादि समयोंमें इसके सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रम होने लगनेसे २७ प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है। इसी प्रकार जब यह जीव अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी विसंयोजना करता है तब २३ प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है। ये तीनों संक्रमस्थान उन्नीस प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानके रहते हुए सम्भव हैं, क्योंकि इन स्थानोंमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी सत्ता आवश्यक है। इसलिये उन्नीस प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानमें इन तीन स्थानोंका संक्रम होता है यह बात सिद्ध होती है। १८ प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान मिथ्यात्वका क्षय होनेपर ही होता है और मिथ्यात्वका क्षय होनेपर संक्रमस्थान २२ प्रकृतिक पाया जाता है, इसलिये १८ प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानमें २२ प्रकृतिक स्थानका संक्रम होता है यह बात सिद्ध होती है। १७ प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान सम्यग्मिथ्यात्वका क्षय होनेपर होता है और तब संक्रमस्थान इक्कीसप्रकृतिक पाया जाता है, इसलिये १७ प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानमें २१ प्रकृतिकस्थानका संक्रम होता है यह बात सिद्ध होती है। इस प्रकार अविरत सम्यग्दृष्टिके प्रतिग्रहस्थान और संक्रमस्थानोंका विचार करके अब सम्यग्मिथ्यादृष्टिके इनका विचार करते हैं—इस गुणस्थानमें दर्शनमोहकी प्रकृतियोंका संक्रम नहीं होता और बन्ध सत्रह प्रकृतियोंका होता है, अतः प्रतिग्रहस्थान एक १७ प्रकृतिक ही पाया जाता है। तथापि सत्ता २८ या २४ प्रकृतियोंकी होनेसे संक्रमस्थान २५ या २१ प्रकृतिक ये दो पाये जाते हैं, क्योंकि २८ या २४ प्रकृतियोंमेंसे दर्शनमोहनीयकी तीन प्रकृतियोंके संक्रम न होनेसे मिश्रगुणस्थानमें संक्रमस्थान २५ या २१ प्रकृतिक ही प्राप्त होते हैं।

§ २७८. संयतासंयत गुणस्थानकी अपेक्षा पन्द्रह प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान उत्पन्न होता है, क्योंकि तेरह प्रकृतियोंका बन्ध करनेवाले संयतासंयतके बन्धप्रकृतियोंमें पूर्ववत् २७, २६ और २३ प्रकृतिक संक्रमस्थानोंके आधाररूपसे सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व इन दो प्रकृतियोंका प्रवेश और हो जाता है। फिर इसके द्वारा दर्शनमोहनीयकी क्षपणाके लिये उद्यत होकर मिथ्यात्वका

मिच्छत्ते खविदे सम्मामिच्छत्तेण विणा चोद्दसपडिग्गहट्ठाणं होदि। एदेणेव सम्मामिच्छत्ते खविदे सम्मत्तेण विणा तेरसपडिग्गहो होइ, जहाकममेदेसु बावीस-इगिवीसपयडीणं संकमदंसणादो।

§ २७९. पमत्तापमत्ताणमेक्कारस० पडिग्गहो होइ, तव्बंधपयडीसु पुव्वं व सत्तावीस-छव्वीस-तेवीससंकमट्ठाणाणं पडिग्गहभावेण सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं पवेसिदत्तादो। एत्थेव मिच्छत्तं खइय सम्मामिच्छत्तपडिग्गहे णासिदे दसपडिग्गहो होइ। तेणेव सम्मामिच्छत्तं खइय सम्मत्तं पडिग्गहाभावे कदे णवपयडिपडिग्गहट्ठाणं होइ, जहाकममेदेसु बावीस-इगिवीसपयडीणं संकमदंसणादो।

§ २८०. अपुव्वकरणगुणट्ठाणम्मि एक्कारस वा णव वा तेवीस-इगिवीससंकमणाणमाहारभावेण पडिग्गहा होंति, तत्थ पयारंतासंभवादो।

क्षय कर देने पर सम्यग्मिथ्यात्वके विना चौदह प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान उत्पन्न होता है। और जब यह जीव सम्यग्मिथ्यात्वका भी क्षय कर देता है तब तेरह प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान होता है, क्योंकि इन दोनों स्थानोंमें क्रमसे २२ और २१ प्रकृतियोंका संक्रम देखा जाता है।

विशेषार्थ—यहां संयतासंयतके प्रतिग्रहस्थान और संक्रमस्थान बतलाते हुए किस प्रतिग्रहस्थानमें किन संक्रमस्थानोंका संक्रम होता है इस बातका निर्देश किया गया है। अविरतसम्यग्दृष्टिके जो संक्रमस्थान बतलाये हैं वे ही संयतासंयतके होते हैं, क्योंकि सत्ता और क्षपणाकी अपेक्षासे इन दोनों गुणस्थानोंमें कोई अन्तर नहीं है। किन्तु बन्धकी अपेक्षासे संयतासंयतके चार प्रकृतियाँ कम हो जाती हैं। अतः १६, १८ और १७ मेंसे ४ प्रकृतियाँ कम करने पर इसके क्रमसे १५, १४ और १३ ये तीन प्रतिग्रहस्थान प्राप्त होते हैं। अब इनमेंसे किसमें कितनी प्रकृतियोंका संक्रम होता है सो यह सब कथन अविरतसम्यग्दृष्टिके संक्रमस्थानोंके स्वामित्वको देखकर घटित कर लेना चाहिये।

§ २७९. प्रमत्तसंयत और अप्रमत्तसंयतके ग्यारह प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान होता है, क्योंकि इनकी बन्धप्रकृतियोंमें पूर्ववत् सत्ताईस, छब्बीस और तेईस प्रकृतिक संक्रमस्थानोंका प्रतिग्रहपना पाया जानेके कारण इन बन्धप्रकृतियोंमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व इन दो प्रकृतियोंका प्रवेश किया गया है। जब इनके मिथ्यात्वका क्षय होकर सम्यग्मिथ्यात्व प्रतिग्रह प्रकृति नहीं रहती तब दसप्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान होता है। और जब यही जीव सम्यग्मिथ्यात्वका क्षय करके सम्यक्त्वका प्रतिग्रह प्रकृतिरूपसे अभाव कर देता है तब नौप्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान होता है, क्योंकि इन दोनों प्रतिग्रहस्थानोंमें क्रमसे बाईस और इक्कीस प्रकृतियोंका संक्रम देखा जाता है।

विशेषार्थ—संयतासंयतके बँधनेवाली १३ प्रकृतियोंमेंसे ४ प्रकृतियाँ कम होकर इन दो गुणस्थानोंमें ९ प्रकृतियोंका बन्ध होता है, अतः यहाँ ११, १० और ९ प्रकृतिक तीन प्रतिग्रहस्थान प्राप्त होते हैं। शेष कथन सुगम है।

§ २८०. अपूर्वकरण गुणस्थानमें तेईस और इक्कीस प्रकृतियोंके आधारभूत ग्यारह प्रकृतिक या नौ प्रकृतिक ये दो प्रतिग्रहस्थान होते हैं, क्योंकि यहाँ पर और कोई दूसरा प्रकार सम्भव नहीं है।

विशेषार्थ—अपूर्वकरणमें २४ प्रकृतिक या २१ प्रकृतिक ये दो सत्त्वस्थान होते हैं। इसीसे यहाँ २३ प्रकृतिक या २१ प्रकृतिक ये दो संक्रमस्थान और क्रमसे उनके आधारभूत

§ २८१. संपहि उवसमसेढीए चउवीससंतकम्मियमस्सिऊण पडिग्गहट्ठाणाणमुप्पत्तिं वत्तइस्सामो। तं कधं? चउवीससंतकम्मियस्स उवसमसेढिं चढिय अणियट्टिगुणट्ठाणम्मि पंचविहं बंधमाणस्स सत्तपयडिपडिग्गहो होइ, तत्थ चउसंजलण-पुरिसवेद-सम्मत्त-सम्मामिच्छत्तसमूहस्स तेवीस-बावीस-इगिवीससंकमाणं पडिग्गहत्तदंसणादो। एदेणेव णवुंस-इत्थिवेदमुवसामिय पुरिसवेदपडिग्गहवोच्छेदे कदे छप्पयडिपडिग्गहो होइ, चदुसंजलण-दोदंसणमोहपयडीणमेत्थ वीसाए संकमस्साहारभावोवलंभादो। एत्थेव छण्णोकसाय-पुरिसवेदाणं जहाकममुवसमेण चोद्दस-तेरससंकमट्ठाणाणमुवलंभादो च। पुणो वि एदेण दुविहकोहोवसमं काऊण कोहसंजलणपडिग्गहविणासे कए पंचपयडिपडिग्गहट्ठाणमेक्कारससंकमाहारभूदमुप्पज्जदि। एत्थेव कोहसंजलणोवसममस्सिऊण दससंकमाहारं तं चेव पडिग्गहट्ठाणं होदि। तेणेव दुविहमाणमुवसामिय माणसंजलण-पडिग्गहवोच्छेदे कदे चउपयडिपडिबद्धमट्ठपयडिसंकमाहारभूदं पडिग्गहट्ठाणं होइ। एत्थेव माणसंजलणोवसमे कदे सत्तपयडिसंकमपडिबद्धं तं चेव पडिग्गहट्ठाणं होदि। तेणेव दुविहमायोवसमेण मायासंजलणपडिग्गहवोच्छेदे कदे लोभसंजलण-दोदंसणमोहपयडिपडिबद्धं तिण्हं पडिग्गहट्ठाणं पंचपयडिसंकमावेक्खं मायासंजलणोवसमेण चदुपयडि-

११ प्रकृतिक और ६ प्रकृतिक ये दो प्रतिग्रहस्थान बतलाये हैं। यहाँ दर्शनमोहनीयकी क्षपणा न होनेसे १० प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान सम्भव नहीं है।

§ २८१. अब उपशमश्रेणिमें चौबीस प्रकृतिक सत्त्वस्थानकी अपेक्षा प्रतिग्रहस्थानोंकी उत्पत्ति बतलाते हैं। यथा—जो चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला उपशमश्रेणि पर चढ़कर अनिवृत्तिकरण गुणस्थानमें पाँच प्रकृतियोंका बन्ध करता है उसके सात प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान होता है, क्योंकि वहाँ पर चार संज्वलन, पुरुषवेद, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व इन सात प्रकृतियोंके समुदायमें तेईस, बाईस और इक्कीस प्रकृतियोंके संक्रमका प्रतिग्रहपना देखा जाता है। तथा जब यही जीव स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका उपशम करके पुरुषवेदकी प्रतिग्रहव्युच्छित्ति कर देता है तब छह प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान होता है, क्योंकि यहांपर चार संज्वलन और दो दर्शनमोहनीय ये छह प्रकृतियां बीस प्रकृतियोंके संक्रमके आधाररूपसे उपलब्ध होती हैं। फिर जब यह जीव इन बीस प्रकृतियोंमेंसे छह नोकषाय और पुरुषवेदको क्रमसे उपशमा देता है तब चौदह और तेरह प्रकृतिक संक्रमस्थान उपलब्ध होते हैं। फिर भी जब यह जीव दो प्रकारके क्रोधको उपशमा देता है तब क्रोधसंज्वलन प्रतिग्रह प्रकृति न रह कर ग्यारह प्रकृतिक संक्रमस्थानका आधारभूत पांच प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान उत्पन्न होता है। फिर यहीं पर क्रोधसंज्वलनका उपशम कर लेनेपर दस प्रकृतिक संक्रमस्थानका आधारभूत वही प्रतिग्रहस्थान होता है। फिर जब यही जीव दो प्रकारके मानका उपशम करके मानसंज्वलनकी प्रतिग्रहव्युच्छित्ति कर देता है तब आठ प्रकृतिक संक्रमस्थानका आधारभूत चार प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान उत्पन्न होता है। फिर यहीं पर मानसंज्वलनका उपशम कर लेनेपर सात प्रकृतिक संक्रमस्थानसे सम्बन्ध रखनेवाला वही प्रतिग्रहस्थान होता है। फिर जब यही जीव दो प्रकारकी मायाका उपशम करके मायासंज्वलनकी प्रतिग्रहव्युच्छित्ति कर देता है तब पांच प्रकृतियोंके संक्रमकी अपेक्षा रखनेवाला या मायासंज्वलनका उपशम हो जानेपर चार प्रकृतियोंके संक्रमकी अपेक्षा रखनेवाला लोभसंज्वलन और दो दर्शनमोहसम्बन्धी तीन प्रकृतिक

संकमावेक्खं वा समुवजायदे। एदेणेव दुविहलोहमुवसामिय लोभसंजलणपडिग्गह-वोच्छेदे कदे मिच्छत्त-सम्मामिच्छत्तसंकमपाओग्गं सम्मत्त-सम्मामिच्छत्तपडिबद्धं दोण्हं पयडिपडिग्गहट्ठाणमुप्पज्जइ।

§ २८२. संपहि इगिवीससंतकम्मियमस्सिऊणुवसमसेढीए संभवंताणं पडिग्गह-ट्ठाणाणमुप्पत्ती वुच्चदे। तं कथं? इगिवीससंतकम्मियस्स उवसमसेढिं चढिय अणियट्टि-गुणट्ठाणम्मि पंचविहं बंधमाणस्स एक्कावीस-वीस-एगूणवीसपयडिसंकमाहारभूदं पंचपडि-ग्गहट्ठाणमुप्पज्जइ। पुणो एदेण णवुंस-इत्थिवेदाणमुवसमं काऊण पुरिसवेदपडिग्गह-विणासे कए चउण्हं पडिग्गहट्ठाणमट्ठारसपयडिसंकमपडिबद्धमुप्पज्जइ। तेणेव सत्त-णोकसाय-दुविहकोहोवसमणवावारेण कोहसंजलणपडिग्गहवोच्छेदे कदे तिण्हं पडिग्गहट्ठाणं णवपयडिसंकमपडिबद्धमुप्पज्जइ। पुणो कोहसंजलणेण सह दुविहमाणोवसमं काऊण माणसंजलणपडिग्गहवोच्छेदे कदे दोण्हं पडिग्गहट्ठाणं छप्पयडिसंकमपडिबद्धमुप्पज्जइ। पुणो माणसंजलण-दुविहमायोवसामणेण मायासंजलणपडिग्गहवोच्छेदे कदे एक्किस्से पडिग्गहट्ठाणं तिण्हं पयडिसंकमट्ठाणपडिबद्धमुप्पज्जइ, मायासंजलणेण सह दुविहलोहस्स लोहसंजलणम्मि ताधे संकतिदंसणादो। एवं खवगस्स वि पंचविहबंधगप्पहुडि उवरिम-पडिग्गहट्ठाणाणं समुप्पत्ती वत्तव्वा, जहाकमं तत्थ पंच-चदु-ति-दु-एक्कविघबंधट्ठाणेसु

प्रतिग्रहस्थान उत्पन्न होता है। फिर जब वही जीव दो प्रकारके लोभका उपशम करके लोभसंज्वलन-की प्रतिग्रहव्युच्छित्ति कर देता है तब मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रमके योग्य सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वसम्बन्धी दो प्रकृतिक प्रतिग्रह स्थान उत्पन्न होता है।

§ २८२. अब इक्कीस प्रकृतिक सत्तास्थानकी अपेक्षा उपशमश्रेणिमें सम्भव प्रतिग्रहस्थानों-की उत्पत्तिका विवेचन करते हैं। यथा—जो इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला जीव उपशमश्रेणिपर चढ़कर अनिवृत्तिकरण गुणस्थानमें पांच प्रकृतिक बन्ध करता है उसके इक्कीस, बीस और उन्नीस प्रकृतिक संक्रमस्थानोंका आधारभूत पांच प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान उत्पन्न होता है। फिर जब यह जीव नपुंसकवेद और स्त्रीवेदका उपशम करके पुरुषवेदकी प्रतिग्रहव्युच्छित्ति करता है तब अठारह प्रकृतिक संक्रमस्थानसे सम्बन्ध रखनेवाला चार प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान उत्पन्न होता है। फिर जब वही जीव सात नोकषाय और दो प्रकारके क्रोधका उपशम करके क्रोधसंज्वलनकी प्रतिग्रहव्युच्छित्ति कर देता है तब उसके नौ प्रकृतिक संक्रमस्थानसे सम्बन्ध रखनेवाला तीन प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान उत्पन्न होता है। फिर जब वही जीव क्रोधसंज्वलनके साथ दो प्रकारके मानका उपशम करके मान-संज्वलनकी प्रतिग्रहव्युच्छित्ति कर देता है तब छह प्रकृतिक संक्रमस्थानसे सम्बन्ध रखनेवाला दो प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान उत्पन्न होता है। फिर जब वही जीव मानसंज्वलन और दो प्रकारकी मायाका उपशम करके मायासंज्वलनकी प्रतिग्रहव्युच्छित्ति कर देता है तब उसके तीन प्रकृतिक संक्रमस्थानसे सम्बन्ध रखनेवाला एक प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान उत्पन्न होता है, क्योंकि तब माया-संज्वलनके साथ दो प्रकारके लोभका लोभसंज्वलनमें संक्रम देखा जाता है। इसीप्रकार क्षपक जीवके भी पांच प्रकारके बन्धस्थानसे लेकर आगेके प्रतिग्रहस्थानोंकी उत्पत्तिका कथन करना चाहिये, क्योंकि वहाँ क्रमसे पांच प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानमें इक्कीस, तेरह, बारह और ग्यारह प्रकृतिक संक्रम

एक्कवीस-तेरस-बारसेक्कारसण्हं दस-चउक्काणं तिण्हं दोण्हमेक्किस्से च संकमट्ठाणस्स संकंतिदंसणादो। एवमेदीए विदियगाहाए पढमगाहापरूविदसंकमट्ठाणाणमाहारभूदाणि पडिग्गहट्ठाणाणि सामण्णेण णिद्दिट्ठाणि।

स्थानोंका, चार प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानमें दस और चार प्रकृतिक संक्रमस्थानोंका, तीन प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानमें तीन प्रकृतिक संक्रमस्थानका, दो प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानमें दो प्रकृतिक संक्रमस्थानका और एक प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानमें एक प्रकृतिक संक्रमस्थानका संक्रम देखा जाता है। इसप्रकार इस दूसरी गाथाद्वारा प्रथम गाथामें कहे गये संक्रमस्थानोंके आधारभूत प्रतिग्रहस्थानोंका सामान्यरूपसे निर्देश किया है।

विशेषार्थ—अब यहां गुणस्थानके क्रमसे प्रतिग्रहस्थान, संक्रमस्थान तथा उनकी प्रकृतियोंका कोष्ठकद्वारा निर्देश करते हैं—

गुणस्थान	प्रतिग्रह स्थान	प्रकृतियाँ	संक्रमस्थान	प्रकृतियां
मिथ्यात्व	२२ प्र०	मिथ्यात्व, सोलह कषाय, तीन वेदोंमेंसे कोई एक, दो युगलोंमेंसे एक युगल, भय और जुगुप्सा	२७ प्र०	मिथ्यात्वके बिना
			२६ प्र०	मिथ्यात्व और सम्यक्त्वके बिना
	२१ प्र०	मिथ्यात्वके बिना पूर्वोक्त	२५ प्र०	तीन दर्शनमोहके बिना
सासादन	२१ प्र०	मिथ्यात्वके बिना पूर्वोक्त किन्तु नपुंसकवेदका बन्ध न होनेसे दो वेदोंमेंसे कोई एक	२५ प्र०	तीन दर्शनमोहके बिना
			२१ प्र०	तीन दर्शनमोह व अनन्तानुबन्धी चारके बिना
मिश्र	१७ प्र०	पूर्वोक्त २१ मेंसे चार अनन्तानुबन्धीके बिना किन्तु वेदमें मात्र पुरुषवेद	२५ प्र०	तीन दर्शनमोहके बिना
			२१ प्र०	तीन दर्शनमोह व चार अनन्तानुबन्धीके बिना
अविरत सम्य०	१९ प्र०	पूर्वोक्त १७ में सम्यक्त्व व सम्यग्मिथ्यात्व मिला देनेपर	२७	सम्यक्त्वके बिना
			२६	सम्यक्त्व व सम्यग्मिथ्यात्वके बिना
			२३	अनन्तानुबन्धी ४ व सम्यक्त्वके बिना
	१८ प्र०	सम्यग्मिथ्यात्वके बिना	२२	पूर्वोक्त ५ व मिथ्यात्वके बिना
	१७ प्र०	सम्यक्त्वके बिना	२१	१२ कषाय ९ नोकषाय

गुण०	प्रति०	प्रकृतियां०	संक्रमस्थान०	प्रकृतियाँ
देशविरत	१५ प्र०	पूर्वोक्त १६ मेंसे अप्रत्या-ख्यानावरण ४ के बिना	२७,२६,२३	पूर्ववत्
	१४ प्र०	सम्यग्मि० के बिना	२२ प्र०	पूर्ववत्
	१३ प्र०	सम्यक्त्वके बिना	२१ प्र०	पूर्ववत्
प्रमत्त व अप्रमत्त	११ प्र०	पूर्वोक्त १५ मेंसे प्रत्याख्या-नावरण ४ के बिना	२७, २६ व २३ प्र०	पूर्ववत्
	१० प्र०	सम्यग्मिथ्यात्वके बिना	२२ प्र०	पूर्ववत्
	६ प्र०	सम्यक्त्वके बिना	२१ प्र०	पूर्ववत्
अपूर्वकरण	११ प्र०	पूर्ववत्	२३ प्र०	पूर्ववत्
	९ प्र०	पूर्ववत्	२१ प्र०	पूर्ववत्
उपशम श्रेणि २४ प्र० सत्कर्मकी अपेक्षा	७ प्र०	चार संज्व०, पुरुषवेद, सम्यक्त्व व सम्यग्मिथ्यात्व	२३,२२ व २१ प्र०	२३ पूर्ववत्, २२सं० लोभके बिना, २१ नपुंसकवेदके बिना
	६ प्र०	पुरुषवेदके बिना	२० प्र०	२३ मेंसे नपुंसकवेद, स्त्रीवेद व संज्वलनलोभ कम कर देने पर
			१४ प्र०	२० मेंसे छह नोकषाय कम कर देने पर
			१३ प्र०	१४ मेंसे पुरुषवेदके कम कर देने पर
	५ प्र०	क्रोधसंज्वलनके बिना	११ प्र०	१३ मेंसे दो क्रोधोंको कम कर देने पर
			१० प्र०	११ मेंसे क्रोधसंज्वलन के कम कर देने पर
	४ प्र०	मानसंज्वलनके बिना	८ प्र०	दो मान कमकर देनेपर
			७ प्र०	मानसं०कम करदेने पर
	३ प्र०	माया संज्वलनके बिना	५ प्र०	दो माया कमकर देनेपर
			४ प्र०	मायासं० कमकर देनेपर
	२प्र०	लोभसं० के बिना सम्यक्त्व व सम्यग्मि०	२ प्र०	मिथ्या० व सम्यग्मि०

§ २८३. संपहि सत्तावीसादिसंकमट्ठाणाणि परिवाडीए ट्ठविय पादेक्कमेक्केकसंकमट्ठाणणिरुंभणं काऊणेदस्स संकमट्ठाणस्स एत्तियाणि पडिग्गहट्ठाणाणि होंति त्ति जाणावणट्ठमुवरिमदसगाहाओ । तत्थ ताव तासिमादिमगाहा छव्वीस सत्तावीसा य । एदीए तदियगाहाए छव्वीस सत्तावीससंकमट्ठाणाणं पडिग्गहट्ठाणणियमो कीरदे—चदुसु चेव पडिग्गहट्ठाणेसु छव्वीस-सत्तावीसाणं संकमो णाण्णत्थ इदि । एत्थ णियमसद्दो

गुण	प्रति०	प्रकृतियां	संक्रमस्थान	प्रकृतियां
उपशम श्रेणि २१ प्रकृतिक सत्कर्मकी अपेक्षा	५ प्र०	चार संज्व० व पुरुषवेद	२१ प्र०	१२ कषाय और ९ नोकषाय
			२० प्र०	संज्व०लो० बिना पूर्वोक्त
			१९ प्र०	नपुं०वेद बिना पूर्वोक्त
	४ प्र०	पुरुषवेदके बिना	१८ प्र०	स्त्रीवेद बिना पूर्वोक्त
	३ प्र०	संज्वलनक्रोधके बिना	९ प्र०	सात नोकषाय० दो क्रोध के बिना
	२ प्र०	संज्वलनमानके बिना	६ प्र०	दो मानके बिना
	१ प्र०	माया संज्वलनके बिना	३ प्र०	दो मायाके बिना
क्षपकश्रेणि	५ प्र०	चार सं० व पुरुषवेद	२१ प्र०	पूर्वोक्त
			१३ प्र०	मध्यके आठ कषाय बिना
			१२ प्र०	संज्व०लोभ बिना
			११ प्र०	नपुंसकवेद बिना
	४ प्र०	चार संज्वलन	१० प्र०	स्त्रीवेदके बिना
			४ प्र०	छह नोकषाय बिना
	३ प्र०	संज्वलन क्रोध बिना	३ प्र०	संज्व०क्रोध, मान व माया
	२ प्र०	संज्वलन मान बिना	२ प्र०	संज्व० मान व माया
	१ प्र०	संज्वलन माया बिना	१ प्र०	संज्वलन माया

§ २८३. अब सत्ताईस आदि संक्रमस्थानोंको क्रमसे रखकर प्रत्येक संक्रमस्थानकी अपेक्षा इस संक्रमस्थानके इतने प्रतिग्रहस्थान होते हैं यह बतलानेके लिये आगेकी दस गाथाएं आई हैं। उनमेंसे 'छब्बीस सत्तावीसा य' यह पहली गाथा है जो क्रमानुसार तीसरे नम्बरपर प्राप्त होती है। इस तीसरी गाथामें छब्बीस प्रकृतिक और सत्ताईस प्रकृतिक संक्रमस्थानोंके प्रतिग्रहस्थानोंका नियम करते हैं—छब्बीस प्रकृतिक और सत्ताईस प्रकृतिक संक्रमस्थानोंका चार प्रतिग्रहस्थानोंमें ही संक्रम होता है अन्यत्र नहीं होता। इस गाथामें आया हुआ 'नियम' शब्द पंचमी विभक्तिका एकवचनान्त

पंचमिएयवयणंतो छंदोभंगभएण पडियतलोवं काऊण रहस्सादेसेण णिद्दिट्ठो। संकम-ट्ठाणाणमेत्थ णियमो पडिग्गहट्ठाणाणमणियमो। तदो तेसु तेवीसाए वि संकमो ण विरुज्झदे। एवं सत्तावीस-छव्वीससंकमाहारत्तेणावहारियाणं चउण्हं पडिग्गहट्ठाणाणं सरूवणिद्देसट्ठं गाहापच्छद्धो 'बावीस पण्णरसगे०।' पादेक्कमेदेसु चदुसु पडिग्गहट्ठाणेसु छव्वीस-सत्तावीसाणं संकमो होइ त्ति वुत्तं होइ।

§ २८४. तत्थ ताव सत्तावीससंतकम्मियमिच्छाइट्ठिम्मि पणुवीसकसाय-सम्मामिच्छत्तसंकामयम्मि छव्वीससंकमस्स बावीसपडिग्गहो लब्भदे। पुणो छव्वीससंतकम्मियमिच्छाइट्ठिणा उवसमसम्मत्त-संजमासंजमगहणपढमसमए सम्मामिच्छत्तसंकमाभावेण छव्वीससंकमस्स पण्णारस पडिग्गहो होइ। तेरसविहतव्वंधपयडीसु सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं पवेसादो। तेणेव पढमसम्मत्त-संजमजुगवग्गहणपढमसमयम्मि छव्वीस-संकमस्स एक्कारस०पडिग्गहो होइ, तत्थ सम्मत्त-सम्मामिच्छत्तेहि सह चदुकसाय-पंचणोकसायाणं पडिग्गहत्तदंसणादो। पुणो पढमसम्मत्तग्गहणपढमसमए वट्टमाणस्स असंजदसम्माइट्ठिस्स एगूणवीसपडिग्गहट्ठाणपडिग्गहिओ छव्वीससंकमो होइ, तदवत्थाए पडिग्गहट्ठाणंतरस्सासंभवादो।

है, इसलिए छन्द भंग होनेके भयसे अन्तमे प्राप्त हुए 'त' का लोप करके और उसके स्थानमें ह्रस्व का आदेश करके निर्देश किया है। यहां पर संक्रमस्थानोंका नियम किया गया है प्रतिग्रहस्थानोंका नियम नहीं किया गया है,इसलिये इन प्रतिग्रहस्थानोंमें तेईस प्रकृतिक स्थानका संक्रम भी विरोधको नहीं प्राप्त होता है। इस प्रकार सत्ताईस प्रकृतिक और छब्बीस प्रकृतिक संक्रमोंके आधाररूपसे निश्चित किये गये चार प्रतिग्रहस्थानोंके स्वरूपका निर्देश करनेके लिये 'बावीस पण्णरसगे' यह गाथाका उत्तरार्ध कहा है। इन चारों प्रतिग्रहस्थानोंमेंसे प्रत्येकमें छब्बीसप्रकृतिक और सत्ताईस-प्रकृतिक स्थानोंका संक्रम होता है यह उक्त कथनका तत्पर्य है।

§ २८४. उनमेंसे पच्चीस कषाय और सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रम करनेवाले सत्ताईस प्रकृतियोंकी सत्तावाले मिथ्यादृष्टिके छब्बीस प्रकृतिक संक्रमस्थानका बाईसप्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान प्राप्त होता है। फिर जो छब्बीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला मिथ्यादृष्टि जीव उपशमसम्यक्त्व और संयमासंयमको एकसाथ प्राप्त करता है उसके प्रथम समयमें सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रम नहीं होनेसे छब्बीस प्रकृतिक संक्रमस्थानका पन्द्रहप्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान प्राप्त होता है, क्योंकि संयतासंयतके बंधनेवाली तेरह प्रकारकी प्रकृतियोंमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका प्रतिग्रहरूपसे प्रवेश देखा जाता है। तथा वही छब्बीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला मिथ्यादृष्टि जीव जब प्रथम सम्यक्त्व और संयम इन दोनोंको एक साथ ग्रहण करता है तब उसके प्रथम समयमें छब्बीस प्रकृतिक संक्रम-स्थानका ग्यारह प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान होता है, क्योंकि वहां पर सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके साथ चार कषाय और पांच नोकषाय ये ग्यारह प्रतिग्रह प्रकृतियाँ देखी जाती हैं। पुनः प्रथम सम्यक्त्वका ग्रहण करनेके प्रथम समयमें विद्यमान हुए असंयतसम्यग्दृष्टि जीवके उन्नीसप्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानसे सम्बन्ध रखनेवाला छब्बीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है, क्योंकि उस अवस्थामें दूसरा प्रतिग्रहस्थान नहीं हो सकता है।

§ २८५. संपहि सत्तावीसाए उच्चदे—अट्ठावीससंतकम्मियमिच्छाइट्ठिम्मि सत्तावीससंकमो बावीसपयडिपडिग्गहविसईकओ समुप्पज्जइ। पुणो उवसमसम्मत्तग्गहणविदियसमयप्पहुडि जाव अणंताणुबंधीणं विसंजोयणा णत्थि ताव संजदासंजद-संजद-असंजदसम्माइट्ठिगुणट्ठाणेसु सत्तावीससंकमस्स जहाकमं पण्णारसेक्कारस-एगूणवीस-पडिग्गहा होंति। एवं तदियगाहाए अत्थो समत्तो।

§ २८६. सत्तारसेक्कवीसासु०—पंचवीसाए संकमो कम्मि पडिग्गहट्ठाणम्मि होइ त्ति आसंकिय 'सत्तारसेक्कवीसासु' त्ति उत्तं। एदेसु दोसु पडिग्गहट्ठाणेसु पणुवीसाए[1] संकमो णिबद्धो त्ति उत्तं होइ। एत्थ वि णियमसद्दो पडिग्गहट्ठाणेसु संकमट्ठाणाव-

§ २८५. अब सत्ताईस प्रकृतिक संक्रमस्थानके प्रतिग्रहस्थान कहते हैं—अट्ठाईस प्रकृतियोंकी सत्तावाले मिथ्यादृष्टिके बाईस प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानका विषयभूत सत्ताईसप्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है। पुनः उपशमसम्यक्त्वके ग्रहण करनेके दूसरे समयसे लेकर जब तक अनन्तानुबन्धियोंकी विसंयोजना नहीं होती है तब तक संयतासंयत, संयत और असंयतसम्यग्दृष्टि गुणस्थानोंमें सत्ताईस प्रकृतिक संक्रमस्थानके क्रमसे पन्द्रहप्रकृतिक, ग्यारहप्रकृतिक और उन्नीस प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान उत्पन्न होते हैं।

विशेषार्थ—यहां पर प्रकृतिसंक्रमस्थानके सिलसिलेमें आई हुई ३२ गाथाओंमेंसे तीसरी गाथाका व्याख्यान किया गया है। इस गाथासे लेकर १२वीं गाथा तक १० गाथाओंमें किस संक्रमस्थानके कितने प्रतिग्रहस्थान हैं यह बतलाया गया है। उनमेंसे तीसरी गाथामें २७ प्रकृतिक और २६ प्रकृतिक संक्रमस्थानोंके २२, १९, १५, और ११ प्रकृतिक चार प्रतिग्रहस्थान बतलाये गये हैं सो इनका विशेष खुलासा टीकामें किया ही है। इस तीसरी गाथाके पूर्वार्धमें 'णियम' पद आया है। यह 'नियमात्' इस पंचमी विभक्तिके एक वचनका रूप है। प्राकृतके नियमानुसार आदि, मध्य और अन्तमें आये हुए वर्णों और स्वरोंका लोप हो जाता है, अतः इस पदमेंसे 'त्' का लोप करके फिर छन्दोभंग दोषको टालनेके लिये ह्रस्व कर दिया गया है। इसलिये 'णियम' यह 'नियमात्' का रूप जानना चाहिये यह उक्त कथनका तात्पर्य है। यह 'नियम' पद संक्रमस्थानों का नियम करता है कि इन दो संक्रमस्थानोंके ये चार ही प्रतिग्रहस्थान होते हैं अन्य नहीं, किन्तु प्रतिग्रहस्थानोंका नियम नहीं करता है। ये चार प्रतिग्रहस्थान इन दो संक्रमस्थानोंके तो होते ही हैं किन्तु इनके सिवा अन्य संक्रमस्थान भी इन प्रतिग्रहस्थानोंमें सम्भव हो सकते हैं। यथा अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजनाके बाद जो तेईस प्रकृतिक संक्रमस्थान प्राप्त होता है उसके उन्नीस, पन्द्रह और ग्यारहप्रकृतिक तीन प्रतिग्रहस्थान होते हैं। इस प्रकार गाथामें आये हुए नियम पदसे संक्रमस्थानोंका नियम किया गया है प्रतिग्रहस्थानोंका नहीं यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

इस प्रकार तीसरी गाथाका अर्थ समाप्त हुआ।

§ २८६. अब 'सत्तारसेक्कवीसासु' इस चौथी गाथाका व्याख्यान करते हैं—पच्चीस प्रकृतिक संक्रम किस प्रतिग्रहस्थानमें होता है ऐसी आशंका करके सत्रह प्रकृतिक और इक्कीस प्रकृतिक इन दो प्रतिग्रहस्थानोंमें होता है ऐसा कहा है। इन दो प्रतिग्रहस्थानोंमें पच्चीस प्रकृतिक संक्रम निबद्ध है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। यहाँ भी गाथामें 'नियम' शब्द आया है सो वह इस संक्रमस्थानके

१. ता०प्रतौ -वीसासु पंचवीसाए त्ति पाठः।

द्वारणफलो पुव्वं व पडियतलोवादिविहाणेण णिदिट्ठो दट्ठव्वो। तत्थ छव्वीससंतकम्मियमिच्छाइट्ठिस्स बावीसविहं बंधमाणयस्स इगिवीसपडिग्गहालंवणो होऊण पणुवीसकसायसंकमो होइ। अहवा अणंताणुबंधी अविसंजोएदूण ट्ठिदउवसमसम्माइट्ठिस्स आसाणं पडिवज्जिय इगिवीसबंधमाणस्स पणुवीससंकमो इगिवीसपडिग्गहपडिवद्धो होइ, तत्थ सहावदो दंसणतियस्स संकम-पडिग्गहसत्तीणमभावादो। पुणो अट्ठावीससंतकम्मियमिच्छाइट्ठि-सम्माइट्ठीणमण्णदरस्स सम्मामिच्छत्तं पडिवज्जिय सत्तारसपयडीओ बंधमाणस्स पणुवीससंकमो सत्तारसपडिग्गहपडिग्गहिओ होइ, एत्थ वि दंसणतियस्स संकमाभावादो। एवं पडिग्गहट्ठाणविसेसविसयत्तेणावहारियस्स पणुवीससंकमट्ठाणस्स[1] गइगयविसेसणिद्धारणट्ठमिदमाह—'णियमा चदुसु गदीसु य' णियमा णिच्छएण चदुसु वि गईसु पणुवीससंकमट्ठाणमवट्ठिदं दट्ठव्वं, अण्णदरगइविसयणियमाभावादो। एत्थेव गुणट्ठाणगयसामित्तविसेसणिद्धारणट्ठमाह—'णियमा 'दिट्ठीगए तिविहे' गुणट्ठाणमादीदो पहुडि तिविहे गुणट्ठाणे मिच्छाइट्ठि-सासणसम्माइट्ठि-सम्मामिच्छादिट्ठि त्ति दिट्ठिविसेसणविसिट्ठत्तादो दिट्ठिगए पयदसंकमट्ठाणसंभवो णाण्णत्थ, तत्थेव तदुप्पत्तिणियमदंसणादो। एदेण 'दिट्ठीगय' विसेसणेण संजदासंजदादीणमुवरिमगुणट्ठाणाणं उदासो

ये ही प्रतिग्रहस्थान हैं यह बतलानेके लिए दिया है। तथा इस नियम शब्दके 'त्' का लोप और ह्रस्व विधि पूर्ववत् जान लेना चाहिये। जो छब्बीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला मिथ्यादृष्टि जीव बाईस प्रकृतियोंका बन्ध करता है उसके इक्कीस प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानके रहते हुए पचीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है। अथवा अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी विसंयोजना किये बिना जो उपशमसम्यग्दृष्टि जीव सासादन गुणस्थानको प्राप्त होकर इक्कीस प्रकृतियोंका बन्ध करता है उसके इक्कीस प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानसे सम्बन्ध रखनेवाला पचीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है, क्योंकि वहाँपर स्वभावसे ही दर्शनमोहकी तीन प्रकृतियोंमें संक्रम और प्रतिग्रहरूप शक्तिका अभाव है। पुनः अट्ठाईस प्रकृतियोंकी सत्तावाला जो मिथ्यादृष्टि या सम्यग्दृष्टि जीव सम्यग्मिथ्यात्वको प्राप्त होकर सत्रह प्रकृतियोंका बन्ध करता है उसके सत्रह प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानसे सम्बन्ध रखनेवाला पचीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है, क्योंकि यहांपर भी दर्शनमोहकी तीन प्रकृतियोंका संक्रम नहीं होता है। इस प्रकार प्रतिग्रहविशेषके विषयरूपसे निश्चय किये गये पच्चीस प्रकृतिक संक्रमस्थानका गतिसम्बन्धी विशेषताका निश्चय करनेके लिये गाथामें 'णियमा चदुसु गदीसु य' यह कहा है। आशय यह है कि यह पच्चीस प्रकृतिक संक्रमस्थान नियमसे चारों गतियोंमें होता है ऐसा जानना चाहिये, क्योंकि यह अमुक गतिमें ही होता है ऐसा कोई नियम नहीं है। तथा यहींपर गुणस्थानों की अपेक्षा स्वामित्व विशेषका निर्धारण करनेके लिये 'णियमा दिट्ठीगए तिविहे' यह कहा है। यहां गाथामें दृष्टि विशेषण होनेसे आदिके तीन मिथ्यादृष्टि सासादनसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि गुणस्थानोंका ग्रहण होता है। इन तीन गुणस्थानोंमें ही प्रकृत संक्रमस्थान सम्भव है अन्यत्र नहीं, क्योंकि इन्हीं तीन गुणस्थानोंमें इस संक्रमस्थानकी उत्पत्ति देखी जाती है। यहां जो यह 'दृष्टिगत' विशेषण दिया है सो इससे संयतासंयत आदि आगेके गुणस्थानोंका निषेध कर

1. ता०प्रतौ पडिग्गहट्ठाणविसेसविसयत्तेणावहारियस्स पणुवीससंकमट्ठाणविसेसविसयत्तेणावहारियस्स पणुवीससंकमट्ठाणस्स इति पाठः।

कओ। 'तिविह' विसेसणेण च असंजद०गुणट्ठाणस्स वहिब्भावो कओ। एवं चउत्थ-गाहाए अत्थपरूवणा समत्ता।

§ २८७. 'वावीस पण्णरसगे०' एसा पंचमी गाहा तेवीससंकमट्ठाणस्स पडिग्गहट्ठाणपरूवणट्ठमागया। एदिस्से अत्थविवरणं कस्सामो—तेवीससंकमो पंचसु ट्ठाणेसु होइ त्ति एत्थ संबंधो। तेसिं पंचसंखाविसेसियाणं पडिग्गहट्ठाणाणं सरूव-णिद्धारणट्ठं 'वावीसादि' वयणं। कधमेत्थ वावीसाए तेवीससंकमोवलंभो? ण, अणंताणुबंधी-विसंजोयणापुरस्सरसंजुत्तमिच्छादिट्ठिपढमसमयप्पहुडि आवलियमेत्तकालमणंताणुबंधीणं संकमाभावेण तेवीससंकामयस्स तदुवलंभविरोहाभावादो। पण्णरसगे पयदसंकमट्ठाण-संभवो संजदासंजदम्मि दट्ठव्वो, विसंजोइदाणंताणुबंधिचउक्कसंजदासंजदस्स पण्णारस-पडिग्गहट्ठाणाधारत्तेण तेवीससंकमट्ठाणपउत्तिदंसणादो। एवं सत्तगे वि पयदसंकमट्ठाण-संभवो जोजेयव्वो। णवरि चउवीससंतकम्मियाणियट्टिम्मि अंतरकरणादो हेट्ठा तदुप्पत्ती वत्तव्वा, अणाणुपुव्वीसंकामयस्स[1] तस्स तदविरोहादो। एक्कारसएगूणवीसासु पयदजोयणा एवं

दिया है और 'त्रिविध' इस विशेषण द्वारा असंयतसम्यग्दृष्टि गुणस्थानका निषेध कर दिया है।

विशेषार्थ—आशय यह है कि मिथ्यादृष्टि और सासादनसम्यग्दृष्टिके २१ प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानमें तथा सम्यग्मिथ्यादृष्टिके १७ प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानमें २५ प्रकृतियोंका संक्रम होता है। पच्चीस प्रकृतिक संक्रमस्थानके ये दो ही प्रतिग्रहस्थान हैं अन्य नहीं यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

इस प्रकार चौथी गाथाके अर्थका कथन समाप्त हुआ।

§ २८७. 'वावीस पण्णरसगे०' यह पांचवी गाथा है जो तेईस प्रकृतिक संक्रमस्थानके प्रतिग्रहस्थानोंका कथन करनेके लिये आई है। अब इस गाथाका अर्थ लिखते हैं—तेईस प्रकृतिक संक्रम पांच स्थानोंमें होता है ऐसा यहां सम्बन्ध करना चाहिये। इन पांच संख्यासे विशेषताको प्राप्त हुए प्रतिग्रहस्थानोंके स्वरूपका निश्चय करनेके लिये गाथामें 'वावीस' आदि वचन दिया है।

शंका—बाईस प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानमें तेईस प्रकृतिक संक्रम कैसे उपलब्ध होता है?

समाधान—नहीं, क्योंकि अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना पूर्वक उससे संयुक्त हुए मिथ्यादृष्टिके प्रथम समयसे लेकर एक आवलि कालतक अनन्तानुबन्धियोंका संक्रम नहीं होनेसे तेईस प्रकृतियोंका संक्रम करनेवाले जीवके बाईस प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान पाये जानेमें कोई विरोध नहीं आता है।

पन्द्रह प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानमें प्रकृत संक्रमस्थानका सम्भव संयतासंयतके जानना चाहिये, क्योंकि जिसने अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी विसंयोजना की है ऐसे संयतासंयतके पन्द्रह प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानके आधाररूपसे तेईस प्रकृतिक संक्रमस्थानकी प्रवृत्ति देखी जाती है। इसी प्रकार सात प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानमें भी प्रकृत संक्रमस्थानको घटित कर लेना चाहिये। किन्तु इतनी विशेषता है कि चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले अनिवृत्तिकरणमें अन्तरकरण क्रिया करनेके पहले इसी स्थानकी उत्पत्ति कहनी चाहिये, क्योंकि जिसने आनुपूर्वी संक्रमका प्रारम्भ नहीं किया है उस जीवके सात

१. ता० प्रतौ पुव्वीसंकमस्स इति पाठः।

चेव कायव्वा। णवरि पमत्तापमत्तापुव्वकरणोवसामगगुणट्ठाणेसु असंजदसम्मादिट्ठिट्ठाणे च जहाकमं तदुभयसंभवो त्ति वत्तव्वं, णव-सत्तारसविहबंधएसु तेसु चउवीससंतकम्मिएसु तदुभयाधारतेवीससंकमसमुप्पत्तीए णाइयत्तादो। एवमेदेसु पंचसु पडिग्गहट्ठाणेसु तेवीस-संकमट्ठाणणियमो त्ति जाणावणट्ठं पंचग्गहणमेत्थ कयं। एत्थेव विसेसंतरपदुप्पायणट्ठं 'पंचिंदिएसु' त्ति वयणं। तेण पंचिंदिएसु चेव तेवीससंकमो णाण्णत्थे त्ति घेत्तव्वं। तत्थ वि सण्णिपंचिंदिएसु चेव णासण्णीसु। कुत एतत्? व्याख्यानतो विशेषप्रतिपत्तेः।

एवं पंचमगाहाए अत्थो समत्तो।

§ २८८. 'चोद्दसय-दसय-सत्तय०'-एदेसु चदुसु पडिग्गहट्ठाणेसु बावीससंकम-णियमो दट्ठव्वो त्ति गाहापुव्वद्धे संबंधो। कथमेदेसिं संभवो त्ति उत्ते उच्चदे—संजदा-संजदस्स दंसणमोहक्खवणमब्भुट्ठिय णिस्सेसीकयमिच्छत्तकम्मस्स सम्मामिच्छत्तेण विणा

प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानके आश्रयसे तेईस प्रकृतिक संक्रमस्थानके होनेमें कोई बाधा नहीं आती है। ग्यारह प्रकृतिक और उन्नीस प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानोंमें प्रकृत संक्रमस्थानकी योजना इसी प्रकार करनी चाहिये। किन्तु इतनी विशेषता है कि प्रमत्तसंयत, अप्रमत्तसंयत और अपूर्वकरण उपशामक इन तीन गुणस्थानोंमें तथा असंयतसम्यग्दृष्टि गुणस्थानमें क्रमसे वे दोनों सम्भव हैं ऐसा यहाँ कथन करना चाहिये, क्योंकि जो नौ और सत्रह प्रकृतियोंका बन्ध कर रहे हैं और जिनके चौबीस प्रकृतियोंकी सत्ता है उनके इन दोनों प्रतिग्रहस्थानोंके आश्रयसे तेईस प्रकृतिक संक्रमस्थानकी उत्पत्ति मानना सर्वथा न्यायसंगत है। इस प्रकार इन पाँच प्रतिग्रहस्थानोंमें तेईस प्रकृतिक संक्रमस्थानका नियम है यह जतानेके लिये गाथामें 'पंच' पदका ग्रहण किया है। तथा यहीं पर दूसरी विशेषताका कथन करनेके लिये पंचिंदिएसु, वचन दिया है। इससे यह तेईस प्रकृतिक संक्रमस्थान 'पंचेन्द्रियोंके ही होता है अन्यके नहीं ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिये। उसमें भी संज्ञी पंचेन्द्रियोंके ही होता है असंज्ञियोंके नहीं होता इतना विशेष जानना चाहिये।

शंका—यह कैसे जाना?

समाधान—व्याख्यानसे विशेषका ज्ञान होता है, यह नियम है। तदनुसार प्रकृतमें भी यह तेईस प्रकृतिक संक्रमस्थान संज्ञियोंके ही होता है असंज्ञियोंके नहीं होता यह विशेष जाना जाता है।

विशेषार्थ—इस पांचवी गाथामें तेईस प्रकृतिक संक्रमस्थानका २२, १९, १५, ११ और ७ प्रकृतिक पाँच प्रतिग्रहस्थानोंमें संक्रम होता है यह बतलाया गया है। उसमें भी यह संक्रमस्थान संज्ञियोंके ही होता है अन्यके नहीं होता इतना विशेष जानना चाहिये।

इस प्रकार पाँचवीं गाथाका अर्थ समाप्त हुआ।

§ २८८. अब 'चोद्दसय-दसय-सत्तय०' इस छठी गाथाका अर्थ कहते हैं—चौदह, दस, सात और अठारह इन चार प्रतिग्रहस्थानोंमें बाईस प्रकृतिक संक्रमका नियम जानना चाहिये यह इस गाथाके पूर्वार्धका तात्पर्य है। इनका यहाँ कैसे सम्भव है ऐसा पूछनेपर कहते हैं—दर्शन-मोहनीयकी क्षपणाके लिये उद्यत होकर जिसने मिथ्यात्वका क्षय कर दिया है उस संयतासंयतके

चोद्दसपडिग्गहो होऊण बावीससंकमट्ठाणमुप्पज्जइ। एवं सेसाणं पि वत्तव्वं, पमत्तापमत्तसंजदाणियट्टिगुणट्ठाणाविरदसम्माइट्ठीसु जहाकम्मं तदुप्पत्तीदो। कथमणियट्टिट्ठाणे बावीससंकमसंभवो त्ति णासंकणिज्जं, आणुपुव्वीसंकमे चउवीससंतकम्मियस्स तदविरोहादो। एत्थेव गइविसयणियमावहारणट्ठमिदं वयणं 'णियमा मणुसगईए।' कुदो एस णियमो? सेसगईसु दंसणमोहक्खवणाए आणुपुव्वीसंकमस्स वा असंभवादो। एत्थेव गुणट्ठाणगयसामित्तविसेसावहारणट्ठमिदमाह—'विरदे मिस्से अविरदे य।' संजदासंजद-संजद-असंजदसम्माइट्ठिगुणट्ठाणेसु चेवेदाणि पडिग्गहट्ठाणाणि होंति त्ति भणिदं होइ ॥६॥

§ २८०. 'तेरसय णवय सत्तय०'—एत्थ एगाधियाए वीसाए संकमो तेरसादिसु छसु पडिग्गहट्ठाणेसु होइ त्ति सुत्तत्थसंबंधो। कथमेदेसिं संभवो? वुच्चदे—खइयसम्माइट्ठिसंजदासंजदम्मि पयदसंकमट्ठाणस्स तेरसपडिग्गहसंभवो पमत्तापमत्तापुव्वकरणेसु णव-

---

सम्यग्मिथ्यात्वके विना चौदह प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानके साथ बाईस प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है। इसी प्रकार शेष प्रतिग्रहस्थानोंके विषयमें भी कथन करना चाहिये, क्योंकि क्रमसे प्रमत्ताप्रमत्तसंयतके दस प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानके रहते हुए, अनिवृत्तिकरण गुणस्थानमें सात प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानके रहते हुए और अविरतसम्यग्दृष्टिके अठारह प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानके रहते हुए बाईस प्रकृतिक संक्रमस्थानकी उत्पत्ति होती है।

शंका—अनिवृत्तिकरण गुणस्थानमें बाईस प्रकृतिक संक्रम कैसे सम्भव है?

समाधान—यह आशंका करना ठीक नहीं है, क्योंकि आनुपूर्वी संक्रमका प्रारम्भ हो जानेपर चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके बाईस प्रकृतिक संक्रमस्थानके होनेमें कोई विरोध नहीं आता है।

यहींपर गतिविषयक नियमका निश्चय करनेके लिये 'णियमा मणुसगईए' पद दिया है।

शंका—यह नियम किस कारणसे किया गया है?

समाधान—क्योंकि मनुष्यगतिके सिवा शेष गतियोंमें दर्शनमोहकी क्षपणा और आनुपूर्वीसंक्रम सम्भव नहीं है।

यहींपर गुणस्थानसम्बन्धी स्वामित्वविशेषका निश्चय करनेके लिये 'विरदे मिस्से अविरदे य' पद कहा है। इसका यह आशय है कि ये प्रतिग्रहस्थान संयतासंयत, संयत और असंयतसम्यग्दृष्टि इन गुणस्थानोंमें ही होते हैं।

विशेषार्थ—इस छठी गाथामें बाईस प्रकृतिक संक्रमस्थानके कौन-कौन प्रतिग्रहस्थान होते हैं और वे किस गतिमें तथा किस किस गुणस्थानमें होते हैं यह बतलाया है। गुणस्थानोंका उल्लेख गाथामें 'विरदे मिस्से अविरदे य' इस रूपमें किया है। यहाँ मिश्रसे विरताविरत लिया है, क्योंकि चौदह प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान विरताविरतके ही पाया जाता है।

§ २८१. अब 'तेरसय णवय सत्तय०' इस सातवीं गाथाका अर्थ कहते हैं—इक्कीस प्रकृतियोंका संक्रम तेरह आदि छह प्रतिग्रह स्थानोंमें होता है यह इस गाथा सूत्रका तात्पर्य है। इनका यहाँ कैसे सम्भव है? बतलाते हैं—क्षायिकसम्यग्दृष्टि संयतासंयतके प्रकृत संक्रमस्थानका तेरहप्रकृतिक

पयडिपडिग्गहसंभवो असंजदसम्माइट्ठिट्ठाणे अणियट्टिकरणपविट्ठखवगोवसामगेसु च जहाकमं सत्तारस-पंचपडिग्गहट्ठाणसंभवो, इगिवीससंतकम्मिएसु तेसु तदुप्पत्तिविसेसाभावादो। संतकम्मियमस्सिऊणाणियट्टिट्ठाणम्मि सत्तपयडिपडिग्गहट्ठाणसंभवो, आणुपुव्वीसंकमं काऊण णवुंसयवेदे उवसामिदे तत्थ सत्तपडिग्गहट्ठाणपडिबद्धेक्कावीससंकमट्ठाणुवलंभादो। सासणसम्माइट्ठिम्मि एकवीसपडिग्गहट्ठाणसंभवो वत्तव्वो, अणंताणुबंधिविसंजोयणापरिणदउवसमसम्माइट्ठिम्मि सासणगुणं पडिवण्णे तप्पढमावलियाए तदुवलद्धीदो। संपहि एदेसिं पडिग्गहट्ठाणाणमाधारभूदगुणट्ठाणविसेसावहारणट्ठमिदमाह— 'छप्पि सम्मत्ते' इदि। एदाणि छप्पि पडिग्गहट्ठाणाणि सम्मत्तोवलक्खिए चेव गुणट्ठाणे होंति णाण्णत्थ संभवंति त्ति उत्तं होइ। कधं पुण सासणसम्माइट्ठिस्स सम्माइट्ठिववएसो? ण दंसणतियस्स उदयाभावं पेक्खियूण तस्स सम्माइट्ठित्तोवयारादो ॥७॥

प्रतिग्रहस्थान सम्भव है। प्रमत्तसंयत, अप्रमत्तसंयत और अपूर्वकरणमें प्रकृतसंक्रमस्थानका नौ प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान सम्भव है। असंयतसम्यग्दृष्टि गुणस्थानमें तथा अनिवृत्तिकरणमें प्रविष्ट हुए क्षपक और उपशामकके क्रमसे सत्रह प्रकृतिक और पाँच प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान सम्भव है। अर्थात् असंयत सम्यग्दृष्टिके सत्रह प्रकृतिक तथा अनिवृत्तिकरणगुणस्थानवर्ती क्षपक और उपशामकके पाँच प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान है, क्योंकि इकीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले उक्त जीवोंके उक्त प्रतिग्रहस्थानोंकी उत्पत्ति होनेमें कोई बाधा नहीं आती है। तथा चौबीस प्रकृतिक सत्कर्मकी अपेक्षा अनिवृत्तिकरण गुणस्थानमें सात प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान सम्भव है, क्योंकि आनुपूर्वी संक्रमको करके नपुंसकवेदका उपशम कर लेनेपर वहाँ सातप्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानसे सम्बन्ध रखनेवाला इकीस प्रकृतिक संक्रमस्थान उपलब्ध होता है। इसीप्रकार इकीस प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानका सम्भव सासादनसम्यग्दृष्टिके कहना चाहिये, क्योंकि जिस उपशमसम्यग्दृष्टिने अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी विसंयोजना की है उसके सासादन गुणस्थानको प्राप्त होनेपर उसकी प्रथम आवलिके भीतर उक्त प्रतिग्रहस्थान व संक्रमस्थान पाया जाता है। अब इन प्रतिग्रहस्थानोंके आधारभूत गुणस्थानविशेषोंका अवधारण करनेके लिये 'छप्पि सम्मत्ते' पद कहा है। ये छह प्रतिग्रहस्थान सम्यक्त्वसहित गुणस्थानोंमें सम्भव हैं अन्यत्र सम्भव नहीं है यह इस कथनका तात्पर्य है।

शंका—यहाँ सासादनसम्यग्दृष्टिको सम्यग्दृष्टि यह संज्ञा कैसे दी है?

समाधान—नहीं, क्योंकि सासादन गुणस्थानमें दर्शनमोहनीयकी तीन प्रकृतियोंका उदय नहीं होता यह देखकर उपचारसे उसे सम्यग्दृष्टि संज्ञा दी है।

विशेषार्थ—प्रकृतिसंक्रमस्थानकी इस सातवीं गाथामें इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थानके कितने प्रतिग्रहस्थान और कौन कौन स्वामी हैं यह बतलाया है। स्वामीका निर्देश करते हुए गाथामें केवल 'सम्मत्ते' पद दिया है। जिसका अर्थ होता है कि इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थानके ये छहों प्रतिग्रहस्थान सम्यग्दृष्टिके होते हैं। तथापि इनमेंसे इक्कीस प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानके रहते हुए इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थान सासादन सम्यग्दृष्टिके भी होता है, इसलिये यह प्रश्न हुआ कि सासादन सम्यग्दृष्टिको सम्यग्दृष्टि कैसे कहा जाय? टीकामें इसका यह समाधान किया गया है कि सासादनमें तीन दर्शनमोहनीयका उदय नहीं होता है और इस अपेक्षासे उसे उपचारसे सम्यग्दृष्टि कहा जा सकता है। इस प्रकार यद्यपि इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थानके रहते हुए इक्कीस प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान सम्यग्दृष्टिके बन जाता है तथापि इन छह प्रतिग्रहस्थानोंमें एक सत्रह प्रकृतिक

§ २९०. 'एत्तो अवसेसा' पयडिट्ठाणसंकमा वीसादयो पयडिट्ठाणपडिग्गहा च छक्क-पणगादयो संजमम्हि संजमोवलक्खिएसु चेव गुणट्ठाणेसु होंति णाण्णत्थ, तेसिं तत्थेव णियमदंसणादो। तत्थ वि खवगोवसमसेढीसु चेव होंति त्ति जाणावणट्ठं 'उवसामगे च खवगे च' इदि भणिदं। एवं सामण्णेण परूविय संपहि एदस्सेव विसेसिऊण परूवणट्ठमिदमाह 'वीसा य संकमदुगे'। वीसाए संकमो दोसु चेव पडिग्गहट्ठाणेसु होइ। काणि ताणि दोपडिग्गहट्ठाणाणि त्ति आसंकाए 'छक्के पणगे च बोद्धव्वा' त्ति भणिदं। तं कथं? चउवीससंतकम्मिएणुवसमसेढिं चढिय णवुंसय-इत्थिवेदोवसमं काऊण पुरिसवेदपडिग्गहवोच्छेदे कदे सम्मत्त-सम्मामिच्छत्त-चउसंजलण-सण्णिदछप्पयडिपडिग्गहपडिबद्धो वीसपयडिसंकमो होइ। पुणो इगिवीससंतकम्मिएणु-वसमसेढिं चढिय आणुपुव्वीसंकमे कदे वीसपयडिसंकमो पंचपयडिपडिग्गहपडिबद्धो समुप्पज्जइ। तम्हा छक्के पणगे च वीसाए संकमो त्ति सिद्धं ॥८॥

प्रतिग्रहस्थान भी सम्मिलित हैं। यह प्रतिग्रहस्थान सम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि इन दोनोंके सम्भव है और इन दोनोंके इसमें इक्कीस प्रकृतियोंका संक्रम भी सम्भव है। यद्यपि स्थिति ऐसी है तथापि गाथामें या उसकी टीकामें सम्यग्मिथ्यादृष्टिके इस संक्रम व प्रतिग्रहस्थानका निर्देश नहीं किया गया है। इसका निर्देश क्यों नहीं किया गया है इसके दो कारण हो सकते हैं। प्रथम तो यह कि सम्यक्त्वके ग्रहण करनेसे उसके प्रतिपक्षी भावका भी ग्रहण हो जाता है, इसलिये यद्यपि पृथक्से निर्देश नहीं किया है तथापि उसका ग्रहण हो जाता है और दूसरा यह कि गौण समझकर उसे छोड़ दिया है। तथापि गाथामें आया हुआ 'सम्मत्ते' पद देशामर्षक होनेसे उसका ग्रहण हो जाता है

§ २९०. अब 'एत्तो अवसेसा०' इस आठवीं गाथाका अर्थ लिखते हैं—ये पूर्वमें जितने भी संक्रमस्थान और प्रतिग्रहस्थान कह आये हैं उनके सिवा बीस आदिक जितने संक्रमस्थान हैं और छह, पाँच आदिक जितने प्रतिग्रहस्थान हैं वे सब संयमसे युक्त गुणस्थानोंमें ही होते हैं। अन्यत्र नहीं होते हैं, क्योंकि उनके वहीं होनेका नियम देखा जाता है। उसमें भी ये क्षपकश्रेणि और उपशमश्रेणिमें ही होते हैं, इसलिये इस बातके जतानेके लिये गाथामें 'उवसामगे च खवगे च' पाठ कहा है। इस प्रकार सामान्यरूपसे कथन करके अब इसी बातका विशेषरूपसे कथन करनेके लिये गाथामें 'वीसा य संकमदुगे' पाठ कहा है। इसका यह आशय है कि बीस प्रकृतिक संक्रम दो प्रतिग्रहस्थानोंमें होता है। वे दो प्रतिग्रहस्थान कौनसे हैं ऐसी आशंका होने पर 'छक्के पणगे च बोद्धव्वा' यह पद कहा है। खुलासा इस प्रकार है—जो चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला जीव उपशमश्रेणि पर चढ़कर नपुंसकवेद और स्त्रीवेदका उपशम करके पुरुषवेदकी प्रतिग्रहव्युच्छित्ति कर देता है उसके सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व और चार संज्वलन इन छह प्रकृतियोंके प्रतिग्रहरूप स्थानसे सम्बन्ध रखनेवाला बीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है। तथा इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला जो जीव उपशमश्रेणि पर चढ़कर आनुपूर्वी संक्रमका प्रारम्भ कर देता है उसके पाँच प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानसे सम्बन्ध रखनेवाला बीस प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है। अतएव छह और पाँच प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानमें बीस प्रकृतियोंका संक्रम होता है यह बात सिद्ध हुई ॥८॥

---

१. ता०प्रतौ सम्मत्तसम्माइट्ठिचउ- इति पाठः।

§ २९१. 'पंचसु च ऊणवीसा०' एसा णवमी गाहा १९, १८, १४, १३ चउण्हमेदेसिं संकमट्ठाणाणं पडिग्गहट्ठाणपरूवणट्ठमागया। तत्थ ताव 'पंचसु च ऊणवीसा' त्ति भणिदे पंचसु पयडीसु पडिग्गहभावमावण्णासु एऊणवीसाए संकमो होइ त्ति घेत्तव्वं। काओ ताओ पंच पयडीओ? पुरिसवेद-चउसंजलणसण्णिदाओ, इगिवीससंतकम्मियाणियट्टिउवसामगस्स लोभासंकमाणंतरमुवसामिदणवुंसयवेदस्स तप्पडि-

---

विशेषार्थ—प्रकृतिसंक्रमस्थानकी इस आठवीं गाथामे दो बातें बतलाई हैं। प्रथम बात तो यह बतलाई है कि अब तक जितने संक्रमस्थान और प्रतिग्रहस्थान कहे गये हैं उनके सिवा आगे जितने भी संक्रमस्थान और प्रतिग्रहस्थान कहे जांयगे वे सब उपशमश्रेणि और क्षपकश्रेणिमे ही होते हैं। तथा दूसरी यह बात बतलाई गई है कि २० प्रकृतिक संक्रमस्थानका छह और पांच प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानोंमें संक्रम होता है अन्यत्र नहीं। किन्तु श्वेताम्बर परम्परामें प्रसिद्ध कर्मप्रकृतिमें इस बीस प्रकृतिक संक्रमस्थानके प्रतिग्रहस्थान दो न बतलाकर ७, ६ और ५ प्रकृतिक तीन बतलाये हैं। इस मतभेदका कारण क्या है अब इस पर विचार कर लेना आवश्यक है। यह तो दोनों परम्पराओंमें समानरूपसे स्वीकार किया है कि उपशमश्रेणिमें अन्तरकरण क्रिया कर लेनेके बाद दूसरे समयसे आनुपूर्वी संक्रमका प्रारम्भ होता है। किन्तु आनुपूर्वी संक्रमके क्रमके विषयमे दोनों परम्पराओंमे थोड़ा मतभेद मिलता है। यतिवृषभ आचार्य ने अपनी चूर्णिमें बतलाया है कि अन्तर करनेके बाद प्रथम समयसे लेकर छह नोकषायोंका क्रोधमें संक्रम[1] होता है अन्य किसीमें संक्रम नहीं होता है। किन्तु श्वेताम्बर परम्परामें प्रसिद्ध कर्मप्रकृतिके उपशमनाकरणकी गाथा ४७ की चूर्णिमें लिखा है कि 'पुरुषवेद' की प्रथम स्थितिमें दो आवलि शेष रहने पर आगालका विच्छेद हो जाता है किन्तु अनन्तरवर्ती आवलिमेंसे उदीरणा होती रहती है। तथा उसी समयसे लेकर छह नोकषायोंके द्रव्यका पुरुषवेदमें संक्रम नहीं होता है।[2] इस मतभेदसे यह स्पष्ट हो जाता है कि कषायप्राभृतके अनुसार तो नपुंसकवेद और स्त्रीवेदका उपशम हो जानेके बाद पुरुषवेदकी प्रतिग्रहव्युच्छित्ति हो जाती है किन्तु कर्मप्रकृतिके अनुसार नपुंसकवेद और स्त्रीवेदका उपशम हो जानेके बाद भी पुरुषवेदमें प्रतिग्रहशक्ति बनी रहती है। यही कारण है कि कषायप्राभृतमें बीस प्रकृतिक संक्रमस्थानके ६ प्रकृतिक और ५ प्रकृतिक ये दो प्रतिग्रहस्थान बतलाये हैं और कर्मप्रकृतिमें बीस प्रकृतिक संक्रमस्थानके ७, ६ और ५ प्रकृतिक तीन संक्रमस्थान बतलाये हैं।

§ २९१. 'पंचसु च ऊणवीसा०' यह नौवीं गाथा १९, १८, १४ और १३ इन चार संक्रमस्थानोंके प्रतिग्रहस्थानका कथन करनेके लिये आई है। वहाँ गाथामें जो 'पंचसु च ऊणवीसा' पद कहा है सो इससे प्रतिग्रहरूप पांच प्रकृतियोंमे उन्नीस प्रकृतिक संक्रम होता है यह अर्थ लेना चाहिये। वे पांच प्रकृतियां कौन सी हैं? पुरुषवेद और चार संज्वलन ये पांच प्रकृतियां हैं जो प्रकृतमें प्रतिग्रहरूप हैं, क्योंकि इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले अनिवृत्तिकरण उपशामक जीवके लोभ संज्वलनका संक्रम न होनेके बाद नपुंसकवेदका उपशम हो जानेपर पांच प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानसे सम्बन्ध रखने वाला उन्नीस प्रकृतिक संक्रमस्थान देखा जाता है। 'अट्ठारस चदुसु०' यह

---

१. अंतरादो दुसमयकदादो पाये छण्णोकसाए कोधे संछुहदि ण अण्णम्हि कम्हि वि। कषाय० उपशा० चु० ६७९०

२. पुरिसवेयस्स पढमट्ठितिते दुयावलियसेसाए आगालो वोछिन्नो। अणंतरावलिगातो उदीरणा एति, ताहे छण्ह नोकसायाण संछोभो णत्थि पुरिसवेदे, सजलणेसु संछुभन्ति। कर्मप्र० उपशा० गा० ४७ चु०

वड्ढेऊणवीससंकमट्ठाणोवलंभादो। 'अट्ठारस चदुसु०' एसो सुत्तस्स विदियावयवो अट्ठारसपयडिसंकमस्स चदुसु पडिग्गहपयडीसु संभवावहारणफलो, तेणेवित्थिवेदोवसमं करिय पुरिसवेदपडिग्गहवोच्छेदे कदे चउसंजलणपयडिपडिबद्धे पयदसंकमट्ठाणो-वलंभादो। 'चोद्दस छसु०' एदेण वि सुत्तस्स तइज्जावयणेण चोद्दससंकमट्ठाणस्स छसु पयडीसु पडिबद्धत्तं परूविदं, चउवीससंतकम्मियाणियट्टिउवसामयस्स पुरिसवेदणवक-बंधोवसामणावत्थाए चउसंजलण-दोदंसणमोहसण्णिदछप्पयडिपडिग्गहेण पुरिसवेदे-क्कारसकसाय-दोदंसणमोहपयडिपडिबद्धचोद्दससंकमट्ठाणोवलंभादो। 'तेरसयं छक्क-पणगम्हि' एदेण वि चउत्थावयवेण तेरससंकमट्ठाणस्स छक्क-पणएसु णिबंधणत्तं परूविदं। तत्थ ताव समणंतरपरूविदचोद्दसमंकामएण पुरिसवेदोवसमे कदे तेरसपयडि-संकमो छप्पयडिपडिग्गहसंबंधिओ समुप्पज्जइ, पुव्वुत्तपडिग्गहपयडीणं छण्हं पि तत्थ तहावट्ठाणदंसणादो। एदस्स चेव कोहसंजलणपढमट्ठिदीए तिसु आवलियासु समयूणासु सेसासु तेरससंकमट्ठाणं पंचपयडिपडिग्गहियमुप्पज्जइ। अथवा अणियट्टिखवगेण अट्ठकसाएसु खविदेसु पंचपडिग्गहट्ठाणसंबंधियं तेरससंकमट्ठाणमुवलब्भइ ॥९॥

गाथाका दूसरा पद अठारह प्रकृतिक संक्रमस्थानका चार प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानमें संक्रम होता है यह अवधारण करानेके लिए दिया है, क्योंकि वही पूर्वोक्त जीव जब स्त्रीवेदका उपशम करके पुरुषवेदकी प्रतिग्रहव्युच्छित्ति कर देता है तब उसके चार संज्वलनरूप प्रतिग्रहस्थानसे सम्बन्ध रखनेवाला प्रकृत संक्रमस्थान उपलब्ध होता है। गाथाके 'चोद्दस छसु०' इस तीसरे चरण द्वारा भी चौदह प्रकृतिक संक्रमस्थान छह प्रतिग्रह प्रकृतियोंसे प्रतिबद्ध है यह बतलाया है, क्योंकि चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले अनिवृत्तिकरण उपशामकके पुरुषवेदके नवकबन्धकी उपशामना करते समय चार संज्वलन और दो दर्शनमोहनीय इन छह प्रकृतियोंके प्रतिग्रहरूपसे पुरुषवेद, ग्यारह कषाय और दो दर्शनमोहनीय प्रकृतियोंसे सम्बन्ध रखनेवाला चौदह प्रकृतिक संक्रमस्थान उपलब्ध होता है। गाथाके 'तेरसयं छक्क-पणगम्हि' इस चौथे चरण द्वारा भी तेरह प्रकृतिक संक्रमस्थान छह और पाँच प्रतिग्रह प्रकृतियोंमें प्रतिबद्ध है यह बतलाया है। यहाँपर समनन्तर पूर्व कहे गये चौदह प्रकृतियोंके संक्रामक जीवके द्वारा पुरुषवेदका उपशम कर लेने पर छह प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानसे सम्बन्ध रखनेवाला तेरह प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है, क्योंकि पूर्वोक्त छह प्रतिग्रह प्रकृतियाँ इस तेरह प्रकृतिक संक्रमस्थानके समय पूर्ववत् अवस्थित देखी जाती हैं। तथा इसी जीवके जब क्रोध संज्वलनकी प्रथम स्थितिमें एक समय कम तीन आवली काल शेष रह जाता है तब पांच प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानसे सम्बन्ध रखनेवाला तेरह प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है। अथवा अनिवृत्तिकरण गुणस्थानवर्ती क्षपकके द्वारा आठ कषायोंका क्षय कर देने पर पांच प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानसे सम्बन्ध रखनेवाला तेरह प्रकृतिक संक्रमस्थान प्राप्त होता है ॥ ९ ॥

विशेषार्थ—इस गाथामें १९, १८, १४ और १३ इन चार संक्रमस्थानोंका किस किस प्रतिग्रहस्थानमें संक्रम होता है यह बतलाया है। विशेष खुलासा टीकामें किया ही है। किन्तु

---

१. ता० -आ०प्रत्योः -सामणावट्ठाए इति पाठः।

§ २९२. 'पंच चउक्के बारस०' एसा दसमगाहा १२, ११, १०, ९ चउण्ह-भेदेसिं संकमट्ठाणाणं पडिग्गहट्ठाणपरूवट्ठमागया। तत्थ पढमावयवेण बारससंकमट्ठाणस्स पंच-चदुक्कसण्णिदपडिग्गहट्ठाणेसु संभवावहारणं कीरदे, इगिवीससंतकम्मियखवगोव-सामगेसु जहाकमं लोभासंकम-छण्णोकसायोवसामणपरिणदेसु तहाविहसंभवोवलंभादो। 'एक्कारस पंचगे०' एदेण च विदियावयवेण पंच-तिग-चदुक्कसण्णिदेसु तिसु पडिग्गह-ट्ठाणेसु एक्कारसपयडिसंकमस्स विसयावहारणं कीरदे। तं कधं? खवगस्स णवुंसयवेदे खीणे पंचपडिग्गहट्ठाणाहारमेक्कारससंकमट्ठाणमुप्पज्जइ। अहवा चउवीसदिकम्मंसिएण दुविहकोहोवसमं काऊण कोहसंजलणपडिग्गहवोच्छेदे कदे तमेव संकमट्ठाणं तेणेव पडिग्गहट्ठाणेण पडिग्गहिदमुवजायदे, तत्थ माण-माया-लोहसंजलण-सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं[1] कोहसंजलण-तिविहमाण-तिविहमाय-दुविहलोभ-मिच्छत्त-सम्मामिच्छत्त-समूहारद्धपयदसंकमट्ठाणस्साहारभावोवलंभादो। पुणो इगिवीससंतकम्मिओवसामगेण

यहां एक बातका निर्देश कर देना आवश्यक प्रतीत होता है। बात यह है कि यहां अठारह प्रकृतिक संक्रमस्थानका चार प्रकृतिक एक प्रतिग्रहस्थान बतलाया है किन्तु कर्मप्रकृतिमें १८ प्रकृतिक संक्रमस्थानके ५ और ४ ये दो प्रतिग्रह स्थान बतलाये हैं। २१ प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके आनुपूर्वी संक्रमका प्रारम्भ हो जानेके बाद नपुंसकवेद और स्त्रीवेदका उपशम हो जानेपर यह अठारह प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है। तब कषायप्राभृतके अनुसार पुरुषवेद प्रतिग्रह प्रकृति नहीं रहती, अतः चार प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान ही प्राप्त होता है किन्तु कर्मप्रकृतिके अनुसार उसमें जब तक छह नोकषायोंका संक्रम होता रहता है तब तक पांच प्रकृतिक और उसके बाद चार प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान प्राप्त होता है। इस प्रकार मतभेदका यह कारण जानना चाहिये।

§ २९२. 'पंच-चउक्के बारस०' यह दसवीं गाथा १२, ११, १० और ९ इन चार संक्रम-स्थानोंके प्रतिग्रहस्थानोंका कथन करनेके लिये आई है। वहां गाथाके प्रथम चरणद्वारा बारह प्रकृतिक संक्रमस्थानके पांच प्रकृतिक और चार प्रकृतिक ये दो प्रतिग्रहस्थान सम्भव हैं यह अवधारण किया गया है, क्योंकि जो क्षपक आनुपूर्वी संक्रमका प्रारम्भ हो जानेके कारण लोभसंज्वलनका संक्रम नहीं कर रहा है उसके बारह प्रकृतिक संक्रमस्थानका पांच प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान उपलब्ध होता है और इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला जो उपशामक छह नोकषायोंका उपशमन कर रहा है उसके बारह प्रकृतिक संक्रमस्थानका चार प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान उपलब्ध होता है। 'गाथाके एक्कारस पंचगे०' इस दूसरे चरण द्वारा यह निश्चय किया गया है कि ग्यारह प्रकृतिक संक्रम-स्थानका पांच, चार और तीन प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानोंमें संक्रम होता है, क्योंकि क्षपक जीवके नपुंसकवेदका क्षय कर देने पर ग्यारह प्रकृतिक संक्रमस्थानका आधारभूत पांच प्रकृतिक प्रतिग्रह-स्थान उत्पन्न होता है। अथवा चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला जो उपशामक जीव दो प्रकारके क्रोधका उपशम करके क्रोध संज्वलनकी प्रतिग्रह व्युच्छित्ति कर देता है उसके उसी पूर्वोक्त प्रति-ग्रहस्थानसे सम्बन्ध रखनेवाला वही पूर्वोक्त संक्रमस्थान उत्पन्न होता है, क्योंकि वहाँ पर क्रोध-संज्वलन, तीन मान, तीन माया, दो लोभ, मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्व इनके समूह रूप प्रकृत संक्रमस्थानका आधारभूत मान संज्वलन, माया संज्वलन, लोभ संज्वलन, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व इन पाँच प्रकृतिरूप प्रतिग्रहस्थान उपलब्ध होता है। तथा इक्कीस प्रकृतियोंकी

१. आ०प्रतौ -संजलणस्स सम्मत्त- इति पाठः। २. ता०प्रतौ सम्मत्तसम्माइट्ठीणं इति पाठः।

णवणोकसायोवसमे कदे तिविहकोह-माण-माया-दुविहलोहपयडिसमुदायणिप्पण्ण-मेक्कारसपयडिसंकमट्ठाणं चदुसंजलणपडिग्गहविसयं होऊण समुप्पज्जइ। एदस्स चेव कोहसंजलणपढमट्ठिदीए तिण्हमावलियाणं समयूणाणमवसेसे दुविहं कोहं तत्थासंकामेऊण माणसंजलणसरूवेण संकामेमाणस्स तक्काले तिण्हं संजलणपयडीणं पडिग्गहभावेण एक्कारससंकमट्ठाणमुप्पज्जइ। 'दसगं चउक्क-पणगे'—दसपयडिसंकमो चउक्क-पणयपडिग्गहट्ठाणविसए पडिणियदो त्ति दट्ठव्वो। तत्थ ताव चउवीससंतकम्मिएण तिविहकोहोवसमे कदे तिविहमाण-माया-दुविहलोह-मिच्छत्त-सम्मामिच्छत्तसण्णिददसपयडिसंकमो माण-माया-लोहसंजलण-सम्मत्त-सम्मामिच्छत्तपंचपयडिपडिग्गहट्ठाणाहिट्ठाणो समुप्पज्जइ। एदस्स चेव माणसंजलणपढमट्ठिदीए समयूणावलियतियमेत्तावसेसे[1] दुविहं माणमेत्था-संकामेऊण मायासंजलणे संछुहमाणयस्स माया-लोहसंजलण-सम्मत्त-सम्मामिच्छत्त-चउपयडिपडिग्गहावेक्खो दसपयडिसंकमो होइ। अहवा खवगेण इत्थिवेदे खविदे दसपयडिसंकमट्ठाणं चउसंजलणपयडिपडिग्गहपडिबद्धमुप्पज्जइ। 'णवगं च तिगम्हि बोद्धव्वा' एदेण चउत्थावयवेण णवसंकमट्ठाणस्स तिण्हं पयडीणं पडिग्गहभावो परूविदो। तं जहा—इगिवीससंतकम्मिएण दुविहकोहोवसमे कदे कोहसंजलण-

सत्तावाला जो उपशामक जीव नौ नोकषायोंका उपशम कर देता है उसके प्रतिग्रहरूप चार संज्वलनोंका विषयभूत तीन प्रकारका क्रोध, तीन प्रकारका मान, तीन प्रकारकी माया और दो प्रकारका लोभ इन प्रकृतियोंका समुदायरूप ग्यारह प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है। यही जीव जब क्रोध संज्वलनकी प्रथम स्थितिमें एक समय कम तीन आवलि शेष रहने पर इसमें दो प्रकारके क्रोधका संक्रम न करके केवल मान संज्वलनका संक्रम करता है तब तीन संज्वलन प्रकृतियोंके प्रतिग्रहरूपसे ग्यारह प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है। 'दसगं चउक्क-पणगे' यह गाथाका तीसरा चरण है। इसमें चार प्रकृतिक और पाँचप्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानके विषयरूपसे दस प्रकृतिक संक्रमस्थान प्रतिनियत है यह बतलाया गया है। खुलासा इस प्रकार है—जो चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला जीव तीन प्रकारके क्रोधका उपशम कर देता है उसके तीन प्रकारका मान, तीन प्रकारकी माया, दो प्रकार का लोभ, मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्व इन दस प्रकृतियोंका संक्रम मान, माया और लोभ संज्वलन तथा सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व इन पांच प्रतिग्रहरूप प्रकृतियोंके आधारसे उत्पन्न होता है। तथा जब यही जीव मान संज्वलनकी प्रथम स्थितिमें एक समयकम तीन अवलि कालके शेष रह जानेपर इसमें दो प्रकारके मानके संक्रमका अभाव करके माया संज्वलनमें संक्रम करता है तब मायासंज्वलन, लोभसंज्वलन, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व इन चार प्रतिग्रहरूप प्रकृतियोंकी अपेक्षा रखनेवाला दस प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है। अथवा जब क्षपक जीव स्त्रीवेदका क्षय कर देता है तब प्रतिग्रहरूप चार संज्वलन प्रकृतियोंसे सम्बन्ध रखनेवाला दस प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है। गाथाके 'णवगं च तिगम्हि बोद्धव्वा' इस चौथे चरण द्वारा नौ प्रकृतिक संक्रमस्थानका तीन प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान होता है यह बतलाया है। यथा—इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जिस जीवने दो प्रकारके क्रोधका उपशम कर दिया है उसके क्रोध संज्वलन, तीन प्रकारका

१. आ०प्रतौ -समयूणावलियएत्तियमेत्तावसेसे इति पाठः।

तिविहमाण-माया-दुविहलोहपयडिसंकमो तिसु संजलणपयडीसु लब्भदे, ताहे कोह-संजलणणवकबंधस्स संकमं मोत्तूण पडिग्गहित्ताभावादो ॥१०॥

§ २९३. 'अट्ठ दुग तिग चदुक्के०' एसा एक्कारसमी गाहा ८, ७, ६, ५ एदेसिं चउण्हं संकमट्ठाणाणं पडिग्गहणियमपरूवणट्ठमागया। तत्थ पढमावयवो अट्ठपयडि-संकमस्स दुग-तिग-चदुक्केसु पडिग्गहट्ठाणेसु पडिबद्धपरूवणट्ठमागओ। इगिवीस-चउवीससंतकम्मियोवसामगेसु जहाकमं तिविहकोह-दुविह-माणोवसमेण परिणदेसु तिग-चउक्कपडिग्गहट्ठाणपडिबद्धपढमसमयअट्ठपयडिसंकमट्ठाणमुवलब्भदे, इगिवीससंतकम्मि-यस्स माणसंजलणपढमट्ठिदीए समयूणावलियत्तियमेत्तावसेसाए दुविहमाणं[1] तत्थासंकामिय संजलणमायाए संछुहमाणस्स माणसंजलणपडिग्गहसत्तिविरहेण[2] माया-लोभसंजलणाणं दोण्हमेव पडिग्गहभावेण अट्ठपयडिसंकमो लब्भइ। 'सत्त चदु०'—सत्तपयडिसंकमो चदुक्के तिगे च पडिणियदो बोद्धव्वो। चउवीससंतकम्मियस्स तिविहमाणोवसमाणंतरं चउण्हं पडिग्गहभावेण सत्तपयडिसंकमो लब्भदे। एदस्स चेव समयूणावलियतियमेत्त-मायासंजलणपढमट्ठिदिवारयस्स मायासंजलणपडिग्गहस्स विरामेण तिण्हं पडिग्गहत्त-

---

मान, तीन प्रकारकी माया और दो प्रकारका लोभ इन नौ प्रकृतियोंका तीन संज्वलन प्रकृतियोंमें संक्रम उपलब्ध होता है, क्योंकि तब क्रोधसंज्वलनके नवकबन्धका संक्रम तो होता है पर उसमें प्रतिग्रहपनेका अभाव रहता है ॥१०॥

विशेषार्थ—इस दसवीं गाथा द्वारा १२, ११, १० और ९ इन चार संक्रमस्थानोंके प्रतिग्रहस्थान बतलाये हैं। विशेष खुलासा टीकामें ही किया है।

§ २९३. 'अट्ठ दुग तिग चदुक्के०' यह ग्यारहवीं गाथा ८, ७, ६ और ५ इन चार संक्रम-स्थानोंके प्रतिग्रहस्थानोंका कथन करनेके लिये आई है। उसमें भी गाथाका प्रथम चरण आठ प्रकृतिक संक्रमस्थानका दो, तीन और चार प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानोंसे सम्बन्ध है यह बतलानेके लिये आया है। इक्कीस प्रकृतियोंकी या चौबीस प्रकृतियोंकी सत्ता रखनेवाले जिन उपशामक जीवोंने तीन प्रकारके क्रोध और दो प्रकारके मानका उपशम कर लिया है उनके प्रथम समयमें क्रमसे तीन प्रकृतिक और चार प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानोंसे सम्बन्ध रखनेवाला आठ प्रकृतिक संक्रमस्थान प्राप्त होता है, क्योंकि जो इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला जीव मान सज्वलनकी प्रथम स्थितिमें एक समय कम तीन आवलि कालके शेष रह जाने पर दो प्रकारके मानका उसमें संक्रम न करके संज्वलन मायामें संक्रम करता है उसके मान संज्वलनमें प्रतिग्रहरूप शक्ति न रहनेके कारण मायासंज्वलन और लोभसंज्वलन इन दो प्रकृतियोंके प्रतिग्रहरूपसे आठ प्रकृतिक संक्रमस्थान उपलब्ध होता है। 'सत्त चदु०' इत्यादि गाथाका दूसरा चरण है। इस द्वारा चार प्रकृतिक और तीन प्रकृतिक इन दो प्रतिग्रहस्थानोंमें सात प्रकृतियोंका संक्रम प्रतिनियत जानना चाहिए। यथा—चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके तीन प्रकारके मानका उपशम होनेके बाद चार प्रकृतियोंके प्रतिग्रहरूपसे सात प्रकृतिक संक्रमस्थान प्राप्त होता है। तथा इसी जीवके मायासंज्वलनकी एक समय कम तीन आवलिप्रमाण प्रथम स्थिति शेष रहने पर माया संज्वलनमें प्रतिग्रह शक्ति न रहनेसे तीन प्रकृतिक

---

१. ता०प्रतौ दुविह माणं इति पाठः। २. आ०प्रतौ -संजलणविग्गहसत्तिविरहेण इति पाठः।

संबंधो दट्ठव्वो। 'छक्कं दुगम्हि णियमा'—छण्हं संकमो णियमा दुगम्हि पडिबद्धो घेत्तव्वो, एक्कावीसपयडिकम्मंसियस्स दुविहमाणोवसमसमए तदुवलद्धीदो। 'पंच तिगे एक्कग दुगे वा'—पंचसंकमो तिगे दुगे एक्कगे वा होइ त्ति सुत्तत्थसंबंधो। तत्थ ताव चउवीससंतकम्मिएण दुविहमायोवसमे कदे मायासंजलण-दुविहलोह-मिच्छत्त-सम्मामिच्छत्तपंचपयडिसंकमो लोहसंजलण-सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ततिविहपडिग्गहावेक्खो समुप्पज्जदि। पुणो इगिवीससंतकम्मियोवसामगेण तिविहमाणोवसमे कदे तिविहमाय-दुविहलोहसण्णिदपंचपयडिसंकमो माया-लोहसंजलणदुविहपडिग्गहट्ठाणावलंबणो समुप्पज्जइ। एदस्स चेव मायासंजलणपढमट्ठिदीए समयूणावलियतियमेत्तावसेसे दुविहं मायमसंकामिय लोहसंजलणम्मि संकुहमाणस्स एगपयडिपडिग्गहपडिबद्धो पंचपयडिट्ठाण-संकमो होइ ॥११॥

§ २१४. 'चत्तारि तिग-चदुक्के०' एसा बारसमी गाहा ४, ३, २, १ चदुण्हं भेदेसि संकमट्ठाणाणं पडिग्गहणियमपरूवणट्ठमागया। एदिस्से पढमावयवो चदुपयडि-संकमस्स तिग-चदुक्केसु पडिबद्धत्तं परूवेदि, खवगस्स छण्णोकसायपक्खिवणे चदुण्हं

प्रतिग्रहस्थानका सद्भाव जानना चाहिये। 'छक्कं दुगम्हि णियमा' यह गाथाका तीसरा चरण है। इस द्वारा छह प्रकृतियोंका संक्रम नियमसे दो प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानसे सम्बन्ध रखनेवाला जानना चाहिए, क्योंकि इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके दो प्रकारके मानके उपशमका आश्रय लेकर छह संक्रम व प्रतिग्रहस्थानकी उपलब्धि होती है। 'पंच तिगे एक्कग दुगे वा' यह गाथाका चौथा चरण है। तीन, दो और एक प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानोंमें पांच प्रकृतियोंका संक्रम होता है यह इस सूत्रवचनका तात्पर्य है। इसमें सर्वप्रथम जो चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला जीव दो प्रकारकी मायाका उपशम कर लेता है उसके लोभ संज्वलन, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व इन तीन प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानसे सम्बन्ध रखनेवाला मायासंज्वलन, दो प्रकारका लोभ, मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्व यह पांच प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है। तथा इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला जो उपशामक जीव तीन प्रकारके मानका उपशम कर देता है उसके माया संज्वलन और लोभ संज्वलन इन दो प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानसे सम्बन्ध रखनेवाला तीन प्रकारकी माया और दो प्रकारका लोभ यह पाँच प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है। तथा यही जीव जब माया संज्वलनकी प्रथम स्थितिमें एक समय कम तीन आवलि काल शेष रहने पर दो प्रकारकी मायाका माया संज्वलनमें संक्रम न करके लोभ संज्वलनमें संक्रम करने लगता है तब एक प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानसे सम्बन्ध रखनेवाला पाँच प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है ॥ ११ ॥

विशेषार्थ—इस गाथामें आठ प्रकृतिक, सात प्रकृतिक, छह प्रकृतिक और पाँच प्रकृतिक इन चार संक्रमस्थानोंके कौन कौन प्रतिग्रहस्थान हैं यह बतलाया है। विशेष खुलासा टीकामें किया ही है।

§ २१४. 'चत्तारि तिग चदुक्के०' यह बारहवीं गाथा ४, ३, २ और १ इन चार संक्रमस्थानोंके प्रति ग्रहस्थानोंके नियमका कथन करनेके लिये आई है। इस गाथाका प्रथम चरण चार प्रकृतिक संक्रमस्थानका तीन और चार प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानोंसे सम्बन्ध है यह बतलाती है, क्योंकि

१. ता०प्रतौ मायमो (म) स्कामिय, आ०प्रतौ मायमोसकामिय इति पाठः।

चदुसु संकमोवलंभादो चउवीसदिकम्मंसियस्स तिविहमायोवसमे चदुण्हं तिसु संकमोवलद्धीदो च। 'तिण्णि तिगे एक्कगे च बोद्धव्वा' खवगस्स पुरिसवेदपरिक्खए तिण्हं तिसु संकमदंसणादो इगिवीस०उवसामगस्स दुविह-मायोवसमे तिण्हमेक्किस्से पडिग्गहत्तदंसणादो च। 'दो दुसु एक्काए वा' खवगस्स कोहे णिल्लेविदे इगिवीससंतकम्मियस्स च तिविहे मायोवसमे जादे जहाकमं दोण्हं दुसु एक्किस्से च संकमोवलंभादो चउवीसदिकम्मंसियस्स वि दुविहलोहोवसमे जादे दोण्हं दुसु संकमस्स संभवोवलंभादो। 'एगा एगाए बोद्धव्वा', संजलणमाणे खविदे परिप्फुडमेव तदुवलंभादो ॥१२॥

एक तो जिस क्षपकने छह नोकषायोंका क्षय कर दिया है उसके चार प्रकृतियोंका चार प्रकृतियोंमें संक्रम उपलब्ध होता है और दूसरे चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके तीन प्रकारकी मायाका उपशम हो जाने पर चार प्रकृतियोंका तीन प्रकृतियोंमें संक्रम उपलब्ध होता है। 'तिण्ण तिगे एक्कगे च वोद्धव्वा' यह गाथाका दूसरा चरण है। इस द्वारा तीन प्रकृतिक संक्रमस्थानका तीन और एक प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानमें संक्रम होता है यह बतलाया गया है, क्योंकि एक तो क्षपक जीवके पुरुषवेदका क्षय हो जाने पर तीन प्रकृतियोंका तीन प्रकृतियोंमें संक्रम देखा जाता है और दूसरे इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले उपशामक जीवके दो प्रकारकी मायाका उपशम हो जानेपर तीन प्रकृतिक संक्रमस्थानका एक प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थान देखा जाता है। 'दो दुसु एक्काए वा' यह गाथाका तीसरा चरण है। इस द्वारा दो प्रकृतिक संक्रमस्थानका दो और एक प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानमें संक्रम होता है यह बतलाया है, क्योंकि क्षपक जीवके क्रोधका नाश हो जाने पर दो प्रकृतियोंका दो प्रकृतियोंमें और इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले उपशामक जीवके तीन प्रकारकी मायाका उपशम हो जाने पर दो प्रकृतियोंका एक प्रकृतिमें संक्रम उपलब्ध होता है तथा चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके भी दो प्रकारके लोभका उपशम हो जानेपर दो प्रकृतियोंका दो प्रकृतियोंमें संक्रम उपलब्ध होता है। 'एगा एगाए बोद्धव्वा' इस द्वारा एक प्रकृतिक संक्रमस्थानका एक प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानमें संक्रम होता है यह बतलाया है, क्योंकि क्षपक जीवके संज्वलन मानका क्षय हो जानेपर स्पष्ट रूपसे उक्त संक्रमस्थान और प्रतिग्रहस्थान उपलब्ध होता है ॥१२॥

विशेषार्थ—इस गाथा द्वारा चार प्रकृतिक, तीन प्रकृतिक, दो प्रकृतिक और एक प्रकृतिक संक्रमस्थानोंके कौन कौन प्रतिग्रहस्थान हैं इसका खुलासा किया है। अब संक्रमस्थानों और प्रतिग्रहस्थानोंकी उक्त १० गाथाओंमें कही गई विशेषताका ज्ञान करनेके लिए कोष्ठक दिया जाता है—

सत्तास्था०	संक्रमस्था०	प्रकृतियां	प्रतिग्रहस्था०	प्रकृतियाँ	स्वामी
२८ प्र०	२७ प्र०	मिथ्यात्वके बिना सब	२२ प्र०	मिथ्यादृष्टिके बँधनेवाली २२ प्रकृतियाँ	२८ प्रकृतियोंकी सत्तावाला मिथ्यादृष्टि
२८ प्र०	२७ प्र०	सम्यक्त्वके बिना सब	१९ प्र०	अविरत सम्यग्दृष्टिके बँधनेवाली १७ प्रकृतियाँ व सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व	अविरत सम्यग्दृष्टि

सत्तास्था०	संक्रमस्था०	प्रकृतियाँ	प्रतिग्रहस्था०	प्रकृतियाँ	स्वामी
२८ प्र०	२७ प्र०	सम्यक्त्वके बिना	१५ प्र०	अप्रत्याख्यानावरण ४ के बिना पूर्वोक्त १९	देशविरत
२८ प्र०	२७ प्र०	"	११ प्र०	प्रत्याख्यानावरण ४ के बिना पूर्वोक्त १५	संयत
२७ प्र०	२६ प्र०	सम्यक्त्व प्रकृति और सम्यग्मिथ्यात्व	२२ प्र०	मिथ्यादृष्टि के बंधनेवाली २२ प्रकृतियाँ	मिथ्यादृष्टि २७ प्रकृतियोंकी सत्ता वाला
२८ प्र०	२६ प्र०	सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके बिना सब	१९ प्र०	पूर्वोक्त १९ प्र०	अविरतस० के प्रथम समयमें
२८ प्र०	२६ प्र०	"	१५ प्र०	पूर्वोक्त १५ प्र०	देशवि० के प्र० समय में
२८ प्र०	२६ प्र०	"	११ प्र०	पूर्वोक्त ११ प्र०	संयतके " "
२६ प्र०	२५ प्र०	२५ कषाय	२१ प्र०	२१ कषाय	२२ प्र० का बन्ध करनेवाला मिथ्यादृष्टि
२८ प्र०	२५ प्र०	२५ कषाय	२१ प्र०	२१प्र०का बन्धक	सासादन सम्य०
२८ प्र०	२५ प्र०	२५ कषाय	१७ प्र०	१७ प्र०का बन्धक	सम्यग्मिथ्यादृष्टि
२८ प्र०	२३ प्र०	चार अनन्तानुबन्धी व मिथ्यात्व के बिना २३ प्र०	२२ प्र०	पूर्वोक्त	एक आवलिकाल तक मिथ्यादृष्टि
२४ प्र०	२३ प्र०	चार अनन्तानुबन्धी व सम्यक्त्वके बिना	१९ प्र०	पूर्वोक्त	विसंयोजक अविरत सम्यग्दृष्टि

सत्तास्था०	संक्रमस्था०	प्रकृतियां	प्रतिग्रहस्था०	प्रकृतियां	स्वामी
२४ प्र०	२३ प्र०	चार अनन्तानुबन्धी व सम्यक्त्व के बिना	१५ प्र०	पूर्वोक्त	विसंयो० देशविरत
२४ प्र०	२३ प्र०	,, ,,	११ प्र०	पूर्वोक्त	विसंयो० प्रमत्त, अप्र०अपू०संयत
२४ प्र०	२३ प्र०	,, ,,	७	चार संज्वलन, पुरुषवेद सम्यक्त्व व सम्यग्मि०	अनिवृत्तिकरण उपशा०
२३ प्र०	२२ प्र०	चार अनन्तानुबन्धी मिथ्यात्व व सम्यक्त्व के बिना .	१८ प्र०	पूर्वोक्त १९ में से सम्यग्मिथ्यात्वके कम कर देने पर	जिसने मिथ्यात्व की क्षपणा कर दी है ऐसा अविरत सम्यग्दृष्टि
२३ प्र०	२२ प्र०	,, ,,	१४ प्र०	१८ में से अप्रत्या० ४ के कम कर देने पर	मिथ्यात्वका क्षपक देशविरत
२३ प्र०	२२ प्र०	,, ,,	१० प्र०	१४ मेंसे प्रत्याख्या० ४ के कम कर देने पर	मिथ्यात्वका क्षपक प्रमत्त व अप्रमत्त
२४ प्र०	२२ प्र०	अनन्तानु० ४, सम्यक्त्व व संज्वलन लोभके बिना २२ प्र०	७ प्र०	पूर्वोक्त ७ प्र०	अनिवृत्ति० उपशा०
२८ प्र०	२१ प्र०	अनन्तानुबन्धी ४ व ३ दर्शनमोहके बिना	२१ प्र०	पूर्वोक्त २१ प्र०	सासादन सम्य० के एक आवलि तक
२१ प्र०	२१ प्र०	,, ,,	१७ प्र०	पूर्वोक्त १७ प्र०	क्षायिक अविरतस०
२१ प्र०	२१ प्र०	,, ,,	१३ प्र०	देशविरतके बंधनेवाली १३ प्र०	क्षायिक० देशवि०
२१ प्र०	२१ प्र०	,, ,,	९ प्र०	चार संज्व०, ५ नोकषाय	प्रथम आदि तीन क्षायिक सम्यग्दृष्टि
२४ प्र०	२१ प्र०	४अनन्ता०,सम्यक्त्व, संज्व० लोभ व नपुंसकवेदके बिना २१ प्र०	७ प्र०	पूर्वोक्त ७ प्र०	अनिवृत्ति० उपशा०

सत्तास्था०	संक्रमस्था०	प्रकृतियां	प्रतिग्रहस्था०	प्रकृतियां	स्वामी
२१ प्र०	२१ प्र०	१२ कषाय ९ नोकषाय	५ प्र०	चार संज्वलन व पुरुषवेद	क्षपक या उपशामक के अनिवृत्ति० के प्रारंभ में
२४ प्र०	२० प्र०	४अनन्ता०,सम्यक्त्व,संज्व० लोभ, नपुंसक वेद व स्त्रीवेदके विना २० प्र०	६ प्र०	चार संज्व०, सम्य० व सम्यग्मिथ्यात्व	अनिवृत्ति उपशा०
२१ प्र०	२० प्र०	४ अनन्ता० ३ दर्शनमोह व संज्व० लोभके विना २० प्र०	५ प्र०	४ संज्वलन व पुरुषवे०	,, ,,
२१ प्र०	१९ प्र०	पूर्वोक्त २० मेंसे नपुंसकवेदके कम करनेपर १९ प्र०	५ प्र०	,, ,,	,, ,,
२१ प्र०	१८ प्र०	१९ मेंसे स्त्रीवेदके कम करने पर १८ प्र०	४ प्र०	४ संज्वलन०	,, ,,
२४ प्र०	१४ प्र०	पुरुषवेद,११कषाय, मिथ्यात्व व सम्यग्मिथ्यात्व ये १४	६ प्र०	४ संज्व०, सम्यक्त्व व सम्यग्मिथ्यात्व ये ६प्र०	,, ,,
२४ प्र०	१३ प्र०	पूर्वोक्त १४ मेंसे पुरुषवेद कम कर देने पर १३ प्र०	६ प्र०	,, ,,	,, ,,
२४ प्र०	१३ प्र०	,, ,,	५ प्र०	मान आदि ३ संज्व०, सम्यक्त्व व सम्यग्मिथ्यात्व	,, ,,
१३ प्र०	१३ प्र०	४ संज्व० व ९ नोकषाय	५ प्र०	४ संज्वलन व पुरुषवेद	अनिवृत्ति०क्षपक
१३ प्र०	१२ प्र०	लोभके विना ३ संज्व०व ९ नोकषाय ये १२ प्र०	५ प्र०	,, ,,	,, ,,

सत्तास्था०	सक्रमस्था०	प्रकृतियां	प्रतिग्रहस्था०	प्रकृतियां	स्वामी
२१ प्र०	१२ प्र०	संज्व० लोभ के बिना ११ कषाय व पुरुषवेद ये १२ प्र०	४ प्र०	४ संज्वलन	अनिवृत्ति० उपशा०
१२ प्र०	११ प्र०	लोभके बिना ३ संज्व० व नपुंसक वेदके बिना ८ नोकषाय ये ११प्र०	५ प्र०	४ संज्व०व पुरुषवेद	अनिवृत्ति० क्षपक
२४ प्र०	११ प्र०	१ क्रोध, ३ मान, ३ माया, २ लोभ, मिथ्यात्व व सम्यग्मिथ्यात्व ये ११ प्र०	५ प्र०	मान आदि ३ संज्व; सम्यक्त्व व सम्यग्मि० ये ५ प्र०	अनिवृत्ति० उपशा०
२१ प्र०	११ प्र०	तीन क्रोध, तीन मान, तीन माया व दो लोभ	४ प्रकृ०	४ संज्वलन	क्षायिक सम्यग्दृष्टि उपशामक अनिवृत्ति
२१ प्र०	११ प्र०	,, ,,	३ प्रकृ०	मान आदि ३ संज्वलन	,, ,,
२४ प्र०	१० प्र०	३ मान, ३ माया, २ लोभ मिथ्यात्व व सम्यग्मिथ्यात्व	५ प्र०	मान आदि ३ संज्वलन,सम्यक्त्व व सम्यग्मिथ्यात्व	उपशामक अनि०
२४ प्र०	१० प्र०	,, ,,	४ प्र०	माया व लोभ संज्वलन व दो दर्शनमोह	,, ,,
११ प्र०	१० प्र०	६ नोकषाय, पुरुषवेद व लोभ के बिना ३ संज्व०	४ प्र०	चार संज्वलन	क्षपक ,,
२१ प्र०	९ प्र०	१ क्रोध, ३ मान ३ माया व २ लोभ	३ प्रकृ०	मान आदि ३ संज्वलन	क्षायिक सम्य० अनिवृत्ति उपशामक
२४ प्र०	८ प्र०	१ मान, ३ माया २ लोभ, मिथ्यात्व व सम्यग्मिथ्यात्व	४ प्र०	माया आदि २ संज्वलन,सम्यक्त्व व सम्यग्मिथ्यात्व	अनिवृत्ति० उपशामक

सत्तास्था०	संक्रमस्था०	प्रकृतियां	प्रतिग्रहस्था०	प्रकृतियां	स्वामी
२१ प्र०	८ प्र०	२ मान, २ माया व २ लोभ	३ प्र०	मान आदि ३ संज्वलन	क्षायिक सम्य० अनिवृत्ति० उपशामक
२१ प्र०	८ प्र०	,, ,,	२ प्र०	माया व लोभ संज्वलन	,, ,,
२४ प्र०	७ प्र०	२ माया, २ लोभ मिथ्यात्व व सम्यग्मिथ्यात्व	४ प्र०	माया आदि २ संज्व०, सम्यक्त्व व सम्यग्मि०	अनिवृत्ति० उपशामक
२४ प्र०	७ प्र०	,, ,,	३ प्र०	संज्व० लोभ, सम्यक्त्व व सम्यग्मिथ्यात्व	,, ,,
२१ प्र०	६ प्र०	१ मान, २ माया व २ लोभ	२ प्र०	माया व लोभ संज्वलन	क्षायिक सम्यग्दृष्टि अनिवृत्ति० उपशामक
२४ प्र०	५ प्र०	१ माया, २ लोभ, मिथ्यात्व व सम्यग्मिथ्यात्व	३ प्र०	लोभसंज्व०, सम्य० व सम्यग्मि०	अनिवृत्ति० उपशामक
२१ प्र०	५ प्र०	२ माया व २ लोभ	२ प्र०	माया व लोभ संज्वलन	क्षायिक सम्य० अनि० उप०
२१ प्र०	५ प्र०	,, ,,	१ प्र०	संज्वलन लोभ	,, ,,
५ प्र०	४ प्र०	पुरुषवेद व लोभ के बिना तीन संज्वलन	४ प्र०	४ संज्वलन	क्षपक अनि०
२४ प्र०	४ प्र०	२ लोभ, मिथ्यात्व व सम्यग्मिथ्यात्व	१ प्र०	१ लोभ, सम्य० व सम्यग्मिथ्यात्व	उपशम स० अनि० उपशामक
४ प्र०	३ प्र०	लोभ के बिना ३ संज्वलन	३ प्र०	मान आदि ३ संज्वलन	क्षपक अनि०
२१ प्र०	३ प्र०	१ माया व २ लोभ	१ प्र०	संज्वलन लोभ	क्षायिक स० अनि० उपशामक
३ प्र०	२ प्र०	मान व माया संज्वलन	२ प्र०	माया व लोभ संज्वलन	क्षपक अनि०
२१ प्र०	२ प्र०	दो लोभ	१ प्र०	लोभ संज्वलन	क्षायिक स० अनि० उपशामक

§ २९५. एवमेत्तिएण गाहासुत्तसंबंधेण संकमट्ठाणाणं पडिग्गहट्ठाणेसु णियमं कादूण संपहि तं मग्गणोवायभूदाणमत्थपदाणं परूवणट्ठमुत्तरं गाहासुत्तमोइण्णं—'अणुपुव्वमणणुपुव्वं'—पयडिट्ठाणसंकमे परूवणिज्जे पुव्वमेव इमे संकमट्ठाणाणं मग्गणोवाया अणुगंतव्वा, अण्णहा तव्विसयणिण्णयाणुप्पत्तीदो। के ते? अणुपुव्वं अणणुपुव्वमिच्चादओ। तत्थाणुपुव्विसंकमो एक्को, अणाणुपुव्विसंकमो विदिओ, दंसणमोहस्स खयमस्सियूण तदियो, तदक्खयमवलंबिय चउत्थो, चरित्तमोहोवसामगविसए पंचमो, चरित्तमोहक्खवणणिबंधणो छट्ठो एवमेदे संकमट्ठाणाणं मग्गणोवाया णादव्वा भवंति। एदेहि पुव्वुत्तसंकमट्ठाणाणं पडिग्गहट्ठाणाणमुप्पत्ती साहेयव्वा त्ति उत्तं होइ।

§२९६. एत्थाणुपुव्वीसंकमविसए संकमट्ठाणगवेसणे कीरमाणे चउवीससंतकम्मियोवसामगस्स ताव बावीस-इगिवीसादओ पुव्वुत्तकमेणाणुमग्गिदव्वा। तेसिं पमाणमेदं—२२, २१, २०, १४, १३, ११, १०, ८, ७, ५, ४, २। इगिवीससंतकम्मियस्स

सत्तास्था०	संक्रमस्था०	प्रकृतियां	प्रतिग्रहस्था०	प्रकृतियां	स्वामी
२४ प्र०	२ प्र०	मिथ्यात्व व सम्यग्मिथ्यात्व	२ प्र०	सम्यक्त्व व सम्यग्मिथ्यात्व	सूक्ष्मसांपराय व उपशांतमोह उपशामक
२ प्र०	१ प्र०	संज्वलन माया	१ प्र०	संज्वलन लोभ	क्षपक अनिवृत्ति

§ २९५. इस प्रकार इतने गाथासूत्रोंके सम्बन्धसे संक्रमस्थानोंका प्रतिग्रहस्थानोंमें नियम करके अब इस नियमका अन्वेषण करनेके उपायभूत अर्थपदोंका कथन करनेके लिये आगेका गाथासूत्र आया है—'अणुपुव्वमणणुपुव्वं' प्रकृतिस्थानोंके संक्रमका कथन करते समय सर्व प्रथम संक्रमस्थानोंके अन्वेषणके ये उपाय जानना चाहिये, अन्यथा उनका समुचित निर्णय नहीं किया जा सकता है।

शंका—वे अन्वेषण करनेके उपाय कौनसे हैं?

समाधान—आनुपूर्वी और अनानुपूर्वी इत्यादिक। उनमेंसे आनुपूर्वीसंक्रम यह प्रथम उपाय है, अनानुपूर्वीसंक्रम यह दूसरा उपाय है, दर्शनमोहके क्षयके आश्रयसे प्राप्त होनेवाला तीसरा उपाय है, दर्शनमोहके क्षयके न होनेसे सम्बन्ध रखनेवाला चौथा उपाय है, चारित्रमोहनीय की उपशमनाको विषय करनेवाला पाँचवां उपाय है और चारित्रमोहकी क्षपणाके निमित्तसे होनेवाला छठा उपाय है। इस प्रकार ये संक्रमस्थानोंके अनुसंधान करनेके उपाय जानने चाहिये। इनके द्वारा पूर्वोक्त संक्रमस्थानों और प्रतिग्रहस्थानोंकी उत्पत्ति साध लेनी चाहिये यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

§ २९६. अब यहाँपर आनुपूर्वीसंक्रम विषयक संक्रमस्थानोंका अन्वेषण करने पर चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले उपशामकके पूर्वोक्त क्रमसे २२, २१ आदि प्रकृतिक संक्रमस्थान जानना चाहिये। उनका प्रमाण यह है—२२, २१, २०, १४, १३, ११, १०, ८, ७, ५, ४ और २।

वि वीसेक्कोणवीसपहुडयो तेणेव विहाणेणाणुगंतव्वा। तेसिं पमाणमेदं—२०, १९, १८, १२, ११, ९, ८, ६, ५, ३, २[1]। खवगस्स वि बारससंकमट्ठाणप्पहुडि एदाणि संकमट्ठाणाणि दट्ठव्वाणि—१२, ११, १०, ४, ३, २, १। अणाणुपुव्वीविसयाणं पि संकमट्ठाणाणमणुगमो कायव्वो। तेसिमेसा ठवणा—२७, २६, २५, २३, २२, २१, १३। एत्थेवोदरमाणमस्सियूण संभवंताणं संकमट्ठाणाणमणुमग्गणा कायव्वा, तेसिमणाणुपुव्विविसयाणमिह परूवणाए विरोहाभावादो।

§ २९७. संपहि 'खीणमखीणं च दंसणे मोहे' इच्चेदमत्थपदमवलंबिय संकमट्ठाणाणं मग्गणे कीरमाणे तत्थ ताव दंसणमोहक्खयमस्सियूण इगिवीससंतकम्मियाणुपुव्वी-संकमट्ठाणाणि चेव इगिवीससंकमट्ठाणब्भहियाणि लब्भंति। एत्थेव खवगसेढिपाओग्ग-संकमट्ठाणाणि वि वत्तव्वाणि, सव्वेसिमेव तेसिं दंसणमोहक्खवयपच्छाकालभावीणं तण्णिबंधणत्तसिद्धीदो। तदपरिक्खए च सत्तावीसादिसंकमट्ठाणाणि इगिवीसपज्जंताणि संभवंति त्ति वत्तव्वं। चउवीससंतकम्मियाणुपुव्वीसंकमट्ठाणाणि वि एत्थेव पवेसियव्वाणि।

§ २९८. संपहि उवसामगे च खवगे च' एदमत्थपदमवलंबिय संकमट्ठाणमग्गणाए चउवीस-इगिवीससंतकम्मियोवसामग-खवगेसु जहाकमं तेवीस-इगिवीसप्पहुडिसंकम-

इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके भी उसी विधिसे २० और १९ आदि प्रकृतिक संक्रमस्थान जानना चाहिये। उनका प्रमाण यह है—२०, १९, १८, १२, ११, ९, ८, ६, ५, ३ और २। क्षपक जीवके भी बारह प्रकृतिक संक्रमस्थानसे लेकर ये संक्रमस्थान जानना चाहिये—१२, ११, १०, ४, ३, २ और १। इसी प्रकार अनानुपूर्वी संक्रमस्थानोंका भी विचार करना चाहिये। उनकी स्थापना इस प्रकार है—२७, २६, २५, २३, २२ २१ और १३। तथा यहीं पर उपशमश्रेणीसे उतरनेवाले जीवकी अपेक्षा भी जो संक्रमस्थान सम्भव हैं उनका विचार करना चाहिये, क्योंकि वे अनानुपूर्वीको विषय करते हैं इसलिये उनका यहाँ कथन करनेमें कोई विरोध नहीं आता है।

§ २९७. अब 'खीणमखीणं च दंसणे मोहे' इस अर्थपदकी अपेक्षा संक्रमस्थानोंका विचार करनेपर इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके जो पहले आनुपूर्वीसंक्रमस्थान कह आये हैं उनमें इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थानके मिला देने पर वे सबके सब दर्शनमोहके क्षयकी अपेक्षा संक्रम-स्थान प्राप्त होते हैं। तथा क्षपकश्रेणिके योग्य संक्रमस्थान भी यहीं पर कहने चाहिये, क्योंकि वे सब दर्शनमोहनीयके क्षय होनेके बाद होते हैं, इसलिये वे भी तन्निमित्तक सिद्ध होते हैं। और दर्शनमोहके क्षयके अभावमें सत्ताईस प्रकृतिक संक्रमस्थानसे लेकर इक्कीस प्रकृतिक संक्रम-स्थान तक छह होते हैं ऐसा कहना चाहिये। तथा चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके जो आनुपूर्वी संक्रमस्थान होते हैं उनका समावेश भी यहीं पर कर लेना चाहिये। अर्थात् २४ प्रकृतियों की सत्तावाले जीवके जितने संक्रमस्थान होते हैं वे भी दर्शनमोहके क्षयके अभावमें होते हैं अतः उनकी गणना भी दर्शनमोहके क्षयके अभावमें होनेवाले संक्रमस्थानोंमें हो जाती है।

§ २९८. अब 'उवसामगे च खवगे च' इस अर्थपदकी अपेक्षा संक्रमस्थानोंका विचार करने पर चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले उपशामकके और इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले उपशामक

१. ता०- आ०प्रत्योः २, १ इति पाठः। २. ता०- आ०प्रत्योः -मद्धपदमवलंबिय इति पाठः।

ट्ठाणाणि वत्तव्वाणि, खवगोवसमसेढिपाओग्गसंकमट्ठाणाणं सव्वेसिमेत्थेव संभवदंसणादो। ओदरमाणमस्सियूण वि उवसमसेढीए संकमट्ठाणाणि लब्भंति। तं जहा—चउवीससंतकम्मिओ सुहुमोवसंतगुणट्ठाणेसु दुविहसंकामगो अद्धाक्खएण परिवडमाणगो अणियट्टिगुणट्ठाणपवेसकाले चेय दुविहं लोहं लोहसंजलणम्मि संकामेइ। तदो तत्थ चदुण्हं[2] संकमो तिसु पयडीसु पडिग्गहभावमावण्णाणु संभवइ। पुणो जहाकमं तिविहमायतिविहमाण–तिविहकोह–सत्तणोकसाय–इत्थि–णवुंसयवेदाणमोकड्डणवावारेण परिणदस्स तस्सेव अट्ठण्हमेक्कारसण्हं चोद्दसण्हमेक्कावीसाए बावीसाए तेवीसाए च संकमट्ठाणाणि उप्पज्जंति—४, ८, ११, १४, २१, २२, २३। एवमिगिवीससंतकम्मियस्स वि परिवदमाणयस्स संकमट्ठाणाणमुप्पत्ती वत्तव्वा। ताणि च एदाणि—२[3], ६, ९, १२, १९, २०, २१, सव्वेसिमेदाणं पडिग्गहट्ठाणजोयणा च जाणिय कायव्वा ॥१३॥

और क्षपकके क्रमसे तेईस प्रकृतिक आदि और इक्कीस प्रकृतिक आदि संक्रमस्थान कहने चाहिये, क्योंकि क्षपक और उपशमश्रेणिके योग्य सभी संक्रमस्थान यहाँपर लिये गये हैं। तथा उपशमश्रेणिसे उतरनेवाले जीवकी अपेक्षा भी उपशमश्रेणिमें संक्रमस्थान प्राप्त होते हैं। यथा सूक्ष्मसाम्पराय और उपशान्तकषाय गुणस्थनोंमें दो प्रकृतियोंका संक्रम करनेवाला चौबीस प्रकृतियों की सत्तावाला जो जीव इन गुणस्थानोंका काल समाप्त होनेसे गिरकर अनिवृत्तिकरण गुणस्थानमें प्रवेश करता है उसके उस समय ही दो प्रकारके लोभका लोभ संज्वलनमें संक्रम करता है, इसलिये वहाँ प्रतिग्रहभावको प्राप्त हुई तीन प्रकृतियोंमें चार प्रकृतियोंका संक्रम होता है। फिर क्रमसे जब वही जीव तीन प्रकारकी माया, तीन प्रकारका मान, तीन प्रकारका क्रोध, सात नोकषाय, स्त्रीवेद और नपुंसकवेद इनका अपकर्षण करता है तब उसीके आठ, ग्यारह, चौदह, इक्कीस, बाईस और तेईस प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होते हैं। पूर्वोक्त सब स्थान ये हैं—४, ८, ११, १४, २१, २२ और २३। इसी प्रकार जो इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला जीव उपशमश्रेणिसे च्युत होता है उसके भी संक्रमस्थानोंकी उत्पत्ति कहनी चाहिये। वे ये हैं—२, ६, ९, १२, १९, २० २१। इन सब स्थानों के प्रतिग्रहस्थानोंकी योजना जानकर कर लेना चाहिये ॥१३॥

विशेषार्थ—२७ प्रकृतिक संक्रमस्थानसे लेकर १ प्रकृतिक संक्रमस्थान तक जितने संक्रम स्थान हैं उनमेंसे पहले तो इस बातका विचार करना चाहिये कि इनमेंसे कितने संक्रमस्थान तो आनुपूर्वी क्रमसे उत्पन्न होते हैं और कितने आनुपूर्वीके बिना उत्पन्न होते हैं। अन्तरकरणके पश्चात् कर्मोंकी होनेवाली उपशमना या क्षपणाके अनुसार उत्तरोत्तर हीन क्रमको लिये हुए जो संक्रमस्थान उत्पन्न होते हैं वे आनुपूर्वी क्रमसे उत्पन्न हुए संक्रमस्थान कहलाते हैं और शेष अनानुपूर्वी संक्रमस्थान कहलाते हैं। इसी प्रकार जो संक्रमस्थानों और प्रतिग्रहस्थानोंके अन्वेषण करनेके अन्य उपायोंका निर्देश किया है सो उनका भी स्वरूप जान लेना चाहिये। उनके स्वरूपके कथन करनेमें कोई विशेषता न होनेसे यहाँपर हमने उसका निर्देश नहीं किया है। अब यहाँ आनुपूर्वी और अनानुपूर्वी क्रमसे प्राप्त होनेवाले संक्रमस्थानोंका सरलतासे ज्ञान करानेके लिये कोष्ठक दिया जाता है—

१. आ०प्रतौ –मेवत्थ इति पाठः। २. ता०प्रतौ तदो ति चदुण्हं, आ०प्रतौ तदो त्व चदुण्हं इति पाठः। ३. ता०–आ०प्रत्यो. ३ इति पाठः।

§ २९०. एवमेदीए गाहाए संकमट्ठाणाणं मग्गणोवायभूदाणि अत्थपदाणि परूविय संपहि संकम-पडिग्गह-तदुभयट्ठाणाणमादेसपरूवणट्ठं गदियादिचोद्दसमग्गण-ट्ठाणाणि परूवेमाणो गाहासुत्तमुत्तरं भणइ—'एक्केक्कम्हि य ट्ठाणे०' एक्केक्कम्हि ट्ठाणे संकम-पडिग्गह-तदुभयभेदभिण्णे गदियादिचोद्दसमग्गणट्ठाणविसेसिदजीवाणं गवेसणे कीरमाणे तत्थ केसु ट्ठाणेसु भवसिद्धिया जीवा होंति, केसु वा ट्ठाणेसु अभवसिद्धिया जीवा होंति, सेसमग्गणट्ठाणविसेसिदा वा जीवा केसु ट्ठाणेसु होंति त्ति पुच्छा कदा भवदि । एवमेदीए गाहाए भवियाभवियमग्गणाणं णामणिद्देसं काऊण सेसमग्गणाणं च 'जीवा वा' इदि एदेण सामण्णवयणेण संगहो कदो दट्ठव्वो । एत्थ भवियाभवियजीवेसु

आनुपूर्वी			अनानुपूर्वी		
२७ प्र० उत्कृ० संक्र० प्रति०	२६प्र० उत्कृ० संक्र० प्रति०	२३प्र० संक्र० प्रति०	संक्र० प्रति०	उपशम श्रेणिमें नपुंसक० २२प्र०	उपशमश्रेणिमें षण्ढमाना० २१प्र०
२७…५	२१…८	२१…५	२०…२६,२२, १९,१५	४…३	८…२
१९…५	२१…७	११…५	२५… ,,	८…४	६…२
१८…६	२०…६	१०…५	२४…२२,१७	११…५	६…३
१४…४	१४…६	६…४	२३…२२,१९ १७,११,७	१७…६	१२…४
१३…४	१३…६४५	५…३	२२…१८,१४ १०	२१…७	१९…५
९…४	११…५	२…२	२१…१३,१७ १३,९,५	१२…७	१०…५
८…३४५	१०…४	१…१	१२…५	२२…७,११	२१…५,९
६…२	८…४				
५…२५१	७…४				
३…१	५…३				
२…१	४…३				
	२…२				

§ २९९. इस प्रकार इस गाथा द्वारा संक्रमस्थानोंके अन्वेषणके उपायभूत अर्थपदोंका कथन करके अब संक्रमस्थानों, प्रतिग्रहस्थानों और तदुभयस्थानोंका आदेशकी अपेक्षा कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—अब 'एक्केक्कम्हि य ट्ठाणे०' इस द्वारा संक्रम, प्रतिग्रह और तदुभय-रूप भेदोंसे अनेक भेदोंको प्राप्त हुए एक एक स्थानमें गति आदि चौदह मार्गणाओंवाले जीवोंका विचार करने पर उनमेंसे किन स्थानोंमें भव्य जीव होते हैं, किन स्थानोंमें अभव्य जीव होते हैं और किन स्थानोंमें शेष मार्गणावाले जीव होते हैं यह पृच्छा की गई है । इस प्रकार इस गाथामें भव्य और अभव्य मार्गणाका नाम निर्देश करके शेष मार्गणाओंका 'जीवा वा' इस सामान्य वचनद्वारा संग्रह किया गया है ऐसा जानना चाहिये । इस गाथामें भव्य और अभव्य जीवोंके

काणि ट्ठाणाणि होंति त्ति अभणिदूण केसु ट्ठाणेसु भवियाभवियजीवा होंति त्ति भणंतस्साहिप्पाओ मग्गणट्ठाणाणं संकमट्ठाणेसु गवेसणे कदे वि मग्गणट्ठाणेसु संकमट्ठाणाणि गवेसिदाणि होंति त्ति एदेणाहिप्पाएण तहा णिद्देसो कदो त्ति घेत्तव्वो, इच्छावसेण तेसिमाधाराधेयभावोववत्तीदो ॥१४॥

§ ३००. एवमेदेण गाहासुत्तेण परूविदमग्गणट्ठाणाणं संकमट्ठाणाणं गुणट्ठाणेसु वि मग्गणा कायव्वा त्ति जाणावणट्ठमुवरिमगाहासुत्तमोइण्णं—'कदि कम्मि होंति ठाणा०' एत्थ पंचविहो भाववियप्पो ओदइयादिभेदेण तस्स विसेसो मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव अजोगिकेवलि त्ति एदाणि गुणट्ठाणाणि, पंचविहभावे अस्सिऊण तेसिमवट्ठिदत्तादो। तत्थ कम्हि गुणट्ठाणे कदे कदि संकमट्ठाणाणि होंति केत्तियाणि वा पडिग्गहट्ठाणाणि होंति त्ति एदेण सुत्तेण पुच्छा कदा भवदि। तत्थ ताव ओदइयभावपरिणदे मिच्छाइट्ठिगुणट्ठाणे सत्तावीसादीणि चत्तारि संकमट्ठाणाणि होंति—२७, २६, २५, २३। पडिग्गहट्ठाणाणि पुण दोण्णि चेव तत्थ संभवंति, बावीस-इगिवीसाणि मोत्तूणण्णेसिं

कितने स्थान होते हैं ऐसा न कहकर जो 'कितने स्थानोंमें भव्य और अभव्य जीव होते हैं' ऐसा कहा गया है सो यद्यपि इस कथन द्वारा मार्गणास्थानोंका संक्रमस्थानोंमें विचार करनेकी सूचना की गई है तथापि मार्गणास्थानोंमें संक्रमस्थानोंके अन्वेषण करनेके अभिप्रायसे ही उस प्रकारका निर्देश किया गया है यह अर्थ यहाँ लेना चाहिये, क्योंकि इच्छावश उनमें आधार-आधेयभाव की उत्पत्ति होती है ॥१४॥

विशेषार्थ—पूर्वमें जो संक्रमस्थानों, प्रतिग्रहस्थानों और तदुभयस्थानोंकी सूचना की गई है सो उनमेंसे भव्य, अभव्य और अन्य मार्गणावाले जीवोंके कौन स्थान कितने होते हैं इसके ज्ञान करनेकी इस गाथामें सूचना की गई है। यद्यपि गाथामें यह निर्देश किया गया है कि 'संक्रम, प्रतिग्रह और तदुभयरूप एक एक स्थानमेंसे किन स्थानोंमें भव्य, अभव्य या अन्य मार्गणावाले जीव होते हैं, इसका विचार करना चाहिये, तथापि इसका आशय यह है कि भव्य, अभव्य या अन्य मार्गणाओंमें जहाँ जितने स्थान सम्भव हों उनका विचार कर लेना चाहिये।' ऐसा अभिप्राय बिठानेके लिए यद्यपि विभक्ति परिवर्तन करना पड़ता है। पर ऐसा करनेमें कोई आपत्ति नहीं आती। साथ ही इससे ठीक अर्थका ज्ञान करनेमें सुगमता जाती है, इसलिये अर्थ करते समय यह परिवर्तन किया गया है।

§ ३००. इस प्रकार इस गाथासूत्रके द्वारा कहे गये मार्गणास्थानों और संक्रमस्थानोंका गुणस्थानोंमे भी विचार करना चाहिये यह जतानेके लिये आगेका गाथासूत्र आया है—'कदि कम्मि होंति ठाणा०' इसमें औदयिक आदिके भेदसे पाँच प्रकारके भावोंका निर्देश किया है। मिथ्यात्वसे लेकर अयोगिकेवली तक जो चौदह गुणस्थान हैं वे इन्हींके भेद हैं, क्योंकि पाँच प्रकारके भावोंका आश्रय लेकर ही वे अवस्थित हैं। उनमेसे किस गुणस्थानमें कितने संक्रमस्थान और कितने प्रतिग्रहस्थान होते हैं यह इस गाथासूत्र द्वारा पृच्छा की गई है। उनमेंसे औदयिक भावरूप मिथ्यात्व गुणस्थानमे तो सत्ताईस प्रकृतिक आदि चार संक्रमस्थान होते हैं—२७,२६,२५, और २३। किन्तु वहाँ प्रतिग्रहस्थान दो ही होते हैं, क्योंकि वहाँ बाईस और इक्कीस प्रकृतिक प्रतिग्रहस्थानोंके सिवा

तत्थासंभवादो। तहा विदियगुणट्ठाणे पारिणामियभावपरिणदे पणुवीसेक्कवीससंकमट्ठाणाणि २५, २१, इगिवीसपडिग्गहट्ठाणं च होइ २१। एदीए दिसाए सेसगुणट्ठाणेसु वि पयदमग्गणा समयाविरोहेण कायव्वा। एदेण सामित्तणिद्देसो वि सूचिदो दट्ठव्वो, गुणट्ठाणवदिरेगेण सामित्तसंबंधारिहाणमण्णेसिमणुवलद्धीदो। तदो चेव तदणंतरपरूवणाजोग्गस्स कालाणुगमस्स सेसाणियोगद्दाराणं देसामासियभावेण परूवणाबीजमिदमाह—'समाणणा वाध केवचिरं' केवचिरं कालमेक्केक्कस्स संकमट्ठाणस्स समाणणा होइ किमेगसमयं दो वा समए इच्चादिकालविसेसावेक्खमेदं पुच्छासुत्तमिदि घेत्तव्वं ॥१५॥

§ ३०१. एवमेदाओ दो गाहाओ गुणट्ठाण-मग्गणट्ठाणेसु संकम-पडिग्गह-तदुभयट्ठाणपरूणाए तप्पडिबद्धसामित्तादिअणियोगद्दाराणं च बीजपदभूदे परूविय संपहि मग्गणट्ठाणेसु जत्थतत्थाणुपुव्वीए संकमट्ठाणाणमुवरिमसत्तगाहाहिं मग्गणं कुणमाणो तत्थ ताव पढमगाहाए गदिमग्गणाविसए संकमट्ठाणाणमियत्तावहारणं कुणइ—'णिरयगइ-अमर-पंचिंदिएसु०' एदिस्से गाहाए पुव्वद्धेण णिरय-देवगइ-पंचिंदियतिरक्खेसु पंचण्हं संकमट्ठाणाणं संभवावहारणं कयं दट्ठव्वं। काणि ताणि पंच संकमट्ठाणाणि ? सत्तावीस-छव्वीस-पणुवीस-तेवीस-इगिवीससण्णिदाणि—२७, २६, २५, २३, २१। कत्थमेत्थ

अन्य प्रतिग्रहस्थान सम्भव नहीं हैं। तथा पारिणामिक भावरूप दूसरे गुणस्थानमें पच्चीस और इक्कीस प्रकृतिक २५,२१ ये दो संक्रमस्थान और इक्कीस प्रकृतिक २१ एक प्रतिग्रहस्थान होता है। शेष गुणस्थानोंमें भी इसी प्रकार यथाविधि प्रकृत विषयका विचार कर लेना चाहिये। इस कथनसे स्वामित्वका निर्देश भी सूचित हुआ जानना चाहिये, क्योंकि गुणस्थानोंके सिवा स्वामित्वके योग्य अन्य वस्तु नहीं पाई जाती है। फिर इसके बाद कथन करनेके योग्य कालानुयोगद्वारका निर्देश करनेके लिये 'समाणणा वाध केवचिरं' यह पद कहा है जो देशामर्षकरूपसे शेष अनुयोगद्वारोंको सूचित करनेके लिये बीजभूत है। एक एक संक्रमस्थानकी कितने कालतक प्राप्ति होती है। क्या एक समय तक होती है या दो समय तक होती है इत्यादि रूपसे कालविशेषकी अपेक्षा रखनेवाला यह पृच्छासूत्र जानना चाहिये ॥१५॥

विशेषार्थ—इस गाथामें संक्रमस्थानों और प्रतिग्रहस्थानोंके स्वामी व कालके जान लेनेकी तो स्पष्ट सूचना की है किन्तु शेष अनुयोगद्वारोंकी सूचना नहीं की है। तथापि यह सूत्र देशामर्षक है अतः उनका सूचन हो जाता है।

§ ३०१. इस प्रकार गुणस्थानों और मार्गणास्थानोमें संक्रमस्थानों, प्रतिग्रहस्थानों और तदुभयस्थानोंके कथनसे सम्बन्ध रखनेवाली और इन संक्रमस्थान आदिसे सम्बन्ध रखनेवाले स्वामित्व आदि अनुयोगद्वारोंके बीजभूत इन दो गाथाओंका कथन करके अब मार्गणास्थानोमें यत्रतत्रानुपूर्वीके हिसाबसे आगेकी सात गाथाओं द्वारा संक्रमस्थानोंका विचार करते हुए उसमें भी सर्व प्रथम गाथाद्वारा गतिमार्गणामें संक्रमस्थानोंके प्रमाणका निश्चय करते हैं—'णिरयगइ-अमर-पंचिदिएसु०' इस गाथाके पूर्वार्धद्वारा नरकगति, देवगति और पचेन्द्रिय तिर्यंचोंमें पाँच संक्रमस्थान सम्भव हैं यह बतलाया गया है।

शंका—वे पाँच संक्रमस्थान कौनसे हैं ?

समाधान—सत्ताईस, छब्बीस, पच्चीस, तेईस, और इक्कीस ये पाँच संक्रमस्थान हैं—२७, २६, २५, २३, २१।

पंचिंदियग्गहणेण चउगइसाहारणेण तिरिक्खाणमेव पडिवत्ती ? ण, पारिसेसियण्णाएण तत्थेव तप्पउत्तीए विरोहाभावादो। किमेवं चेव मणुसगईए वि होदि त्ति आसंकाए उत्तरमाह—'सव्वे मणुसगईए' मणुसगईए सव्वाणि वि संकमट्ठाणाणि संभवंति त्ति उत्तं होइ, सव्वेसिमेव तत्थ संभवे विरोहाभावादो। एत्थ ओघपरूवणा अणूणाहिया वत्तव्वा। पंचिंदियतिरिक्खेसु कथं होइ त्ति आसंकाए इदमुत्तरं—'सेसेसु तिगं'। सेसग्गहणेण एइंदिय-विगलिंदियाणं गहणं कायव्वं, तेसु सत्तावीस-छव्वीस-पणुवीस-सण्णिदसंकमट्ठाणतियमेव संभवइ। एवमसण्णिपंचिंदिएसु वि वत्तव्वं, विसेसाभावादो त्ति पदुप्पायणट्ठमिदं वयणं—'असण्णीसु'। असण्णिपंचिंदिएसु वि संकमट्ठाणत्तियमेवाणंतर-परूविदं संभवइ त्ति उत्तं होइ। अहवा 'सेसेसु तियं असण्णीसु' त्ति उत्ते सेसग्गहणेणा-सण्णिविसेसिदेण एइंदिय-विगलिंदियाणमसण्णिपंचिंदियाणं च संगहो कायव्वो, तेसिं सव्वेसिमसण्णित्तं पडि भेदाभावादो। तदो तेसु संकमट्ठाणतियमेवाणंतरपरूविदं होइ त्ति घेत्तव्वं। एत्थ णिरयादिगईसु संभवंताणं पडिग्गहट्ठाणाणं च जहागममणुगमो

शंका—इस गाथामें जो 'पंचिंदिय' पदका ग्रहण किया है सो यह चारों गतियोंमें साधारण है। अर्थात् पंचेन्द्रिय चारों गतियोंके जीव होते हैं फिर उससे केवल तिर्यंचोंका ही ज्ञान कैसे किया गया है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि पारिशेष न्यायसे तिर्यंचोंमें ही इस पदकी प्रवृत्ति माननेमें कोई विरोध नहीं आता है।

क्या इसी प्रकार मनुष्य गतिमें भी संक्रमस्थान होते हैं ? इस प्रकारकी शंकाके होनेपर उसके उत्तररूपमें 'सव्वे मणुसगईए' यह सूत्रवचन कहा है। मनुष्यगतिमें सभी संक्रमस्थान सम्भव हैं यह इसका तात्पर्य है, क्योंकि वहाँ पर सभी संक्रमस्थानोंके होनेमें कोई विरोध नहीं आता है। यहाँ मनुष्यगतिमें ओघप्ररूपणा न्यूनाधिकतासे रहित पूरी कहनी चाहिए।

अब पंचेन्द्रिय तिर्यंचोंसे अतिरिक्त तिर्यञ्चोंमें कौनसे संक्रमस्थान होते हैं ऐसी आशंका होनेपर उसके उत्तररूपमें 'सेसेसु तिगं' यह सूत्रवचन कहा है। यहाँ शेष पदसे एकेन्द्रिय और विकलेन्द्रियोंका ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि उनमें सत्ताईस, छब्बीस और पच्चीस प्रकृतिक तीन संक्रमस्थान ही सम्भव हैं। तथा इसी प्रकार असंज्ञी पंचेन्द्रियोंमें भी कथन करना चाहिये, क्योंकि एकेन्द्रियों और विकलेन्द्रियोंके कथनसे इनके कथनमें कोई विशेषता नहीं है। इस प्रकार इस बातका कथन करनेके लिये सूत्रमें 'असण्णीसु' वचन दिया है। असंज्ञी पंचेन्द्रियोंमें भी पूर्वमें कहे गये तीन संक्रमस्थान ही होते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अथवा 'सेसेसु तियं असण्णीसु' इस वचनमें जो 'शेष' पदका ग्रहण किया है सो इससे असंज्ञी विशेषणसे युक्त एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रिय और असंज्ञी पंचेन्द्रियोंका संग्रह करना चाहिये, क्योंकि असंज्ञित्वकी अपेक्षा इन सबमें कोई भेद नहीं है। इसलिये उनमें वे ही तीन संक्रमस्थान होते हैं जिनका पूर्वमें उल्लेख कर आये हैं ऐसा यहाँ जानना चाहिये। यहाँ पर नरकादि गतियोंमें प्रतिग्रहस्थानोंका यद्यपि गाथासूत्रमें उल्लेख नहीं किया है तथापि आगमानुसार उनका विचार कर लेना चाहिये। तथा इसी प्रकार तदुभयस्थानोंका

१. आ०प्रतौ वत्तव्वा। अहवा पञ्चिंदिय- इति पाठः। २. ता०प्रतौ वयणं असण्णिपञ्चिंदिएसु इति पाठः।

कायव्वो। तदो तदुभयट्ठाणाणि च परूवेयव्वाणि। एवं कए गइमग्गणा समप्पइ। एत्थेव काइंदिय-जोग-सण्णिमग्गणाणं च संगहो कायव्वो, सुत्तस्सेदस्स देसामासियत्तादो ॥१६॥

भी कथन कर लेना चाहिये। इस प्रकार कथन करने पर गतिमार्गणा समाप्त होती है। यहीं पर काय, इन्द्रिय, योग और संज्ञी मार्गणाका भी संग्रह करना चाहिये क्योंकि यह सूत्र देशामर्षक है ॥१६॥

विशेषार्थ—इस गाथासूत्रमें चारों गतियोंमेंसे किसमें कितने संक्रमस्थान होते हैं इसका स्पष्ट उल्लेख किया है। उसमें भी तिर्यञ्च गतिमें एकेन्द्रियोंके कितने, विकलेन्द्रियोंके कितने और असंज्ञियोंके कितने संक्रमस्थान होते हैं इसका भी उल्लेख किया है। उनके निर्देशसे काय, इन्द्रिय, योग और संज्ञी मार्गणामें कहाँ कितने संक्रमस्थान होते हैं इसका भी ज्ञान हो जाता है इसलिये देशामर्षक रूपसे इस सूत्रद्वारा उन मार्गणाओंका भी यहाँ संकलन करनेके लिये निर्देश किया है। खुलासा इस प्रकार है—काय मार्गणाके स्थावर और त्रस ये दो भेद हैं। इनमेंसे स्थावर एकेन्द्रिय ही होते हैं और शेष सब त्रस होते हैं, इनमें मनुष्य भी सम्मिलित हैं। इसलिये स्थावरोंके २८,२७ और २६ ये तीन संक्रमस्थान तथा त्रसोंके सब संक्रमस्थान प्राप्त होते हैं, क्योंकि एकेन्द्रियोंके उक्त तीन और मनुष्योंके सब संक्रमस्थान बतलाये हैं। इन्द्रिय मार्गणाके एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय आदि पाँच भेद हैं। सो गाथा सूत्रमें एकेन्द्रिय और विकलेन्द्रिय अर्थात् द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जीवोंके २७, २६ और २५ ये तीन संक्रमस्थान होते हैं इसका स्पष्ट निर्देश किया ही है। अब रहे पंचेन्द्रिय सो इनमें तिर्यंच पंचेन्द्रिय और शेष तीन गतियोंके सब जीव सम्मिलित हैं अतः इनके भी सब संक्रमस्थान प्राप्त होते हैं। योगके स्थूल रूपसे तीन भेद हैं और मनुष्योंके ये तीनों योग सम्भव हैं अतः प्रत्येक योगमें सब संक्रमस्थान सम्भव हैं यह सिद्ध होता है। यह तो हुआ सामान्य विचार किन्तु योगोंके उत्तर भेदोंकी अपेक्षासे विचार करने पर मनोयोगके चारों भेदोंमें और वचन योगके चारों भेदोंमें सब संक्रमस्थान सम्भव हैं, क्योंकि इनका सत्त्व मिथ्यात्व गुणस्थानसे लेकर उपशान्तकषाय गुणस्थान तक पाया जाना सम्भव है, इसलिये इनमें सब संक्रमस्थान बन जाते हैं। अब रहे काययोगके सात भेद सो औदारिककाययोग पर्याप्त अवस्थामें मनुष्योंके भी सम्भव है और मनुष्योंके सब संक्रमस्थान बतलाये हैं इसलिये इसमें सब संक्रमस्थान बन जाते हैं। औदारिकमिश्रकाययोग प्रथम, द्वितीय और चतुर्थ गुणस्थानकी अपर्याप्त अवस्थामें मनुष्य और तिर्यंचोंके ही होता है। यहाँ सयोगकेवली गुणस्थान अविवक्षित है। किन्तु ऐसी दशामें २७,२६,२५,२३ और २१ ये पाँच संक्रमस्थान सम्भव हैं शेष नहीं, इसलिये औदारिकमिश्रकाययोगमें ये पाँच संक्रमस्थान प्राप्त होते हैं। इसी प्रकार वैक्रियिकमिश्रकाययोग और कार्मणकाययोगमें भी जानना चाहिये, क्योंकि इन योगोंका सम्बन्ध भी अपर्याप्त दशासे है तथा देवोंके ये ही संक्रमस्थान होते हैं अन्य नहीं। वैक्रियिक काययोग देव और नारकियोंके होता है, इसलिये देव और नारकियोंके जो भी संक्रमस्थान होते हैं वे वैक्रिय काययोगमें भी प्राप्त होते हैं। अब रहे आहारक और आहारकमिश्रकाययोग सो ये दोनों योग प्रमत्तसंयत गुणस्थानमें तो होते ही हैं साथ ही या तो वेदकसम्यग्दृष्टि प्रमत्तसंयतके होते हैं या क्षायिक सम्यग्दृष्टि प्रमत्तसंयतके होते हैं। इसलिये इनमें २७,२३, और २१ ये तीन ही संक्रमस्थान सम्भव हैं ऐसा जानना चाहिये। तथा संज्ञी मार्गणाके संज्ञी और असंज्ञी ये दो भेद हैं। सो इनमेंसे असंज्ञियोंके २७,२६ और २५ ये संक्रमस्थान होते हैं यह तो गाथामें ही बतलाया है। तथा मनुष्य संज्ञी ही होते हैं और मनुष्योंके सब संक्रमस्थान बतलाये हैं इसलिये संज्ञियोंके भी सब संक्रमस्थान सम्भव हैं यह बात सहज फलित हो जाती है। इस प्रकार इस गाथासूत्रसे काय आदि पूर्वोक्त चार गाथाओंमें कहाँ कितने संक्रमस्थान होते हैं यह कथन देशामर्षकभावसे सूचित हो जाता है यह बात सिद्ध हुई।

§ ३०२. एवं गइमग्गणमंतोभाविदकाइंदिय-जोग-सण्णियाणुवादं परूविय संपहि सम्मत्त-संजममग्गणगयविसेसपदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ—'चदुर दुगं तेवीसा०' एत्थ जहासंखमहिसंबंधो कायव्वो। मिच्छत्ते चत्तारि संकमट्ठाणाणि, मिस्सगे दोण्णि, सम्मत्ते तेवीसं संकमट्ठाणाणि होंति। तत्थ मिच्छाइट्ठिम्मि सत्तावीस-छव्वीस-पणुवीस-तेवीससण्णिदाणि चत्तारि संकमट्ठाणाणि होंति—२७, २६, २५, २३। सम्मामिच्छाइट्ठिम्मि पणुवीस-इगिवीससण्णिदाणि दोण्णि संकमट्ठाणाणि भवंति—२५, २१। सम्मत्तोवलक्खियगुणट्ठाणे सव्वसंकमट्ठाणसंभवो सुगमो। कधमेत्थ पणुवीससंकमट्ठाणसंभवो त्ति णासंकणिज्जं, अट्ठावीससंतकम्मियोवसमसम्माइट्ठिपच्छायदसासणसम्माइट्ठिम्मि तदुवलंभादो। कधमेदस्स सम्माइट्ठिववएसो त्ति ण पच्चवट्ठाणं कायव्वं, दत्तुत्तरत्तादो। गाहापच्छद्धे वि जहासंखं णायावलंबणेण संबंधो जोजेयव्वो। तत्थ विरदे बावीस संकमट्ठाणाणि होंति, संजमोवलक्खियगुणट्ठाणेसु पणुवीससंकमट्ठाणं मोत्तूण सेसाणं

यद्यपि गाथामें केवल संक्रमस्थानोंका ही निर्देश किया है प्रतिग्रहस्थानों और तदुभयस्थानोंका निर्देश नहीं किया है तथापि संक्रमस्थानोंका ज्ञान हो जाने पर प्रतिग्रहस्थानों और तदुभयस्थानोंका ज्ञान सहज हो जाता है इसलिये उनका अलगसे निर्देश नहीं किया है इतना जानना चाहिये।

§ ३०२. इस प्रकार गति मार्गणा और उनके भीतर आई हुई काय, इन्द्रिय, योग और संज्ञी मार्गणाओंका कथन करके अब सम्यक्त्व और संयमगत विशेषताका कथन करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—'चदुर दुगं तेवीसा०' इनमें क्रमसे सम्बन्ध करना चाहिये। आशय यह है कि मिथ्यात्वमे चार, मिश्रमें दो और सम्यक्त्वमें तेईस संक्रमस्थान होते हैं। उनमेसे मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें सत्ताईस, छब्बीस, पचीस और तेईस प्रकृतिक ये चार संक्रमस्थान होते हैं २७, २६, २५, २३। सम्यग्मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें पच्चीस और इक्कीस प्रकृतिक दो संक्रमस्थान होते हैं २५, २१। तथा सम्यक्त्व सहित गुणस्थानोंमे सब संक्रमस्थान सम्भव हैं सो यह कथन सुगम है।

शंका—सम्यक्त्व सहित गुणस्थानोंमें पच्चीस प्रकृतिक संक्रमस्थान कैसे सम्भव है ?

समाधान—ऐसी आशंका करना ठीक नहीं है, क्योंकि अट्ठाईस प्रकृतियोंकी सत्तावाला जो उपशमसम्यग्दृष्टि जीव पीछेसे सासादनसम्यक्त्वमें वापिस आता है उसके पच्चीस प्रकृतिक संक्रमस्थान पाया जाता है।

शंका—इसे सम्यग्दृष्टि संज्ञा कैसे दी गई है ?

समाधान—ऐसी आशंका करना भी ठीक नहीं है, क्योंकि इसका उत्तर दिया जा चुका है। आशय यह है कि एक तो उपशमसम्यक्त्वके कालके भीतर ही सासादन सम्यक्त्वकी प्राप्ति होती है और दूसरे इसके सासादन गुणस्थानके प्राप्त हो जाने पर भी दर्शनमोहनीयकी तीन प्रकृतियोका अनुदय बना रहनेके कारण मिथ्यात्व भाव प्रकट नहीं होता है इसलिये सासादनसम्यग्दृष्टिको सम्यग्दृष्टि संज्ञा दी है। गाथाके उत्तरार्धमें भी यथासंख्य न्यायका अवलम्बन लेकर पदों का सम्बन्ध कर लेना चाहिये। यथा—विरतके बाईस संक्रमस्थान होते हैं क्योंकि संयमसे युक्त गुणस्थानोंमें पच्चीस प्रकृतिक संक्रमस्थानके सिवा शेष सभी संक्रमस्थान पाये जाते हैं।

१. आ०प्रतौ -मग्गणामंतोभाविद- इति पाठः।

सव्वेसिमेव संभवोवलंभादो। एदं संजमसामण्णावेक्खाए भणिदं। संजमविसेसविवक्खाए पुण सामाइय-छेदोवट्ठावणसुद्धिसंजमेसु बावीसण्हं पि संकमट्ठाणाणं संभवो णाण्णत्थ। तं कधं? परिहारसुद्धिसंजमम्मि २७, २३, २२, २१ एदाणि चत्तारि संकमट्ठाणाणि मोत्तूण सेसाणि सव्वाणि वि सुण्णट्ठाणाणि। सुहुम०-जहाक्खाद०संजमेसु वि संकमट्ठाणमेक्कं चेव संभवइ, चउवीससंतकम्मियमस्सियूण तत्थ दोण्हं पयडीणं संकमोवलंभादो। मिस्सग्गहणमेत्थ संजमासंजमस्स संगहट्ठं। तदो तम्मि पंच संकमट्ठाणाणि होंति त्ति संबंधो। ताणि च एदाणि—२७, २६, २३, २२, २१[1]। असंजमोवलक्खिए गुणट्ठाणे इमाणि चेव पणुवीसब्भहियाणि संभवंति त्ति सुत्ते छक्कणिद्देसो कओ। ताणि चेदाणि—२७, २६, २५, २३, २२, २१ ॥१७॥

§ ३०३. एवं समत्त-संजममग्गणासु संकमट्ठाणाणमियत्तासंभवं णिद्धारिय लेस्सामग्गणाए तदियत्तासंभवावहारणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ—'तेवीस सुक्कलेस्से०' सुक्कलेस्सापरिणदे जीवे तेवीसं पि संकमट्ठाणाणि भवंति, तत्थ तस्संभवे विरोहाभावादो। तेउ-पम्मलेस्सासु पुण सत्तावीसादीणमिगिवीसपज्जंताणं संभवदंसणादो छक्कणियमो—२७, २६, २५, २३, २२, २१[2]। 'पणगं पुण काऊए' काउलेस्साए पंचेव संकमट्ठाणाणि होंति, अणंतर-

यह कथन सामान्य संयमकी अपेक्षासे किया है। संयमविशेषोंकी अपेक्षासे तो सामायिक और छेदोपस्थापनाशुद्धिसंयममें बाईस ही संक्रमस्थान सम्भव हैं किन्तु अन्य संयमोंमें ये बाईस संक्रमस्थान सम्भव नहीं हैं। जैसे परिहारशुद्धिसंयममें २७,२३,२२ और २१ इन चार संक्रमस्थानोंके सिवा शेष सब संक्रमस्थान नहीं होते। सूक्ष्मसम्परायसंयम और यथाख्यातसंयममें भी केवल एक संक्रमस्थान सम्भव है, क्योंकि चौबीस प्रकृतिक सत्कर्मवाले जीवकी अपेक्षा वहाँ दो प्रकृतियोंका संक्रम उपलब्ध होता है। सूत्रमें मिश्र पद संयमासंयमके संग्रह करनेके लिये ग्रहण किया है, इसलिये संयमासंयम गुणस्थानमें पाँच संक्रमस्थान होते हैं ऐसा सम्बन्ध करना चाहिये। वे पाँच संक्रमस्थान २७,२६,२३,२२ और २१ ये हैं। तथा असंयम सहित गुणस्थानोंमें पच्चीस प्रकृतिक संक्रमस्थानके साथ ये पूर्वोक्त पाँच ही संक्रमस्थान होते हैं, इसलिए सूत्रमें 'छह' पदका निर्देश किया है। वे छह संक्रमस्थान २७,२६,२५,२३,२२ और २१ ये हैं ॥१७॥

विशेषार्थ—इस गाथा द्वारा मिथ्यादृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि, सम्यग्दृष्टि, विरत, विरताविरत और अविरत जीवोंमेंसे प्रत्येकके कितने संक्रमस्थान होते हैं इसका निर्देश किया है।

§ ३०३. इस प्रकार सम्यक्त्व मार्गणा और संयम मार्गणामें संक्रमस्थानोंके परिमाणका निर्धारण करके अब लेश्यामार्गणामें संक्रमस्थानोंके परिमाणका निश्चय करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—'तेवीस सुक्कलेस्से०' शुक्ललेश्यावाले जीवोंमें तेईस ही संक्रमस्थान होते हैं, क्योंकि वहाँ पर इनके होनेमें कोई विरोध नहीं आता। पीतलेश्या और पद्मलेश्यामें तो सत्ताईससे लेकर इक्कीस तक ही संक्रमस्थान देखे जानेसे छहका नियम किया है—२७,२६,२५,२३,२२ और २१। 'पणगं पुण काऊए' कापोत लेश्यामें पाँच ही संक्रमस्थान होते हैं, क्योंकि पीछे जो छह संक्रमस्थान

१. आ०प्रतौ २७, २६, २५, २३, २२, २१ इति पाठः। २. ता० प्रतौ १२ इति पाठः।

परूविदट्ठाणेसु बावीसाए बहिब्भावदंसणादो। कुदो पुण तत्थ तब्बहिब्भावो? ण, सुहतिलेस्साविसयस्स तस्स तदण्णत्थ उत्तिविरोहादो। एवं णीललेस्साए किण्हलेस्साए च वत्तव्वं, विसेसाभावादो। एवं लेस्सामग्गणाए संकमट्ठाणाणुगमो समत्तो ॥१८॥

§ ३०४. 'अवगयवेद-णवुंसय०' एसा गाहा वेदमग्गणाए संकमट्ठाणमियत्तापरूवणट्ठमागया। एत्थ अट्ठारसादीणमवगदवेदादीहि जहासंखमहिसंबंधो कायव्वो। कुदो एदं णव्वदे? 'आणुपुव्वीए' इदि सुत्तवयणादो। तत्थावगदवेदजीवम्मि अट्ठारससंकमट्ठाणाणि संभवंति, सत्तावीसादीणं पंचण्हं एत्थ सुण्णट्ठाणत्तोवएसादो—२७, २६, २५, २३, २२। तदो एदाणि मोत्तूण सेसाणमवगदवेदमग्गणाए संभवो त्ति तेसिमिमो णिद्देसो कीरदे—चउवीससंतकम्मिओवसामगो पुरिसवेदोदएण सेढिमारूढो अणियट्टिट्ठाणम्मि लोभस्सासंकमगो[1] होऊण कमेण णवुंस-इत्थिवेद-छण्णोकसायाणमुव-

बतला आये हैं उनमेंसे बाईस प्रकृतिक संक्रमस्थान कापोत लेश्यामें नहीं पाया जाता।

शंका—बाईस प्रकृतिक संक्रमस्थान कापोत लेश्यामें क्यों नहीं पाया जाता?

समाधान—नहीं, क्योंकि बाईसप्रकृतिक संक्रमस्थान तीन शुभ लेश्याओंके सद्भावमें ही होता है, इसलिये उसकी अन्य लेश्याओंके रहते हुए प्रवृत्ति माननेमें विरोध आता है।

इसी प्रकार नीललेश्या और कृष्णलेश्यामें भी उक्त पांच संक्रमस्थान होते हैं ऐसा कथन करना चाहिये, क्योंकि कापोतलेश्यासे इन दोनों लेश्याओंमें एतद्विषयक कोई विशेषता नहीं है।

विशेषार्थ—शुक्ललेश्या प्रारम्भके ग्यारह गुणस्थानोंमे ही सम्भव है, इसलिये इसमें सब संक्रमस्थान बतलाये हैं। पद्मलेश्या और पीतलेश्या प्रारम्भके सात गुणस्थानों तक ही सम्भव हैं किन्तु इन सात गुणस्थानोंमें २७,२६,२५,२३,२२ और २१ ये छह संक्रमस्थान हो सम्भव है, इसलिये इन लेश्याओंमें ये छह संक्रमस्थान बतलाये है। अब रहीं तीन अशुभ लेश्याएं सो एक तो वे प्रारम्भके चार गुणस्थानों तक ही पाई जाती हैं और दूसरे इनके सद्भावमें दर्शनमोहनीयकी क्षपणा सम्भव नहीं है, इसलिये इन तीन लेश्याओंमें २२ प्रकृतिक संक्रमस्थानके सिवा २७,२६,२५, २३ और २१ ये पाँच संक्रमस्थान बतलाये हैं।

इस प्रकार लेश्यामार्गणामें संक्रमस्थानोंका विचार समाप्त हुआ ॥१८॥

§ ३०४. 'अवगयवेद-णवुंसय' यह गाथा वेदमार्गणामें संक्रमस्थानोंके परिमाणका कथन करनेके लिये आई है। यहाँ पर अठारह आदि पदोंका अवगदवेद आदि पदोंके साथ क्रमसे सम्बन्ध करना चाहिये।

शंका—यह कैसे जाना जाता है?

समाधान—सूत्रमें आये हुए 'आनुपूर्वी' इस वचनसे जाना जाता है। उनमेंसे अपगतवेदी जीवके अठारह संक्रमस्थान सम्भव हैं, क्योंकि यहाँ सत्ताईस आदि पाँच स्थान नहीं होते ऐसा आगमका उपदेश है। वे पाँच शून्यस्थान ये हैं—२७,२६,२५,२३ और २२। यतः इन पाँच संक्रमस्थानोंके सिवा शेष सब संक्रमस्थान अपगतवेदमार्गणामें सम्भव हैं अतः यहाँ उनका निर्देश करते हैं—जो चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला उपशामक जीव पुरुषवेदके उदयसे श्रेणि पर चढ़ता है वह अनिवृत्तिकरण गुणस्थानमें पहुँचकर पहले लोभसंज्वलनके संक्रमका अभाव करता है फिर

१. ता०प्रतौ संकमणं (गो) आ०प्रतौ संकमगो इति पाठः।

सामणाए परिणदो अवगदवेदत्तमुवणमिय चोद्दसण्हं संकामगो होइ १ । पुणो पुरिसवेद-णवकबंधमुवसामिय तेरसण्हं संकामयत्तमुवगओ २ दुविहकोहोवसामणाए एक्कारस-संकामयत्तं पडिवण्णो ३ कोहसंजलणोवसामणवावारेण दसण्हं संकामयत्तमणुपालिय ४ दुविहमाणोवसामणाए परिणमिय अट्ठण्हं संकामयभावमुवगओ ५ माणसंजलणोवसामणाए सत्तण्हं संकामओ होऊण ६ दुविहमायमुवसामिय पंचण्हं संकमस्स सामिओ जादो ७ । पुणो मायासंजलणोवसामणाणंतरं चउण्हं संकामयत्तमुवणमिय ८ दुविहलोहोवसामणा-वावदो दोण्हं संकामओ जायदे ९ । एवमेदाणि णवसंकमट्ठाणाणि पुरिसवेदोदइल्ल-चउवीससंतकम्मियमस्सियूण अवगयवेदट्ठाणम्मि लब्भंति ।

§ ३०५. संपहि इगिवीससंतकम्मिओवसामगस्स पुरिसवेदोदएण सेढिं चढिदस्स आणुपुव्वीसंकमाणंतरमुवसामिदणवुंसय-इत्थिवेद-छण्णोकसायस्स बारससंकमट्ठाणमवगद-वेदपडिबद्धमुप्पज्जइ । पुणो दुविहकोह-दुविहमाण-दुविहमायापयडीणमुवसामणपज्जाएण परिणदस्स जहाकमं णवण्हं छण्णं तिण्हं संकमट्ठाणाणि समुप्पज्जंति । एवमेदाणि चत्तारि चेव संकमट्ठाणाणि एत्थ लब्भंति, सेसाणं पुणरुत्तभावदंसणादो । एदाणि पुव्विल्लेहि सह मेलाविदाणि तेरस संकमट्ठाणाणि होंति । पुणो तस्सेव णउंसयवेदोदएण सेढिं चढिदस्स आणुपुव्वीसंकमाणंतरमुवसामिद-णवुंसय-इत्थिवेदस्स वेदपरिणामविरहेणाव-

क्रमसे नपुंसकवेद, स्त्रीवेद और छह नोकषायोंका उपशम करनेके बाद अपगतवेदी होकर चौदह प्रकृतियोंका संक्रामक होता है १ । फिर पुरुषवेदके नवकबन्धका उपशम करके तेरह प्रकृतियोंका संक्रामक होता है २ । फिर दो प्रकारके क्रोधका उपशम हो जाने पर ग्यारह प्रकृतिक संक्रमस्थान-को प्राप्त होता है ३ । फिर क्रोधसंज्वलनके उपशमन द्वारा दस प्रकृतिक संक्रमस्थानको प्राप्त करके ४ दो प्रकारके मानका उपशम करके आठ प्रकृतिक संक्रमस्थानको प्राप्त होता है ५ । फिर मान-संज्वलनका उपशम हो जाने पर सात प्रकृतिक संक्रमस्थानको प्राप्त करके ६ अनन्तर दो प्रकारकी मायाको उपशमा कर पाँच प्रकृतिक संक्रमस्थानका स्वामी होता है ७ । फिर माया संज्वलनके उपशमानेके बाद चार प्रकृतिक संक्रमस्थानको प्राप्त करके ८ अनन्तर दो प्रकारके लोभका उपशम हो जाने पर दो प्रकृतियोंका संक्रामक होता है ९ । इस प्रकार जो चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला जीव पुरुषवेदके उदयसे उपशमश्रेणि पर चढ़ कर अपगतवेदी होता है उसके अपगतवेदस्थानमें ये नौ संक्रमस्थान प्राप्त होते हैं ।

§ ३०५. अब पुरुषवेदके उदयसे श्रेणिपर चढ़े हुए इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले उपशामक जीवके आनुपूर्वी संक्रमके बाद नपुंसकवेद, स्त्रीवेद और छह नोकषायोंका उपशम हो जाने पर अपगतवेदसे सम्बन्ध रखनेवाला बारह प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है । फिर दो प्रकारके क्रोध, दो प्रकारके मान और दो प्रकारकी माया इन प्रकृतियोंके उपशमभावसे परिणत हुए जीवके क्रमसे नौ, छह और तीन प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होते हैं । इस प्रकार यहां ये चार ही संक्रम-स्थान प्राप्त होते हैं, क्योंकि शेष संक्रमस्थान पुनरुक्त देखे जाते हैं । इन चारको पहलेके नौ संक्रम-स्थानोंमें मिला देनेपर तेरह संक्रमस्थान होते हैं । फिर जब यही नपुंसकवेदके उदयसे श्रेणिपर चढ़कर आनुपूर्वीसंक्रमके बाद नपुंसकवेद और स्त्रीवेदका उपशम करके वेदपरिणामसे रहित होकर

१. ता०प्रतौ णवक इति पाठः ।

गदवेदभावमुवगयस्स संकमट्ठारसपयडिपडिबद्धमेक्कं चेव पुणरुत्तभावविरहिदमुवलब्भइ, एत्तो उवरिमाणं पुणरुत्तभावदंसणादो। एदस्स चेव सेढीदो ओदरमाणयस्स बारसकसाय-सत्तणोकसायाणमोक्कड्डणावावदस्स पयदमग्गणाविसयमेगूणवीससंकमट्ठाणमपुणरुत्त-मुप्पज्जदे, तेणेदेसिं दोण्हं संकमट्ठाणाणं पुव्विल्लेहि सह मेलणे कदे पण्णारस संकम-ट्ठाणाणि होंति। एवं चेव णवुंसयवेदोदयसहगदचउवीससंतकम्मियस्स वि चढणोव-यरणवावदस्स दोण्हमपुणरुत्तसंकमट्ठाणाणमुप्पत्ती वत्तव्वा, तत्थ जहाकमं पुव्वुत्तपदेसु वीसेक्कवीसाणमवगदवेदसंबंधेण समुप्पज्जंताणमुवलंभादो। एदाणं पुव्विल्लसंकमट्ठाणाण-मुवरि पक्खेवे कदे सत्तारससंकमट्ठाणाणि पयदविसए लद्धाणि भवंति। खवगस्स वि पुरिस-णवुंसयवेदोदइल्लस्स चउक्कदसगप्पहुडीणि अवगदवेयसंकमट्ठाणाणि पुणरुत्ताणि चेव समुप्पज्जंति। णवरि सव्वपच्छिममेक्किस्से संकमट्ठाणमपुणरुत्तमुवलब्भदे। तदो एदेण सह अट्ठारससंकमट्ठाणाणि अवगदवेदजीवपडिबद्धाणि भवंति।

§ ३०६. संपहि णवुंसयवेदमग्गणाए[1] णव संकमट्ठाणाणि होंति त्ति विदिओ सुत्तावयवो। तत्थ सत्तावीसादीणि इगिवीसपज्जंताणि छ संकमट्ठाणाणि सेढीदो हेट्ठा चेव णिरुद्धवेदोदयम्मि लब्भंति। इगिवीससंतकम्मियोवसामगस्स आणुपुव्वीसंकम-मस्सियूण वीससंकमट्ठाणमेत्थोवलब्भदे। पुणो णवुंसयवेदोदएण सेढिमारूढस्स खवगस्स अट्ठकसायक्खवणेण तेरससंकमट्ठाणमुवलब्भइ। तस्सेवाणुपुव्वीसंकमपरिणदस्स

अपगतवेदभावको प्राप्त हो जाता है तब उसके मात्र अठारह प्रकृतिक संक्रमस्थान अपुनरुक्त उपलब्ध होता है क्योंकि इससे आगेके संक्रमस्थान पुनरुक्त देखे जाते हैं। तथा जब यही जीव श्रेणिसे उतरते समय बारह कषाय और सात नोकषायोंका अपकर्षण कर लेता है तब इसके प्रकृत मार्गणाका विषयभूत अपुनरुक्त उन्नीस प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है। अतः इन दो संक्रम-स्थानोंको पूर्वोक्त तेरह संक्रमस्थानोंमें मिलाने पर पन्द्रह संक्रमस्थान होते हैं। तथा इसी प्रकार नपुंसकवेदके उदयके साथ चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके भी चढ़ते और उतरते समय दो अपुनरुक्त स्थानोंकी उत्पत्ति कहनी चाहिये, क्योंकि वहां पर क्रमसे पूर्वोक्त स्थानोंमें अपगतवेदके सम्बन्धसे बीस प्रकृतिक और इक्कीस प्रकृतिक ये दो स्थान उत्पन्न होते हुए उपलब्ध होते हैं। इन स्थानोंको पूर्वोक्त संक्रमस्थानोंमें मिला देने पर प्रकृत विषयमें सत्रह संक्रमस्थान लब्ध होते हैं। पुरुषवेद और नपुंसकवेदके उदयवाले क्षपक जीवके भी अपगतवेद सम्बन्धी क्रमसे चार आदि और दस आदि संक्रमस्थान पुनरुक्त ही उत्पन्न होते हैं। किन्तु इतनी विशेषता है कि सबके अन्तमें एक प्रकृतिक संक्रमस्थान अपुनरुक्त उपलब्ध होता है। इसलिये इसके साथ अपगतवेदी जीवसे सम्बन्ध रखनेवाले अठारह संक्रमस्थान होते हैं।

§ ३०६. अब नपुंसकवेद मार्गणामें नौ संक्रमस्थान होते हैं इस आशयके सूत्रके दूसरे चरणका व्याख्यान करते हैं—उन नौमेंसे सत्ताईससे लेकर इक्कीस तकके छ संक्रमस्थान तो श्रेणि पर नहीं चढ़नेके पूर्व ही प्रकृत वेदके उदयमें प्राप्त होते हैं। तथा इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले उपशामक जीवके आनुपूर्वी संक्रमके आश्रयसे बीस प्रकृतिक संक्रमस्थान भी यहां पाया जाता है। फिर नपुंसकवेदके उदयसे श्रेणिपर चढ़े हुए क्षपक जीवके आठ कषायोंका क्षय हो जानेसे तेरह

१. ता०प्रतौ -वेदस्स मग्गणाए इति पाठः।

बारससंकमट्ठाणमुप्पज्जइ । एवं पयदमग्गणाविसए णव णेव संकमट्ठाणाणि होंति त्ति सिद्धं—२७, २६, २५, २३, २२, २१, २०, १३, १२ । सेसाणमेत्थ संभवो णत्थि ।

§ ३०७. इत्थिवेदम्मि एक्कारससंकमट्ठाणाणि होंति त्ति तदियं[1] सुत्तावयवमस्सियूण संकमट्ठाणाणमेवं चेव परूवणा कायव्वा । णवरि णवुंसयवेदपडिबद्धणवसंकमट्ठाणाणमुवरि एगूणवीस-एक्कारससंकमट्ठाणाणमहियाणमुवलंभो वत्तव्वो, इगिवीससंतकम्मियओवसामग-खवगेसु णिरुद्धवेदोदएण णवुंसयवेदोवसामण-क्खवणपरिणदेसु जहाकमं तदुवलंभादो । पुरिसवेदोदयम्मि तेरससंकमट्ठाणाण परूवयस्स चउत्थसुत्तावयवस्स वि परूवणाए एसो चेव कमो । णवरि दोण्हमपुव्वसंकमट्ठाणाणमुवलंभो एत्थ वत्तव्वो, इगिवीससंतकम्मियओवसामग-खवगेसु पयदवेदोदएणित्थिवेदोवसामण-खवणवावदेसु जहाकममट्ठारस-दससंकमट्ठाणाणं एत्थ संभवोवलंभादो ॥१०॥

§ ३०८. एवं वेदमग्गणाए संकमट्ठाणाणमणुगमं काऊण संपहि कसायमग्गणाविसए तदणुगमं कुणमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—'कोहादी उवजोगे०' एत्थ कोहादी उवजोगे त्ति वयणेण कसायमग्गणाए संकमट्ठाणाणं परूवणं कस्सामो त्ति पइज्जा

प्रकृतिक संक्रमस्थान प्राप्त होता है। तथा इसीके आनुपूर्वी संक्रमका प्रारम्भ हो जानेपर बारह प्रकृतिक संक्रमस्थान प्राप्त होता है। इस प्रकार प्रकृत मार्गणामें नौ ही संक्रमस्थान होते हैं यह बात सिद्ध होती है - २७, २६, २५, २३, २२, २१, २०, १३ और १२। शेष संक्रमस्थान यहांपर संभव नहीं हैं।

§ ३०७. स्त्रीवेदमें ग्यारह संक्रमस्थान होते हैं इस तीसरे सूत्र वचनके आश्रयसे संक्रमस्थानोंका पूर्वोक्त प्रकारसे ही कथन करना चाहिये। किन्तु इतनी विशेषता है कि नपुंसकवेदसे सम्बन्ध रखनेवाले नौ संक्रमस्थानोंके साथ स्त्रीवेदमें उन्नीस और ग्यारह प्रकृतिक ये दो संक्रमस्थान अधिक उपलब्ध होते हैं ऐसा कहना चाहिये, क्योंकि इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले उपशामक और क्षपक जीवोंके नपुंसकवेदका उपशम और क्षय हो जानेपर विवक्षित वेदके उदयके साथ क्रमसे इन दोनों स्थान उपलब्ध होते हैं। पुरुषवेदके उदयमें तेरह संक्रमस्थानोंका कथन करनेवाले सूत्रके चौथे चरणकी प्ररूपणामें भी यही क्रम जानना चाहिये। किन्तु इतनी विशेषता है कि दो नये संक्रमस्थानोंका सद्भाव यहांपर कहना चाहिये, क्योंकि इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला जो उपशामक या क्षपक जीव प्रकृत वेदका उदय रहते हुए स्त्रीवेदकी उपशामना या क्षपणा करता है उसके यहां पर क्रमसे अठारह और दस प्रकृतिक ये दो संक्रमस्थान उपलब्ध होते हैं ॥१०॥

विशेषार्थ—इस उन्नीसवीं गाथा द्वारा वेद मार्गणाकी अपेक्षा विचार करते हुए अपगतवेद, नपुंसकवेद, स्त्रीवेद और पुरुषवेदमें कहां कितने संक्रमस्थान होते हैं इसका स्पष्ट निर्देश किया है। विशेष खुलासा टीकामें आ चुका है, इसलिये इस विषयमें और अधिक नहीं लिखा जाता है।

§ ३०८. इस प्रकार वेदमार्गणामें संक्रमस्थानोंका विचार करके अब कषाय मार्गणामें उनका विचार करते हुए आगेका सूत्र कहते हैं—'कोहादी उवजोगे०' यहां सूत्रमें आये हुए 'कोहादी उवजोगे०' वचन द्वारा कषायमार्गणामें संक्रमस्थानोंका कथन करेंगे यह प्रतिज्ञा की गई है। इस

---

१. ता०प्रतौ तदिय इति पाठः।

कया। एवं पइण्णं काऊण कोहादिसु चदुसु कसाएसु परिवाडीए संकमट्ठाणगवेसणा कीरदे। एत्थ जहासंखणाएणाहिसंबंधो कायव्वो त्ति जाणावणट्ठमाणुपुव्वीए त्ति उत्तं। तं जहा—कोहकसायम्मि सोलस संकमट्ठाणाणि होंति, माणकसायोदयम्मि ऊणवीस संकमट्ठाणाणि भवंति, सेसेसु दोसु वि कसाओवजोगेसु पादेक्कं तेवीससंकमट्ठाणाणि भवंति त्ति। तत्थ ताव कोहकसायम्मि सोलसण्हं संकमट्ठाणाणं संभवो उच्चदे। तं जहा—सत्तावीसादीणि इगिवीसपज्जंताणि संकमट्ठाणाणि सेढीदो हेट्ठा चेव मिच्छाइट्ठि-आदिगुणट्ठाणेसु जहासंभवं लब्भंति। पुणो चउवीससंतकम्मियोवसामगस्स कोह-कसायोदएण उवसमसेढिं चढिदस्स तेवीस-वावीस-इगिवीससंकमट्ठाणाणि पुणरुत्ताणि होदूण पुणो वीस-चोद्दस-तेरससंकमट्ठाणाणि लब्भंति णाण्णाणि, कोहकसायम्मि णिरुद्धे एत्तो उवरिमाणमसंभवादो। इगिवीससंतकम्मियोवसामगमस्सियूण पुण एगूण-वीसट्ठारस-बारसेक्कारससंकमट्ठाणाणि लब्भंति, हेट्ठिमाणं पुणरुत्ताणमसंगहादो। उवरिमाणं च णिरुद्धकसायोदयम्मि संभवाभावादो। खवगस्स वि णिरुद्धकसायोदइल्लस्स दस-चउक्क-तियसंकमट्ठाणाणि अपुणरुत्ताणि लब्भंति, हेट्ठिमोवरिमाणं पुव्वुत्तणाएण वहिब्भाव-दंसणादो। एवमेदाणि सोलस संकमट्ठाणाणि कोहकसायम्मि लब्भंति त्ति सिद्धं—

प्रकारकी प्रतिज्ञा करके क्रोधादि चार कषायोंमें क्रमसे संक्रमस्थानोंका विचार करते हैं। यहां 'यथासख्य, न्यायके अनुसार पदोंका सम्बन्ध करना चाहिये यह जतानेके लिये सूत्रमें 'आनुपूर्वी' पद कहा है। खुलासा इस प्रकार है—क्रोध कषायमें सोलह संक्रमस्थान होते हैं, मान कषायके उदयमें उन्नीस संक्रमस्थान होते हैं तथा शेष दो कषायोंके सद्भावमे भी प्रत्येकमे तेईस संक्रमस्थान होते हैं। अत्र सर्वप्रथम क्रोध कषायमे सोलह सक्रमस्थानोंका सद्भाव बतलाते हैं। यथा—सत्ताईससे लेकर इक्कीस तक जितने भी संक्रमस्थान हैं वे श्रेणि चढ़नेके पूर्व ही मिथ्यादृष्टि आदि गुणस्थानोंमें यथासम्भव पाये जाते हैं। फिर जो चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला उपशामक जीव क्रोध कषायके उदयसे उपशमश्रेणि पर चढ़ा है उसके यद्यपि तेईस, बाईस और इक्कीस प्रकृतिक तीन संक्रमस्थान पुनरुक्त होते हैं तथापि बीस, चौदह और तेरह ये तीन संक्रमस्थान अपुनरुक्त प्राप्त होते हैं। इसके इनके अतिरिक्त अन्य संक्रमस्थान नहीं प्राप्त होते, क्योंकि क्रोध कषायके रहते हुए इनसे आगेके स्थानोंका पाया जाना सम्भव नहीं है। इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले उपशामकके आश्रयसे मात्र उन्नीस, अठारह, बारह और ग्यारह प्रकृतिक चार संक्रमस्थान प्राप्त होते हैं, क्योंकि इनसे पूर्वके संक्रमस्थान पुनरुक्त होनेसे उनका यहाँपर संग्रह नहीं किया गया है। और ग्यारह प्रकृतिक संक्रमस्थानसे आगेके संक्रमस्थान विवक्षित कषायके उदयमे सम्भव नहीं हैं। इसी प्रकार क्षपकके भी विवक्षित कषायका उदय रहते हुए दस, चार और तीन प्रकृतिक अपुनरुक्त संक्रमस्थान प्राप्त होते हैं, क्योंकि पूर्वोक्त न्यायके अनुसार नीचे और ऊपरके संक्रमस्थानोंका संग्रह न करके उन्हें अलग कर दिया है। अर्थात् दस प्रकृतिक संक्रमस्थानसे पूर्वके जितने संक्रमस्थान यहाँ सम्भव हैं वे तो पुनरुक्त समझ कर छोड़ दिये गये हैं और तीन प्रकृतिक संक्रमस्थानसे आगेके संक्रमस्थानोंका यहाँ पाया जाना सम्भव न होनेसे उन्हें छोड़ दिया है। इस प्रकार क्रोधकषायमे

---

१. ता०-आ०प्रत्योः जत्थ इति पाठः। २. ता०प्रतौ पजंताणि आ०प्रतौ पजत्ताणि इति पाठः।

२७, २६, २५, २३, २२, २१, २०, १९, १८, १४, १३, १२, ११, १०, ४, ३।

§ ३०९. माणकसायोदए वि एदाणि चेव णवट्ठ-दोपयडिसंकमट्ठाणब्भहियाणि एगूणवीससंखाविसेसियाणि होंति, इगिवीससंतकम्मियोवसामगम्मि दुविह[कोह]-कोहसंजलणोवसामणपरिणदम्मि जहाकमं माणोदएण सह णवट्ठपयडिसंकमट्ठाणोवलंभादो। खवगस्स च कोहसंजलणपरिक्खए दोण्हं पयडीणं संकंतिदंसणादो। एवं माणकसायोदयम्मि एगूणवीससंकमट्ठाणाणि होंति ण सेसाणि, तेसिमेत्थ सुण्णट्ठाणत्तोवएसादो। सेसकसाएसु दोसु वि पादेक्कं तेवीस संकमट्ठाणाणि होंति, तेसिं तत्थ संभवे विरोहाभावादो। एत्थाकसाईसु संकमट्ठाणमेक्कं चेव लब्भदे, चउवीससंतकम्मियोवसामगस्स उवसंतकसायगुणट्ठाणम्मि दोण्हं पयडीणं संकमोवलंभादो ॥२०॥

§ ३१०. एवं कसायमग्गणं समाणिय णाणमग्गणागयविसेसपदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—'णाणम्हि य तेवीसा०' एत्थ तिविहणाणग्गहणेण मदि-सुदोहिणाणाणं संगहो कायव्वो, तेवीससंकमट्ठाणाहारणमण्णेसिमसंभवादो[1]। कथमेत्थ पणुवीससंकमट्ठाणसंभवो त्ति णासंकियव्वं, सम्मामिच्छाइट्ठिम्मि तदुवलंभसंभवादो। कधं

ये सोलह संक्रमस्थान प्राप्त होते हैं यह सिद्ध होता है—२७, २६, २५, २३, २२, २१, २०, १९, १८, १४, १३, १२, ११, १०, ४ और ३।

§ ३०९. मान कषायके उदयमें भी सोलह तो ये ही तथा नौ, आठ और दो प्रकृतिक तीन और इस प्रकार कुल उन्नीस संक्रमस्थान होते हैं, क्योंकि जो इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला उपशामक जीव दो प्रकारके क्रोध और क्रोधसंज्वलनका उपशम कर देता है उसके क्रमसे मानकषायका उदय रहते हुए नौ प्रकृतिक और आठ प्रकृतिक ये दो संक्रमस्थान पाये जाते हैं। तथा क्षपकके क्रोधसंज्वलनका क्षय हो जानेपर दो प्रकृतिक संक्रमस्थान देखा जाता है। इस प्रकार मानकषायका उदय रहते हुए केवल उन्नीस संक्रमस्थान होते हैं शेष संक्रमस्थान नहीं होते, क्योंकि वहाँ उनका अभाव देखा जाता है ऐसा उपदेश है। शेष दो कषायोंके सद्भावमें भी प्रत्येकमें तेईस संक्रमस्थान होते हैं, क्योंकि उनके वहाँ होनेमें कोई विरोध नहीं आता है। यहाँ पर कषाय रहित जीवोंके संक्रमस्थान एक ही उपलब्ध होता है, क्योंकि चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले उपशामक जीवके उपशान्तकषाय गुणस्थानमें केवल दो प्रकृतियोंका संक्रम पाया जाता है ॥२०॥

§ ३१०. इस प्रकार कषायमार्गणाका कथन समाप्त करके अब ज्ञानमार्गणा सम्बन्धी विशेषताका कथन करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—'णाणम्हि य तेवीसा०' इस गाथा सूत्रमें तीन प्रकारके ज्ञानका ग्रहण करनेसे मतिज्ञान, श्रुतज्ञान और अवधिज्ञान इन तीन ज्ञानोंका संग्रह करना चाहिये, क्योंकि तेईस संक्रमस्थानोंका आधार अन्य ज्ञान नहीं हो सकते।

शंका—इन तीन ज्ञानोंमें पच्चीस प्रकृतिक संक्रमस्थान कैसे सम्भव है?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि सम्यग्मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें उसकी उपलब्धि होती है।

---

१. ता०प्रतौ -राणमसंभवादो इति पाठः।

मिस्सणाणस्स सण्णाणंतब्भावो ? ण, असुद्धणयाहिप्पाएण तस्स तदंतब्भावविरोहाभावादो। कधमोहिणाणम्मि पढमसम्मत्तग्गहणपढमसमयलद्धप्पसरूवस्स छव्वीससंकमट्ठाणस्स संभवो ? ण एस दोसो, देव-णेरइएसु तग्गहणपढमसमए चेव तण्णाणस्स सरूवोवलंभसंभवादो। 'एक्कम्मि एक्कवीसा य' एक्कम्मि मणपज्जवणाणे एक्कवीससंखावच्छिण्णाणि संकमट्ठाणाणि होंति, तत्थ पणुवीस-छव्वीसाणमसंभवादो। 'अण्णाणम्मिय तिविहे पंचेव य संकमट्ठाणा।' कुदो ? तत्थ सत्तावीसादीणमिगिवीसपज्जंतसंकमट्ठाणाणं वावीसवहिब्भावेण पंचसंखावहारियाणं समुवलंभादो। एत्थ चक्खु-अचक्खु-ओहिदंसणीसु पुध परूवणा ण कया, तेसिमोघपरूवणादो भेदाभावादो मदि-सुदोहिणाणपरूवणाहि चेव गयत्थत्तादो[3] वा। तदो तत्थ पादेक्कं तेवीससंकमट्ठाणसंभवो अणुगंतव्वो ॥२१॥

§ ३११. एवं णाणमग्गणं संगतोभाविददंसणाणुवादं परिसमाणिय संपहि भवियाहारमग्गणासु संकमट्ठाणगवेसणट्ठमुत्तरं गाहासुत्तमोइण्णं—'आहारय-भविएसु य०' आहारमग्गणाए भवियमग्गणाए च तेवीस संकमट्ठाणाणि भवंति, सव्वेसिं तत्थ संभवे

शंका—मिश्रज्ञानका सम्यग्ज्ञानमे अन्तर्भाव कैसे हो सकता है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि अशुद्ध नयके अभिप्रायसे मिश्रज्ञानका सम्यग्ज्ञानमें अन्तर्भाव करनेमें कोई विरोध नहीं आता है।

शंका—प्रथम सम्यक्त्वको प्राप्त होनेके प्रथम समयमें प्राप्त होनेवाला छब्बीस प्रकृतिक संक्रमस्थान अवधिज्ञानमे कैसे सम्भव है ?

समाधान—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि देव और नारकियोंमें प्रथम सम्यक्त्वको ग्रहण करनेके प्रथम समयमें ही अवधिज्ञानकी स्वरूप प्राप्ति सम्भव है और इसीसे अवधिज्ञानमें छब्बीस प्रकृतिक संक्रमस्थान बन जाता है।

'एक्कम्मि एक्कवीसा य' एक मनःपर्ययज्ञानमें इक्कीस संक्रमस्थान होते हैं, क्योंकि इसमें पचीस और छब्बीस प्रकृतिक संक्रमस्थान सम्भव नहीं है। तथा 'अण्णाणम्मि य तिविहे पंचेव य संकमट्ठाणा' तीन प्रकारके अज्ञानोंमे पांच ही संक्रमस्थान होते हैं, क्योंकि वहाँ बाईसके बिना सत्ताईससे लेकर इक्कीस तक पांच ही संक्रमस्थान पाये जाते हैं। यहांपर चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन और अवधिदर्शनमें अलगसे प्ररूपणा नहीं की है, क्योंकि इनके कथनमे ओघ कथनसे कोई भेद नहीं पाया जाता। अथवा मतिज्ञान, श्रुतज्ञान और अवधिज्ञानकी प्ररूपणा द्वारा ही इनमें कितने संक्रमस्थान होते हैं इसका ज्ञान हो जाता है, अतएव इन तीन दर्शनोंमेंसे प्रत्येकमें तेईस संक्रमस्थान सम्भव हैं यह जान लेना चाहिये।

§ ३११. इसप्रकार ज्ञानमार्गणा और उसमें गर्भित दर्शनमार्गणाके कथनको समाप्त करके अब भव्य और आहार मार्गणाओंमें संक्रमस्थानोंका विचार करनेके लिये आगेका गाथासूत्र कहते हैं—'आहारय-भविएसु य०' आहारमार्गणा और भव्यमार्गणामें तेईस संक्रमस्थान होते हैं,

---

१. ता०-आ०प्रत्योः णोसुद्ध- इति पाठः। २. आ०प्रतौ -संखा वहिहारियसंकमट्ठाणाणि इति पाठः। ३. ता०प्रतौ गयत्थादो इति पाठः।

विरोहाभावादो। 'अणाहारएसु पंचेव संकमट्ठाणाणि होंति', सत्तावीसादीणमिगिवीसपज्जंताणं[1] चेव बावीसवज्जाणं तत्थ संभवोवलंभादो। 'एयट्ठाणं अभविएसु'। कुदो? पणुवीससंकमट्ठाणस्सेक्कस्सेव तत्थ संभवदंसणादो ॥२२॥

§ ३१२. एवमेत्तिएण पबंधेण मग्गणट्ठाणेसु संकमट्ठाणाणं गवेसणं कादूण संपहि तेसु चेव सुण्णट्ठाणपरूवणं कुणमाणो सेसमग्गणाणं देसामासयभावेण वेद-कसायमग्गणासु तप्परूवणट्ठमुवरिमं गाहासुत्तपबंधमाह—'छव्वीस सत्तवीसा' २६, २७, २५, २३, २२ एदाणि पंच संकमट्ठाणाणि अवगदवेदविसए ण संभवंति। तदो एदाणि तत्थ सुण्णट्ठाणाणि त्ति घेत्तव्वाणि, जत्थ जं संकमट्ठाणमसंभवइ तत्थ तस्स सुण्णट्ठाणववएसावलंबणादो ॥२३॥

§ ३१३. 'उगुवीसट्ठारसगं' १९, १८, १४, ११, १०, ९, ८, ७, ६, ५, ४, ३, २, १ एदाणि चोद्दस संकमट्ठाणाणि[2] णवुंसयवेदे सुण्णट्ठाणाणि होंति त्ति सुत्तत्थसंगहो। सेसं सुगमं ॥२४॥

§ ३१४. 'अट्ठारस चोद्दसगं' १८, १४, १०, ९, ८, ७, ६, ५, ४, ३, २, १ एदाणि बारस संकमट्ठाणाणि इत्थिवेदविसए सुण्णट्ठाणाणि होंति त्ति भणिदं होइ।

क्योंकि इन मार्गणाओंमें सब संक्रमस्थानोंके पाये जानेमें कोई विरोध नहीं आता। अनाहारकमें पांच ही संक्रमस्थान होते हैं, क्योंकि बाईसके सिवा सत्ताईससे लेकर इक्कीस पर्यन्त पांच संक्रमस्थान ही उपलब्ध होते हैं। तथा 'एयट्ठाणं अभविएसु' अभव्योंके एक संक्रमस्थान होता है, क्योंकि इनमें एक पच्चीस प्रकृतिक संक्रमस्थान ही देखा जाता है ॥२२॥

§ ३१२. इस प्रकार इतने कथन द्वारा मार्गणास्थानोंमें संक्रमस्थानोंका विचार करके अब इन्हीं मार्गणाओंमें शून्यस्थानोंका कथन करनेकी इच्छासे चूंकि वेद और कषाय मार्गणा शेष मार्गणाओंके देशामर्षकरूपसे ग्रहण की गई हैं अतः इन्हीं मार्गणाओंमें शून्यस्थानोंका कथन करनेके लिये आगेका गाथासूत्र कहते हैं—'छब्बीस सत्तावीसा०' अपगतवेदमें २६, २७, २५, २३ और २२ ये पांच संक्रमस्थान सम्भव नहीं हैं, इसलिये ये वहां शून्यस्थानरूप जानने चाहिये, क्योंकि जहां जो संक्रमस्थान असम्भव होता है वहां उसे शून्यस्थान संज्ञा दी गई है। आशय यह है कि ये पांच संक्रमस्थान वेदवाले जीवके ही पाये जाते हैं इसलिये अपगतवेदमें इनका अभाव बतलाया है ॥२३॥

§ ३१३. 'उगुवीसट्ठारसगं' १९, १८, १४, ११, १०, ९, ८, ७, ६, ५, ४, ३, २ और १ इस प्रकार ये चौदह संक्रमस्थान नपुंसकवेदमें शून्यस्थान हैं यह इस सूत्रका तात्पर्य है। शेष कथन सुगम है। आशय यह है कि नपुंसकवेदमें २० प्रकृतिक संक्रमस्थान तकके सब और १३ तथा १२ प्रकृतिक ये दो इस प्रकार कुल नौ संक्रमस्थान ही पाये जाते हैं शेष नहीं, इसलिये शेषका यहां निषेध किया है ॥२४॥

§ ३१४. 'अट्ठारस चोद्दसगं' १८, १४, १०, ९, ८, ७, ६, ५, ४, ३, २ और १ इस प्रकारके ये बारह संक्रमस्थान स्त्रीवेदमें शून्यस्थान होते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। शेष कथन सुगम

---

१. ता०प्रतौ पज्जत्ताणं इति पाठः। २. ता०प्रतौ संकमट्ठाणाणि इति पाठो नास्ति।

सुगममण्णं ॥२५॥

§ ३१५. 'चोद्दसग णवगमादी' १४, ९, ८, ७, ६ ५, ४, ३, २, १ एवमेदाणि दस संकमट्ठाणाणि उवसामग-खवगपडिबद्धाणि पुरिसवेदविसए सुण्णट्ठाणाणि होंति त्ति गाहासुत्तत्थसंगहो। सुगममन्यत् ॥२६॥

§ ३१६. 'णव अट्ठ सत्त छक्कं' ९, ८, ७, ६, ५, २ १ एवमेदाणि सत्त संकमट्ठाणाणि कोहकसायोवजुत्तेसु सुण्णट्ठाणाणि होंति त्ति सुत्तत्थसमुच्चओ ॥२७॥

§ ३१७. 'सत्तय छक्कं पणगं च०' ७, ६, ५, १ एवमेदाणि चत्तारि माणकसायोवजुत्तेसु सुण्णट्ठाणाणि होंति त्ति भणिदं होइ। सेसदोकसाएसु णत्थि एसो विचारो, सव्वेसिमेव संकमट्ठाणाणं तत्थासुण्णभावदंसणादो ॥२८॥

§ ३१८. एवमेदीए दिसाए सेसमग्गणासु वि सुण्णट्ठाणगवेसणा कायव्वा त्ति पदुप्पायणट्ठमुवरिमगाहासुत्तमाह—'दिट्ठे सुण्णासुण्णे०' वेद-कसायमग्गणासु सुण्णासुण्णट्ठाणपविभागेसु पुव्वुत्तकमेण दिट्ठे संते पुणो एदीए दिसाए गदियादिमग्गणासु वि जत्थतत्थाणुपुव्वीए संकमट्ठाणाणं सुण्णासुण्णभावगवेसणा कायव्वा त्ति सुत्तत्थसंबंधो ॥२९॥

है। आशय यह है कि स्त्रीवेदमें उन्नीस प्रकृतिकस्थान तकके सब तथा १३, १२ और ११ प्रकृतिक ये तीन इसप्रकार कुल ग्यारह संक्रमस्थान पाये जाते हैं शेष नहीं, इसलिये शेषका यहां निषेध किया है ॥२५॥

§ ३१५. 'चोद्दसग णवगमादी' १४, ९, ८, ७, ६, ५, ४, ३, २ और १ इस प्रकार ये दस संक्रमस्थान पुरुषवेदी उपशामक और क्षपकजीवोंके शून्यस्थान होते हैं यह इस गाथासूत्रका समुच्चयार्थ है। शेष कथन सुगम है। आशय यह है कि पुरुषवेदमें पन्द्रह प्रकृतिक स्थान तकके सब तथा १३, १२, ११ और १० प्रकृतिक ये चार इस प्रकार कुल १३ संक्रमस्थान होते हैं शेष नहीं, इसलिये शेषका यहां निषेध किया है ॥२६॥

§ ३१६. 'णव अट्ठ सत्त छक्कं' ९, ८, ७, ६, ५, २ और १ इस प्रकार ये सात संक्रमस्थान क्रोधकषायवाले जीवोंमें शून्यस्थान होते हैं यह इस सूत्रका समुच्चयार्थ है। आशय यह है कि क्रोध कषायमें १० प्रकृतिक संक्रमस्थान तकके सब तथा ४ और ३ प्रकृतिक ये दो इस प्रकार कुल १६ संक्रमस्थान होते हैं शेष नहीं, इसलिये शेषका यहाँ निषेध किया है ॥ २७ ॥

§ ३१७. 'सत्त य छक्कं पणगं च' ७, ६, ५ और १ इस प्रकार ये चार संक्रमस्थान मानकषायवाले जीवोंमें शून्यस्थान होते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। आशय यह है कि मानकषायमें इन चारके सिवा शेष सब संक्रमस्थान होते हैं, इसलिये यहाँ चार स्थानोंका निषेध किया है। किन्तु शेष दो कषायोंमें यह विचार नहीं है, क्योंकि वहाँ पर सभी संक्रमस्थान अशून्यभावसे देखे जाते हैं ॥२८॥

§ ३१८ इस प्रकार इसी पद्धतिसे शेष मार्गणाओंमें भी शून्यस्थानोंका विचार कर लेना चाहिये यह दिखलानेके लिये अब आगेका गाथासूत्र कहते हैं—'दिट्ठे सुण्णासुण्णे' वेद और कषाय मार्गणामें शून्यस्थानों और अशून्यस्थानोंके विभागका पूर्वोक्त क्रमसे विचारकर लेनेके बाद फिर इसी पद्धतिसे गति आदि मार्गणाओंमें भी यत्रतत्रानुपूर्वीके क्रमसे संक्रमस्थानोंके सद्भाव और असद्भावका विचार कर लेना चाहिये यह इस सूत्रका अभिप्राय है ॥२९॥

§ ३१९. एवं गदिआदिमग्गणासु संकमट्ठाणाणं संभवगवेसणमण्णय-वदिरेगेहिं काढूण संपहि बंध-संकम-संतकम्मट्ठाणाणमेग-दुसंजोगकमेण णिरुंभणं काढूण सण्णियास-परूवणट्ठमुवरिमगाहासुत्तमाह—'कम्मंसियट्ठाणेसु य०' एसा गाहा ट्ठाणसमुक्कित्तणाए ओघादेसेहि समुक्कित्तिदाणं संकमट्ठाणाणं पडिणियदपडिग्गहट्ठाणपडिबद्धाणं बंध-संतट्ठाणेसु मग्गणाविहिं परूवेदि। एदिस्से अत्थविवरणं कस्सामो। तं जहा—कम्मंसियट्ठाणाणि णाम संतकम्मट्ठाणाणि। ताणि च मोहणीए अट्ठावीस-सत्तावीस-छव्वीस-चउवीस-तेवीस-बावीस-एक्कवीस-तेरस-बारस-एक्कारस-पंच-चदुक्क-ति-दु-एक्कपयडिपडिबद्धाणि। तेसिमेसा ठवणा—२८, २७, २६, २४, २३, २२, २१, १३, १२, ११, ५, ४, ३, २, १। बंधट्ठाणाणि च बावीस-इगिवीस-सत्तारस-तेरस-णव-पंच-चदुक्क-ति-दु-एक्कसण्णिदाणि २२, २१, १७, १३, ९, ५, ४, ३, २, १ एवमेदाणि परिवाडीए ठविय पादेक्कमेदेसु सत्तावीसादिसंकमट्ठाणाणं संभवगवेसणा कायव्वा त्ति गाहासुत्तपुव्वद्धे समुच्चयत्थो। 'एक्केक्केण समाणय' एवं भणिदे बंध-संतट्ठाणेसु एक्केक्केण सह 'समाणय' सम्यगानुपूर्व्यानयेत्यर्थः। बंध-संतट्ठाणाणि पुध० आधारभूदाणि ट्ठविय तेसु संकमट्ठाणाणि णेदव्वाणि त्ति भावत्थो।

§ ३२०. तत्थ ताव संतकम्मट्ठाणेसु संकमट्ठाणाणं गवेसणा कीरदे। तं कथं? मिच्छादिट्ठिस्स वा सम्मादिट्ठिस्स वा अट्ठावीससंतकम्मं होऊण सत्तावीससंकमो होइ १।

§ ३१९. इस प्रकार गति आदि मार्गणाओंमें कहाँ कितने संक्रमस्थान सम्भव हैं इसका अन्वय और व्यतिरेक द्वारा विचार करके अब बन्धस्थान, संक्रमस्थान और सत्कर्मस्थान इन्हें एकसंयोग और द्विसंयोगके क्रमसे विवक्षित करके सन्निकर्षका कथन करनेके लिये आगेका गाथासूत्र कहते हैं—'कम्मंसियट्ठाणेसु य' स्थानसमुत्कीर्तना अनुयोगद्वारमें जो संक्रमस्थान ओघ और आदेशसे कहे गये हैं तथा जो प्रतिनियत प्रतिग्रहस्थानोंसे सम्बन्ध रखते हैं वे बन्धस्थानों और सत्त्वस्थानोंमें कहां कितने होते हैं इस बातका कथन यह गाथा करती है। अब इस गाथाके अर्थका व्याख्यान करते हैं। यथा—कर्मांशिकस्थान यह सत्कर्मस्थानका दूसरा नाम है। वे मोहनीयकर्ममें अट्ठाईस, सत्ताईस, छब्बीस, चौबीस, तेईस, बाईस, इक्कीस, तेरह, बारह, ग्यारह, पांच चार, तीन, दो और एक इतनी प्रकृतियोंसे प्रतिबद्ध हैं। उनकी अंकोंद्वारा यह स्थापना है—२८, २७, २६, २४, २३, २२, २१, १३, १२, ११, ५, ४, ३, २ और १। और बन्धस्थान बाईस, इक्कीस, सत्रह, तेरह, नौ, पांच, चार, तीन, दो और एक प्रकृतिक होते हैं - २२, २१, १७, १३, ९, ५, ४, ३, २ और १। इस प्रकार इन्हें क्रमसे स्थापित करके इनमेंसे प्रत्येकमें सत्ताईस प्रकृतिक आदि सम्भव संक्रमस्थानोंका विचार करना चाहिये यह इस गाथासूत्रके पूर्वार्धका समुच्चयार्थ है। तथा गाथाके उत्तरार्धमें 'एक्केक्केण समाणय' ऐसा कहने पर बन्धस्थानों और सत्त्वस्थानोंमेंसे एक एकके साथ 'समाणय' अर्थात् भले प्रकार इस आनुपूर्वीसे बन्धस्थानों और सत्त्वस्थानोंको आधाररूपसे अलग अलग स्थापित करके उनमें संक्रमस्थानोंको जानना चाहिये यह इसका भावार्थ है।

§ ३२०. उनमेंसे सर्वप्रथम सत्कर्मस्थानोंमें संक्रमस्थानोंका विचार करते हैं। यथा—मिथ्यादृष्टि या सम्यग्दृष्टि जीवके अट्ठाईस प्रकृतियोंकी सत्ता होकर सत्ताईस प्रकृतियोंका संक्रम

मिच्छाइट्ठिणा सम्मत्तुव्वेल्लणवावदेण सम्मत्तस्स समयूणावलियमेत्तगोवुच्छावसेसे कदे अट्ठावीससंतेण सह छव्वीससंकमो होइ २ । अहवा छव्वीससंतकम्मिएण पढमसम्मत्ते उप्पाइदे अट्ठावीससंतकम्माहारं[1] छव्वीससंकमट्ठाणमुप्पज्जइ । अविसंजोइदाणंताणुबंधिणा उवसमसम्माइट्ठिणा सासणगुणे पडिवण्णे अट्ठावीससंतकम्मिएण सम्मामिच्छत्ते वा पडिवण्णे अट्ठावीससंतकम्मसहगदं पणुवीससंकमट्ठाणमुप्पज्जइ ३ । अणंताणुबंधी विसंजोइय संजुत्तमिच्छाइट्ठिपढमावलियाए तेवीसपयडिसंकमट्ठाणमट्ठावीससंकमट्ठाण-पडिबद्धमुप्पज्जइ । अहवा अणंताणु०विसंजोयणाचरिमफालिं संकामियं[2] समयूणावलिय-मेत्तगोवुच्छावसेसे वट्टमाणस्स तमेव संकमट्ठाणं तेणेव संतकम्मट्ठाणेणाहिट्ठिदमुप्पज्जदि ४ । अणंताणु०विसंजोयणापुरस्सरं सासणगुणं पडिवण्णस्स आवलियमेत्तकालमट्ठावीस-संतकम्मेण सह इगिवीससंकमट्ठाणमुप्पज्जइ ५ । एवमेदाणि पंच संकमट्ठाणाणि अट्ठा-वीससंतकम्मियस्स होंति ।

§ ३२१. संपहि सत्तावीसाए उच्चदे—अट्ठावीससंतकम्मियमिच्छाइट्ठिणा सम्मत्ते उव्वेल्लिदे सत्तावीससंतकम्मं घेत्तूणं[3] छव्वीससंकमो होइ १ । पुणो तेणेव सम्मामिच्छत्त-मुव्वेल्लंतेण समयूणावलियमेत्तगोवुच्छावसेसे कए सत्तावीससंतकम्मेण सह पणुवीस-

होता है १ । जो मिथ्यादृष्टि जीव सम्यक्त्वकी उद्वेलना कर रहा है उसके सम्यक्त्वकी गोपुच्छाके एक समयकम एक आवलिप्रमाण शेष रहने पर अट्ठाईस प्रकृतिक सत्त्वस्थानके साथ छब्बीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है २ । अथवा जो छब्बीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला जीव प्रथम सम्यक्त्व-को उत्पन्न करता है उसके प्रथम सम्यक्त्वके उत्पन्न करनेपर अट्ठाईस प्रकृतिक सत्कर्मका आधार-भूत छब्बीस प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है । जिस उपशमसम्यग्दृष्टिने अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना नहीं की है उसके सासादनगुणस्थानको प्राप्त होने पर या अट्ठाईस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके सम्यग्मिथ्यात्वको प्राप्त होने पर अट्ठाईस प्रकृतिक सत्कर्मके साथ पच्चीस प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है ३ । जो सम्यग्दृष्टि जीव अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना करके फिर मिथ्यात्वमें जाकर उससे संयुक्त होता है उसके प्रथम आवलिमें अट्ठाईस प्रकृतिक सत्कर्मसे सम्बन्ध रखनेवाला तेईस प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है । अथवा अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजनाकी अन्तिम फालिका संक्रम करनेके बाद एक समयकम एक आवलिप्रमाण गोपुच्छाके शेष रहने पर उसी सत्कर्मके आधारसे वही संक्रमस्थान उत्पन्न होता है ४ । जो अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजनापूर्वक सासादनगुणस्थानको प्राप्त होता है उसके एक आवलिप्रमाण कालतक अट्ठाईस प्रकृतिक सत्कर्मके साथ इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है ५ । इस प्रकार ये पांच संक्रमस्थान अट्ठाईस प्रकृतिक सत्कर्मवाले जीवके होते हैं ।

§ ३२१. अब सत्ताईस प्रकृतिक सत्कर्मवालेके कितने संक्रमस्थान होते हैं यह बतलाते हैं— अट्ठाईस प्रकृतियोंकी सत्तावाले मिथ्यादृष्टि जीवके सम्यक्त्वकी उद्वेलना कर लेने पर सत्ताईस प्रकृतिक सत्कर्मके साथ छब्बीस प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है १ । फिर सम्यग्मिथ्यात्वकी उद्वेलना करते हुए उसी जीवके एक समय कम एक आवलिप्रमाण गोपुच्छाके शेष रहने पर

१. आ०प्रतौ –हारढ्ं इति पाठः । २. ता०प्रतौ संकामय इति पाठः । ३. ता०–आ०प्रत्योः मोत्तूण इति पाठः ।

संकमट्ठाणमुप्पज्जइ २। एवं सत्तावीससंतकम्मे णिरुद्धे दोण्णि चेव संकमट्ठाणाणि होंति।

§ ३२२. संपहि छव्वीसाए उच्चदे—अणादियमिच्छाइट्ठिस्स सादियछव्वीससंतकम्मियस्स वा छव्वीससंतकम्मं होऊण पणुवीससंकमट्ठाणमेक्कं चेव लब्भदे, तत्थ पयारंतरसंभवाभावादो।

§ ३२३. संपहि चउवीससंतकम्मियस्स संकमट्ठाणगवेसणा कीरदे—अणंताणुबंधिविसंजोयणापरिणदसम्माइट्ठिम्मि चउवीससंतकम्मं होऊण तेवीससंकमो होइ १। पुणो तेणेव उवसमसेढिमारुहिय अंतरकरणाणंतरमाणुपुव्वीसंकमे कदे बावीससंकमो होइ २। तेणेव णवुंसयवेदोवसमे कदे एगवीससंकमो जायदे ३। इत्थिवेदोवसमे वीससंकमो होइ ४। तस्सेव छण्णोकसायाणमुवसामणमस्सियूण चोद्दससंकमो होइ ५। पुरिसवेदोवसामणाए तेरससंकमट्ठाणमुप्पज्जइ ६। दुविहकोहोवसमेण एक्कारससंकमो होइ ७। कोहसंजलणोवसममस्सियूण दसण्हं संकमो जायदे ८। दुविहमाणोवसमेण अट्ठण्हं संकमो होइ ९। माणसंजलणोवसामणाए सत्तण्हं संकमो जायदे १०। दुविहमायोवसममस्सियूण पंचसंकमो जायदे ११। मायासंजलणोवसमे चउण्हं संकमो होइ १२। दुविहलोहोवसामणाए मिच्छत्त-सम्मामिच्छत्तपयडीणं दोण्हं चेव संकमो जायदे १३।

सत्ताईस प्रकृतिक सत्कर्मके साथ पचीस प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है २। इस प्रकार सत्ताईस प्रकृतिक सत्कर्मके रहते हुए दो ही संक्रमस्थान होते हैं।

§ ३२२. अब छब्बीस प्रकृतिक सत्कर्मवालेके कितने संक्रमस्थान होते हैं यह बतलाते हैं—अनादि मिथ्यादृष्टिके या छब्बीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले सादि मिथ्यादृष्टिके छब्बीस प्रकृतिक सत्कर्मके साथ केवल एक पचीस प्रकृतिक संक्रमस्थान प्राप्त होता है, क्योंकि यहां पर और कोई दूसरा प्रकार सम्भव नहीं है।

§ ३२३. अब चौबीस प्रकृतिक सत्कर्मवाले जीवके संक्रमस्थानोंका विचार करते हैं—जिसने अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना कर दी है ऐसे सम्यग्दृष्टि जीवके चौबीस प्रकृतिक सत्कर्मके साथ तेईस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है १। फिर उसी जीवके उपशमश्रेणि पर चढ़कर अन्तरकरणके बाद आनुपूर्वी संक्रमका प्रारम्भ करने पर बाईस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है २। फिर उसी जीवके नपुंसकवेदका उपशम कर लेने पर इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ३। स्त्रीवेदका उपशम कर लेने पर बीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ४। उसीके छह नोकषायोंके उपशमका आश्रय लेकर चौदह प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ५। पुरुषवेदका उपशम हो जानेपर तेरह प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ६। दो प्रकारके क्रोधके उपशम हो जानेसे ग्यारह प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ७। क्रोधसंज्वलनके उपशमका आश्रय लेकर दस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ८। दो प्रकारके मानका उपशम हो जानेसे आठ प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ९। मानसंज्वलनका उपशम हो जाने पर सात प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है १०। दो प्रकारकी मायाके उपशमका आश्रय लेकर पांच प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है ११। मायासंज्वलनका उपशम होने पर चार प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है १२। और दो प्रकारके लोभका उपशम होने पर मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्व

एवं चउवीससंतकम्मम्मि णिरुद्धे तेरससंकमट्ठाणाणि लब्भंति। णवरि ओदरमाणसम्मिस्सयुग लब्भमाणाणि ट्ठाणाणि एत्थेव पुणरुत्तभावेण पविट्ठाणि। चउवीससंतकम्मियसम्मामिच्छाइट्ठिस्स इगिवीससंकमट्ठाणं दंसणमोहक्खवगस्स मिच्छत्तचरिमफालिपदणाणंतरमुवलब्भमाणबावीसट्ठाणं च पुणरुत्तमेवे त्ति ण पुध परूविदाणि।

§ ३२४. संपहि चउवीससंतकम्मिएण दंसणमोहक्खवणमब्भुट्ठिय मिच्छत्ते खविदे तेवीससंतकम्मं होऊण बावीससंकमो होइ १। तेणेव सम्मामिच्छत्तं खवेंतेण समयूणावलियमेत्तगोवुच्छावसेसे कए तेणेव संतकम्मेण सहिदइगिवीससंकमट्ठाणमुप्पज्जइ २। एवं तेवीसाए दोण्णि चेव संकमट्ठाणाणि भवंति।

§ ३२५. तस्सेव णिस्सेसिदसम्मामिच्छत्तस्स बावीससंतकम्मसहगयमिगिवीस-संकमट्ठाणमेक्कं चेव लब्भदे, तत्थण्णसंभवाणुवलंभादो।

§ ३२६. खइयसम्माइट्ठिम्मि इगिवीससंतकम्माधारमिगिवीससंकमट्ठाणमुविद्ध-मुप्पज्जदि १। पुणो इगिवीससंतकम्मिएण उवसमसेढिमारुहिय आणुपुव्वीसंकमे कदे वीससंकमट्ठाणमेक्कवीससंतकम्माहारमुप्पज्जदि २। उवरि जाणिऊण णेदव्वं। एवं णीदे एक्कवीसाए बारससंकमट्ठाणाणि लब्भंति १२, णवुंस-इत्थिवेद-छण्णोकसाय-पुरिसवेद-

इन दो प्रकृतियोंका ही संक्रम होता है १३। इस प्रकार चौबीस प्रकृतिक सत्कर्मके सद्भावमें तेरह संक्रमस्थान उपलब्ध होते हैं। यहां इतना विशेष और समझना चाहिए कि उपशमश्रेणिसे उतरनेवाले जीवका आश्रय लेकर प्राप्त होनेवाले संक्रमस्थान पुनरुक्त होनेके कारण उनका इन्हींमें अन्तर्भाव हो गया है। तथा चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवके प्राप्त हुआ इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थान और दर्शनमोहकी क्षपणा करनेवाले जीवके मिथ्यात्वकी अन्तिम फालिके पतनके बाद प्राप्त हुआ बाईस प्रकृतिक संक्रमस्थान पुनरुक्त ही हैं इस लिये वे अलगसे नहीं कहे हैं।

§ ३२४. अब जो चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला जीव दर्शनमोहकी क्षपणा करनेके लिये उद्यत होता है उसके मिथ्यात्वका क्षय हो जाने पर तेईस प्रकृतिक सत्कर्मके साथ बाईस प्रकृतिक संक्रमस्थान प्राप्त होता है १। सम्यग्मिथ्यात्वका क्षय करते हुए उसी जीवके उसकी एक समय कम एक आवलिप्रमाण गोपुच्छा कर देने पर उसी तेईस प्रकृतिक सत्कर्मके साथ इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है २। इस प्रकार तेईस प्रकृतिक सत्कर्मके सद्भावमें दो ही संक्रमस्थान होते हैं।

§ ३२५. फिर वही जीव जब सम्यग्मिथ्यात्वका क्षय कर देता है तब उसके बाईस प्रकृतिक सत्कर्मके साथ केवल एक इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थान प्राप्त होता है, क्योंकि वहां पर अन्य संक्रमस्थान नहीं उपलब्ध होते हैं।

§ ३२६. क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीवके इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थानसे सम्बन्ध रखनेवाला इक्कीस प्रकृतिक सत्कर्मस्थान उत्पन्न होता है १। फिर इक्कीस प्रकृतिक सत्कर्मवाले जीवके उपशमश्रेणिपर चढ़ कर आनुपूर्वी संक्रमका प्रारम्भ कर देने पर बीस प्रकृतिक संक्रमस्थानका आधारभूत इक्कीस प्रकृतिक सत्कर्मस्थान उत्पन्न होता है २। आगे जान कर कथन करना चाहिये। इस प्रकार कथन करने पर इक्कीस प्रकृतिक सत्कर्मस्थानके बारह संक्रमस्थान प्राप्त होते हैं १२, क्योंकि

दुविहकोह-कोहसंजलण-दुविहमाण-(माण) संजलण-दुविहमाय-मायसंजलणाणमुवसमेण जहाकमेणूणवीसादिसंकमट्ठाणाणमिगिवीससंतकम्माहाराणमुवलंभादो । पुणो खवगेण अट्ठकसायक्खवणवावदेण समयूणावलियमेत्तगोवुच्छावसेसे कदे तेरससंकमट्ठाणमिगिवीससंतकम्मसंबंधेण समुवलब्भइ । एवं सव्वसमासेण तेरससंकमट्ठाणाणि इगिवीससंतकम्मपडिबद्धाणि भवंति १३ ।

§ ३२७. पुणो अट्ठकसाएसु णिल्लेविदेसु तेरससंतकम्मसंबद्धं तेरसपयडिसंकमट्ठाणमुप्पज्जदि १ । तेणेव समाणिदंतरकरणेण आणुपुव्वीसंकमे कदे बारससंकमट्ठाणं तेरससंतकम्मसहगयमुप्पज्जदि २ । एवमेदाणि दोण्णि तेरससंतकम्मियस्स संकमट्ठाणाणि ।

§ ३२८. एदेणेव णवुंसयवेदे खविदे बारससंतकम्मं होऊणेक्कारससंकमट्ठाणमुवलब्भदे । इत्थिवेदे खविदे एक्कारससंतकम्मं होऊण दससंकमो लब्भदे । छण्णोकसायक्खवणाणंतरं पंचसंतकम्मं होऊण चदुण्हं संकमो जायदे । पुरिसवेदे णवकबंधे खविदे चत्तारि संतकम्माणि होऊण तिण्हं संकमो जायदे । कोहसंजलणे[1] खविदे तिण्णि संतकम्माणि दोण्हं संकमो माणसंजलणे खविदे दोण्णि संतकम्माणि एयपयडिसंकमो च जायदे । एवं संतकम्मट्ठाणेसु संकमट्ठाणाणमणुगमो कदो ।

नपुंसकवेद, स्त्रीवेद, छह नोकषाय, पुरुषवेद, दो प्रकारका क्रोध, क्रोधसंज्वलन, दो प्रकारका मान, मानसंज्वलन, दो प्रकारकी माया और मायासंज्वलन इन प्रकृतियोंका उपशम होनेसे क्रमसे इक्कीस प्रकृतिक सत्कर्मस्थानके आधारसे उन्नीस प्रकृतिक आदि संक्रमस्थान उपलब्ध होते हैं। फिर आठ कषायोंकी क्षपणा करनेवाले क्षपकके एक समय कम एक आवलिप्रमाण गोपुच्छाके शेष रहने पर इक्कीस प्रकृतिक सत्कर्मस्थानके सम्बन्धसे तेरह प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है। इस प्रकार इक्कीस प्रकृतिक सत्कर्मस्थानसे सम्बन्ध रखनेवाले कुल तेरह संक्रमस्थान होते हैं १३।

§ ३२७. पुनः आठ कषायोंका क्षय हो जाने पर तेरह प्रकृतिक सत्कर्मसे सम्बन्ध रखनेवाला तेरह प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है १। फिर इसी जीवके अन्तरकरण करनेके बाद आनुपूर्वी संक्रमका प्रारम्भ कर देने पर तेरह प्रकृतिक सत्कर्मसे सम्बन्ध रखनेवाला बारह प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है। २। इस प्रकार तेरह प्रकृतिक सत्कर्मवालेके ये दो संक्रमस्थान होते हैं।

§ ३२८. पुनः इसी जीवके द्वारा नपुंसकवेदका क्षय कर देने पर बारह प्रकृतिक सत्कर्मके साथ ग्यारह प्रकृतिक संक्रमस्थान उपलब्ध होता है। स्त्रीवेदका क्षय कर देने पर ग्यारह प्रकृतिक सत्कर्म होकर दस प्रकृतिक संक्रमस्थान प्राप्त होता है। छह नोकषायोंका क्षय हो जाने पर पाँच प्रकृतिक सत्कर्म होकर चार प्रकृतिक संक्रमस्थान प्राप्त होता है। पुरुषवेदके नवकबन्धका क्षय हो जाने पर चार प्रकृतिक सत्कर्म होकर तीन प्रकृतिक संक्रमस्थान प्राप्त होता है। क्रोधसंज्वलनका क्षय हो जाने पर तीन प्रकृतिक सत्कर्मके साथ दो प्रकृतिक संक्रमस्थान और मानसंज्वलनका क्षय हो जाने पर दो प्रकृतिक सत्कर्मके साथ एक प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है। इस प्रकार सत्कर्मस्थानोंमें संक्रमस्थानोंका विचार किया।

---

१. ता० प्रतौ लोभसंजलणे इति पाठः।

§ ३२९. संपहि बंधट्ठाणेसु तदणुगमं वत्तइस्सामो। तं जहा—अट्ठावीससंतकम्मियमिच्छाइट्ठिम्मि वावीसबंधट्ठाणं होऊण सत्तावीससंकमो होइ १। तेणेव सम्मत्ते उव्वेल्लिदे छव्वीससंकमो होइ, बंधट्ठाणं पुण तं चेव २। सम्मामिच्छत्ते उव्वेल्लिदे तेणेव बंधट्ठाणेण सह पणुवीससंकमो होइ ३। अणंताणुबंधी विसंजोएदूण मिच्छत्तं गदस्स पढमावलियाए वावीसबंधेण सह तेवीससंकमो होइ ४। एवं वावीसबंधट्ठाणम्मि चत्तारि संकमट्ठाणाणि लद्धाणि।

§ ३३०. सासणसम्माइट्ठिम्मि इगिवीसबंधट्ठाणं होदूण पणुवीससंकमट्ठाणमुप्पज्जदि १। अणंताणु०विसंजोयणापुरस्सरं सासाणं गुणं पडिवण्णस्स पढमावलियाए इगिवीसबंधट्ठाणमिगिवीससंकमट्ठाणाहिट्ठियमुप्पज्जदि २। एवमिगिवीसबंधट्ठाणम्मि दोण्णि चेव संकमट्ठाणाणि होंति।

§ ३३१. सम्मामिच्छाइट्ठिम्मि सत्तारसबंधो होऊण अणंताणुबंधिविसंजोयणाविसंजोयणावसेण इगिवीस-पचवीससंकमट्ठाणाणि होंति २। अट्ठावीससंतकम्मियासंजदसम्माइट्ठिम्मि सत्तारसबंधेण सह सत्तावीसपयडिट्ठाणसंकमो होइ ३। उवसमसम्मत्तग्गहणपढमसमयम्मि वट्टमाणस्स तस्सेव छव्वीससंकमट्ठाणं होइ ४। अणंताणु०विसंजोयणमस्सियूण

§ ३२९. अब बन्धस्थानोंमें उनका अनुगम करके बतलाते हैं। यथा—अट्ठाईस प्रकृतिक सत्कर्मवाले मिथ्यादृष्टिके बाईस प्रकृतिक बन्धस्थान होकर सत्ताईस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है १। इसी जीवके द्वारा सम्यक्त्वकी उद्वेलना कर देने पर छब्बीसप्रकृतिक संक्रमस्थान होता है किन्तु बन्धस्थान वही रहता है २। सम्यग्मिथ्यात्वकी उद्वेलना कर देने पर उसी बन्धस्थानके साथ पचीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ३। अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना करके मिथ्यात्वको प्राप्त हुए जीवके प्रथम आवलिमें बाईस प्रकृतिक बन्धस्थानके साथ तेईस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ४। इस प्रकार बाईस प्रकृतिक बन्धस्थानमें चार संक्रमस्थान प्राप्त हुए।

§ ३३०. सासादनसम्यग्दृष्टि जीवके इक्कीस प्रकृतिक बन्धस्थान होकर पच्चीस प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है १। तथा अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजनापूर्वक सासादनको प्राप्त हुए जीवके प्रथम आवलिमें इक्कीस प्रकृतिक बन्धस्थानसे सम्बन्ध रखनेवाला इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है २। इस प्रकार इक्कीस प्रकृतिक बन्धस्थानमें दो ही संक्रमस्थान होते हैं।

§ ३३१. सम्यग्मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें सत्रह प्रकृतिक बन्धस्थान होकर इक्कीस प्रकृतिक और पचीस प्रकृतिक ये दो संक्रमस्थान होते हैं। इनमेंसे जिसने पूर्वमें अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना की है उसके इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है और जिसने अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना नहीं की है उसके पच्चीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है २। अट्ठाईस प्रकृतियोंकी सत्तावाले असंयतसम्यग्दृष्टि गुणस्थानमें सत्रहप्रकृतिक बन्धस्थानके साथ सत्ताईस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ३। उपशमसम्यक्त्वको ग्रहण करनेके प्रथम समयमें विद्यमान उसी जीवके छब्बीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ४। अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजनाका आश्रय करके तेईस प्रकृतिक

१. ता० प्रतौ विसंजोएदूण इति पाठः।

तेवीससंकमो जायदे ५। तेणेव इत्थिवेदे उवसामिदे मिच्छत्तक्खवणमस्सिदूण बावीससंकमो होदि ६। तेणेव सम्मामिच्छत्ते खविदे इगिवीससंकमो जायदे। एवं सत्तरसबंधट्ठाणम्मि छच्चेव संकमट्ठाणाणि भवंति।

§ ३३२. संजदासंजदम्मि तेरसबंधो होदूण सत्तावीससंकमो होइ १। तस्सेव पढमसम्मत्तविसेसिदसंजमासंजमग्गहणपढमसमयम्मि वट्टमाणस्स छव्वीससंकमो होइ २। विसंजोइदाणंताणुबंधिचउक्कस्स तेवीससंकमो जायदे ३। तेणेव मिच्छत्ते खविदे बावीससंकमो होइ ४। सम्मामिच्छत्ते खविदे इगिवीससंकमो जायदे ५। एवं तेरसबंधम्मि णिरुद्धे पंच संकमट्ठाणाणि भवंति।

§ ३३३. पमत्तापमत्तसंजदेसु णवपयडिबंधट्ठाणं होदूण सत्तावीससंकमो होइ १। अणादियमिच्छाइट्ठिणा उवसमसम्मत्तं संजमं च जुगवं पडिवण्णस्स पढमसमए णवबंधट्ठाणेण सह छव्वीससंकमो होइ २। अणंताणुबंधिविसंजोयणापरिणदपमत्तापमत्तसंजदाणं तेणेव बंधट्ठाणेणाणुविद्धं तेवीससंकमट्ठाणं होइ ३। तत्थेव मिच्छत्तक्खवणमस्सिदूण बावीससंकमट्ठाणमुवलंभो ४। सम्मामिच्छत्तक्खवणमवलंबिय इगिवीससंकमट्ठाणसमुवलंभो ५। एवं णवबंधट्ठाणम्मि पंचेव संकमट्ठाणाणि लब्भंति।

संक्रमस्थान होता है ५। मिथ्यात्वके क्षपणका आश्रय करके बाईस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ६। इसी जीवके द्वारा सम्यग्मिथ्यात्वका क्षय कर देनेपर इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है। इस प्रकार सत्रह प्रकृतिक बन्धस्थानमें छह ही संक्रमस्थान होते हैं।

§ ३३२. संयतासंयत गुणस्थानमें तेरह प्रकृतिक बन्धस्थान होकर सत्ताईस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है १। प्रथम सम्यक्त्वके साथ संयमासंयमको ग्रहण करनेके प्रथम समयमें विद्यमान उस जीवके छब्बीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है २। अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना करके स्थित हुए उसी जीवके तेईस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ३। उसी जीवके द्वारा मिथ्यात्वका क्षय कर देनेपर बाईस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ४। सम्यग्मिथ्यात्वका क्षय कर देनेपर इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ५। इस प्रकार तेरह प्रकृतिक बन्धस्थानके रहते हुए पाँच संक्रमस्थान होते हैं।

§ ३३३. प्रमत्तसंयत और अप्रमत्तसंयत गुणस्थानमें नौ प्रकृतिक बन्धस्थान होकर सत्ताईस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है १। प्रथमोपशम सम्यक्त्व और संयमको एक साथ प्राप्त होनेवाले जीवके प्रथम समयमें नौ प्रकृतिक बन्धस्थानके साथ छब्बीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है २। अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजनारूपसे परिणत हुए प्रमत्तसंयत और अप्रमत्तसंयत जीवोंके उसी बन्धस्थानसे अनुविद्ध तेईस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ३। वहीं पर मिथ्यात्वके क्षपणका आश्रय कर बाईस प्रकृतिक संक्रमस्थान प्राप्त होता है ४। तथा सम्यग्मिथ्यात्वके क्षपणका अवलम्बन कर इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थान उपलब्ध होता है। इस प्रकार नौप्रकृतिक बन्धस्थानमें पाँच ही संक्रमस्थान उपलब्ध होते हैं।

---

१. ताप्रतौ जायदे ५। तेणेव इत्थिवेदे उवसामिदे इति पाठः।

§ ३३४. चउवीससंतकम्मियाणियट्टिगुणट्ठाणम्मि पंचपयडिबंधट्ठाणेण सह तेवीस-संकमो होइ १। तत्थेवाणुपुव्वीसंकमवसेण बावीससंकमो होइ २। णवुंसयवेदोवसामणाए इगिवीससंकमो ३। इत्थिवेदोवसामणाए वीससंकमो होइ ४। पुणो इगिवीस-संतकम्मिओवसामगेणाणुपुव्वीसंकमं काऊण णवुंसयवेदे उवसामिदे एगूणवीसं संकमो होइ ५। तेणेव इत्थिवेदे उवसामिदे अट्ठारससंकमो होइ ६। खवगेण अट्ठकसाएसु खविदेसु तेरससंकमो जायदे ७। अंतरकरणं करिय आणुपुव्वीसंकमे कदे बारससंकमो होइ ८। णवुंसयवेदे खविदे एक्कारससंकमो जायदे ९। इत्थिवेदक्खवणाए दससंकमो जायदे १०। एवं पंचपयडिबंधट्ठाणम्मि दस संकमट्ठाणाणि भवंति।

§ ३३५. संपहि चउण्हं बंधट्ठाणम्मि संकमट्ठाणगवेसणा कीरदे—चउवीससंत-कम्मियोवसामगेण छण्णोकसायाणमुवसामणाए कदाए णिरुद्धबंधट्ठाणेण सह चोद्दस-संकमट्ठाणमुप्पज्जइ १, तदवत्थाए पुरिसवेदबंधुवरमदंसणादो। तत्थेव पुरिसवेदे उवसामिदे तेरससंकमो जायदे २। इगिवीससंतकम्मिएण छण्णोकसाएसु उवसामिदेसु बारससंकमो होइ ३। पुरिसवेदोवसमे एक्कारससंकमो होइ ४। खवगेण छण्णोकसाएसु खविदेसु चउण्हं संकमो होइ ५। पुरिसवेदे खविदे तिण्हं संकमो जायदे ६। एवं चउव्विहबंधगम्मि छच्चेव संकमट्ठाणाणि भवंति, पुरिसवेदोदए णिरुद्धे अण्णेसिमणुव-

§ ३३४. चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले अनिवृत्तिकरण गुणस्थानमें पाँच प्रकृतिक बन्धस्थानके साथ तेईस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है १। वहीं पर आनुपूर्वीसंक्रमके कारण बाईस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है २। नपुंसकवेदका उपसम हो जाने पर इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ३। स्त्रीवेदका उपसम हो जाने पर बीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ४। फिर इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले उपशामक जीवके द्वारा आनुपूर्वी संक्रमका प्रारम्भ करनेके बाद नपुंसकवेदका उपशम कर लेने पर उन्नीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ५। उसीके द्वारा स्त्री-वेदका उपशम कर देने पर अठारह प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ६। क्षपकके द्वारा आठ कषायोंका क्षय कर देने पर तेरह प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ७। अन्तरकरण करनेके बाद आनुपूर्वी संक्रमका प्रारम्भ कर लेने पर बारह प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ८। नपुंसकवेदका क्षय कर देनेपर ग्यारह प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ९। स्त्रीवेदका क्षय कर देनेपर दस प्रकृतिक संक्रम-स्थान होता है १०। इस प्रकार पाँच प्रकृतिक बन्धस्थानमें दस संक्रमस्थान होते हैं।

§ ३३५. अब चार प्रकृतिक बन्धस्थानमें संक्रमस्थानोंका विचार करते हैं—चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले उपशामक जीवके द्वारा छह नोकषायोंका उपशम कर लेने पर विवक्षित बन्धस्थानके साथ चौदह प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है १, क्योंकि इस अवस्थामें पुरुषवेदके बन्धका अभाव देखा जाता है। वहीं पर पुरुषवेदका उपशम हो जाने पर तेरह प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है २। इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके द्वारा छह नोकषायोंका उपसम कर देने पर बारह प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ३। पुरुषवेदका उपशम हो जाने पर ग्यारह प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ४। क्षपकके द्वारा छह नोकषायोंका क्षय कर देने पर चार प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ५। पुरुषवेदका क्षय कर देने पर तीन प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ६। इस प्रकार चार प्रकृतिक बन्धस्थानमें छह ही संक्रमस्थान होते हैं, क्योंकि पुरुषवेदके उदयके सद्भावमें

लंभादो। सेसवेदोदयविवक्खाए पुण तिपुरिससंबंधेण वीसट्ठारसादिसंकमट्ठाणाणं संभवो अणुगंतव्वो।

§ ३३६. संपहि तिविहबंधट्ठाणे संकमट्ठाणाणं परूवणा कीरदे—चउवीससंतकम्मिएण कोहसंजलणबंधवोच्छेदे कदे सेससंजलणतियबंधाहिट्ठियमेक्कारससंकमट्ठाणं होइ १। कोहसंजलणे उवसामिदे दससंकमो जायदे २। इगिवीससंतकम्मिएण दुविहकोहोवसमे कदे णवण्हं संकमो होइ ३। कोहसंजलणे उवसामिदे अट्ठण्हं संकमो होइ ४। खवगेण कोहसंजलणबंधवोच्छेदे कदे तिण्हं संकमो, कोहसंजलणणवकबंधसंकामयम्मि तदुवलंभादो ५। तेणेव कोहसंजलणे णिस्संतीकए दोण्हं संकमट्ठाणमुप्पज्जदि ६।

§ ३३७. संपहि दुविहबंधयस्स उच्चदे—चउवीससंतकम्मियोवसामयेण दुविहमाणोवसमे कदे अट्ठण्हं संकमट्ठाणमुप्पज्जदे १। तेणेव माणसंजलणोवसमे कदे सत्तण्हं संकमो जायदे २। इगिवीससंतकम्मियोवसामगेण दुविहमाणोवसमे कदे छण्हं संकमो होइ ३। माणसंजलणोवसमे कदे पंचण्हं संकमो जायदे ४। खवगेण माणसंजलणबंधवोच्छेदे कदे तण्णवकबंधसंकममस्सिऊण दोण्हं संकमो होइ ५। तम्मि चेव णिस्संतीकए एक्किस्से संकमो जायदे ६। एवमेत्थ वि छण्हं संकमट्ठाणाणं संभवो दट्ठव्वो।

अन्य संक्रमस्थानोंका पाया जाना सम्भव नहीं है। किन्तु शेष वेदोंके उदयकी विवक्षा होनेपर तो तीन पुरुषोंके सम्बन्धसे बीस, अठारह आदि संक्रमस्थान सम्भव हैं उनका विचार कर लेना चाहिए।

§ ३३६. अब तीन प्रकृतिक बन्धस्थानमें संक्रमस्थानोंका कथन करते हैं—चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके द्वारा क्रोधसंज्वलनकी बन्धव्युच्छित्ति कर देने पर शेष संज्वलन-सम्बन्धी तीन प्रकृतिक बन्धस्थानके साथ ग्यारह प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है १। क्रोधसंज्वलनका उपशम कर देने पर दस प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है २। इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके द्वारा दो प्रकारके क्रोधका उपशम कर देने पर नौ प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ३। क्रोधसंज्वलनका उपशम कर देने पर आठ प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ४। क्षपक जीवके द्वारा क्रोधसंज्वलनकी बन्धव्युच्छित्ति कर देने पर तीन प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है, क्योंकि क्रोध संज्वलनके नवक बन्धके संक्रम करने पर इस स्थानकी उपलब्धि होती है ५। इसी जीवके द्वारा क्रोध संज्वलनके निःसत्त्व कर देने पर दो प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है ६।

§ ३३७. अब दो प्रकृतिक बन्धस्थानवाले जीवके संक्रमस्थान बतलाते हैं—चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले उपशामक जीवके द्वारा दो प्रकारके मानका उपशम कर देने पर आठ प्रकृतिक संक्रमस्थान उत्पन्न होता है १। उसी जीवके द्वारा मानसंज्वलनका उपशम कर देने पर सात प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है २। इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले उपशामकके द्वारा दो प्रकारके मानका उपशम कर देने पर छह प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ३। मानसंज्वलनका उपशम कर देने पर पाँच प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ४। क्षपकके द्वारा मानसंज्वलनकी बन्धव्युच्छित्ति कर देने पर उसके नवकबन्धके संक्रमके आश्रयसे दो प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ५। उसी नवकबन्धके निःसत्त्व कर देने पर एक प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ६। इस प्रकार यहाँपर

३३८. एगपयडिबंधणिरुद्धे पंच संकमट्ठाणाणि लब्भंति । तं जहा—चउवीससंतकम्मियोवसामगस्स दुविहमायोवसमे मायसंजलणणवगबंधेण सह पंचण्हं संकमो १ । मायासंजलणोवसमे चउण्हं संकमो २ । इगिवीससंतकम्मियस्स दुविहमायोवसमे मायासंजलणणवकबंधेण सह तिण्हं संकमो ३ । तम्हि उवसामिदे दोण्हं संकमो ४ । खवगस्स लोभसंजलणबंधयस्स मायासंजलणसंकमो एक्को चेव लब्भदे ५ । एवं बंधट्ठाणेसु संकमट्ठाणाणं परूवणा कया ।

§ ३३९. एवमेगसंजोगपरूवणं काऊण संपहि 'बंधेण य संकमट्ठाणे' इदि सुत्तावयवमवलंबिय दुसंजोगपरूवणं वत्तइस्सामो । तत्थ ताव बंध-संतट्ठाणाणं[1] दुसंजोगमाहारभूदं काऊण संकमट्ठाणगवेसणा कीरदे । तं जहा—अट्ठावीससंतकम्मं बावीसबंधट्ठाणं च अण्णोण्णसहगयमाहारभूदं कादूण एदाणि संकमट्ठाणाणि भवंति २७, २६, २३ । पुणो अट्ठावीससंतकम्ममिगिवीसबंधट्ठाणं च सहभूदमाधारं काऊण पणुवीस-इगिवीससण्णिदाणि दोण्णि संकमट्ठाणाणि लब्भंति २५, २१ । तं चेव संतट्ठाणं[2] सत्तारसबंधसहगदमस्सिऊण २७, २६, २५, २३ एदाणि चत्तारि संकमट्ठाणाणि संभवंति । तम्मि चेव कम्मंसियट्ठाणम्मि तेरस-णवविहबंधट्ठाणसहगयम्मि पादेक्कं सत्तावीस-

भी छह ही संक्रमस्थान सम्भव जानने चाहिये ।

§ ३३८. एक प्रकृतिक बन्धस्थानके सद्भावमें पाँच संक्रमस्थान प्राप्त होते हैं । यथा—चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले उपशामक जीवके दो प्रकारकी मायाका उपशम हो जाने पर मायासंज्वलनके नवक बन्धके साथ पाँच प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है १ । मायासंज्वलनके उपशम हो जाने पर चार प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है २ । इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके दो प्रकारकी मायाका उपशम हो जाने पर मायासंज्वलनके नवकबन्धके साथ तीन प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ३ । नवकबन्धका उपशम कर देने पर दो प्रकृतिक संक्रमस्थान होता है ४ । तथा क्षपक जीवके लोभसंज्वलनका बन्ध होते हुए मायासंज्वलनका संक्रमरूप एक ही संक्रमस्थान प्राप्त होता है ५ । इस प्रकार बन्धस्थानोंमें संक्रमस्थानोंका कथन किया ।

§ ३३९. इस प्रकार एकसंयोगी भंगोंका कथन करके अब 'बन्धेण य संकमट्ठाणे' इस सूत्र वचनका अवलम्बन लेकर दो संयोगी स्थानोंका कथन करते हैं । उसमें भी बन्धस्थान और सत्कर्मस्थान इन दोनोंके संयोगको आधारभूत मानकर संक्रमस्थानोंका विचार करते हैं । यथा—अट्ठाईस प्रकृतिक सत्कर्मस्थान और बाईस प्रकृतिक बन्धस्थान इन दोनोंके परस्पर संयोगको आधारभूत करके २७, २६ और २३ प्रकृतिक ये तीन संक्रमस्थान होते हैं । पुनः अट्ठाईस प्रकृतिक सत्कर्मस्थान और इक्कीस प्रकृतिक बन्धस्थान इन दोनोंके संयोगको आधारभूत करके पच्चीस और इक्कीस प्रकृतिक दो संक्रमस्थान प्राप्त होते हैं २५, २१ । उसी सत्कर्मस्थानको सत्रह प्रकृतिक बन्धस्थानके साथ प्राप्त करके २७, २६, २५ और २३ प्रकृतिक ये चार संक्रमस्थान सम्भव हैं । तेरह और नौ प्रकृतिक बन्धस्थानोंके साथ प्राप्त हुए उसी सत्कर्मस्थानके सद्भावमें प्रत्येकमें

१. ता०-आ० प्रत्योः ताव संकमट्ठाणाण इति पाठः । २. आ०प्रतौ संकमट्ठाण इति पाठः ।

छब्बीस-तेवीससण्णिदाणि तिण्णि संकमट्ठाणाणि लब्भंति २७, २६, २३। उवरिम-बंधट्ठाणेसु णिरुद्धसंतकम्मट्ठाणसंभवो णत्थि। एदेणेव कमेण एक्केक्कसंतकम्मट्ठाणं जहासंभवं सव्वबंधट्ठाणेसु संजोजिय तत्थ संकमट्ठाणाणमियत्तासंभवो मग्गणिज्जो। अथवा बंधट्ठाणं धुवं कादूण जहासंभवसंतकम्मट्ठाणेसु संजोजिय तत्थ संभवंताणं संकमट्ठाणाणं गवेसणा कायव्वा। तं कथं? अट्ठावीससंतकम्मं बावीसबंधट्ठाणं च होदूण २७, २६, २३[1] एदाणि तिण्णि संकमट्ठाणाणि भवंति। तम्मि चेव बंधट्ठाणे सत्तावीससंतकम्मसहगए २६, २५ एदाणि दोण्णि संकमट्ठाणाणि भवंति। छब्बीससंतं बावीसबंधो च होदूण पणुवीससंकमट्ठाणमेक्कं चेव लब्भइ २५। एवं बावीसबंध-सहगएसु संतकम्मट्ठाणेसु संकमट्ठाणपरूवणा कया।

§ ३४०. संपहि इगिवीसबंधट्ठाणमट्ठावीससंतकम्मं च होदूण पणुवीस-इगिवीस-सण्णिदाणि दोण्णि संकमट्ठाणाणि भवंति २५, २१। इगिवीसबंधट्ठाणे णिरुद्धे णत्थि अण्णो संतकम्मवियप्पो। अट्ठावीससंतं सत्तारसबंधो च होदूण २७, २६, २५, २३ एदाणि संकमट्ठाणाणि भवंति। चउवीससंतं सत्तारसबंधो च होदूण २३, २२, २१ एदाणि संकमट्ठाणाणि भवंति। पुणो तम्मि चेव बंधट्ठाणे तेवीससंतकम्मट्ठाणेण सह गदे बावीस-इगिवीससंकमट्ठाणाणि लब्भंति २२, २१। पुणो तम्मि चेव बंधट्ठाणे

सत्ताईस, छब्बीस और तेईस प्रकृतिक तीन संक्रमस्थान प्राप्त होते हैं २७, २६, २३। इसके आगेके बन्धस्थानोंमें विवक्षित २८ प्रकृतिक सत्कर्मस्थान सम्भव नहीं है। इस प्रकार इस क्रमसे एक एक सत्कर्मस्थानका यथासम्भव सब बन्धस्थानोंके साथ संयोग करके वहाँ पर संक्रमस्थानोंके परिमाणका विचार कर लेना चाहिये। अथवा बन्धस्थानको ध्रुव करके और उससे यथासम्भव सत्कर्मस्थानोंका संयोग करके वहाँपर सम्भव संक्रमस्थानोंका विचार कर लेना चाहिये। यथा— अट्ठाईस प्रकृतिक सत्कर्मस्थान और बाईस प्रकृतिक बन्धस्थान होकर २७, २६ और २३ प्रकृतिक ये तीन संक्रमस्थान होते हैं। इसी बन्धस्थानके सत्ताईस प्रकृतिक सत्कर्मस्थानके साथ प्राप्त होनेपर २६ और २५ प्रकृतिक ये दो संक्रमस्थान होते हैं। छब्बीस प्रकृतिक सत्कर्मस्थान और बाईस प्रकृतिक बन्धस्थान होकर एक पच्चीस प्रकृतिक संक्रमस्थान प्राप्त होता है २५। इस प्रकार बाईस प्रकृतिक बन्धस्थानके साथ प्राप्त हुए सत्कर्मस्थानोंमें संक्रमस्थानोंका कथन किया।

§ ३४०. इक्कीस प्रकृतिक बन्धस्थान और अट्ठाईस प्रकृतिक सत्त्वस्थान होकर पच्चीस और इक्कीस प्रकृतिक दो संक्रमस्थान होते हैं २५, २१। इक्कीस प्रकृतिक बन्धस्थानके सद्भावमें अन्य सत्कर्मस्थानका विकल्प नहीं होता। अट्ठाईस प्रकृतिक सत्कर्मस्थान और सत्रह प्रकृतिक बन्धस्थान होकर २७, २६, २५ और २३ प्रकृतिक ये चार संक्रमस्थान होते हैं। चौबीस प्रकृतिक सत्त्वस्थान और सत्रह प्रकृतिक बन्धस्थान होकर २३, २२ और २१ प्रकृतिक ये तीन संक्रमस्थान होते हैं। पुनः तेईस प्रकृतिक सत्कर्मस्थानके साथ उसी बन्धस्थानके प्राप्त होने पर बाईस प्रकृतिक और इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थान होते हैं २२, २१। पुनः बाईस प्रकृतिक सत्कर्मस्थानके साथ उसी बन्ध-

१. ता०प्रतौ २४ इति पाठः।

वावीससंतकम्मेण सह गदे इगिवीससंकमट्ठाणमेक्कं चेव होइ, तत्थ पयारंतरासंभवादो। पुणो इगिवीससंतं सत्तारसबंधो च होऊण इगिवीससंकमट्ठाणमेक्कं चेव लब्भइ, णत्थि अण्णो वियप्पो। एवमुवरिमबंधट्ठाणेसु वि जहासंभवं संतकम्मट्ठाणविसेसिदेसु पादेक्कं संकमट्ठाणसंभवो गवेसणिज्जो।

§ ३४१. संपहि अण्णो दुसंजोगपयारो उच्चदे। तं जहा—'बंधेण य संकमट्ठाणे' बंधट्ठाणेहि सह संकमट्ठाणाणि समाणय? कम्हि त्ति पुच्छिदे कम्मंसियट्ठाणेसु त्ति अहिसंबंधो कायव्वो। संतकम्मियट्ठाणाणि आहारभूदाणि ठविय तेसु बंध-संकमट्ठाणाणं दुसंजोगो णेदव्वो त्ति उत्तं होइ। एदं च देसामासयं तेण बंधट्ठाणेसु संत-संकमट्ठाणाणं दुसंजोगो समाणेयव्वो, संकमट्ठाणेसु च बंध-संतट्ठाणाणं दुसंजोगो सम्ममाणुपुव्वीए णेदव्वो त्ति।

§ ३४२. एत्थ ताव संतकम्मट्ठाणेसु बंध-संकमट्ठाणाणं दुसंजोगस्स समाणणविही उच्चदे। तं जहा—अट्ठावीससंतकम्ममाहारं काऊण २२, २१, १७, १३, ९ बंधट्ठाणाणि २७, २६, २५, २३, २१ एदाणि च संकमट्ठाणाणि लब्भंति। सत्तावीस-संतकम्मे णिरुद्धे २२ बंधो २६, २५ संकमो च लब्भइ। छव्वीससंतकम्मम्मि वावीस-बंधो पणुवीससंकमो च लब्भइ। एवमुवरिमसंतकम्मट्ठाणेसु वि जहासंभवं बंध-संकम-ट्ठाणाणं दुसंजोगो अणुगंतव्वो।

स्थानके प्राप्त होने पर इक्कीस प्रकृतिक एक ही संक्रमस्थान होता है, क्योंकि यहाँ पर और कोई दूसरा प्रकार सम्भव नहीं है। पुन. इक्कीस प्रकृतिक सत्कर्मस्थान और सत्रह प्रकृतिक बन्धस्थान होकर इक्कीस प्रकृतिक एक ही संक्रमस्थान प्राप्त होता है, क्योंकि यहाँ अन्य विकल्प सम्भव नहीं है। इसी प्रकार यथासम्भव सत्कर्मस्थानोंसे युक्त आगेके बन्धस्थानोंमें भी अलग अलग संक्रम-स्थानोंका विचार कर लेना चाहिये।

§ ३४१ अब अन्य प्रकारसे दो संयोगी प्रकारका कथन करते हैं। यथा—'बंधेण य संकमट्ठाणे' बन्धस्थानोंके साथ संक्रमस्थानोंको ले आना चाहिये। कहाँ ले आना चाहिए? सत्कर्मस्थानोंमे ऐसा यहाँ सम्बन्ध कर लेना चाहिये। अर्थात् सत्कर्मस्थानोंको आधार रूपसे स्थापित कर उनमे बन्धस्थानों और संक्रमस्थानोंके दो संयोगको घटित कर लेना चाहिये यह उक्त कथनका तात्पर्य है। यतः यह वचन देशामर्षक है अत. बन्धस्थानोंमें सत्कर्मस्थानो और संक्रमस्थानोंका दो संयोग घटित कर लेना चाहिये। तथा संक्रमस्थानोंमें बन्धस्थानों और सत्कर्मस्थानोंका दो संयोग भले प्रकार आनुपूर्वीक्रमसे घटित कर लेना चाहिये।

§ ३४२. यहाँ सर्व प्रथम सत्कर्मस्थानोंमें बन्धस्थानों और संक्रमस्थानोंके दो संयोगको घटित कर लेनेकी विधि कहते हैं। यथा—अट्ठाईस प्रकृतिक सत्कर्मस्थानको आधार करके २२, २१, १७, १३ और ९ प्रकृतिक ये पाँच बन्धस्थान और २७, २६, २५, २३ और २१ प्रकृतिक ये पाँच संक्रमस्थान प्राप्त होते हैं। सत्ताईस प्रकृतिक सत्कर्मस्थानके रहते हुए २२ प्रकृतिक बन्धस्थान तथा २६ और २५ प्रकृतिक संक्रमस्थान प्राप्त होते हैं। छब्बीस प्रकृतिक सत्कर्मस्थानके रहते हुए बाईस प्रकृतिक बन्धस्थान और पचीस प्रकृतिक संक्रमस्थान प्राप्त होता है। इसी प्रकार आगेके सत्कर्मस्थानोंमें भी यथासम्भव बन्धस्थानों और संक्रमस्थानोंके दो संयोगको जान लेना चाहिये।

§ ३४३. संपहि बंधट्ठाणेसु सेसदुगसंजोगो णिज्जदे । तं जहा—२२ बंधो होऊण २८, २७, २६ संतकम्मट्ठाणाणि २७, २६, २५, २३ संकमट्ठाणाणि च लब्भंति । इगिवीसबंधट्ठाणम्मि २८ संतकम्मं २५, २१ संकमट्ठाणाणि च भवंति । सत्तारसबंधट्ठाणम्मि २८, २४, २३, २२, २१ संतकम्मट्ठाणाणि २७, २६, २५, २३, २२, २१ संकमट्ठाणाणि च भवंति । एवमुवरिमबंधट्ठाणेसु वि एक्केक्कणिरुंभणं काऊण तत्थ सेसदुगसंजोगो जहासंभवमणुमग्गणिज्जो जाव एक्किस्से बंधट्ठाणमिदि ।

§ ३४४. संपहि संकमट्ठाणेसु बंध-संतट्ठाणाणं दुसंजोगस्साणयणकमो उच्चदे । तं जहा—सत्तावीससंकमे णिरुद्धे अट्ठावीससंतं २२, १७, १३, ९ बंधट्ठाणाणि च भवंति । छव्वीससंकमट्ठाणम्मि २८, २७ संतकम्मट्ठाणाणि २२, १७, १३, ९ बंधट्ठाणाणि च भवंति । पणुवीससंकमट्ठाणम्मि २८, २७, २६ संतकम्मट्ठाणाणि २२, २१, १७ बंधट्ठाणाणि च भवंति । २३ संकमट्ठाणे २८, २४ संतट्ठाणाणि २२, १७, १३, ९, ५ बंधट्ठाणाणि च भवंति । एवमुवरिमसंकमट्ठाणाणं[1] पि पादेक्कं णिरुंभणं काऊण तत्थ संतकम्मट्ठाणाणि[2] बंधट्ठाणाणि च दुसंजोगविसिट्ठाणि णेदव्वाणि जाव एगसंकमट्ठाणे त्ति । एवं णीदे दुसंजोगपरूवणा समत्ता होइ । एसो च सव्वो अदीदगाहासुत्तपबंधो संकम-पडिग्गह-तदुभयट्ठाणसमुक्कित्तणाए सामित्तगब्भिणीए[3] पडिबद्धो,

§ ३४३. अब बन्धस्थानोंमें शेष दो संयोगी स्थानोंका विचार करते हैं। यथा बाईस प्रकृतिक बन्धस्थान होकर २८, २७ और २६ प्रकृतिक तीन सत्कर्मस्थान और २७, २६, २५ और २३ प्रकृतिक चार संक्रमस्थान प्राप्त होते हैं। इक्कीस प्रकृतिक बन्धस्थानमें २८ प्रकृतिक सत्कर्मस्थान तथा २५ और २१ प्रकृतिक संक्रमस्थान होते हैं। सत्रह प्रकृतिक बन्धस्थानमें २८, २४, २३, २२ और २१ प्रकृतिक सत्कर्मस्थान और २७, २६, २५, २३, २२ और २१ प्रकृतिक संक्रमस्थान होते हैं। इसी प्रकार एक प्रकृतिक बन्धस्थानके प्राप्त होनेतक आगेके बन्धस्थानोंमेंसे भी एक एकको विवक्षित करके उसमें यथासम्भव शेष दो संयोगी स्थानोंका विचार कर लेना चाहिये।

§ ३४४. अब संक्रमस्थानोंमें बन्धस्थानों और सत्कर्मस्थानोंके दो संयोगके लानेका क्रम कहते हैं। यथा—सत्ताईस प्रकृतिक संक्रमस्थानके सद्भावमें २८ प्रकृतिक सत्कर्मस्थान और २२, १७, १३ और ९ प्रकृतिक बन्धस्थान होते हैं। छब्बीस प्रकृतिक संक्रमस्थानमें २८ और २७ प्रकृतिक सत्कर्मस्थान और २२, १७, १३ और ९ प्रकृतिक बन्धस्थान होते हैं। पच्चीस प्रकृतिक संक्रमस्थानमें २८, २७ और २६ प्रकृतिक सत्कर्मस्थान तथा २२, २१ और १७ प्रकृतिक बन्धस्थान होते हैं। २३ प्रकृतिक संक्रमस्थानमें २८ और २४ प्रकृतिक सत्कर्मस्थान तथा २२, १७, १३, ९ और ५ प्रकृतिक बन्धस्थान होते हैं। इस प्रकार एक प्रकृतिक संक्रमस्थानके प्राप्त होने तक आगेके सब संक्रमस्थानोंमेंसे भी प्रत्येकको विवक्षित करके उसमें सत्कर्मस्थानों और बन्धस्थानोंके दो संयोगी स्थानोंका विचार कर लेना चाहिये। इस प्रकार विचार करनेपर दो संयोगी प्ररूपणा समाप्त होती है। ३० यह सब अतीत गाथासूत्रोंका कथन स्वामित्वको सूचित करनेवाले संक्रमस्थानों,

१. ता०प्रतौ एवमुवरि सकमट्ठाणाणं इति पाठः। २. आ०प्रतौ संकमट्ठाणाणि इति पाठः। ३. ता०प्रतौ -गब्भणीए ? आ०प्रतौ -गब्भणाए इति पाठः।

ओघादेसेहि तप्परूवणाए चेव णिबद्धाणमदीदसव्वगाहाणमुवलंभादो ।

§ ३४५. संपहि जत्थतत्थाणुपुव्वीए सेसाणमणियोगद्दाराणं णामणिद्देसकरणट्ठ-मुवरिमगाहासुत्ताणं दोण्हमवयारो[1]—'सादिय जहण्ण संकम०' एत्थ सादि-जहण्ण-ग्गहणेण सादि-अणादि-धुव-अद्धुव-सव्व-णोसव्व-उक्कस्साणुक्कस्स-जहण्णाजहण्णसंकम-सण्णिदाणमणियोगद्दाराणं संगहो कायव्वो, देसामासयभावेणेदस्सवट्ठाणादो। संकमग्गहण-मेदेसिमणियोगद्दाराणं पयडिट्ठाणसंकमविसयत्तं सूचेदि । 'कदिखुत्तो०' एवं उत्ते एक्केक्कम्हि संकमट्ठाणम्मि कदिगुणो जीवरासी होइ त्ति पुच्छिदं हवइ । एदेणप्पा-बहुआणिओगद्दारं सूचिदं । 'अविरहिद'ग्गहणेण एयजीवेण कालो, 'सांतर'ग्गहणेण वि एयजीवेणंतरं सूचिदं, 'केवचिरं' गहणेण दोण्हं पि विसेसणादो । 'कदिभाग परिमाणं' इच्चेदेण भागाभागस्स संगहो कायव्वो, सव्वजीवरासिस्स कइत्थओ भागो केसिं संकमट्ठाणाणं संकामयजीवरासिपमाणं होइ त्ति पुच्छाए अवलंबणादो ।।३१।।

§ ३४६. 'एवं दव्वे खेत्ते०' अत्र 'एवं' इत्यनेन नानाजीवसंबंधिनो भंगविचयस्य

प्रतिग्रहस्थानों और तदुभयस्थानोंके कथनसे सम्बन्ध रखता है, क्योंकि ओघ और आदेशसे इसके कथन करनेमें ही अतीत सब गाथाओंका व्यापार देखा जाता है ।

§ ३४५. अब यत्रतत्रानुपूर्वीके क्रमसे शेष अनुयोगद्वारोंके नामका निर्देश करनेके लिये ही आगेके दो गाथासूत्र आये हैं—'सादिय जहण्ण संकम०' इसमें जो 'सादि जहण्ण' पदका ग्रहण किया है सो इससे सादि, अनादि, ध्रुव, अध्रुव, सर्व, नोसर्व, उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्यसंक्रम संज्ञावाले अनुयोगद्वारोंका संग्रह करना चाहिये, क्योंकि देशामर्षकभावसे यह पद अवस्थित है । 'संक्रम' पद, ये अनुयोगद्वार प्रकृति संक्रमस्थानसे सम्बन्ध रखते हैं, यह सूचित करता है । 'कदिखुत्तो०' ऐसा कहनेपर एक एक संक्रमस्थानमें कितनीगुणी जीवराशि होती है यह पृच्छा की गई है । इससे अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार सूचित होता है । 'अविरहिद' पदके ग्रहण करनेसे एक जीवकी अपेक्षा काल और 'सांतर' पदके ग्रहण करनेसे भी एक जीवकी अपेक्षा अन्तर ये अनुयोगद्वार सूचित होते हैं, क्योंकि 'केवचिरं' पदके ग्रहण करनेसे यह 'अविरहिद' और 'सांतर' इन दोनोंका विशेषण है यह सिद्ध होता है । तथा 'कदिभाग परिमाणं' इसद्वारा भागाभागका संग्रह करना चाहिए, क्योंकि इस पदमें किन संक्रमस्थानोंके संक्रामक जीवराशिका प्रमाण सब जीवराशिका कितना भाग है इस पृच्छाका अवलम्बन लिया गया है ।

विशेषार्थ—आशय यह है कि इस ३१ वीं गाथामें संक्रमप्रकृतिस्थानसे सम्बन्ध रखनेवाले सादि संक्रम, अनादि संक्रम, ध्रुव संक्रम अध्रुव संक्रम. सर्वसंक्रम, नोसर्वसंक्रम, उत्कृष्टसंक्रम, अनुत्कृष्टसंक्रम, जघन्यसंक्रम, अजघन्यसंक्रम, अल्पबहुत्व, एक जीवकी अपेक्षा काल, एक जीवकी अपेक्षा अन्तर और भागाभाग इन अनुयोगद्वारोंकी सूचना की गई है । अर्थात् इतने अनुयोगद्वारोंके द्वारा प्रकृतिसंक्रमस्थानका वर्णन करना चाहिये यह इसका अभिप्राय है ।

§ ३४६. 'एवं दव्वे खेत्ते' इस गाथामें आये हुए 'एवं' इस पद द्वारा नाना जीवोंसम्बन्धी

१. ता०प्रतौ -मुवयारो इति पाठः ।

संग्रहः। 'दव्वे' इच्चेदेण सुत्तावयवेण दव्वपमाणाणुगमो। 'खेत्त'ग्गहणेण खेत्ताणुगमो च, पोसणाणुगमो च 'काल'ग्गहणेण वि कालंतराणं णाणाजीवविसयाणं संगहो कायव्वो। 'भाव' ग्गहणं भावाणिओगद्दारस्स संगहणफलं। एत्थाहियरणणिद्देसो तव्विसयपरूवणाए तदाहारभावपदुप्पायणफलो त्ति दट्ठव्वो। 'सण्णिवाद' ग्गहणं च सण्णियासाणियोगद्दारस्स सूचणामेत्तफलं। 'च' सद्दो वि भुजगार-पदणिक्खेव-वड्ढीणं सप्पभेदाणं संगाहओ, तेहि विणा पयदपरूवणाए असंपुण्णभावावत्तीदो। एवमेदेहिं अणेयणयगहणणिलीणाणिओगद्दारेहिं 'संकमणयं' पयडिसंकमगाहासुत्ताणमहिप्पायं[1] णयविदू णयण्हू[2] 'णेया' णयदु 'सुददेसिदं' मूलसुत्तसंदब्भसंदरिसिदपरूवणोवायं 'उदारं' अत्थगंभीरं सुत्ताहिप्पायं णयदु। त्ति उत्तं होइ। अहवा 'संकमणयं' संकमनीतविधानं णयविदू नयज्ञः[3] 'णेया' नयेत्प्रकाशयेदित्यर्थः। एवं पदि संकमवित्तिगाहाणमत्थो परिसमत्तो होइ।

§ ३५७. एत्तो गाहासुत्तसूचिदाणमणियोगद्दाराणं विहासणट्ठमुच्चारणाए सह चुण्णिसुत्ताणुगमं कस्सामो। तं जहा—ट्ठाणसमुक्कित्तणाए दुविहो णिद्देसो—ओघादेसभेदेण। तत्थोघेण अत्थि २७, २६, २५, २३, २२, २१, २०, १९, १८, १४, १३, १२, ११, १०, ९, ८, ७, ६, ५, ४, ३, २, १ एदेसिं संकामणा। एवं

भंगविचयका संग्रह किया गया है। 'दव्वे' इस सूत्रवचनद्वारा द्रव्यप्रमाणानुगमका 'खेत्त' पदके ग्रहण करनेसे क्षेत्रानुगम और स्पर्शनानुगमका तथा 'काल' पदके ग्रहण करनेसे भी नाना जीव सम्बन्धी काल और अन्तर अनुयोगद्वारोंका संग्रह करना चाहिये। सूत्रमें 'भाव' पदका ग्रहण भाव अनुयोगद्वारके संग्रह करनेके लिये किया है। इस गाथामें जो उक्त सब पदोंका निर्देश अधिकरणरूपसे किया है सो इस इस विषयका कथन करते समय वह अनुयोगद्वार आधार हो जाता है यह दिखलानेके लिये किया है ऐसा यहाँ जानना चाहिये। 'सण्णिवाद' पदका ग्रहण सन्निकर्ष अनुयोगद्वारको सूचित करनेके लिये किया है। सूत्रमें 'च' शब्द भी अपने भेदोंसहित भुजगार, पदनिक्षेप और वृद्धि इन तीनोंका संग्रह करनेके लिये आया है, क्योंकि इनके बिना प्रकृत प्ररूपणाके अधूरी रहनेकी आपत्ति आती है। इस प्रकार अनेक गहन नयोंके विषयभूत इन अनुयोगद्वारोंके द्वारा 'संकमणयं' अर्थात् प्रकृतिसंक्रमविषयक गाथा सूत्रोंके अभिप्रायको 'णयविदू' अर्थात् नयके जानकार 'णेया' अर्थात् जानें। तात्पर्य यह है कि 'सुददेसिदं' अर्थात् मूल सूत्रके सन्दर्भमें दिखलाये गये प्ररूपणाके उपायको, जो 'उदारं' अर्थात् अर्थगम्भीर है ऐसे सूत्रके अभिप्रायको जानें यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अथवा 'संकमणयं' अर्थात् संक्रमसे प्राप्त हुए विधानको 'णयविदू' अर्थात् नयके जानकार पुरुष 'णेया' अर्थात् प्रकाशित करें यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इस प्रकार इतने पर संक्रमविषयक वृत्तिगाथाओंका अर्थ समाप्त होता है।

§ ३५७. अब इससे आगे गाथासूत्रोंके द्वारा सूचित होनेवाले अनुयोगद्वारोंका व्याख्यान करनेके लिये उच्चारणाके साथ चूर्णिसूत्रोंका परिशीलन करते हैं। यथा—स्थान समुत्कीर्तनाकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। उनमेंसे ओघकी अपेक्षा २७, २६, २५, २३, २२, २१, २०, १९, १८, १४, १३, १२, ११, १०, ९, ८, ७, ६, ५, ४, ३, २ और १ इन स्थानोंके

१. ता०प्रतौ पयडिगाहासकमसुत्ताण- इति पाठः। २. आ०प्रतौ णयविदो णयण्हो इति पाठः।
३. ता०प्रतौ णयविदू नयज्ञा, आ०प्रतौ णयविदो नयज्ञाः इति पाठः।

मणुस्सतिए। णवरि मणुसिणीसु चोद्दससंकमो णत्थि। अहवा ओयरमाणमस्सिऊण अत्थि।

§ ३४८. आदेसेण णेरइएसु अत्थि २७, २६, २५, २३, २१ संकामया। एवं सव्वणेरया तिरिक्ख-पंचिंदियतिरिक्खतिय-देवा जाव णवगेवज्जा त्ति।

§ ३४९. पंचिं०तिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज० अत्थि २७, २६, २५ संकामया। अणुदिसादि जाव सव्वट्ठे त्ति अत्थि २७, २३, २१ संकामया। एवं जाव अणाहारि त्ति।

§ ३६१. देवोंमें २७, २३ और २१ प्रकृतिक संक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है। २६ प्रकृतिक संक्रामकका भंग ओघके समान है। २५ प्रकृतिक संक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल इकतीस सागर है। इसी प्रकार भवनवासियोंसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें जानना चाहिये। किन्तु इतनी विशेषता है कि अपनी-अपनी उत्कृष्ट स्थिति कहनी चाहिये। दूसरे भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंमें २१ प्रकृतिक संक्रामकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें २७ और २३ प्रकृतिक संक्रामकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल अपनी-अपनी स्थितिप्रमाण है। २१ प्रकृतिक संक्रामकका जघन्य काल जघन्य स्थितिप्रमाण है और उत्कृष्ट काल उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण है। किन्तु इतनी विशेषता है कि सर्वार्थसिद्धिमें अपनी स्थितिका जघन्य और उत्कृष्ट भेद नहीं है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिये।

❀ एत्तो एयजीवेण अंतरं ।

§ ३९४. एत्तो उवरि जहावसरपत्तमेयजीवेणंतरं भणिस्सामो त्ति पइज्जासुत्तमेदं ।

❀ सत्तावीस-छव्वीस-तेवीस-इगिवीससंकामगंतरं केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण एयसमओ, उक्कस्सेण उवड्ढपोग्गलपरियट्टं ।

§ ३९५. तं जहा—सत्तावीसाए जह० एयसमओ त्ति एदस्स अत्थे भण्णमाणे एओ सत्तावीससंकामओ उवसमसम्माइट्ठी सगद्धाए एयसमओ अत्थि त्ति सासणगुणं पडिवज्जिय एयसमयं पणुवीसं संकमेणंतरिय पुणो मिच्छाइट्ठिभावेण सत्तावीससंकामओ जादो, लद्धं पयदजहण्णंतरं । अहवा सत्तावीससंकामओ मिच्छाइट्ठी समत्तमुव्वेल्लेमाणो

विशेषार्थ—गुणस्थानका परिवर्तन नौवें ग्रैवेयक तक ही सम्भव है और वहीं तक मिथ्यादृष्टि जीव मरकर उत्पन्न होता है, इसलिये पच्चीस प्रकृतिक संक्रमस्थानका उत्कृष्ट काल ३१ सागर कहा है । भवनवासी आदि तीन प्रकारके देवोंमें क्षायिक सम्यग्दृष्टिका उत्पन्न होना सम्भव नहीं है, इसलिये इनमें मिश्र गुणस्थानकी अपेक्षा २१ प्रकृतिक संक्रमस्थानका उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है । जो २८ प्रकृतियोंकी सत्तावाला सम्यग्दृष्टि जीव अनुदिश आदिमें उत्पन्न हुआ है और अन्तर्मुहूर्तमें जिसने अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना कर दी है उसके २७ प्रकृतिक संक्रमस्थान का जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त प्राप्त होता है । इसी प्रकार जिसने आयुमें अन्तर्मुहूर्त काल शेष रहने पर अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना की है उसके तेईस प्रकृतिक संक्रमस्थानका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त प्राप्त होता है । यहाँ यद्यपि भवनत्रिकमें भी २३ प्रकृतिक संक्रमस्थानका उत्कृष्ट काल अपनी-अपनी स्थितिप्रमाण बतलाया है पर यह काल अन्तर्मुहूर्त कम जानना चाहिये, क्योंकि इन देवोंमें सम्यग्दृष्टिकी उत्पत्ति सम्भव नहीं है । तथा अन्य प्रकारसे सतत २३ प्रकृतिक संक्रमस्थान यहाँ बन नहीं सकता है । शेष कथन सुगम है ।

* अब इससे आगे एक जीवकी अपेक्षा अन्तरका अधिकार है ।

§ ३९४. अब इस कालानुयोगद्वारके बाद अवसरप्राप्त एक जीवकी अपेक्षा अन्तरका कथन करते हैं इस प्रकार यह प्रतिज्ञा सूत्र है । अर्थात् इस सूत्रद्वारा एक जीवकी अपेक्षा अन्तरके कहनेकी प्रतिज्ञा की गई है ।

* सत्ताईस, छब्बीस, तेईस और इक्कीस प्रकृतिक संक्रामकका कितना अन्तर काल है ? जघन्य अन्तर काल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर काल उपार्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है ।

§ ३९५. खुलासा इस प्रकार है—सर्व प्रथम सत्ताईस प्रकृतिक संक्रामकका जघन्य अन्तर काल एक समय है इसका अर्थ कहते हैं—किसी एक सत्ताईस प्रकृतिक संक्रामक उपशामसम्यग्दृष्टि जीवने उपशमसम्यक्त्वके कालमें एक समय शेष रहने पर सासादन गुणस्थानको प्राप्त होकर और एक समय तक पच्चीस प्रकृतियोंका संक्रम करके एक समयके लिये सत्ताईस प्रकृतियोंके संक्रमका अन्तर किया । फिर वह मिथ्यादृष्टि होकर सत्ताईस प्रकृतिक संक्रामक हो गया । इस प्रकार प्रकृत स्थानका जघन्य अन्तरकाल एक समय प्राप्त हो गया । अथवा किसी एक सत्ताईस प्रकृतिक संक्रामक मिथ्यादृष्टि जीवने सम्यक्त्वकी उद्वेलना करते हुए सम्यक्त्वके अभिमुख हो कर अन्तरकरण

सम्मत्ताहिमुहो होऊणंतरं करिय मिच्छत्तपढमट्ठिदिदुचरिमसमए सत्तावीससंकामयभावेण सम्मत्तचरिमफालिं मिच्छत्तस्सुवरि संकामिय तदो चरिमसमयम्मि छव्वीससंकमेणंतरिय सम्मत्तं पडिवण्णपढमसमयम्मि पुणो वि सत्तावीससंकामयभावेण परिणदो तस्स लद्धमंतरं। उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टपरूवणा कीरदे। तं कथं? एगो अणादियमिच्छाइट्ठी अद्धपोग्गलपरियट्टस्सादिसमये उवसमसम्मत्तं पडिवज्जिय सव्वलहुं मिच्छत्तं गंतूण सव्व-जहण्णुव्वेल्लणकालेण सम्मत्तमुव्वेल्लिय सत्तावीसाए अंतरमुप्पाइय देसूणमद्धपोग्गल-परियट्टं परियट्टिय सव्वजहण्णंतोमुहुत्तावसेसे सिज्झिदव्वए त्ति उवसमसम्मत्तं पडिवण्णो तस्स विदियसमए सत्तावीसं संकामेमाणस्स लद्धमंतरं होइ।

§ ३०६. संपहि छव्वीसाए जहण्णेणेयसमयमंतरपरूवणा कीरदे। तं जहा—उव्वेल्लिदसम्मत्तसंतकम्मो छव्वीससंकामओ उवसमसम्मत्ताहिमुहो होदूण मिच्छत्तपढम-ट्ठिदिदुचरिमसमए सम्मामिच्छत्तचरिमफालिं मिच्छत्तसरूवेण संकामिय तदणंतरसमए वि पणुवीससंकमेणंतरिय उवसमसम्मत्तं पडिवण्णपढमसमयम्मि पुणो छव्वीससंकामओ जादो, लद्धमेगसमयमेत्तं जहण्णंतरं। उक्कस्संतरं पुण अद्धपोग्गलपरियट्टादिसमए

किया की। अनन्तर मिथ्यात्वकी प्रथम स्थितिके उपान्त्य समयमें सत्ताईस प्रकृतियोंका संक्रम करते हुए सम्यक्त्वकी अन्तिम फालिका मिथ्यात्वमें संक्रम किया। फिर अन्तिम समयमें उसने छब्बीस प्रकृतियोंके संक्रम द्वारा एक समयके लिये सत्ताईस प्रकृतियोंके संक्रमका अन्तर किया। फिर सम्यक्त्वको प्राप्त करके उसके प्रथम समयमें वह फिरसे सत्ताईस प्रकृतिक संक्रामक हो गया। इस प्रकार उसके सत्ताईस प्रकृतिक संक्रमका जघन्य अन्तर काल एक समय प्राप्त हुआ। अब उपार्ध पुद्गल परिवर्तनप्रमाण उत्कृष्ट अन्तरका कथन करते हैं। यथा—किसी एक अनादि मिथ्या-दृष्टि जीवने अर्धपुद्गलपरिवर्तनके प्रथम समयमें ही उपशम सम्यक्त्वको प्राप्त कर, अतिशीघ्र मिथ्यात्वमें जाकर, सबसे जघन्य उद्वेलन कालके द्वारा सम्यक्त्वकी उद्वेलना करके सत्ताईस प्रकृतिक संक्रमका अन्तर उत्पन्न किया। फिर वह कुछ कम अर्ध पुद्गल परिवर्तन काल तक परिभ्रमण करता रहा और जब सिद्ध होनेके लिये सबसे जघन्य अन्तर्मुहूर्त काल शेष रहा तब वह उपशम-सम्यक्त्वको प्राप्त हो गया और उसके दूसरे समयमें वह सत्ताईस प्रकृतियोंका संक्रम करने लगा। इस प्रकार प्रकृत स्थानका उत्कृष्ट अन्तरकाल प्राप्त हो गया।

§ ३०६. अब छब्बीस प्रकृतिक संक्रमस्थानके जघन्य अन्तर एक समयका कथन करते हैं। यथा—जिसने सम्यक्त्वकी उद्वेलना कर दी है ऐसे किसी एक छब्बीस प्रकृतियोंका संक्रमण करनेवाले जीवने सम्यक्त्वके अभिमुख होकर मिथ्यात्वकी प्रथम स्थितिके द्विचरम समयमें सम्यग्मिथ्यात्वकी अन्तिम फालिको मिथ्यात्वरूपसे संक्रमित किया। फिर तदनन्तर समयमें अर्थात् मिथ्यात्व गुणस्थानके अन्तिम समयमें पच्चीस प्रकृतियोंके संक्रमण द्वारा एक समयके लिये छब्बीस प्रकृतियोंके संक्रमणका अन्तर करके उपशम सम्यक्त्वको प्राप्त किया और उसको प्राप्त करनेके प्रथम समयमें वह फिरसे छब्बीस प्रकृतियोंका संक्रमण करने लगा। इस प्रकार छब्बीस प्रकृतिक संक्रमस्थानका जघन्य अन्तर एक समय प्राप्त हो जाता है। अब उत्कृष्ट अन्तर कालका खुलासा करते हैं—किसी एक जीवने अर्धपुद्गलपरिवर्तनके प्रथम समयमें ही उपशम सम्यक्त्वको प्राप्त

१. आ०प्रती -यट्टं परूवया इति पाठः।

उवसमसम्मत्तं पडिवज्जिय सव्वलहुं मिच्छत्तं गंतूण सव्वजहण्णुव्वेल्लणकालेण सम्मत्त-मुव्वेल्लिय छव्वीससंकामओ होदूण सव्वलहुएण कालेण सम्मामिच्छत्तमुव्वेल्लिय पणुवीससंकमेणंतरिय पोग्गलपरियट्टद्धं देसूणं परिब्भमिय अंतोमुहुत्तावसेसे संसारे उवसमसम्मत्तं पडिवज्जिय छव्वीसं संकामेमाणस्स लद्धमंतरं होइ।

§ ३९७. तेवीसाए जहण्णेणेयंसमयमेत्तंतरे भण्णमाणे चउवीससंतकम्मिओवसम-सम्माइट्ठी तेवीससंकामओ तदद्धाए एयसमओ अत्थि त्ति सासणभावं गंतूण इगिवीस-संकमेणंतरिय विदियसमए मिच्छत्तगमणेण तेवीससंकामओ जादो, लद्धमंतरं होइ। अहवा तेवीससंकामओ उवसमसेढिमारुहिय अंतरकरणपरिसमत्तिसमणंतरमेवाणुपुव्वी-संकममाढविय एयसमए बावीससंकमेणंतरिय विदियसमए देवेसुववण्णो तेवीससंकामओ जादो, लद्धं जहण्णमंतरमेयसमयमेत्तं। उक्कस्सेणुवड्ढपोग्गलपरियट्टंतरपरूवणं कस्सामो। अद्धपोग्गलपरियट्टादिसमए सम्मत्तं पडिवज्जिय उवसमसम्मत्तकालब्भंतरे चेय अणंताणु०-चउक्कं विसंजोइय तेवीससंकमस्सादिं काऊण उवसमसम्मत्तद्धाए छावलियमेत्तावसेसाए आसाणं पडिवण्णो इगिवीससंकमेणंतरिय पुणो मिच्छत्तं गंतूण उवड्ढपोग्गलपरियट्टमेत्त-

किया। फिर अतिशीघ्र मिथ्यात्वमें जाकर और सबसे जघन्य उद्वेलन कालके द्वारा सम्यक्त्व-की उद्वेलना करके वह छब्बीस प्रकृतियोंका संक्रामक हो गया। फिर अति स्वल्प कालके द्वारा सम्यग्मिथ्यात्वकी उद्वेलना करके पच्चीस प्रकृतियोंके संक्रमण द्वारा छब्बीस प्रकृतियोंके संक्रमणका अन्तर किया। फिर वह कुछ कम अर्धपुद्गलपरिवर्तन काल तक परिभ्रमण करता रहा और जब संसारमें रहनेका काल अन्तर्मुहूर्त शेष रहा तब वह उपशम सम्यक्त्वको प्राप्त होकर एक समयके लिये छब्बीस प्रकृतियोंका संक्रामक हो गया। इस प्रकार प्रकृत स्थानका उत्कृष्ट अन्तर प्राप्त हो जाता है।

§ ३९७. अब तेईस प्रकृतिक संक्रमस्थानके जघन्य अन्तर एक समयका कथन करते हैं— जो चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला उपशम सम्यग्दृष्टि जीव तेईस प्रकृतियोंका संक्रम कर रहा है उसने उपशम सम्यक्त्वके कालमें एक समय शेष रहने पर सासादन गुणस्थानको प्राप्त होकर इक्कीस प्रकृतियोंके संक्रमणद्वारा एक समयके लिये तेईस प्रकृतियोंके संक्रमका अन्तर किया। फिर दूसरे समयमें मिथ्यात्वमें चले जानेसे वह फिरसे तेईस प्रकृतियोंका संक्रामक हो गया। इस प्रकार प्रकृत स्थानका जघन्य अन्तर एक समय प्राप्त हो जाता है। अथवा कोई एक तेईस प्रकृतियोंका संक्रमण करनेवाला जीव उपशमश्रेणि पर चढ़ा और अन्तरकरणकी समाप्तिके बाद ही आनुपूर्वी संक्रमका प्रारम्भ करके एक समयके लिये उसने बाईस प्रकृतियोंके संक्रमण द्वारा तेईस प्रकृतियोंके संक्रमका अन्तर किया। फिर दूसरे समयमें वह देवोंमें उत्पन्न होकर तेईस प्रकृतियोंका संक्रामक हो गया। इस प्रकार प्रकृत स्थानका जघन्य अन्तर एक समय प्राप्त हो जाता है। अब इस स्थानके उपार्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण उत्कृष्ट अन्तरका कथन करते हैं—किसी एक जीवने अर्धपुद्गल-परिवर्तन कालके प्रथम समयमें सम्यक्त्वको प्राप्त करके और उपशम सम्यक्त्वके कालके भीतर ही अनन्तानुबन्धी चतुष्ककी विसंयोजना करके तेईस प्रकृतियोंके संक्रमका आरम्भ किया। फिर उपशम सम्यक्त्वके कालमें छह आवलि शेष रहने पर वह सासादन गुणस्थानको प्राप्त हुआ और इक्कीस प्रकृतियोंके संक्रम द्वारा तेईस प्रकृतियोंके संक्रमका अन्तर करके वह मिथ्यात्वमें गया। फिर वहां

१. आ०प्रतौ –णेयं समयमेत्तंतरे इति पाठः।

कालमाविद्धकुलालचक्कं व परिभमिय सव्वजहण्णंतोमुहुत्तावसेसे संसारे उवसमसम्मत्तं घेत्तूण वेदगभावं पडिवज्जिय खवगसेढिमारोहणट्ठं अणंताणु० विसंजोइय तेवीससंकामओ जादो, लद्धमुक्कस्संतरं होइ।

§ ३९८. इगिवीसाए जहण्णेणेयसमओ उच्चदे—एगो इगिवीससंतकम्मिओ उवसमसेढिं चढिय अंतरकरणपरिसमत्तीए[1] लोहासंकमवसेणेयसमयं वीससंकमेणंतरिय कालगदो देवो होऊणिगिवीससंकामओ जादो, लद्धं पयदजहण्णंतरं। संपहि उक्कस्संतरं उच्चदे। एगो अणादियमिच्छाइट्ठी अद्धपोग्गलपरियट्टादिसमए पढमसम्मत्तं पडिवज्जिय तक्कालब्भंतरे चेय अणंताणु०चउक्कं विसंजोइय उवसमसम्मत्तद्धाए छावलियमेत्तावसेसाए सासादणभावमासादिय इगिवीससंकामयभावेणावलियमेत्तकालं गालिय तदणंतरसमए पणुवीससंकमेणंतरिय तदो मिच्छत्तेणद्धपोग्गलपरियट्टमेत्तकालं परियट्टिय सव्वजहण्णंतोमुहुत्तमेत्तावसेसे सिज्झिदव्वए दंसणमोहं खविय इगिवीससंकामओ जादो. लद्धमिगिवीससंकामयस्स देसूणद्धपोग्गलपरियट्टमेत्तमुक्कस्संतरं।[2] एवमेदेसिं चउण्हं संकमट्ठाणाणं जहण्णुक्कस्संतरविसयणिण्णयं काऊण संपहि पणुवीससंकमट्ठाणस्स तदुभयणिरूवणट्ठमुत्तरिमसुत्तं भणइ—

घुमाये गये कुम्हारके चक्केके समान कुछ कम अर्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण काल तक परिभ्रमण करता रहा और जब संसारमें रहनेका सबसे जघन्य अन्तर्मुहूर्त काल शेष बचा तब वह उपशम सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ और वेदक सम्यक्त्वको प्राप्त करके क्रमसे क्षपकश्रेणि पर चढ़नेके लिये अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना करके तेईस प्रकृतियोंका संक्रामक हो गया। इस प्रकार तेईस प्रकृतिक संक्रमस्थानका उत्कृष्ट अन्तर प्राप्त हो जाता है।

§ ३९८. अब इक्कीस प्रकृतिक संक्रमस्थानके जघन्य अन्तर एक समयका कथन करते हैं—एक इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला जीव उपशमश्रेणि पर चढ़ा और उसने अन्तरकरणकी समाप्ति होनेपर लोभका संक्रम न होनेसे एक समयके लिये बीस प्रकृतियोंके संक्रमणद्वारा इक्कीस प्रकृतियोंके संक्रमका अन्तर किया। फिर वह मरा और देव होकर इक्कीस प्रकृतियोंका संक्रामक हो गया। इस प्रकार प्रकृत स्थानका जघन्य अन्तर एक समय प्राप्त हो जाता है। अब उत्कृष्ट अन्तरका कथन करते हैं—एक अनादि मिथ्यादृष्टि जीवने अर्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण कालके प्रथम समयमें उपशमसम्यक्त्व प्राप्त करके उसी कालके भीतर अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी विसंयोजना की। फिर उपशमसम्यक्त्वके कालमें छह आवलि शेष रहने पर सासादन गुणस्थानको प्राप्त होकर एक आवलि काल तक इक्कीस प्रकृतियोंका संक्रमण करता रहा। फिर तदनन्तर समयमें पच्चीस प्रकृतियोंके संक्रमद्वारा इक्कीस प्रकृतियोंके संक्रमका अन्तर किया। फिर मिथ्यात्वके साथ कुछ कम अर्धपुद्गलपरिवर्तनकाल तक परिभ्रमण किया और जब सिद्ध होनेके लिये सबसे जघन्य अन्तर्मुहूर्त काल शेष रहा तब दर्शनमोहनीयका क्षय करके इक्कीस प्रकृतियोंका संक्रामक हो गया। इस प्रकार इक्कीस प्रकृतियोंके संक्रामकका कुछकम अर्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण उत्कृष्ट अन्तरकाल प्राप्त होजाता है। इस प्रकार इन चार संक्रमस्थानोंके जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर कालका निर्णय करके अब पच्चीस प्रकृतिक संक्रमस्थानके उक्त दोनों अन्तर कालोका निर्णय करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

---

१. ता०प्रतौ -करण परिसमत्तीए इति पाठः। २. आ०प्रतौ -मेत्तमिस्संतरं इति पाठः।

❀ पणुवीससंकामयंतरं केवचिरं कालादो होइ ?

§ ३९९. सुगमं ।

❀ जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण वेछावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि ।

§ ४००. एत्थ ताव जहण्णंतरं वुच्चदे । तं जहा—एओ सम्मामिच्छाइट्ठी पणुवीससंकामयभावेणावट्ठिदो परिणामपच्चएण सम्मत्तं मिच्छत्तं वा परिणमिय तत्थ सव्वजहण्णंतोमुहुत्तमेत्तकालं सत्तावीससंकमेणंतरिय पुणो सम्मामिच्छत्तमुवणमिय पणुवीससंकामओ जादो, लद्धमंतरं । संपहि उक्कस्संतरपरूवणं कस्सामो—अण्णदरो मिच्छाइट्ठी पणुवीससंकामओ उवसमसम्मत्तं पडिवज्जिय अविवक्खियसंकमट्ठाणेणंतरिय पुणो मिच्छत्तं गंतूण सव्वुक्कस्सेणुव्वेल्लणकालेण सम्मत्त-सम्मामिच्छत्तमुव्वेल्लमाणो उवसमसम्मत्ताहिमुहो होदूण अंतरकरणं करिय मिच्छत्तपढमट्ठिदिचरिमसमए सम्मामिच्छत्तचरिमफालिं संकामिय तदणंतरसमए सम्मत्तं पडिवज्जिय पढमछावट्ठिं परिभमिय तदवसाणे मिच्छत्तं गंतूण पलिदोवमासंखेज्जभागमेत्तकालं सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमुव्वेल्लणवावारेणच्छिय तदो पयदाविरोहेण सम्मत्तं घेत्तूण विदियछावट्ठिमणुपालिय तदवसाणे पुणो वि मिच्छत्तं गंतूण दीहुव्वेल्लणकालेण सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणि

* पच्चीस प्रकृतिक संक्रामकका कितना अन्तरकाल है ?

§ ३९९. यह सूत्र सुगम है ।

* जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक दो छयासठ सागर है ।

§ ४००. अब यहाँ सर्व प्रथम जघन्य अन्तरकालका कथन करते हैं । यथा—पच्चीस प्रकृतियोंका संक्रम करनेवाला कोई एक सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीव परिणामवश सम्यक्त्वको या मिथ्यात्वको प्राप्त हुआ और वहाँ उसने सबसे जघन्य अन्तर्मुहूर्त कालतक सत्ताईस प्रकृतियोंके संक्रम द्वारा पच्चीस प्रकृतियोंके संक्रमका अन्तर किया । फिर वह सम्यग्मिथ्यात्वको प्राप्त होकर पच्चीस प्रकृतियोंका संक्रामक हो गया । इस प्रकार पच्चीस प्रकृतिक संक्रमस्थानका जघन्य अन्तर प्राप्त हो जाता है । अब उत्कृष्ट अन्तरकालका कथन करते हैं—किसी एक पच्चीस प्रकृतियोंके संक्रामक मिथ्यादृष्टि जीवने उपशमसम्यक्त्वको प्राप्त करके अविवक्षित संक्रमस्थानके द्वारा प्रकृत संक्रमस्थानका अन्तर किया । फिर वह मिथ्यात्वमें जाकर सबसे उत्कृष्ट उद्वेलना कालके द्वारा सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी उद्वेलना करता हुआ उपशम सम्यक्त्वके अभिमुख हुआ । फिर अन्तरकरणको करके मिथ्यात्वकी प्रथम स्थितिके चरम समयमें सम्यग्मिथ्यात्वकी अन्तिम फालिका संक्रमण करके तदनन्तर समयमें सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ । फिर प्रथम छयासठ सागर काल तक परिभ्रमण करके उसके अन्तमें मिथ्यात्वको प्राप्त हुआ । फिर पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण काल तक सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी उद्वेलना करते हुए जिससे प्रकृतमें विरोध न पड़े इस ढंगसे सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ । फिर दूसरे छयासठ सागर काल तक सम्यक्त्वका पालन करके उसके अन्तमें फिरसे मिथ्यात्वमें गया और वहाँ सबसे दीर्घ उद्वेलनकालके द्वारा सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी उद्वेलना करके

१. आ०प्रतौ एओ पणुवीस- इति पाठः ।

उव्वेल्लिऊण पणुवीससंकामओ जादो, लद्धं तीहि पलिदोवमासंखेज्जभागेहि सादिरेय-वेछावट्ठिसागरोवममेत्तं पणुवीससंकामयस्स उक्कस्संतरं। संपहि वावीसादिसंकमट्ठाणाण-मंतरपरूवणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ—

** वावीस-वीस-चोद्दस-तेरस-एक्कारस-दस-अट्ठ-सत्त-पंच-चदु-दोण्णि-संकामयंतरं केवचिरं कालादो होदि ?

§ ४०१. सुगमं।

** जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण उवड्ढपोग्गलपरियट्टं।

§ ४०२. वावीसाए ताव जहण्णंतरपरूवणा कीरदे—एक्को चउवीससंतकम्मिओव-सामओ लोभासंकमवसेण वावीसाए संकामओ होदूण पुणो णवुंसयवेदमुवसामिय अंतरिदो उवरिं चढिय पुणो हेट्ठा ओदरिय इत्थिवेदोकड्डणाणंतरं वावीससंकामओ जादो, लद्धमंतरं जहण्णेणंतोमुहुत्तमेत्तं[1]। एवं वीसाए। णवरि इगिवीससंतकम्मियस्स वत्तव्वं। चोद्दससंकामयस्स वि एवं चेव। णवरि चउवीससंतकम्मियस्स छण्णोकसायोव-सामणाए चोद्दससंकमस्सादिं कादूण पुरिसवेदोवसामणाए अंतरिदस्स पुणो हेट्ठा ओदरिय तिविहकोहोकड्डणाणंतरं लद्धमंतरं कायव्वं। एवं तेरससंकामयस्स। णवरि पुरिसवेदोव-

पच्चीस प्रकृतियोंका संक्रामक हो गया। इस प्रकार पच्चीस प्रकृतियोंके संक्रामकका उत्कृष्ट अन्तर पल्यके तीन असंख्यातवें भागोंसे अधिक दो छयासठ सागर प्राप्त होता है। अब बाईस आदि संक्रमस्थानोंके अन्तरका कथन करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

* बाईस, बीस, चौदह, तेरह, ग्यारह, दस, आठ, सात, पाँच, चार और दो प्रकृतिक संक्रामकका कितना अन्तरकाल है ?

§ ४०१. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्धपुद्गलपरिवर्तन प्रमाण है।

§ ४०२. अब सर्वप्रथम बाईस प्रकृतिक संक्रमस्थानके जघन्य अन्तरका कथन करते हैं—एक चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला उपशामक जीव] लोभका संक्रम न होनेके कारण बाईस प्रकृतियोंका संक्रामक हो गया। फिर जिसने नपुंसकवेदका उपशम करके बाईस प्रकृतियोंके संक्रमका अन्तर किया। फिर ऊपर चढ़कर और उतरकर स्त्रीवेदके अपकर्षणके बाद जो बाईस प्रकृतियोंका संक्रामक हो गया उसके बाईस प्रकृतियोंके संक्रामकका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त प्राप्त होता है। बीस प्रकृतिक संक्रामकका जघन्य अन्तर भी इसी प्रकार प्राप्त होता है। किन्तु यह अन्तर इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके कहना चाहिये। चौदह प्रकृतिक संक्रामकका जघन्य अन्तर भी इसी प्रकार प्राप्त होता है। किन्तु जो चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला जीव छह नोकषायोंके उपशम द्वारा चौदह प्रकृतियोंके संक्रमका प्रारम्भ करके फिर पुरुषवेदके उपशम द्वारा उसका अन्तर करता है उसके उपशमश्रेणिसे नीचे उतरने पर तीन प्रकारके क्रोधका अपकर्षण होनेके बाद यह अन्तर प्राप्त करना चाहिये। इसी प्रकार तेरह प्रकृतिक संक्रामकका भी जघन्य अन्तर प्राप्त होता है। किन्तु

१. आ० प्रतौ -मुहुत्तं इति पाठः।

सामणाए लद्धप्पसरूवस्स पयदसंकमट्ठाणस्स दुविहकोहोवसामणाए अंतरपारंभो वत्तव्वो। तदो हेट्ठा ओदरिय पुणो वि सव्वलहुं चढिय पुरिसवेदे उवसामिदे लद्धमंतरं कायव्वं। एसो चेव कमो एक्कारससंकमस्स वि। णवरि दुविहकोहोवसामणाए लद्धप्पसरूवस्सेदस्स कोहसंजलणोवसामणाणंतरमंतरिदस्स पुणो ओदरमाणावत्थाए तिविहमाणोकड्डणेण लद्धमंतरं कायव्वं। एवं दससंकामयस्स वि। णवरि कोहसंजलणोवसामणाए लद्धप्पलाहस्सेदस्स दुविहमाणोवसामणेणंतरं कादूणुवरिं चढिय पुणो हेट्ठा ओदरिय पुणो वि सव्वलहुमुवरिं चढिदस्स कोहसंजलणोवसामणाणंतरं लद्धमंतरं कायव्वं। एवमट्ठण्हं संकामयस्स। णवरि दुविहमाणोवसामणाए समुवलद्धसंकमस्सेदस्स माणसंजलणोवसामणेणंतरस्सादिं कादूण पुणो ओदरमाणस्स तिविहमायोकड्डणाए अंतरपरिसमत्ती कायव्वा। एवं सत्तसंकामयस्स वि वत्तव्वं। णवरि माणसंजलणोवसामणाणंतरमुवलद्धसरूवस्सेदस्स दुविहमायोवसामणाए अंतरपारंभं कादूणुवरिं चढिय हेट्ठा ओदरिय पुणो वि सव्वलहुमुवरिं चढिदस्स सगुद्देसे लद्धमंतरं कायव्वं। एवं चेव पंचसंकामयजहण्णंतरपरूवणा वि। णवरि दुविहमायोवसामणाणंतरमुवजादसरूवस्सेदस्स मायासंजलणोवसामणाणंतरमंतरिदस्स समयाविरोहेण लद्धमंतरं कायव्वं। एवं चेव चउण्हं संकामयस्स वि वत्तव्वं।

पुरुषवेदका उपशम हो जाने पर जिसने तेरह प्रकृतिक संक्रमस्थान प्राप्त कर लिया है उसके दो प्रकारके क्रोधका उपशम हो जाने पर प्रकृत संक्रमस्थानके अन्तरके प्रारम्भ होनेका कथन करना चाहिये। फिर इस जीवको नीचे उतारकर और अतिशीघ्र फिरसे चढ़ाकर पुरुषवेदका उपशम कर लेनेपर प्रकृत स्थानका अन्तर प्राप्त करना चाहिये। ग्यारह प्रकृतिक संक्रमस्थानके अन्तरका भी इसी क्रमसे कथन करना चाहिये। किन्तु दो प्रकारके क्रोधका उपशम होने पर इस स्थानको प्राप्त कराके फिर क्रोध संज्वलनका उपशम होनेके बाद इस स्थानका अन्तर प्राप्त करे। फिर उपशमश्रेणिसे उतरते समय तीन प्रकारके मानका अपकर्षण कराके इस स्थानका अन्तर प्राप्त करना चाहिये। [दस प्रकृतिक संक्रमस्थानका अन्तर भी इसी प्रकार होता है। किन्तु क्रोध संज्वलनका उपशम होने पर इस स्थानको प्राप्त करके फिर दो प्रकारके मानका उपशम होनेके बाद इस स्थानका अन्तर प्राप्त करे। फिर ऊपर चढ़कर और नीचे उतरकर फिरसे अतिशीघ्र ऊपर चढ़े और क्रोधसंज्वलनका उपशम करके अन्तर प्राप्त करे। इसी प्रकार आठ प्रकृतियोंके संक्रामकका भी अन्तर प्राप्त होता है। किन्तु दो प्रकारके मानका उपशम हो जाने पर इस स्थानको प्राप्त करके मानसंज्वलनका उपशम करनेके बाद अन्तरका प्रारम्भ किया। फिर उतरते समय तीन प्रकारकी मायाका अपकर्षण करके अन्तरकी समाप्ति की। इसी प्रकार सात प्रकृतियोंके संक्रामकके अन्तरका कथन करना चाहिये। किन्तु मानसंज्वलनका उपशम हो जाने पर इस स्थानको प्राप्त करके फिर दो प्रकारकी मायाका उपशम हो जाने पर अन्तरका प्रारम्भ किया। फिर ऊपर चढ़कर और नीचे उतरकर फिरसे अतिशीघ्र ऊपर चढ़े और अपने स्थानमें पहुँचकर अन्तर प्राप्त करे। पाँच प्रकृतियोंके संक्रामकके जघन्य अन्तरका कथन भी इसी प्रकार करना चाहिये। किन्तु दो प्रकारकी मायाका उपशम होनेके बाद इस स्थानको प्राप्त करके फिर माया संज्वलनका उपशम होनेके बाद इस स्थानका अन्तर करे और यथाविधि विवक्षित स्थान पर आकर अन्तरको प्राप्त करे। इसी प्रकार चार प्रकृतियोंके संक्रामकका भी अन्तर कहना चाहिये। किन्तु माया संज्वलनका उपशम हो जाने

णवरि मायासंजलणोवसामणाणंतरमासादिदसरूवस्सेदस्स दुविहलोहोवसामणाए अंतरसादिं कादूण पुणो ओदरमाणावत्थाए अणियट्टिपढमसमए लद्धमंतरं कायव्वं। एवं दोण्हं संकामयस्स। णवरि इगिवीससंतकम्मियसंबंधेण सव्वजहण्णंतोमुहुत्तमेत्तमंतरमणुगंतव्वं। एवं जहण्णंतरपरूवणा कदा।

§ ४०३. संपहि उक्कस्संतरे भण्णमाणे तत्थ ताव बावीसाए उच्चदे। तं जहा— एक्को अणादियमिच्छाइट्ठी अद्धपोग्गलपरियट्टादिसमए पढमसम्मत्तमुप्पाइय वेदगसम्मत्तं पडिवज्जिय अणंताणुबंधिविसंजोयणापुरस्सरं दंसणतियमुवसामिय सव्वलहुमुवसमसेढिमारूढो। पुणो ओदरमाणो इत्थिवेदोकड्डणाणंतरं बावीससंकमट्ठाणस्सादिं कादूण अंतरिदो देसूणद्धपोग्गलपरियट्टमेत्तकालं परिभमिऊण तदो अंतोमुहुत्तावसेसे सिज्झिदव्वए त्ति सम्मत्तुप्पायणपुरस्सरं दंसणमोहक्खवणं पट्ठविय मिच्छत्तचरिमफालीपदणाणंतरं बावीससंकामओ जादो, लद्धमंतरं होइ। एवं वीसादिसेससंकमट्ठाणाणं पि उक्कस्संतरं परूवेयव्वं। णवरि सव्वेसिमुवसमसेढीए चडमाणोदरमाणावत्थासु जहासंभवमादिं कादूणंतरिदस्स पुणो उवसमसेढिमारोहणेण लद्धमंतरं कायव्वं। तेरसेक्कारस-दस-चदु-दोण्णिसंकमट्ठाणाणं च खवगसेढीए लद्धमंतरं कायव्वमिदि। संपहि एक्किस्से संकमट्ठाणस्स अंतराभाव[1]पदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

पर इस स्थानको प्राप्त करके फिर दो प्रकारके लोभका उपशम हो जाने पर अन्तरका प्रारम्भ करे और फिर उपशमश्रेणिसे उतरते समय अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयमें अन्तरको प्राप्त करना चाहिये। इसी प्रकार दो प्रकृतियोंके संक्रामकका अन्तर प्राप्त होता है। किन्तु इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाले जीवके सम्बन्धसे इसका अन्तर सबसे जघन्य अन्तर्मुहूर्तप्रमाण जानना चाहिये। इस प्रकार जघन्य अन्तरका कथन समाप्त हुआ।

§ ४०३. अब उत्कृष्ट अन्तरका कथन करते हैं। उसमें भी सर्वप्रथम बाईस प्रकृतिक संक्रमस्थानका अन्तर कहते हैं। यथा—एक अनादि मिथ्यादृष्टि जीवने अर्धपुद्गलपरिवर्तनके प्रथम समयमें प्रथम सम्यक्त्वको प्राप्त करके वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त किया। फिर अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजनापूर्वक तीन दर्शनमोहनीयका उपशम करके अतिशीघ्र उपशमश्रेणि पर चढ़ा। फिर वहांसे उतरते समय स्त्रीवेदका अपकर्षण करके बाईस प्रकृतिक संक्रमस्थानका प्रारम्भ किया और उसका अन्तर करके कुछ कम अर्धपुद्गलपरिवर्तन कालतक परिभ्रमण करता रहा। फिर सिद्ध होनेमें अन्तर्मुहूर्त काल शेष रहने पर सम्यक्त्वकी उत्पत्तिपूर्वक दर्शनमोहनीयकी क्षपणाका प्रारम्भ करके मिथ्यात्वकी अन्तिम फालिके पतनके बाद बाईस प्रकृतियोंका संक्रामक हो गया। इस प्रकार बाईस प्रकृतिक संक्रमस्थानका उत्कृष्ट अन्तर प्राप्त हो जाता है। इसी प्रकार बीस प्रकृतिक आदि शेष संक्रमस्थानोंके उत्कृष्ट अन्तरका भी कथन करना चाहिये। किन्तु उपशमश्रेणि पर चढ़ने या उतरनेकी अवस्थामें सभी स्थानोंको यथासम्भव प्राप्त करके अन्तरका प्रारम्भ करे और फिर अन्तमें उपशमश्रेणि पर आरोहण करके अन्तर ले आवे। तथा तेरह, ग्यारह, दस, चार और दो प्रकृतिक संक्रमस्थानोंका क्षपकश्रेणिमें उत्कृष्ट अन्तर प्राप्त करना चाहिये। अब एक प्रकृतिक संक्रमस्थानके अन्तरका कथन करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

१. आ०प्रतौ अंतरभाव- इति पाठः।

*** एक्किस्से संकामयस्स णत्थि अंतरं ।**

§ ४०४. कुदो ? खवयसेढिम्मि लद्धप्पसरूवत्तादो । संपहि उवसेससंकमट्ठाणाण- मंतरपरूवणं कुणमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

*** सेसाणं संकामयाणमंतरं केवचिरं कालादो होइ ?**

§ ४०५. सुगमं ।

*** जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण तेत्तीसं सागरोवमाणि सादिरेयाणि[1] ।**

§ ४०६. एत्थ सेसग्गहणेणूणवीसट्ठारस-बारस-णव-छ-तिगसण्णिदाणमिगिवीस- संतकम्मियसंबंधिसंकमट्ठाणाणं गहणं कायव्वं । एदेसिं च जहण्णुक्कस्संतरपरूवणमेदेण सुत्तेण कीरदे । तं जहा—इगिवीससंतकम्मियोवसामगो उवसमसेढीए अंतरकरणसमत्ति- समणंतरमेवाणुपुव्विसंकममाढविय तदो णवुंसयवेदोवसामणाए एयूणवीससंकामओ होदूण इत्थिवेदोवसामणाकरणेणंतरस्सादिं कादूण पुणो तत्थेव लद्धप्पसरूवस्स अट्ठारस- संकमस्स छण्णोकसायोवसामणाए अंतरमुप्पादिय तम्मि चेव बारससंकममाढविय पुणो पुरिसवेदोवसमेणंतराविय तदो दुविहकोहोवसामणाणंतरं लद्धप्पसरूवस्स णवण्हं संकम- ट्ठाणस्स कोहसंजलणोवसामणाणंतरमंतरं पारभिय पुणो तत्थ दुविहमाणोवसामणाए

* एक प्रकृतिक संक्रामकका अन्तरकाल नहीं है ।

§ ४०४. क्योंकि इस स्थानकी प्राप्ति क्षपकश्रेणिमें होती है । अब पहले जिन संक्रमस्थानों- का अन्तर कह आये हैं उनके सिवा बचे हुए संक्रमस्थानोंके अन्तरका कथन करते हुए आगेका सूत्र कहते हैं—

* शेष स्थानोंके संक्रामकोंका कितना अन्तरकाल है ?

§ ४०५. यह सूत्र सुगम है ।

* जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक तेतीस सागर है ।

§ ४०६. इस सूत्रमें जो 'शेष' पद ग्रहण किया है सो उससे इक्कीस प्रकृतिक सत्कर्मसे सम्बन्ध रखनेवाले उन्नीस, अठारह, बारह, नौ, छह और तीन प्रकृतिक संक्रमस्थानोंका ग्रहण करना चाहिये । इस सूत्र द्वारा इन स्थानोंके जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरका कथन किया गया है । खुलासा इस प्रकार है—जो इक्कीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला उपशामक जीव उपशमश्रेणिमे अन्तरकरणकी समाप्तिके बाद ही आनुपूर्वी संक्रमका प्रारम्भ करता है । फिर नपुंसकवेदका उपशम कर लेनेपर उन्नीस प्रकृतियोंका संक्रामक हो जाता है और स्त्रीवेदका उपशम करके प्रकृत स्थानके अन्तरका प्रारम्भ करता है । फिर वहीं पर अठारह प्रकृतिक संक्रमस्थानको प्राप्त करके छह नोकषायोंकी उपशामना द्वारा इस स्थानके अन्तरका प्रारम्भ करता है । फिर वहींपर बारह प्रकृतिक संक्रमस्थानको प्राप्त करके पुरुषवेदकी उपशामनाद्वारा इस स्थानका अन्तर करता है । फिर दो प्रकारके क्रोधका उपशम करनेके बाद नौप्रकृतिक संक्रमस्थानको प्राप्त करके संज्वलन क्रोधके उपशमद्वारा इस स्थानके अन्तरका प्रारम्भ करता है । फिर वहींपर दो प्रकारके मानका उपशम हो जाने पर छहप्रकृतिक

१. ता०प्रतौ देसूणाणि इति पाठः ।

लद्धप्पलाहस्स छण्हं संकमस्स माणसंजलणोवसामणविहाणेणंतरमाढविय तत्तो दुविह-मायोवसामणाए तिण्हं संकममाढविय मायासंजलणोवसामणाए तदंतरस्सादिं कादूण उवरिं चडिय पुणो हेट्ठा ओयरमाणो तिविहमाय-तिविहमाण-तिविहकोह-सत्तणोकसायो-कड्डणाणंतरं जहाकमं छण्हं णवण्हं बारसण्हं एगूणवीसाए च संकमट्ठाणाणमंतरं समाणेइ। सेसाणं पुण हेट्ठा ओयरिय पुणो वि सव्वलहुमुवरिं चडिऊण सगसगविसए अंतरं समाणेइ। एदं जहण्णंतरं।

§ ४०७. उक्कस्संतरपरूवणमिदाणिं कस्सामो—देव-णेरइयाणमण्णदरो चउवीस-संतकम्मिओ वेदगसम्माइट्ठी पुव्वकोडाउअमणुस्सेसुप्पज्जिय गब्भादिअट्ठवस्साणमुवरि सव्वलहुं विसुद्धो होऊण संजमं पडिवज्जिय दंसणमोहणीयं खविय उवसमसेढिमारूढो तिण्हमट्ठारसण्हं चढमाणो चेव अंतरमुप्पाइय छण्हं णवण्हं बारसण्हमेगूणवीसाए च ओयरमाणो अंतरमुप्पाइय समोइण्णो देसूणपुव्वकोडिमेत्तकालं संजममणुपालिय कालं कादूण तेत्तीससागरोवमाउएसु देवेसुववण्णो। कमेण तत्तो चुदो संतो पुव्वकोडाउअ-मणुस्सेसुप्पण्णो अंतोमुहुत्तावसेसे उवसमसेढिमारुहिय जहाकमं सव्वेसिमंतरं समाणेदि। णवरि बारसण्हं तिण्हं च संकमट्ठाणस्स खवगसेढीए लद्धमंतरं कायव्वं।

एवमोघेण सव्वसंकमट्ठाणाणमंतरपरूवणा कया।

संक्रमस्थानको प्राप्त करके मानसंज्वलनके उपशमद्वारा इस स्थानके अन्तरका प्रारम्भ करता है। फिर दो प्रकारकी मायाका उपशम हो जाने पर तीन संक्रमस्थानको प्राप्त करता है। फिर ऊपर चढ़ कर और नीचे उतरकर तीन प्रकारकी माया, तीन प्रकारका मान, तीन प्रकारका क्रोध और सात नोकषाय इनका अपकर्षण करने पर क्रमसे छह, नौ, बारह और उन्नीस प्रकृतिक संक्रमस्थानोंके अन्तरको प्राप्त कर लेता है। तथा नीचे उतर कर और फिरसे अतिशीघ्र उपशमश्रेणि पर चढ़कर शेष स्थानोंका भी अपने अपने स्थानमें अन्तर प्राप्त कर लेता है। यह जघन्य अन्तर है।

§ ४०७ अब इस समय उत्कृष्ट अन्तरका कथन करते हैं—देव और नारकियोंमेंसे कोई एक चौबीस प्रकृतियोंकी सत्तावाला वेदक सम्यग्दृष्टि जीव पूर्व कोटिकी आयुवाले मनुष्योंमें उत्पन्न हुआ। फिर गर्भसे लेकर आठ वर्ष हो जाने पर अतिशीघ्र विशुद्ध होकर संयमको प्राप्त हुआ। फिर दर्शनमोहनीयका क्षय करके उपशमश्रेणि पर चढ़ा। इस प्रकार उपशमश्रेणि पर चढ़ते हुए तीन और अठारह प्रकृतिक संक्रमस्थानका अन्तर उत्पन्न करके तथा छह, नौ, बारह और उन्नीस प्रकृतिक संक्रमस्थानका उतरते समय अन्तर उत्पन्न करके क्रमसे यह जीव अप्रमत्त व प्रमत्तसंयत हो गया। फिर कुछ कम पूर्व कोटि काल तक संयमका पालन करके मरा और तेतीस सागरकी आयुवाले देवोंमें उत्पन्न हो गया। फिर क्रमसे वहाँसे च्युत होकर पूर्वकोटिकी आयुवाले मनुष्योंमें उत्पन्न हुआ। फिर अन्तर्मुहूर्त शेष रहने पर उपशमश्रेणिपर चढ़कर क्रमसे सब स्थानोंका अन्तर प्राप्त करता है। किन्तु इतनी विशेषता है कि बारह और तीन प्रकृतिक संक्रमस्थानका अन्तर क्षपकश्रेणिमें प्राप्त करना चाहिये।

इस प्रकार ओघसे सब संक्रमस्थानोंके अन्तरका कथन किया।

§ ४०८. एण्हिमादेसपरूवणट्ठमुच्चारणं वत्तइस्सामो। तं जहा—आदेसेण णिरयगइए णेरइएसु २७, २६, २३ संका० अंतरं केव० ? जह० एगसमओ, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि देसूणाणि। एवं २५, २१। णवरि जह० अंतोमुहुत्तं। एवं सव्वणेरइय०। णवरि सगट्ठिदी देसूणा।

§ ४०९. तिरिक्खेसु २७, २६, २३ संकामयंतरमोघं। एवं २१। णवरि जह० अंतोमु०। २५ जह० अंतो०, उक्क० तिण्णि पलिदोवमाणि सादिरेयाणि। एवं पंचिंदि०-तिरिक्खतिय० ३। णवरि सगट्ठिदी। पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज०-अणुद्दिसादि जाव सव्वट्ठे त्ति तिण्हं ट्ठाणाणं[1] णत्थि अंतरं।

§ ४०८. अब आदेशका कथन करनेके लिये उच्चारणाको बतलाते हैं। यथा—आदेशसे नरकगतिमें नारकियोंमें २७, २६ और २३ प्रकृतिक स्थानोंके संक्रामकका अन्तरकाल कितना है? जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। इसी प्रकार २५ और २१ प्रकृतियोंके संक्रामकोंका अन्तरकाल जानना चाहिये। किन्तु इन स्थानोंके संक्रामकोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार सब नारकियोंमें जानना चाहिये। किन्तु इतनी विशेषता है कि कुछ कम अपनी-अपनी स्थिति कहनी चाहिये।

विशेषार्थ—यहाँ सर्वत्र २७ प्रकृतिक आदि संक्रमस्थानोंका जघन्य अन्तर एक समय ओघके समान घटित कर लेना चाहिये। किन्तु २१ प्रकृतिक संक्रमस्थानके जघन्य अन्तरमें ओघसे कुछ विशेषता है। बात यह है कि नरकगतिमें उपशमश्रेणिका प्राप्त होना सम्भव नहीं है इसलिये यहाँ २१ प्रकृतिक संक्रमस्थानका जघन्य अन्तर एक समय नहीं प्राप्त होकर अन्तर्मुहूर्त प्राप्त होता है जो अन्तर्मुहूर्तके भीतर दो बार अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजनापूर्वक मिश्र गुणस्थान प्राप्त करानेसे घटित होता है। शेष कथन सुगम है।

§ ४०९. तिर्यञ्चोंमें २७, २६ और २३ प्रकृतियोंके संक्रामकका अन्तरकाल ओघके समान है। इसी प्रकार २१ प्रकृतियोंके संक्रामकका अन्तरकाल जानना चाहिये। किन्तु इतनी विशेषता है कि इस स्थानका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। तथा २५ प्रकृतियोंके संक्रामकका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तीन पल्य है। इसी प्रकार पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें जानना चाहिये। किन्तु अपनी-अपनी स्थिति कहनी चाहिये। पंचेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त, मनुष्य अपर्याप्त और अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें तीन स्थानोंका अन्तर नहीं है।

विशेषार्थ—तिर्यञ्चोंमें २१ प्रकृतिक संक्रमस्थानका जघन्य अन्तर नरकगतिके समान प्राप्त होता है, इसलिये इसका ओघके समान निर्देश न करके अलगसे विधान किया है, क्योंकि तिर्यञ्चगतिमें भी उपशमश्रेणिकी प्राप्ति सम्भव न होनेसे यहाँ २१ प्रकृतिक संक्रमस्थानका जघन्य अन्तर एक समय घटित नहीं हो सकता है। जो २६ प्रकृतियोंकी सत्तावाला तिर्यञ्च जीव २५ प्रकृतियोंका संक्रमण कर रहा है उसने उपशमसम्यक्त्वको प्राप्त करके २८ प्रकृतियोंकी सत्ता प्राप्त की। फिर वह सम्यग्मिथ्यात्वकी उद्वेलना होनेके पूर्व ही तीन पल्यकी आयुवाले तिर्यञ्चोंमें उत्पन्न हुआ और वहाँ यथासम्भव अतिशीघ्र सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रमके अन्तिम समयमें उपशम सम्यक्त्वपूर्वक वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त हुआ। फिर पल्यका असंख्यातवाँ भागप्रमाण काल रहने पर वह मिथ्यात्वमें गया और अन्तर्मुहूर्त काल शेष रहने पर वह

१. आ०प्रतौ ठाणाणं इति पाठः।

§ ४१०. मणुसतियस्स ओघो। णवरि जम्मि अद्धपोग्गलपरियट्टं तम्मि पुव्वकोडिपुधत्तं। जम्मि तेत्तीसं सागरोवमाणि तम्मि पुव्वकोडी देसूणा[1]। णवरि सत्तावीस-छव्वीस-पणुवीस-तेवीस-इगिवीससंका० पंचिंदियतिरिक्खभंगो।

§ ४११. देवाणं णारयभंगो। णवरि एक्कत्तीसं सागरोवमाणि देसूणाणि। एवं

पुनः उपशम सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ। फिर जीवनके अन्तिम समयमें यह सासादनमें जाकर पचीस प्रकृतियोंका संक्रामक हो गया। इस प्रकार पचीस प्रकृतिक संक्रामकका उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक तीन पल्य प्राप्त होता है। यहाँ साधिकसे कितना काल लिया गया है इसका कहीं उल्लेख नहीं मिलता, इसलिये यहाँ हमने उसका निर्देश नहीं किया है। तथापि वह पल्यके असंख्यातवें भाग-प्रमाण होना चाहिये। पंचेन्द्रियतिर्यञ्च अपर्याप्त आदिमें विवक्षित संक्रमस्थानकी प्राप्ति दो बार सम्भव नहीं है, इसलिये यहाँ सम्भव संक्रमस्थानोंके अन्तरका निषेध किया है। शेष कथन सुगम है।

§ ४१०. मनुष्यत्रिकमें अन्तर ओघके समान है। किन्तु इतनी विशेषता है कि जहाँ अर्धपुद्गलपरिवर्तनकालप्रमाण अन्तरकाल कहा है वहाँ पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण अन्तरकाल कहना चाहिये। और जहाँ तेतीस सागरप्रमाण अन्तरकाल कहा है वहाँ पर कुछ कम एक पूर्व-कोटिप्रमाण अन्तरकाल कहना चाहिये। किन्तु इतनी विशेषता है कि सत्ताईस, छब्बीस, पचीस, तेईस और इक्कीस प्रकृतियोंके संक्रामकोंका अन्तर पंचेन्द्रियतिर्यञ्चोंके समान है।

विशेषार्थ—मनुष्य गतिमें सभी संक्रमस्थान सम्भव हैं। उनमेंसे यहाँ २२, २०, १४, १३, ११, १०, ८, ७, ५ और २ प्रकृतिक संक्रमस्थानोंका जघन्य अन्तर तो ओघके समान बन जाता है। किन्तु उत्कृष्ट अन्तर उपार्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण नहीं प्राप्त होता, क्योंकि मनुष्यकी कायस्थिति पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्य है। इसलिये मनुष्योंमें इन स्थानोंका उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण ही प्राप्त होता है, क्योंकि उक्त संक्रमस्थानोंका उत्कृष्ट अन्तरकाल उपशमश्रेणिकी अपेक्षासे ही घटित किया जा सकता है। इसलिए ऐसे जीवको उत्तम भोगभूमिके मनुष्योंमें उत्पन्न कराना ठीक नहीं है। इसीसे मूलमें यह कहा है कि जिन स्थानोंका उत्कृष्ट अन्तर अर्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण कहा है उनका वह अन्तर पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण कहना चाहिये। इसी प्रकार यद्यपि मनुष्योंमें १९, १८, १२, ९, ६ और ३ इन संक्रमस्थानोंका जघन्य अन्तर भी ओघके समान बन जाता है। तथापि उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम पूर्वकोटिवर्षप्रमाण ही प्राप्त होता है, क्योंकि उक्त संक्रमस्थान या तो क्षायिकसम्यग्दृष्टिके उपशमश्रेणिमें पाये जाते हैं या इनमेंसे कुछ स्थान क्षपकश्रेणिमें भी पाये जाते हैं। इसलिये एक पर्यायमें ही दो बार श्रेणिपर चढ़ाकर इन स्थानोंका यथाविधि अन्तर प्राप्त करना चाहिये। विधिका निर्देश पहले ही किया जा चुका है। इसीसे मूलमें यह कहा है कि जिन स्थानोंका उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर कहा है उनका वह अन्तर कुछ कम पूर्वकोटिवर्षप्रमाण कहना चाहिये। अब रहे २७, २६, २५, २३ और २१ प्रकृतिक संक्रमस्थान सो इनका अन्तर पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान मनुष्योंमें भी बन जाता है, अतः मनुष्योंमें इनके इन स्थानोंके अन्तरकालको पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान जाननेकी सूचना की है। शेष कथन सुगम है।

§ ४११. देवोंका भंग नारकियोंके समान है। किन्तु इतनी विशेषता है कि नारकियोंमें जहां कुछ कम तेतीस सागर उत्कृष्ट अन्तर कहा है वहां इनमें कुछ कम इकतीस सागर उत्कृष्ट

---

1. आ०प्रतौ पुव्वकोडिदेसूणाणि इति पाठः।

भवणादि जाव उवरिमगेवज्जा त्ति । णवरि सगट्ठिदी देसूणा । एवं जाव० ।

॥ णाणाजीवेहि भंगविचओ ।

§ ४१२. अहियारसंभालणसुत्तमेदं सुगमं । एत्थेव अट्ठपरूवणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं—

॥ जेसिं पयडीओ अत्थि तेसु पयदं ।

§ ४१३. कुदो ? अकम्मेहि अव्ववहारादो ।

॥ सव्वजीवा सत्तावीसाए छव्वीसाए पणुवीसाए तेवीसाए एक्कवीसाए एदेसु पंचसु संकमट्ठाणेसु णियमा संकामगा ।

§ ४१४. एत्थ सव्वजीवग्गहणमेदिस्से परूवणाए णाणाजीवविसयत्तपदुप्पायणफलं। सत्तावीसादिग्गहणमियरसंकमट्ठाणवुदासट्ठं । णियमग्गहणमणियमवुदासमुहेण पयदट्ठाणसंकामयाणं सव्वकालमत्थित्तजाणावणफलं । तदो एदेसिं पंचण्हं संकमट्ठाणाणं संकामया जीवा सव्वकालमत्थि त्ति भणिदं होइ ।

अन्तर कहना चाहिये । इसी प्रकार भवनवासियोंसे लेकर उपरिम ग्रैवेयक तकके देवोंमें जानना चाहिये । किन्तु सर्वत्र कुछ कम अपनी स्थिति कहनी चाहिये । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिये ।

विशेषार्थ—देवोंमें नौ अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें अन्तर काल नहीं पाया जाता है, क्योंकि वहां पर जो भी संक्रमस्थान पाये जाते हैं उनका एक पर्यायमें दो बार पाया जाना सम्भव नहीं है । इसीसे सामान्य देवोंमें उत्कृष्ट अन्तर काल कुछ कम इकतीस सागरप्रमाण बतलाया है, क्योंकि यह अन्तरकाल नौ ग्रैवेयकतक ही पाया जाता है और उनकी उत्कृष्ट स्थिति इकतीस सागर ही है । शेष कथन सुगम है ।

* अब नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचयका अधिकार है ।

§ ४१२. अधिकारका निर्देश करनेवाला यह सूत्र सुगम है । अब इसी विषयमें अर्थपदका कथन करनेके लिये आगेका सूत्र आया है—

* जिनके प्रकृतियोंका सत्त्व है उनका यहाँ अधिकार है ।

§ ४१३. क्योंकि कर्मरहित जीवोंसे प्रयोजन नहीं है ।

* सब जीव सत्ताईस, छब्बीस, पच्चीस, तेईस और इक्कीस इन पाँच संक्रमस्थानोंमें नियमसे संक्रामक हैं ।

§ ४१४. यह प्ररूपणा नाना जीवविषयक है यह दिखलानेके लिये इस सूत्रमें 'सव्व जीव' पदका ग्रहण किया है । इतर संक्रमस्थानोंका निषेध करनेके लिये 'सत्तावीस' आदि पदोंका ग्रहण किया है । अनियमका निषेध करके प्रकृत संक्रमस्थानोंका सर्वकाल अस्तित्व रहता है इस बातका ज्ञान करानेके लिये 'नियम' पदका ग्रहण किया है । इसलिये इन पाँच संक्रमस्थानोंके संक्रामक जीव सर्वदा पाये जाते हैं यह इस सूत्रका भाव है ।

® सेसेसु अट्ठारससु संकमट्ठाणेसु भजियव्वा।

§ ४१५. कुदो ? तेसिमद्धुवभावित्तदंसणादो। एत्थ भंगपमाणमेदं—२८७४२०४८९। एवमोघो समत्तो।

---

* शेष अठारह संक्रमस्थानोंमें जीव भजनीय हैं।

§ ४१५. क्योंकि इन स्थानोंका अध्रुवपना देखा जाता है। यहाँ पर भंगोंका प्रमाण २८७४२०४८९ है।

विशेषार्थ—मोहनीय कर्मके २७ प्रकृतिक आदि जो तेईस संक्रमस्थान हैं उनमेंसे २७, २६, २५, २३ और २१ संक्रमस्थानवाले बहुतसे जीव संसारमें सर्वदा पाये जाते हैं, अतः ये पांचों ध्रुवस्थान हैं। तथा शेष स्थानोंकी अपेक्षा यदि हुए तो कभी एक और कभी अनेक जीव होते हैं, इसलिये ये अध्रुवस्थान हैं। अब इन सब स्थानोंके ध्रुव भंगके साथ एक संयोगी आदि कुल भंगोंके प्राप्त करने पर वे सब २८७४२०४८९ होते हैं। यथा—

१	ध्रुव भंग जो २७, २६, २५, २३ और २१ संक्रमस्थानोंकी अपेक्षासे प्राप्त होता है
२	बाईस संक्रमस्थानके भंग
३	ध्रुवभंग सहित २२ संक्रमस्थानके भंग
३×२=६	बीस संक्रमस्थानके प्रत्येक व संयोगी भंग
३×३=९	ध्रुवभंग सहित २२ व २० संक्रमस्थानके सब भंग
९×२=१८	उन्नीस संक्रमस्थानके प्रत्येक व संयोगी सब भंग
९×३=२७	ध्रुवभंग सहित २२, २० व १९ संक्रमस्थानके सब भंग
२७×२=५४	अठारह संक्रमस्थानके प्रत्येक व संयोगी सब भंग
२७×३=८१	ध्रुवभंग सहित २२, २०, १९ व १८ संक्रमस्थानके सब भंग
८१×२=१६२	चौदह संक्रमस्थानके प्रत्येक व संयोगी सब भंग
८१×३=२४३	ध्रुवभंग सहित २२ से १४ तकके पूर्वोक्त संक्रमस्थानोंके सब भंग
२४३×२=४८६	तेरह संक्रमस्थानके प्रत्येक व संयोगी सब भंग
२४३×३=७२९	ध्रुवभंग सहित २२ से १३ तकके पूर्वोक्त संक्रमस्थानोंके सब भंग
७२९×२=१४५८	बारह संक्रमस्थानके प्रत्येक व संयोगी भंग
७२९×३=२१८७	ध्रुवभंग सहित पूर्वोक्त २२ से १२ संक्रमस्थान तकके सब भंग
२१८७×२=४३७४	ग्यारह संक्रमस्थानके प्रत्येक व संयोगी सब भंग
२१८७×३=६५६१	ध्रुवभंग सहित पूर्वोक्त २२ से ११ संक्रमस्थान तकके सब भंग
६५६१×२=१३१२२	दस संक्रमस्थानके प्रत्येक व संयोगी सब भंग
६५६१×३=१९६८३	ध्रुवभंग सहित पूर्वोक्त २२ से १० संक्रमस्थान तकके सब भंग

§ ४१६. संपहि आदेसपरूवणट्ठमुच्चारणं वत्तइस्सामो । आदेसेण णेरइयएसु पंचण्हं ट्ठाणाणं संकां० णियमा अत्थि । एवं पढमपुढवि-तिरिक्ख३-देवा सोहम्मादि जाव

१९६८३ × २=३९३६६	नौसंक्रमस्थानके प्रत्येक व संयोगी सब भंग
१९६८३ × ३=५९०४९	ध्रुवभंग सहित पूर्वोक्त २२ से ९ संक्रमस्थान तकके सब भंग
५९०४९ × २=११८०९८	आठ संक्रमस्थानके प्रत्येक व संयोगी सब भंग
५९०४९ × ३=१७७१४७	ध्रुवभंग सहित पूर्वोक्त २२ से ८ संक्रमस्थान तकके सब भंग
१७७१४७ × २=३५४२९४	सात संक्रमस्थानके प्रत्येक व संयोगी सब भंग
१७७१४७ × ३=५३१४४१	ध्रुवभंग सहित पूर्वोक्त २२ से ७ संक्रमस्थान तकके सब भंग
५३१४४१ × २=१०६२८८२	छह संक्रमस्थानके प्रत्येक व संयोगी सब भंग
५३१४४१ × ३=१५९४३२३	ध्रुवभंग सहित पूर्वोक्त २२ से ६ संक्रमस्थान तकके सब भंग
१५९४३२३ × २=३१८८६४६	पाँच संक्रमस्थानके प्रत्येक व संयोगी सब भंग
१५९४३२३ × ३ = ४७८२९६९	ध्रुवभंग सहित पूर्वोक्त २२ से ५ संक्रमस्थान तकके सब भंग
४७८२९६९ × २ = ९५६५९३८	चार संक्रमस्थानके प्रत्येक व संयोगी सब भंग
४७८२९६९ × ३=१४३४८९०७	ध्रुव भंगसहित पूर्वोक्त २२से ४ संक्रमस्थान तककेसब भंग
१४३४८९०७ × २ = २८६९७८१४	तीन संक्रमस्थानके प्रत्येक व संयोगी सब भंग
१४३४८९०७ × ३ = ४३०४६७२१	ध्रुव भंगसहित पूर्वोक्त २२ से ३ संक्रमस्थान तकके सब भंग
४३०४६७२१ × २ = ८६०९३४४२	दो संक्रमस्थानके प्रत्येक व संयोगी सब भंग
४३०४६७२१ × ३ = १२९१४०१६३	ध्रुव भंगसहित पूर्वोक्त २२ से २ ,संक्रमस्थान तकके सब भंग
१२९१४०१६३ × २ = २५८२८०३२६	एक संक्रमस्थानके प्रत्येक व संयोगी सब भंग
१२९१४०१६३ × ३ = ३८७४२०४८९	ध्रुव भंगसहित पूर्वोक्त २२से १ संक्रमस्थान तकके सब भंग

सूचना—२२ संक्रमस्थानको प्रथम मानकर ये उत्तरोत्तर भंग लाये गये हैं। अतः आगे जो २० आदि एक एक संक्रमस्थानके भंग बतलाये गये हैं उनमें उस उस स्थानके प्रत्येक भंग और उस स्थान तकके सब स्थानोंके द्विसंयोगी आदि भंग सम्मिलित हैं। ये भंग विवक्षित स्थानसे पीछेके सब स्थानोंके भंगोंको दोसे गुणा करने पर उत्पन्न होते हैं। तथा इन भंगोंमें पीछे पीछेके स्थानोंके भंग मिला देने पर वहाँ तकके सब भंग होते हैं। ये भंग विवक्षित स्थानसे पीछेके सब स्थानोंके भंगोंको तीनसे गुणा करने पर उत्पन्न होते हैं। पश्चादानुपूर्वी या यत्रतत्रानुपूर्वीके क्रमसे भी ये भंग लाये जा सकते हैं।

इस प्रकार ओघ प्ररूपणा समाप्त हुई।

§ ४१६. अब आदेशका कथन करनेके लिए उच्चारणाको बतलाते हैं। आदेशसे नारकियोंमें पाँच संक्रमस्थानोंके संक्रामक जीव नियमसे हैं। इसी प्रकार प्रथम पृथिवी, तिर्यंचत्रिक, देव और सौधर्म कल्पसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें जानना चाहिए। दूसरी पृथिवीसे लेकर

णवगेवज्जा त्ति। विदियादि जाव सत्तमा त्ति एवं चेव। णवरि इगिवीससंकामया भयणिज्जा। भंगा ३। एवं जोणिणि०-भवण०-वाण०-जोदिसिएसु। पंचिंदियतिरिक्ख-अपज्ज० तिण्णि ट्ठाणाणि णियमा अत्थि। मणुसतिये ओघभंगो। मणुसअपज्ज० सव्वपद-संकामया भयणिज्जा। तत्थ भंगा २६। अणुदिसादि जाव सव्वट्ठा त्ति २७, २३, २१ संकामया णियमा अत्थि। एवं जाव।

§ ४१७. एत्थ ताव भागाभाग-परिमाण-खेत्त-फोसणाणं देसामासयसुत्तेणेदेण सूचिदाणमुच्चारणाणुगमं कस्सामो। तं जहा—भागाभाग० दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य[1]। ओघेण पणुवीससंकामया सव्वजीवाणमणंता भागा। सेससव्वपदसंकामया अणंतिमभागो। एवं तिरिक्खेसु। आदेसेण णेरइय० २५ संका० असंखेज्जा भागा। सेसमसंखे०भागो। एवं सव्वणेरइय-सव्वपंचिंदियतिरिक्ख-मणुस-मणुसअपज्ज[2]०-देवा जाव सहस्सार त्ति। मणुसपज्ज०-मणुसिणी० २५ पय० संका० संखेज्जा भागा। सेसं०

सातवीं पृथिवी तक भी इसी प्रकार जानना चाहिये। किन्तु यहाँ इक्कीस प्रकृतियोंके जीव भजनीय हैं, अतः ध्रुव भंगके साथ तीन भंग होते हैं। इसी प्रकार योनिनीतिर्यंच, भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंमें जानना चाहिये। पंचेन्द्रिय तिर्यंच अपर्याप्तकोंमें तीन स्थानवाले जीव नियमसे हैं। मनुष्यत्रिकमें ओघके समान भंग हैं। मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सब सम्भव पदोंके संकामक जीव भजनीय हैं। यहाँ भंग २६ होते हैं। अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें २७, २३ और २१ प्रकृतिक संक्रमस्थानवाले जीव नियमसे हैं। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणातक जानना चाहिये।

विशेषार्थ—दूसरीसे लेकर सातवीं पृथिवी तकके नारकी, योनिनी तिर्यंच, भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंमें २१ प्रकृतिक संक्रमस्थानके एक और नाना जीवोंकी अपेक्षा दो भंग होते हैं तथा इनमें शेष स्थानोंकी अपेक्षा एक ध्रुव भंग मिला देनेपर तीन भंग हो जाते हैं। लब्ध्यपर्याप्त मनुष्योंमें २७, २६ और २५ ये तीन संक्रमस्थान होते हैं जो कि भजनीय हैं, अतः इनके २६ भंग प्राप्त होते हैं। शेष कथन सुगम है। तीन स्थानोंके ध्रुवभंगको छोड़कर शेष २६ भंग किस प्रकार आते हैं इसका ज्ञान पूर्वमें कही गई संदृष्टिसे ही हो जाता है।

§ ४१७. यतः 'णाणाजीवेहि भंगविचओ' यह सूत्र देशामर्षक है, अतः इससे सूचित होनेवाले भागाभाग, परिमाण, क्षेत्र और स्पर्शन इन अनुयोगद्वारोंकी उच्चारणाका अनुगम करते हैं। यथा—भागाभागानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघनिर्देश और आदेशनिर्देश। उनमेंसे ओघकी अपेक्षा पच्चीस प्रकृतियोंके संक्रामक जीव सब जीवोंके अनन्त बहुभागप्रमाण हैं और शेष सब पदोंके संक्रामक जीव अनन्तवें भागप्रमाण हैं। इसी प्रकार तिर्यंचोंमें भागाभाग जानना चाहिये। आदेशकी अपेक्षा नारकियोंमें २५ प्रकृतियोंके संक्रामक जीव असंख्यात बहुभागप्रमाण हैं। तथा शेष पदोंके संक्रामक जीव असंख्यातवें भागप्रमाण हैं। इसी प्रकार सब नारकी, सब पंचेन्द्रिय तिर्यंच, मनुष्य, मनुष्य अपर्याप्त, देव और सहस्रार स्वर्ग तकके देवोंमें भागाभाग जानना चाहिये। मनुष्य पर्याप्त और मनुष्यिनियोंमें २५ प्रकृतियोंके संक्रामक जीव संख्यात बहुभागप्रमाण हैं। तथा शेष पदोंके संक्रामक जीव संख्यातवें भागप्रमाण हैं। आनत

१. ता०प्रतौ ओघादेसमेदेण इति पाठः। अग्रेऽपि बाहुल्येन ता०प्रतौ एवमेव पाठः।

२. आ०प्रतौ तिरिक्खमणुसअपज्ज० इति पाठः।

संखे०भागो। आणदादि जाव णवगेवज्जा त्ति २६ संका० असंखे०भागो। २७ संखेज्जा भागा। सेसं संखे०भागो। अणुदिसादि जाव सव्वट्ठा त्ति २७ संखेज्जा भागा। सेसं संखे०भागो। एवं जाव०।

§ ४१८. परिमाणाणु० दु० णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण २७, २६, २३, २१ संका० केत्तिया? असंखेज्जा। २५ संका० के०? अणंता। सेस० संका० संखेज्जा। आदेसेण णेरइय० सव्वपदसंका० असंखेज्जा। एवं सव्वणेरइय०-सव्वपंचिंदिय-तिरिक्ख-मणुसअपज्ज०-देवा जाव अवराइद त्ति। एवं तिरिक्खा०। णवरि २५ संका० अणंता। मणुसेसु २७, २६, २५ संका० असंखेज्जा। सेससंका० संखेज्जा। मणुसपज्ज०-मणुसिणीसु सव्वपदसंका० संखेज्जा। एवं सव्वट्ठे। एवं जाव०।

§ ४१९. खेत्ताणु० दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य। ओघेण पणुवीसंका० केवडि खेत्ते? सव्वलोगे। सेससंका० लोग० असंखे०भागे। एवं तिरिक्खा०। सेसमग्गणासु सव्वपदसंका०[1] लोग० असंखे०भागे। एवं जाव०।

कल्पसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें २६ प्रकृतियोंके संक्रामक जीव असंख्यातवें भागप्रमाण हैं। २७ प्रकृतियोंके संक्रामक जीव संख्यात बहुभागप्रमाण हैं। तथा शेष स्थानोंके संक्रामक जीव संख्यातवें भागप्रमाण हैं। अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमे २७ प्रकृतियोंके संक्रामक जीव संख्यात बहुभागप्रमाण हैं। तथा शेष स्थानोंके संक्रामक जीव संख्यातवें भागप्रमाण हैं। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिये।

§ ४१८. परिमाणानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघकी अपेक्षा २७, २६ २३ और २१ प्रकृतियोंके संक्रामक जीव कितने हैं? असंख्यात हैं। २५ प्रकृतियोंके संक्रामक जीव कितने हैं? अनन्त हैं। शेष संक्रमस्थानोंके संक्रामक जीव कितने हैं? संख्यात हैं। आदेशकी अपेक्षा नारकियोंमें सब पदोंके संक्रामक जीव असंख्यात हैं। इसी प्रकार सब नारकी, सब पंचेन्द्रिय तिर्यंच, मनुष्य अपर्याप्त, सामान्य देव तथा अपराजित कल्प तकके देवोंमें जानना चाहिये। इसी प्रकार तिर्यंचोंमें जानना चाहिये। किन्तु इतनी विशेषता है कि इनमें २५ प्रकृतियोंके संक्रामक जीव अनन्त हैं। मनुष्योंमे २७, २६ और २५ प्रकृतियोंके संक्रामक जीव असंख्यात हैं। तथा शेष पदोंके संक्रामक जीव संख्यात हैं। मनुष्यपर्याप्त और मनुष्यिनियोंमें सब पदोंके संक्रामक जीव संख्यात हैं। इसी प्रकार सर्वार्थसिद्धिमें जानना चाहिए। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणातक जानना चाहिये।

§ ४१९. क्षेत्रानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघनिर्देश और आदेशनिर्देश। ओघकी अपेक्षा पच्चीस प्रकृतियोंके संक्रामक जीव कितने क्षेत्रमें रहते हैं। सब लोकमें रहते हैं। तथा शेष पदोंके संक्रामक जीव लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रमें रहते हैं। इसी प्रकार तिर्यंचोंमें जानना चाहिये। शेष मार्गणाओंमें सब पदोंके संक्रामक जीव लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रमे रहते हैं। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिये।

---

१. ता०प्रतौ पदसंका०, आ०प्रतौ सव्वपदा संका० इति पाठः।

§ ४२०. पोसणाणु० दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण २७, २६ संका० केव० फोसिदं? लोग० असंखे०भागो अट्ठचोद्दस० सव्वलोगो वा। २५ संका० सव्वलोगो। २३, २१ लोग० असंखे०भागो अट्ठचोद्दस०। सेसं खेत्तभंगो।

§ ४२१. आदेसेण णेरइय० २७, २६, २५ संका० लोग० असंखे०भागो छचोद्दस० देसूणा। २३, २१ संका० खेत्तं। विदियादि जाव सत्तमा त्ति एवं चेव। णवरि सगपोसणं। पढमाए खेत्तभंगो।

§ ४२२. तिरिक्खेसु २७, २६ संका० लोग० असंखे०भागो सव्वलोगो वा। २५ संका० खेत्तं। २३ लोग० असंखे०भागो छचोद्दस०। २१ लोग० असंखे०भागो पंचचोद्दस०भागा वा देसूणा। पंचिंदियतिरिक्खतिय० २७, २६, २५ संका० लोग० असंखे०भागो सव्वलोगो वा। सेसं तिरिक्खोघं। पंचि०तिरि०अपज्ज०-मणुस०अपज्ज०

विशेषार्थ—यद्यपि ऐसी कई मार्गणाएं हैं जिनमें २५ प्रकृतियोंके संक्रामकोंका क्षेत्र सब लोक प्राप्त होता है। तथापि यहां केवल तिर्यञ्चोंका ही निर्देश किया है सो इसका कारण यह है कि यहां सर्वत्र मुख्यतया चार गतियोंकी अपेक्षासे ही अनुयोगद्वारोंका वर्णन किया जा रहा है। और चार गतियोंमें तिर्यञ्चगतिके जीव ही ऐसे हैं जिनका क्षेत्र सब लोक है। इसीसे यहां तिर्यञ्चोंमें ही ओघके समान पच्चीस प्रकृतिक संक्रमस्थानवाले जीवोंका क्षेत्र बतलाया है। शेष कथन सुगम है।

§ ४२०. स्पर्शनानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघनिर्देश और आदेशनिर्देश। ओघकी अपेक्षा २७ और २६ प्रकृतिक संक्रमस्थानवाले जीवोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है? लोकके असंख्यातवें भाग क्षेत्रका, त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम आठ भागप्रमाण क्षेत्रका और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। २५ प्रकृतिक संक्रमस्थानवाले जीवोंने सब लोकका स्पर्शन किया है। २३ और २१ प्रकृतिक संक्रमस्थानवाले जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका व त्रसनालीके चौदह भागोंमें से कुछ कम आठ भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तथा शेष पदोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है।

§ ४२१. आदेशकी अपेक्षा नारकियोंमें २७, २६ और २५ प्रकृतिक संक्रमस्थानवाले जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम छह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है तथा २३ और २१ प्रकृतिक संक्रमस्थानवाले जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। दूसरीसे लेकर सातवीं पृथिवी तक इसी प्रकार जानना चाहिये। किन्तु इतनी विशेषता है कि अपना अपना स्पर्शन कहना चाहिये। पहिली पृथिवीमें स्पर्शन क्षेत्रके समान है।

§ ४२२. तिर्यञ्चोंमें २७ और २६ प्रकृतिक संक्रमस्थानवाले जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। २५ प्रकृतिक संक्रमस्थानवाले जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। २३ प्रकृतिक संक्रमस्थानवाले जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम छहभागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। २१ प्रकृतिक संक्रमस्थानवाले जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम पाँच भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें २७, २६ और २५ प्रकृतिक संक्रमस्थानवाले जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष स्थानोंका स्पर्शन सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। पंचेन्द्रिय

तिण्णिपदेहि लोग० असंखे०भागो सव्वलोगो वा। मणुसतिए २७, २६, २५ संका० पंचिंदियतिरिक्खभंगो। सेसं खेत्तं।

§ ४२३. देवेसु २७, २६, २५ संका० लोग० असंखे०भागो अट्ठ-णवचोद्दस० देसूणा। २३, २१ संका० लोग० असंखे०भागो अट्ठचोद्दस० देसूणा। एवं सोहम्मीसाणे। एवं भवण०-वा०-जोदिसि०। णवरि सगफोसणं कायव्वं। सणक्कुमारादि जाव सहस्सार त्ति सव्वपदसंका० लोग० असंखे०भागो अट्ठचोद्दस० देसूणा। आणदादि जाव अच्चुदा त्ति सव्वपदेहि लोग० असंखे०भागो छचोद्दस० देसूणा। उवरि खेत्तभंगो। एवं जाव०।

§ ४२४. संपहि णाणाजीवसंबंधिकालपरूवणट्ठमुवरिमं चुण्णिसुत्तमाह—

❀ णाणाजीवेहि कालो।

§ ४२५. अहियारसंभालणसुत्तमेदं सुगमं।

❀ पंचण्हं ट्ठाणाणं संकामया सव्वद्धा।

§ ४२६. एत्थ पंचण्हं ट्ठाणाणमिदि वयणेण सत्तावीस-छव्वीस-पणुवीस-

---

तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें तीन पदवाले जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यत्रिकमें २७, २६ और २५ प्रकृतिक संक्रमस्थानवाले जीवोंका स्पर्शन पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान है। तथा शेष पदोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है।

❀ अप्पयरसंकामया संखेज्जगुणा ।

---

* उनसे अवक्तव्यसंक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं ।

§ ८१७. यहाँ पर भी गुणकार आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है, क्योंकि वेदक और उपशमसम्यक्त्वके योग्य पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण उद्वेलनकालके भीतर सञ्चित हुई भुजगारसंक्रामक जीवराशिसे अर्धपुद्गलपरिवर्तन कालके भीतर सञ्चित हुई उक्त प्रकृतियोंके सत्कर्मसे रहित जीवराशिमेंसे प्राप्त हुई अवक्तव्यसंक्रामक जीवराशिके असंख्यातगुणे होनेमें कोई विसंवाद नहीं है ।

* उनसे अल्पतरसंक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं ।

§ ८१८. क्योंकि अवक्तव्यसंक्रामक जीवराशि उपशमसम्यग्दृष्टियोंके असंख्यातवें भागप्रमाण है । परन्तु यह जीवराशि उपशम और वेदकसम्यग्दृष्टि तथा उद्वेलना करनेवाली समस्त मिथ्यादृष्टि राशिप्रमाण है, अतः पूर्वोक्त राशिसे यह राशि असंख्यातगुणी हो गई है ।

* अनन्तानुबन्धियोंके अवक्तव्यसंक्रामक जीव सबसे स्तोक हैं ।

§ ८१९. क्योंकि ये पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण हैं ।

* उनसे भुजगारसंक्रामक जीव अनन्तगुणे हैं ।

८२०. क्योंकि ये सब जीवराशिके संख्यातवें भागप्रमाण हैं ।

* उनसे अवस्थितसंक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं ।

§ ८२१. क्योंकि ये सब जीवराशिके संख्यातवें भागप्रमाण हैं ।

* उनसे अल्पतरसंक्रामक जीव संख्यातगुणे हैं ।

§ ८२२. अवट्ठिदसंकमावट्ठाणकालादो अप्पयरसंकमपरिणामकालस्स संखेज्जगुणत्तादो ।

❀ एवं सेसाणं कम्माणं ।

§ ८२३. जहाणंताणुबंधीणं पयदप्पाबहुअपरूवणा कया एवं चेव सेसकसायणोकसायाणं पि कायव्वं, विसेसाभावादो । एवमोघपरूवणा सुत्तणिबद्धा कया ।

§ ८२४. एत्तो एदस्स फुडीकरणट्ठमादेसपरूवणट्ठं च तदुच्चारणाणुगमं कस्सामो । तं जहा—अप्पाबहुआणु० दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि० विहत्तिभंगो । सोलसक०-णवणोक० सव्वत्थोवा अवत्त०-संका० । भुज०संका० अणंतगुणा । अवट्ठि०संका० असंखे०गुणा० । अप्पद०संका० संखे०गुणा। मणुसेसु सम्म०-सम्मामि०-मिच्छ० विहत्तिभंगो । सोलसक०-णवणोक० सव्वत्थोवा अवत्त०संका० । भुज०संका० असंखेज्जगुणा । अवट्ठि०संका० असंखे०गुणा। अप्पयर०संका० संखे०गुणा । एवं मणुसपज्जत्त-मणुसिणीसु । णवरि सव्वत्थ संखेज्जगुणं कायव्वं । सेसगइमग्गणाभेदेसु विहत्तिभंगो । एवं जाव० ।

एवमुत्तरपयडिट्ठिदिसंकमस्स भुजगारो समत्तो ।

---

§ ८२२. क्योंकि अवस्थितसंक्रामकोंके अवस्थानकालसे अल्पतरसंक्रामकोंका परिणामकाल संख्यातगुणा है ।

❀ इसीप्रकार शेष कर्मोंका प्रकृत अल्पबहुत्व है ।

§ ८२३. जिस प्रकार अनन्तानुबन्धियोंके प्रकृत अल्पबहुत्वका कथन किया है इसीप्रकार शेष कषायों और नोकषायोंके अल्पबहुत्वका भी कथन करना चाहिए, क्योंकि उससे इसमें कोई विशेषता नहीं है । इसप्रकार सूत्रोंमें निबद्ध ओघप्ररूपणा की ।

§ ८२४. आगे इसे स्पष्ट करनेके लिए और आदेशप्ररूपणा करनेके लिए उसकी उच्चारणाका अनुगम करते हैं । यथा—अल्पबहुत्वानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भंग स्थितिविभक्तिके समान है । सोलह कषायों और नौ नोकषायोंके अवक्तव्यसंक्रामक जीव सबसे स्तोक हैं । उनसे भुजगारसंक्रामक जीव अनन्तगुणे हैं । उनसे अवस्थितसंक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं । उनसे अल्पतरसंक्रामक जीव संख्यातगुणे हैं । मनुष्योंमें सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व और मिथ्यात्वका भंग स्थितिविभक्तिके समान है । सोलह कषायों और नौ नोकषायोंके अवक्तव्यसंक्रामक जीव सबसे स्तोक हैं । उनसे भुजगारसंक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं । उनसे अवस्थितसंक्रामक जीव असंख्यातगुणे हैं । उनसे अल्पतरसंक्रामक जीव संख्यातगुणे हैं । इसीप्रकार मनुष्य पर्याप्त और मनुष्यिनियोंमें जानना चाहिए । किन्तु इतनी विशेषता है कि संख्यातगुणा करना चाहिए । गतिमार्गणाके शेष भेदोंमें स्थितिविभक्तिके समान भंग है । इसीप्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

इसप्रकार उत्तरप्रकृतिस्थितिसंक्रमका भुजगार समाप्त हुआ ।

* पदणिक्खेवे तत्थ इमाणि तिण्णि अणियोगद्दाराणि—समुक्कित्तणा सामित्तमप्पाबहुअं च ।

§ ८२५. एदेण सुत्तेण पदणिक्खेवे तिण्हमणिओगद्दाराणं संभवो तण्णामणिद्देसो च कओ । एवमेदेहि तीहि अणिओगद्दारेहि पदणिक्खेवं परूवेमाणो जहा उद्देसो तहा णिद्देसो त्ति णायमवलंबिय समुक्कित्तणमेव ताव परूवेदुमुत्तरसुत्तमाह—

* तत्थ समुक्कित्तणा सव्वासिं पयडीणमुक्कस्सिया वड्ढी हाणी अवट्ठाणं च अत्थि ।

§ ८२६. तत्थ तेसु तिसु अणियोगद्दारेसु समुक्कित्तणा ताव उच्चदे—तत्थ दुविहो णिद्देसो ओघादेसभेदेण । ओघेण ताव सव्वासिं मोहपयडीणमत्थि उक्कस्सिया वड्ढी हाणी अवट्ठाणं च । ट्ठिदिसंकमस्से त्ति एत्थाहियारसंबंधो कायव्वो ।

* एवं जहण्णयस्स वि णेदव्वं ।

§ ८२७. जहा सव्वासिं पयडीणमुक्कस्सवड्ढि-हाणि-अवट्ठाणसंकमो समुक्किचिदो एवं जहण्णयस्स वि वड्ढि-हाणि-अवट्ठाणसंकमस्स समुक्कित्तणं णेदव्वं । तं कथं ? सव्वासिं पयडीणमत्थि जहण्णिया वड्ढी हाणी अवट्ठाणं च ।

एवमोघसमुक्कित्तणा गया ।

आदेसेण सव्वमग्गणासु विहत्तिभंगो ।

---

* पदनिक्षेपका अधिकार है । उसमें ये तीन अनुयोगद्वार हैं—समुत्कीर्तना, स्वामित्व और अल्पबहुत्व ।

§ ८२५. इस सूत्र द्वारा पदनिक्षेपमें तीन अनुयोगद्वारोंकी सम्भावनाके साथ उनके नामोंका निर्देश किया है । इसप्रकार इन तीन अनुयोगद्वारोंके द्वारा पदनिक्षेपका कथन करते हुए उद्देशके अनुसार निर्देश किया जाता है इस न्यायका अवलम्बन लेकर सर्वप्रथम समुत्कीर्तनका ही कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* प्रकृतमें समुत्कीर्तना इसप्रकार है—सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट वृद्धि, हानि और अवस्थान है ।

§ ८२६. उन तीन अनुयोगद्वारोंमें सर्वप्रथम समुत्कीर्तना कथन करते हैं । उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मोहनीयकी सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट वृद्धि, हानि और अवस्थान है । 'स्थितिसंक्रमका' इसप्रकार यहाँ पर अधिकारका सम्बन्ध कर लेना चाहिए ।

* इसीप्रकार जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थान भी जानना चाहिए ।

§ ८२७. जिस प्रकार सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट वृद्धि, हानि और अवस्थानसंक्रमकी समुत्कीर्तना की उसी प्रकार जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थानसंक्रमकी भी समुत्कीर्तना जाननी चाहिए ।

शंका—वह कैसे ?

समाधान—सब प्रकृतियोंकी जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थान है ।

इस प्रकार ओघसमुत्कीर्तना समाप्त हुई ।

* सामित्तं।

§ ८२८. समुक्कित्तणाणंतरं सामित्तमवसरपत्तं कायव्वमिदि अहियारसंभालणवयणमेदं।

* मिच्छत्त-सोलसकसायाणमुक्कस्सिया वड्ढी कस्स ?

§ ८२९. मिच्छत्तादीणमुक्कस्सट्ठिदिसंकमवुड्ढीए को सामिओ त्ति पुच्छिदं होइ।

* जो चउट्ठाणियजवमज्झस्स उवरि अंतोकोडाकोडिट्ठिदिमंतोमुहुत्तं संकामेमाणो सो सव्वमहंतं दाहं गदो तदो उक्कस्सट्ठिदि पबद्धो तस्सावलियादीदस्स तस्स उक्कस्सिया वड्ढी।

§ ८३०. जो अंतोकोडाकोडिट्ठिदिमंतोमुहुत्तं संकामेमाणो अच्छिदो उक्कस्सदाहवसेणुक्कस्सट्ठिदिं पबद्धो तस्सावलियादीदस्स णिरुद्धसव्वकम्माणमुक्कस्सयट्ठिदिसंकमवुड्ढी होइ त्ति सुत्तत्थसंबंधो। सा पुण अंतोकोडाकोडी अणेयवियप्पा, धुवट्ठिदीदो प्पहुडि समयुत्तरादिकमेण तत्तो संखेज्जगुणाओ ट्ठिदीओ उल्लंघिय तदुक्कस्सवियप्पावट्ठाणादो। तत्थ किमेसा अंतोकोडाकोडी समयूणसागरोवमकोडाकोडिपमाणाए इह गहणं, आहो जहण्णाए धुवट्ठिदिपमाणावच्छिण्णाए, उदाहो तप्पाओग्गाए अजहण्णाणुक्कस्सवियप्पपडिबद्धाए त्ति एत्थ णिण्णयकरणट्ठमिदं विसेसणं चउट्ठाणियजवमज्झस्स उवरि त्ति। तं च

---

* स्वामित्वका अधिकार है।

§ ८२८. समुत्कीर्तनाके बाद अवसर प्राप्त स्वामित्व करना चाहिए इसप्रकार अधिकारकी सम्हाल करनेवाला यह वचन है।

* मिथ्यात्व और सोलह कषायोंकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है।

§ ८२९. मिथ्यात्व आदिकी उत्कृष्ट स्थितिसंक्रमवृद्धिका स्वामी कौन है यह पृच्छा की गई है।

* जो चतुःस्थानिक यवमध्यके ऊपर अन्तःकोड़ाकोड़ीप्रमाण स्थितिका अन्तर्मुहूर्तकाल तक संक्रमण कर रहा है उसने अत्यन्त उत्कृष्ट दाहको प्राप्त होकर उससे उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध किया उसके एक आवलिके बाद उत्कृष्ट वृद्धि होती है।

§ ८३०. जो अन्तःकोड़ाकोड़ीप्रमाण स्थितिका अन्तर्मुहूर्त काल तक संक्रमण करता हुआ स्थित है, उसने उत्कृष्ट दाहवश उत्कृष्ट स्थितिबन्ध किया उसके एक आवलिके बाद विवक्षित कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिसंक्रमवृद्धि होती है यह इस सूत्रका अर्थसम्बन्ध है। परन्तु यह अन्तःकोड़ाकोड़ी ध्रुवस्थितिसे लेकर एक समय अधिक आदिके क्रमसे अनेक प्रकारकी है, क्योंकि ध्रुवस्थितिसे संख्यातगुणी स्थितियोंको उल्लंघन कर इसके उत्कृष्ट विकल्पका अवस्थान है। उनमेंसे एक समय कम कोड़ाकोड़ी सागरप्रमाण उत्कृष्ट अन्तःकोड़ाकोड़ीका यहाँ पर ग्रहण किया है या ध्रुवस्थितिप्रमाण जघन्य अन्तःकोड़ाकोड़ीका ग्रहण किया है या अजघन्यानुत्कृष्ट विकल्पवाली अन्तःकोड़ाकोड़ीका ग्रहण किया है इसप्रकार यहाँ पर निर्णय करनेके लिए 'चतुःस्थानिक यवमध्यके ऊपर' यह विशेषण दिया है। यह चतुःस्थानिक यवमध्य दो प्रकारका है—सातप्रायोग्य और असात-

चउट्ठाणियजवमज्झं दुविहं—सादपाओग्गमसादपाओग्गं च। तत्थ पयरणवसेणासादपाओग्गस्स गहणमिह विण्णेयं, अण्णहा सव्वुकस्सट्ठिदिबंधहेदुतिव्वयरदाहपरिणामाणुववत्तीदो। सव्वुक्कस्सविसोहिणिबंधणस्स सादचउट्ठाणजवमज्झस्स सव्वमहंतदाहहेउत्तविरोहादो च। तदो असादचउट्ठाणियाणुभागबंधपाओग्गजवमज्झस्स उवरि जा अंतोकोडाकोडी णिव्वियप्पंतोकोडाकोडीदो संखेज्जगुणहीणा दाहट्ठिदिसण्णिदा सेह गहेयव्वा, हेट्ठिमासेसट्ठिदिसंकमवियप्पाणमुक्कस्सदाहविरुद्धसहावत्तादो। ण च सव्वमहंतेण दाहेण विणा उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो होइ, विप्पडिसेहादो। तम्हा चउट्ठाणियजवमज्झस्सुवरि जो एवंविहमंतोकोडाकोडिट्ठिदिसंकममाणो समवट्ठिदो सव्वमहंतेण दाहेण परिणदो संतो उक्कस्सट्ठिदिं पबंधदि तस्स आवलियादीदं संकामेमाणयस्स पयदकम्माणमुक्कस्सिया वड्ढी ट्ठिदिसंकमविसया होदि त्ति सिद्धं। एत्थ वड्ढिपमाणं दाहट्ठिदिपरिहीणसत्तरि-चालीससागरोवमकोडाकोडिमेत्तअणंतरहेट्ठिमसमयसंकमादो सामित्तसमए ट्ठिदिसंकमस्स तेत्तियमेत्तेण वुड्ढिदंसणादो। एवमेदेसिं कम्माणमुक्कस्सवड्ढीए सामित्तं परूविय तस्सेवावट्ठाणसामित्तं पि उक्कस्सयं विदियसमए होइ त्ति जाणावणट्ठं सुत्तमुत्तरं भणइ—

* तस्सेव से काले उक्कस्सयमवट्ठाणं।

§ ८३१. तस्सेव उक्कस्सवुड्ढिसंकमसामित्तमुवगयस्स से काले तत्तियमेव संकामेमाणयस्स उक्कस्समवट्ठाणं होदि। कुदो? उक्कस्सवुड्ढीए अविणट्ठसरूवेण तत्थावट्ठाणदंसणादो।

प्रायोग्य। इनमेंसे प्रकरणवश असातप्रायोग्य यवमध्यका यहाँ पर ग्रहण जानना चाहिए, अन्यथा सर्वोत्कृष्ट स्थितिबन्धका हेतुभूत तीव्रतर दाहपरिणामकी उत्पत्ति नहीं बन सकती तथा सबसे उत्कृष्ट विशुद्धिकारणक सातचतुःस्थान यवमध्यके सर्वोत्कृष्ट दाहहेतुक होनेमें विरोध आता है। इसलिए असातचतुःस्थानीय अनुभागबन्धके योग्य यवमध्यके ऊपर निर्विकल्प अन्तःकोड़ाकोड़ीसे संख्यातगुणी हीन जो दाहसंज्ञावाली अन्तःकोड़ाकोड़ी स्थिति है उसे यहाँ ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि अधस्तन समस्त संक्रमविकल्प उत्कृष्ट दाहके विरुद्ध स्वभाववाले हैं। और सर्वोत्कृष्ट दाहके बिना उत्कृष्ट स्थितिबन्ध नहीं होता, क्योंकि ऐसा होनेका निषेध है। इसलिए चतुःस्थानिक यवमध्यके ऊपर जो इस प्रकारकी अन्तःकोड़ाकोड़ीप्रमाण स्थितिका संक्रम करता हुआ स्थित है वह सर्वोत्कृष्ट दाहसे परिणत होकर उत्कृष्ट स्थितिको बाँधता है उसके एक आवलिके बाद संक्रमण करते हुए प्रकृत कर्मोंकी स्थितिसंक्रमविषयक उत्कृष्ट वृद्धि होती है यह सिद्ध हुआ। यहाँ पर वृद्धिका प्रमाण दाहस्थितिसे हीन सत्तर और चालीस कोड़ाकोड़ी सागरप्रमाण स्थिति है, क्योंकि अनन्तर पूर्व समयमें हुए संक्रमसे स्वामित्वके समयमें स्थितिसंक्रमसे तत्प्रमाण वृद्धि देखी जाती है। इसप्रकार इन कर्मोंकी उत्कृष्ट वृद्धिके स्वामित्वका कथन करके उसीके उत्कृष्ट अवस्थान स्वामित्व दूसरे समयमें होता है यह जतानेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* उसीके अनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थान होता है।

§ ८३१. उत्कृष्ट वृद्धिसंक्रमके स्वामित्वको प्राप्त हुए उसी जीवके अनन्तर समयमें उतना ही संक्रम करते हुए उत्कृष्ट अवस्थान होता है, क्योंकि उत्कृष्ट वृद्धिका विनाश हुए बिना वहाँ पर

एवमुक्कस्सवड्ढिपुव्वमवट्ठाणसामित्तं परूविय संपहि पयदकम्माणमुक्कस्सहाणीए सामित्त-विहाणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ—

*** उक्कस्सिया हाणी कस्स ?**

§ ८३२. सुगमं।

*** जेण उक्कस्सट्ठिदिखंडयं घादिदं तस्स उक्कस्सिया हाणी।**

§ ८३३. जेसुक्कस्सट्ठिदिसंकमादो अंतोमुहुत्तपडिभागेणुक्कस्सयं ट्ठिदिखंडयं घादिदं तस्सुक्कस्सिया हाणी होइ, तत्थुक्कस्सट्ठिदिखंडयमेत्तस्स ट्ठिदिसंकमस्स एक्कसराहेण परिहाणिदंसणादो। केत्तियमेत्तं च तमुक्कस्सट्ठिदिखंडयं ? अंतोकोडाकोडिपरिहीण कम्मट्ठिदिमेत्तं, उक्कस्सवुड्ढीदो किंचूणपमाणत्तादो। एदस्सेव पमाणपरिच्छेदस्स साहणट्ठ-मिदमाह—

*** जं उक्कस्सट्ठिदिखंडयं तं थोवं। जं सव्वमहंतं दाहं गदो त्ति भणिदं तं विसेसाहियं।**

§ ८३४. जमुक्कस्सट्ठिदिखंडयमुक्कस्सहाणीए विसईकयं तं थोवं। जं पुण उक्कस्स-वड्ढिपरूवणाए सव्वमहंतं दाहं गदो त्ति भणिदं तं विसेसाहियं। एत्थ कज्जे कारणोव यारेण सव्वमहंतदाहजणिदा वुड्ढी चेव सव्वमहंतदाहसद्देण णिद्दिट्ठा। तदो उक्कस्स-हाणीदो उक्कस्सट्ठिदिखंडयसरूवादो उक्कस्सिया वड्ढी विसेसाहिया त्ति वुत्तं होइ।

अवस्थान देखा जाता है। इस प्रकार उत्कृष्ट वृद्धिपूर्वक अवस्थानके स्वामित्वका कथन करके अब प्रकृत कर्मोंकी उत्कृष्ट हानिके स्वामित्वका विधान करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** उत्कृष्ट हानि किसके होती है ?**

§ ८३२. यह सूत्र सुगम है।

*** जिसने उत्कृष्ट स्थितिकाण्डकका घात किया है उसके उत्कृष्ट हानि होती है।**

§ ८३३. जिसने उत्कृष्ट स्थितिसंक्रमसे अन्तर्मुहूर्त कालमें प्रतिभग्न होकर उत्कृष्ट स्थितिकाण्डकका घात किया है उसके उत्कृष्ट हानि होती है, क्योंकि वहाँ पर उत्कृष्ट स्थितिकाण्डक-प्रमाण स्थितिसंक्रमकी एक बारमें हानि देखी जाती है।

शंका—वह उत्कृष्ट स्थितिकाण्डक कितना है ?

समाधान—अन्तःकोड़ाकोड़ी कम कर्मस्थितिप्रमाण है, क्योंकि वह उत्कृष्ट वृद्धिसे कुछ न्यून प्रमाण है।

इसीके प्रमाणका परिच्छेद साधनेके लिए यह आगेका सूत्र कहते हैं—

*** जो उत्कृष्ट स्थितिकाण्डक है वह स्तोक है। जो सर्वोत्कृष्ट दाहको प्राप्त हुआ है ऐसा कहा है वह विशेष अधिक है।**

§ ८३४. उत्कृष्ट हानिका विषयीकृत जो उत्कृष्ट स्थितिकाण्डक है वह स्तोक है। तथा उत्कृष्ट वृद्धिकी प्ररूपणामें सर्वोत्कृष्ट दाहको प्राप्त हुआ ऐसा कहा है वह विशेष अधिक है। यहाँ पर कार्यमें कारणका उपचार करनेसे सर्वोत्कृष्ट दाहजनित वृद्धि ही सर्वोत्कृष्ट दाह शब्द द्वारा निर्दिष्ट की गई है। इसलिए उत्कृष्ट स्थितिकाण्डकस्वरूप उत्कृष्ट हानिसे उत्कृष्ट वृद्धि विशेष अधिक है यह

केत्तियमेत्तो विसेसो ? अंतोकोडाकोडिमेत्तो । किमट्ठमेदं थोवं बहुत्तमणवसरपत्तमेत्र सामित्तपरूवणाए वुत्तमिदि सयमेवासंकिय तत्थुत्तरमाह—

❀ एदमप्पाबहुअस्स साहणं ।

§ ८३५. एदमणंतरपरूविदं ट्ठिदिखंडयस्स सव्वमहंतं दाहजणिदट्ठिदिबंधपसरस्स च जं थोवबहुत्तं तमुक्कस्सवड्ढि-हाणीणमुवरि भणिस्समाणथोवबहुत्तस्स साहणमिदि कट्टु सिस्सहिदट्ठमिह परूविदं, तम्हा णेदमसंबद्धमिदि । एवं ताव मिच्छत्त-सोलसकसायाण-मुक्कस्सवड्ढि-हाणि-अवट्ठाणसामित्तं परूविय णोकसायाणं पि सामित्ताणुगमे एसो चेव कमो त्ति पदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

❀ एवं णवणोकसायाणं ।

§ ८३६. जहा मिच्छत्तादीणमुक्कस्सवड्ढि-हाणि-अवट्ठाणसामित्तपरिक्खा कया तहा णवणोकसायाणं पि कायव्वा, पाएण साहम्मदंसणादो । विसेसो दु वड्ढि-अवट्ठाण-सामित्ते थोवयरो अत्थि त्ति जाणावणट्ठमुत्तरं सुत्तद्दयमाह—

❀ णवरि कसायाणमावलियूणमुक्कस्सट्ठिदिपडिच्छिदूणावलिया-दीदस्स तस्स उक्कस्सिया वड्ढी । से काले उक्कस्सयमवट्ठाणं ।

उक्त कथनका तात्पर्य है । विशेषका प्रमाण कितना है ? अन्तःकोड़ाकोड़ीप्रमाण है । यह अनवसर प्राप्त अल्पबहुत्व स्वामित्व प्ररूपणामे किसलिए कहा है इस प्रकार स्वयं ही आशंका कर इस विषयमे उत्तर देते हैं—

यह अल्पबहुत्वका साधन है ।

§ ८३५. यह पहले जो स्थितिकाण्डकका और सर्वोत्कृष्ट दाहजनित स्थितिबन्धप्रसरका अल्पबहुत्व कहा है वह आगे कहे जानेवाले उत्कृष्ट वृद्धि-हानिसम्बन्धी अल्पबहुत्वका साधन है ऐसा समझकर शिष्योंके हृदयमें स्थित उक्त अल्पबहुत्वका यहाँ पर कथन किया है, इसलिए यह प्रकृतमे असंगत नहीं है । इसप्रकार मिथ्यात्व और सोलह कषायोंकी उत्कृष्ट वृद्धि, हानि और अवस्थानके स्वामित्वका कथन करके नोकषायोंके भी स्वामित्वका अनुगम करनेमें यही क्रम है ऐसा कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

इसी प्रकार नौ नोकषायोंकी उत्कृष्ट वृद्धि, हानि और अवस्थानका स्वामी जानना चाहिए ।

§ ८३६. जिसप्रकार मिथ्यात्व आदिकी उत्कृष्ट वृद्धि, हानि और अवस्थानके स्वामित्वकी परीक्षा की उसीप्रकार नौ नोकषायोंकी भी करनी चाहिए, क्योंकि इन सबके स्वामित्वमें प्रायः कर साधर्म्य देखा जाता है । परन्तु वृद्धि और अवस्थानके स्वामित्वमे थोड़ीसी विशेषता है, इसलिए उसे जतानेके लिए आगेके दो सूत्र कहते हैं—

❀ किन्तु इतनी विशेषता है कि कषायोंकी एक आवलिकम उत्कृष्ट स्थितिका नौ नोकषायोंमें संक्रम करके एक आवलिके बाद उसकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है । तथा तदनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थान होता है ।

§ ८३७. कुदो एवं कीरदे चे ? ण, सगुहेणेदेसिं चालीससागरोवमकोडाकोडीणं वंघाभावेण कसायुक्कस्सट्ठिदिपडिग्गहमुहेण तहा सामित्तविहाणादो। तदो बंधावलियूणं कसायट्ठिदिमुक्कस्सियं सगपाओग्गंतोकोडाकोडिट्ठिदिसंकमे पडिच्छियूण संकमणावलियादिक्कंतस्स पयदसामित्तमिदि सुसंबद्धमेदं। हाणीए णत्थि विसेसो, उक्कस्सट्ठिदिघादविसए तस्सामित्तपडिलंभस्स सव्वत्थ णाणत्ताभावादो। एत्थ पमाणाणुगमे कसायभंगो। णवरि णवुंसयवेदारइ-सोग-भय-दुगुंछाणमुक्कस्सट्ठिदिवुड्ढी अवट्ठाणं च वीससागरोवमकोडाकोडीओ पलिदोवमासंखेज्जभागब्भहियाओ। कुदो ? कसायाणमुक्कस्सट्ठिदिबंधकाले तेसिं पि रूवूणाबाहाकंडएणूणवीससागरोवमकोडाकोडिमेत्तट्ठिदिबंधस्स दुप्पडिसेहत्तादो। एवमेदं परूविय संपहि सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं पयदसामित्तविहाणट्ठमुवरिमो सुत्तपबंधो—

❀ सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमुक्कस्सिया वड्ढी कस्स ?

§ ८३८. सुगमं।

❀ वेदगसम्मत्तपाओग्गजहण्णट्ठिदिसंतकम्मिगो मिच्छत्तस्स उक्कस्सट्ठिदिं बंधियूण ट्ठिदिघादमकाऊण अंतोमुहुत्तेण सम्मत्तं पडिवण्णो तस्स विदियसमयसम्माइट्ठिस्स उक्कस्सिया वड्ढी।

---

§ ८३७. शंका—ऐसा क्यों किया जाता है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि स्वमुखसे इनका चालीस कोड़ाकोड़ीसागरप्रमाण बन्ध नहीं होनेसे कषायोंकी उत्कृष्ट स्थितिका प्रतिग्रह होनेके बाद उनके द्वारा उस प्रकारके स्वामित्वका विधान किया है। इसलिए कषायोंकी बन्धावलिसे न्यून उत्कृष्ट स्थितिको अपने योग्य अन्तःकोड़ाकोड़िप्रमाण स्थितिमें संक्रमित करके संक्रमावलिके बाद उनका प्रकृत स्वामित्व प्राप्त होता है यह सुसम्बद्ध है।

हानिमें कोई विशेषता नहीं है, क्योंकि उत्कृष्ट स्थितिघातको विषयकर उत्कृष्ट हानिके स्वामित्वकी प्राप्ति सर्वत्र भेदरहित है। यहाँ पर प्रमाणका अनुगम करने पर कषायोंके समान भंग है। किन्तु इतनी विशेषता है कि नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय और जुगुप्साकी उत्कृष्ट स्थितिवृद्धि और अवस्थान पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक बीस कोड़ाकोड़ी सागर है, क्योंकि कषायोंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धकालमें उनका भी एक कम आबाधाकाण्डकसे न्यून बीस कोड़ाकोड़ीसागरप्रमाण स्थितिबन्ध प्रतिषेध करनेके लिए अशक्य है। इस प्रकार इसका यहाँ पर कथन करके अब सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके प्रकृत स्वामित्वका विधान करनेके लिए आगेका सूत्रप्रबन्ध कहते हैं—

*** सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ?**

§ ८३८. यह सूत्र सुगम है।

*** वेदकसम्यक्त्वके योग्य जघन्य स्थितिसत्कर्मवाला जो जीव मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध कर स्थितिघात किये बिना अन्तर्मुहूर्तमें सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ, द्वितीय समयवर्ती उस सम्यग्दृष्टिके उत्कृष्ट वृद्धि होती है।**

§ ८३९. एत्थ वेदयपाओग्गजहण्णट्ठिदिसंतकम्मिओ णाम दुविहो—किंचूण-सागरोवमट्ठिदिसंतकम्मिओ तप्पुधत्तमेत्तट्ठिदिसंतकम्मिओ च। एत्थ पुण सागरोवममेत्त-ट्ठिदिसंतकम्मिओ एइंदियपच्छायदो घेत्तव्वो, उक्कस्सवड्ढीए पयदत्तादो। तदो एवंविहेण ट्ठिदिसंतकम्मेणुवलक्खिओ जो मिच्छाइट्ठी मिच्छत्तस्स उक्कस्सट्ठिदिं बंधियूणंतोमुहुत्त-पडिभग्गो तप्पाओग्गविसुद्धीए मिच्छत्तस्स ट्ठिदिघादमकाऊण वेदयसम्मत्तं पडिवण्णो, तम्मि चेव समए मिच्छत्तट्ठिदिमंतोमुहुत्तूणसत्तरिसागरोवममेत्तं विवक्खिय कम्मेसु संकामिय विदियसमयमुवगओ तस्स विदियसमयसम्माइट्ठिस्स पयदुक्कस्ससामित्तं होइ, तत्थ थोवूणसागरोवमसंकमादो हेट्ठिमसमयपडिबद्धादो तदूणसत्तरिसागरोवममेत्तट्ठिदि-संकमस्स वुड्ढिदंसणादो।

❀ हाणी मिच्छत्तभंगो।

§ ८४०. जहावुत्तकमेण वुड्ढिसंकमं काऊण तदो अंतोमुहुत्तेण सव्वुक्कस्सट्ठिदि-खंडए घादिदे तत्थ तदुक्कस्ससामित्तं पडि भेदाभावादो।

❀ उक्कस्सयमवट्ठाणं कस्स?

§ ८४१. सुगमं।

❀ पुव्वुप्पण्णादो सम्मत्तादो समयुत्तरमिच्छत्तट्ठिदिसंतकम्मिओ सम्मत्तं पडिवण्णो तस्स विदियसमयसम्माइट्ठिस्स उक्कस्सयमवट्ठाणं।

§ ८३९. यहाँ पर वेदकसम्यक्त्वके योग्य जघन्य स्थितिसत्कर्मवाला जीव दो प्रकारका है—कुछ कम एक सागर स्थितिसत्कर्मवाला और सागरपृथक्त्वप्रमाण स्थितिसत्कर्मवाला। परन्तु यहाँ पर एकेन्द्रियोंमेंसे लौटकर आया हुआ एक सागर स्थितिसत्कर्मवाला जीव लेना चाहिए, क्योंकि उत्कृष्ट वृद्धिका प्रकरण है। इसलिए इसप्रकारके स्थितिसत्कर्मसे उपलक्षित जो मिथ्यादृष्टि जीव मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध कर अन्तर्मुहूर्तमें प्रतिभग्न होकर तत्प्रायोग्य विशुद्धिसे मिथ्यात्वका स्थितिघात किये बिना वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त हुआ और उसी समय मिथ्यात्वकी अन्तर्मुहूर्तकम सत्तर कोड़ाकोड़ीसागरप्रमाण स्थितिको विवक्षित कर्मोंमें संक्रमित कर दूसरे समयको प्राप्त हुआ उस द्वितीय समयवर्ती सम्यग्दृष्टिके प्रकृत उत्कृष्ट स्वामित्व होता है, क्योंकि वहाँ पर पिछले समयमें होनेवाले कुछ कम एक सागरप्रमाण स्थितिसंक्रमसे किञ्चित् न्यून एक सागर कम सत्तर कोड़ाकोड़ी सागरप्रमाण स्थितिसंक्रमकी वृद्धि देखी जाती है।

❀ हानिका भंग मिथ्यात्वके समान है।

§ ८४०. पूर्वोक्त क्रमसे वृद्धिसंक्रमको करके तदनन्तर अन्तर्मुहूर्तमें सबसे उत्कृष्ट स्थिति-काण्डकका घात करने पर वहाँ मिथ्यात्वके उत्कृष्ट स्वामित्वसे इनके उत्कृष्ट स्वामित्वमें कोई भेद नहीं है।

❀ उत्कृष्ट अवस्थान किसके होता है।

§ ८४१. यह सूत्र सुगम है।

❀ जो जीव पूर्वमें उत्पन्न हुए सम्यक्त्वसे मिथ्यात्वमें जाकर एक समय अधिक मिथ्यात्वके स्थितिसत्कर्मके साथ सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ उस द्वितीय समयवर्ती सम्यग्दृष्टिके उत्कृष्ट अवस्थान होता है।

§ ८४२. जो पुव्वुप्पण्णादो सम्मत्तादो मिच्छत्तं गंतूण सम्मत्तट्ठिदिसंतादो समउत्तरं मिच्छत्तट्ठिदिं बंधिऊण सम्मत्तं पडिवण्णो तस्स विदियसमयसम्माइट्ठिस्स दोण्हं कम्माणमुक्कस्समवट्ठाणं होइ, तत्थ पढमसमयसंकंतमिच्छत्तट्ठिदिसंतकम्मस्स विदियसमए गलिदावसिट्ठस्स पढमसमयसम्मत्त-सम्मामिच्छत्तट्ठिदिसंकमपमाणेणावट्ठाणदंसणादो । एवमोघेण सव्वकम्माणमुक्कस्सवड्ढि-हाणि-अवट्ठाणसामित्तपरूवणा गया ।

❀ एत्तो जहण्णयाए ।

§ ८४३. एत्तो उवरि सव्वेसिं कम्माणं जहण्णवड्ढि-हाणि-अवट्ठाणसामित्तपरूवणा कायव्वा त्ति भणिदं होइ ।

❀ सम्मत्त-सम्मामिच्छत्तवज्जाणं जहण्णिया वड्ढी कस्स ?

§ ८४४. सुगमं ।

❀ अप्पप्पणो समयूणादो उक्कस्सट्ठिदिसंकमादो उक्कस्सट्ठिदिसंकमेमाणयस्स तस्स जहण्णिया वड्ढी ।

§ ८४५. तं कधं ? समयूणुक्कस्सट्ठिदिं बंधियूण तदणंतरसमए उक्कस्सट्ठिदिं बंधिय बंधावलियवदिक्कंतं संकामेंतो हेट्ठिमसमए समयूणट्ठिदिसंकमादो समयुत्तरं संकामेदि । तदो

§ ८४२. जो पूर्वमें उत्पन्न हुए सम्यक्त्वसे मिथ्यात्वमें जाकर सम्यक्त्वके स्थितिसत्त्वसे मिथ्यात्वकी एक समय अधिक स्थितिको बाँधकर सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ उस द्वितीय समयवर्ती सम्यग्दृष्टिके दोनों कर्मोंका उत्कृष्ट अवस्थान होता है, क्योंकि वहाँ पर प्रथम समयमें संक्रान्त हुए तथा दूसरे समयमें गलकर अवशिष्ट रहे मिथ्यात्वके स्थितिसत्कर्मका प्रथम समयमें प्राप्त हुए सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके स्थितिसंक्रमके प्रमाणरूपसे अवस्थान देखा जाता है । इसप्रकार ओघसे सब कर्मोंकी उत्कृष्ट वृद्धि, हानि और अवस्थानके स्वामित्वकी प्ररूपणा की ।

* आगे जघन्यका अधिकार है ।

§ ८४३. इससे आगे सब कर्मोंकी जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थानके स्वामित्वका कथन करना चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

* सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके सिवा शेष कर्मोंकी जघन्य वृद्धि किसके होती है ?

§ ८४४. यह सूत्र सुगम है ।

* जो अपने अपने एक समय कम उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्मसे उत्कृष्ट स्थितिका संक्रम करता है उसके जघन्य वृद्धि होती है ।

§ ८४५. शंका—वह कैसे ?

समाधान—क्योंकि एक समय कम उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध कर पुनः तदनन्तर समयमें उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध कर बन्धावलिके बाद संक्रम करता हुआ पिछले समयमें हुए एक समय कम स्थितिसंक्रमसे एक समय अधिकका संक्रम करता है, इसलिए उसके जघन्य वृद्धि होती है ।

तस्स जहण्णिया वड्ढी होदि, एयट्ठिदिमेत्तस्सेव तत्थ वुड्ढिदंसणादो। उदाहरणपदंसणट्ठमेदं परूविदं। तदो सव्वासु चेव ट्ठिदीसु समयुत्तरबंधवसेण जहण्णिया वड्ढी अविरुद्धा परूवेयव्वा।

❀ जहण्णिया हाणी कस्स ?

§ ८४६. सम्मत्त-सम्मामिच्छत्तवज्जाणं सव्वकम्माणमिदि अणुवट्टदे। सुगममन्यत्।

❀ तप्पाओग्गसमयुत्तरजहण्णट्ठिदिसंकमादो तप्पाओग्गजहण्णट्ठिदिं संकामेमाणयस्स तस्स जहण्णिया हाणी ?

§ ८४७. समयुत्तरधुवट्ठिदिं संकामेमाणओ अधट्ठिदिगलणेण धुवट्ठिदिं संकामेदुमाढत्तो तस्स जहण्णिया हाणी, एयट्ठिदिमेत्तस्सेव तत्थ हाणिदंसणादो। एवं सव्वाओ ट्ठिदीओ णिरुंभिऊण जहण्णहाणी परूवेयव्वा।

❀ एयदरत्थमवट्ठाणं।

§ ८४८. कथं ताव वड्ढीए अवट्ठाणसंभवो ? वुच्चदे—समयूणुक्कस्सट्ठिदिसंकमादो उक्कस्सट्ठिदिसंकमेण वड्ढिदस्स अंतोमुहुत्तमवट्ठिदट्ठिदिबंधवसेण तत्थेवावट्ठाणे णत्थि विरोहो। एवं जहण्णहाणीए वि अवट्ठाणसंभवो दट्ठव्वो। एदाणि जहण्णवड्ढि-हाणि-अवट्ठाणाणि एयट्ठिदिमेत्ताणि। संपहि सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं जहण्णवड्ढिसामित्तपरूवणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ—

क्योंकि वहाँ पर एक समयमात्र स्थितिसंक्रमकी वृद्धि देखी जाती है। उदाहरण दिखलानेके लिए यह कहा है, इसलिए सभी स्थितियोंमें एक समय अधिक बन्ध होनेसे जघन्य वृद्धि बिना विरोधके बन जाती है ऐसा कथन करना चाहिए।

❀ जघन्य हानि किसके होती है ?

§ ८४६. यहाँ इस सूत्रमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वको छोड़कर शेष सब कर्मोंकी इतने वाक्यकी पूर्व सूत्रसे अनुवृत्ति होती है। शेष कथन सुगम है।

❀ तत्प्रायोग्य एक समय अधिक जघन्य स्थितिके संक्रमके बाद तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिका संक्रम करनेवाले जीवके जघन्य हानि होती है।

§ ८४७. एक समय अधिक ध्रुवस्थितिका संक्रम करनेवाला जो जीव ध्रुवस्थितिका संक्रम करता है उसके जघन्य हानि होती है, क्योंकि वहाँ पर एक स्थितिमात्रकी हानि देखी जाती है। इस प्रकार सब स्थितियोंको विवक्षित कर जघन्य हानिका कथन करना चाहिए।

❀ किसी एक स्थानमें जघन्य अवस्थान होता है।

§ ८४८. शंका—वृद्धिके बाद अवस्थान कैसे सम्भव है ?

समाधान—कहते हैं—एक समय कम उत्कृष्ट स्थितिके संक्रमके बाद उत्कृष्ट स्थितिका संक्रम करनेसे वृद्धिको प्राप्त हुए जीवके अन्तर्मुहूर्त कालतक अवस्थित स्थितिके बन्धके कारण उसीमें अवस्थान होनेपर वृद्धिके बाद अवस्थान होनेमें विरोध नहीं है।

इसी प्रकार जघन्य हानिके बाद भी अवस्थानका सम्भव जान लेना चाहिए। ये जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थान एक स्थितिप्रमाण हैं। अब सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य वृद्धिके स्वामित्वका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं जहण्णिया वड्ढी कस्स ?

§ ८४९. सुगमं।

* पुव्वुप्पण्णसम्मत्तादो दुसमयुत्तरमिच्छत्तसंतकम्मिओ सम्मत्तं पडिवण्णो तस्स विदियसमयसम्माइट्ठिस्स जहण्णिया वड्ढी।

§ ८५०. कुदो ? वेदगसम्मत्तग्गहणपढमसमए दुसमयुत्तरमिच्छत्तट्ठिदिं पडिच्छिय तत्थेवाधट्ठिदीए णिसेगमेगं गालिय विदियसमए पढमसमयसंकमादो समयुत्तरं संकामेमाणयम्मि जहण्णवड्ढीए एयसमयमेत्तीए परिप्फुडमुवलंभादो।

* हाणी सेसकम्मभंगो।

§ ८५१. सुगमं, अधट्ठिदिगलणेणेयसमयहाणीए सव्वत्थ पडिसेहाभावादो।

* अवट्ठाणमुक्कस्सभंगो।

§ ८५२. एदं पि सुगमं, पयारंतरासंभवादो। एवमोघेण जहण्णुक्कस्सवड्ढि-हाणि-अवट्ठाणाणं सामित्तविणिण्णओ कओ।

§ ८५३. एत्तो आदेसपरूवणट्ठमुच्चारणं वत्तइस्सामो। तं जहा—सामित्तं दुविहं—जह० उक्क०। उक्कस्से पयदं। दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मिच्छत्त-सोलसक० उक्क० ट्ठिदिसं०वड्ढी कस्स ? जो चउट्ठाणजवमज्झस्सुवरि अंतोकोडाकोडिट्ठिदिं

---

* सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी जघन्य वृद्धि किसके होती है ?

§ ८४९. यह सूत्र सुगम है।

* जो पहले उत्पन्न हुए सम्यक्त्वसे मिथ्यात्वमें जाकर तथा मिथ्यात्वके दो समय अधिक सत्कर्मवाला होकर सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ उस द्वितीय समयवर्ती सम्यग्दृष्टिके जघन्य वृद्धि होती है।

§ ८५०. क्योंकि वेदकसम्यक्त्वको ग्रहण करनेके प्रथम समयमें मिथ्यात्वकी दो समय अधिक स्थितिको संक्रमित करके तथा वहीं अधःस्थितिके एक निषेकको गलाकर दूसरे समयमें प्रथम समयमें हुए संक्रमसे एक समय अधिकका संक्रम करनेपर स्पष्टरूपसे एक समयमात्र जघन्य वृद्धि उपलब्ध होती है।

* हानिका भंग शेष कर्मोंके समान है।

§ ८५१. यह सूत्र सुगम है, क्योंकि अधःस्थितिकी गलना होनेसे एक समयमात्र हानिका सर्वत्र कोई प्रतिषेध नहीं है।

* अवस्थानका भंग उत्कृष्टके समान है।

§ ८५२. यह सूत्र भी सुगम है; क्योंकि प्रकारान्तरका प्राप्त होना असम्भव है। इस प्रकार ओघसे जघन्य और उत्कृष्ट वृद्धि, हानि और अवस्थानके स्वामित्वका निर्णय किया।

§ ८५३. आगे आदेशका कथन करनेके लिए उच्चारणाको बतलाते हैं। यथा—स्वामित्व दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्व और सोलह कषायोंके स्थितिसंक्रमकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? चतुःस्थान यवमध्यके ऊपर अन्तःकोड़ाकोड़ीप्रमाण स्थितिका संक्रम करनेवाले जिस जीवने

संकामेमाणो तदो उकस्सं दाहं गंतूण उक्कस्सट्ठिदिं पबद्धो तस्स आवलियादीदस्स तस्स उक्क० वड्ढी। तस्सेव से काले उक्क० अवट्ठाणं। उक्क० हाणी कस्स ? अण्णदर० जो उक्कस्सट्ठिदिं संकामेमाणो उक्कस्सट्ठिदिखंडयं हणइ तस्स उक्क० हाणी। एवं णवण्हं णोकसायाणं। णवरि उक्क० वड्ढी कस्स ? सोलसक० उक्क०ट्ठिदिं पडिच्छिदूणावलिया-दीदस्स तस्स उक्क० वड्ढी। तस्सेव से काले उक्क० अवट्ठाणं। सम्मत्त-सम्मामि० उक्क० वड्ढी कस्स ? अण्णद० जो तप्पाओग्गजहण्णट्ठिदिं संका० मिच्छ० उक्क०ट्ठिदिं बंधिदूण ट्ठिदिघादमकादूणंतोमुहुत्तं सम्मत्तं पडिवज्जिय तस्स विदियसमयवेदयसम्माइट्ठिस्स तस्स उक्कस्सिया वड्ढी। उक्कस्समवट्ठाणं कस्स ? अण्णद० जो पुव्वुप्पण्णादो सम्मत्तादो मिच्छत्तस्स समयुत्तरट्ठिदिं बंधिय सम्म० पडिव० तस्स उक्क० अवट्ठाणं। उक्क० हाणी कस्स ? अण्णद० जो उक्क० ट्ठिदिं संका० उक्क० ट्ठिदिखंडयं हणइ तस्स उक्क० हाणी। एवं चदुसु गदीसु। णवरि पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज० मिच्छ०-सोलसक०-णवणोक० उक्क० वड्ढी कस्स ? अण्णद० जो तप्पाओग्गजहण्णट्ठिदिं संका० तप्पाओग्ग-उक्क०ट्ठिदिं पबद्धो तस्स आवलियादीदस्स उक्क० वड्ढी। तस्सेव से काले उक्क० अवट्ठा०। उक्क० हाणी विहत्तिभंगो। सम्म०-सम्मामि० उक्क० हाणी विहत्तिभंगो। आणदादि णवगेवज्जा त्ति मिच्छ०-सोलसक०-णवणोक० उक्क० हाणी विहत्तिभंगो। सम्म०-

---

उत्कृष्ट दाहको प्राप्त होकर उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध किया, उस जीवके एक आवलिके बाद स्थितिसंक्रम की उत्कृष्ट वृद्धि होती है। उसी जीवके अनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थान होता है। उत्कृष्ट हानि किसके होती है ? उत्कृष्ट स्थितिका संक्रम करनेवाला जो जीव उत्कृष्ट स्थितिकाण्डकका घात करता है उसके उत्कृष्ट हानि होती है। इसी प्रकार नौ नोकषायोंका स्वामित्व है। किन्तु इतनी विशेषता है कि उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? सोलह कषायोंकी उत्कृष्ट स्थितिका संक्रम करके जिसका एक आवलि काल गया है उसके उत्कृष्ट वृद्धि होती है। तथा उसीके अनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थान होता है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिका संक्रम करनेवाले जिस जीवने मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्धकर स्थितिघात किये बिना अन्त-र्मुहूर्तमें सम्यक्त्वको प्राप्त किया है द्वितीय समयवर्ती उस वेदकसम्यग्दृष्टि जीवके उत्कृष्ट वृद्धि होती है। उत्कृष्ट अवस्थान किसके होता है ? जो पहले उत्पन्न हुए सम्यक्त्वसे मिथ्यात्वमें जाकर मिथ्यात्वकी एक समय अधिक स्थितिका बन्धकर सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ है उसके उत्कृष्ट अवस्थान होता है। उत्कृष्ट हानि किसके होती है ? उत्कृष्ट स्थितिका संक्रम करनेवाला जो जीव उत्कृष्ट स्थितिकाण्डकका घात करता है उसके उत्कृष्ट हानि होती है। इसीप्रकार चारों गतियोंमें जानना चाहिए। किन्तु इतनी विशेषता है कि पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें मिथ्यात्व, सोलह कषायों और नौ नोकषायोंकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिका संक्रम करनेवाले जिस जीवने तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध किया है उसके एक आवलिके बाद उत्कृष्ट वृद्धि होती है। उसीके तदनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थान होता है। उत्कृष्ट हानिका भंग स्थितिविभक्तिके समान है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट हानिका भंग स्थितिविभक्तिके समान है। आनत कल्पसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें मिथ्यात्व, सोलह कषायों और नौ नोकषायोंकी उत्कृष्ट हानिका भंग स्थितिविभक्तिके समान है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट वृद्धि

सम्मामि० उक्क० वड्ढी कस्स ? जो वेदगपाओग्गसम्मत्तजहण्णट्ठिदिसंकामओ मिच्छाइट्ठी सम्मत्तं पडि० तस्स विदियसमयवेदयसम्माइट्ठिस्स उक्क० वड्ढी। हाणी विहत्तिभंगो[1]। अणुद्दिसादि सव्वट्ठा त्ति २८ पयडीणं हाणी विहत्तिभंगो। एवं जाव०।

§ ८५४. जहण्णए पयदं। दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मिच्छ०-सोलसक०-णवणोक० जह० वड्ढी कस्स? अण्णद० जो समयूणुक्क०ट्ठिदिसंकामादो तदो उक्क० ट्ठिदि पबद्धो तस्स आवलियादीदस्स तस्स जह० वड्ढी। जह० हाणी कस्स० ? अण्णद० उक्क०ट्ठिदिसंकमादो समयूण०ट्ठिदिं संकामयस्स तस्स जहण्णिया हाणी। एगदरत्थमवट्ठाणं। सम्म०-सम्मामि० जह० वड्ढी कस्स? अण्णद० जो पुव्वुप्पण्णादो सम्मत्तादो मिच्छत्तस्स विदियसमयुत्तरं ट्ठिदिं बंधियूण सम्मत्तं पडिवण्णो तस्स विदियसमयसम्माइट्ठि० तस्स जह० वड्ढी। जह०मवट्ठाणमुक्कस्सभंगो। हाणी अधट्ठिदिं गालेमाणस्स। एवं चदुगदीसु। णवरि पंचिं०तिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज० सम्म०-सम्मामिच्छत्त० अवट्ठाणं वड्ढी च णत्थि। आणदादि णवगेवज्जा त्ति २६ पयडीणं जह० हाणी अधट्ठिदिं गालयमाणयस्स। सम्म०-सम्मामि० जह० वड्ढी कस्स? अण्णद० जो सम्माइट्ठी मिच्छत्तं गंतूण एयं ट्ठिदिखंडयमुव्वेल्लेयूण सम्मत्तं पडिवण्णो

किसके होती है ? वेदकसम्यक्त्वके योग्य जघन्य स्थितिका संक्रम करनेवाला जो मिथ्यादृष्टि जीव सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ, द्वितीय समयवर्ती उस वेदकसम्यग्दृष्टि जीवके उत्कृष्ट वृद्धि होती है। उत्कृष्ट हानिका भंग स्थितिविभक्तिके समान है। अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें २८ प्रकृतियोंकी हानिका भंग स्थितिविभक्तिके समान है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ ८५४. जघन्यका प्रकरण है। दो प्रकारका निर्देश है—ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्व, सोलह कषाय और नौ नोकषायोंकी जघन्य वृद्धि किसके होती है ? एक समय कम उत्कृष्ट स्थितिका संक्रम करनेके अनन्तर जिस जीवने उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध किया, एक आवलिके बाद उस जीवके जघन्य वृद्धि होती है। जघन्य हानि किसके होती है ? जिस अन्यतर जीवने उत्कृष्ट स्थितिका संक्रम करके एक समय कम उत्कृष्ट स्थितिका संक्रम किया उसके जघन्य हानि होती है। तथा इनमेंसे किसी एक जगह जघन्य अवस्थान होता है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी जघन्य वृद्धि किसके होती है ? जो अन्यतर जीव पहले उत्पन्न हुए सम्यक्त्वसे मिथ्यात्वमें जाकर मिथ्यात्वकी दो समय अधिक स्थितिका बन्ध कर सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ उस द्वितीय समयवर्ती सम्यग्दृष्टिके जघन्य वृद्धि होती है। जघन्य अवस्थानका भंग उत्कृष्टके समान है। हानि अधःस्थितिको गलानेवालेके होती है। इसी प्रकार चारों गतियोंमें जानना चाहिए। किन्तु इतनी विशेषता है कि पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्त जीवोंमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका अवस्थान और वृद्धि नहीं है। आनत कल्पसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें २६ प्रकृतियोंकी जघन्य हानि अधःस्थितिको गलानेवालेके होती है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी जघन्य वृद्धि किसके होती है ? जो अन्यतर सम्यग्दृष्टि जीव मिथ्यात्वमें जाकर एक स्थितिकाण्डककी उद्वेलना करके सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ, द्वितीय समयवर्ती उस जीवके जघन्य

---

१. ता०प्रतौ उक्क० हाणी (वड्ढी) वड्ढी (हाणी) विहत्तिभंगो इति पाठः।

तस्स विदियसमयसम्माइट्ठिस्स जह० वड्ढी । हाणी अधट्ठिदिं गालयमाणयस्स । अणुदिसादि सव्वट्ठा त्ति २८ पय० जह० हाणी अधट्ठिदिं गालयमाण० । एवं जाव० ।

❀ अप्पाबहुअं ।

§ ८५५. जहण्णुक्कस्सवड्ढि-हाणि-अवट्ठाणाणं पमाणविसयणिण्णयकरणट्ठमप्पाबहुअमिदाणिं कायव्वमिदि भणिदं होइ ।

❀ मिच्छत्त-सोलसकसाय-इत्थि-पुरिसवेद-हस्स-रदीणं सव्वत्थोवा उक्कस्सिया हाणी ।

§ ८५६. कुदो ? अंतोकोडाकोडिपरिहीणसत्तरि-चत्तालीससागरोवमकोडाकोडिपमाणत्तादो ।

❀ वड्ढी अवट्ठाणं च दो वि तुल्लाणि विसेसाहियाणि ।

§ ८५७. केत्तियमेत्तो विसेसो ? अंतोकोडाकोडिमेत्तो । एत्थ कारणं पुव्वमेव परूविदं ।

❀ सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं सव्वत्थोवो अवट्ठाणसंकमो ।

§ ७५८. एयणिसेयपमाणत्तादो ।

❀ हाणिसंकमो असंखेज्जगुणो ।

§ ८५९. उक्कस्सट्ठिदिखंडयपमाणत्तादो ।

वृद्धि होती है । हानि अधःस्थितिको गलानेवालेके होती है । अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें २८ प्रकृतियोंकी जघन्य हानि अधःस्थितिको गलानेवालेके होती है । इसीप्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

* अल्पबहुत्वका अधिकार है ।

§ ८५५. जघन्य और उत्कृष्ट वृद्धि, हानि और अवस्थानका प्रमाणविषयक निर्णय करनेके लिए इस समय अल्पबहुत्व करना चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

* मिथ्यात्व, सोलह कषाय, स्त्रीवेद, पुरुषवेद, हास्य और रतिकी उत्कृष्ट हानि सबसे स्तोक है ।

§ ८५६. क्योंकि वह अन्तःकोड़ाकोड़ी हीन सत्तर और चालीस कोड़ाकोड़ी सागरप्रमाण है ।

* उससे वृद्धि और अवस्थान दोनों ही तुल्य होकर विशेष अधिक हैं ।

§ ८५७. विशेषका प्रमाण कितना है ? अन्तःकोड़ाकोड़ीमात्र है । यहाँ पर कारणका कथन पहले ही कर आये हैं ।

* सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका अवस्थानसंक्रम सबसे स्तोक है ।

§ ८५८. क्योंकि वह एक निषेकप्रमाण है ।

* उससे हानिसंक्रम असंख्यातगुणा है ।

§ ८५९. क्योंकि वह उत्कृष्ट स्थितिकाण्डकप्रमाण है ।

* वड्ढिसंकमो विसेसाहिओ ।

§ ८६०. केत्तियमेत्तेण ? अंतोकोडाकोडिमेत्तेण ।

* णवुंसयवेद-अरइ-सोग-भय-दुगुंछाणं सव्वत्थोवा उक्कस्सिया वड्ढी अवट्ठाणं च ।

§ ८६१. कुदो ? एदेसिमुक्कस्सवड्ढीए अवट्ठाणस्स च पलिदोवमासंखेज्जभागब्भहियवीससागरोवमकोडाकोडिपमाणत्तदंसणादो ।

* हाणिसंकमो विसेसाहिओ ।

§ ८६२. केत्तियमेत्तेण ? अंतोकोडाकोडिपरिहीणवीससागरो०कोडाकोडिमेत्तेण ।

* एत्तो जहण्णयं ।

§ ८६३. सुगमं ।

* सव्वासिं पयडीणं जहण्णिया वड्ढी हाणी अवट्ठाणं ट्ठिदिसंकमो तुल्लो ।

§ ८६४. कुदो ? सव्वपयडीणं जहण्णवड्ढि-हाणि-अवट्ठाणाणमेयट्ठिदिपमाणत्तादो । आदेसेण सव्वमग्गणासु जहण्णुक्कस्सप्पाबहुअं ट्ठिदिविहत्तिभंगो ।

एवं पदणिक्खेवो समत्तो ।

* वड्ढीए तिण्णि अणिओगद्दाराणि ।

---

* उससे वृद्धिसंक्रम विशेष अधिक है ।

§ ८६०. कितना अधिक है ? अन्तःकोड़ाकोड़ीप्रमाण अधिक है ।

* नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय और जुगुप्साकी उत्कृष्ट वृद्धि और अवस्थान सबसे स्तोक है ।

§ ८६१. क्योंकि इनकी उत्कृष्ट वृद्धि और अवस्थान पल्यका असंख्यातवाँ भाग अधिक बीस कोड़ाकोड़ी सागरप्रमाण देखा जाता है ।

* उनसे हानिसंक्रम विशेष अधिक है ?

§ ८६२. कितना अधिक है ? अन्तःकोड़ाकोड़ी हीन बीस कोड़ाकोड़ी सागरप्रमाण अधिक है ।

* आगे जघन्यका प्रकरण है ।

§ ८६३. यह सूत्र सुगम है ।

* सब प्रकृतियोंकी जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थान स्थितिसंक्रम तुल्य है ।

§ ८६४. क्योंकि सब प्रकृतियोंकी जघन्य वृद्धि, हानि और अवस्थान एक स्थितिप्रमाण है आदेशसे सब मार्गणाओंमें जघन्य और उत्कृष्ट अल्पबहुत्वका भंग स्थितिविभक्तिके समान है ।

* वृद्धिका अधिकार है । उसमें तीन अनुयोगद्वार हैं ।

§ ८६५. का वड्ढी णाम ? पदणिक्खेवविसेसो वड्ढी। तत्थ तिण्णि अणियोगद्दाराणि भवंति त्ति पइण्णं काऊण तण्णामणिद्देसकरणट्ठमुवरिमसुत्तमाह—

❀ समुक्कित्तणा परूवणा अप्पाबहुए त्ति ।

§ ८६६. तत्थ समुक्कित्तणा णाम सव्वकम्माणं एत्तियाओ वड्ढीओ एत्तियाओ च हाणीओ अवट्ठाणमवत्तव्वयं च अत्थि णत्थि त्ति संभवासंभवमेत्तपरूवणा। एवं च सामण्णेण समुक्कित्तिदाणं वड्ढि-हाणिविसेसाणं विसयविभागपरिक्खा परूवणा त्ति भण्णइ। वड्ढि-हाणिविसेसावट्ठाणावत्तव्वसंकामयाणं जीवाणमोघादेसेहिं थोवबहुत्तपरूवणा अप्पाबहुअं णाम। एदाणि तिण्णि चेव अणियोगद्दाराणि सामित्तादीणमेत्थेव अंतब्भावदंसणादो। तदो समुक्कित्तणादीणि तेरस अणियोगद्दाराणि उच्चारणासिद्धाणि ण सुत्तबहिब्भूदाणि त्ति घेत्तव्वं।

❀ तत्थ समुक्कित्तणा ।

§ ८६७. तेसु अणंतरणिद्दिट्ठाणिओगद्दारेसु समुक्कित्तणा ताव विहासियव्वा त्ति भणिदं होइ।

❀ तं जहा—

§ ८६८. सुगममेदं पुच्छावक्कं।

---

§ ८६५ शंका—वृद्धि किसे कहते हैं ?

समाधान—पदनिक्षेपविशेषको वृद्धि कहते हैं।

उसमें तीन अनुयोगद्वार हैं इस प्रकार प्रतिज्ञा करके उसका नामनिर्देश करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* समुत्कीर्तना, प्ररूपणा और अल्पबहुत्व ।

§ ८६६. सब कर्मोंकी इतनी वृद्धि, इतनी हानि, अवस्थान और अवक्तव्य है या नहीं है इसप्रकार इनमेंसे कौन सम्भव है और कौन सम्भव नहीं है इसकी प्ररूपणा करनेको समुत्कीर्तना कहते हैं। इस प्रकार जिनकी सामान्यसे समुत्कीर्तना की है उनकी वृद्धिविशेष और हानिविशेषकी विषयविभागसे परीक्षा करना प्ररूपणा कहलाती है। तथा वृद्धिविशेष, हानिविशेष, अवस्थान और अवक्तव्यपदके संक्रामक जीवोंके ओघ और आदेशसे अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा करना अल्पबहुत्व है। इसप्रकार ये तीन ही अधिकार हैं, क्योंकि स्वामित्व आदिकका इन्हींमें अन्तर्भाव देखा जाता है। इसलिए उच्चारणामें प्रसिद्ध समुत्कीर्तना आदिक तेरह अनुयोगद्वार सूत्रसे बहिर्भूत नहीं हैं ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए।

* प्रकृतमें समुत्कीर्तनाका अधिकार है ।

§ ८६७. उन अनन्तर निर्दिष्ट अनुयोगद्वारोंमें सर्वप्रथम समुत्कीर्तनाका व्याख्यान करना चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

* यथा—

§ ८६८. यह पृच्छासूत्र सुगम है।

※ मिच्छत्तस्स असंखेज्जभागवड्ढि-हाणी संखेज्जभागवड्ढि-हाणी संखेज्जगुणवड्ढि-हाणी असंखेज्जगुणहाणी अवट्ठाणं च।

§ ८६०. कथमेदेसिं तिण्हं वड्ढीणं चउण्हं हाणीणं च मिच्छत्तट्ठिदिसंकमविसए संभवो ? उच्चदे—मिच्छत्तधुवट्ठिदिसंकमादो अंतोकोडाकोडिपमाणादो समयुत्तरादिकमेण वड्ढमाणस्स असंखेज्जभागवड्ढी चेव होऊण गच्छइ जाव धुवट्ठिदीए उवरि धुवट्ठिदिं जहण्णपरित्तासंखेज्जेण खंडिय तत्थेयखंडमेत्तेण धुवट्ठिदिसंकमो अहिओ जादो त्ति। एत्तो उवरि वि असंखेज्जभागवड्ढिविसओ चेव जाव हेट्ठिमवियप्पाणमुक्कस्ससंखेज्जपडि-भागियमेगभागं रूवूणमेत्तं वड्ढिदं ति। तदो संखेज्जभागवड्ढी पारभदि, तत्थ धुवट्ठिदीए उवरि धुवट्ठिदिमुक्कस्ससंखेज्जेण खंडिय तत्थेयखंडयमेत्तट्ठिदिसंकमवुड्ढीए दंसणादो। एत्तो संखेज्जभागवड्ढिविसओ ताव गच्छइ जाव धुवट्ठिदीए उवरि रूवूणधुवट्ठिदिमेत्तं वड्ढिदं ति। पुणो धुवट्ठिदीए उवरि धुवट्ठिदिमेत्तं चेव वड्ढिऊण संकामेमाणस्स संखेज्ज-गुणवड्ढिपारंभो होऊण ताव गच्छइ जाव धुवट्ठिदिपाओग्गउक्कस्सट्ठिदिसंकमो जादो त्ति। एवं धुवट्ठिदिसंकमं णिरुद्धं कादूण तिण्हं वड्ढीणं संभवो परूविदो। समयुत्तरादिधुवट्ठिदीणं पि पुध पुध णिरुंभणं काऊण जहासंभवमेवं चेव तिविहवड्ढिसंभवगवेसणा कायव्वा। एवं सण्णिपंचिंदियपज्जत्तस्स सत्थाणेण तिविहवड्ढिसंभवो परूविदो। तदपज्जत्तस्स वि

※ मिथ्यात्वकी असंख्यातभागवृद्धि-हानि, संख्यातभागवृद्धि-हानि, संख्यातगुण-वृद्धि-हानि, असंख्यातगुणहानि और अवस्थान है।

§ ८६०. शंका—मिथ्यात्वके स्थितिसंक्रमके विषयमें इन तीन वृद्धियों और चार हानियों-की कैसे सम्भावना है ?

समाधान—कहते हैं—मिथ्यात्वके अन्तःकोड़ाकोड़ीप्रमाण ध्रुवस्थितिसंक्रमसे एक समय अधिक आदिके क्रमसे वृद्धिको प्राप्त होनेवाले जीवके ध्रुवस्थितिमें जघन्य परीतासंख्यातका भाग देकर वहाँपर लब्ध आवे एक भागसे ध्रुवस्थितिमें ध्रुवस्थितिसंक्रमके अधिक होने तक असंख्यात-भागवृद्धिका प्रवाह ही चालू रहता है। तथा आगे भी, नीचेके विकल्पोंमें उत्कृष्ट असंख्यातका भाग देकर जो एक भाग लब्ध आवे उसमेंसे एक कम विकल्पोंकी वृद्धि होने तक असंख्यातभागवृद्धिका ही विषय है। इसके आगे संख्यातभागवृद्धि प्रारम्भ होती है, क्योंकि वहाँ पर ध्रुवस्थितिके ऊपर ध्रुवस्थितिको उत्कृष्ट संख्यातसे भाजित कर वहाँ जो एक भाग लब्ध आवे तत्प्रमाण स्थितिसंक्रमकी वृद्धि देखी जाती है। इससे आगे संख्यातभागवृद्धिका विषय तब तक बना रहता है जब तक एक कम ध्रुवस्थितिमात्र वृद्धि ध्रुवस्थितिमें होती है। पुनः ध्रुवस्थितिमें ध्रुवस्थितिमात्र बढ़ाकर संक्रम करनेवाले जीवके संख्यातगुणवृद्धिका प्रारम्भ होकर वह तब तक जाता है जब तक ध्रुवस्थितिके योग्य उत्कृष्ट संक्रम होता है। इस प्रकार ध्रुवस्थितिसंक्रमको विवक्षित कर तीन वृद्धियोंकी सम्भावना कही। एक समय अधिक आदि ध्रुवस्थितियोंको भी पृथक् पृथक् विवक्षित कर इसीप्रकार तीन वृद्धियाँ सम्भव हैं इसका विचार कर लेना चाहिए। इस प्रकार संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीवके स्वस्थानकी अपेक्षा तीन प्रकारकी वृद्धि सम्भव है इसकी प्ररूपणा की। संज्ञी पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्त जीवोंके भी

एवं चेव तिण्हं वड्ढीणं सत्थाणेण संभवो वत्तव्वो, तत्थ वि तप्पाओग्गधुवट्ठिदीदो संखेज्जगुणं अंतोकोडाकोडिमेत्तट्ठिदिसंकमवुड्ढीए विरोहाभावादो। एवं सेसजीवसमासेसु वि सत्थाणवुड्ढी अणुमग्गियव्वो। णवरि बीइंदिय-तीइंदिय-चउरिंदियासण्णिपंचिंदिय-पज्जत्तापज्जत्तएसु सगसगधुवट्ठिदिसंकमादो उवरि वड्ढमाणेसु असंखेज्जभागवड्ढि-संखेज्जभाग-वुड्ढिसण्णिदाओ दो चेव वड्ढीओ संभवंति, पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागमेत्तेसु तव्वीचार-ट्ठाणेसु संखेज्जगुणवड्ढीए णिव्विसयत्तादो। बादर-सुहुमेइंदियपज्जत्तापज्जत्तएसु पुण असंखे०भागवड्ढी एक्का चेव, तव्वीचारट्ठाणाणं पलिदोवमासंखेज्जभागणियमदंसणादो। एत्थ परत्थाणेण वि तिविहवुड्ढिसंभवो विहत्तिभंगेणाणुगंतव्वो।

§ ८७०. संपहि चउण्हं हाणीणं विसओ उच्चदे। तं जहा—अधट्ठिदिगलणेण ट्ठिदिसंकमस्सासंखेज्जभागहाणी चेव, पयारंतरासंभवादो। ट्ठिदिखंडयघादेण चउव्विहा वि हाणी होइ, कत्थ वि ट्ठिदिसंतकम्मादो असंखेज्जभागस्स कत्थ वि संखेज्जभागस्स कत्थ वि संखेज्जाणं भागाणं कत्थ वि असंखेज्जाणं च भागाणं घादसंभवादो। सेसपरूवणाए ट्ठिदिविहत्तिभंगो। संपहि अवट्ठाणविसओ उच्चदे—तिण्हमण्णदरवुड्ढीए असंखेज्जभाग-हाणीए च अवट्ठाणं दट्ठव्वं, तप्परिणामेणेयसमयमवट्ठिदस्स विदियसमए तेत्तियमेत्तावट्ठाणे विरोहाभावादो। सेसहाणीसु ण संभवइ, तत्थ विदियसमए असंखेज्जभागहाणिणियम-

---

स्वस्थानकी अपेक्षा इसी प्रकार तीन वृद्धियाँ सम्भव हैं यह कहना चाहिए, क्योंकि उन जीवोंमें भी ध्रुवस्थितिसे संख्यातगुणी अन्तःकोड़ाकोड़ीप्रमाण संक्रमवृद्धिके होनेमें विरोध नहीं है। इसीप्रकार शेष जीवसमासोंमें भी स्वस्थानवृद्धिका विचार कर लेना चाहिए। किन्तु इतनी विशेषता है कि द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त तथा अपर्याप्त जीवसमासोंमें अपने अपने ध्रुवस्थितिसंक्रमसे आगे वृद्धि होनेपर असंख्यातभागवृद्धि और संख्यातभाग-वृद्धि नामवाली दो वृद्धियाँ ही सम्भव हैं, क्योंकि उनके पल्यके संख्यातवें भागप्रमाण वीचारस्थानोंमें संख्यातगुणवृद्धिका कोई विषय उपलब्ध नहीं होता। परन्तु बादर एकेन्द्रिय और सूक्ष्म एकेन्द्रिय पर्याप्त तथा अपर्याप्त जीवोंमें एक असंख्यातभागवृद्धि ही पाई जाती है, क्योंकि उनके वीचारस्थानोंका पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण होनेका नियम देखा जाता है। यहाँ पर परस्थानकी अपेक्षा तीन प्रकारकी वृद्धि सम्भव है यह बात स्थितिविभक्तिके समान जान लेनी चाहिए।

§ ८७०. अब चार हानियोंका विषय कहते हैं। यथा—अधःस्थितिगलनाके द्वारा स्थिति-संक्रमकी असंख्यातभागहानि ही होती है, यहाँ पर अन्य कोई प्रकार सम्भव नहीं है। परन्तु स्थितिकाण्डकघातसे चारों प्रकारकी हानि होती है, क्योंकि कहीं पर स्थितिसत्कर्मसे उसके असंख्यातवें भागका, कहींपर संख्यातवें भागका, कहीं पर संख्यात बहुभागका और कहीं पर असंख्यात बहुभागका घात सम्भव है। शेष प्ररूपणा स्थितिविभक्तिके समान है। अब अवस्थानके विषयको बतलाते हैं—तीन वृद्धियोंमेंसे किसी एक वृद्धिके तथा असंख्यातभागहानिके होने पर अवस्थान जानना चाहिए, क्योंकि उक्त प्रकारके परिणामसे एक समय तक अवस्थित हुए जीवके दूसरे समयमें उतना ही अवस्थान होनेमें विरोध नहीं है। परन्तु शेष हानियोंमें अवस्थान सम्भव नहीं है, क्योंकि वहाँ पर दूसरे समयमें असंख्यातभागहानिका नियम देखा जाता है। इस प्रकार

दंसणादो। एवमेदेसिं वड्ढि-हाणि-अवट्ठाणाणं मिच्छत्तविसयाणं समुक्कित्तणं काऊण तत्थावत्तव्वसंकमाभावं परूवेदुमुत्तरसुत्तमाह—

* अवत्तव्वं णत्थि।

§ ८७१. कुदो? असंकमादो तस्स संकमपवुत्तीए सव्वद्धमणुवलंभादो।

* **सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं चउव्विहा वड्ढी चउव्विहा हाणी अवट्ठाणमवत्तव्वयं च।**

§ ८७२. तं जहा—तत्थ ताव असंखेज्जभागवड्ढिविसयपरूवणा कीरदे—एक्को मिच्छत्तधुवट्ठिदिसमाणसम्मत्त-सम्मामिच्छत्तट्ठिदीए उवरि दुसमयुत्तरमिच्छत्तट्ठिदिसंतकम्मिओ सम्मत्तं पडिवण्णो। तस्सासंखेज्जभागवड्ढीए पढमवियप्पो होइ। संपहि पढमवारणिरुद्ध-सम्मत्तट्ठिदिसंतकम्मादो तिसमयुत्तरादिकमेण मिच्छत्तधुवट्ठिदिं वड्ढाविय तेणेव णिरुद्धट्ठिदि-संतकम्मेण सम्मत्तं गेण्हमाणस्स सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं असंखेज्जभागवड्ढी ताव वड्ढव्वा जाव णिरुद्धसम्मत्तट्ठिदिमुक्कस्ससंखेज्जेण खंडिय तत्थ एगरूवूणखंडमेत्ते वड्ढिवियप्पे असंखेज्ज-भागवड्ढी पज्जवसिदा त्ति। पुणो एदम्हादो पढमवारणिरुद्धसम्मत्तट्ठिदिसंकमादो समयुत्तर-दुसमयुत्तरादिसम्मत्तट्ठिदीणं पादेक्कं णिरुंभणं काऊण तत्तो दुसमयुत्तरादिकमेण मिच्छत्तट्ठिदिं वड्ढाविय सम्मत्तं गेण्हमाणाणमसंखेज्जभागवड्ढिवियप्पा वत्तव्वा जाव तप्पाओग्गंतोमुहुत्तूणसत्तरिसागरोवमकोडाकोडिमेत्तसम्मत्तट्ठिदि त्ति। णवरि मिच्छत्तधुव-

मिथ्यात्वविषयक इन वृद्धि, हानि और अवस्थानकी समुत्कीर्तना करके यहाँ पर अवक्तव्यसंक्रमका अभाव है यह बतलानेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* अवक्तव्य नहीं है।

§ ८७१. क्योंकि इसकी असंक्रमसे संक्रमरूप प्रवृत्ति कभी भी उपलब्ध नहीं होती।

* सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी चार प्रकारकी वृद्धि, चार प्रकारकी हानि, अवस्थान और अवक्तव्य है।

§ ८७२. यथा—उसमें सर्वप्रथम असंख्यातभागवृद्धिका विषय कहते हैं—जिसकी सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी स्थिति मिथ्यात्वकी ध्रुवस्थितिके बराबर है ऐसा कोई एक जीव मिथ्यात्वके दो समय अधिक स्थितिसत्कर्मके साथ सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ उसके असंख्यातभागवृद्धिका प्रथम विकल्प होता है। अब पहली बार सम्यक्त्वके विवक्षित स्थितिसत्कर्मसे मिथ्यात्वकी ध्रुवस्थितिको तीन समय अधिक आदिके क्रमसे बढ़ाकर उसी विवक्षित स्थितिसत्कर्मके साथ सम्यक्त्वको ग्रहण करनेवाले जीवके सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी असंख्यातभागवृद्धि तब तक जाननी चाहिए जब जाकर सम्यक्त्वकी विवक्षित स्थितिमें उत्कृष्ट संख्यातका भाग देकर जो एक भाग लब्ध आवे उसमें एक कम वृद्धिविकल्पोंके व्यवधानसे असंख्यातभागवृद्धि अन्तको प्राप्त हो जाती है। फिर प्रथमवार विवक्षित सम्यक्त्वके इस स्थितिसत्कर्मसे एक समय अधिक, दो समय अधिक आदिके क्रमसे सम्यक्त्वकी स्थितियोंको पृथक् पृथक् विवक्षित कर इनमेंसे प्रत्येक स्थितिविकल्पके साथ दो समय अधिक आदिके क्रमसे मिथ्यात्वकी स्थितिको बढ़ाकर सम्यक्त्वको ग्रहण करनेवाले जीवोंके असंख्यातभागवृद्धिके विकल्प तत्प्रायोग्य अन्तर्मुहूर्त कम सत्तर कोड़ाकोड़ीसागरप्रमाण सम्यक्त्वकी स्थितिके प्राप्त होने तक कहने चाहिए। किन्तु इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वकी

ट्ठिदीदो हेट्ठा वि पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागमेत्तसम्मत्त-सम्मामिच्छत्तट्ठिदीणमसंखेज्जभाग-वड्ढिवियप्पा लब्भंति । ते जाणिय वत्तव्वा ।

§ ८७३. संपहि संखेज्जभागवड्ढीए विसयगवेसणं कस्सामो । तं जहा—मिच्छत्त-धुवट्ठिदिमुक्कस्ससंखेज्जेण खंडिय तत्थेयखंडमेत्तेण तत्तो अब्भहियमिच्छत्तट्ठिदिसंतकम्मिएण मिच्छाइट्ठिणा मिच्छत्तधुवट्ठिदिपमाणसम्मत्त-सम्मामिच्छत्तट्ठिदिसंतकम्मेण सह वेदयसम्मत्ते पडिवण्णे पढमो संखेज्जभागवड्ढिवियप्पो होइ । एत्तो समयुत्तरादिकमेण मिच्छत्तट्ठिदि-मणंतरपरूविदपमाणादो वड्ढाविय णिरुद्धसम्मत्तट्ठिदीए सह सम्मत्तं गेण्हाविय संखेज्जभाग-वड्ढिविसयो ताव परूवेयव्वो जाव रूवूणधुवट्ठिदिसमब्भहियमिच्छत्तट्ठिदिसंतकम्मियं पत्तो त्ति । एवं चेव समयुत्तरादिसम्मत्तट्ठिदिविसेसाणं पि पुध पुध णिरुंभणं काऊण पयदवड्ढिविसओ समयाविरोहेण परूवेयव्वो जाव तप्पाओग्गपलिदोवमसंखेज्जभागपरिहीण-सत्तरिसागरोवमकोडाकोडिमेत्तसम्मत्तट्ठिदि त्ति । ताधे तेत्तिमेत्तेण सम्मत्त-सम्मामिच्छत्त-ट्ठिदिसंतकम्मेण मिच्छत्तुक्कस्सट्ठिदीए च किंचूणाए सम्मत्तं पडिवज्जमाणस्स तदपच्छिम-वियप्पसमुप्पत्ती होइ । मिच्छत्तधुवट्ठिदीदो हेट्ठा वि संखेज्जभागवड्ढिविसओ जहासंभवं विहासेयव्वो ।

§ ८७४. एत्तो संखेज्जगुणवड्ढिविसयपरूवणा कीरदे । तं जहा—पलिदोवमस्स संखेज्जभागमेत्तसम्मत्तट्ठिदिसंतकम्मियमिच्छाइट्ठिणा मिच्छत्तस्स तप्पाओग्गंतोकोडाकोडि-

---

ध्रुवस्थितिके नीचे भी सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी पल्यके संख्यातवें भागप्रमाण स्थितियोंके असंख्यातभागवृद्धिसम्बन्धी विकल्प प्राप्त होते हैं सो उन्हें जान कर कहना चाहिए ।

